प्रकाशक
मार्तण्ड उपाध्याय,
मंत्री, सस्ता साहित्य मंडल,
नई दिल्ली

पहली बार : १९५३
मूल्य
ग्यारह रुपये

मुद्रक
उद्योगशाला प्रेस,
किंग्सवे, दिल्ली

प्रकाशकीय

मण्डल ने अबतक जितना साहित्य प्रकाशित किया है, उसमें इस बात का ध्यान रक्खा है कि वह जीवन के सभी प्रमुख पहलुओं का स्पर्श कर सके। इस दृष्टि से जहाँ उसने राजनैतिक तथा सामाजिक साहित्य निकाला है, वहाँ ऐसे साहित्य का भी प्रकाशन किया है, जो मानव की आध्यात्मिक क्षुधा को शांत कर सके। संत-वाणी, बुद्ध-वाणी महावीर-वाणी, तमिलवेद, जीवन-सूत्र आदि पुस्तकें मुख्यतः इसी विचार से प्रकाशित की हैं।

हमें हर्ष है कि इस दिशा मे अब एक बृहद् ग्रन्थ प्रकाशित हो रहा है। इसमें लगभग सभी मुख्य-मुख्य उत्तर भारतीय संतो की चुनी हुई वाणियाँ आगई हैं।

संत-सुधा-सार का संकलन और सम्पादन संत-साहित्य के मर्मज्ञ श्री वियोगी हरि ने किया है, जिन्होंने न केवल संत-साहित्य का अध्ययन ही किया है, अपितु उसमें डूबकर उसकी मूल भावना समझने का भी प्रयत्न किया है।

हमें विश्वास है कि बड़े ही परिश्रम और निष्ठा के साथ तैयार किये गये इस ग्रन्थ का जो मनन करेंगे, उन्हें अवश्य आत्म-लाभ होगा।

संतों की वाणियाँ वैसे तो सरल ही होती हैं, फिर भी इस पुस्तक में जहाँ कहीं कठिन वाणियाँ आई हैं, उनका सरल भाषा में संकलन-कर्त्ता ने अर्थ देकर ग्रन्थ को सामान्य पाठकों के लिए बहुत उपयोगी बना दिया है।

—मंत्री

विषय सूची

प्रथम खण्ड

दूसरा खण्ड

दो शब्द

आचार्य विनोबा ने संतवाणी पर प्रस्तावना में अधिकारपूर्वक जो लिखा है उसके बाद मुझे, संपादक के नाते, इस ग्रंथ के संबंध में बहुत थोड़ा लिखने को रह जाता है। संतवाणी का विश्लेषण-विवेचन करने की न मुझमें वैसी सामर्थ्य है, न योग्यता। तथापि, कुछ सांकेतिक-सा वक्तव्य मात्र दे देता हूँ; जो संभवतः आवश्यक है और कदाचित् सहायक भी।

दस-बारह बरस पहले संत-साहित्य देखने का मेरा चाव बहुत बढ़ गया था। समय निकालकर नित्य उसका कुछ-न-कुछ अध्ययन व चिंतन किया करता था। उन्हीं दिनों बुद्धवाणी को भी कुछ देखा। कहना चाहिए कि मेरी अध्ययन-यात्रा की यह एक नई मोड़ थी। पहले तो सगुण-साकार का मधुर-मधुर रसगान करनेवाले भक्तों की वाणी की ओर ही मेरा झुकाव रहता था, जिसका एक परिणाम हुआ "ब्रज-माधुरी-सार" का संकलन-संपादन।

सूरदास आदि अष्टछाप की ब्रजवाणी में गहरे अनुराग की अरुणिमा मैंने दूर से तब कुछ-कुछ देखी थी। पीछे, तुलसी की "विनय-पत्रिका" पाई, तो मानों मंदाकिनी की धवलता पर दृष्टि दौड़ने लगी।

और जब बुद्धवाणी के साथ-साथ निर्गुण-निराकारी संतों के "सबद" सामने आये, तो जैसे हिमाचल की शुभ्र रजत-रेखा किसीने मानस-क्षितिज पर खींचदी।

कबीर, रैदास, धर्मदास, नानक, दादू, पलटू आदि की बानी को छूते ही ऐसा लगा कि अलौकिक महारस का पूर्ण परिपाक तो यहीं पर हुआ है। साहित्यालोचकों के यह कथन अर्थशून्य-से जँचे कि 'इन संतों की अटपटी रचनाओं में न तो साहित्यिक सरसता है, न संगीत की लय है और न कला की ऊँची अभिव्यंजना ही, और भाषा भी उनकी ऊबड़-खाबड़-सी है।' मैंने देखा कि रीति-ग्रन्थों का फीता लेकर वे साहित्यालोचक संतवाणी का असीम क्षेत्रफल निर्धारित करने गये थे—चौकोर बँधे हुए तालाब पर धीरे-धीरे सरकती हुई नौका जैसे असीम अनन्त सागर के बिखरे वैभव को मापने पहुँची थी!

"मसि-कागद" से नाता न रखनेवाले जुलाहों, शिल्पियों और खेतिहरों की अटपटी "बाउल-बानी" की अथाह गहराई में उतरा जाये, तो वहाँ वेद, उपनिषद् और त्रिपिटक की भीनी-झीनी झाँकी तो मिलेगी ही, सूफ़ी औलियों की मौज-मस्ती भी वहाँ लहराती नज़र आयेगी। वेदान्त, भागवतभक्ति, ब्रह्मविहार और तसव्वुफ़ इन सब धाराओं का सहज-सुन्दर संगम वहाँ देखने को मिलेगा।

२

मन में उठा कि संतवाणी का एक संग्रह-संकलन किया जाये। बहुत-सी पुस्तकों में की जो साखियाँ और सबद बहुत प्रिय लगे थे, और जिनका अर्थ लगाने में अधिक अड़चन नहीं पड़ी थी, उन सबपर निशान लगा लिये और संग्रह लिख डाला। आदि में दो बौद्ध सिद्धों सरहपाद और तिल्लोपाद तथा दो जैन मुनियों देवसेन और रामसिंह की कुछ सूक्तियाँ बानगी-रूप में दी हैं, जो अपभ्रष्ट हिन्दी में हैं। उनका अर्थ भी दे दिया है। संतों की इस मुक्त रस-धारा का उगम यहाँ स्पष्ट दिखता है।

कबीर की बानी को सबसे अधिक संख्या में लिया, फिर भी तृप्ति नहीं हुई। हो भी कैसे और किसे उस रस-निर्भरिणी की एक भी बूँद को छोड़कर, जिसके कण-कण में साईं का नौरँगा नूर झिलमिल-झिलमिल करता हो!

गुरु नानक के पद पहले मैंने कुछेक संग्रह-ग्रंथों में देखे थे। सर्व हिन्द-सिक्ख मिशन, अमृतसर द्वारा प्रकाशित नागरी लिपि में "श्री गुरु ग्रंथ साहिब" जब देखा, तो ऐसा लगा कि गुरु-बानी के बिना सचमुच यह संग्रह अपूर्ण ही रह जाता। 'जपुजी' का नाम-ही-नाम सुना था, रसास्वादन उसका नहीं किया था। नानक के जो पद पहले देखे थे वे असल में सब-के-सब नवें गुरु तेगबहादुर के थे। 'सुखमनी' का भी पाठ करते हुए सुना था। दूसरे तीन गुरुओं की बानी का तो पता भी नहीं था। गुरु ग्रंथ साहिब कितनी अनमोल सिद्ध-संपदा है हमारी, जिसे एक ही संप्रदाय के अंदर बंद करके आजतक रखा गया। विगूचन में पड़ गया कि इस महान् रत्नाकर में से किस रत्न को तो लिया जाय और किसे छोड़ा जाय। लगभग २०० पृष्ठों में गुरुबानी को मैंने लिया है, फिर भी तृष्णा बुझी नहीं।

गुरु ग्रन्थ साहिब में से महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध संत नामदेव महाराज के कुछ हिन्दी पदों को भी लिया है; और उसीसे शेख फरीद की अति अनूठी और माखन-सी मीठी बानी भी ली है।

दादू-बानी और दादूजी के कई शिष्यों की बानी भी खूब रसवन्ती है, अन्तर पर सीधे चोट करती है। रज्जब, बषना और वाजिन्द की साखियाँ और सबद बहुत अनूठे और गहरे हैं। इनका चुनाव करते समय भी रत्न-राशि देखकर मेरी महालोभी की जैसी गति हुई।

गोरखनाथ की, सदियों से घिसी-पिसी, बानी कम-से-कम भावरूप में प्रगटाने का श्रेय स्व० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल को है। उन्हींके संपादित ग्रंथ से प्रस्तुत संग्रह में गोरखनाथ की कुछ सूक्तियाँ मैंने ली हैं, और अर्थ भी प्रायः उसी ग्रथ के आधार पर किया है।

नाथ-संप्रदाय के एक संत लालनाथ की भी कुछ सूक्तियाँ उनकी "जीव-समझोतरी" नाम की पुस्तक से ली हैं, जिसका प्रकाशन पारीक-सदन, रतन-गढ़ (राजस्थान) से हुआ है।

धनी धरमदास, जगजीवन साहब, दरिया साहब, बुल्ला साहब, यारी साहब, चरणदास, सहजोबाई व दयाबाई, पलटू साहब, तुलसी साहब आदि अनेक संतों की बानियों का सकलन प्रयाग के वेलवेडियर प्रेस द्वारा प्रकाशित "सत-बानी-पुस्तक-माला" में से किया गया है।

हर संत की ऐसी ही बानी को मैंने इस ग्रन्थ मे लिया है, जिसमें प्रेम-प्रीति व विरह का गहरा रंग पाया, सत् और श्वेत करनी की निर्मल झाँकी मिली, चेतावनी और वैराग की ऊँची-ऊँची लहरें देखीं। योग की—त्रिवेणी के तट की और अनहद बाँसुरी की, और रिमझिम-रिमझिम रस-झड़ी का सकेत करने व खोलनेवाली साखियाँ व सबद इसमें नहीं लिये—बिना अधिकार के उधर, उस घाट की ओर जाने और दूसरों को ले जाने की हिम्मत नहीं हुई, यद्यपि अनेक संतों की अनोखी सेर की वही ऊँची-से-ऊँची ठौर है।

प्रत्येक सत का 'चोला-परिचय' व 'बानी परिचय' भी सक्षेप में देने का मैंने प्रयत्न किया है, हालाकि कबीर की यह साखी सदा सामने रही—

"जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजियो ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान ॥"

तो भी हम सबका स्वभावतः देह के प्रति अति लगव रहने के कारण, संतो का भी यथाप्राप्त शरीर-परिचय थोड़े में दे दिया है। बहुत ऊहापोह में

नहीं पड़ा, ऐतिहासिक शोध के विवाद में नहीं उतरा। ऐसा करना आवश्यक और रुचिकर भी नहीं लगा।

बानी-परिचय भी सबका कुछ-कुछ दिया है, जिसे मैं अपनी अनधिकार-चेष्टा ही कहूँगा। सभी संतों की बानी सरस और आनन्ददायिनी ही लगी है। तुलना की तरफ मन नहीं गया। तोलने के बाँट भी नहीं थे, और यह अच्छा ही हुआ।

ऐतिहासिक एवं साहित्यिक गवेषणा पाठकों को देखनी हो, तो संत-साहित्य के मर्मज्ञ पं० परशुराम चतुर्वेदी के "उत्तरी भारत की संत-परंपरा" नामक बृहद्ग्रन्थ में देखें। इस पाण्डित्यपूर्ण ग्रन्थ का मैंने कितने ही स्थलों पर सहारा लिया और आभार माना है।

प्रायः हरेक साखी, सबद और पद्य के कठिन शब्दों का अर्थ, और बौद्ध सिद्धों और जैन मुनियों तथा गुरु-बानी के अनेक पदों व शेख फ़रीद के सलोकों का पूरा भावार्थ देने का मैंने प्रयत्न किया है अनेक टीकाओं के आधार पर। कुछ शब्दों का अर्थ फिर भी कुछ अस्पष्ट-सा रहा है।

संत-सुधा-सार दो-ढाई वर्षतक छपता रहा। पू० ठक्कर बापा के देहा-वसान के बाद बार-बार, हरिजन-कार्य के सिलसिले में, प्रवास करना पड़ा, इस कारण प्रूफ़ बराबर नहीं देख सका, जिससे कुछ भूलें भी रह गई हैं, और ग्रन्थ के प्रकाशित होने में इतना अधिक विलम्ब भी हुआ है।

इस संत-वाणी-संग्रह से यदि संत-साहित्य के अध्ययन-अनुशीलन की लोगों में कुछ भी अभिरुचि बढ़ी,—विशेषकर विद्यार्थियों की, तो मैं अपने आपको कृतकृत्य मानूँगा।

हरिजन-निवास, दिल्ली
सर्वोदय-दिवस, १९५३

विनीत
वियोगी हरि

प्रस्तावना

१

संतों की परंपरा अति प्राचीन काल से आजतक चली आरही है। जब से मानवता का उगम हुआ, संतों का आविर्भाव हुआ है। संतों की वाणी का प्रथम नमूना हमें ऋग्वेद में देखने को मिलता है। ऋग्वेद के कुछ कथानकपर सूक्तों को हम छोड़दें, तो बाकी का सारा ऋग्वेद संतों की वाणी ही है।

बहुतों का यह खयाल है कि वेदों में कर्मकांड ही भरा है। यजुर्वेद आदि में कर्मकांड भी मौजूद है, लेकिन ऋग्वेद के मंत्र भक्तिपर संत-गाथा हैं। उनका संबंध जो भिन्न-भिन्न कर्मों के साथ जोड़ा गया है, उसका उद्देश्य इतना ही है कि उन-उन कर्मों के निमित्त उन-उन प्रसगों पर अच्छे-अच्छे वचन लोगों के कंठ में रहें। मेरी मा सुबह आटा पीसने के साथ तुकाराम के भजन गाया करती थी। उन भजनों का आटा पीसने के साथ क्या सम्बन्ध था सिवा इसके कि आटा पीसने में उसे कुछ उत्साहवर्धन होता होगा। इसी प्रकार बहुत सारे ऋग्वेद के सूक्तों का कर्मों के साथ संबंध गिना जा सकता है। सामवेद तो ऋग्वेद में के ही भजनो का चुनाव है, जिनकी एक विशेष ढंग से सामपाठियों ने स्वरलिपि बना रखी थी।

कुछ लोगों का यह खयाल है कि वेदों में भक्ति है भी, तो वह बहुदेवता-भक्ति है। लेकिन इसका उत्तर तो स्वयं ऋग्वेद ने ही दिया है। वेद कहता है कि, सत्नाम एक ही है; उपासना के लिए उपासक भिन्न-भिन्न रूप पसंद करते हैं:

> "एकं सत्, विप्राः बहुधा वदंति।
> अग्निं यमं मातरिश्वानं आहुः॥"

अग्नि, यम, वायु ये सारे एक ही परमेश्वर के भिन्न-भिन्न गुणवाचक भिन्न-भिन्न नाम हैं। परमेश्वर परिशुद्ध निर्गुण है, अर्थात् अनंत गुणवान् है। जिस उपासक को अपनेमें जिस गुण के विकास की आवश्यकता अनुभव होती है, वह उस गुणवाले भगवान् की भक्ति करता है। जैसे, तुलसीदास ने विनय-पत्रिका में मंगलमूरति गणनायक, प्रेरक सूर्यनारायण, औढरदानी शंकर,

वेरक्तिरूपिणी दुर्गा आदि अनेक देवताओं का स्तवन किया, पर हरेक से माँगा यही कि "रामचरण-रति देहु"। ऐसा ही ऋग्वेद के संतों का है। संतों की वाणी में जो भावना की उत्कटता, अंदर की छटपटाहट, भूतमात्र के लिए आदर आदि विशिष्ट भाव दीख पड़ते हैं, वे सारे वैदिक ही हैं।

"स नः पिताइव सूनवे, अग्ने सूपायनो भव। सचस्वा नः स्वस्तये ॥"

"हे अग्निदेव, ज्योतिर्मय प्रभु, जैसे पिता के पास पुत्र सहज पहुँच जाता है, वैसे ही हम तेरे पास पहुँचें। हमारे मंगल के लिए निरंतर तू हमारे साथ रह।" यह है आर्षवाणी। इसे हम संतवाणी न कहें तो क्या कहें ?

संतवाणी का दूसरा आविर्भाव हमें मिलता है, बुद्ध भगवान् की गाथाओं में। वेदवाणी और बुद्धवाणी में वैसा ही फरक है जैसा कि तुलसीदास और कबीर में। तुलसीदास है प्रतिमा वेदवाणी की, और कबीर बुद्धवाणी की। वियोगी हरिजी के संत-सुधा-सार का बहुत सारा हिस्सा जो मैंने देखा, बुद्धवाणी का नमूना है।

"मनो पुब्बंगमा धम्मा, मनो सेट्ठा मनोमया" यह है धम्मपद का पहला वचन।

इसके साथ देखिए जपुजी में गुरु नानक का वचन :

"मन्ने मोख दुवारु मन्नी परवारै साधारु।"

मैं तो इन दोनों में कुछ भी फरक नहीं देखता, चाहे अर्थ करनेवाले कितने ही भिन्न-भिन्न अर्थ क्यों न करें। कबीर, नानक, दादू सब एक ही माला के मणि हैं, जिनमें मेरुमणि तो मैं बुद्ध को ही समझता हूँ। बुद्ध ने लोक-भाषा में लिखा, यही पीछे के संतों ने भी किया। वेद-वाणी भी उस ज़माने की लोक-भाषा में याने वैदिक संस्कृत में प्रगट हुई। वेदवाणी स्वयं यह प्रगट कर रही है :

"अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्"

"मैं हूँ सब राष्ट्र की वाणी, सबकी वासनाओं का संगम करनेवाली" अगर वैदिक ऋषि लोक-भाषा में न गाते होते, तो "अहं राष्ट्री" ऐसा दावा वे नहीं कर पाते।

संतवाणी का तीसरा आविर्भाव हमें मिलता है दक्षिण के शैव और वैष्णव भक्तों में। पेरिय आळ्वार, आंडाळ, नम्माळ्वार, कुलशेखरर् आदि वैष्णव और संबंधर, अप्पर्, सुन्दरर्, माणिकवाचकर् आदि शैव

भक्तों ने जो परममधुर भजन गाये हैं वे विश्व-साहित्य में अपना एक विशेष स्थान रखते हैं। वेदवाणी और बुद्धवाणी जो उत्तरभारत से दक्षिणभारत में पहुँचीं, उनका ऋण चुकाने के लिए शंकर, रामानुज आदि वैष्णव-आचार्यों ने भक्ति का प्रवाह दक्षिणभारत से उत्तरभारत में बहाया। उन आचार्यों को यह स्फूर्ति तमिल भाषा में गानेवाले वैष्णव और शैव संतों से ही मिली। यहाँ एक भ्रम दूर करने की ज़रूरत है। लोगों का खयाल है कि रामानुज तो वैष्णव थे, पर शायद शंकर वैष्णव नहीं थे। यह गलत है। जहाँ-जहाँ शंकर प्रतीक-उपासना का दृष्टान्त देते हैं वहाँ "शालग्रामे इव विष्णु." ऐसा ही देते हैं। "अविनयमपनय विष्णो" यह विष्णुस्तोत्र शंकराचार्य के मठों में प्रतिदिन गाया जाता है। शंकर ने अपनी माता को दर्शन कराया था .... "मम भवतु कृष्णोऽक्षिविषयः" इस स्तोत्र से। और भाष्य भी उन्होंने लिखा है भगवद्गीता और विष्णुसहस्रनाम पर, जो कि वैष्णव ग्रंथ हैं। हाँ, अद्वैती के नाते वे शिव, विष्णु आदि में भेद नहीं करते थे, और 'चिदानन्द रूपः शिवोऽहं शिवोऽहं" गाते थे। शिव और विष्णु का यही अभेद हम तुलसीदास तक में पाते हैं, जो कि श्रीराम के अनन्य उपासक थे।

✓ वेदवाणी बुद्धवाणी और तमिल भक्तवाणी यह मूलत्रयी है, जिसमें से बाद को सारी भारतीय संतवाणी प्रसृत हुई। ज्ञानदेव, नामदेव और तुकाराम, पुरंदरदास और त्यागराज, नरसी मेहता और अखाभगत, तुलसीदास, सूरदास और मीरा बाई; कबीर, नानक, दादू; शंकरदेव और चैतन्य ये सारे मध्ययुगीन संत विविध पुष्प हैं उस वल्ली के, जिसका मूल उक्त त्रयी में है।

२

संतों की सामान्य सिखावन सर्वलोक-सुलभ और सादी सी होती है। उनकी जीवन-योजना के मूल में जो बुनियादी विचार पाये जाते हैं वे थोड़े में यह हैं :

(अ) देह की आजीविका के लिए कौटुम्बिक सरणी के या परिस्थिति के अनुसार जिसे जो उद्योग प्राप्त हो वह निरंतर करते रहना चाहिए। समाज पर भाररूप होकर जीवन बिताना भक्ति के अनुकूल नहीं हो सकता। बल्कि अपने सहजप्राप्त उद्योग की क्रियाओं को ब्रह्मरूप देखने का अभ्यास करना चाहिए। शुद्ध आजीविका के बिना शुद्ध विचार और विवेक संभव नहीं है। इसी विश्वास के कारण हम देखते हैं कि नामदेव "सोने की सूई" और "रूपे का धागा"

लेकर भक्ति-भाव से सीवन सीता रहा और चित्त को हरि में पिरोता रहा। कबीर "झीनी झीनी चदरिया" बुनता रहा। और दूसरे संत भी इसी तरह अपना-अपना काम करते रहे। उन कामों को उन्होंने कभी बोझ समझा हो ऐसा नहीं मालूम पड़ता, क्योंकि अपने-अपने उद्योग की परिभाषा में वे अपने अध्यात्म के विचारों को प्रगट करते हुए दीख पड़ते हैं। यद्यपि यह मैं नहीं कह सकता कि "निष्काम-कर्म = भक्ति" इस गीतोपदेशित समीकरण को वे मान्य करते थे, या "निष्काम-कर्म + भक्ति" ऐसा समुच्चय उनके मन में था। यह बारीक भेद है। इसका निर्देशमात्र करके यहाँ छोड़ देता हूँ।

चाहे समीकरण मानो, चाहे समुच्चय, भक्ति के साथ अकर्मण्यता नहीं टिकती यह बात सभी संतों के अनुभव पर से निश्चित है। जहाँ भक्ति का ही टिकाव न लगे ऐसी किसी अंतिम अवस्था में कर्म गिर पड़े यह संभव है। लेकिन उस स्थिति में तो शरीर ही गिर जाने की बात है। इसलिए यहाँ उसके विचार करने की ज़रूरत नहीं।

दुर्दैव इस बात का है कि वह अंतिम स्थिति मानो प्राप्त ही हो चुकी ऐसे भ्रम में जानबूझकर कर्म छोड़ने की घातक मनोवृत्ति, बावजूद संतों के जीवन और उपदेश के, हमारे समाज में फैली हुई है, और कभी-कभी किसी संत-वचन का असंबद्ध आधार भी उसे मिल जाता है।

(आ) अपने शरीर से जितना हो सके उतना परोपकार करना चाहिए। परोपकार का मौक़ा कभी खोना नहीं चाहिए। संतों के जीवन की यह बहुत ही बुनियादी बात है; बल्कि यही कहना चाहिए कि उनका सारा जीवन ही परोपकारमय होता है। "उपकार" शब्द में हम लोगों को कुछ अहंकार का आभास आता है। वास्तव में ऐसा नहीं है। "उप" का अर्थ ही "अल्प" होता है। मनुष्य को अपने पाँवों पर ही खड़ा रहना होता है, उसे हम गौणरूप से कुछ मदद पहुँचा देते हैं—यह अर्थ 'उपकार' शब्द में निहित है।

आजकल हमने सार्वजनिक सेवा का एक आडम्बर-सा बना रखा है। अपने पड़ोसी की और आसपास के लोगों की, सहजभाव से और स्वभाव से, छोटी-मोटी सेवाएँ करते रहना यह मनुष्य का सहज लक्षण होना चाहिए। मीमांसकों की भाषा में, परोपकार एक नित्यकर्म है, जिसके करने में कोई पुण्य लाभ नहीं होगा, लेकिन न करने में पाप होगा। दाहिने हाथ से किये उपकार का

बायें हाथ को पता न लगे, और दोनों हाथों से किये उपकार का मन को पता न लगे।

(इ) "अहिंसासत्यादीनि चारित्र्याणि परिपालनीयानि" यह है नारद की आज्ञा, जो ये सब संतों के आदिगुरु। संतों की चारित्र्य-पद्धति में और नीति-शास्त्र-वेत्ताओं की विचार-सरणी में एक बड़ा अंतर यह है कि संतों की श्रद्धा में अहिंसा-सत्यादि का पालन जाति-देश-काल-समय-निरपेक्ष करना होता है। अर्थात् यह लक्ष्मण की खींची रेखा है, जिसका उल्लंघन सीता भी बिना खतरे के नहीं कर सकती। विद्वान् नीति-शास्त्री भी अहिंसा आदि को मानते तो हैं, लेकिन इनको वे अविचल या शाश्वत धर्म नहीं मानते, बल्कि परिस्थिति-सापेक्ष या सुभीते के अनुसार मानते हैं। कुछ समाज-शास्त्री भी कहते हैं कि ये यम-नियम व्यक्ति के लिए निरपवाद माने भी जायँ, तोभी समाज के लिए इनका निरपवाद पालन न सिर्फ अशक्य है, बल्कि अयोग्य भी है। इस विचार से संतों का घोर विरोध है।

"आदि सच, जुगादि सच, है भी सच, होसी भी सच।" इस तरह की थी उनकी सत्य-निष्ठा। और हमेशा उनकी आतुरतापूर्वक रटन थी:

"किऊ सचियारा होइये, किऊ कूडे तुट्टे पाल।" कैसे हम सच्चे बनेंगे, और कैसे असत्य का पर्दा टूटेगा। निरपेक्ष-नीति और सापेक्ष-नीति का झगड़ा लोकजीवन में तो जब मिटेगा तब मिटेगा, लेकिन भगवान् की जिसपर कृपा होगी उसके लिए तो वह झगड़ा इसी क्षण मिटेगा। और जिसके मन में वह झगड़ा मिट गया उसपर भगवान् की कृपा हुई ऐसा समझना चाहिए। भक्ति का यह आरंभमात्र है।

(ई) सब संतों की सिखावन में और सब धर्म-ग्रंथों में भगवन्नाम की महिमा एक सर्वमान्य वस्तु है। इसपर अधिक लिखने की जरूरत नहीं। लेकिन नाम-जप के साथ अर्थ-भावन भी करना होता है। उसमें अपनी-अपनी धारणा के अनुसार अनेक प्रकार हो जाते हैं।

कुछ ज्ञानी निर्गुण-निराकार का ध्यान करते हैं, जो सब कल्पनाओं से रहित है। उसका ध्यान करनेवाले अक्सर 'ओंकार' को पसंद करते हैं। लेकिन राम, गोविंद, नारायण, हरि आदि नाम लेकर भी निर्गुण-निराकार का भावन कर सकते हैं। कबीर, नानक आदि में ही नहीं, तुलसीदासतक में यह पाया

जाता है। दुनिया के सारे साहित्य में निर्गुण-निराकार का सबसे श्रेष्ठ प्रतिपादन उपनिषदों में मिलता है।

कुछ ध्यानी नाम के साथ सगुण-निराकार का ध्यान करते हैं। अक्सर हम जहाँ निर्गुण-निराकार को छोड़ते हैं, सगुण-साकार में आजाते है। लेकिन दोनों के बीच सगुण-निराकार की भी एक भूमिका होती है। इसमें भगवान् को, निराकार मानते हुए, दया, वात्सल्य आदि अनंत गुणों के परम आदर्श के तौर पर माना जाता है। उपनिषद् में निर्गुण-निराकार के साथ सगुण-निराकार की पुष्टि करनेवाले वचन भी पाये जाते हैं, जिनको रामानुज आदि भाष्यकार विशेष महत्व देते हैं। इस्लाम और ईसाई-मत इसीको मानते हैं। ब्रह्म-समाज, प्रार्थना-समाज, आर्य-समाज इत्यादि आधुनिक समाज सगुण-निराकार की भूमिका पर खड़े हैं।

कुछ भक्त नाम के साथ सगुण-साकार की कल्पना करते हैं। इसके भी तीन पंथ हो जाते हैं :

(१) सांकेतिक रूप की उपासना, जैसे शेषशायी विष्णु, अर्धनारी-नटेश्वर इत्यादि।

(२) विश्वरूप की उपासना, जिससे अर्जुन घबड़ा गया था, लेकिन "खुले नयन पहचानों, हँसि हँसि सुन्दर रूप निहारों" कहकर कबीर आनन्दित होता है। अर्जुन इसलिए घबड़ा गया था कि उसके ध्यान-दर्शन में तीनों काल और तीनों स्थल एकत्र प्रगट हुए थे। कबीर इसलिए आह्लादित है कि वह विश्वरूप का एक भाग ही देख रहा है, जो कि उसके नेत्रों को अनुकूल है।

(३) विशिष्ट श्रेष्ठपुरुष की अवताररूप में उपासना। इस उपासना के करनेवालों के फिर दो विभाग हो जाते हैं। एक अकल रखे हुए, जो कि अपने पूज्य पुरुष को ईश्वर का अंशावतार मानते हैं। दूसरे अकल खोये हुए, या अकल को ही शून्य समझनेवाले, जो "कृष्णस्तु भगवान् स्वयं" कहकर लीला-विभोर हो जाते हैं। इस विवेचन का चित्र इस प्रकार होगा:

लेकिन खूबी यह है कि हमारे संतों की पाचन शक्ति प्रखर होने के कारण ये सारे भिन्न भिन्न दर्शन उनको विरोधी नहीं मालूम होते, बल्कि इन सबको वे एकसाथ हजम कर लेते हैं। मिसाल के तौर पर, तुलसीदासजी पक्ष तो लेंगे सगुण-साकार का, लेकिन निर्गुण-निराकार से पूर्णावतारतक की सब तालिका वे स्वीकार करेंगे। शंकराचार्य अभिमानी बनेंगे निर्गुण-निराकार के, लेकिन **"नित्य शुद्ध बुद्ध मुक्तस्वभावं"** के साथ त्रिपुरसुन्दरी का भी स्तोत्र गा सकेंगे। हाँ, शायद पूर्णावतार की कल्पना वे नहीं निगल सकेंगे। क्योंकि "अंशेन कृष्णः किल संबभूव" ऐसा वे लिख चुके हैं। फिर भी भाविकों के साथ पूर्णावतार के भजन में भी वे लीन हो जायें तो आश्चर्य की बात नहीं; क्योंकि जब वे सारा ही मिथ्या समझते थे, तो किसी चीज के लिए क्यों हिचकिचाना?

कुछ विचारक और उपासक ऐसे जरूर होते हैं जो अपना-अपना आग्रह रखते हैं, जैसे मोहम्मद पैगम्बर सगुण-निराकार माननेवाले थे। यद्यपि निर्गुण निराकार का वे निषेध नहीं करेंगे, किंतु सगुण-साकार का अवश्य निषेध करते हुए वे दीख पड़ते हैं। वैसे कुरान में वज्हुल्लाह याने "अल्लाह का चेहरा" ये शब्द कई जगह आये हैं, जिनके आधार पर मूर्तिपूजा की अतिशयता का तो बचाव

नहीं होगा, लेकिन सगुण-साकार का प्रवेश हो जायगा। कुरान का कुल मिलाकर भाव मैं यही समझा हूँ कि मोहम्मद के सामने विकृत मूर्तिपूजा खड़ी है, जिसके साथ अनेक भ्रष्टाचार जुड़ गये हैं; उस सबका वे निषेध करना चाहते हैं। आखिर, ईश्वर का शब्द वे सुनते थे, "वही" उन्हें प्राप्त होती थी, उससे वे भावित होते थे, उसका उनके शरीर पर असर होता था; कुछ रूह, कुछ प्रभा, कुछ आभास, जो भी कहो, उनके अंतर-मानस में प्रगट होती थी। यह सब देहधारी मनुष्य कैसे टालेगा? सारांश, जो शब्दातीत वस्तु है उसको शब्द में प्रगट करने के प्रयत्न में ही दोष आ जाता है। विष्णुसहस्रनाम में तो भगवान् के दो नाम ही यों दिये हैं, "शब्दातिगः शब्दसहः" शब्द से परे, किन्तु शब्द को सहन करनेवाला।

इसलिए अचिंत्य विषय में सर्व आग्रह छोड़कर नम्र हो जाना यही सर्वोत्तम लक्षण है।

(उ) संतों की जीवन-योजना में आखिरी बात है सत्संग की चाह। सामान्य व्यावहारिक विद्या की प्राप्ति के लिए भी जब उस विद्या के जानकार का सहारा लेना पड़ता है, तब आध्यात्मिक साधन में प्रवेश की इच्छा रखनेवाले को अनुभवी संतपुरुषों की संगति ढूँढ़नी ही पड़ेगी। यह बात सहज समझ में आती है। इसीलिए शंकराचार्य ने मनुष्यत्व और मुमुक्षुत्व के बाद महापुरुष-संश्रय को तीसरा महद्भाग्य माना है। आत्मा स्वयं-सिद्ध और अपना निजरूप ही होने के कारण हम ऐसा आग्रही विचार तो नहीं रख सकते कि सूर्योदय के पहले उषोदय के समान आत्मदर्शन के पहले महापुरुष-संश्रय या स्थूल सत्संगति आवश्यक है। और हम यह भी नहीं कह सकते कि सत्संग के लोभ में, ऐसे किसी वेषधारी को सत्पुरुष या सद्गुरु के स्थान पर बिठादें। लेकिन यह ज़रूर मानना पड़ेगा कि जहाँ सद्विचार के श्रवण-मनन का मौक़ा मिलेगा वहाँ पहुँचने की या वैसी संगति ढूँढ़ने की अभिलाषा साधक में होनी चाहिए। मैं तो कहूँगा कि सत्सगति की अभिलाषा सत्संगति से भी बढ़कर है। या, अधिक समीचीन भाषा में यों कह सकते हैं कि सत्संगति की अभिलाषा ही सच्ची सत्संगति है।

यह है संत-सुधा-सार, जिसका संग्रह एक संस्कृत श्लोक बनाकर मैंने इस तरह रख दिया है:

"स्वकर्मणि-समाधानं, परदुःख-निवारणम्।
नामनिष्ठा, सतां संगः, चारित्र्य-परिपालनम्॥"

३

अब वियोगी हरिजी के इस संग्रह के बारे में मुझे कुछ कहना चाहिए।

पहली बात तो मैं यह कहूँगा कि हिन्दी के बहुत सारे संतों की वाणी का अध्ययन मैं नहीं कर सका हूँ। सिर्फ चार कृतियाँ मेरे नसीब में आई हैं, जिनको कुछ बारीकी से देखने का मौका मुझे मिला है। रामायण और विनयपत्रिका, ये तुलसीदास की दो कृतियाँ। इन दोनों कृतियों का मुझपर बहुत गहरा असर पड़ा है। तुलसीदास की शैली में बोलना हो तो यही कहना पड़ेगा कि, एक है "रा" और दूसरा है "म" और दोनों मिलकर तुलसीदास का 'राम' बनता है। दोनों कृतियाँ परस्पर-पूरक हैं। इनके अलावा, गुरु नानक का जपुजी और गुरु अर्जुन की सुखमनी। इस संग्रह में जपुजी का, अर्थ के साथ, पूरा उद्धरण किया गया है। यह मुझे अच्छा लगा। मैं जब पाँच-छह महीने शरणार्थियों के काम में लगा था तब रोज सुबह जपुजी का पाठ किया करता था। कुछ दिन नागरी लिपि में किया, फिर गुरुमुखी में पढ़ता रहा। यह एक परिपूर्ण कृति है। याने साधनमार्ग का पूरा चित्र, आदि से अंततक इसमें थोड़े में मिल जाता है। इसकी तुलना ज्ञानदेव के मराठी हरिपाठ से हो सकती है। जिनको वर्णमाला का परिचय है, ऐसा हरेक देहाती हरिपाठ को पढ़ ही लेता है। बल्कि जो अक्षर भी नहीं सीखा वह भी दूसरों से सीखकर उसे रट करता है। गुरु अर्जुन की सुखमनी यद्यपि एक छोटी ही पुस्तक है, तथापि सूत्ररूप नहीं वह विवरणरूप है। उसमें पुनरुक्ति काफी है। लेकिन उसकी शक्ति भी उस पुनरुक्ति में है। उसका यह एक सलोक जेल में कई दिनोंतक भोजन के पहले मैं बोलता था, जैसा कि सिक्खों में रिवाज है :

> काम क्रोध अरु लोभ मोह बिनसि जाय अहमेव,
> नानक प्रभु शरणागती कर प्रसाद गुरुदेव।

भोजन के लिए "प्रसाद" संज्ञा हिंदुस्तान की हर भाषा में मिलती है।

इन चार कृतियों के अलावा, बाकी का मेरा सारा हिन्दी-अध्ययन भ्रमरवत् है, याने थोड़ा इधर देख लिया, थोड़ा उधर देख लिया। नामदेव के मराठी भजनों में से कुछ चयन मैंने किया था, उसकी पूर्ति में उनके हिन्दी पद्यों का भी अवलोकन ग्रन्थ साहिब से किया था।

बहरे के कानोंतक भी जो पहुँच गई है उस कबीर-वाणी का मुझे कुछ सहज परिचय न हुआ हो, यह कैसे हो सकता है? तुकाराम की वाणी पर

कबीर का बहुत असर पड़ा है। और वह ऋण तुकाराम ने स्वयं प्रगट किया है। तुकाराम का एक भी ऐसा वचन नहीं होगा, जिसे मैं घोलकर पी न गया होऊं, इसलिए कबीर तो मुझे मुफ्त में मिल गया।

मीरांबाई तो एक अद्वितीय व्यक्तित्व है, जिसके मधुरतम भजन आश्रम की प्रार्थना में मैंने सतत सुने, गाये, और ध्याये हैं। सूरदास हिंदी महासागर है। उसमें से 'आश्रम-भजनावली' में जो कुछ दस-पाँच अमृत बिन्दु आये हैं उतने ही मेरे लिए पर्याप्त हो गये हैं।

गोरखनाथ एक ऐसे महान् हैं जिनकी वाणी का तो नहीं, किन्तु करनी का स्पर्श समस्त भारत को हुआ है। वे कहाँ और कब जन्मे थे निश्चित रूप से कोई नहीं जानता, लेकिन वे जन्मे थे इसमें किसीको संदेह नहीं है। गूढ़-वादी बंगाल उनपर अपना दावा करता है। तमिल लोग कहते हैं, सारा नाथ-संप्रदाय तमिलनाड का है। और तमिल भाषा में नाथ-पंथी साहित्य भी बहुत है। उसका परिचय तो राष्ट्रभाषावालों को तब होगा, जब वे आलस्य छोडकर तमिल सीखेंगे। जलंधरवाले पंजाबी जालंदरनाथ के पंथ पर क्यों नहीं अपना अधिकार रखेंगे? और गोरखपुर तो गोरख का पुर है ही। ज्ञानदेव ने ज्ञानेश्वरी में अपनी गुरु-परम्परा का कथन करते हुए मत्स्येन्द्रनाथ के शिष्य गोरखनाथ का निर्देश किया है, इसलिए महाराष्ट्र के लोग अपना हक पेश कर ही सकते हैं। इस संग्रह में पृष्ठ ३६ पर दिया हुआ भजन "कैसे बोलों पंडिता देव कवणे ठांई" सारा-का-सारा शुद्ध मराठी भजन है। मत्स्येन्द्र और गोरख की कहानियाँ जिसने बचपन में नहीं सुनीं ऐसा कौन बच्चा है?

रैदास का नाम महाराष्ट्र में बहुत प्रसिद्ध है। उनको मराठी में रोहिदास कहते हैं। चोखामेला महार, और रोहिदास "चाभार" (चमार) इन दो हरिजन संतों की कथा हमारी माँ बहुत सुनाती थी। मुझे लगता था कि चोखामेला के समान रोहिदास भी कोई मराठी संत होंगे। भजनावली में रैदास का एक हिंदी भजन साबरमती-आश्रम में जब मैंने पहली बार सुना, तब मुझे इस बात का पता चला कि रोहिदास का नाम रैदास है और वे एक हिंदी के संत हैं।

एक और हिंदी-संत का नाम अहिंदी प्रांतों को परिचित है, जिसने साहित्य का एक नया विभाग खोल दिया। वे हैं भक्तमाल के लेखक नाभाजी। जैसे पश्चिमी साहित्य में प्लूटार्क, दक्षिण में शेक्किलार, वैसे ही उत्तर हिंदुस्तान में

नाभाजी अपने क्षेत्र में अद्वितीय हैं । महाराष्ट्र में महिपति ने संत-चरित्र पर अनेक ग्रंथ लिखे हैं जिनमें नाभाजी की भक्तमाल का बहुत उपयोग किया है ।

दादू की भक्त-मंडली की ओर से दादूवाणी और सुन्दर-ग्रन्थावली भेंट में मिली थीं, उन्हें देख जाना जरूरी ही था । लेकिन दादू-पंथी निश्चलदासजी का विचार-सागर अपने ढंग का एक विशिष्ट ग्रंथ है । कबीर के बीजक में उनकी स्वतंत्र प्रतिभा का दर्शन होता है । निश्चलदास के विचार-सागर में पारिभाषिक वेदांत का गहरा अध्ययन दीख पड़ता है । विचार-सागर का इस संग्रह के साथ कोई संबंध नहीं है । मैंने तो उसका प्रसंगेन उल्लेखमात्र कर दिया है ।

हिंदी अब राष्ट्र-भाषा बनी है, तो उसके साहित्य का अध्ययन हिंदुस्तान-भर में होनेवाला है । जैसे अंग्रेजी में गोल्डन ट्रेजरी एक सर्वांगीण और सर्वमान्य संग्रह हुआ है, वैसा कोई संग्रह हिंदी के लिए जरूर चाहिए । हरिजी के इस संत-सुधा-सार का वैसा दावा तो नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि यह भी एक काफी प्रातिनिधिक संग्रह है, और थोड़े में हिंदी-संत-साहित्य का जो व्यापक अध्ययन करना चाहते हैं उनको इसका बहुत उपयोग होगा इसमें मुझे संदेह नहीं ।

विनोबा

संत-सुधा-सार

सिद्ध सरहपाद

चोला-परिचय

वज्रयानी चौरासी सिद्धों में सरहपाद को आदिम सिद्ध माना गया है। इन्हें सरहपा भी कहते हैं। इनके दूसरे दो नाम राहुलभद्र और सरोज-वज्र भी हैं।

पूर्वी प्रदेश के थे किसी 'राज्ञी' नगरी के निवासी। पता नहीं, इस नाम की नगरी कहाँपर थी।

जन्म सिद्ध सरहपाद का किसी ब्राह्मण वंश में हुआ था। यह अच्छे विद्वान् पंडित थे। नालन्दा में भी यह कितने ही वर्षोंतक रहे थे।

पश्चात् यह विद्वान् बौद्ध भिक्षु कालान्तर में मंत्र-तंत्र-प्रधान वज्रयान की ओर आकृष्ट हो गया।

श्रीपर्वत (आन्ध्र देश) पर भी सरहपाद ने वज्रयान तंत्र की कठिन साधना की थी।

सरहपाद पालवंशीय राजा धर्मपाल के समकालिक थे। धर्मपाल का समय ई० ७६८—८०६ माना जाता है।

डाक्टर विनयतोष भट्टाचार्य ने सरहपाद का काल ६३३ ई० माना है। किन्तु किसी परिपुष्ट प्रमाण से सरहपा का काल यह सिद्ध नहीं होता।

भोटिया भाषा में सिद्धाचार्य सरहपा के ३२ ग्रन्थों का अनुवाद खोज में मिला है।

वानी-परिचय

सरहपादीय दोहा एवं सरहपाद दोहा-कोष से प्रस्तुत संग्रह में सरहपाद की सिद्ध-वानी संकलित की गई है।

भाषा सरहपा की मगही अपभ्रंश है, जो निश्चय ही हिन्दी का पूर्व-रूप है। डा० बी० भट्टाचार्य ने इसे बंगला का पूर्वरूप सिद्ध करने की असफल चेष्टा की है।

वज्रयान के परवर्ती सिद्धों की बानी में जो प्रायः अति स्वच्छन्दाचार दिखाई देता है वह सरहपाद की बानी में लगभग नहीं के जैसा है।

सहज शून्यावस्था से प्राप्त महासुख का, सहज में स्थित महारस का, बड़ा सुन्दर वर्णन मिलता है।

समरस सहज अवस्था में स्थित हो जाना ही, सरहपाद के मतानुसार, साधक का परम पुरुषार्थ है। उस अवस्था में कुछ भी भेद-भाव शेष नहीं रह जाता।

वर्ण-व्यवस्था का, उच्च-नीच-भाव का तथा धर्म के नाम पर चलनेवाले बाह्याचारों का सरहपाद ने बड़ा ज़ोरदार खण्डन किया है। ब्राह्मणों की ही नहीं, जैन यतियों की भी ख़बर ली है; लोमोत्पाटन और पिच्छी-ग्रहण की हँसी उड़ाई है।

सरहपाद के दोहा-कोष पर श्री अद्वयवज्र की संस्कृत-पंजिका खोज में मिली है, जो कलकत्ता-यूनिवर्सिटी के जर्नल ऑफ़ दि डिपार्टमेंट ऑफ़ लेटर्स (खंड २८) में प्रकाशित हुई है।

प्रस्तुत संग्रह में संकलित दोहों का अर्थ उसी संस्कृत-पंजिका के अनुसार किया गया है।

आधार

१ महापंडित राहुल साकृत्यायन के "वज्रयान और चौरासी सिद्ध" तथा "प्राचीनतम कवि" शीर्षक निबन्ध

२ कलकत्ता-यूनिवर्सिटी से प्रकाशित "जर्नल ऑफ़ दि डिपार्टमेंट ऑफ़ लेटर्स" (खंड २८)

सरहपाद

मन्तह मन्ते सन्ति ण होइ।
पड़िल भित्ति कि उट्टिअ होइ॥ १॥

तरुफल दरिसणे णउ अग्घाइ।
वेज्ज देक्खि किं रोग पसाइ॥ २॥

जाव ण अप्पा जाणिज्जइ ताव ण सिस्स करेइ।
अन्धँ अन्ध कढ़ाव तिम वेण वि कूव पड़ेइ ॥ ३ ॥

---

१ मंत्र-जाप करने से शान्ति मिलने की नहीं। जो दीवार गिर चुकी वह क्या उठ सकती है?

२ वृक्ष में लगा हुआ फल देखना उसकी गन्ध लेना नहीं है। वैद्य को देखनेमात्र से क्या रोग दूर हो जाता है?

३ जबतक अपने आप को नहीं जान लिया, तबतक किसीको शिष्य नहीं करना चाहिए। यह तो वह बात हुई कि एक अन्धा दूसरे अन्धे को साथ ले चला, और दोनों ही कुएं में गिर पडे!

कबीरने भी यही कहा है—

"अंधै अंधा ठेलिया, दून्यूँ कूप पडन्त।"

वह्मणेहि म जाणन्त भेउ।
एवइ पढ़िअउ एच्चउ वेउ॥
मट्टी पाणी कुस लइ पढ़न्त ।
घरहिं वइसी अग्गि हुणन्त ॥
कज्जे विरहइ हुअवह होमें।
अक्खि डहाविअ कडुएँ धुम्में ॥ ४ ॥

जइ णग्गा विअ होइ मुत्ति ता सुणह सिआलह ।
लोमु पाड़णें अत्थि सिद्धि ता जुवइ णिअम्वह ॥ ५ ॥

---

४ [अद्वयवज्र की संस्कृत टीका के अनुसार] ब्राह्मण भेद-प्रभेद नहीं जानते। पहले जातिभेद ही लेलो। कहते हैं, ब्राह्मण ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न हुए थे। पहले कभी हुए होंगे। किन्तु आज प्रत्यक्ष में तो वे भी दूसरे लोगों की तरह योनि से ही पैदा होते हैं। तब फिर ब्राह्मणत्व कैसा? और यदि संस्कार से ब्राह्मणत्व होता है, तो अंत्यज भी संस्कार लेकर ब्राह्मण हो सकता है। अतः इससे जाति सिद्ध नहीं होती।

वे चारों वेद पढ़ते हैं जाति-भेद जानते हुए। वेदों को अंत्यज चाडाल भी तो पढ़ सकते हैं।

फिर ये ब्राह्मण हाथ में कुश-जल लेकर घर बैठे हवन करते हैं। आग में घी इत्यादि डाल देने से मोक्ष मिलता हो, तो क्यों नहीं सबको, अन्त्यजों को भी, डालने देते? होम करने से मोक्ष मिले या नहीं, कडुवा धुआँ लगने से आँखों को पीड़ा अवश्य होती है।

५ यदि नग्न हो जाने से मुक्ति मिलती हो, तो स्यार-कुत्तों को पहले ही मुक्त हो जाना चाहिए!

और केश-लुंचन से मुक्ति होती हो, तो नितंबों को मुक्ति मिलनी चाहिए,

पिच्छी गहणे दिट्ठि मोक्ख ता मोरह चमरह ।
उञ्छें भोअणें होइ जाण ता करिह तुरंगह ॥ ६ ॥

आइ ण अन्त ण मज्झ णउ णउ भव णउ णिव्वाण ।
एहु सो परम महासुह णउ पर णउ अप्पाण ॥ ७ ॥

घोरान्धारे चन्दमणि जिम उज्जोअ करेइ ।
परम महासुह एकु खणे, दुरिआसेस हरेइ ॥ ८ ॥
जव्वे मण अत्थमण जाइ तणु तुट्टइ बन्धण ।
तव्वें समरस सहजे वज्जइ णउ सुद्द ण बम्हण ॥ ९ ॥

चीअ थिर करि धरहु रे नाइ ।
आन उपाये पार ण जाइ ॥
नौवा ही नौका टानअ गुणे ।
मेलि मेलि सहजे जाउ ण आणे ॥ १० ॥

---

६ यदि पिच्छी ग्रहण करने से मुक्ति मिलती हो तो मोर को पहले ही मुक्त हो जाना चाहिए ।

यदि उञ्छ-भोजन से मुक्ति होती हो तो [illegible] मुक्ति के पहले अधिकारी हैं ।

[उञ्छ का अर्थ है खेत का सीला अर्थात अन्न का एक-एक दाना चुनना]

७ (सहज शून्यावस्था का) न तो आदि है, न अन्त और न मध्य । न यहाँ जन्म है न निर्वाण । यह अलौकिक महासुख है । न इसमें पराये का ज्ञान रहता है, न अपना ।

८ जैसे घोर अंधकार में चन्द्रमणि उजेला कर देती है उसी तरह यह अपूर्व महासुख एक क्षण में ही संपूर्ण दुश्चरितों का नाश कर देता है ।

९ जिस क्षण यह मन अस्त या विलीन हो जाता है, उस समय सारे बन्धन टूट जाते हैं । उस समरस सहज अवस्था में कुछ भी भेद नहीं रहता—न शूद्र न ब्राह्मण ।

१० हे नाविक चित्त को स्थिर कर सहज के किनारे अपनी नौका किये चल, रस्सी से खींचता चल—और कोई दूसरा उपाय नहीं ।

मोक्ख कि लब्भइ झाण पविट्ठो।
किन्तह दीवें किन्तह णिवेज्जं॥
किन्तह किज्जइ मन्तह सेव्वं॥

किन्तह तित्थ तपोवण जाइ।
मोक्ख कि लब्भइ पाणी न्हाइ॥ ११ ॥

परऊआर ण कीअऊ अत्थि ण दीअउ दाण।
एहु संसारे कवण फलु वरुच्छड्डुहु अप्पाण॥ १२ ॥

---

११ भला, ध्यान धरने से कहीं मुक्ति होती है? दीपक दिखाने और नैवेद्य चढ़ाने, तथा मंत्र पाठ से क्या मुक्ति मिल सकती है?
तीर्थ-सेवन और तपोवन में जाने से, और पानी में नहाने से कहीं मोक्ष-लाभ होता है?

१२ यदि परोपकार नहीं किया और न दान दिया, तो इस संसार में आने का फल ही क्या, इससे तो अपने आपका उत्सर्ग कर देना ही अच्छा है।

सिद्ध तिल्लोपाद

चोला-परिचय

सिद्ध तिल्लोपाद या तिलोपा का भिक्षु-नाम प्रज्ञाभद्र था। कहते हैं सिद्धचर्या में तिल कूटने के कारण इनका नाम तिलोपा पड़ गया था।

गुरु का नाम विजयपाद था, जो कण्हपा या कृष्णपाद के शिष्य के शिष्य थे।

तिल्लोपाद का जन्म-प्रदेश बिहार था। यह ब्राह्मण थे।

समय इनका १० वीं शताब्दी माना गया है। इनके शिष्य सिद्धाचार्य नारोपा राजा महीपाल (६७४–१०२६ ई०) के समकालीन थे।

वज्रयानी चौरासी सिद्धों में यह एक ऊँचे सिद्ध माने जाते हैं।

मगही हिन्दी में सिद्ध तिल्लोपाद के ४ ग्रन्थ मिले हैं।

बानी-परिचय

प्रस्तुत-संग्रह ग्रन्थ में तिल्लोपाद के दोहा-कोष से १२ दोहे संकलित किये गये हैं। दोहा-कोष में कुल ३४ दोहे हैं। भाषा इन दोहों की प्राचीन मगही हिन्दी है।

सहज-साधना को तिल्लोपाद की बानी में बड़ा महत्त्व दिया गया है। कहा है कि चित्त-विशुद्धि का एकमात्र साधन सहज-साधना ही है।

अद्वैतवादियों की भाँति इन्होंने भी कहा है—"मैं जगत हूँ, मैं बुद्ध हूँ और मैं ही निरंजन हूँ।"

तीर्थ-सेवन तथा तपोवन-वास को अन्य सिद्धों और सन्तों की तरह तिल्लोपाद ने भी मोक्ष-लाभ का साधन नहीं माना है। देव-प्रतिमा के पूजन को भी निरर्थक बतलाया है।

शून्य भावना का आनन्द लेते हुए सिद्ध तिल्लोपाद कहते हैं—

"हउ सुण, जगु सुण तिहुअण सुण।
णिम्मल सहजे ण पाप ण पुण ॥"

अर्थात्, मैं भी शून्य हूँ; जगत् भी शून्य है; त्रिभुवन भी शून्य है। महासुख निर्मल सहज स्वरूप है —न वहाँ पाप है, न पुण्य।

महासिद्ध तिल्लोपाद के दोहा कोष पर संस्कृत में एक पंजिका है, जिसका नाम 'सारार्थ पंजिका' है। इसी टीका की सहायता से संकलित दोहों का अर्थ किया गया है।

आधार

१ महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के "वज्रयान और चौरासी सिद्ध" तथा "प्राचीनतम कवि" शीर्षक निबन्ध

२ कलकत्ता-यूनिवर्सिटी से प्रकाशित "जर्नल ऑफ दि डिपार्टमेंट ऑफ लेटर्स" (खंड २८)

तिल्लोपाद

वढ़ अएँ लोअअ गोअर तत्त पण्डित लोअ अगम्म ।
जो गुरुपाअ पसण्ण तँहि कि चित्त अगम्म ॥ १ ॥

सहजे चित्त विसोहहु चङ्ग ।
इह जम्महि सिद्धि मोक्ख भङ्ग ॥ २ ॥

सचल णिचल जो सअलाचर ।
सुण णिरंजण म करु विआर ॥ ३ ॥

हँउ जगु हँउ बुद्ध हँउ णिरंजण ।
हँउ अमणसिआर भवभंजण ॥ ४ ॥

---

१ जो तत्त्व, जो मन्त्र मूढ़जनों के लिए अगोचर है वह पण्डितों के लिए भी अगम्य है (क्योंकि वे शास्त्रचिन्तन में उलझे रहते हैं)। मन्त्र का साक्षात्कार तो उसी पुण्यवान व्यक्ति को होता है जिसपर कि सद्गुरु प्रसन्न होते हैं।

२ सहज की साधना से चित्त को तू अच्छी तरह विशुद्ध करले। इसी जीवन में तुझे सिद्धि प्राप्त होगी, और मोक्ष भी।

३ जितने सब आचार-व्यवहार हैं, वे या तो सचल हैं या निश्चल। किन्तु शून्य निरंजन सकल विकल्पों से रहित है। उसका विचार नहीं करना चाहिए, विचार से वह परे है।

४ मैं जगत् हूँ, मैं बुद्ध हूँ और मैं ही निरंजन हूँ। मैं ही मनसिकार-रहित हूँ और भव का भंजन करनेवाला भी मैं ही हूँ।

तित्थ तपोवण म करहु सेवा।
देह सुचिहि ण स्सन्ति पावा ॥ ५ ॥

देव म पूजहु तित्थ ण जावा।
देव पूजाहि ण मोक्ख पावा ॥ ६ ॥

जिम विस भक्खइ विसहि पलुत्ता।
तिम भव भुञ्जइ भवहि ण जुत्ता ॥ ७ ॥

परम आणन्द भेउ जो जाणइ।
खणहि सोवि सहज बुज्झइ ॥ ८ ॥

गुण दोस रहिअ एहु परमत्थ।
सह संवेअण केवि णत्थ ॥ ९ ॥

चित्ताचित्त विवज्जहु ण णित्त।
सहज सरूएँ करहु रे थित्त ॥ १० ॥

---

५ न तीर्थ-सेवन करो, न तपोवन को जाओ। तीर्थों में स्नानादि करने से मोक्ष-लाभ होने का नहीं।

६ न देव-प्रतिमा की पूजा करो, न तीर्थ यात्रा; देवाराधन से तुम्हें मोक्ष मिलने का नहीं।

७ जिस प्रकार विष का शोधक विष खाकर भी मरता नहीं है, उसी प्रकार योगी सांसारिक विषयों को भोगता हुआ भी संसार के बन्धनों में नहीं पड़ता।

८ अपूर्व आनन्द के भेद को जो जानता है, उसे सहज का ज्ञान एक क्षण में प्राप्त हो जाता है।

९ परमार्थ अर्थात् परमसत्य यही है, जिसमें न गुण है, न दोष। स्वसंवेद्य कुछ भी नहीं है, न गुण, न दोष।

१० चित्त और अचित्त को सदा के लिए त्यागदे, और सहज स्वरूप में

आवइ जाइ कहवि ण णइ।
गुरु उपएसे हिअहि समाइ ॥ ११ ॥

हउ सुण जुग सुण तिहुअण सुण।
णिम्मल सहजे ण पाप ण पुण ॥ १२ ॥

---

११ (वह परम तत्त्व) न कहीं से आता है, न कहीं जाता है, न किसी स्थान पर ठहरता है। तथापि गुरु के उपदेश से वह हृदय में प्रविष्ट होता है।

१२ मैं भी शून्य हूँ, जगत् भी शून्य है, त्रिभुवन भी शून्य है। मलानुक्त निर्मल सहजस्वरूप है, न वहाँ पाप है, न पुण्य।

मुनि देवसेन

चोला-परिचय

मुनि देवसेन का इतिवृत्त अज्ञात-सा ही है। इतना ही कहा जा सकता है कि यह एक उच्चकोटि के जैन-संत थे। 'सावय धम्म दोहा' का रचयिता कौन था यह प्रश्न विवादास्पद था। लक्ष्मीचन्द्र या लक्ष्मीधर को इस ग्रन्थ का कर्त्ता मान लिया गया था, और कुछ विद्वानों ने सुप्रसिद्ध जैन मुनि योगीन्द्र-देव को इसका रचयिता माना था। विद्वद्वर हीरालाल जैन ने अपनी शोध के परिणामस्वरूप 'सावय धम्म दोहा' का कर्त्ता मुनि देवसेन को सिद्ध किया है। उनका निर्णय अनेक दृष्टियों से प्रामाणिक है। योगीन्द्रदेव की रचनाओं और सावय धम्म दोहा में, भाषा और विषय दोनों ही दृष्टियों से अंतर पाया जाता है, जबकि देवसेन-रचित भाव संग्रह तथा सावय धम्म दोहा में विशेष सादृश्यताएँ मिली हैं।

मुनि देवसेन मालवा प्रदेश, के निवासी थे, और १० वीं शताब्दी में विद्यमान थे। दर्शन सार ग्रन्थ की रचना देवसेन ने धारा नगरी के पार्श्वनाथ-मन्दिर में बैठकर संवत् ९९० में की थी।

बानी-परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थ में हमने 'सावय धम्म दोहा' से केवल ११ दोहे संकलित किये हैं। इस ग्रन्थ का विषय श्रावक का धर्म अथवा आचार है। सामान्य गृहस्थों के लिए सावय धम्म दोहा की रचना की गई है। श्रावक का भी जीवन-ध्येय विषय-भोगों का सेवन नहीं है, किन्तु आत्मदर्शन से उपलब्ध आनन्द ही उसका साध्य है, जिसके साधन हैं सत्य, अहिंसा, शील, सदाचार तथा इन्द्रियजन्य सुखों से उपराम।

श्रावक-धर्म, मुनि देवसेन के कथनानुसार, सब के लिए है, उसका साधक चाहे ब्राह्मण हो चाहे शूद्र, अथवा जैन हो या अजैन। एक दोहा है—

"एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ।
सो सावउ किं सावयहं अण्णु कि सिरि मणि होइ॥"

अर्थात् इस धर्म का जो भी आचरण करता है फिर चाहे ब्राह्मण हो चाहे शूद्र, कोई भी हो, वही श्रावक है। श्रावक के सिर पर क्या कोई मणि चिपकी रहता है?

अवहट्ठ याने अपभ्रंश भाषा का यह अति प्राचीन ग्रन्थ है। इसका बहुत प्रचार और आदर था। लक्ष्मीचन्द्र ने 'सावय धम्म' पर एक पंजिका और मुनि प्रभाचन्द्र ने 'तत्त्वदीपिका' नाम की वृत्ति लिखी है।

आधार

मुनि देवसेन और उनकी रचना वाणी का यह संक्षिप्त परिचय 'सावय-धम्म दोहा' के विद्वान संपादक श्री हीरालाल जैन की शोधपूर्ण भूमिका के आधार पर लिखा गया है।

सावय धम्म दोहा कारंजा जैन पब्लिकेशन सोसायटी कारंजा (बरार) से प्रकाशित हुआ है।

मुनि देवसेन

एहु धम्मु जो आयरइ बंभणु सुद्दु वि कोइ ।
सो सावउ किं सावयह अण्णु कि सिरि मणि होइ ॥ १ ॥

धम्मु करउं जइ होइ धणु इहु दुव्वयणु म बोल्लि ।
हक्कारउ जमभडतणउ आवइ अज्जु कि कल्लि ॥ २ ॥

जं दिज्जइ तं पावियइ एउ ण वयणु विसुद्धु ।
गाइ पइण्णइ खडभुसइं किं ण पयच्छइ दुद्धु ॥ ३ ॥

काइं वहुत्तइं जंपयइं जं अप्पहु पडिकूलु ।
काइं मि परहुण तं करहि एहु जि धम्महु मूलु ॥ ४ ॥

---

१ इस धर्म का जो भी आचरण करता है, फिर चाहे वह ब्राह्मण हो चाहे शूद्र, कोई भी हो, वही श्रावक है। श्रावक के सिर पर क्या कोई मणि चिपकी रहती है ?

२ मत ऐसा दुर्वचन कह कि यदि धन प्राप्त हो जाय तो मैं धर्म करूँ। कौन जाने यमदूत आज बुलाने आजाय या कल।

३ यह कहना सही नहीं है कि जो दिया जाता है वही मिलता है। गाय को घास-भूसा खिलाते हैं, तो क्या वह दूध नहीं देती ?

४ अधिक क्या कहें, जो अपने प्रतिकूल हो उसे दूसरों के प्रति कभी न करो; धर्म का यही मूल है।

धम्मु विसुद्धउ तं जि पर जं किज्जइ काएण।
अहवा त धणु उज्जलउ जं आवइ णाएण ॥ ५ ॥

फरसिंदिउ मा लालि जिय लालिउ एहु जि सत्तु।
करिणिहिं लग्गउ हत्थिमउ णिमलङ्कुसदुहु पत्तु ॥ ६ ॥

जिब्भिंदिउ जिय संवरहि सरस ण भल्ला भक्ख।
गालइं मच्छु चडप्फडिवि मुउ विसहइ थल दुक्ख ॥ ७ ॥

घाणिंदिय वड वसि करहि रक्खहु विसयकसाउ।
गंधहँ लपडु सिलिमुहु विहुउ कजइँ विच्छाउ ॥ ८ ॥

रूवहु उप्परि रउ म करि णयण णिवारहि जंत।
रूवासत्त पयंगडा पेक्खहि दीवि पडंत ॥ ९ ॥

मणगच्छहं मणमोहणहं जिय गेयहं अहिलासु।
गेयरसे हियकण्णडा पत्ता हरिण विणासु ॥ १० ॥

---

५ धर्म विशुद्ध वही है, जो अपनी काया से किया जाता है और धन भी वही उज्ज्वल है जो न्याय से प्राप्त होता है।

६ हे जीव, स्पर्शेन्द्रिय का लालन मत कर। लालन करने से यह शत्रु बन जाता है। हथिनी के स्पर्श से हाथी साँकल और अंकुश के वश में पड़ता है।

७ हे जीव, जिह्वेन्द्रिय का संवरण कर। स्वादिष्ट भोजन अच्छा नहीं होता। गल से मछली स्थल का दुःख सहती और तड़फ-तड़फ कर मरती है।

८ अरे मूढ़, घ्राणेन्द्रिय को वश में रख और विषय स्वाद से बच। गंध का लोभी भ्रमर कमल-कोष के अन्दर मूर्च्छित पड़ा है।

९ रूप से प्रीति मत कर। रूप पर खिंचते हुए नेत्रों को रोक दे। रूपासक्त पतिंगे को तू दीपक पर पड़ते हुए देख।

१० हे जीव, अच्छे मनमोहक गीत सुनने की लालसा न कर। देख गेय-रस संगीत-रस से हरिण का विनाश हुआ।

एक्कहिं इंदियमोक्कलउ पावइ दुक्खसयाइं ।
जसु पुणु पंच वि मोक्कला तसु पुच्छिज्जइ काइं ॥ ११ ॥

---

११ जब एक ही इन्द्रिय के स्वच्छन्द विचरण से जीव सैकड़ों दुःख पाता है, तब जिसकी पाँचों इन्द्रियाँ स्वच्छन्द हैं, उसका तो फिर पूछना ही क्या ।

मुनि रामसिंह

चोला-परिचय

इतिवृत्त इतना ही केवल कि यह एक जैन मुनि थे, और सुप्रसिद्ध प्राकृत-वैयाकरण हेमचन्द्राचार्य के यह पूर्ववर्ती थे। अर्थात् ११ वीं शताब्दी में यह विद्यमान थे।

करहा' अर्थात् ऊँट शब्द का अनेक बार प्रयोग इनके दोहों में मिला है, इससे अनुमान कर लिया गया है कि मुनि रामसिंह कदाचित् राजपूताने के निवासी रहे होंगे। पर इस अनुमान के पीछे कोई और पुष्ट प्रमाण नहीं।

पाहुड़-दोहा' की एक हस्तलिखित प्रति के अन्त में 'योगीन्द्रदेव' नाम भी आया है, और अनुमान किया गया था कि 'योगसार' के रचयिता योगीन्द्रदेव का परम्परागत नाम रामसिंह रहा हो। पर इसका भी कोई प्रबल प्रमाण नहीं।

अनुमान है कि मुनि रामसिंह 'सिंह' नामक संघ के अनुयायी रहे होंगे जिसे आचार्य अर्हद्बलि ने स्थापित किया था।

'पाहुड़-दोहा' से पता चलता है कि मुनि रामसिंह स्वतंत्र प्रकृति के एक ऊँचे रहस्यवेत्ता संत थे।

बानी-परिचय

'पाहुड' का संस्कृत रूपान्तर 'प्राभृत' किया गया है, जिसका अर्थ उपहार होता है, अतः 'पाहुड़-दोहा' का अर्थ हुआ दोहों का उपहार। कुन्दकुन्दाचार्य के भी अधिकांश ग्रन्थ 'पाहुड' कहलाते हैं।

भाषा इनकी 'अवहट्ठ' अर्थात् अपभ्रंश है। हिन्दी का [illegible] पूर्वरूप है।

मुनि रामसिंह की पाहुड़-बानी में उच्चकोटि का अनुसन्धान [illegible] रस मिलता है। कई दोहों को पढ़ते हैं तो ऐसा लगता है मानो [illegible] की सूक्तियाँ पढ़ रहे हैं।

स्वानुभवशून्य कोरे ज्ञानवाद और निस्सार क्रिया-काण्ड को पाहुड-बानी में कुछ भी महत्त्व नहीं दिया गया है।

धर्म के नाम पर जो अनेक बाह्याडम्बर और पाखंड प्रचलित हुए उन सबका इस जैन संत ने प्रबल खंडन किया है। कहता है—'घट के अंतर में बसनेवाले देव का दर्शन करो। क्यों व्यर्थ तीर्थों में भटकते हो? क्यों पत्थर के बड़े-बड़े मन्दिर बनवाते हो?''

और—''यह देह ही देवालय है: इसमें वह परमदेव अधिष्ठित है, जिसकी अनेक शक्तियाँ हैं। उसीकी आराधना करो।''

पाहुड़-बानी में योग-साधन की निर्मल झाँकी मिलती है, लगभग वैसी ही, जैसी कि ब्राह्मण एवं बौद्ध-काव्यों में।

उपमाएँ अनूठी हैं। शैली सरल और सरस है। काव्य-रस अनुभव-गम्य है, जो कोरे शब्द-पाण्डित्य में कहीं खोजने पर भी नहीं मिलता।

सांप्रदायिक संकीर्णता तथा भेद-भावना को मुनि रामसिंह ने अपनी बानी में कहीं भी स्थान नहीं दिया। तभी तो यह स्वानुभवी संत इस निर्मल पद को गा सका—

''कासु समाहि करउं को अंचउं।
छोपु अछोपु भणिवि को वंचउं॥
हल सहि कलह केण सम्माणउं।
जहिं जहिं जोवउं तहिं अप्पाणउं॥''

अर्थात्, समाधि किसकी लगाऊँ? पूजूँ किसे? छूत-अछूत कहकर किसे छोड़ूँ? भला, किसके साथ कलह करूँ? जहाँ भी देखता हूँ, सर्वत्र अपनी ही आत्मा दिखाई देती है।

आधार

यह संक्षिप्त परिचय 'पाहुड़-दोहा' के विद्वान् संपादक श्री हीरालाल जैन एम० ए० लिखित शोधपूर्ण भूमिका के आधार पर लिखा गया है।

यह ग्रन्थ कारंजा जैन पब्लीकेशन सोसायटी, कारंजा (बरार) से प्रकाशित हुआ है।

मुनि रामसिंह

धंधइ पडियउ सयलु जगु कम्मइं करइ अयाणु।
मोक्खहं कारणु एक्कु खणु ण वि चिंतइ अप्पाणु ॥१॥

जं दुक्खु वि तं सुक्खु किउ जं सुहु तं पि य दुक्खु।
पइं जिय मोहहिं वसि गयइं तेण ण पायउ मुक्खु ॥२॥

मूढा सयलु वि कारिमउ म फुडु तुहुं तुस कंडि।
सिवपइ णिम्मलि करहि रइ घरु परियणु लहु छंडि ॥३॥

सप्पिं मुक्की कंचुलिय जं विसु तं ण मुएइ।
भोयहं भाउ ण परिहरइ लिंगग्गहणु करेइ ॥४॥

---

१ सारा जगत धंधे में फँसा पड़ा है। अज्ञानवश कर्म करता है किन्तु एक क्षण भी मोक्ष के लिए वह आत्म-चिन्तन नहीं करता।

२ जीव, मोहवशात् दुःख को सुख, और सुख को दुःख मान लेता है। यही कारण है कि तुझे मोक्ष-लाभ नहीं हो रहा।

३ अरे मूढ़, यह सारा ही कर्म-जंजाल है। मत कूट तू भूसों को। घर और परिजनों को तुरंत त्यागकर तू निर्मल शिव-पद में अनुरक्त होजा।

४ साँप केंचुल तो त्याग देता है, किन्तु विष को नहीं त्यागता। ऐसे ही मनुष्य मुनि का वेश तो धारण कर लेता है किन्तु वह भोगों की भावना को नहीं छोड़ता।

णा वि तुहुं कारणु कज्जु ण वि णवि सामिउ ण वि भिच्चु ।
सूरउ कायरु जीव ण वि ण वि उत्तमु ण वि णिच्चु ॥५॥

उपलाणहिं जोइय करहुलउ दावणु छोडहिं जिम चरइ ।
जसु अखइणि रामइं गयउ मणु सो किम बुहु जगि रइ करइ ॥६॥

ढिल्लउ होहि म इंदियहं पंचहं विण्णि णिवारि ।
एक्क णिवारहि जीहडिय अण्ण पराइय णारि ॥७॥

मणु जाणइ उवएसडउ जहिं सोवेइ अचिंतु ।
अचित्तहु चित्तु जो मेलवइ सोइं पुणु होइ णिचिंतु ॥८॥

मणु मिलियउ परमेसरहो परमेसरु जि मणस्स ।
विण्णि वि समरसि हुइ रहिय पुज्ज चडावउं कस्स ॥९॥

देहादेवलि जो वसइं सत्तिहिं सहियउ देउ ।
को तहिं जोइय सत्तिसिउ सिग्घु गवेसहि भेउ ॥१०॥

---

५ तू न तो कारण है, न कार्य: तू न स्वामी है, न सेवक न शूरवीर है, न कायर। हे जीव, न तू उत्तम है, न नीच।

६ जैसे हस्ति-कुमार कमलों को देखते ही बन्धन को तोड़-ताड़कर विचरने लगते हैं, वैसे ही जिसका मन अक्षयिनी रमा अर्थात् मुक्ति-रमणी—पर चला गया वह जगत के प्रति फिर कैसे प्रीति कर सकता है ?

७ इन्द्रियों के विषय में तू ढील मत दे। पाँच में से इन दो का तो अवश्य निवारण कर—एक तो जिह्वा, और दूसरी परस्त्री।

८ मन तभी उपदेश को समझता है, जब वह निश्चिन्त होकर सो जाता है। और निश्चिन्त वही होता है, जो चित्त को अचित से अलग कर लेता है।

९ मन मिल गया है परमेश्वर से और परमेश्वर मिल गया है मन से, दोनों एकाकार हो गये हैं। अब पूजा में किसे अर्पण करूँ ?

१० हे योगी, इस देह के देवालय में शक्तियों के साथ जो देव रह रहा है, [illegible] भेद को।

सइं मिलिया सइं विहडिया जोइय कम्म णि भंति ।
चलसहावहिं पथियहिं अण्णु कि गाम वसंति ॥११॥

ताम कुतित्थइं परिभमइ धुत्तिम ताम करंति ।
गुरुहुं पसाएं जाम ण वि देहह देउ मुणंति ॥१२॥

पडिय पंडिय पडिया कणु छडिवि तुस कंडिया ।
अत्थे गंथे तुट्ठो सि परमत्थु ण जाणहि मूढो सि ॥१३॥

णाण तिडिक्की सिक्खि वढ कि पढियइं बहुएण ।
जा सुंधुक्की णिड्डहइ पुण्णु वि पाउ खणेण ॥१४॥

तूसि म रूसि म कोहु करि कोहें णासइ धम्मु ।
धम्मि नट्ठि णरयगइ अह गउ माणुसजम्मु ॥१५॥
बहुयइं पढियइं मूढ पर तालू सुक्कइ जेण ।
एक्कु जि अक्खरु तं पढहु सिवपुरि गम्मइ जेण ॥१६॥

---

११ हे योगी ! कर्म स्वयं मिलते हैं, और स्वयं विलग हो जाते हैं, [illegible] भ्रांति नहीं । चंचल प्रकृति के पथिकों में और क्या गांव [illegible] ?

१२ कुतीर्थों का परिभ्रमण तभी तक किया जाता है और धूर्तता [illegible] चलती है, जबतक कि गुरु के अनुग्रह से देह में स्थित देव का [illegible] नहीं हो जाता ।

१३ पण्डित-श्रेष्ठ [illegible] तूने [illegible] है । [illegible] उसके अर्थ में तुझे सन्तोष है किन्तु हे मूढ, [illegible]

१४ मूर्ख, बहुत पढ़ लिया तो क्या ? ज्ञान की चिनगारी को पढ़ [illegible] होने ही पुण्य और पाप को एक क्षण में भस्म कर देता है ।

१५ न रोष कर, न [illegible] न [illegible] । [illegible] धर्म नष्ट होने से नरक-गमन । मनुष्य-जन्म [illegible] ।

१६ इतना अधिक पढ़ा कि तालू सूख गया, [illegible] सो अक्षर को पढ़ कि जिससे [illegible] ।

अन्तो णत्थि सुईणं कालो थाओ वयं च दुम्मेहा।
तं णवर सिक्खियव्वं जिं जरमरणक्खयं कुणहि ॥१७॥

हउं सगुणी पिउ णिग्गुणउ णिल्लक्खणु णीसंगु।
एकहिं अंगि वसंतयहं मिलिउ ण अंगहिं अंगु ॥१८॥

जीव वहंति णरयगइ अभयपदाणें सग्गु।
वे पह जव ला दरिसियइं जहिं भावइ तहिं लग्गु ॥१९॥

हलि सहि काइं करइ सु दप्पणु।
जहिं पडिविंवु ण दीसइ अप्पणु॥
धंधवालु मो जगु पडिहासइ।
वरि अच्छंतु ण घरवइ दीसइ ॥२०॥

भिण्णउ जेहिं ण जाणियउ णियदेहहं परमत्थु।
मो अंधउ अवरहं अंधयहं किम दरिसावइ पंथु ॥२१॥

---

१७ श्रुतियों का अन्त नहीं, काल थोड़ा, और हम दुर्बुद्धि। अतः तू केवल वही सीख, जिससे कि जरा और मरण का क्षय कर सके।

१८ मैं सगुण हूँ, और प्रियतम मेरा निर्गुण, निर्लक्षण और निस्संग। एक ही अंग में, एक ही कोठे में, हम दोनों रहते हैं, फिर भी अंग से अंग नहीं मिल पाया।

१९ प्राणियों के वध से नरक और अभय-दान से स्वर्ग मिलता है। ये दो पंथ हैं, चाहे जिसपर चलाजा।

२० अयि सखी, उस दर्पण को लेकर क्या करूँ, जिसमें अपना प्रतिबिम्ब न दीखे? लगता है कि यह जगत् मुझे लज्जित कर रहा है। गृह में रहते हुए भी गृहस्वामी का दर्शन नहीं होता।

२१ परमतत्त्व से जिसने अपनी देह को पृथक् नहीं जाना, वह अंधा दूसरे अंधों को कैसे रास्ता दिखा सकता है?

मुंडिय मुंडिय मुंडिया। सिरु मुंडिउ चित्तु ण मुंडिया।
चित्तहं मुंडणु जिं कियउ। संसारहं खंडणु तिं कियउ ॥२२॥

पुण्णेण होइ विहवो विहवेण मओ मएण मइमोहो।
मइमोहेण य णरयं तं पुण्णं अम्ह मा होउ ॥२३॥

कासु समाहि करउं को अंचउं।
छोपु अछोपु भणिवि को वंचउं॥

हल सहि कलहु केण सम्माणउं।
जहिं जहिं जोवउं तहिं अप्पाणउ ॥२४॥

दया विहीणउ धम्मडा णाणिय कह वि ण जोइ।
बहुए सलिल विरोलियइं करु चोपडा ण होइ ॥२५॥

मुंडु मुंडाइवि सिक्ख धरि धम्मह वद्धी आस।
णवरि कुडुंबउ मेलियउ छुडु मिल्लिया परास ॥२६॥

---

२२ हे मुंडितों में श्रेष्ठ! सिर जो अपना तूने मुँड़ा लिया, पर चित्त को नहीं मुँडाया। संसार का खण्डन चित्त को मुँडानेवाला ही कर सकता है।

२३ छोड़ो ऐसा पुण्य जिससे विभव प्राप्त होता हो और विभव से मद, फिर मद से मति-मोह और मति-मोह से नरक।

२४ समाधि किसकी लगाऊँ? पूजूँ किसे? छूत-अछूत कहकर किसे छोड़ूँ? भला, किसके साथ कलह करूँ? जहाँ भी देखता हूँ, सर्वत्र अपनी ही आत्मा दिखाई देती है।

२५ हे ज्ञानवान् योगी बिना दया के धर्म हो नहीं सकता। कितना ही पानी बिलोया जाय, उससे हाथ चिकना होने का नहीं।

२६ मूँड मुँडाकर शिक्षा ग्रहण की और धर्म की आशा बढ़ी। किन्तु कुटुंब के त्याग का तभी कोई अर्थ है जब (यति) दूसरे की आशा छोड़दे।

अम्मिय इहु मणु हत्थिया विंझह जंतउ वारि।
तं भंजेसइ सीलवणु पुणु पडिसइ संसारि ॥२७॥

देवलि पाहणु तित्थि जलु पुत्थइं सव्वइं कव्वु।
वत्थु जु दीसइ कुसुमियउ इंधणु होसइ सव्वु ॥२८॥

तित्थइं तित्थ भमंतयहं कि णोहा फल हूव।
बाहिरु सुद्धउ पाणियहं अब्भितरु किम हूव ॥२९॥

तित्थइं तित्थ भमेहि वढ धोयउ चम्मु जलेण।
एहु मणु किम धोएसि तुहुं मइलउ पावमलेण ॥३०॥

जोइय हियडह जासु ण वि इक्कु ण णिवसइ देउ।
जम्मणमरणविवज्जियउ किम पावइ परलोउ ॥३१॥

मूढा जोवइ देवलइं लोयहिं जाइं कियाइं।
देह ण पिच्छइ अप्पणिय जहिं सिउ संतु ठियाइं ॥३२॥

---

२७ अरे, इस मनरूपी हाथी को विन्ध्य (पर्वत) की ओर जाने से रोक। वह शील के वन को उजाड़ देगा, और फिर संसार में फँसेगा।

२८ देवालय में पत्थर है, तीर्थ में जल, और पुस्तकों में काव्य। जो भी वस्तुएँ फूली-फली दीख रही हैं, वह सब ईंधन हो जानेवाली है।

२९ अनेक तीर्थों में भ्रमण करनेवालों को कुछ भी फल नहीं मिला। बाहर तो पानी डालकर शुद्ध हो गया, पर अभ्यन्तर? वह तो वैसा ही रहा।

३० मूर्ख, तूने एक तीर्थ से दूसरे तीर्थ का भ्रमण किया, और चमड़े को जल से धोता रहा, पर इस पाप से मलिन मन को तू कैसे धोयेगा?

३१ योगी, जिसके हृदय में जन्म-मृत्यु-रहित देव निवास नहीं करता, उसे परलोक कैसे प्राप्त हो सकता है?

३२ मूर्ख, उन देवालयों का तो तू दर्शन करने जाता है, जिनका मनुष्योंने निर्माण किया है, किन्तु अपनी काया को नहीं देखता, जहाँ सदा ही शिव [illegible] हैं।

वामिय किय अरु दाहिणय मज्झइं वहइ णिराम ।
तहिं गामडा जु जोगवइ अवर वसावइ गाम ॥३३॥

अप्पापरहं ण मेलयउ आवागमणु ण भग्गु ।
तुस कंडंतह कालु गउ तंदुलु हत्थि ण लग्गु ॥३४॥

वेपथेहिं ण गम्मइ वेमुह सूई ण सिज्जए कंथा ।
विण्णि ण हुंति अयाणा इंदियसोक्खं च मोक्खं च ॥३५॥

---

३३ बाईं ओर ग्राम बसाया और दाहिनी ओर किन्तु मध्य का सूने बना ही रखा, योगी, वहाँ भी एक ग्राम बसा।

[अर्थात्, इडा और पिंगला नाडियों के बीच सुषुम्ना में अपने चित्त का निरोध कर।]

३४ न आत्मा और परमतत्त्व का मिलन हुआ न आवागमन का भंग। भूसी कूटते-कूटते ही काल चला गया चावल एक भी हाथ न लगा।

३५ एकसाथ दो मार्गों में जाना नहीं बनता। दो मुँहवाली सुई से कथा नहीं सिया जाता। मूर्ख, एकसाथ दो-दो बातें नहीं सधतीं—इन्द्रिय-सुख भी और मोक्ष भी।

गोरखनाथ

चोला-परिचय

गोरखनाथ या गोरक्षनाथ के विषय में इतना ही निश्चितरूप से कहा जा सकता है कि भारतवर्ष की धर्माचार्य-परम्परा में यह एक महान् योगी और सुप्रसिद्ध महापुरुष थे।

विक्रम-संवत की दशवीं शती के अंत में, अथवा ग्यारहवीं शती के आदि में इस योगिराट् का प्राकट्य हुआ था। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी तथा स्व० डाक्टर पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने अपनी विद्वत्तापूर्ण शोधों के परिणाम-स्वरूप इस आविर्भाव-काल को निश्चित किया है।

स्व० आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने गोरखनाथ का आविर्भाव-काल पंद्रहवीं शताब्दी को माना है, जो निस्सन्देह भ्रान्तिपूर्ण मत है। उनके इस निष्कर्ष का आधार शायद कबीर और गोरखनाथ का तथाकथित संवाद रहा होगा। कहा तो यह भी जाता है कि कबीर के भी परवर्ती गुरु नानक के तथा सत्रहवीं शताब्दी के जैन साधु बनारसीदास के साथ भी गोरखनाथ का वाद-विवाद हुआ था!

जन्म-स्थान भी निश्चित रूप से स्थिर नहीं हो सका। कोई इनका जन्म-स्थान गोदावरी-तट का प्रदेश बतलाता है तो कोई बंगाल और कोई पंजाब।

इसी प्रकार न इनके कुल का निश्चित पता चल सका है, और न जाति का ही। इन बातों का कुछ खास महत्व भी नहीं।

पर इतना तो निस्सन्दिग्ध है कि सुप्रसिद्ध कौलज्ञानी मत्स्येन्द्रनाथ या मछन्दरनाथ इनके गुरु थे। मत्स्येन्द्रनाथ ही नाथ परंपरा के सबसे प्रथम आचार्य हैं। यह जालंधरपाद के गुरुभाई थे, जिनका सिद्ध-परंपरा में बड़ा ऊँचा स्थान है। इनका एक नाम हाड़िपा या हाड़िफा भी है।

प्रसिद्ध है कि 'जाग मछन्दर गोरख आया।' कहते हैं कि किंवदन्तियों के अनुसार, योगेश्वर मत्स्येन्द्रनाथ एक बार आसाम के किसी कदली प्रदेश या 'त्रिया-देश' में जाकर 'परकाय-प्रवेश' के सिद्धि-बल से ऐहिक भोग-विलास में लिप्त हो गये थे। शिष्य गोरखनाथ ने वहाँ जाकर इन्हें चेताया और भोग के फन्दे से छुड़ाया था।

निष्कर्ष यह कि योगेश्वर मत्स्येन्द्रनाथ ने, बाद में, कौलज्ञान स्वीकार कर लिया और उनके समर्थ शिष्य गोरखनाथ पुनः उन्हें योग-मार्ग पर ले लाये थे।

कौलाचार की साधना के आदिकाल में पञ्चपवित्र-वाद को पञ्च मकार का आध्यात्मपरक अर्थ लगाया जाता था। पीछे, वामाचार में उसका स्थूल अर्थ किया जाने लगा। परिणामतः सहजयानियों, वज्रयानियों और नाथ-पंथियों का भी अधःपतन हुआ।

गोरखनाथ के योग-मार्ग में हठयोग का प्राधान्य है सही, किन्तु परवर्ती कौलाचार योग की क्रियाओं का प्रवेश उसमें नहीं हो पाया था। उन्होंने अपने उपदेशों में अखंड ब्रह्मचर्य और शील-सदाचार पर ही सदा बल दिया।

किन्तु, पीछे चमत्कारपूर्ण प्रवादों और मनोरंजक किंवदन्तियों ने गोरख-नाथ और मछन्दरनाथ के नामों को इतना अधिक उलझा दिया कि शोधकों के लिए ऐतिहासिक एवं तात्त्विक तथ्यों तक पहुँचना दुस्तर हो गया। यहाँ तक कि उलझन का एक नाम 'गोरख-धन्धा' भी पड़ गया।

तथापि, गोरखनाथ का पवित्र नाम आज भी भारत के एक छोर से दूसरे छोर तक वैसा ही प्रसिद्ध है, जैसा कि शताब्दियों पूर्व था। आचार्य हजारी-प्रसाद द्विवेदी का कथन सही है कि 'शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमान्वित महापुरुष भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ। भक्ति-आन्दोलन के पूर्व सबसे शक्तिशाली धार्मिक आन्दोलन गोरखनाथ का योग-मार्ग ही था।"

बानी-परिचय

प्रस्तुत संग्रह-ग्रन्थ में डॉक्टर बड़थ्वाल द्वारा सम्पादित गोरख-बानी से कुछ सबदियाँ और कुछ पद लिये गये हैं। विद्वान संपादक ने बानी में 'सबदी'

को सबसे प्रचीन माना है। फिर भी, भाषा की दृष्टि से इसे दसवीं या ग्यारहवीं शती की रचना मानने में संदेह के लिए कुछ-न-कुछ स्थान तो रहता ही है। वह काल अपभ्रंश भाषाओं का था। गोरख-बानी में जिन अनेक शब्दों के प्रयोग हुए हैं, वे परवर्ती काल के हैं।

समाधान यों हो सकता है कि गोरखनाथ की मूल बानी का, शताब्दियों में घिसते-घिसते, काफी रूपान्तर तो हो गया, फिर भी उसकी मौलिकता का सर्वथा लोप नहीं हो पाया। जीर्ण हो जाने पर भी अनेक परिवर्तनों के बाद भी रंग सबदियों पर का आज भी वैसे-का-वैसा ही है।

योगमार्ग के गहनतम सिद्धान्तों एवं क्रियाओं का विशद निरूपण लोक-भाषा में गोरखनाथ ने जिस शैली में किया है, वह उनकी अपनी मौलिक शैली है। गोरख की बानी में हम स्वानुभूति की ऊँची दृढता, आध्यात्मिक साधना की पारदर्शी निर्मलता, और थोड़े में अधिक कह डालने की तीव्र अभिव्यंजना-शक्ति पाते हैं।

गोरखनाथ की लिखी हुई कही जानेवाली संस्कृत की भी २८ पुस्तकों की सूची आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपने 'नाथ-संप्रदाय' नामक ग्रन्थ में दी है। स्पष्ट ही अधिकांश पुस्तकें, जो गोरखनाथ के नाम से प्रचलित हैं, गोरखनाथ-रचित नहीं हैं। **गोरक्षनाथ-सिद्धान्त-संग्रह** नाथ-संप्रदाय के योग-मार्ग पर संस्कृत का एक अत्यंत प्रामाणिक ग्रन्थ प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथ कविराज ने किया है।

प्रस्तुत संग्रह-ग्रन्थ में संकलित सबदियों तथा पदों के कठिन और गूढ शब्दों का अर्थ हमने विद्वद्वर डॉ० बड़थ्वाल द्वारा संपादित 'गोरखबानी' की सम्पूर्ण सहायता से किया है। यदि यह अत्यंत शोधपूर्ण ग्रन्थ हमारे सामने न होता, तो बानी में आये हुए अनेक गूढ़ एवं रहस्यात्मक पदों का अर्थ लगाना हमारे लिए संभव नहीं था।

आधार

१ **गोरख-बानी**, डॉ० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल
२ **नाथ-संप्रदाय**, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

गोरखनाथ

बसती न सुन्यं सुन्यं न बसती अगम अगोचर ऐसा।
गगन सिषर महिं बालक बोलै ताका नाँव धरहुगे कैसा ॥ १ ॥

हसिबा खेलिबा धरिबा ध्यानं। अहनिसि कथिबा ब्रह्म गियानं।
हसै षेलै न करै मन भंग। ते निहचल सदा नाथ कै संग ॥ २ ॥

महमद महंमद न करि काजी, महंमद का विषम विचारं।
महंमद हाथि करद जे होती लोहै घड़ी न सारं ॥ ३ ॥

सबदैं मारी सबदैं जिलाई ऐसा महमद पीरं।
ताकै भरमि न भूलौ काजी सो बल नहीं सरीरं ॥ ४ ॥

---

१ बसती=बसा हुआ अर्थात् 'है'। सुन्य=शून्य। गगन-सिखर=शून्य ब्रह्माण्ड से आशय है। बालक=परमतत्त्व अर्थात् विशुद्ध आत्मा।

२ नाथ=ब्रह्म से तात्पर्य है।

३ महमद=मोहम्मद पैगंबर। विषम=बहुत कठिन, अगम्य। हाथि=हाथ में। करद=छुरी (जिबह करने के लिए)। सारं=इस्पात।
विशेष—मोहम्मद की छुरी थी वस्तुतः शब्द की छुरी जिससे वह वासना को जिबह करते थे।

४ सबदैं...जिलाई=शब्द से जिज्ञासु की विषय-वासना को नष्ट कर देते थे, और शब्द से ही तत्त्वज्ञान का अमृत पिलाते थे।
सो बल नहीं सरीरं=वह शक्ति आध्यात्मिक थी भौतिक नहीं।

कोई वादी कोई विवादी जोगी कौं वाद न करनां।
अठसठि तीरथ समंदि समावैं यूँ जोगी कौं गुरुमुषि जरनां ॥ ५ ॥

अहनिसि मन लै उनमन रहै, गम की छांड़ि अगम की कहै।
छाड़ै आसा रहै निरास, कहै ब्रह्मा हूँ ताका दास ॥ ६ ॥

अरधै जाता उरधै धरै, काम दग्ध जे जोगी करै।
तजे अल्यंगन काटै माया, ताका विसनु पषालै पाया ॥ ७ ॥

अजपा जपै सुंनि मन धरै, पांचों इन्द्री निग्रह करै।
ब्रह्म-अगनि मैं होमैं काया, तास महादेव वंदै पाया ॥ ८ ॥

मरौ वे जोगी मरौ, मरौ मरन है मीठा।
तिस मरणीं मरौ, जिस मरणीं गोरष मरि दीठा ॥ ९ ॥

हबकि न बोलिबा, ठबकि न चालिबा, धीरै धरिबा पावं।
गरब न करिबा सहजैं रहिबा भणत गोरष रावं ॥१०॥

---

५ वाद=शास्त्रार्थ। अठसठि=अडसठ एक मानी हुई संख्या। समंदि=समुद्र।
जरना=पचाना, आत्मसात करना।

६ उनमन=उन्मनावस्था : मन की वृत्तियों को अंतर्मुख कर लेने की स्थिति।
अगम=अगम्य : अध्यात्म का देश।

७ अरधै...धरै=नीचे को पतित होने वाले वीर्य को जो ऊपर की ओर खींचता है। अल्यंगन=आलिंगन। विसनु=विष्णु। पषालै पाया=पैर पखारता है।

८ सुंनि=शून्य, ब्रह्म-रन्ध्र।

९ वे=हे। दीठा=देखा : आत्म-साक्षात्कार किया।
मरणीं=जीवन्मुक्ति से आशय है।

१० हबकि=फट से बिना विचारे। ठबकि=जोर से पटक-पटककर।

स्वामी वनषंडि जाउं तो षुध्या व्यापै, नग्री जाउं त माया।
भरिभरि षाउं त विन्द वियापै, क्यों सीझंति जल व्यंद की काया।।११

धाये न षाइबा भूषे न मरिबा, अहनिसि लेबा ब्रह्म अगनि का भेवं।
हठ न करिबा पड़्या न रहिबा यूं बोल्या गोरषदेवं ॥१२॥

अंति अहार यंद्री बल करै, नासै ग्यांन मैथुन चित धरै।
व्यापै न्यंद्रा झंपै काल ताके हिरदै सदा जंजाल ॥१३॥

षावड़ियां पग फिलसै अवधू लोहै छीजंत काया।
नागा मूनीं दूधाधारी एता जोग न पाया ॥१४॥

दूधाधारी परिघरि चित। नागा लकड़ी चाहै नित।
मोनी करै म्यंत्र की आस। बिन गुर गुदड़ी नहीं बेसास ॥१५॥

प्यंडै होइ तौ पद की आसा बंनि निपजै चौतारं।
दूध होइ तौ घृत की आसा करणीं करतब सारं ॥१६॥

---

११ षुध्या=क्षुधा, भूख। नग्री=नगरी, बस्ती। विंद=वीर्य-बिन्दु काम-वासना से आशय है। क्यों=कैसे, किस साधन से। सीझंति=सिद्ध हो। जल-व्यंद=वीर्य और रज।

१२ धाये न षाइबा=ठूँस-ठूँसकर नहीं खाना चाहिए। भेव=भेद रहस्य।

१३ यंद्री=इन्द्रियाँ। न्यंद्रा=निद्रा। झंपै=चढ़ बैठता है।

१४ षावड़ियाँ=पाँवड़ियाँ याने खड़ाऊँ से। फिलसै=फिसल जाना है। लोहै=लोहे की जंजीरों से। मूनीं=मौनी। दूधाधारी=केवल दूध का आहार करनेवाले। एता=इतनों से।

१५ लकड़ी चाहै=धूनी जलाने के लिए लकड़ी चाहता है जिससे नग्न शरीर सदा गरम बना रहे। म्यंत्र=मित्र साथी जिनके द्वारा अपने आशय को समझा सके। बेसास=विश्वास।

१६ प्यंडै=पिंड में, शरीर में। बंनि=बन में। चौतार=चौपायों में। करणी-करतब=सच्ची योग-साधना।

मन मैं रहिणां भेद न कहिणां बोलिबा अमृत वाणी।
आगिला अगनी होइबा अवधू, तौ आपण होइबा पांणीं ॥१७॥

हिन्दू ध्यावै देहुरा मूसलमान मसीत।
जोगी ध्यावै परमपद जहाँ देहुरा न मसीत ॥१८॥

हिन्दू आपैं रांम कौं, मूसलमान षुदाइ।
जोगी आपै अलप कौं तहां राम अछै न षुदाइ ॥१९॥

गोरष कहैं सुणहुरे अवधू जग मैं ऐसैं रहणां।
आंपैं देषिबा काणैं सुणिबा मुष थैं कछू न कहणां ॥२०॥

नाथ कहै तुम आपा राषौ, हठ करि वाद न करणां।
यहु जग है कांटे की वाड़ी देषि देषि पग धरणां ॥२१॥

देवल जात्रा सुंनि जात्रा तीरथ जात्रा पांणीं।
अतीत जात्रा सुफल जात्रा बोलै अमृत वाणीं ॥२२॥

सुनि गुणवंता सुनि बुधिवंता अनंत सिधां की वांणीं।
सीस नवावत सतगुर मिलिया जागत रैंणि विहांणीं ॥२३॥

---

१७ मन मैं रहिणा=मन की बहिर्मुख वृत्तियों को अन्तर्मुख करके उन्मनावस्था में लीन रहना। आगिला=सामने का आदमी। अगनी होइबा=गरम पड़े। पाणीं होइबा=पानी हो जाये, क्षमा दिखाये।

१८ देहुरा=देवालय। मसीत=मसजिद।

१९ आपै=कथन करते हैं। अछै=है।

२१ आपा राषौ=आत्मा की रक्षा करो।

२२ सुंनि=शून्य, निस्सार, निष्फल। अतीत-जात्रा=संत-समागम से तात्पर्य है।

२३ जागत रैंणि विहाणीं=जागते-जागते अर्थात आत्मज्ञान की अवस्था में सब-रात्रि बीत गई।

भिष्या हमारी कामधेनि बोलिये, संसार हमारी बाड़ी।
गुरपरसादै भिष्या पाइबा अंतिकालि न होइगी भारी ॥२४॥

हिरदा का भाव हाथ मैं जाणिये यहु कलि आई पोटी।
बदंत गोरष सुणौं रे अवधू, करवै होइ सु निकसै टोटी ॥२५॥

आसण दिढ अहार दिढ जे न्यंद्रा दिढ होई।
गोरष कहै सुणौं रे पूता, मरै न बूढा होई ॥२६॥

पांयें भी मरिये अणपांयें भी मरिये। गोरष कहै पूता संजमि ही तरिये
मधि निरंतर कीजै वास। निहचल मनुवा थिर होइ सास ॥२७॥

अवधू मन चंगा तौ कठौती ही गंगा। बांध्या मेल्हा तौ जगत्र चेला।
बदंत गोरष सति सरूप॥ तत बिचारैं ते रेष न रूप ॥२८॥

जोगी होइ परनिद्यां झपै। मद्मास अरु भांगि जो भपै।
इकोतरसै पुरिषा नरकहि जाई। सति सति भाषंत श्री गोरषराई ॥२९॥

---

२४ बाडी=खेती। गुर...पाइबा=भिक्षान्न भी गुरु का प्रसाद है, गुरु को अर्पण करके ही उसे ग्रहण करते हैं—"तेन त्यक्तेन भुंजीथाः।"
भारी=दुःखदायी।

२५ हाथमैं=हाथ से किये हुए कर्म में। करवै-टोटी=करवे याने गडुवे में जो कुछ भरा होगा, वही तो टोटी से बाहर निकलेगा।

२६ पूता=पुत्रो अर्थात् शिष्यो।

२७ मधि=मध्यम रहनी। सास=श्वास।

२८ बाध्या=बंधन में पड़ा हुआ मन। मेल्हा=छुड़ा दिया। जगत्र=जगत्।
ते रेष न रूप रे=नाम और रूप से मुक्त हैं।

२९ झपै=बके। इकोतर सै=इकहत्तर सौ

अवधू मांस भषंत दया धरम का नाश। मद पीवंत तहां प्रांण निरास।
भांगि भषंत ग्यांन ध्यांन षोवंत। जम दरबारी ते प्रांणी रोवंत ॥३०॥

एकाएकी सिध नांउं, दोइ रमति ते साधवा।
चारि पंच कुटंब नांउं, दस बीस ते लसकरा ॥३१॥

महमां धरि महमां कूं मेंटै, सति का सबद विचारी।
नांन्हां होय जिनि सतगुर षोज्या, तिन सिर की पोट उतारी ॥३२॥

जीव क्या हतिये रे प्यंडधारी। मारि लैं पंचभू म्रगला।
चरै थारी बुधि वाड़ी। जोग का मूल है दया-दाण।
कथंत गोरष मुकति लै मानवा, मारिलै रै मन द्रोही।
जाकै वप वरण मास नहीं लोही ॥३३॥

जे आसा ते आपदा, जे संसा ते सोग।
गुरमुषि विना न भाजसी (गोरष) ये दून्यों वड़ रोग ॥३४॥

जपतप जोगी संजम सार। बाले कंद्रप कीया छार।
येहा जोगी जग में जोय। दूजा पेट भरै सब कोय ॥३५॥

---

३० दरबारी=दरबार में।
३१ एकाएकी=अकेला। सिध=सिद्ध। लसकरा=जमात।
३२ धरि=धारणकर, प्राप्त करके। मेटैं=मान नहीं देते हैं।
नान्हा=नम्र, निरहंकार। पोट=कर्मों की गठरी।
३३ प्यंडधारी=शरीरधारी। पंचभू मृगला=पांचभौतिक मनरूपी मृग।
थारी=तेरी। बुधि-बाड़ी=बुद्धिरूपी खेती। दाण=दान। वप=शरीर।
लोही=लोहू, रक्त।
३४ संसा=संशय; द्वैत-बुद्धि। सोग=शोक। गुरमुषि विना=सतगुरु का उपदेश
लिये विना। भाजसी=भागेंगे, नष्ट होंगे।
३५ बाले=बालकपन में। कंद्रप=कंदर्प; काम-वासना।
जोय=समझना चाहिए।

कथणी कथै सो सिष बोलिये, वेद पढ़ै सो नाती।
रहणी रहै सो गुरू हमारा, हम रहता का साथी ॥३६॥

पद

राग रामगिरि

रहता हमारै गुरु बोलिये, हम रहता का चेला।
मन मानै तौ संगि फिरै, निहतर फिरै अकेला॥
अवधू ऐसा ग्यांन विचारी, तामैं झिलिमिलि जोति उजाली।
जहां जोग तहां रोग न व्यापैं, ऐसा परषि गुर करनां।
तन मन सूं जे परचा नांहीं, तौ काहे को पचि मरनां॥
काल न मिट्या जंजाल न छुट्या, तप करि हूवा न सूरा।
कुल का नास करै मति कोई, जै गुर मिलै न पूरा॥
सप्त धात का काया पींजरा, ता महिं जुगति बिन सूवा।
सतगुर मिलै तो ऊबरै बाबू, नहीं तौ परलै हूवा॥
कंद्रप रूप काया का मंडण, अँबिरथा कांइ उलींचौ।
गोरष कहै सुणौं रे भौंदू, अरंड अँमीं कत सींचौ॥ १॥

---

३६ नाती=शिष्य का शिष्य, और भी छोटा।

३७ रहता=तदनुसार आचारण करनेवाला। निहतर=नहीं तो।

पद

१ जोति=आत्म-ज्योति। उजाली=प्रकाश। परचा=परिचय, ब्रह्म का साक्षात्कार। जहाँ...करना=स्वयं-सिद्ध है कि योगाभ्यास सिद्ध होने पर दैहिक अथवा मानसिक कोई भी रोग नहीं रहता। अतः परखकर ऐसा ही गुरु बनाना चाहिये। ऐसा नहीं बनाना चाहिए कि जिसका आश्रय लेकर साधा तो जाये योग, पर हो जाये उलटे रोग।

राग असावरी

जीव सीव ना संगै वासा, ना वधि पाइवा रे रुध्र मासा।
घाव न घातिवा हंस गोतं, वदंत गोरषनाथ निहारि पोतं॥
मारिवा रे नरा, मन द्रोही, जाकै वप वरण नहीं मास लोही॥
सव जग आखिया देव दाणं, सो मन मारीवा रे गहि गुरु ग्यांन वांणं॥
पसू क्या हतिये रे प्यंडधारी, मारिये पंच भू मृघला जे चरै वुधि वाड़ी
जोग का मूल है दया दानं, भणत गोरषनाथ ये ब्रह्म ग्यानं॥ २॥

राग असावरी

कैसैं वोलौं पंडिता, देव कौंनै ठांई,
निज तत निहारतां अम्हें तुम्हें नाहीं।
पषांणची देवली पषांण चा देव, पषांण पूजिला कैसैं फीटीला सनेह।
सरजीव तोड़िला निरजीव पूजिला, पाप ची करणीं कैसैं दूतर तिरीला

सूरा=शूरा, सप्त धात=रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, तथा वीर्य ये सात धातुएं हैं, जिनसे शरीर का निर्माण हुआ है।
जुगति त्रिन सूवा=मुक्त होने की युक्ति से अनभिज्ञ तोते के समान बन्द है। परलै=प्रलय, सर्वनाश। मंडण=सजावट, शोभा। अंविरथा=वृथा ही। काइ=क्यों। भौंद्=मूर्ख। अरंड=रेंडी का पेड़। अमीं=अमृत से।

२ सीव=शिव, ब्रह्म। ना=का (गुजराती प्रयोग) वधि=हत्या करके रुध्र=रुधिर, रक्त। घाव-घातिवा=प्रहार नहीं करना चाहिए। हंस गोत=ब्रह्म का सगोत्री जीवात्मा। पोतं=अपने आपको, अपने पुत्र को। वप=शरीर। दाणं=दानव। प्यंडधारी=हे शरीरधारी मनुष्य! पंचभू मृघला=पाचभौतिक मनरूपीमृग। वुधिवाड़ी=बुद्धिरूपी खेती।

३ ठांई=स्थान। निज ... नाहीं=आत्मतत्व का साक्षात्कार हो जाने पर न तो हम रहते हैं, और न तुम। पषांणची देवली=पत्थर का देवालय। चीं, चा=की, का=(मराठी प्रयोग) फीटीला=फूटता है, पसीजता है।

तीरथि तीरथि सनांन करीला, बाहर धोये कैसैं भीतरि भेदीला ॥
आदिनाथ नाती मछींद्रनाथ पूता, निज तात निहारै गोरष अवधूता

आरती

नाथ निरंजन आरती गाऊं । गुरदयाल अग्यां जो पाऊं ॥
जहां अनंत सिधां मिलि आरती गाई । तहां जम की बाव न नैड़ी आई ।
जहां जोगेसुर हरि कूं ध्यावैं । चंद सूर तहां सीस नवावैं ।
मछींद्र प्रसादे जती गोरखनाथ आरती गावै ।
नूर झिलमिल दीसै तहां अनत न आवै ॥ ४ ॥

नरवै-बोध

सुणौ हो नरवै, सुधि बुधि का विचार । पंच तत ले उतपनां सकल संसार
पहलै आरंभ घट परचा करौ निसपती । नरवै बोध कथंत श्री गोरषजती

पहलै आरंभ छांड़ौ काम क्रोध अहंकार । मन माया विषै विकार ।
हंसा पकड़ि घात जिनि करौ । तृस्नां तजौ लोभ परहरौ ॥ २ ॥

छांडो दंद रहौ निरदद । तजौ अल्यंगन रहौ अवध ।
सहज जुगति ले आसण करौ । तन मन पवनां दिढ करि धरौ ॥ ३ ॥

सरजीव=सजीव, फूल-पत्ते आदि । दूतर=दुस्तर । सनान=स्नान । भेदीला=भेद सकना है, निर्मल कर सकना है ।

४ बाव=वायु, हवा, स्पर्शतक । नैड़ी=निकट । प्रसादे=प्रसाद अर्थात् कृपा से । नूर=आत्मा का प्रकाश । अनत=अन्यत्र; अन्य अवस्था ।

नरवै-बोध

नरवै=नृपति । आरंभ ''निसपती=योग की चार अवस्थाएँ हैं—आरंभ, घट, परिचय और निष्पत्ति । उतपनां=उत्पन्न हुआ है ।

२ हंसा=प्राणी ।

३ दंद=द्वन्द्व, द्वैतभाव, प्रपंच । अल्यंगन=आलिंगन, काम-वासना । पवना धरौ=श्वास को प्राणायाम द्वारा निश्चल करो ।

संजम चितओ जुगत अहार । न्यंद्रा तजौ जीवन का काल ।
छांड़ौ तंत मंत वेदंत । जंत्र गुटिका धात पाषंड ॥ ४ ॥

जड़ी बूटी का नांव जिनि लेहु । राज दुवार पाव जिनि देहु ।
थंभन मोहन विसिकरन छाड़ौ औचाट ।
सुणौ हो जोगेसरो जोगारंभ की वाट ॥ ५ ॥

और दसा परहरौ छतीस । सकल विधि ध्यावो जगदीस ।
वहु विधि नाटारंभ निवारि । काम क्रोध अहंकारहि जारि ॥ ६ ॥

नैंण महा रस फिरौ जिनि देस । जटा भार वंधौ जिनि केस ।
रूप विरष वाड़ी जिनि करौ । कूवा निवांण पोदि जिनि मरौ ॥ ७ ॥

टूटै पवनां छीजै काया । आसण दि्ढ करि वैसौ राया ।
तीरथ वर्त कदे जिनि करौ । गिर परवतां चढि प्रान मति हरौ ॥ ८ ॥

पूजा पाति जपौ जिनि जाप । जोग माहि विटंवौ आप ।
छांडौ वैद वणज व्यौपार । पढ़िवा गुणिवा लोकाचार ॥ ९ ॥

---

४ सजम चितओ=संयम, साधन में चित्त लगाओ । जुगत=युक्त, नियंत्रित । न्यंद्रा=निद्रा । वेदंत=वैद्यक । गुटिका=गोली । धात=पारा आदि धातु भस्मों का सिद्ध करना ।

५ थंभन=स्तंभन । औचाट=उच्चाटन । वाट=मार्ग ।

६ छतीस=छितीश, नृपति । नाटारंभ=वाहरी प्रदर्शन, पाखण्ड । निवारि=दूर करके ।

७ रूप=पेड़ । निवांण=गहरा ।

८ वर्त=व्रत । कदे=कभी ।

९ विटंवौ=विडंवना कराते हो । वैद=वैद्य का धंधा ।

बहुचेला का संग निवारि। उपाधि मसांण बाद बिप टारि।
येता कहिये प्रतच्छि काल। एकाएकी रहौ भुवाल ॥१०॥

सभा देपि मांडौ मति ग्यांन। गूंगा गहिला होइ रहौ अजांण।
छाड़व राव रंक की आस। भिछ्या भोजन परम उदास ॥११॥

रस रसाइंन गोटिका निवारि। रिधि परहरौ सिधि लेहु बिचारि।
परहरौ सुरापांन अरु भंग। तातैं उपजै नांनां रंग ॥१२॥

नारी, सारी, कींगुरी। तीन्यूं सतगुर परहरी।
आरंभ घट परचै निसपती। नरवै बोध कथंत श्री गोरख जती ॥१३॥

ग्यान-तिलक

दरपन माहीं दरसन देप्या, नीर निरतरि झाई।
आपा मांहीं आपा प्रगट्या, लखै तौ दूर न जाई॥ १ ॥

चकमक ठरकै अगनि झरै यूं दधि मथि घृत करि लीया।
आपा मांहीं आपा प्रगट्या, तब गुरु संदेसा दीया॥ २ ॥

---

१० उपाधि मसाण=उपाधि है मानो श्मशान। बाद बिपटारि=शास्त्रार्थ को विप के समान समझकर टालदो। एकाएकी=अकेले हो।

११ गहिला=पागल।

१३ सारी=मैना, मैना पालकर उससे राम का नाम जपवाते हैं। कींगुरी=सारंगी।

ग्यान-तिलक

१ दरपन=अपने आपमें। दरसन देप्या=ब्रह्म का साक्षात्कार किया। झाई=प्रतिबिम्ब।

२ ठरकै=रगड़ने से। संदेसा दिया=पते की बात बतलादी।

सुरति गहौ संसै जिनि लागौ, पूँजी हांन न होई।
एक तत सूं एता निपजै, टार्‌या टरै न सोई॥ ३॥

निहिचा ह्वै तौ नेरा निपजै, भया भरोसा नेरा।
परचा ह्वै ततपिन निपजै, नहींतर सहज नवेरा॥ ४॥

---

३ सुरति=ध्यान, लय। जिनि लागौ=मत पड़ो।
पूँजी=आत्मारूपी निधि। एता=इतना अखूट धन। निपजै=पैदा होता है।

४ निहिचा=निश्चय। भरोसा=परम विश्वास। नेरा=वहीं-का-वहीं। ततपिन=तत्क्षण, तुरंत ही। नवेरा=निबटारा।

नामदेव महाराज

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१३२७ वि०

जन्म-स्थान—नरसी बमनी (सातारा जिला)

जाति—छीपी

पिता—दामा शेट

माता—गोणाई

गुरु—खेचरनाथ नाथपंथी

योगमार्ग-प्रेरक—ज्ञानदेव महाराज

निर्वाण-संवत्—१४०७ वि०

निर्वाण-स्थान—पंढरपुर

महाराष्ट्र के सुविख्यात कृष्ण-भक्त वामदेव इनके नाना थे। नामदेव पर भी, स्वभावतः कृष्ण-भक्ति का प्रभाव बाल्यपन से पड़ा था। सगुणोपासना-विषयक इनके अनेक अभंग मराठी में प्रसिद्ध हैं। हिन्दी में भी इनके कृष्ण-भक्ति सम्बंधी कई पद मिलते हैं। एक पद है—

धनि धनि मेघ रोमावली, धनि धनि कृष्ण ओढ़े काँवली।
धनि धनि तू माता देवकी, जेहि गृह रमैया कँवलापती।
धनि धनि बनखँड बृन्दावना, जहँ खेलैं श्री नारायना।
बेनु बजावैं, गोधन चारैं नामे का स्वामी आनँद करैं॥

इन पदों और मराठी के अभंगों से सिद्ध होता है कि नामदेव आरम्भ में सगुणोपासक थे। पश्चात्, गोरखनाथ की शिष्य-परम्परा के सुप्रसिद्ध सन्त ज्ञानदेव महाराज ने इन्हें, कहा जाता है, निर्गुणोपासना की ओर मोड़ने का प्रयत्न किया, और उन्हें सफलता भी मिली। कहते हैं कि एक बार श्रीज्ञानदेव इन्हें अपनी सन्त-मण्डली में लेकर तीर्थाटन को निकले।

नामदेव अपने इष्टदेव विठोबा (भगवान् विट्ठलनाथ) के वियोग में व्याकुल रहते थे। ज्ञानदेव ने बहुत समझाया कि, 'यह तुम्हारा मोह है, भगवान् तो सर्वत्र हैं। तुम्हारी यह कच्ची भक्ति है। पक्की भक्ति तो निर्गुण-पक्ष की ही होती है। सो तुम उसीका अभ्यास करो।' एक दिन एक गाँव में सब संतों की परीक्षा हुई। परीक्षक था एक कुम्हार। कुम्हार ने घड़ा पीटने का पिटना हाथ में लिया, और सब के सिर उससे ठोकने लगा। सब संत चोटें खाकर भी अचल बैठे रहे। पर नामदेव अपना सिर पिटवाने को तैयार नहीं हुए, उसपर बिगड़ भी पड़े। कुम्हार बोला—'और संत तो सब पक्के घड़े हैं। यही एक कच्चा घड़ा है।' नाथपंथ का अनुयायी बनाने के लिए ज्ञानदेवजी ने और भी कितने ही प्रयत्न किये। पश्चात्, ज्ञानदेव के देहावसान के उपरांत, नामदेव ने खेचरनाथ नाम के एक नाथपंथी योगी को अपना गुरु बना लिया, जैसा कि प्रसिद्ध है

"मन मेरी सूई, तन मेरा धागा।
खेचरजी के चरण पर नामा सिंपी लागा॥"

योगमार्ग पर पैर रखने के पश्चात् नामदेवजी ने निर्गुणोपासना के अनेक अभंगों और पदों की रचना की। किन्तु निर्गुणोपासक अथवा नाथपंथी या योगमार्गी हो जाने पर भी पंढरपुर के विठोबा के प्रति इनकी भक्ति में अन्तर नहीं पड़ा। नामदेव का देहावसान विट्ठल-मन्दिर के महाद्वार की सीढ़ी पर संवत् १४०७ में ८० वर्ष की अवस्था में हुआ।

नामदेव के सम्बन्ध में भक्तमाल तथा अन्य ग्रन्थों में अनेक चमत्कारों का वर्णन मिलता है; जैसे, बचपन में विठोबा की मूर्ति का प्रत्यक्ष होकर इनके हाथ से दूध पीना, बादशाह के सामने एक मरी हुई गाय को जिला देना*, नागनाथ महादेव के मन्दिर का द्वार इनकी ओर घूम जाना आदि।

---

*मरी हुई गाय को जिला देने की कथा नामदेवरचित निम्न पद पर आधारित है:—

"सुलतानु पूछै सुनु बे नामा। देखउँ राम तुम्हारे कामा॥
नामा सुलताने बाँधिला। देखउँ तेरा हरि बीठुला॥
बिसमिलि गऊ देहु जीवाइ। नातरु गरदनि मारउँ ठांइ॥
बादिसाह, ऐसी क्यूं होइ। बिसमिलि किया न जीवै कोइ॥

बानी-परिचय

जैसाकि ऊपर कहा गया है सगुण-भक्ति एवं निर्गुण-भक्ति दोनों ही प्रकार के पद इनके हिन्दी में मिलते हैं। गुरु ग्रन्थसाहब में नामदेव के ६० से अधिक पद सङ्कलित हैं। पंजाब में १५ वर्षतक भगवद्भक्ति का प्रचार करते रहने के कारण इनकी मराठीयुक्त हिन्दी में पंजाबी का प्रभाव स्पष्ट दिखता है। सगुणोपासना के पदों की भाषा जहाँ कुछ-कुछ ब्रज की जैसी है वहाँ निर्गुणोपासना की बानी पर खड़ी हिन्दी का प्रभाव पड़ा है।

मेरा किया कछू ना होइ। करिहै रामु होइहै सोइ ॥
बादिसाहु चढ्यो अहँकारि। गज हसती दीनो चमकारि ॥
रुदनु करै नामे की माइ। छोडि राम किन भजहि खुदाइ ॥
न हौं तेरा पूँगड़ा न तू मेरी माइ। पिंडु पड़ै तौ हरिगुन गाइ ॥
करै गजिंदु सुंड की चोट। नामा उबरै हरि की ओट ॥
काजी मुल्ला करहि सलामु। इनि हिंदू मेरा मल्या मानु ॥
पायहु बेडी, हाथहु ताल। नामा गावै गुन गोपाल ॥
गंग जमुन जौ उलटी बहै। तौउ नामा हरि करता रहै ॥
सात घड़ी जब बीती सुणी। अजहुँ न आयो त्रिभुवन-धणी ॥
पाखंतण बाज बजाइला। गरुड चढे गोबिन्द आइला ॥
अपने भगत परि की प्रतिपाल। गरुड चढे आए गोपाल ॥
कहहि त धरणी इकोडी करउँ। कहहि त लेकरि ऊपरि धरउँ ॥
कहहि त मूइ गऊ देउँ जियाइ। सभु कोई देखै पतिआइ ॥
नामा प्रणवै सेलमसेल। गऊ दुहाई बछरा मेलि ॥
दूधहि दुहि जब मटुकी भरी। ले बादिसाह के आगे धरी ॥
बादिसाहु महल महि जाइ। औघट की घट लागी आइ ॥
काजी मुल्ला बिनती फुरमाइ। बखसी हिन्दू मै तेरी गाइ ॥
नामदेव सभु रह्या समाइ। मिलि हिंदू सभ नामे पहि जाहि ॥
जौ अब की बार न जीवै गाइ। त नामदेव का पतिआ जाइ ॥
नामे की कीरति रही संसारि। भगत जना ले उधर्या पारि ॥
सगल कलेसा निंदक भया खेदु। नामे नारायन नाही भेदु ॥[१]

नामदेव की बानी यद्यपि सीधी-सादी भाषा में है, तथापि वह भक्तिरस-मयी और अन्तर को भेदनेवाली है। उसमें हम योग-साधना की निर्मलता के साथ-साथ भक्ति की विह्वलता भी पाते हैं। हिन्दी के संत-साहित्य को नामदेव महाराज की अनुभवपूर्ण बानी पर गर्व है।

आधार

१ नाभाकृत भक्तमाल—नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ
२ साध-संग्रह—स्वामीबाग, आगरा
३ गुरु ग्रन्थ साहिब—सर्व हिन्दी सिक्ख मिशन, अमृतसर
४ हिन्दी-साहित्य का इतिहास—रामचन्द्र शुक्ल

नामदेव महाराज

राग आसा

एक, अनेक सु व्यापक पूरक जित देखौं तित सोई।
माया चित्र-विचित्र विमोहिनि विरला बूझै कोई॥
सब गोविंदु है सब गोविंदु है, गोविंदु बिनु नहिं कोई।
सूतु एक मनि सत सहस जैसे, ओतिपोति प्रभु सोई॥
जल, तरंग अरु फेन, बुदबुदा जल ते भिन्न न होई।
इहु प्रपंच ब्रह्म की लीला विचरत आन न होई॥
मिथ्या भ्रम अरु सुपन मनोरथ सत्ति पदारथु जान्या।
सुकिरत-मनसा गुरु-उपदेसै जागत ही मन मान्या॥
कहत नामदेव हरि की रचना देखहु रिदै विचारी।
घट-घट अंतरि सरब निरंतरि केवल एक मुरारी॥१॥

राग आसा

मन मेरो गज, जिह्वा मेरी काती।
मपि-मपि काटौं जम की फाँसी॥

---

१ सूतु...सोई=एक धागे में जैसे सैकड़ों-हजारों मणियाँ गूँथी जा सकती हैं, वैसे ही परमात्मा जगत् की प्रत्येक वस्तु में और प्रत्येक वस्तु उसमें समाई हुई है। ओति-पोति=ओतप्रोत, परस्पर इतना उलझा या मिला हुआ कि अलग-अलग करना असंभव-सा हो। बुदबुदा=बुलबुला। विचरत=विचार करने पर। आन=अन्य, भिन्न। सुकिरत मनसा=पवित्र मन से। रिदै=हृदय में

कहा करौं जाती कहा करौं पाँती।
राम को नाम जपौं दिन राती ॥
भगति-भाव सूँ सीवनि सीवौं।
राम नाम बिनु घरी न जीवौं ॥
भगति करौं हरि के गुन गावौं।
आठ पहर अपने खसम को ध्यावौं ॥
सोने की सूई, रूपे का धागा।
नामे का चित हरि सूँ लागा ॥२॥

सारंग

काहे रे मन, विषया-वन जाइ।
भूलौ रे ठग मूरी खाइ ॥
जैसे मीन पानी महिं रहै।
काल-जाल की सुधि नहिं लहै ॥
जिह्वा-स्वादी लीलति लोह।
ऐसे कनक कामिनी बाँध्यो मोह ॥
ज्यूँ मधु माखी संचै अपार।
मधु लीनों, मुख दीनीं छार ॥
गऊ बाछ को संचै खीर।
गला बाँधि दुहि लेइ अहीर ॥
माया कारन स्रमु अति करै।
सो माया लै गाड़ै धरै ॥

---

२ काती=कैंची। नपि-मपि=माप-मापकर। खसम=स्वामी।

३ विषया-वन जाइ=विषय-वासनाओं के वन में भटक रहा है। ठगमूरी=एक ऐसी नशीली जड़ी-बूटी, जिसे ठगलोग राहगीरों को बेहोश करके उन्हें

अति संचै समझै नहिं मूढ़।
धन धरती तनु होइ गयो धूड़ ॥
काम क्रोध तृसना अति जरै।
साध-संगति कबहूँ नहिं करै।
कहत नामदेव साँची मान।
निरभै होइ भजिले भगवान ॥३॥

सारंग

बदहु कि न होड़ माधौ, मोसूँ।
ठाकुर ते जन जन ते ठाकुर ख्याल पर्‌यो है तोसूँ ॥
आपन देव देहुरा आपन, आप लगावै पूजा।
जल ते तरंग तरंग ते है जल, कहन सुनन को दूजा ॥
आपहि गावै आपहि नाचै, आप बजावै तूरा।
कहत नामदेव तूं मेरो ठाकुर, जन ऊरा तूं पूरा ॥४॥

मलार

मो को तूं न बिसारि, तू न बिसारि, तूं न बिसारि रमैया।
तेरे जन की लाज जाहिगी, मुझ ऊपरि सब कोपिला।
सूदु सूदु करि मारि उठायो कहा करौं बाप बीठुला ॥

लूटने के लिए खिलाते थे। लीलति=निगल जाता है। नचै=[illegible] करती है। मुन्न दीनी छार=धता बतला देने, या नष्ट कर देने से। खीर=दूध। धूड=धूल, नष्ट

४ देहुरा=देवालय। तूरा=तुरही, सिंघा। ऊरा=[illegible]।

५ कोपिला=कुपित हैं, नाराज हैं। सूद=शूद्र। बीठुला=विट्ठल ([illegible] पंढरीनाथ भी कहते हैं, जो नामदेव के इष्टदेव थे। [illegible] पर।

मूए परि ' जौ मुकति देहुगे, मुकति न जानै कोई।
ए पंडिया मो को ढेढ़ कहत तेरी पैज पिछौंडो होई॥
तू जु दयालु कृपालु कहियतु हैं अति भुज भयो अपारला।
फेरि दिया देहुरा नामे कौ पंडियन को पिछवारला॥५॥

राग भैरव

मैं वौरी मेरा राम भतार।
रचि-रचि ताकों करौं सिँगार॥
भले निंदौं भले निंदो भले निंदौ लोग।
तन मन मेरा राम प्यारे जोग॥
वाद विवाद काहू सूँ न कीजै।
रसना राम-रसायन पीजै॥
अव जिय जानि ऐसी वनि आई।
मिलौं गुपाल नीसान वजाई॥
अस्तुति निंदा करै नर कोई।
नामे श्रीरँगु भेटल सोई॥६॥

राग भैरव

जैसी भूखे प्रीति अनाज।
त्रिपावंत जल सेती काज॥

ढेढ=अंत्यज, अछूत। पैज पिछौंडी होई=तेरा प्रण पीछे पड़ जायगा। अति...अपारला=भुजा वहुत वढ़ादी। फेरि...पिछवारला=मंदिर का मुहँ (द्वार) नामदेव की ओर कर दिया, ताकि वह दर्शन ले सके, क्योंकि उसे मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया था, और मंदिर की पीठ पंडों की ओर करदी।

६ भतार=भर्त्ता, स्वामी। श्रीरँग=लक्ष्मीपति विट्ठलनाथ

जैसे मूढ़ कुटंव परायण।
ऐसी नामे प्रीति नारायण॥
नामे प्रीति नरायण लागी।
सहज सुभाय भयो वैरागी॥
जैसी परपुरपारत नारी।
लोभी नर धन का हितकारी॥
कामी पुरष कामिनी प्यारी।
ऐसी नामे प्रीति मुरारी॥
सोई प्रीति जि आपे लाए।
गुरपरसादी दुविधा जाए॥
कवहुँ न तूटसि रह्या समाइ।
नामे चित लाया सचि भाइ॥
जैसी प्रीति वालक अरु माता।
ऐसा हरि सेती मन राता॥
प्रणवै नामदेउ लागी प्रीति।
गोविंदु वसै हमारे चीति॥७॥

रामकली

माइ न होती वापु न होता करम न होती काया।
हम नहिं होते, तुम नहिं होते, कवन कहाँ ते आया॥
राम कोइ न किसही केरा।
जैसे तरवर पखि-वसेरा॥

---

७ सेती=प्रति, से। पुरषा=पुरुष। हितकारी=लोभी। परसादी=कृपा। तूटसि=टूटा। सचि भाइ=सच्चे भाव से। राता=अनुरक्त, लगा हुआ। चीति=चित्त।

चंद न होता, सूर न होता, पानी पवनु मिलाया।
सास्त्र न होता वेद न होता, करमु कहाँ ते आया॥
खेचरि भूचरि तुलसी माला गुरपरसादी पाया।
नामा प्रणवै परम तत्त कूं सतगुर मोहि लखाया॥८॥

माली गौड

मेरो बाप माधौ तूं धन केसौ, सांवलियो बीठुलराइ।
कर धरे चक्र बैकुंठ ते आयो, तूं रे गज के प्रान उधार्‌यो॥
दुहसासन की सभा द्रोपदी अंबर लेत उबार्‌यो।
गोतम नारि अहल्या तारी, पापिन केतिक तार्‌यो॥
ऐसा अधम अजाति नामदेउ तव सरनागति आयो॥९॥

बिलावल

सफल जनम मो को गुर कीना।
दुख बिसारि सुख अंतर लीना॥
ग्यान-अंजन मो को गुर दीना।
राम नाम बिनु जीवन मनिहीना॥
नामदेव सिमरन करि जाना।
जगजीवन सूँ जीव समाना॥१०॥

---

८ खेचरि=योग-शास्त्र के अनुसार खेचरी नाम की मुद्रा। भूचरि=योग-शास्त्र के अनुसार भूचरी नाम की मुद्रा।

९ केसौ=केशव। दुहसासन=दुःशासन। अंबर लेत=वस्त्र खींचते हुए पापिन...तार्‌यो=कितने ही पापियों को पवित्र किया और तार दिया।

१० हीन=तुच्छ, व्यर्थ। जगजीवन...समाना=जगत्‌पति विट्ठल में मेरा चित्त

रान गौड

मोहि लागति तालाबेली।
बछरा बिनु गाइ अकेली॥
पानी बिनु ज्यूं मीन तलफै।
ऐसे रामनाम बिनु नामा कलपै॥
जैसे गाइ का बाछा छूटला।
थन चोखता माखन घूटला॥
नामदेउ नारायन पाया।
गुर भेटत हीं अलख लखाया॥
जैसे बिंप हेत परनारी।
ऐसे नामे प्रीति मुरारी॥
जैसे ताप ते निरमल घामा।
तैसे रामनाम बिनु बापुरो नामा॥११॥

राग गौड

भैरों भूत सीतला धावैं।
खर बाहन उहु छार उड़ावै॥
हौं तो एक रमैया लैहौं।
आन देव बदलावनि दैहौं॥
सिव-सिव करते जो नर ध्यावै।
बरद चढ़े डौरू ढमकावै।
महामाई की पूजा करै॥

---

११ तालाबेली=बेचैनी। कलपै=व्याकुल होता है। बापुरो=बेचारा।
१२ बदलावनि=बदले में। [illegible]=[illegible]। [illegible]=[illegible]। [illegible]=

नर सो नारि होइ औतरै।
तू कहियत ही आदि भवानी॥
मुकति की विरियाँ कहाँ छपानी॥
गुर मति रामनाम गहु मीता।
प्रणवैं नामा औ कहै गीता॥१२॥

राग गौड

हमरो करता राम सनेही।
काहे रे नर गरव करत है, विनसि जाइ झूठी देही॥
मेरी मेरी कैरव करते दुरजोधन से भाई।
बारह जोजन छत्र चलैथा, देही गिरझन खाई॥
सरब सोने की लंका होती, रावन से अधिकाई।
कहा भयो दर बाँधे हाथी, खिन महिं भई पराई॥
दुरवासा सूं करत ठगौरी, जादव वे फल पाये।
कृपा करी जन अपने ऊपर नामा हरिगुन गाये॥१३॥

राग धनाश्री

मारवाड़ि जैसे नीर वालहा, वेलि वालहा करहला।
ज्यूं कुरंग निसि नाद वालहा त्यूं मेरै मनि रमइया॥
तेरा नाम रूड़ो रूपु रूड़ो अति रंग रूड़ो मेरो रमइया।
ज्यूं धरणी को इन्द्र वालहा कुसम वास जैसे भवॅरला।
ज्यूं कोकिल को अंवं वालहा, त्यूं मेरै मनि रमइया॥

बजाता है। विरियाँ=समय। छपानी=छिप गई। गीता=विट्ठल का गुण-गान।

१३ गिरझ=गीध। खिन=क्षण, पल। ठगौरी=धोखा।

१४ वालहा=प्रिय। करहला=फूल की कली। कुरंग=मृग। रूड़ो=सुन्दर।

चकवी कौं जैसे सूर वालहा, मानसरोवर हंसला।
त्यूं तरुणी कौं कन्त वालहा, त्यूं मेरै मनि रमइया॥
बारक कौं जैसे खीर वालहा, चातक मुख जैसे जलधरा।
मछली कौं जैसे नीर वालहा, त्यूं मेरै मनि रमइया॥
साधिक सिद्ध सगल मुनि चाहहिं बिरले काहू डीठुला।
सगल भवन तेरो नाम वालहा त्यूं नामे मनि वीठुला॥१४॥

राग धनाश्री

पतितपावन माधौ बिरदु तेरा।
धनि धनि ते मुनिजन जिन ध्यायो हरि प्रभु मेरा॥
मेरे माथे लागीले धूरि गोविंद चरनन की।
सुरि नर मुनि जन तिनहु ते दूरि॥
दीन को दयालु माधौ गरब प्रहारी।
चरन सरन नामा बलि बलि तिहारी॥१५॥

भाई रे, इन नैनन हरि देखौ।
हरि की भगति साध की संगति सोई दिन धनि लेखौ॥
चरन सोइ जे नचत प्रेमसूं कर सोई जे पूजा।
सीस सोइ जो नवै साधकूं रसना अवर न दूजा॥
यह संसार हाट का लेखा, सब कोइ बनिजहिं आया।
जिन जस लाद्या तिन तस पाया मूरख मूल गँवाया॥

अंब=आम। सूर=सूर्य। बारक=बालक। जलधरा=स्वाति नक्षत्र के मेघ से अभिप्राय है। डीठला=देखा।

१५ बिरद=बड़ा नाम यश।

१६ रसना...दूजा=वही जिह्वा या वाणी धन्य है, जो [illegible]

आतमराम देह धरि आया तामैं हरि कूं देखौं ।
कहत नामदेव बलि बलि जैहौं, हरि भजि और न लेखौं ॥१६॥

परधन परदारा परिहरा । ताके निकट बसहिं नरहरी ॥
जे न भजंते नारायना । तिनका मैं न करौं दर्सना ॥
जिनके भीतर रहै अंतरा । जैसा पसु तैसा वह नरा ॥
प्रनमत नामदेव ताके बिना । ना सोहै बत्तीस लच्छना ॥१७॥

किसू हूँ पूजूँ दूजा नजर न आई ।
एकै पाथर किज्जे भाव । दूजे पाथर धरिये पाव ॥
जो वो देव तो हम बो देव । कहै नामदेव हम हरि की सेव ॥१८॥

अंबरीप कूं दियो अभयपद,
राज विभीषन अधिक कर्यो ।
नौ निधि ठाकुर दई सुदामहिं,
ध्रुव जो अटल अजहूं न टर्यो ॥
भगत हेत मार्यौ हरनाकुस,
नृसिंह रुप ह्वै देह धर्यो ।
नामा कहै भगति बस केसव,
अजहूँ बलि के द्वार खर्यौ ॥१९॥

दूसरा शब्द नहीं बोलती । लेखा=समान । लाबा=कर्म किया । मृल=मूँजी ।
आत्मरूप=आत्मस्वरूपी ब्रह्म ।

१७ अंतरा=मंदबुद्धि, द्वैतभाव । बत्तीस लच्छना=
किज्जे=करते हैं ।

१८ भाव=भक्ति-भावना । बो=भी ।

साखी

हिन्दू पूजै देहुरा, मुसलमान मसीत ।
नामा सोई सेविया, जहँ देहुरा न मसीत ॥१॥

मन मेरा सुई, तन मेरा धागा ।
खेचरजी के चरण पर नामा सिंपी लागा ॥२॥

साखी

१ देहुरा=देवालय मसीत=मसजिद ।

२ खेचर=खेचरनाथ नामक नाथपंथी साधु जिन्होंने नामदेव को [illegible] बनाया था । सिंपी=छीपी, दर्जी ।

कबीर साहब

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१४५६ वि०

जन्म-स्थान—काशी

भारत का तत्कालीन शासक—सिकंदर लोदी

माता-पिता के नाम अज्ञात; नीरू जुलाहे और उसकी पत्नी नीमा द्वारा पालित।

गुरु—स्वामी रामानन्द।

सत्यलोक-प्रयाण-संवत्—१५७५ वि०

कहते हैं कि नीरू जुलाहा जब अपनी स्त्री का गौना कराकर घर को वापस आ रहा था, तब रास्ते में उसे काशी के पास लहरतारा तालाब पर एक हाल का जन्मा बालक पड़ा हुआ दिखाई दिया। उस नवजात बालक को उठाकर वह घर ले आया, यद्यपि लोकापवाद के डर से नीमा ने पति को ऐसा करने से रोका। यही परित्यक्त बालक कबीर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

कबीरदास का पालन-पोषण जिस जुलाहे-कुल में हुआ था वह नव-धर्मान्तरित मुसल्मान-कुल था। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी अपनी 'कबीर' पुस्तक में गहरी गवेषणा के परिणामस्वरूप निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुँचे हैं:—

"(१) आज की वयनजीवी जातियों में से अधिकांश किसी समय ब्राह्मण-श्रेष्ठता को स्वीकार नहीं करती थीं।

(२) जोगी नामक आश्रमभ्रष्ट घरबारी की एक जाति सारे उत्तर और पूर्व भारत में फैली थी। ये नाथपंथी थे। कपड़ा बुनकर और सूत कातकर या गोरखनाथ और भरथरी के नाम पर भीख माँगकर ये जीविका चलाया करते थे।

(३) इनमें निराकार भाव की उपासना प्रचलित थी, जाति-भेद और ब्राह्मण-श्रेष्ठता के प्रति इनकी कोई सहानुभूति नहीं थी, और न अवतारवाद में ही इनकी कोई आस्था थी।

(४) आसपास के बृहत्तर हिन्दू-समाज की दृष्टि में ये नीच और अस्पृश्य थे।

(५) मुसल्मानों के आने के बाद ये धीरे-धीरे मुसल्मान होते रहे।

(६) पंजाब, युक्त प्रदेश, बिहार और बंगाल में इनकी कई बस्तियों ने सामूहिक रूप से मुसल्मानी धर्म ग्रहण किया था।

(७) कबीरदास इन्हीं नव धर्मान्तरित लोगों में पालित हुए थे।

कबीर यद्यपि नाथपथी योगमत के अनुयायी नहीं थे, तथापि ऐसे कुल में पालन-पोषण होने के कारण उक्त योगमत का कुछ-न-कुछ प्रभाव उनकी युक्तियों और तर्क-शैली में रह गया है।"*

स्वामी रामानन्दजी को कबीरदास ने अपना गुरु स्वीकार किया था— "काशी में हम प्रगट भये हैं, रामानन्द चेताये।" सद्गुरु के प्रति कबीर ने ज्वलन्त श्रद्धाभाव अनेक साखियों व शब्दों में प्रकट किया है।

मगर मुसल्मान कबीर-पंथी मानते हैं कि कबीर ने तकी फकीर शेख तकी से गुरु-दीक्षा ली थी। इसके प्रमाण में यह वाक्य प्रस्तुत किया जाता है—"घट-घट है अविनासी सुनहु तकी तुम शेख।" पर इसमें यह बात सिद्ध नहीं होती कि शेख तकी कबीर के गुरु थे। 'शेख' शब्द का प्रयोग यहाँ विशेष आदरभाव से नहीं किया गया है, बल्कि शेख तकी को उलटे उपदेश-सा दिया गया है। हाँ, यह सम्भव है कि झूँसी के पीर शेख तकी का सत्संग कुछ कालतक उन्होंने किया हो।

ज्ञानभक्ति की सतत साधना करते हुए भी अपना घरेलू धन्धा नहीं छोड़ा—'हम घर सूत तनहिं नित ताना।' किन्तु करघा बुनते समय भी लौ उनकी राम से ही लगी रहती थी। ताने-बाने के रूपक से अनेक सुन्दर शब्द कबीर के मिलते हैं।

एक लोक-प्रचलित कथा है। कहते हैं कि एक दिन एक थान बुनकर कबीर साहब उसे बाजार में बेचने के लिए घर से निकले। रास्ते में एक

---

* कबीर, पृष्ठ २२

साधु मिल गया और उसने कहा—'बाबा, ला कुछ दे।' इन्होंने आधा थान फाड़कर दे दिया। 'पर इतने से तो बाबा मेरा काम नहीं चलेगा।' कबीर साहब ने दूसरा आधा थान भी उसे दे दिया, और प्रसन्नचित्त घर लौट आये[1]।

कबीर ने विवाह किया था या नहीं इस विषय में थोड़ा मतभेद-सा है। पर मानते अधिकतर यही हैं और उनकी बानी से भी सिद्ध होता है कि वे गृहस्थ थे, और उनकी स्त्री का नाम लोई था:—

रे, या में क्या मेरा क्या तेरा,
लाज न मरहिं कहत घर मेरा।
कहत कबीर सुनहु रे लोई,
हम तुम बिनसि रहेगा सोई॥

'लोई' का अर्थ, मतातर से, "हे लोगों" यह भी होता है, पर यहां यह अर्थ संभवतः अभिप्रेत नहीं है। अधिकांश प्रमाणों से कबीर का गृहस्थ होना ही सिद्ध होता है।

अन्य अनेक संत-महात्माओं की तरह कबीर साहब के विषय में भी कितनी ही अलौकिक चमत्कारपूर्ण लोक-कथाएँ प्रसिद्ध हैं, जैसे—व्यापारी के भेष में भगवान् का कबीर के घर पर, सन्तों के भण्डारे के लिए, आटा, घी शकर आदि बैलों पर लादकर ले जाना[2], दिव्यदृष्टि से यह देखकर कि जगन्नाथपुरी में जगन्नाथजी का कपडा आग से जलना चाहता है, कबीर का दूर से ही पानी डालकर आग को बुझा देना[3], और जब बादशाह सिकन्दर लोदी ने पाया कि कबीर स्वयं अपने को ईश्वर कहता है, तो क्रोध में आकर उन्हें आग में फेंकवाना, पर उनका उससे साफ बच जाना, फिर उन्हें चिरवाने के लिए हाथी भेजवाना, पर उनके सामने से मारे डर के हाथी का भाग जाना, इत्यादि।

आयु का प्रायः सारा ही भाग मोक्षदायिनी काशीपुरी में कबीर साहब ने बिताया, पर मृत्यु के समय वे मगहर चले आये—

---

१. अयोध्यासिंह उपाध्याय द्वारा संपादित कबीर-वचनावली
२. नाभाकृत भक्तमाल—प्रियादास की टीका
३. नाभाकृत भक्तमाल—प्रियादास की टीका

सकल जन्म शिवपुरी बिताया,
मरति बार मगहर उठि धाया।

प्रसिद्ध है कि काशी में प्राण छोड़ने से मुक्ति मिलती है, और मगहर में मरने से नरक। पर कबीर इस लोकप्रचलित अन्ध धारणा के कायल नहीं थे। उन्होंने कहा—

जो कासी तन तजै कबीरा।
तो रामहिं कौन निहोरा?

कहते हैं कि मगहर में कबीर साहब के हिन्दू और मुसलमान शिष्यों में उनके शव को लेकर झगड़ा खड़ा हो गया—हिन्दू कहते थे कि हम दाह-संस्कार करेंगे, और मुसलमान चाहते थे कि उन्हें वे दफनायेंगे। मगर जब कफ़न को उठाकर देखा तो वहाँ कबीर साहब का शव नहीं था, उसकी जगह कुछ फूल बिखरे पड़े थे। हिन्दू-मुसलमानों ने उन फूलों को आपस में आधा-आधा बाँट लिया।

भक्तवर हरिराम व्यास (रचना-काल संवत् १६२०) ने एक पद में कहा है—

कलि में साँचो भक्त कबीर।
पाँच तत्त तें देह न पाई, अन्यौ न काल शरीर॥

कबीर साहब की जैसी बानी अलौकिक, वैसे ही उनकी लोक-प्रसिद्ध जीवन-कथा भी अलौकिक। कबीर एवं उनकी कोटि के अन्य सन्तों की जीवन-कथाएँ तथाकथित इतिहास की वस्तु नहीं हैं। उन्होंने कहाँ, कब, किस कुल में पंचरंग चोला धारण किया, और कहाँ और कब उसे उतारकर रख दिया, इस सबकी खोज में उलझना व्यर्थ-सा लगता है। उनका जीवन-दर्शन तो उनकी रसवंती बानी के पद पद में झलकता है। तो फिर उसीकी भावना के सहारे गहरे उतरकर क्यों न खोजा जाये?

बानी-परिचय

भक्तमाल में नाभाजी ने कहा है—
'आरूढ दसा ह्वै जगत पर मुख देखी नाहिन भनी'

कबीर ने जो कुछ भी कहा अपने खुद के जीवित-जाग्रत अनुभव से कहा, दूसरों के मुँह की कही बात उन्होंने नहीं कही! पढ़-पढ़कर भी कोई बात नहीं कही—

'मसि कागद छूयौ नहीं, कलम गही नहिं हाथ।'

जो कहा अनूठा कहा, किसीका जूठा नहीं। इसीलिए जिस किसीने केवल शास्त्रीय पांडित्य का सहारा लेकर कबीर के सिद्धान्तों की गवेषणा और आलोचना की, वह अपने प्रयत्न में प्रायः सफल नहीं हुआ। कबीर के तत्त्वदर्शन की थाह दार्शनिक विवेचन और विश्लेषण के द्वारा नहीं, प्रत्युत सत्य की सहज साधना के द्वारा ही किया जा सकता है। कबीर की बानी में जहाँ हम ज्ञान-विज्ञान का सूक्ष्म-से-सूक्ष्म निरूपण पाते है, वहाँ योग का गूढ़ातिगूढ़ भेद भी हमें मिलता है और भक्ति का गहरे-से-गहरा रहस्यवाद भी। वेदान्त भी उसमें पूरा-पूरा उतरा है, और साथ ही सूफी सिद्धांत भी। किन्तु वहाँ उनकी तत्त्वदर्शन की विविध विवेचनाएँ तथा मान्यताएँ उन्हीं सब अर्थों में नहीं मिलेंगी जिन अर्थों में कि उन्हें हम अनेक शास्त्रों में सामान्यतया स्थिर पाते हैं, परिणामतः उनके आधार पर कबीर के स्वानुभूत तत्त्व-दर्शन का विवेचन और विश्लेषण एकांगी या अधूरा रहता है।

कबीर की निपट गहरी और ऊँचे घाट की बानी के विषय में ऊपर-ऊपर से कुछ कहा जा सकता है, तो केवल इतना ही कि—

१. उसमें निरपेक्ष ज्ञान-विज्ञान की ओर पद-पद पर गूढ़ संकेत हैं। पर वह लोगों को धोखे में नहीं रखना चाहती। वह 'गुन में निरगुन की और निरगुन में गुन' की बाट बताती है—निर्गुण भी उसका अनूठा और सगुण भी उसका अनूठा। उसका प्रतिपाद्य ब्रह्म इसी प्रकार द्वैत और अद्वैत दोनों से परे और ऐसा ही उसका राम भी।

२. उस बानी में जगह-जगह पर योगमार्ग का उल्लेख आया है। पर रास्ता वह वैसा टेढ़ा-मेढ़ा और विकट नहीं है। तथापि योगी तो उसे फिसलता हुआ ही दिखाई देता है, योग उसका सहजहो-सहज है, वैसा ही जैसा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन। खुद ही थके-माँदे मार्गदर्शक प्रियतम के निकट कैसे पहुँचा सकते हैं?

३. भक्ति-मार्ग पर चलने की वह सलाह देती है। कहती है बड़े चाव से, 'जतन करो सखि पिया मिलन का।' राह रपटीली है, उसपर गिर-गिरकर और उठ-उठकर बड़े जतन से चलना पड़ता है, और जब उस ठौर पर पहुँचते हैं, लाल की लाली में सब कुछ रंगा हुआ दीखता है। सो, 'भक्तिमार्ग' भी उसका अपना ही है।

४. बाह्याचारों की उसे तनिक भी अपेक्षा नहीं—उसकी दृष्टि में वह कुवाट है। भले ही चला करें पंडित पांडे और शेख-मुल्ले उस रास्ते से वह अपने साधु भाई को उसपर कभी नहीं चलने व भटकने देगी।

५. हिन्दू और मुसलमान दोनों ही, उसकी नजर में सही रास्ते नहीं जा रहे, दोनों ही अहं या खुदी को गले से लगाये उलटी राह जा रहे थे, तो उन्हें तो उसे फटकारना ही था, उन्हें ही जो वेद और कुरान की गहराई में न पैठकर उनके पन्नों के उलटने-पलटने में अपनी पंडिताई और मुल्लाई को खर्च कर रहे थे।

६. सत्य की राह में जो भी आड़े आया, उसे उसने बख्शा नहीं। कर्मकाड, जात पाँत और छूत छात को चिपटाये जिसे भी उसने बेराह गुमराह पाया, और उसे झकझोर डाला। उसके प्रखर प्रवाह में तिनके की तरह बह गये सारे बाह्याचार, सारे मिथ्याचार।

७. कुछ उलटबाँसियाँ भी उस बानी में आई हैं—मौज के अटपटे उद्‌गार हैं वे। 'सहज'-साधना में उनका वैसे खास महत्त्व नहीं।

८. भाषा को उस बानी का 'अधिनायकत्व' स्वीकार करना पड़ा। उसके विद्युत्-वेग को देखकर वह ठिठ-मूढ़-सी हो गई। उसके इशारे-इशारे इंगित पर मोहित भाषा ने अपने रूप को [illegible] हुए नाचा और [illegible]।

ऐसी है कबीर की अनूठी बानी! कौन और कैसे उसका बखान करे। बेचारा पंगु साहित्य-समीक्षक कहाँ पहुँच सकेगा उस अनन्त ऊँचे [illegible]!

प्रस्तुत सार-संग्रह में थोड़े-से शब्द और [illegible] ली गयी हैं, और वहाँ उलटबाँसी एक भी नहीं ली। बानी में ऐसे ही अंगों से लिया है, जिनमें सतगुरु और नाम की महिमा, प्रेम और विरह का निरूपण, और शील-सदाचार का विवेचन तथा बाह्याचारों और मूढ़ताओं का [illegible] किया गया है।

'कबीर-ग्रन्थावली' तथा 'कबीर-वचनावली' में से सबदों और साखियों का संग्रह किया गया है। कुछ सबद गुरु ग्रन्थ साहब' में से भी लिये गये हैं। तीनों ही ग्रन्थों की भाषा में स्पष्ट अंतर है। 'कबीर-ग्रन्थावली' के सबदों और साखियों की भाषा में पंजाबी और राजस्थानी का रूप दिखाई देता है, और 'कबीर-वचनावली' मे संगृहीत बानी की भाषा अधिकांशतः काशी के आसपास बोली-जानेवाली पूर्वी हिन्दी है। कौन पाठ कितना सही है इस विवाद में न पड़कर हम इतना ही कहेंगे कि संतों की बानी गंगा के समान है, जिसमें अनेक प्रदेशों या जनपदों में व्यवहृत शब्द जगह-जगह के जल की तरह समय-समय पर मिलते रहते हैं, फिर भी बानी के सहज स्वरूप में कोई उल्लेखनीय अंतर नहीं पड़ता, निज में वह वैसी की वैसी ही रहती है।

कबीर-ग्रन्थावली—श्यामसुन्दरदास द्वारा संपादित तथा काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा से प्रकाशित।

कबीर-वचनावली—अयोध्यासिंह उपाध्याय द्वारा संपादित तथा काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा से प्रकाशित।

गुरु ग्रन्थसाहब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर से प्रकाशित।

कबीर—हजारीप्रसाद द्विवेदी, हिन्दी ग्रन्थरत्नाकर कार्यालय, बंबई द्वारा प्रकाशित।

कबीर-पदावली—रामकुमार वर्मा, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग से प्रकाशित।

भक्तमाल—नाभाकृत।

कबीर साहब

सबद

दुलहनी गावहु मंगलचार
हम घरि आये हो राजा राम भरतार ॥
तन रत करि मैं मन रत करिहूँ, पंचतत मोर बराती ।
रामदेव मोरै पाँहुने आये, मैं जोबन मैं माती ॥
सरीर सरोवर वेदीं करिहूं, ब्रह्मा वेद उचारा ।
रामदेव संगि भाँवरि लैहूं, धंनि धंनि भाग हमारा ॥
सुर तेतीसूं कौतिग आये, मुनियर सहस अठासी ।
कहैं कबीर हम ब्याहि चले हैं, पुरिप एक अविनासी ॥ १ ॥

अब हम सकल कुसल करि मानां,
स्वान्ति भई तब गोव्यंद जानां ॥
तन मैं होती कोटि उपाधि, उलटि भई सुख सहज समाधि ॥
जम थै उलटि भया है राम, दुख विसर्‌या सुख कीया विस्राम ॥
वैरी उलटि भये हैं मीता, सापत उलटि सजन भये चीता ॥

सबद

१ भरतार=स्वामी, रस=अनुरक्त, पाहुनैं=अतिथि; वर, भाँवरि=फेरे, अग्नि की परिक्रमा, जो विवाह के समय वर और वधू मिलकरदेते हैं । कौतिग= कौतुक । मुनियर=मुनिवर ।

२ कुसल=अच्छा ही अच्छा । स्वाति=स्वात्मस्थ । जम थैं''राम=मृत्यु अब राम की तरह प्रिय और आनन्ददायी हो गई । सापत=शाक्त, शत्रु । सजन=बन्धु । चीता=चित्त में

आपा जांनि उलटि ले आप, तौ नहीं व्यापै तीन्यूं ताप ॥
अब मन उलटि सनातन हूवा, तब हम जांनां जीवत मूवा ॥
कहै कबीर सुख सहज समाऊं, आप न डरौं न और डराऊं ॥२॥

तननां बुनना तज्या कबीर, रांम नांम लिखि लिया सरीर ॥
जब लग भरौं नली का बेह, तब लग टूटै रांम सनेह ॥
ठाढी रोवै कबीर की माय, ए लरिका क्यूं जीवै खुदाय ॥
कहै कबीर सुनहुं री माई, पूरणहारा त्रिभुवनराई ॥३॥

चलन चलन सबको कहत हैं, नां जानौं बैकुंठ कहां है ॥टेक॥
जोजन एक प्रमिति नहीं जानैं, बातनि ही बैकुंठ बषानै ॥
जब लग है बैकुंठ की आसा, तब लग नहीं हरिचरन-निवासा ॥
कहे सुने कैसैं पतिअइये, जब लग तहां आप नहीं जइये ॥
कहै कबीर यहु कहिये काहि, साध-संगति बैकुंठहि आहि ॥४॥

अपनैं मैं रंगि आपनपौ जानूं,
जिहि रंगि जानि ताही कूं मांनूं ॥टेक॥
अभिअंतरि मन रंग समानां, लोग कहैं कबीर बौरानां ॥
रंग न चीन्हैं मूरखि लोई, जिहि रंगि रंग रह्या सब कोई ॥
जे रंग कबहूं न आवै न जाई, कहै कबीर तिहिं रह्या समाई ॥५॥

चित्त में । आपा···ले आप=देहाभिमान को दूरकर आत्मभाव साधले ।
सनातन=नित्य, अचचल, आत्मा से भी अभिप्राय है ।

३ नली=नाल, ढरकी के अन्दर की नली, जिसपर तार लपटा रहता है ।
बेह=छेद । खुदाय=या खुदा । पूरणहारा=पालनेवाला ।

४ प्रमिति=परमिति । पतिअइये=विश्वास करे । आहि=है ।

५ आपनपौ=आत्मस्वरूप । लोई=लोग ।

कैसै होइगा मिलावा हरि सनां,

रे, तू विषै-विकारन तजि मनां ॥टेक॥

तैं रे, जोग जुगति जान्यां नहीं, तैं गुर का सबद मान्यां नहीं ॥
गंदी देही देखि न फूलिये, संसार देखि न भूलिये ॥
कहै कबीर मन बहुगुनी, हरिभगति बिनां दुख फुन फुनी ॥६॥

जो पै करता बरण विचारै,

तौ जनमत तीनि डांडि किन सारै ॥टेक॥

उतपति व्यंद कहां थैं आया, जोति धरी अरु लागी माया ॥
नहीं को ऊंचा नहीं को नींचा, जा का प्यंड ताही का सींचा ॥
जो तूं बांभन बंभनी जाया, तौ आन बाट ह्वै काहे न आया ॥
जो तूं तुरक तुरकनी जाया, तौ भीतरि खतनां क्यूं न कराया ।
कहै कबीर मधिम नहीं कोई, सो मधिम जा मुखि रांम न होई ॥७॥

हम न मरैं मरिहैं संसारा, हम कूं मिल्या जियावनहारा ॥टेक॥
अब न मरौं, मरनैं मन मानां, तेई मुए जिनि रांम न जानां ॥
साकत मरै सन्त जन जीवै, भरि भरि रांम रसांइन पीवै ॥
हरि मरिहैं तौ हमहूं मरिहै, हरि न मरै हम काहे कूं मरिहैं ॥
कहै कबीर मन मनहि मिलावा, अमर भये सुखसागर पावा ॥८॥

---

६ हरिसना=हरि से । सबद=उपदेश, मत्र । बहुगुनी=अनेक वृत्तियोंवाला । फुनफुनी=पुनः पुनः, बारबार ।

७ जोपै···सारै=यदि सरजनहार ने चार वर्णों के भेद का विचार किया है, तो जन्म से ही एकसमान सबके साथ वह भौतिक, दैहिक और दैविक ये तीन दण्ड क्यों लगा देता ? खतना=सुन्नत, एक मुस्लिम संस्कार, जिसमें मूत्रेन्द्रिय का अगले भाग का चमडा काट देते हैं । भीतर=गर्भ में ही । मधिम=हलका, उतरकर ।

८ साकत=शाक्त, वाममार्गी । रसाइन=प्रेम की मदिरा ।

कौंन मरै कहु पंडित जनां, सो समझाइ कहौ हम सनां ॥टेक॥
माटी माटी रही समाइ, पवनैं पवन लिया संगि लाइ ॥
कहै कबीर सुनि पंडित गुनी, रूप मूवा सब देखै दुनी ॥९॥

लोका जांनि न भूलौ भाई।
खालिक खलक खलक मैं खालिक, सब घट रह्यौ समाई ॥टेक॥
अला एकै नूर उपनाया, ताकी कैसी निंदा।
ता नूर थैं सब जग कीया, कौन भला कौन मंदा ॥
ता अला की गति नहीं जांनी, गुरि गुड़ दीया मींठा।
कहै कबीर मैं पूरा पाया, सब घटि साहिब दीठा ॥१०॥

हंम तौ एक एक करि जानां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग, जिन नाँहिंन पहिचांनां ॥टेक॥
एकै पवन एक ही पानीं, एक जोति संसारा।
एक ही खाक घड़े सब भांडे, एक ही सिरजनहारा ॥
जैसैं बाढ़ी काष्ठ ही काटै, अगिनि न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूं ही व्यापक, धरै सरूपैं सोई ॥
माया मोहे अर्थ देखि करि, काहे कूं गरबानां।
नरभै भया कछू नहीं व्यापै, कहै कबीर दिवानां ॥११॥

---

९ सनां=से।

१० खालिक=सृष्टिकर्त्ता, परमात्मा। खलक=सृष्टि। अला=अल्लाह, ईश्वर। नूर=आदिज्योति; ईश्वर-अंश जीवात्मा। उपनाया=पैदा किया। दीठा=देखा

११ एक-एक करि=अभेद रूप से। दोजग=दोजख, नरक, दुर्गति। बाढ़ी=बढ़ई दिवाना=दीवाना, मस्त।

अब का डरौं, डर डरहि समानां, जब थै मोर तोर पहिचानां ॥टेक॥
जब लग मोर तोर करि लीन्हा, मैं मैं जनमि जनमि दुख दीन्हा ।
आगम निगम एक करि जानां, ते मनवां मन माहिं समांनां ।
जब लग ऊंच नींच करि जांना, ते पसुवा भूले भ्रम नानां ।
कहि कबीर मैं मेरी खोई, तबहि रांम अवर नहीं कोई ॥१२॥

बागड़ देश लूवन का घर है,
तहां जिनि जाइ दाझन का डर है ॥टेक॥
सब जग देखौं कोई न धीरा, परस धूरि सिरि कहत अबीरा ॥
न तहां सरवर न तहां पाणी, न तहां सतगुर साधू बांणी ॥
न तहां कोकिल न तहां सूवा, ऊँचै चढ़ि चढ़ि हंसा मूवा ॥
देस मालवा गहर गंभीर, डग डग रोटी पग पग नीर ॥
कहै कबीर घरहीं मन मानां, गूंगे का गुड़ गूंगै जानां ॥१३॥

हरि ठग जग कौं ठगौरी लाई,
हरि कै वियोग कैसैं जीऊं मेरी माई । टेक॥
कौन पुरिष को काकी नारी, अभिअंतरि तुम्ह लेहु विचारी ॥
कौन पूत को काकौ बाप, कौन मरै कौन करै संताप ॥
कहै कबीर ठग सौं मनमानां, गई ठगौरी ठग पहिचानां ॥१४॥

---

१२ जबथैं ''पहिचाना=जबसे 'मेरा तेरा' की हकीकत जानली, जो निश्चय ही मिथ्या है, जब से अभेद का ज्ञान पा लिया। मैं मैं=भ्रम-भ्रमकर, अनेक योनियों में चक्कर लगाकर। पसुवा=मनुष्यरूपी पशु, अत्यंत मूढ़।

१३ बागड़=मरुभूमि, यहाँ त्रिताप-संतप्त संसार से अभिप्राय है। लूवन का घर=जहाँ दिन-रात लुवें (गरम हवा) चलती हों। दाझन का=जलने का। मालवा=प्रियतम के हरेभरे लोक से अभिप्राय है।

१४ ठग=मन को चुरा लेनेवाला, यहाँ प्रियतम प्रभु को प्रेमातिरेक से 'ठग' कहा है। ठगौरी=मोहिनी।

का मांगूं कुछ थिर न रहाई, देखत नैंन चल्या जग जाई ।।टेक।।
इक लष पूत सवा लष नाती, ता रांवन घरि दीवा न वाती ।।
लंका सा कोट समंद सी खाई, ता रांवन की षवरि न पाई ।।
आवत संग न जात संगाती, कहा भयौ दरि बांधे हाथी ।।
कहै कवीर अंत की वारी, हाथ झाड़ि जैसें चले जुवारी ।।१५।।

काहे कूं माया दुख करि जोरी,
हाथि चूंन, गज पांच पछेवरी ।।टेक।।
नां को बंध न भाई साथी, बांधे रहे तुरंगम हाथी ।।
मैंड़ी महल बावड़ी छाजा, छाड़ि गये सव भूपति राजा ।।
कहै कवीर रांम ल्यौ लाई, धरी रही माया काहू खाई ।।१६।।

हरि जननी मैं वालिक तेरा, काहे न औगुंण वकसहु मेरा ।।टेक।।
सुत अपराध करै दिन केते, जननी कै चित रहैं न तेते ।।
कर गहि केस करै जौ घाता, तऊ न हेत उतारै माता ।।
कहै कवीर एक बुधि विचारी, वालक दुखी दुखी महतारी ।।१७।।

गोव्यंदे तुम्ह थैं डरपौं भारी ।
सरणाई आयौ क्यूं गहिये, यहु कौंन वात तुम्हारी ।।टेक।।
धूप दाझतैं छांह तकाई, मति तरवर सचिपाऊं ।
तरवरमांहैं ज्वाला निकसै, तौ क्या लेइ वुझाऊं ।।

---

१५ देखत नैंन=आँखों के देखते-देखते । संगाती=साथी । दरि=दर, द्वार ।

१६ पछेवरी=पिछौरी, छोटा-सा दोपट्टा । वंध=वंधु । मैड़ी=मेड, राज्य की सीमा। छाजा=छज्जा ।

१७ वकसहु= माफ करो । न हेत उतारै=स्नेहभाव में कमी नहीं करती है।

१८ सरणाई' 'गहिये=शरणागत को कैसे अपनाया जाय इस प्रकार का सोच-

जे वन जलै त जल कूं धावै, मति जल सीतल होई।
जलही मांहि अगिनि जे निकसै, और न दूजा कोई॥
तारणतिरण तिरण तूं तारण, और न दूजा जानौं।
कहै कबीर सरनांई आयौ, आंन देव नहीं मानौं॥१८॥

मैं गुलाम मोहि बेचि गुसाईं, तन मन धन मेरा रांमजी कै तांई॥
आनि कबीरा हाटि उतारा, सोई गाहक सोई बेचनहारा॥
बेचै राम तौ राखै कौन, राखै राम तौ बेचै कौन॥
कहै कबीर मैं तन मन जार्‍या, साहिब अपना छिन न बिसार्‍या॥

अब मोहि राम भरोसा तेरा, और कौन का करौं निहोरा।टेक॥
जाकै राम सरीखा साहिब भाई, सो क्यूं अनत पुकारन जाई॥
जा सिरि तीनि लोक कौ भारा, सो क्यूं न करै जन का प्रतिपारा।
कहै कबीर सेवौ बनवारी, सींचौ पेड़ पीवै सब डारी॥२०॥

हरि मेरा पीव माई, हरि मेरा पीव,
हरि बिन रहि न सकै मेरा जीव॥टेक॥
हरि मेरा पीव मैं हरि की बहुरिया, राम बड़े मैं छुटक लहुरिया॥
किया स्यंगार मिलन कै ताईं, काहे न मिलौ राजा रांम गुसाईं॥
अब की बेर मिलन जो पाऊं, कहै कबीर भौ-जलि नहीं आऊं॥२१॥

बिचार करना। दाझतें=जलते हुए। मति=नहीं। बचि=चैन, शान्ति। तरुवर और जल से यहाँ सांसारिक आश्रय-स्थान अथवा शान्ति पाने के उपायों से अभिप्राय है।

२० निहोरा=विनती, चिरौरी। अनत=अन्यत्र, दूसरी जगह। प्रतिपारा=प्रतिपाल। बनवारी=वनमाली, परमात्मा।

२१ बहुरिया=बधू। लहुरिया=उम्र में छोटी। स्यंगार=शृंगार।

राम बान अन्ययाले तीर, जाहि लागैं सो जानैं पीर ॥टेक॥
तन मन खोजौं चोट न पाऊं, औषध मूली कहां घसि लाऊं ॥
एकहीं रूप दीसै सब नारी, ना जानौं को पीयहि पियारी ॥
कहै कबीर जा मस्तकि भाग, ना जानूं काहू देई सुहाग ॥२२॥

राम बिन तन की ताप न जाई,
जल मैं अगिनि उठी अधिकाई ॥टेक॥
तुम्ह जलनिधि मैं जलकर मींनां,
जल मैं रहौं जलहि बिन षींना ॥
तुम्ह प्यंजरा मैं सुवनां तोरा,
दरसन देहु भाग बड़ मोरा ॥
तुम्ह सतगुर मैं नौतम चेला,
कहैं कबीर रांम रमूं अकेला ॥२३॥

राम भंणि राम भंणि राम चिंतामणि,
भाग बड़े पायो छाडै जिनि ॥टेक॥
असंत संगति जिनि जाइ रे भुलाइ,
साध संगति मिलि हरि गुंण गाइ ॥
रिदा कवल मैं राखि लुकाइ,
प्रेम गांठ दे ज्यूं छूटि न जाइ ॥
अठ सिधि नव निधि नांव मंझारि,
कहै कबीर भजि चरन मुरारि ॥२४॥

---

२२ अन्ययाले=अनियारे, तेज नोकवाले। नारी=स्त्री, जीवात्मा। काहू=किसको।

२३ षींना=क्षीण, दुर्बल। सुवना=तोता। नौतम=बिल्कुल नया।

२४ भंणि=कह, जप। रिदा कवल=हृदय-कमल। राखि लुकाइ=छिपाकर रख। ज्यूं=जिससे कि। नांव मंझारि=रामनाम में ही।

रांम विनां ध्रिग ध्रिग नर नारी, कहा तैं आइ कियो संसारी ॥टेक॥
रज विनां कैसो रजपूत, ग्यांन विना फोकट अवधूत ॥
गनिका कौ पूत पिता कासौं कहै, गुर विन चेला ग्यांन न लहै ॥
कवारी कंन्या करै स्यंगार सोभ न पावै विन भरतार ॥
कहै कवीर हूं कहता डरूं, सुपदेव कहै तौ मैं क्या करूं ॥२५॥

डगमग छाड़ि दे मन बौरा।
अव तौ जरें वरें वनि आवै, लीन्हों हाथ सिंधौरा ॥टेक॥
होइ निसंक मगन ह्वै नाचो, लोभ मोह भ्रम छाडौ।
सूरो कहा मरन थैं डरपै, सती न संचै भांडौ।
लोक वेद कुल की मरजादा, इहै गलै मैं पासी।
आधा चलिकरि पीछा फिरिहै, ह्वै है जग मै हासी ॥
यहु संसार सकल है मैला, राम कहैं ते सूचा।
कहै कवीर नाव नहीं छाडौं, गिरत परत चढ़ि ऊ चा ॥२६॥

ते हरि के आवैहिं किहि कामां, जे नहीं चीन्हैं आतमरामां ।टेक।
थोरी भगति वहुत अहकारा, ऐसे भगता मिलै अपारा ॥
भाव न चीन्हैं हरि गोपाला, जांनि क अरहट कै गत माला ॥
कहै कवीर जिनि गया अभिमांनां, सो भगता भगवंत समांनां ॥२७।

जौ पैं पिय के मनि नहीं भायें, तौ का परोसनि कैं हुलराये ॥
का चूरा पाइल झमकांयैं कहा भयो विछुवा ठमकांयैं ॥

---

२५ रज=राज्य । अवधूत=सन्यासी । सुपदेव करूं=यह मै नहीं कहता हूँ
यह तो परमहंस शुकदेवने भागवत मे कहा है ।

२६ डगमग=दुविधा । सिधौंरा=सिंदोरा, सौभाग्य सूचक सिंदूर रखने की डिबिया.
जिसे लेकर सती अपने पति के शव के साथ जाती थी । न संचै भाडौ=
शरीर को रखने का लोभ नहीं करती है । पासी=फाँसी । सूचा=पवित्र ।
चढ़ि ऊँचा=ऊँचे ब्रह्मपद पर पहुँच जाओ ।

का काजल स्यंदूर के दीयैं, सोलह स्यंगार कहा भयौ कीयैं ॥
अंजन मंजन करै ठगौरी, का पचि मरै निगौड़ी बौरी ॥
जौ पैं पतिव्रता है नारी, कैसैं ही रहौ सो पियहि पियारी ॥
तन मन जोबन सौंपि सरीरा, ताहि सुहागनि कहै कबीरा ॥२८॥

है हरिजन थैं चूक परी, जे कछु आहि तुम्हारौ हरी ॥टेक॥
मोर तोर जब लग मैं कीन्हां, तब लग त्रास बहुत दुख दीन्हां ॥
सिध साधिक कहैं हम सिधि पाई,रांम नाम बिन सबै गंवाई ।
जे बैरागी आस पियासी, तिनकी माया कदे न नासी ॥
कहै कबीर मैं दास तुम्हारा, माया खंडन करहु हमारा ॥२९॥

सब दुनी संयांनीं मैं बौरा, हंम बिगरे बिगरौ जिनि औरा ॥टेक॥
मैं नहीं बौरा राम कियौ बौरा, सतगुर जारि गयौ भ्रम मोरा ॥
विद्या न पढ़ूं बाद नहीं जानूं, हरि गुन कहत सुनत बौरानूं ॥
कांम क्रोध दोऊ भये बिकारा, आपहिं आप जरैं संसारा ॥
'मींठो कहा जाहि जो भावै, दास कबीर रांम गुन गावै ॥३०॥

बहुरि हम काहे कूं आवहिंगे ।
बिछुरे पंचतत्त की रचनां, तब हम रांमहि पावहिंगे ॥टेक॥
पृथी का गुण पांणी सोष्या, पांणी तेज मिलावहिंगे ।

---

२८ तौ का ... हुलराये=तब पड़ोसिन के पुत्र को दुलार प्यार करने से क्या होता है ? चूरा=चूड़ा, कड़ा । पाइल=पाजेब । झमकायँ=बजाना और चमकाना । बिछुवा=पैर की अंगुलियों मे पहनने का गहना । ठगौरी=मोहिनी । निगौडी=जिसके आगे-पीछे कोई न हो, अभागिनी ।

२९ कदे=कभी ।

३० बौरा=बावला, पागल । औरा=और कोई । बौरानूं=पागल हो गया ।

३१ सबद=आकाश से तात्पर्य है । गालि तवावहिंगे=तपकर गल जायेंगे ।

तेज पवन मिलि, पवन सबद मिलि, सहज समाधि लगावहिंगे।
जैसैं बहुकंचन के भूपन, ये कहि गालि तवांवहिंगे।
ऐसै हम लोक वेद के बिछुरें सुन्निहि माँहि समांवहिंगे॥
जैसैं जलहि तरंग तरंगनी ऐसै हम दिखलांवहिंगे।
कहै कबीर स्वांमी सुखसागर हंसहि हंस मिलांवहिंगे॥३१॥

कहा करौं कैसै तिरौं भौजल अति भारी।
तुम्ह सरणागति केसवा राखि राखि मुरारी॥टेक॥
घर तजि बनखंडि जाइये, खनि खइये कंदा।
विषै बिकार न छूटई, ऐसा मन गंदा॥
विष बिषिया की वासना, तजौं तजी नहीं जाई।
अनेक जतन करि सुरझिहौं, फुनि फुनि उरझाई॥
जीव अछित जोवन गया, कछू कीया न नीका।
यहु हीरा निरमोलिका, कौड़ी पर बीका॥
कहैं कबीर सुनि केसवा, तूं सकल बियापी।
तुम्ह समांनि दाता नहीं, हम से नहीं पापी॥३२॥

पपा-पपी कै पेपणैं सब जगत भुलांनां।
निरपप होइ हरि भजै, सो साध सयांनां॥टेक॥
ज्यूं पर सूं पर बधिया यूं बंधे सब लोई।
जाकै आत्म द्रिष्टि है साचा जन सोई॥

सुन्निहि माहिं=शून्य में ही। समावहिंगे=लय हो जायेंगे। हंसहि हंस मिलावहिंगे=मुक्तात्मा को मुक्तात्मा से मिला देंगे।

३२ खनि=खोदकर। विष-विषिया=इन्द्रियों के विषैले भोग।
फुनि फुनि=पुनः पुनः, फिर फिर।

३३ पपापपी के पेपणें=पक्ष और विपक्ष के विचार में। निरपप=निष्पक्ष।

एक एक जिनि जाणियां, तिनही सचुपाया ।
प्रेमप्रीति ल्यौलीन मन ते वहुरि न आया ।
पूरे की पूरी द्रिष्टि पूरा करि देखै ।।
कहै कवीर कछू समझि न परई या कछु वात अलेखै ।।३३।।

तेरा जन एक आध है कोई ।
कांम क्रोध अरु लोभ विवर्जित हरिपद चीन्हैं सोई ।।टेक।।
राजस तांमस सातिग तीन्यूं, ये सव तेरी माया ।
चौथै पद कौ जे जन चीन्हैं तिनहि परमपद पाया ।।
असतुति निंद्या आसा छांडै, तजै मांन अभिमांनां ।
लोहा कंचन समि करि देखै, ते मूरति भगवानां ।।
च्यतै तो माधो च्यंतामणि, हरिपद रमै उदासा ।
त्रिस्नां अरु अभिमांन रहित है, कहै कवीर सो दासा ।।३४।।

तूं माया रघुनाथ की खेलण चली अहेड़ै ।
चतुर चिकारे चुणि चुणि मारे, कोई न छोड़्या नेड़ै ।।टेक।।
मुनियर पीर डिगम्बर मारे, जतन करंता जोगी ।
जंगल महिं के जंगम मारे, तूंरे फिरै वलिवंती ।।
वेद पढंता वांम्हण मारा, सेवा करतां स्वांमी ।
अरथ करंतां मिसर पछाड़्या, तूंरे फिरै मैंमंती ।।

पर=तिनका, घास । लोई=लोग । एक-एक=अभेदरूप । वहुरि न आया=पुनर्जन्म नहीं हुआ । अलेखै=जिसका चिंतन न किया जा सके ।

३४ विवर्जित=रहित । सातिग=सात्त्विक । चौथा पद=गुणातीत, समाधि-अवस्था । उदासा=अनासक्त ।

३५ अहेड़ै=अहेर, शिकार । चिकारा=छिकरा, हिरन की जाति का एक फुर्तीला जानवर । नेडै=पास । डिगंवर=दिगंबर, नग्न साधु ।

साषित कै तूं हरता करता, हरि-भगतन कै चेरी ।
दास कबीर रांम कै सरनैं, ज्यूं लागी त्यूं तोरी ॥३५॥

जग सूं प्रीति न कीजिये, संमझि मन मेरा ।
स्वाद हेत लपटाइए, को निकसै सूरा ॥
एक कनक अरु कांमिनीं जग मैं दोइ फंदा ।
इनपै जो न बधावई ताका मैं बंदा ॥
देह धरें इन मांहि बास कहु कैसै छूटे ॥
सीव भये ते ऊबरे जीवत ते लूटे ॥
एक एक सूं मिलि रह्या तिनहीं सचुपाया ।
प्रेम मगन लैलीन मन सो बहुरि न आया ॥
कहै कबीर निहचल भया, निरभै पद पाया ।
संसा ता दिन का गया, सतगुर समझाया ॥३६॥

माधौ, मैं ऐसा अपराधी । तेरी भगति हेत नहीं साधी ।टेक॥
कारनि कवन आइ जग जनम्यां जनमि कवन सचुपाया ।
भौजल-तिरण चरण च्यंतामंणि ता चित घड़ी न लाया ॥
परनिंद्या परधन परदारा परअपवादै सूरा ।
तायैं आवागमन होइ फुनि फुनि ता पर संग न चूरा ॥
कांम क्रोध माया मद मछर ए सतति हम मांहीं ।

जंगम=चलता-फिरता साधु । मिसर=कथावाचक ने अभिप्राय है । मैमंती=मतवाली । साषित=वाममार्गी; हरि-विमुख । ज्यूं लागी त्यूं तोरी=आसक्ति को तत्काल तोड दिया ।

३६ सीव भये ते ऊबरे=जो शव अर्थात् जीवन-मृतक हो गये, वे ही बचे । सचुपाया=शान्ति पाई ।

३७ मछर=मत्सर, डाह । सतति=सतत, सदा । धीर मनि राजह=देर न

दया धरम ग्यांन गुर सेवा ए प्रभु सुपिनैं नांहीं ॥
तुम्ह कृपाल दयाल दमोदर, भगत-बछल भौ-हारी ।
कहै कबीर धीर मति राखहु, सासति करौ हमारी ॥३७॥

कब देखूं मेरे राम सनेही । जा बिन दुख पावै मेरी देहीं ॥टेक॥
हूँ तेरा पंथ निहारूं स्वामी, कब रमि लहुगे अंतरजामीं ॥
जैसै जल बिन मींन तलपै, ऐसै हरि बिन मेरा जियरा कलपै ॥
निसदिन हरि बिन नींद न आवै, दरसपियासी रांम क्यूं सचुपावै ॥
कहै कबीर अब बिलंब न कीजै, अपनौं जानि मोहिं दरसन दीजै ॥३८॥

मैं जन भूला तूं समझाइ ।
चित चंचल रहै न अटक्यौ बिषै-बन कूं जाइ ॥
संसार सागर माहिं भूल्यो थक्यौ करत उपाइ ।
मोहिनी माया बाघिनी थैं, राखिलै रांमराइ ॥
गोपाल सुनि एक बीनती, सुमति तन ठहराइ ।
कहै कबीर यह काम रिपु है, मारै सबकूं ढाइ ॥३९॥

जाइ रे दिन ही दिन देहा । करिलै बौरी रांम सनेहा ॥टेक॥
बालापन गयो, जोबन जासी । जुरा मरण भौ संकट आसी ॥
पलटे केस नैन जल छाया । मूरिख चेति बुढ़ापा आया ॥
रांम कहत लज्या क्यूं कीजे । पल पल आउ घटै तन छीजै ॥
लज्या कहै हूँ जम को दासी । एकैं हाथि मुदिगर, दूजैं हाथि पासी ॥
कहै कबीर तिनहूं सब हार्‍या । रांम नांम जिनि मनहु बिसार्‍या ॥४०॥

करो, माफ न करो । सासति=यातना, दंड ।

३८ रमि लहुगे=हृदय में बसकर मुझे अपनाओगे । कलपै=बिलखता है ।

४० जासी=जायेगा । जुरा=जरा, बुढ़ापा । भौ=भय । आसी=आयेगा । पलटे केस=काले बाल सफेद हो गये । आउ=आयु । छीजै=क्षीण होता जाता है ।

कहु पांड़े सुचि कवन ठाव, जिहि वरि भोजन बैठि खाव ॥टेक॥
माता जूठी पिता पुनि जूठा, जूठे फल चित लागे ।
जूठा आंवन जूठा जानां, चेतहु क्यूं न अभागे ॥
अंन जूठा पांनी पुनि जूठा, जूठे बैठि पकाया ।
जूठी कड़छी अंन परोस्या, जूठे जूठा खाया ॥
चौका जूठा गोबर जूठा, जूठी सबी पसारा ।
कहै कबीर तेइ जन सूचे, जे हरि भज तजहिं विकारा ॥४१॥

अलह रांम जीऊं तेरे नाईं, बंदे ऊपरि मिहर करौ मेरे सांईं ॥टेक॥
क्या ले माटी भुंइ सूं मारैं, क्या जल देह न्हवायें ।
जोर करै मसकीन सतावै, गुन ही रहै छिपाये ॥
क्या तु जू जप मंजन कीये, क्या मसीति सिर नांये ।
रोजा करै निमाज गुजारैं, क्या हज काबै जायें ॥
बांम्हण ग्यारसि करै चौबीसौ, काजी मुहरम जांन ।
ग्यारह मास जुदे क्यूं कीये, एकहि मांहि समांन ॥
जौ रे खुदाइ मसीति बसत हैं, और मुलिक किस केरा ।
तीरथ मूरति रांम-निवासा, दुहु मैं किनहूँ न हेरा ॥
पूरब दिसा हरी का वासा, पच्छिम अलह मुकामां ।
दिल ही खोजि दिलै दिल भीतरि, इहां रांम रहिमांनां ॥

---

४१ आवन=जन्म । जाना=मरण । कड़छी=चम्मच । पसारा=सृष्टि ।
सूचे=पवित्र ।

४२ नाईं=नाम पर । जोर=जुल्म । मसकीन=गरीब, बेचारा । तु जू=तो जो ।
मसीति=मसजिद । ग्यारसि=एकादशी । मुहरम=मोहर्रम । ग्यारह ' समान=
यदि एक रमजान का महीना ही धर्म का महीना है, तो फिर अलग ग्यारह

जेती औरति मरदां कहिये, सब मैं रूप तुम्हारा ।
कबीर पंगुड़ा अलह रांम का, हरि गुर पीर हमारा ॥४२॥

मन रे, जब तैं राम कह्यौ,
पीछै कहिबे कौं कछू न रह्यौ ॥टेक॥
का जोग जगि तप दानां, जौ तैं रांम नांम नहीं जांनां ॥
कांम क्रोध दोऊ भारे, ताथैं गुर प्रसादि सब जारे ॥
कहै कबीर भ्रम नासी, राजा रांम मिले अविनासी ॥४३॥

तुम्ह घरि जाहु हमांरी बहनां, विष लागैं तुम्हारे नैनां ॥
अंजन छाड़ि निरंजन राते, नां किसहीं का दैनां ।
बलि जाउं ताकी जिनि तुम्ह पठई, एक माइ एक बहनां ॥
राती खांडी देखि कबीरा, देखि हमारा सिंगारौ ।
सरग लोक थैं हम चलि आई, करन कबीर भरतारौ ॥
सर्ग लोक मैं क्या दुख पड़िया, तुम आइ कलि मांहीं ।
जाति जुलाहा नाम कबीरा, अजहूं पतीज्यौ नांहीं ॥
तहां जाहु जहां पाट पटंबर, अगर चंदन घसि लीनां ।
आइ हमारैं कहा करौगी, हम तौ जाति कमीनां ॥

महीने क्यों रचे, फिर तो एक ही मास होना चाहिए था ! हेरा=देखा, समझा । पंगुडा=मूर्ख शिष्य ।

४३ जगि=यज्ञ । भारे=भारी (शत्रु) । प्रसादि=कृपा से ।

४४ बहनां=बहिन; मोहिनी माया से अभिप्राय है । अंजन=नाशवान संसार । निरंजन=अक्षय पुरुष; माया से निर्लिप्त ईश्वर । एक माइ एक बहनां=तुम मां और बहिन के बराबर हो । राती खांडी=रक्त से रँगी तलवार, घातक मोहिनी. डालनेवाली । पतीज्यौ नाहीं=विश्वास नहीं करती हो । जिनि··धागै=जिसने हमें रचा, और सब कुछ देकर हमें उपकृत किया, हम उसी मालिक के
धागे से हम बँधे हुए हैं;

जिनि हम साजे साज्य निवाजे, बांधे काचै धागै ।
जे तुम्ह जतन करौ बहुतेरा, पांणी आगि न लागै ॥
साहिब मेरा लेखा मांगै, लेखा क्यूं करि दीजै ।
जे तुम जतन करौ बहुतेरा, तौ पाहण नीर न भीजै ॥
जाकी मैं मछी सो मेरा मछा, सो मेरा रखवालू ।
टुक एक तुम्हारै हाथ लगाऊं, तौ राजा रांम रिसालू ॥
जाति जुलाहा नाम कबीरा, बनि बनि फिरौं उदासी ।
आसिपासि तुम्ह फिरि फिरि बैसौ, एक माउ एक मासी ।४४।

रे सुख इब मोहि बिष भरि लागा ।
इनि सुख डहके मोटे मोटे केतिक छत्रपति राजा ॥टेक॥
उपजै-बिनसै जाइ बिलाई, सपति काहू कै संगि न जाई ॥
धन-जोबन गरब्यौ संसारा, यहु तन जरिबरि ह्वै है छारा ॥
चरन कवल मन राखिले धीरा, रांम रमत सुख, कहै कबीरा ॥४५॥

रांम राइ भई बिगूचनि भारी,
भले इन ग्यांनियन थैं संसारी ॥टेक॥
इक तप तीरथ औगाहैं, इक मांनि महातम चाहैं ॥
इक मैं-मेरा मैं बीझैं, इक अहमेव मै रीझै ॥
इक कथि-कथि भरम लगावैं, संमिता सी वस्त न पावैं ॥
कहै कबीर का कीजै, हरि सूझै सो अंजन दीजै ॥४६॥

अनन्य सेवक है। पाहण नीर न भीजै=पत्थर के अंदर पानी नहीं पैठ सकता, मोहिनी माया की दाल गलने की नहीं। उदासी=विरक्त। रिसालू=नाराज होने। बैसौ=बैठती हो। एक माउ एक मासी=तुम मा और मौसी के बराबर हो।

४५ इब=अब। बिष भरि=विष के जैसा। डहके=ठग लिये।

४६ बिगूचनि=अड़चन, असमंजस। संसारी=दुनियादार। औगाहैं=अवगाहन अर्थात् स्नान करते हैं। बीझैं=लिप्त होते हैं, फँसते हैं।

विरहिनी फिरै है नाथ अधीरा ।
उपजि विनां कछू समझि न परई, वांझ न जांनैं पीरा ॥
या वड़ विथा सोई भल जांनैं, रांम-विरह-सर मारी ।
कै सो जांनैं, जिनि यहु लाई, कै जिनि चोट सहा री ॥
संग की विछुरी मिलन न पावै, सोच करै अरु काहै ।
जतन करै अरु जुगति विचारै, रटै रांम कूं चाहै ॥
दीन भई वूझै सखियन कौं, कोई मोहि रांम मिलावै ।
दास कवीर मीन ज्यूं कलपै, मिलैं भलै सचु पावै ॥४७॥

तुम्ह विन राम कवन सौं कहिये, लागी चोट वहुत दुख सहिये ॥
वेध्यौ जीव विरह कै भालै, राति दिवस मेरे उर सालै ॥
को जांनैं मेरे तन की पीरा, सतगुर सवद वहि गयौ सरीरा ।
तुम्ह से वैद न हम से रोगी, उपजी विथा कैसैं जीवै वियोगी ॥
निस वासुरि मोहि चितवत जाई, अजहूँ न आइ मिले रांमराई॥
कहत कवीर हमकौं दुख भारी, विन दरसन क्यूं जीवहि मुरारी ।४८।

चलौ सखी जाइये तहां जहं गये पाइये परमानंद ॥टेक॥
यहु मन आमन धूमनां, मेरौ तन छीजत नित जाइ ।
च्यंतामणि चित चोरियौ, ताथैं कछू न सुहाइ ॥
सुनि सखि सुपिनैं की गति ऐसो, हरि आये हम पास ।
सोवत ही जगाइया, जागत भये उदास ॥

---

४७ उपजि=आत्मज्ञान की उपलब्धि । काहै=क्यहती है । भल=भली भाँति ।

४८ सालै=कसकता है, चुभता है । वहि गयौ=वेध गया, आरपार हो गया । वासुरि=वासर, दिन । चितवत जाई=राह देखते जाता है ।

४९ आमन=अनमना, खिन्न । धूमनां=मलिन । च्यंतामणि=सब चिन्ताओं

चलु सखी विलम न कीजिये, जब लग सांस सरीर।
मिलि रहिये जगनाथ सूं, यूं कहै दास कबीर ॥४९॥

हौं बलियां कब देखौंगी तोहि।
अहनिस आतुर दरसन कारनि ऐसी व्यापै मोहि।टेक॥
नैन हमारे तुम्ह कूं चाहैं, रती न मानै हारि।
बिरह-अगिन तन अधिक जरावै, ऐसी लेहु बिचारि॥
सुनहु हमारी दादि गुसांई, अब जिन होहु बधीर।
तुम्ह धीरज मैं आतुर स्वामी, काचै भांडै नीर॥
बहुत दिनन के बिछुरे माधौ, मन नहीं बाँधै धीर।
देह छतां तुम्ह मिलहु कृपाकरि, आरतिवत कबीर ॥५०॥

वै दिन कब आवैंगे माइ।
जा कारनि हम देह धरी हैं, मिलिवौ अंगि लगाइ।टेक॥
हौं जांनूं जे हिलमिलि खेलूं तन मन प्रांन समाइ।
या कामनां करौ परपूरन, समरथ हौ रांमराइ॥
मांहिं उदासी माधौ चाहै, चितवत रैनि बिहाइ।
सेज हमारी स्यंघ भई है, जब सोऊं तब खाइ॥
यहु अरदास दास की सुनिये, तन की तपंत बुझाइ।
कहै कबीर मिलै जो सोई मिलि करि मंगल गाइ ॥५१॥

वाल्हा आव हमारे ग्रेह रे, तुम्ह बिन दुखिया देह रे।टेक॥
सब को कहै तुम्हारी नारी, मोकौं इहै अदेह रे।
एकमेक ह्वै सेज न सोवै, तबलग कैसा नेह रे॥

को हर लेनेवाले स्वामी से अभिप्राय है।

५० बलियॉं=बलैयॉं, कुर्बान। रती=जरा भी। दादि=न्याय कराने की प्रार्थना। बधीर=बधिर, बहरा। छतां=रहते हुए (गुजराती प्रयोग)

५१ मांहिं=अंतर में। स्यंघ=सिंह। अरदास=अर्ज़दाश्त, विनती।

आंन न भावै नींद न आवै ग्रिह विन धरै न धीर रे।
ज्यूं कांमीं कौं कांम पियारा, ज्यूं प्यासे कूं नीर रे॥
है कोई ऐसा पर-उपगारी, हरि सूं कहै सुनाइ रे।
ऐसे हाल कवीर भये हैं, विन देखे जीव जाइ रे ॥५२॥

चलत कत टेढौ टेढौ रे।
नऊं दुवार नरक धरि मूंदे, तू दुरगंधि को वेढौ रे ॥टेक॥
जे जारै तौ होइ भसम तन, रहित किरम उहिं खाई।
सूकर स्वांन काग को भखिन, तासैं कहा भलाई॥
फूटे नैंन हिरदै नही सूझै, मति एकै नहीं जांनीं।
माया मोह ममिता सूं वांध्यो, वूड़ि मूवौ विन पांनीं॥
वारू के घरवा मैं वैठो, चेतत नही अयांनां॥
कहै कवीर एक रांम भगति विन, वूडे वहुत सयांनां ॥५३॥

भयौ रे मन पांहुनड़ौ दिन चारि।
आजिक काल्हिक मांहि चलैगौ, ले कि न हाथ सँवारि ॥टेक॥
सौंज पराई जिनि अपनावै, ऐसी सुणि कि न लेह।
यहु संसार इसौ रे प्रांणी, जैसो धूँवरि मेह॥
तन धन जोवन अँजुरी को पांनीं, जात न लागै वार।
सैंवल के फूलन परि फूल्यौ, गरव्यौ कहा गँवार॥

---

५२ वाल्हा=प्यारे। अंदेह=अंदेशा, संदेह। आन=अन्न, भोजन।

५३ टेढ़ौ-टेढ़ौ=ऐंठता हुआ। वेढ़ौ=घेरा, स्थान। रहित=यदि रखा रहे, या गाड़ दिया जाये। किरम=कृमि, कीड़े। भखिन=भक्ष्य, भोजन।

५४ पांहुनड़ौ=मेहमान। सौंज=साज-सामान। धूँवरि=धुवें का।

खोटी साटै खरा न लीया, कछू न जांनी साटि।
कहै कबीर कछू बनिज न कीयौ, आयौ थौ इहि हाटि ॥५४॥

कहूं रे जे कहिबे की होहिं।
नां को जांनैं नां को मांनै, तांथैं अचिरज मोहिं ॥टेक॥
अपने-अपने रंग के राजा, मांनत नांही कोइ।
अति अभिमांन लोभ के घाले, चले अपनपौ खोइ ॥
मैं-मेरी करि यहु तन खोयौ, समझत नहीं गँवार।
भौजलि अधफर थाकि रहै हैं बूड़े बहुत अपार ॥
मोहि आग्या दई दयाल दया करि, काहू कूं समझाइ।
कहै कबीर मैं कहि-कहि हार्‌यौ, अब मोहि दोस न लाइ ॥५५॥

राग मारू

मन रे रांम सुमिरि राम सुमिरि, रांम सुमिरि, भाई।
रांम नांम सुमिरन बिना, बूड़त है अधिकाई ॥टेक॥
दारा सुत ग्रेह नेह, संपति अधिकाई।
यामैं कछु नांहि तेरौ, काल अवधि आई ॥
अजामेल गज गनिका, पतित करम कीन्हां।
तेऊ उतरि पारि गये, रांम नांम लीन्हां ॥
स्वांन सूकर काग कीन्हौं, तऊ लाज न आई।
रांम नांम अमृत छाड़ि, काहे बिप खाई ॥
तजि भरम करम बिधि नखेद, रांम नांम लेही।
जन कबीर गुर प्रसादि, राम करि सनेही ॥५६॥

साटि=बेच-खरीद, मोलतोल। हाटि=पैंठ, संसार से अभिप्राय है।
५५ घाले=मारे हुए। अपनपौ=आत्मा का स्वरूप। अधफर=बीचोबीच
५६ पतित=पापमय। नखेद=निषिद्ध, वे कर्म जिनके करने से रोका गया है, जैसे चोरी, हिंसा, व्यभिचार आदि। प्रसादि=कृपा से।

राग भैरू

भलैं नींदौ भलैं नींदौ, भलैं नींदौ लोग,
तन मन रांम पियारे जोग ।।टेक।।
मैं वौरी मेरे रांम भरतार, ता कांरनि रचि करौं स्यंगार ।।
जैसैं धुविया रज मल धोवै, हरत परत सव निंदक खोवै ।।
न्यंदक मेरे माई वाप, जन्म जन्म के काटे पाप ।।
न्यंदक मेरे प्रांन अधार, विन वेगारि चलावै भार ।।
कहै कवीर न्यंदक वलिहारी, आप रहै जन पार उतारी ।।५७।।

क्या ह्वै तेरे न्हांई धोई, आतम रांम न चीन्हां सोई ।।टेक।।
क्या घट ऊपरि मंजन कीयैं, भीतरि मैल अपारा ।
रांम नांम विन नरक न छूटै, जे धोवै सौ वारा ।।
का नट भेष भगवां वस्तर, भसम लगावै लोई ।
ज्यूं दादुर सुरसुरी जल भीतरि, हरि विन मुक्ति न होई ।।
परहरि काम रांम कहि वौरे, सुनि सिख वंधू मोरी ।
हरि कौ नांव अभै-पद-दाता, कहै कवीरा कोरी ।।५८।।

आसण पवन कियैं दिढ रहु रे, मन का मैल छाड़िदे वौरे ।।टेक।।
क्या सींगी मुद्रा चमकायैं, क्या भिभूति सव अंगि लगायैं ।।

---

५७ भलैं नींदौ=भले ही निंदा करें। ता कारनि=उसी स्वामी को रिझाने के लिए। हरत-परत=मैल के दाग व शिकन याने कपट। आप रहै जन पार उतारी=पर-निंदा के पाप से खुद तो संसार-सागर में पड़ा रहता है, पर जिन हरि-भक्तों की वह निंदा करता है उन्हे सहिष्णु वना-वनाकर पार उतार देता है।

५८ भगवां वस्तर=संन्यासी का गेरुवा कपड़ा। सुरसुरी=सुरसरि, गंगा। दादुर=मेढ़क। कांम=विषय-वासना। कोरी=जुलाहा।

५९ सींगी=हरिन के सींग का वना वाजा, जिसे मुँह से वजाते हैं।

सो हिंदू सो मुसलमांन, जिसका दुरस रहै ईमांन ॥
सो ब्रह्मा जो कथै ब्रह्म ग्यिांन, काजी सो जानैं रहिमांन ॥
कहै कबीर कछू आंन न कीजै, रांम नांम जपि लाहा लीजै ॥५९॥

तार्थं कहिये लोकाचार, वेद कतेब कथैं ब्यौहार ॥टेक॥
जारि बारि करि आवै देहा, मूवां पीछैं प्रीति-सनेहा ।
जीवत पित्रहि मारहि डगा, मूवां पित्र ले घालैं गंगा ॥
जीवत पित्र कूं अन न ख्वांवैं, मूवां पीछैं प्यंड भरांवैं ॥
जीवत पित्र कूं बोलैं अपराध, मूवा पीछैं देहि सराध ॥
कहि कबीर मोहि अचिरज आवै, कऊवा खाइ पित्र क्यूं पावै ॥६०॥

रैंनि गई मति दिन भी जाइ, भवर उड़े बग बैठे आइ ॥
काचै करवै रहै न पांनी, हंस उड़्या काया कुमिलांनीं ॥
थरहर थरहर कंपै जीव, नां जांनूं का करिहै पीव ॥
कऊवा उड़ावत मेरी बहियां पिरांनीं,
कहै कबीर मेरी कथा सिरांनीं ॥६१॥

काहे कूं भीति बनाऊं टाटी, का जानूं कहां परिहै माटी ।टेक॥
काहे कूं मंदिर महल चिणांऊं, मूवां पीछैं घड़ी एक रहण न पाऊं ।

दुरस=दुरुस्त । ब्रह्मा=ब्राह्मण से आशय है । लाहा=लाभ ।

६० प्रीति=प्रेत । डगा=डंक । मूवां ··· गंगा=मरने के बाद पिता की अस्थियाँ गंगा में डालते हैं । ख्वावें=खिलाते हैं । प्यंड भरावें=पिंडदान देते हैं । बोलैं अपराध=दुर्वचन कहते हैं ।

६१ काचा करवा=अनपका मिट्टी का टोंटीदार लोटा । यहाँ अनित्य देह से अभिप्राय है । हंस=जीव, प्राण । कऊवा ··· पिरांनी=बिना प्राण की देह पर से कौए उड़ाते-उड़ाते मेरी बाँहें दर्द करने लगीं । सिरांनी=समाप्त हो गई ।

६२ टाटी=छप्पर । माटी=शरीर से अभिप्राय है । [illegible]

काहे कूं छांऊं ऊंच उसेरा, साढ़े तीनि हाथ घर मेरा ॥
कहै कबीर नर गरब न कीजै, जेता तन तेती भुंइ लीजै ॥६२॥

राग बिलावल

रांम भजै सो जांनिये, जाकै आतुर नांहीं ।
संत संतोष लीयै रहै, धीरज मन मांहीं ॥टेक॥
जन कौं कांम क्रोध व्यापै नहीं, त्रिष्णां न जरावै ।
प्रफुलित आनंद मैं रहै, गोव्यंद गुण गावै ॥
जन कौं परनिंद्या भावै नहीं, अरु असति न भाषै ।
काल कलपनां मेटि करि, चरनूं चित राषै ॥
जन समद्रिष्टि सीतल सदा, दुविधा नहीं आनैं ।
कहै कबीर ता दास सूं, मेरा मन मानैं ॥६३॥

माधौ सो न मिलै जासौं मिलि रहिये ।
ता कारनिवर बहु दुख सहिये ॥टेक॥
छत्रधार देखत ढहि जाइ, अधिक गरब थैं खाक मिलाइ ॥
अगम अगोचर लखी न जाइ, जहां का सहज फिरि तहां समाइ ॥
कहै कबीर झूठे अभिमांन, सो हम सो तुम्ह एक समांन ॥६४॥

रांम चरन जाकै रिदै बसत है, ता जंन को मन क्यूं डोलै ॥
मानौं अठ सिंधि नवनिधि ताकै, हरषि हरषि जस बोलै ॥
जहां जहां जाइ तहां सचुपावै, माया ताहि न झोलै ।

असली घर याने कब्र या मरकट तो साढ़े तीन हाथ लंबा है ।

६३ आतुर=अधीरता । सत=सत्य । जनकौं=हरि-भक्त को । दुविधा=द्वैत-भाव ।

६४ कारनिवर=कारण से ।

६५ रिदै=हृदय में । जस बोलै=हरि कीर्तन करता है । सचु=शान्ति ।

बारंबार बरजि बिषिया तैं, लै नर जौ मन तोलै ॥
ऐसी जे उपजै या जीय कै, कुटिल गांठि सब खोलै ।
कहै कबीर जब मन परचो भयौ, रहै राम कै बोलै ॥६५॥

राग ललित

रसनां रांम गुन रमि रस पीजै,
गुन अतीत निरमोलिक लीजै ॥टेक॥
निरगुन ब्रह्म कथौ रे भाई, जा सुमिरत सुधि बुधि मति पाई ॥
विष तजि रांम न जपसि अभागे, का बूड़े लालच के लागे ॥
ते सब तिरे रामरस स्वादी, कहै कबीर बूड़े बकबादी ॥६६॥

नहीं छाडौं बाबा रांम नांम,
मोहिं और पढ़न सूं कौन कांम ॥टेक॥
प्रहलाद पधारे पढ़न साल, संग सखा लीयें बहुत बाल ॥
मोहि कहा पढ़ावै आल जाल, मेरी पाटी मैं लिखि दे श्रीगोपाल ॥
तब सनां मुरकां कह्यौ जाइ, प्रहिलाद बंधायौ बेगि आइ ॥
तूं रांम कहन की छाड़ि बांनि, बेगि छुड़ाऊं मेरौ कह्यौ मांनि ॥
मोहि कहा डरावै बारबार, जिनि जलथल गिर कौ कियो प्रहार ॥
बांधि मारि भावै देह जारि, जे हूं रांम छाड़ौं तौ मेरे गुरहि गारि ॥
तब काढ़ि खड़ग कोप्यौ रिसाइ, तोहि राखनहारौ मोहि बताइ ॥
खंभा मैं तैं प्रगट्यौ गिलारि, हरनाकस मार्‌यौ नख बेदारि ॥

झोलै=जलाती है। बोलै=आज्ञा में।

६६ गुन अतीत=मायात्मक त्रिगुण से परे, निर्गुण। विष=विषय भोग।

६७ साल=पाठशाला। आल जाल=झंझट-बखेड़ा। संना मुरका=संड और मर्क, शुक्राचार्य के पुत्र जो असुरों के पुरोहित थे। बांनि=आदत।

महापुरुष देवाधिदेव, नरस्यंघ प्रगट कियौ भगति भेव ॥
कहै कबीर कोई लहै न पार, प्रहिलाद उबार्‌यौ अनेक बार ॥६७॥

राग सारंग

धंनि सो घरी महूरत्य दिनां ।
जब ग्रिह आये हरि के जनां ॥टेक॥
दरसन देखत यहु फल भया, नैंनां पटल दूरि ह्वै गया ॥
सब्द सुनत संसा सब छूटा, स्रवन कपाट बजर था तूटा ॥
परसत घाट फेरि करि घड़्या, काया कर्म सकल झड़ि पड़्या ॥
कहै कबीर संत भल भाया, सकल-सिरोमनि घट मैं पाया ॥६८॥

राग धनाश्री

कहा नर गरबसि थोरी बात ।
मन दस नाज, टका दस गंठिया, टेढौ टेढौ जात ॥टेक॥
कहा लै आयौ यहु धन कोऊ. कहा कोऊ लै जात ।
दिवस चारि की है पतिसाही, ज्यूं बनि हरियल पात ॥
राजा भयौ गांव सौ पाये, टका लाख दस भ्रात ।
रावन होत लंक को छत्रपति, पल मैं गई बिहात ॥
माता पिता लोक सुत बनिता, अंति न चले संगात ।
कहै कबीर रांम भजि बौरे, जनम अकारथ जात ॥६९॥

लोका मति के भोरा रे ।
जो कासी तन तजै कबीरा, तो रांमहिं कहा निहोरा रे ॥

गिलारि=सिंह से आशय है। नख विदारि=नखों से चीरकर। भेव=भेद, रहस्य।

६८ महूरत्य=मुहूर्त्त। पटल=अज्ञान का परदा। बजर=वज्र। परसत... घड़्या=हाथ लगाकर मिट्टी के शरीर को कंचन का बना दिया।

६९ पतिसाही=बादशाही। हरियल पात=हरे पत्ते। सँगात=साथ।

तब हम वैसे अब हम ऐसे, इहै जनम का लाहा।
ज्यूं जल में जल पैसि न निकसै, यूं ढुरि मिल्या जुलाहा॥
राम-भगति परि जाको हित चित, ताको अचिरज काहा।
गुर प्रसाद साध की संगति, जग जीते जाइ जुलाहा॥
कहै कबीर सुनहु रे सन्तो, भरमि परै जिनि कोई।
जस कासी तस मगहर ऊसर, रिदै रांम सति होई॥७०॥

अग्नि न दहै पवन नहीं झुरवै तस्कर नेरि न आवै।
रांम नांम धन करि संचौनी सो धन कतही न जावै॥
हमरा धन माधव गोविंद, धरनीधर इहै सार धन कहियै।
जो सुख प्रभु गोविंद की सेवा, सो सुख राज न लहियै॥
इसु धन कारन सिव सनकादिक, खोजत भये उदासी।
मन मुकुंद जिह्वा नारायन परै न जम की फाँसी॥
निज धन ग्यांन भगति गुर दीनीं तासु सुमति मन लागी।
जलत अंग थंभि मन धावत भरम बंधन भौ भागी॥
कहै कबीर मदन के माते हिरदै देखु विचारी।
तुम घर लाख कोटि अस्व हस्ती, हम घर एक मुरारी॥७१॥

अब मोहि जलत राम जल पाइया।
राम उदक तन जलत बुझाइया॥
मन मारन कारन बन जाइयै।
सो जल बिन भगवंत न पाइयै॥

---

७० निहोरा=एहसान। लाहा=लाभ। पैसि=पैठकर, मिलकर। मगहर=एक स्थान, जो बस्ती जिले में है; मगहर को मगध का भी अपभ्रंश माना जाता है। ऊसर=यहाँ निष्फल से अभिप्राय है।

७१ झुरवै=सुखाती है। तस्कर=चोर। नेरि=पास। संचौनी=संचय। उदासी=वैरागी। भौ=भय। मन धावत=मन के वेग से दौड़ने है।

७२ उदक=जल। मन मारन=मन को जीतने। निझुरन नाहीं=बुझता नहीं है।

जेहि पावक सुर नर हैं जारे।
राम उदक जन जलत उवारे॥
भवसागर सुखसागर मांहीं।
पीव रहे जल निखुटत नांहीं॥
कहि कबीर भजु सारिंगपानी।
राम उदक मेरी तिपा बुझानी॥७२॥

अवर मुये क्या सोग करीजै। तौ कीजै जो आपन जीजै॥
मैं न मरौं मरिबो संसारा। अब मोहि मिल्यो है जियावनहारा॥
या देही परमल महकंदा। ता सुख विसरे परमानंदा॥
कुअटा एकु पंच पनिहारी। टूटी लाजु भरै मतिहारी॥
कहि कबीर इकु बुद्धि विचारी। ना ऊ कुअटा ना पनिहारी॥७३॥

इसु तन मन मध्ये मदनचोर। जिन ग्यांनरतन हरि लीन मोर॥
मैं अनाथ प्रभु कहौं काहि। की कौन विगूतो मैं को आहि॥
माधव दारुन दुख सह्यो न जाइ। मेरो चपल बुद्धि स्यों कहा बसाइ॥
सनक सनंदन सिव सुकादि। नाभि कमल जाने ब्रह्मादि॥
कविजन जोगी जटाधारि। सब आपन औसर चले सारि॥
तू अथाह मोहि थाह नाहि। प्रभु दीनानाथ दुख कहौं काहि॥७४॥

सारिंगपानी=धनुषधारी राम। तिपा=प्यास।

७३ अवर मुये=और के मरने पर। सोग=शोक। जीजै=जीवे। परमल=सुगंध। महकंदा=महकती है। कुअटा=कुआँ, मन से आशय है। पंच पनिहारी=पाँचों इन्द्रियों से अभिप्राय है। लाजु=रस्सी।

७४ मदन=कामदेव। विगूतो=अड़चन, दिक्कत। बसाइ=वश, काबू। चले सारि=समाप्त करके चले।

क्या जप क्या तप क्या व्रत पूजा। जाकै रिदै भाव है दूजा ॥
रे जन, मन माधव स्यों लाइयै। चतुराई न चतुर्भुज पाइयै ॥
परिहरि लोभ अरु लोकाचार। परिहरि काम क्रोध अहंकार ॥
कर्म करत बद्धे अहमेव। मिल पाथर की करहीं सेव ॥
कहि कबीर भगति कर पाया। भोले भाइ मिले रघुराया ॥७५॥

गंगा के संग सलिता बिगरी। सो सलिता गंगा होइ निवरी ॥
बिगर्‌यो कबीरा राम दुहाई। साचु भयो अन कतहिं न जाई ॥
चन्दन कै सगि तरवर बिगर्‌यो। सो तरवर चन्दन ह्वै निबर्‌यो ॥
पारस के सँग ताँबा बिगर्‌यो। सो ताँबा कंचन ह्वै निबर्‌यो ॥
संतन संग कबीरा बिगर्‌यो। सो कबीर रांम ह्वै निबर्‌यो ॥७६॥

जो मै रूप किये बहुतेरे, अब फुनि रूप न होई।
तागा तंत साज सब थाका, रांम नांम बसि होई ॥
अब मोहि नाचनो न आवै। मेरा मन मंदरिया न बजावै ॥
काम क्रोध काया लै जारी, तृष्णा-गागरि फूटी।
काम-चोलना भया है पुराना, गया भरम सब छूटी ॥
सर्वभूत एकै करि जान्या, चूके बाद-बिवादा ॥
कहि कबीर मैं पूरा पाया, भये राम-परसादा ॥७७॥

निरधन आदर कोइ न देई। लाख जतन करै ओहु चित न धरेई ॥
जौ निरधन सरधन कै जाई। आगे बैठा पीठ फिराई ॥

---

७५ रिदै = हृदय। चतुराई = पाण्डित्य। बद्धे = बंधन में पड़े। भाउ = भाव।

७६ सलिता = सरिता, नदी। बिगरी = संगति में अपना रूप खो दिया। निवरी = परिणत हो गई। अनतहि = कहीं दूसरी जगह।

७७ फुनि = पुनः फिर। मंदरिया = एक प्रकार का बाजा। चोलना = चोला, लंबा ढीला कुर्ता; शरीर से भी आशय है।

जो सरधन निर्धन कै जाई। दीया आदर लिया बुलाई॥
निरधन सरधन दोनों भाई। प्रभु की कला न मेटी जाई॥
कहि कबीर निरधन है सोई। जाकै हिरदै नामन होई॥७८॥

पाती तोरै मालिनी, पाती पाती जीउ।
जिसु पाहन को पाती तोरै सो पाहनु निरजीउ॥
भूली मालिनी है एउ। सतिगुरु जागता है देउ॥
ब्रह्म पाती बिस्नु डारी फूल संकर देव।
तीन देव प्रतख्य तोरहिं करहि किसकी सेव॥
पषान गढिकै मूरति कीनी देकै छाती पाउ।
जे एइ मूरति साची है तो गड़णहारे को खाउ॥
भातु पहिति और लापसी करकरा कासारु।
भोगनुहारे भोगिया इसु मूरति के मुख छारु॥
मालिन भूली जग भुलाना हम भुलाने नाहिं।
कहि कबीर हम राम राखे कृपाकरि हरिराइ॥७९॥

राजा रांम तू ऐसा निर्भव तरनतारन रांमराया॥
जब हम होते तब तुम नाहीं अब तुम हहु हम नाहीं।
अब हम तुम एक भये हहिं एकै देखत मन पतियाहीं॥

---

७८ चित न धरेई = ध्यान में नहीं लाता। सरधन = धनी। कला = लीला।

७९ पाहन = पत्थर की मूर्ति। जागता = सजीव। देउ = देव। प्रतख्य = प्रत्यक्ष। सेव = सेवा-पूजा। देकै = रखकर। गड़णहारा = गढ़नेवाला, शिल्पी। पहिति = दाल। करकरा = खरा, अच्छा भुना हुआ। कासारु = कसार, एक प्रकार का पकवान। भोगनुहारे भोगिया = पुजारी खा गये।

८० निर्भव = निर्भय: अजन्मा से भी अभिप्राय है। हहु = हो। न ठ्याई = ठहरता नहीं। बुधि''पाई = चतुराई के बदले में सिद्धि प्राप्त हुई;

जब बुधि होती तब बल कैसा, अब बुधि बल न खटाई।
कहि कबीर बुधि हरि लई मेरी, बुधि बदली सिधि पाई ॥८०॥

संत मिलैं किछु सुनियै कहियै। मिलै असंत मष्ट करि रहियै॥
बाबा बोलना क्या कहियै। जैसे रामनाम रमि रहियै॥
संतन स्यों बोले उपकारी। मूरख स्यों बोले झख मारी॥
बोलत बोलत बढ़हि बिकारा। बिनु बोले क्या करहि बिचारा॥
कहि कबीर छूछा घट बोलै। भरिया होइ सु कबहुँ न डोलै॥८१॥

स्वर्ग बास न बाछियै, डरियै न नरक-निवासु।
होना है सो होइहै, मनहिं न कीजै आसु॥
रमय्या गुन गाइयै, जाते पाइयै परमनिधानु॥
क्या जप क्या तप संयमो क्या व्रत क्या इस्नानु॥
जब लग जुक्ति न जानियै भाव भक्ति भगवान॥
सम्पै देखि न हर्षियै बिपति देखि न रोइ।
ज्यों सम्पै त्यों बिपत है बिधि ने रच्या सो होइ॥
कहि कबीर अब जानिया भतन रिदै मंझारि।
सेवक सो सेवा भले जिह घट बसै मुरारि॥८२॥

संतन जात न पूछो निरगुनियाँ।
साध ब्राह्मन, साध छत्तरी, साधै जाती बनियाँ।
साधन माँ छत्तीस कौम है, टेढ़ी तोर पुछनियाँ।

चतुराई का यहाँ अभिमानपूर्ण पंडिताई अर्थ है।

८१ मष्ट=चुप। स्यों=से। बिकार=बिगाड़, झगड़ा। छूछा=[illegible]।

८२ बाछियै=इच्छा करे। सम्पै=सम्पत्ति [illegible]। रिदै=हृदय।

८३ पुछनियाँ=पूछना, प्रश्न। [illegible]

साधै नाऊ, साधै धोबी, साध जाति है बरियाँ।
साधन माँ रैदास संत हैं सुपच रिषी सो भँगियाँ।
हिन्दु-तुर्क दुइ दीन बने हैं, कछू नहीं पहचनियाँ ॥८३॥

निसदिन खेलत रही सखियन सँग, मोहि बड़ा डर लागै।
मोरे साहब की ऊँची अटरिया, चढ़त में जियरा काँपै ॥
जो सुख चहै तो लज्जा त्यागै, पिया सूं हिलमिल लागै।
घूंघट खोल अंगभर भेटे, नैन आरती साजै ॥
कहै कबीर सुनो सखि मोरी, प्रेम होय सो जानै।
निज प्रीतम की आस नहीं है, नाहक काजर पारै ॥८४॥

घर घर दीपक बरै, लखै नहिं अन्ध है।
लखत लखत लखि परै कटै जम-फंद है ॥
कहन-सुनन कछु नाहिं, नहीं कछु करन है।
जीते-जी मरि रहै, बहुरि नहिं मरन है ॥
जोगी पड़े वियोग कहैं घर दूर है।
पासहि बसत हजूर, तू चढ़त खजूर है ॥
बाह्मन दिच्छा देत सो घर घर घालिहै।
मूर सजीवन पास, तू पाहन पालिहै ॥
ऐसन साहब कबीर, सलोना आप है।
नहीं जोग नहिं जाप, पुन्न नहिं पाप है ॥८५॥

और सेवा का काम करती है। सुपच रिषि = सुदर्शन नामक श्वपच ऋषि से अभिप्राय है, जिनका उल्लेख महाभारत में आया है।

८४ अंग = अंक, छाती। काजर पारै = दीपक के धुवें की कालिख को किसी बरतन में जमाये; व्यर्थ सोहाग दिखाये।

८५ दीपक = आत्मज्योति से आशय है। पाहन पालिहै = पत्थर की मूर्तियों को पूजता है। सलोना = सुन्दर।

सतगुर सोइ दया करि दीन्हा। ताते अन-चिन्हार मैं चीन्हा॥
बिन पग चलना, बिन पर उड़ना, बिना चूँच का चुगना।
बिना नैन का देखन-पेखन, बिन सरवन का सुनना॥
चंद न सूर दिवस नहिं रजनी, तहाँ सुरत लौ लाई।
बिना अन्न अंमृत-रस भोजन, बिन जल तृषा बुझाई॥
जहाँ हरष तहाँ पूरन सुख है, यह सुख कासूं कहना।
कहै कबीर बल बल सतगुर की, धन्न सिष्य का लहना॥८६॥

नाचु रे मेरे मन, मत्त होइ।
प्रेम को राग बजाय रैन-दिन, सब्द सुनै सब कोइ।
राहु-केतु अरु नवग्रह नाचैं, जन्म जन्म आनंद होइ।
गिरी समुन्दर धरती नाचैं, लोक नाचै हँस रोइ।
छापा तिलक लगाइ बाँस चढ़, हो रहा जग से न्यारा।
सहस कला कर मन मेरो नाचै, रीझै सिरजनहारा॥८७॥

मन मस्त हुआ तब क्यों बोले।
हीरा पायो गाँठ गँठियायो, बारबार वाको क्यों खोले।
हलकी थी तब चढ़ी तराजू, पूरी भई तब क्यों तोले॥
सुरत कलारी भई मतवारी, मदवा पी गई बिन तोले।
हंसा पाये मानसरोवर, ताल-तलैया क्यों डोले॥
तेरा साहब है घर माहीं, बाहर नैना क्यों खोले।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, साहब मिल गये तिल-ओले॥८८॥

---

८६ चिन्हार = जान-पहचान। लहना = लाभ।

८७ बाँस चढ़ = प्रेम की सबसे ऊँची सीढ़ी पर चढ़कर; निर्विकल्प समाधि की शून्यावस्था पर पहुँचकर।

८८ सुरत कलारी = ध्यान या लौ-रूपी कलवारिन। तिल-ओले = [illegible] के तिल की ओट में।

मोहिं तोहिं लागी कैसे छूटे।
जैसे कमलपत्र जल-वासा, ऐसे तुम साहिव हम दासा॥
जैसे चकोर तकत निस चंदा, ऐसे तुम साहिव हम वंदा॥
मोहि तोहि आदि अंत वन आई, कैसेकै लगन हम दुराई॥
कहै कवीर हमरा मन लागा, जैसे सरिता सिंध समाई॥८६॥

जाग पियारी, अव का सोवै। रैन गई दिन काहेको खोवै॥
जिन जागा तिन मानिक पाया। तैं वौरी सव सोय गँवाया॥
पिय तेरे चतुर तू मूरख नारी। कवहुँ न पिय की सेज सँवारी॥
तैं वौरी वौरापन कीन्ही। भर-जोवन पिय अपन न चीन्ही॥
जाग देख पिय सेज न तेरे। तोहि छाँडि उठि गये सवेरे॥
कहै कवीर सोई धन जागै। सव्द-वान उर-अंतर लागै॥९०॥

सन्तो, सहज समाधि भली।
साँइ तें मिलन भयो जा दिन तें, सुरत न अन्त चली॥
आँख न मूँदूँ कान न रूँधूँ, काया कष्ट न धारूँ।
खुले नैन मैं हँस-हँस देखूँ, सुन्दर रूप निहारूँ॥
कहूँ सो नाम, सुनूँ सो सुमिरन, जो कछु करूँ सो पूजा।
गिरह-उद्यान एक सम देखूँ, भाव मिटाऊँ दूजा॥
जहँ जहँ जाऊँ सोई परिकरमा, जो कछु करूँ सो सेवा।
जव सोऊँ तव करूँ दण्डवत, पूजूँ और न देवा॥

---

८६ लागी=लगन, प्रीति। तकत=एकटक देखती है। दुराई=छिपे।

९० मानिक=लाल रंग का एक रत्न; यहाँ प्रियतम से आशय है। धन=स्त्री।

९१ अन्त=अनत, अन्यत्र। रूँधूँ=वंद करता हूँ। कहूँ सो नाम=जो कुछ वोलता हूँ, वही नाम-जप हो जाता है। गिरह-उद्यान=घर और वन। भाव दूजा=द्वैतभाव। परिकरमा=परिक्रमा, प्रदक्षिणा। जव सोऊँ...

सब्द निरन्तर मनुआ राता, मलिन वचन को त्यागी।
ऊठत-बैठत कबहुँ न बिसरै, ऐसी तारी लागी॥
कहै कबीर यह उन्मुनि रहनी, सो परगट कर गाई।
सुख-दुख के इक परे परमसुख तेहि में रहा समाई॥९१॥

भक्ति का मारग झीना रे।
नहिं अचाह नहिं चाहना, चरनन लौ-लीना रे॥
साधन के रस-धार में रहै निस दिन भीना रे।
राग में स्रुत ऐसे बसै, जैसे जल मीना रे॥
साँई-सेवन में देत सिर, कुछ बिलम न कीना रे।
कहै कबीर मत भक्ति का, परगट कर दीना रे॥९२॥

साँई से लगन कठिन है भाई।
जैसे पपीहा प्यासा बूँद का, पिया पिया रट लाई।
प्यासे प्राण तड़फै दिनराती, और नीर ना भाई।
जैसे मिरगा सब्द-सनेही, सब्द सुनन को जाई।
सब्द सुनै और प्रानदान दे, तनिको नाहिं डराई।
जैसे सती चढ़ी सत-ऊपर, पिया की राह मन भाई।
पावक देख डरै वह नाहीं, हँसत बैठे सदा माई।
छोड़ो तन अपने की आसा, निर्भय ह्वै गुन गाई।
कहत कबीर सुनो भाई साधो नाहिं तो जन्म नसाई॥९३॥

दण्डवत = पैर फैलाकर सो जाना ही मेरा दण्डवत प्रणाम है। तारी = समाधि, ध्यान। उन्मुनि योग = उन्मनी मुद्रा : मौनावस्था। सुख-दुख = सांसारिक सुख-दुःख। परमसुख = ब्रह्म-सुख।

९२ झीना = बड़ा बारीक। भीना = भीगा हुआ विभोर। राग = अनुराग परम प्रेम। स्रुत = सुरत, ध्यान, लौ।

९३ माई = उमाह या उमंग में।

जब मैं भूला रे भाई, मेरे सतगुरु जुगत लखाई।
किरिया-करम-अचार मैं छाँडा, छाँडा तीरथ का न्हाना।
सगरी दुनिया भई सयानी, मैं ही इक बौराना।
ना मैं जानूँ सेवा-बंदगी, ना मैं घंट बजाई।
ना मैं मूरत धरि सिंघासन, ना मैं पुहुप चढ़ाई।
ना हरि रीझै जप तप कीन्हे, ना काया के जारे।
ना हरि रीझै धोती छाँड़े, ना पाँचों के मारे।
दाया राखि धरम को पालै, जगसूं रहै उदासी।
अपना-सा जिव सबको जानै, ताहि मिलै अविनासी।
सहै कुसब्द बाद को त्यागै, छाँडै गर्व-गुमांना।
सत्तनाम ताही को मिलिहैं कहै कबीर दिवांना ॥९४॥

मन न रँगाये, रँगाये जोगी कपरा।
आसन मारि मंदिर में बैठे, ब्रह्म छाड़ि पूजन लागे पथरा ॥
कनवा फड़ाय जोगी जटवा बढ़ौले, दाढ़ी बढ़ाय जोगी होइ गैले बकरा।
जंगल जाय जोगी धुनिया रमौले, काम जलाय जोगी होइ गैले हिजरा ॥
मथवा मुँडाय जोगी कपरा रँगैले, गीता बाँचके होइ गैले लबरा।
कहहिं कबीर सुनो भाई साधो, जम-दरवजवा बाँधल जैबे पकरा ॥९५॥

जो खोदाय मसजीद बसतु है और मुलुक केहिकेरा।
तीरथ-मूरत रांम-निवासी, बाहर केहिका डेरा।

---

९४ जुगत=योग-युक्ति। अचार=आचार। धोती छाँड़े=धोती उतारकर लँगोटी लगाने से। पाँचों के मारे=पाँचों ज्ञानेन्द्रियों को वश में करने से। उदासी=अनासक्त।

९५ धुनिया रमौले=धूनी रमा ली, सामने आग जलाकर शरीर को तपाने या तप करने बैठ गये। लबरा=झूठा, बकवादी।

पूरब दिसा हरी को बासा, पच्छिम अलह मुकामा ।
दिल में खोज दिलहिमे खोजो इहैं करीमा रामा ।
जेते औरत-मरद उपानी सो सब रूप तुम्हारा ।
कबीर पोंगड़ा अलह-राम का सो गुरु पीर हमारा ॥९६॥

वेद कहे सरगुन के आगे निरगुन का बिसराम ॥
सरगुन-निरगुन तजहु सोहागिन, देख सबहि निज धाम ।
सुख-दुख वहाँ कछू नहिं ब्यापे, दरसन आठों जाम ॥
नूरै ओढ़न नूरै डासन, नूरै का सिरहान ।
कहै कबीर सुनो भई साधो, सतगुरु नूर तमाम ॥९७॥

कहै कबीर सुनो हो साधो, अमृत-वचन हमार ।
जो भल चाहो आपनो, परखो, करो विचार ॥
जे करता ते ऊपजै, तासों परि गयो बीच ।
अपनी बुद्धि विवेक-बिन सहज बिसाही मीच ॥
यहिमेते सब मत चलै, यही चल्यो उपदेस ।
निस्चय गहि निर्भय रहो सुन परम तत्त संदेस ॥
केहि गावो केहि धावहू, छोड़ो सकल धमार ।
यहि हिरदे सबकोइ बसै, क्यो सेवो सुन्न उजाड़ ॥

---

९६ डेरा = निवास । करीम = कृपालु, परमेश्वर । उपानी = उत्पन्न हुए ।
पोंगडा = मूर्ख चेला ।

९७ सरगुन = सगुण । बिसराम = नित्यस्थान । नूर = [illegible] । डासन =
बिछौना । सिरहान = तकिया ।

९८ जे करता तें = जिस सिरजनहार से । बीच = अन्तर, भेद । [illegible] = [illegible]
लेली । केहि धावहू = किसकी आशा मे दौड़ते हो ? धमार = [illegible],

दूरहि करता थापिकै, करी दूर की आस।
जो करता दूरै हुते, तो को जग सिरजै आन॥
जो जानो यहँ है नहीं, तो तुम धावो दूर।
दूर से दूरहि भ्रमि-भ्रमि निष्फल मरो विसूर॥
दुरलभ दरसन दूर के, नियर सदा सुख वास।
कहै कबीर मोहिं व्यापिया, मति दुख पावै दास॥
आप अपनपौ चीन्हहू नखसिख सहित कबीर।
आनंद मंगल गावहू, होहि अपनपौ थीर॥६८॥

सत्त नाम है सबतैं न्यारा। निर्गुन सगुन सब्द पसारा॥
निर्गुन बीज सगुन फल-फूला। साखा ग्यान, नाम है मूला॥
मूल गहे तें सब सुख पावै। डाल पात मे मूल गँवावै॥
साँई मिलानी सुक्ख दिलानी। निर्गुन-सगुन भेद मिटानी॥६९॥

नैहर से जियरा फाट रे।
नैहर-नगरी जिसकी बिगड़ी, उसका क्या घर-बाट रे।
तनिक जियरवा मोर न लागै, तनमन बहुत उचाट रे।
या नगरी में लख दरवाजा, बीच समुन्दर घाट रे।
कैसेकै पार उतरिहैं सजनी, अगम पंथ का पाट रे।
अजब तरह का बना तँबूरा, तार लगे मन मात रे।
खूँटी टूटी तार बिलगाना, कोउ न पूछत बात रे।
हँस हँस पूछै मातुपितासों, भोरें सासुर जाव रे।
जो चाहैं सो वोही करिहैं, पत वाही के हाथ रे।

उछल-कूद। सुन्न उजाड़=निर्जन वन में। विसूर=चिंता और दुःख करके। अपनपौ=आत्मस्वरूप। थीर=स्थिर, प्रशान्त।

१०० नैहर=मायका; इस लोक से एवं शरीर से अभिप्राय है। पाट=चौड़ाव;

न्हाय-धोय दुलहिन होय बैठी, जोहै पिय की बाट रे।
तनिक घुँघटवा दिखाव सखी री, आज सोहाग की रात रे।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, पिया-मिलन की आस रे।
भोरे होत बंदे याद करोगे, नींद न आवे खाट रे ॥१००॥

अवधू, बेगम देस हमारा।
राजा-रंक फकीर-बादसा, सबसे कहौं पुकारा।
जो तुम चाहो परम-पद को, बसिहो देस हमारा।
जो तुम आये झीने होके, तजदो मन की भारा।
ऐसी रहन रहो रे प्यारे, सहजै उतर जावो पारा॥
धरन-अकास-गगन कछु नांहीं, नहीं चन्द्र नहिं तारा।
सत्त-धर्म की हैं महताबें, साहेब के दरबारा।
कहैं कबीर सुनो हो प्यारे, सत्त-धर्म है सारा ॥१०१॥

माया महा ठगनी हम जानी।
तिरगुन फांसि लिये कर डोलै, बोलै मधुरी बानी।
केसव के कमला होइ बैठी, सिव के भवन भवानी।
पंडा के मूरत होइ बैठी, तीरथहू में पानी।
जोगी के जोगिन होइ बैठी, राजा के घर रानी।

फैलाव। खूंटी ··बिलगाना=देह से प्राण अलग होने पर। भोरे=भोले ही। सासुर=ससुराल, प्रियतम का घर। पत=लाज।

१०१ अवधू=अवधूत, साधु। बेगम=जहाँ गति या पहुँच न हो। झीने होके=सूक्ष्म अर्थात् अहंकारशून्य होकर। भारा=[illegible]। महताब=एक प्रकार की रंगीन रोशनी जो रात में, नली में मसाले भरकर जलाई जाती है।

काहू के हीरा होइ बैठी, काहू के कौड़ी कानी।
भक्तन के भक्तिन होइ बैठी, ब्रह्मा के ब्रह्मानी।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, यह सब अकथ कहानी ॥१०२॥

बहुरि नहिं आवना या देस।
जो-जो गये बहुरि नहिं आये, पठवत नाहिं सँदेस।
सुर-नर-मुनि और पीर औलिया, देवी-देव गनेस।
धरि-धरि जन्म सबै भरमे हैं, ब्रह्मा-बिस्नु-महेस।
जोगी जंगम और संन्यासी, दीगम्बर दरवेस।
चुंडित-मुंडित-पंडित लोई, सुर्ग रसातल सेस।
ग्यानी गुनी चतुर औ कविना, राजा रंक नरेस।
कोइ रहीम कोइ राम बखानै, कोइ कहै आदेस।
नाना भेष बनाय सबै मिलि, ढूंढि फिरे चहुँ देस।
कहै कबीर अंत ना पैहो, बिन सतगुरु उपदेस ॥१०३॥

पांडे, बूझि पियहु तुम पानी।
जिहि मटिया के घरमहँ बैठे, तामहँ सिस्टि समानी।
छपन कोटि यादव जहँ सीजे, मुनिजन सहस अठासी।
पैग पैग पैगंबर गाड़े, सो सब सरि भौ माटी।
तेहि मटिया के भांड़े पाँड़े, बूझि पियहु तुम पानी।

---

१०२ निरगुन = सत्त्व, रज और तम ये तीन गुण। कमला = लक्ष्मी। कानी = फूटी, झंझी, छेदवाली।

१०३ औलिया = पहुँचा हुआ फकीर। जंगम = घूमनेवाले साधु। दरवेस = फकीर। चुंडित = चोटीवाला। लोई = लोग। आदेस = ईश्वर की आज्ञा · इलहाम।

१०४ सिस्टि = सृष्टि। सीजे = गल गये, खप गये। पैग पैग = पग-पग पर।

कच्छ मच्छ-घरियार वियाने, रुधिर नीर जल भरिया।
नदिया नीर नरक वहि आवै, पसु-मानुस सब सरिया ॥
हाड़ झरी-झरि गूद गरी-गरि, दूध कहाँ ते आया।
सो लै पाँडे जेवन वैठे, मटियहिं छूति लगाया ॥
वेद-कितेव छाँडि देउ पाँडे, ई सब मन के भरमा।
कहहिं कबीर सुनहु हो पाँडे, ई तुम्हरे हैं करमा ॥१०४॥

साधो, पाँडे निपुन कसाई।
वकरी मारि भेड़ि को धाये, दिल में दरद न आई।
करि अस्नान तिलक दै वैठे, विधि सों देवि पुजाई।
आतम मारि पलक में विनसे, रुधिर की नदी वहाई।
अति पुनीत ऊँचे कुल कहिये, सभा माहिं अधिकाई।
इनसे दिच्छा सब कोई माँगै, हँसि आवै मोहिं भाई।
पाप-कटन को कथा सुनावैं, करम करावैं नीचा।
बूड़त दोउ परस्पर दीखे, गहे बाँहि जम खींचा।
गाय वधै सो तुरुक कहावै यह क्या इनसे छोटे।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो, कलि में बाम्हन खोटे ॥१०५॥

दुलहिन, अँगिया काहे न धोवाई।
वालपने की मैली अँगिया विषय-दाग परि जाई।
विन धोये पिय रीझत नाहीं सेज तें देत गिराई।

बूझि = जाति पूछकर। वियाने = पैदा हुए। नरक = [illegible]। [illegible] = सड़ गये। झरी-झरि = झर-झरकर। गूद = गूदा [illegible] भेजा। गरी-गरि = गल-गलकर।

१०५ पाँडे = पशु-बलि देनेवाले शाक्त पुजारी [illegible]। [illegible] प्रतिष्ठा। दिच्छा = मंत्र-दीक्षा। खोटे = [illegible]।

सुमिरन ध्यान कै साबुन करिले, सत्तनाम दरियाई।
दुविधा के भेद खोल बहुरिया, मन कै मैल धोवाई।
चेत करो तीनों पन बीते, अब तो गवन नगिचाई।
पालनहार द्वार हैं ठाढ़े अब काहे पछिताई।
कहत कबीर सुनो री बहुरिया, चित अंजन दे आई ॥१०६॥

साधो, देखो जग बौराना।
साँची कहौं तौ मारन धावै, झूंठे जग पतियाना ॥
हिन्दू कहत है राम हमारा, मुसलमान रहमाना।
आपसमें दोउ लड़े मरतु हैं, मरम कोइ नहि जाना ॥
बहुत मिले मोहिं नेमी धर्मी, प्रात करैं असनाना।
आतम-छोड़ि पषानैं पूजैं, तिनका थोथा ग्याना ॥
आसन मारि डिंभ धरि बैठे मन में बहुत गुमाना।
पीपर-पाथर पूजन लागे, तीरथ बर्त्त भुलाना ॥
माला पहिरे टोपी पहिरे, छाप-तिलक अनुमाना।
साखी सब्दै गावत भूले, आतम खबर न जाना ॥
घर घर मत्र जो देत फिरत हैं माया के अभिमाना।
गुरुवा सहित सिष्य सब बूड़े अंतकाल पछिताना ॥
बहुतक देखे पीर-औलिया पढ़ें किताब-कुराना।
करैं मुरीद कबर बतलावैं, उनहूँ खुदा न जाना ॥

---

१०६ अँगिया=चोली; यहाँ मन की मलिन वृत्ति या वासना से आशय है। बहुरिया=बहू, वधू। गवन नगिचाई=गौना; अर्थात् मरण समीप आ गया है।

१०७ पतियाना=विश्वास करता है। मरम=असल भेद। पषानैं=पत्थर की मूर्ति को। थोथा=सारहीन। डिंभ=दंभ, पाखंड। बर्त=व्रत। मुरीद=चेला।

हिन्दु की दया मेहर तुरकन की दोनों घर से भागी।
वह करै जिबह वाँ झटका मारैं आग दोऊ घर लागी।
या विधि हँसी चलत है हमको आप कहावैं स्याना।
कहै कबीर सुनो भई साधो, इनमें कौन दिवाना ॥१०७॥

वै क्यू कासी तजैं मुरारी। तेरी सेवा-चोर भये बनवारी ॥
जोगी जती तपी संन्यासी। मठ-देवल बसि परसैं कासी ॥
तीन बार जे नितप्रति न्हावैं। काया भीतरि खबरि न पावैं ॥
देवल देवल फेरी देहीं। नाम निरंजन कबहुँ न लेहीं ॥
तरन-बिरद कासी कों न देहूं। कहै कबीर भल नरकहि जैहूं ॥१०८॥

तलफै बिन बालम मोर जिया।
दिन नहिं चैन रात नहिं निंदिया, तलफ-तलफके भोर किया ॥
तन मन मोर रहंट-अस डोलै, सून सेज पर जनम छिया।
नैन थकित भये पथ न सूझै, साँई बेदरदी सुध हू न लिया।
कहत कबीर सुनो भई साधो, हरो पीर दुख जोर किया ॥१०९॥

नाम-अमल उतरै ना भाई।
और अमल छिन-छिन चढ़ि उतरै, नाम-अमल दिन बढ़ै सवाई।

स्याना=सयाना, समझदार। दिवाना=दीवाना, पागल [illegible]।

१०८ बनवारी=बनमाली, विष्णु का एक नाम। [illegible] शरीर के भीतर कितना मल-मूत्र भरा है। फेरी=परिक्रमा। [illegible] संसार से मुक्त होने का यश।

१०९ छिया=मलिन, घृणित [illegible] सकता है।

११० अमल=नशा। [illegible]

देखत चढ़ै सुनत हिय लागै, सुरत किये तन देत घुमाई।
पियत पियाला भये मतवाला, पायो नाम, मिटी दुचिताई॥
जो जन नाम अमल-रस चाखा, तर गई गनिका सदन कसाई।
कहै कबीर गूँगे गुड़ खाया, बिन रसना का करै बड़ाई॥११०॥

करो जतन सखी साँई मिलन की।
गुड़िया गुड़वा सूप सुपलिया, तजिदे बुधि लरिकैयाँ खेलन की॥
देवता पित्तर भुइयाँ भवानी, यह मारग चौरासी चलन की।
ऊंचा महल अजब रँग बंगला, साईं की सेज वहाँ लागी फूलन की॥
तन मन धन सब अर्पन कर वहाँ, सुरत सम्हार परूँ पइयाँ सजन की।
कहै कबीर निर्भय होय हंसा, कुंजी बता द्यों ताला खुलन की॥१११॥

दरस-दिवाना बावरा अलमस्त फकीरा।
एक अकेला ह्वै रहा अस मत का धीरा॥
हिरदे में महबूब है हरदम का प्याला।
पीयेगा कोई जौहरी गुरुमुख मतवाला॥
पियत पियाला प्रेम का सुधरे सब साथी।
आठ पहर झूमत रहैं जस मैगल हाथी॥
बंधन काटे मोह के बैठा निरसंका।
वाके नजर न आवता क्या राजा क्या रंक॥

देत घुमाई=चक्कर खिला देता है। दुचिताई=चित्त की अस्थिरता, दुविधा।

१११ गुड़िया··सुपलिया=लड़कियों के खेलने के खिलौने। बुधि=बुद्धि, स्वभाव। चौरासी चलन की=चौरासी लाख योनियों में जन्म लेने की। अजबरँग=अद्भुत शोभा। सजन=स्वामी। हंसा=मुक्त जीवात्मा से अभिप्राय है।

११२ अलमस्त=मतवाला, वेहोश, निर्द्वन्द्व। महबूब=प्रियतम। हरदम का

धरती आसन किया, तबू असमाना ।
चोला पहिरा खाक का, रह पाक समाना ।।
सेवक को सतगुरु मिले कछु रही न तबाही ।
कहै कबीर निज घर चलो, जहँ काल न जाही ।।११२।।

सोच-समुझ अभिमानी, चादर भई है पुरानी ।।
टुकड़े-टुकड़े जोड़ि जगत सों, भींके अंग लिपटानी ।
कर डारी मैली पापन सों, लोभ-मोह में सानी ।।
ना यहि लग्यो ग्यानके साबुन, ना धोई भल पानी ।
सारी उमिर ओढ़ते बीती, भली बुरी नहिं जानी ।
सका मान जान जिय अपने, यह है वस्तु बिगानी ।
कहत कबीर धरि राखु जतन ते, फेर हाथ नहिं आनी ।।११३।।

पीले प्याला हो मतवाला, प्याला नाम-अमीरस का रे ।
बालपना सब खेलि गँवाया, तरुन भया नारी-बस का रे ।
बिरध भया कफ बायने घेरा, खाट पड़ा न जाय खसका रे ।
नाभिकँवल बिच है कस्तूरी, जैसे मिरग फिरे बन का रे ।
बिन सतगुरु इतना दुख पाया, बैद मिला नहिं इस तन का रे ।
मात-पिता बंधू सुत तिरिया, संग नहिं कोई जाय सका रे ।

प्याला=[illegible] नाम से छलकता हुआ प्रेम-रस । [illegible]=[illegible] आत्मा में लीन हो रहा है ।

११३ चादर=देह से अभिप्राय है । बिगानी=पराई । [illegible] भजन करके इसे जन्म-मरण से बचाले । [illegible] मनुष्य देह मिलने की नहीं ।

११४ बाय=वायु । [illegible]

जबलग जीवै गुरु गुन लेगा, धन जोबन है दिन दस का रे।
चौरासी जो उबरा चाहे, छोड कामिनी का चसका रे।
कहै कबीर सुनो भई साधो, नखसिख पूर रहा बिस का रे ॥११४॥

खेल ले नैहरवा दिन चार।
पहिली पठौनी तीन जन आये, नौवा बाम्हन बारि।
बाबुलजी, मैं पैयाँ तोरी लागौं अबकी गवन दे टारि॥
दुसरी पठौनी आपै आये, लेके डोलिया कहार।
धरि बहियाँ डोलिया बैठारिन, कोउ न लागै गोहार॥
ले डोलिया जाइ बन में उतारनि, कोइ नहीं संगी हमार।
कहै कबीर सुनो भई साधो, इक घर हैं दस द्वार ॥११५॥

तोको पीव मिलैगें घूँघट के पट खोल रे।
घट-घट में वही साइँ रमता, कटुक वचन मत बोल रे॥
धन जोबन का गरब न कीजै, झूठा पंचरंग चोल रे।
सुन्न महल में दियना बार ले, आसन सों मत डोल रे॥
जोग जुगत सों रंगमहल मे, पिय पायो अनमोल रे।
कहैं कबीर आनंद भयौ है, बाजत अनहद ढोल रे ॥११६॥

साहेब है रंगरेज चुनरी मेरी रँग डारी।
स्याही रंग छुड़ायके रे दियो मजीठा रंग।

चसका=चाट, लत।

११५ नैहरवा=पीहर, मायका- इहलोक एवं शरीर से अभिप्राय है। बाबुल=बाबू, पिता। गवन=गौना : यहाँ मरण-यात्रा से अभिप्राय है। धरि बहियाँ= बाहँ पकडकर। गोहार=पुकार। घर=शरीर मे आशय है।

११६ पंचरंग चोल=पंचतत्त्व का रचा शरीर।

धोये से छूटे नहीं रे, दिन दिन होत सुरंग ॥
भाव के कुण्ड नेह के जल में प्रेमरंग दई बोर।
दुख देइ मैल छुटाय दे रे, खूब रँगी झकझोर ॥
साहिबने चुनरी रंगी रे, पीतम चतुर सुजान।
सब कुछ उनपर वारदूँ रे, तन मन धन औ प्रान ॥
कहैं कबीर रंगरेज पियारे मुझपर हुए दयाल।
सीतल चुनरी ओढ़िके रे, भई हौं मगन निहाल ॥११७॥

अरे, इन दोहुन राह न पाई ॥
हिन्दू अपनी करै बड़ाई, गागर छुवन न देई।
वेस्या के पायन तर सोवै यह देखो हिन्दुआई ॥
मुसलमान के पीर औलिया मुर्गी मुर्गा खाई।
खाला केरी बेटी ब्याहै घरहिं में करै सगाई ॥
बाहर से इक मुर्दा लाये धोय धाय चढ़वाई।
सब सखियाँ मिलि जेमन बैठीं, घर-भर करै बड़ाई ॥
हिंदुन की हिंदुवाई देखी तुरकन की तुरकाई।
कहै कबीर सुनो भाई साधो, कौन राह ह्वै जाई ॥११८॥

दुई जगदीस कहाँ ते आया, कहु कवने भरमाया।
अल्लह-राम करीमा केसौ, हरि हजरत नाम धराया ॥

---

११७ मजीठ=एक लता जिसकी सूखी जड़ और डंठलों से [illegible] लाल रंग तैयार किया जाता है। [illegible]=लाल, [illegible]। [illegible]
शान्ति देनेवाली, ताप दूर करनेवाली।

११८ खाला केरी=मौसी की। मुर्दा=[illegible] [illegible]। [illegible]
देगचों में पकाया।

गहना एक कनक तें गढ़ना, इनि महँ भाव न दूजा।
कहन सुनन को दुइ करि थापिन, इक निमाज इक पूजा ॥
वही महादेव वही महंमद ब्रह्मा-आदम कहिये।
को हिन्दू को तुरक कहावै, एक जिमीं पर रहिये।
वेद-किताव पढ़े वे कुतुवा, वे मोलना वे पाँडे।
वेगरि-वेगरि नाम धराये एक मटिया के भाँडे ॥
कहहि कवीर वे दूनौं भूले, रामहिं किनहुँ न पाया।
वै खस्सी वे गाय कटावैं बादहिं जन्म गंवाया ॥११६॥

यह जग अंधा मैं केहि समुझावों ॥
इक-दुइ होंय उन्हैं समुझावौं सब ही भुलाना पेट के धंधा।
पानी के घोड़ा पवन असवरवा ढरकि परै जस ओस के बुंदा ॥
गहिरी नदिया अगम बहै धरवा, खेवनहारा पड़िगा फंदा।
घर की वस्तु निकट नहिं आवत दियना बारिके ढूंढ़त अंधा ॥
लागी आग सकल वन जरिगा विन गुरुग्यान भटकिया वंदा।
कहै कवीर सुनो भई साधो, एक दिन जाय लगोटी झार वंदा ॥१२०॥

तेहि साहव के लागो साथा। दुइ-दुख मेटिके होइ सनाथा ॥
दसरथ-कुल अवतरि नहिं आया। नहिं लंका के राय सताया ॥
नहिं देवकि के गर्भहिं आया। नहीं जसोदा गोद खिलाया ॥

---

११६ कवने भरमाया=किसने भ्रम में डाल दिया। केसो=केशव। कनक=सोना। दुइ करि थापिन=दो बनाकर खड़े कर दिये। वेगरि-वेगरि=अलग-अलग। खस्सी=वकरा। वादहिं=व्यर्थ ही।

१२० असवरवा=सवार। पानी के घोड़ा=क्षणभंगुर देह से आशय है। पवन असवरवा=प्राण-वायु से आशय है। धरवा=धार। वंदा=सेवक, जीव।

१२१ दुइ-दुख=द्वैतभाव-जनित दुःख। पृथ्वी-रमन''करिया=राजाओं को

पृथ्वीरमन दमन नहिं करिया । पैठि पताल नहीं बलि छलिया ॥
नहिं बलिराय सों मॉडी रारी । नहिं हिरनाकुस बधल पछारी ॥
रूप बराह धरणि नहिं धरिया । छत्री मारि निछत्री न करिया ॥
नहिं गोवर्धन कर पर धरिया । नहीं ग्वाल सँग बन बन फिरिया ॥
गंडक सालग्राम न सीला । मत्स्य कच्छ ह्वै नहिं जल हीला ॥
द्वारावती सरीर न छॉडा । लै जगनाथ पिंड नहिं गाड़ा ॥
कहहिं कबीर पुकारिकै, वा पथे तू मत भूल ॥
जेहि राखे अनुमान करि थूल नहीं असथूल ॥१२१॥

राम-गुण न्यारो न्यारो न्यारो ।
अबुझा लोग कहॉलौं बूझैं बूझनहार विचारो ॥
केते रामचंद्र तपसी-से जिन जग यह विरमाया ।
केते कान्ह भये मुरलीधर. तिन भी अंत न पाया ॥
मच्छ, कच्छ, वाराहस्वरूपी. वामन नाम धराया ।
केते बौध भये निकलकी. तिन भी अंत न पाया ॥
केतिक सिध साधक संन्यासी जिन बनवास बसाया ।
केते मुनिजन गोरख कहिये, तिन भी अंत न पाया ॥

पराजित नहीं किया । बधल पछारी=पछाड़कर मारा । [illegible]
गंडकी नदी में पाई जानेवाली [illegible] ।
हीला=प्रवेश किया । थूल=स्थूल [illegible]
वाणी से ही [illegible] है । असथूल=[illegible]
की गति नहीं ।

१२२ न्यारो=निराला. अलौकिक । [illegible] । [illegible]
पैदा रचा । बौध=बुद्ध [illegible] । [illegible]

जाकी गति ब्रह्मै नहिं पाये सिव सनकादिक हारे।
ताके गुन नर कैसे पैहौ, कहै कवीर पुकारे ॥१२२॥

मोको कहाँ ढूँढ़ो वंदे मैं तो तेरे पास में।
ना मैं वकरी ना मैं भेड़ी, ना मैं छुरी गँड़ास मे॥
नहीं खाल में नहीं पोंछ में, ना हड्डी ना माँस में।
ना मैं देवल ना मैं मसजिद, ना कावे कैलास में॥
ना तो कौनो क्रिया-कर्म में, नहीं जोग-वैराग में।
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं पलभर की तालास में॥
मैं तो रहौं सहर के वाहर, मेरी पुरी मवास में।
कहै कवीर सुनो भाई साधो सव साँसों की साँस में ॥१२३॥

चल सतगुरु की हाट, ग्यान वुधि लाइए।
कर साहव सों हेत, परमपद पाइए॥
सतगुरु सव कछु दीन, देन कछु नहिं रह्यो।
हमहिं अभागिन नारि, छोरि सुख दुख लह्यो॥
गई पिया के महल, हिया अँग ना रची।
रह्यो कपट हिय छाय मान लज्जा भरी॥
जहाँ गैल सिलहिली, चढ़ौं गिरि-गिरि परौं।
उहुँठ सम्हारि सम्हारि, चरण आगे धरौ॥
पिया-मिलन की चाह कौन तेरं लाज है।

विष्णु का भावी दसवाँ अवतार।

१२३ गँडास=गंडासा, घास के टुकड़े करने का हथियार। खोजी=सत्य-शोधक मवास=दुर्गम गढ़ ; अंतरात्मा से आशय है। सहर के वाहर=पंच-भौतिक सृष्टि से परे।

१२४ छोरि=छोड़कर। रची=प्रेम में रँगी। गैल=राह। सिलहिली=फिस-

अधर मिलो किन जाय भला दिन आज है।
भला बना सजोग प्रेम का चोलना।
तन मन अरपौ सीस साहब हँस बोलना ॥
जो गुरु रूठे होंय तो तुरत मनाइए।
हुइए दीन अधीन चूकि बगसाइए ॥
जो गुरु होंय दयाल दया दिल हेरिहैं।
कोटि करम कटि जायँ पलक छिन फेरिहैं ॥
कह कबीर समुझाय समुझ हिरदै धरो।
जुगन-जुगन करु राज कुमति अस परिहरो ॥१२४॥

जेहि कुल भगत भाग बड़ होई।
अबरन बरन न गनिय रंक धनि. बिमल बास निज सोई ॥
बाम्हन छत्री बैस सूद्र सब भगत समान न कोई।
धन वह गांव ठांव अस्थाना है पुनीत संग लोई ॥
होत पुनीत जपै सतनामा. आपु तरै तारै कुल दोई।
जैसे पुरइन रह जल भीतर, कह कबीर जग में जन सोई ॥१२५॥

कैसे दिन कटिहैं जतन बताये जइयो।
एहि पार गंगा वोही पार जमुना,
बिचवां मड़इया हमका छवाये जइयो ॥

लनेवाली. रसीली। अधर=निराधार [illegible]
अवस्था। चोलना=चोला।

१२५ लोई=लोग। पुरइन=कमल का [illegible]
रहता है। जन सोई=वही [illegible] है।

१२६ एहि पार छवाये जइयो=[illegible]

अंचरा फारिके कागद बनाइन,
अपनी सुरतिया हियरे लिखाये जइयो ॥
कहत कबीर सुनो भाई साधो,
बहियां पकरि के रहिया बताये जइयो ॥१२६॥

हूँ वारी, मुख फेरि पिया रे। करवट दे मोहिं काहे को मारे ॥
करवत भला, न करवट तेरी। लाग गरे सुन विनती मेरी ॥
हम तुम बीच भया नहिं कोई। तुमहि सो कंत, नारि हम सोई ॥
कहत कबीर सुनो नर लोई। अब तुम्हरी परतीत न होई ॥१२७॥

पंडित वाद वदौ सो झूठा।
राम के कहे जगत गति पावै, खाँड कहे मुख मीठा ॥
पावक कहे पाँव जो दाझै, जल कहे तृखा बुझाई।
भोजन कहे भूख जो भागै, तो दुनियां तरि जाई ॥
नर के संग सुवा हरि बोलै, हरि-प्रताप नहिं जानै।
जो कबहूँ उड़िजाय जंगल को, तौ हरि-सुरति न आनै ॥
बिनु देखे बिनु अरस परस बिनु, नाम लिये का होई।
धन के कहे धनिक जो होतो, निरधन रहत न कोई ॥
साँची प्रीति विषय-माया सों, हरि-भगतन की हाँसी।
कह कबीर एक राम भजे बिन बाँधे जमपुर जासी ॥१२८॥

का अर्थ है पिंगला नाड़ी। इन दोनों के बीच है सुषुम्णा। यह योगियों की सहज शून्यावस्था है, यहां पर मढ़ैया छा देने के लिए कहा गया है। सुरतिया=सुध, लौ। रहिया=राह : सुरत-मार्ग।

१२७ हूँ वारी=मैं बलैयां लेती हूँ। करवत=लकड़ी चीरने का बड़ा आरा। बीच=भेद डालनेवाला। लोई=लोगो।

१२८ गति=मोक्ष। दाझै=जले। अरस=मिलन। हाँसी=मज़ाक, अपमान। जासी=जाओगे।

फिरहु का फूले फूले फूले ।
जो दस मास अरधमुख झूले, सो दिन काहे भूले ।
ज्यों माखी स्वादै लाहि विहरै सॉचि-सॉचि धन कीन्हा ।
त्यौं ही पीछे लेहु लेहु करि भूत रह न कछु दीन्हा ॥
देहरी लौं वर नारि संग है, आगे संग सहेला ।
मृतक-थान सँग दियो खटोला, फिरि पुनि हंस अकेला ॥
जारे देह भसम ह्वै जाई, गाडे माटी खाई ।
कॉचे कुम्भ उदक ज्यों भरिया, तन की इहै बड़ाई ॥
राम न रमसि मोह में माते, पर्‍यो काल बस कूवा ।
कह कबीर नर आप बँधायो ज्यों नलिनी भ्रम सूवा ॥१२६॥

मेरा तेरा मनुआं कैसे इक होइ रे ।
मैं कहता हौं ऑखिन देखी, तूं कागद की लेखी रे ।
मैं कहता सुरझावनहारी, तूं राख्यो अरुझाइ रे ॥
मैं कहता तूं जागत रहियो, तूं रहता है सोइ रे ।
मैं कहता निर्मोही रहियो, तूं जाता है मोहि रे ॥
जुगन-जुगन समझावत हारा, कहा न मानत कोइ रे ।
तू तो रंडी फिरे बिहंडी, सब धन डार्‍या खोइ रे ॥
सतगुरु-धारा निरमल बाहै, वा में काया धोइ रे ।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, तबहीं वैसा होइ रे ॥१३०॥

---

१२६ अरधमुख=अधोमुख, नीचे को मुहँ । झूले=लटकते रहे । सॉचि-सॉचि=संचय कर-कर । सहेला=साथी, मित्र । खटोला=अरथी । हंस=जीव । कुंभ=घड़ा । उदक=पानी । कूवा=अन्ध का कुआँ ।

१३० बिहंडी=नाश करनेवाली । बाहै=बहती है । वैसा होइ रे=अरे, तभी तू सद्गुरु के समान निर्मल होगा ।

अरे मन, समझ कै लादु लदनियाँ।
काहे क टट्टुवा काहे क पाखर, काहे क भरी गवनियाँ।
मन कै टट्टुवा सुरति कै पाखर, भर पुन-पाप गवनियाँ॥
घर के लोग जगाती लागे, छीन लेयँ कर धनिवाँ।
सौदा करु तो यहिं करु भाई, आगे हाट न वनियाँ॥
पानी-पियै तो यहीं पी भाई, आगे देस निपनियाँ।
कहै कवीर सुनो भाई साधो, सत्तनाम का वनियाँ॥१३१॥

नैहर में दाग लगाय आई चुनरी।
ऊ रँगरेजवा कै मरम न जानै,
नहिं मिलै धोविया कवन करै उजरी॥
तन कै कूँडी ग्यान कै सउँदन,
साबुन महँग विकाय या नगरी॥
पहिरि-ओढिकै चली ससुररिया,
गोवाँ के लोग कहैं वड़ी फूहरी॥
कहत कवीर सुनो भाई साधो,
विन सतगुरु कवहूँ नहिं सुधरी॥१३२॥

कौन ठगवा नगरिया लूटल हो।
चंदन-काठ कै वनल खटोलना ता पर दुलहिन सूतल हो॥

---

१३१ टट्टुवा=छोटा घोडा, जिसपर माल लादते हैं। पाखर=टाट की झूल। गवनियाँ=गोन, टाट का थैला, खास। पुन=पुण्य, सत्कर्म। जगाती=महसूल उगाहनेवाला। कर धनियाँ=हाथ का धन या पूँजी। निपनियाँ=विना पानी का।

१३२ कूँडी=छोटी नाँद। सउँदन=रेह-मिला पानी, जिसमें धोने से पहले धोवी कपड़ों को भिगोता है। फूहरी=फूहड़, गँवार।

उठो सखी मोरी माँग सँवारो, दुलहा मोसे रूसल हो।
आये जमराज पलँग चढ़ि बैठे नैनन आँसू टूटल हो॥
चारि जने मिलि खाट उठाइन चहुँ दिसि धूधू ऊठल हो।
कहत कबीर सुनो भाइ साधो जग से नाता छूटल हो॥१३३॥

रमैया कै दुलहिन लूटा बजार।
सुरपुर लूट नागपुर लूटा, तीन लोक मचा हाहाकार॥
ब्रह्मा लूटे महादेव लूटे, नारद मुनि कै परो पिछार।
स्रिंगी की मिंगी करि डारी, पारासर कै उदर बिदार॥
कनफूँका चिदकासी लूटे, लूटे जोगेसर करत बिचार।
हम तो बचिगे साहब-दया से, सब्द-डार नहिं उतरे पार॥१३४॥

---

१३३ नगरिया = नगरी, देह से आशय है। दुलहिन = जीव। सूतल = सोगई। रूसल = रूठ गया। टूटल = निकल पड़े। धूधू = आग के दहकने का शब्द।

१३४ रमैया कै दुलहिन = माया से अभिप्राय है। स्रिंगी = शृंगी ऋषि। मिंगी = गिरी, चूरचूर। चिदकासी = आकाश के समान निर्लिप्त चेतनरूप।

साखी

गुरुदेव कौ अंग

राम नाम कै पंटतरै, देवै को कुछ नांहिं।
क्या ले गुर संतोषिए, हौंस रही मन मांहिं ॥१॥

सतगुर लई कमांण करि, वांहण लागा तीर।
एक जु वाह्या प्रीति सूं, भीतर रह्या सरीर ॥२॥

हँसै न वोलै उनमुनीं, चंचल मेल्या मारि।
कहै कवीर भीतरि भिद्या, सतगुर के हथियारि ॥३॥

गूँगा हूवा वावला, वहरा हूवा कान।
पाऊँ थैं पंगुल भया, सतगुर मार्या वाण ॥४॥

दीपक दीया तेल भरि, वाती दई अघट्ट।
पूरा किया विसाहुणां, वहुरि न आवौं हट्ट ॥५॥

गुरुदेव कौ अंग

१ पटंतरै=तुलना, उपमा। हौंस=साहसरूपी इच्छा, हौसला।

२ कमाण=धनुष। वाहण लागा=चलाने लगा।

३ उनमुनीं=मौन, चुपचाप।

५ अघट्ट=जो कभी न घटे, अक्षय। विसाहुणां=सौदा लेना। हट्ट=हाट, पेठ।

ग्यान प्रकास्या गुर मिल्या, सो जिनि वीसरि जाइ ।
जब गोविंद कृपा करी, तब गुर मिलिया आइ ॥६॥

चौसठि दीवा जोइ करि, चौदह चंदा मांहिं ।
तिहिं घरि किसकौ चानिणौं, जिहि घरि गोविंद नांहिं ॥७॥

माया दीपक नर पतँग, भ्रमि-भ्रमि इवै पडंत ।
कहै कबीर गुर-ग्यान थैं, एक आध उबरंत ॥८॥

गुर गोविंद तौ एक है, दूजा यहु आकार ।
आप मेट जीवत मरै, तौ पावै करतार ॥९॥

कबीर सतगुर नां मिल्या, रही अधूरी सीष ।
स्वांग जती का पहरि करि, घरि-घरि मांगै भीष ॥१०॥

पासा पकड़्या प्रेम का, सारी किया सरीर ।
सतगुर दाव बताइया, खेलै दास कबीर ॥११॥

कबीर बादल प्रेम का हम परि वरष्या आइ ।
अंतरि भीगी आत्मां, हरी भई वनराइ ॥१२॥

पूरे सूं परचा भया, सब दुख मेल्या दूरि ।
निर्मल कीन्हीं आत्मां, ताथैं सदा हजूरि ॥१३॥

---

७ चानिणौं = चाँदना, उँजेला ।

८ इवै = इस तरह । उबरंत = बच जाता है ।

९ आप मेट जीवत मरे = अहंभाव को नष्टकर देहभाव को भूल जाये ।

१० जती = यति, सन्यासी । स्वांग = भेष ।

११ सारी = चौपड ।

१३ मेल्या = फेक दिया ।

गुरु गोविंद दोऊ खडे, काके लागौं पाँय।
बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय ॥१४॥

तन मन दिया तो क्या भया, निज मन दिया न जाय।
कह कबीर ता दास सों, कैसे मन पतियाय ॥१५॥

गुरु धोबी सिष कापड़ा, साबुन सिरजनहार।
सुरति-सिला पर धोइए, निकसै जोति अपार ॥१६॥

कबिरा ते नर अंध हैं, गुरु को कहते और।
हरि रूठै गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहिं ठौर ॥१७॥

कबिरा हरि के रूठते, गुरु के सरने जाय।
कह कबीर गुरु रूठते, हरि नहिँ होत सहाय ॥१८॥

यह तन विष की बेलरी, गुरु अंमृत की खान।
सीस दिये जो गुरु मिले, तौ भी सस्ता जान ॥१९॥

ताका पूरा क्यों परै, गुरु न लखाई बाट।
ताको बेड़ा बूड़िहै, फिर फिर औघट घाट ॥२०॥

सुमिरण कौ अंग

कबीर कहै मैं कथि गया, कथि गया ब्रह्म महेस।
राम नाँव ततसार है, सब काहू उपदेस ॥१॥

---

१६ सुरति = ध्यान, लय।

१९ बेलरी = लता।

२० औघट = ग्रडबड, विकट।

सुमिरण कौ अंग

१ तत सार = तत्व का सार; इसका एक अर्थ "तपाने का स्थान" भी होता है. जैसे, "कसनी दे कंचन किया, ताय लिया ततसार।"

तत्त-तिलक तिहुँ लोक मैं, राम नाँव निज सार ।
जन कबीर मस्तक दिया, सोभा अधिक अपार ॥२॥

मेरा मन सुमिरै राम कूँ, मेरा मन रामहिं आहि ।
अब मन रामहिं ह्वै रह्या, सीस नवावौं काहि ॥३॥

कबीर सूता क्या करै, उठि ना रोवै दुक्ख ।
जाका वासा गोर मैं, सो क्यूँ सोवै सुक्ख ॥४॥

जिहि घटि प्रीति न प्रेमरस, फुनि रसना नहीं राम ।
ते नर इस संसार मैं, उपजि पये बेकाम ॥५॥

जिहि हरि जैसा जांणियां, तिनकूँ तैसा लाभ ।
ओसों प्यास न भाजई, जबलग धसै न आभ ॥६॥

राम पियारा छाड़िकरि, करै आन का जाप ।
वेस्वा केरा पूत ज्यूँ, कहै कौन सूं बाप ॥७॥

लूटि सकै तो लूटियौ, राम नाम भंडार ।
काल कंठ तैं गहैगा, रूँधै दसूँ दुवार ॥८॥

---

३ रामहिं आहि=राम के ही लिए है ।

४ गोर=कब्र ।

५ फुनि=पुनः, फिर । पये=क्षय हो गये ।

६ आभ=आब, पानी ।

७ वेस्या=वेश्या ।

८ दसूँ दुवार=दसों इन्द्रियों से अभिप्राय है ।

कबीर राम रिझाइ लै, मुखि अंमृत गुण गाइ ।
फूटा नग ज्यूँ जोड़ि मन, संधे सँधि मिलाइ ॥९॥

सुख में सुमिरन ना किया, दुख में कीया याद ॥
कह कबीर ता दास की कौन सुनै फरियाद ॥१०॥

सुमिरन सुरत लगाइके मुख ते कछू न बोल ।
बाहर के पट देइके अंतर के पट खोल ॥११॥

माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर ।
कर का मनका डारिदे, मन का मनका फेर ॥१२॥

कबिरा माला मनहिं की, और संसारी भेख ।
माला फेरे हरि मिलैं, गले रहँट के देख ॥१३॥

माला तो कर में फिरै, जीभ फिरै मुख माहिं ।
मनुवां तो दहुँदिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं ॥१४॥

जाप मरै अजपा मरै, अनहद भी मर जाय ।
सुरत समानी सब्द में, ताहि काल नहिं खाय ॥१५॥

तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझमें रही न हूँ ।
वारी तेरे नाम पर जित देखूँ तित तूँ ॥१६॥

---

९ संधे संधि = जोड़ से जोड ।

११ बाहर...खोल = विषयों के लिए इन्द्रियों के द्वार बंद करदे और अंतर के किवाड स्वरूप-दर्शन के लिए खोलदे ।

१२ फेर = (१) भेद, द्वैतभाव (२) माला जपना । मनका = गुरिया, सुमिरनी ।

१४ दहुँ = दसों ।

१६ वारी = बलिहारी ।

विरह कौ अंग

चकवी बिछुटी रैणि की, आइ मिली परभाति ।
जे जन बिछुटे राम सूँ, ते दिन मिले न राति ॥१॥

बिरहनि ऊभी पथ सिरि, पंथी बूझै धाइ ।
एक सबद कहि पीव का, कब रे मिलैंगे आइ ॥२॥

बिरहनि ऊठै भी पड़ै, दरसन कारनि राम ।
मूवां पीछैं देहुगे, सो दरसन किहि काम ॥३॥

अंदेसड़ा न भाजिसी, सदेसौ कहियां ।
कै हरि आयां भाजिसी, कै हरि ही पासि गयां ॥४॥

जबहूँ मार्‍या खैंचिकरि, तब मैं पाई जांणि ।
लागी चोट मरम्म की, गई कलेजा छांणि ॥५॥

जिहि सरि मारी काल्हि. सो सर मेरे मन बस्या ।
तिहि सरि अजहूँ मारि, सर बिन सचु पाऊँ नहीं ॥६॥

बिरह-भुवगम तन बसै, मन्त्र न लागै कोइ ।
राम-बियोगी ना जिवै, जिवै त बौरा होइ ॥७॥

विरह कौ अंग

१ बिछुटी=बिछड़ी । परभाति=प्रभात, सवेरे ।

२ ऊभी=खड़ी । पंथ सिरि=प्रेम-पथ की चोटी पर ।

४ अदेसड़ा न भाजिसी=अंदेशा नहीं जायेगा ।

५ गई छाणि=भेदकर मार कर गई ।

६ सर=सद्गुरु के शब्द-बाण से आशय है । सचु=चैन ।

७ बियोगी=वियोगी ।

सब रग तंत रबाब तन, बिरह बजावै नित्त।
और न कोई सुणि सकै, कै सांई कै चित्त ॥८॥

अंषड़ियाँ झाँई पड़ी, पंथ निहारि-निहारि।
जीभड़ियाँ छाला पड़्या, राम पुकारि-पुकारि ॥९॥

इस तन का दीवा करौं, बाती मेल्यूं जीव।
लोही सींचौं तेल ज्यूँ, कब मुख देखौं पीव ॥१०॥

अंषड़ियाँ प्रेम कसाइयाँ, लोग जाणैं दुखड़ियां।
सांई अपणैं कारणैं, रोइ-रोइ रतड़ियां ॥११॥

जौ रोऊँ तौ बल घटै, हँसौं तौ राम रिसाइ।
मनही माँहिं बिसूरणां, ज्यूँ घुण काठहि खाइ ॥१२॥

हँसि-हँसि कंत न पाइए, जिनि पाया तिनि रोइ।
जे हाँसेही हरि मिलै, तौ नहीं दुहागनि कोइ ॥१३॥

नैनां अंतरि आचरूँ, निसदिन निरखौं तोहिं।
कब हरि दरसन देहुगे, सो दिन आवै मोहिं ॥१४॥

कै बिरहनि कूँ मीच दै, कै आपहिं दिखलाइ।
आठ पहर का दाझणां, मोपै सह्या न जाइ ॥१५॥

---

८ तंत=तार। रबाब=एक प्रकार का बाजा; इसराज।

९ झाँई=अँधेरा।

११ कसाइयाँ=कसक रही हैं, पीड़ा दे रही हैं। दुखड़ियाँ=दुखने को आई हैं। रतड़ियाँ=लाल हो रही हैं।

१२ बिसूरणां=मन में दुःख मानना, चिंता करना।

१३ दुहागनि=अभागिनी, विधवा।

१५ दाझणां=जलना।

हो विरहा की लाकड़ी, समझि समझि धूँधाउँ ।
छूटि पड़ौं या विरह तैं, जे सारीही जलि जाउँ ॥१६॥

सुखिया सब संसार है, खायै अरू सोवै ।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै ॥१७॥

विरहिन देय संदेसरा, सुनो हमारे पीव ।
जल बिन मच्छी क्यों जियै, पानी में का जीव ॥१८॥

नैनन तो झरि लाइया, रहँट वहै निसु-वास ।
पपिहा ज्यों पिउ-पिउ रटै, पिया-मिलन की आस ॥१६॥

विरह भुवंगम पैठिकै किया कलेजे घाव ।
विरही अंग न मोड़िहै, ज्यों भावे त्यों खाव ॥२०॥

विरहिन ओदी लाकड़ी, सपचै औ धुँधुआय ।
छूट पड़ौं या विरह से, जो सगरो जरि जाय ॥२१॥

हिरदे भीतर दव बलै, धुआँ न परगट होय ।
जाके लागी सो लखै, की जिन लागी सोय ॥२२॥

साँई सेवत जल गई, माँस न रहिया देह ।
साँई जबलगि सेइहौं, यह तन होइ न खेह ॥२३॥

मूए पाछे मत मिलौ, कहै कबीरा राम ।
लोहा माटी मिलि गया, तब पारस केहि काम ॥२४॥

ास=- वासर, दिन ।
ोदी=गीली । सपचै=सुलगे ।
व=आग । लागी=(१) लगी है (२) लगाई है ।
ेवत=यह देखते-देखते । खेह=भस्म, मिट्टी ।

विरह-अगिन तन मन जला, लागि रहा तत जीव ।
कै वा जाने विरहिनी, कै जिन भेंटा पीव ॥२५॥

कविरा वैद बुलाइया, पकरिके देखी बाहिं ।
वैद न वेदन जानई, करक कलेजे माहिं ॥२६॥

ग्यान विरह कौ अंग

दौं लागी साइर जल्या, पंषी बैठे आइ ।
दाधी देह न पालवै, सतगुर गया लगाइ ॥१॥

अहेड़ी दौं लाइया, मृगा पुकारे रोइ ।
जा वन मैं क्रीला करी, दाभत है वन सोइ ॥२॥

परचा कौ अंग

कबीर तेज अनंत का, मानौं ऊगी सूरज सेणि ।
पति सँगि जागी सुंदरी, कौतिग दीठा तेणि ॥१॥

---

२६ वेदन = वेदना, पीड़ा । करक=कसक, दर्द ।

ग्यान विरह कौ अंग

१ दौं = वन की आग । साइर = जलाशय । दाधी = जली । न पालवै = पल्लवित अर्थात् हरी नहीं होती ।

२ अहेड़ी = अहेरी, शिकारी: काल से तात्पर्य है । क्रीला = क्रीड़ा । दाभत है = जल रहा है । वन=देह से आशय है ।

परचा कौ अंग

१ सेणि = श्रेणी । सुन्दरी = प्रेम-लक्षणा भक्ति की साधिका जीवात्मा से आशय है । कौतिग = कौतुक, लीला ।

पारब्रह्म के तेज का, कैसा है उनमान।
कहिबे कूँ सोभा नहीं, देख्याही परवान ॥२॥

अगम अगोचर गमि नहीं, तहाँ जगमगै जोति।
जहाँ कबीरा बंदिगी, (तहाँ) पाप पुन्य नहीं छोति ॥३॥

अंतरि-कँवल प्रकासिया, ब्रह्म बास तहाँ होइ।
मन-भँवरा तहाँ लुबधिया, जाणैगा जन कोइ ॥४॥

देखौ कर्म कबीर का, कछु पूरब जनम का लेख।
जाका महल न मुनि लहैं, सो दोसत किया अलेख ॥५॥

पाणीं ही तैं हिम भया, हिम ह्वै गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया, अब कछु कह्या न जाइ ॥६॥

भली भई जो भै पड्या, गई दसा सब भूलि।
पाला गलि पाणी भया, ढुलि मिलिया उस कूलि ॥७॥

अंक भरे भरि भेटिया, मन मैं नांहीं धीर।
कहै कबीर ते क्यूँ मिलैं, जबलग दोइ सरीर ॥८॥

---

२ उनमान=अनुमान, उपमा। परवान=प्रमाण। सोभा=उपमा।

३ छोति=छूत प्रवेश।

५ दोसत=दोस्त, मित्र। अलेख=अलख, जिसका वर्णन न किया जा सके।

६ पाणी''बिलाइ=आशय यह है कि जीवात्मा परमात्मा का अंश थी, सो उसीमें लीन हो गई, जैसे पानी से बनी बरफ और वह गलकर पानी में ही मिल गई, पानी ही हो गई।

७ दसा=जीव-दशा। पाला=बरफ।

८ माहि=घट के अंदर।

जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नांहिं।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या मांहिं ॥९॥

जा कारणि मैं ढूँढता, सनमुख मिलिया आइ।
धन मैली पिव ऊजला, लागि न सकौं पाइ ॥१०॥

जा कारणि मैं जाइ था, सोई पाई ठौर।
सोई फिरि आपण भया, जासूँ कहता और ॥११॥

लाली मेरे लाल की जित देखों तित लाल।
लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल ॥१२॥

उलटि सामना आप में, प्रगटी जोति अनंत।
साहेब सेवक एक सँग खेलैं सदा वसंत ॥१३॥

पंजर प्रेम प्रकासिया, अतर भया उजास।
सुख करि सूती महल में, बानी फूटी बास ॥१४॥

कबीरा देखा एक अँग, महिमा कही न जाइ।
तेजपुंज परसा धनी, नैनों रहा समाइ ॥१५॥

गगन गरजि बरसै अमी, बादल गहरि गँभीर।
चहुँदिसि दमकै दामिनी, भींजै दास कबीर ॥१६॥

---

१० धन=स्त्री, जीवात्मा।

१४ पंजर=शरीर। उजास=प्रकाश।

१५ परसा=भेंटा। धनी=स्वामी।

१६ गगन=समाधि की शून्यास्थिति से आशय है। गरजि=अनाहत नाद से अभिप्राय है।

कबिरा भरम न भाजिया, बहुविधि धरिया भेख।
साँई के परिचय बिना, अंतर रहिया रेख ॥१७॥

रस कौ अंग

कबीर हरि-रस यौं पिया, बाकी रही न थाकि।
पाका कलस कुँभार का, बहुरि न चढ़ई चाकि ॥१॥

राम-रसाइन प्रेम-रस, पीवत अधिक रसाल।
कबीर पीवन दुलभ है, माँगै सीस कलाल ॥२॥

कबीर भाठी कलाल की, बहुतक बैठे आइ।
सिर सौंपै सोई पिवै, नहीं तौ पिया न जाइ ॥३॥

सबै रसाइण मैं किया, हरि सा और न कोइ।
तिल इक घट मैं सचरै, तौ सब तन कंचन होइ ॥४॥

लांबि कौ अंग

हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ।
बूँद समानी समँद मैं, सो कत हेरी जाइ ॥१॥

---

१७ रेख=भ्रम अर्थात् भेद-बुद्धि की रेखा।

रस कौ अंग

१ थाकि=अतृप्ति, भूख।

२ सीस=अहंभाव से तात्पर्य है। कलाल=सद्गुरु से आशय है।

लांबि कौ अंग

१ गया हिराइ=खो गया, लीन हो गया। बूँद=जीवात्मा। समँद=परमात्मा। हेरी जाइ=खोजी जाये।

हेरत हेरत हे सखी, रह्या कबीर हिराइ।
समँद समाना बूँद मैं, सो कत हेर्या जाइ ॥२॥

जर्णां कौ अंग

दीठा है तौ कस कहूँ, कह्यां न को पतियाइ।
हरि जैसा तैसा रहौ, तूँ हरपि-हरपि गुण गाइ ॥१॥

करता की गति अगम है, तूँ चलि अपणें उनमान।
धीरै-धीरै पाव दे, पहुँचैंगे परवान ॥२॥

निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग

कबीर प्रीतड़ी तौ तुझसौं, बहु गुणियाले कंत।
जे हँसि बोलौं और सौं, तौं नील रँगाऊँ दंत ॥१॥

नैनां अंतरि आव तूँ, ज्यूँ हौं नैन झँपेऊँ।
ना हौं देखौं औरकूँ, ना तुझ देखन देऊँ ॥२॥

कबीर रेख स्यंदूर की, काजल दिया न जाइ।
नैनूँ रमइया रमि रह्या, दूजा कहाँ समाइ ॥३॥

कबीर एक न जांणिया, तौ बहु जांण्यां क्या होइ।
एक तैं सब होत है, सब तैं एक न होइ ॥४॥

जर्णां कौ अंग

२ परवान = प्रमाण, लक्ष्य-स्थान

निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग

१ नील रँगाऊँ दंत = मुहँ काला करूँ, अपने आपको कलंक लगाऊँ।

२ झँपेऊँ = मूँदलूँ।

मन प्रतीति न प्रेम रस, ना इस तन मैं ढग ।
क्या जाणौं उस पीव सूँ, कैसैं रहसी रग ॥५॥

उस संम्रथ का दास हौं, कदे न होइ अकाज ।
पतिव्रता नांगी रहै, तौ उसही पुरिस कौ लाज ॥६॥

पतिवरता मैली भली, काली कुचिल कुरूप ।
पतिवरता के रूप पर वारौं कोटि सरूप ॥७॥

पतिवरता पति कों भजै, और न आन सुहाय ।
सिंह बचा जो लंघना तौ भी घास न खाय ॥८॥

सुंदरि तो सॉईं भजै, तजै आन की आस ।
ताहि न कबहूँ परिहरै, पलक न छॉडै पास ॥९॥

पतिवरता मैली भली, गले कांच की पोत ।
सब सखियन मे यों दिपै ज्यों रवि-ससि की जोत ॥१०॥

नाम न रटा तो क्या हुआ जो अंतर है हेत ।
पतिवरता पति कों भजै, मुख से नाम न लेत ॥११॥

सती बिचारी सत किया, कॉटों सेज बिछाय ।
लै सूती पिया आपना, चहुँदिस अगिन लगाय ॥१२॥

---

५ कैसैं रहसी रंग = कैसे प्रेम रहेगा या मिलेगा ।

६ पुरिस = पुरुष, स्वामी ।

७ कुचिल = मैले वस्त्रवाली ।

८ बचा = बच्चा । लंघना = भूखा ।

चितावणी कौ अंग

कबीर नौवति आपणीं, दिन दस लेहु बजाइ।
ए पुर पट्टन ए गलीं, बहुरि न देखन आइ ॥१॥

सातों सबद जु बाजते, घरि-घरि होते राग।
ते मंदिर खाली पड़े, बैसण लागे काग ॥२॥

कबीर कहा गरबियौ, इस जोबन की आस।
केसू फूले दिवस चारि, खंखर भये पलास ॥३॥

कबीर कहा गरबियौ, देही देखि सुरंग।
बीछड़ियाँ मिलिबो नहीं, ज्यूँ काँचली भुवंग ॥४॥

कबीर कहा गरबियौ, चाम-लपेटे हड्ड।
हैवर ऊपरि छत्र सिरि, ते भी देबा खड्ड ॥५॥

यहु ऐसा संसार है, जैसा सैंबल फूल।
दिन दस के ब्यौहार कौं, झूठै रंगि न भूल ॥६॥

चितावणीं कौ अंग

२ सातों सबद = सातों स्वर। बैसण लागे = बैठने लगे।

३ केसू = टेसू के फूल। खंखर = खंखड़, उजाड़।

५ हैवर = बढ़िया घोड़ा। खड्ड = कब्र से मतलब है।

६ सैंबल = सेमल, एक बड़ा पेड़, जिसमें बड़े-बड़े लाल फूल लगते हैं, और जिसके फलों या डोडों में केवल रुई होती है, गूदा नहीं होता : यौवन और सौन्दर्य तत्त्वतः निस्सार हैं यह अभिप्राय है।

हाड़ जलैं ज्यूँ लाकड़ी, केस जलैं ज्यूँ घास।
सब तन जलता देखिकरि, भया कबीर उदास ॥७॥

कबीर मंदिर लाप का, जड़िया हीरैं लालि।
दिवस चारि का पेपणां, विनस जाइगा कालि्ह ॥८॥

आजि कि कालि्ह कि पंचे दिन जगल होइगा वास।
ऊपरि ऊपरि फिरहिंगे, ढोर चरंदे घास ॥९॥

कहा कियौ हम आइकरि, कहा कहैंगे जाइ।
इतके भए न उतके, चाले मूल गँवाइ ॥१०॥

कबीर हरि की भगति विन, ध्रिग जीमण संसार।
धूवाँ केरा धौलहर, जात न लागै वार ॥११॥

इहि औसरि चेत्या नहीं, पसु ज्यूँ पाली देह।
रामनाम जाण्या नहीं, अंति पड़ी मुख षेह ॥१२॥

मनिषा जनम दुलभ है, देह न बारंबार।
तरवर थैं फल झड़ि पड्या, बहुरि न लागै डार ॥१३॥

कबीर यहु तन जात है, सकै तौ ठाहर लाइ।
कै सेवा करि साध की, कै गोविंद गुण गाइ ॥१४॥

---

७ उदास = विरक्त।

११ जीमण = जीवन। धौलहर = ऊँचा मीनार। जात न लागै वार = मिटते देर नहीं लगती।

१२ षेह = धूल।

१४ ठाहर लाइ = अच्छे ठौर पर लगा दे।

कबीर यहु तन जात है, सकै तौ लेहु बहोड़ि।
नागे हाथूँ ते गये, जिनकै लाप करोड़ि ॥१५॥

यहु तन काचा कुंभ है, लियां फिरै था साथि।
ढबका लागा फूटि गया, कछू न आया हाथि ॥१६॥

खंभा एक गइंद दोइ, क्यूँ करि बंधिसि बारि।
मानि करै तौ पीव नहीं, पीव तौ मानि निवारि ॥१७॥

दुनियां के धोखै मुवा, चलै जु कुल की कांणि।
तब कुल किसका लाजसी, जब ले धर्‌या मसांणि ॥१८॥

काया मंजन क्या करै, कपड़ा धोइम धोइ।
ऊजल हुवा न छूटिए, सुख नींदड़ी न सोइ ॥१९॥

ऊजल कपड़ा पहरिकरि, पान सुपारी खांहि।
एकै हरि का नॉव बिन, बाँधे जमपुरि जांहि ॥२०॥

मैं मैं बड़ी बलाइ है, सकै तौ निकसौं भाजि।
कबलग राखौं हे सखी, रुई-लपेटी आगि ॥२१॥

मैं मैं मेरी जिनि करै, मेरी मूल बिनास।
मेरी पग का पैंपड़ा, मेरी गल की पास ॥२२॥

---

१५ लेहु बहोडि = लौटाले, सफल करले।

१६ ढबका = धक्का, ठोकर।

१७ मानि = मान, अहंभाव।

२२ मेरी मूल बिनास = ममता विनाश का मूल है। पैंपड़ा = पैरों की बेड़ी। पास = फाँसी।

कबीर नाव जरजरी, कूड़े खेवणहार।
हलके-हलके तिरि गये, बूड़े जिनि सिर भार ॥२३॥

कबीर नाॅव जरजरी, भरी बिराणै भारि।
खेवट सौं परचा नहीं, क्योंकरि उतरै पारि ॥२४॥

झूँठे सुख को सुख कहै, मानत हैं मन मोद।
जगत चबेना काल का, कुछ मुख में कुछ गोद ॥२५॥

पानी केरा बुद्बुदा, अस मानुष की जात।
देखत ही छिप जायगा, ज्यों तारा परभात ॥२६॥

आछे दिन पाछे गये, गुरु से किया न हेत।
अब पछतावा क्या करै, चिड़ियाॅ चुग गईं खेत ॥२७॥

पाव पलक की सुध नहीं, करै काल्ह का साज।
काल अचानक मारसी, ज्यों तीतर को बाज ॥२८॥

माटी कहै कुम्हार को, तूँ क्या रूँदै मोहिं।
इक दिन ऐसा होयगा, मैं रूँदूँगी तोहिं ॥२९॥

मोर मोर की जेवरी, बटि बाँधा संसार।
दास कबीरा क्यों बँधै, जाके नाम अधार ॥३०॥

आये हैं सो जायँगे, राजा रंक फकीर।
इक सिंघासन चढ़ि चले, इक बँधि जात जँजीर ॥३१॥

---

२३ कूड़े=अनाड़ी
२४ बिराणै=दूसरे, पराये। खेवट=केवट, खेनेवाला।
२८ साज=तैयारी।
२९ रूँद=परों से कुचलता है।
३० जेवरी=रस्सी।

तन सराय मन पाहरू, मनसा उतरी आइ।
कोउ काहू का है नहीं, देखा ठोंक बजाइ ॥३२॥

दीन गँवायो सँग दुनी, दुनी न चाली साथ।
पाँव कुल्हाड़ी मारिया मूरख अपने हाथ ॥३३॥

मैं, भँवरा तोहिं वरजिया, वन वन वास न लेइ।
अटकैगा कहुँ वेल से, तड़पि-तड़पि जिय देइ।३४॥

इक दिन ऐसा होयगा, कोउ काहू का नाहिं।
घर की नारी को कहै, तन की नारी जाहिं ॥३५॥

चलती चक्की देखिके दिया कबीरा रोय।
दुइ पट भीतर आइके सावित गया न कोय ॥३६॥

माली आवत देखिके कलियाँ करैं पुकार।
फूली फूली चुनि लई काल्हि हमारी वार ॥३७॥

दव की दाही लाकड़ी ठाढ़ी करै पुकार।
अब जो जाउँ लोहारघर डाहै दूजी वार ॥३८॥

कबिरा रसरी पाँव में कह सोवै सुख चैन।
स्वाँस-नगाड़ा कूँच का बाजत है दिन-रैन ॥३९॥

दस द्वारे का पींजरा, ता में पंछी पौन।
रहिवे को आचरज है, जाइ न अचरज कौन।४०॥

---

३२ मनसा = कामना, इच्छा।

३४ वरजिया = मना किया। वेल = काम सना से तात्पर्य है।

३५ नारी = (१) स्त्री (२) नाड़ी।

३८ दव = जंगल की आग। डाहै = जलायेगा।

४० पंछी पौन = प्राणरूपी पक्षी।

मन कौ अंग

कबीर मारूँ मन कूँ, टूक-टूक ह्वै जाइ।
विष की क्यारी बोइकरि लुणत कहा पछिताइ ॥१॥

मन जाणै सब बात, जाणत ही औगुण करै।
काहे की कुसलात, कर दीपक कूवैं पडै ॥२॥

हिरदा भीतरि आरसी, मुख देषणां न जाइ।
मुख तौ तौपरि देखिए, जे मन की दुविधा जाइ ॥३॥

पाणी ही तैं पातला, धूवां ही तैं झीण।
पवनां वेगि उतावला, सो दोसत कबीरै कीन्ह ॥४॥

कबीर तुरी पलांणियां, चावक लीया हाथि।
दिवस थकां सांई मिलौं, पीछैं पड़िहै राति ॥५॥

मैमंता मन मारि रे, घटहीं मांहैं घेरि।
जबही चालै पीठि दे, अंकुस दे-दे फेरि ॥६॥

मैमता मन मारि रे, नांन्हां करि-करि पीसि।
तब सुख पावै सुन्दरी, ब्रह्म झलक्कै सीसि ॥७॥

मन कौ अंग

१ लुणत=फसल काटते हुए।

३ आरसी=दर्पण।

४ झीण=महीन। दोसत=दोस्त।

५ तुरी पलाणियां=(मनरूपी) घोड़े पर पलान कस लिया।

६ मैमंता=मतवाला (हाथी)।

कबीर मन पंषी भया, वहुतक चढ्या अकास ।
व्हां हीं तैं गिरि पड्या, मन माया के पास ॥८॥

मनह मनोर्थ छाड़िदे, तेरा किया न होइ ।
पाणी मैं घीव नीकसै, तौ रूखा खाइ न कोइ ॥९॥

मन-मुरीद संसार है, गुरु-मुरीद कोइ साध ।
जो मानै गुरु-वचन को ताको मता अगाध ॥१०॥

मन पाँचों के वसि पड़ा, मन के वस नहिं पाँच ।
जित देखूँ तित दौ लगी, जित भागूँ तित आँच ॥११॥

मन के मारे वन गए, वन तजि वस्ती माहिं ।
कह कवीर क्या कीजिए, यह मन ठहरै नाहिं ॥१२॥

पहले यह मन काग था, करता जीवन-घात ।
अव तो मन हंसा भया, मोती चुगि-चुगि खात ॥१३॥

मन के वहुतक रंग हैं, छिन-छिन वदलै सोय ।
एकै रंग में जो रहै, ऐसा विरला कोय ॥१४॥

अपने-अपने चोर को सव कोइ डारै मार ।
मेरा चोर मुझे मिलै, सरवस डारूँ वार ॥१५॥

मन कुंजर महमंत था, फिरता गहिर गंभीर ।
दोहरी तेहरी चौहरी परि गइ प्रेम-जँजीर ॥१६॥

---

१० मुरीद=शिष्य । मता=सिद्धान्त ।

११ पाँचों के=पाँचों ज्ञान-इन्द्रियों के । दौ=आग ।

१५ मेरा चोर=मेरा प्रियतम, जिसने मन को चुरा लिया है ।

१६ गहिर=गह्वर, वन । गंभीर=घना, विकट ।

कबिरा मनहिं गयंद है, आंकुस दै-दै राखु।
विष की बेली परिहरी, अंमृत का फल चाखु ॥१७॥

मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।
कह कबीर पिउ पाइए मनहीं की परतीत ॥१८॥

मन-गयंद मानै नहीं, चलै सुरति कै साथ।
दीन महावत क्या करै अंकुस नाहीं हाथ ॥१९॥

सूषिम मारग कौ अंग

उतीथैं कोइ न आवई, जाकूँ बूझौं धाइ।
इतथैं सबै पठाइये, भार लदाइ-लदाइ ॥१॥

चलौ चलौ सबको कहै, मोहि अँदेसा और।
साहिब सूँ पर्चा नहीं, ए जाहिंगे किस ठौर ॥२॥

कबीर मारिग कठिन है, कोई न सकई जाइ।
गए ते बहुड़े नहीं, कुसल कहै को आइ ॥३॥

जहाँ न चींटी चढि सकै, राई ना ठहराइ।
मन पवन का गमि नहीं, तहाँ पहूँचे जाइ ॥४॥

सुर नर थाके मुनिजनां, जहाँ न कोई जाइ।
मोटे भाग कबीर के, तहाँ रहे घर छाइ ॥५॥

---

१९ सुरति=यहाँ विषयों की सुध अर्थात् आसक्ति से आशय है।

सूषिम मारग कौ अंग

३ बहुड़े=लौटे।

५ मोटे=बड़े। तहाँ''छाइ=वहाँ, अर्थात् निर्विकल्प समाधि की सहज शून्य अवस्था में जाकर रम गये।

यार बुलावै भाव सौं, मोपै गया न जाय।
धन मैली पिउ ऊजला, लागि न सकौं पाय ॥६॥

नाँव न जानूं गाँव का, बिन जानें कित जाँव।
चलता-चलता जुग भया, पाव कोस पर गाँव ॥७॥

बाट बिचारी क्या करै, पथी न चलै सुधार।
राह आपनी छाँड़िकै, चलै उजार-उजार ॥८॥

माया कौ अंग

कबीर माया पापणीं, फंध ले बैठी हाटि।
सब जग तौ फंधै पड्या, गया कबीरा काटि ॥१॥

जाणौं जे हरि कूं भजौं, मो मनि मोटी आस।
हरि बिचि घालै अंतरा, माया बड़ी बिसास ॥२॥

कबीर माया मोहनी, सब जग घाल्या घांणि।
कोई एक जन ऊबरै, जिनि तोड़ी कुल की कांणि ॥३॥

माया मुई न मन मुवा, मरि-मरि गया सरीर।
आसा त्रिसणां नां मुई, यौं कहि गया कबीर ॥४॥

---

६ भाव=प्रेम। धन=स्त्री।

८ उजार=उजाड़, ऊबड़-खाबड़, वीरान।

माया कौ अंग

१ फंध=फंदा, फाँसी।

२ घालै अंतरा=भेद डाल देती है। बिसास=विश्वासघातिनी।

३ घाल्या घाणि=घानी (कोल्हू) में डाल दिया।

आसा जीवै जग मरै, लोग मरे मरि जाइ।
सोइ मूवे धन संचते, सो उबरे जे खाइ ॥५॥

कबीर सो धन संचिये, जो आगैं कूँ होइ।
सीस चढांयें पोटली, ले जात न देख्या कोइ ॥६॥

माया तरवर त्रिविध का, साखा दुख संताप।
सीतलता सुपिनैं नहीं, फल फीको तनि ताप ॥७॥

कबीर माया डाकणी, सब किस ही कूँ खाइ।
दांत उपाडौं पापणीं, जे सतौं नेड़ी जाइ ॥८॥

माया की झल जग जल्या, कनक कांमिणीं लागि।
कहु धौं किहि विधि राखिये, रुई-लपेटी आगि ॥९॥

माया छाया एक सी, बिरला जानै कोय।
भगतॉं के पीछैं फिरै, सनमुख भागै सोय ॥१०॥

माया तो है राम की, मोदी सब संसार।
जाकी चिट्ठी ऊतरी, सोई खरचनहार ॥११॥

आँधी आई ग्यान की, ढही भरम की भीति।
माया टाटी उड़ि गई, लागी नाम से प्रीति ॥१२॥

जिनको साँई रँग दिया, कभी न होइ कुरंग।
दिन-दिन बानी आगरी, चढ़ै सवाया रंग ॥१३॥

---

५ संचते=जमा करते हैं। उबरे=बचगये।
७ त्रिविध का=सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों का।
८ डाकणी=डाइन, चुड़ैल। उपाड़ौं=उखाड़ लूँगा। नेडी=पास।
९ झल=ज्वाला।
१३ बानी=आभा, दमक। आगरी=बढ़कर, अधिक-अधिक।

माया-दीपक नर-पतँग, भ्रमि-भ्रमि मांहि परंत।
कोइ एक गुरु-ग्यान तें उवरे साधू-संत ॥१४॥

चांणक कौ अंग

इहीं उदर कै कारणैं, जग जाँच्यौ वसु जाम।
स्वांमींपणौ जु सिरि चढ्यो, सर्‍या न एको काम ॥१॥

स्वांमीं हूंणां सोहरा, दोद्धा हूंणां दास।
गाडर आंणीं ऊन कूँ, बाँधी चरै कपास ॥२॥

कबीर कलि खोटी भई, मुनियर मिलै न कोइ।
लालच लोभी मसकरा, तिनकूँ आदर होइ ॥३॥

चारिउं वेद पढ़ाइकरि, हरि सूँ न लाया हेत।
वालि कबीरा ले गया, पंडित ढूँढै खेत ॥४॥

बांह्मण गुरू जगत का, साधू का गुरु नांहिं।
उरझि-पुरझिकरि मरि रह्या, चारिउं वेदां मांहिं ॥५॥

चतुराई सूवै पढी, सोई पंजर मांहिं।
फेरि प्रमोधै आंन कूँ, आपण समझै नांहिं ॥६॥

---

१४ परंत=पड़ते हैं, गिरते हैं। गुरु ग्यान से=गुरु के शब्द-उपदेश से।

चांणक कौ अंग

१ वसु जाम=आठों पहर। सर्‍या=पूरा हुआ।

२ हूंणां=होना, बनना। सोहरा=सरल। दोद्धा=दुर्लभ, कठिन। गाडर=भेड़; अर्थात् आशा यह की थी कि स्वामीजी ज्ञानोपदेश देंगे, पर वे उलटे दूसरों को लूट रहे और मौज कर रहे हैं।

३ मुनियर=मुनिवर, श्रेष्ठ ज्ञानी। मसकरा=मसखरा।

६ प्रमोधै=प्रबोध अर्थात् ज्ञानोपदेश करता है।

तारां-मंडल वैसिकरि, चंद बड़ाई खाइ।
उदै भया जब सूर का, स्यूँ तारां छिपि जाइ ॥७॥

कासी कांठै घर करैं, पीवैं निरमल नीर।
मुकति नहीं हरि-नांव बिन, यूँ कहै दास कबीर ॥८॥

कथणीं बिना करणीं कौ अंग

कबीर पढ़िबा दूरि करि, पुसतक देइ बहाइ।
बांवन आपिर सोधिकरि, ररै ममैं चित लाइ ॥१॥

कबीर पढ़िबा दूरि करि, आथि पढ्या संसार।
पीड़ न उपजी प्रीति सूँ, तौ क्यूँकरि करै पुकार ॥२॥

कथनी मीठी खाँड सी, करनी विष की लोइ।
कथनी तजि करनी करै, विष से अमृत होइ ॥३॥

पानी मिलै न आपको, औरन बकसत छीर।
आपन मन निसचल नहीं, और बँधावत धीर ॥४॥

पद जोरैं साखी कहैं, साधन परि गई रौस।
काढ़ा जल पीवै नहीं, काढ़ि पियन की हौस ॥५॥

---

७ स्यूँ=समेत।

८ कांठैं=किनारे, पास।

कथणीं बिना करणी कौ अंग

१ आपिर=अक्षर। ररै ममै=रकार और मकार ये दो अक्षर, अर्थात् राम।

२ आथि=(अस्ति) है, होना।

३ लोइ=गोली ।

५ जोरैं=रचता है। रौस=चाल ढाल, रंग ढंग ।

कहता तो बहुता मिला, गहता मिला न कोइ।
सो कहता वहि जानदे जो नहिं गहता होइ ॥६॥

एक एक निरवारिया जो निरवारी जाइ।
दुइ-दुइ मुख का बोलना, घने तमाचा खाय ॥७॥

कामीं नर कौ अंग

परनारी-राता फिरैं, चोरी बिढ़ता खांहि।
दिवस चारि सरसा रहैं, अंति समूला जांहि ॥१॥

नर नारी सब नरक है, जबलग देह सकाम।
कहै कबीर ते रांम के, जे सुमिरैं निहकाम ॥२॥

एक कनक अरु कांमनी, विष फल कै ये उपाइ।
देखैं हीं थैं विष चढ़ै, खांयें सूँ मरि जाइ ॥३॥

एक कनक अरु कांमनी, दोऊ अगनि की झाल।
देखें हीं तन प्रजलै, परस्यां ह्वै पैमाल ॥४॥

भगति बिगाड़ी कांमियां, इन्द्री केरै स्वादि।
हीरा खोया हाथ थै, जनम गॅवाया बादि ॥५॥

---

६ गहता=सच्चे अर्थ को ग्रहणकर उसके अनुसार आचरण करनेवाला।

कामी नर कौ अंग

१ राता=अनुरक्त। चोरीबिढ़ता=चोरी से कमाते हुए। सरसा=प्रसन्न।

२ सकाम=काम-वासना से युक्त।

३ झाल=ज्वाला। पैमाल=नष्ट।

५ बादि=व्यर्थ।

कांमीं लज्या नां करै, मन मांहै अहिलाद।
नींद न मांगै सांथरा, भूष न मांगै स्वाद॥६॥

कबीर कहता जात हौ, चेतै नहीं गँवार।
वैरागी गिरही कहा, कांमीं वार न पार॥७॥

ग्यांनी मूल गँवाइया, आपण भये करता।
ताथै संसारी भला, मन मैं रहै डरता॥८॥

चलौं चलौं सब कोइ कहै, पहुँचै बिरला कोइ।
एक कनक औ कामिनी, दुरगम घाटी दोइ॥६॥

परनारी पैनी छुरी, मति कोइ लाओ अंग।
रावन के दस सिर गए परनारी के संग॥१०॥

साँच कौ अंग

लेखा देणां सोहरा, जे दिल सांचो होइ।
उस चंगे दीवांन मैं, पला न पकड़ै कोइ॥१॥

काजी मुंलां भ्रंमयां, चल्या दुनीं के साथि।
दिलथैं दीन बिसारिया, करद लई जब हाथि॥२॥

---

६ अहिलाद=आह्लाद, आनन्द। साथरा=बिस्तर।

७ वार न पार=न इस लोक मे ठिकाना, न परलोक मे।

८ आपण भये करता=अहंकारवश अपने आपको सबका कर्त्ता मान बैठे। ताथैं=उससे।

साँच कौ अंग

१ सोहरा=सहल। दीवान=दरबार, कचहरी।

२ दीन=धर्म। करद=बडी छुरी।

जोरी करि जिवहै करैं, कहते हैं ज हलाल।
जब दफतर देखैगा दई, तब ह्वैगा कौंण हवाल ॥३॥

साँई सेती चोरियां, चोरां सेती गुझ।
जांणैगा रे जीवड़ा, मार पड़ैगी तुझ ॥४॥

खूब खांड है खीचड़ी, मांहिं पड़ै टुक लूँण।
पेड़ा रोटी खाइकरि, गला कटावै कूँण ॥५॥

झूठे कूँ झूठा मिलै, दूणां बधै सनेह।
झूठे कूँ सांचा मिलै, तब ही तूटै नेह ॥६॥

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदे सांच है, ता हिरदे गुरु आप ॥७॥

प्रेम-प्रीति का चोलना, पहिरि कबीरा नाच।
तन मन तापर वार हूँ, जो कोई बोलै सांच ॥८॥

सांच कहूँ तो मारिहैं, झूठे जग पतियाइ।
ये जग काली कूकरी, जो छेड़ै तो खाइ ॥९॥

---

३ जोरी=जुल्म। जिवहै=प्राणियों का वध। हलाल=मुस्लिम धर्मशास्त्रोक्त पशु-वध। दफतर=कर्मों की मिसल।

४ गुझ=गुह्य, गुप्त भेद या सलाह।

५ खूब=बड़ी बढ़िया, स्वादिष्ट। टुक लूँण=ज़रा-सा नमक। कूँण=कौन।

६ बधै=बढ़े। तूटै=टूट जाये।

८ चोलना=लंबा ढीला-ढाला कुरता, जिसे फकीर पहनते हैं।

भ्रम विधौंसरण कौ अंग

जेती देषौ आत्मा, तेता सालिगरांम ।
साधू प्रतषि देव हैं, नहीं पाथर सूँ काम ॥१॥

सेवै सालिगरांम कूँ, मन की भ्रांति न जाइ ।
सीतलता सुपिनै नहीं, दिन दिन अधिकी लाइ ॥२॥

मन मथुरा दिल द्वारिका, काया कासी जाणि ।
दसवां द्वारा देहुरा, तामैं जोति पिछाणि ॥३॥

कबीर दुनियां देहुरै, सीस नवांवण जाइ ।
हिरदा भीतरि हरि बसै, तूँ ताही मूँ ल्यौ लाइ ॥४॥

पाथर ही का देहुरा, पाथर ही का देव ।
पूजणहारा अधला, लागा खोटी सेव ॥५॥

भेष कौ अंग

कबीर माला मन की, और संसारी भेष ।
माला पहर्‌यॉ हरि मिलै, तौ अरहट कै गलि देष ॥१॥

भ्रमविधौंसण कौ अंग

१ प्रतषि=प्रत्यक्ष, सजीव ।

२ लाइ=आग ।

३ दसवा द्वारा=ब्रह्म-रन्ध्र से आशय है । देहरा=देवालय ।

५ खोटी सेव=झूठी सेवा-पूजा ।

भेष कौ अंग

१ अरहट=रहँट । गलि=गले में ।

सांइ[१] सेती सांच चलि, औरां सूँ सुध भाइ।
भावै लवे केस करि, भावै घुरड़ि मुड़ाइ ॥२॥

तन कौं जोगी सब करैं, मन कौं विरला कोइ।
सब सिधि सहजैं पाइए, जे मन जोगी होइ ॥३॥

पष ले बूड़ी पृथमीं, झूठी कुल की लार।
अलष विसार्‌या भेष मैं, बूड़े काली धार ॥४॥

चतुराई हरि नां मिलै, ए बातां की बात।
एक निसप्रेही निरधार का गाहक गोपीनाथ ॥५॥

जबलग पीव परचा नहीं, कन्या कँवारी जांणि।
हथलेवा हौंसैं लिया, मुसकल पड़ी पिछांणि ॥६॥

मन माला तन मेखला, भय की करै भभूत।
अलख मिला सब देखता, सो जोगी अवधूत ॥७॥

हम तो जोगी मनहिं के, तन के हैं ते और।
मन का जोग लगावते दसा भई कछु और ॥८॥

---

२ औरां सूँ = दूसरों के साथ। सुधि भाइ=शुद्ध या सरल भाव। घुरड़ि-मुड़ाइ=घुटाकर मुँडा दे।

४ पष = पक्ष, संप्रदायवाद। बूडी पृथमी=दुनिया डूब गई। लार=साथ, संबंध।

५ बाता की बात = सौ बात की एक बात। निसप्रेही=निस्पृह, जिसे कोई इच्छा नहीं, कोई स्वार्थ नहीं।

६ हथलेवा=विवाह में वर द्वारा कन्या का हाथ अपने हाथ में लेने की रीति; पाणिग्रहण। हौंसै = साहसपूर्ण इच्छा या हौंसले से।

७ मेखला=कमर में लपेटने की मूँज की डोरी, कफनी या अलफी भी अर्थ होता है। अवधूत = योगी।

संगति कौ अंग

देखादेखी भगति है, कदे न चढ़ई रंग।
विपति पड्यां यूँ छाड़सी, ज्यूँ कंचुली भवंग ॥१॥

कबीर तन पंषी भया, जहाँ मन तहाँ उड़ि जाइ।
जो जैसी संगति करै, सो तैसे फल खाइ ॥२॥

काजल केरी कोठड़ी, तैसा यहु संसार।
बलिहारी ता दास की, पैसि ज निकसणहार ॥३॥

कबिरा संगत साध की हरै और की व्याधि।
संगत बुरो असाध की, आठो पहर उपाधि ॥४॥

कबिरा संगत साधु की, जौ की भूसी खाइ।
खीर खाँड भोजन मिलै, साकट संग न जाइ ॥५॥

कबिरा खाई कोट की, पानी पिवै न कोइ।
जाइ मिलै जब गंग से, सब गंगोदक होइ ॥६॥

तोहिं पीर जो प्रेम की, पाका सेती खेल।
कॉची सरसों पेरिकै खली भया ना तेल ॥७॥

दाग जो लागा नील का, सौ मन साबुन धोइ।
कोटि जतन परबोधिए, कागा हंस न होइ ॥८॥

केरा तबहि न चेतिया, जब ढिग लागी बेर।
अब के चेते क्या भया, काँटन लीन्हों घेरि ॥९॥

संगति कौ अंग

३ पैसि ज निकसणहार = जो पैठकर बिना कालिमा लगाये बाहर निकल आये।
५ साकट=शाक्त, वाममार्गी जो मद्य-मांस आदि का सेवन करते थे; हरिविमुख।
७ पाका सेती खेल = पक्के साधु की संगति कर। पेरिकै = पेलकर।

साध कौ अंग

मथुरा जावै द्वारिका, भावै जावै जगनाथ।
साध संगति हरिभगति बिन, कछू न आवै हाथ ॥१॥

मेरे संगी दोइ जणां, एक वैष्णों एक रांम।
यो है दाता मुकति का, वो सुमिरावै नांम ॥२॥

कबीर सोई दिन भला, जा दिन सत मिलाहिं।
अंक भरे भरि भेंटिया, पाप सरीरौं जांहिं ॥३॥

जांनि बूझि साँचहि तजै, करै झूँठ सूँ नेहु।
ताकी संगति रांमजी, सुपिनैं ही जिनि देहु ॥४॥

काजल केरी कोठड़ी, काजल ही का कोट।
बलिहारी ता दास की, जे रहै रांम की ओट ॥५॥

सिहों के लेंहड़े नहीं, हंसों की नहिं पाँत।
लालों की नहिं बोरियां, साध न चलैं जमात ॥६॥

साध कहावन कठिन है, लंबा पेड खजूर।
चढ़ै तो चाखै प्रेमरस, गिरै तो चकनाचूर ॥७॥

गाँठी दाम न बाँधई, नहिं नारी सों नेह।
कह कबीर ता साध की हम चरनन की खेह ॥८॥

साध कौ अंग

१ भावै=चाहे।

५ ओट=शरण में।

६ लेंहड़े=झुंड।

८ खेह=धूल।

वृच्छ कबहुँ नहिं फल भखै, नदी न संचै नीर।
परमारथ के कारने साधुन धरा सरीर ॥९॥

जाति न पूछो साध की, पूछ लीजिए ग्यान।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ॥१०॥

हरि सेती हरिजन बड़े, समझि देखु मन माहिं।
कह कबीर जग हरि विषे, सो हरि हरिजन माहिं ॥११॥

हद चलै सो मानवा, बेहद चलै सो साध।
हद बेहद दोनों तजै, ता का मता अगाध ॥१२॥

साध सापीभूत कौ अंग

संत न छाड़ै संतई, जे कोटिक मिलैं असंत।
चंदन भुवंगा बैठिया, तउ सीतलता न तजंत ॥१॥

कबीर हरि का भावता, दूरैं थैं दीसंत।
तन षीणां मन उनमनां, जग रूठड़ा फिरंत ॥२॥

कबीर हरि का भावता, झीणां पंजर तास।
रैणि न आवै नींदड़ी, अंगि न चढ़ई मांस ॥३॥

रांम-वियोगी तन विकल, ताहि न चीन्हैं कोइ।
तंबोली के पांन ज्यूँ, दिन दिन पीला होइ ॥४॥

---

९ संचै=जमा करके रखती है।

११ विषे=बीच में।

साध सापीभूत कौ अंग

२ दीसंत=दीख जाता है। भावता=प्यारा भक्त। षीणा=क्षीण, कृश। उनमनां=उदासीन। रूठड़ा=विरक्त।

३ पंजर=देह।

जदि विषै पियारी प्रीति सूँ तब अन्तरि हरि नांहिं।
जब अंतर हरिजी बसै, तब विषिया सूँ चित नांहिं ॥५॥

जिहि हिरदै हरि आइया, सो क्यूं छांनां होइ।
जतन-जतन करि दाबिये, तऊ उजाला सोइ ॥६॥

सब घटि मेरा सांइयां, सूनी सेज न कोइ।
भाग तिन्हों का हे सखी, जिहि घटि परगट होइ ॥७॥

पावकरूपी रांम है, घटि-घटि रह्या समाइ।
चित चकमक लागै नहीं, ताथैं धूँवां ह्वै ह्वै जाइ ॥८॥

साधमहिमा कौ अंग

जिहिं घर साध न पूजिये, हरि की सेवा नांहिं।
ते घर मड़हट सारपे, भूत बसैं तिन मांहिं ॥१॥

है गै गैंवर सघन धन, छत्र धजा फरराइ।
ता सुख थैं भिष्या भली, हरि-सुमिरत दिन जाइ ॥२॥

है गै गैंवर सघन धन, छत्रपती की नारि।
तास पटंतर ना तुलै, हरिजन की पनिहारि ॥३॥

---

६ छांनां=छिपा, गुप्त।

८ चकमक=एक प्रकार का कड़ा पत्थर, जिसपर चोट पड़ने से फौरन आग निकलती है।

साधमहिमा कौ अंग

१ मड़हट=मरघट। सारपे=समान।

२ है=हय, घोड़ा। गै=गज। गैंवर=गजराज। सघन=अत्यधिक, अखूट। फरराइ=फहराये। भिष्या=भिक्षा।

३ पटंतर=तुलना, उपमा। पनिहारि=पानी भरनेवाली नौकरानी।

कबीर कुल तौ सो भला, जिहि कुल उपजै दास।
जिहिं कुल दास न ऊपजै, सो कुल आक-पलास ॥४॥

साषत बांभण मति मिलै, वैसनौं मिलै चँडाल।
अंकमाल दे भेटिये, मांनौं मिले गोपाल ॥५॥

विचार कौ अंग

आगि कह्यां दाझै नहीं, जे नहीं चंपै पाइ।
जबलग भेद न जांणिये, रांम कह्या तौ कांइ ॥१॥

कबीर सोचि विचारिया, दूजा कोई नांहिं।
आपा पर जब चीन्हियां, तब उलटि समाना मांहिं ॥२॥

कबीर पांणी केरा पूतला, राख्या पवन सँवारि।
नांनां बांणी बोलिया, जोति धरी करतारि ॥३॥

एक सब्द में सब कहा, सब ही अर्थ विचार।
भजिए निर्गुन नाम को, तजिए त्रिषै-विकार ॥४॥

---

४ दास=भगवान् का सेवक, भगवद्भक्त। आक-पलास=आक का पेड़।

५ साषत=शाक्त, वाममार्गी। अंकमाल=आलिंगन, गले लगाना।

विचार कौ अंग

१ आगि ''पाइ=आग कहदेने मात्र से वह जलाती नहीं है, जबतक कि पैर से दब नहीं जाती। कांइ=क्या होता है।

२ तब उलटि समाना माहिं=विषयों की ओर से मुड़कर अंतर्मुखी तथा ब्रह्मलीन हो जाता है।

३ पवन=प्राण। जोति=आत्मा से आशय है।

सहज तराजू आनिकरि सब रस देखा तोल ।
'सब रस' माहीं जीभ-रस, जो कोइ जानै बोल ॥५॥

मन दीया कहिं और ही, तन साधन के संग ।
कह कबीर कोरी गजी, कैसे लागै रंग ॥६॥

उपदेस कौ अंग

वैरागी विरकत भला, गिरहीं चित्त उदार ।
दुहूँ चूकां रीता पड़े, ताकूं वार न पार ॥१॥

कबीर हरि के नांव सूं, प्रीति रहै इकतारि ।
तौ मुख तैं मोती झड़ैं, हीरे अंत न पार ॥२॥

ऐसी वांणी बोलिये, मन का आपा खोइ ।
अपना तन सीतल करै, औरन कूँ सुख होइ ॥३॥

जो तोको कांटा बुवै, ताहि बोव तू फूल ।
तोहिं फूल को फूल है, वाको है तिरसूल ॥४॥

दुरबल को न सताइए, जाकी मोटी हाय ।
बिना जीव की स्वाँस से लोह भसम ह्वै जाय ॥५॥

या दुनिया में आइके छांडि देइ तू ऐंठ ।
लेना होइ सो लेइ ले, उठी जात है पैंठ ॥६॥

---

५ जीभ-रस = सच्ची मीठी वाणी: प्रभु-नाम का उच्चारण ।
६ गजी = खादी ।

उपदेस कौ अंग

१ विरकत = विरक्त । गिरहीं = गृहस्थ । दुहूँ चूकां रीतां पड़ै = यदि वैरागी में वैराग्य न हो और गृहस्थ में उदारता न हो, तो दोनों ही व्यर्थ हैं ।
६ ऐंठ = अभिमान । पैंठ = हाट ।

जग में वैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय ।
या आपा को डारिदे, दया करै सब कोय ॥७॥

आवत गारी एक है, उलटत होय अनेक ।
कह कबीर नहिं उलटिए, वही एक ही एक ॥८॥

मांगन मरन समान है मति कोइ मांगो भीख ।
मांगन ते मरना भला, यह सतगुरु की सीख ॥९॥

उदर समाता अन्न लै तनहिं समाता चीर ।
अधिकहि संग्रह ना करै, ताका नाम फकीर ॥१०॥

बोलत ही पहिचानिये साहु चोर को घाट ।
अंतर की करनी सबै निकसै मुख की बाट ॥११॥

पढ़ि-पढ़ि के पत्थर भये, लिखि-लिखि भये जो ईंट ।
कबिरा अंतर प्रेम की लागो नेक न छींट ॥१२॥

न्हाए धोए क्या भया, जो मन मैल न जाय ।
मीन सदा जल में रहै धोए बास न जाय ॥१३॥

ऊँचे गाँव पहाड़ पर, औ मोटे की बांह ।
ऐसा ठाकुर सेइए, उबरिय जाकी छांह ॥१४॥

वोहू तो वैसहि भया, तू मति होय अयान ।
तू गुणवँत वे निरगुणी, मनि एकै मे सान ॥१५॥

---

१० चीर=कपड़ा । समाता=आवश्यकताभर ।

११ बाट=रंगत, चालढाल ।

१५ मनि एकै में सान=सब को एक में ही न मिला ; सभी धान बाईस पंसेरी न समझ ।

बेसास कौ अंग

भूखा-भूखा क्या करै, कहा सुनावै लोग।
भांडा घड़ि जिनि मुख दिया, सोई पूरण जोग ॥१॥

च्यंतामणि मन मैं बसै, सोई चित मैं आंणि।
बिन च्यंता च्यंता करै, इहै प्रभू की बांणि ॥२॥

जाकौ जेता निरमया, ताकौं तेता होइ।
रंती घटै न तिल बधै, जो सिर कूटै कोइ ॥३॥

संत न बांधै गांठड़ी, पेट समाता लेइ।
सांई सूँ सनमुष रहै, जहाँ माँगै तहाँ देइ ॥४॥

मीठा खांण मधूकरी, भांति-भांति कौ नाज।
दावा किसही का नहीं, बिन बिलाइति बड़ राज ॥५॥

मांगण मरण समान है, बिरला बंचै कोइ।
कहै कबीर रघुनाथ सूँ मति रे मँगावै मोहि ॥६॥

बेसास कौ अंग

१ भाडा=बर्तन; शरीर से अभिप्राय है। तेता पूरण जोग=वही उसे भरने में समर्थ।

२ बाणि=स्वभाव।

३ निरमया=बनाया। तेता होइ=उतना मिलता है। रंती=रत्ती। बधै=बढ़े।

५ मधुकरी=अनेक घरों से मिली हुई भिक्षा।

पद गांये लैलीन ह्वै, कटी न संसै पास।
सबै पिछोड़े थोथरे, एक बिनां बेसास ॥७॥

गाया तिनि पाया नहीं, अणगांयां थै दूरि।
जिनि गाया बिसवास सूँ, तिन रांम रह्या भरपूरि ॥८॥

कबिरा क्या मैं चिंतहूँ, मम चिंते क्या होय।
मेरी चिंता हरि करैं, चिंता मोहिं न कोय ॥९॥

पौ फाटी पगरा भया, जागे जीवा जून।
सब काहू को देत है चोंच-समाता चून ॥१०॥

साँई इतना दीजिये, जामें कुटुंब समाय।
मैं भी भूखा ना रहूँ, साधु न भूखा जाय ॥११॥

बिर्कताई कौ अंग

मेरै मन मैं पड़ गई, ऐसी एक दरार।
फाटा फटक पषाण ज्यूँ, मिल्या न दूजी बार ॥१॥

नीर पिलावत क्या फिरै, सायर घर-घर बारि।
जो त्रिषावंत होइगा, सो पीवैगा झपमारि ॥२॥

---

७ संसै-पास = संदेह, अर्थात् दुविधा का फंदा। पिछोड़े थोथरे = फोकट भुस को ही अंततक फटकता रहा ; जितने साधन किये सब बेकार गये।

१० पगरा = सवेरा, तड़का। जून = (प्रभात) समय।

बिर्कताई कौ अंग

१ फटक = स्फटिक, बिल्लौर ; साधारण कॉच भी अर्थ होता है।

२ सायर = सागर, जलाशय।

सतगंठी कोपीन है, साध न मानै संक।
रांम अमलि माता रहै, गिणैं इंद्र कौं रंक।।३।।

दावै दाभ्रण होत है, निरदावै निसंक।
जे नर निरदावै रहैं, ते गिणैं इंद्र कौं रंक।।४।।

समर्थाई कौ अंग

सात समंद की मसि करौं, लेखनि सब वनराइ।
धरती सब कागद करौं, तऊ हरिगुण लिख्या न जाइ।।१।।

सांई[१] मेरा वांणियां, सहजि करै व्यौपार।
बिन डांडी बिन पालड़ै, तोलै सब संसार।।२।।

कबीर करणीं क्या करै, जे रांम न करै सहाइ।
जिहि-जिहि डाली पग धरै, सोई नवि-नवि जाइ।।३।।

सांई सूँ सब होत है, बंदे थै कुछ नांहि।
राई थैं परवत करै, परवत राई मांहि।।४।।

साहेब-सा समरथ नहीं, गरुआ गहिर गँभीर।
औगुन छोडै गुन गहै, छिनक उतारै तीर।।५।।

---

३ सतगंठी कोपीन=सौ गाँठवाली लंगोटी। अमलि=नशा।

४ दावै=स्वत्व या अधिकार से; 'दाव' यह द्रव्य का भी अपभ्रंश हो सकता है।

समर्थाई कौ अंग

१ वनराइ=वृक्ष-समूह।

३ नवि-नवि जाइ=झुक-झुक जाती है।

जो कुछ किया सो तुम किया, मैं कछु कीया नाहिं।
कहा-कही जो मैं किया, तुम ही थे मुझ माहिं ॥६॥

जाको राखै साँइयाँ मारि न सक्कै कोय।
बाल न बांका करि सकै, जो जग वैरी होय ॥७॥

साँई तुझसे बाहिरा कौड़ी नाहिं बिकाय।
जाके सिर पर धनी तू, लाखों मोल कराय ॥८॥

सबद कौ अंग

कबीर सबद सरीर मैं, बिनि गुण बाजै तंति।
बाहरि भीतरि भरि रह्या, ताथै छूटि भरंति ॥१॥

सतगुर ऐसा चाहिए, जैसा सिकलीगर होइ।
सबद मसकला फेरिकरि, देह द्रपन करै सोइ ॥२॥

ज्यूँ-ज्यूँ हरिगुण साँभलौं, त्यूँ-त्यूँ लागै तीर।
लागैं थैं भागा नहीं, साहणहार कबीर ॥३॥

सब्द-सब्द बहु अंतरा, सार सब्द चित देय।
जा सब्दै साहेब मिलै, सोइ सब्द गहि लेय ॥४॥

---

८ बाहिरा = बिना, रहित।

सबद कौ अंग

१ गुण = तार से तात्पर्य है। तंति = तन्त्री, वीणा। भरंति = भ्रांति।
२ सिकलीगर = छुरी, कैंची आदि की धार को पैनी करनेवाला। मसकला = हँसिया के आकार का एक औज़ार, इससे रगड़ने से धातुओं पर चमक आ जाती है। द्रपन = दर्पण; अत्यंत स्वच्छ।
३ साँभलौं = स्मरण व ध्यान करता हूँ। साहणहार = सहनेवाला।

सब्द बराबर धन नहीं जो कोइ जानै बोल।
हीरा तो दामों मिलै, सब्दहिं मोल न तोल ॥५॥

सीतल सब्द उचारिए, अहम् आनिए नाहिं।
तेरा प्रीतम तुज्झ मे, सत्रू भी तुझ माहिं ॥६॥

जीवनमृतक कौ अंग

घर जालौं घर ऊवरै, घर राखौं घर जाइ।
एक अचंभा देखिया, मड़ा काल कौं खाइ ॥१॥

वैद मुवा रोगी मुवा, मुवा सकल संसार।
एक कबीरा ना मुवा, जिनिके राम अधार ॥२॥

जीवन थैं मरिबो भलौ, जौ मरि जानैं कोइ।
मरनैं पहली जे मरैं, तौ कलि अजरावर होइ ॥३॥

आपा मेट्यां हरि मिलै, हरि मेट्यां सब जाइ।
अकथ कहांणी प्रेम की, कह्यां न को पत्याइ ॥४॥

कबीर चेरा संत का, दासनि का परदास।
कबीर ऐसै ह्वै रह्या, ज्यूँ पाऊँ तलि घास ॥५॥

जीवनमृतक कौ अंग

१ घर जालौं घर ऊवरै = यदि देहभिमान को नष्ट करदूँ, तो आत्मभाव सुरक्षित रहता है। अथवा, विषय-रस जला दे तो ब्रह्म-रस सुलभ हो जाता है। मड़ा = मरा हुआ, जिसने अपने अहंभाव को मार दिया है। काल कौं खाइ = अमर हो जाता है।

३ मरनैं ··होइ = मरने से पहले ही जो देह को नाशवान या मृत समझले, वह अजर और अमर हो जाये। कलि = कल, तुरन्त।

५ परदास = दास का भी दास।

मैं मरजीव समुन्द्र का, डुबकी मारी एक।
मूठी लाया ग्यान की, तामे वस्तु अनेक ॥६॥

हरि हीरा क्यों पाइहै, जिन जीवे की आस।
गुरु दरिया सो काढ़सी कोइ मरजीवा दास ॥७॥

रोड़ा भया तो क्या भया, पंथी को दुख देय।
साधू ऐसा चाहिए, ज्यों पैंड़े की खेह ॥८॥

खेह भई तो क्या भया, उड़ि-उड़ि लागै अंग।
साधू ऐसा चाहिए, जैसे नीर निपंग ॥९॥

नीर भया तो क्या भया, ताता सीरा जोय।
साधू ऐसा चाहिए, जो हरि जैसा होय ॥१०॥

हरि भया तो क्या भया, करता हरता होय।
साधू ऐसा चाहिए, हरि भज निरमल होय ॥११॥

निरमल भया तो क्या भया, निरमल माँगै ठौर।
मल निरमल से रहित है, ते साधू कोइ और ॥१२॥

गुरसिप हेरा कौ अंग

ऐसा कोई नां मिलै. हम कौं लेइ पिछानि।
अपना करि किरपा करै, ले उतारै मैदानि ॥१॥

---

६ मरजीवा = जो कार्य-सिद्धि के लिए प्राण देने पर उतारू हो जाये।

८ पैंडे की खेह = रास्ते की धूल।

९ निपंग = बिना पंक का ; स्वच्छ।

१० ताता-सीरा = गरम और ठंडा।

ऐसा कोई नां मिलै, रांम भगति का मीत।
तन मन सौंपै मृग ज्यूं, सुनै वधिक का गीत ॥२॥

ऐसा कोई नां मिलै, जासौं रहिये लागि।
सब जग जलतां देखिये, अपणीं-अपणीं आगि ॥३॥

हम देखत जग जात है, जग देखत हम जांहि।
ऐसा कोई नां मिलै, पकड़ि छुड़ावै बांहि ॥४॥

सारा सूरा बहु मिलैं, घाइल मिलै न कोइ।
प्रेमीं कौं प्रेमीं मिलै, तब सब विष अमृत होइ ॥५॥

हम घर जाल्या आपणां, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि ॥६॥

सूरातन कौ अंग

गगन दमांमां बाजिया, पड्या निसांनैं घाव।
खेत बुहार्‌या सूरिवैं, मुझ मरणे का चाव ॥१॥

सूरा तबही परषिये, लड़ै धणीं कै हेत।
पुरिजा-पुरिजा ह्वै पड़ै, तऊ न छाड़ै खेत ॥२॥

गुरसिष हेरा कौ अंग

२ वधिक=बहेलिया।

५ सारा सूरा=आहत न होनेवाले शूरवीर।

६ मुराडा=जलती हुई लकड़ी

सूरातन कौ अंग

१ दमांमा=नगाड़ा। पड्या निसानैं घाव=डंके पर चोट पड़ी। सूरिवैं=शूरवीरों ने।

२ पुरिजा-पुरिजा=टुकड़ा-टुकड़ा ।

अब तौ झूझ्यां हीं बणैं, मुड़ि चाल्यां घर दूरि ।
सिर साहिब कौं सौंपतां, सोच न कीजै सूर ॥३॥

जिस मरनैं थैं जग डरै, सो मेरे आनंद ।
कब मरिहूं कब देखिहूं, पूरन परमानंद ॥४॥

कायर बहुत पमांवहीं, बहकि न बोलै सूर ।
कांम पड्यां हीं जांणिये, किसके मुख परि नूर ॥५॥

दूरि भया तौ का भया, सिर दे नेड़ा होइ ।
जबलग सिर सौंपै नहीं, कारिज सिधि न होइ ॥६॥

कबीर यहु घर प्रेम का, खाला का घर नांहिं ।
सीस उतारै हाथि करि, सो पैसै घर मांहिं ॥७॥

प्रेम न खेतों नीपजै प्रेम न हाटि बिकाइ ।
राजा परजा जिस रुचै, सिर दे सो ले जाइ ॥८॥

भगति दुहेली रांम की, नहिं कायर का कांम ।
सीस उतारै हाथि करि, सो लेसी हरि नांम ॥९॥

भगति दुहेली रांम की, जैसि खांडे की धार ।
जे डोलै तौ कटि पड़ै, नहीं तौ उतरै पार ॥१०॥

---

३ झूझ्या हीं बणैं=जूझना ही होगा ।

५ पमावहीं=डींग मारते हैं ।

६ नेडा=निकट ।

७ खाला=मौसी । पैसै=पैठे ।

९ दुहेली=कठिन ।

भगति दुहेली रांम की, जैसि अगनि की झाल ।
डाकि पड़े ते ऊबरे, दाधे कौतिगहार ॥११॥

जेते तारे रैणि के, तेतै वैरी मुझ ।
धड़ सूली सिर कंगुरै, तऊ न विसारौं तुझ ॥१२॥

सिर साटै हरि सेविये, छाड़ि जीव की वांणि ।
जे सिर दीयां हरि मिलै, तबलग हांणि न जांणि ॥१३॥

सती जलन को नीकली, पीव का सुमरि सनेह ।
सबद सुनत जीव नीकल्या, भूलि गई सब देह ॥१४॥

हौं तोहि पूछौं हे सखी, जीवत क्यूँ न मराइ ।
मूंवा पीछै सत करै, जीवत क्यूँ न कराइ ॥१५॥

सिर राखे सिर जात है, सिर काटे सिर सोय ।
जैसे बाती दीप की कटि उँजियारा होय ॥१६॥

खोजी को डर बहुत है, पल-पल पड़ै विजोग ।
प्रन राखत जो तन गिरै, सो तन साहेबजोग ॥१७॥

तीर तुपक से जो लड़ै, सो तो सूर न होय ।
माया तजि भक्ती करै, सूर कहावै सोय ॥१८॥

११ झाल=ज्वाला । डाकि पडे=फाँद जाये, लाँघ जाये । कौतिगहार=तमाशा-देखनेवाले ।

१२ मुझ=मेरे ।

१३ साटै=मोल । वाणि=लोभ ।

काल कौ अंग

काल सिहाँणैं यौं खड़ा, जागि पियारे म्यंत।
रांम-सनेही बाहिरा, तूँ क्यूँ सोवै नच्यंत ॥१॥

आज कहै हरि काल्हि भजौंगा, काल्हि कहै फिरि काल्हि।
आज ही काल्हि करंतड़ां, औसर जासी चालि ॥२॥

कबीर पल की सुधि नहीं, करै काल्हि का साज।
काल अच्यता झड़पसी, ज्यूँ तीतर कौं बाज ॥३॥

बारी बारी आपणीं, चले पियारे म्यंत।
तेरी बारी रे जिया, नेड़ी आवै नित ॥४॥

मालन आवत देखिकरि, कलियां करीं पुकार।
फूले-फूले चुणि लिए, काल्हि हमारी बार ॥५॥

फांगुण आवत देखिकरि, बन रूना मन मांहि।
ऊंची डाली पात है, दिन-दिन पीले थांहिं ॥६॥

जो पहर्‌या सो फाटिसी, नांव धर्‌या सो जाइ।
कबीर सोई तन्त गहि, जो गुर दिया बताइ ॥७॥

काल कौ अंग

१ सिहाँणैं=सिरहाने सिर के ऊपर। म्यत=मित्र। नच्यंत=निश्चिंत, बेफिक्र।

२ करंतड़ा=करते-करते। जासी चालि=चला जायेगा।

३ अच्यता=अचानक।

६ रूना=उदास, दुखी। थांहिं=हो रहे हैं।

जो ऊग्या सो आँथिवै, फूल्या सो कुमिलाइ।
जो चिणियां सो ढहि पड़ै, जो आया सो जाइ ॥८॥

पांणीं केरा बुदबुदा, इसी हमारी जाति।
एक दिनां छिप जांहिंगे, तारे ज्यूँ परभाति ॥९॥

कबीर यहु जग कुछ नहीं, खिन खारा खिन मींठ।
काल्हि जो बैठा माड़ियां, आज मसांणां दीठ ॥१०॥

पात पडंता यौं कहै, सुनि तरवर वनराइ।
अब के बिछुड़े नां मिलैं, कहिं दूर पड़ैंगे जाइ ॥११॥

मेरा बीर लुहारिया, तू जिनि जालै मोहिं।
इक दिन ऐसा होइगा, हूँ जालौंगी तोहिं ॥१२॥

कबीर कहा गरबियौ, काल गहै कर केस।
नां जांणै कहाँ मारिसी, कै घर कै परदेस ॥१३॥

कबीर जंत्र न बाजई, टूटि गये सब तार।
जंत्र बिचारा क्या करै, चला बजावणहार ॥१४॥

काएँ चिणांवै मालिया, लांबी भीति उसारि।
घर तौ साढ़ो तीनि हथ, घणौं तौ पौणां चारि ॥१५॥

---

८ जो.....आँथिवै=जो उदय हुआ वह अस्त होगा। चिणिया=चिना, बनाया।

१० माड़िया=मड़ैया, छोटा-सा घर। मसाणा=मरघट।

१२ बीर=भाई।

१५ मालिया=धनी। उसारि=दालान, बरामदा। घर=कब्र या श्मशान से अभिप्राय है।

मंछी हुआ न छूटिए, झीवर मेरा काल।
जिहिं-जिहिं डावर हूँ फिरौं, तिहिं-तिहिं मांडै जाल ॥१६॥

मूकण लागा केवड़ा, तूटीं अरहट माल।
पांणीं की कल जांणतां, गया ज सींचणहार ॥१७॥

वरियां बीती बल गया, अरु बुरा कमाया।
हरि जिन छाड़ै हाथ थैं, दिन नेड़ा आया ॥१८॥

कबीर हरि सूँ हेत करि, कूड़ै चित्त न लाव।
बध्या बार पटीक कै, ता पसु कितीएक आव ॥१९॥

विष के वन मैं घर किया, सरप रहे लपटाइ।
तार्थैं जियरै डर गह्या, जागत रैंणि बिहाइ ॥२०॥

काची काया मन अथिर, थिर-थिर कांम करंत।
ज्यूँ-ज्यूँ नर निधड़क फिरै, त्यूँ-त्यूँ काल हसंत ॥२१॥

रोवणहारे भी मुए, मुए जलांवणहार।
हा हा करते ते मुए, कासनि करौं पुकार ॥२२॥

सजीवनि कौ अंग

जहाँ जरा मरण व्यापै नहीं, मुवा न सुणिये कोइ।
चलि कबीर तिहि देसड़ै, जहाँ बैद बिधाता होइ ॥१॥

---

१६ झींवर=धीवर, मछली पकड़नेवाला। डावर=पोखर, तलैया। माडै=डालता है।

१७ अरहट=रहँट। सींचणहार=जीव से अभिप्राय है।

१८ वरिया=अवसर। बुरा कमाया=बुरे कर्म किये। नेडा=पास।

१९ बार=द्वार। पटीक=कमाई। आव=आयु।

२१ थिर-थिर=धीरे-धीरे

कबीर हरि चरणौं चल्या, माया मोह थै टूटि।
गगन-मँडल आसण किया, काल गया सिरकूटि ॥२॥

यहु मन पटकि पछाड़िलै, सब आपा मिटि जाइ।
पंगुल ह्वै पिव-पिव करै, पीछैं काल न खाइ ॥३॥

तरवर तास बिलंबिए, बारह मास फलंत।
सीतल छाया गहर फल, पंषी केलि करंत ॥४॥

अपारिष कौ अंग

एक अचंभा देखिया, हीरा हाटि बिकाइ।
परिषणहारे बाहिरा, कौड़ी बदले जाइ ॥१॥

पैंडै मोती बीखर्‌या, अंधा निकस्या आइ।
जोति बिनां जगदीस की, जगत उलंघ्यां जाइ ॥२॥

पारिष कौ अंग

हरि हीरा जन जौहरी, ले-ले मांडिय हाटि।
जब रे मिलैगा पारिषू, तब हीरां की साटि ॥१॥

हीरा तहाँ न खोलिए, जहँ खोटी है हाटि।
कसकरि बाँधो गाठरी, उठकरि चालो बाटि ॥२॥

सजीवनि कौ अंग

२ गगन-मंडल=समाधि की शून्य अवस्था। सिरकूटि=पछताकर, अपना-स मुहँ लेकर।

३ पंगुल=निश्चल, परमशान्त।

४ गहर=अत्यधिक।

पारिष कौ अंग

१ पारिष=जौहरी। साटि=मोल।

हंसा बगुला एक-सा मानसरोवर माहिं।
बगा ढूँढोरैं माछरी, हंसा मोती खाहिं ॥३॥

चंदन गया विदेसड़े, सब कोइ कहै पलास।
ज्यों-ज्यों चूल्हे झोंकिया, त्यों-त्यों अधकी बास ॥४॥

अमृत केरी पूरिया, बहु विधि लीन्ही छोरि।
आप सरीखा जो मिले, ताहि पियाऊँ घोरि ॥५॥

ग्यान-रतन की कोठरी, चुप करि दीन्हों ताल।
पारखि आगे खोलिए, कुंजी बचन रसाल ॥६॥

हीरा परा बजार मे, रहा छार लपटाय।
बहुतक मूरख चलि गए, पारखि लिया उठाय ॥७॥

उपजणि कौ अंग

मोष भई संसार थैं, चले जु माई पास।
अविनासी मोहि ले चल्या, पुरई मेरी आस ॥१॥

कबीर सुपिनैं हरि मिल्या, सूतां लिया जगाइ।
आंषि न मीचौं डरपता मति सुपिनां ह्वै जाइ ॥२॥

गोव्यद के गुण बहुत हैं, लिखे जु हिरदै मांहि।
डरता पांणीं नां पीऊं, मति वै धोये जांहि ॥३॥

---

३ ढूँढोरैं=खोजते हैं।

५ पूरिया=पुड़िया।

६ ताल=ताला। कुंजी बचन रसाल=मीठे वचन की चाभी से।

७ छार=धूल।

उपजणि कौ अंग

१ पुरई=पूरी की।

भौ समंद विष-जल भर्‌या, मन नहीं बाँधै धीर।
सबल सनेहीं हरि मिलै, तब उतरै पारि कबीर ॥४॥

कबीर केसौ की दया, संसा घाल्या खोहि।
जे दिन गये भगति बिन, ते दिन सालैं मोहि ॥५॥

सुन्दरि कौ अंग

कबीर जे को सुन्दरी, जांणि करै बिभचार।
ताहि न कबहूँ आदरै, प्रेम पुरिष भरतार ॥१॥

जे सुन्दरि सांईं भजै, तजै आन की आस।
ताहि न कबहूँ परहरै, पलक न छाड़ै पास ॥२॥

हूं रोऊं संसार कौं, मुझे न रोवै कोइ।
मुझकौं सोई रोइसी, जे रामसनेही होइ ॥३॥

मूश्रों कौं का रोइए, जो अपणैं घर जाइ।
रोइए बंदीवान को, जो हाटैं हाट बिकाइ ॥४॥

कस्तूरिया मृग कौ अंग

कबीर खोजी रांम का, गया जु सिंघल दीप।
रांम तौ घर भीतरि रंमि रह्या, जौ आवैं परतीत ॥१॥

---

५ केसौ = केशव। संसा घाल्या खोहि = संशय अर्थात्‌ द्वैतभाव को नष्ट कर दिया। सालै = कष्ट देते हैं।

सुन्दरि कौ अंग

३ रोइसी = रोयेगा।

४ बंदीवान = कैदी : दुनियादारी में फँसा हुआ।

घटि बधि कहीं न देखिये, ब्रह्म रह्या भरपूरि।
जिन जांन्यां तिनि निकटि है, दूरि कहैं ते दूरि ॥२॥

ज्यूँ नैनूँ मैं पूतली, त्यूँ खालिक घट मांहिं।
मूरिख लोग न जांणहीं, बाहरि ढूँढण जांहिं ॥३॥

निंद्या कौ अंग

दोष पराये देखिकरि चल्या हसंत हसंत।
अपनैं च्यंति न आवई, जिनकी आदि न अंत ॥१॥

निंदक नेड़ा राखिये, आंगणि कुटी बँधाइ।
बिन सावण पांणीं बिना, निरमल करै सुभाइ ॥२॥

कबीर घास न नींदिये, जो पाऊँ तलि होइ।
उड़ि पड़ै जब आंखि मैं, खरा दुहेला होइ ॥३॥

कबीर आप ठगाइये, और न ठगिये कोइ।
आप ठग्यां सुख ऊपजै, और ठग्यां दुख होइ ॥४॥

अबकै जे सांई मिलै, तौ सब दुख आषौं रोइ।
चरनूँ ऊपरि सीस धरि, कहूँ ज कहणा होइ ॥५॥

कस्तूरिया मृग कौ अंग

२ घटि-बधि = कम-बढ़।

३ खालिक = सृष्टिकर्त्ता, परमात्मा।

निंद्या कौ अंग

१ च्यंति न आवई = ध्यान में नहीं आने है।

२ सुभाइ = सहज ही।

३ न नींदिये = निंदा न करे। खरा दुहेला = बहुत ही मुश्किल, भारी तकलीफ।

५ आषौं = कहूँ।

सातो सायर मैं फिरा, जंबुदीप दै पीठ।
निंद पराई ना करै सो कोइ परला दीठ ॥६॥

निंदक एकहु मति मिलै, पापी मिलौ हजार।
इक निंदक के सीस पर कोटि पाप को भार ॥७॥

निगुणां कौ अंग

हरिया जाणैं रूँखड़ा उस पांणीं का नेह।
सूका काठ न जांणई, कबहूँ बूठा मेह ॥१॥

सरपहि दूध पिलाइये, दूधैं विष ह्वै जाइ।
ऐसा कोई नां मिलै, स्यूँ सरपैं विष खाइ ॥२॥

ऊँचा कुल के कारणैं, बंस बध्या अधिकार।
चंदन वास भेदै नहीं, जाल्या सब परिवार ॥३॥

कबीर चंदन कै निड़ै, नींव भि चंदन होइ।
बूड़ा बंस बडाइतां, यौं जिनि बूड़ै कोइ ॥४॥

बीनती कौ अंग

कबीर सांई[१] तौ मिलहिंगे, पूछहिंगे कुसलात।
आदि अंति की कहूंगा, उर अंतर की बात ॥१॥

---

६ जंबुदीप दै पीठ = जंबूद्वीप (अपने घर से) चलकर। परला = विरला।

निगुणां कौ अंग

१ रूँखड़ा = पेड़। बूठा = बरसा।

३ बंस = (१) वंश, कुल (२) बाँस का पेड़, जो लंबा ऊँचा होता है।

४ निड़ै = पास। बडाइता = बड़ाई से, ऊँचा होने से।

करता करै बहुत गुण, औगुण कोई नांहि ।
जे दिल खोजौं आपणीं, तो सब औगुण मुझ मांहि ॥२॥

कबीर करत है वीनती, भौसागर कै ताईं ।
बंदे ऊपरि जोर होत है, जम कूँ बरजि गुसांई[१] ॥३॥

ज्यूँ मन मेरा तुझ सौं यौं जे तेरा होइ ।
ताता लोहा यौं मिलै, संधि न लखई कोइ ॥४॥

सुरति करौ मेरे सांइयां, हम हैं भवजल मांहि ।
आपे ही बहि जायँगे, जो नहिं पकरौ बांहि ॥५॥

क्या मुख लै बिनती करौं, लाज आवत है मोहिं ।
तुम देखत अवगुन करौं, कैसे भावों तोहिं ॥६॥

अवगुन मेरे बापजी, बकस गरीब-निवाज ।
जो मैं पूत कपूत हौं, तऊ पिता कों लाज ॥७॥

मेरा मन जो तोहिं सों, तेरा मन कहिं और ।
कह कबीर कैसे निभै, एक चित्त दुइ ठौर ॥८॥

मन परतीत न प्रेमरस, ना कछु तन में ढंग ।
ना जानौ उस पीव से क्योंकरि रहसी रंग ॥९॥

मेरा मुझ मे कुछ नहीं, जो कुछ है सो तोर ।
तेरा तुझको सौंपते क्या लागत है मोर ॥१०॥

वीनती कौ अंग

३ ताईं=बीच में, प्रति । जोर=जुल्म । बरजि गुसाईं=हे स्वामी, मना करदे ।
४ ताता=गरम । संधि=जोड़ ।
९ रहसीरंग=प्रीति निभेगी ।

तुम तो समरथ साँइयाँ, दृढ़करि पकरो बाहिं ।
धुरही लै पहुँचाइयो, जनि छाँड़ो मग माहिं ॥११॥

वेली कौ अंग

आगैं आगैं दौं जलै, पीछैं हरिया होइ ।
बलिहारी ता बिरष की, जड़ काट्यां फल होइ ॥१॥

जे काटौं तौ डहडही, सींचौं तौ कुमिलाइ ।
इस गुणवंती वेलि का, कुछ गुण कह्या न जाइ ॥२॥

विविध

तरवर सरवर संतजन, चौथे बरसै मेह ।
परमारथ के कारने चारों धारैं देह ॥१॥

ऊँचो जाति पपीहरा, पियै न नीचा पीर ।
कै सुरपति को जाँचई, कै दुख सहै सरीर ॥२॥

कबीरा मैं तो तब डरौं, जो मुझ ही में होय ।
मीच बुढ़ापा आपदा, सब काहू में सोय ॥३॥

सात द्वीप नौ खंड में, तीन लोक ब्रह्मंड ।
कह कबीर सबको लगै देहधरे का दंड ॥४॥

---

११ धुर ही=ठिकाने पर ही ।

वेली कौ अंग

१ दौं=जंगल की आग । बिरष=वृक्ष ।

२ डहडही=लहलही, हरी ।

विविध

२ सुरपति=इन्द्र: स्वाति नक्षत्र के मेघ से अभिप्राय है ।

३ मीच=मौत ।

देहधरे का दंड है, सब काहू को होय ।
ग्यानी भुगतै ग्यान करि, मूरख भुगतै रोय ॥५॥

जूआ, चोरी, मुखबिरी, ब्याज, घूस, परनार ।
जो चाहै दीदार को, एती वस्तु निवार ॥६॥

राज-दुवारे साधुजन तीनि वस्तु कों जाय ।
कै मीठा, कै मान को, कै माया की चाय ॥७॥

नाचै गावै पद कहै, नाहीं गुरु सों हेत ।
कह कबीर क्यों नीपजै बीज-बिहूनो खेत ॥८॥

बिन देखे वह देस की बात कहै सो कूर ।
आपै खारी खात हैं, बेचत फिरत कपूर ॥९॥

तौलौं तारा जगमगै जौलौं उगै न सूर ।
तौ लौं जिय जग कर्मवस, जौलौं ग्यान न पूर ॥१०॥

करु बहियाँ बल आपनी, छाँड बिरानी आस ।
जाके आँगन नदी है, सो कस मरै पिआस ॥११॥

गुणिया तो गुण को गहै, निर्गुण गुणहिं घिनाय ।
बैलहिं दीजै जायफर क्या बूझै क्या खाय ॥१२॥

अपनी कह मेरी सुनै, सुनि मिलि एकै दोय ।
मेरे देखत जग गया, ऐसा मिला न कोय ॥१३॥

लिखापढ़ी में परे सब, यह गुण तजै न कोइ ।
सबै परे भ्रम-जाल में, डारा यह जिय खोइ ॥१४॥

---

६ मुखबिरी=भेद की खबर देने का काम, जासूसी । दीदार=ईश्वर का दर्शन ।
९ खारी=खड़िया मिट्टी ।

मानुष तेरा गुण बड़ा, माँस न आवै काज ।
हाड़ न होते आभरण, त्वचा न बाजै बाज ॥१५॥

घर कबीर का सिखर पर, जहाँ सिलिहिली गैल ।
पायँ न टिकै पिपीलिका, खलक न लादै बैल ॥१६॥

ऊपर की दोऊ गईं, हिय की गई हेराय ।
कह कबीर चारिउ गईं, तासों कहा बसाय ॥१७॥

एकै साधे सब सधै, सब साधे सब जाय ।
जो तू सेवै मूल को, फूलै फलै अघाय ॥१८॥

सब काहू का लीजिये साँचा सब्द निहार ।
पच्छपात ना कीजिए, कहै कबीर विचार ॥१९॥

रचनहार को चीन्हिले, खाने को क्यों रोय ।
दिल-मंदिर में पैठकरि तानि पिछौरा सोय ॥२०॥

---

१६ सिलिहिली गैल = पैर रपटनेवाला रास्ता । पिपीलिका = चींटी ।
१७ चारिउ = दो चर्म-चक्षु और दो ज्ञान-चक्षु ।
१९ सब्द = उपदेश ।
२० तानि पिछौरा सोय = चादर फैलाकर सोजा; निश्चिंत होजा ।

रैदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत—अज्ञात, कबीरदास के सम-सामयिक

जन्म-स्थान—काशी

जाति—चमार

पिता—रग्घू

माता—घुरबिनिया

गुरु—स्वामी रामानन्द

आश्रम—गृहस्थ

इतिवृत्त केवल इतना ही कि रैदासजी जाति के चमार थे और काशी के रहनेवाले। रैदासजी ने स्वयं ही अपने को काशी-वासी चमार-कुल का कहा है—

'जाके कुटुंब सब ढोर ढोवंत फिरहिं अजहुँ बानारसी आसपासा।
आचारसहित बिप्र करहिं डंडउति तिन तनै रैदास दासानुदासा॥

कबीरदास के यह गुरु-भाई थे, अर्थात् स्वामी रामानन्द के शिष्य। भक्तमाल में वर्णित इनकी कथा अनेक चमत्कारों से भरी हुई है। चमार-कुल में जन्म लेने की कथा तो बड़ी ही विचित्र है, नाभाजी के मूल छप्पय में यद्यपि ऐसा कोई उल्लेख नहीं है। टीका में लिखा है कि स्वामी रामानन्दजी का एक शिष्य एक ऐसे बनिये के घर से भिक्षा ले आया था, जिसका कारबार एक चमार के साथ था। स्वामीजी के ठाकुरजी ने उस दिन थाल स्वीकार नहीं किया। पूछने पर जब पता चला कि उनका ब्रह्मचारी शिष्य उस बनिये के यहाँ से सीधा लाया था, तब स्वामीजी ने शाप दिया कि 'जा चमार के

यहाँ जन्म ले।' बेचारे ब्रह्मचारी ने चमारिन के गर्भ से जन्म तो ले लिया, पर उस अछूत के स्तनों का दूध नहीं पिया। जब स्वामी रामानन्द ने पूर्वजन्म के ब्राह्मण ब्रह्मचारी को राममंत्र का उपदेश किया, तब कहीं उसने माता के स्तनों का दूध पिया! पूर्वजन्म में की हुई अपनी उस महाभूल का स्मरण कर शिशु रैदास को बड़ा पश्चात्ताप हुआ। इस विचित्र कथा के पीछे जो कल्पना है उसका इतना ही अर्थ समझा जाये कि चमार-कुलोत्पन्न जीव भगवान् का भक्त हो नहीं सकता: भक्ति पर तो द्विजाति का ही एकमात्र अधिकार है। रैदास की गणना इसीलिए भक्तों में हुई कि वे पूर्वजन्म के शापित ब्राह्मण थे। अंत्यजों के प्रति द्वेषभाव किस सीमातक पहुँचा था, इसका स्पष्ट प्रमाण इस विचित्र कल्पित कथा में मिलता है। एक ऐसी ही दूसरी कथा के अनुसार रैदासजी ने एक दिन अपने पूर्वजन्म का ब्राह्मणत्व सिद्ध करने के लिए अपने शरीर की त्वचा उधेड़कर 'स्वर्ण-यज्ञोपवीत' सबको दिखलाया था।

रैदासजी गृहस्थाश्रम में रहते हुए भी उच्चकोटि के विरक्त संत थे। जूते सीते-सीते ही उन्होंने ज्ञान-भक्ति का ऊँचा पद प्राप्त किया था।

प्रसिद्ध है कि चित्तौर की झाली नाम की एक रानी ने काशी में जाकर रैदासजी से गुरु-मंत्र लिया था। उसकी प्रार्थना पर वे चित्तौर भी गये थे। कहते हैं कि झाली महाराणा उदयसिंह की रानी थी, किन्तु इसका कोई पुष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं है।

मीरा बाई को भी रैदासजी की शिष्या कहा जाता है उनके कुछ पदों के आधार पर, जैसे—

"मेरो मन लाग्यो गुरु सों, अब न रहूँगी अटकी।
गुरु मिलिया रैदासजी म्हांने, दीनीं ग्यान की गुटकी॥"
"सतगुरु संत मिले रैदासा, दीनीं सुरत सहदानी।"

मीरा की अधिक-से-अधिक पद-रचना सगुणोपासना की होने के कारण, तथा काल की दृष्टि से परवर्ती होने से भी यह कथानक विवादास्पद है। मीरा बाई ने चैतन्य महाप्रभु का भी एक-दो पदों में गुरुवत् स्तवन किया है, जैसे—

"अब तो हरीनाम लौ लागी।
सब जग को यह माखनचोरा, नाम धर्‌यौ बैरागी॥"

कित छाँड़ी वह मोहन मुरली, कित छाँड़ी वे गोपी।
मूँड़ मुँड़ाइ डोरि कटि बाँधी, माथे मोहन-टोपी॥
मात जसोमति माखन कारन, बाँधे जाके पाँव।
स्याम किसोर सोइ तन गोरा, चैतन्य जाको नाँव॥
पीतांबर को भाव दिखावै, कटि कोपीन कसै।
गौर कृष्ण की दासी मीरा, रसना कृष्ण बसै॥"

इसी प्रकार मीरा बाई को कुछ विद्वानों ने वल्लभ-कुल की भी शिष्या माना है। इसका समाधान इस प्रकार हो जाता है कि रैदासजी के परवर्ती काल में होते हुए भी मीरा ने उनका पुण्य स्मरण 'सद्गुरु' के रूप में किया है, अथवा किसी रैदासी साधु के प्रति उसका गुरुभाव रहा हो।

रैदास के समसामयिक तथा परवर्ती संतो ने रैदास को एक बहुत बड़े हरिभक्त के रूप में स्वीकार किया था। स्वामी दादूदयाल के शिष्य रज्जबजी ने भगवद्-भक्ति के संबंध में तो यहाँतक कहा है—

"आदि मिली जयदेव कूँ, रैदास समानी।"

रैदासजी का प्रभाव दूर-दूरतक फैला हुआ था, और आज भी भारत के अनेक प्रदेशों में उनके पंथ के अनुयायी रविदासी लाखों की संख्या में मिलते हैं। रैदासजी 'रविदास' नाम से भी प्रसिद्ध हैं।

बानी-परिचय

रैदासजी की बानी के संबंध में नाभाजी की यह पंक्ति प्रसिद्ध है—

"सन्देह-ग्रन्थि खंडन-निपुन बानि विमल रैदास की।"

यह उनकी 'विमल' बानी का ही प्रभाव था कि—

"वर्णाश्रम-अभिमान तजि पद-रज बंदहि जासकी।"

महात्मा रैदास की बड़े ऊँचे घाट की बानी है। प्रेमपराभक्ति का कई शब्दों में बड़ा ही विशद निरूपण उन्होंने किया है। नम्रता और सदाचार पर बहुत बल दिया है। भक्ति-रस का ऐसा सुन्दर परिपाक अन्यत्र कम देखने में आता है। खंडन-मंडन की ओर उनका ध्यान नहीं था। सत्य की शुद्ध निर्मल अभिव्यक्ति ही, अपरोक्षानुभूति ही उनका परम ध्येय था। भाषाने भी भाव का मूक अनुसरण किया है। अनेक जनपदों के शब्दों का उनकी बानी में समावेश हुआ है, फिर भी रस एकरस ही सर्वत्र प्रवाहित दीखता है।

आधार

१ श्री गुरु ग्रन्थ साहब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ रैदास—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
३ भक्तमाल—नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ
४ भगवान रविदास की सत्य कथा—महात्मा रामचरण कुरील, कानपुर

रैदास

शब्द

भैरव

बिनु देखे उपजै नहिं आसा।
जो दीसै सो होइ बिनासा॥
बरन सहित जो जापै नामु।
सो जोगी केवल निहकामु॥
परचै रामु रवै जो कोई।
पारसु परसै न दुविधा होई॥
सो मुनि मन की दुविधा खाइ।
बिनु द्वारे त्रैलोक समाइ॥
मन का सुभाव सब कोई करै।
करता होइ सु अनभै रहै॥
फल कारन फूली बनराइ।
फलु लागा तब फूल बिलाइ॥

शब्द

१ दीसै=दीखता है। निहकामु=निष्काम [illegible]। रवै=रमण करता है, प्रत्यक्ष अनुभव करता है। पारसु=ब्रह्मरूप से तात्पर्य है। दुविधा=द्वैतभाव। सो मुनि ... खाइ=जिसके मन में द्वैतभाव का लेश भी नहीं रहा, उसे ही 'मुनि' कहना चाहिए। बिनु ... समाइ=उस मुनि

ग्यानै कारन कर अभ्यासु।
ग्यान भया तहँ करमह नासु॥
घृत कारन दधि मथै सयान।
जीवत मुकत सदा निरवान॥
कहि रविदास परम वैराग।
रिदै रामु को न जपिसि अभाग॥१॥

मलार

मिलत पियारो प्राननाथ कवनि भगति।
साध-संगति पाई परम गति॥
मैले कपरे कहाँ लउ धोवउ।
आवैगी नींद कहाँ लउ सोवउँ॥
जोई-जोई जोर्‌यो सोई-सोई फाट्‌यो।
झूठै वनजि उठि ही गई हाट्‌यो॥
कहि रविदास भयो जब लेख्यो।
जोई-जोई कीन्यो सोई-सोई देख्यो॥२॥

बिलावल

जिहि कुल साधु बैसनौ होइ।
बरन अबरन रंक नहीं ईस्वर, बिमल बासु जानिये जग सोइ॥

को त्रिलोक का ज्ञान, बाह्य साधनों के बिना ही, प्राप्त हो जाता है। अनभै रहै=अनुभव-ज्ञान पर स्थित रहता है; अथवा, निर्भय रहता है। बनराइ=वृक्षावली। बिल्हाइ=लुप्त हो जाता है। निरबान=मुक्त। रिदै=हृदय में।

२ परमगति=मोक्ष। जोर्‌यो=संबंध जोड़ा। फाट्‌यो=बिछुड़ गया। बनजि=व्यापार। हाट्‌यो=हाट, पैठ।

३ बैसनौ=वैष्णव, हरि-भक्त। ईस्वर=राजा से अभिप्राय है।

बाँभन बैस सूद अरु ख्यत्री डोम चंडाल मलेच्छ किन सोइ।
होइ पुनीत भगवत भजन ते आपु तारि तारै कुल दोइ॥
धनि सु गाउँ धनि धनि सो ठाऊँ, धनि पुनीत कुटँब सभ लोइ।
जिनि पिया सार-रस तजे आन रस होइ रसमगन डारे बिखु खोइ॥
पंडित सूर छत्रपति राजा भगत बराबरि औरु न कोइ।
जैसे पुरैन-पात जल रहै समीप भनि रविदास जनमे जगि ओइ॥३॥

राग मारू

ऐसी लाल, तुझ बिनु कौन करै।
गरीबनिवाजु गुसैयाँ, मेरे माथे छत्र धरै॥
जाकी छोति जगत कौं लागै, तापर तुही ढरै।
नीचहिं ऊँच करै मेरा गोविँदु, काहू ते न डरै॥
नामदेव, कबीर, तिलोचन, सधना, सैनु तरै।
कहि रविदास सुनहु रे संतो हरि-जीउ ते सभै सरै॥४॥

सुखसागर सुरतरु, चिंतामनि कामधेनु बसि जाके, रे।
चारि पदारथ असट महासिधि, नवनिधि करतल ताके, रे।
हरि हरि हरि न जपसि रसना।
अवर सभ छाड़ि बचन रचना॥

ख्यत्री=क्षत्रिय। किन=क्यों न। लोइ=लोग। सार-रस=प्रेम-लक्षणा भक्ति से आशय है। आन-रस=विषय भोग। पुरैन-पात=कमल का पत्ता, जो जल में रहते हुए भी भीगता नहीं। जनमे जगि ओइ=जगत में उसीका जन्म लेना सार्थक है।

४ गुसैयाँ=स्वामी। छत्र=राजछत्र। छोति=छूत। ढरै=कृपा करता है। तिलोचन=त्रिलोचन नामका एक भक्त। सधना=सदन नामका एक कसाई भक्त। सैन=सेन भक्त, जो जाति का नाई था।

नाना ख्यान पुरान बेद बिधि चौंतीस अच्छर माहीं।
ब्यास बिचारि कह्यो परमारथ रांम-नांम सरि नाहीं॥
सहज समाधि उपाधि-रहित होइ बड़े भागि लिव लागी।
कहि रविदास उदास दासमति जनम-मरन-भय भागी॥५॥

राग सूही

सह की सार सुहागनि जानै।
तजि अभिमान सुख रलिया मानै॥
तनु मनु देइ न सुनै अंतर राखै।
अवरा देखि न सुनै न माखै॥
सो कत जानै पीर पराई।
जाकै अंतर दरद न पाई॥
दुखी दुहागनि दुइ पखहीनी।
जिनि नाह निरंतरि भगति न कीनी॥
राम-प्रीति का पंथ दुहेला।
संगि न साथी गवन अकेला॥
दुखिया दरदमंद दरि आया।
बहुतै प्यास जवाब न पाया॥

---

५ बसि=वश में। करतल=हाथ में, अधीन। असट=अष्ट, आठ। ख्यान=आख्यान, कथाएँ। सरि=बराबर। लिव=लौ। उदास=विरक्त। दास-मति=भक्त-बुद्धि से।

६ सह=मिलन। सार=मेल का सुख; आनन्द-तत्त्व। सुख रलिया=एकाकार हो जाने का आनन्द। अवरा=अन्य। दुहागनि=अभागिनी। दुइ-पखहीनी=लोक परलोक जिसके दोनों बिगड़ गये। नाह=नाथ, स्वामी। दुहेला=कठिन, दुःखदायी।

कहि रविदास सरनि प्रभु तेरी।
ज्यूँ जानहु त्यूँ करु गति मेरी ॥६॥*

सूही

जो दिन आवहि सो दिन जाही।
करना कूच रहन थिरु नाही ॥
संगु चलत हैं हम भी चलना।
दूरि गवनु सिर ऊपरि मरना ॥
क्या तू सोया जाग अयाना।
तै जीवन जगि सचु करि जाना ॥
जिनि दिया सु रिजकु अंबरावै।
सभ घट भीतरि हाटु चलावै ॥
करि बंदिगी छाँडि मैं मेरा।
हिरदै नामु सम्हारि सवेरा ॥
जनमु सिरानो पंथु न सँवारा।
साँझ परी दह दिसि अँधियारा ॥
कह रविदास नदान दिवाने।
चेतसि नाही दुनिया फनखाने ॥७॥

---

*इस पद का यह भी पाठ-भेद है :
सो कहा जानै पीर पराई। जाके दिल मे दरद न आई ॥
दुखी दुहागिनि होइ पिय हीना। नेह निरति करि सेवन कीना ॥
स्याम प्रेम का पंथ दुहेला। चलन अकेला कोइ संग न हेला ॥
सुख की सार सुहागिनि जानै। तन मन देय अतर नहि आनै ॥
आन सुनाय और नहिं भापै। राम रसायन रसना चापै ॥
खालिक तौ दरमद जगाया। बहुत उमेद जवाब न पाया ॥
कह रैदास कवन गति मेरी। सेवा बंदगी न जानूँ तेरी ॥

७ रिजक=रोजी। जीविका। अंबरावै=जुटाता है। हाटु=पेट, लेन-देन। सम्हारि=स्मरण कर। सवेरा=जल्दी। दह=दस। नदान=नादान, मूर्ख। फनखाने=नाशवान।

ऊँचे मंदिर, सालि रसोई।
एक घरी पुनि रहन न होई॥
इहु तनु ऐसा जैसे घास की टाटी।
जलि गयो घास रलि गयो माटी॥
भाई बंधरु कुटॅंब सहेरा।
ओइ भी लागे काढु सवेरा॥
घर की नारि उरहि तन लागी।
उह तौ भूतु भूतु करि भागी॥
कहि रविदास सबै जग लूट्या।
हम तौ एक राम कहि छूट्या॥८॥

धनाश्री

चित सिमरन करौ नैन अवलोकनो,
स्रवन बानी सुजसु पूरि राखौं।
मनु सु मधुकरु करौं चरण हिरदे धरौं,
रसन अमृत रामनाम भाखौं॥
मेरी प्रीति गोबिंद सिउ जनि घटै।
मैं तौ मोलि महँगी लई जीउ सटै॥
साध संगति बिना भाव नहिं ऊपजै,
भाव बिन भगति नहिं होय तेरी।
कहै रविदास एक बेनती हरि सिउ
पैज राखहु राजाराम मेरी॥९॥

---

८ सालि=चावल : मधुर अन्न। रलिगयो=मिल गया। सहेरा=सहेला, सखा।

९ पूरि राखौं=भरलूँ। रसन=रसना, जिह्वा। जीउ सटै=प्राणों के मोल। पैज=टेक।

जैतिश्री

नाथ, कछुवै न जानउ।
मनु माया कै हाथि बिकानउ॥
तुम कहियत हौ जगतगुर स्वामी।
हम कहियत कलिजुग के कामी॥
इन पंचन मेरो मन जु बिगार्‌यो।
पलु पलु हरिजी ते अंतरु पार्‌यो॥
जित देखौ तित दुख की रासी।
अजौं न पत्याइ निगम भये साखी॥
इन दूतन खलु बध करि मार्‌यो।
बड़ो निलाजु अजहु नहिं हार्‌यो॥
कहि रविदास कहा कैसे कीजै।
बिनु रघुनाथ सरनि काकी लीजै॥१०॥

गौरी

मेरी संगति पोच सोच दिनु राती।
मेरा करम-कुटिलता जनमु कुभाँती॥
राम गुसइयाँ जीउ के जीवना।
मोहिं न बिसारहु मैं जनु तेरा॥
हरहु बिपति जन करहु सुभाई।
चरण न छाडों सरीर कल जाई॥

---

१० अंतर पार्‌यौ=भेद डाल दिया। पत्याइ=विश्वास करता है। निगम=वेद। साखी=साक्षी, गवाह।

११ पोच=नीच। कल=भले कल ही।

कहि रविदास परौं तेरी साभा।
वेगि मिलहु जन करि न विलाँवा ॥११॥

गौरी पूरवी

कूप पर्‌यो जैसे दादिरा कछु देसु विदेसु न बूझ।
ऐसे मेरा मनु बिख्या बिमोह्या कछु आरापारु न सूझ॥
सगल भवन के नायक इकु छिनु दरसु दिखाइ॥
मलिन भई मति माधवा तेरी गति लखी न जाय।
करहु कृपा भ्रम चूकई मैं, सुमति देहु समझाय॥
जोगीसुर पावहिं नहीं तुअ गुण कथनु अपार।
प्रेम-भगति कै कारणै कहि रविदास चमार ॥१२॥

रामकली

गाइ गाइ अब का कहि गाऊँ।
गावनहार को निकट बताऊँ॥
जबलगि है इहि तन की आसा, तबलगि करै पुकारा।
जब मन मिल्यौ आस नहिं तन की, तब को गावनहारा॥
जबलगि नदी न समुँद्र समावै, तबलगि बढ़ै हँकारा।
जब मन मिल्यौ रामसागर सौं, तब यह मिटी पुकारा॥
जबलगि भगति मुकति की आसा, परमतत्व सुनि गावै।
जहँ जहँ आस धरत है इहि मन, तहँ-तहँ कछु न पावै॥
छाँड़ै आस निरास परमपद, तब सुख सति कर होई।
कहि रैदास जासों और करत है, परमतत्व अब सोई ॥१३॥

---

१२ दादिरा=दादुर, मेंढक। आरापारु=आर-पार। बिख्या=विषयों के। सगल=सकल।

१३ हँकारा=अहंकार। सति कर=सत्य का, निश्चय ही। निरास=तृष्णा-रहित, अनासक्त।

राग रामकली

राम-भगत को जन न कहाऊँ, सेवा करूँ न दासा।
जोग जग्य गुन कछू न जानूँ, ताते रहूँ उदासा॥
भगत भया तो चढ़ै बड़ाई, जोग करूँ जग मानै।
जो गुन भया तौ कहैं गुनी जन, गुनी आपको जानै॥
ना मैं ममता मोह न महिया, ये सब जाहिं बिलाई।
दोजख भिस्त दोउ सम करि जानूँ, दुहुँ ते तरक है भाई॥
मैं अरु ममता देखि सकल जग, मैं से मूल गवाँई।
जब मन ममता एक-एक मन, तबहि एक है भाई॥
कृस्न करीम राम हरि राघव, जबलगि एक न पेखा।
वेद कितेब कुरान पुरानन, सहज एक नहिं देखा॥
जोइ-जोइ पूजिय सोइ-सोई काँची, सहज भाव सति होई।
कहि रैदास मैं ताहि को पूजूँ, जाके ठाँव नाँव नहिं होई॥१४॥

राग रामकली

नरहरि, चंचल है मति मेरी। कैसे भगति करूँ मै तेरी॥
तूँ मोहिं देखै हौं तोहि देखूँ, प्रीति परस्पर होई।
तूँ मोहिं देखै तोहि न देखूँ, यह मति सब बुधि खोई॥
सब घट अंतर रमसि निरंतर, मैं देखन नहिं जाना।
गुन सब तोर मोर सब औगुन कृत उपकार न माना॥
मैं तैं तोरि मोरि असमझि सों, कैसे करि निस्तारा।
कहि रैदास कृस्न करुनामय, जै जै जगत-अधारा॥१५॥

---

१४ बड़ाई=महिमा। महिया=मथा। भिस्त=बहिश्त, स्वर्ग। तरक=असहकार, त्याग।

१५. रमसि=रमता है, व्यापक है। कृत=किया हुआ। असमझि=अज्ञान, भ्रान्ति।

राग रामकली

जब राम नाम कहि गावैगा, तब भेद अभेद समावैगा ॥
जे सुख ह्वै इहि रस के परसे, सो सुख का कहि गावैगा ॥
गुरुपरसाद भई अनुभौ मति, विष अंम्रित सम धावैगा ॥
कहि रैदास मेटि आपा पर, तब उहि ठौरहिं पावैगा ॥१६॥

राग रामकली

भगती ऐसी सुनहु रे भाई । आइ भगति तब गई बड़ाई ॥
कहा भयो नाचे अरु गाये, कहा भयो तप कीन्हे ।
कहा भयो जे चरन पखारे, जौलौं तत्त्व न चीन्हें ॥
कहा भयो जे मूँड मुँड़ायो, कहा तीर्थ व्रत कीन्हे ।
स्वामी दास भगत अरु सेवक, परम तत्त्व नहिं चीन्हें ॥
कहि रैदास तेरी भगति दूरि है, भाग बड़े सों पावै ।
तजि अभिमान मेटि आपा पर, पिपिलक ह्वै चुनि खावै ॥१७॥

राग जंगली गौडी

अब हम खूब वतन घर पाया । ऊँचा खेर सदा मेरे भाया ।
बेगमपूर सहर का नाम । फिकर अँदेस नहीं तेहि ग्राम ॥
नहिं जहं साँसत लानत मार । हैफ न खता न तरस जवाल ॥

---

१६ भेद अभेद समावैगा=सारा मायाकृत द्वैतभाव तब अद्वैतभाव में लय हो जायेगा । इहिरस=अद्वैतभाव का आनन्द । धावैगा=समझेगा । आपापर=यह अपना है. और वह पराया : द्वैतभाव ।

१७ पिपिलक=पिपीलिका, चींटी । धूल में शक्कर मिल गई हो तो चींटी ही शक्कर को अलग करके खा सकती है, यह कार्य हाथी नहीं कर सकता । रस-प्राप्ति के लिए नन्हें-से-नन्हा बनने की आवश्यकता है ।

१८ खेर=खेड़ा, गाँव । बेगमपूर=जहाँ पहुँचने की गति नहीं । अँदेस=डर । साँसत=पीड़ा । लानत=भर्त्सना । हैफ=अफसोस । खता=धोखा;

आव न जान, रहम औजूद। जहाँ गनी आप बसै मावूद ॥
जोई सैलि करै सोई भावै। महरम महल में को अटकावै ॥
कहि रैदास खलास चमारा। जो उस सहर सो मीत हमारा ॥१८॥

राम मैं पूजा कहा चढ़ाऊँ। फल अरु फूल अनूप न पाऊँ ॥
थनहर दूध जो बछरू जुठारी। पुहुप भँवर जल मीन बिगारी ॥
मलयागिरि वेधियो भुअंगा। विष अंम्रित दोउ एकै संगा ॥
मनही पूजा मनही धूप। मनही सेऊँ सहज सरूप ॥
पूजा अरचा न जानूँ तेरी। कहि रैदास कवन गति मेरी ॥१९॥

राग सोरठ

जो तुम तोरौ राम मैं नहिं तोरौं।
तुम सों तोरि कवन सों जोरौं ॥
तीरथ बरत न करौं अँदेसा। तुम्हरे चरनकमल का भरोसा ॥
जहँ-जहँ जावौं तुम्हरी पूजा। तुम सा देव और नहिं दूजा ॥
मैं अपनो मन हरि सों जोर्‌यो। हरि सों जोरि सबन सों तोर्‌यो ॥
सबही पहर तुम्हारी आसा। मन क्रम बचन कहैं रैदासा ॥२०॥

थोथो जनि पछोरौ रे कोई।
जोई रे पछोरौ जा में निज कन होई ॥
थोथी काया थोथी माया। थोथा हरि बिन जनम गँवाया ॥
थोथा पंडित थोथी बानी। थोथी हरि बिन सबै कहानी ॥

चूक। जवाल=झंझट। औजूद=वजूद, अस्तित्व। गनी=धनी। मावूद=पूज्य, इष्टदेव। महरम=असली भेद का जाननेवाला, रहस्य से सुपरिचित।

१९ थनहर=थन से दुहा हुआ। पुहुप=पुष्प, फूल। मलयागिरि=मलयगिरि का चंदन।

थोथा मंदिर भोग विलासा। थोथी आन देव की आसा ॥
साँचा सुमिरन नाम-विसासा। मन वच कर्म कहै रैदासा ॥२१॥

राग भैरो

भेष लियो पै भेद न जान्यो। अमृत लेइ विषै सों सान्यो ॥
काम क्रोध में जनम गँवायो। साधु-संगति मिलि राम न गायो ॥
तिलक दियो पै तपनि न जाई। माला पहिरे घनेरी लाई ॥
कहि रैदास मरम जो पाऊँ। देव निरंजन सत करि ध्याऊँ ॥२२॥

राग बिलावल

मैं वेदनि कासनि आखूँ,
हरि बिन जिव न रहै कस राखूँ ॥
जिव तरसै ल्यौं आसरु तेरा, करहु सँभाल न सुर मुनि मेरा ॥
बिरह तपै तन अधिक जरावै, नींद न आवै भोज न भावै ॥
सखी सहेली गरब गहेली, पिउ की बात न सुनहु सहेली ।
मैं रे दुहागिनि अघ करि जानी, गया सो जोबन साध न मानी ॥
तूँ सांईं औ साहिब मेरा, खिजमतगार बंदा मैं तेरा ।
कहि रैदास अँदेसा येही, बिन दरसन क्यों जिवहि सनेही ॥२३॥

राग कानडा

चल मन, हरि-चटसाल पढ़ाऊँ।
गुरु की साटि ग्यान का अच्छर,
बिसरै तौ सहज समाधि लगाऊँ ॥

---

२१ थोथो=पोला, निस्सार। पछोरना=फटकना, सूप में रखकर अन्न साफ करना। निजकन=आत्म-सुख-कणों से आशय है। बिसासा=विश्वास।

२३ वेदनि=वेदना, पीडा। आखूँ=कहूँ। भोज=भोजन। आसरु=आश्रय; शरण। दुहागिनि=अभागिनी। अघ करि जानी=पाप करना ही जाना।

प्रेम की पाटी सुरति की लेखनि,
ररौ ममौ लिखि आँक लखाऊँ।
इहि विधि मुक्त भये सनकादिक,
रिदै विचार-प्रकास दिखाऊँ॥
कान्ह कँवल, मति मसि करि निर्मल,
बिन रसना निसिदिन गुन गाऊँ।
कहि रैदास, राम भजु भाई,
सत साखि दे बहुरि न आऊँ॥२४॥

राग गौड

आज दिवस लेऊँ बलिहारा।
मेरे घर आया राम का प्यारा॥टेक॥
आँगन बँगला भवन भयो पावन।
हरिजन बैठे हरिजस गावन॥
करूँ डंडवत, चरन पखारूँ।
तन मन धन उन ऊपरि वारूँ॥
कथा कहैं अरु अर्थ विचारैं।
आप तरैं, औरन कौं तारैं॥
कहि रैदास मिलैं निज दासा।
जनम-जनम कै काटै पासा॥२५॥

---

२४ चटसाल=पाटशाला। साटि=छड़ी। पाटी=तख्ती। ररौ ममौ=रकार, मकार यही दो अक्षर अर्थात् राम। कँवल=हृदय-कमल से आशय है। मति मसि=बुद्धिरूपी स्याही। बहुरि न आऊँ=फिर जन्म न लूँ।
२५ पासा=(कर्म के) फंदे।

राग केदारा

कहु मन रामनाम सँभारि।
माया के भ्रम कहा भूल्यो, जाहुगे कर झारि॥
देखि धौं इहाँ कौन तेरो, सगा सूत नहिं नारि।
तोरि उतँग सब दूरि करिहैं, देहिंगे तन जारि॥
प्रान गये कहो कौन तेरा, देखि सोचि विचारि।
बहुरि इहि कलिकाल माहीं, जीति भावै हारि॥
यहु माया सब थोथरी रे, भगति दिस प्रति हारि।
कहि रैदास सत वचन गुरु के, सो जिव ते न बिसारि॥२६॥

राग धनाश्री

मैं का जानूँ देव, मैं का जानूँ।
मन माया के हाथ बिकानूँ॥
चंचल मनुआँ चहूँदिसि धावै।
पाँचौं इंद्री थिर न रहावै॥
तुम तौ आहि जगतगुरु स्वामी।
हम कहियत कलिजुग के कामी॥
लोक वेद मेरे सुकृत बड़ाई।
लोक लीक मोपै तजी न जाई॥
इन मिलि मेरा मन जो बिगार्यो।
दिन-दिन हरि सों अंतर पार्यो॥
सनक सनंदन महामुनि ग्यानी।

---

२६ कर झारि=हाथ झाड़कर खाली हाथ। सूत=सुत, पुत्र। उतंग=नाता। भावै=चाहे, अथवा। थोथरी=खोखली, सारहीन। भगति...हारि=अपना सर्वस्व भक्ति की बाजी पर हार दे।

२७ लीक=मर्यादा, नियम। उमापति=शिव। गामी=यहाँ 'गायक' यह

मुख नारद अरु व्यास बखानी ॥
गावत निगम उमापति स्वामी।
सेस सहस्रमुख कीरति-गामी ॥
जहँ जाऊँ तहं दुख की रासी।
जो न पतियाइ साधु हैं साखी ॥
जमदूतन बहु विधि करि मार्‍यो।
तऊ निलज अजहूँ नहिं हार्‍यो ॥
हरिपद-विमुख आस नहिं छूटै।
ताते तृस्ना दिन दिन लूटै ॥
बहु विधि करम लिये भटकावै।
तुम्हें दोष हरि कौन लगावै ॥
केवल रामनाम नहिं लीया।
संतत विषय-स्वाद चित दीया ॥
कहि रैदास कहाँलगि कहिये।
बिन रघुनाथ बहुत दुख सहिये ॥२७॥

राग धनाश्री

जन को तारि तारि बाप रमइया।
कठिन फंद पर्‍यो पंच जमइया ॥
तुम बिन सकल देव मुनि ढूँढ़ूँ,
कहूँ न पाऊँ जमपास छुड़इया ॥
हम से दीन दयाल न तुम से,
चरन-सरन रैदास चमइया ॥२८॥

अर्थ लिया जायेगा। संतत=सदा।
२८ रमइया=राम। जमइया=यम। चमइया=चमार।

राग धनाश्री

दरसन दीजै राम दरसन दीजै।
दरसन दीजै बिलँब न कीजै ॥
दरसन तोरा जीवन मोरा। बिन दरसन क्यूँ जिवै चकोरा ॥
माधो सतगुरु सब जग चेला। अब के बिछुरे मिलन दुहेला ॥
धन जोबन की झूठी आसा। सत सत भाषै जन रैदासा ॥२६॥

आरती

अब कैसे छूटै नामरट लागी।
प्रभुजी तुम चंदन हम पानी। जाकी अँग-अँग बास समानी ॥
प्रभुजी तुम घनबन हम मोरा। जैसे चितवत चंद चकोरा ॥
प्रभुजी तुम दीपक हम बाती। जाकी जोति बरै दिनराती ॥
प्रभुजी तुम मोती हम धागा। जैसे सोनहिं मिलत सुहागा ॥
प्रभुजी तुम स्वामी हम दासा। ऐसी भक्ति करै रैदासा ॥३०॥

प्रभुजी तुम संगति सरन तिहारी।
जग-जीवन राम मुरारी ॥
गली-गली को जल बहि आयो, सुरसरि जाय समायो।
संगति के परताप महातम, नाम गंगोदक पायो ॥
स्वाँति बूँद बरसै फनि ऊपर, सोइ बिषै होइ जाई।
ओहि बूँद कै मोती निपजै, संगति की अधिकाई ॥
तुम चंदन हम रेंड बापुरे, निकट तुम्हारे आसा।
संगति के परताप महातम, आवै बास सुबासा ॥

---

२८ दुहेला=कठिन।
३० बास=सुगन्ध।
३१ फनि=साँप। बिषै=विष ही। निपजै=पैदा होता है। अधिकाई=बड़ाई,

जाति भी ओछी करम भी ओछा, ओछा कसब हमारा।
नीचे से प्रभु ऊँच कियो है, कहि रैदास चमारा ॥३१॥

साखी

हरि-सा हीरा छाँड़िकै, करै आन की आस।
ते नर जमपुर जाहिंगे, सत भाषै रैदास ॥१॥

अंतरगति राचैं नहीं, बाहर कथैं उदास।
ते नर जमपुर जाहिंगे, सत भाषै रैदास ॥२॥

जा देखे घिन ऊपजै, नरककुण्ड में बास।
प्रेमभगति सों ऊधरे, प्रगटत जन रैदास ॥३॥

रैदास राति न सोइये, दिवस न करिये स्वाद।
अहनिसि हरिजी सुमिरिये, छाँड़ि सकल प्रतिवाद ॥४॥

सब सुख पावैं जासुतें, सो हरिजू को दास।
कोउ दुख पावैं जासुतें, सो न दास हरिदास ॥५॥

महिमा। रैंड=रेंडी. अंड। कसब=पेशा।

साखी

२ राचै=प्रेम से रँगे। उदास=वैराग्य की बात।

३ ऊधरे=उद्धार हो गया।

४ प्रतिवाद=बकवास, झंझट।

गुरु-बानी

"आदि ग्रन्थ" या "गुरु ग्रन्थ साहिब" में ६ सिक्ख गुरुओं की बानी संग्रहीत है। पाँचवे गुरु अर्जुनदेव ने आदिगुरु बाबा नानकदेव की बानी से लेकर अपनी निज की बानीतक को संग्रह करके भाई गुरुदास के द्वारा गुरमुखी लिपि में लिखवाया था। इस महान् संग्रह को आदि ग्रन्थ अथवा गुरु ग्रन्थ-साहिब नाम दिया गया। आदि ग्रन्थ का संकलन भादों सुदी १ संवत् १६६१ को संपूर्ण हुआ। कहते हैं कि कुछ कोरे पन्ने उन्होंने इस विश्वास से छोड़ दिये थे कि नवें गुरु की जो रचनाएँ होंगी, उनको उन पन्नों पर विभिन्न रागों के अनुसार भविष्य में लिखा जायगा।

गुरु नानक के पश्चात् जिन परवर्ती गुरुओं ने समय-समय पर रचनाएँ कीं उनके अंत में अति नम्रभावना से प्रेरित होकर अपने नाम न देकर 'नानक' ही सबने नाम दिया है। यह कठिनाई देखकर कि लोग आखिर कैसे पहचानेंगे कि कौन रचना किस गुरु की है, गुरु अर्जुनदेव ने उस-उस रचना के ऊपर 'महला १' 'महला २' 'महला ३' आदि संकेत लिखा दिये, जिनका अर्थ यह हुआ कि 'महला १' की बानी गुरु नानकदेव की है, 'महला २' की बानी गुरु अंगद की है, 'महला ३' की बानी गुरु अमरदास की है, 'महला ४' की बानी गुरु रामदास की है, 'महला ६' की बानी गुरु अर्जुन की है और 'महला ६' की बानी गुरु तेगबहादुर की है। छठे, सातवें और आठवें गुरु ने कोई रचना नहीं की। 'महला' या महल्ला आदिग्रन्थरूपी नगर के मानों भिन्न-भिन्न भाग हैं।

इन सब बानियों को गुरुओं के क्रमानुसार न देकर गुरु ग्रन्थ साहिब में निम्नलिखित ३१ रागों के अनुसार संकलित किया गया है—

सिरी (श्री), गउडी, आसा, गूजरी, देव गंधारी. बिहागडा, वडहंस, सोरठि, धनासरी, टोडी, बैराडी, तिलग सूही, बिलावलु, गौंड, रामकली, नट-नाराइन, गउडा, मारु, तुखारी, केदारा, भैरउ, बसंत, सारंग, मलार, कानड़ा, कलिआन, प्रभाती और जैजावती।

किन्तु बाबा नानक-रचित जपुजी, सो दरु. सुणि वड्डा और सोहिला इनको रागों में नहीं बाँधा गया है।

इन छह गुरुओं की बानी के अलावा कबीर, नामदेव, रविदास, त्रिलोचन, शेख फ़रीद आदि कुछ भगतों की भी बानियाँ प्रत्येक राग के अंत में संगृहीत हैं।

गुरु नानक, गुरु अंगद और गुरु अमरदास की रचनाएँ प्रायः पंजाबी भाषा-बहुल हैं। गुरु रामदास की रचनाओं की भाषा कुछ पंजाबी और बहुत-कुछ हिन्दी है। गुरु अर्जुन की भाषा में अपेक्षाकृत हिन्दी के अधिक शब्दों का प्रयोग हुआ है। नवें गुरु तेगबहादुर की सारी रचनाएँ शुद्ध हिंदी में हैं। गुरु नानक के नाम से आज हिंदी-पद-संग्रहों में जितने भी पद मिलते हैं, उनमें से अधिकांश नवें गुरु तेगबहादुर के रचे हुए हैं।

दसवें गुरु श्री गोविंद राय (सिंह) के भी नाम का एक 'ग्रन्थ' है, जिसे उनकी मृत्यु के पश्चात् भाई मानीसिंह ने संकलित किया था। इसमें गुरु गोविंद-सिंह की इन रचनाओं को संगृहीत किया गया है— जापजी, अकाल उस्तत, बचित्तर नाटक, देवी माहात्म्य, ज्ञान प्रबोध, त्रिया चरित्तर और ज़फ़र नामा।

प्रस्तुत ग्रन्थ में हमने केवल गुरु ग्रन्थ साहिब में से ही उक्त छहों गुरुओं की बानियों से पदों व सलोकों का संकलन किया है।

गुरु नानकदेव का जपुजी सबसे अधिक प्रसिद्ध है और यह बड़ी उत्कृष्ट रचना है। इनका 'सो दरु' पद और 'सोहिला' भी बड़े भक्ति-भाव से गाये जाते हैं। गुरु नानक की 'आसा दी वार' भी काफ़ी प्रसिद्ध है।

गुरु अंगद की रची केवल 'वारें' हैं, जो मासु सोरठि, सूही, रामकली सारंग आदि कई रागों में गाई जाती हैं।

गुरु अमरदास की 'आनन्दु' नामक रचना बड़ी मनोहारिणी और आह्लाद-कारिणी है। उत्सवों पर 'आनन्दु' बड़े चाव से गाया जाता है।

गुरु रामदास के भी अनेक भावपूर्ण पद, वारें और छंत हैं। सो पुरखु पद इनका बहुत प्रसिद्ध है।

गुरु अर्जुन की 'सुखमनी' तो लाखों के कंठ की मणिमाला बनी हुई है। बड़ी ऊँची रचना है। इसके अतिरिक्त, गुरु अर्जुन के रचे हजारों भक्ति-भावपूर्ण पद हैं।

गुरु तेगबहादुर के पदों और सलोकों में संसार की अनित्यता एव वैराग्य की तीव्र अभिव्यंजना हुई है। बड़े भाव से सिक्ख इन सलोकों का पाठ मृतक-संस्कार के अवसर पर करते हैं।

'जपुजी' का पाठ प्रातःकाल किया जाता है। इसके बाद प्रायः 'आसा दी वार' को कहते हैं।

संध्या समय 'रहिरास' के पद गाये जाते हैं, और 'कीर्तन सोहिला' का पाठ रात को सोते समय किया जाता है।

गुरु नानकदेव

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१५२६ वि०, वैशाख शु० ३

जन्म स्थान—तलवंडी गाँव

जाति—खत्री

पिता—कालूचंद

माता—तृता

भेष—गृहस्थ

निर्वाण-संवत्—१५९५ वि०, आश्विन शु० १०

निर्वाण-स्थान—करतारपुर

नानकदेव का जन्म-स्थान तलवंडी गाँव लाहौर के दक्षिण-पश्चिम लगभग ३० मील दूर है। यह स्थान आजकल नानकाना साहब के नाम से प्रसिद्ध है। सिक्खों का यह बहुत बड़ा तीर्थ-स्थान माना जाता है।

नानकदेव के पिता कालूचंद तलवंडी के पटवारी थे और खेती-बाड़ी भी करते थे।

गुरु नानक बचपन में ही बड़े प्रतिभावान् और शान्तस्वभाव के व्यक्ति थे। पिताने इन्हें पंजाबी, हिंदी, संस्कृत और फारसी की शिक्षा दिलाई, और इन्होंने विद्याभ्यास में असामान्य योग्यता का परिचय दिया। किन्तु इनके चित्त का झुकाव तो एकान्त सेवन, सत्संग और ईश्वर-चिंतन की ओर सदा रहता था।

पिताने इन्हें विवाह-बन्धन में बाँध दिया। पत्नी का नाम सुलक्खनी था। वह ज्यादातर मायके में रहती थी। कालांतर में इन्हें दो पुत्र हुए—श्रीचंद और लक्ष्मीचंद। श्रीचंद ने संन्यास लेकर सुप्रसिद्ध 'उदासी संप्रदाय' चलाया।

कालू ने अपने पुत्र नानक को एक मोदी के यहाँ नौकरी में लगाया, पर उसने इनकी लापर्वाही देखकर इन्हें नौकरी से अलग कर दिया। कहते हैं कि

एक दिन यह आटा तोल रहे थे। जब तोलते-तोलते 'तेरह' पर आये तो यह 'तेरा-तेरा' ही करते रह गये, और न जाने कितने सेर आटा ग्राहक को तोलकर दे दिया।

तब खेती-बाडी में लगाया, पर वहाँ भी मन नहीं लगा। पिता को उलटे सच्ची खेती करने का उपदेश करने लगे—

"इहु तनु धरती बीजु करमा करो,
सलिल आपाउ सारंगपाणी।
मनु किरसाणु हरि रिदै जम्माइ लै,
इउ पावसि पदु निरबाणी ॥–(रागु सिरी)

फिर कुछ बनिज-व्यापार करने के लिए पिताने कहा, जिसका उत्तर यह दिया गया—

"वणजु करहु वणजारिहो वक्खरु लेहु समालि।
तैसी वसतु विसाहीऐ जैसी निबहै नालि ॥
अग्गै साहु सुजाणु है, लैसी वसतु समालि ॥–(रागु सिरी)

और कहा—"खोटे वणजि वणंजिऐ मनु तनु खोटा होइ।" खोटे बनिज-व्यापार पर उनका चित्त नहीं डोला; वे तो राम-नाम के सच्चे व्यापारी बन चुके थे। पुत्र की यह ऊँचे घाट की वैराग्य-वृत्ति देखकर पिता कालू हैरान थे।

नानकदेव घर से निकल पड़े। देश-विदेश में भ्रमण करने लगे। साथ में इनका एक पक्का साथी रबाब बाजे पर भजन गानेवाला हो लिया, जिसका नाम मर्दाना था। इनकी यात्रा के कई सुन्दर प्रसंग प्रसिद्ध हैं।

सैयदपुर में, जिसे आजकल अमीनाबाद कहते हैं, ये दोनों गुरु नानक और मर्दाना लालो नामक एक बढ़ई के घर पर जाकर ठहरे। एक शूद्र के घर की रोटी खाते हुए देखकर वहाँ के ब्राह्मण-खत्रियों में हलचल मच गई। पर गुरु नानक ने उस श्रमजीवी बढ़ई की रोटी को ही श्रेष्ठ ठहराया, और कहा कि, "इस गरीब की रोटी में दूध-ही-दूध है, क्योंकि यह इसके पसीने की कमाई की रोटी है। तुम्हारे ज़मींदार मलिक भागो की रोटी में यह स्वाद और यह पवित्रता कहाँ, वह तो जुल्म की कमाई की रोटी है, जो ख़ून से सनी हुई है।"

कुरुक्षेत्र होते हुए गुरु नानक अपने साथी मर्दाना के साथ हरद्वार पहुँचे। वहाँ देखा कि लोग अपने पितरों को तर्पण कर रहे हैं। नानकदेव भी

वहीं बैठकर जल उलीचने लगे, मगर पश्चिम की तरफ। पंडितों ने आपत्ति की कि तर्पण पश्चिम की तरफ नहीं, पूर्व की तरफ किया जाता है। गुरु नानकदेव ने इसपर जवाब दिया—"मैं पछाहें का रहनेवाला हूँ; घर पर एक हरा लहलहा खेत छोड़कर आया हूँ। उसे सींचनेवाला वहाँ कोई आदमी नहीं। सो मैं यहीं से खेत को सींच रहा हूँ, जिससे वह सूख न जाये। जब तुम लोग लाखों कोस पर रहनेवाले अपने प्यासे पितरों को यहाँ से पानी पहुँचा सकते हो, तो मेरा खेत तो यहाँ से बहुत ही पास है।"

हरद्वार से यह काशी गये। वहाँ से गया और गया से कामरूप व जगन्नाथपुरीतक पूरब के देशों में घूमते रहे। इस यात्रा में गुरु नानक मुसलमान फकीरों या कलंदरों की जैसी टोपी पहनते थे, और माथे पर हिन्दू साधुओं की तरह तिलक भी लगाते थे। गले में माला भी डाल लेते थे। हिन्दू और मुसलमान दोनों की मिली-जुली विचित्र-सी वेश-भूषा रखते थे।

जब ये कामरूप से चले तब, कहते हैं, कलियुग इन्हें डराने व प्रलोभन देने वहाँ पहुँचा। मर्दाना बहुत भयभीत हो गया। गुरु नानक ने उसे धीरज बँधाया और कहा, 'तू कलियुग से डरता है? अरे, किसीसे डरना ही है, तो एक ईश्वर से डरना चाहिए।' और यह शब्द कहा—

"डरि घरु घरि डरु डरि डरु जाइ।
सो डरु केहा जितु डरि डरु पाइ॥
तुधु बिनु दूजी नाही जाइ।
जो किछु वरतै सभ तेरी रजाइ॥
डरीऐ जे डरु होवै होरु।
डरि डरि डरणा मन का सोरु॥"—(रागु गउडी)

पंजाब वापस आकर ये दोनों यात्री शेख फरीद से मिलने अजोधन गये, जिसे आजकल पाकपट्टन कहते हैं। शेख फरीद इस पहुँचे हुए फकीर की उपाधि थी। असल नाम शेख ब्रह्म या इब्राहीम था। गुरु नानक और शेख फरीद ने जंगल में काफी देरतक अध्यात्म-विषय पर चर्चा की। दोनों महात्माओं ने वहाँ खूब घनघोर ब्रह्म-रस बरसाया। मर्दाना ने रबाब का सुर छेड़ा और गुरु नानक ने यह शब्द कहा—

"जप तप का बंधु बेडुला जितु लघहि वहेला।
ना सरवरु ना ऊछलै, ऐसा पंथु सुहेला॥

तेरा एको नामु मंजीठड़ा रता मेरा चोला सदरंग ढोला ॥
साजन चले पिआरिआ किउ मेला होई।
जे गुण होवहि गंटड़ीऐ मेलेगा सोई ॥
मिलिआ होइ न वीछुड़ै जे मिलिया होई।
आवागउणु निवारिआ है साचा सोई ॥
हउमै मारि निवारिआ सीता है चोला।
गुर वचनी फलु पाइआ सह के अंमृत बोला॥
नानकु कहै सहेली हो सहु खरा पिआरा।
हम सह केरीआ दासीआ साचा खसमु हमारा॥—(रागु सूही)

अर्थात्, जप और तप का तू बेड़ा बनाले, और धार को पार करजा।
न फिर भील है, न प्रवाह; ऐसा सहज पंथ है वह।
प्रभो, तेरा नाम ही वह मंजीठ है, जिसमें मैं अपना यह चोला रंग डालूँ। प्यारे, वही रंग पक्का है।
साजन से तेरी भेंट कैसे होगी फिर?
तेरी गाँठ में गुण होंगे, तभी तो वह तुझे मिलेगा।
और तुझसे मिलकर एकाकार होकर वह फिर बिछुड़ेगा नहीं।
आवागमन से वह सच्चा स्वामी ही छुड़ा सकता है।
जिसने अहंकार को निकाल बाहर कर दिया, उस सखी ने अपने स्वामी को रिझाने के लिए अपना चोला सी लिया।
गुरु के उपदेश से उसे फल मिल गया अपने स्वामी के साथ अमृत-बोल बोल-बोलकर।
नानक कहता है, हे सहेलियो, वह स्वामी पूरा प्यारा है।
हम सब उसकी दासियाँ हैं, वह हमारा सच्चा स्वामी है।

और फिर इसी मस्ती में शेख फरीदने कहा—

"दिलहु मुहबति जिन्ह सेई सचिआ।
जिन्ह मनि होरु मुखि होरु सि कांढे कचिआ॥
रते इसक खुदाइ रंगि दीदार के।
विसरिआ जिन्ह नामु ते भुइ भारु थीए॥
आपि लीए लाइ लाइ दर दरवेस से।
तिन्ह धंनु जणेदी माउ आए सफलु से॥

परवरदगार अपार अगम बेअंत तूं ।
जिन्हा पछाता सच्चु चुंमा पैर मूं ॥
तेरी पनह खुदाइ तू बखसंदगी ।
सेख फरीदै खैरु दीजै बंदगी ॥–(रागु आसा)

अर्थात्, जिनकी दिली मुहब्बत है उस परमात्मा के लिए वे ही सच्चे हैं। जिनके मन में कुछ और है, और मुँ में कुछ और, उनकी गिनती कच्चों में की जायेगी।

वे भी सच्चे हैं, जो खुदा के इश्क में रँग गये हैं, और उसके दर्शन के प्यासे हैं।

जिन्होंने उसका नाम भुला दिया, वे भार हैं पृथिवी के।

जो उसके दर के दरवेश हो गये, उनको उस प्रियतम ने अपने दामन में बाँध लिया। धन्य हैं उन माताओं को जिन्होंने कि उन्हें जन्म दिया: उनका संसार में आना सफल है।

हे पालनकर्त्ता, तू अपार है, अगम है और अनंत है।

जिन्होंने तुझ सच्चे स्वामी को पहचान लिया, मैं उनके पैर चूमता हूँ।

अय खुदा, मैं तेरी शरण चाहता हूँ तू बख्शदे मुझे।

शेख फरीद को अपनी सेवा तू खैरात में दे।

शेख फरीद से गुरु नानक का इतना अधिक प्रेम हो गया था कि उनसे वह दोबारा भी मिलने गये थे।

गुरु नानक और मर्दाना ने दक्षिण भारत की भी यात्रा की थी। सिंहल द्वीप भी वे पहुँचे थे। कहा जाता है कि 'प्राण-संगली' ग्रन्थ को उन्होंने सिंहल में बैठकर रचा था।

इसी प्रकार पश्चिम की यात्रा में गुरु नानक मक्के तक गये थे। प्रसिद्ध है कि वहाँ काबे की तरफ पैर फैलाकर वह लेट गये थे। इस बेअदबी को देखकर जब वहाँ के मुल्ले ने डाटते हुए पूछा कि, "अल्लाह की तरफ तुम क्यों अपने पैर फैलाये हुए हो?" तब इन्होंने जवाब में उससे कहा—"अच्छा भाई, तो जिधर अल्लाह न हो उधर मेरे पैर घुमादो।" पर ऐसी कौन-सी दिशा थी, जहाँ अल्लाह का वास न हो! मुल्ला हैरान था।

गुरु नानकदेव ने इस प्रकार देश-देशान्तरों में सत्य और ईश्वर की भक्ति का प्रचार किया और मौज से हरिनाम का अनमोल रस लुटाया। हिन्दू

और मुसलमान दोनों ने उनके ऊँचे व गहरे उपदेशों को प्रेम से सुना और ग्रहण किया।

अपने प्रिय शिष्य लहिणा को, जो बाद को गुरु अंगद के नाम से प्रसिद्ध हुए, अपनी गद्दी का उत्तराधिकारी बनाकर गुरु नानकदेव अंतिम समय में एक पेड़ के नीचे जा बैठे और प्रभु के नाम-स्मरण में लौलीन हो गये। गुरु अगद चरणों पर गिर पड़े। सब शिष्य और कुटुम्बी विलाप कर रहे थे। गुरु तो आनन्दमग्न थे। हुक्म किया सिक्ख-मंडली को कि 'सोहिला' गाओ। सोहिला समाप्त होने पर 'जपुजी' का जब अंतिम सलोक कहा गया, चादर ओढ़ली, और 'वाह गुरु' कहते-कहते चोला छोड़ दिया, ब्रह्मलीन हो गये।

बानी-परिचय

'महला १' शीर्षक के जितने भी अनेक रागों में पद 'गुरु ग्रन्थ साहब' में संगृहीत हैं वे सब गुरु नानकदेव के रचे हुए हैं। ग्रन्थ साहब के आदि में जो 'जपुजी' है वह इनकी सबसे प्रसिद्ध रचना है। सिक्खों का 'जपुजी' के प्रति वही श्रद्धा-भाव है जो हिन्दुओं का गीता के प्रति, अथवा बौद्धों का 'धम्म-पद' के प्रति है। 'आसा दी वार' भी इनकी ऊँची रचना है। 'रहिरास' तथा 'सोहिला' नामक पद-संग्रहों में भी गुरु नानक के अनेक पद या पौड़ियाँ संकलित हैं। फुटकर तो सैकड़ों ही पद हैं। 'सोदरु' पद भी इनका बहुत प्रसिद्ध है, और इसी प्रकार 'गगन में थाल' वह आरती भी।

किंतु 'जपुजी' का स्थान इनकी रचनाओं में सबसे ऊँचा है। इसे हरेक सिक्ख और पंजाब और सिन्ध के अनेक हिन्दू भी कण्ठस्थ कर नित्य प्रातःकाल इसका भक्तिपूर्वक मंगल-पाठ करते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में 'जपुजी' को हमने पूरा उद्धृत किया है। अर्थ अधिकतर प्रोफेसर तेजासिंहजी की टीका के आधार पर किया है, कहीं-कहीं पर मॅकालीफ महोदय के अंग्रेजी भाषान्तर से भी हमने सहायता ली है। जपुजी के विषय में प्रोफेसर तेजासिंहजी ने नीचे जो लिखा है वह सर्वथा सही है। वस्तुतः यह बहुत ऊँची रचना है —

"जपुजी में मनुष्य-जीवन का सबसे उच्चकोटि का ज्ञान निहित है। इसमें हमारे जीवन के वास्तविक मनोरथ और इन्हें प्राप्त करने के साधन बतलाये हैं। इसमें, मन को ऐसे साँचे में ढालने और उसके ऊपर ऐसी अवस्था लाने का ढंग बतलाया है कि जो भी धार्मिक उलझनें आ पड़ें उन्हें हम सुगमता से सुलझा सकें।"

जपुजी की रचना सूत्रात्मक-सी है। गुरु नानक ने इसमें बहुत ही थोड़े शब्दों में ऊँचे-से-ऊँचे भावों को व्यक्त किया है। प्रो० तेजासिंह के शब्दों में "बड़े विस्तारवाले विचारों को ऐसा कसकर लिखा है कि मानो कूजे में दरिया बंद कर दिया है। पंजाबीभाषा में इतना कठिन काम पहले कभी नहीं किया गया था, और न अबतक ही किसीने किया है।"

दूसरे अनेक शब्द भी बड़े ऊँचे और गहरे भावों से भरे हुए हैं। अध्यात्म के विविध अंगों का विशद निरूपण चोट करनेवाली भाषा व शैली में किया गया है। प्रेम और विरह का वर्णन कहीं-कहीं बड़ा ही अनूठा मिलता है। नम्रता तो गुरु नानक की प्रसिद्ध ही है। उत्तरी भारत के संत-साहित्य में 'गुरु-बानी' का और उसमें भी गुरु नानकदेव की बानी का एक विशिष्ट स्थान है। अनमोल निधि है हमारी यह। हमें यह पछतावा है कि 'गुरु ग्रन्थ साहब' में से गुरु नानक के जपुजी को छोड़कर, बहुत थोड़े पद और सलोक स्थान-संकीर्णता के कारण हम ले सके। हैरानी होती है कि इस गुरु-महोदधि में से किस रत्न को उठालें और किसे छोड़दें।

आधार

१ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब—सर्व हिंद सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलिजन (भाग १) मॅकालीफ—ऑक्सफोर्ड
३ श्री जपुजी साहिब (सटीक)—टीकाकार प्रो० तेजासिंह, स्थानिक कमेटी, श्री दरबार साहिब, अमृतसर

जपुजी

१ ॐकार सति नामु करता पुरखु निरभउ
निरवैरु अकाल मूरति अजूनी सैभं गुर प्रसादि ॥ *

आदि सचु जुगादि सचु है भी सचु नानक होसी भी सचु ॥ ·|·

सोचै सोचि न होवई जे सोची लखवार ॥
चुप्पै चुप्प न होवई जे लाइ रहा लिवतार ॥
भुखिआ भुख न उत्तरी जे बंना पुरीआ भार ॥
सहस सिआणपा लख होहि त इक न चल्ले नालि ॥

---

* उस गुरु की कृपा से, जो एक ही है, जिसका नाम सत्य है अर्थात् जो सदा एकरस रहता है, जो सब का स्रष्टा है, जो समर्थ पुरुष है, जिसे किसीका भी भय नहीं, न किसीसे जिसका वैर है, जिसका अस्तित्व काल की पहुँच से परे है, जिसका जन्म नहीं है, जो स्वयंभू है।

वह सिक्ख धर्म का मूल मंत्र है।

·|· सब से पहले, जबकि और कुछ भी अस्तित्व में नहीं था, केवल सत्यरूप परमात्मा था। जबकि युगों का विभाग होने लगा, तब भी वह सत्य ही था। अब भी वह सत्य है। नानक, आगे भी वह सत्य ही रहेगा।

१ चिंतन करने से (सत्य) समझ में नहीं आ जाता, भले ही लाखों बार फिर-फिर उसका मैं चिन्तन करता रहूँ।

चुप या मौन रहने से भी मन में एक-न-एक प्रश्न का उठना रुकता नहीं है, चाहे मैं कितने ही एकाग्र चित्त से ध्यान करूँ।

किव सचिआरा होइऐ किव कूड़ै तुट्टै पालि।
हुकमि रजाई चल्लणा नानक लिखिआ नालि ॥१॥

हुकमी होवनि आकार, हुकमु न कहिआ जाई॥
हुकमी होवनि जीअ, हुकमि मिलै वडिआई॥
हुकमी उत्तमु नीचु हुकमि लिखि दुख सुख पाईअहि॥
इकना हुकमी बखसीस इकि हुकमी सदा भवाईअहि॥
हुकमै अन्दरि समु को बाहरि हुकम न कोइ॥
नानक हुकमै जे बुझै त हउमै कहै न कोइ॥ २ ॥

भूखा रहने से उसके मिलन की भूख शान्त होने की नहीं, भले ही मैं सारे संसार को अपने काबू में करलूँ।

लाखों सयानपन हों, उस लक्ष्यतक एक भी नहीं पहुँचता, तो फिर हम सत्यमय हों तो कैसे? और हमारे उसके बीच में जो दीवार खड़ी है वह कैसे टूटे? परदा कैसे हटे? (एक ही उपाय है) उस आदेश देनेवाले परमेश्वर के आदेश पर चलना, उसकी आज्ञा के अनुसार आचरण करना। और वह आज्ञा हमारे साथ ही लिखी हुई है।

२ उस आज्ञा से सृष्टि के सारे आकार बनते हैं। उस आज्ञा को कहा नहीं जा सकता— अनिर्वचनीय है वह।

उसी आज्ञा से जीवों का सृजन होता है, और उसीमे जीवों को मनुष्य की ऊँची श्रेणी प्राप्त होती है।

उसीसे मनुष्य उत्तम गति पाता है, और उसीसे नीच गति वह आज्ञा जैसे कर्मों को लिख देती है वैसे ही दुःख और सुख सब पाते हैं।

उस आज्ञा से किसीको मुक्ति का दान मिल जाता है तो कितने ही अनेक योनियों में चक्कर काटते रहते हैं।

सभी उसकी आज्ञा के अंदर हैं; कोई भी उसकी आज्ञा के बाहर नहीं है।

नानक कहते हैं— इस आज्ञा को यदि कोई अच्छी तरह समझले, तो फिर वह कभी यह नहीं कहेगा कि यह या वह मैंने किया है।

अर्थात्, 'अहंभाव' का उसमें लेश भी नहीं रहेगा।

गावै को ताणु होवै किसै ताणु। गावै को दाति जाणै नीसाणु॥
गावै को गुण वडिआईआ चार। गावै को विदिआ विखमु वीचारु॥
गावै को साजि करे तनु खेह। गावै को जीअ लै फिरि देह॥
गावै को जापै दिसै दूरि। गावै को वेखै हादरा हदूरि॥
कथना कथी न आवै तोटि। कथि कथि कथी कोटी कोटि कोटि॥
देदा दे लैदे थकि पाहि। जुगा जुगंतरि खाही खाहि॥
हुकमी हुकमु चलाए राहु। नानक विगसै वेपरवाहु॥ ३॥

साचा साहिबु साचु नाइ भाखिआ भाउ अपारु॥
आखहि मंगहि देहि देहि दाति करे दातारु॥

---

३ कोई उसकी शक्ति को गाता है, उसका बखान करता है, जिसे कि उससे शक्ति मिली है;

कोई उसकी दी हुई वस्तुओं को गाता है उसके चिह्न समझकर;

कोई उसके गुणों और उसकी सुन्दर-सुन्दर महिमाओं को गाता है; और कोई कठिन-कठिन विद्याओं के द्वारा उसका गान करता है;

कोई यह समझकर उसका गान करते हैं कि वह देह को बनाकर फिर उसे मिट्टी कर देता है; और कोई-कोई यह समझकर कि वह जीव लेकर फिर दे देता है।

कोई गाता है कि वह परमात्मा बहुत दूर, परे से परे,प्रतीत होता है; और कोई उसे अपने सामने, बिल्कुल निकट, देखकर गाता है।

करोड़ों ने कहा, कहा और फिर कहा, पर उसकी कथनी—उसकी गुण गाथा—कभी समाप्त नहीं हुई।

वह ऐसा दाता है कि दिये ही जाता है, पर लेनेवाला ही लेते-लेते थक जाता है। युगों युगों से उसका दिया सब खाते ही आये हैं।

आज्ञा देनेवाले की आज्ञा यह सबकुछ चला रही है। नानक कहते हैं—वह लापरवाह हमेशा खुद आनन्दमग्न रहता है।

४ वह स्वामी 'सत्य' है; उसका नाम भी सत्य है। और उसका बखान करने के भाव या ढंग अनगिनती हैं।

फेरि कि अगै रखीए जितु दिसै दरबारु ॥
मुहौ कि बोलणु बोलीए जितु सुणि धरे पिआरु ॥
अमृत वेला सचु नाउ वडिआई वीचारु ॥
करमी आवै कपड़ा नदरी मोखु दुआरु ॥
नानक एवै जाणीऐ सभु आपे सचिआरु ॥ ४ ॥

थापिआ न जाइ कीता न होइ । आपे आपि निरंजनु सोइ ॥
जिनि सेविआ तिनि पाइआ मानु । नानक गाविऐ गुणी निधानु ॥
गाविऐ सुणिऐ मनि रखीऐ भाउ । दुखु परहरि सुखु घरि लै जाइ ॥
गुरमुखि नादं गुरमुखि वेदं । गुरमुखि रहिआ समाई ॥

लोग निवेदन करते हैं और माँगते हैं कि, 'स्वामी, तू हमें देदे।' और उन्हें वह दाता देता है।

फिर क्या उसके आगे रखें कि जिससे उसका (मेहर का) दरबार दीख पड़े ? और इस मुख से हम क्या बोल बोलें कि जिन्हें सुनकर वह स्वामी हमसे प्रेम करे ?

अमृत-वेला में—मंगलमय प्रभात-काल में, उसके सत्य नाम का, और उसकी महिमा का विचार करो, स्मरण करो।

कर्मों के अनुसार चोला तो बदल लिया जाता है; किन्तु मोक्ष का द्वार उसकी दया से ही खुलता है।

नानक कहते हैं—यों जानो तुम कि वह सत्यरूप प्रभु आप ही सब कुछ है।

५ न वह किसीके द्वारा स्थापित होता है, और न बनाया जाता है। वह तो स्वयं ही है, और निरंजन है—माया से परे है।

जिसने उसकी सेवा की है उसे मान-प्रतिष्ठा मिली है। सो हे नानक उसी गुण-निधान का गुण-गान किया जाये।

उसके गुण गाने और सुनने चाहिएँ, और भावपूर्वक अपने मन में रखने चाहिएँ।

वह प्रभु हमें दुखों से छुड़ाकर अपने सुखधाम में ले जायेगा।

गुरु ईसरु गोरखु बरमा गुरु पारबती माई ॥
जे हउ जाणा आखा नाही कहणा कथनु न जाई ॥
गुरा इक देहि बुझाई ॥
सभना जीआ का इकु दाता सो मै विसरि न जाई ॥५॥

तीरथि नावा जे तिसु भावा विणु भाणे कि नाइ करी ॥
जेती सिरठि उपाई वेखा विणु करमा कि मिलै लई ॥
मति विचि रतन जवाहर माणिक जे इक गुर की सिख सुणी ॥
गुरा इक देहि बुझाई ॥
सभना जीआ का इकु दाता सो मै विसरि न जाई ॥६॥

गुरु की वाणी ही नाद अर्थात् आदि शब्द है, और वही वेद है; कारणकि गुरु के मुख में परमात्मा स्वयं वास करता है।

गुरु ही शिव है, गुरु ही विष्णु (गो अर्थात् पृथिवी के रक्षक) हैं और गुरु ही ब्रह्मा है। पार्वती भी गुरु है, और माता लक्ष्मी भी वही है।

जो मैं उसे जानलूँ तो उसका बखान नहीं कर सकता, क्योंकि वह कथनी से परे है।

किंतु गुरु ने एक बार मुझे समझा दिया है कि जीव को देनेवाला एक परमात्मा ही है, और मुझे वह कभी नहीं भूलना चाहिए।

६ यदि मैं उसे रिझा सकूँ तो तीर्थों में स्नान करूँ; यदि उसे मैं रिझा नहीं सकता, तो तीर्थों में नहाने से मेरा क्या बनेगा?

देखता हूँ; जितनी भी सृष्टि सिरजी गई है। इसमें बिना कर्म या साधन किये क्या मिल सकता है, जिसे मैं लूँ? (फिर परमात्मा का मिलना तो बिना जतन के अत्यंत कठिन है।)

यदि गुरु का उपदेश (ध्यान से) सुनोगे तो तुम्हारी बुद्धि में से ही हीरे-मोती आदि सारे रत्न अर्थात् ऊँचे-से-ऊँचे आध्यात्मिक गुण प्रकट हो पड़ेंगे। (तीर्थों में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।)

गुरु ने एक बार मुझे समझा दिया है कि जीव को देनेवाला एक परमात्मा ही है, और मुझे वह कभी नहीं भूलना चाहिए।

जे जुग चारे आरजा होर दसूणी होइ॥
नवा खंडा विचि जाणीऐ नालि चलै सभु कोइ॥
जे तिसु नदरि न आवई त वात न पुच्छै केइ॥
चंगा नाउ रखाइ कै जसु कीरति जगि लेइ॥
कीटा अंदरि कीटु करि दोसी दोसु धरे॥
नानक निरगुणि गुणु करे गुणवंतिआ गुणु दे॥
तेहा कोइ न सुझई जि तिसु गुणु कोइ करे॥७॥

सुणिऐ सिद्ध पीर सुरिनाथ। सुणिऐ धरति धवल आकास॥
सुणिऐ दीप लोअ पाताल। सुणिऐ पोहि न सकै कालु॥
नानक भगता सदा विगासु। सुणिऐ दूख पाप का नासु॥८॥

---

७ मनुष्य यदि चारो युग जीये, या इससे भी दसगुनी उसकी आयु हो जाये, और नवों खंडों में वह विख्यात हो जाये, सब लोग उसके साथ चलने लगें,

दुनियाभर के लोग उसे अच्छा कहें, और उसके यश का बखान करें, पर यदि परमात्मा ने उसपर अपनी (कृपा-) दृष्टि नहीं की, तो कोई उसकी बात भी पूछनेवाला नहीं—उसकी कुछ भी कीमत नहीं।

वह तब कीट से भी तुच्छ कीट माना जायेगा। दोषी भी उसपर दोषारोप करेंगे।

नानक कहते हैं—वह निर्गुणी को भी गुणी कर देता है, और जो गुणी है उसे और भी अधिक गुण बख्श देता है।

पर ऐसा कोई भी दृष्टि में नहीं आता, जो परमात्मा को गुण दे सके।

८ गुरु का उपदेश सुनने से सिद्धों, पीरों और बड़े-बड़े नाथों की असलीयत का पता लग जाता है। (अथवा, असली सिद्धों, पीरों और बड़े-बड़े नाथों की अवस्था को वह प्राप्त कर लेता है।)

गुरु का उपदेश सुनने से पृथ्वी का, उसे टिकाये रखनेवाले (कल्पित) बैल का, और आकाश का सही-सही ज्ञान हो जाता है।

सुणिऐ ईसरु बरमा इंदु । सुणिऐ मुखि सालाहण मंदु ॥
सुणिऐ जोग-जुगति तनि भेद । सुणिऐ सासत सिमृति वेद ॥
नानक भगता सदा विगासु । सुणिऐ दूख पाप का नासु ॥९॥

सुणिऐ सतु संतोखु गिआनु । सुणिऐ अठिसठि का इसनानु ॥
सुणिऐ पड़ि पड़ि पावहि मानु । सुणिऐ लागै सहजि धिआनु ॥
नानक भगता सदा विगासु । सुणिऐ दूख पाप का नासु ॥१०॥

[विशेष—'जपुजी' की १६वीं पौड़ी में इस 'धवल' अर्थात् बैल का स्पष्टीकरण किया गया है ।]

गुरु की शिक्षा सुनने से द्वीपों, लोकों और पातालों का ठीक-ठीक पता लग जाता है ।

और तब काल की दाल नहीं गल पाती ।

नानक कहते हैं—(गुरु का उपदेश सुननेवाले) भक्तजन सदा प्रफुल्लित रहते हैं । (गुरु का उपदेश) सुनने से उनके सारे दुःख और पाप नष्ट हो जाते हैं ।

९ गुरु का उपदेश सुनने से शिव, ब्रह्मा और इन्द्र की दशा का असली पता लग जाता है ।

और मन्दबुद्धि की भी भारी प्रशंसा होने लगती है ।

उसे सुनने से योग की युक्ति या मार्ग, और घट के रहस्य खुल जाते हैं ।

गुरु का उपदेश सुनने से शास्त्रों, स्मृतियों और वेदों की वास्तविकता का ज्ञान हो जाता है ।

नानक कहते हैं—ऐसे भक्तजन सदा प्रफुल्लित रहते हैं । (गुरु-उपदेश) सुनने से उनके सारे दुःख और पाप नष्ट हो जाते हैं ।

१० गुरु का उपदेश सुनने से सत्य, संतोष और दिव्यज्ञान प्राप्त होता है ।

उसे सुनना अड़सठ तीर्थों में स्नान करने के समान है ।

गुरु का उपदेश सुनने से ज्यों-ज्यों उसे मनुष्य पढ़ता है, त्यों-त्यों वह मान-प्रतिष्ठा पाता है ।

सुणिए सरा गुणा के गाह। सुणिऐ सेख पीर पातिसाह ॥
सुणिऐ अंधे पावहि राहु। सुणिऐ हाथ होवै असगाहु ॥
नानक भगता सदा विगासु। सुणिऐ दूख पाप का नासु ॥११॥

मंने की गति कही न जाइ। जे को कहै पिछै पछुताइ ॥
कागदि कलम न लिखणहारु। मंने का बहि करनि विचारु ॥
ऐसा नामु निरंजनु होइ। जे को मंनि जाणै मनि कोइ ॥१२॥

उसे सुनने से चित्त का निरोध होकर उसका सहज ध्यान लग जाता है।

नानक कहते हैं—गुरु का उपदेश सुननेवाले भक्तजन सदा प्रफुल्लित रहते हैं। उनके सारे दुःख और पाप नष्ट हो जाते हैं।

११ गुरु का उपदेश सुनने से मनुष्य गुणों के सागर की थाह पा लेता है—गहन-से-गहन गुणों को दृढ़तापूर्वक ग्रहण कर लेता है।

उसे सुनने से मनुष्य शेख, पीर और बादशाह बन जाते हैं। अथवा यह जान जाते हैं कि धार्मिक तथा सांसारिक दोनों क्षेत्रों का नेता एकसाथ कैसे बना जाता है।

गुरु का उपदेश सुनने से अन्धे को भी रास्ता सूझ जाता है।
उसे सुनने से वह अथाह की भी थाह पा जाता है।

नानक कहते हैं—ऐसे भक्तजन सदा प्रफुल्लित रहते हैं। उनके सारे दुःख और पाप नष्ट हो जाते हैं।

१२ जो उसकी आज्ञा पर चलता है उसकी (पहुँची हुई) अवस्था का वर्णन नहीं हो सकता; यदि कोई वर्णन करने का यत्न करता है, तो उसे पीछे पछताना या लज्जित होना पड़ता है।

लिखने के लिए न कागज है, न कलम, और न लिखनेवाला ही उस अवस्था का, जिसे कि उसकी आज्ञा को माननेवाला प्राप्त कर लेता है।

ऐसा पवित्र और अकथ है उनके लिए है गुरु का नाम—
जो उसकी आज्ञा को हृदय से मानने की रीति जानले।

मंने सुरति होवै मनि बुधि । मंनि सगल भवण की सुधि ॥
मंने मुहि चोटा ना खाइ । मंने जम कै साथि न जाइ ॥
ऐसा नामु निरंजनु होइ । जे को मंनि जाणै मनि कोइ ॥१३॥

मंने मारगि ठाक न पाइ । मंने पति सिउ परगटु जाइ ॥
मंने मगु न चलै पंथु । मंने धरम सेती सनबंधु ॥
ऐसा नामु निरंजनु होइ । जो को मंनि जाणै मनि कोइ ॥१४॥

मंने पावहि मोख दुआरु । मंनि परवारै साधारु ॥
मंने तरै तारै गुरु सिख । मंनि नानक भवहि न भिख ॥
ऐसा नामु निरंजनु होइ । जे को मंनि जाणै मनि कोइ ॥१५॥

---

१३ उसकी आज्ञा पर चलने से ऊँची (आध्यात्मिक) वृत्ति जाग्रत हो उठती है, अथवा परावुद्धि विकसित हो जाती है।

उससे सारे लोकों का ज्ञान हो जाता है।

उसे मानने से मनुष्य को दण्ड नहीं मिलता ; और वह यम के मार्ग पर नहीं जाता—काल की पकड़ से छूट जाता है।

ऐसा पवित्र और अकथ है उसके लिए गुरु का नाम,—

जो उसकी आज्ञा को हृदय मे मानने की रीति जानले।

१४ उसकी आज्ञा पर चलने से रास्ते में कोई रोक-टोक नहीं रहती ; मनुष्य फिर मान-प्रतिष्ठा के साथ (सन्मार्ग पर) चलता है।

उसे जो मानता है वह मामूली रास्ते पर नहीं, बल्कि राजपथ पर चलता है।

[विशेष—'मगुन' भी एक पाठ है। तब यह अर्थ किया गया है कि वह भगवत्प्रेम में मग्न होकर आगे बढ़ जाता है।]

उसका धर्म के साथ (दृढ़) संबंध हो जाता है।

ऐसा पवित्र और अकथ है उसके लिए गुरु का नाम,—

जो उसकी आज्ञा को हृदय मे मानने की रीति जानले।

१५ उसकी आज्ञा मान लेने से मनुष्य मोक्ष के द्वार पर पहुँच जाता है।

वह अपने परिवार का भी उद्धार कर लेता है।

पंच परवाण पंच परधानु । पचे पावहिं दरगहि मानु ॥
पंचे सोहहि दरि राजानु । पंचा का गुरु इकु धिआनु ॥
जे को कहै करै वीचारु । करते कै करणै नाही सुमारु ॥
धौलु धरमु दइआ का पूत । संतोखु थापि रखिआ जिनि सूत ॥
जे को बुझै होवै सचिआरु । धवलै उपरि केता भारु ॥
धरती होरु परै होरु होरु । तिसते भारु तलै कवणु जोरु ॥
जीअ जाति रंगा के नाव । सभना लिखिआ वुड़ी कलाम ॥
एहु लेखा लिखि जाणै कोइ । लेखा लिखिआ केता होइ ॥
केता ताणु सुआलिहु रूपु । केती दाति जाणै कौणु कूतु ॥

उसकी आज्ञा पर चलने से वह स्वयं तर जाता है, और जिसे वैसा उपदेश देता है वह भी तर जाता है।

जो उसकी आज्ञा को मानता है, वह भीख नहीं माँगता फिरता।

ऐसा पवित्र और अकथ है उसके लिए गुरु का नाम—

जो उसकी आज्ञा को हृदय से मानने की रीति जानले।

१६ (ऐसे गुरु-उपदेश पाये हुए) पंच ही प्रमाणरूप हैं; अथवा, परमात्मा की दृष्टि मे 'स्वीकृत' हैं, और वे ही सबमें प्रधान हैं, प्रतिष्ठित हैं। वे ही उस प्रभु के दरबार मे मान पाते हैं।

[विशेष—ग्रन्थ साहब की टीका में भाई चंदासिंह ने 'पंच' का अर्थ इस प्रकार किया है—(१) जो ईश्वर की मरज़ी पर चलते हैं, (२) जो उसे सत्यरूप मानते हैं, (३) जो उसका गुण-गान करते हैं, (४) जो उसका नाम सुनते हैं, और (५) जो उसकी आज्ञा का पालन करते हैं।]

पञ्चों से ही राजा-महाराजाओं के दरबार शोभायमान होते हैं।

इनका गुरु केवल परमात्मा का ध्यान होता है।

यदि कोई मनुष्य कोई बात कहे, तो वे उसपर तात्त्विक विचार करते हैं, उसे बिना विचार किये तुरंत मान नहीं लेते।

सिरजनहार के कार्यों की कोई गिनती नहीं।

कीता पसाउ एको कवाउ। तिसते होए लख दरीआउ ॥
कुदरति कवण कहा वीचार। वारिआ न जावा एक वार ॥
जो तुधु भावै साई भली कार। तू सदा सलामति निरंकार ॥१६॥

असंख जप, असंख भाउ। असंख पूजा असंख तप ताउ ॥
असंख गरंथ मुखि वेदपाठ। असंख जोग मनि रहहि उदास ॥

(जो यह विश्वास किया जाता है कि) नन्दी (शिवजी का बैल) पृथिवी को उठाये हुए है वह नन्दी वस्तुतः धर्म है, प्रभु की कृपा का रचा हुआ 'नियम' है, जिसने सारे ब्रह्माड को धैर्य के सहारे थाम रखा है।

जिसने इसको समझ लिया, वह सत्य का साक्षात्कार कर सकता है।

नन्दी पर कितना बड़ा भार लदा होगा !

इस पृथिवी से परे पृथिवी है—उसमे भी परे और उससे भी परे पृथिवी है।

यह सारा भार यदि उस नन्दी के ऊपर रखा हुआ है, तो वह नन्दी फिर किसके आधार पर स्थित है ?

जीवों की अनेक जातियों और अनेक रंगों के नामों को एक चलती हुई कलम ने लिखा है—अर्थात् लेखे-हिसाब का प्रवाह अनन्त है।

इनका कौन लेखा कर सकता है ? और वह कितना बड़ा लेखा बनेगा !

उसकी कितनी बड़ी शक्ति है, और कैसा सलौना रूप है ! उसकी बख्शीशों का कोई पार ! कौन कूत सकता है उन्हें ?

एक ही शब्द से, एक ही आज्ञा से सृष्टि को विस्तृत कर दिया ; उसकी आज्ञा से सृष्टि की लाखो नदियाँ बह निकलीं।

मेरी क्या बिसात जो मैं तेरा बखान कर सकूँ ?

मैं तो तुझपर एक बार भी निछावर होनेलायक नहीं। अच्छा-भला वही है, जो तुझे भावे। हे निराकार ! तू सदा सलामत रहता है।

१७ असंख्य प्रकार के तेरे मंत्र-जप हैं, और असंख्य ही भक्ति-भाव के मार्ग। असंख्य प्रकार की तेरी पूजा है, और असंख्य तप और साधन।

असंख भगत गुण गिआन वीचार। असंख सती असख दातार॥
असंख सूर मुह भख सार। असख मोनि लिव लाइ तार॥
कुदरति कवण कहा वीचारु। वारिआ न जावा एक वार॥
जो तुधु भावै साई भलीकार। तू सदा सलामति निरंकार॥१७॥

असंख मूरख अंध घोर। असंख चोर हरामखोर॥
असंख अमर करि जाहि जोर। असंख गलवढ हत्तिआं कमाहि॥
असंख पापी पाप करि जाहि। असंख कूड़िआर कूड़े फिराहि॥
असख मलेछ मलु भखि खाहि। असख निंदक सिरि करहि भारु॥

असंख्य लोग वेदों और अन्य पवित्र ग्रन्थों का मुख से पाठ करते हैं। और असंख्य योगी मन में जगत् की ओर से उदासीन रहते हैं।

असंख्य भक्तजन तेरे गुणों का और तत्त्व-दर्शन का चिंतन करते हैं।

ऐसे ही, सच्चे और दानी असंख्य लोग हैं। और असंख्य शूरवीर तलवार की चोटें सामने खाते हैं।

असंख्य साधक मौन व्रत धारणकर तुझसे अपनी लौ लगाते हैं।

मेरी क्या बिसात, जो मैं तेरा बखान कर सकूँ?

मैं तो तुझपर एक बार भी निछावर होनेलायक नहीं। अच्छा-भला वही है, जो तुझे भावे। हे निराकार! तू सदा सलामत रहता है।

१८ असंख्य लोग मूर्ख और घोर अन्धे हैं;
असंख्य चोर और पराया धन हरण करनेवाले हैं;
असंख्य लोग ऐसे हैं, जो बलात्कारपूर्वक राज्य स्थापित कर लेते हैं;
और गला काटनेवाले और हत्यारे भी असंख्य हैं:
असंख्य पापी हैं, जिन्हें पाप करते हुए गर्व होता है;
असंख्य असत्य बोलनेवाले असत्य में ही पड़े-पड़े चक्कर काटते हैं;
असंख्य गंदे लोग गंदी कमाई से ही अपने पेट भरते हैं,
और असंख्य निन्दक पराई निन्दा करते और सिर पर पापों की गठरी लादते हैं।

नानकु नीचु कहै वीचारु। वारिआ न जावा एक वार॥
जो तुधु भावै साई भली कार। तू सदा सलामति निरंकार॥१८॥

असंख नाव असंख थाव।
अगंम अगंम असंख लोअ। असंख कहहि सिरि भारु होइ॥
अखरी नामु अखरी सालाह। अखरी गिआनु गीत गुण गाह॥
अखरी लिखणु बोलणु बाणि। अखरा सिरि संजोगु वखाणि॥
जिनि एहि लिखे तिसु सिरि नाहि। जिव फुरमाए तिव तिव पाहि॥
जेता कीता तेता नाउ। विणु नावै नाही को थाउ॥

तुच्छ नानक कहता है, मैं तो तुझपर एक बार भी निछावर होने-लायक नहीं।

अच्छा-भला वही है, जो तुझे भावे। हे निराकार! तू सदा सलामत रहता है।

१९ असंख्य तेरे नाम हैं, और असंख्य तेरे धाम;
तेरे अगम्य लोक भी असंख्य, असंख्य हैं;
असंख्य कहते हुए भी सिर पर जैसे भार पड़ता है।
[अथवा, अपनी सारी बुद्धि समेटकर तेरा नाम जपनेवाले असंख्य हैं।
अथवा, जो तेरा वर्णन करने का यत्न करते हैं, वे मानों सिर पर पाप ढोते हैं; यह उनका अहंकार ही है, जो वर्णनातीत के वर्णन करने का दम भरते हैं।]

अक्षरों के सहारे हम तेरा नाम लेते हैं, और अक्षरों के ही सहारे तेरी स्तुति करते हैं;

अक्षरों के द्वारा हम तत्त्व-विचार करते हैं, और अक्षरों के द्वारा ही तेरे गुण गाते हैं;

अक्षरों से हम वाणी को लिखते और बोलते हैं; अक्षरों के सहारे से ही तेरे साथ हमारा जो संबन्ध है उसका वर्णन करते हैं।

भाग्य पर जो अक्षर लिख दिये गये हैं उन्हींसे भाग्य का हिसाब लगाया जाता है।

कुदरति कवण कहा वीचारु । वारिआ न जावा एक वार ॥
जो तुधु भावै साई भली कार । तू सदा सलामति निरंकार ॥ १६ ॥

भरीऐ हथु पैरु तनु देह । पाणी धोतै उतरसु खेह ॥
मूत पलीती कपड़ु होइ । दे साबुणु लईऐ ओहु धोइ ॥
भरीऐ मति पापा कै संगि । ओहु धोपै नावै कै रंगि ॥
पुंनी पापी आखणु नाहि । करि करि करणा लिखि लै जाहु ॥
आपे बीजि आपे ही खाहु । नानक हुकमी आवहु जाहु ॥२०॥

किन्तु जिसने उन अक्षरों को लिखा है, वह उनकी सीमा से परे है।

तू जैसी आज्ञा देता है वैसा हम पाते हैं।
जैसी तेरी सृष्टि की रचना, वैसे ही तेरा नाम भी महान्।
ऐसी कोई जगह नहीं, जहाँ कि तेरा नाम न हो।
मेरी क्या बिसात, जो मैं तेरा बखान कर सकूँ !

मैं तो तुझपर एक बार भी निछावर होनेलायक नहीं। अच्छा-भला वही है, जो तुझे भावे । हे निराकार ! तू सदा सलामत रहता है।

२० जब हाथ, पैर और शरीर के दूसरे अंग धूल से सन जाते हैं, तो वे पानी से धोने से साफ हो जाते हैं।

मूत्र से जब कपड़े गंदे हो जाते हैं तो साबुन लगाकर उन्हें धो लेते हैं।
ऐसे ही यदि हमारा मन पापों से मलिन हो जाये, तो वह नाम के प्रेम-भाव में स्वच्छ हो सकता है।

केवल कहदेने से मनुष्य न पुण्यात्मा बन जाते हैं, न पापी ;

किंतु वे तुम्हारे कर्म हैं, जिन्हें तुम अपने साथ लिखते जाते हो तुम्हारे कर्म तुम्हारे साथ-साथ जाते हैं।
आप ही तुम जैसा बोते हो वैसा खाते हो ।

नानक कहते हैं—यह तुम्हारा आवागमन उसकी आज्ञा से ही हो रहा है ।

तीरथु तपु दइआ दतु दानु। जे को पावै तिल का मानु॥
सुणिआ मंनिआ मनि कीता भाउ। अंतरगति तीरथि मनि नाउ॥
सभि गुण तेरे मैं नाही कोइ। विणु गुण कीते भगति न होइ॥
सुअसति आथि वाणी बरमाउ। सति सुहाणु सदा मनि चाउ॥
कवणु सु वेला वखतु कवणु, कवणु थिति कवणु वारु॥
कवणि सि रुती माहु कवणु, जितु होआ आकारु॥
वेल न पाईआ पंडती जि होवै लेखु पुराणु॥
वखतु न पाइओ कादीआ जि लिखनि लेखु कुराणु॥
थिति वारु ना जोगी जाणै रुति माहु न कोई॥
जा करता सिरठी कउ साजे आपे जाणै सोई॥

---

२१ तीर्थाटन, तप, दया और पुण्य-दान जो करता है, उसे भले ही तिलभर मान मिल जाये,—

[अथवा, प्रभु के नाम का एक कण भी किसीको मिल जाये तो मानो उसने तीर्थाटन, तप, दया, और पुण्य-दान कर लिये।]

किंतु जो प्रभु का नाम सुनता है, उसपर चलता है, और अंतःकरण से उसकी भक्ति करता है, उसने सारे तीर्थों का स्नान कर लिया, और अपने सब पापों को धो डाला।

जितने भी गुण हैं सब तेरे ही हैं ; मुझमें एक भी गुण नहीं।

आचरित गुण के बिना भक्ति हो नहीं सकती।

धन्य है उसे जो स्वतः माया है, वाणी है और ब्रह्म है !

वह सत्य है, सुंदर है और अतर मे सदा आनन्द के रूप में रहता है।

वह कौन-सा समय था, जब सृष्टि रची गई ? वह क्या तिथि थी, और कौन-सा दिन ? वह क्या ऋतु थी, और कौन-सा मास ?

पंडितों को उसका पता नहीं लगा : यदि पता होता, तो वे उसका अवश्य पुराणों में उल्लेख करते।

काज़ियों को भी उस वक्त का इल्म नहीं था : यदि उन्हें इल्म होता, तो कुरान में उन्होंने उसे दर्ज किया होता।

किवकरि आखा किव सालाही किउ वरनी किव जाणा ॥
नानक आखणि सभु को आखै इकदू इकु सिआणु ॥
वडा साहिबु वडी नाई कीता जाका होवै ॥
नानक जे को आपौ जाणै अगै गइआ न सोहै ॥२१॥

पाताला पाताल लख आगासा आगास ।
ओडक ओड़क भालि थके वेद कहनि इक वात ।
सहस अठारह कहनि कतेवा असुलू इकु धातु ॥

और न किसी योगी को उस तिथि, उस वार और उस ऋतु और उस मास का ज्ञान है।

उस करतार को ही उस समय का पता है कि उसने सृष्टि की रचना कब की थी।

मैं उसे क्या कहकर पुकारूँ, और कैसे उसकी स्तुति करूँ ! उसका बखान कैसे करूँ, और कैसे उसे जानूँ ?

नानक ! एक-से-एक बुद्धिमान उसके विषय में अपनी-अपनी समझ से कहते हैं कि वह 'कैसा है' और 'कैसा नहीं।'

पर (समझ में तो इतना ही आया है कि) वह स्वामी महान् है, उसका नाम भी महान् है उसीका किया-धरा सब कुछ होता है, और कोई कुछ नहीं कर सकता।

नानक ! जो यह अभिमान करता है कि यह मैंने किया है, वह स्वामी के लोक में मान नहीं पायेगा।

२२ लाखों ही पाताल हैं और उनके भी पाताल हैं उनकी रचना में ;

इसी प्रकार लाखों आकाश हैं और उनके भी आगे आकाश हैं।

उसका अंत खोजते-खोजते वेद थक गये—केवल एक ही बात वेदों ने कही (कि उसकी रचना का अंत नहीं।)

मुसलमानों की किताबों ने कहा है कि अठारह हजार आलम हैं उस की रचना में।

लेखा होइ त लिखीऐ लेखै होइ विणासु ॥
नानक वडा आखीऐ आपे जाणै आपु ।२२॥

सालाही सालाहि एती सुरति न पाईआ ।
नदीआ अतै वाह पवहि समुंदि न जाणीअहि ॥
समुंद साह सुलतान गिरहा सेती मालु धनु ॥
कीड़ी तुलि न होवनी जे तिसु मनहु न वीसरहि ।।२३॥

अंतु न सिफती कहणि न अंतु । अंतु न करणै देणि न अंतु ॥
अंतु न वेखणि सुणणि न अंतु । अंतु न जापै किआ मनि मंतु ॥

पर असल में मतलब एक ही है दोनों का—(याने उसकी रचना का अंत नहीं ।)

गिनती हो तो उसे लिखा जाये ; लिखनेवाले का ही अंत हो जाता है, पर लेखे का अंत नहीं मिलता ।

नानक कहते हैं—उसे महान् ही कहना चाहिए ; वह कितना महान् है इसे वह खुद ही जानता है ।

२३ स्तुति करनेवाले उसकी स्तुति करते हैं, पर उसकी महिमा का पता उन्हें भी नहीं ।

जैसे, नदियाँ और नाले समुद्र में जाकर गिरते हैं, पर उसकी पूरी गंभीरता और विशालता का ज्ञान उन्हें नहीं होता ।

जिन राजाओं और सम्राटों के पास संपत्ति के समुद्र और धन के पर्वत हों, वे उस कीड़ी के भी समान नहीं, जो अपने हृदय से परमात्मा को नहीं विसारती ।

२४ अंत नहीं परमात्मा के गुणों का, या स्तुति का ; और न उसके गुणों के वर्णन का अंत है ।

उसकी करणी या रचना का भी अंत नहीं, और न उसके दान का कोई अंत है ।

उसकी रचना में जो कुछ देखने में और जो कुछ सुनने में आता है उस सबका भी कोई अंत नहीं ।

अंतु न जापै कीता आकारु। अंतु न जापै पारावारु॥
अंत कारणि केते बिललाहि। ताके अंत न पाए जाहि॥
एहु अंतु न जाणै कोइ। बहुता कहीऐ बहुता होइ॥
वडा साहिबु ऊचा थाउ। ऊचे उपरि ऊचा नाउ॥
एवडु ऊचा होवै कोइ। तिसु ऊचे कउ जाणै सोइ॥
जेवडु आपि जाणै आपि आपि। नानक नदरी करमी दाति॥२४॥

बहुता करमु लिखिआ न जाइ॥
वडा दाता तिलु न तमाइ। केते मंगहि जोध अपार॥

इसका भी अंत नहीं कि उसके मन में इस सारी रचना के रचने का क्या रहस्य है।

न तो उसकी सृष्टि का अंत जाना जा सकता है, और न उसके इस पार का और न उस पार का अंत किसीको मिल सका है।

उसका अंत पाने के लिए कितने ही बिलखते हैं, पर पा नहीं सकते।

उसे कोई नहीं जानता : जितना कि उसके विषय में कहा जाता है उससे भी कहीं अधिक कहने को रह जाता है।

वह स्वामी महान् है, उसका पद ऊँचा है, और उस प्रभु का नाम ऊँचे से भी ऊँचा है

[विशेष— 'नाउ' का अर्थ 'प्रकाश' भी किया गया है।]

हाँ, यदि कोई उसके जितना ऊँचा है तभी वह उस ऊँचे और महान् स्वामी को समझ सकता है।

वह आपही अपने आपको जानता है कि वह कितना बड़ा है, उसे और कोई नहीं जानता।

नानक, जो कुछ भी किसीको मिलता है, वह उसकी बख्शीश है और उसकी कृपा से वह मिलती है।

२५ उसकी मेहर और बख्शीश का हिसाब लिखा नहीं जा सकता।

वह बहुत बड़ा दाता है; उसे तिलभर भी लोभ नहीं।

कितने ही, बल्कि अपार योद्धा उस दाता से माँगते रहते हैं।

केतिआ गणत नही वीचारु । केते खपि तुटहि वेकार ॥
केते लै लै मुकरु पाहि । केते मूरख खाही खाहि ॥
केतिआ दूख भूख सद मार । एहि भि दाति तेरी दातार ॥
वंदिखलासी भाणै होइ । होरु आखि न सकै कोइ ॥
जे को खाइकु आखणि पाइ । ओहु जाणै जेतीआ मुहि खाइ ॥
आपे जाणै आपे देइ । आखहि सिभि केई केइ ॥
जिसनो बखसे सिफति सालाह । नानक पातिसाही पातिसाह ॥२५॥

अमुल गुण अमुल वापार । अमुल वापारीए अमुल भंडार ॥
अमुल आवहि अमुल लै जाहि । अमुल भाइ अमुला समाहि ॥

और भी कितने ही, जिनकी गिनती का अनुमान भी नहीं लगा सकते।

कितने ही विकारों से भरे मनुष्य विषयों को भोग-भोगकर शरीर को क्षीण कर देते हैं।

कितने ही (कृतघ्न) ले-लेकर भी इन्कार करते हैं (कि हमें परमेश्वर ने कुछ दिया ही नहीं।)

कितने ही मूढ मनुष्य ऐसे हैं, जो केवल पेट भरते रहते हैं!

और कितने ही दुःख और भूख की मार से त्रस्त रहते हैं—

दाता! यह भी तेरी बख्शीश है।

बंधनों से छुटकारा तेरी मरजी से ही मिलता है; उसमें कोई दखल नहीं दे सकता।

कोई मूर्ख यदि उसमें दखल देने का यत्न करे तो वही जानेगा, कि उसे क्या सजा भोगनी पड़ेगी।

वह खुद ही हमारी आवश्यकताओं को जानता है कि किसे क्या-क्या देना है और वही-वही वह देता है।

पर विरले ही (जो कृतज्ञ होते हैं) ऐसा मानते हैं।

नानक! वह बादशाहों का भी बादशाह है, जिसे कि उसने उसके गुण गाने और कृतज्ञता प्रकट करने की बख्शीश दी है।

२६ अनमोल हैं तेरे गुण और अनमोल है तेरा लेन-देन;

अमुलु धरमु अमुलु दीबाणु। अमुलु तुलु अमुलु परवाणु ॥
अमुलु बखसीस अमुलु नीसाणु। अमुलु करमु अमुलु फुरमाणु ॥
अमुलो अमुलु आखिआ न जाइ। आखि आखि रहे लिव लाइ ॥
आखहि वेद पाठ पुराण। आखहि पड़े करहि वखिआण ॥
आखहि बरमे आखहि इन्द। आखहि गोपी तै गोविन्द ॥
आखहि ईसर आखहि सिद्ध। आखहि केते कीते बुद्ध ॥
आखहि दानव आखहि देव। आखहि सुरि नर मुनि जन सेव ॥
केते आखहि आखणि पाहि। केते कहि कहि उठि उठि जाहि ॥
एते कीते होरि करेहि। ता आखि न सकहि केई केइ ॥

अनमोल हैं तेरे व्यवहार और अनमोल तेरे गुणों के भंडार।
अनमोल हैं वे, जो उन्हें बिसाहने आते और बिसाहकर ले जाते हैं।
अनमोल है तेरा प्रेम, और अनमोल हैं वे, जो उसमें डूब गये हैं।
अनमोल है तेरा न्याय, और अनमोल ही तेरा न्यायालय।
अनमोल है तेरी तोल, और अनमोल तेरा पैमाना।
अनमोल है तेरी बख्शीश, और अनमोल तेरी परवानगी का निशाना।
अनमोल है तेरी कृपा, और अनमोल है तेरी आज्ञाएँ।
अनमोल-ही-अनमोल है तू, कुछ बखान नहीं करते बनता।
बखान कर-करके भी अंत में चुप हो जाना पड़ा।
वेदों और पुराणों का पाठ करनेवाले तेरा बखान करते हैं,
और बड़े-बड़े पंडित उनकी व्याख्या करके समझाते हैं।
ब्रह्मा तेरा बखान करता है, और इन्द्र भी,
गोपियाँ और कृष्ण, और शिव तेरा वर्णन करते हैं,
इसी प्रकार गोरखनाथ और सिद्ध भी—
और जिन अनेक बुद्धों को तूने रचा वे भी तुझे बखानते हैं।
दैत्य और देवता भी तथा सुर, नर, मुनि और भक्तजन तेरे विषय में कहते हैं।
अनेक कह रहे हैं, और अनेक कहने का यत्न करते हैं—

जेवडु भावे तेवडु होइ। नानक जाणै साचा सोइ॥
जे को आखै बोलु विगाडु। ता लिखीऐ सिरि गावारा गावारु॥२६॥

सो दरु केहा सो घरु केहा। जितु बहि सरब समाले॥
वाजे नाद अनेक असंखा केते वावणहारे॥
केते राग परी सिउ कहिअनि केते गावणहारे॥
गावहि तुहनो पउणु पाणी वैसंतरु गावै राजा धरमु दुआरे॥
गावहि चित्तुगुपतु लिखि जाणहि लिखि लिखि धरमु वीचारे॥
गावहि ईसरु बरमा देवी सोहनि सदा सवारे॥
गावहि इन्द इन्दासणि वैठे देवतिआ दरि नाले॥

और कितने ही कहते-कहते उठजाते हैं।

जितने तूने रचे है, इतने ही यदि तू और रचडाले, तव भी कोई तेरा यथार्थ वर्णन नहीं कर सकेगा।

जितना बड़ा तू चाहे, उतना ही बड़ा हो सकता है।

नानक! वह स्वयं सत्यरूप ही जानता है कि वह कितना बडा है।

किंतु यदि कोई बकवादी कहने लगे कि तू इतना बड़ा है, तो उसे गॅवार से भी गॅवार लेखना चाहिए।

२७ तेरा वह कैसा द्वार होगा, और कैसा वह घर होगा; जहॉ तू बैठा-बैठा सारी सृष्टि की सार-सॅभाल रखता है?

वहॉ अगणित और अनेक प्रकार के बाजे बज रहे हैं। और उन्हें बजानेवाले भी कितने होंगे वहॉ!

कितने ही राग-रागिनियों के गान कितने ही गायक वहॉ गाये जा रहे हैं!

तेरा गुण-गान पवन, जल और अग्नि करते हैं;

धर्मराज तेरे द्वार पर बैठा वहॉ गा रहा है।

और चित्रगुप्त—मनुष्यों के कर्मों का लेखा रखनेवाला—तेरा गान गाता है।

शिव, ब्रह्मा और शक्ति, जिन्हें तूने सॅवारा है, तेरा यश गाते हैं।

गावहि सिद्ध समाधी अन्दरि गावनि साध विचारे ॥
गावहि जती सती संतोखी गावहि वीर करारे ॥
गावनि पंडित पड़नि रखीसर जुगु जुगु वेदा नाले ॥
गावहि मोहणीआ मनु मोहनि सुरगा मच्छ पइआले ॥
गावहि रतन उपाए तेरे अठसठि तीरथ नाले ॥
गावहि जोध महाबल सूरा गावहि खाणी चारे ॥
गावहि खंड मंडल वरभंडा करि करि रखे धारे ॥
सेई तुधुनो गावहि जो तुधु भावनि रते तेरे भगत रसाले ॥
होरि केते गावहि से मै चिति न आवनि नानकु किआ वीचारे ॥
सोई सोई सदा सचु साहिबु साचा साची नाई ॥
है भी होसी जाइ न जासी रचना जिनि रचाई ॥

सिंहासन पर बैठा हुआ इन्द्र भी, देवगणों के साथ, तेरे गुण गा रहा है।

सिद्धजन समाधि लगाये हुए, और साधुजन ध्यान में मग्न तेरा ही गुणानुवाद करते हैं।

यति, सत्य-साधक, और संतोषी तथा भारी-भारी शूरवीर तेरी कीर्ति का गान करते हैं।

वेदपाठी बड़े-बड़े पंडित और ऋषि युग-युग से तेरा गुण-गान करते आ रहे हैं।

मोहिनी सुन्दर स्त्रियाँ स्वर्गों की, मर्त्यलोक की और पातालों की, तेरे गुण गाती हैं।

तूने जो रत्न उत्पन्न किये हैं वे, और अड़सठ तीर्थ तेरा गायन करते हैं।

बड़े-बड़े बलवान योद्धा तेरी महिमा गा रहे हैं,

और चारों ही प्रकार के जीव—अंडज, पिंडज, स्वेदज और उद्भिज।

समस्त ब्रह्माण्ड, उसके खंड और लोक सभी गा रहे हैं, जिन्हें कि रच-कर तूने सहारा दे रखा है।

रंगी रंगी भाती करि करि जिनसी माइआ जिनि उपाई ॥
करि करि वेखै कीता आपणा जिव तिस दी वडिआई ॥
जो तिसु भावै सोई करसी हुकमु न करणा जाई ॥
सो पातिसाहु साहा पातिसाहिबु नानक रहणु रजाई ॥२७॥

मुंदा सतोखु सरमु पतु झोली धिआन की करहि बिभूति ॥
खिंथा कालु कुआरी काइआ जुगति डंडा परतीति ॥
आई पंथी सगल जमाती मनि जीतै जगु जीतु ॥
आदेसु तिसै आदेसु ।
आदि अनीलु अनादि अनाहति जुगु जुगु एको वेसु ॥२८॥

वे ही तेरा गुण-गान करते हैं, जो कि तुझे भाते हैं, और जो तेरे अनुराग-रस में डूबे हुए हैं।

और भी कितने ही तेरा गुण-गान करते हैं, जो मुझे याद नहीं आ रहे हैं—

नानक उन्हें कैसे गिनाये ?

सच्चा, सच्चे नामवाला वह स्वामी सदा वैसे-का-वैसा एकरस रहता है।

जिसने सारी सृष्टि को रचा है, वही अब है, और आगे भी वही रहेगा।

रंग-रंग की, तरह-तरह की यह रचना जिसने रची है, वह उसे रच-रच-कर जैसा कि वह बड़ा है उसीके अनुसार उसकी सार-सँभाल कर रहा है।

वह वही करता है जो उसे भाता है ; उसे यह नहीं कह सकते कि, 'ऐसा कर, और ऐसा न कर।'

वह स्वामी बादशाहों का भी बादशाह है।

सब-कुछ उसीकी इच्छा पर निर्भर है।

२८ मुद्राएँ तू संतोष और शील की बना, और (स्वमानयुक्त) उद्यम की झोली ;

और (परमात्मा के) ध्यान की लगाले भस्म।

काल का (संतत) स्मरण ही तेरी कंथा हो ;

भुगति गिआनु दइआ भंडारणि घटि घटि वाजहि नाद ॥
आपि नाथु नाथी सभ जा की रिद्धि सिद्धि अवरा साद ॥
संजोगु विजोगु दुइ कार चलावहि लेखे आवहि भाग ॥
आदेसु तिसै आदेसु ।
आदि अनीलु अनादि अनाहति जुगु जुगु एको वेसु ॥२६॥

और देह को—अपनी गुदड़ी को—कुमारी कन्या की तरह पवित्र रख, और श्रद्धा को अपना डंड बना ले।

सबको तू अपनी ही जमात का समझ - मानो, सारे मनुष्य तेरे 'आई-पथ' के ही हैं।

[विशेष—योगियों के बारह पंथों में से एक पंथ 'आई पंथ' है।]

और यह मान कि मन को जीत लिया तो जगत् को जीत लिया।

'आदेश' अर्थात् प्रणाम उसीको कर, जो 'आदि ईश' है,

[विशेष—नाथपंथी योगी आपस में एक दूसरे को 'आदेश' कहकर प्रणाम करते हैं।]

जो आदि है, जो शुभ्र है, जो अनादि है, जिसका अंत नहीं, और युग-युग में जो 'एकरूप' ही है।

२९ आध्यात्मिक ज्ञान का तू भोजन कर और दया को बनाले अपना भंडारी।

घट-घट में जो नाद बज रहा है वही तेरी सारंगी है।

जिसने सारी सृष्टि को (अपनी डोरी से) नाथ रखा है, वही है नाथ तेरा।

ऋद्धियों और सिद्धियों की (तुच्छ) करामात तेरे लिए नहीं, दूसरों के लिए है—

[ये प्रभु के रास्ते से दूर भटकाकर ले जाती हैं।]

संयोग और वियोग ये दोनों नियम जगत् का नियन्त्रण कर रहे हैं—

हमारे भाग्य से हमें अपना भाग मिलता है। 'आदेश' अर्थात प्रणाम उसीको कर, जो आदि है, जो शुभ्र है, जो अनादि है, जिसका अंत नहीं, और युग-युग से जो 'एकरूप' ही है।

एका माई जुगति विआई तिनि चेले परवाणु ॥
इकु संसारी इकु भंडारी इकु लाइ दीवाणु ॥
जिव तिसु भावै तिवै चलावै जिव होवै फुरमाणु ॥
ओहु वेखै ओना नदरि न आवै वहुता एहु विडाणु ॥
आदेसु तिसै आदेसु ।
आदि अनीलु अनादि अनाहति जुगु जुगु एको वेसु ॥३०॥

आसणु लोइ लोइ भंडार । जो किछु पाइआ सु एका वार ॥
करि करि वेखै सिरजणहारु । नानक सचे की साची कार ॥
आदेसु तिसै आदेसु ।
आदि अ ा लु अनादि अनाहति जुगु जुगु एको वेसु ॥३१॥

---

३० एक माया को किसी युक्ति से प्रसव हुआ, और तीन चेले या पुत्र उससे जनमे—

एक तो संसार को रचनेवाला, दूसरा पालण-पोषन की सामग्री रखनेवाला भंडारी और तीसरा मृत्यु-दंड देनेवाला न्यायाधीश—अर्थात्, ब्रह्मा, विष्णु और शिव ।

परमात्मा जैसा चाहता है, वैसी आज्ञा उन्हें देता है, और वे ही सारी सृष्टि को चलाता है ।

वह तो उन्हें देखता है, पर वह उनको नहीं दीखता ।

यह बहुत अद्भुत है ।

'आदेश' अर्थात् प्रणाम उसीको कर,

जो आदि है, जो शुभ्र है, जो अनादि है, जिसका अंत नहीं, और युग-युग से जो 'एकरूप' ही है ।

३१ लोक-लोक में उसका आसन है; और लोक-लोक में उसका भंडार ।

उनमें जो कुछ रखना था वह एक बार ही रख दिया है ।

वह सिरजनहार सृष्टि को रच-रचकर उसे देखता और सँभालता है ।

नानक ! उस सच्चे (परमात्मा) का काम भी सच्चा है ।

इकदू जीभौ लख होहि लख होवहि लख वीस ॥
लखु लखु गेड़ा आखीअहि एकु नामु जगदीस ॥
एतु राहि पति पवड़ीआ चड़िऐ होइ इकीस ॥
सुणि गल्ला आकास की कीटा आई रीस ॥
नानक नदरी पाईऐ कूड़ी कूड़ै ठीस ॥३२॥

आखणि जोरु चुपै नह जोरु। जोरु न मंगणि देणि न जोरु ॥
जोरु न जीवणि मरणि नह जोरु। जोरु न राजि मालि मनि सोरु ॥
जोरु न सुरती गिआनि विचारि। जोरु न जुगति छुटै संसारु ॥
जिसु हथि जोरु करि वेखै सोइ। नानक उत्तमु नीचु न कोइ ॥३३॥

---

३२ एक जीभ की जगह यदि मेरी लाख जीभें हो जायें, और लाख से बीस लाख, तोभी एक-एक जीभ से मैं लाख-लाख बार एक जगदीश्वर का ही नाम जपूँगा।

इस प्रकार मैं उस स्वामी के मार्ग की सीढ़ियों से चढ़कर उसमें लीन हो जाऊँगा।

वहाँ की, उस गगन-मंडल की बातें सुन-सुनकर अधम-से-अधम जीव को भी उस स्वामी से मिलने की ईर्ष्या होने लगती है।

नानक ! पर उससे मिलना तो उसकी कृपा-दृष्टि से ही होना है।
बाकी सब झूठी बकवास है झूठों की।

३३ न तो मेरी शक्ति कहने की है, और न चुप रहने की ही।
न माँगने की शक्ति है, और न देने की ही।
न जीने की शक्ति है, और न मरने की ही।
राज्य और सपत्ति को प्राप्त करने की भी मुझमें शक्ति नहीं है.
जिनके लिए चित्त इतना चंचल रहता है।
न मेरे पास वह शक्ति है जिससे कि ध्यान और ज्ञान का चिंतन कर सकूँ।
और न उस युक्ति को खोज निकालने की ही शक्ति है जिससे कि संसार के बन्धन से छूट जाऊँ।

राती रुती थिती वार। पवन पाणी अगनी पाताल ॥
तिसु विचि धरती थापि रखी धरमसाल ॥
तिसु विचि जीअ जुगति के रंग। तिनके नाम अनेक अनंत ॥
करमी करमी होइ वीचारु। सचा आपि सचा दरबारु ॥
तिथै सोहनि पंच परवाणु। नदरी करमी पवै नीसाणु ॥
कच पकाई ओथै पाइ। नानक गइआ जापै जाइ ॥३४॥

धरमखंड का एहो धरमु ॥
गिआनखंड का आखहु करमु ॥

जिस (प्रभु) के हाथ में शक्ति है, वही सब रचना रचता है, और वही उसे सँभालता है।

नानक! (ईश्वर के आगे) अपनी शक्ति मे न तो कोई ऊँच हो सकता है, और न कोई नीच।

३४ रात्रियों, ऋतुओं, तिथियों और वारों तथा वायु, जल, अग्नि और पाताल के बीच में पृथिवी को मानो धम का मन्दिर बनाकर उसने रखा है।

उस पृथिवी में उसने नाना स्वभावों और नाना प्रकारों के जीव रख दिये हैं : उनके अनेक और अनंत नाम हैं।

उन सबको अपने-अपने कर्मों के अनुसार न्याय मिलता है।

वह सच्चा है, और न्यायालय उसका सच्चा है।

वहाँ, उसके दरबार में, उसके चुने हुए ही शोभा और प्रतिष्टा पाते हैं।

उन्हें ही उसकी दया-दृष्टि और कृपा से वहाँ परवानगी मिलती है।

कच्चे और पक्के की परख भी वहींपर होती है,

नानक! वहाँ पहुँचकर ही इसका पता लगता है।

'आदेश' अर्थात् प्रणाम उसीको कर,

जो आदि है, जो शुभ्र है, जो अनादि है. जिसका अंत नहीं, और युग-युग से जो 'एकरूप' ही है।

३५ धर्मखंड का—कर्त्तव्य कर्म के पद का यह वर्णन है :

अब ज्ञानखंड अर्थात् तत्त्व-विचार के पद की दशा का वर्णन करता हूँ।

केते पवण पाणी वैसंतर केते कान्ह महेस ॥
केते वरमे घाड़ति घड़ीअहि रूप रंग के वेस ॥
केतीआ करमभूमी मेर केते केते धू उपदेस ॥
केते इन्द चंद सूर केते केते मंडल देस ॥
केते सिध वुध नाथ केते केते देवी वेस ॥
केते देव दानव मुनि केते केते रतन समुद ॥
केतीआ खाणी केतीआ वाणी केते पात नरिंद ॥
केतीआ सुरती सेवक केते नानक अंतु न अंतु ॥३५॥

गिआनखंडमहि गिआनु परचंडु ॥ तिथै नाद-विनोद कोड अनंदु ॥
सरमखंडकी वाणी रूपु ॥ तिथै घाड़ति घड़ीऐ वहुतु अनूपु ॥

कितने पवन, कितने जल और कितने अग्नितत्त्व दीख रहे हैं।
कितने कृष्ण और कितने शिव और कितने ब्रह्मा दीखते हैं अनेक रूपों और रंगों की रचना रचते हुए!
कितनी ही कर्मभूमियाँ और कितने ही सुमेरु पर्वत दीख रहे हैं वहाँ!
कितने ध्रुव और कितने ज्ञानोपदेश लेनेवाले दीखते हैं!
वहाँ कितने ही इन्द्र, कितने ही चंद्र, कितने ही सूर्य और कितने ही नक्षत्र-मंडल और लोक दीख रहे हैं!
कितने सिद्ध, बुद्ध और नाथ!
कितनी ही देवियाँ और अनेक नाना रूप दीखते हैं वहाँ!
कितने ही देवता, दानव और मुनि,
तथा कितने ही समुद्र और उनमें से निकले हुए रत्न वहाँ दीख रहे हैं!
जीवों की कितनी ही खानें और कितनी ही उनकी बोलियाँ वहाँ दीख रही हैं! और राजाओं की कितनी ही वंशावलियाँ!
नानक! वहाँ कितने ही ध्यानावस्थित और भक्तजन दीखेंगे, जिनका कोई अंत नहीं।

३६ उस ज्ञानखंड में आत्म-विचार की उस दशा में ज्ञान-ही-ज्ञान प्रज्वलित रहता है।

ताकीआ गला कथीआ न जाहि ॥ जेको कहै पिछै पछुताइ ॥
तिथै घड़ीए सुरति-मति मनि-बुधि ॥ तिथै घड़ीऐ सूरा-सिधाकी सुधि ॥३६॥

करमखंड की बाणी जोरु । तिथै होरु न कोई होरु ॥
तिथै जोध महाबल सूर । तिनि महि रामु रहिआ भरपूर ॥
तिथै सीतो सीता महिमा माहि । ताके रूप न कथने जाहि ॥
ना ओहि मरहि न ठागे जाहि । जिनकै रामु वसै मन माहि ॥
तिथै भगत वसहि के लोअ । करहि अनंदु सचा मनि सोइ ॥
सचखंडि वसै निरंकारु । करि करि वेखै नदरि निहाल ॥

वहाँ ऐसा नाद सुनाई देता है, जिससे आनन्द की करोड़ों वृत्तियाँ विकसित होती हैं।

आनद-खंड में पहुँचने से सुन्दर-सुन्दर वाणियाँ फूटती हैं ।

वहाँ की, उस खंड की रचना अनुपम है ।

वर्णनातीत है वह अवस्था । यदि कोई वर्णन करने का यत्न करेगा, तो उसे लज्जित होना पड़ेगा ।

वहाँ ज्ञान-विज्ञान और मन की विशुद्ध वृत्तियों का सृजन होता है, और सिद्धों और महात्माओं के ऊँचे मनोभावों का भी ।

३७ कर्मखंड अर्थात् आचरित (अमली) अवस्था में पहुँचे हुए (साधक) के कार्य-कलाप सबल होते हैं ।

उस अवस्था को और कोई नहीं पहुँचता ; केवल महान् बली शूर-वीर ही वहाँ पहुँच पाते हैं ।

उनमें राम (का बल) कूट-कूटकर भरा हुआ होता है ।

(राम की) उस महिमा में सीता-ही-सीता रहती हैं, जिनके रूप का वर्णन नहीं हो सकता ।

[अर्थात् , जहाँ सच्चे पुरुषार्थ की महिमा है, वहाँ सीता-जैसी पवित्रता निवास करती है ।]

तिथै खंड मंडल वरभंड। जे को कथै त अन्त न अन्त ॥
तिथै लोअ लोअ आकार। जिव जिव हुकमु तिवै तिव कार ॥
वेखै विगसै करि वीचारु। नानक कथना करड़ा सारु ॥३७॥

जतु पाहारा धीरजु सुनिआरु ॥ अहरणि मति वेदु हथीआरु ॥
भउ खला अगनि तपताउ ॥ भांडा भाउ अमृत तितु ढालि ॥
घड़ीऐ सबदु सचीटकसाल ॥ जिनकउ नदरि करमु तिनि कार ॥
नानक नदरी नदरि निहाल ॥३८॥

वे न मारे जा सकते हैं, न उन्हें कोई ठग सकता है,
जिनके कि हृदय में राम बस रहा है।
वहाँ (प्रभु के) भक्तों की मंडली निवास करती है :
वे आनंदित रहते हैं, क्योंकि उनके हृदय में सत्यरूप परमात्मा वास करता है।
सत्यखंड में स्वयं निराकार परमेश्वर का वास है,
जो सृष्टि को रच-रचकर दया-दृष्टि से उसे निहाल करता है।
वहाँ पहुँचकर (सत्य का साधक) देखता है अनेक खंड, अनेक लोक और अनेक ब्रह्माण्ड।
कौन उसका वर्णन कर सकता है ? कहीं उनका अंत ही नहीं।
वहाँ लोकों के ऊपर भी लोक हैं, और उनमें आकार-पर-आकार रचे हुए हैं।
परमात्मा जैसी-जैसी आज्ञा देता है, वैसे-वैसे ही काम वहाँ संपन्न होते हैं।
देख-देखकर और विचार-विचारकर वह प्रसन्न होता है।
नानक ! उसका वर्णन करना असंभव है। [लोहे के जैसा कठिन है।]

३८ संयम को तू भट्ठी बना, और धैर्य को अपना सुनार,
बुद्धि को बना अहरण(निहाई) और आत्म-ज्ञान को हथौड़ा।
(विशेष—'वेदु' का अर्थ 'गुरु-वाणी' भी किया गया है।)
परमात्मा के भय की धौंकनी फूंक, और तप की अग्नि जला।
प्रेम भाव का साँचा बनाकर उसमें नाम का अमृत ढाल ले।

सलोक

पवणु गुरू पाणी पिता माता धरति महतु ॥
दिवसु राति दुइ दाई दाइआ खेलै सगल जगतु ॥
चंगिआईआ बुरिआईआ वाचे धरमु हदूरि ॥
करमी आपो आपणी के नेड़ै के दूरि ॥
जिनी नामु धिआइआ गए मसक्कति घालि ॥
नानक ते मुख उजले केती छुटी नालि ॥१॥ *

उसी सच्ची टकसाल में 'शब्द' अर्थात् ऊँचा आचरण गढ़ा जा सकेगा। ऐसा काम वही कर सकते हैं, जिनपर कि प्रभुने कृपा-दृष्टि करदी है, नानक! मेरा प्रभु एक ही कृपा-दृष्टि से निहाल कर देता है।

१ पवन गुरु है, जल हमारा पिता है, और इतनी बड़ी पृथिवी है हमारी माताः

[विशेष—पवन को गुरु यहाँ इसलिए कहा है कि वह परमात्म-ज्ञान का मंत्र फूकता है; जल का गुण जीवन-दान देना है, इसीलिए उसका एक नाम 'जीवन' भी है. अतः वह पितृतुल्य है; पृथिवी पोषण करती है माता के समान; दिन कर्म में लगाता है; और रात विश्राम देती है।]

दिन और रात ये दोनों हमारी धायें हैं, जिनकी गोद में सारा जगत् खेलता है।

धर्म हमारा न्यायाधीश है, जो अच्छे और बुरे कर्मों को अपने आगे जाँचता है, हमारे कर्म हममें से किसीको तो परमात्मा के निकट ले जाते हैं, और किसीको उससे दूर फेंक देते हैं।

जिन्होंने नाम का अभ्यास किया है, वे अपना श्रम सफल कर गये।

नानक! उनके मुख प्रकाशमान हैं, उनके सत्संग से कितने ही लोग (भव-बंधन से) मुक्त हो गये।

* यह सलोक 'माझ की वार' में गुरु अंगदकृत लिखा हुआ है; थोड़ा-साही पाठान्तर है।

रागु धनासरी

गगनमै थालु रवि चंदु दीपक बने तारिका मंडल जनक मोती ॥
धूपु मलआनलो पवणु चवरो करे सगल बनराइ फूलंत जोती ॥
कैसी आरती होइ भवखंडना तेरी आरती ॥ अनहता सबद वाजंत भेरी ॥
सहस तव नैन नन नैन हहि तोहि कउ सहस मूरति नना एकु तोही ॥
सहस पद बिमल नन एक पद गंध बिनु सहस तव गंध इव चलत मोही ॥
सभ महि जोति जोति है सोइ ॥ तिसदै चानणि सभ महि चानणु होइ ॥
गुर साखी जोति परगटु होइ ॥ जो तिसु भावै सु आरती होइ ॥
हरि चरण कवल मकरंद लोभित मनो अनदिनो मोहि आही पिआसा ॥
कृपाजलु देहि नानक सारिंग कउ होइ जाते तेरै नाइ वासा ॥१॥

---

१ आकाश-मंडल थाल है, और सूर्य और चंद्र उसमें दोनों दीपक ; और उसमें जड़े हुए हैं तारों के मोती।

मलयानिल तेरी धूप है, और पवन तुझे चँवर डुलाता है, और हे ज्योतिस्वरूप, सारे ही कानन तेरे फूल हैं।

हे भव-खंडन (जन्म-मरण से छुड़ानेवाले) यह तेरी कैसी आरती है ! अनहद नाद की तुरही बज रही है जहाँ।

तेरी सहस्रों आँखे हैं, और तोभी तू बिना आँख का है ;
तेरे सहस्रों रूप हैं, और तोभी तू बिना रूप का है ;
तेरे सहस्रों निर्मल चरण हैं, और तोभी तू बिना चरण का है ;
तेरी सहस्रों नासिकाएँ हैं, और तोभी तू बिना घ्राण का है।
मैं तो मुग्ध हूँ तेरी इस लीला पर।
सब तेरी ही ज्योति से ज्योति पा रहे हैं; तेरे ही प्रकाश से सब प्रकाशित हो रहे हैं।
गुरु के उपदेश से वह ज्योति प्रकट होती है।
जो तुझे प्रिय लगे वही तेरी आरती है।
तेरे चरणारविन्दों के मकरंद ने मेरा मन (मधुकर) लुब्ध हो गया है— नित ही मुझे उस मकरंद की प्यास लगी रहती है।

सुणि वडा

सुणि वडा आखै सभु कोइ ॥ केवडु वडा डीठा होइ ॥
कीमति पाइ न कहिआ जाइ ॥ कहणै वाले तेरे रहे समाइ ॥
वडे मेरे साहिबा गहिर गंभीरा गुणी गहीरा ॥
कोइ न जाणै तेरा केता केवडु चीरा ॥
सभि सुरती मिलि सुरति कमाई ॥ सभि कीमति मिलि कीमति पाई ॥
गिआनी धिआनी गुर गुरहाई ॥ कहणु न जाई तेरी तिलु वडिआई ॥
सभि सत सभि तप सभि चंगिआईआ ॥ सिद्धा पुरखा कीआ वडिआईआ ।

इस नानक-चातक को अपना कृपा-जल देदे, जिससे कि वह तेरे नाम में रम जाये।

२ सुन-सुनकर सब कोई कहते हैं कि, 'तू बड़ा है';
पर क्या किसीने देखा भी है कि तू कितना बड़ा है?
तेरा मोल न तो आंका जा सकता है, और न कहा जा सकता है;
जिन्होंने कहने का यत्न किया भी, वे तुझमें लीन हो गये।
हे मेरे महान् स्वामी! हे अथाह गंभीर! हे सर्वगुणवंत!
कोई नहीं जानता कि तेरी रूप-रेखा का कितना बड़ा विस्तार है।
सारे ध्यानी मिलकर तेरा ध्यान करें, और सारे मोल आंकनेवाले मिलकर तेरा मोल आंकें—
और तत्त्वज्ञानी और सब स्थितप्रज्ञ, और गुरु और बड़े-बड़े गुरु भी मिलकर वर्णन करने लगें,
तोभी तेरी बड़ाई का एक अणु भी वे वर्णन नहीं कर सकेंगे।
सारा सत्य, सारा तप, सारी भलाई और सिद्धपुरुषों की सारी श्रेष्ठता बिना तेरे कोई भी प्राप्त नहीं कर सकता।
यदि तेरी कृपा प्राप्त हो जाये, तो प्राप्त होने को फिर रहा क्या?
बेचारे वर्णन करनेवाले की क्या गणना?
तेरे भंडार तेरी महिमाओं से भरे पड़े हैं।

तुधु विणु सिद्धी किनै न पाईआ ॥ करमि मिलै नाही ठाकि रहाईआ ॥
आखणवाला किआ वेचारा ॥ सिफती भरे तेरे भंडारा ॥
जिसु तू देहि तिसै किआ चारा ॥ नानक सचु सवारणहारा ॥२॥ *

आसा

आखा जीवा विसरै मरि जाउ ॥ आखणि अउखा साचा नाउ ॥
साचे नाम की लागै भूख ॥ उतु भूखै खाइ चलीअहि दूख ॥
सो किउ विसरै मेरी माइ ॥ साचा साहिबु साचै नाइ ॥
साचे नाम की तिलु वडिआई ॥ आखि थके कीमति नही पाई ॥
जे सभि मिलिकै आखण पाहि ॥ वडा न होवै घाटि न जाइ ॥
ना ओहु मरै न होवै सोगु ॥ देंदा रहै न चूकै भोगु ॥

जिसे तू देता है उसके आड़े कौन आ सकता है ?
नानक ! वह सच्चा स्वामी ही सबको सँभालनेवाला है ।

* यह 'रहिरास' में से लिया गया है।

२ यदि मैं नाम का जप करूँ, तो जीऊँ यदि भूलजाऊँ, तो मरजाऊँ,
उस सच्चे के नाम का जप बड़ा कठिन है ।

यदि सच्चे नाम की भूख लग उठे, तो खाकर तृप्त हो जाने पर भूख की व्याकुलता चली जाती है ।

तब हे मेरी माता ! उसे मैं कैसे भुलाऊँ ?

स्वामी वह सच्चा है, उसका नाम सच्चा है।

उस सच्चे नाम की तिलमात्र भी महिमा बखान बखानकर मनुष्य थक गये, फिर भी उसका मोल नहीं आँक सके।

यदि सारे ही मनुष्य एकसाथ मिलकर उसके वर्णन करने का यत्न करें, तोभी उसकी बड़ाई न तो उससे बढ़ेगी, और न घटेगी ।

वह न मरता है, और न उसके लिए शोक होता है।

वह देता ही रहता है जिससे सबको आहार कभी चुकता नहीं देने से।

उसकी बड़ी महिमा है कि उसके समान न कोई है, न था, और न होगा।

गुणु एहो होरु नाही कोइ ॥ ना को होश्रा ना को होइ ॥
जेवडु आपि तेवडु तेरी दाति ॥ जिनि दिनु करिकै कीती राति ॥
खसमु विसारहि ते कमजाति ॥ नानक नावै बाझु सनाति ॥३॥ *

सोहिला—रागु गउडी दीपकी

जै घरि कीरति आखीऐ करते का होइ बीचारो ।
तितु घरि गावहु सोहिला सिवरिहु सिरजणहारो ॥
तुम गावहु मेरे निरभउ का सोहिला ॥
हउ वारी जितु सोहिलै सदा सुखु होइ ॥
नित नित जीअड़े समालीअनि देखैगा देवणहारु ॥
तेरे दानै कीमति ना पावै तिसु दाते कवणु सुमार ॥
संवति साहा लिखिआ मिलि करि पावहु तेलु ॥
देहु सजण असीसड़ीआ जिउ होवै साहिब सिउ मेलु ॥

तू जितना बडा है, उतना ही बड़ा तेरा दान है।
तूने दिन बनाया है, और रात भी।
वे मनुष्य अधम हैं, जो तुझ स्वामी को भुला बैठे हैं।
नानक, बिना तेरे नाम के वे बिल्कुल नगण्य हैं।

* यह 'रहिरास' में से लिया गया है।

४ जिस घर मे परमात्मा का गुण-गान होता है और उसका ध्यान किया जाता है, उस घर मे सोहिला गाओ, और सिरजनहार का स्मरण करो।

तुम मेरे निर्भय प्रभु का सोहिला गाओ।

मै उस आनन्द-गान पर बलि जाता हूँ, जिससे कि 'नित्य सुख' प्राप्त होता है।

नित्य-नित्य सब जीवों की सार-सँभाल रखी जाती है; वह दाता उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखता है।

घरि घरि एहो पाहुचा सदड़े नित पावन्नि॥
सदणहारा सिमरीऐ नानक से दिह आवन्नि॥४॥

रागु मारू

हरि बिनु किउ रहिए दुखु व्यापै।
जिह्वा सादु न, फीकी रस बिनु, बिनु प्रभ कालु सतापै॥
जबलगु दरसु न परसै प्रीतम तबलगु भूखि पिआसी।
दरसनु देखत ही मनु मानिआ, जल रसि कमल बिगासी॥
ऊनवि घनहरु गरजै बरसै, कोकिल मोर बैरागै।
तरवर बिरख बिहग भुअंगम घरि पिरु धन सोहागै॥
कुचिल कुरूप कुनारि कुलखनी पिर कउ सहजु न जानिआ।
हरिरस रंगि रसन नहीं तृपती, दुरमति दूख समानिआ॥

जब कि तेरे दान का हिसाब नहीं रखा जा सकता, तब फिर तुझ दानी का हिसाब कौन रख सकता है?

विवाह का सवत्, और लग्न का समय आँक लिया जाता है, तब सब सखियाँ मुझ दुलहिन पर तेल चढ़ाते हैं।

मेरे साजनो, मुझे आसीस दो कि मेरे स्वामी से मेरा मिलन हो।

यह संदेसा सदा घर-घर पहुँचाया जाता है, ऐसे न्योते हमेशा भेजे जाते हैं।

जिसे बुला भेजा है उसे याद करलो; नानक, वह दिन आ रहा है।

५ किउ=क्योंकर, कैसे। सादु=स्वादु। रस=हरिभक्ति से आशय है। मानिआ=तृप्त होगया। रसि=आनन्द-रस लेकर। बिगासी=खिल गया। ऊनवि=घुमड़ आया। घनहरु=बादल। ऊनवि .... बैरागै=बिना प्रियतम के पावस के घुमड़े बादलों का गरजना, बरसना और कोइल व मोर का बोलना ये सब वैराग्य या अनमनापन पैदा करते हैं; पिरु=प्रियतम। घरि.... सोहागै=जिस स्त्री के घर पर उसका प्रियतम है, वही असल में

आइ न जावै ना दुखु पावै, ना दुख दरदु सरीरे।
नानक प्रभ ते सहज सुहेली प्रभ देखत ही मनु धीरे ॥५॥

राग मलार

करउ विनउ गुर अपने प्रीतम हरि वरु आणि मिलावै।
सुनि घनघोर सीतलु मनु मोरा, लाल-रती-गुण गावै ॥
बरसु घना मेरा मनु भीना।
अमृत बूँद सुहानी हियरै गुरि मोहि मनु हरि रसि लीना।
सहजि सुखी वर कामणि पिआरी जिसु गुरबचनी मनु मानिआ॥
हरि वरि नारि भई सोहागणि, मनि तनि प्रेम सुखानिआ ॥
अवगण तिआगि भई वैरागनि असथिरु वरु सोहागु हरी।
सोगु विजोगु तिसु कदे न विआपै, हरि प्रभ अपणी किरपा करी॥
आवण जाण नहीं मनु निहचलु पूरे गुर की ओट गही।
नानक रामनामु जपि गुरमुखि धनु सोहागणि साचु सही ॥६॥

राग सूही

अंतरि वसै न बाहरि जाइ। अंमृतु छोडि़ काहे बिखु खाइ ॥
ऐसा गिआनु जपहु मन मेरे। होवहु चाकर साचे केरे ॥

सुहागिन है। कुचिल = बुरे मैले कपड़े पहननेवाली। सुहेली=सुन्दर। सुहागिन। मनु धीरे = मन तृप्त या शान्त हो गया है।

६ करउ विनउ=विनती करती हूँ। वरु = वर, प्रियतम। लालरती-गुण=प्रियतम की प्रीति का बखान। भीना = विभोर या सराबोर हो गया। वरि = वरण करके। मनि......सुखानिआ = मन और तन में प्रेम-रस का आनन्द भर गया। असथिरु = स्थिर, अविनाशी। सोगु विजोगु = शोक और वियोग। तिसु = उसे। कदे = कभी। आवण-जाण = जन्म मरण से आशय है। ओट = शरण।

गिआनु धिआनु सभु कोई रवै। बांधनि बांधिआ सभु जगु भवै ॥
सेवा करे सु चाकरु होइ। जलि थलि महीअलि रवि रहिआ सोइ ॥
हम नही चंगे बुरा नही कोइ। प्रणवति नानकु तारे सोइ ॥७॥

रागु भैरउ

हिरदै नामु सरब धनु धारणु गुर परसादी पाईऐ।
अमर पदारथ ते किरतारथ सहज धिआनि लिव लाईऐ ॥
मनरे, राम भगति चितु लाईऐ।
गुरमुखि राम नामु जपि हिरदै सहज सेती घरि जाईऐ ॥
भरमु भेदु भउ कबहु न छूटसि आवत जात न जानी।
बिनु हरिनाम कोइ मुकति न पावसि डूबि मुए बिनु पानी ॥
धंधा करत सगलि पति खोवसि भरमु न मिटसि गवारा।
बिनु गुरसबद मुकति नही कबही अंधुले धंधु पसारा ॥
अकल निरंजन सिउ मनु मानिआ मनही ते मनु मूआ।
अंतरि बाहरि एको जानिआ नानक अवरु न दूआ ॥८॥

रागु भैरउ

जगन होम पुंन तप पूजा देह दुखी नित दूख सहै।
रामनाम बिनु मुकति न पावसि मुकति नामि गुरमुखि लहै ॥

---

७ साचे तेरे=सत्यस्वरूप परमात्मा के। रवै=रमते हैं। बाँधनि...... भवै=सारा जगत् माया के बंधनों से बँधा चक्कर खा रहा है। महीअलि=महीतल। रवि रहिआ=रम रहा है। चंगे=भले।

८ गुरपरसादी=गुरुकृपा से। अमरपदारथ=नामरूपी अविनाशी वस्तु पाकर। किरतारथ=कृतार्थ, सफल जीवन। सहज.. .लाईऐ=सहज साधना से स्वभाव प्राप्त कर लेना चाहिए। भरमु भेदु भउ=द्वैतभाव का भय। धंधा=प्रपंच। सगलि पति=सारी प्रतिष्ठा। गवारा=गँवार, मूर्ख।

रामनाम विनु विरथे जगि जनमा।
विखु खावै विखु बोलै विनु नावै निहफलु मरि भ्रमना॥
पुसतक पाठ विआकरण वखाणै संधिआ करम तिकाल करै।
विनु गुरसवद मुकति कहा प्राणी रामनाम विनु उरझि मरै॥
डंड कमंडल सिखा सूत धोती तीरथि गवनु अति भ्रमनु करै।
रामनाम विनु सांति न आवै जपि हरि हरि नामु सुपारि परै॥
जटा मुकटु तनि भसम लगाई वसत्र छोडि तनि नगन भइआ।
जेते जीअ जंत जलि थलि महीअलि जत्र कत्र तू सरव जीआ॥
गुरपरसादि राखिले जन कउ हरिरसु नानक झोलि पीआ॥६॥

रागु वसंत

चंचल चीतु न पावै पारा। आवत जात न लागै वारा॥
दूखु घणो मरीऐ करतारा। विनु प्रीतम को करै न सारा॥
सभ ऊतम किसु आखउ हीना। हरिभगती सचि नामि पतीना॥
अउखध करि थाकी वहुतेरे। किउ दुख चूकै विनु गुर मेरे॥

मुकति=मुक्ति, मोक्ष। अंधुले=अंधा। मनहीते मनुमूआ=प्रभु-भक्ति में लगे हुए मन ने विषय-रत मन को नष्ट कर दिया। दूआ=दूसरा, अन्य।

६ जगन=यज्ञ। जगन......सहै=यज्ञ, हवन, दान पुण्य, तप, देव-पूजन आदि अनेक साधनों को कर-कर मनुष्य क्लेश और दुःख देह को देते हैं। मुकति . . . लहै=गुरु-उपदेश द्वारा प्रभु का नाम लेने से ही मुक्ति मिलती है। विखु=विष; इन्द्रिय-विषयों से तात्पर्य है। निहफलु=निष्फल, व्यर्थ। संधिआ=संध्या-वंदन। तिकाल=तीनों समय प्रातः, मध्याह्न और सायंकाल। सूत=सूत्र, यज्ञोपवीत। वसत्र=वस्त्र। तनि=शरीर से। भइआ=हुआ। किरत कै=कृत्य अर्थात् नाना कर्म करके। महीअलि=महीतल। जत्र कत्र=जहाँ-तहाँ, सर्वत्र। सरव जीआ=सब जीवों में। झोलि=छानकर; मस्त होकर, अघाकर।

बिनु हरिभगती दूख घणेरे । दुख सुख दाते ठाकुर मेरे ॥
रोगु वडो किउ बांधउ धीरा । रोगु बुझै सो काटै पीरा ॥
मैं अवगुण मन माहि सरीरा । ढूढत खोजत गुर मेले बीरा ॥
गुर का सबदु दारू हरिनाउ । जिउ तू राखहि तिवै रहाउ ॥
जगु रोगी कह देखि दिखाउ । हरि निरमाइलु निरमलु नाउ ॥
घर महि घरु जो देखि दिखावै । गुर महली सो महलि बुलावै ॥
मन महि मनुआ चित महि चीता । ऐसे हरि के लोग अतीता ॥
हरख सोग ते रहहि निरासा । अमृत चाखि हरिनामि निवासा ॥
आपु पछाणि रहै लिव लागा । जनमु जीति गुरमति दुख भागा ॥
गुर दीआ सचु अमृत पीवउ । सहजि मरउ जीवत ही जीवउ ॥
अपणो करि राखहु गुर भावै । तुम्हरो होइ सु तुझहि समावै ॥
भोगी कउ दुखु रोग विआपै । घटि घटि रवि रहिआ प्रभु जापै ॥
सुख दुख ही ते गुरसबदि अतीता । नानक रामु रवै हित चीता ॥१०॥

---

१० चीतु=चित्त । बारा=देर । सारा=सँभाल, रक्षा । ऊतम=उत्तम, श्रेष्ठ । किस आखउ हीना=किसे नीच कहूँ । सचि नामि पतीना=सत्य-नाम पर प्रतीति हो गई है । अउखधु=औषधि, उपाय, साधन । चूकै=दूर हो । किउ=कैसे । मेले=मिल गये । दारू=दवा । तिवै=वैसे ही । निरमाइलु=निर्माण किया, रचा । घर ... दिखावै=घर में ही, अर्थात् इस पिंड के अंदर ही जो असली घर को अर्थात् ब्रह्मतत्त्व को स्वयं देखकर दूसरों को भी दिखा देता है । महलि=ब्रह्मधाम से तात्पर्य है । अतीता=विषयों से विरक्त । निरासा=अनासक्त । आपु पछाणि=अपने स्वरूप को पहचानकर । जनमु जीति=जीवन को सफल करके । सहजि... जीवउ=सहज ही मृत्यु-भय जीतकर जीवन को अमर करलूँ । तुझहि समावै=तुझमें ही लीन हो जाता है । रवि रहिआ=समा रहा, व्याप्त । भोगी=विषयासक्त । गुरसबदि अतीता=गुरु का उपदेश-रहस्य परे है ।

सलोक *

जूठि न रागीं जूठि न वेदीं । जूठि न चंद सूरज की भेदी ॥
जूठि न अंनी जूठि न नाई । जूठि न मीहु वसिऐ सभ थाई ॥
जूठि न धरती जूठि न पाणी । जूठि न पउणै माहि समाणी ॥
नानक निगुरिआ गुण नाही कोइ । मुहि फेरिऐ मुहु जूठा होइ ॥१॥

नानक चुलीआ सुचीआ जे भरि जाणै कोइ ॥
सुरते चुली गिआन की जोगी का जतु होइ ॥
ब्राह्मण चुली संतोख की गिरही का सतु दानु ।
राजे चुली निआव की पड़िआ सचु धिआनु ॥

---

१ अपवित्रता न तो रागों में है, और न वेदों में ;
न चंद्र और सूर्य की भिन्न-भिन्न गतियों में अपवित्रता है ;
[यह मानना कि चंद्र अमुक नक्षत्रगत तथा सूर्य अमुक राशिगत होनेपर शुचि तथा अशुचि या शुभ तथा अशुभ होते हैं ।]
अपवित्रता न अन्न में है, और न अरस-परस में है ;
न अपवित्रता मेह में है, जो सभी जगह बरसता है :
न धरती में अपवित्रता है, और न पानी में ;
अपवित्रता पवन में भी नहीं समाई हुई है ।
नानक, उस मनुष्य में, जो बिना गुरु का है, कोई भी गुण नहीं ।
अपवित्र तो उस मनुष्य का मुख है, जो परमात्मा से विमुख है ।

२ - यदि कोई भरना जानता है तो चुल्लूभर भी पानी पवित्र है—
(कौन-कौन-सी चुल्लू ! यह-यह—)
(अध्यात्म) ज्ञान पंडित के लिए, संयम योगी के लिए,
संतोष ब्राह्मण के लिए, और गृहस्थ के लिए अपनी कमाई में से दान,
राजा के लिए न्याय और विद्वान् के लिए सत्यरूप परमात्मा का ध्यान,
पानी प्यास को तो बुझा देता है, पर उससे (मलिन) चित्त को नहीं धोया जा सकता ।

* 'सारंग की वार' में से

पाणी चितु न धोपई मुखि पीतै तिख जाइ ।
पाणी पिता जगत का फिरि पाणी सभु खाइ ॥२॥

कलि होई कुते मुही खाजु होआ मुरदारु ।
कूड़ु बोलि-बोलि भउकणा चूका धरमु वीचारु ॥
जिन जीवंदिआ पति नही मुइआ मंदी सोइ ।
लिखिआ होवै नानका करता करे सु होइ ॥३॥

धृगु तिन्हा का जीविआ जि लिखि-लिखि वेचहि नाउ ॥
खेती जिनकी उजड़ै खलवाड़े किआ थाउ ॥
सचै सरमै बाहरे अगै लहहि न दादि ॥
अकलि एह न आखीऐ अकलि गवाईऐ बादि ॥

पानी को जगत् का पिता कहा गया है, और अंत में वही सबका विनाश कर देता है।

३ कलियुग में लोगों के मुँह हैं कुत्तों के जैसे, और मुर्दार खाते हैं।
वे झूठ बोल-बोलकर मानों भौंकते हैं, और सचाई का कुछ भी विचार नहीं रखते।
जीते जी उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं, और मरने पर भी उनकी बदनामी होती है।
जो भाग्य में लिखा है वही होता है, नानक ! वह होकर रहता है, जो कर्त्तार करना चाहता है।

४ धिक्कार है उनके जीने को, जो प्रभु का नाम लिख-लिखकर बेचते हैं।
जिनकी खेती उजड़ चुकी उनका क्या काम खलिहान में !
जिनके अंतर में सत्य और शील नहीं रहा, उनकी आगे सुनवाई नहीं होगी।
उसे अक्ल न कहो, जो कि वाद-विवाद में खर्च होती हो।

अकली साहिबु सेवीऐ अकली पाईऐ मानु ।
अकली पढ़ि कै बूझिऐ अकली कीजै दानु ॥
नानकु आखै राहु एहु होरि गलां सैतानु ॥४॥

गिआन-विहूणा गावै गीत । भुखे मुलां घरे मसीत ॥
मखट्टू होइ कै कंन पड़ाए । फकरु करे होरु जाति गवाए ॥
गुरु पीरु सदाए मंगण जाइ । ताकै मूलि न लगीऐ पाइ ॥
घालि खाइ किछु हथहु देइ । नानक राहु पछाणहि सेइ ॥५॥

सलोक*

वैदु बुलाइआ वैदगी पकड़ि ढंढोले बाहिं ।
भोला वैदु न जाणई करक कलेजे माहिं ॥६॥

अक्ल से तो प्रभु की सेवा की जाती है ; अक्ल से सम्मान मिलता है।
अक्ल से ही पढ़कर समझा जाता है, और उसीके द्वारा सही रीति से दान दिया जाता है।
नानक कहता है—यही अक्ल के रास्ते हैं, और सब रास्ते शैतान के हैं।

५　गीत गाने लगते हैं लोग बिना ऊँचे ज्ञान के।
और भूखा मुल्ला मसजिद को ही अपना घर बना लेता है, दिन-रात मसजिद में ही पड़ा रहता है।
निखट्टू अपने कान फड़वा लेते हैं—कनफटे जोगी बन जाते हैं :
और कुछ भिखारी बन जाते हैं , और अपनी जात गवाँ देते हैं।
भूलकर भी तुम उनके पैर न छूना, जो अपने आपको गुरु और पीर बतलाते हैं, फिर भी दर-दर भीख माँगते फिरते हैं।
नानक, सही रास्ता उन्होंने ही पहचाना है, जो अपने पसीने की कमाई खाते हैं और दूसरों को भी कुछ देते हैं।

६　पकड़ि....बाहिं=हाथ पकड़कर नाड़ी से रोग का पता लगाता है। करक=पीड़ा ; भगवद्विरह की पीड़ा से आशय है।

*　'मलार की वार' में से

पउड़ी

इकन्हा गलीं जंजीर वंदि रवाणीऐ ।
वंधे छुटहि सचि सचु पछाणीऐ ॥
लिखिआ पलै पाइ सो सचु जाणीऐ ।
हुकमी होइ निवेड़ु गइआ जाणीऐ ॥
भउजल तारणहारु सबदि पछाणीऐ ।
चोर जार जूआर पीड़े वाणीऐ ॥
निंदक लाइतबार मिले हड़वाणीऐ ॥
गुरमुखि सचि समाइ सु दरगह जाणीऐ ॥७॥

धनु सु कागसु कलम धनु धनु भांडा धनु मसु ।
धनु लेखारी नानका जिनि नामु लिखाइआ सचु ॥८॥

---

७ कुछ लोगों के गले में जंजीरें पड़ी होती हैं, और उन्हें जेलखाने में ले जाते हैं ;

पर सच्चे से भी सच्चे प्रभु को पहचानकर वे बंधनों से मुक्त हो जायेंगे।

बड़भागी ही उस सत्यरूप प्रभु को जानता है ।

परमात्मा की आज्ञा से मनुष्य के भाग्य का फैसला होता है; उसके सामने हाज़िर होनेपर ही मनुष्य इसे जानेगा ।

पहचानले उस 'शब्द' को, जो कि भव-सागर से पार लगायेगा ।

चोर, व्यभिचारी और जुआरी ये सब-के-सब सरसों की तरह पेर दिये जायेंगे ।

निन्दकों और विश्वासघातियों को बाढ़ बहा लेजायेगी ।

प्रभु के न्यायालय में उन्हीं पवित्रात्माओं को पहचाना जायेगा, जोकि सत्य में लौलीन होंगे ।

८ धन्य वह कागज, धन्य वह कलम, धन्य वह दावात और धन्य वह स्याही,—

और धन्य वह लिखनहार, नानक, जिसने कि उस सत्य-नाम को लिखा है।

रे मन डीगि न डोलिऐ सीधे मारगि धाउ।
पाछै वाघु डरावणो आगै अगनि तलाउ ॥१॥

सहसै जीअरा परि रहिओ मोकउ अवरु न ढंगु।
नानक गुरमुखि छूटिऐ हरि प्रीतम सिउ संगु ॥२॥

बाघु मरै मनु मारिऐ जिसु सतिगुर दीखिआ होइ।
आपु पछाणै हरि मिलै बहुड़ि न मरणा होइ ॥३॥

सरवरु हंस न जाणिआ काग कुपंखी संगि।
साकत सिउ ऐसी प्रीति है बूझहु गिआनी रंगि ॥४॥

जनमे का फलु किआ गणी जां हरिभगति न भाउ।
पैधा खाधा बादि है जां मनि दूजा भाउ ॥५॥

सभनि घटी सहु वसै सहबिनु घटु न कोइ।
नानक ते सोहागणी जिन्हा गुरमुखि परगटु होइ ॥६॥

---

१ डीगि न डोलिए=हिलना-डोलना नहीं, तनिक भी विचलित न होना। तलाउ=तालाब। बाघु=काम से आशय है। अगनि=संभवतः तृष्णा से आशय है।

२ सहसै······रहिओ=संशय में अर्थात् दुविधा में मन पड़ गया है। ढंगु=उपाय, सिउ=से।

३ आपु पछाणै=निजस्वरूप को पहचानले। बहुड़ि=फिर।

४ साकत=शाक्त : आशय है हरि-विमुख से।

५ पैधा खाधा बादि है=पीना-खाना व्यर्थ है। जा·· भाउ=जहाँ मन में ईश्वर-भक्ति को छोड़कर सांसारिक विषय-भोगों पर ध्यान है।

६ सभनि··वसै=सभी घटों अर्थात् शरीरों में प्रभु बसा हुआ है। सहु=स्वामी, ईश्वर। जिन्हा ···होइ=जिसके हृदय में वह स्वामी सद्गुरु के उपदेश से प्रकट हो गया।

जउ तउ प्रेम खेलण का चाउ। सिरु धरि तली गली मेरी आउ॥
इतु मारगि पैरु धरीजै। सिरु दीजै काणि न कीजै ॥७॥

---

७ जउ तउ=जो तुझे। सिरु धरि तली=सिर को याने अपनी अहंता को पैरों के नीचे कुचलकर। काणि न कीजै=संकोच न करना।

गुरु अंगद्

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१५६१ वि०, वैशाख ११

जन्म-स्थान—हरिके गॉव

पिता—फेरू

माता—दयाकौंर

जाति—खत्री

गुरु—बाबा नानकदेव

भेप—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१६०६ वि, चैत्र शु० १०

फीरोज़पुर ज़िले के अंतर्गत मुक्तसर से लगभग छह मील पर मत्ते दी सराय नाम के एक गॉव मे फेरू नाम का एक व्यापारी रहता था। बाद में वह हरिके नामक एक दूसरे गॉव में जाकर बस गया। यहॉ उसका व्यापार बहुत अच्छा चला। फेरू ने यहॉ दयाकौंर के साथ अपना दूसरा विवाह कर लिया। इन्हीं दयाकौंर के गर्भ से गुरु अंगद का जन्म हुआ, और इनका नाम लहिणा रखा गया।

लहिणा ने मत्ते दी सराय की एक स्त्री के साथ अपना ब्याह किया, जिसका नाम खीवी था। कालान्तर में खीवी से एक पुत्री और दो पुत्र हुए। लड़की का नाम था अमरो और लड़कों के नाम थे दासू और दातू।

ये लोग हरिके गॉव से उठकर फिर मत्ते दी सराय में रहने लगे। मगर मुग़लों और बलूचियों के हमले से जब मत्ते दी सराय तबाह हो गया, तब ये लोग खडूर नामक गॉव में चले आये। यह गॉव अमृतसर ज़िले की तरनतारन तहसील में है।

लहिणा पहले दुर्गा के उपासक थे। जिस घटना से वह दुर्गा की उपासना छोड़कर बाबा नानक के अनन्य भक्त हो गये वह यह है। खडूर में जोधा नाम का एक सिक्ख रहता था। गुरु नानक का यह परमभक्त था। रात के पिछले पहर वह नित्यप्रति जपुजी का तथा आसा दी वार का पाठ किया करता था। एक सुंदर रात्रि को लहिणा ने जोधा के मुख से ये मधुर कड़ियाँ बड़े ध्यान से सुनीं और वह उधर आकृष्ट होगये —

"जितु सेविऐ सुख पाईऐ सो साहिबु सदा समालीऐ।
जितु कीता पाईऐ आपणा सा घाल बुरी किउ घालीऐ॥
मंदा मूलि न कीचई दे लंमी नदरि निहालीऐ॥
जिउ साहिब नालि न हारीऐ तेवे हा पासा ढालीऐ॥
किछु लाहे उपरि घालीऐ।"

अर्थात्—सदा याद रख तू उस मालिक को, जिसकी सेवा करने से ही तुझे सच्चा सुख मिलेगा।

ऐसे बुरे कर्म तूने किये ही क्यों, जिनके कारण तुझे ये सारे दुःख भोगने पड़े ?

तू बुरा काम बिल्कुल न कर, अपनी ओर तू अच्छी तरह नजर डाल;

ऐसा पासा फेंक, जिससे कि तू मालिक के साथ बाजी न हारे, बल्कि तुझे कुछ लाभ हो

सवेरा होते ही लहिणा ने जोधा से पूछा कि, 'वह किसका रचा भजन था, जो तुम बड़े प्रेम से रात को गा रहे थे ?'

'बाबा नानक का रचा' जोधा ने कहा, 'परमात्मा के वे बड़े ऊँचे भक्त हैं। रावी के किनारे वे करतारपुर में विराजते हैं।'

सुनते ही लहिणा का गुरु-विरहातुर मन व्याकुल हो उठा बाबा नानक के दर्शन को, और वह सयोग भी आ गया। अपने कुछ त्रियों और कुछ मित्रों को लेकर वे ज्वालामुखी की यात्रा करने जा रहे थे। रास्ते में करतारपुर पड़ता था। वहाँ ठहर गये बाबा नानक का दर्शन करने के लिए। दर्शन किया और बाबा के उपदेश भी सुने। अंतर का चोला पलटगया। दृष्टि खुलगई। इरादा बदल दिया। आगे नहीं बढ़े, हालांकि साथ के यात्रियों ने बहुत समझाया। बाबा

के चरणों को पकड़ लिया, वहीं जमकर बैठ गये। पर सद्गुरु ने कहा—'अभी तू घर लौटजा ; बाल-बच्चों से मिलकर कुछ दिनों के बाद फिर मेरे पास आ जाना, तब तुझे मैं अंगीकार करूँगा।'

घर एक बार लौटकर चले तो गये, पर मन को वहीं छोड़कर। घरवालों को समझा-बुझाकर फिर करतारपुर चले आये। साँझ का समय था। बाबा नानक तब खेत पर थे। गाय-भैंसों के लिए घास लाने गये थे। वहाँपर लहिणा सीधे पहुँचे और घास के तीन बड़े-बड़े गट्ठरों को एकसाथ ही सिर पर लादकर गुरु के घर ले आये। पानी और गीली मिट्टी से सारे कपड़े सन गये थे। घास के इन गट्ठरों को एक-एक करके भी ले जाने के लिए बाबा के दोनों पुत्र भी तैयार नहीं हुए थे। गुरु-सेवा की यह लहिणा की पहली परीक्षा थी।

एक साल गुरु नानकदेव के घर की कच्ची दीवार अति वर्षा के कारण गिर पड़ी थी। गुरु की आज्ञा से उस दीवार को तीन बार गिरा-गिराकर इन्होंने अकेले ही उठाया था। और भी कितने ही अवसरों पर गुरु नानक ने लहिणा की कठिन-से-कठिन परीक्षाएँ लीं, और यह उनमें उत्तीर्ण हुए। आज्ञा-पालन में यह हमेशा सब शिष्यों और दोनों पुत्रों से भी आगे रहते थे। 'टिक्के दी वार' में आया है—'जिनि कीती सो मंनणा को सालु जिवाहे साली।' अर्थात्, लहिणा ने गुरु नानक की हरेक आज्ञा का पालन किया, चाहे वह आज्ञा आवश्यक हो, या अनावश्यक—चाहे वह भटकँटैया हो, चाहे धान। इस पंक्ति का यह भी एक अर्थ किया जाता है कि, 'गुरु नानक के दोनों पुत्र भटकँटैया थे और लहिणा था धान।' गुरु नानकदेव ने अच्छी तरह परखकर देख लिया कि लहिणा ही उनका एक ऐसा शिष्य है, जो उनकी गद्दी का अधिकारी हो सकता है. और इन्हें ही उन्होंने अपनी जगह बिठलाकर भाई बुड्ढा के हाथ से तिलक करा दिया। गुरु की आज्ञा से यह खडूर में जाकर रहने लगे।

गुरु नानकदेव का शरीर छुट जाने पर गुरु अंगद को उनके वियोग का दुःख इतना अधिक असह्य हुआ कि वे एक बंद कोठरी के अंदर जाकर बैठ गये और वहाँ एकान्त में गुरु के ध्यान में निरन्तर लौलीन रहने लगे। गुरु नानक के एक प्रमुख शिष्य भाई बुड्ढा ने बड़ी मुश्किल से खोजते-खोजते इनका पता लगाया और उस बंद कोठरी से इन्हें बाहर निकाला। गुरु अंगद ने भाई बुड्ढा को छाती से लगाकर उस समय यह सलोक कहे :—

"जितु पिआरे सिउ नेहु तिसु आगै मरि चलिऐ।
ध्रिगु जीवरा संसार ताकै पाछै जीवणा॥
जो सिरु साईं ना निवै सो सिरु दीजै डारि।
नानक जितु पिंजर महि विरहा नहीं, सो पिंजरु लै जारि।।"

गुरु अंगद का नित्य का कार्यक्रम तबसे बराबर यह रहने लगा—बड़े सवेरे उठकर ठंडे पानी से नहाना. कुछ समयतक आत्म-चिंतन व जपुजी का पाठ करना, गायकों से आसा दी वार का गान सुनना, और फिर दीन दुखियों और रोगियों, खासकर कोढ़ियों को जाकर देखना और उनकी सेवा शुश्रूषा करना, लोगों को गुरु नानक की शिक्षाओं का उपदेश देना और लंगर में सबको, बिना किसी भेद-भाव के, प्रेम के साथ भोजन कराना और किसी-किसी दिन छोटे-छोटे बच्चों के खेल देखना।

शेरशाह द्वारा परास्त हुमायूँ बंगाल से जब पश्चिम की तरफ विवश होकर भागा, तब उसे रास्ते में मालूम हुआ कि गुरु नानकदेव की गद्दी पर गुरु अंगद, जो एक पहुँचे हुए फकीर हैं, उपदेश दे रहे हैं। उसने खडूर जाकर गुरु साहब के दर्शन किये, और उनसे आशीर्वाद माँगा, जो उसे मिला। कुछ दिन मुसीबतें झेलते के बाद वह विजयी हुआ।

गुरु अंगद ने ही सबसे पहले गुरु नानकदेव के पदों, पौड़ियों और सलोकों का संग्रह कराकर 'गुरुमुखी' नाम की एक नई लिपि में लिखवाया। इसलिपि का आविष्कार गुरु अंगद ने स्वयं ही किया। इसमें केवल ३५ अक्षर हैं।

परम गुरुभक्त शिष्य अमरु को गुरु-गद्दी पर बिठलाकर और पाँच पैसे और एक नारियल उनके आगे भेंटस्वरूप रखकर गुरु अंगद ने उसे अपना उत्तराधिकारी बना दिया। अमरु उस दिन से गुरु अमरदास के नाम से प्रख्यात हो गये।

चैत सुदी ३, संवत् १६०६ को गुरु अंगद ने सिक्खों को एक बहुत बड़ा भंडारा दिया, और सिक्ख धर्म के सिद्धांतों पर दृढ़ रहने के लिए उन्हें अच्छी तरह समझाया। दूसरे दिन चौथ को बड़े सवेरे स्नान करके जपुजी का पाठ किया, और 'वाह गुरु, वाह गुरु' कहते हुए चोला छोड़ दिया।

गुरु अमरदास को गोइंदवाल में जाकर रहने का आदेश दे गये।

वानी-परिचय

गुरु अंगद ने बहुत अधिक रचना नहीं की। गुरु नानकदेव की सेवा-बंदगी करते और उनकी बानी का अपूर्व रस लेते-लेते ही उनका सारा समय बीता। जो थोडी-सी बानी गुरु अंगद की ग्रन्थ साहब मे महला २ के अंतर्गत संगृहीत मिलती है, वह भिन्न-भिन्न रागों की 'वारों' के रूप मे है। 'आसा की वार' में तो इनके अनेक सलोक हैं ही, रामकली, सारंग, मलार, सूही, सिरी, सोरठ और मॉझ की भी वारों में इनके कई सलोक और पौडियाँ हैं।

गुरु अंगद ने सीधी-सादी मगर चुभती भाषा में प्रेम का और विरह और वैराग्य का बडा सुन्दर निरूपण किया है। गुरु-भक्ति की महिमा के कुछ सलोक तो इनके अनूठे हैं। पद-पद में आत्मानुभूति छलकती है। कुछ रचना तो इनकी ऐसी है, जो गुरु नानक की बानी से बिल्कुल मिल जाती है। माझ और सारंग की वारें तो बहुत ही मधुर हैं। कहते हैं कि 'गुरुमुखी' लिपि का आविष्कार कर चुकने पर आनन्द-विह्वल होकर गुरु अंगद ने सारंग की वार की रचना की थी। हरि-नाम का आकंठ अमृत पीकर सारंग की वार मे यह सलोक इन्होंने वस्तुतः परमतृप्ति की ऊँची अवस्था में कहा है—

"जिन वडिआई तेरे नाम की यह रते मन माहि।
नानक अंमृतु एक है दूजा अंमृतु नाहि॥
नानक अंमृतु मनै माहि पाईए गुरपरसादि।
तिनी पीता रंग सिउ जिन कउ लिखिआ आदि॥"

आधार

१ गुरु ग्रन्थ साहिब, सर्वहिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन (भाग २), मॅकालीफ

आसा की वार

सलोक

जे सउ चंदा उगवहि सूरज चड़हि हजार ॥
एते चानण होदिआं गुर बिनु घोर अंधार ॥१॥

इहु जगु सचै की है कोठड़ी सचे का विचि वासु ॥
इकन्हा हुकमि समाइ लए इकन्हा हुकमे करे विणासु ॥
इकन्हा भाणै कढ़ि लए इकन्हा माइआ विचि निवासु ॥
एव भि आखि न जापई जि किसै आणे रासि ॥
नानक गुरमुखि जाणीऐ जाकउ आपि करे परगासु ॥

पउड़ी

नानक जीअ उपाइकै लिखि नावै धरमु बहालिआ ॥
ओथै सचो ही सचि निबड़ै चुणि वखि कढे जजमालिआ ॥

---

१ यदि सौ चंद्र उदय हों, और हजार सूरज भी आकाश पर चढ़ जायें, तो भी इतने (प्रचंड) प्रकाश (-पुंज) में भी बिना गुरु के घोर अंधकार ही छाया रहेगा।

२ जगत् यह सत्य की कोठरी है, इसके अंदर निवास सत्य का है।
किसीको तो वह अपनी आज्ञा से अपने आपमें लोलीन करलेता है; और किसीको अपनी आज्ञा से नष्ट कर देता है।
किसीको अपनी मरजी से वह माया में से खींच लेता है, और किसी-को माया में ही रहने देता है।
यह कहा भी नहीं जासकता कि वह किसे लाभ पहुँचाता है।

थाउ न पाइनि कूड़िआर मुह काल्है दोजकि चालिआ ॥
तेरै नाइ रते से जिणि गए हारि गए सि ठगण वालिआ ॥
लिखि नावै धरमु वहालिआ ॥२॥

सलोक

हउमै एहा जाति है हउमै करम[१] कमाहि ॥
हउमै एई बंधना फिरि फिरि जोनी पाहि ॥
हउमै कित्थुहु ऊपजै कितु संजमि इह जाइ ॥
हउमै एहो हुकमु है पाइऐ किरति फिराहि ॥
हउमै दीरघ रोगु है दारू भी इसु माहि ॥
किरपा करे जि आपणी ता गुर का सबदु कमाहि ॥
नानकु कहै सुणहु जनहु इतु संजमि दुख जाहि ॥

नानक उसीको पवित्रात्मा जानना चाहिए, जिसके अंतर में वह अपना प्रकाश भरदे ।

नानक, उसने जीवों को जन्म देकर उनके नाम लिखलिये, और (उनके कर्मों के अनुसार न्याय करने के लिए) धर्मराज को नियुक्त कर दिया ।

उसके न्यायालय में सच्चों को ही न्याय मिलता है, जो जंजाल-ग्रस्त होते हैं, उन्हें वह चुन-चुनकर निकाल बाहर कर देता है,

वहाँ झूठे को जगह नहीं मिलती; वे मुहँ को काला करके नरक जाते हैं ।

जो तेरे नाम में अनुरक्त हो गये, उन्हींकी जीत होती है; जो ठग होते हैं वे बाजी हार जाते हैं ।

परमात्मा ने नाम लिख लिये हैं, और धर्मराज को नियुक्त कर दिया है ।

३ अहंकार स्वभावतः अहंकार के ही कर्म कराता है ।

अहंकार वह (भव-) बन्धन है, जिससे बारबार जन्म लेना पड़ता है।

अहंकार यह उत्पन्न कहाँसे होता है, इसका मूल क्या है, और किस साधन से यह नष्ट हो सकता है ?

अहंकार वह आदेश है कि मनुष्य अपने कृत कर्मों के अनुसार (संसार-चक्र पर) घूमता ही रहे ।

पउड़ी

सेव कीती संतोखई जिन्ही सचो सचु धिआइआ ॥
ओन्ही मंदै पैरु न रखिओ करि सुकृतु धरमु कमाइआ ॥
ओन्ही दुनीआ तोड़े बंधना अंनु पाणी थोड़ा खाइआ ॥
तूं बखसीसा अगला नित देवहि चड़हि सवाइआ ॥
वडिआई वडा पाइआ ॥३॥

सलोक

एह किनेही आसकी दूजै लग्गै जाइ ॥
नानक आसकु कांढीऐ सदही रहै समाइ ॥
चंगै चंगा करि मंने मंदै मंदा होइ ॥
आसकु एहु न आखीऐ जि लेखै वरतै सोइ ॥४॥

अहंकार जीर्ण रोग अवश्य है; पर उसकी एक औषधि भी है, और वह हमारे अंदर ही है।

यदि परमात्मा अपनी कृपा करदे, तो गुरु का उपदेश सुलभ हो सकताहै।

नानक कहता है कि, हे मनुष्यो! इसी एक साधन से दुःख का निवारण हो सकेगा।

उन्होंने ही सच्ची सेवा-बन्दगी की है, और उन्हें ही संतोष प्राप्त हुआ है, जिन्होंने कि परम सत्य के रूप में परमात्मा का ध्यान किया है।

उन्होंने बुरे मार्ग पर कभी पैर नहीं रखा, सदा सुकर्म ही किया है, और धर्म की ही कमाई की है।

उन्होंने संसार के बंधन तोड़कर फेंक दिये हैं, और थोड़े-से अन्न और जल पर उन्होंने अपना निर्वाह किया है।

तू बड़े-से-बड़ा दाता है ; तू सदा ही देता है जो सवाया हो जाता है।

उसे उन्होंने ही पाया, जिन्होंने कि उसे बड़े-से-बड़ा भी माना।

४ वह आशिकी कैसी जो दुनिया की चीजों में उलझ जाये ? नानक, तू तो उसीको आशिक कह, जो सदा प्रियतम की प्रीति में लौलीन रहता है।

जो मन में ऐसा लाता है कि अच्छा अच्छा है, और बुरा बुरा है, और इसी तरह बरतता है, वह सच्चा आशिक नहीं कहा जायगा।

सलामु जवाबु दोवै करे मुढहु घुत्था जाइ ॥
नानक दोवै कूडीआ थाइ न काई पाइ ॥५॥

चाकरु लगै चाकरी नाले गरबु वादु ॥
गल्ला करे घणेरीआ खसम न पाए सादु ॥
आपु गवाइ सेवा करे ता किछु पाए मानु ॥
नानक जिसनो लग्गा तिसु मिलै लग्गा सो परवानु ॥६॥

जो जीइ होइ सु उग्गवै मुह का कहिआ वाउ ॥
बीजे बिखु मंगै अंमृतु वेखहु एहु निआउ ॥७॥

नालि इआणे दोसती कदे न आवै रासि ॥
जेहा जाणै तेहो वरते वेखहु को निरजासि ॥

---

५ जो मनुष्य मालिक की वंदना करता है और साथ-ही-साथ उसे जवाब भी देता है, या उसके कामों में दोष निकालता है, उसने शुरू से ही ग़लती की है।

उसकी वंदना और उसकी आलोचना दोनों ही अर्थहीन हैं; उसे, नानक, मालिक के दरबार में जगह मिलने की नहीं।

६ नौकर नौकरी करते हुए जब ग़रूर करता है, और झगड़ा भी,

और बहुत बकझक भी करता है, तो इससे वह अपने मालिक को खुश नहीं करता।

अपने आपको खोकर यदि वह सेवा करे, तो उसे कुछ आदर मिलेगा।

नानक, मालिक को वही पा सकेगा, जिसके मन में उससे मिलने की अभिलाषा होगी; और उसकी अभिलाषा अवश्य पूरी होगी।

७ जो मन में होता है, वही मुँह से निकलता है।

विष बोता है, और अमृत पाने की आशा करता है: देखो तो इस न्याय को!

८ मूर्ख के साथ मित्रता करने से कभी लाभ नहीं होगा।

वसतू अंदरि वसतु समावै दूजी होवै पासि ॥
साहिब सेती हुकमु न चल्लै कही बणै अरदासि ॥
कूड़ि कमाणै कूड़ो होवै नानक सिफति विगासि ॥८॥

नालि इआणै दोसती वडारू सिउ नेहु ॥
पाणी अंदरि लीक जिउ तिसदा थाउ न थेहु ॥९॥

होइ इआणा करे कमु आणि न सक्कै रासि ॥
जे इक अध चंगी करे दूजी भी वेरासि ॥

पउड़ी

चाकरु लग्गै चाकरी जे चल्लै खसमै भाइ ॥
हुरमति तिसनो अग्गली ओहु वजहु भि दूणा खाइ ॥

वह अपनी समझ से काम करता है देखे और परखे कोई उसका काम।

पहले (भाडे में से) दूसरी वस्तु निकाल देने पर ही कोई वस्तु उसमें रखी जा सकती है।

(अर्थात्, सांसारिक प्रेम से हृदय खाली करने के बाद ही परमात्मा का प्रेम उसमें प्रवेश पायेगा।)

मालिक के ऊपर हुक्म नहीं चल सकेगा : वहाँ तो विनती से ही काम चलेगा।

झूठ की कमाई से झूठ ही हाथ आयेगा ;

नानक। प्रभु की स्तुति में ही सच्चा आनन्द है।

९ अजान के साथ की मित्रता और बड़े आदमी के साथ का प्रेम पानी पर खींची हुई लकीरों की तरह है, जिनका न रेख है, न चिह्न।

१० यदि कोई आज अजान है और वह कोई काम करने बैठजाये, तो उसे वह ठीक तरह से नहीं कर सकता ;

भलेही एकाध काम वह ठीक तरह से करले, पर बाकी का सारा काम तो वह बिगाड़ ही देगा।

यदि नौकर अपने मालिक की मर्जी के अनुसार काम करता है, तो

खसमै करे बराबरी फिरि गैरति अंदरि पाइ ॥
वजहु गवाए अगला मुहे मुहि पाणा खाइ ॥
जिसदा दित्ता खावणा तिसु कहीऐ साबासि ॥
नानक हुकमु न चल्लई नालि खसम चल्लै अरदासि ॥१०॥

एह किनेही दाति आपस ते जो पाईऐ ॥
नानक सा करमाति साहिब तुट्ठै जो मिलै ॥११॥

एह किनेही चाकरी जितु भउ खसम न जाइ ॥
नानकु सेवकु काढीऐ जि सेती खसम समाइ ॥

पउड़ी

नानक अंत न जापन्ही हरि ताके पारावार ॥
आपि कराए साखती फिरि आपि करावे मार ॥

उसका अधिक मान होता है, और उसे दूनी तलब मिलती है।

यदि वह मालिक की बराबरी करता है, तो वह अपनी ईर्ष्या को बढ़ावा देता है, अपनी भारी तलब को गँवा बैठता है, और मुँह पर जूते खाता है।

धन्य है वह, जिसका दिया हुआ तू खाता है।

नानक, हुक्म तेरा नहीं चलेगा ; मालिक के आगे तेरी एक विनती ही चलेगी।

११ वह दान कैसा, जो हमारे खुद के माँगने से हमें मिले !

नानक, दान वही अलौकिक है, जो परमात्मा के प्रसन्न होने से हमें मिलता है।

१२ वह कैसी नौकरी, जिसे करने से मालिक का भय नहीं चला जाता ! (अर्थात्, जबकि मालिक और नौकर के बीच अविश्वास रहता है, और नौकरी बिना प्रेम के की जाती है।)

इकन्हा गली जंजीरीआ इकि तुरी चड़हि विसीआर ॥
आपि कराए करे आपि हउ कैसिउ करी पुकार ॥
नानक करणा जिनि कीआ फिरि तिसही करणी सार ॥१२॥

सलोक

आपे साजे करे आपि जाई भि रक्खै आपि ॥
तिसु विचि जंत उपाइकै देखै थापि उथापि ॥
किसनो कहीऐ नानका सभु किछु आपे आपि ॥

पउड़ी

वडे कीआ वडिआईआ किछु कहणा कहणु न जाइ ॥
सो करता कादर करीमु दे जीआ रिजकु संबाहि ॥

नानक, नौकर उसीको कहना चाहिए, जो सदा अपने मालिक के प्रेम में लौलीन रहता है।

नानक, हरि का अंत किसीने देखा नहीं, और उसका न इधर का पार पाया, न उधर का।

वह आपही रचता है, और फिर आपही नष्ट कर देता है।

किसीके गले में जंजीर पड़ी है, और कोई घोड़ों पर चढ़े फिरते हैं।

वह आपही कराता है और आपही करता है; हम शिकायत करें तो किससे ?

नानक, जिसने यह सारी सृष्टि रची है, वही उसकी सार-सँभाल करे।

१३ आपही वह सजाता है · आपही जहाँ जिस वस्तु को बनाकर रखना है वहाँ रख देता है;

इस संसार में जीव-जंतुओं को पैदाकर वह स्वयं उनका जन्म और उनका मरण देखता रहता है।

किससे कहें हम, नानक, जबकि वह आपही सब कुछ करता है ?

उस महान् की महामहिमा कुछ कहते नहीं बनती;

वही कर्त्ता है, वही सर्वशक्तिमान है, वही दाता है :

साई कार कमावणी धुरि छोड़ी तिनै पाइ॥
नानक एको वाहरी होर दूजी नाही जाइ॥
सो करे जि तिसै रजाइ॥१३॥

ददे थावहु दित्ता चंगा मनमुखि ऐसा जाणीऐ।
सुरति मति चतुराई ताकी किआ करि आखि वखाणीऐ॥
अंतरि वहिकै करम कमावे सो चहु कुंडी जाणीऐ।
जो धरमु कमावैं तिसु धरम नाउ होवै पापि कमाणै पापी जाणीऐ॥
तूं आपे खेल करहि सभि करते किआ दूजा आखि वखाणीऐ॥
जिच्चर तेरी जोति तिच्चर जोती विचि तू वोलहि

वही अपने पैदा किये जीवों को आहार पहुँचाता है।

मनुष्य को सिरे से ही वह कर्म करना चाहिए, जिसका कि परमात्मा ने उसे निर्देश कर रखा है।

नानक, एक वही ऐसा परमपद है जिसमें कि हम रम सकते हैं, दूसरा ऐसा और कोई भी पद नहीं।

जो उसे भाता है वही वह करता है।

१४ मनमुखी लोग (दुष्टजन) सोचते हैं कि दाता की अपेक्षा दान अच्छा है। क्या कहा जाये उनकी बुद्धि को, उनकी समझ को, और उनकी होशियारी को!

जो छिपकर कर्म करता है वह चारो ओर उजागर हो जाता है;

जो धर्म का साधन करता है वह धर्मात्मा कहा जाता है, और जो पाप करता है, वह पापी।

हे कर्त्तार, तू स्वयं ही सारी लीला रचता है।

जबतक इस घट के अंदर तेरी ज्योति जलती है, तबतक तू इसमें बोल रहा है—

सिआणीऐ ॥
विणु जोती कोई किछु करिहु दिखा सिआणीऐ ॥
नानक गुरमुखि नदरी आइआ हरि इको सुघड़ु सुजाणीऐ ॥१४॥

अक्खी बाभहु वेखणा विणु कन्ना सुनणा ॥
पैरा बाभहु चलणा विणु हत्था करणा ॥
जीभै बाभहु बोलणा इउ जीवत मरणा ॥
नानकु हुकमु पछाणिकै तउ खसमै मिलणा ॥१५॥

दिस्सै सुणीऐ जाणीऐ साउ न पाइआ जाइ ॥
रुहला टुंडा अंधुला किउ गलि लग्गै धाइ ॥

तेरे बिना यदि किसीने कुछ किया हो तो मुझे वह दिखादे जिससे कि मैं उसे पहचानलूँ।

नानक, गुरु के उपदेश से ही वह हरि दृष्टि में आता है, और चतुर और बुद्धिमान वही एक है।

१५ बिना आँख के देखना, बिना कान के सुनना,
बिना पैर के चलना, बिना हाथ के काम करना,
बिना जीभ के बोलना—यह जीते-जी मर जाना है।
नानक, जो परमात्मा के हुक्म को पहचानता है, वह उसमें लौलीन हो जायेगा।

१६ हम देखते हैं, और सुनते हैं और जानते हैं कि परमात्मा सांसारिक विषय-भोगों के बीच प्राप्त नहीं किया जा सकता।
बिना पैर, बिना हाथ और बिना आँख के उसे गले लगाने के लिए कैसे दौड़ा जा सकता है?

(भाव यह है कि जबतक मनुष्य सांसारिक भोगों में लिप्त है, तबतक वह बिना पैर का, बिना हाथ का और बिना आँख का ही है।)

(ईश्वर-) भीरुता के बना तू चरण, भाव के बना हाथ, और सुरति के बना तू नेत्र।

मै के चरण कर भाव कै लोइण सुरति करेइ ॥
नानकु कहै सिआणीए इव कंत मिलावा होइ ॥१६॥

रामकली की वार

सलोक

नानक चिंता मति करहु चिंता तिसही हेइ ॥
जल महि जंत उपाइअनु तिना भी रोजी देइ ॥
ओथै हटु न चलई ना को किरस करेइ ॥
सउदा मूलि न होवई ना को लए न देइ ॥
जीआ का आधारु जीअ खाणा एहु करेइ ॥
विचि उपाए साइरा तिना भि सार करेइ ॥
नानक चिंता मत करहु चिंता तिसही हेइ ॥१॥

साहिब अंधा जो कीआ करे सुजाखा होइ ॥
जेहा जाणै तेहो वरतै जे सउ आखै कोइ ॥

नानक कहता है, इस प्रकार हे सयानी सखी, तू अपने कंत से मिल सकेगी।

१ तिसही हेइ=उसे (परमात्मा को) ही है। उपाइअनु=पैदा किये। तिना=उनको। ओथै=वहाँ। हटु=हाट; दूकान। ना को किरस करे= न कोई खेती (या व्यापार) करता है। आधारु=आहार। एहु=वही (परमात्मा)। करेइ=जुटाता है। विचि उपाए साइरा=सागर के बीच में जिनको पैदा किया है। तिना भी सार=उनको भी सँभाल करता है।

२ साहिब......कोइ=जिस परमात्मा ने अन्धा बना दिया उसे वह स्पष्ट दृष्टि दे सकता है। मनुष्य को जैसा वह जानता है, वैसा उसके साथ वर्ताव करता है, भले ही उसके विषय में मनुष्य सौ बातें कहे, अथवा कुछ भी कहे।

जिथै सु वसतु न जापई आपे वरतउ जाणि ॥
नानक गाहकु किउ लए सकै न वसतु पछाणि ॥
सो किउ अंधा आखीऐ जि हुकमहु अंधा होइ ॥
नानक हुकमु न बुझई अंधा कहीऐ सोइ ॥२॥

अंधे कै राहि दसिऐ अंधा होइ सु जाइ ॥
होइ सुजाखा नानका सो किउ उभझड़ि पाइ ॥
अंधे एहि न आखीअनि जिन मुखि लोइण नाहि ॥
अंधे सेई नानका खसमहु घुथे जाहि ॥३॥

रतना केरी गुथली रतनी खोली आइ ॥
वखर तै वणजारिआ दुहा रही समाइ ॥
जिन गुणु पलै नानका माणक वणजहि सेइ ॥
रतना सार न जाणई अंधे वतहि लोइ ॥४॥

वसतु=वस्तु परमात्मा से आशय है। न जापई=नहीं दिखाई देता। आपे वरतउ जाणि=जान लो कि अहंकार वहाँ प्रवृत्त है। किउ लए=क्यों खरीदे। आखिऐ=कहे। हुकमहु=(परमात्मा की) मरजी से। न बुझई=नहीं समझता।

३ अंधेकै ..... जाइ=अंधे के दिखाये रास्ते पर जो चलता है वह स्वयं ही अन्धा है। सुजाखा=अच्छी दृष्टिवाला, जिसे अच्छी तरह सूझता या दीखता है। किउ उभझड़ि पाइ=क्यों उजाड़ में भटकने जाय। एहि=इनको। आखीअनि=कहा जाय। मुखि लोइण नाहि=चेहरे पर आँखें नहीं हैं। खसमहु घुथे जाहि=स्वामी से भटक गये, उसका रास्ता भूल गये।

४ यदि जौहरी आकर रत्नों की थैली खोलदे, तो वह रत्नों को और गाहक को मिला देता है।

(अर्थात्, वह गुरु या संतपुरुष, गाहक या साधक से हरिनामरूपी रत्न को खरीदवा देता है।)

नानक अंधा होइकै रतन परखण जाइ ॥
रतना सार न जाणई आवै आपु लखाइ ॥५॥

जपु जपु समु किछु मंनिऐ अवरि कारा सभि वादि ॥
नानक मंनिआ मंनीऐ बुझीऐ गुरपरसादि ॥६॥

सिफति जिन्हा कउ वखसीऐ सेई पोतेदार ॥
कुंजी जिन कउ दितीआ तिन्हा मिले भंडार ॥
जह भंडारी हू गुण निकलहि ते कीअहि परवाणु ॥
नदरि तिन्हा कउ नानका नामु जिन्हा नीसाणु ॥१॥

कीता किआ सालाहीऐ करे सोइ सालाहि ॥
नानक एकी बाहरा दूजा दाता नाहि ॥

नानक, गुणवान (पारखी) ही ऐसे रत्नों को विसाहेंगे; किन्तु जो लोग रत्नों का मोल नहीं जानते, वे दुनिया में अन्धों की तरह भटकते हैं।

५ सार=कीमत। आवै आपु लखाइ=अपना प्रदर्शन करके (अपना मज़ाक कराकर) लौट जायेगा।

६ जप, तप, सबकुछ उसकी आज्ञा पर चलने से प्राप्त हो जाता है; और सब काम व्यर्थ हैं।

उसी (मालिक) की आज्ञा तू मान, जिसकी आज्ञा मानने-योग्य है। अथवा उस संतगुरु की आज्ञा मान, जिसने स्वयं उसकी आज्ञा को माना है) ; गुरु की कृपासे ही उसे हम जान सकते हैं।

१ जिनको उसका गुण-गान बख्शीस में मिला है वेही सच्चे हैं;
जिन्हें कुंजी दी गई है, उन्हें ही वे भंडार मिलते हैं।
वे ही भंडार मान्य या प्रमाणित हैं, जिनमें कि सुकर्म प्रकट होते हैं।
नानक, उन्हींपर परमात्मा की कृपा-दृष्टि होती है, जिन्होंने कि उसके नाम को अपना निशान बना लिया है।

२ सृष्टि की सराहना क्यों करता है तू? तू तो सिरजनहार की सराहना कर।

करता सो सालाहीऐ जिनि कीता आकारु ॥
दाता सो सालाहीऐ जि सभासै दे आधारु ॥
नानक आपि सदीव है पूरा जिसु भंडारु ॥
वडा करि सासाहीऐ अंतु न पारा वारु ॥२॥

जिन वडिआई तेरे नाम की ते रते मन माहि ॥
नानक अंमृतु एकु है दूजा अंमृतु नाहि ॥
नानक अंमृतु मनै माहि पाईऐ गुरपरसादि ॥
तिनी पीता रंग सिउ जिन कउ लिखिआ आदि ॥३॥

आपि उपाए नानका आपे रखै वेक ॥
मंदा किसनो आखीऐ जा सभना साहिबु एकु ॥
सभना साहिबु एकु है वेखै धंधै लाइ ॥
किसै थोड़ा किसै अगला खाली कोई नाहि ॥

नानक, सिवा उस मालिक के दूसरा कोई देनेवाला नहीं, जिसने सब को सहारा दे रखा है। नानक, वह परमात्मा ही सदा रहनेवाला है, जिसने कि सारे भंडारों को भर रखा है।

उसी बड़े-से-बड़े की तू सराहना कर, जिसका न तो अंत है न कोई पार।

३ जिन ' मन माहि=जिन्होंने तेरी महिमा को जान लिया, उन्हें ही हार्दिक आनन्द मिला। गुर परसादि=गुरु की कृपा से। तिनी......आदि= जिनके माथे पर आदि ने ही लिख दिया गया है, वे ही आनन्द से उस अमृत का पान करते हैं।

४ आपि उपाए ' वेक=नानक कहता है, तूने स्वयं ही सबको पैदा किया है, और तूने ही सब जीवों को उनके अलग अलग स्थानों पर रख दिया है। मंदा किसनो आखीए=छोटा किसे कहें। जा=जबकि, क्योंकि। वेखै धंधै लाइ=भिन्न-भिन्न काम-धंधों में लगाकर वह देखता रहता है।

आवहि नंगे जाहि नंगे विचे करहि विथार ॥
नानक हुकमु न जाणीऐ अगै काई कार ॥४॥

गुरु कुंजी पाहु निवलु मनु कोठा तनु छति ॥
नानक गुर विनु मन का ताकु न उघड़े अवर न कुंजी हथि ॥५॥

कथा कहाणी वेदीं आणी पापु पुंनु बीचारु ॥
दे दे लैणा लै लै देणा नरकि सुरगि अवतार ॥
उतप मधिम जातीं जिनसी भरमि भवै संसारु ॥
अमृत वाणी ततु वखाणी गिआन धिआन विचि आई ॥
गुरमुखि आखी गुरमुखि जाती सुरतीं करमि धिआई ॥

अगला=बड़ा। विचे करहि विथार=जन्म और मृत्यु के मध्य-काल में; जीवन-काल में प्रपंच फैलाता है। अगै काईकार=आगे अर्थात् परलोक में—अथवा अगले जन्म में—किस काम में वह लगायेगा।

५ ताले की कुंजी तो गुरु के ही पास है; मन तेरा कोठा है और यह शरीर है उसकी छत।

नानक, बिना गुरु के मन (हृदय) का द्वार खुल नहीं सकता, क्योंकि किसी दूसरे के पास उसकी कुंजी नहीं है।

६ वेद पढ़नेवाले (देवताओं की) कथा-कहानियाँ लेकर आये हैं और पाप-पुण्य की उन्होंने व्याख्या की है।

मनुष्य जो-जो देते हैं वही पाते हैं, और जो-जो वे पाते हैं वही देते हैं, और इसलिए अपने कर्मों के अनुसार वे स्वर्ग या नरक में जन्म लेते हैं।

दुनिया भ्रम में भूल रही है कि कौन तो उत्तम जातियाँ हैं और कौन मध्यम या नीची, और कितने प्रकार की हैं;

किंतु (गुरु की) अमृतवाणी तत्त्व (सत्यवस्तु) का वर्णन करती है, ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान और ध्यानतक पहुँचा देती है।

पवित्रात्मा उसका उच्चारण करते हैं, पवित्रात्मा उसे जानते हैं;

हुकमु साजि हुकमै विचि रखै हुकमै अंदरि वेखै ॥
नानक अगहु हउमै तुटै तां को लिखऐ लेखै॥६॥

मलार की वार

सलोक

नानक दुनीआ कीआं वडिआईआं अगी सेती जालि ॥
एन्ही जलीईं नामु विसारिआ इक न चलीआ नालि ॥१॥

नाउ फकीरै पातिसाहु मूरख पंडित नाउ ॥
अंधे का नाउ पारखू एवै करे गुआउ ॥
इलति का नाउ चउधरी कूड़ी परे थाउ ॥
नानक गुरमुखि जाणीऐ कलि का एहु निआउ ॥२॥

जिन्हें वह ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त हो जाता है, वे उसमें लीलीन हो जाते हैं, और तदनुसार उनके सब कर्म भी होते हैं।

उसने अपनी आज्ञा से सबको रचा है, और उसी आज्ञा से वह सबको देखता रहता है।

नानक, यदि मनुष्य के अहंकार का अंत हो जाय, तो वह 'उसके' लेखे में आ सकता है।

१ नानक, दुनिया की बड़ाइयों में लगादे आग,

इन्हीं आग लगी बड़ाइयों ने तो उसका नाम बिसार दिया है; इनमें से एक भी तो (अंत में) तेरे साथ चलने की नहीं।

२ लो, भिखमंगे को तो कहा जाता है बादशाह, और मूर्ख को दे दिया है नाम पंडित का,

अंधे को कहते हैं पारखी—ऐसी बातें चलती हैं।

बदमाश को कहते हैं चोधरी, और झूठ बोलनेवाले को पूरा सिद्ध।

नानक, कलिकाल का यही न्याय है!

(अच्छे और बुरे की) पहचान कैसे की जाय, यह तो गुरु के मुख (उपदेश) से ही जाना जा सकता है।

सावणु आइआ हे सखी जलहरु बरसनहारु ॥
नानक सुखिसवनु सोहागणी जिन्ह सह नालि पिआरु ॥३॥

सावणु आइआ हे सखी कतै चिति करेहु ॥
नानक झूरि मरहि दोहागणी जिन अवरी लागा नेहु ॥४॥

सूही की वार

सलोक

जा सुखु ता सहु राविओ दुखि भी संम्हालिओइ ॥
नानकु कहै सिआणीए इउ कंत मिलावा होइ ॥१॥

किसही कोई कोइ मंञु निमाणी इकु तू ॥
किउ न मरीजै रोइ जा लगु चिति न आवही ॥२॥

तुरदे कउ तुरदा मिलै उड़ते कउ उड़ता ॥
जीवते को जीवता, मिलै मुए कउ मूआ ॥
नानक सो सालाहीऐ जिनि कारणु कीआ ॥३॥

---

३ जलहरु=जलधर,मेघ। नालि=साथ। पिआरु=प्रियतम।

४ कंतै चिति करेहु=पति का ध्यान करो। झूरि मरहि=जलकर मर जायगी। दोहागणी=अभागिनी, व्यभिचारिणी। अवरी लागा नेहु=दूसरे से प्रेम लगा रखा है।

१ जिसका नाम तू सुख मे याद करता है, दुःख में भी उसे याद कर। नानक कहता है, हे सयानी, इसी तरह स्वामी से तेरा मिलन होगा।

२ किसीका कोई मित्र है, तो किसीका कोई; पर मेरा तो—जिसे कोई मान नहीं देता—एक तू ही है।
जबतक कि तू मेरे मन में नहीं समाता, तबतक मैं क्यों न रो-रोकर मरूँ?

३ तुरदे ····उडना=चलनेवालों का मेल चलनेवालों के साथ और उड़नेवालों का मेल उड़नेवालों के साथ होता है।
सालाहीए=सराहना करनी चाहिए। कारणु कीआ=इस महान् नियम (कानून) को स्थापित किया।

जिना भउ तिन नाहि भउ मुचु भउ निभविआह ॥
नानक एहु पटंतरा तितु दीबाणि गइआह ॥४॥

राति कारणि धनु संचीऐ भलके चलणु होइ ॥
नानक नालि न चलई फिरि पछुतावा होइ ॥५॥

जिन्ही चलणु जाणिआ से किउ करहि विथार ॥
चलण सार न जाणनी काज सवारणहार ॥६॥

माझ की वार

सलोक

अठी पहरी अठ खंड नावा खंडु सरीरु ॥
तिसु विचि नउ निधि नामु इकु भालहि गुणी गहीरु ॥
करमवती सालाहिआ नानक करि गुरु पीरु ॥
चउथै पहरि सबाह कै सुरतिआ उपजै चाउ ॥

---

४ जो परमात्मा से डरते हैं, उन्हें दूसरों से कोई डर नहीं। जो उससे नहीं डरते, उन्हें (पग-पग पर) बहुत डर है।
नानक, परमात्मा के न्यायालय में दोनों को सामने खड़ा होना होगा।

५ राति कारणि=रात के लिए। संचीए=जोड़ता है, जमा करता है। भलके=सबेरे। नालि=साथ में।

६ जो यह जानते हैं कि एक-न-एक दिन यहाँ से जाना ही है, वे प्रपञ्च में क्यों पड़ेंगे?
अरे! वे अपने जाने की बात नहीं सोचते, बल्कि (अनन्त) दुनिया के काम-काज सँभालने में लगे रहते हैं।

१ आठ पहरों में मनुष्य दमन करके इन आठों को अपने वश में रखे, पाँचों भयंकर पापों अथवा पाँचों इन्द्रियों, और तीनों गुणों को और नवें अपने शरीर को।
एक प्रभु के नाम में नौ निधियाँ भरी पड़ी हैं, जिन्हें खोज में बड़े-बड़े धर्मात्मा रहते हैं।

तिना दरीआवा सिउ दोसती मनि मुखि सच्चा नाउ ॥
ओथै अंमृतु वंडीऐ करमी होइ पसाउ ॥
कंचन काइआ कसीऐ वन्नी चड़ै चड़ाउ ॥
जे होवै नदरी सराफ की बहुड़ि न पाई ताउ ॥
सत्ती पहरी सतु भला बहीऐ पड़िआ पासि ॥
ओथै पापु पुंनु वीचारीऐ कूड़ै घटै रासि ॥
ओथै खोटै सट्टीअहि खरे खीचहि सावासि ॥
बोलणु फादलु नानक दुख सुखु खसमै पासि ॥१॥

नानक, भाग्यवानों ने अपने गुरुओं और पीरों के दिखाये मार्ग से उस प्रभु की स्तुति की है।

सवेरे चौथे पहर जो उसका स्मरण करते हैं उन्हें अत्यन्त आनन्द होता है;

उन नदी-नालों से वे प्रेम करते हैं, (जिनमें कि वे नहाते हैं।) और सत्यनाम उनके हृदय में, और उनके मुख में होता है।

वहाँ अमृत बाँटा जाता है, और कर्मों के अनुसार उसकी कृपा भी।

कसी जाने पर काया कंचन-सी हो जाती है, उसपर खरा रंग चढ़ जाता है।

सराफ की नज़र में चढ़ जाने पर उसे फिर से ताव पर चढाने की जरूरत नहीं रहती।

बाकी के सातों पहरों में अच्छा होगा कि मनुष्य सदा सत्य बोले और ज्ञानीजनों की संगति में बैठे।

वहाँ बुरे और भले कर्मों का विचार होता है, और असत्य की पूँजी घटती है;

वहाँ खोटों को रद कर दिया जाता है, और सच्चों को शाबाशी दी जाती है।

नानक, अपना दुःख और सुख कहना व्यर्थ है स्वामी से, क्योंकि वह सब-कुछ जानता है।

सोरठ की वार

नकि नथ खसम हथ किरतु धक्के दे ॥
जहां दाणे तहां खाणे नानक सचु हे ॥१॥

सिरी राग की वार

जिसु पिआरे सिउ नेहु तिसु आगै मरि चलिऐ।
ध्रिगु जीवण संसार ताकै पाछै जीवणा ॥१॥

जो सिरु साईं ना निवै सो सिरु दीजै डारि ॥
नानक जिसु पिंजर महि बिरह नहीं, सो पिंजर लै जारि ॥२॥

---

१ नकेल मालिक के हाथ में है; मनुष्य अपने कर्मों के धक्के से चलता है।
नानक, यह सच है कि जहाँ वह देता है वहाँ मनुष्य खाता है।

१ जिस प्रीतम से तू प्रेम करता है, उसके रहते ही मरजा; उसके पीछे इस संसार में जीना धिक्कार है।

२ काटकर फेकदे उस सिर को, जो प्रभु के आगे नहीं झुकता। नानक, जिस शरीर में विरह की वेदना नहीं, उसे लेकर तू जला दे।

गुरु अमरदास

चोला-परिचय

जन्म संवत्—१५३६ वि०, वैशाख शु० १४

जन्म-स्थान—वसरका गाँव, (अमृतसर के पास)

पिता—तेजभान

माता—बखतकौर

जाति—खत्री (भल्ला)

भेष—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१६३१ वि०, भादों पूर्णिमा

तेजभान भल्ला के चार पुत्र थे ; अमरदास उनमें सबसे बड़े थे।

अमरदास का विवाह, २४ वर्ष की उम्र में, मनसा देवी के साथ हुआ। इनको मोहरी और मोहन नाम के दो पुत्र हुए, और दानी और भानी नाम की दो पुत्रियाँ।

अमरदास एक पक्के वैष्णव धर्मानुयायी थे। हर एकादशी को व्रत रखते, और नित्यप्रति शालिग्राम की पूजा किया करते थे।

किन्तु इनका कोई गुरु नहीं था, और किसी ऐसे-वैसे को यह गुरु बनाना नहीं चाहते थे। बिना पूरे गुरु के हरि की बाट बताये तो कौन ? सो सद्गुरु की खोज में यह व्याकुल रहने लगे।

एक दिन बड़े सवेरे इसी सोच-विचार में पड़े थे कि अपने छोटे भाई के घर से गुरु नानकदेव के एक पद की कुछ कड़ियाँ एक मधुर कंठ से निकलती हुई इन्होंने सुनीं। गुरु अंगद की पुत्री बीबी अमरो, जिनका व्याह कुछ ही दिन पहले अमरदास के एक भतीजे के साथ हुआ था, उस पद को मारू राग में गा रही थीं। कड़ियाँ वे इस पद की थीं—

"करणी कागदु मनु मसवाणी बुरा भला दुइ लेख पए।
जिउ जिउ किरतु चलाए तिउ चलीऐ तउ गुण नाहीं अंतु हरे॥
चित चेतसि की नही बावरिआ। हरि बिसरत तेरे गुण गलिआ॥"

इस शब्द-बाण से अमरदास बिंध गये। अंतर के पट उनके खुल गये। बीबी अमरो से उन्होंने इस आश्चर्यकर पद को बारम्बार दोहराने के लिए अनुरोध किया, और सुनकर बहुत आनन्दित हुए। उन्हें अब गुरु के निकट पहुँचने की वह विकट बाट सहज ही हाथ लग गई। बीबी अमरो ने गुरु अंगद की शरण में उन्हें पहुँचा दिया। गुरु की सेवा-बंदगी में वे अब मौज से रहने लगे।

गुरु अंगद की आज्ञा से अमरदास गोइन्दवाल नगर में जाकर बैठ गये। गोविन्द नाम के एक मुकदमे में फँसे हुए व्यक्ति ने गुरु अंगद के आगे यह संकल्प किया था कि यदि वह मुकदमे को जीत गया तो एक नगर बसायेगा। भाग्य से वह मुकदमा जीत गया, और उसने ब्यास नदी के तट पर उक्त नगर को बसाया। अमरदास ने उस नये नगर का नाम गोइन्दवाल रखा। अमरदास रात को रोज गोइन्दवाल में रहा करते, और दिन में खडूर आ जाया करते थे। पीछे बसरका छोड़कर स्थायी रूप से गोइन्दवाल में जाकर बस गये।

गोइन्दवाल में अमरदास की दिन चर्या यह रहा करती थी। काफी वृद्ध थे, फिर भी खूब सबेरे उठते, और गुरु के स्नान के लिए ब्यास नदी का जल लेकर नित्यप्रति खडूर आया करते थे। गोइन्दवाल और खडूर के रास्ते में 'जपुजी' का पाठ करते जाते जो प्रायः आधे मार्ग में ही समाप्त हो जाता था। खडूर में आकर 'आसा की वार' सुनते रसोई के बर्तन साफ करते, पानी भरते और जंगल से लकड़ी भी लाकर देते थे। और साँझ को 'सोदर' सुनते, और गुरु के पैर दबाकर और उन्हें सुलाकर गोइन्दवाल जाकर सोते थे। ऐसी ज्वलन्त गुरुभक्ति थी अमरदास की। यही कारण था कि गुरु अंगद ने इन्हें अपनी गद्दी का सच्चा अधिकारी माना।

गुरु अमरदास की अनूठी साधुता और ऊँची रहनी की अनेक सुन्दर कथाएँ प्रसिद्ध हैं। सबको इन्होंने खूब चेताया, और सैकड़ों साधकों को परमात्मा के नाम और भक्ति का ऊँचा उपदेश दिया। इनके उपदेश प्रायः इस प्रकार के हुआ करते थे—

"तुम एक प्रभु का ही नाम सदा सुमरो, हमेशा नम्र रहो और अहंकार को त्यागदो ; दान-पुण्य और सारे जप-तप को यह अहंकार अग्नि की तरह जलाकर भस्म करदेता है।

"यह संसार स्वप्न अथवा छाया की तरह है। पुत्र, कलत्र और धन-संपदा सब अनित्य हैं। सपने में रंक हो जाता है राजा, और राजा हो जाता है रंक, पर जागने पर वह वस्तुतः जो होता है वही रहता है। फिर मनुष्य किसके लिए तो आनन्द मनाये, और किसका करे शोक ?

"हमेशा तुम दूसरों का भला करते रहो। यह तीन प्रकार से किया जा सकता है : अच्छी सलाह देकर, सामने अच्छा उदाहरण, और हृदय में सदा लोक-कल्याण की कामना रखकर।

"नम्रता और क्षमाशीलता का अभ्यास करो। किसीके भी प्रति अपने मन में द्वेष-भावना न आनेदो। यदि कोई तुम्हें कटु या अनादरसूचक शब्द कह जाये, तो उसपर नाराज़ न होओ, बल्कि उसके साथ नम्रता का व्यवहार करो।

"साधुजनों की सेवा करो ; भूखे को भोजन और नंगे को वस्त्र दो। बड़े सवेरे उठकर जपुजी का पाठ करो। अपना कुछ समय जरूर परमात्मा की सेवा-बंदगी में खर्च करो। किसीका भी मन न दुखाओ। नम्र बनो, और अहंकार छोड़दो। और केवल उस सिरजनहार को ही अपना मालिक मानो।"

गुरु अमरदास की ऊँची साधुता और सहनशीलता इस एक घटना से प्रकट होती है। दातू ने अपने पिता गुरु अंगद के खडूरवाले स्थान को खाली पाकर उसपर अपना अधिकार जमा लिया। उसने कहा कि, बुड्ढा अमरू गुरुगद्दी पर कैसे बैठ सकता है, वह तो हमारे घर का एक नौकर था। वह गोइन्दवाल भी पहुँचा, और गुरु अमरदास को गालियाँ देते हुए ठोकर मारकर नीचे गिरा दिया। पर उन्होंने उठकर दातू के पैर पकड़ लिये, और हाथ जोड़कर कहा, 'महाराज, आपके चरणों में चोट तो नहीं लगी ? कृपाकर मुझे क्षमा कर दीजिए।' गोइन्दवाल की यह घटना क्या भृगु और विष्णु की सुप्रसिद्ध कथा की पुनरावृत्ति नहीं थी ?

बादशाह अकबर भी गुरु अमरदास का दर्शन करने एक बार गोइन्दवाल गया था, और लंगर में सबके साथ बैठकर उसने भोजन भी किया था।

गुरु अमरदास ने सिक्ख-धर्म के प्रचार के लिए २२ मंजे अर्थात् केन्द्र खोले थे।

अपने दामाद शिष्य जेठा को, जो इनकी सेवा-बंदगी में आठों पहर रहा करते थे, वरदान के रूप में अपनी गद्दी देकर संवत् १६३१ के भादों की पूर्णिमा के दिन वाह गुरु और सतनाम का उच्चारण करते हुए गुरु अमरदास ने शरीर छोड़ा। जेठा चतुर्थ गुरु रामदास के नाम से प्रसिद्ध हुए। यहाँ से अब गुरु गोविन्दसिंहतक क्रमशः जो सात गुरु हुए उनकी परंपरा गुरु अमरदास की पुत्री बीबी भानी और उनके पति जेठा के वंश से चली।

गुरु अमरदास की मृत्यु का वर्णन इनके पौत्र आनन्द के पुत्र सुन्दरदास ने पाँचवें गुरु अर्जुनदेव के अनुरोध पर लिखा था। इस रचना का नाम 'सद्दु' है और यह रामकली राग में गाई जाती है।

बानी-परिचय

गुरु ग्रन्थ साहिब में महला ३ के अंतर्गत जितनी भी रचनाएँ हैं वे सब गुरु अमरदास की रची हैं। 'आनन्दु' इनकी सबसे प्रख्यात और सुन्दर रचना है। 'आनन्दु' को उन्होंने अपने एक पौत्र के जन्म पर रचा था, और उस पौत्र का नाम भी 'आनन्दु' रखा था। 'आनन्दु' को आज भी सिक्ख संप्रदाय आनन्द-उत्सवों पर गाया करता है। यह है भी बड़ी आनन्द-प्रदायिनी रचना।

गुरु अमरदास के भक्ति-रसपूर्ण पद भी सैकड़ों हैं और 'वारें' भी इनकी कई रागों में हैं। बानी इनकी सरस और ऊँचे ठाट की है, भाषा तथा भाव दोनों ही दृष्टियों से।

आधार

१ गुरु ग्रन्थ साहिब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन—(भाग ३) मैकालीफ

आनंदु

राग रामकली

अनंदु भइआ मेरी माए सतिगुरु मैं पाइआ ॥
सतिगुरु त पाइआ सहज सेती मनि वजीआ वधाईआ ॥
राग रतन परवार परीआ सबद गावण आईआ ॥
सबदो त गावहु हरी केरा मनि जिनी वसाईआ ॥
कहै नानकु अनंदु होआ सतिगुरु मैं पाइआ ॥१॥

ए मन मेरिआ तू सदा रहु हरि नाले ॥
हरि नालि रहु तू मंन मेरे दूख सभि विसारणा ॥
अंगीकारु ओहु करे तेरा कारज सभि सवारणा ॥
सभना गला समरथु सुआमी सो किउ मनहु विसारे ॥
कहै नानकु मंन मेरे सदा रहु हरि नाले ॥२॥

साचे साहिब किआ नाही घरि तेरै ॥
घरी त तेरै सभु किछु है जिसु देहि सु पावए ॥

---

१ सहज सेती=सहज ही, आसानी से । मनि=मन में, हृदय में । राग रतन····· आईआ=उत्तम राग और स्वर्ग की अप्सराएँ गुण-गान करने के लिए आई हैं । सबदो=स्तुति, गुण । केरा=का (पूर्वी हिन्दी का प्रयोग । मनि जिनी वसाईआ=हृदय में परमात्मा को बसा लिया है ।

२ मेरिआ=मेरे । नाले=पास । सवारणा=सँवार लेगा, सुधार देगा । सभना गला समरथु सुआमी=वह प्रभु सब वस्तुओं में व्यापक तथा शक्तिमान् हैं ।

सदा सिफति सलाह तेरी नामु मनि वसावए ॥
नामु जिनकै मनि वसिआ वाजे सबद घनेरे ॥
कहै नानकु सचे साहिब किआ नाही घरि तेरै ॥३॥

साचा नामु मेरा आधारो ॥
साचु नामु अधारु मेरा जिनि भुखा सभि गवाईआ ॥
करि सांति सुख मनि आइ वसिआ जिनि इछा सभि पुजाईआ ॥
सदा कुरबाणु कीता गुरू विटहु जिस दीआ एहि वडिआईआ ॥
कहै नानकु सुणहु संतहु सबदि धरहु पिआरो ॥
साचा नामु मेरा आधारो ॥४॥

वाजे पंच सबद तितु घरि सभागै ॥
घरि सभागै सबद वाजे कला जितु घरि धारीआ ॥
पंचदूत तुधु वसि कीते कालु कंटकु मारीआ ॥
धुरि करमि पाइआ तुधु जिन कउ सि नामि हरिकै लागे ॥
कहै नानकु तह सुख होआ तितु घरि अनहद वाजे ॥५॥

---

३ किआ'' तेरै = तेरे घर में क्या नहीं है? घरि = घर में। जिनु = जिसे। सदा सिफति सलाह तेरी = वह सदा तेरे गुणों की सराहना करेगा। वाजे सबद घनेरे = अनेक आनन्द-बधाई बजेगी।

४ आधारो = अवलम्ब। भुखा सभि गवाईआ = मेरी सारी भूख को तृप्त या शान्त करता है। पुजाईआ = पूरा करता है। कीता = किया है।

५ तितु घरि सभागै = उस भाग्यवान या सुखी घर में; आशय, उस ज्ञानमय अन्तःकरण में वह परमात्मा निवास करता है। कला = शक्ति, तेज। पंचदूत तुधु वसि कीते = पाँचों इन्द्रियों के विषयों को अथवा काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को वश में कर लिए। धुरि करमि पाइआ तुधु जिन कउ = जिनपर तूने आदि से ही कृपा की। अनहद = अनाहत शब्द, जिसे योगी निर्विकल्प समाधि की शून्यावस्था में सुना करता है।

साची लिवै विनु देह निमाणी ॥
देह निमाणी लिवै बाझहु किआ करे वेचारिआ ॥
तुधु बाझु समरथ कोइ नाही क्रपा करि वनिवारिआ ॥
एस नउ होरु थाउ नाही सबदि लागि सवारिआ ॥
कहै नानकु लिवै बाझहु किआ करे वेचारिआ ॥६॥

आनंदु आनंदु सभु को कहै आनंदु गुर ते जाणिआ ॥
जाणिआ आनंदु सदा गुर ते क्रपा करे पिआरिआ ॥
करि किरपा किलविख कटे गिआन अंजनु सारिआ ॥
अंदरहु जिनका मोहु तुटा तिनका सबदु सचै सवारिआ ॥
कहै नानकु एहु आनंदु है आनदु गुर ते जाणिआ ॥७॥

बाबा जिसु तू देहि सोई जनु पावै ॥
पावै त सो जनु देहि जिसनो होरि किआ करहि वेचारिआ ॥

---

६ साची··· निमाणी=सच्चे प्रेम के बिना मनुष्य की देह का कोई आदर नहीं : कौडी मोल की भी नहीं। लिवै-बाझहु=बिना प्रेम के। बाझु=बिना, सिवाय। वेचारिआ=वेचारा, अभागा। वनिवारिआ=वनमाली ; विष्णु का एक नाम। एस ··· सवारिआ=उस शब्द के सिवाय दूसरा कोई शरण का स्थान नहीं : उस शब्द मे अनुरक्त होकर ही मनुष्य शोभा पाता है।

७ पिआरिआ=प्रिय : यह विशेषण गुरु तथा क्रपा दोनों के साथ प्रयुक्त हो सकता है। किलविख=किल्विष, पाप। सारिआ=लगाया। तुटा=दूर हो गया। अंदरहु······सवारिआ=सत्यरूप परमात्मा ने उनको अपने शब्द से सजाकर शोभित किया है, जिन्होंने हृदय से मोह को, अर्थात् संसार के प्रति आसक्ति को निकाल बाहर कर दिया है।

८ बाबा=हे पिता। होरि=और। इकि नामि लागि सवारिआ=(और) दूसरे तेरे नाम मे प्रीति जोडकर शोभा पा रहे हैं। गुरपरसादी=गुरु

इकि भरमि भूले फिरहि दह दिसि इकि नामि लागि सवारिआ ॥
गुरपरसादी मनु भइआ निरमलु जिना भाणा भावए ॥
कहै नानकु जिसु देहि पिआरे सोई जनु पावए ॥८॥

आवहु संत पिआरिहो अकथ की करह कहाणी ॥
करह कहाणी अकथ केरी कितु दुआरै पाईऐ ॥
तनु मनु धनु सभु सउपि गुर कउ हुकमि मंनिऐ पाईऐ ॥
हुकमु मंनिहु गुरू केरा गावहु सची बाणी ॥
कहै नानकु सुणहु संतहु कथिहु अकथ कहाणी ॥९॥

ए मन चंचला चतुराई किनै न पाइआ ॥
चतुराई न पाइआ किनै तू सुणि मन मेरिआ ॥
एह माइआ मोहणी जिनि एतु भरमि भुलाइआ ॥
माइआ त मोहणी तिनै कीती जिनि ठगउली पाइआ ॥
कुरबाणु कीता तिसै विटहु जिनि मोहु मीठा लाइआ ॥
कहै नानकु मन चंचल चतुराई किनै न पाइआ ॥१०॥

की कृपा से। जिना भाणा भावए=जिन्होंने अपने को परमात्मा की इच्छा के अनुकूल अथवा कृपा के योग्य बना लिया है। जिसु देहि=जिसे तू (आनन्द) प्रदान करता है।

९ करह कहाणी=कथा हम करें अर्थात् कहें। कितु दुआरै पाईऐ=किसके द्वारा प्राप्त पावें, अथवा, किसके द्वारा उसे हम प्राप्त कर सकेंगे। सउपि=सौंपकर। हुकमि मंनिऐ पाईऐ=उनकी आज्ञा पर चलकर प्राप्त कर सकें।

१० चतुराई किनै न पाइआ=परमात्मा को किसीने चालाकी करके नहीं पाया। माइआ=माया। तिनै कीती=उनने अर्थात् परमात्मा ने रचा। जिनि ठगउली पाइआ=जिसने यह इन्द्रजाल फैलाया। कुरबाणु .. लाइआ=मैंने उस परमात्मा पर अपने को निछावर कर दिया है, जिसने

ए मन पिआरिआ तू सदा सचु समाले ॥
एहु कुटंबु तू जि देखदा चलै नाही तेरै नाले ॥
साथि तेरै चलै नाही तिसु नालि किउ चितु लाईऐ ॥
ऐसा कंमु मूले न कीचै जितु अंति पछोताईऐ ॥
सतिगुरु का उपदेसु सुणि तू होवै तेरै नाले ॥
कहै नानकु मन पिआरे तू सदा सचु समाले ॥११॥

अगम अगोचर तेरा अंतु न पाइआ ॥
अंतो न पाइआ किनै तेरा आपणा आपु तू जाणहे ॥
जीअ जंतु सभि खेलु तेरा किआ को आखि वखाणए ॥
आखहि त वेखहि सभु तू है जिनि जगतु उपाइआ ॥
कहै नानकु तू सदा अगमु है तेरा अंतु न पाइआ ॥१२॥

सुरि नर मुनि जन अंमृतु खोजदे सु अंमृतु गुर ते पाइआ ॥
पाइआ अंमृतु गुरि कृपा कीनी सचा मनि वसाइआ ॥

कि मरणशील प्राणियों के लिए सांसारिक मोह को इतना आकर्षक बना रखा है।

११ पिआरिआ=प्यारे। सचु समाले=याद रख सत्यरूप परमात्मा को। जि=जिसको। नाले=(अंतकाल में) साथ। तितु लाईऐ=तो उस कुटुंब में क्यों अपना मन लगाता है? ऐसा.. .. पछोताईऐ=कभी ऐसा न कर जिसे लेकर बाद को तुझे पछताना पडे। होवै तेरै नाले=वही (अंत में) तेरे साथ जायेगा।

१२ आपणा आपु तू जाणहे=तू आप ही अपने आपको जानता है। खेलु=लीला। को आखि वखाणए=कौन किन शब्दों से वर्णन कर सकता है? आखहि=कहता है। वेखहि=देखता है। उपाइआ=पैदा किया।

१३ खोजदे=खोजते हैं। सचा मनि वसाइआ=सत्य (-रूप परमात्मा)

जीअ जंत सभि तुधु उपाए इकि वेखि परसणि आइआ ॥
लबु लोभु अहंकार चूका सतिगुरु भला भाइआ ॥
कहै नानकु जिसनो आपि तुठा तिनि अंमृतु गुर ते पाइआ ॥१३॥

भगता की चाल निराली ॥
चाल निराली भगताह केरी बिखम मारगि चालणा ॥
लबु लोभु अहंकारु तजि तृसना बहुतु नाही बोलणा ॥
खंनिअहु तिखी वालहु निकी एतु मारगि जाणा ॥
गुरपरसादी जिन्ही आपु तजिआ हरि वासना समाणी ॥
कहै नानकु चाल भगता जुगहु जुगु निराली ॥१४॥

जिउ तू चलाइहि तिव चलह सुआमी होरु किआ जाणा गुण तेरे ॥
जिव तू चलाइहि तिवै चलह जिना मारगि पावहे ॥
करि किरपा जिन नामि लाइहि सि हरि हरि सदा धिआवहे ॥
जिसनो कथा सुणाइहि आपणी सि गुरदुआरै सुखु पावहे ॥
कहै नानकु सचे साहिब जिउ भावै तिवै चलावहे ॥१५॥

को हृदय में बसा देता है। तुधु उपाए=तूने उत्पन्न किये। इकि वेखि परसणि आइआ=तुझ एक परमात्मा को देखकर मैं तेरे चरणों को छूने आया हूँ। लबु=लालसा। लबु भाइआ=सतगुरु जिनपर अच्छी तरह प्रसन्न हो गये, उनके मन में फिर लालसा, लोभ और अहंकार ये दुर्गुण नहीं रहते। आपि तुठा=परमात्मा स्वयं प्रसन्न हो गया।

१४ बिखम=विषम, कठिन, टेढ़ा। खनिअहु... जाणा=वे ऐसे मार्ग पर चलते हैं, जो खांडे (तलवार) से अधिक पैना और बाल से भी अधिक बारीक होता है। आपु तजिआ=अपने अहंकार का त्याग कर दिया है। हरि वासना समाणी=जिनकी इच्छाएँ परमात्मा में केन्द्रित हो गई हैं।

१५ होरु ... तेरे=और अधिक तेरे गुणों को हम क्या जान सकते हैं? तिवै=त्यों, वैसेही। मारगि=सही रास्ता। नामि लाइहि=नाम-(स्मरण) में लगा देता है। सि=वह। गुरदुआरै=गुरु के द्वारा।

एहु सोहिला सबदु सुहावा ॥
सबदो सुहावा सदा सोहिला सतिगुरु सुणाइआ ॥
एहु तिनकै मंनि वसिआ जिन धुरहु लिखिआ आइआ ॥
इकि फिरहि घनेरे गला गलीं किनै न पाइआ ॥
कहै नानकु सबदु सोहिला सतिगुरु सुणाइआ ॥१६॥

पवितु होए से जना जिनी हरि धिआइआ ॥
हरि धिआइआ पवितु होए गुरमुखि जिन्हीं धिआइआ ॥
पवितु माता पिता कुटंब सहित सिउ पवितु संगति सबाइआ ॥
कहदे पवितु सुणदे पवितु से पवितु जिनी मंनि वसाइआ ॥
कहै नानकु से पवितु जिनी गुरमुखि हरि हरि धिआइआ ॥१७॥

करमी सहजु न ऊपजै विणु सहजै सहसा न जाइ ॥
नह जाइ सहसा कितै संजमि रहे करम कमाए ॥
सहसै जीउ मलीणु है कितु संजमि धोता जाए ॥
मंनु धोवहु सबदि लागहु हरि सिउ रहहु चितु लाइ ॥
कहै नानकु गुरपरसादी सहजु उपजै इहु सहसा इव जाइ ॥१८॥

सुखु=ब्रह्मानन्द। जिउ भावै=जैसा चाहे।

१६ सोहिला=आनंद का गीत। धुरहु लिखिआ आइआ=आदि से ही भाग्य में लिखकर जो आये हैं। गला गलीं किनै न पाइआ=बकवाद से किसीने भी उस शब्द को प्राप्त नहीं किया।

१७ पवितु=पवित्र। से जना=वे लोग। जिनी=जिन्होंने। संगति=संगी-साथी। कहदे=(हरिनाम को) कहते या जपते हैं। सुणदे=(हरि-नाम को) सुनते हैं।

१८ करमी=कर्मकांड से। सहज=आत्मज्ञान। सहसा=संशय। कितै...कमाए=कितने ही साधनों और कितनी ही क्रियाओं ने। सहसै-जीउ मलीणु है=संशय से मन मैला हो गया है। कितु संजमि धोता

जीअहु मैले बाहरहु निरमल ॥
बाहरहु निरमल जीअहु त मैले तिनी जनमु जूऐ हारिआ ॥
एह तिसना वडा रोगु लगा मरणु मनहु विसारिआ ॥
वेदा महि नामु उतमु सो सुणहि नाही फिरहि जिउ बेतालिआ ॥
कहै नानकु जिन सचु तजिआ कूड़े लागे तिनी जनमु जूऐ हारिआ ॥१९॥

जीअहु निरमल बाहरहु निरमल ॥
बाहरहु त निरमल जीअहु निरमल सतिगुर ते करणी कमाणी ॥
कूड़ की सोइ पहुचै नाही मनसा सचि समाणी ॥
जनमु रतनु जिनी खटिआ भले से वणजारे ॥
कहै नानकु जिन मंनु निरमलु सदा रहहि गुर नाले ॥२०॥

जे को सिखु गुर सेती सनमुखु होवै ॥
होवै त सनमुखु सिखु कोई जीअहु रहै गुर नाले ॥
गुर के चरन हिरदै धिआए अंतर आतमै समाले ॥

जाए=किस साधन से वह निर्मल होगा। हरि सिउ लाइ=परमात्मा पर अपना ध्यान लगाते रहो।

१९ जीअहु=हृदय में, अंदर। निरमल=स्वच्छ। मरणु मनहु विसारिआ=मृत्यु (-भय) भुला बैठे। उतमु=उत्तम। फिरहि जिउ बेतालिआ=प्रेत की तरह घूमता फिरता है। कूड़े लागे...असत्य को पकड़ बैठे।

२० सतिगुर ते करणी कमाणी=सतगुरु के बताये मार्ग पर चलकर वे सत्कर्म करते हैं। कूड़ की समाणी=झूठ की गंध भी उनके पास नहीं पहुँचती; उनकी इच्छाओं का लक्ष्य सत्य हो जाता है। खटिआ=कमा-लिया। भले वणजारे=समृद्ध व्यापारी।

२१ सिखु=शिष्य। गुर ... होवै=गुरु की ओर हुए अर्थात शरण में जाये। जीअहु नालै=उसका हृदय गुरु के साथ रहेगा। नाहु

आपु छडि सदा रहै परणै गुर बिनु अवरु न जाणै कोए ॥
कहै नानकु सुणहु संतहु सो सिखु सनमुखु होए ॥२१॥

जे को गुर ते वेमुखु होवै बिनु सतिगुर मुकति न पाए ॥
पावै मुकति न होर थै कोई पूछहु बिबेकीआ जाए ॥
अनेक जूनी भरमि आवै विणु सतिगुर मुकति न पाए ॥
फिरि मुकति पाए लागि चरणी सतिगुरू सबदु सुणाए ॥
कहै नानकु वीचारि देखहु विणु सतिगुर मुकति न पाए ॥२२॥

आवहु सिख सतिगुरू के पिआरिहो गावहु सची बाणी ॥
बाणी त गावहु गुरू केरी बाणीआ सिरि बाणी ॥
जिन कउ नदरि करमु होवै हिरदै तिना समाणी ॥
पीवहु अंमृतु सदा रहहु हरि रंगि जपिहु सारिगपाणी ॥
कहै नानकु सदा गावहु एह सची बाणी ॥२३॥

सतिगुरू बिना होर कची है बाणी ॥
बाणी त कची सतिगुरू बाझहु होर कची बाणी ॥
कहदे कचे सुणदे कचे कचीं आखि वखाणी ॥
हरि हरि नित करहि रसना कहिआ कछू न जाणी ॥

छडि=अहंकार को छोडकर। रहै परणै=मार्ग दर्शन में रहेगा।
२२ वेमुख=विमुख। होरथै=किसी और से। बिबेकीआ=ज्ञानियों से।
जूनी=योनि। विणु=बिना। फिर=(किन्तु) अन्त में।
२३ सची बाणी=वह वाणी, जिसे प्रभु का साक्षात्कार करनेवाले संतो ने रचा है। बाणीआ सिर बाणी=सब वाणियों में ऊँची वाणी। जिन... होवै=जिनपर परमात्मा की कृपा-दृष्टि हो। हरिरंगि=परमात्मा के प्रेम में। सारिगपाणी=धनुष हाथ में लेनेवाले, राम का एक नाम।
२४ कची=झूठी। बाझहु=बिना। कहदे ...वखाणी=उस वाणी के जपनेवाले झूठे, सुननेवाले झूठे और उसके रचनेवाले भी झूठे।

चितु जिनका हिरि लइआ माइआ बोलनि पए रवाणी ॥
कहै नानकु सतिगुरु बाझहु होर कची बाणी ॥२४॥

गुर का सबदु रतनु है हीरे जितु जड़ाउ ॥
सबदु रतनु जितु मनु लागा एहु होआ समाउ ॥
सबद सेती मनु मिलिआ सचै लाइआ भाउ ॥
आपे हीरा रतनु आपे जिसनो देइ बुझाइ ॥
कहै नानकु सबदु रतनु है हीरा जितु जड़ाउ ॥२५॥

सिव सकति आपि उपाइकै करता आपे हुकमु वरताए ॥
हुकमु वरताए आपि वेखै गुरमुखि किसै बुझाए ॥
तोड़े बंधन होवै मुकतु सबदु मनि वसाए ॥
गुरमुखि जिसनो आपि करे सु होवै एकस सिउ लिव लाए ॥
कहै नानकु आपि करता आपे हुकमु बुझाए ॥२६॥

कहिआ ' जाणी=क्या जपते हैं उसके सच्चे मर्म पर ध्यान नहीं देते। हिरि लइआ=हर लिया, मोहित कर लिया। बोलनि पए रवाणी=यंत्रवत् रटते रहते हैं।

२५ एहु होआ समाउ=वह परमात्मा में लीन हो जायेगा। सचै लाइआ भाउ=सत्यरूप परमात्मा की भक्ति करता है। आपे=वह (परमात्मा) स्वयं ही। जिसनो देइ बुझाइ=जिसे उसके सच्चे मोल का ज्ञान करा देता है।

२६ सिव सकति=दिव्य शक्ति, योगमाया। आपि उपाइकै=स्वयं (जगत् को) उत्पन्न करके। आपि वेखै=स्वयं देखता है। गुरमुखि किसै बुझाए=वह (परमात्मा) किसी किसी पवित्रात्मा को (इस रहस्य को) समझने की शक्ति देता है। गुरमुखि लिव लाए=जिसे वह पवित्रात्मा करना चाहता है वह वैसा हो जायेगा, और एक परमात्मा में ही लवलीन हो जायेगा।

सिमृति सासत्र पुन्न पाप बीचारदे ततै सार न जाणी ॥
ततै सार न जाणी गुरु बाझहु ततै सार न जाणी ॥
तिही गुणी संसारु भ्रमि सुता सुतिआ रैणि विहाणी ॥
गुर किरपा ते से जन जागे जिना हरि मनि वसिआ बोलहि अंमृत बाणी ॥
कहै नानकु सो ततु पाए जिसनो अनदिनु हरि लिव लावै जागत
रैणि विहाणी ॥२७॥

माता के उदर महि प्रतिपाल सो किउ मनहु विसारीऐ ॥
मनहु किउ विसारीऐ एवडु दाता जि अगनि महि आहारु पहुचावए ॥
ओसनो किहु पोहि न सकी जिस नउ आपणी लिव लावए ॥
आपणी लिव आपे लाए गुरमुखि सदा समालीऐ ॥
कहै नानकु एवडु दाता सो किउ मनहु विसारीऐ ॥२८॥

जैसी अगनि उदर महि तैसी बाहरि माइआ ॥
माइआ अगनि सभ इको जेही करतै खेलु रचाइआ ॥

---

२७ सिमृति···जाणी=स्मृतियाँ और शास्त्र पुण्य और पाप का निरूपण करते हैं, पर वे परमतत्त्व (परमात्मा) के रहस्य को नहीं जानते। गुरु बाझहु=बिना गुरु के। तिही···विहाणी=यह संसार इन्हीं बातों (माया-मोह के भ्रम) में भूलकर सोते-सोते रात (जीवन) बिता देता है। से=वे। मनि=मन में। अनदिनु=रात-दिन।

२८ किउ=क्यों; एवडु=इतना महान्। जि···पहुचाए=जिसने अग्नि (गर्भ से आशय है) के बीच में भोजन पहुँचाया। ओसनो···लाइए=उसे कोई प्रभावित नहीं कर सकता, जिसे परमात्मा अपने में तल्लीन कर लेता है। समालीए=याद रखता है।

२९ जैसी··· माइआ=जैसे गर्भ की अग्नि अंदर है, वैसे ही माया की अग्नि बाहर है। माइआ···इको=सबमें एक माया की ही अग्नि जल रही है;

जा तिसु भाणा ता जंमिआ परवारि भला भाइआ ॥
लिव छुड़की लगी त्रिसना माइआ अमरु वरताइआ ॥
एह माइआ जितु हरि विसरै मोहु उपजै भाउ दूजा लाइआ ॥
कहै नानकु गुरपरसादी जिना लिव लागी तिनी विचे माइआ पाइआ ॥२९॥

हरि आपि अमुलकु है मुलि न पाइआ जाइ ॥
मुलि न पाइआ जाइ किसै विटहु रहे लोक विललाइ ॥
ऐसा सतिगुरु जे मिलै तिसनो सिरु सउपीऐ विचहु आपु जाइ ॥
जिसदा जीउ तिसु मिलि रहै हरि वसै मनि आइ ॥
हरि आपि अमुलकु है भाग तिना के नानका जिन हरि पलै पाइ ॥३०॥

हरि रासि मेरी मनु वणजारा ॥
हरि रासि मेरी मनु वणजारा सतिगुर ते रासि जाणी ॥
हरि हरि नित जपिहु जीअहु लाहा खटिहु दिहाड़ी ॥

अथवा, माया की तथा गर्भ की अग्नि एक ही है। जा तिसु ... भाइआ= जब वह परमात्मा को प्रसन्न करता है, तब बच्चा जन्म लेता है, और परिवार को आनन्द होता है। लिव छुड़की=(गर्भ के अंदर परमात्मा के प्रति बच्चे की जो) लौ लगी हुई थी वह (बाहर आते ही) छूट गई। माइआ अमरु वरताइआ=माया ने अमल (राज) जमा लिया। भाउ दूजा लाइआ=दूसरी अर्थात् सांसारिक आसक्ति में फँस जाता है। गुर ... पाइआ=गुरु-कृपा से माया के बीच में भी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।

३० अमुलकु=अनमोल। मुलि ... जाइ=मोल नहीं ठहराया जा सकता। किसै ... विललाइ=यद्यपि लोग कितना ही यत्न करें, फिर पछताकर मर जायें। आपु जाइ=जिसकी कृपा से अहंकार नष्ट हो जावे। तिसनो सिरु सउपीऐ=उसे अपना सिर सौंप दे, अपने आपको उसके हवाले कर दे। जिसदा ... वसै आइ=जिस परमात्मा का यह जीव है उससे मिलने का यत्न कर, और वह तेरे हृदय में आ बसेगा।

एहु धनु तिना मिलिआ जिन हरि आपे भाणा ॥
कहै नानकु हरि रासि मेरी मनु होआ वणजारा ॥३१॥

ए रसना तू अनरसि राचि रही तेरी पिआस न जाइ ॥
पिआस न जाइ होरतु कितै जिचरु हरिरसु पलै न पाइ ॥
हरिरसु पाइ पलै पीऐ हरिरसु वहुड़ि न तृसना लागै आइ ॥
एहु हरिरसु करमी पाईऐ सतिगुरु मिलै जिसु आइ ॥
कहै नानकु होरि अनरस सभि वीसरे जा हरि वसै मन आइ ॥३२॥

ए सरीरा मेरिआ हरि तुम महि जोति रखी ता तू जग महि आइआ ॥
हरि जोति रखी तुधु विचि ता तू जग महि आइआ ॥
हरि आपे माता आपे पिता जिनि जीउ उपाइ जगतु दिखाइआ ॥
गुरपरसादीं बुझिआ ता चलतु होआ चलतु नदरी आइआ ॥
कहै नानकु सृसटिका मूलु रचिआ जोति राखी ता तू जगमहि
आइआ ॥३३॥

---

३१ रासि=पूँजी। मनु वणजारा=मन है व्यापारी। जीअहु=हे मेरे जीव। लाहा खटिहु दिहाडी=तूझे हररोज लाभ होगा।

३२ तू अनरसि राचि रही=तू दूसरे रसों (विषय-भोगों के स्वादों) में अनुरक्त या आसक्त हो रही है। पिआस न ......पाइ=तेरी प्यास किसी भी प्रकार से जाने की नहीं, जबतक कि तुझे हरि-रसायन हाथ नहीं लगी। तृसना=तृषा, प्यास। करमी=पूर्व के सत्कर्मों से। होरि अनरस=और दूसरे (विषय) रस।

३३ ए सरीरा.. आइआ=हे मेरे शरीर, परमात्माने तुझमें अपनी ज्योति भरदी, और तभी तू इस संसार में आया। उपाइ=पैदा करके, बनाकर। गुर......आइआ=गुरु कृपा से जिस मनुष्य ने सच्चा आत्मज्ञान प्राप्त कर लिया, उसके लिए यह संसार एक खेल है, या खेल जैसा मालूम देता है।

मनी चाउ भइआ प्रभ आगमु सुणिआ ॥
हरि मंगलु गाउ सखी गृहु मंदरु बणिआ ॥
हरि गाउ मंगलु नित सखीए सोगु दूखु न विआपए॥
गुरचरन लागे दिन सभागे आपणा पिरु जापए ॥
अनहत बाणी गुरसबदि जाणी हरिनामु हरिरसु भोगो ॥
कहै नानकु प्रभु आपि मिलिआ करण कारण जोगो ॥३४॥

ए सरीरा मेरिआ इसु जगमहि आइकै किआ तुधु करम कमाइआ ॥
कि करम कमाइआ तुधु सरीरा जा तू जग महि आइआ ॥
जिनि हरि तेरा रचनु रचिआ सो हरि मनि न वसाइआ ॥
गुरपरसादी हरि मनि वसिआ पूरबि लिखिआ पाइआ ॥
कहै नानकु एहु सरीरु परवाणु होआ जिनि सतिगुर सिउ चितु लाइआ ।३५॥

ए नेत्रहु मेरिहो हरि तुम महि जोति धरी हरि बिनु अवरु न देखहु कोई ॥
हरि बिनु अवरु न देखहु कोई नदरी हरि निहालिआ ॥
एहु विसु संसारु तुम देखदे एहु हरि का रूपु नदरी आइआ ॥

---

३४ मनि चाउ भइआ=मन में आनन्द हुआ। आगमु=आगमन। गृहु मंदरु वणिआ=यह घर महल बन गया है (उन प्रभु का स्वागत करने के लिए)। सोगु=शोक। सभागे=सौभाग्यमय। आपणा पिरु जापए=अपने प्रियतम का नाम (जिन दिनों) मैं जपूँ। सबदि=उपदेश से। करण कारण=करनेवाला और करानेवाला, कारण का भी कारण। जोगो=योग्य, समर्थ।

३५ किआ तुधु=क्या तूने। रचनु=रचना। परवाणु=प्रमाणस्वरूप, अंगीकार करनेयोग्य। सिउ=से। चितु लाइआ=मन को लगाया।

३६ मेरिहो=मेरे। जोति=प्रकाश। नदरी निहालिआ=कृपा दृष्टि से देखा। एहु ···आइआ=यह सारा संसार जिसे तू देखता है परमात्मा का प्रतिरूप है, परमात्मा का प्रतिबिम्ब इसमें दिखाई देता है। देखदे=देखते।

गुरपरसादी बूझिआ जा वेखा हरि इकु है हरि बिनु अवरु न कोई॥
कहै नानकु एहि नेत्र अंध से सतिगुरि मिलिऐ दिब द्रसटि होई ॥३६॥

ए स्रवणहु मेरि हो साचै सुनणै नो पठाए ॥
साचै सुनणै नो पठाए सरीरि लाए सुणहु सतिबाणी ॥
जितु सुणि मनु तनु हरिआ होआ रसना रसि समाणी ॥
सचु अलख विडाणी ताकी गति कही न जाए ॥
कहै नानकु अंमृत नामु सुणहु पवित्र होवहु साचै
सुनणै नो पठाए ॥३७॥

हरि जीउ गुफा अंदरि रखिकै वाजा पवणु वजाइआ ॥
वजाइआ वाजा पउण नउ दुआरे परगटु कीए दसवा गुपतु रखाइआ ॥
गुर दुआरै लाइ भावनी इकना दसवा दुआरु दिखाइआ ॥
तह अनेक रूप नाउ नवनिधि तिसदा अंतु न जाई पाइआ ॥
कहै नानकु हरि पिआरै जीउ गुफा अंदरि रखिकै वाजा पवणु
वजाइआ ॥३८॥⊙

समझा। सतिगुरु'''होई=सतगुरु मिलने से इन (अंधे के नेत्रों) को दिव्यदृष्टि मिल गई।

३७ साचै सुनणै नो पठाए=सत्य को सुनने के लिए तुम यहाँ भेजे गये थे। सरीरि लाए=शरीर से जोड़े गये थे। जितु=जिसको। हरिआ होआ=हरे या पल्लवित हो जाते हैं। रसना रसि समाणी=जिह्वा हरि-रस में लीन हो जाती है। विडाणी=आश्चर्यमय।

३८ गुफा=शरीर से आशय है। रखिकै=(जीव को शरीर के अंदर) रखकर। वाजा पवणु वजाइआ=साँस फूकदी, जैसे बाँसुरी को फूक से बजा दिया। दसवा=दसवाँ द्वार; ब्रह्म-रन्ध्र से आशय है। गुर दुआरै=गुरु के द्वारा। लाइ भावनी=श्रद्धा-भक्ति देकर।

⊙ "सूरज परकाश" (रास १, अध्याय ५८) में लिखा है कि गुरु अमरदास की रची ये ३८ ही पउड़ी हैं। ३९वीं पउड़ी गुरु रामदास की रची है, और ४०वीं पउडी गुरु अर्जुनदेव की।

एहु साचा सोहिला साचै घरि गावहु ॥
गावहु त सोहिला घरि साचै जिथै सदा सचु धिआवहे ॥
सचो धिआवहि जा तुधु भावहि गुरमुखि जिना बुझावहे ॥
इहु सचु सभना का खसमु है जिसु बखसे सो जनु पावहे ॥
कहै नानकु सचु सोहिला सचै घरि गावहे ॥३९॥

अनंदु सुणहु वडभागीहो सगल मनोरथ पूरे ॥
पारब्रहमु प्रभु पाइआ उतरे सगल विसूरे ॥
दूख रोग संताप उतरे सुणी सची बाणी ॥
संत साजन भए सरसे पूरे गुर ते जाणी ॥
सुणते पुनीत कहते पवितु सतिगुरु रहिआ भरपूरे ॥
बिनवंति नानकु गुरचरण लागे वाजे अनहद तूरे ॥४०॥

---

३९ सोहिला=आनन्द-बधाई का गीत। साचै घरि=सत-समाज में। जिथै......धिआवहे=जहाँ संतजन सदा सत्य परमात्मा का ध्यान करते हैं। जा तुधु भावहि=जो तुझे प्रसन्न करते हैं। खसमु=स्वामी। जिसु ' पावहे= जिस जन पर वह कृपा करता है वही उसे पाता है।

४० अनंदु=आनंद-गान। सगल=सकल, सब। उतरे सगल विसूरे= सारे दुःख दूर हो गये। सरसे=आनंदित, प्रफुलित। पूरे गुर ते जाणी= पूर्ण सद्गुरु के मुख से सुनकर। सुणते=सुननेवाले। कहते=पाठ करने-वाले। तूरे=बाजे।

रागु सिरी

पंखी विरखि सुहावड़ा सचु चुगै गुर भाइ ॥
हरिरसु पीवै सहजि रहै उड़ै न आवै जाइ ॥
निजघरि वासा पाइआ हरि हरि नामि समाइ ॥
मन मेरे तू गुर की कार कमाइ ॥
गुर कै भाणै जे चलहि ता अनदिनु राचहि हरिनाइ ॥
पंखी विरख सुहावड़े ऊड़हि चहु दिसि जाहि ॥
जेता ऊड़हि दुख घणे नित दाझहि तै बिललाहि ॥
बिनु गुर महलु न जापई ना अंमृत फल पाहि ॥
गुरमुखि ब्रहमु हरीआवला साचै सहजि सुभाइ ॥
साखा तीनि निवारीआ एक सबदि लिव लाइ ॥

---

१ सुन्दर है वृक्ष पर का वह पक्षी, जो गुरु की कृपासे सत्य को सदा चुगता रहता है।

(पक्षी है यहाँ संतपुरुष, और वृक्ष है उस साधु का शरीर।)

हरि-नाम का रस वह सतत पान करता है। सहजसुख के बीच बसेरा है उसका, और वह इधर-उधर नहीं उड़ता।

निज नीड में उस पक्षी ने वास पा लिया है, और हरि-नाम में वह लौलीन हो गया है।

हे मन! तब तू गुरु की सेवा में रत होजा।

यदि गुरु के बताये मार्ग पर तू चले, तो फिर हरि-नाम में तू दिन-रात लौलीन रहेगा।

क्या वृक्ष पर के ऐसे पक्षी आदरयोग्य कहे जा सकते हैं, जो चारों दिशाओं में इधर-उधर उड़ते रहते हैं?

जितना ही वे उड़ते हैं, उतना ही दुःख पाते हैं; वे नित्य ही जलते और चीखते रहते हैं।

अंमृत फलु हरि एकु है आपे देइ खवाइ ॥
मनमुख ऊभे सुकि गए ना फलु तिन ना छाउ ॥
तिना पासि न बैसीऐ ओना घरु न गिराउ ॥
कटीअहि तै नित जालीअहि ओन्हा सबदु न नाउ ॥
हुकमे करम कमावणे पइऐ किरति फिराउ ॥
हुकमे दरसनु देखणा जह भेजहि तह जाउ ॥
हुकमे हरि हरि मनि वसै हुकमे सचि समाउ ॥
हुकमु न जाणहि बपुड़े भूले फिरहि गवार ॥
मन हठि करम कमावदे नित नित होहि खुआरु ॥
अंतरि सांति न आवई ना सचि लगै पिआरु ॥

बिना गुरु के न तो वे परमात्मा के दरबार को देख सकते हैं, और न उन्हें अमृत-फल ही मिल सकता है।

स्वभावतः सत्यनिष्ठ गुरुमुखों अर्थात् पवित्रात्माओं के लिए ब्रह्म सदा ही एक हरा-लहलहा वृक्ष है।

तीनों शाखाओं (त्रिगुण) को उन्होंने त्याग दिया है, और एक शब्द में ही लौ उनकी लगी हुई है।

एक हरि का नाम ही अमृतफल है; और वह उसे स्वयं ही खिलाता है।

मनमुखी दुष्टजन ठूंठ से सूखे खड़े रहते हैं : न उनमें फल होते हैं, न छाँह।

उनके निकट तू मत बैठ : न उनका घर है न गाँव। सूखे काठ की तरह वे काटकर जला दिये जाते हैं;

उनके पास न शब्द (गुरु-उपदेश) है, न (हरि का) नाम।

मनुष्य परमात्मा की आज्ञा के अनुसार कर्म करते हैं, और अपने पूर्व कर्मों के अनुसार अनेक योनियों में चक्कर लगाते रहते हैं।

वे उसका दर्शन पाते हैं तो उसकी आज्ञा से ही, और जहाँ वह भेजता है वहाँ वे चले जाते हैं।

गुरमुखीआ मुह सोहणे गुर कै हेति पिआरि ॥
सची भगती सचि रते दरि सचै सचिआर ॥
आए से परवाणु है सभ कुल का करहि उधारु ॥
सभ नदरी करम कमावदे नदरी बाहरि न कोइ ॥
जैसी नदरि करि देखै सचा तैसा ही को होइ ॥
नानक नामि वडाईआ करमि परापति होइ ॥१॥

रागु सिरी

सुणि सुणि काम गहेलीए किआ चलहि बाह लुडाइ ॥
आपणा पिरु न पछाणही किआ मुहु देसहि जाइ ॥

अपनी इच्छा से ही परमात्मा उनके हृदय में निवास करता है ; और उसीकी आज्ञा से वे सत्य में तल्लीन हो जाते हैं।

बेचारे मूर्ख जो उसकी आज्ञा को नहीं पहचानते, भ्रांति के कारण इधर-उधर भटकते रहते हैं।

उनके सब कर्मों में हठ होता है, वे दिन-दिन गिरते ही जाते हैं। उनके अंतर में शान्ति नहीं आती ; न सत्य के प्रति उनमें प्रेम होता है।

सुन्दर हैं उन पवित्रात्माओं के मुख, जिनकी गुरु के प्रति प्रेम-भक्ति है।

भक्ति उन्हींकी सच्ची है ; वे ही सत्य में अनुरक्त हैं। और सत्य के दरबार में उन्होंने सत्यरूप परमात्मा को पाया है।

संसार में उन्हींका आना सौभाग्यमय है ; अपने सारेही कुल का उन्होंने उद्धार कर लिया।

सबके कर्म उसकी नज़र में हैं : कोई भी उसकी नज़र से बचा नहीं।

वह जैसी नज़र से देखता है, मनुष्य वैसाही हो जाता है।

नानक ! नाम की महिमातक सुकर्मों से ही पहुँचा जा सकता है।

२ सुणि······लुडाइ=सुन री सुन काम से ग्रसी ! तू क्यों ऐसी अकड़ती हुई जा रही है ? किआ······जाइ=उसे तू अपना मुँह कैसे दिखायगी ! जिनी

जिनी सखी कंतु पछाणिआ हउ तिन कै लागउ पाइ ॥
तिन ही जैसी थी रहा सतिसंगति मेलि मिलाइ ॥
मुंधे कूड़ि मुठी कूड़िआरि ॥
पिरु प्रभु साचा सोहणा पाईऐ गुर बीचारि ॥
मनमुखि कतु न पछाणई तिन किउ रैणि विहाइ ॥
गरबि अटीआ तृसना जलहि दुखु पावहि दूजै भाइ ॥
सबदि रतीआ सोहागणी तिन विचहु हउमै जाइ ॥
सदा पिरु रावहि आपणा तिना सुखे सुखि विहाइ ॥
गिआन विहूणी पिर मुतीआ पिरमु न पाइआ जाइ ॥
अगिआन मती अंधेरु है बिनु पिर देखे भुख न जाइ ॥
आवहु मिलहु सहेलीहो मै पिरु देहु मिलाइ ॥
पूरै भागि सतिगुरु मिलै पिरु पाइआ सचि समाइ ॥
से सहीआ सोहागणी जिन कउ नदरि करेइ ॥
खसमु पछाणहि आपणा तनु मनु आगै देइ ॥
घरि वरु पाइआ आपणा हउमै दूरि करेइ ॥
नानक सोभावंतीआ सोहागणी अनदिनु भगति करेइ ॥२॥

सखी = जिन सहेलियों अर्थात् जीवात्माओं ने। हउ = हौं, मैं।
तिनही ···मिलाइ = सत मंडली में मिलकर मैं भी वैसा ही हो जाऊं।
मुंधे··· कूड़िआरि = री मूर्ख नारी, झूठे अपने झूठ से बर्बाद हो गये।
पिरु = प्रिय स्वामी। सोहणा = सुन्दर। बीचारि = उपदेश, मार्ग दर्शन।
किउ रैणि विहाइ = कैसे रात कटेगी। गरबि अटीआ = अहंकार से भरे हुए। दूजै भाइ = सांसारिक प्रेम के कारण। रतीआ = अनुरक्त होते हुए।
हउमै = अहंकार। रावहि = आनन्दमग्न रहती हैं, विहरती हैं। तिना सुखे सुखि विहाइ = उनके दिन सुख ही सुख में बीतते हैं। पिर मुतीआ = प्रियतम ने छोड़ दिया। पिरमु न पाइआ जाइ = प्यार उसे मिलने का नहीं। पिरु पाइआ सचि समाइ = प्रियतम को पाकर उसीमें लीन हो गई। जिन कउ

मनमुखि करम कमावणे जिउ दोहागणि तनि सीगारु ॥
सेजै कंतु न आवई नित नित होइ खुआरु ॥
पिर का महलु न पावई ना दीसै घरुवारु ॥
भाई रे इकमनि नामु धिआइ ॥
संता संगति मिलि रहै जपि रामनामु सुखु पाइ ॥
गुरमुखि सदा सोहागणी पिरु राखिआ उरधारि ॥
मिठ्ठा बोलहि निवि चलहि सेजै रवै भतारु ॥
सोभावंती सोहागणी जिन गुर का हेतु अपारु ॥
पूरै भागि सतगुरु मिलै जा भागै का उदय होइ ॥
अंतरहु दुखु भ्रमु कटीऐ सुखु परापति होइ ॥
गुर कै भाणै जो चलै दुखु न पावै कोइ ॥
गुर के भाणे विचि अमृतु है सहजे पावै कोइ ॥
जिना परापति तिन पीआ हउमै विचहु खोइ ॥
नानक गुरमुखि नामु धिआईऐ सचि मिलावा होइ ॥३॥

नदरि करेइ=जिनपर वह कृपा-दृष्टि करता है। खसम=पति। आगै देइ=सौंप देती हैं। अनदिनु=नित्य, दिन-रात।

३ मनमुखि''सीगारु=मनमुखी अर्थात् हरि-विमुख के सारे कर्म ऐसे समझने चाहिए, जैसे विधवा के शरीर पर के सारे शृंगार। खुआरु=बेइज्जत। पिर=प्रियतम; परमात्मा से आशय है। घरुवारु=यह लोक। निवि चलहि=नम्रता या शील के साथ बरतती हैं। रवै भतारु=पति के साथ रमण अर्थात् आनन्द करती है। हेतु=प्रेम। उदउ=उदय। कटीऐ=कट जाता है। परापति=प्राप्त। भाणै=कहने के अनुसार गुरु के उपदेश पर। हउमै=अहंकार। सचि=सत्यरूप परमात्मा से। मिलावा=मिलना, भेंट।

रागु सिरी

बहु भेख करि भरमाईऐ मनि हिरदै कपटु कमाइ ॥
हरि का महलु न पावई मरि विसटा माहि समाइ ॥
मन रे गृह ही माहि उदासु ॥
सचु संजमु करणी सो करे गुरमुखि होइ परगासु ॥
गुर कै सबदि मनु जीतिआ गति मुकति घरै महि पाइ ॥
हरि का नामु धिआईऐ सतिसंगति मेलि मिलाइ ॥
जे लख इसतरीआ भोग करहि नवखंड राजु कमाहि ॥
बिनु सतगुर सुखु न पावई फिरि फिरि जोनी पाहि ॥
हरि हारु कंठि जिनी पहिरिआ गुरचरणी चितु लाइ ॥
तिना पिछै रिधि सिधि फिरै ओना तिलु न तमाइ ॥
जो प्रभ भावै सो थीऐ अवरु न करणा जाइ ॥
जनु नानकु जीवै नामु लै हरि देवहु सहजि सुभाइ ॥४॥

रागु भैरउ

जाति का गरबु न करिअहु कोइ ।
ब्रहमु बिंदे सो ब्रहमण होइ ॥

---

४ बहु ... भरमाईऐ=नाना भेष धारण करके इधर-उधर भटकते फिरते हैं। समाइ=समाते हैं। महलु=निजस्थान, परमपद। विसटा=विष्टा; नरक। उदासु=संन्यासी। करणी=साधन। गति=सद्गति। जे ... करहि=यदि तू लाखों स्त्रियों के साथ विषय भोग करे। जोनी पाहि=योनियों अर्थात् जन्मों को पावेगा। हरि ... पहिरिआ=हरिनामरूपी हार को जिन्होंने अपने कंठ में धारण कर लिया। तिलु न तमाइ=तिलमात्र भी लोभ नहीं। थीऐ=होता है। देवहु सहजि सुभाइ=स्वाभाविक रूप से अपना नामरत्न देवो।

५ चलहि—पैदा होते हैं। आवैं=आते हैं। निहु=[illegible]। [illegible]=[illegible]।

जाति का गरब न करि मूरख गवारा ।
इसु गरब ते चलहि बहुत विकारा ॥
चारे बरन आखै सब कोई ।
ब्रहमु-बिंदु ते सभ ओपति होइ ॥
माटी एक सगल संसारा ।
बहु विधि भांडे घड़ै कुम्हारा ॥
पंच ततु मिलि देही आकारा ।
घटि वधि को करै वीचारा ॥
कहतु नानक इह जीउ करमबंधु होई ।
बिनु सतिगुर भेटे मुकति न होई ॥५॥

रागु भैरउ

जोगी गृही पंडित भेखधारी। ए सूते अपणै अहंकारी ॥
माइआ मदि माता रहिआ सोइ। जागतु रहै न मूसै कोइ ॥
सो जागै जिसु सति गुरु मिलै। पंचदूत ओहु वसगति करै ॥
सो जागै जो ततु वीचारै। आपि मरै अवरा नह मारै ॥
सो जागै जो एको जाणै। परकरति छोड़ै ततु पछाणै ॥
चहु वरना विचि जागै कोइ। जमै कालै ते छूटै सोइ ॥
कहत नानक जनु जागै सोइ। गिआन अंजनु जाकी नेत्री होइ ॥६॥

---

५ सगल=सकल, सारा। भांडे=बर्तन। घटि वधि=छोटा-बड़ा। करम-बंधु होई=कर्मों से माया के बंधन में पड़ता है। भेटे=मिलकर।

६ सूते=सो रहे हैं, अचेत पड़े हुए हैं। अहंकारी=अहंकार में। माता=बेहोश, गाफिल। न मूसै=चोरी नहीं करता। पंचदूत=पाँचों इन्द्रियां से तात्पर्य है। वसगति=वश में। ततु=आत्म-तत्त्व। आपि मरै अवरा नह मारै=अपने अहंकार को मारता है, दूसरों को नहीं मारता। एको=एक परमात्मा को ही। परकरति=प्रकृति; माया। पछाणै=अच्छी

रागु सोरठि

दुबिधा मनमुख रोगि विआपे त्रिसना जलहि अधिकाई।
मरि-मरि जंमहि ठउर न पावहि बिरथा जनम गवाई॥
मेरे प्रीतम करि किरपा देहु बुझाई।
हउमै रोगी जगतु उपाइआ बिनु सबदै रोगु न जाई॥
सिम्रिति सासतर पड़हि मुनि केते बिनु सबदै सुरति न पाई।
त्रैगुण सभे रोगि विआपे ममता सुरति गवाई॥
इकि आपे काढि लए प्रभि आपे गुर सेवा प्रभि लाए।
हरि का नामु निधानो पाइआ सुखु वसिआ मनि आए॥
चउथी पदवी गुरमुखि वरतहि तिन निज घरि वासा पाइआ।
पूरै सतिगुरि किरपा कीन्ही विचहु आपु गवाइआ॥
एकसु की सिरिकार एक जिनि ब्रहमा बिसनु रुद्र उपाइआ।
नानक निह्चलु साचा एको ना ओहु मरै न जाइआ॥७॥

तरह जानता है। चारे वरन विचि=ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि चारों वर्णों में। कोइ=विरला ही। जमै काले ते=यम और काल से। नेत्री=अंतर के नेत्रों से; अंतःकरण में।

७ जमहि=जन्म लेता है। ठउर=स्थिरता, शान्ति। हउमै=अहंकार। उपाइआ=उत्पन्न किया। बिनु सबदै=बिना गुरु के उपदेश के। सिम्रिति=मनुस्मृति आदि धर्मशास्त्र। सासतर=शास्त्र। सुरति=प्रभु की लौ या ध्यान। ममता सुरति गवाई=अहंकार ने प्रभु के ध्यान को भुला दिया है। काढि लए=अहंकार और माया से मुक्त कर दिया। निधानो=खजाना। मनि=मन में। चउथी पदवी=तुरीया अवस्था से तात्पर्य है, जब केवल आत्म स्थिति का अनुभव होता है। निज घरि=अपनी वास्तविक स्थिति में। विचहु=आत्मा और परमात्मा के बीच का [illegible]। जाइआ=जन्म लेता है।

रागु गउड़ी

गुरि मिलिऐ हरि मेला होइ। आपे मेलि मिलावै सोइ॥
मेरा प्रभु सभ विधि आपे जाणै। हुकमे मेलै सबदि पछाणै॥
सतिगुरु कै भइ भ्रमु भउ जाइ। भै राचै सच रंगि समाइ॥
गुरि मिलिऐ हरि मनि,वसै सुभाइ। मेरा प्रभु भारा कीमति नहि पाइ॥
सबदि सालाहै अंतु न पारावारु। मेरा प्रभु बखसै बखसणुहारु॥
गुरि मिलिऐ सभ मति बुधि होइ। मनि निरमल वसै सचु सोइ॥
सचि वसिऐ साची सभ कार। ऊतम करणी सबदि बीचार॥
गुर ते साची सेवा होइ। गुरमुखि नाम पछाणै कोइ॥
जीवै दाता देवणहारु। नानक हरिनामै लगै पिआरु॥८॥

रागु गउड़ी गुआरेरी

गुर ते गिआनु पाए जनु कोइ। गुर ते बूझै सीझै सोइ॥
गुर ते सहजु साचु बीचारु। गुर ते पाए मुकति दुआरु॥
पूरै भागि मिलै गुरु आइ। साचै सहजि साचि समाइ॥
गुरि मिलिऐ तृसना अगनि बुझाइ। गुरते सांति वसै मनि आइ॥
गुर ते पतित पावन सुचि होइ। गुर ते सबदि मिलावा होइ॥
बाझु गुरु सभ भरमि भुलाई। बिनु नावै बहुता दुख पाई॥
गुरमुखि होवै सु नामु धिआई। दरसनि सचै सची पति होई॥

---

८ मेला=मिलन। हुकमे··पछाणै=अपनी आज्ञा का रहस्य प्रकटकर परमतत्त्व से वह परिचय करा देता है। भइ=भय। भउ=संशय-जनित भय। भै राचै··समाइ=ईश्वर-भीरुता जो डरकर चलता है वह सत्यरूप परमात्मा के प्रेम में लौलीन हो जाता है। सुभाइ=अनायास ही। भारा=महान्-से-महान्। कीमति नहि पाइ=अनमोल। सालाहै=प्रशंसा पाता है। कार=रचना।

९ सीझै=सिद्धि अर्थात् सफलता पाता है। सबद=परमतत्त्व। मिलावा=साक्षात्कार। बाझु=विना। बाझु···भुलाई=बिना गुरु के सब अविद्या में भूले

किसनो कहीऐ दाता इकु सोई। किरपा करै सबदि मिलावा होई ॥
मिलि प्रीतम साचे गुण गावा। नानक साचे साचि समावा ॥९॥

सो किउ विसरै जिसके जीआ पराना।
सो किउ विसरै सभ माहि समाना ॥ जितु सेविऐ दरगह पति परवाना ॥
हरि के नाम विटहु बलि जाउ। तू विसरहि तदि ही मरि जाउं ॥
तिन तूं विसरहि जि तुधु आपु भुलाए। तिन तूं विसरहि जि दूजै भाए ॥
मनमुख अगिआनी जोनी पाए। जिन इक मनि तुठा से सतिगुर सेवा लाए।
जिन इक मनि तुठा तिन हरि मंनि वसाए ॥ गुरमत्ती हरिनामि समाए ॥
जिना पोतै पुन्नु से गिआन वीचारी। जिना पोतै पुन्नु तिन हउमै मारी ॥
नानक जो नामरते तिनकउ बलिहारी ॥१०॥

रागु गउड़ी गुआरेरी

मनमुखि सूता माइआ मोहि पिआरि।
गुरमुखि जागे गुण गिआन वीचारि ॥ से जन जागे जिन नाम पिआरि ॥

पड़े हैं। नावै=नाम के। पति=प्रतिष्ठा। किस......सोई=और किसे दाता कहा जाय. दाता तो सच्चा एक परमात्मा ही है।

१० जिसके जीआ पराना=जिसका दिया यह जीव है, ये प्राण हैं। दरगह=न्यायालय, परमात्मा का दरबार। पति=इज्जत। परवाना=प्रमाणपत्र, मान्य। तू विसरहि ·· जाउ=मैं उसी क्षण, जब कि तुझे भूल जाऊँ, मर जाऊँ। तिन तू विसरहि··· भुलाए=तू उन्हींको भुला देता है, जो तुझे भूल जाते हैं। जि दूजै भाए=जो कि अन्य में अर्थात् माया में आसक्त हैं। जोनी पाए=फिर-फिर गर्भ में आते हैं। [illegible] से प्रकट है। गुरमत्ती=जिन्होंने गुरु के मत अर्थात् उपदेश को ग्रहण कर लिया। जिना पोतै पुन्नु ·· वीचारी=जिन्होंने [illegible] को जमा कर लिया वे आध्यात्मिक ज्ञान का चिन्तन और मनन करते हैं। तिन हउमै मारी=वे अहंकार को नष्ट कर देते हैं। [illegible]।

११ [illegible]

सहजे जागैं सोवै न कोइ। पूरे गुरते बूझै जनु कोइ ॥
असंतु अनाड़ी कदे न बूझै ॥ कथनी करे तै माइआ नालि लूझै ॥
अंधु अगिआनी कदे न सीझै ॥
इसु जगमहि रामनामि निसतारा। को विरला पाए गुरसबदि वीचारा ॥
आपि तरै सगले कुल उधारा ॥
इसु कलिजुग महि करम धरम न कोई ॥ कलि का जनमु चंडाल कै घरि होई ॥
नानक नामविना को मुकति न होई ॥११॥

रागु आसा

मनमुख मरहिं मरि मरणु विगाड़हि। दूजै भाइ आतम संघारहि ॥
मेरा मेरा करि करि विगूता। आतमु न चीनै भरमै विचि सूता ॥
मर मुइआ सबदे मरि जाइ। उसतति निंदा गुरि सम जाणाई,
इसु जुग महि लाहा हरि जपि लै जाइ ॥

और मोह के प्रेम में। गुण=ईश्वरीय गुण। गिआन=अध्यात्म-ज्ञान। सहजे .... न कोइ=जो आत्मज्ञान का दिव्य प्रकाश पाकर जाग गया, वह फिर कभी नहीं सोता, उसपर अविद्यारूपी रात्रि का कभी असर नहीं पड़ता। अनाड़ी=विवेकशून्य। कथनी=थोथा दावा। माइआ नालि लूझै=माया की आग में जलरहे हैं। अंधु=अंधा, विवेकरहित। अगिआनी=विश्वास न लानेवाला, अश्रद्धालु। कदे न सीझै=कभी सिद्धि अथवा शान्ति नहीं पाता। इसु जुगमहि=इस कलियुग में। निसतारा=मोक्ष। सबदि=उपदेश। को=कोई भी।

१२ मरहि······विगाड़हि=मरते हैं तो बहुत बुरी मौत मरते हैं। दूजै······संघारहि=माया से प्रीति जोड़कर वे अपना हनन आप करते हैं। विगूता=नष्ट हो गया। न चीनै=पहचानते नहीं हैं। भरमै विचि सूता=मूढ़ग्राहों से लिपटे अचेत पड़े हैं। मर मुइआ सबदे मरिजाइ=मरना उचा

नाम विहूणा गरभ गलिजाइ । बिरथा जनमु दूजै लोभाइ ॥
नाम विहूणी दुखि जलै सबाई । सतिगुरि पूरै बूझ बुझाई ॥
मनु चंचलु बहु चोटा खाइ । एथहु छुड़किआ ठउर न पाइ ॥
गरभ जोनि विसटा का वासु । तितु घरि मनमुखु करै निवासु ॥
अपने सतिगुर कउ सदा बलि जाई । गुरमुखि जोती जोति मिलाई ॥
निरमल बाणी निजघरि वासा । नानक हउमै मारे सदा उदासा ॥१२॥

रागु आसा

मनमुखि झूठो झूठु कमावै । खसमै का महलु कदे न पावै ॥
दूजै लागी भरमि भुलावै । ममता बाधा आवै जावै ॥
दोहागणी का मनि देखु सीगारु । पुत्र कलति धनि माइआ चितु लाए,
झूठु मोहु पाखंड वीकारु ॥

उन्हींका जिन्हें कि 'शब्द' ने मार दिया है । उसतति=स्तुति, प्रशंसा । गुरि सम जाणाई=गुरु ने बता दिया कि प्रशंसा और निंदा एकसमान हैं । लाहा=लाभ । दूजै लोभाइ=माया के लोभी । बूझ बुझाई=सद्‌बुद्धि देदी है । चोट=सजा । विसटा=विष्ठा । जोती जोति मिलाई=जीव की ज्योति को परमात्मा की ज्योति में मिला दिया । उदासा=उदासी, संन्यासी ।

१३ मनमुखी मनुष्य झूठ ही-झूठ का लेन-देन करते रहते हैं ;
स्वामी के महलतक वे कभी नहीं पहुँचते ।
प्रपञ्च में लिप्त वे सदा भ्रम में ही भूले रहते हैं,
और ममता में बद्ध फिर जन्मते हैं, और फिर मरते हैं ।
देखो तो इस दोहागिन नारी का यह सिंगार !
चित्त इसका लगा हुआ है पुत्र में, परिवार में, धन और माया में,
और झूठ में, और मोह में, पाखंड में, और मनोविकारों में ।
सदा सोहागिन तो वही नारी है, जो अपने स्वामी को भाती है ।
उसका सिंगार सतगुरु का उपदेश होता है ;

सदा सोहागणि जो प्रभ भावै। गुर सबदी सीगारु बणावै ॥
सेज सुखाली अनदिनु हरि रावै। मिलि प्रीतम सदा सुखु पावै ॥
सा सोहागणि साची जिसु साचि पिआरु। आपणा पिरु राखै सदा उर धारि ॥
नेड़ै वेखै सदा हदूरि। मेरा प्रभु सरब रहिआ भरपूरि ॥
आगै जाति रूपु न जाइ। तेहा होवै जेहे करम कमाइ ॥
सबदे ऊचो ऊचा होइ। नानक साचि समावै सोइ ॥१३॥

सलोक

जिन्हा सतिगुरु इकमनि सेविआ तिन जन लागौ पाइ।
गुर सबदी हरि मनि वसै माया की भुख जाइ ॥१॥

से जन निर्मल ऊजले जि गुरमुखि नामि समाइ।
नानक होरि पतिसाहिआ कूड़िआ, नामिरते पातसाह ॥२॥

उसकी सेज सुखभरी होती है, और अपने स्वामी के साथ वह दिन-रात आनन्द करती है।
अपने प्रीतम से मिलकर वह सदा सुख में मगन रहती है।
जो अपने सच्चे स्वामी को प्यार करती है, वही सच्ची सोहागिन है।
वह अपने प्रीतम को सदा छाती से लगाये रहती है।
वह अपने पास, अपने सामने उसे निरंतर देखती रहती है।
मेरा प्रभु सर्वत्र रम रहा है।
परलोक में तेरे साथ न वह ऊँची जाति जायगी; न वह रूप जायेगा;
तेरी वहाँ की यात्रा तेरे कर्मों के अनुसार ही होगी।
शब्द (सतगुरु के उपदेश) से ही मनुष्य ऊँचे-से-ऊँचा जाता है,
और नानक, उसीसे वह सत्यरूप परमात्मा में लीन होता है।

१ जिन्हा=जिन्होंने। इकमनि=अनन्य भाव से। लागौ पाइ=उनके पैर पड़ता हूँ। गुरसबदी=गुरु के उपदेश से। भुख=तृष्णा, आसक्ति।
२ से=वे। जि=जो। समाइ=लौलीन हो गये हैं। होरि पातिसाहिआ कूड़िया=और बादशाही झूठी है। रते=रँगे हुए, अनुरक्त।

माया मोहि जगु भरमिआ, घरु मूसै खबरि न होइ।
कामु क्रोधि मनु हरि लइआ मनमुखि अंधा लोइ ॥३॥

गिआन-खड़ग पंचदूत संघारे गुरमति जागै सोइ।
नामु रतन परगासिआ मनु तनु निरमलु होइ ॥४॥

मै जानिआ वडहंसु हैं ता मै कीआ संगु।
जे जाणा बगु बापुड़ा त जनमि न देदी अंगु ॥५॥

हंसा वेखि तरंदिआ बगां भि आइआ चाउ।
डूबि मुए बग बापुड़े सिरु तलि ऊपरि पाउ ॥६॥

सतिगुर की सेवा चाकरी सुखी हूं सुख सारु।
ऐथै मिलनि वडिआईआ दरगह मोख दुआरु ॥७॥

सजण मिले सजणा जिन सतगुर नालि पिआरु।
मिलि प्रीतम तिनी धिआइआ सचै प्रेमि पिआरु ॥८॥

मन ही ते मानिआ गुर कै सबदि अपारि।
एहि सजण मिले न विछुड़हि जि आपि मेले करतारि ॥९॥

---

३ मूसै=चोरी करते हैं (सद्गुणरूपी रत्नों की)। [illegible]
४ लिया। पंचदूत संघारे=पाँचों इन्द्रियों के विषयों को मार दिया, वश में कर लिया।
५ न देदी अंगु=कभी न लगाता।
६ वेखि तरंदिआ=तरता हुआ देखकर। चाउ=[illegible]।
७ ऐथै=इस लोक में। दरगह=परलोक, ईश्वर का दरबार। [illegible]।
८ सजण=सज्जन। सजणा=साजन, स्वामी। नालि=साथ।
९ जि आपि मेले करतारि=परमात्मा जिन्हें स्वयं मिला देता है।

मनमुख सेती दोसती थोड़ड़िआ दिन चारि।
इसु परीती तुटदी विलमु न होवई, इसु दोसती चलनि विकारि ॥१०॥

जिन अंदरि सचे का भउ नाही, नामि न करहि पिआरु।
नानक तिन सिउ किआ कीजै दोसती, जि आपि भुलाए करतारु।११

गुरमुखि सेवि न कीनिआ, हरिनाम न लगो पिआरु।
सबदै सादु न आइओ मरि जनमै वारोवार ॥१२॥

मनमुखि अंधु न चेतई कितु आइआ सैसारि।
नानक जिन कउ नदरि करे से गुरमुखि लंघे पारि ।१३॥

---

१० सेती=साथ की। परीती=प्रीति, मित्रता। तुटदी विलमु न होवई=टूटते देर नहीं लगती।

११ भउ=भय। पिआरु=प्रेम। तिन सिउ = उनसे। जि आपि भुलाए करतारु=जो खुद ही परमात्मा को भुलाबैठे हैं।

१२ सेवि=सेवा। कीनिआ=की। सादु=स्वादु, रस, आनन्द।

१३ सैसारि=संसार में। नदरि करे=कृपा-दृष्टि करता है। लंघे पारि=संसार से तर जाता है।

गुरु रामदास

जन्म-संवत्—१५६१ वि॰, कार्तिक कृ॰ २

जन्म-स्थान—लाहौर

पूर्व नाम—जेठा

पिता—हरिदास

माता—दयाकौंर (पूर्व नाम अनूपदेवी)

जाति—सोधी खत्री

भेष—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१६३८ वि॰, भादों शु॰ ३

मृत्यु-स्थान—गोइन्दवाल

गुरु रामदास का विवाह, जब इनका नाम जेठा था, गुरु अमरदास की पुत्री बीबी भानी के साथ हुआ था। गुरु अमरदास के यह अनन्य भक्त और पट्टशिष्य भी थे। आज्ञा-पालक यह वैसे ही थे, जैसेकि गुरु अमरदास और गुरु अंगद।

एक दिन गुरु अमरदास के कुछ शिष्यों ने पूछा कि, 'दामाद तो आपका रामा भी है (जिसके साथ बड़ी पुत्री बीबी दानी का ब्याह हुआ था) और आपकी वह सेवा भी करता है, पर जेठा को ही आप इतना अधिक क्यों चाहते हैं!' जेठा के अनेक गुणों का वर्णन करते हुए गुरु अमरदास ने कहा कि, 'उसमें नम्रता, भक्ति और श्रद्धा रामा से कहीं अधिक है, और इसीलिए वह मुझे अधिक प्रिय है। लो, तुम्हारे सामने ही मैं उन दोनों की परीक्षा लेता हूँ।'

गुरु अमरदास ने रामा को हुक्म दिया कि उनके बैठने के लिए बावली के पास वह एक सुन्दर चबूतरा बनादे। रामा ने बड़ी मेहनत से चबूतरा तैयार किया, पर गुरु को वह पसंद नहीं आया। गिराकर फिरसे बनाने को कहा। रामा ने उसे फिर बनाया। फिर भी पसंद नहीं आया। रामा ने उसे फिर

गिरा तो दिया, पर तीसरी बार बनाने को वह राजी नहीं हुआ। बोला, 'गुरु बहुत बुड्ढे हो गये हैं; इसीसे उनकी बुद्धि काम नहीं दे रही !'

अब जेठा की बारी थी। उसने चबूतरे को गुरु की आज्ञा से सात बार बनाया और सात ही बार गिराया, पर मुँह से एक शब्द भी नहीं निकाला। अंत में गुरु के चरणों को पकड़कर बड़ी नम्रता से उसने कहा, 'मैं तो मूर्ख हूँ; सेवा मुझसे कहाँ बन सकती है। मुझसे भूलें ही होंगी। पर आप कृपाकर मेरी भूलों को उसी तरह क्षमा कर दिया करें, जैसे कि पिता अपने मूर्ख पुत्र की भूलों को क्षमा कर देता है।'

गुरु अमरदास बहुत प्रसन्न हुए, और जेठा को छाती से लगाकर बोले— 'मेरी आज्ञा को मानकर तूने सात बार इस चबूतरे को गिरा-गिराकर बनाया, इसलिए तेरी सात पीढ़ियाँ गुरु की गद्दी पर बैठेंगी।' और सब सिक्खों को बुलाकर कहा कि, 'मैंने अपने दोनों दामादों की परीक्षा लेली है। अब तो तुम्हारा संदेह दूर हो गया कि जेठा मुझे क्यों अधिक प्रिय है। मैं स्पष्ट देखता हूँ कि यह जेठा आगे चलकर जगत् का उद्धार करेगा।'

चतुर्थ गुरु रामदास जीवनभर गुरु अमरदास के सब सिद्धान्तों और पदचिह्नों पर चले। गुरु नानक, गुरु अंगद और गुरु अमरदास के सारे गुण उनमें पाये जाते थे। 'टिक्के दी वार' की सातवीं पउड़ी में सत्तेने कहा है—

"नानक तू, लहिणा तू है, गुरु अमर तू वीचारिआ।
गुरु डीठा ता मनु साधारिआ॥"

अर्थात्, तू नानक है, तू लहिणा है, तू अमरदास है; मैंने तुझे ऐसा ही समझा है।

जब मैंने तुझ गुरु को देखा, तब मेरे मन को ऐसाही आश्वासन मिला।

बाबा नानक के ज्येष्ठ पुत्र श्रीचंद, जो उदासी संप्रदाय के संस्थापक थे और बड़े-बड़े जटा बढ़ाये नग्न घूमते रहते थे, एक बार गुरु रामदास से मिलने आये। वे न तो गुरु अंगद से कभी मिले थे, और न गुरुअमरदास से ही। गुरु रामदास ने गोइन्दवाल से कुछ दूर जाकर महात्मा श्रीचंद का स्वागत किया, और भेंट के रूप में उनके सामने मिठाई और पाँच सौ रुपये रखे। गुरु से मिलकर बाबा श्रीचंद को बहुत आनन्द हुआ। उन्हें लगा कि रामदास मानों गुरु नानक की ही प्रतिमूर्ति हैं। उनकी दाढ़ी देखकर श्रीचंद ने कहा कि, 'दाढ़ी

यह आपने बहुत लंबी बढ़ा रखी है!' 'आपके चरणों को पखारने के लिए मैंने यह लंबी दाढ़ी रखी है।' और किया भी उन्होंने यही। श्रीचंद ने अपने पैर हटा लिये, और कहा—'आप यह क्या कर रहे हैं! आप तो गुरु हैं, मेरे पिता की गद्दी पर आसीन हैं। निश्चय ही आप सिक्खों का उद्धार करेंगे।'

गुरु अमरदास की आज्ञा से गुरु रामदास ने जो एक भारी चिरस्थायी कार्य किया, वह था सिक्खों के महान् तीर्थ-स्थान अमृतसर का निर्माण। इस तालाब को उन्होंने बड़ी ही निष्ठा और परिश्रम से खुदवाया। तालाब के आसपास धीरे-धीरे रामदासपुर नाम का एक सुन्दर नगर भी बसने लगा। बाद में तालाब के नाम पर इसका भी नाम अमृतसर पड़ गया। अमृतसर का तालाब भाई बुड्ढा की देखरेख में हजारों सिक्खों और दूसरे मजदूरों ने तैयार किया। उन दिनों गुरु रामदास जिस कुटिया में रहा करते थे, वह आज भी 'गुरु का महल' के नाम से प्रसिद्ध है।

गुरु रामदास ने धर्म-प्रचार के लिए अनेक सुयोग्य व्यक्तियों को नियुक्त किया, जिन्हें वे 'मसंद' कहते थे। मसंदों ने सिक्खधर्म का अनेक स्थानों में जा-जाकर प्रचार किया।

गुरु रामदास के तीन पुत्र थे—पृथीचंद या प्रिथिया, महादेव और अर्जुन। प्रिथिया बड़ा अभिमानी और दुष्ट स्वभाव का था। महादेव भी अधिक आज्ञापालक नहीं था। सबसे छोटा पुत्र अर्जुन ही पिता का अनन्य आज्ञाकारी और परमभक्त था। यही कारण था कि अर्जुन पर उनका सबसे अधिक स्नेह था, और उसीको उन्होंने अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। ईर्ष्यालु प्रिथिया ने गुरु रामदास के जीवन-काल में ही और उनके स्वर्गवास के बाद भी रामदास को पदच्युत करने लिए अनेक षड्यंत्र रचे, पर वह सफल नहीं हुआ।

गुरु रामदास ने अपनी गद्दी पर अर्जुन को बिठाते हुए कहा, "गुरु अमरदास ने स्पष्ट कहा था कि गुरु का स्थान ऊँचे सद्गुणों से ही मिलता है। जो सच्चा, सदाचारी और विनीत है वही इस ऊँचे स्थान को प्राप्त कर सकता है। मैं तुझे यह स्थान देता हूँ।" पाँच पैसे और एक नारियल अर्जुन के सामने रखकर उन्होंने भाई बुड्ढा के हाथ से उन्हें तिलक करा दिया। अर्जुनदेव को गुरु रामदास ने पाँचवाँ गुरु बना दिया। दीपक ने जैसे अपनी लौ से दूसरे दीपक को जला दिया।

संवत् १६३८ की भादों सुदी ३ को गोइन्दवाल में जाकर 'वाह गुरु' 'वाह गुरु' कहते हुए गुरु रामदास ने चोला छोड़ा।

कवि मथुरा ने गुरु रामदास के देहावसान पर यह छप्पय रचा--

"देवपुरी महि गयउ आपि परमेस्वर भाइउ।
हरि सिंघासन दिइउ सिरी गुरु तह वैठाइउ॥
रहसु किअउ सुरदेव तोहि जसु जय जय जंपहि।
असुर गए ते भागि पाप तिन भीतर कंपहि॥
काटे सु पाप तिन नरहु के गुरु रामदास जिन्ह पाइअउ।
छत्रु सिंघासनु पिरथमी गुर अरजुनकउ दे आइअउ॥"

वानी-परिचय

गुरु रामदास की वानी गुरु ग्रन्थ साहिव में 'महला ४' के अंतर्गत संगृहीत है। इनका आसा राग का 'सो पुरख' पद वहुत प्रसिद्ध है। इसे 'रहिरास' में भी लिया गया है। गुरु रामदास-रचित सूही राग की छंत के चार पदों का उपयोग सिक्ख लोग अपने विवाह-संस्कार में करते हैं। इन्हीं गुरु-मंत्रों से फेरे कराये जाते हैं। प्रायः हरेक ही राग में इनके अनेक पद मिलते हैं। प्रेम व विरह के अंगों का निरूपण गुरु रामदास ने वडा विशद और सुंदर किया है। वानी इनकी मधुर और वहुत कोमल है। गुरु के प्रति ऊँची श्रद्धा गुरु अंगद तथा गुरु अमरदास के ही सदृश इन्होंने भी प्रकट की है। इनके अनेक सलोक भी वैसे ही हृदयस्पर्शी हैं। भाषा में पंजावी का पुट कुछ कम है, और वह सरल भी है।

आधार

१ गुरु ग्रन्थ साहिव—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन (भाग २)--मेकालीफ

रागु आसा

सो पुरखु निरंजनु हरि पुरखु निरंजनु हरि अगमा अगम अपारा ॥
सभि धिआवहि सभि धिआवहि तुधु जी हरि सच्चे सिरजणहारा ॥
सभि जीअ तुमारे जी तूं जीआ का दातारा ॥
हरि धिआवहु संतहु जी सभि दूख विसारणहारा ॥
हरि आपे ठाकुरु हरि आपे सेवकु जी किआ नानक जंत विचारा ॥
तू घट घट अंतरि सरब निरंतरि जी हरि एको पुरखु समाणा ॥
इकि दाते इकि भेखारी जी सभि तेरे चोज विडाणा ॥
तूं आपे दाता आपे भुगता जी हउ तुधु बिनु अवरु न जाणा ॥
तूं पारब्रहमु बेअंतु बेअंतु जी तेरे किआ गुण आखि वखाणा ॥
जो सेवहि जो सेवहि तुधु जी जनु नानकु तिन कुरबाणा ॥
हरि धिआवहि हरि धिआवहि तुधु जी से जन जुग महि सुखवासी ॥
से मुकतु से मुकतु भये जिन हरि धिआइआ जी तिन तूटी जम की फासी ॥
जिन निरभउ हरि निरभउ धिआइआ जी तिन का भउ सभु गवासी ॥

---

१ अगमा अगम=अगम्य से भी अगम्य, जिसतक किसी भी तरह पहुँच नहीं हो सकती। तुधु=तुझे। संतहु=हे संतों। जंत=जंतु, क्षुद्र प्राणी। समाणा=व्यापक। चोज विडाणा=अद्‌भुत खेल या लीला। हउ=मैं। किआ=क्या। आखि वखाणा=वर्णन करके कहूँ। तिन कुरबाणा=उनपर बलि जाता हूँ। से=वे। जुग महि=इस युग में। सुखवासी=आनन्द में रहते हैं। भउ=भय।
गवासी=चला गया। हरिरूप समासी=हरि के रूप में लीन हो गये,

जिन सेविश्रा जिन सेविश्रा मेरा हरि जी ते हरि हरि रूपि समासी ॥
से धन्नु से धन्नु जिन हरि धिश्राइश्रा जी जनु नानकु तिन वलि जासी॥
तेरी भगति तेरी भगति भंडार जी भरे वेश्रंत वेश्रंता ॥
तेरे भगत तेरे भगत सलाहनि तुधु जी हरि अनिक अनेक अनंता ॥
तेरी अनिक तेरी अनिक करहि हरि पूजा जी तपु तापहि जपहि वेश्रंता॥
तेरे अनेक तेरे अनेक पड़हि वहु सिमृति सासत जी करि किरिश्रा खटु करम करंता ॥
से भगत से भगत भले जन नानक जी जो भावहि मेरे हरि भगवंता ॥
तूं आदि पुरखु अपरंपारु करता जी तुधु जे वडु अवरु न कोई ॥
तूं जुगु जुगु एको सदा सदा तूं एको जी तूं निहचलु करता सोई ॥
तुधु आपे भावै सोई वरतै जी तूं आपे करहि सु होई ॥
तुधु आपे सृसटि सभ उपाई जी तुधु आपे सिरजि सभ गोई ॥
जनु नानकु गुण गावै करते के जी जो सभसै का जाणोई ॥१॥ *

रागु आसा

तूं करता सचिआरु मैडा सांई ॥ जो तउ भावै सोई थीसी जो तू देहि सोई हउ पाई ॥

हरिरूप ही हो गये। वलि जासी=निछावर हो जायेगा। सलाहनि=सराहना, या स्तुति करते हैं। तपु तापहि=तपस्या करते हैं। सिमृति=स्मृतियाँ जो मुख्यतया १८ हैं। सासत=शास्त्र, जो छह हैं। किरिश्रा=धर्मविहित क्रिया। खटु करम=ब्राह्मणों के छह कर्म, अर्थात् वेद पढ़ना, वेद पढ़ाना, यज्ञ करना, यज्ञ कराना, दान देना और दान लेना। वडु=बड़ा। निहचलु=निश्चल, एकरस, स्थिर। सृसटि=सृष्टि। उपाई=उत्पन्न की। गोई=लय हो जाना। करते के=कर्त्ता के। सभसै का=सब वस्तुओं का। जाणोई=जानता है।

* यह 'रहिरास' में से लिया गया है। इसका नाम ही "सो पुरखु" है।

सभ तेरी तूं सभनी धिआइआ ॥ जिसनो कृपा करहि तिन नामरतनु
पाइआ ॥
गुरमुखि लाधा मनमुखि गवाइआ ॥ तुधु आपि विछोड़िया आपि
मिलाइआ ॥
तूं दरीआउ सभ तुझ ही माहि ॥ तुझ बिनु दूजा कोई नाहि ॥
जीअ जत सभि तेरा खेलु ॥ विजोगि मिलि विछुड़िआ संजोगी मेलु ॥
जिसनो तू जाणाइहि सोइ जनु जाणै ॥ हरिगुण सदही आखि वखाणै ॥
जिनि हरि सेविआ तिनि सुखु पाइआ ॥ सहजे ही हरिनामि समाइआ ॥

---

२ तू ही सच्चा कर्त्तार है, मेरे स्वामी !

जो तुझे भाता है वही होगा; जो तू देगा वही मैं पाऊँगा।

सब कुछ तेरा ही है ; सभी तेरा ध्यान करते हैं।

जिसपर तू कृपा करता है, वही तेरा नामरूपी रत्न पाता है।

गुरु के अनुयायी ने उसे पाया है, और मन के मत पर चलनेवाले ने उसे हाथ से गँवा दिया है।

मनमुखों से तू स्वयं बिछुड़ गया है, और गुरुमुखों से आप जा मिला है।

तू एक समुद्र है; सब-कुछ तुझमें समाया हुआ है।

तेरे सिवा दूसरा कोई है ही नहीं।

जीव-जंतु की सृष्टि सब तेरी लीला है।

जब तूने बिछुड़ना चाहा, तो वे तुझसे मिले हुए भी बिछुड़ गये, और जब तूने मिलना चाहा तो वे तुझसे आ मिले।

वही तेरा जन तुझे जानता है, जिसे तू अपने आपको जना देना चाहता है, और सदा वह तेरे गुणों का गान करता रहता है।

सुख उन्हींने पाया, जिन्होंने कि तेरी सेवा-बंदगी की, और सहज ही वे हरि-नाम में लौलीन हो गये।

तू आपही कर्त्तार है ; सब-कुछ तेरा ही किया होता है।

तेरे सिवा कोई दूसरा है ही नहीं।

तू आपे करता तेरा कीआ समु होइ ॥ तुधु बिनु दूजा अवरु न कोइ ॥
तू करि करि वेखहि जाणहि सोइ ॥ जन नानक गुरमुखि परगटु होइ ॥२॥

रागु गउड़ी पूरबी

कामि करोधि नगरु बहु भरिआ मिलि साधू खंडल खंडा हे ॥
पूरबि लिखत लिखे गुरु पाइआ मनि हरि लिव मंडल मंडा हे ॥
करि साधू अंजुली पुनु वडा हे ॥ करि डंडउत पुनु वडा हे ॥
साकत हरिरस सादु न जाणिआ तिन अंतरि हउमै कंडा हे ॥
जिउ जिउ चलहि चुभै दुखु पावहि जमकालु सहहि सिरि डंडा हे ॥
हरिजन हरि हरि नामि समाणे दुखु जनम मरण भव खंडा हे ॥
अबिनासी पुरखु पाइआ परमेसरु बहु सोभा खंड ब्रहमंडा हे ॥

तू ही अपनी रचना को देखता है और उसे जानता है।

दास नानक कहता है—गुरु के उपदेश से तू प्रकट हो जाता है।

३ यह नगर अर्थात् यह शरीर काम और क्रोध से बहुत भरा हुआ है; पर संतजनों से मिलने से दोनों खंड-खंड हो जाते हैं।

प्रारब्ध में लिखा था जो गुरु से भेंट हो गई, और भक्ति-भाव में यह जीव लौलीन हो गया।

हाथ जोड़कर तू संतों की वंदना कर—यह भारी पुण्यकर्म है।

उन्हें साष्टांग दंडवत् कर—यह भारी पुण्यकर्म है।

हरि-रस के स्वादु को नास्तिक या अभक्त नहीं जानता, क्योंकि वह अपने अंतर में अहंकार के काँटे को स्थान दिये हुए है।

जितना ही वह चलता है उतना ही वह उसे चुभता है और उतना ही क्लेश पाता है; और यम का डंडा अर्थात् काल का भय उसके सिर पर मँडराता रहता है।

हरिभक्त हरि के नाम-स्मरण में लीन रहते हैं, और उन्होंने जन्म-मरण का भय नष्ट कर दिया है।

हम गरीब मसकीन प्रभ तेरे हरि राखु राखु वड वड्डा हे ॥
जन नानक नामु अधारु टेक है हरिनामे ही सुखु मंडा हे ॥३॥

राग गउडी गुआरेरी

पंडित सासतर सिमृति पढ़िआ ॥
जोगी गोरखु गोरखु करिआ। मैं मूरख हरि हरि जपु पढ़िआ ॥
ना जाना किआ गति राम हमारी। हरि भजु मन मेरे तरु भउजल तू तारी ॥
सनिआसी बभूत लाइ सवारी ॥ परत्रिय त्यागु करी ब्रहमचारी ॥
मैं मूरख हरि आस तुमारी ॥
खत्री करम करे सूरतणु पावै। सूदु वैसु परकिरति कमावै ॥
मैं मूरख हरिनामु छडावै ॥
सभ तेरी सृसटि तूं आपि रहिआ समाई। गुरमुखि नानक दे वडिआई ॥
मैं अँधुले हरि टेक टिकाई ॥४॥

राग गउड़ी गुआरेरी

निरगुण कथा कथा है हरि की ॥
भजु मिलि साधू संगति जन की। तरु भउजलु अकथ कथा सुनि हरि की ॥

अविनाशी पुरुष से उनकी भेंट होगई है--

और लोकों और सारे ब्रह्माण्ड में उनकी शोभा-प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गई है। प्रभो, हम ग़रीब अधम जन तेरे ही हैं; हे महान् से भी महान्, हमारी रक्षा कर, हमारी रक्षा कर।

दास नानक का आधार और अवलंब तेरा एक नाम ही है, तेरे नाम में डूबकर परमानंद को मैने पाया है।

४ सिमृति=मनुस्मृति आदि धर्मशास्त्र। सनिआसी=संन्यासी बभूत= भस्म। सवारी=सजायी। ब्रहमचारी=ब्रह्मचर्य व्रत। खत्री=क्षत्रिय। सूरतणु=शूरवीरता। सूदु=शूद्र। वैसु=वैश्य। परकिरति=अपनी-

गोविंद सतसंगति मेलाइ। हरि रसु रसना राम गुन गाइ ॥
जो जन ध्यावहिं हरि हरिनामा ॥ तिन दासनिदास करहु हम रामा ॥
जन की सेवा ऊतम कामा ॥
जो हरि की हरि कथा सुणावै। सो जनु हमरै मनि चिति भावै ॥
जन पग रेणु वडभागी पावै ॥
संत जना सिउ प्रीति बनि आई। जिन कउ लिखतु लिखिआ धुरि पाई ॥
ते जन नानक नामि समाई ॥५॥

रागु गूजरी

हरि के जन, सतिगुर, सतपुरखा, बिनउ करउ गुर पासि ॥
हम कीरे किरम सतिगुर सरणाई करि दइआ नामु परगासि ॥
मेरे मति गुरदेव मोकउ राम नामु परगासि ॥
गुरमति नामु मेरा प्रानसखाई हरि कीरति हमरी रहरासि ।
हरिजन के वड भाग वडेरे जिन हरि हरि सरधा हरि पिआस ॥
हरि हरि नामु मिलै त्रिपतासहि मिलि संगति गुण परगासि
जिन हरि हरि हरिरसु नामु न पाइआ ते भागहीण जम पासि ॥
जो सतिगुर सरणि संगति नही आए ध्रिगु जीवे ध्रिगु जीवासि ॥

अपनी प्रकृति के अनुसार। सृसटि=सृष्टि, रचना।

५ भउजलु=संसार-सागर। ऊतम=उत्तम। जन-पग रेणु=हरिभक्तों के चरणों की धूल। सिउ=से। धुरि=सबसे ऊपर, शीर्षस्थान।

६ करउ=करता हूँ। गुरपासि=परमात्मा के प्रति। कीरे=कीड़े। किरम=कृमि, बहुत ही छोटे जीव। नामु परगासि=तू अपने नाम का प्रकाश हमारे अंदर भरदे। कीरति=कीर्त्तन, गुणगान। रहरासि=धंधा। सरधा=श्रद्धा। पिआस=प्यास, मिलने की तड़प। त्रिपतासहि=तृप्त या संतुष्ट हो जाते हैं। संगति=सत्संग। गुणपरगासि=परमात्मा के गुण

जिनहरिजन सतिगुर संगति पाई तिन धुरि मसतकि लिखिआ लिखासि ॥
धनु धन्नु सतसंगति जितु हरिरसु पाइआ मिलि जन नानक नामु
परगासि ॥६॥ *

गउड़ी भैरउ

ते साधू हरि मेलहु सुआमी, जिन जपिआ गति होइ हमारी।
तिनका दरसु देखि मन बिगसै खिनु खिनु तिनकउ हउ बलिहारी ॥
हरि हिरदै जपि नामु मुरारी।
कृपा कृपा करि जगतपति सुआमी हम दासनिदास कीजै पनिहारी ॥
तिन मति ऊतम तिन पति ऊतम जिन हिरदै बसिआ बनवारी।
तिन की सेवा लाइ हरि सुआमी, तिन सिमरत गति होइ हमारी ॥
जिन ऐसा सतिगुरु साधु न पाइआ ते हरि दरगह काढ़े मारी।
ते नर निंदक सोभ न पावहि तिन नककाटे सिरजनहारी ॥
हरि आपि बुलावै आपे बोलै हरि आपि निरंजनु निरंकारु निराहारी।
हरि जिसु तू मेलहि सो तुधु मिलसी जन नानक किआ एहिजंत
बिचारी ॥७॥

प्रकट हो जाते हैं। जमपासि=काल के फंदे में पड़ते हैं। ध्रिगु जीवे=धिक्कार है जीने को। जीवासि=जीने की आशा। धुरि=आदि से ही। मसतकि माथे पर।

* यह 'रहिरास' में से लिया गया है।

७ जिन जपिआ=जिनका नाम-स्मरण और ध्यान करके। गति=सद्‌गति, मुक्ति। बिगसै=आनन्द से प्रफुल्लित हो। खिनु खिनु=क्षण-क्षण, निरंतर। हउ=हौं, मैं। दासनिदास पनिहारी=दास के भी दास की पानी भरनेवाली मजूरिन। पति=प्रतिष्ठा। ऊतम=उत्तम, श्रेष्ठ। दरगह काढ़े मारी=ईश्वर के न्यायालय से मारकर निकाल दिये गये। सोभ=शोभा, प्रतिष्ठा। हरि जिसु····· मिलसी=हे हरि, जिसे तुम अपने आप

रागु भैरउ

सभि घट तेरे तू सभना माहि। तुझ ते बाहरि कोई नाहि॥
हरि सुखदाता मेरे मन जापु। हउ तुधु सालाही तू मेरा हरि प्रभु बापु॥
जह जह देखा तह तह हरि प्रभु सोइ। सभि तेरै वसि दूजा अवरु न कोइ॥
जिस कउ तुम हरि राखिआ भावै। तिस कै नेड़ै कोइ न जावै॥
तू जलि थलि महिअलि सभतै भरपूरि। जननानकहरिजपिहाजरा हजूर॥८॥

रागु भैरउ

बोलि हरि नामु सफल सो घरी। गुर उपदेसि सभि दुख परहरी॥
मेरे मन हरि भजु नामु नरहरी।
करि किरपा मेलहु गुरु पूरा। सतसंगति संगि सिंधु भव तरी॥
जगजीवनु धिआइ मनि हरि सिमरी। कोट कुटंतर तेरे पाप परहरी॥
सतसंगति साध धूरि मुखि परी। इसनानु कीओ अठसठि सुरसरी॥
हम मूरख कउ हरि किरपा करी। जनु नानकु तारिओ तारण हरी॥९॥

सिरी रागु-छंत

मुंध इआणी पईअड़ै किउकरि हरि दरसनु पिखै।
हरि हरि अपनी किरपा करे गुरमुखि साहुरड़ै कंम सिखै॥

से मिलाना चाहो वही तुमसे मिलेगा। जंत=जंतु, जीव; यंत्र से भी आशय है, जो जड होता है।

८ सभना माहि=सबके भीतर। जापु=स्मरण कर। तुधु सालाही=तेरी स्तुति करता हूँ। तिसकै .....जावै उसके पास जाने की किसी-की भी हिम्मत नहीं होती; उसका कोई बाल भी बाँका नहीं करसकता। महिअलि=महीतल।

९ कोट कुटंतर=कोटि-कोटि, असंख्य। अठसठि=गंगा इत्यादि अड़सठतीर्थ।

१० लड़की वह भोली और अनजान है, वह प्रीतम को भला कैसे देख पायेगी?

साहुरड़ै कंम सिखै गुरमुखि हरि हरि सदा धिआए ॥
सहीआ विचि फिरै सुहेली हरि दरगह बाह लुडाए ॥
लेखा धरमराइ की बाकी जपि हरि हरि नामु किरखै ॥
मुंध इआणी पेईअड़ै गुरमुखि हरि दरसनु दिखै ॥१०॥

वीआहु होआ मेरे बाबुला गुरमुखे हरि पाइआ ।
अगिआनु अंधरा कट्टिआ गुर गिआनु प्रचंडु बलाइआ ॥
बलिआ गुरगिआनु अन्धेरा बिनसिआ हरि रतनु पदारथु लाधा ।
हउमै रोग गइआ दुखु लाथा आपु आपै गुरमति खाधा ॥
अकाल मूरति वरु पाइआ अबिनासी ना कदे मरै न जाइआ ॥
वीआहु होआ मेरे बाबोला गुरमुखे हरि पाइआ ॥११॥

प्रभु जब कृपा करता है, तब पवित्रात्मा परलोक के सुकर्मों को सीखते हैं और सदा प्रभु का ही ध्यान करते हैं।

वह सुहागिन तब अपनी सहेलियों के बीच प्रभु के दरबार में अपनी बाहँ को गर्व से डुलाती है ।

हरि का नाम जप लेने के बाद धर्मराज की रोकड़-बही में फिर क्या बाकी बचेगा ?

भोली और अनजान होते हुए भी वह लड़की सतगुरु के उपदेश से अपने प्रीतम प्रभु को यहाँ देख लेगी।

११ मेरे बाबुल (पिता), ब्याह हो गया है, गुरु के दिखाये मार्ग से मैंने अपने स्वामी को पा लिया है।

मेरा अज्ञान का वह अँधेरा अब हट गया है, और सतगुरु ने ज्ञान का प्रचंड दीपक जला दिया है,

और हरि-नाम का अनमोल रतन मैंने अब खोज लिया है।

अहंकार को काबू में कर लिया है।

उस अमर अविनाशी को अपने स्वामी के रूप में मैंने पा लिया है, वह कभी न जनमता है, न मरता है।

हरि सति सते मेरे बाबुला हरिजन मिलि जंञ सोहंदी ॥
पेवकड़ै हरि जपि सुहेली विचि साहुरड़ै खरी सोहंदी ॥
साहुरड़ै विचि खरी सोहंदी जिनि पवेकड़ै नामु समालिआ ॥
समु सफलिओ जनमु तिना दा गुरमुखि जिना मनु जिणि पासा
ढालिआ ॥
हरि संतजना मिलि कारजु सोहिआ वरु पाइआ पुरखु अनंदी ॥
हरि सति सति मेरे बाबोला हरिजन मिलि जंञ सोहंदी ॥१२॥

हरिप्रभु मेरे बाबुला हरि देवहु दानु मैं दाजो ।
हरि कपड़ो हरि सोभा देवहु जितु सवरै मेरा काजो ॥

मेरे बाबुल, ब्याह मेरा हो गया है; गुरु के दिखाये मार्ग से मैंने अपने स्वामी को पा लिया है।

१२ मेरा प्रभु सच्चे से भी सच्चा है, मेरे बाबुल; जब हरि के जन आ मिलते हैं, तब बारात की शोभा बहुत बढ़ जाती है।

जो (जीवात्मा) प्रभु का नाम जपती है, वह इस लोक में तो सुखी रहेगी ही, परलोक में भी वह सच्ची शोभा पायेगी।

प्रभु के नाम का पासा फेंककर जिन्होंने गुरु के उपदेश से अपने मन को जीत लिया, उनका जीवन सारा सफल होगया।

हरि के संतजनों से मिलकर मेरा काज बन गया; आनन्दमय पुरुष के रूप में मुझे मेरा वर मिल गया।

मेरा प्रभु सच्चे से भी सच्चा है, मेरे बाबुल; जब हरि के जन आ मिलते हैं, तब बारात की शोभा बहुत बढ़ जाती है।

१३ मेरे बाबुल, तुम तो मेरे प्रीतम हरि को ही मुझे दान और दहेज के रूप में दो।

हरि की ही मुझे पोशाक दो, और हरि की ही शोभा, जिससे कि मेरा काज बन जाये।

हरि की भक्ति से ब्याह सहल हो जाता है; सतगुरु दाता ने मुझे अपने

हरि हरि भगती काजु सुहेला गुरि सतिगुरि दानु दिवाइआ ॥
खंडि वरभंडि हरि सोभा होई इहु दानु न रलै रलाइआ ॥
होरि मनमुख दाजु जि रखि दिखालहि सु कूड़ अहंकारु कचु पाजो।
हरि प्रभु मेरे बाबुला हरि देवहु दानु मै दाजो ॥१३॥

हरि राम राम मेरे बाबोला पिर मिलि धन वेल वधंदी।
हरि जुगह जुगो जुग जुगह जुगो सद पीड़ी गुरू चलंदी ॥
जुगि जुगि पीड़ी चलै सतिगुर की जिनी गुरमुखि नाम धिआइआ।
हरि पुरखु न कबही बिनसै जावै नित देवै चड़ै सवाइआ ॥
नानक संत संत हरि एको जपि हरि हरि नामु सोहंदी।
हरि राम राम मेरे बाबुला पिर मिलि धन वेल वधंदी ॥१४॥

नाम का दान दे दिया है।

प्रभु, तेरी शोभा से सारे खंड और ब्रह्माण्ड शोभायमान हो जायेंगे; तेरे नाम का यह दहेज दूसरे और दहेजों में नहीं मिलाया जा सकता।

दुनियादार तो अपने दहेज के रूप में झूठे अहंकार और निकम्मे मुलम्मे का ही प्रदर्शन करेगा।

मेरे बाबुल, तुम तो मेरे प्रीतम को ही मुझे दान और दहेज के रूप में दो।

१४ मेरे बाबुल, प्रीतम प्रभु से मिलकर वधू (पवित्र) वेल को बढ़ाती है।

हरिने युग-युग से, सदा ही, गुरु का वंश बढाया है, जिसने उसके उपदेश से हरि के नाम का ध्यान सदा किया है।

उस परमपुरुष का कभी विनाश नहीं होता; जो वह देता है वह सवाया हो जाता है।

नानक, संत और भगवत मे भेद नहीं, दोनों एकही हैं; हरि का नाम लेकर ही वधू शोभा को पाती है।

मेरे बाबुल, प्रीतम प्रभु से मिलकर वधू वेल को बढाती है।

राग़ु देवगंधारी

मेरो सुंदरु कहहु मिलै कितु गली।
हरि के संत बतावहु मारगु लागि चली।
प्रिअ के वचन सुखाने हीअरै इह चाल बनी है भली॥
लटुरी मधुरी ठाकुर भाई उह सुंदरि हरि ढुलि मिली।
एको प्रिउ सखीआ सभ प्रिअ की जो भावै पिर सा भली॥
नानकु गरीबु किआ करै विचारा हरि भावै तितु राहि चली॥१५॥

राग़ु देवगंधारी

अब हम चली ठाकुर पहि हारि।
जब हम सरणि प्रभु की आई राखु प्रभु भावै मारि॥
लोकन की चतुराई उपमा ते बैसंतरि जारि।
कोई भला कहउ भावै बुरा कहउ हम तनु दीओ है ढारि॥
जो आवत सरणि ठाकुर प्रभु तुमरी तिसु राखहु किरपा धारि।
जन नानक सरणि तुमारी हरि जीउ राखहु लाज मुरारि॥१६॥

---

१५ कितु=किस। लागिचली=पीछे-पीछे चलूँ। सुखाने हीअरै=हृदय को आनन्द या शान्ति देते हैं। लटुरी· · ·ढुलि मिली=भले ही बुढ़ापे से कमर झुकगई हो या डील नाटा हो, पर यदि वह प्रभु को प्रिय लगती है तो वही सुंदरी है, स्वामी से वह जा मिलती है। एको प्रिय=प्रियतम केवल एक ही है। सखीआ सभ=सब सखियाँ (जीवात्माएँ) हैं। सा=वही। तितु राहि=उसी रास्ते पर।

१६ ठाकुर=स्वामी, परमात्मा। हारि=थककर, इधर-उधर भटककर। भावै=चाहे। उपमा=प्रशंसा से आशय है। बैसंतरि जारि=आग में जलाती हैं, निकम्मी मानती हूँ। तनु दीओ है दारि=अपने शरीर को उसके अधीन कर दिया है।

रागु जैतसरी

हीरा लालु अमोलकु है भारी बिनु गाहक मीका काखा।
रतनु गाहकु गुरु साधू देखिओ तब रतनु बिकानो लाखा॥
मेरै मनि गुपत हीरू हरि राखा।
दीन दइआलि मिलाइओ गुरु साधु गुरि मिलिऐ हीरु पराखा॥
मनमुख कोठी अगिआनु अँधेरा तिन घरि रतनु न लाखा।
ते ऊझड़ि भरमि मुए गावारी माइआ भुअंग बिखु चाखा॥
हरि हरि साध मेलहु जन नीके हरि साधू सरणि हम राखा।
हरि अंगीकारु करहु प्रभ सुआमी हम परे भागि तुम पाखा॥
जिह्वा किआ गुण आखि वखाणह तुम वड अगम वड पुरखा॥
जन नानक हरि किरपा धारी पाखाणु डुबत हरि राखा॥१७॥

---

१७ हीरा या लाल चाहे कैसाही अनमोल हो, बिना गाहक के वह तिनके के समान तुच्छ है।

जब सतगुरुरूपी गाहक ने उस रतन को देखा, तो उसे उसने लाखों में खरीद लिया।

मेरे हृदय में हरि-हीरा छिपा पड़ा था।

दीनदयालु प्रभु ने सतगुरु से मेरी भेंट करादी, और मैंने अपना हीरा परख लिया।

मन की राह चलनेवालों की कोठरी में अँधेरा-ही-अँधेरा है अज्ञान का; वह रतन नजर नहीं आता।

वे मूढ उजाड़ जंगल में भटक-भटककर मरते हैं माया-नागिनी का ज़हर चख-चखकर।

प्रभो, अपने साधुजनों से मुझे मिलादे; मुझे तू संतजनों की शरण में रखदे।

स्वामी, मुझे तू अब अपनाले; मैं तेरी ओर भाग आया हूँ।

मेरी जिह्वा तेरे गुणों का क्या बखान कर सकती है; तू महान् है, तू अगम्य है, तू पुरुषोत्तम है।

राग सूही—छंत

हरि पहिलड़ी लावँ परविरती करम दृड़ाइआ वलि रामजी।
बाणी ब्रहमा वेदु धरमु दृड़हु पाप तजाइआ वलि रामजी॥
धरमु दृड़हु हरि नामु धिआवहु सिमृति नामु दृड़ाइआ।
सतिगुरु पूरा आराधहु सभि किलविख पाप गवाइआ॥
सहज अनंदु होआ वडभागी मनि हरि हरि मीठा लाइआ॥
जनु कहै नानक लावँ पहिली आरंभु काजु रचाइआ॥१८॥*

हरि दूजड़ी लावँ सतिगुरु पुरखु मिलाइआ वलि राम जी।
निरभउ भै मनु होइ हउमै मैलु गवाइआ वलि राम जी॥

दास नानक विनती करता है—स्वामी, मुझपर दया कर; मुझ पाषाण (जड़बुद्धि) को डूबने से बचाले।

१८ [* गुरु रामदास ने अपने पुत्र के विवाह के अवसर पर इसे रचा था। जब वर और कन्या गाँठ बाँधकर गुरु ग्रन्थ साहब के चारो ओर फेरे करते हैं, तब इसका पाठ किया जाता है।]

'वलि राम जी'—इसका अर्थ 'हे प्यारे' यह भी किया गया है, पर 'हे राम' मैं तुमपर वलि जाता हूँ' यह अर्थ अधिक समीचीन जँचता है।

परमात्मा ने इस पहले फेरे से प्रवृत्ति-कर्म को दृढ़ किया है।

(गुरु के) शब्द को ब्रह्मा मानो, और धर्म को मानलो वेद;

और परमात्मा तुम्हें पापों से मुक्त कर देगा।

धर्म पर दृढ़ रहो, हरि के नाम का ध्यान करो, और उसे अपनी स्मृति में जमालो।

पूर्ण सद्गुरु की आराधना करो,—तुम्हारे सब पाप दूर हो जायेंगे।

बहुत बड़ा भाग्य है उसका, जिसके हृदय में हरि बस गया—वह उस (ब्राह्मी) अवस्था में आनन्द-ही-आनन्द और माधुर्य का अनुभव करता है।

दास नानक ने पहला फेरा पूरा कर लिया, और विवाह का आरंभ हो गया।

निरमलु भउ पाइआ हरि गुण गाइआ हरि वेखै रामु हदूरे ।
हरि आतम रामु पसारिआ सुआमी सरब रहिआ भरपूरे ॥
अंतरि बाहरि हरि प्रभु एको मिलि हरिजन मंगल गाए ॥
जन नानक दूजी लावँ चलाई अनहद सबद वजाए ॥१६॥

हरि तीजड़ी लावँ मनि चाउ भइआ वैरागीआ वलि रामजी ।
सतजना हरि मेलु हरि पाइआ वड़भागीआ वलि रामजी ॥
निरमलु हरि पाइआ हरिगुण गाइआ मुखि बोली हरि बाणी ।
संतजना वड़भागी पाइआ हरि कथीऐ अकथ कहाणी ॥
हिरदै हरिहरि हरि धुनि उपजी हरि जपीऐ मसतक भागु जी ।
जनु नानकु बोले तीजी लावै हरि उपजै मनि वैरागु जी ॥२०॥

---

१६ दूसरे फेरे में हरिने सद्गुरु से मेरी भेंट करादी है ।
मेरे मन से भय दूर हो गया है, और मन का मैल धुल गया है ।
हरि के गुणों को गाकर, और हरि को अपने सामने देखकर मैंने निर्मल पद पा लिया है ।
जगदात्मा हरि से सब-कुछ पसारा हुआ, और भरपूर है ।
अंदर और बाहर हमारे एक ही हरि है,
हरि के जनों से मिलने पर मंगल-गीत गाये जाते हैं ।
दास नानक ने दूसरा फेरा पूरा कर लिया, और उसने अनहद शब्द सुनलिया है ।

२० परमात्मा ने तीसरे फेरे से मन में आनन्द-उत्साह और वैराग्य की भावना स्फुरित करदी है ।
सतजनों ने मुझे हरि से मिला दिया है, और मैंने उसे बड़े सद्भाग्य से पाया है ।
उसके गुण गा-गाकर और उसका नाम रट-रटकर मैंने उस निर्मल हरि को पाया है ।
बड़े भाग्य से संतजनों से मेरी भेंट हुई है—जो हरि कथन से परे है, वे मुझे उसकी कथा सुना रहे हैं ।

हरि चउथड़ी लावँ मनि सहजु भइआ हरि पाइआ वलि रामजी।
गुरमुखि सिलिआ सुभाइ हरि मनि तनि मीठा लाइआ वलि रामजी॥
हरि मीठा लाइआ मेरे प्रभ भाइआ अनदिनु हरि लिव लाई।
मन चिंदिआ फलु पाइआ सुआमी हरि नामि वजी वाधाई॥
हरि प्रभि ठाकुरि काजु रचाइआ धन हिरदै नामि विगासी।
जनु नानकु बोले चउथी लावैं हरि पाइआ प्रभु अविनासी॥२१॥

रागु वही—छंत

आवहो संतजनहु गुण गावहु गोविंद केरे राम।
गुरमुखि मिलि रहीऐ घरि वाजहि सबद घनेरे राम॥

हृदय में हरि की ही ध्वनि उठ रही है, मैं वही एक नाम जप रहा हूँ—मेरे भाग्य में लिखा भी वही था।

दास नानक ने तीसरा फेरा पूरा कर लिया और हरि का अनुराग और (जगत् के प्रति) वैराग्य उसके मन में स्फुरित हो गया है।

२१ चौथे फेरे में परमात्मा ने सहज ज्ञान मेरे मन में प्रकाशित कर दिया है, और मैंने हरि को पा लिया है।

गुरु के उपदेश से मुझे सद्वृत्ति प्राप्त हो गई है, और मुझे मेरे मन को और देह को परमात्मा प्रिय लग रहा है।

वह मुझे प्रिय और मनोहर लग रहा है: मैं दिन-रात उसका ध्यान करता हूँ।

उसके नाम के आनन्द-गीत-गा-गाकर मुझे मनचाहा फल मिल गया है।

प्रभु ने काज पूरा कर दिया, और वधू का हृदय हरि-नाम ले-लेकर प्रफुल्लित हो गया है।

दास नानक ने यह चौथा फेरा भी पूरा कर लिया, और अविनाशी प्रभु को पा लिया है।

२२ घरि ... घनेरे=घट के अंदर अनेक प्रकार के शब्द और अनहद नाद हो रहे हैं। नेरे=पास। थाई=जगह। अहिनिसि=दिन-रात। सालाही=प्रशंसा

सबद घनेरे हरि प्रभ तेरे तू करता सभ थाई।
अहिनिसि जपी सदा सालाही साच सबदि लिव लाई॥
अनदिनु सहजि रहै रंगिराता राम नामु रिद पूजा।
नानक गुरमुखि एकु पछाणै अवरु न जाणै दूजा ॥२२॥

सभ महि रवि रहिआ सो प्रभु अतरजामी राम।
गुरसबदि रवै रवि रहिआ सो प्रभु मेरा सुआमी राम॥
प्रभु मेरा सुआमी अंतरजामी घटि घटि रविआ सोई।
गुरमति सचु पाईऐ सहजि समाईऐ तिसु बिनु अवरु न कोई॥
सहजे गुण गावा जे प्रभ भावा आपे लए मिलाए।
नानक सो प्रभु सबदे जापै अहिनिसि नामु धिआए ॥२३॥

इहु जगु दुतरु मनमुख पारि न पाई राम।
अंतरे हउमै ममता कामु क्रोधु चतुराई राम॥
अंतरि चतुराई थाइ न पाई बिरथा जनमु गवाइआ।
जम मगि दुखु पावै चोटा खावै अंति गइआ पछुताइआ॥
बिनु नावै को बेली नाही पुतु कुटंबु सुतु भाई।
नानक माइआ मोह पसारा आगै साथि न जाई ॥२४॥

करके, गुण गाकर। लिव=लौ, प्रीति। अनदिनु=नित्य। रंगिराता=अनुराग में रँगा हुआ। रिद=हृदय।

२३ रवि रहिआ=रम रहा है। गुरसबदि रवै=गुरु के उपदेश में रमता या वास करता है। गुरु मति=गुरु के उपदेश से। सहजि समाईऐ=सहज या समाधि की अवस्था में स्थित हो जाये;

२४ दुतरु=दुस्तर, जो बड़ी कठिनता से पार किया जाये। हउमै=अहंकार। थाइ=थाह। बिनु ···नाही=हरिनाम के सिवाय दूसरा कोई और सहारा नहीं। पुतु सुतु=पुत्र और सुत का एक ही अर्थ होता है। यहाँ एक ही

हउ पूछउ अपना सतिगुरु दाता किनविधि दुतरु तरीऐ राम।
सतिगुर भाइ चलहु जीवतिआ इव मरीऐ राम॥
जीवतिआ मरीऐ भउजलु तरीऐ गुरमुखि नामि समावै।
पूरा पुरख पाइआ वडभागी साचि नामि लिव लावै॥
मनि परगासु भई मनु मानिआ रामनामि वडिआई।
नानकप्रभु पाइआ सबदि मिलाइआ जोती जोति मिलाई॥२५॥

राग बसंत—अष्टपदी

काइआ नगरि इकु बालकु वसिआ खिनु पलु थिरु न रहाई।
अनिक उपाउ जतन करि थाके बारं बार भरमाई॥
मेरे ठाकुर बालकु इकतु घरि आणु।
सतिगुरु मिलै त पूरा पाईऐ भजु राम नामु नीसाणु॥
इहु मिरतक मड़ा सरीरु है सभु जगु जितु राम नामु नहीं वसिआ।
राम नामु गुरि उदकु चुआइआ फिरि हरिआ होआ रसिआ॥

अर्थ के दो शब्दों को या तो अधिक ज़ोर देने के लिए रखा है; या भाई के पुत्र, यह अर्थ भी हो सकता है।

२५ हउ पूछउ = मैं पूछता हूँ। किन बिधि = किस प्रकार। जीवतिआ इव मरीए = जीतेजी ही मर जाये, अर्थात् अहंकार को मारदे। समावै = रम जाये। मनि परगासु भई = बुद्धि परमार्थ-ज्ञान से प्रकाशित हो गई। वडिआई = महिमा।

२६ बालकु = मन से आशय है। खिनु = क्षण। थिरु = स्थिर, अचंचल। भरमाई = इधर-उधर घूमता रहता है। इकतु घरि आणु = एक नियत घर में लाकर बिठादे। इहु ˙˙ वसिआ = इस संसार में उन सभीके शरीर मानो क़ब्र की मिट्टी हैं, जिनमें राम-नाम का वास नहीं है। रामनामु ˙˙ रसिआ = गुरु रामनाम का जल जब ढाल देता है, तब सूखा भी हरा हो जाता है; और उसमें रस भर जाता है। मृतक भी हरिनाम की संजीवनी से

मै निरखत निरखत सरीरु सभु खोजिआ इकु गुरमुखि चलतु दिखाइआ।
बाहरु खोजि मरे सभि साकत हरि गुर मति घरि पाइआ ॥
दीना दीन दयाल भए है जिउ क्रसनु बिदर घरि आइआ।
मिलिओ सुदामा भावनी धारि सभु किछु आगै दालदु भंजि समाइआ ॥
राम नाम की पैज वडेरी मेरे ठाकुरि आपि रखाई।
जे सभि साकत करहि बखीली इक रती तिलु न घटाई ॥
जन की उसतति है राम नामा दह दिसि सोभा पाई।
निंदकु साकत खवि न सकै तिलु आपणै घरि लूकी लाई ॥
जन कउ जनु मिलि सोभा पावै गुण महि गुण परगासा।
मेरे ठाकुर के जन प्रीतम पिआरे जो होवहि दासनिदासा ॥
आपे जलु अपरपारु करता आपे मेलि मिलावै।
नानक गुरमुखि सहजि मिलाए जिउ जलु जलहि समावै ॥२६॥

सोरठ की वार

हरि दासन सिउ प्रीति है हरि दासन को मितु ॥
हरि दासन कै वसि है जिउ जंती कै वसि जतु ॥

प्रफुल्लित हो जाता है। चलतु दिखाइआ=दृष्टि देदी। साकत=नास्तिको अर्थात् ईश्वर पर ईमान न लानेवालों से आशय है। गुरमति घरि पाइआ=गुरु के उपदेश से परमात्मा को घर बैठे ही पा लिया। दीना-दीन=दीनों से भी दीन। बिदर=विदुर। भावनी=भक्ति-भावना। दालदु भंजि=दरिद्रता दूर कर। समाइआ=समृद्ध बना दिया। बखीली=कलक या अप्रतिष्ठा। उसतति=स्तुति। खवि न सकै=रोक या अटका नहीं सकते। आपणै घरि लूकी लाई—अपने घरों मे आग लगादी। आपे जलु=सिरजनहार समुद्र के समान है। आपे मेलि मिलावै—अपने आपसे मिलन वही कराता है।

१ सिउ=से, के साथ। मितु—मित्र। जती=यत्री, बाजा बजाने-

हरि के दास हरि धिआइऐ करि प्रीतम सिउ नेहु ।
किरया करिकै सुनहु प्रभु सभ जग महि वरसै मेहु ॥
जो हरि दासन की उसतति है सा हरि की वडिआई ।
हरि आपणी वडिआई भावदी जन का जैकारु कराई ॥
सो हरिजनु नामु धिआइदा हरि हरिजनु इक समानि ।
जनु नानक हरि का दासु है हरि पैज रखहु भगवान ॥१॥

सलोक

नानक प्रीति लाई तिनि साचै तिसु विनु रहणु न जाई ।
सतिगुरु मिलै त पूरा पाईऐ हरि रसि रसन रसाई ॥

पउड़ी

रैणि दिवसु परभाति तूहै ही गावणा ।
जीअ जंत सरवत नाउ तेरा धिआवणा ॥
तू दाता दातारु तेरा दित्ता खावणा ।
भगत जना कै संगि पाप गवावणा ॥
जन नानक सद बलिहारे वलि वलि जावणा ॥२॥

वाला । जंतु=यंत्र, बाजा । हरि धिआइऐ=हरि का ध्यान करते हैं । मेहु=करुणारूपी जल, यह भी अर्थ हो सकता है । उसतति=स्तुति, प्रशंसा । वडिआई=महिमा । हरि...कराई=जब उसके सेवकों का जयकार होता है, तो परमात्मा उसे अपनी ही महिमा मानता है । धिआइदा=ध्यान करते हैं । इक समानि=एक ही हैं दोनों । पैज=लाज ।

२ लाई=लगाई । तिसु...जाई=उस प्रभु के बिना जिनसे रहा नहीं जाता, बिना उसके बेचैन रहते हैं । हरिरसि रसन रसाई=हरिनाम के रस से जिह्वा को रसवंती कर लिया है: जिनकी वाणी से आनन्द-ही-आनन्द झरता रहता है । तूहै=तुझे । गावणा=यश गाते हैं । सरवत=सर्वत्र । दित्ता=दिया हुआ, दान । सद=सदा ।

१ चड़ि बोहिथै चालसउ=नाव पर चढ़कर आगे बढ़ जाऊँगा । सागर लहरी देइ=समुद्र में चाहे कितनी ही ऊँची लहरें उठती हों । टाक न

मारू की वार

चढ़ि वोहिथै चालसउ सागरु लहरी देइ ।
ठाक न सचै वोहिथै जे गुरु धीरक देइ ॥
तितु दरि जाइ उतारीआ गुरु दिसै सावधानु ।
नानक नदरी पाईऐ दरगह चलै मानु ॥

पउड़ी

निहकंटक राजु भुंचि तू गुरमुखि सचु कमाई ।
सचै तखत बैठा निआउ करि सतसंगति मेलि मिलाई ॥
सचा उपदेसु हरि जापणा हरि सिउ वणि आई ।
ऐथै सुखदाता मनि वसै अंति होइ सखाई ॥
हरि सिउ प्रीति ऊपजी गुरि सोझी पाई ॥१॥

सलोक

वड़भागिया सोहागणी जिन्हां गुरमुखि मिलिआ हरिराइ ।
अंतर जोति परगासिया नानक नामि समाइ ॥१॥

वाहु वाहु सतिगुरु सतिपुरख है, जिसनों सिम्रतु सभकोई ।
वाहु वाहु सतिगुरु निरवैरु है, जिसु निंदा उसतति तुलि होइ ॥२॥

सचै वोहिथै=सच्ची नाव रुक नहीं सकती। धीरक=हिम्मत। तितु दरि=उस घाट पर। दिसै=दीख रहा है। सावधानु=जागृत। नदरी=कृपा-दृष्टि। दरगह=ईश्वर का दरबार। मानु=प्रतिष्ठा, आदर। भुंचि=भोग। निआउ=न्याय। ऐथै=इस लोक में। सुखदाता=आनन्ददाता परमात्मा। अंति=परलोक में।

१ नामि समाइ=हरि-नाम में लौलीन हो गये।

२ जिसनो=जिसको। सिम्रतु=स्मरण करते हैं। उसतति=स्तुति, प्रशंसा। तुलि=तुल्य, समान।

वाहु वाहु सतिगुरु सुजाणु है, जिसु अंतरि ब्रह्मु विचारु ।
वाहु वाहु सतिगुरु निरंकारु है, जिसु अंतु न पारावारु ॥३॥

वड़भागी हरि पाइआ पूरन परमानन्दु ।
जन नानक नामु सलाहिआ, वहुड़ि न मनि तनि भंगु ॥४॥

गुरमुखि सची आसकी जितु प्रीतमु सचा पाईऐ ।
अनदिनु रहहि अनंदि नानक सहजि समाईऐ ॥५॥

सचा प्रेम पिआरु गुर पूरे ते पाइए ।
कबहू न होवै भंगु नानक हरिगुण गाइए ॥६॥

---

४ सलाहिआ = सराहना या स्तुति की । वहुडि = फिर । न मनि तनि भंगु = मन और तन से विलग नहीं होता ।

५ आसकी = प्रीति । अनदिनु = नित्य, निरंतर ।

गुरु अर्जुनदेव

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६२० वि०, वैशाख कृ० ७

जन्म-स्थान—गोइन्दवाल

पिता—गुरु रामदास

माता—बीबी भानी

भेप—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१६६३ वि०, ज्येष्ठ शु० ४

मृत्यु-स्थान—लाहौर (रावी नदी में)

गुरु अर्जुनदेव बचपन से ही बड़े होनहार दीखते थे। इनके नाना गुरु अमरदास की यह भविष्यद्वाणी सर्वथा सत्य सिद्ध हुई कि "यह मेरा दोहित पानी का बोहित होगा।" इन्होंने अपनी ऊँची रहनी और गहरी बानी के द्वारा हज़ारों-लाखों को पार लगाया।

विवाह इनका जालंधर जिले के कृपाचंद्र की पुत्री गंगा देवी के साथ हुआ। इन्हीं गंगा के गर्भ से महाप्रतापी छठे गुरु हरगोविन्द का जन्म हुआ।

सबसे पहले गुरु अर्जुनदेव ने संतोखसर और अमृतसर इन दोनों तालाबों के घाट बँधवाये, और रामदासपुर शहर को भी विस्तृत किया। रामदाससर (अमृतसर) की महिमा इन्होंने अपने इस पद में गाई है :—

"रामदास सरोवरि नाते। सभि उतरे पाप कमाते॥
निरमल होए करि इसनाना। गुरि पूरे कीने दाना॥
सभि कुसल खेम प्रभ धारे।
सही सलामति सभि लोक उबारे गुरु का सबदु वीचारे॥
साध संगि मलु लाथी। पार ब्रहमु भइओ साथी॥
नानक नामु धिआइआ। आदिपुरख प्रभु पाइआ॥"

गुरु अर्जुनदेव ने अमृतसर में एक सुन्दर मन्दिर भी बनवाया, जिसे हर-मंदिर या दरबार साहिब भी कहते हैं। इस मन्दिर में गुरु ग्रन्थ साहिब की सेवा-पूजा की जाती है।

गुरु अर्जुनदेव ने तरनतारन का भी निर्माण किया, और वहाँ भी एक तालाब खुदवाया।

इसी प्रकार व्यास और सतलज नदियों के बीच एक दूसरा शहर भी इन्होंने बसाया, जिसे कर्त्तारपुर कहते हैं।

इनका प्रायः सारा ही जीवन संघर्ष में बीता। इनके प्रति एक-न-एक कारण से ये तीन व्यक्ति द्वेष रखते थे--(१) बादशाह अकबर का मंत्री राजा बीरबल, (२) इनका बड़ा भाई प्रिथिया, और (३) बादशाह का एक अर्थमंत्री चंदूशाह।

बीरबल का तो गुरु अर्जुनदेव के साथ केवल धार्मिक मत-भेद था। उसने इन्हें कई बार अपमानित करने का प्रयत्न किया, पर वह सफल नहीं हुआ।

प्रिथिया को गुरु की गद्दी नहीं मिली थी, इसीलिए वह इनका शत्रु बन बैठा। इनके विरुद्ध उसने अनेक षड्यंत्र रचे। इनके पुत्र हरगोविन्द को विष दिलानेतक का प्रयत्न किया। बादशाह को भी इनके खिलाफ कई बार उसने उभाड़ा। जितनी भी दुष्टता और नीचता हो सकती थी प्रिथिया ने उस सबका प्रयोग किया। उसकी स्त्री गुरु का सर्वनाश करने-कराने के प्रयत्नों में उससे भी हमेशा चार क़दम आगे रहती थी।

चंदूशाह भी गुरु का जानी दुश्मन था। वह दिल्ली में रहता था। उसको अपनी एक लड़की के लिए सुयोग्य वर को आवश्यकता थी। उसके आगे गुरु अर्जुनदेव के लड़के हरगोविन्द का प्रस्ताव रखा गया। पहले तो उसे यह प्रस्ताव पसंद नहीं आया और यह कहकर गुरु का घोर अपमान किया कि—'राजमहल की सुन्दर खपरैल को भला कोई नाली में फेंकेगा?' किन्तु अंत में अपनी स्त्री के आग्रह पर उसने उक्त बात को मान लिया। पर अब गुरु के सिक्ख राजी नहीं हुए। गुरु का अपमान उन्हें सहन नहीं हुआ। परिणामतः चंदूशाह का प्रस्ताव ठुकरा दिया गया। इस घटना ने उसे गुरु अर्जुनदेव का घोर शत्रु बना दिया। उसने उनको मिट्टी में मिला देने की प्रतिज्ञा की। चंदूशाह ने कितने ही षड्यंत्र गुरु अर्जुनदेव के विरुद्ध रचे, और प्रिथिया ने भी उसका इन कुकृत्यों में साथ दिया।

गुरु अर्जुनदेव ने अपने सतत संघर्षमय जीवन में भी हमेशा शान्ति, गंभीरता, क्षमाशीलता और तितिक्षा का परिचय दिया। वे अपने धर्म-पथपर से अंततक विचलित नहीं हुए। रचनात्मक कार्य उनका बराबर जारी रहा। अपने जीवन में उन्होंने जो सबसे महान् और चिरस्थायी कार्य किया वह था गुरु ग्रन्थ साहिब का सुन्दर संकलन तथा सपादन। चारों पूर्व गुरुओं की यथार्थ बानी का रागबद्ध संग्रह करना कोई साधारण काम नहीं था। गुरु अमरदास अपनी रचना 'अनंदु' कीं २३वीं तथा २४वीं पउड़ी में कह गये थे कि सिक्खों को गुरु के सच्चे पदों का ही पाठ करना चाहिए। गुरु अर्जुनदेव की आज्ञा से भाई गुरदास ने इस भगीरथ कार्य को हाथ में लिया। गुरु अमरदास के जेठे पुत्र मोहन को प्रसन्न करके गोइन्दवाल से गुरु अर्जुनदेव गुरुओं की सारी सची बानी को ले आये। उस सब बानी का तथा अपनी भी बानी का उन्होंने संग्रह और संपादन कराया, और जयदेव, कबीर, रैदास, फरीद आदि भक्तों की भी कुछ चुनी हुई बानियों को ग्रन्थ साहिब में आदरपूर्वक स्थान दिया। गुरु अर्जुनदेव ने बोल-बोलकर सब पदों और सलोकों को भाई गुरदास से गुरुमुखी में लिखवाया। गुरु अर्जुनदेव ने यह एक बहुत बड़ा काम किया, और इससे वे अमर हो गये। सत्ते ने बलवंड की लंबी रचना में निम्नलिखित पउड़ी जोडकर गुरु अर्जुनदेव की गुरुग्रन्थ साहिब-संपादन-विषयक जो ऊँची प्रशंसा की वह सर्वथा योग्य है :—

चारे जागे चहु जुगी पंचाइणु आपे होआ ॥
आपीनै आपु साजिओनु आपेही थंम्हि खलोआ ॥
आपे पटी कलम आपि आपि लिखणहारा होआ ॥
सभ उमति आवण जावणी आपेही नवा निरोआ ॥
तखति बैठा अरजन गुरु सतिगुर का खिवै चदोआ ॥
उगवणहु तै आथवणहु चहु चकी कीअनु लोआ ॥
जिन्हीं गुरु न सेविओ मनमुखा पइआ मोआ ॥
दूणी चउणी करामाति सचे का सचा ढोआ ॥
चारे जागे चहु जुगी पंचाइणु आपे होआ ॥

अर्थात्, चारो गुरुओंने जगत् के चारों युगों को जगमगा दिया; अर्जुन, तू उनके स्थान पर पाँचवाँ है।

तूने स्वयं ही यह सब रचा है; तू ही इन रचना का आधार-स्तंभ है।

तू ही पट्टी है, तू ही कलम है, तू ही लिखनेवाला है।

मनुष्य आते हैं और चले जाते हैं; पर तू सदा ही नवीन और पूर्ण है।

गुरु अर्जुन गुरु के तख्त पर बैठा है, सतगुरु का छत्र उसके ऊपर दिप रहा है।

उदयाचल से अस्ताचलतक सारी दिशाएँ तूने प्रकाशित करदी हैं।

जिन्होंने सतगुरु की सेवा नहीं की, उन्हें बारबार जन्म लेना होगा।

तेरे चमत्कार दूने-चौगुने बढ़ेंगे; सच्चे गुरु का तू सच्चा उत्तराधिकारी है।

चारों गुरुओं ने जगत् के चारों युगों को जगमगा दिया; अर्जुन, तू उनके स्थान पर पाँचवाँ है।

अंत में, ४३ वर्ष की अल्पायु में, महान् संत गुरु अर्जुनदेव को धर्म की वेदी पर बलि होना पड़ा। प्रिथिया के पुत्र मिहरबान और चंदू अपने महान् कुकृत्य में सफल हो गये। गुरु अर्जुनदेव की झूठी-झूठी शिकायतें जहांगीर बादशाह के कानों में पहुँचाई गईं। उन्हें छल-बल से पकड़वाकर बादशाह के आगे पेश किया गया और इस्लाम का विरोधी ठहराया गया। फैसला यह सुनाया गया कि वे दो लाख रुपये बतौर जुर्माने के दें, और गुरु ग्रन्थ साहिब में से आपत्तिजनक अंश को निकालदें। उन्होंने दोनों ही बातें नामंजूर करदीं। उन्होंने कहा कि "ग्रन्थ साहब में ऐसी एक भी पंक्ति नहीं, जिसमें हिन्दू अवतारों और मुसलिम पैगंबरों की निंदा की गई हो। हाँ, यह ज़रूर उसमें कहा गया है कि पैगंबर, पीर और अवतार सब उसी अकाल परमात्मा के सिरजे हुए हैं, जिसका अंत आजतक किसीको भी नहीं मिला। मेरा मुख्य उद्देश है सत्य का प्रचार और असत्य का निवारण, इसमें अगर मेरा यह नाशवान शरीर भी चला जावे, तो उसे मैं अपना अहोभाग्य मानूँगा।" बादशाह इसपर बहुत बिगड़ा। गुरु अर्जुनदेव को जेलखाने में डाल दिया गया, और वहाँ उन्हें अनेक अमानुषिक यातनाएँ दी गईं। आग-सी गरम रेत उनके ऊपर डाली गई, और जलती हुई लाल कड़ाही में उन्हें बिठाया गया। पर उन्होंने सारी यातनाओं को शांति से सहन कर लिया। उन्होंने हँसते हुए आततायी चंदू से दृढ़ता के स्वर में कहा कि, अरे मूर्ख!

'फूटो अंडा भरम का, मनहि भइउ परगासु।
काटी बेड़ी पगह ते, गुरि कीता बंदि खलासु॥

जन्म-जन्म की बेडी कट चुकी थी, सतगुरु ने माया के बंदीगृह से मुक्त कर दिया था। भ्रम का परदा हट चुका था, और अब मन के अंदर दिव्य प्रकाश जगमग-जगमग हो रहा था।

पाँच दिन कारागार में बीत गये। छठे दिन उन्होंने रावी नदी मे स्नान कर आने की इजाजत माँगी, और वह मिल गई। अपने साथ पाँच प्यारे सिक्खों को लेकर वे हथियारबंद सिपाहियों की निगरानी में नहाने के लिए बंदीगृह से निकले। सारे बदन पर फफोले पड़े हुए थे, और पैरों में कई घाव हो गये थे। लेकिन चेहरे पर प्रेम की वही मस्ती खेल रही थी, मानो बंदी-गृह से छूटकर अपने प्यारे प्रभु से मिलने जा रहे थे। ध्यान में मग्न थे, मुख से 'वाहगुरु वाहगुरु' निकल रहा था।

रावी में उतरकर स्नान किया, और फिर 'जपुजी' का मंगल पाठ, और वहीं पर शान्तिपूर्वक अपना चोला छोड़ दिया। वह संवत् १६६३ की जेठ सुदी चौथ का दिन था—बहुत बड़े बलिदान का चिरस्मरणीय दिन!

बानी-परिचय

गुरु अर्जुनदेव की बानी बहुत बडी है, ६००० से भी अधिक इनके पद और सलोक हैं। 'महला ५' के अंतर्गत जितने भी पद और सलोक मिलते हैं वे सब इन्हींके रचे हुए हैं। 'बावन अखरी', सवैये, छंत, फुनहे, अनेक रागों में 'वारें' तथा 'सहसकृती के सलोक' इनके प्रसिद्ध हैं। पर इनकी 'सुखमनी' नाम की आनन्ददायिनी सुंदर सरस रचना सब से अधिक प्रसिद्ध है। इसमे २४ अष्टपदियाँ हैं। हमने प्रस्तुत ग्रन्थ मे सारी सुखमनी नहीं, पर उसकी बहुत-सी अष्टपदियाँ सकलित की हैं। यह इनकी अति लोकप्रिय रचना है। इसके पाठ से चित्त को बहुत शान्ति मिलती है। प्रातःकाल 'जपुजी' के पश्चात् 'सुखमनी' का पाठ किया जाता है। भाषा सरस तथा साधु है। पजाबी का पुट कम और हिन्दी का रंग अधिक है। इनके कितनेही पद बहुत मधुर और प्रसादगुण मे युक्त हैं। भक्ति-भावना उनमें कूट-कूटकर भरी है। हमें इस बात का पछताव है कि स्थल-संकीर्णता के कारण गुरु अर्जुनदेव के हजारों पदों मे से हम बहुत ही थोड़े पद इस संग्रह-ग्रन्थ मे ले सके।

आधार

१ गुरु ग्रन्थ साहिब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन (भाग ३)—मेकालीफ

रागु सारंग

अब मोरो ठाकुर सिउ मनु माना ।
साध कृपा दइआल भये हैं इहु छेदिओ दुसटु बिगाना ॥
तुमही सुंदर तुमहि सिआने, तुम ही सुघर सुजाना ॥
सगल जोग अरु गिआन धिआन इक निमख न कीमति जाना ॥
तुमही नायक तुमही छत्रपति, तुम पूरि रहे भगवाना ।
पावउ दानु संत-सेवा हरि, नान सद कुरबाना ॥१॥

जा की रामनाम लिव लागी ।
सजनु सुहृद सुहेला सहजे, सो कहिए वड़भागी
रहित-बिकार अलिप माइआ ते अहंबुद्धि-बिखु तिआगी ॥
दरस पिआस आस एकहि की, टेक हिये प्रिय पागी ॥
अचिंत सोइ जागनु उठि बैसनु अचिंत हसत बैरागी ॥
कहु नानक जिनि जगतु ठगाना, सु माइआ हरिजन ठागी ॥२॥

---

१ सिउ=से । इहु ..... बिगाना=इस दुष्ट शत्रु (मन) ने मेरा नाश कर दिया था ; अथवा, दयालु संतोंने इस दुष्ट शत्रु का छेदन कर दिया । सगल ''जाना=प्रभु के सान्निध्य में एक क्षण भी जो आनन्द मिला उसकी तुलना में सारा योग और ज्ञान-ध्यान तुच्छ है । निमख=निमिष, पल । सद=सदा । कुरबाना=बलिहारी ।

२ लिव=प्रीति, ध्यान । सजनु=संबंधी, प्यारा ! सुहेला=सुंदर । अलिप=निर्लेप । अहंबुधि बिखु=अहंकार रूपी विष । अचिंत=निश्चिंत । बैसनु=बैठना । ठागी=हरिभक्तों द्वारा ठगी गई ।

माई री मनु मेरो मतवारो ।
पेखि दइआल अनंद सुख पूरन हरि रसि पिओ खुमारो ॥
निरमल भइउ ऊजल जसु गावत बहुरि न होवत कारो ॥
चरनकमल सिउ डोरी राची भेटिओ पुरखु अपारो ॥
करु गहि लीने सरबसु दीने, दीपक भइउ उजारो ॥
नानक नामि-रसिक बैरागी कुलह समूहा तारो ॥३॥

अवरि सभि भूले भ्रमत न जानिआ ।
एकु सुधाखरु जाकै हिरदै वसिआ तिनि बेदहि ततु पछानिआ ॥
परविरति मारगु जेता किछु होइऐ तेता लोग पचारा ॥
जउलउ रिदै नही परगासा, तउलउ अंध अंधारा ॥
जैसे धरती साधै बहु बिधि बिनु बीजै नही जामै ॥
रामनाम बिनु मुकति न होईहै तुटै नही अभिमानै ॥
नीरु बिलोवै अति स्रमु पावै, नैनू कैसे रीसै ।
बिनु गुर भेट मुकति ना काहू मिलत नही जगदीसै ॥
खोजत खोजत इहै बिचारिओ सरब सुखा हरिनामां ।
कहु नानकु तिसु भइओ परापति जाकै लेखु मथामां ॥४॥

---

३ खुमारो=नशा । कारो=काला, मलिन । डोरी राची=प्रीति लगी । कुलह समूहा=अनेक कुलों को ।

४ सुधाखरु=सुधा+अक्षर ; अमृत के जैसा प्रभु-नाम का अक्षर । पछानिआ=पहचाना । परविरति=प्रवृत्ति, संसार-बंधन के कर्म । पचारा=प्रचार किया । परगासा=प्रकाश (आत्म-ज्ञान का) । साधै=बनाये, कमाये । नैनू कैसे रीसै=मक्खन कैसे निकल सकता है । सुखा=सुखदायक । मथामा=माथे में अर्थात् भाग्य में ।

उआ अउसर कै हउ वलि जाई।
आठ पहर अपना प्रभु-सिमरनु वड़भागी हरि पाई॥
भलो कबीरुदासु दासन को ऊतम सैनु जनु नाई॥
ऊच ते ऊच नामदेव समदरसी, रविदास ठाकुर बनि आई॥
जीव पिंडु तनु धनु साधन का इहु मनु संत रेनाई॥
संत प्रतापि भरम सभि नासे नानक मिले गुसाई॥५॥

रागु प्रभाती

राम राम राम राम जाप।
कलि-कलेस लोभ-मोह विनसि जाइ अहं-ताप॥
आपु तिआगि, संतचरन लागि, मनु पवितु, जाहि पाप॥
नानकु बारिकु कछू न जानै, राखन कउ प्रभु माई बाप॥६॥

चरनकमल-सरनि टेक।
ऊच मूच बेअंतु ठाकुरु, सरब ऊपरि तुही एक॥
प्रानअधार दुख बिदार, देनहार बुधि-बिवेक॥
नमसकार रखनहार मनि अराधि प्रभू मेक॥
संत-रेन करउ मंजनु नानकु पावे सुख अनेक॥७॥

---

५ उवा=वा, उस। हउ=हौं, मैं। ऊतमु=उत्तम, श्रेष्ठ। सैनु जनु=सेना नाम का हरि-भक्त जो जाति का नाई था। रविदास····· आई=रैदास की प्रीति भगवान् से निभ गई। रेनाई=(चरणों की) रेणु अर्थात धूल। गुसाई=प्रभु, परमात्मा।

६ अहंताप=अहंकार की आग, जो निरंतर जलाती रहती है। आपु=अहंकार। पवितु=पवित्र। बारिकु=बालक। कउ=को।

७ ऊच मूच=ऊँचे से ऊँचा। बेअंतु=अनंत। मनि अराधि=मनमें आराधना करनेयोग्य। संत····· मजनु=संतों की चरण-रज से मन को माँजकर निर्मल करूँ।

गुरु अर्जुनदेव

राग रामकली

जपि गोविन्दु गोपाल लालु।
रामनाम सिमरि तू जीवहि फिरि न खाई महाकालु॥
कोटि जनम भ्रमि भ्रमि भ्रमि आइओ। वडै भागि साधु संगु पाइओ॥
बिनु गुर पूरे नाही उधारु। बाबा नानकु आखै एहु बीचारु॥८॥

कोई बोले राम नाम कोई खुदाइ।
कोई सेवै गुसइआ कोई अलाहि॥
कारणकरण करीम।
किरपा धारि रहीम॥
कोई नावै तीरथि कोई हज जाइ। कोई करै पूजा कोई सिरु निवाइ॥
कोई पढै बेद कोई कतेब। कोई ओढै नील कोई सुपेद॥
कोई कहै तुरकु कोई कहै हिंदू। कोई बाछै भिसतु कोई सुरगिंदू॥
कहु नानक जिनि हुकमु पछाना। प्रभ साहिब का तिनि भेदु जाना॥९॥

तेरे काजि न ग्रिहु राजु मालु। तेरे काजि न बिखै जंजालु॥
इसट मीत जाणु सभ छलै। हरि हरि नामु संगि तेरै चलै॥
रामनाम गुण गाइले मीता हरि सिमरत तेरी लाज रहै।
हरि सिमरत जमु किछु न कहै॥

---

८ उधारु=उद्धार, मुक्ति। आखै=कहता है। वीचारु=सार-तत्त्व की बात।

९ गुसइआ=गोसाईं, परमात्मा। अलाहि=अल्लाह। कारण करण=कारण का भी कारण। करीम=कृपालु। रहीम=दयालु। नावै=स्नान करता है। सिरु निवाइ=नमाज पढता है। कतेब=कुरान से आशय है। नील=नीला कपडा, जिसे मुसलमान फकीर ओढते हैं। सुपेद=सफेद वस्त्र। बाछै=चाहता है। भिसतु=बहिश्त, स्वर्ग। सुरगिंदू=सुरलोक।

बिनु हरि सगल निरारथ काम । सुइनारूपा माटी दाम ॥
गुर का सबदु जापि मन सुखा । ईहा ऊहा तेरो ऊजल मुखा ॥
करि करि थाके वड़े वडेरे । किनही न कीए काज माइआ पूरे ॥
हरि हरि नामु जपै जनु कोइ । ताकी आसा पूरन होइ ॥
हरि भगतन को नामु आधारु । संता जीता जनमु अपारु ॥
हरि संतु करे सोई परवाणु । नानक दास ताकै कुरवाणु ॥१०॥

गावहु राम के गुण गीत ।
नाम जपत परम सुख पाईऐ आवागउणु मिटै मेरे मीत ॥
गुण गावत होवत परगासु । चरनकमल महि होइ निवासु ॥
संतसंगति महि होइ उधारु । नानक भउजलु उतरसि पारु ॥११॥

पवनै महि पवनु समाइआ । जोती महि जोति रलिजाइआ ॥
माटी माटी होई एक । रोवणहारे की कउन टेक ॥
कउनु मूआ रे कउनु मूआ ॥
ब्रह्मगिआनी मिलि करहु विचारा इहु तउ चलतु भइआ ॥
अगली किछु खबरि न पाई । रोवणहारु भि ऊठि सिधाई ॥
भरम मोह के बांधे बंध । सुपना भइआ भखलाए अंध ॥

भेदु=मर्म, असली रहस्य ।

१० तेरे काजि न=तेरे काम आनेवाला नहीं । इसट=इष्ट, प्रिय । छलै=धोखा ठगे । सगल=सकल । निरारथ=व्यर्थ । सुइना रूपा=सोना-चाँदी । मन सुखा=प्रसन्न मन से । ईहा ऊहा=इस लोक में तथा परलोक में । माइआ=माया । जीता=सफल किया । परवाणु=प्रमाण, सत्य ।

११ परगासु=आत्म-ज्ञान का प्रकाश । उधारु=उद्धार, मोक्ष । भउजलु=संसार-सागर ।

१२ रलि जाइआ=मिल गई, एक ही हो गई । इहु=यह जीव । अगली=

इह तउ रचन रचिआ करतारि। आवत जावत हुकमि अपारि॥
नह को मूआ न मरणै जोगु। नह बिनसै अबिनासी होगु॥
जो इहु जाणहु सो इहु नाहि। जानणहारे कउ बलि जाउ॥
कहु नानक गुरि भरमु चुकाइआ। ना कोई मरै न आवै जाइआ॥१२॥

गउड़ी

प्रीति लगी तिसु सच सिउ मरै न आवै जाइ॥
ना विछोड़िआ विछुड़ै सभ महि रहिआ समाइ।
दीन दरद दुख भंजना सेवक कै सतभाइ॥
अचरजु रूपु निरंजनो गुरि मेलाइआ माइ॥
भाई रे मीत करहु प्रभु सोइ।
माया मोह परीति ध्रिगु सुखी न दीसै कोइ॥
दाना दाता सीलवंत निरमलु रूप अपारु।
सखा सहाई अति वडा ऊचा वडा अपारु॥
बालक बिरधि न जाणीऐ निहचलु तिसु दरवारु।
जो मंगीऐ सोइ पाइऐ निरधारा आधारु॥

मृत्यु के उपरान्त की। भउलाए=बौखला गये, पागल हो गये। हुकमि अपारि=अपरंपार की आज्ञा से। नह=नहीं। को=कोई। जो इहु . नाहि=जो इस देह को जीव जान लिया था वह नहीं है। जानणहारे जाउ=ज्ञान के मूल अधिष्ठान परमात्मा पर, अथवा आत्म-अनात्म के भेद को जाननेवाले सद्गुरु पर मैं निछावर होता हूँ। गुरि=गुरुने। भरमु चुकाइआ=मिथ्या ज्ञान का अंत करदिया; अभेदज्ञान प्राप्त करा दिया।

१३ तिसु सच सिउ=उस सत्यरूप परमात्मा से। ना विछोड़िआ विछुड़ै=मैं चाहे उससे अलग हो जाऊँ, पर वह मुझसे अलग होनेवाला नहीं। सेवक कै सतभाइ=सत्य ही अपने सेवक पर प्रेम करता है। गुरि मेलाइआ माइ=री सखी, गुरुने मुझे उससे मिला दिया है। परीति=प्रीति। दीसै=दीखता है। दाना=बुद्धिमान। बिरधि=वृद्ध। निरधारा=निर्बल।

जिसु पेखत किलविख हिरहि मनि तनि होवै सांति।
इकमति एकु धिआइऐ मन की जाहि भरांति॥
गुणनिधानु नवतनु सदा पूरन जाकी दाति।
सदा सदा आराधीऐ दिनु विसरहु नाही रांति॥
जिन कउ पूरवि लिखिआ तिनका सखा गोविंदु।
तनु मनु धनु अरपी सभो सगल वारीऐ इह जिंदु॥
देखै सुणै हदूरि सद घटि घटि ब्रहमु रविंदु।
अकिरत घणोने पालदा प्रभ नानक सद बखसिंदु॥१३॥

रागु भैरउ

तू मेरा पिता तू है मेरी माता। तू मेरे जीअ प्रान सुखदाता॥
तू मेरा ठाकुर हउ दासु तेरा। तुझ बिनु अवरु नही को मेरा॥
करि किरपा करहु प्रभ दाति। तुमरी उसतति करउं दिनराति॥
हम तेरे जंत तू बजावनहारा। हम तेरे भिखारी दानु देहि दातारा॥
तउ परसादि रंगरस माणे। घट घट अंतरि तुमहि समाणे॥
तुमरी कृपा ते जपीऐ नाउ। साध संगि तुमरे गुण गाउ॥
तुमरी दइआ ते होइ दरद बिनासु। तुमरी मइआ ते कमल बिगासु॥
हउ बलिहारि जाउं गुरदेव। सफल दरसनु जाकी निरमल सेव॥
दइआ करहु ठाकुर प्रभ मेरे। गुण गावै नानकु नित तेरे॥१४॥

जिसु पेखत=जिसे देखने से। किलविख हिरहि=पाप दूर हो जाते हैं। इक=एकाग्रचित्त से, अनन्यभाव से। मन की जाहि भरांति=मन का सारा भ्रम दूर हो जाता है। नवतनु=नूतन। दाति=दान। पूरवि लिखिआ=प्रारब्ध में लिखा है। जिंदु=जीवन। हदूरि=विद्यमान। सद=सदा। रविंदु=रमा हुआ है, व्याप्त। अकिरत=कृतघ्न। बखसिंदु=क्षमा करनेवाला।

१४ ठाकुर=स्वामी। हउ=हौं, मैं। दाति=दान। उसतति=स्तुति। जंत=यंत्र, बाजा। तउ परसादि=तेरी कृपा से। रंगरस=परमानन्द।

श्रीधर मोहन सगल उपावन निरंकार सुखदाता।
ऐसा प्रभु छोड़ि करहि अनसेवा कवन बिखिआ रसमाता॥
रे मनु मेरे तू गोविंद भाजु।
अवर उपाव सगल मै देखे जो चितवीए तितु बिगरसि काजु॥
ठाकुर छोड़ि दासी कउ सिमरहि मनमुख अंध अगिआना।
हरि की भगति करहि तिन निंदहि निगुरे पसू समाना॥
जीउ पिंडु तनु धनु सभु प्रभु का, साकत कहते मेरा।
अहंबुधि दुरमति है मैली बिनु गुर भवजलि फेरा॥
होम जग्य जप तप सभि संजम तटि तीरथि नही पाइआ।
मिटिआ आपु पए सरणाई गुरमुखि नानक जगतु तराइआ॥१५॥

रागु नट नाराइन

हउ वारिवारि जाउ गुर गोपाल।
मैं निरगुन तुम पूरन दाते दीनानाथ दइआल॥
ऊठत बैठत सोवत जागत जीअ प्रान धन माल।
दरसन पिआस बहुतु मनि मेरे नानक दरस निहाल॥१६॥

तुमरी मइआ ... बिगासु=तुम्हारी स्नेहमयी कृपा से हृदयरूपी कमल प्रफुल्लित अर्थात् आनन्दित होता है। सेव=सेवा।

१५ सगल उपावन=सारी सृष्टि को उत्पन्न करनेवाला। अनसेवा=दूसरे की सेवा। बिखिआ=विषय-भोग। भाजु=भज, स्मरण कर। चितवीऐ=चित्त लगाने पर। दासी कउ=माया को। निगुरे=बिना गुरु की शरण लिये हुए। साकत=शाक्त, यहाँ निरीश्वरवादी से तात्पर्य है। भवजलि फेरा=संसार-सागर में चक्कर लगाते रहना। मिटिआ आपु पए सरणाई=गुरु की शरण में जाने से अहङ्कार नष्ट हो गया।

१६ हउ=मैं, मैं। जाउ=जाता हूँ। माल=संपत्ति। मनि=मन में, अंतर में। दरस निहाल=दर्शन पाकर कृतकृत्य हूँगा।

अपना जनु आपहि आपि उधारिओ।
आठ पहर जनकै संगि बसिओ मनते नाहि विसारिओ॥
बरनु चिहनु नाही किछु पेखिओ दास का कुल न बिचारिओ।
करि किरपा नामु हरि दीओ सहजि सुभाइ सवारिओ॥
महा बिखमु अगिआन का सागरु तिसते पारि उतारिओ।
पेखि पेखि नानक बिगसानो पुनह पुनह बलिहारिओ॥१७॥

मेरे मन जपु जपु हरि नाराइण।
कबहू न बिसरहु मन मेरे ते आठ पहर गुन गाइण॥
साधू धूरि करउ नित मजनु सभ किलविख पाप गवाइण।
पूरन पूरि रहे किरपानिधि घटि घटि दिसटि समाइण॥
जाप ताप कोटि लख पूजा हरि सिमरण तुलि ना लाइण।
दुइ कर जोड़ि नानक दान मांगै तेरे दासनि दास दसाइण॥१८॥

उलाहनो मै काहू न दीओ। मन मीठ तुहारो कीओ॥
आगिआ मानि जानि सुखु पाइआ. सुनि सुनि नामु तुहारो जीओ॥
ईहा ऊहा हरि तुमही तुमही गुरते मंत्रु दड़ीओ।

---

१७ जनु=सेवक। बरनु चिहनु=शिखा-सूत्र आदि द्विजाति वर्णों के चिह्न। पेखिओ=देखा। सवारिओ=सँभाल लिया, रक्षा की। बिखमु=भयंकर। बिगसानो=आनन्दित हुआ। पुनह पुनह=बार-बार।

१८ साधू-धूरि=संतों के चरणों की धूल। किलविख=मैल, कलंक। गवाइण=खो दिये, नष्ट कर दिये। दिसटि समाइण=दृष्टि में व्याप्त हो गया, अंतर में समा गया। ताप=तप, तपस्या। तुलि=तुल्य, बराबर। दासनि दास दसाइण=दासों के दास का भी दास होना चाहता है।

१९ उलाहनो ··· दीओ=मैंने किसीके आगे शिकायत नहीं की। मन··· ···कीओ=तुम्हें ही मैंने रिझाया। ईहा ऊहा=यहाँ-वहाँ, सर्वत्र। गुर ते मंत्रु दड़ीओ=गुरु के मुख से इस मंत्र को मैंने दृढ़ता के साथ धारण

जबते जानि पाई एह बाता तब कुसल खेम सभ थीओ ॥
साध संगि नानक परगासिओ आन नाही रे बीओ ॥१६॥

जाकउ भई तुमारी धीर ।
जम की त्रास मिटी सुखु पाइआ निकसी हउमै पीर ।
तपति बुझानी अमृत बानी तृपते जिउ बारिक खीर ।
मात पिता साजन संत मेरे संत सहाई बीर ॥
खुले भ्रम भीति मिले गोपाला हीरै बेधै हीर ।
बिसम भये नानक जसु गावत ठाकुर गुनी गहीर ॥२०॥

सुखमनी*

रागु गउड़ी

सिमरउ सिमरि सिमरि सुखु पावउ । कलि कलेस तन माहि मिटावउ ॥
सिमरउ जासु बिसुंभर एकै । नामु जपत अनगनत अनेकै ॥

किया । थीओ=हुआ । परगासिओ=प्रत्यक्ष अनुभव हुआ । बीओ=दूसरा; परमात्मा के सिवाय जगत् में और किसी भी दूसरी वस्तु का अस्तित्व नहीं ।

२० धीर=दृढ़ प्रतीति । हउमै पीर=अहंकार-जनित वेदना । तृपते जिउ बारिक खीर=जैसे मा का दूध पीकर बालक तृप्त हो जाता है । साजन=प्रिय संबंधी । खुले भ्रम भीति=भ्रान्ति अर्थात् अविद्या का भय दूर हो गया । हीरै बेधै हीर=परमात्मारूप सद्गुरु ही परमात्म-ज्ञान का रहस्य समझा सकता है, यह आशय है । बिसम=निःसंशय । गहीर=अथाह, अपरिमित ।

*'सुखमनी' में कुल २४ अष्टपदियाँ हैं और प्रत्येक अष्टपदी में ८० पंक्तियाँ । 'सुखमनी' का पाठ प्रातःकाल 'जपुजी' के पश्चात् किया जाता है । प्रस्तुत ग्रन्थ में हमने संपूर्ण 'सुखमनी' को न लेकर कुछेक अष्टपदियों के ही अंशों को लिया है, अतः क्रम नहीं रह सका । इसके लिए हमें क्षमा किया जाये—सं०

१ तन माहि=हृदय में से । बेद पुरान ·· इकआखर=वेदों, पुराणों और स्मृतियों में से साररूप 'राम' यह एक शब्द शोध निकाला है । जिनका ··

वेद पुरान सिमृति सुधाख्यर। कीने रामनाम इक आख्यर॥
किनका एक जिसु जीव वसावै। ता की महिमा गनी न आवै॥
कांखी एकै दरस तुहारो। नानक उन संगि मोहि उधारो॥१॥

सुखमनी सुख अंमृत प्रभ नामु। भगत जना कै मनि बिस्रामु॥
प्रभ कै सिमरनि गरभि न बसै। प्रभ कै सिमरनि दूखु जमु नसै॥
प्रभ कै सिमरनि कालु परहरै। प्रभ कै सिमरनि दुसमनु टरै॥
प्रभ कै सिमरत कछु बिघनु न लागै। प्रभ कै सिमरनि अनदिनु जागै॥
प्रभ कै सिमरनि भउ ना विआपै। प्रभ कै सिमरनि दुखु न सतापै॥
प्रभ का सिमरनु साध कै संगि। सरब-निधान नानक हरि-रंगि॥२॥

प्रभ का सिमरनु सभ ते ऊचा। प्रभ कै सिमरनि उधरे मूचा॥
प्रभ कै सिमरनि तृसना बुझै। प्रभ कै सिमरनि सभु किछु सुझै॥
प्रभ कै सिमरनि नाही जमत्रासा। प्रभ कै सिमरनि पूरन आसा॥
प्रभ कै सिमरनि मन की मलु जाइ। अंमृत नामु रिद माहि समाइ॥
प्रभजी बसहि साध की सरना। नानक जन का दासनि दसना॥३॥

सलोक

दीन-दरद-दुखु-भंजना घटि घटि नाथ-अनाथ।
सरनि तुम्हारी आइओ नानक के प्रभ साथ॥

बसावै=एक क्षण भी जिसने उस नाम को अपने हृदय में बसा लिया। कांखी=आकांक्षी, चाहनेवाले। उधारो=उद्धार करो।

२ सुखमनी=मन को आनन्द या शान्ति देनेवाली इस रचना में। गरभि न बसै=फिर जन्म नहीं लेना, मुक्त हो जाता है। अनदिनु=नित्य। जमु=यम, मृत्यु। भउ=भय। रंगि=प्रेम-भक्ति।

३ मूचा=अनेक, बहुत-से (पापी)। बुझै=शान्त हो जाती है। सुझै=दीख जाता है, अनुभव में आ जाता है। मलु=मलिन वासना से अभि-

अष्टपदी

सगल स्रसटि को राजा दुखिआ। हरि का नामु जपत होइ सुखिआ ॥
लाख करोरी बंधनु परै। हरि का नामु जपत निसतरै ॥
अनिक माया रंग तिख न बुझावै। हरि का नामु जपत आघावै ॥
जिह मारग इहु जात अकेला। तह हरिनामु संगि होत सुहेला ॥
ऐसा नामु मन सदा धिआइए। नानक गुरमुखि परमगति पाइए ॥४॥

सगल पुरख महि पुरखु प्रधानु। साध-संगि जा का मिटै अभिमानु ॥
आपस कउ जो जाणै नीचा। सोऊ गनीए सभ ते ऊचा ॥
जा का मनु होइ सगल की रीना। हरि हरि नामु तिनि घटि घटि चीना ॥
मन अपुने ते बुरा मिटाना। पेखै सगल स्रसटि साजना ॥
सूख दूख जन सम द्रसटेता। नानक पाप पुन्न नहीं लेपा ॥५॥

निरधन कउ धनु तेरो नाउ। निथावे कउ नाउ तेरा थाउ ॥
निमाने कउ प्रभ तेरो मान। सगल घटा कउ देवहु दान ॥
करन करावनहार सुआमी। सगल घटा के अन्तरजामी ॥

प्राय है। रिद्=हृदय। रसना=वाणी। जन=हरिभक्त। दासनिदसना=दासानुदास।

४ रंग=सुख, विषय-भोग। तिख=तृषा प्यास; अघावै=शान्त हो जाता है। सुहेला=आनन्ददायक। गुरमुखि=जिसने गुरु से उपदेश लिया हो। परमगति=मोक्ष।

५ प्रधानु=सर्वश्रेष्ठ। आपसकउ=अपने आपको। सगल की रीना=सबके चरणों की धूल। बुरा=द्वेषभाव। साजना=मित्र। द्रसटेता=द्रष्टा, देखनेवाला। लेपा=लिप्त।

६ निथावे कउ=जिसका कोई ठौर नहीं उसे। थाउ=ठौर। निमाने कउ तेरो मान=जो किसीसे मान नहीं पाता, उसे तू मान देता है। सगल घटा

अपनी गति मिति जानहु आपे। आपन संगि आपि प्रभ राते॥
तुमरी उसतुति तुम ते होइ। नानक अवरु न जानसि कोइ॥६॥

आदि अंति जो राखनहारु। तिस सिउ प्रीति न करै गवारु॥
जाकी सेवा नवनिधि पावै। ता सिउ मूढ़ा मन नही लावै॥
जो ठाकुर सद सदा हजूरे। ता कउ अंधा जानत दूरे॥
जाकी टहल पावे दरगह मानु। तिसहि बिसारै मुगधु अजानु॥
सदा सदा इहु भूलनहारु। नानक राखनहारु अपारु॥७॥

रतनु तिआगि कउड़ी संगि रचै। साचु छोडि़ झूठ संगि मचै॥
जो छड़ना सु असथिरु करि मानै। जो होवनु सो दूरि परानै॥
छोडि़ जाइ तिसका स्रमु करै। संगि-सहाई तिसु परहरै॥
चंदन-लेपु उतारै धोइ। गरधब-प्रीति भसम संगि होइ॥
अंधकूप महिं पतित बिकराल। नानक काढि़ लेहु प्रभ दइआल॥८॥

संगि-सहाई सु आवै न चीति। जो बैराई ता सिउ प्रीति॥
बलुआ के गृह भीतरि बसै। अनंद-केल माइआ-रंगि रसै॥

कउ=सब घटों अर्थात् प्राणियों को। मिति=सीमा। आपन संगि···
···राते=प्रभो, तू स्वयं अपने आपपर अनुरक्त है। उसतुति=स्तुति,
प्रशंसा।

७ गवारु=मूढ़। मन नहीं लावै=प्रेम नहीं करता। हजूरे=विद्यमान।
टहल=सेवा-चाकरी। पावे दरगह मानु=परमात्मा के दरबार में आदर पाता
है। मुगधु=मुग्ध, मूढ़। इहु=यह जीव। राखनुहारु=बचानेवाला।

८ रचै=प्रीति जोड़ता है। मचै=आसक्त हो जाता है।
असथिरु=स्थिर। जो होवनि ····· परानै=मृत्यु का खयाल, जो अवश्यंभावी
है, भुला देता है। तिसु=उसको। गरधब=गर्दभ, गदहा। भसम=राख,
मिट्टी। बिकराल=भयंकर: अंधकूप का विशेषण है।

९ आवै न चीति=ध्यान में नहीं आता। बलुआ के गृह=बालू के घर में:

हडु करि मानै मनहि परतीति । कालु न आवै मूड़े चीति ॥
वैर विरोध काम क्रोध मोह । झूठ विकार महा लोभ ध्रोह ॥
इआहू जुगति बिहाने कई जनम । नानक राखि लेहु आपन करि करम ॥९॥

सलोक

काम क्रोध अरु लोभ मोह बिनसि जाइ अहंमेव ।
नानक प्रभ सरनागती करि प्रसादु गुरदेव ॥

असटपदी

जिह प्रसादि छत्तीह अंमृत खाहि । तिसु ठाकुर कउ रखु मन माहि ॥
जिह प्रसादि सुगंध तनि लावहि । तिस कउ सिमरत परमगति पावहि ॥
जिह प्रसादि बसहि सुमंदरि । तिसहि धिआइ सदा मन अंदरि ॥
जिह प्रसादि गृह संगि सुख बसना । आठ पहर सिमरौ तिसु रसना ॥
जिह प्रसादि रंग-रस-भोग । नानक सदा धिआईए धिआवनजोग ॥१०॥

आपि जपाए जपै सो नाउ । आपि गवाए सु हरिगुन गाउ ॥
प्रभ किरपा ते होइ प्रगासू । प्रभू दइआ ते कमल-बिगासू ॥
प्रभ सुप्रसन्न बसै मनि सोइ । प्रभ-दइआ ते मति ऊतम होइ ॥
सरबनिधान प्रभ तेरी मइआ । आपहु कछू न किनहू लइआ ॥
जितु जितु लावहु तितु लगहि हरि नाथ । नानक इनकै कछू न हाथ ॥११॥

क्षणभंगुर शरीर में । माइआ रंगि=अनित्य विषय-भोगों में । रवै=सुख मानता है । हडुकरि ·· परतीति=निश्चय करके मानता है कि सांसारिक सुख सदा रहनेवाले हैं । मूड़े=मूर्ख के । चीति=चित्त में । ध्रोह=द्रोह । इआहू जुगति=इसी रीति से, इसी प्रकार । बिहाने=बीतगये । करम=कृपा ।

१० अहंमेव=अहंता खुदी । प्रसादि=कृपा से । छत्तीह अमृत=छत्तीस प्रकार के अमृत-जैसे व्यंजन । तनि लावहि=शरीर में लगाता है । सुख=आराम से । मंदरि=घर में ।

११ आपि=स्वयं वह परमात्मा । कमल बिगासू=हृदय-कमल खिल जाता

साध कै संगि मुख ऊजल होत । साध संगि मलु सगली खोत ॥
साध कै संगि मिटै अभिमानु । साध कै संगि प्रगटै सुगिआनु ॥
साध कै संगि बुझै प्रभ नेरा । साध संगि सभु होत निबेरा ॥
साध कै संगि पाए नाम रतनु । साध कै संगि एक ऊपरि जतनु ॥
साध की महिमा बरनै को प्रानी ।
नानक साध की सोभा प्रभ माहि समानी ॥१२॥

साध कै संगि नहीं कछु घाल । दरसनु भेटत होत निहाल ॥
साध कै संगि कलूखत हरै । साध कै संगि नरक परहरै ॥
साध कै संगि ईहा ऊहा सुहेला । साध संगि बिछुरत हरि मेला ॥
जो इच्छै सोई फलु पावै । साध कै संगि न बिरथा जावै ॥
पारब्रहमु साध रिद बसै । नानक उधरै साध सुनि रसै ॥१३॥

ब्रहमगिआनी कै एकै रंग । ब्रहमगिआनी कै बसै प्रभु संग ॥
ब्रहमगिआनी कै नामु अधारु । ब्रहमगिआनी कै नामु परिवारु ॥
ब्रहमगिआनी सदा सद जागत । ब्रहमगिआनी अहंबुधि तिआगत ॥
ब्रहमगिआनी कै मनि परमानंद । ब्रहमगिआनी कै घरि सदा अनंद ॥

है । ऊतम=उत्तम । मइआ=कृपा । लइआ=प्राप्त किया । जितु '' नाथ=जिस-जिस काम में तू लगा देता है उसमें हम लग जाते हैं । कछू न हाथ=अपनी कुछ भी सामर्थ्य नहीं ।

१२ मलु सगली खोत=सारी गंदगी अर्थात् मलिन वासना दूर हो जाती है । बुझै=बोध हो जाता है, दीख जाता है । नेरा=निकट । निबेरा=निर्णय । एक ऊपरि जतनु=एक परमात्मा को पाने का ही यत्न करें ।

१३ घाल=परिश्रम, कष्ट । कलूखत=कलंक, दोष । ईहाऊहा=यह लोक और परलोक । सुहेला=आनन्दित । बिछुरत हरि मेला=परमात्मा से वे मिल जायेंगे, जो बिछुड चुके थे । रिद=हृदय । रसै=आनन्दित होता है ।

१४ परवारु=कुटुंब । सदासद= निरन्तर ।

ब्रह्मगिआनी सुख सहज निवास ।
नानक ब्रह्मगिआनी का नहीं बिनास ॥१४॥

मिथिआ नाहीं रसना परस । मन महि प्रीति निरंजन-दरस ॥
परत्रिय रूपु न पेखै नेत्र । साध की टहल संत संगि-हेत ॥
करन न सुनै काहू की निंदा । सभ ते जानै आपस कउ मंदा ॥
गुरप्रसादि बिखिआ परहरै । मन की बासना मन ते टरै ॥
इंद्रीजित पंच दोख ते रहत । नानक कोटि मधे को ऐसा अपरस ॥१५॥

बैसनो सो जिसु ऊपर सु प्रसन्न । बिसन की माया ते होइ भिन्न ॥
करम करत होवै निहकरम । तिसु बैसनो का निरमल धरम ॥
काहू फल की इच्छा नही बाछै । केवल भगति कीरतन संगि राचै ॥
मन तन अंतरि सिमरन गोपाल । सभ ऊपरि होवत किरपाल ॥
आपि द्रिड़ै अवरहु नामि जपावै । नानक ओहु बैसनो परमगति पावै ॥१६॥

सो पंडितु जो मनु परबोधै । रामनामु आतम महि सोधै ॥
रामनामु सारु रस पीवै । उसु पंडित कै उपदेसि जगु जीवै ॥

---

१५ मिथिआ...परस=जिसकी जिह्वा कभी असत्य का स्पर्श भी नहीं करती ; जो स्वप्न में भी असत्य नहीं बोलते । निरंजन=अव्यय, अविनाशी । टहल=सेवा । हेत=प्रेम । आपस कउ=अपने आपको । मंदा=नीच, बुरा । बिखिआ=विषय । दोख=दोष, (पंचविषय-जनित) पाप । कोटि मधे को=करोड़ों में कोई विरला । अपरस=जो विषयों का स्पर्श भी नहीं करता, अनासक्त विरक्त : रूढ़ार्थ में, जो छूतछात बहुत मानता है ।

१६ बैसनो=वैष्णव । सु=वह, परमात्मा । बिसन की माया=व्यसनों का प्रभाव ; विष्णु की दैवी माया । भिन्न=अलिप्त । बांछै=चाहता है । द्रिड़ै=दृढ रहता है ।

१७ मनु परबोधै=मन को जगाता है । सोधै=खोजता है । जोनि न

हरि की कथा हिरदै बसावै। सो पंडितु फिरि जोनि न आवै ॥
बेद पुरान सिम्रिति बूझै मूलु। सूखम महि जानै असथूलु ॥
चहु वरना कउ दे उपदेसु। नानक उसु पंडित कउ सदा अदेसु ॥१७॥

प्रभ भावै मानुख गति पावै। प्रभ भावै ता पाथर तरावै ॥
प्रभ भावै बिनु सांस ते राखै। प्रभ भावै ता हरिगुण भाखै ॥
प्रभ भावै ता पतित उधारै। आपि करै आपन बीचारै ॥
दुहा सिरिया का आपि सुआमी। खेलै बिगसै अंतरजामी ॥
जो भावै सो कार करावै। नानक द्रिसटी अवरु न आवै ॥१८॥

कहु मानुख ते किआ होइ आवै। जो तिसु भावै सोई करावै ॥
इसकै हाथि होइ ता सभु किछु लेइ। जो तिसु भावै सोई करेइ ॥
अनजानत बिखिआ महि रचै। जे जानत आपन आप बचै ॥
भरमे भूला दह दिसि धावै। निमख माहि चारि कुंट फिरि आवै ॥
करि किरपा जिसु अपनी भगति देइ। नानक ते जन नामि मिलेइ ॥१९॥

आवै=जन्म नहीं लेता। सूखम ... असथूलु=सूक्ष्म में स्थूल का, या पिंड में ब्रह्मांड का भेद जानलेता है। अदेसु=प्रणाम, (गोरखपंथी 'आदेस' कहकर प्रणाम करते हैं)

१८ भावै=यदि चाहे। गति=मोक्ष। ता=तो। बिनु सास=बिना प्राण के। आपि करै आपनि बीचारै=वह (परमात्मा) आप ही रचता है, और आप ही योजना बनाता है। दुहा सिरिआ=दोनों लोक। कार=काम। द्रिसटी=दृष्टि। अवरु=और, अन्य।

१९ किआ=क्या। तिसु=उसको, प्रभु को। इसकै......लेइ=इस मनुष्य के हाथ में यदि शक्ति होती, तो वह सब कुछ प्राप्त करलेता। अनजानत=परमात्मा को बिना जाने। बिखिआ महि रचै=विषयों में या पापकर्मों में लिप्त हो जाता है। कुंट=खूंट, कोना, दिशा। ते जन नामि मिलेइ=ऐसा मनुष्य प्रभु के नाम में लौलीन हो जायेगा।

जिसकै अंतरि राज-अभिमानु। सो नरकपाती होवत सुआनु ॥
जो जानै मै जोबनवंतु। सो होवत बिसटा का जंतु ॥
आपस कउ करमवंतु कहावै। जनमि मरै बहु जोनि भ्रमावै ॥
धन भूमि का जो करै गुमानु। सो मूरख अंधा अगिआनु ॥
करिकिरपा जिसकै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु
आगै सुखु पावै ॥२०॥

धनवंता होइ करि गरबावै। तृण-समानि कछु संगि न जावै ॥
बहु लसकर मानुख ऊपरि करै आस। पल भीतरि ताका होइ बिनास ॥
सभ ते आप जानै बलवंतु। खिन महि होइ जाइ भसमंतु ॥
किसै न बदै आपि अहंकारी। धरमराइ तिसु करे खुआरी ॥
गुरप्रसादि जाका मिटै अभिमानु। सो जनु नानक दरगह परवानु ॥२१॥

सलोकु

संत-सरनि जो जनु परै. सो जनु उधरनहारु ।
संत की निंदा नानका, बहुरि-बहुरि अवतार ॥

असटपदी

संत कै दूखनि आरजा घटै। संत कै दूखनि जम ते नही छुटै ॥
संत कै दूखनि सुख समु जाइ। संत कै दूखनि नरक महि पाइ ॥

---

२० नरकपाती = नरक मे गिरनेवाला। सुआनु = श्वान, कुत्ता। बिसटा = विष्ठा, मैला। आपस कउ = अपने आपको। करमवंत = सुकर्मी, उत्तम। ईहा = इस लोक मे। आगै = परलोक मे।

२१ लसकर = फौज। मानुख = आज्ञापालक सेवकों से आशय है। खिन = क्षण। न बदै = कुछ भी नहीं समझना। धरमराइ = यमराज। खुआरी = बेइज्जत। दरगह परवानु = ईश्वर के दरबार मे जाने का उसे परवाना मिल जाता है।

२२ अवतार = जन्म। संत कै दूखनि = संत की निंदा करने से। आरजा =

संत कै दूखनि मति होइ मलीन। संत कै दूखनि सोभा ते हीन॥
संत के हते कउ रखै न कोइ। संत कै दूखनि थान-भ्रसटु होइ॥
संत क्रिपाल क्रिपा जे करै। नानक संतसंगि निंदकु भी तरै॥२२॥

मानुख की टेक ब्रिथी सभ जानु। देवन कउ एकै भगवानु॥
जिस कै दीऐ रहै अघाइ। बहुरि न त्रिसना लागै आइ॥
मारै राखै एको आपि। मानुख कै किछु नाहीं हाथि॥
तिसका हुकमु बूझि सुखु होइ। तिसका नामु रखु कंठि परोइ॥
सिमरि सिमरि सिमरि प्रभु सोइ। नानक बिघनु न लागै कोइ॥२३॥

वड़भागी ते जन जग माहि। सदा सदा हरि के गुन गाहि॥
राम नाम जो करहि बीचार। से धनवंत गनी संसार॥
मनि तनि मुखि बोलहि हरि मुखी। सदा सदा जानहु ते सुखी॥
एको एकु एकु पछानै। इत उत की ओहु सोझी जानै॥
नाम संगि जिसका मनु मानिआ। नानक तिनहि निरंजनु जानिआ॥२४॥

रूपवंतु होइ नाहीं मोहै। प्रभ की, जोति सगल घट सोहै॥
धनवंता होइ किआ को गरबै। जा सभु किछु तिसका दिया दरबै॥
अतिसूरा जे कोऊ कहावै। प्रभ की कला बिना कह धावै॥

आयु। पाई=पड़ता है। संत के हते=साधुद्वारा शापित। थानभ्रसटु=स्थान-भ्रष्ट, पदच्युत।

२३ टेक=आधार, अवलंब। ब्रिथी=वृथा, झूठी। देवन कउ=देने के लिए। परोइ=पिरोकर पहनले, धारण करले।

२४ गाहि=गाते हैं। गनी=गिने जाते हैं। एको एकु एकु=केवल एक अद्वितीय परमात्मा। इतउत=दोनों लोक। सोझी=ज्ञान।

२५ मोहै=भ्रम में न पड़े। सगल=सकल, सब। दरबै=द्रव्य, धन। कला=शक्ति से आशय है। प्रभ की······धावै=ईश्वर से शक्ति प्राप्त किये बिना

जे को होइ वहै दातारु। तिसु देनहारु जानै गावारु॥
जिसु गुरप्रसादि तूटै हउरोगु। नानक सो जनु सदा अरोगु ॥२५॥

जिउ मंदर कउ थामै थंम्हनु। तिउ गुर का सबदु मनहि असथमनु॥
जिउ पाखाणु नाउ चढ़ि तरै। प्राणी गुर-चरण लगतु निसतरै॥
जिउ अंधकार दीपक परगासु। गुर दरसनु देखि मनि होइ बिगासु॥
जिउ महा उदिआन महि मारगु पावै। तिउ साधू संगि मिलि जोति प्रगटावै॥
तिन संतन की बाछउ धूरि। नानक की हरि लोचा पूरि ॥२६॥

चरन साध के धोइ धोइ पीउ। अरपि साध कउ अपना जीउ॥
साध की धूरि करहु इसनानु। साध ऊपरि जाइए कुरबानु॥
साध-सेवा वड भागी पाईऐ। साध संग हरि कीरतनु गाईऐ॥
अनिक बिघन ते साधू राखै। हरि गुन गाइ अमृतरसु चाखै॥
ओट गही संतह दरि आइआ। सरब सूख नानक तिह पाइआ ॥२७॥

जाकी लीला की मिति नाहि। सगल देव हारे अवगाहि॥
पिता का जनमु कि जानै पूतु। सगल परोई अपुनै सूति॥

वह क्या प्रयत्न कर सकता है ? जे को होइ... गावारु=यदि कोई अपने दान का गर्व करता है, तो सच्चा दानी परमात्मा उसे मूर्ख समझता है। हउ=अहंकार।

२६ थम्हनु=स्तभ, खंभा। सबदु=ज्ञानोपदेश। असथंमनु=स्तंभन, थामनेवाला। बिगासु=प्रफुल्लित। उदिआन=विकट जंगल से अभिप्राय है। जोति=आत्म-प्रकाश। बाछउ=चाहता हूँ। धूरि=चरण-रज। लोचा पूरि=इच्छा पूरी करदे।

२७ कुरबानु=बलि। वडभागी=बड़े भाग्य से। राखै=रक्षा करता है। ओट=शरण। संतह दरि आइआ=जो संतों के द्वार पर आ जाता है। सूख=सुख।

सुमति गिआनु धिआनु जिन देइ। जन दास नामु धिआवहि सेइ ॥
तिहु गुण महि जा कउ भरमाए। जनमि मरै फिरि आवै जाए॥
ऊच नीच तिसके असथान। जैसा जनावै तैसा नानक जान ॥२८॥

ठाकुर का सेवकु आगिआकारी। ठाकुर का सेवकु सदा पुजारी ॥
ठाकुर के सेवक कै मनि परतीति। ठाकुर के सेवक की निरमल रीति ॥
ठाकुर कौ सेवकु जानै संगि। प्रभ का सेवकु नाम कै रंगि ॥
सेवक कौ प्रभ पालनहारा। सेवक कउ राखै निरंकारा ॥
सो सेवकु जिसु दइआ प्रभु धारै। नानकु सो सेवक सासि सासि समारे ॥२९॥
अपुने जन का परदा ढाकै। अपने सेवक कउ सर पर राखै ॥
अपने दास कउ देइ वडाई। अपने सेवक कउ नामु जपाई ॥
अपने सेवक की आपि पति राखै। ताकी गति मिति कोइ न लाखै ॥
प्रभ के सेवक कउ को न पहूचे। प्रभ के सेवक ऊच ते ऊचे ॥
जो प्रभि अपनी सेवा लाइआ। नानक सो सेवकु दहदिसि प्रगटाइआ ॥३०॥

गुर कै गृहि सेवकु जो रहै। गुर आगिआ मन महि सहै ॥
आपस कउ करि कछु न जनावै। हरि हरिनामु रिदै सद धिआवै ॥

---

२८ सगल'' सूति = सारी सृष्टि को जिसने अपनी माया के सूत्र में गूँथ रखा है। सेइ = उसे। तिह गुण महि = सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों में। असथान = स्थान, लोक।

२९ परतीति = प्रतीत, श्रद्धा-विश्वास। संगि = साथ मे। सासि-सासि समारै = हर साँस मे नाम-स्मरण करता है।

३० परदा ढाकै = दोषों को छिपाता है। सर पर राखै = मान को रखता है। पति = लाज। लाखै = जानता है। को = कोई भी। दहदिसि प्रगटाइआ = दशों दिशाओं में प्रख्यात हो जाता है।

३१ मन महि सहै = हृदय से मानता है। आपस कउ''''''जनावै = अपने

मनु वेचै सतिगुर कै पासि। तिसु सेवक के कारज रासि ॥
सेवा करत होइ निहकामी। तिस कउ होत परापति सुआमी ॥
अपनी क्रिपा जिसु आपि करेइ। नानक सो सेवकु गुर की मति लेइ ॥३१॥

इहु हरि रस पावै जनु कोइ। अमृतु पीवै अमरु सो होइ ॥
उसु पुरख का नाही कदे बिनास। जाकै मनि प्रगटे गुन तास ॥
आठ पहर हरि का नामु लेइ। सचु उपदेस सेवक कउ देइ ॥
मोह माइआ कै संगि न लेपु। मन महि राखै हरि हरि एकु ॥
अंधकार दीपक परगासे। नानक भरम मोह दुख तह ते नासे ॥३२॥

सलोक

साथि न चालै बिनु भजन, बिखिआ सगली छारु ॥
हरि हरि नामु कमावना, नानक इहु धनु सारु ॥

असटपदी

संतजना मिलि करहु बीचारु। एकु सिमरि नाम आधारु ॥
अवरि उपाव सभि मीत बिसारहु। चरन कमल रिद महि उरि धारहु ॥
करन कारन सो प्रभु समरथु। द्रिड़ुकरि गहहु नामु हरि वथु ॥

को बड़ा नहीं समझना। रिदै=हृदय में। सद=सदा। तिसु ... रासि=ऐसे सेवक के कार्य भली भाँति संपन्न होंगे। निहकामी=निष्काम, कर्म-फल न चाहनेवाला। सुआमी=प्रभु, परमात्मा। जिसु आपि करेइ=जिसपर स्वयं कर देता है। गुर की मति लेइ=गुरु के उपदेश को ग्रहण कर लेगा।

३२ कोइ=विरला ही। कदे=कभी। गुन तास=प्रभु के गुण। लेप=आसक्ति।

३३ बिनु=सिवाय। बिखिआ सगली छारु=सारे सांसारिक सुख धूल के समान तुच्छ हैं। रिद=हृदय। उरि=अन्तःकरण में। करन-कारन=कारण का भी कारण, करने और करानेवाला। द्रिड़ुकरि=दृढ़ता के साथ।

इहु धनु संचहु होवहु भगवंत । संत जना का निरमल मंत ॥
एक आस राखहु मन माहि । सरव रोग नानक मिटि जाहि ॥३३॥

जिसु धन कउ चारि कुंट उठि धावहि । सो धनु हरिसेवा ते पावहि ॥
जिसु सुख कउ नित बाछहि मीत । सो सुखु साधू संगि परीति ॥
जिसु सोभा कउ करहि भली करनी । सो सोभा भजु हरि की सरनी ॥
अनिक उपावी रोगु न जाइ । रोगु मिटै हरि अउखधु लाइ ॥
सरव निधान महि हरिनाम निधानु । जपि नानक दरगहि परवानु ॥३४॥

सलोक

फिरत फिरत प्रभ आइआ, परिआ तउ सरनाइ ॥
नानक की प्रभ बेनती, अपनी भगती लाइ ॥

अष्टपदी

जाचक जनु जाचै प्रभ दानु । करि किरपा देवहु हरिनामु ॥
साधजना की मागउ धूरि । पारब्रह्म मेरी सरधा पूरि ॥
सदा सदा प्रभ के गुन गावउ । सासि सासि प्रभ तुमहि धिआवउ ॥
चरनकमलसिउ लागै प्रीति । भगति करउ प्रभ की नित नीति ॥
एक ओट एको आधारु । नानकु मागै नामु प्रभ सारु ॥३५॥

प्रभ की दसटि महासुखु होइ । हरिरसु पावै बिरला कोइ ॥
जिन चखिआ से जन तृपताने । पूरन पूरख नही डोलाने ॥

वथु = वस्तु, परमतत्त्व । भगवंत = भाग्यवान । मंत = मंत्र, निश्चित मत ।

३४ कुंट = खूँट, कोना, दिशा । बाछहि = चाहता है । मीत = हे मित्र । परीति = प्रीति । सोभा = प्रतिष्ठा, कीर्ति । उपावी = उपाय, साधन । अउखधु = औषधि । दरगहि = परमात्मा का दरबार । परवानु = अंगीकार करने के योग्य ।

३५ सरधा = साध, इच्छा । पूरि = पूरी करदे । नितनीत = नित्य नित्य,

सुभर भरे प्रेम रस रंगि। उपजै चाउ साध कै संगि ॥
परे सरनि आन सभ तिआगि। अंतरि प्रगास अनदिनु लिव लागि ॥
वड़भागी जपिआ प्रभु सोइ। नानक नामि रते सुखु होइ ॥३६॥

साजन संत करहु इहु कामु। आन तिआगि जपहु हरिनामु ॥
सिमरि सिमरि सिमरि सुख पावहु। आपि जपहु अवरह
नामु जपावहु ॥
भगति भाइ तरीए ससारु। बिनु भगती तनु होसी छारु ॥
सरब कलिआण-सूख-निधि नामु। बूडत जात पाए बिस्रामु।
सगल दूख का होवत नासु। नानक नामु जपहु गुन तासु ॥३७॥

उपजी प्रीति प्रेमरसु चाउ। मन तन अंतर इही सुआउ ॥
नेत्रहु पेखि दरसु सुखु होइ। मनु बिगसै साधचरण धोइ ॥
भगतजना कै मनि तनि रंगु। बिरला कोऊ पावै सगु ॥
एक वसतु दीजै करि मइआ। गुरप्रसादि नामु जपि लइआ ॥
ताकी उपमा कही न जाइ। नानक रहिआ सरब समाइ ॥३८॥

निरन्तर। ओट=शरण।

३६ द्रसटि=कृपादृष्टि। से=वे। तृपताने=तृप्त हो गये, अघा गये। सुभर=भली भाँति, पूरी तरह। चाउ=परमात्मा से मिलने की उत्कण्ठा। लिव=लौ। रते=रँगजाने में।

३७ साजन=प्यारे। अवरह=दूसरों से भी। भाइ=भाव से। होसी छारु=भस्म हो जायेगा, धूल में मिल जायेगा। बिस्रामु=सहारा।

३८ उपजी=प्रकट हो जाये। सुआउ=कामना, लालसा। बिगसै=प्रफुल्लित हो। रगु=प्रेम, आनन्द। वसतु=वस्तु। मइआ=कृपा। उपमा=तुलना ; गुण, महिमा।

सलोक

सरगुन निरगुन निरंकार सुन्न समाधी आपि।
आपन कीआ नानका, आपे ही फिरि जापि॥

असटपदी

जब अकारु इहु कछु न द्रिसटेता। पाप पुन्न तब कह ते होता॥
जब धारी आपन सुन्न समाधि। तब बैर बिरोध किसु संगि कमाति॥
जब इसका बरनु चिहनु न जापत। तब हरख सोग कहु किसहि बिआपत॥
जब आपन आप आपि पारब्रहम। तब मोह कहा, किसु होवत भरम॥
आपन खेलु आपि वरतीजा। नानक करनैहारु न दूजा॥३६॥

जब होवत प्रभ केवल धनी। तब बंध मुकति कहु किस कउ गनी॥
जब एकहि हरि अगम अपार। तब नरक सुरग कहु कउ अउतार॥
जब निरगुन प्रभ सहज सुभाइ। तब सिव सकति कहहु कितु ठाइ॥
जब आपहि आपि अपनी जोति धरै। तब कवन निडरु कवन कत डरै॥
आपन चलित आपि करनैहारु। नानक ठाकुर अगम अपारु॥४०॥

जह अछल अछेद अभेद समाइआ। ऊहा किसहि बिआपत माइआ॥
आपस कउ आपि आदेसु। तिहु गुण का नाही परवेसु॥
जह एकहि एक एक भगवंता। तह कउनु अचिंतु किसु लागै चिंता॥

---

३६ कीआ=रचा हुआ। आपे ही फिरि जापि=पुनः अपने आप में वह अपनी रचना को लय कर लेता है। अकारु=आकार। इहु=जगत्। सुन्न=निर्विकल्प। द्रिसटेता=दिखाई देता था। चिहन=चिह्न। जापत=दीखता था। वरतीजा=बरता, लीला रची।

४० गनी=गिना गया। अउतार=जन्म। सकति=शक्ति, पराप्रकृति। ठाइ=ठौर। जोति=प्रकाश।

४१ अछल=जिसे छला न जा सके। समाइआ=व्याप्त। आपस······

जह आपन आपु आपि पतिआरा। तह कउनु कथै कउनु सुननैहारा॥
बहु बेअंत ऊचा ते ऊचा। नानक आपस कउ आपहि पहूचा॥४१॥

सलोक

गिआन-अंजनु गुरि दीआ, अगिआन-अंधेर बिनासु।
हरि-किरपा ते संत भेटिआ, नानक मनि परगासु॥

असटपदी

संत-संगि अंतरि प्रभु डीठा। नामु प्रभू का लागा मीठा॥
सगल समिग्री एकसु घट माहि। अनिक रंग नाना दिसटाहि॥
नउ निधि अंम्रितु प्रभ का नामु। देही महि इसका बिस्रामु॥
सुंन समाधि अनहत तह नाद। कहनु न जाई अचरज बिसमाद॥
तिनि देखिआ जिसु आपि दिखाए। नानक तिसु जन सोझी पाए॥४२॥

सलोक

पूरा प्रभु आराधिआ, पूरा जाका नाउ।
नानक पूरा पाइआ, पूरे के गुन गाउ॥

असटपदी

पूरे गुर का सुनि उपदेसु। पारब्रहमु निकटि करि पेखु॥
सासि सासि सिमरहु गोबिंद। मन अंतर की उतरै चिंद॥

आदेसु=अपने आपको अपना प्रणाम। आपि पतिआरा=स्वतः प्रतीति करनेवाला। बेअंत=अनंत। आपस कउ ·· पहूचा=उसका उपमान स्वयं वही है।

४२ मनि परगासु=मन में स्वरूप-दर्शन से प्रकाश हो गया। अंतरि डीठा=सत्संग के प्रभाव से प्रभु को अपनी अंतरात्मा में ही देख लिया। सगल समिग्री=नाना प्रकार की सृष्टि। दिसटाहि=दीखते हैं। बिसमाद=चमत्कार। सोझी=सुबुद्धि, विवेक।

आस अनित तिआगहु तरंग। संतजना की धूरि मन मंग॥
आपु छोड़ि बेनती करहु। साध संगि अगनि-सागरु तरहु॥
हरि धन के भरि लेहु भंडार। नानक गुर पूरे नमसकार॥४३॥

खेम कुसल सहज आनंद। साध संगि भजु परमानंद॥
नरक निवारि उधारहु जीउ। गुन गोविंद अंमृतरसु पीउ॥
चिति चितवहु नारायण एक। एक रूप जाके रंग अनेक॥
गोपाल दामोदर दीनदयाल। दुखभंजन पूरन किरपाल॥
सिमरि सिमरि नामु बारंबार। नानक जीअ का इहै अधार॥४४॥

प्रभ की उसतति करहु संत मीत। सावधान एकागर चीत॥
सुखमनी सहज गोविंद गुन नाम। जिसु मनि बसै सु होत निधान॥
सरब इच्छा ताकी पूरन होइ। प्रधान पुरखु प्रगटु सभ लोइ॥
सभ ते ऊच पाए असथानु। बहुरि न होवै आवन जानु॥
हरि धनु खाटि चलै जनु सोइ। नानक जिसहि परापति होइ॥४५॥

इहु निधानु जपै मनि कोइ। सभ जुगमहि ताकी गति होइ॥
गुण गोविंद नाम धुनि बाणी। सिमृति सासत बेद बखाणी॥

---

४३ पेखु=देख। चिंद=चिंता। मन मंग=हृदय से माँग। आपु=अहंकार। धन=यहाँ भगवद्भक्ति से आशय है।

४४ निवारि=दूर कर, बचाकर। चितवहु=ध्यान कर। रंग=आकार, प्रकार।

४५ उसतति=स्तुति। एकागर=एकाग्र, एकही ओर स्थिर, अनन्य। निधान=परमात्मा की भक्ति का धनी। आवन-जान=जन्म और मृत्यु। खाटि=कमाकर।

४६ निधान=अनमोल। गति=मोक्ष। सासत=शास्त्र। मतात=सिद्धांत;

सगल मतांत केवल हरिनाम। गोविंद भगत कै मनि बिस्राम ॥
कोटि अपराध साध संगि मिटै। संतकृपा ते जम ते छुटै ॥
जाकै मसतकि करम प्रभि पाए। साध सरणि नानक ते आए ॥४६॥

जिसु मनि बसै लाइ सुनै प्रीति। तिसु जन आवै हरि प्रभु चीति ॥
जनम मरण ताका दूखु निवारै। दुलभ देह ततकाल उधारै ॥
निरमल सोभा अंमृत ताकी बानी। एकु नामु मन माहि समानी ॥
दूख रोग बिनसे भै भरम। साध नाम निरमल ताके करम ॥
सभ ते ऊच ताकी सोभा बनी। नानक इह गुणि नामु सुखमनी ॥४७॥

गउड़ी गुआरेरी

तू मेरा सखा तू ही मेरा मीतु। तू मेरा प्रीतम तुम संगि हीतु ॥
तू मेरी पति तू है मेरा गहणा। तुझ बिनु निमखु न जाई रहणा ॥
तू मेरे लालन तू मेरे प्रान। तू मेरे साहिब तू मेरे खान ॥
जिउ तुम राखहु तिउ ही रहना। जो तुम कहहु सोइ मोहि करना ॥
जह पेखउ तहा तुम बसना। निरभय नाम जपउ तेरा रसना ॥
तू मेरी नवनिधि तू भंडारु। रंग रसा तू मनहि अधारु ॥
तू मेरी सोभा तुम संगि रचिआ। तू मेरी ओट तू है मेरा तकिआ ॥
मन तन अन्तरि तुही धिआइआ। मरम तुमारा गुर ते पाइआ ॥
सतगुर ते द्रिड़िआ इकु एकै। नानक दास हरि हरि हरि टेकै ॥४८॥

धर्म-सम्प्रदाय। बिस्राम=परमशान्ति। मसतकि=भाग्य में।

४७ चीति=चित्त में, ध्यान में। दुलभ=दुर्लभ (मनुष्य-देह जिसे साधन-धाम कहा गया है।) भरम=अविद्या। सोभा=कीर्ति।

४८ हीतु=हित, प्रेम। पति=लाज। गहणा=आभूषण, आधार। निमखु=निमिष, पल। खान=सबसे बड़ा सरदार। जह पेखउ=जहाँ भी देखता

गउड़ी माला

उबरत राजाराम की सरणी ।
सरब लोक माया के मंडल गिरि परते धरणी ॥
सासत सिमृति बेद बीचारे महापुरखन इउ कहिआ ॥
बिनु हरिभजन नाही निसतारा सुखु ना किनहू लहिआ ॥
तीनि भवन की लखमी जोरी बूझत नाही लहरे ॥
बिनु हरिभगति कहा थिति पावै, फिरतो पहरे पहरे ॥
अनिक बिलास करत मन मोहन पूरन होत न कामा ॥
जलतो जलतो कबहु न बूझत सगल बिरथे बिनु नामा ॥
हरि का नामु जपहु मेरे मीता, इहै सार सुख पूरा ॥
साध-संगति जनम-मरणु निवारै, नानकु जन की धूरा ॥४९॥

रागु गउड़ी

करउ बेनती सुणहु मेरे मीता संत टहल की बेला ॥
ईहा खाटि चलहु हरि लाहा आगै बसनु सुहेला ॥

हूँ । रसा=रस, परमानन्द । रचिआ=रँगा हुआ या अनुरक्त हूँ । तकिआ=सहारा । दृड़िआ इकुएकै=इसे दृढ़ता से पकड़ लिया कि एक और केवल एक तू ही है ।

४९ सरणी=शरण में । सासत सिमृति=शास्त्र और स्मृति-ग्रन्थ । इउ=ऐसा । निसतारा=उद्धार । लखमी=सम्पत्ति । लहरे=गवले । थिति=स्थिरता, शांति । मोहन=आकर्षक । कामा=वासना । न बूझत=नहीं बुझता, शान्त नहीं होता । जन की धूरा=भक्तों के चरणों की धूल ।

५० टहल की बेला=सेवा का समय । ईहा=यहाँ, इस लोक में । खाटि चलहु=कमालो । लाहा=लाभ, मुनाफा । आगै बसनु सुहेला=परलोक में आनन्द से रहोगे । अउध=आयु । काज सवारे=बिगड़ी को बनाले ।

अउध घटै दिवसु रैणा रे, मन गुर मिलि काज सवारे ॥
इहु संसारु बिकारु संसे महि, तरिओ ब्रहमगिआनी ॥
जिसहि जगाइ पीआवै इहु रसु अकथ कथा तिनि जानी ॥
जाकउ आए सोई बिहाझहु हरि गुरते मनहि बसेरा ॥
निजघरि महलु पावहु सुख सहजे बहुरि न होइगो फेरा ॥
अंतरजामी पुरख बिधाते सरधा मन की पूरे ॥
नानक दासु इहै सुखु मागै मोकउ करि संतन की धूरे ॥५०॥

रागु गउडी असटपदी

जब इहु मन महि करत गुमाना ।
तब इहु बावरु फिरत बिगाना ॥
जब इहु हूआ सगल की रीना । ताते रमईआ घटि घटि चीना ॥
सहज सुहेला फलु मसकीनी । सतिगुर अपुनै मोहि दानु दीनी ॥
जब किसकउ इहु जानसि मंदा । तब सगले इसु मेलहि फंदा ॥
मेर तेर जब इनहि चुकाई । ताते इसु संगि नही बैराई ॥

संसे महि=मृत्युग्राह में फँसा हुआ है। तरिओ=तर गये, पार हो गये। जिसहि ... जानी=जिन्हें (मोह-निद्रा से) जगाकर यह ब्रह्मरस पिला देता है, वे ही इस अनिर्वचनीय कथा (रहस्य) को जानते हैं। जाकउ ... बिहाझहु=जिसके लिए तू संसार में आया है, अर्थात तूने जन्म लिया है उसे तू बिसाहले, खरीदले। हरि ... बसेरा=गुरुकृपा से हरि तेरे अंतर में बस जायेंगे। फेरा=पुनर्जन्म। सरधा=कामना, इच्छा। धूरे=चरणों की धूल।

५१ इहु=यह मनुष्य। गुमाना=अभिमान, गर्व। बावरु=बावला। बिगाना=ईश्वर से विलग, बिछुड़ा हुआ। रीना=रेणु, पैरों की धूल। रमईआ=राम, परमात्मा। चीना=पहचाना, देखा। सहज ... मसकीनी=गरीबी या नम्रता का फल स्वभावतः सुन्दर होता है। किसकउ=किसी दूसरे

जब इनि अपुनी अपुनी धारी । तब इसकउ है मुसकलु भारी ॥
जब इनि करणैहारु पछाता । तब इसनो नाही किछु ताता ॥
जब इनि अपुनो बाधिओ मोहा । आवै जाइ सदा जमि जोहा ॥
जब इसते सभ बिनसे भरमा । भेदु नही है पारब्रहमा ॥
जब इनि किछु करि माने भेदा । तबते दूख डंड अरु खेदा ॥
जब इनि एको एकी बूझिआ । तबते इसनो सभु किछु सूझिआ ॥
जब इहु धावै माइआ अरथी । नह तृपतावै नह तिस लाथी ॥
जब इसते इहु होइआ जउला । पीछै लागि चली उठि कउला ॥
करि किरपा जउ सतिगुरु मिलिओ । मंदिर महि दीपकु जलिओ ॥
जीत हार की सोझी करी । तउ इस घर की कीमत परी ॥
करन करावन सभु किछु एकै । आपे बुधि बिचारि बिवेकै ॥
दूरि न नेरै सभकै संगा । सचु सालाहण नानक हरि रंगा ॥२१॥

रागु गूजरी

काहे रे मन चितवहि उदमु जा आहरि हरि जीउ परिआ ॥
सैल पतथर महि जंत उपाए ताका रिजकु आगैकरि धरिआ ॥

को । मंदा=बुरा । सगले ...... फन्दा=सब उसके विरुद्ध हो जाते हैं । चुकाई=समाप्त कर देता है । बैराई=शत्रुता । मेर तेर...... बैराई='यह मेरा है, वह तेरा है' ऐसा भेद-भाव जब वह त्याग देता है तब उसके साथ किसीका द्वेषभाव नहीं रहता । अपुनी-अपुनी=स्वार्थ-भावना । करणैहारु पछाता=सिरजनहार परमात्मा को जान लिया । ताता=कष्ट । बाधिओ=बाँध लिया । आवै जाइ=बारबार जन्मता और मरता है । खेदा=क्लेश । एको एकी=एक अद्वितीय परमात्मा । नह तिस लाथी=न प्यास (तृष्णा) दूर होती है । जब इसते...... कउला=जब मनुष्य माया से भागता है तब वह उसका पीछा करने को दौड़ती है । सोझी=विचार । कीमति परी=मोल

मेरे माधउ जी सतसंगति मिले सु तरिआ ॥
गुरपरसादि परमपदु पाइआ सूके कासट हरिआ ॥
जननि पिता लोक सुत वनिता कोइ न किसकी धरिआ ॥
सिरि सिरि रिजकु सबाहे ठाकुरु काहे मन भउ करिआ ॥
ऊडे ऊडि आवै सै कोसा तिसु पाछै बचरे छरिआ ॥
तिन कवणु खलावै कवणु चुगावै मन महि सिमरनु करिआ ॥
सभि निधान दस असट सिधान ठाकुर करतल धरिआ ॥
जन नानक बलि बलि सद बलि जाईऐ तेरा अंतु न पारावरिआ ॥५२॥*

आसा

भई परापति मानुख देहुरीआ। गोबिंद मिलण की इह तेरी बरीआ ॥
अवरि काज तेरै कितै न काम। मिलु साधसंगति भजु केवल नाम ॥

आँकता है। आपे=परमात्मा खुद ही। सालाहणु=गुणगान कर। रंगि=प्रेम-भक्ति से।

५२ चितवहि उदमु=उद्यम (धंधा) करने की बात सोचता है। ता आहरि ··· परिआ=क्योंकि हरि स्वयं ही तेरे लिए उद्यम करने में लगे हुए हैं। जंत=जंतु, जीव। उपाये=उत्पन्न किये। रिजकु=आहार। सु तरीआ=वे तर गये, संसार-सागर से पार हो गये। सूके कासट हरिआ=सूखा काठ भी हरा हो गया। कोइ ··धरिआ=किसीपर भरोसा नहीं रखा जा सकता। सबाहे=जुटाता है। भउ=भय। ऊडे ··· सिमरनु करिआ=कूलंग पक्षी अपने बच्चों को पीछे छोड़कर सैकड़ों कोस उड़कर चला जाता है, उसके उन बच्चों को उसके पीछे कौन खिलाता या चुगाता है, क्या इसपर भी तूने कभी विचार किया ? निधान=खजाना, निधियाँ। असट सिधान=आठ सिद्धियाँ। करतल धरिआ=मुट्ठी में लिये हुए हैं। सद=सदा। पारावरि-आ=सीमा।

*यह 'रहिरास' में से लिया गया है।

सरंजामि लागु भउजल तरन कै । जनमु बृथा जात रंगि माइआ कै ॥
जपु तपु संजमु धरमु न कमाइआ । सेवा साध न जानिआ हरिराइआ ॥
कहु नानक हम नीच करम्मा । सरणि परे की राखहु सरमा ॥५३॥

फुनहे

सखी काजल हार तंबोल सभै किछु साजिआ ॥
सोलह कीए सीगार कि अंजनु पाजिआ ॥
जे घरि आवै कंतु त समु किछु पाईऐ ।
हरि हां, कंतै बाझु सीगारु समु बिरथा जाईऐ ॥१॥

जिसु घरि वसिआ कंतु सा वडभागणे ।
तिसु बणिआ हमु सीगारु साई सोहागणे ॥
हउ सूती होइ अचिंत मनि आस पुराईआ ।
हरि हां, जा घरि आइआ कंतु त समु किछु पाइआ ॥२॥

मेरे हाथि पदमु आंगनि सुख बासना ।
सखी मोरै कंठि रतंनु पेखि दुख नासना ॥

---

५३ भई परापति=प्राप्त हुई । देहुरीआ=देह । बरीआ=बेर, समय । सरंजामि लागु=तैयारी करने में लगजा । माइआ=माया । करम्मा=कर्मोंवाले । सरमा=शर्म, लाज ।

१ सीगार=शृंगार । पाजिआ=लगाया । जे=जो । त ...... पाऐ=तो उसने सब कुछ पा लिया, उसका सोलह शृंगार सजाना सफल हो गया । कंतै बाझु=बिना स्वामी के ।

२ जा घरि=जिस स्त्री के घर में । सा=वह । समु=सब । साई=वही । सोहागणे=सोहागिन । हउ सूती=मैं सो रही हूँ अब । पुराईआ=पूरी हो गई ।

३ मेरे हाथि पदमु=मेरे हाथ में कमल की रेखा है, (जो सामुद्रिक शास्त्र

वासउ संगि गुपाल सगल सुखरासि हरि।
हरि हां, रिधि सिधि नव निधि वसहि जिसु सदा करि ॥३॥

ऊपरि बनै अकासु तलै धर सोहती।
दहदिसि चमकै बीजुलि मुख कउ जोहती ॥
खोजत फिरउ बिदेसि पीउ कत पाईऐ।
हरि हां, जे मसतकि होवै भागु त दरसि समाईऐ ॥४॥

मित का चितु अनूपु मरंमु न जानीऐ।
गाहक गुनी अपार सु ततु पछानीए ॥
चितहि चितु समाइ त होवै रंगु घना।
हरि हां, चंचल चोरहि मारि त पावहु सचु धना ॥५॥

सुपनै ऊभी भई गहिओ की न अंचला।
सुंदर पुरख बिराजित पेखि मनु बंचला ॥

के अनुसार बड़ी शुभ है)। आगनि सुख वासना=गृह-आँगन में आनन्द-ही-आनन्द का वास है। रतनु=(हरिनामरूपी) रत्न। पेखि=उस रत्न को देख-देखकर। वासउ=रहती हूँ। सगल=सकल। सुखरासि=आनन्दघन। करि=हाथ में।

४ बनै=दीप्तिमान हो रहा है। धर=धरती। सोहती=शोभायमान है। बीजुलि=दिव्य प्रकाश से आशय है। मुख कउ जोहती=मैं उस स्वामी का सुंदर मुख देखती हूँ। बिदेसि=देश-देश में, सर्वत्र। जे मसतकि होवै भागु=जो मेरा सद्भाग्य होगा। त दरसि समाईऐ=तो दर्शन उसका हो जायेगा।

५ मित=मित्र; परमात्मा से आशय है। चितु अनूपु=उसका अनुपम है। मरंमु=रहस्य। ततु=आत्मतत्त्व, परमतत्त्व। चित......धना=जब हमारा चित्त प्रभु में लय हो जायेगा, तभी हमें प्रेम-जनित आध्यात्मिक आनंद

खोजउ ताके चरण कहहु कत पाईऐ।
हरि हां, सोई जतनु बताइ सखी पिरु पाईऐ ॥६॥

नैण न देखहि साध सि नैण बिहालिआ।
करन न सुनही नादु करन मुंदि घालिआ॥
रसना जपै न नाम तिलु तिलु करि कटीऐ।
हरि हां, जब बिसरै गोविंदराइ दिनो दिनु घटीऐ ॥७॥

धावउ दिसा अनेक प्रेम प्रभ कारणे।
पंच सतावहि दूत कउन विधि मारणे॥
तीखण बाण चलाइ नामु प्रभ धिआईऐ।
हरि हां, महा बिखादी घात पूरन गुरु पाईऐ ॥८॥

जिथै जाए भगतु सु थानु सुहावणा।
सगले होए सुख हरि नामु धिआवणा॥

होगा। चोरहि मारि=जो मनरूपी चोर को वश में कर लेता है। धना=धन।

६ सुपनै······अचला=सपने में वह (मोहिनी) मूर्ति आकर खड़ी हो गई, पर हाय, मैं उसका अंचल न पकड़ सकी। पेखि मन बंचला=उसे देखकर मेरा मन ठग गया। खोजउ ताके चरण=उसके चरण-चिह्नों को खोजती फिरती हूँ। पिरु=प्रियतम।

७ नैण······बिहालिआ=जो नेत्र साधुपुरुष को नहीं देखते, वे बेकार हैं। करन=कान। नादु=गुरु के सदुपदेश से तात्पर्य है। मुंदि घालिआ=बंद कर दिया जाये। तिलु तिलु करि=छोटे-छोटे टुकड़े करके। घटीऐ=गिरता है।

८ धावउ=दौड़ता हूँ। प्रेम प्रभ कारणे=प्रभु के प्रेम की खातिर। पंचदूत=इन्द्रियों के पाँच विषय, जो शत्रु हैं। बिखादी=विषय-आदि। घात=घातक, नाशक।

जीअ करनि जैकारु निंदक मुए पचि ।
साजन मनि आनंदु नानक नामु जपि ॥९॥

अउखधु नामु अपारु अमोलकु पीजई ।
मिलि मिलि खावहि संत सगल कउ दीजई ॥
जिसै परापति होइ तिसै ही पावणे ।
हरि हां, हउ बलिहारी तिन जि हरि रंगि रावणे ॥१०॥

सलोक

हरि हरि नामु जो जनु जपै सो आइआ परवाणु ।
तिसु जन कै बलिहारणै जिनि भजिआ प्रभु निरबाणु ॥१॥

सतिगुर पूरे सेविए दूखा का होइ नासु ।
नानक नाम अराधिए कारजु आवै रासु ॥२॥

जिसु सिमरत संकट छुटहि अनद मंगल बिस्राम ।
नानक जपीऐ सदा हरि निमख न बिसरउ नाम ॥३॥

बिखै कउड़त्तणि सगल महि जगत रही लपटाइ ।
नानक जनि वीचारिआ मीठा हरि का नाउ ॥४॥

---

९ जिथै=जहाँ भी। भगतु=हरिभक्त, सज्जन। थानु=स्थान। साजन=सज्जन।

१० अउखधु=औषधि। पीजई=पीते। सगल कउ=सब भवरोगियों को। जि हरि रंगि रावणे=जो भगवत्प्रेम में रम गये हैं।

१ सो आइआ परवाणु=उसीका संसार में आना सच्चा है। निरबाणु=मोक्षदायक।

२ कारजु आवै रासु=हरिनाम की पूँजी (अंत समय) काम आवे।

३ बिस्राम=शान्ति। निमख=निमिष, पल।

४ बिखै कउड़त्तणि=विषयरूपी कड़वी बेल।

गुरु कै सबदि अराधिए नामि रंगि वैरागु।
जीते पंच वैराइआ नानक सफल मारू रागु ॥५॥

पतित उधारण पारब्रहमु संम्रथ पुरखु अपारु।
जिसहि उधारे नानका सो सिमरे सिरजणहारु ॥६॥

पंथा प्रेम न जाणई भूली फिरै गवारि।
नानक हरि विसराइकै पउदे नरक अँधिआर ॥७॥

फूटो अंडा भरम का मनहि भइओ परगासु।
काटी बेरी पगह ते गुरि कीनी बंदि खलासु ॥८॥

तू चउ सजण मैंडिआ देई सीसु उतारि।
नैण महिंजे तरसदे कदि पसी दीदारु ॥९॥

नीहु महिंजा तऊ नालि बिआ नेह कूड़ावे डेखु।
कपड़ भोग डरावणे जिचरु पिरी न डेखु ॥१०॥

उठी झालू कंतड़े हउ पसी तउ दीदारु।
काजल हारु तमोल रसु बिनु पसे हभि रस छारु ॥११॥

---

५ गुरु कै......वैरागु=गुरु के उपदेश की आराधना करनी चाहिए, जिससे हरि-नाम के प्रति प्रेम और विषयों के प्रति वैराग्य उत्पन्न हो। पंच वैराइआ=विषयरूपी पाँचों शत्रुओं को। मारू राग=वह राग जो युद्ध में उत्साह बढ़ाने के लिए गाया जाता है।

६ संम्रथ=समर्थ, सर्वशक्तिमान्।

८ मनहि भइओ परगासु=मन के अंदर दिव्य प्रकाश भर गया। बेरी=बेड़ी। पगह ते=पैरों में से। बंदि खलासु=बन्धन-मुक्त।

९ अय मेरे साजन, अगर तू कहे, तो मैं अपना सिर उतारकर तुझे दे-दूँ। मेरी आँखें तरसती हैं कि कब तुझे देखूँ।

१० मेरी प्रीति तेरे ही साथ है; मैंने देख लिया कि और सब प्रीति झूठी है। तुझे देखे बिना ये वस्त्र और ये भोग मुझे डरावने लगते हैं।

११ मेरे प्यारे, तेरे दर्शन के लिए मैं बड़ी भोर उठ जाती हूँ। काजल, हार

पहिला मरण कबूलि करि जीवण की छड्डि आस ।
होहु सभना की रेणुका तउ आउ हमारै पास ॥१२॥
जिसु मनि बसै पारब्रहमु निकटि न आवै पीर ।
भुख तिख तिसु न विआपई जमु नहीं आवै नीर ॥१३॥
धणी विहूणा पाट पटंबर भाही सेती जाले ।
धूड़ी विचि लुडंदड़ी सोहां नानक तै सह नाले ॥१४॥
सोरठि सो रसु पीजिए कबहू न फीका होइ ।
नानक राम नाम गुन गाइअहि दरगह निरमल सोइ ॥१५॥
जाको प्रेम सुआउ है चरन चितव मन माहि ।
नानक बिरही ब्रहम के आन न कतहू जाहि ॥१६॥
मगनु भइओ प्रिअ प्रेम सिउ सूध न सिमरत अंग ।
प्रगटि भइओ सभ लोअ महि नानक अधम पतंग ॥१७॥

और पान और सारे मधुर रस, विना तेरे दर्शन के धूल की तरह लगते हैं ।

१२ कबूलि करि=स्वीकार करले । छड्डि=छोड़कर । रेणुका=पैरों की धूल ; अत्यंत तुच्छ ।

१३ पीर=दुःख । तिख=तृषा, प्यास । जमु=काल । नीर=निकट ।

१४ मेरा प्रीतम मेरे पास नहीं, तो इन रेशमी वस्त्रों को लेकर क्या करूँगी, मैं तो इनमें आग लगा दूँगी ;
प्यारे, तेरे साथ धूल में लोटती हुई भी मैं सुन्दर दिखूँगी ।

१५ सोरठि=एक राग का नाम । सो रसु=ब्रह्म-रस से आशय है । दरगह=परमात्मा का दरबार । निरमल=निष्पाप ।

१६ सुआउ=स्वभाव । चरन चितव मन माहि=परमात्मा के चरणों का ध्यान हृदय में करते हैं । बिरही=अत्यंत प्रेमातुर । आन=अन्य स्थान, सांसारिक भोगों से आशय है ।

१७ सूध=सुध, ध्यान । लोअ=लोक ।

गुरु तेगबहादुर

चोला-परिचय

जन्म- संवत्—१६७६ वि०, वैशाख कृ० ५

जन्म-स्थान—अमृतसर

पिता—गुरु हरगोविंद

माता—नानकी

भेष—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१७३२ वि०, अगहन शु० ५

छठे गुरु हरगोविंद के पाँच पुत्र थे—गुरुदित्ता, सूरजभान, अनीराय, बाबा अटल और तेगबहादुर। सातवें गुरु थे गुरुदित्ता के छोटे पुत्र हरराय, और आठवें गुरु हुए गुरु हरराय के छोटे पुत्र हरकृष्ण राय। इनकी मृत्यु केवल ८ वर्ष की अवस्था में ही हो गई।

गुरु हरगोविंद की मृत्यु के पश्चात् तेगबहादुर अपनी माता तथा पत्नी गूजरी के साथ बाकला नाम के एक गाँव में रहने लगे थे। गुरु हरकृष्ण राय से जब लगभग बेहोशी की अवस्था में उत्तराधिकारी का नाम पूछा गया, तब उन्होंने बाबा बाकले बतलाकर अपना हाथ दो-तीन बार हिलाया। बाकला के २२ सोढ़ी खत्रियों ने गुरु-गद्दी पर अधिकार जमाने का प्रयत्न किया। किंतु अन्त में चैत्र शु० १४ सं० १७७२ को साधुता, संतोष और शान्ति की मूर्ति तेगबहादुर को गुरु हरगोविंद तथा गुरु हरराय के सभी अनुयायी सिक्खों ने गुरु-गद्दी पर आसीन करा दिया।

गुरु तेगबहादुर पाँच वर्ष की अवस्था से ही एकान्त में प्रायः विचार-मग्न रहा करते थे, और किसीसे बोलते नहीं थे। इनके पिता हरगोविंद ने इन-

की साधुता एवं दृढ़ता देखकर भविष्यद्वाणी की थी कि 'तेगबहादुर, अवश्य किसी दिन गुरु बनेगा और धर्म की वेदी पर अपने प्राणों को चढ़ादेगा।'

इनके बड़े भाई गुरुदित्ता का पुत्र धीरमल इनसे अत्यंत द्वेष रखता था। इन्हें मार डालने के लिए कुछ मउंदों को उसने इनकी ताक में भेजा, पर वह सफल नहीं हुआ। साधुप्रकृति गुरु तेगबहादुर ने कीरतपुर को छोड़कर वहा से छह मील दूर आनन्दपुर नामक एक नये शहर की नींव डाली, और वहीं पर रहने का निश्चय किया। पर वहा भी वे धीरमल और रामराय के षड्यंत्रों के कारण चैन से नहीं बैठ सके। वह स्थान भी उन्होंने छोड़ दिया और सिक्ख-धर्म का प्रचार करने के लिए वे लंबी-लंबी यात्राओं पर निकल पड़े। गुरु तेग-बहादुर पंजाब के कई स्थानों का भ्रमण करते हुए कड़ा मानिकपुर (जहाँ प्रसिद्ध संत बाबा मलूकदास रहते थे), प्रयाग और काशी और गया भी गये। काशी में जिस स्थान में यह रहे थे, उसे 'शब्द का कोठा' कहते हैं, जो 'रेशम कटरा' मोहल्ले में है।

जयपुर के महाराजा जयसिंह के पुत्र रामसिंह के प्रस्ताव पर उसके साथ औरंगजेब बादशाह की ओर से शाही फौज के साथ गुरु तेगबहादुर बंगाल होते हुए कामरूप (आसाम) भी गये। राजा रामसिंह ने कामरूप के विरुद्ध चढ़ाई में इनकी मदद चाही थी। पर चढ़ाई करने का अवसर ही नहीं आया। गुरु के आत्मबल के आगे कामरूप के राजा की एक नहीं चली। उन्होंने बिना ही भयंकर रक्त-पात के कामरूप राज्य को शान्तिपूर्वक दो हिस्सों में बँटवा दिया, और कहा कि, 'बादशाह और कामरूप का राजा दोनों इन दोनों भागों में अपना-अपना राज करें और पुरानी शत्रुता भूल जावें।' कामरूप का राजा इनसे बहुत प्रभावित हुआ। धूबरी में आज भी गुरु तेगबहादुर के अनुयायी सिक्खों के कुछ वंशज पाये जाते हैं।

पटना में यह अपनी माता और पत्नी को छोड गये थे। आसाम में पटने से इन्हें यह शुभ समाचार मिला कि इनकी पत्नी गूजरी ने एक सुंदर पुत्र को जन्म दिया है। राजा रामसिंह ने इस मंगल समाचार को सुनकर बड़ा भारी उत्सव मनाया। गुरु तेगबहादुर पटना लौट आये, और वहाँ अपने परिवार के साथ शान्ति से रहने लगे। मगर पंजाब की याद इन्हें रह-रहकर व्याकुल करने लगी।

अतः परिवार को पटने में ही छोड़कर वह पंजाब को चल पड़े। आनन्दपुर में पीछे कुछ दिनों बाद अपनी माता, पत्नी और पुत्र गोविंदराय को भी बुला लिया।

औरंगज़ेब का शासन-काल था वह। धर्मान्धता उसकी भारत के इतिहास में प्रसिद्ध है। धर्मान्तरित करने का आन्दोलन उसका कई प्रान्तों में चल रहा था। कश्मीर भी नहीं बचा। वहा के पंडितों ने छह महीने की मोहलत माँगी। कश्मीर के सूबेदार शेर अफ़गान खा ने औरंगज़ेब की आज्ञा से कश्मीरी पंडितों के आगे यह प्रस्ताव रखा था कि या तो वे सब-के-सब इस्लाम धर्म को ग्रहण करलें, या क़त्ल होने को तैयार हो जायें। यह सुनकर कि गुरु तेगबहादुर ही एक ऐसे महान् वीरपुरुष हैं, जो इनके शिखा-सूत्र और तिलक की रक्षा कर सकते हैं, उन के कुछ प्रतिनिधि आनन्दपुर पहुँचे। उनकी करुण-कहानी सुनकर गुरु साहब इस निश्चय पर पहुँचे कि धर्म की खातिर मुझे अपने प्राणों की बलि अब देनी ही होगी। उन्होंने उन पंडितों से कहा—'आप लोग दिल्ली जाकर बादशाह से कहें—"गुरु नानक के तख्त पर आसीन तेगबहादुर को पहले तुम मुसलमान बनालो; उसके बाद हम सब-के-सब अपने-आप इस्लाम धर्म स्वीकार करलेंगे।"

औरंगज़ेब यह सुनकर फूला नहीं समाया। गुरु साहब को दिल्ली ले आने के लिए उसने कुछ अधिकारियों को आनन्दपुर भेजा। गुरु तेगबहादुर ने उनसे कहा, कि बरसात के बाद मैं खुद दिल्ली आजाऊँगा। पर तबतक रुकना उन्होने ठीक नही समझा। वे गर्मियों में ही कुछ अच्छे वफादार सिक्खों को लेकर दिल्ली को रवाना हो गये। रास्ते में सैफाबाद में अपने परममित्र सैफुद्दीन से मिले, जिसने गुरु साहब से प्रभावित होकर सिक्ख-धर्म स्वीकार कर लिया। तीन महीने वे उसके अनुरोध पर सैफाबाद में ही रहे।

रास्ते में कई स्थानों पर ठहरते और धर्मोपदेश करते हुए वे दिल्ली पहुँचे, और उन्हें गिरफतार कर लिया गया, इस अपराध पर कि इतने दिनोंतक वे कहीं छिपे हुए थे। उनकी गिरफतारी से बादशाह को बेहद खुशी हुई।

उनके सामने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लेने का प्रस्ताव रखा गया। गुरु तेगबहादुर ने बादशाह को यह जवाब दिया—"ईश्वर की मरज़ी से कोई बाहर नहीं जा सकता। अगर उसकी यही मरज़ी होती कि दुनिया में एक ही धर्म होना चाहिए, तो एक ही समय में साथ-साथ इस्लाम और हिन्दूधर्म को वह न

रहने देता। उसकी मरज़ी के खिलाफ न मैं जा सकता हूँ, न तुम। मैं इस्लाम को कभी स्वीकार करनेवाला नहीं। दुनिया पर एक ही धर्म आरोपित करने का जो काम तुम्हारे मक्का के पैगंबर से भी नहीं हो सका, तब तुम्हारी तो बिसात ही क्या ? ईश्वर के आगे हम सब समान हैं, नाचीज हैं। उससे डरो, बहुत जुल्म न करो।"

यह सुनकर औरंगजेब आग बबूला हो उठा। गुरु साहब को उसने जेलखाने में डाल दिया। बाद में कितने ही भय दिखाये गये, कितने ही प्रलोभन दिये गये, पर गुरु तेगबहादुर अपने सत्य पर वज्र की तरह अडिग रहे।

पीछे लोहे के पिंजड़े में उन्हें बंद कर दिया गया। संत्री हमेशा नंगी तलवार लिये पहरे पर खड़ा रहता था।

आनन्दपुरसे जब एक हरकारा उनकी पत्नी और पुत्र का पत्र लेकर मिलने आया, तो जवाब में उसके हाथ गुरु साहब ने अपनी चिंताग्रस्त पत्नी गूजरी को यह सलोक लिख भेजे—

"राम गइओ रावनु गइओ जाको बहु परवार।
कहु नानक थिरु कछु नहीं सुपने जिउ संसार॥
चिंता ताकी कीजिए जो अनहोनी होइ।
इहु मारगु ससार को नानक थिरु नहि कोइ॥"

और भी कितने ही वैराग्यपूर्ण सलोक बंदीगृह के दिनों में उन्होंने लिखे।

अंत में, औरंगजेब ने फिर एक बार उन्हें धर्मान्तरित करने का प्रयत्न किया। पर गुरु साहब तो वैसे ही अपने धर्म पर अटल थे। उनका वही जवाब था, "प्राण रहते मैं कभी अपने धर्म को नहीं छोड़ सकता। मौत के डर से मैं कॉंपनेवाला नहीं। मैं जानता हूँ कि एक-न-एक दिन तो इस देह को छूटना ही है। मौत को छाती से लगाने के लिए मैं तैयार हूँ।"

पिंजड़े से उन्हें निकाला गया। उन्होंने स्नान किया, और एक बरगद के नीचे बैठकर जपुजी का पाठ किया। वे शान्त थे, ध्यान-मग्न थे। सैयद आदम शाह ने, जिसके पास कत्ल का शाही हुक्म था, गुरु तेगबहादुर का सर धड़ से अलग कर दिया।

यह महान् बलिदान संवत् १७३२ की अगहन सुदी ५ के दिन हुआ। धर्मान्धता पर धर्म की विजय का महामंगल-दिन था वह।

बानी-परिचय

गुरु ग्रन्थ साहिब में 'महला ६' के अन्तर्गत जितने पद और सलोक संग्रहीत हैं वे सब गुरु तेगबहादुर के रचे हुए हैं। हिन्दी के अनेक पद-संग्रहों में जो पद लिये गये हैं, वे गुरु तेगबहादुर के ही हैं, आदिगुरु नानक के नहीं। इनके पदों व सलोकों की भाषा शुद्ध हिन्दी है और वह बहुत प्रांजल और मधुर है। कुछ पद तो इनके सूरदास के पदों से मिलते हैं। भक्ति और वैराग्य का इन्होंने बड़ा सुन्दर निरूपण किया है। बानी सरल, प्रसादगुणमयी और अतिमधुर है।

आधार

१ गुरु ग्रन्थ साहिब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन (भाग ३) मकालीफ

रागु सोरठि

रे नर, इह साची जीअ धारि ॥
सगल जगतु है जैसे सुपना बिनसत लगत न बार ॥
बारू भीति बनाई रचि पचि रहत नही दिन चारि ॥
तैसे ही इह सुख माइआ के उरझिओ कहा गवार ॥
अजहु समझि कछु बिगरिओ नाहिनि भजि ले नामु मुरारि ॥
कहु नानक इह निज मतु साधन भाखिओ तोहि पुकारि ॥१॥

माई, मनु मेरो बसि नाहि ॥
निसबासुर बिखिअन कउ धावत किहि बिधि रोकउ ताहि ॥
बेद पुरान सिमृति के मति सुनि निमख न हीए बसावै ॥
परधन परदारा सिउ रचिओ बिरथा जनमु सिरावै ॥
मदि माइआ कै भइओ बावरो सूझत नह कछु गिआना ॥
घट ही भीतरि बसत निरंजनु ताको मरमु न जाना ॥
जब ही सरनि साध की आइओ दुरमति सगल बिनासी ॥
तब नानक चेतिओ चिंतामनि काटी जम की फांसी ॥२॥

---

१ जीअ=मन। सगल=सकल, सारा। माइआ=माया। गवार=गँवार, मूर्ख। मतु=सिद्धान्त।

२ बिखिअन कउ=विषयों को इन्द्रियों के भोगों की ओर। मति=मत, सिद्धान्त। सिउ=से। निरंजनु=निराकार परमात्मा। मरमु=भेद, रहस्य। चेतिओ=चिंतन या ध्यान किया। चिंतामनि=समस्त चिन्ताओं को दूर करनेवाला, परमात्मा।

माई, मैं किहि विधि लखउ गुसाईं ॥
महामोह अगिआनि तिमिर में मो मनु रहिओउ रझाई ॥
सगल जनम भरमत ही खोइओ नहि असथिरु मति पाई ॥
बिखिआसकत रहिओ निसबासुर नहि छूटी अधमाई ॥
साधसंगु कबहू नही कीना नहि कीरति प्रभ गाई ॥
जन नानक मैं नाहि कोउ गुनु राखि लेहु सरनाई ॥३॥

प्रानी कउनु उपाउ करै ।
जाते भगति राम की पावै जम को त्रासु हरै ॥
कउनु करम बिदिआ कहु कैसी धरमु कउनु फुनि करई ॥
कउनु नामु गुर जाकै सिमरै भवसागर कउ तरई ॥
कल मै एकु नामु किरपानिधि जाहि जपै मति पावै ॥
अउर धरम ताकै समि नाहिन इह बिधि बेदु बतावै ॥
सुखु दुखु रहत सदा निरलेपी जाको कहत गुसाईं ।
सो तुमही महि बसै निरंतरि नानक दरपनि निआईं ॥४॥

मन रे, प्रभ की सरनि विचारो ॥
जिह सिमरत गनका सी उधरी ताको जसु उर धारो ॥
अटल भइओ धूअ जाकै सिमरति अरु निरभै पदु पाइआ ॥

---

३ लखउ = देखूँ, ध्यान में लाऊँ । असथिरु मति = स्थिर बुद्धि, अचंचल चित्त । बिखिआसकत=विषयों में आसक्त अर्थात् अनुरक्त । अधमाई=दुष्टता । मैं=मुझमें ।

४ जम को त्रासु = मृत्यु का भय । बिदिआ = विद्या । फुनि = पुनः, फिर । सिमरै = स्मरण करने से । मति पावै = बुद्धि स्थिरता को प्राप्त कर लेती है । दरपनि निआईं = दर्पण में प्रतिबिम्ब की तरह ।

५ गनका = एक वेश्या जिसका नाम पिंगला था । धूअ = ध्रुव । इह बिधि

दुख हरता इह बिधि को सुआमी तै काहे बिसराइआ ॥
जब ही सरनि गही किरपानिधि गज गराह ते छूटा ॥
महिमा नाम कहा लउ बरनउ राम कहत बंधन तिह तूटा ॥
अजामेलु पापी जगु जाने निमख माहि निसतारा ॥
नानक कहत चेत चिंतामनि तै भी उतरहि पारा ॥५॥

मन रे, कउनु कुमति तै लीनी ॥
परदारा निंदिआ रस रचिउ रामभगति नहि कीनी ॥
मुकति-पंथु जानिओ तै नाहिन धन जोरन कउ धाइआ ॥
अंति संगि काहू नही दीना बिरथा आपु बंधाइआ ॥
ना हरि भजिऔ ना गुरजनु सेविओ नहि उपजिओ कछु गिआना ।
घटि ही माहि निरंजनु तेरै तै खोजत उदिआना ॥
बहुतु जनम भरमत तै हारिओ असथिर मति नही पाई ॥
मानसदेह पाइ हरिपद भजु नानक बात बताई ॥६॥

मन की मन ही माहि रही ॥
ना हरि भजे न तीरथ सेए चोटी कालि गही ॥
दारा मीत पूत रथ संपति धन पूरन सभु मही ॥
अउर सगल मिथिआ ए जानउ भजनु राम को सही ॥
फिरत फिरत बहुते जुग हारिओ मानसदेह लही ॥
नानक कहत मिलन की बरीआ सिमरत कहा नही ॥७॥

को=ऐसा (पतित-पावन) । कहा लउ=कहाँतक । तूटा=कट गया । निसतारा=मुक्त कर दिया ।

६ निंदिआ=निंदा । रचिउ=रँगा हुआ है । जोरन कउ धाइआ=चाहे जिस उचित-अनुचित उपाय से संचय करने के लिए दौड़ता रहा । उदिआना=उद्यान, यहाँ जंगल से अभिप्राय है । असथिर=स्थिर, अचंचल ।

७ हारिओ=व्यर्थ बिता दिये । बरीआ=बेर, समय । कहा=क्यों ।

रे मन, राम सिउ करि प्रीति ॥
स्रवन गोबिंद गुनु सुनउ अरु गाउ रसना गीति ॥
करि साध संगति सिमरु माधो होहि पतित पुनीति ॥
कालु-बिआलु जिउ परिओ डोलै मुखु पसारे मीति ॥
आजु कालि फुनि तोहि ग्रसिहै समझि राखउ चीति ॥
कहै नानकु रामु भजिलै जातु अउसरु बीति ॥८॥

प्रीतम जानि लेहु मन माही ॥
अपने सुख सिउ ही जगु फांधिओ को काहू को नाही ॥
सुख मै आनि बहुतु मिलि बैठत रहत चहू दिसि घेरै ॥
बिपति परी सभ ही संगु छाड़त कोऊ न आवत नेरै ॥
घर की नारि बहुतु हितु जा सिउ सदा रहत संग लागी ॥
जब ही हंस तजी इह काइआ प्रेत प्रेत करि भागी ॥
इह बिधि को बिउहारु बनिओ है जा सिउ नेहु लगाइओ ॥
अंति बार नानक बिनु हरिजी कोऊ काम न आइओ ॥९॥

जो नरु दुख मै दुखु नहि मानै ॥
सुख सनेहु अरु भै नही जाकै कंचन माटी मानै ॥
नहि निंदिआ नहि उसतति जाकै लोभु मोहु अभिमाना ॥
हरख सोग ते रहै निआरउ नाहि मान अपमाना ॥
आसा मनसा सगल तिआगै जग ते रहै निरासा ॥

---

८ सिउ=से। बिआलु=व्याल, सर्प। मुखु पसारे मीति=मौत मुहँ खोले खड़ी है। फुनि=पुनः, फिर। चीति=चित्त में।

९ फांधिओ=फंदे में पड़ा है। को काहू को=कोई भी किसीका। नेरै=नज़दीक। जासिउ=जिसके साथ। हंस=जीव। काइआ=काया, देह।

१० सुख सनेहु=सुख के प्रति आसक्ति या मोह। उसतति=स्तुति। सोग=

कामु क्रोधु जिह परसै नाहिन तिह घट ब्रहमुनिवासा ॥
गुर किरपा जिह नर कउ कीनी तिह इह जुगति पछानी ॥
नानक लीन भइओ गोबिंद सिउ जिउ पानी संगि पानी ॥१०॥

मन रे, गहिओ न गुर उपदेसु ॥
कहा भइओ जउ मूड मुडाइओ भगवउ कीनो भेसु ॥
साच छांडिकै झूठहि लागिओ जनमु अकारथु खोइओ ॥
करि परपंच उदर निज पोखिओ पसु की निआई सोइओ ॥
रामभजन की मति नहि जानी माइआ हाथि बिकाना ॥
उरझि रहिओ बिखिअन संगि बउरा नामुरतनु बिसराना ॥
रहिओ अचेतु न चेतिओ गोबिंद बिरथा अउध सिरानी ॥
कहु नानक हरि बिरदु पछानउ भूले सदा परानी ॥११॥

इह जगि मीतु न देखिओ कोई ॥
सगल जगतु अपनै सुख लागिओ दुख मै संगि न होई ॥
दारा मीत पूत सनबंधी सगरे धनसिउ लागे ॥
जब ही निरधन देखिओ नरकउ संगु छाडि सभ भागे ॥
कहउ कहा इआ मन बउरेकउ इनसिउ नेहु लगाइओ ॥
दीनानाथ सगल भैभंजन जसु ताको बिसराइओ ॥

शोक। निआरउ=अलिप्त। बिराना=अनासक्त। जिह नर कउ=जिस मनुष्य पर। जुगति=युक्ति, भेद, रहस्य। पछानी=पहचानली।

११ जउ=जो। भगवउ कीनो भेसु=भगवा अर्थात् गेरुवे वस्त्र पहन लिये, सन्यास ले लिया। अकारथु=व्यर्थ। निआई=नाई, तरह। बउरा=पागल, मूर्ख। बिसराना=भुलादिया। अउध=अवधि, आयु। सिरानी=बीत गई। बिरदु=पतितोद्धारण का यश या बाना। परानी=प्राणी, जीव।

१२ जगि=संसार में। सनबंधी=रिश्तेदार। सगरे धन सिउ लागे=सभी धन

सुआन पूछ जिउ भइओ न सूधो वहुतु जतनु मै कीनउ ॥
नानक लाज विरद की राखहु नामु तुहारउ लीनउ ॥१२॥

राग़ु विलावल

हरि के नाम विना दुखु पावै ।
भगति विना सहसा नहि चूकै गुर इह भेद वतावै ॥
कहा भइउ तीरथ व्रत कीए, राम सरनि नहि आवै ।
जोग जग्य निहफल तिह मानौ जो प्रभ-जसु विसरावै ॥
मान मोह दोनो को परहरि, गोविंद के गुन गावै ।
कहु नानक इह विधि को प्रानी जीवनमुकत कहावै ॥१३॥
जामें भजनु राम को नाहीं ।
तिह नर जनम अकारथ खोइउ इह राखहु मन माहीं ॥
तीरथ करै व्रित पुनि राखै, नहि-मनुवा वसि जाको ।
निहफल धरम ताहि तुम मानो सांचु कहत मैं याको ॥
जैसे पाहन जल महि राखिउ भेदै नहिं तिहि पानी ।
तैसे ही तुम ताहि पछानो भगतिहीन जो प्रानी ॥
कलि में मुकति नाम ते पावत गुर इह भेद वतावै ।
कहु नानक सोई नरु गरुआ जो प्रभ के गुन गावै ॥१४॥

रागु जैतसरी

भूलिओ मनु माया उरझाइओ ।
जो जो करम किइउ लालच लगि तिह तिह आपु वँधाइओ ॥

के लिए पीछे-पीछे लगे फिरते हैं। इआ=या, इस। कउ=को। सुआन=कुत्ता।

१३ सहसा नहि चूकै=संशय (द्वैतभाव) का अंत नहीं होता। को=कोई विरला।

१४ अकारथ=वेकार। वसि=वश में। पाहन=पत्थर। पछानो=पहचानो, जानो। भेद=रहस्य। गरुआ=वडा।

समझ न परी बिखै रस राचिओ जसु हरि को बिसराइओ।
संगि स्वामी सो जानिओ नाहिन बन खोजन को धाइओ॥
रतनु रामु घट ही के भीतर, ताको गिआन न पाइओ।
जन नानक भगवत भजन बिनु बिरथा जनम गवाइओ॥१५॥

मन रे, साचा गहो बिचारा।
रामनाम बिनु मिथिआ मानो सगरो इह संसारा॥
जाको जोगी खोजत हारे, पाइओ नहि तिहि पारा।
सो स्वामी तुम निकटि पछानो, रूप-रेख ते निआरा॥
पावन नाम जगत में हरि को कबहू नाहि सभारा।
नानक सरनि परिओ जगबंदन, राखहु बिरद तुम्हारा॥१६॥

रागु टोडी

कहउं कहा अपनी अधमाई।
उरझिओ कनक कामिनी के रस नहि कीरति प्रभु गाई॥
जग झूठे कउ सॉचु जानिकै तासिउ रुचि उपजाई।
दीनबंधु सिमरिओ नहि कबहूँ होत जु संगि सहाई॥
मगन रहिओ माइआ मैं निसिदिन छुटी न मन की काई।
कह नानक अब नाहि अनत गति बिनु हरि की सरनाई॥१७॥

---

१५ तिह . .. बंधाइओ = उस कर्म से खुद बंधन में पड़ गया। राचिओ=रंग गया। भीतरि = घट के अंदर ही। गिआन = पता, परिचय।

१६ गहो = ग्रहण करो। बिचार=सद्विवेक आत्म-ज्ञान। पछानो=पहचानो। सभारा = स्मरण या ध्यान किया। बिरद = बाना, बड़ा नाम।

१७ रस = सुख, प्रेम। रुचि उपजाई=प्रीति जोड़ी। सिमरिओ=स्मरण किया। काई = मैल, बुरी वासना। अनत = अन्यत्र, और कहीं भी।

रागु धनासरी

काहे रे, बन खोजन जाई।
सरबनिवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई॥
पुहपमध्य जिउ बासु बसतु है, मुकुर माहि जैसे छाई।
तैसे ही हरि बसे निरंतर, घट ही खोजहु भाई॥
बाहरि भीतरि एकै जानहु, इह गुरु गिआनु बताई।
जन नानक बिनु आपा चीन्हे, मिटै न भ्रम की काई॥१८॥

तिह जोगी कउ जुगति न जानी।
लोभ मोह माइआ ममता फुनि जिह घटि माहि पछानी॥
परनिंदा उसतुति नहि जाकै कंचन-लोह समानो।
हरख-सोग ते रहै अतीता, जोगी ताहि बखानो॥
चंचल मनु दहदिसि कउ धावत, अचल जाहि ठहरानो।
कहु नानक इहु बिधि को जो नरु मुकत ताहि अनुमानो॥१६॥

रागु गउड़ी

साधो, मन का मान तिआगो।
काम क्रोध संगति दुरजन की, ताते अहनिसि भागो॥
सुखु दुखु दोनो सम करि जानै, औरु मानु अपमाना।
हरख-सोग ते रहै अतीता तिनि जगि ततु पछाना।

---

१८ समाई=व्याप्त। बासु=गंध। मुकुर=दर्पण। आपा=स्वरूप।

१६ जुगति=युक्त, योगारूढ़। फुनि=पुनः, तथा। पछानो=देखो। उसतुति=स्तुति, प्रशंसा। समानो=एक-से। सोग=शोक। अतीता=रहित। दह=दस। ठहराना=स्थिर हो गया। मुकत=जीवन्मुक्त।

२० मान=अभिमान; मत। अतीता=रहित। जगि=संसार में। ततु=परमवस्तु; स्वरूप। पछाना=पहचाना, जाना।

इसतुति निंदा दोऊ त्यागै, खोजै पदु निरबाना।
जन नानक इहु खेलु कठन है, किनहू गुरमुखि जाना ॥२०॥

साधो, रचना राम बनाई।
इकि बिनसै इक असथिरु मानै, अचरज लखिओ न जाई ॥
काम क्रोध मोह बसि प्रानी हरिमूरति बिसराई।
झूठा तन साचा करि मानिओ जिउ सुपना रैनाई ॥
जो दीसै सो सगल बिनासै, जिउ बादर की छाई।
जन नानक जग जानिओ मिथिआ, रहिओ राम-सरनाई ॥२१॥

प्रानी कउ हरिजसु मनि नहि आवै
अहनिसि मगनु रहै माइआ मैं, कहु कैसे गुन गावै ॥
पूत मीत माइआ ममता सिउ इहु बिधि आपु बँधावै।
मृगतृसना जिउ झूठो इहु जगु देखि ताहि उठि धावै ॥
भुगति मुकति को कारनु स्वामी मूढ़ ताहि बिसरावै।
जन नानक कोटिन मैं कोऊ भजनु राम को पावै ॥२२॥

साधो, इहु मनु गहिओ न जाई ॥
चंचल तृसना संगि बसतु है इआते थिरु न रहाई ॥
कठिन करोध घट ही के भीतरि जिह सुधि सभ बिसराई।
रतनु गिआनु सभ को हिरि लीना, ता सिउ कछु न बसाई ॥

निरबाना = मोक्ष। खेल = साधन। किनहू = किसी विरले ने।

२१ असथिरु = स्थिर. नित्य। रैनाई = रात का। दीसै = दीखता है। सगल = सकल छाई = छाहँ।

२२ मनि नहि आवै = हृदय में जमता नहीं है। भुगति = भोग, सांसारिक सुख।

२३ इआते = या ते, इससे। सुधि = स्मृति। हिरि लीना = हर लिया। गुनि =

जोगी जतन करत सभ हारे, गुनी रहे गुन गाई।
जन नानक हरि भए दइआला तउ सब विधि बनि आई ॥२३॥

नर अचेत, पाप ते डरु रे।
दीनदइआल सगल भैभंजन, सरनि ताहि तुम परु रे ॥
बेद पुरान जासु गुन गावत ताको नाम हिए में धरु रे।
पावन नाम जगति में हरि को, सिमरि-सिमरि कसमल सभ हरु रे ॥
मानुस-देह बहुरि नहि पावै, कछू उपाव मुकति को करु रे।
नानक कहत गाइ करुनामय, भवसागर के पारि उतरु रे ॥२४॥

रागु देवगंधारी

यह मनु नेक न कहिओ करै।
सीखु सिखाइ रहिओ अपनी-सी, दुरमति ते न टरै ॥
मद माइआ कै भइओ बावरो, हरिजसु नहिं उचरै।
करि परपंचु जगत कउ डहकै, अपनो उदरु भरै ॥
सुआन पूछ जिउ होइ न सूधी, कहिओ न कान धरै।
कहु नानक भजु रामनाम निन, जाते काजु सरै ॥२५॥

सभ कछु जीवत को बिउहार।
मात पिता भाई सुत बंधू अरु पुनि गृह की नार ॥
तन ते प्रान होत जब निआरे टेरत प्रेत पुकार।
आध घरी कोऊ नहिं राखै घरि ते देत निकारि ॥

विद्वान्। हरि-भये······आई = यदि परमात्मा कृपा दृष्टि करदे तो सब बिगड़ी बात भी बन जायेगी।

२४ परु = पड रह, चला जा। कसमल = पाप।

२५ उचरै = कहता है। डहकै = ठगता है। सरै = बने।

२६ रिदै = हृदय से। उधार = उद्धार, मोक्ष।

मृगतृसना जिउ जगरचना यह देखहु रिदै विचारि ।
कहु नानक भजु रामनाम नित जाते होत उधार ॥२६॥

जगत में झूठी देखी प्रीति ।
अपने ही सुख सिउ सभ लागे, किआ दारा किआ मीत ॥
मेरौ मेरौ सभै कहत हैं हित सिउ बांधिओ चीत ।
अंतकाल संगी नहि कोऊ, इह अचरज है रीत ॥
मन मूरख अजहू नहि समझत. सिखदै हारिओ नीत ।
नानक भउजल-पारि परै, जो गावै प्रभु के गीत ॥२७॥

रागु रामकली

साधो, कउन जुगति अब कीजै ।
जाते दुरमति सकल बिनासै, रामभगति मनु भीजै ॥
मनु माइआ मे उरझि रहिओ है, बूझै नहि कछु गिआना ।
कउन नामु जग जाके सिमरै पावै पदु निरबाना ॥
भए दइआल क्रिपाल संतजन तब इह बात बताई ।
सरब धरम मानो तिह कीए जिह प्रभ-कीरति गाई ॥
रामनाम नर निसिबासुर मे निमख एक उर धारै ।
जम को त्रासु मिटै नानक तिह, अपुनो जनम सवारै ॥२८॥

रागु सारंग

हरि बिनु तेरो को न सहाई ।
काकी मात पिता सुत बनिता, को काहू को भाई ॥

---

२७ किआ=क्या । दारा=स्त्री । हित [illegible] चीत=मन को प्रेम में फँसा लिया । नीत=नीति की. हितमार्ग [illegible] नित्य । गीत=गुण-गान ।

२८ भीजै=भीगे. विभोर हो जाये । निरबाना=मोक्ष । सरब [illegible] गाई=मानो उसने सब धर्म-कर्म कर लिये जिसने प्रेम से परमात्मा का गुण-गान किया । निमख=निमिष. पल । सवारै=सुधार लेता है ।

धनु धरनी अरु संपति सगरी जो मानिओ अपनाई।
तन छूटै कछु संग न चालै, कहा ताहि लपटाई॥
दीनदइआल सदा दुखभंजन ता सिउ रुचि न बढ़ाई।
नानक कहत जगत सभ मिथिआ ज्यों सुपना रैनाई॥२६॥

रागु जैजावंती

राम सिमर राम सिमर इहै तेरो काज है।
माइआ को संगु तिआगि, प्रभजू की सरनि लागि,
जगत-सुख मानु मिथिआ, झूठो सब साजु है॥
सुपने जिउ धनु पिछानु, काहे पर करत मानु,
बारू की भीत जैसे बसुधा को राजु है।
नानक जन कहत बात बिनसि जैहै तेरो गात,
छिनु-छिनु करि गइओ कालु तैसे जातु आजु है॥३०॥

राम भजु राम भजु जनमु सिरातु है।
कहौं कहा बारबार, समझत नहिं किउ गवार,
बिनसत नहिं लगै बार ओरे समु गातु है॥
सगल भरम डारि देहि, गोबिंद को नाम लेहि,
अंति बार संग तेरे इहै एकु जातु है।
बिखिआ बिख जिउ बिसारि, प्रभ को जसु हिए धार,
नानक जन कहि पुकार अउसरु बिहातु है॥३१॥

---

२६ को=कोई भी। जो मानिओ अपनाई=जिसे अपनी मान बैठा था। रुच=प्रीति। रैनाई=रात का।

३० मानु=गर्व। बारू=बालू, रेत, ज़रा में ढहजानेवाली। भीत=दीवार। जातु=बीत रहा है।

३१ सिरातु है=बीता जाता है। किउ=क्यों। गवार=गँवार, मूर्ख। ओरे सम=ओले की तरह। गातु=शरीर। बिखिआ-बिखजिउ=विषयों को विष की तरह।

रागु आसा

बिरथा कहउ कउन सिउ मन की
लोभि ग्रसिओ दसहू दिस धावत, आसा लागिओ धन की ॥
सुख कै हेत बहुतु दुखु पावत सेव करत जन-जन की ॥
दुआरहि दुआरि सुआनु जिउ डोलत नहि सुध राम-भजन की ॥
मानस-जनमु अकारथ खोवत लाज न लोक-हसन की ॥
नानक हरि जसु किउ नहीं गावत कुमति बिनासै तन की ॥३२॥

रागु बसंत

साधो, इह तनु मिथिआ जानो।
इआ भीतरि जो राम बसतु है, साचो ताहि पछानो ॥
इहु जग है संपति सुपने की, देखि कहा ऐंडानो।
संगि तिहारै कछू न चालै, ताहि कहा लपटानो ॥
असतुति निंदा दोऊ परिहर हरि-कीरति उर आनो।
जन नानक सभ ही में पूरन एक पुरख भगवानो ॥३३॥

पापी हिये में काम बसाइ। मनु चचलु इआ ते गहिओ न जाइ ॥
जोगी जंगम अरु सनिआसि। सभ ही परि डारी इह फाँसि ॥
जिहि-जिहि हरि को नामु सम्हारि। ते भवसागर उतरे पारि ॥
जन नानक हरि की सरनाइ। दीजै नामु, रहै गुन-गाइ ॥३४॥

बिहातु है=बीत रहा है।

३२ बिरथा ... मन की=व्यर्थ किससे इस मन की बात कहूँ? सेव=सेवा-खुशामद। सुआनु जिउ=कुत्ते की तरह। लोकहसन की=दुनिया के हँसी उड़ाने की। किउ=क्यों।

३३ इआ=या, इस। पछानो=पहचानो। ऐंडानो=गर्व किया। एक पुरख=केवल अकाल पुरुष।

३४ गहिओ न जाइ=काबू में नहीं आता है। सम्हारि=स्मरण किया।

माई, मैं धनु पाइओ हरिनामु ।
मनु मेरो धावन ते छूटिओ, करि बैठो बिसरामु ॥
माया ममता तन ते भागी उपजिओ निरमल गिआन ;
लोभ मोह एह परसि न साकै, गही भगति भगवान ॥
जनम जनम का संसा चूका रतनु नाम जब पाइआ ।
तृसना सकल बिनासी मन ते, निजसुख माहिं समाइआ ॥
जाकउ होत दइआलु कृपानिधि सो गोबिंद गुन गावै ।
कहु नानक इह बिधि की संपै कोऊ गुरमुखि पावै ॥३५॥

रागु मारू

हरि को नामु सदा सुखदाई ।
जाको सिमरि अजामिल उधरिओ गनका हू गति पाई ॥
पंचाली को राजसभा में रामनाम सुधि आई ।
ताको दूखु हरिओ करुनामय अपनी पैज बढ़ाई ॥
जिह नर जसु गाइओ किरपानिधि ताको भइओ सहाई ।
कहु नानक मैं इही भरोसै गही आन सरनाई ॥३६॥

रागु तिलंग

हरिजसु रे मना गाइलै जो संगी है तेरो ।
अउसरु बीतिओ जात है कहिओ मानिलै मेरो ॥
संपति रथ धन राज सिउ अति नेहु लगाइओ ॥

---

३५ माई=हे सखी। धावन ते=तृष्णा के कारण इधर-उधर चक्कर काटने से। परसि न साकै=छू भी नहीं सकते। संसा चूका=संशय अर्थात् अज्ञान दूर हो गया। निजसुख=आत्मानन्द। संपै=संपदा। कोऊ गुरमुखि=विरले पवित्रात्मा।

३६ उधरिओ=उद्धार पा गया, मुक्त हो गया। गति=मोक्ष। पंचाली=द्रौपदी। पैज=प्रण, टेक। आन=आकर।

काल-फास जब गलि परी सभ भइओ पराओ ॥
जानि बूझिकै बावरे तैं काजु बिगारिओ ॥
पाप करत सकुचिओ नहीं नहीं गरबु निवारिओ ॥
जिह बिधि गुर उपदेसिओ सो सुन रे भाई ।
नानक कहत पुकारिकै गहु प्रभु सरनाई ॥३७।

सलोक

गुन गोबिंद गाइओ नहीं जनमु अकारथ कीन ।
कहु नानक हरि भजु मना जिहि बिधि जल कौ मीन ॥१॥
बिखिअन सिउ काहे रचिओ. निमिख न होहि उदास ।
कहु नानक भजु हरि मना परै न जम की फास ॥२॥
तरनापो योंही गइओ लिइओ जरा तनु जीति ।
कहु नानक भजु हरि मना. अउधि जाति है बीति ॥३॥
बिरध भइओ सूझै नहीं. काल पहूचिओ आन ।
कहु नानक नर बावरे, किउ न भजै भगवान ॥४॥
पतित-उधारन भै-हरन, हरि अनाथ के नाथ ।
कहु नानक तिह जानिहो सदा बसतु तुम साथ ॥५॥
तनु धनु जिह तोकउ दिओ, तासिउ नेहु न कीन ।
कहु नानक नर बावरे, अब किउ डोलत दीन ॥६॥
सभ सुखदाता रामु है. दूसर नाहिन कोइ ।
कहु नानक सुनि रे मना. तिह सिमरत गति होइ ॥७॥

---

३७ नहि गरबु निवारिओ=अभिमान दूर नहीं किया ।
३ तरनापो=तरुणाई, जवानी । जरा=बुढ़ापा । अउधि=अवधि, आयु ।
४ बिरध=वृद्ध ।
७ गति=सद्गति, मुक्ति ।

जिह सिमरत गति पाइए, तिहि भजु रे तैं मीत ।
कहु नानक सुन रे मना, अउधि घटति है नीत ॥८॥

घटि घटि मै हरिजू बसै, संतन कहिओ पुकारि ।
कहु नानक तिह भजु मना, भउनिधि उतरहि पारि ॥९॥

सुख दुख जिह परसै नही, लोभ मोह अभिमानु ।
कहु नानक सुन रे मना, सो मूरत भगवान ॥१०॥

उसतति निंदा नाहिं जिहि, कंचन लोह समान ।
कहु नानक सुन रे मना, मुकत ताहि तैं जानि ॥११॥

हरख सोग जाके नहीं, वैरी मीत समान ।
कहु नानक सुन रे मना, मुकत ताहि तैं जानि ॥१२॥

भै काहूकउ देत नहिं, नहिं भै मानत आनि ।
कहु नानक सुन रे मना, गिआनी ताहि वखानि ॥१३॥

जिहि माइआ ममता तजी, सभते भइओ उदास ।
कहु नानक सुन रे मना, तिह घटि ब्रहम-निवास ॥१४॥

भै-नासन दुरमति-हरन, कलि में हरि को नाम ।
निसदिनि जो नानक भजै, सफल होहि तिह काम ॥१५॥

जिह्वा गुन गोविंद भजहु, करन सुनहु हरिनाम ।
कहु नानक सुन रे मना, परहि न जम कै धाम ॥१६॥

---

८ नीत=नित्य ।

९ भउनिधि=संसार-समुद्र ।

१० परसै नहीं=छूता भी नहीं ।

११ उसतति=स्तुति, प्रशंसा । मुकत=जीवन्मुक्त ।

१३ आनि=दूसरों से ।

१४ उदास=अनासक्त ।

१६ करन=कान से । परहि न जम कै धाम=मृत्युभय से छुटकारा पा जाता है ।

जो प्रानी ममता तजै, लोभ मोह अहँकार ।
कहु नानक आपन तरै, औरन लेत उधार ॥१७॥

जैसे जल ते बुदबुदा, उपजै बिनसै नीत ।
जगरचना तैसे रची, कहु नानक सुन मीत ॥१८॥

जो सुख को चाहै सदा, सरनि राम की लेह ।
कहु नानक सुन रे मना, दुरलभ मानुख-देह ॥१९॥

जो प्रानी निसि दिनि भजै, रूप राम तिह जानु ।
हरिजन हरि अंतरु नहीं, नानक साची मानु ॥२०॥

मनु माइआ में फधि रहिओ, बिसरिओ गोबिंद नाम ।
कहु नानक बिनु हरिभजन, जीवन कउने काम ॥२१॥

सुख में बहु संगी भए, दुख में संगि न कोइ ।
कहु नानक हरि भजु मना, अंति सहाई होइ ॥२२॥

जतन बहुत मैं करि रहिओ, मिटिओ न मन को मान ।
दुरमति सिउ नानक फँधिओ, राखि लेहु भगवान ॥२३॥

मन माइआ में रमि रहिओ, निकसत नाहिन मीत ।
नानक मूरति चित्र जिउ, छाड़त नाहिन भीत ॥२४॥

जतन बहुत सुख के किए, दुख को किओ न कोइ ।
कहु नानक सुन रे मना, हरि भावै सो होइ ॥२५॥

---

१८ बुदबुदा=बुलबुला, नीत=नित्य, सदा ।
२० रूप राम तिह जानु=उसे राम का ही रूप समझो ।
२१ फँधि रहिओ=फँदे में पड़ गया ।
२३ फँधिओ=फँस गया ।
२४ भीत=दीवार ।

झूठै मानु कहा करै, जगु सुपने जिउ जान।
इनमें कछु तेरो नही, नानक कहिओ बखान ॥२६॥

जिह घटि सिमरनु राम को, सो नरु मुकता जानु ।
तिह नर हरि अंतरु नहीं, नानक साची मानु ॥२७॥

सिरु कंप्यो पगु डगमगै, नैन जोति ते हीन ।
कहु नानक इह विधि भई, तऊ न हरिरस लीन ॥२८॥

राम गइओ रावनु गइओ, जाको वह परिवार ।
कह नानक थिरु कछु नहीं, सुपने जिउ संसार ॥२९॥

चिंता ताकी कीजिए, जो अनहोनी होइ ।
इह मारगु संसार को, नानक थिरु नहिं कोइ ॥३०॥

जो उपजिओ सो बिनसिहै, परो आजु कै काल ।
नानक हरिगुन गाइले, छाड़ि सगल जंजाल ॥३१॥

संग सखा सभ तजि गए, कोऊ न निबहिओ साथ ।
कहु नानक इह बिपत में, टेक एक रघुनाथ ॥३२॥

---

२७ मुकता=मुक्त ।

२८ इह विधि भई=ऐसी दुर्दशा हो रही है। हरिरस=प्रभु के नाम-स्मरण का आनन्द।

३१ परो=परसों । सगल=सकल, सारा ।

शेख फ़रीद

चोला-परिचय

जन्म-काल—अनिश्चित

पिता—ख्वाजा शेख मुहम्मद

निवास-स्थान—अजोधन (पाकपट्टन)

भेष—गृहस्थ

मृत्यु-काल—९६० हिजरी २१ रज्जब (सन् १५५२)

असल नाम इनका शेख ब्रिह्म या इब्राहीम था। पाकपट्टन के आदि फरीद हजरत बाबा फरीदुद्दीन मसऊद शकरगंज के यह वंशज थे, और फरीद इनकी उपाधि थी। इन्हें फरीद सानी अर्थात् फरीद द्वितीय भी कहते हैं। शेख ब्रिह्म कला, बलराजा, शेख ब्रिह्म साहब और शाह ब्रिह्म नामों से भी यह प्रसिद्ध हैं।

आदि फरीद याने हजरत बाबा फरीदुद्दीन ईसा की तेरहवीं शती में विद्यमान थे। यह बहुत बड़े पहुँचे हुए सूफी फकीर थे। दिल्ली के सुप्रसिद्ध हजरत निजामुद्दीन औलिया इनको अपना गुरु मानते थे। निजामुद्दीन ने इनकी प्रशंसा में एक बार कहा था—

"मेरे पीर पवित्रात्मा मौलाना फरीद हैं :

उनके समान परमेश्वर ने इस लोक में दूसरा नहीं सिरजा।"

हमारे यह द्वितीय फरीद या शेख ब्रिह्म उनकी ११वीं पीढ़ी में आते हैं। आदिगुरु बाबा नानक के साथ इन्हीं का सत्संग हुआ था और गुरुग्रन्थ साहिब में इन्हीं फरीद के २ पदों और १३० सलोकों का संग्रह मिलता है।

आदि फरीद की तरह यह भी ऊँची गति के महात्मा थे। इनके अनेक चमत्कारों की भी कथाएँ प्रसिद्ध हैं। एक कथा है कि एक बार तो एक चोर

इनके घर में चोरी करने आया, और वह अंधा हो गया। सवेरा होते ही उसने शेख साहब से माफी माँगी, और प्रतिज्ञा की कि आगे वह कभी ऐसा बुरा काम नहीं करेगा। शेख विरहम ने उसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की, और उस चोर को फिर से दृष्टि मिल गई।

बाबा नानक दो बार अजोधन मे जाकर इनसे मिले थे। इन दोनों महात्माओं का सत्संग प्रसिद्ध है। उस सत्संग में शेख फ़रीद ने कई आध्यात्मिक प्रश्न किये थे और बाबा नानक ने उन्हे उनके उत्तर दिये थे।

कहा जाता है कि शेख विरहम के दो पुत्र भी थे—शेख ताजुद्दीन महमूद और शेख मुनव्वरशाह शहीद। शेख ताजुद्दीन भी एक ऊँचे फकीर थे। शेख विरहम के कई शागिंद थे, जिनमें शेख सलीम चिश्ती फतेहपुरी बहुत प्रसिद्ध थे।

शेख विरहम की मृत्यु २१ रजब, ६६० हिजरी सन् में हुई। ४२ बरस तक इन्होंने प्रेम व परमार्थ की अनमोल दौलत को दोनों हाथों से लुटाया, और खूब लुटाया।

बानी-परिचय

शेख फरीद की बानी बहुत रसभरी, खूब गहरी, और मरम पर सीधे चोट करनेवाली है। उनके कई सलोकों के अंदर गहरा रहस्य भरा हुआ है, और उन्हींमें उसके खोलने की कुंजी भी है। स्वरूप का साक्षात्कार करने के बाद ही इस आध्यात्मिक गहराई और ऊँचाईतक पहुँचा जा सकता है। वैराग्य की भी लहरें शेख फरीदने ऊँची-से-ऊँची उठाई हैं। इनका एक-एक शब्द अनूठा है। इनकी प्रेम-प्रीति की मीठी बानी में सूफी-रग बहुत निखरा हुआ पाया जाता है।

भाषा पंजाबी-हिन्दी है, और बहुत मीठी और रसीली। कहने का ढंग ऐसा, मानों कूजे में समुन्दर भर दिया है। इनकी बानी जब पढ़ते हैं और सुनते हैं, तो तबीअत मस्ती में झूमने लगता है।

आधार

१ गुरुग्रन्थ साहिब—सर्व हिन्द सिक्ख मिशन, अमृतसर
२ दि सिक्ख रिलीजन—मकालीफ

शेख फ़रीद

रागु आसा

बोलै सेख फरीदु पिआरे अलह लगे।
इहु तनु होसी खाक निमाणी गोर घरे॥
आजु मिलावा सेख फरीद टाकिम।
कूंजड़ीआ मनहु मचिंदड़ीआ॥
जे जाणा मरि जाईऐ घुमि न आईए।
झूठी दुनिया लगि न आपु वञाईए॥
बोलीए सचु धरमु न झूठु बोलीए।
जो गुरु दसै वाट मुरीदा जोलीए॥
छैल लघंदे पारि गोरी मनु धीरिआ।
कंचन वंने पासे कलवति चीरिआ॥

---

१ शेख फरीद कहता है—मेरे प्यारे मित्रो! अल्लाह से जोड़लो अपनी प्रीति। यह शरीर तो खाक हो जायेगा, और इसका घर निगोड़ी कब्र में जा बनेगा। आज उस प्रीतम से मिलन हो सकता है, शेख फरीद, यदि तू उन भावनाओं को काबू में करले, जो तेरे मन को बेचैन कर रही हैं।

यदि मुझे पता होता कि मुझे मरना ही होगा, और फिर यहाँ लौटना नहीं होगा,—

तो इस झूठी दुनिया से प्रीति जोड़कर मैं अपने आपको बर्बाद न कर बैठता।
तू धरम से सच बोल: झूठ न बोल।

जो रास्ता गुरु दिखादे, उसीपर चलना चाहिए शागिर्द को।

सेख हैयाती जगि न कोई थिरु रहिआ।
जिसु आसणि हम बैठे केते बैसि गइआ।
कतिक कूंजां चेति डउ सावणि बिजुलीआं।
सीआले सोहंदीआं पिर गलि बाहड़ीआं ॥
चले चलणहार विचारा लेइ मनो।
गंढेदिआं छिअ माह तुड़ंदिआ हिकु खिनो ॥
जिमी पुछै असमान फरीदा खेवट किंनि गए।
जालण गोरा नालि उलामे जीअ सहे ॥१॥

प्रेमी के रास्ता पार कर लेने पर प्रियतमा को हिम्मत बँध जाती है।

('छैल' या प्रेमी से मतलब यहाँ साधक से है, और 'गोरी' प्रियतमा से आशय है लक्ष्य-सिद्धि करनेवाले योगी से।)

तू करौत से चीर दिया जायेगा, यदि कंचन की ओर लुभायेगा।

अय शेख, इस दुनिया में कोई भी हमेशा रहनेवाला नहीं;

जिस पीढ़े पर हम बैठे हुए हैं, उसपर कितने बैठ चुके हैं!

जैसे कुलंग कातिक में आते हैं, चैत में दावानल देखने में आता है, और सावन में बिजलियाँ कौंधती दिखाई देती हैं,—

और जाड़ों में जैसे कामिनी अपने प्रीतम के गले में बाहें डाल लेती है,

ऐसे ही सब (क्षणभर को) आते और फिर चल देते हैं; इस (सत्य) पर तू अपने मन में विचार कर।

मनुष्य के गढ़े जाने में तो लगते हैं छह मास, और टूट जाता है वह एक क्षण में।

(अर्थात्, गर्भ में मनुष्य की आकृति छह महीने में बनती है।)

ज़मीन ने आसमान से पूछा—फरीद कहता है—कितने खेनेवाले, पार लगानेवाले (धार्मिक मार्ग-दर्शक) चले गये!

कुछ तो जल-बलकर खाक हो गये, और कुछ कब्रों में पड़े हुए हैं, और उनकी रूहें झिड़कियाँ झेल रही हैं।

रागु सूही

तपि तपि लुहि लुहि हाथ मरोरउं। बावलि होइ सो सहु लोरउं॥
तैं सहि मन महि कीआ रोसु। मुझु अवगुन सह नाही दोसु॥
तैं साहिब की मैं सार न जानी। जोबनु खोइ पाछै पछतानी॥
काली कोइल तू कित गुन काली। अपने प्रीतम के हउ बिरहै जाली॥
पिरहि बिहून कतहि सुखु पाए। जा होइ क्रिपालु ता प्रभू मिलाए॥
विधण खूही मुंध अकेली। ना कोइ साथी ना कोइ बेली॥
वाट हमारी खरी उडीणी। खंनिअहु तिखी बहुतु पिईणी॥
उसु ऊपरि है मारगु मेरा। सेख फरीदा पंथु सम्हारि सवेरा॥२॥

---

२ विरह-ज्वर से मेरा अंग-अंग जल रहा है, और मैं अपने हाथों को मरोड़ती हूँ;
प्रीतम से मिलन की लालसा ने मुझे बावली बना दिया है।
प्यारे, तू अपने मन में मुझसे रूठ गया था;
सो इसमें मेरा ही दोष था प्यारे, तेरा नहीं।
मेरे स्वामी, मैंने तेरे गुणों को पहचाना नहीं;
मैंने अपना जीवन गवाँ दिया और बहुत पीछे पछताई।
री काली कोयल, तू किस कारण काली हुई?
'अपने प्रीतम के विरह में जल-भुनकर'
अपने प्यारे से विलग होकर क्या किसीको कभी सुख मिला?
उस प्रभु से मिलना उसीकी कृपा से बन सकता है।
कुआँ यह बहुत डरावना है और यह बेचारी अकेली उसमें आ पड़ी है:
(कुआँ अर्थात् संसार; अकेली स्त्री अर्थात् जीवात्मा।)
न उसकी यहाँ कोई सहेली है न कोई बेली,
मेरी यही तो विकट बाट है;
दोधारी तलवार से भी तेज और बहुत पैनी,
उसपर मुझे चलना है।
शेख फरीद, तैयार होजा उस मार्ग पर चलने को—अभी समय है।

सलोक

जितु दिहाड़ै धनवरी साहे लए लिखाइ ।
मलकु जिकंनी सुणीदा मुहु देखाले आइ ॥
जिंदु निमाणी कढीऐ हडा कू कड़काइ ।
साहे लिखे न चलनी जिंदू कूं समझाइ ॥
जिंदु वहुटी मरणु वरु लैजासी परणाइ ।
आपण हथी जोलिकै कै गलि लगै धाइ ॥
वालहु निकी पुरसलात कंनी न सुणीआइ ।
फरीदा किड़ी पवंदई खड़ा न आपु मुहाइ ॥१॥

किझु न बुझै किझु न सुझै दुनीआ गुझी भाहि ।
साईं मेरै चंगा कीता नाही त हंभी दझां आहि ॥२॥

---

१ वह दिन पहले ही लिख दिया गया था, जिस दिन कि धनवती का ब्याह होना था ।

जिस दूलह के बारे में सुन रखा था वह अपना मुखड़ा दिखाने आ पहुँचा है। हाड़ों को कड़काकर वह उस बेचारी धनवती को खींचकर अपने साथ ले जायेगा ।

अपनी जीवात्मा को तू समझादे, कि जो घड़ी नियत हो चुकी उसे बदला नहीं जा सकता ।

जीवात्मा दुलहिन है, और मृत्यु है दूलह ; वह उसे ब्याहकर अपने साथ ले जायेगा ।

विदा होते समय, वह बेचारी किसके गले में अपनी बाहें डालेगी ?

क्या तुमने सुना नहीं कि वह दुलहिन बाल से भी कहीं अधिक महीन है ?

फ़रीद, जब तेरा बुलावा आये, उठकर खड़ा हो जाना, और अपने आपको धोखा न देना ।

२ मैं न कुछ जानता हूँ, न कुछ देखता हूँ—दुनिया यह गोया धधकती हुई आग है ;

मेरे साईं ने अच्छा किया कि मुझे चेता दिया, नहीं तो मैं भी इसमें जल-बल गया होता ।

फरीदा जे तू अकलि लतीफ काले लिखु न लेखु ।
आपनड़े गिरीवान महि सिरु नीवां करि देखु ॥३॥

फरीदा जो तैं मारनि मुकीआं तिन्हा न मारे घुंमि ।
आपनड़े घरि जाईऐ पैर तिन्हादे चुंमि ॥४॥

फरीदा जां तउ खटण वेल तां तू रता दुनी सिउ ।
मरग सवाई नीहि जा भरिआ तां लदिआ ॥५॥

देखु फरीदा जु थीआ दाड़ी होई भूर ।
अगहु नेड़ा आइआ पिछा रहिआ दूर ॥६॥

देखु फरीदा जु थीआ सकर होई विसु ।
साईं बाझहु आपणे वेदण कहीऐ किसु ॥७॥

---

३ फरीद, अगर तू तेज अक्ल रखता है, तो (दूसरों के खिलाफ) काले अक्षर मत लिख।
अपना सिर झुकाकर तू तो अपने ही गरेबान की तरफ देख।
(मतलब यह कि दूसरों के दोष मत देख, तू तो अपने दिल को देख कि उसमें कितने क्या दोष भरे पड़े हैं।)

४ फरीद, अगर लोग तुझे मुक्कों से मारें, तो बदले में तू उन्हें मत मार;
तू तो उनके कदमों को चूमकर अपने घर चला जा।

५ फरीद, जब तेरे कमाने के दिन थे, तब तो तू दुनिया के रंग में रंगा हुआ था।
मौत की नींव मजबूत है; सांस के भरते ही वह लादकर लेकर चल देगा।
(मतलब यह कि आखिरी सांस पूरी हुई कि मौत उसी पल जान को खींचकर ले जायेगी।)

६ फरीद, देख तो जरा, यह क्या हुआ—तेरी दाढ़ी सफेद हो गई;
आगा तेरा नजदीक है, और पीछा दूर छूट गया।

७ फरीद, देख तो जरा यह क्या हुआ—शक्कर भी विष हो गई।
अपने स्वामी को छोड़कर मैं और किसे अपना दुखड़ा सुनाऊँ!

फरीदा काली जिन्ही न राविश्रा धउली रावै कोइ।
करि साईं सिउ पिरहड़ी रंगु नवेला होइ ॥८॥

फरीदा जिन्ह लोइण जगु मोहिश्रा से लोइण मै डिठु।
काजल रेख न सहंदिश्रा से पंखी सूइ बहिठु ॥९॥

फरीदा खाकु न निंदीऐ खाकू जेडु न कोइ।
जीवदिया पैरा तलै मुइश्रा ऊपरि होइ ॥१०॥

फरीदा जा लबु त नेहु किश्रा लबु त कूड़ा नेहु।
किचरु झति लघाईऐ छपरि तुटै मेहु ॥११॥

फरीदा जंगलु जंगलु किश्रा भवहि वणि कंडा मोड़ेहि।
वसी रबु हिश्रालीऐ जंगलु किश्रा ढूढेहि ॥१२॥

---

८ क्या किसी नारीने, जब उसके केश काले थे स्वामी के साथ रमण न कर, तब रमण किया, जब कि उसके केश पककर श्वेत हो गये ?

खैर, साईं से तू अब भी प्रीति कर, जिससे कि तेरे केशों का रंग फिर से नया हो जाये।

('रंगन वेला' भी एक पाठ है—जिसका अर्थ यह हुआ कि यही स्वामी के साथ रंग खेलने का याने प्रेम करने का समय है।)

९ फरीद, मैंने उन नयनों को देखा है, जिन्होंने दुनिया को मोह लिया था—जो काजल की रेख भी सहन नहीं करते थे ; अब चिड़ियाँ उनमें अपने अंडे रख रही हैं।

१० फरीद, मत खाक की निंदा कर, खाक के बराबर कोई चीज़ नहीं ; जीते जी वह हमारे पैरों के तले रहती है, और हमारे मरने पर हमारे ऊपर।

११ फरीद, जहाँ लोभ है, वहाँ प्रेम कहाँ से होगा ? लोभ होगा तो प्रेम वहाँ झूठा होगा।

टूटे छप्पर के नीचे मेह में तू आखिर कितने दिन गुज़ारेगा ?

१२ फरीद, शाखों और काँटों को तोड़ता हुआ एक जंगल से दूसरे जंगल में तू क्यों भटकता फिरता है ?

फरीदा इनी निकी जंघीऐ थल डूंगर भविओम्हि।
अजु फरीदै कूजड़ा मै कोहां थीओमि॥१३॥

फरीदा राती वडीआं धुखि धुखि उठनि पास।
धिगु तिन्हादा जीविआ जिन्हा विडाणी आस॥१४॥

फरीदा गलीए चिकड़ु दूरि घरु नालि पिआरे नेहु।
चला त भीजै कवली रहां त तुटै नेहु॥१५॥

भिजउ सिजउ कवली अलह वरसउ मेहु।
जाइ मिला तिन्हा सजणा तुटउ नाही नेहु॥१६॥

फरीदा मैं भोलावा पग दा मतु मैली होइ जाइ।
गहिला रूहु न जाणई सिरु भी मिटी खाइ॥१७॥

रब तो तेरे हिये में बस रहा है, फिर जंगल में उसे तू क्यों ढूँढ रहा है।

१३ फरीद, इन पतली जाँघों व पिंडलियों से कितने ही मैदानों और पहाड़ों को मैंने तय किया।

पर, आज फरीद के लिए अपना कूजा उठाना भी मानो सैकड़ों कोसों की मंजिल तय करना हो गया।

१४ फरीद, रातें लंबी हो गईं; पसलियों में हूक उठ रही है—दर्द से करवटें बदलनी पड़ रही हैं।

धिक्कार है उनके जीने को, जो बिरानी आस में जी रहे हैं।

१५ फरीद, गलियों में पानी-कीचड़ है; और प्यारे का घर, जिससे कि मैंने प्रीति जोड़ी है, दूर है;

अगर मैं उसके पास जाऊँ तो मेरी कमली भीग जायेगी; और मैं अपने घर रहूँ तो मेरी प्रीति टूट जायेगी।

१६ अल्लाह, भले ही तू मेह बरसाये, और मेरी कमली को भिगो-भिगोकर तर करदे, फिर भी अपने प्यारे साजन से मेरा मिलना होकर रहेगा, ताकि हमारी प्रीति न टूटे।

१७ फरीद, मैं डरता हूँ कि कहीं मेरी पगड़ी मिट्टी से मैली न हो जाये।

मेरा नादान जी यह नहीं जानता कि पगड़ी तो क्या, मेरे इस सिर को भी यह मिट्टी गला-गलाकर खा जायेगी।

फरीद सकर खंडु निवात गुडु माखिउ मांझा दुधु ।
सभे वसतू मिठीआं रब न पुजनि तुधु ॥१८॥

फरीद रोटी मेरी काठ को लावणु मेरी भुख ।
जिन्हा खाधी चोपड़ी घणे सहन्गि दुख ॥१९॥

आजु न सूती कंत सिउ अंगु मुड़े मुड़ि जाइ ।
जाइ पुछहु डोहागणी तुम किउ रैणि विहाइ ॥२०॥

जोवन जांदे ना डरां जे सह प्रीति न जाइ ।
फरीदा किती जोवन प्रीति विनु सूकि गए कुमलाइ ॥२१॥

फरीदा ए विखु गंदला धरीआं खंडु लिवाड़ि ।
इकि राहेदे रहि गए इकि राधी गए उजाड़ि ॥२२॥

फरीदा दरि दरवाजै जाइकै किउ डिठो घड़ीआलु ।
एहु निदोसां मारीऐ हम दोसा दां किआ हालु ॥२३॥

---

१८ फरीद ! शक्कर, खांड, कंद, गुड़ और शहद और भैंस का दूध,—
ये सभी चीज़ें मीठी हैं, पर अय मेरे रब, उतनी मीठी नहीं, जितना कि तू मीठा है ।

१९ मेरी काठ की जैसी तो रोटी है, और लावण (तरकारी या चटनी) है मेरी भूख ।
जो घी-चुपड़ी खाते हैं, उन्हें बहुत दुख उठाना पड़ेगा ।

२० गई रात को मैं अपने स्वामी के साथ नहीं सोई : मेरा-अंग अंग मरोड़ा ले रहा है ।
किसी दोहागिन (परित्यक्ता) से जाकर पूछ कि 'तू रात कैसे काटती है ?'

२१ यौवन जाने से मैं नहीं डरती, यदि उसके साथ प्रीतम की प्रीति न जाये;
फरीद, कितनी बार बिना प्रीति के यौवन सूख गया, कुम्हला गया !

२२ फ़रीद, ये (संसारी) सुख खांड से चुपड़े विष के अँकुरे हैं :
कुछ तो उनको रोपते हुए ही चल बसे; और कुछ उजड़ गये उन्हें चुनते हुए ।

२३ फ़रीद, न्यायालय के दरवाज़े पर जब तू गया, तब तूने क्या उस घड़ि-

घड़ीए घड़ीए मारीए पहरी लहै सजाइ ।
सो हेड़ा घड़ीआल जिउ डुखी रैणि विहाइ ॥२४॥

बुढा होआ सेख फरीदु कंबणि लगी देह ।
जे सउ वर्हिआ जीवणा भी तनु होसी खेह ॥२५॥

फरीदा बारि पराइऐ बैसणा साईं मुझै न देहि ।
जे तू एवै रखसी जीउ सरीरहु लेहि ॥२६॥

फरीदा इकना आटा अगला इकना नाही लोणु ।
अगै गए सिञापन्हि चोटां खासी कोणु ॥२७॥

पासि दमामे छतु सिरि भेरी सडो रड ।
जाइ सुते जीराण महि थीए अतीमा गड ॥२८॥

याल को नहीं देखा था ?

जब उस बेगुनाह को वहाँ इस तरह पीटा जाता है, तब हम गुनहगारों का क्या हाल होगा ?

२४ घड़ी-घड़ी उसपर मार पड़ती, और हर पहर उसे पूरी सजा मिलती है ; ऐसेही घड़ियाल की तरह यह देह दुखभरी रैन काटती है ।

२५ शेख फरीद अब बुड्ढा हो गया, और देह उसकी लड़खड़ाने लगी है, वह यदि सौ बरस भी जीये, तोभी उसकी देह को तो आखिर खाक में ही मिलना है ।

२६ साईं, मुझे किसी दूसरे के दरवाजे पर न बिठाना, न मँगवाना : अगर तू ऐसाही कराना चाहे, तो उससे पहले ही मेरे प्राणों को दे[illegible] निकाल लेना ।

२७ फरीद, किसीके पास तो बहुत सारा आटा है, और किसीके पास न[illegible] भी नहीं :

यह तो उन सबके यहाँ से जाने के बाद ही मालूम हो सकेगा कि [illegible] किसे मिलेगी ।

२८ जिनके साथ नगाड़े और तुरही बजते थे, जिनके सिर पर [illegible] रहते थे, और जिनकी विरुदावली चारण गाते थे—

फरीदा कोठे मंडप माड़ीआ उसारेदे भी गए ।
कूड़ा सउदा करि गए गोरी आइ पए ॥२६॥

फरीदा खिंथड़ि मेखा अंगलीआ जिंदु न काई मेख ।
वारी आपो आपणी चले मसाइक सेख ॥३०॥

फरीदा कंनि मुसला सूफु गलि दिलि काती गुडु वाति ।
वाहरि दिसै चानणा दिलि अंधिआरी राति ॥३१॥

फरीदा रतीरतु न निकलै जे तनु चीरै कोइ ।
जो तन रते रब सिउ तिन तन रतु न होइ ॥३२॥

वे क़ब्रस्तान में सोने के लिए चले गये, और वहाँ ग़रीब यतीमों की तरह दफ़ना दिये गये,

२६ फरीद, जिन्होंने मकान, हवेलियाँ और ऊँचे-ऊँचे महल बनवाये थे, वे भी चले गये;

वे झूठा सौदा करके गये, और क़ब्र में डाल दिये गये।

३० फरीद अगरखे में, टिकाऊ बनाने के लिए, बहुत सारे टाँके लगा दिये हैं, पर ज़िंदगी में ऐसा कोई टाँका नहीं लगा हुआ है

(मतलब यह कि ऐसी कोई चीज़ नहीं, जो शरीर के पिंजड़े में से प्राण-पक्षियों को उड़जाने से रोक सके ।)

शेख और उनके शागिर्द, जब जिसकी बारी आई, सब चले गये ।

३१ फरीद, वे कंधे पर मुसल्ला रखते हैं, सूफी की कफ़नी पहनते हैं, और मीठी-मीठी बात करते हैं, पर दिलों में वे छूरी रखते हैं ;

बाहर तो वे चाँदनी फैलाते रहते हैं, मगर दिलों में उनके काली अँधेरी रात झुक रही है ।

३२ फरीद कहता है—अगर कोई मेरे इस शरीर को चीरे तो इसमें से रत्तीभर भी रक्त नहीं निकलेगा ;

जो शरीर रब के रंग में रंग गया है, उसमें फिर रक्त नहीं रहता ।

इसपर गुरु अमरदास ने यह टीका की है:—

गुरु अमरदास के सलोक

इहु तनु सभो रतु है रतु बिनु तनु न होइ।
जो सह रते आपणे, तितु तनि लोभु रतु न होइ ॥२३॥

भै पइऐ तनु खीणु होइ लोभ रतु विचहु जाइ।
जिउ बैसंतरि धातु सुधु होइ,
तिउ हरि का भउ दुरमति मैलु गवाइ॥
नानक ते जन सोहणे जि रते हरि रंगु लाइ ॥२४॥

शेख फरीद के सलोक

फरीदा सोई सरवरु ढूढि लहु जिथहु लभी वथु।
छपहि ढूढै किआ होवै चिकड़ि डूबै हथु ॥२५॥

फरीदा सिरु पलिआ दाड़ी पली मुछां भी पलीआं।
रे मन गहिले बावले माणहि किआ रलीआं ॥२६॥

---

२३ "शरीर यह सारा ही रक्त है, बिना रक्त के शरीर रह नहीं सकता ;
पर जो शरीर प्रभु के रंग में रंग गया है, उसमें लोभरूपी रक्त नहीं रहता ।
जब प्रभु का भय अंतर में समा जाता है, तब शरीर क्षीण पड़ जाता है, और उसमें से लोभरूपी रक्त गायब हो जाता है।
जैसे आग में डालने से धातु शुद्ध हो जाती है, वैसे ही हरि का भय दुर्वासनाओं का मैल काट देता है
नानक, वही मनुष्य सुन्दर है, जिसने अपना चोला प्रभु के रंग में रँग लिया है ।"

३४ फरीद, तू तो उस सरोवर को ढूँढ़ ले, जहां कि सच्ची वस्तु तेरे हाथ आ जाये ;
पोखरे में टटोलने से क्या मिलेगा ; कीचड़ से ही सनेगा ।

२६ फरीद, तेरे सिर के बाल पक गये, दाढ़ी और मूछें भी सफेद हो गईं,
अरे मेरे लापरवाह और पगले मन, क्यों तू दुनिया की रंगरलियों में पड़ा हुआ है ?

फरीदा कोठे मंडप माड़ीआ एतु न लाए चित्तु ।
मिटी पई अतोलवी कोइ न होसी मित्तु ॥३७॥

फरीदा मंडप मालु न लाइ, मरग सताणी चित्ति धरि ।
साईं जाइ सम्हालि, जिथैं ही तउ वंञणा ॥३८॥

फरीदा काले मैडे कपड़े काला मैडा वेसु ।
गुनही भरिआ मै फिरा लोकु कहै दरवेसु ॥३९॥

जां कुआरी तां चाउ वीवाही तां मामले ।
फरीदा एहो पछोताउ पति कुमारी ना थीऐ ॥४०॥

चलि चलि गईआं पंखिआ जिनो वसाये तल ।
फरीदा सरु भरिआ भी चलसी थके कवल इकल ॥४१॥

---

३७ फरीद, इन मकानों, हवेलियों और ऊँचे-ऊँचे महलों में मत लगा अपने मन को;

जब तेरे ऊपर बिनतोल मिट्टी पड़ेगी, तब वहाँ तेरा कोई भी मीत नहीं होगा ।

३८ फरीद, हवेलियों और दौलत में अपना दिल न लगा; तो कब्र का ध्यान कर—

याद कर उस जगह को, जहाँ तुझे जाना ही होगा ।

३९ फ़रीद, काले मेरे कपड़े हैं, और काला ही मेरा भेष है;

मैं तो फिर रहा हूँ गुनाहों से भरा हुआ, और लोग कहते हैं मुझे दरवेश !

४० जबतक वह कुवाँरी है, तभीतक उसमें उछाह है; व्याह होते ही आफ़तों में पड़ जाती है ।

फरीद, उसे पछताव है कि वह फिर से कुवाँरी नहीं हो सकती ।

(विवाह-बन्धन से तात्पर्य है मायाकृत बन्धन से; 'कुमारी' से आशय-शुद्ध आत्मा से है ।)

४१ वे सब पक्षी, जिनसे कि तालाब आबाद था, उड़ गये;

फरीद, यह भरा तालाब भी रहने का नहीं, अकेले कमल ही रहेंगे ।

फरीदा ईंट सिराणे भुइ सवणु कीड़ा लड़िओ मासि।
केतड़िआ जुग वापरे इकतु पइआ पासि ॥४२॥

उठु फरीदा उजू साजि सुबह निवाज गुजारि।
जो सिरु साईं ना निवै सो सिरु कपि उतारि ॥४३॥

जो सिरु साईं ना निवै सो सिरु कीजै कांइ।
कुंनै हेठि जलाईऐ बालण संदै थाइ ॥४४॥

फरीदा किथै तैंडे मा पिआ जिन्ही तू जणिओहि।
तै पासहु ओइ लदि गए तूं अजै न पतीणोहि ॥४५॥

फरीदा मै जानिआ दुखु मुझ कू दुखु सबाइऐ जगि।
ऊचे चड़ि कै देखिआ तां घरि घरि एहा अगि ॥४६॥

(पत्ती=राजे-महाराजे और उच्च पदाधिकारी। तालाब = संसार। पसल= सुतजन।)

४२ फरीद, ईंटें तो होंगी तेरा सिरहाना, और तू सोवेगा जमीन के नीचे; कीड़े तेरे मांस को खायेंगे;

एक ही करवट पड़े-पड़े कितने युग बीत जायेंगे तेरे!

४३ उठ, सवेरे फरीद, वजू कर और नमाज पढ़,

काटकर फेंक दे उस सर को, जो मालिक के आगे नहीं झुकता।

४४ उस सर को लेकर करेगा क्या, जो रब के आगे नहीं झुकता? ईंधन की बजाय जला दे उसे चूल्हे के नीचे।

४५ फरीद, कहाँ हैं तेरे मां-बाप जिन्होंने कि तुझे जनम दिया था?

तेरे पास से वे चले गये, आज भी तुझे विश्वास नहीं होता कि दुनिया यह नापायदार है?

४६ फरीद, मैं समझता था कि दुख मुझे ही है, मगर दुख तो सारी ही दुनिया को है,

इन ऊँचे चढ़कर मैंने देखा, तब मैंने पाया कि घर-घर में इसी तरह आग लग रही है।

फरीदा तनु सूका पिंजरु थीश्रा तलीश्रां खूंडहि काग ।
अजै सु रबु न बाहुड़िओ देखु बंदे के भाग ॥४७॥

कागा करंग ढढोलिश्रा सगल खाइश्रा मासु ।
ए दुइ नैना मति छुहउ पिर देखन की आसु ॥४८॥

फरीदा गोर निमाणी सडु करे निघरिश्रा घरि आउ ।
सरपर मैथै आवणा मरणहु ना डरिआहु ॥४९॥

इन्ही लोइणी देखिदिश्रा केती चलि गई ।
फरीदा लोकां आपो आपणी मै आपणी पई ॥५०॥

कंधी उतै रुखड़ा किचरकु बंन्हे धीरु ।
फरीदा कचै भांडै रखीऐ किचरु ताई नीरु ॥५१॥

फरीदा निसरवण रहि गए वासा आइश्रा तलि ।
गोरां से निमाणीश्रा बहसनि रूहां मलि ॥

---

४७ फ़रीद, मेरा शरीर सूखकर ठठरी हो गया है; कौए खोखले हिस्सो में चोंच मार रहे हैं;

अबतक भी, हाय, मेरा मालिक नहीं आया, देखो तो उसके बंदे का यह दुर्भाग !

४८ कौवो, तुमने मेरी ठठरी का खोज-खोजकर सारा मास खा डाला, पर इन दो नयनो को चोंच न लगाना, क्योंकि मुझे अब भी अपने प्रीतम के देखने की आस है।

४९ फ़रीद, निगोड़ी कब्र बुला रही है, 'अय बेघरवालो, इस घर में आ बसो। 'मेरे यहाँ तो तुम्हें आना ही होगा; मत डरो मौत से।

५० मेरी इन्हीं आँखों के आगे कितने यहाँ से चले गये !

फ़रीद, लोग सब अपनी-अपनी फ़िक्र में है, और मैं अपनी फ़िक्र में हूँ।

५१ तट पर के वृक्ष कबतक अपना ठौर बनाये रहेंगे ?

फ़रीद, कच्चे घड़े में तू पानी रखेगा तो वह कबतक उसमें रह सकेगा ?

५२ फ़रीद, सारे ही ठौर खाली हो गये: उनमें जो रहते थे, वे नीचे चले गये,

आखी सेखां वंदगी चलणि अजु कि कलि ॥५२॥

फरीदा दरीआवै कंनै वगुला वैठा केल करे।
केल करेदे हंझ नो अचिंते वाज पए॥
वाज पए तिसु रब दे केलां विसरीआं।
जो मनि चिति न चेते सनि सो गाली रब कीआं ॥५३॥

फरीदा,हउ वलिहारी तिन्ह पखिआ जंगलि जिना वासु।
कंकरु चुगनि थलि वसनि रब न छोडन्हि पासु ॥५४॥

फरीदा रुति फिरी वणु कंबिआ पत झड़े झड़ि पाहि।
चारे कुंडा ढूंढीआं रहणु किथाऊ नाहि ॥५५॥

फरीदा तिना मुख डरावणे जिना विसारिओनु नाउ।
ऐथै दुख घणेरिआ आगै ठउर न ठाउ ॥५६॥

निगोड़ी सखियों ने सेज पर कब्ज़ा कर लिया, अब शेख, अंदरी रग्ले (अपने दोस्तों ने); तुझे आज या कल कुछ करना ही होगा।

५३ फरीद, नदी के तीर पर बगुला बैठा हुआ कलोल कर रहा है;
उसके कलोल करते समय बाज अचानक उसपर आ झपटता है,
रब का भेजा बाज जब उसपर झपटता है तब वह अपना सारा केल-कलोल भूल जाता है।
रब ऐसी ऐसी चीज कर बैठता है, जिसका मन में ख्याल भी नहीं आता।

५४ फरीद, बलिहारी उन पंछियों पर, जो जंगल में रहते हैं, कंकर खाते हैं, ज़मीन पर सोते हैं, और रब का आसरा नहीं छोड़ते।

५५ फरीद, ऋतु बदल गई है, बन लरज़ गया है, पत्तियाँ झड़ने लगी हैं;
मैंने चारों दिशाएँ ढूँढ डालीं, पर कहीं भी टिकने को ठौर नहीं मिला।

५६ फरीद, डरावने हैं उनके चेहरे, जिन्होंने उस मालिक का नाम भुला दिया;
यहाँ तो उन्हें भारी दुख है ही, आगे भी उनके लिए कोई ठौर ठिकाना नहीं।

फरीदा पिछल राति न जागिओहि जीवदड़ो मुइओहि ।
जेनै रबु विसारिआ त रबि न विसरिओहि ॥५७॥

ढूढेदीए सुहाग कू तउ तनि काई कोर ।
जिन्हा नाउ सुहागणी तिना झाक न होर ॥५८॥

फरीदा दरवेसी गाखड़ी चोपड़ी परीति ।
इकनि किनै चालीऐ दरवेसावी रीति ॥५९॥

तनु तपै तनूर जिउ बालणु हड बलंन्हि ।
पैरी थकां सिरि जुलां जे मूं पिरी मिलन्हि ॥६०॥

गुरु नानक का सलोक

तनु न तपाइ तनूर जिउ बालणु हड न बालि ।
सिरि पैरी किआ फेड़िआ अंदरि पिरी निहालि ॥६१॥

---

५७ फ़रीद, अगर तू रात के पिछले पहर नहीं जागता, तो तू ज़िंदा भी मरा हुआ है।

तू रब को भुला भी दे, पर रब तुझे भूलने का नहीं।

५८ तू अपने सुहाग को, अपने प्रीतम को खोज रही है, तो तेरे अंदर ज़रूर कोई-न-कोई कमी है ;

जिसे सुहागगिन कहते हैं वह किसी और की तरफ कभी झाँकती भी नहीं।

५९ फ़रीद, दरवेश होना कठिन है ; स्वामी के तईं मेरी प्रीति तो ऊपर-ऊपर की ही है।

ऐसे विरले ही हैं, जो दरवेश के रास्ते पर चलते हैं।

६० शरीर मेरा तन्दूर की तरह तप रहा है, मेरी हड्डियाँ ईंधन की लकड़ी की तरह जल रही हैं ;

मेरे पैर अगर थक जायें, तोभी मैं अपने प्रीतम से मिलने सिर के बल चलकर जाऊँगी।

६१ मत तपा अपने शरीर को तंदूर की तरह, और मत जला अपनी हड्डियाँ ईंधन की लकड़ी की तरह ;

फ़रीद के सलोक

सरवर पंखी हेकड़ो फाहीवाल पचास ।
इहु तनु लहरी गडु थिआ सचे तेरी आस ॥६२॥

कवणु सु अखरु कवणु गुणु कवणु सु मणीआ मंतु ।
कवणु सु वेसो हउ करी जितु वसि आवै कंतु ॥६३॥

निवणु सु अखरु खवणु गुणु जिहबा मणीआ मंतु ।
ए त्रै भैणे वेस करि ता वसि आवी कंतु ॥६४॥

मति होदी होइ इआणा, ताण होदे होइ निताणा ।
अणहोदे आपु वंडाए, कोई ऐसा भगतु सदाए ॥६५॥

इक फिका ना गालाइ सभना मै सचा धणी ।

तेरे सिर और पैरों ने तेरा क्या बिगाड़ा? देख, प्रीतम तो तेरा तेरे अंदर ही है।

६२ तालाब में पक्षी तो अकेला एक है, और फँसाने के जाल हैं पचास; यह शरीर लहरों में डूब रहा है; अब सच्चे मालिक, मुझे अब एक तेरी ही आशा है।

(पक्षी = जीवात्मा। जाल = सांसारिक प्रलोभन।)

६३ वह कौन-सा शब्द है, वह कौन-सा गुण है, वह कौन सा अनमोल मंत्र है; मैं कौन-सा भेष धारूँ, जिससे कि मैं अपने स्वामी को वश में करलूँ?

६४ दीनता वह शब्द है, धीरज वह गुण है, शील वह अनमोल मंत्र है; तू इसी भेष को धारण कर, बहिन, तेरा स्वामी तेरे वश में हो जायेगा।

६५ प्रभु के ऐसे विरले ही भक्त हैं,—
जो, बुद्धिमान होते हुए भी सरल हैं,
जो, बलवान होते हुए भी, निर्बल हैं,
और, जो, अकिंचन होते हुए भी, अपना सर्वस्व दे डालते हैं।

६६ एक भी अप्रिय बात मुँह से न निकाल, क्योंकि सच्चा मालिक सबके अन्दर है।

हिआउ न कैंही ठाहिं माणिक सभ अमोलवै ॥६६॥

सभना मन माणिक ठाहणु मूलि म चांगवा ।
जे तउ पिरी आसिक हिआव न ठाहे कहीदा ॥६७॥

किसीके दिल को तू मत दुखा ; हर दिल एक अनमोल रतन है,

६७ हर दिल एक रतन है : उसे दुखाना किसी भी तरह अच्छा नहीं ;
अगर तू प्रीतम का आशिक है, तो किसीके भी दिल को न सता ।

स्वामी दादू दयाल

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६०१ वि०

जन्म-स्थान—अहमदाबाद (गुजरात)

कुल—नागर ब्राह्मण; मतांतर से धुनिया मुसलमान

साधन तथा उपदेश स्थान—मरुदेश, जयपुर राज्यान्तर्गत साँभर, आमेर तथा नराणा ग्राम

निर्वाण संवत्—१६६० वि०

निर्वाण-स्थान—नराणे ग्राम (जयपुर से २० कोस दूर)

स्वामी दादू दयाल की जन्म-कथा ठीक वैसी ही लोक-प्रचलित है, जैसी कि कबीरदासजी की जन्म-कथा है। कहते हैं कि लोदीराम नामक एक नागर ब्राह्मण को साबरमती नदी के तट पर एक नवजात बालक बहता हुआ मिला, और उसे उठाकर वह अपने घर ले आया। यही बालक पीछे दादू के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

१२ वर्ष की अवस्था में ही दादूजी सत्संग के लिए घर से निकल पड़े। किंतु माता पिता ने पीछा करके उन्हें पकड़ लिया, और उनका विवाह कर दिया। पर संसारी बंधन उन्हें बाँध नहीं सका। सात बरस बाद वह फिर घर से निकल गये। साँभर पहुँचे, और वहाँ धुनिये का काम करने लगे। इसपर से एक मत यह भी हुआ कि दादू दयाल धुनिये जाति के थे।

दादूजी ने १२ वर्ष तक सतत सहजयोग की कठिन साधना की। निरन्तर भक्ति-रस में लौ-लीन रहने की अति ऊँची अवस्था को उन्होंने प्राप्त कर लिया, और वह अन्तर्मग्न हो गये।

दादूजी का दया का अंग तो पराकाष्ठा को पहुँच गया। दया-पारमिता को सहजयोग मे प्राप्त कर लिया। लोग इन्हें 'दयाल' के प्यारभरे नाम से पुकारने लगे। दया-दर्शन का एक इनका बड़ा सुन्दर प्रसंग है। एक दिन अपनी कोठरी में यह ध्यान-मग्न बैठे थे। कुछ ईर्ष्यालु ब्राह्मणों ने ईंटों से कोठरी का द्वार चिन दिया। ध्यान से जागने पर द्वार बंद पाया, और जब बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला तो फिर उसी प्रकार ध्यान लगाकर बैठ गये। इस तरह कई दिनोंतक यह ध्यानस्थ कोठरी में बंद रहे। लोगों को जब मालूम हुआ तो द्वार खोला, और उन दुष्टों को दंड देना चाहा। दयाल ने दंड देने से मना किया। बोले—"इन लोगों ने तो कोठरी के द्वार को ईंटों से चिनकर अच्छा ही किया था, इनकी कृपा से ही तो इतने दिनोंतक मैं भगवान् के ध्यान में लौलीन रहा। धन्य है इनकी कृपा-भावना को।"

संवत् १६४२ में अकबर बादशाह से दादू दयाल फतेहपुर सीकरी में मिले थे। अकबर के पूछने पर कि खुदा की ज़ात, अंग, वजूद और रंग क्या है, इन्होंने जवाब दिया—

"इसक अलाह की जाति है, इसक अलाह का अंग।
इसक अलाह औजूद है, इसक अलाह का रंग॥"

दादू दयाल के यों तो सैकड़ों-सहस्रों शिष्य थे, पर १५२ उनके प्रमुख शिष्य थे और उनमें भी ५२ और भी अंतरंग थे, यद्यपि किसीको वे गुरु-दीक्षा नहीं देते थे। उनके महान् त्याग, ऊँचे प्रेम और अथाह दया ने हज़ारों को खींच लिया था। गरीबदास, बखना, रज्जब, सुन्दरदास दादू-सौर-मण्डल के अत्यंत प्रकाशमान नक्षत्र गिने जाते हैं।

दादू-पंथ में सैकड़ों सन्त कवि हुए हैं। बहुत बड़ा साहित्य है इस सम्प्रदाय का। माधोदास का 'सन्तगुणसागर' जनगोपाल की 'जन्म-लीला' राघौदास की 'भक्तमाल' जग्गाजी की 'भक्तमाल' और चैमल की 'भक्तविरुदावली' दादू-पंथी परंपरा के प्रमुख प्रामाणिक ग्रन्थ माने जाते हैं।

स्वामी दादूजी महाराज ने नराणे ग्राम में संवत् १६६० में देहत्याग किया। इसी स्थान में दादूपंथियों की मुख्य गद्दी है, जिसे दादूद्वारा कहते हैं। दादू-पंथी साधु हाथ में सुमरनी रखते हैं, और आपस में 'सत्तराम' कहकर अभिवादन करते हैं।

बानी-परिचय

दादू दयाल की बानी को कबीरदास की बानी के जोड़ की कहा जाय तो अत्युक्ति न होगी। सगुणपक्ष में भक्त कवियों में जैसे तुलसी और सूर, वैसे ही निर्गुणपक्ष के संत कवियों में कबीर और दादू। इनकी प्रेमतत्त्व की व्यंजना तो बहुत ही ऊँची और गहरी है। कितने ही शब्दों व साखियों में प्रेम और विरह का निरूपण अत्यंत निर्मल और अनुपम हुआ है। इतने ऊँचे घाट की बानी अन्यत्र बहुत ही कम देखने में आती है। दादू के शब्दों में आप अन्तर को बेधनेवाली सूक्ष्म-से-सूक्ष्म दृष्टि और अमृतरस से सींचा हुआ स्वानुभव पायेंगे।

अनेक शब्दों व साखियों में कबीर का रंग देखने में आता है, पर कहने का ढंग दादू का अपना है। कबीर को यह गुरुवत् मानते भी थे। इनकी इन दो साखियों को देखिए:—

"जो था कंत कबीर का सोई वर बरिहूँ।
मनसा वाचा कर्मना मैं और न करिहूँ॥
साचा सबद कबीर का मीठा लागै मोहि।
दादू सुनता परमसुख केता आनंद होहि॥"

किंतु कबीर की तरह इन्होंने सत्य की राह से भटकानेवाले पंडितों और मुल्लों पर प्रहार नहीं किये। खंडन-मंडन से इन्हें रुचि नहीं थी। संतमत का मंथनकर स्वयं प्रेम-नवनीत ही दया के समभाव से दादू दयाल ने दोनों हाथों से लुटाया है।

भाषा भी इनकी बड़ी जानदार है। अनेक जनपदों के शब्दों का सुन्दर प्रयोग इन्होंने किया है। फारसी के भी सैकड़ों शब्द इनकी रसभरी बानी में आये हैं। कुछ पद इनके पंजाबी और गुजराती में भी मिलते हैं।

जैसे एक दीये से सैकड़ों दीयों को जलाते हैं, उसी तरह दादू दयाल की बानी से अलौकिक प्रकाश ले-लेकर अनेक संत कवियों ने साखियों व शब्दों की अमृत प्रसादी लोक में वितरण की है।

आधार

१ श्री स्वामी दादू दयाल की बानी (अनभय प्रबोध)—चंद्रिकाप्रसाद त्रिपाठी, [illegible], अजमेर

२ [illegible]

३ गरीबदासजी की बानी—स्वामी मंगलदास, श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट, जयपुर

स्वामी दादू दयाल

शबद

राग गौडी

रांम नांम जिनि छांड़ै कोई, रांम कहत जन निर्मल होइ ॥
रांम कहत सुख संपति सार, रांम नांम तिरि लंघै पार ॥
रांम कहत सुधि बुधि मति पाई, रांम नांम जिनि छांड़हु भाई ।
रांम कहत जन निर्मल होइ, रांम नांम कहि कुसमल धोइ ॥
रांम कहत को को नहिं तारे, यहु तत दादू प्रांण हमारे ॥१॥

कौण विधि पाइये रे, मीत हमारा सोइ ॥
पास पीव परदेस है रे, जबलग प्रगटै नांहिं ।
बिन देखे दुख पाइये, यहु सालै मन मांहिं ॥
जबलग नैन न देखिये, परगट मिलै न आइ ।
एक सेज संगहि रहै, यहु दुख सह्या न जाइ ॥
तबलग नेड़ै दूरि है रे, जबलग मिलै न मोहि ।
नैन निकट नहिं देखिये, संगि रहे क्या होहि ॥

---

१ जिनि=मत, नहीं । तिरि लंघै पार=संसार-सागर से तरकर मुक्त हो जाये । कुसमल=कश्मल, पाप । को को नहि तारे=कौन-कौन नहीं तर गये ।

२ मीत=सच्चे मित्र परमात्मा से आशय है । पास पीव परदेश है=निकट अर्थात् अंतर मे होने हुए भी वह प्रियतम (अविद्या के कारण) मानों कोसों

कहा करौं कैसे मिलै रे, तलपै मेरा जीव ।
दादू आतुर बिरहनी, कारण अपने पीव ॥२॥

राग गौड़ी

अजहुँ न निकसै प्राण कठोर ।
दर्सन बिना बहुत दिन बीते, सुन्दर प्रीतम मोर ।
चारि पहर चारयौं जुग बीते, रैनि गँवाई भोर ।
अवधि गई अजहूँ नहिं आये, कतहूँ रहे चितचोर ॥
कबहूं नैन निरखि नहिं देखे, मारग चित वततोर ।
दादू ऐसें आतुर बिरहणि, जैसें चन्द चकोर ॥३॥

बिरहनि कौं सिंगार न भावै, है कोइ ऐसा रांम मिलावै ।
बिसरे अंजन मंजन चीरा, बिरह बिथा यहु व्यापै पीरा ॥
नवसत थाके सकल सिंगारा, है कोइ पीड़ मिटावणहारा ।
देह ग्रेह नहीं सुधि सरीरा, निसदिन चित वत चात्रिग नीरा ॥
दादू ताहि न भावै आंन, रांम बिना भई मृतक समांन ॥४॥

तौलग जिनि मारै तूं मोहि, जौलग मैं देखौं नहिं तोहि ।
इब के बिछुरे मिलन कैसें होइ, इहि बिधि बहुरि न चीन्है कोइ ॥
दीन दयाल दया करि जोइ, सब सुख आनन्द तुमथैं होइ ।
जन्म जन्म के बंधन खोइ, देखन दादू अहिनिसि रोइ ॥५॥

[illegible] है । सालै=पीड़ा देता है । [illegible] । [illegible] । आतुर= अधीर, बेचैन ।

३ चारि पहर [illegible] बीते=चार पहर चार युग से [illegible] । भोर= सवेरा । रैनि गँवाई भोर=[illegible] ।

४ [illegible] । नवसत=[illegible] । [illegible] । [illegible] । [illegible] । आन=दूसरी कोई [illegible] ।

५ [illegible] । अहिनिसि=दिनरात ।

कैसैं जीविये रे, सांइ संग न पास ।
चंचल मन निहचल नहीं, निसदिन फिरै उदास ॥
नेह नहीं रे रांम का, प्रीति नहीं परकास ।
साहिब का सुमिरण नहीं, करै मिलन की आस ॥
जिस देखे तूं फूलिया रे, पाणी प्यंड बधांणां मास ।
सो भी जलि बलि जाइगा, झूठा भोग बिलास ॥
तौ जीवीजै जीवणां, सुमिरै सासै सास ।
दादू परगट पिव मिलै, तौ अंतरि होइ उजास ॥६॥

मन निर्मल तन निर्मल भाइ, आंन उपाइ विकार न जाई ॥
जो मन कोयला तौ तन कारा कोटि करै नहिं जाइ विकारा ।
जो मन बिसहर तौ तन भुवंगा, करै उपाइ बिषै फुनि संगा ॥
मन मैला तन उज्जल नांहीं, बहुत पचिहारे विकार न जाहीं ।
मन निर्मल तन निर्मल होई, दादू साच बिचारै कोई ॥७॥

ऐसा जनम अमोलिक भाई, जाथैं आइ मिलै रांम राई ॥
जाथैं प्रांण प्रेमरस पीवै, सदा सुहाग सेज सुख जीवै ॥
आतम आइ रांम सौं राती, अखिल अमर धन पावै थाती ॥
परगट परसन दरसन पावै, परम पुरिख मिलि मांहि समावै ॥
ऐसा जनम नहीं नर आवै, सो क्यूं दादू रतन गँवावै ॥८॥

---

६ परकास=आत्म-ज्ञान । मास=मास । पाणी प्यंड बधाणां मास=रक्त और मास से बना हुआ शरीर ।
तौ जीवै' ···सास=यदि हर सास मे प्रभु का नाम-स्मरण हो रहा हो, तभी जीना जीनेयोग्य है । उजास=उजेला, ब्रह्म-ज्योति का प्रकाश ।

७ बिसहर=विषधर, सर्प । फुनि=पुनः, फिर । पचिहारे=यत्न करते-करते थक गये ।

८ राई=राजा, स्वामी । राती=रँग गई, अनुरक्त हो गई । थाती=पूँजी । पुरिख=पुरुष, परमात्मा । मांहि=अंतर में ।

इनमें क्या लीजै क्या दीजै, जनम अमोलिक छीजै ॥
सोवत सुपिनां होई, जागे थैं नहिं कोई।
मृगतृष्णां जल जैसा, चेति देखि जगु ऐसा ॥
बाजी भरम दिखावा, बाजीगर डहकावा।
दादू संगी तेरा, कोई नहीं किस केरा ॥९॥

खालिक जागे जियरा सोवै, क्यों करि मेला होवै ॥
सेज एक नहिं मेला, तार्थे प्रेम न खेला।
सांई संग न पाया, सोवत जन्म गवाया ॥
गाफिल नींद न कीजै, आव घटै तन छीजै।
दादू जीव अयानां, झूठे भरमि भुलानां ॥१०॥

गर्व न कीजिये रे, गर्बै होइ बिनास।
गर्बै गोविंद ना मिलै, गर्बै नरक निवास ॥
गर्बै रसातलि जाइये, गर्ब घोर अंधार।
गर्बै भौजल डूबिये, गर्बै वार न पार ॥
गर्बै पार न पाइये, गर्बै जमपुरि जाइ।
गर्बै को छूटै नहीं, गर्बै बंधे आइ ॥
गर्बै भाव न ऊपजै, गर्बै भगति न होइ।
गर्बै पिव क्यों पाइये, गर्ब धरै जिनि कोइ ॥
गर्बै बहुत बिनास है, गर्बै बहुत विकार।
दादू गर्ब न कीजिये, सनमुख सिरजनहार ॥११॥

---

९ [illegible] होता जाता है। [illegible] दिया। किस के = किसीका।

१० खालिक=खुदा, [illegible]। जियरा=जीव [illegible]। मेला=मिलन, संयोग। आव=आयु। अयानां=अज्ञानी।

११ [illegible] रसातलि [illegible]। भौजल=भव-सागर। को छूटै

राम रस मीठा रे, कोई पीवै साध सुजाण ।
सदा रस पीवै प्रेम सौं, सो अविनासी प्रांण ॥
इहिं रसि मुनि लागे सबै, ब्रह्मा बिश्न महेस ।
सुर नर साधू सन्त जन, सो रस पीवै सेस ॥
सिध साधिक जोगी जती, सती सबै सुखदेव ।
पीवत अन्त न आवई, ऐसा अलख अभेव ॥
इहिं रसि राते नांमदेव, पीपा अरु रैदास ।
पिवत कबीरा ना थक्या, अजहूँ प्रेम पियास ॥
यहु रस मीठा जिन पिया, सो रस मांहिं समाइ ।
मीठे मीठा मिलि रह्या, दादू अनत न जाइ ॥१२॥

भेष न रीझै मेरा निज भर्तार, ताथैं कीजै प्रीति विचार ॥
दुराचारिनी रचि भेष बनावै, सील साच नहिं, पिव क्यों भावै ॥
कंत न भावै करै सिंगार, डिंभपणैं रीझै संसार ॥
जोपै पतिव्रता ह्वै है नारी, सो धन भावै पियहिं पियारी ॥
पीव पहिचानैं आंन नहिं कोई, दादू सोई सुहागनि होई ॥१३॥

राग माली गौड

गोविंदे, कैसैं तिरिये ।
नाव नांहीं खेव नांहीं, रांम विमुख मरिये ॥
ग्यांन नांहीं ध्यांन नांहीं, लै समाधि नांहीं ।
विरहा वैराग नांहीं, पंचों गुण मांहीं ॥

नहीं=कोई भी नहीं छूटता । भाव=भगवत्प्रेम । विकार=दोष, बुराई ।

१२ प्राण=प्राणी, जीव । जती=यति, संन्यासी । सती=गृहस्थ । सुखदेव=शुकदेव मुनि । अभेद=जिसका भेद नहीं पाया । राते=अनुरक्त । पीपा=एक राजा, जो ऊँचे भक्त थे । रस ही माहिं समाइ=रस में ही लीन हो गये, रसरूप हो गये ।

१३ भेष=ऊपरी बनाव, शृंगार । डिंभपणें=दंभ, पाखंड से । धन=स्त्री ।

१४ गोविन्दे=संबोधन के रूप में प्रयोग किया गया है । खेव=नाव खेने-

प्रेम नांहीं प्रीति नांहीं, नांव नांहीं तेरा।
भाव नांहीं भगति नांहीं, कायर जीव मेरा॥
घाट नांहीं, बाट नांहीं, कैसैं पग धरिये।
वार नांहीं, पार नांहीं, दादू बहु डरिये॥१४॥

मुझ थीं कुछ न भया रे, यहु यूं हि गया रे पछितावा रह्या रे॥
मैं सेंस न दीया रे, भरि प्रेम न पीया रे, मैं क्या कीया रे॥
हौं रंग न राता रे, रस प्रेम न माता रे, नहिं गलित गाता रे॥
मैं पीव न पाया रे, कीया मन का भाया रे, कुछ है इन आया रे॥
हूं रहूं उदासा रे, मुझ तेरी आसा रे, कहै दादू दासा रे॥१५॥

राग कानड़ो

तौ काहू की परवाह हमारे, राते माते नांउ तुम्हारे।
झिलिमिलि झिलिमिलि तेज तुम्हारा, परगट खेलै प्राण हमारा।
नूर तुम्हारा नैनों मांहीं, तन मन लागा छूटै नांहीं॥
सुख का सागर वार न पारा, अमी महारस पीवणहारा॥
प्रेममगन मतिवाला माता, रंगि तुम्हारे दादू राता॥१६॥

राग केदारो

अरे मेरा अमर उपावणहार रे खालिक, आशिक तेरा॥
तुम्ह सौं राता तुम्ह सौं माता, तुम्ह सौं लागा रंग, रे खालिक॥

वाला। लै=चित्त की एकाग्रता। [illegible] कठिन मारग में चलने वाला। बाट=मार्ग। वार नाहीं, पार नाहीं=न इस लोक का पता है न उस लोक का, यह प्रमाद है।

१५ यहु=यह जीवन। भया=भक्तिभाव। राता=रँगा, अनुरक्त हुआ। माता=मस्त हुआ। [illegible] नहीं। भाया=प्रिय। उदासा=विरक्त, निराशा।

१६ राते=अनुराग में रँगे हुए। [illegible] प्रकाश। [illegible] रंगि=प्रेम में।

तुम्ह सौं खेला तुम्ह सौं मेला, तुम्ह सौं प्रेम सनेह, रे खालिक ॥
तुम्ह सौं लेणा, तुम्ह सौं देणा, तुम्ह ही सौं रत होइ, रे खालिक ॥
खालिक मेरा, आशिक तेरा, दादू अनत न जाइ, रे खालिक ॥१७॥

पीव घरि आवै रे, वेदन मारी जाणीं रे ।
बिरह संताप कोण पर कीजै, कहूँ छूं दुख नी कहाणी रे ॥
अन्तरजामी नाथ मारो, तुज विण हूँ सीदाणी रे ।
मन्दिर मारे केम न आवै, रजनी जाइ विहाणी रे ॥
तारी वाट हूँ जोइ थाकी, नेण निखूट्या पाणी रे ।
दादू तुज विण दीन दुखी रे, तू साथी रह्यो छे ताणी रे ॥१८॥

वाहला हूँ जाणूं जे रंग भरि रमिये, मारो नाथ निमिष नहिं मेलूं रे ।
अंतरजामी नाह न आवे, ते दिन आव्यो छेलो रे ॥
वाहला सेज अमारी एकलड़ी रे, तहं तुजने केम न पामूं रे ॥
आ दत्त अमारो पूरबलो रे, तेतो आव्यो सामो रे ॥

---

१७ उपावणहार=उत्पन्न करनेवाला, सिरजनहार । मेला=मिलन । रत=अनुरक्त । अनत=और किसी जगह ।

१८ वेदन=वेदना, पीडा । (विरह की) कहूँ छुं=कहती हूँ । नी=की । मारो=मेरा । तुज विण=बिना तेरे । सीदाणी=दुख से मुरझा रही हूँ । केम=क्यों । बिहाणी जाइ=बीती जाती है । तारा=तेरी । हूँ=मैं । नेण=नयन । निखूट्या पाणी=पानी (आँसू) भी घट गया । ताणी रह्यौ छे=तन या खिच रहा है ।

(इस पद में अनेक गुजराती शब्दों और विभक्तियों का प्रयोग हुआ है ।)

१९ वाहला=प्यारे । जे रंग भरि रमिये=कि मैं रंगभर, मौजभर खेलूँ । निमिष नहि मेलूं=पल भी न गिराऊँ । नाह=नाथ, स्वामी । छेलो=अंतिम या निकृष्ट । एकलडी=अकेली । तुजने=तुझको । केम=क्यों, कैसे । पामूं=पाती हूँ । दत्त=फल (कर्मों का) । पूरबलो=पूर्वजन्म का । सामो=सामने ।

वाहला मारा हृदया भीतर केम न आवे, मने चरण विलंब न दीजे रे।
दादू तो अपराधी तारो, नाथ उधारी लीजे रे ॥१९॥

बटाऊ, चलणां आज कि काल्हि।
समझि न देखै कहा सुख सोवै, रे मन राम सभालि॥
जैसैं तरवर विरख बसेरा, पंखी बैठे आइ।
ऐसैं यहु सब हाट पसारा, आप आप कौं जाइ॥
कोइ नहिं तेरा सजन संगाती, जिनि खोवै मन मूल।
यहु संसार देखि जिनि भूलै, सब ही सैंबल-फूल॥
तन नहिं तेरा, धन नहिं तेरा, कहा रह्यौ इहि लागि।
दादू हरि बिन क्यों सुख सोवै, काहे न देखै जागि ॥२०॥

राग माल

जागि रे रैंणि बिहाणी, जाइ जन्म अंजुली कौ पाणी।
घड़ी घड़ी घड़ियाल बजावै, जे दिन जाइ सो बहुरि न आवै॥
सूरिज चंद कहै समझाइ, दिन दिन आव घटती जाइ॥
सरवर पांणी तरवर छाया, निसदिन काल गरासै काया॥
हंस बटाऊ प्राण पयाना, दादू आतमराम न जानां ॥२१॥

विलंब=अवलंब, शरण। तारो=तेरा।
(इस पद में भी बहुत-से गुजराती शब्द आये हैं।)

२० बटाऊ=पथिक। सुख सोवै=निश्चिन्त पड़ा सोता है। [illegible]=[illegible] [illegible]। विरख=वृक्ष। हाट पसारा=लेन देन का मेला। [illegible] [illegible]= अपने-अपने स्वार्थ-साधन में सब लगे हुए हैं। सजन=स्वजन। संगाती= साथी। मूल=पूँजी। सैंबल-फूल=सेमल का फूल, जो देखने में सुन्दर लगता है, पर अन्दर उसके रूई [illegible] [illegible] [illegible] निःसार है।

२१ रैनि=आयु। घटती=कम होती है। पयाना=प्रयाण, कूच किया।

राग रामकली

सरनि तुम्हारी केसवा, मैं अनन्त सुख पाया।
भाग बड़े तूं भेटिया, हौं चरनौं आया॥
मेरी तपति मिटी तुम्ह देखनां, सीतल भयो भारी।
भवबंधन मुकता भया, जब मिल्या मुरारी॥
भरम-भेद सब भूलिया, चेतनि चित लाया।
पारस सूं परचा भया, उनि सहजि लखाया॥
मेरा चंचल चित निहचल भया, इब अनत न जाई।
मगन भया सर बेधिया, रस पीया अघाई॥
सनमुख ह्वै तैं सुख दीया, यहु दया तुम्हारी।
दादू दरसन पावैई, पीव प्राण अधारी॥२२॥

हरिमारग मस्तक दीजिये, तब निकटि परमपद लीजिये॥
इस मारग माँहैं मरणां, तिल पीछैं पाव न धरणां।
अब आगैं होइ सु होई, पीछैं सोच न करणा कोई॥
ज्यूं सूरा रिण झूझै, आपा पर नहिं बूझै।
सिरि साहिब काज संवारै, घण घावां आपा डारै॥

---

२२ भेटिया=भेंट हुई, मिला। तपति=जलन, बेचैनी। मुकता भया=छूट गया। चेतनि=चैतन्यरूप परमात्मा में। लाया=लगाया। पारस=सद्गुरु से आशय है। इब=अब। सर=शब्द-बाण। अघाई=तृप्त होकर। अंधारी=आधार।

२३ मस्तक दीजिये=सिर को चढादे ; अहंकार को मारदे। तिल=ज़रा भी। रिण=रण। झूझै=जूझता है, युद्ध करता है। आपा पर नहि बूझै=नहीं समझता कि कौन तो अपना है और कौन पराया। घण घावा आपा डारै=शरीर पर घन की खूब चोटें लगवाता है : अपने ऊपर खूब वार पर वार लेता है। कदे=कभी। पोच=तुच्छ। साटा=सौदा।

सती सत्त गति साचा बोलै, मन निहचल कहुँ न डोलै ।
वाकै सोच पोच जिय न आवै, जग देखत आप जलावै ॥
इस सिरसौं साटा कीजै, तब अविनासी पद लीजै ।
ताका तब सिर स्याबति होवै, जब दादू आपा खोवै ॥२३॥

साँई कौं साच पियारा ।
साचै साच सुहावै देखौ, साचा सिरजनहारा ॥
ज्यूं घण घावां सार घड़ीजै, झूठ सबै झड़ि जाई ।
घण के घाऊं सार रहैगा, झूठ न माँहि समाई ॥
कनक कसौटी अगनि मुखि दीजै, पंक सबै जलि जाई ।
यौं तौ कसणी साच सहैगा, झूठ सहै नहिं भाई ॥
ज्यूं घृत कूं ले ताता कीजै, ताइ ताइ तत कीनां ।
तत्तै तत्त रहैगा भाई, झूठ सबै जलि खीनां ॥
यौं तौ कसणी साच सहैगा, साचा कसि कसि लेवै ।
दादू दरसन साचा पावै, झूठे दरस न देवै ॥२४॥

चलु रे मन, जहाँ अमृत बनां, निर्मल नीके सन्तजनां ॥
निर्गुण नांउ फल अगम अपार, संतन जीवनि प्राण अधार ।
सीतल छाया सुखी सरीर, चरणसरोवर निर्मल नीर ॥
सुफल सदा फल बारह मास, नांनां बाणी धुनि परकास ।
तहाँ बास बसि अमर अनेक, तह चलि दादू इहै बबेक ॥२५॥

स्याबति=साबित, ज्यों का त्यों । ताका तब……खोवै=जो मनुष्य अहं[illegible] को नष्ट कर देता है उसको [illegible] ।

२४ सार घड़ीजै=लोहा पीटा जाता है । घण घावां=घन की चोटें । पंक=मैल । कसणी=कसौटी, परीक्षा । ताता=गरम । [illegible]=[illegible] । तत=निर्मल, [illegible] । खीनां=नष्ट हो गया ।

२५ बनां=बन । नांनां बाणी=अनेक [illegible] । धुनि=[illegible] नाद । [illegible]=[illegible] । बबेक=विवेक, [illegible] ।

राग आसावरी

मन रे रैणि विहानी, तैं अजहूँ जात न जानी ॥
बीती रैंणि वहुरि नहिं आवै, जीव जागि जिनि सोवै ।
चारथू दिसा चौर घर लागे, जागि देख क्या होवै ॥
भोर भये पछितावन लागे, मांहिं महल कुछ नांहीं ॥
जब जाइ काल काया कर लागै, तब सोधै घर मांही ॥
जागि जतन करि राखौ सोई, तब तन तत्त न जाई ।
चेती पहरै चेतत नांहीं, कहि दादू समझाई ॥२६॥

वावा, नांहीं दूजा कोई,
एक अनेक नांउ तुम्हारे, मोपै और न होई ॥
अलख इलाही एक तूं, तूं ही रांम रहीम ।
तूं ही मालिक मोहना, केसौ नांउं करीम ॥
सांई सिरजनहार तूं, तूं पावन तूं पाक ।
तूं काइम करतार तूं, तूं हरी हाजरी आप ॥
रमिता राजिक एक तूं, तूं सारंग सुबहान ।
कादिर करता एक तूं, तूं साहिब सुलतान ॥
अविगत अल्लः एक तूं, गनी गुसांई एक ।
अजब अनूपम आप है, दादू नांउं अनेक ॥२७॥

---

२६ विहांनी=बीत गई। माहिं महल=अपने अंतर में (सद्‌गुण व सद्‌वृत्तियाँ जितनी भी थीं उनको काम, क्रोध लोभ आदि चोर चुराकर ले गये।) सोधै=खोजता है। तनतत्त=तनिक भी परमार्थ। चेतनि पहरे=चेतने के समय।

२७ मोपै और न होई=मुझसे और भेदबुद्धि की बात नहीं सोचते बनती। काइम=नित्य। हाजरी=सर्वव्यापक। राजिक=प्रकाशमान, दीप्तिकारक। सुबहान=वाह! धन्य हो! अविगत=अव्यक्त, जो जाना न जा सके। गनी=धनी।

सुख दुख संसा दूरि किया तब हम केवल रांम लिया ॥
सुख दुख दोऊ भरम बिचारा, इन सूं बंध्या है जग सारा ।
मेरी मेरा सुख के तांई, जाइ जनम नर चेतै नांहीं ॥
सुख के तांई झूठा बोलै, बांधे बंधन कबहूं न खोलै ।
दादू सुख दुख संगि न जाई, प्रेम प्रीति पिव सौं ल्यौ लाई ॥२८॥

राग सारंग

तौ निबहै जन सेवग तेरा, ऐसैं दया करि साहिब मेरा ।
ज्यूं हम तोरैं त्यूं तू जोरै, हम तोरैं पै तूं नहिं तोरै ॥
हम बिसरैं पै तूं न बिसारै, हम बिगरैं पै तूं न बिगारै ॥
हम भूलैं तूं आनि मिलावै, हम बिछुरैं तूं आगि लगावै ॥
तुम्ह भावै सो हमपै नांहीं, दादू दरसन देहु गुसांईं ॥२९॥

राग टोडी

कुछ चेति रे कहि क्या आया,
इनमें बैठा फूलिकर तै कैसी माया ।
तू जिनि जानै तन धन मेरा, मूरिख देखि भुलाया ।
आज कालि चलि जावै देही, ऐसी सुन्दर काया ॥
रांम नांम निज लीजिये, मैं कहि समझाया ।
दादू हरि की सेवा कीजै, सुन्दर साज मिलाया ॥३०॥

---

२८ संसा=संशय, द्वैतभाव । जाइ जनम=जन्म व्यर्थ जाता है । ल्यौ=लगन, ध्यान ।

२९ सेवग=सेवक । तोरैं=तोड़े, [illegible] । [illegible]

३० [illegible]

निर्पख रहणां रांम नांम कहणां, काम क्रोध में देह न दहणां ॥
जेणें मारिग संसार जाइला, तेणे प्राणी आप बहाइला ॥
जे जे करणी जगत करीला, सो करणी सन्त दूरि धरीला ॥
जेणें पंथें लोक राता, तेणें पंथें साध न जाता ॥
रांम नांम दादू ऐसें कहिये, रांम रमत रांमहिं मिलि रहिये ॥३१॥

राग नटनारायण

गोविंद कबहुं मिलै करि पिव मैरा,
चरणकवंल क्यूं ही करि देखौं, राखौं नैनहुं नेरा ॥
निरखण का मोहि चाव घणेरा, कब मुख देखौं तेरा ।
प्रांण मिलन कौं भये उदासी, मिलि तूं मींत सवेरा ॥
व्याकुल ताथैं भई तन देही, सिर पर जम का हेरा ।
दादू रे जन रांम-मिलन कूं तपई तन बहुतेरा ॥३२॥

तुम्हे बिन ऐसैं कौन करै ।
गरीबनिवाज गुसांई मेरे माथैं मुकट धरै ॥
नीच ऊँच ले करै गुसांईं, टारयौ हूँ न टरै ।
हस्त कवँल की छाया राखै, काहूं थैं न डरै ॥
जाकी छोति जगत कौं लागै, तापरि तूंही ढरै ।
अमर आप ले करै गुसाईं, मारयौ हूँ न मरै ॥

---

३१ निर्पख=पक्षपात छोड़कर । दहणा=जलाना । जेणें=जिस । तेणें=उसमें । करीला=की । दूरि धरी=दूर रखदी, त्यागदी । लोक राता=साधारण लोग रँगे हुए या मस्त हैं ।

३२ नेरा=निकट । उदासी=व्याकुल । सवेरा=जल्दी ही । हेरा=दाव । तपई=जल रहा है ।

३३ जाकी छोति····· ढरै=जिसे छूजाने से लोग अपनेको अपवित्र मानते हैं, उसपर एक तू ही कृपा करता है । [इससे संभवतः यह संकेत हो कि दादू

करणी पोच सोच सुख करई, लोह की नाव कैसैं भौजल तिरई ॥
दिखन जात पछिम कैसे आवैं, नैन विन भूलि वाट कत पावै।
विष वन वेलि अमृत फल चाहै, खाइ हलाहल, अमर उमाहै ॥
अगनिगृह पैसि सुख क्यूं सोवै। जलणि जागी घणीं,सीत क्यूं होवै ॥
पाप पाषंड कीयें, पुनि क्यूं पाइये। कूप खनि पड़िवा, गगन क्यूं जाइये ॥
कहै दादू मोहिं अचिरज भारी, हिरदै कपट क्यूं मिलै मुरारी ॥३६॥

नारी नेह न कीजिये, जे तुझ राम पियारा।
माया मोह न वंधियै, तजिये संसारा ॥
विपिया रंगि राचै नहीं, नहिं करै पसारा।
देह ग्रेह परिवार में, सब थैं रहै नियारा ॥
आपा पर उरझै नहीं, नांहीं मैं मेरा।
मनसा वाचा कर्मना, सांईं सब तेरा ॥
मन इन्द्री अस्थिर करै, कतहूँ नहिं डोलै।
जगविकार सब परिहरै, मिथ्या नहिं बोलै ॥
रहै निरन्तर राम सौं, अन्तरगति राता।
गावै गुण गोविंद का, दादू रसिमाता ॥३७॥

---

३६ पोच=नीच, हीन। सोच सुख करई=विचार करता है सुख भोगने का। लोह की नाव=पाप-कर्मों से आशय है। दिखन=दक्षिण दिशा। अमर उमाहै=तू अमर होने का उत्साह या चाव करता है। पैसि=पैठकर। पुनि=पुण्य (का फल)। खनि=खोदकर। पड़िवा=गिरना (पापकर्म करके नीचे गिरना)। गगन=ऊँचा (ब्रह्म-) पद।

३७ पसारा=प्रपंच की रचना। नियारा=निर्लेप, अनासक्त। आपा पर उरझै नहीं=यह अपना है, यह पराया है, इस प्रकार की भेद-बुद्धि में न फँसे। अस्थिर=स्थिर, वश में। रसिमाता=ब्रह्मानन्द में मस्त।

राग बिलावल

सोई साध-सिरोमणी, गोविन्द-गुण गावै ।
राम भजै विषिया तजै, आपा न जनावै ॥
मिथ्या मुखि बोलै नहीं, परनिंदा नांहीं ।
औगुण छाड़ै गुण गहै, मन हरिपद मांही ॥
निर्बैरी सब आतमा, पर आतम जानैं ।
सुखदाई समता गहै, आपा नहीं आनैं ॥
आपा पर अन्तर नहीं, निर्मल निज सारा ॥
सतवादी साचा कहै, लैलीन विचारा ॥
निर्भै भजि न्यारा रहै, काहू लिपत न होई ।
दादू सब संसार मैं, ऐसा जन कोई ॥२८॥

जब मैं रहते की रह जानी ।
काल काया के निकटि न आवै, पावत है सुख प्राणी ॥
सोग संताप नैंन नहिं देखौं, राग दोष नहिं आवै ॥
जागत है जासौं रुचि मेरी, सुपिनै सोई दिखावै ॥
भरम करम मोह नहिं ममिता, वाद विवाद न जानौं ।
मोहन सौं मेरी बनि आई, रसना सोई बखानौं ॥
निसबासरि मोहन सनि मेरे, चरन कवँल मन मानैं ।
सोई निधि निरखि देखि सचु पाऊँ, दादू और न जानैं ॥२९॥

---

२८ आपा न जनावै = अपने [illegible] । [illegible] पर आतम जानैं = दूसरे की आत्मा को अपनी ही आत्मा [illegible] है, [illegible] है । [illegible] । लैलीन विचारा = [illegible] । [illegible] ।

२९ [illegible] ।

राम मिल्या यूं जानिये, जाकौं काल न व्यापै।
जुरा मरण ताकौं नहीं, अरु मेटै आपै॥
सुख दुख कबहूं न ऊपजै, अरु सब जग सूझै।
करम कौं बांधैं नहीं, सब आगम बूझै॥
जागत ह्वै सो जन रहै, अरु जुगि-जुगि जागै।
अन्तरजामी सौं रहै, कुछ काई न लागै॥
कांम दहै सहजै रहै, अरु सुंन्य विचारै।
दादू सो सबकी लहै, अरु कबहूं न हारै॥४०॥

राग भैरू

कागा रे करंक परि बोलै, खाइ मास अरु लगही डोलै॥
जा तन कौं रचि अधिक संवारा, सो तन ले माटी में डारा॥
जा तन देखि अधिक नर फूले, सो तन छाड़ि चल्या रे भूले॥
जा तन देखि मन मैं गर्वांनां, मिलि गया माटी तजि अभिमाना॥
दादू तन की कहा बड़ाई, निमष मांहिं माटी मिलि जाई॥४१॥

रहु रे रहु मन मारौंगा, रती रती करि डारौंगा॥
खंड खंड करि नाखौंगा, जहां रांम तहं राखौंगा॥
कह्या न मानैं मेरा, सिर भानौंगा तेरा॥
घर मैं कदे न आवै, बाहरि कौं उठि धावै॥

---

४० जुरा=जरा, बुढ़ापा। आपै=अहंभाव को। सूझै=यथार्थ ज्ञान पा लेना है। सब आगम बूझै=आगे की, अथवा लोकोत्तर जीवन की बात जानता है। काई=मैल, खोट। सुंन्य विचारै=शून्य अर्थात् निर्विकल्प समाधिगत-अवस्था का ध्यान करता है। सबकी लहै=सबकुछ प्राप्त कर लेता है।

४१ करंक=लाश। लगही=पास ही। निमष=निमिष, पल। रती-रती=छोटे-छोटे टुकड़े।

४२ करि नाखौंगा=कर डालूंगा। भानौंगा=तोड़ दूंगा। घर में=आत्म-ज्ञान

आतम रांम न जानैं, मेरा कह्या न मानैं ॥
दादू गुरमुखि पूरा, मन सौं झूझै सूरा ॥४२॥

अलह कहौ भावै राम कहौ, डाल तजौ सब मूल गहौ ॥
अलह रांम कहि कर्म दहौ, झूठे मारगि कहा बहौ ॥
साधू संगति तौ निबहौ, आइ परै सो सीसि सहौ ॥
काया कवँल दिल लाइ रहौ, अलख अलह दीदार लहौ ॥
सतगुर की सुणि सीख अहौ, दादू पहुँचे पार पहौ ॥४३॥

हिन्दू तुरक न जाणौं दोइ ।
सांई सबनि का सोई है रे, और न दूजा देखौं कोइ ॥
कीट पतंग सबै जोनिन मैं जल थल संगि समांनां सोइ ।
पीर पैगम्बर देवा दानव मीर मलिक मुनिजन कौं मोहि ॥
कर्ता है रे सोई चीन्हौं, जिनिवैं क्रोध करै रे कोइ ।
जैसैं आरसी मजन कीजै, राम रहीम देही तन धोइ ॥
सांई केरी सेवा कीजै, पायौ धन काहे कौं खोइ ।
दादू रे जन हरि जपि लीजै जनमि जनमि जे सुरिजन होइ ॥४४॥

कोइ स्वामी कोइ सेख कहै, इस दुनियां का मर्म न कोई लहै ॥
कोई रांम कोइ अलह सुनावै, पुनि अलह रांम का भेद न पावै ॥
कोई हिन्दू कोई तुरक करि मानैं, पुनि हिन्दू तुरक की खबरि न जानैं ॥

की ओर। बाहरि कौं=विषयों की ओर। झूझै=जूझता है लड़ता है।

४३ भावै=चाहे। रहौ=लटके रहे हो। कवँल दिल=हृदयरूपी कमल। दीदार लहौ=दर्शन को। पार पहौ=पार होकर पाओ (आनन्दरूप)' 'परलापार' का अर्थ भी हो सकता है।

४४ जोनिन मैं=योनियों में। जिनिवैं=निश्चय ही नहीं। आरसी=दर्पण। मंजन कीजै=मांजते या साफ करते हैं। सुरिजन=सज्जन, सुजन।

यहु सब करणी दून्यूं वेद, समझ परी तव पाया भेद ॥
दादू देखै आतम एक, कहिवा सुनिवा अनन्त अनेक ॥४५॥

तूं साहिब मैं सेवग तेरा, भावै सिरि दे सूली मेरा ॥
भावै करवत सिर परि सारि, भावै लेकर गरदन मारि ॥
भावै चहु दिसि अग्नि लगाइ, भावै काल दसौं दिसि खाइ ॥
भावै गिरवर गगन गिराइ, भावै दरिया माँहैं वाहि ॥
भावै कनक कसौटी देहु, दादू सेवग कसि कसि लेहु ॥४६॥

राग ललित

रांम तूं मोरा हूं तोरा, पाइन परत निहोरा ॥
एकैं संगैं वासा, तुम्ह ठाकुर हम दासा ॥
तन मन तुम्ह कौं देवा, तेजपुंज हम लेवा ॥
रस माँहैं रस होइवा, जोतिसरूपी जोइवा ॥
ब्रह्म-जीव का मेला, दादू नूर अकेला ॥४७॥

राग जैतिश्री

तेरे नांउं की वलि जांऊं, जहाँ रहौं जिस ठांऊं ॥
तेरे वैनौं की वलिहारी, तेरे नैनहुँ ऊपरि वारी ॥
तेरी मूरति की वलि कीती, वारिवारि हौं दीती ॥

---

४५ खवरि=सही मतलब। दून्यूं वेद=दोनों मतों से आशय है।
४६ करवत=करौत, वड़ा आरा। सारि=चला। गगन=वड़ी ऊँचाई। वाहि=वहादे, डुवोदे। कसि-कसि लेहु=वारवार भलीभाँति परखले।
४७ निहोरा=विनती ; झुककर। तेजपुंज=आत्म-प्रकाश। रस माँहैं रस होइवा=तेरे ब्रह्मरस में तन्मय हो जाऊँगा। जोइवा=देखूँगा। अकेला=अद्वितीय ; अनुपम।
४८ वलि कीती=निछावर को। वारि दीती=अपने आपको फिर-फिर कुरवान कर दिया।

सोभित नूर तुम्हारा, सुन्दर जोति उजारा ॥
मीठा प्रांण पियारा, तूं है पीव हमारा ॥
तेज तुम्हारा कहिये, निर्मल काहे न लहिये ॥
दादू बलि बलि तेरे, आव पिया तूं मेरे ॥४८॥

राग धनाश्री

कतहूं रहे हो विदेस, हरि नहिं आये हो।
जन्म सिरानौं जाइ, पीव नहिं पाये हो ॥

बिपति हमारी जाइ, हरि सौं को कहै हो।
तुम्ह बिन नाथ अनाथ, बिरहनि क्यूं रहै हो ॥

पीव के बिरह बियोग तन की सुधि नहीं हो।
तलफि तलफि जिव जाइ, मृतक ह्वै रही हो ॥

दुखित भई हम नारि, कब हरि आवै हो।
तुम्ह बिन प्रांण अधार, जीव दुख पावै हो ॥

प्रगटहु दीन दयाल, बिलम न कीजिये हो।
दादू दुखी बेहाल, दरसन दीजिये हो ॥४९॥

जिनि छाड़ै रांम जिन छाड़ै, हमहिं बिसारि जिनि छाड़ै।
जीव जात न लागै बार, जिनि छाड़ै ॥

माता क्यूं बारिक तजै, सुत अपराधी होइ।
कबहुं न छाड़ै जीव थैं, जिनि दुख पावै सोइ ॥

ठाकुर दीनदयाल है, सेवग सदा अचेत।
गुण औगुण हरि नां गिणैं अंतरि तासौं हेत ॥

---

४९ सिरानौं जाइ=बीता जाता है। बियोग=वियोग। बिलम=विलं-देरी।

५० बारिक=बालक। ठाकुर=स्वामी। अचेत=गाफिल। हेत=प्रेम।

अपराधी सुत सेवगा, तुम्ह हौ दीनदयाल ।
हम थैं औगुण होत है, तुम्ह पूरण प्रतिपाल ॥
जब मोहन प्रांणी चलै, तब देही किहि काम ।
तुम्ह जानत दादू का कहै. अब जिनि छाड़ौ रांम ॥५०॥

डरिये रे डरिये, परमेसुर थैं डरिये रे ।
लेखा लेवै भरि भरि देवै, ताथैं बुरा न करिये रे ॥
साचा लीजी साचा दीजी, साचा सौदा कीजी रे ।
साचा राखी झूठा नांखी, विष ना पीजी रे ॥
निर्मल गहिये, निर्मल रहिये, निर्मल कहिये रे ;
निर्मल लीजी निर्मल दीजी, अनत न बहिये रे ॥
साहिब ठाया बनिज न आया, जिनि डहकावै रे ।
झूठ न भावै फेरि पठावै. कीया पावै रे ॥
पंथ दुहेला जाइ अकेला, भार न लीजी रे ।
दादू मेला होइ सुहेला, सो कुछ कीजी रे ॥५१॥

डरिये रे डरिये, देखि देखि पग धरिये ।
तारे तरिये मारे मरिये, ताथैं गर्व न करिये रे ॥
देवै लेवै संम्रथ दाता, सब कुछ छाजै रे ।
तारै मारै गर्व निवारै, बैठा गाजै रे ॥

सेवगा = सेवक । औगुण = अपराध । प्राणी = प्राण ।

५१ लेखा लेवै = एक-एक कर्म का हिसाब लेता है । भरि-भरि देवै = अखूट दान देता है । नाखी = त्याग देना चाहिए । अनत न बहिये = इधर-उधर नहीं भटकना चाहिए । बनिज = सत्य का व्यापार । दुहेला = कठिन । भार = पापों का बोझा । मेला = मिलन । सुहेला = सुन्दर । सो कुछ = ऐसा कोई साधन ।

५२ ताथैं = उस परमात्मा से । संम्रथ = समर्थ । छाजै = शोभा देता है ।

राखे रहिये बाहे बहिये, अनत न लहिये रे।
भानै घड़ै संवारै आपै, ऐसा कहिए रे॥
निकटि बुलावै दूरि पठावै, सब बनि आवै रे।
पाके काचे काचे पाके ज्यूं मन भावै रे॥
पावक पांणीं पांणीं पावक करि दिखलावै रे।
लोहा कंचन कंचन लोहा, कहि समझावै रे॥
ससिहर सूर सूर थैं ससिहर, परगट खेलै रे।
धरती अम्बर अम्बर धरती, दादू मेलै रे॥४२॥

साखी

गुरुदेव कौ अंग

दादू गैब माहिं गुरुदेव मिल्या, पाया हम परसाद।
मस्तकि मेरे कर धर्‌या, देख्या अगम अगाध॥१॥

दादू सतगुर सूं सहजैं मिल्या, लीया कंठि लगाइ।
दाया भई दयाल की, तब दीपक दिया जगाइ॥२॥

सबद दूध घृत रांमरस, कोई साध बिलोवणहार।
दादू अमृत काढिले, गुरमुखि गहै बिचार॥३॥

घीव दूध मैं रमि रह्या, व्यापक सबही ठौर।
दादू बकता बहुत हैं, मथि काढ़ैं ते और॥४॥

बाहै=बहा ले जाता है। भानै=भंग करता है, तोड़ देता है। घड़ै=बनाता है। सँवारै=सजाता है। पाके काचे, काचे पाके=यदि चाहे तो पक्के को कच्चा और कच्चे को पक्का कर देता है। ससिहर=चन्द्र। सूर=सूर्य। अम्बर=आकाश। मेलै=मिला देना या एक कर देता है।

गुरुदेव कौ अंग

१ गैब=रहस्य की स्थिति [illegible]। परसाद=दया से।
३ बिलोवणहार=मन्थन अर्थात् तत्त्वविचार करनेवाला।

दीवै दीवा कीजिये, गुरमुख मारगि जाइ।
दादू अपणे पीव का, दरसन देखै आइ ॥५॥

मानसरोवर माहिं जल, प्यासा पीवै आइ।
दादू दोष न दीजिये, घर घर कहण न जाइ ॥६॥

देवै किरका दरद का, टूटा जोड़ै तार।
दादू सांधै सुरति कूं, सो गुर पीर हमार ॥७॥

इक लख चन्दा आणि धरि, सूरज कोटि मिलाय।
दादू गुर गोव्यंद बिन, तौभी तिमिर न जाय ॥८॥

दादू मन फकीर ऐसैं भया, सतगुर के परसाद।
जहाँ क था लागा तहाँ, छूटे वाद-विवाद ॥९॥

ना घरि रह्या न वनि गया, ना कुछ किया कलेस।
दादू मन हीं मन मिल्या, सतगुर के उपदेस ॥१०॥

दादू पड़दा भरम का, रह्या सकल घटि छाइ।
गुर गोव्यंद कृपा करै, तो सहजैं ही मिटि जाइ ॥११॥

---

५ दीवै दीवा कीजिये=आशय यह कि गुरुद्वारा उपदिष्ट आत्मज्ञान से अपना आत्मज्ञान बढ़ाना चाहिए।

६ माहिं=मध्य में, अन्दर उतर या डूबकर।

७ किरका=एक कण। दरद=परमात्मा के आत्यंतिक विरह की वेदना से आशय है।

८ सांधै=मिलादे। सुरति=लौ। तिमर=अविद्या का अंधकार।

९ वनि=वन में (तप करने के लिए)।

११ भरम=मायाकृत द्वैत-भाव। घटि=घट, शरीर। रह्या छाइ=पड़ा हुआ है।

दादू यहु मसीति यहु देहुरा, सतगुर दिया दिखाइ ।
भीतरि सेवा बंदिगी, बाहरि काहे जाइ ॥१२॥

दादू सोई मारग मनि गह्या, जेहिं मारग मिलिये जाइ ।
वेद कुरानूं नां कह्या, सो गुर दिया दिखाइ ॥१३॥

दादू मनहीं सूं मल ऊपजै, मनहीं सूं मल धोइ ।
सीख चली गुर साध की, तौ तूं नृमल होइ ॥१४॥

मन कै मतै सब कोइ खेलै, गुरमुख विरला कोइ ।
दादू मन की मानै नहीं, सतगुर का सिख सोइ ॥१५॥

घरि घरि घट कोल्हू चलै, अमी महारस जाइ ।
दादू गुर के ग्यान बिन, विषै हलाहल खाइ ॥१६॥

सतगुर सबद उलंघिकरि, जिनि कोई सिख जाइ ।
दादू पग पग काल है, जहाँ जाइ तहँ खाइ ।१७॥

सोने सेती बैर क्या, मारै घण के घाइ ।
दादू काढ़ि कलंक सब, राखै कंठि लगाइ ॥१८॥

गुर पहली मन सौं कहै, पीछै नैन की सैन ।
दादू सिख समझै नहीं कहि समझावै बैन ।।१९॥

---

१२ मसीति=मसजिद । देहुरा=देवालय ।

१४ नृमल=निर्मल । मल=पाप-वासना ।

१६ घरि घरि=घरों घरों निरन्तर । महारस=[illegible] । हलाहल=[illegible] ।

१८ सोने सेती=सुवर्ण के साथ, यहाँ शिष्य से तात्पर्य है । घण के घाउ=घन की चोटें । कलंक=मैल, खोट ।

१९ पहलीं=पहले तो । सैन=संकेत ।

कहैं लखै सो मानवां, सैंन लखै सो साध।
मन की लखै सु देवता, दादू अगम अगाध ॥२०॥

सिख गोरू गुर ग्वाल है, रख्या करि करि लेइ।
दादू राखै जतन करि, आणि धणी कौं देइ ॥२१॥

झूठे अन्धे गुर घणे, भरम दिढ़ावैं आइ।
दादू साचा गुर मिलै, जीव ब्रह्म ह्वै जाइ ॥२२॥

झूठे अन्धे गुर घणे, बन्धे बिखै बिकार।
दादू साचा गुर मिलै, सनमुख सिरजनहार ॥२३॥

झूठे अन्धे गुर घणे, भरम दिढ़ावैं कांम।
बन्धे माया मोह सौं, दादू मुखसौं रांम ॥२४॥

दादू आपा उरझै उरझिया, दीसै सब संसार।
आपा सुरझैं सुरझिया, यहु गुर ग्यान बिचार ॥२५॥

---

२० लखै=समझले। मानवां=मनुष्य।

२१ गोरू=गाय। रख्या=रक्षा, सार-सँभाल। आणि=लाकर। धणी=मालिक, ईश्वर।

२२ भरम दिढ़ावैं=मिथ्या ज्ञान को और भी दृढ़ कर देते हैं; मूढ़ग्राहों में फँसा देते हैं।

२३ सनमुख सिरजनहार=परमात्मा को प्रत्यक्ष करा देते हैं।

२५ जो अपने आप जगत्-जाल में उलझ रहे हैं उनको सारा जगत् उलझा हुआ ही दीखता है, और जो स्वरूपदर्शन द्वारा सुलझ गया है अर्थात् जाल से मुक्त हो गया है उसे सब-कुछ सुलझा-ही-सुलझा दीखता है। इस प्रकार का महाज्ञान अथवा महामनन ही 'गुरुज्ञान-विचार' है। दादू-पंथ में इस साखी की गणना दादू दयालजी के महावाक्यों में की गई है।

दादू बिन पाइन का पंथ है, क्यौंकरि पहुँचै प्राण।
विकट घाट औघट खरे, मांहिं सिखर असमांन ॥२६॥

मन ताजी चेतन चढ़ै ल्यौ की करै लगांम।
सबद गुरू का ताजणा, कोइ पहुंचै साध सुजांण ॥२७॥

सुख का साथी जगत सब, दुख का नाहीं कोइ।
दुख का साथी सांइयां दादू सतगुर होइ ॥२८॥

सूरिज सनमुख आरसी, पावक किया प्रकास।
दादू सांईं साध बिचि, सहजैं निपजै दास ॥२९॥

सुमिरण कौ अंग

दादू नीका नांव है, हरि हिरदै न बिसारि।
मूरति मन मांहे बसै सासैं सास संभारि ॥१॥

सासैं सास संभालतां, इकदिन मिलिहै आइ।
सुमिरण पैंडा सहज का, सतगुर दिया बताइ ॥२॥

---

२६ बिन पाइन का = अपने अवलम्बहीन अगम्य। प्राण=प्राणी। औघट-खरे=अत्यन्त कठिन। असमान=आसमान, मन के आत्यन्तिक लय की अवस्था से आशय है।

२७ ताजी=घोड़ा। ताजणा=चाबुक।

२९ आरसी=आतशी शीशा। साईं=परमेश्वर। निपजै=प्रकट होता है। दास=दास्यभाव, अनन्य भक्ति-भाव।

सुमिरण कौ अंग

१ नांव=नाम। सासैं सास=प्रत्येक श्वास-प्रश्वास से। संभारि=स्मरण कर।

२ संभालतां=नामस्मरण करते हुए। पैंडा=मार्ग।

रांम, तुम्हारे नांव बिन, जे मुख निकसै और।
तौ इस अपराधी जीव कौं, तीनि लोक कत ठौर ॥३॥

सोई सांस सुजाण नर, सांई सेती लाइ।
करि साटा सिरजनहार सूं, मंहगे मोलि बिकाइ ॥४॥

दादू जहाँ रहूँ तहँ राम सौं, भावै कंदलि जाइ।
भावै गिरि परवति रहूँ, भावै ग्रेह बसाइ ॥५॥

हरि भजि साफिल जीवना, परउपगार समाइ।
दादू मरणा तहँ भला, जहँ पसु-पंखी खाइ ॥६॥

दादू सांई सेवैं सब भले, बुरा न कहिये कोइ।
सारौं मांहै सो बुरा, जिस घटि नांव न होइ ॥७॥

दादू का जाणौं कब होइगा, हरिसुमिरण इकतार।
का जाणौं कब छोड़िहै, यहु मन बिखै बिकार ॥८॥

दादू रांमनांम निज औषदी, काटै कोटि बिकार।
बिषम ब्याधि थैं ऊबरै, काया कंचन सार ॥९॥

मन पवना गहि सुरति सौं, दादू पावै स्वाद।
सुमिरण मांहै सुख घणा, छाड़ि देहु बकवाद ॥१०॥

---

४ साटा=सौदा।

५ कंदलि=कंदरा में, गुफा में। ग्रेह=गृह।

६ उपगार समाइ=उपकार में लगादे। साफिल=सफल।

७ सारौं माहैं=सबमें, सबसे अधिक।

८ इकतार=निरन्तर एकाग्र चित्त से।

१० मन......सुरति सौं=मन को एकाग्रकर प्राणायाम से ध्यान में लगादे।

ज्यूं जल पैसै दूध में, ज्यूं पाणी में लूण।
ऐसैं आतमराम सौं, मन हठ साधै कूंण ॥११॥

दादू सब सुख सरग पयाल के तोलि तराजू बाहि।
हरि-सुख एकै पलक का, तासमि कह्या न जाइ ॥१२॥

अपणी जाणैं आप गति, और न जाणै कोइ।
सुमिर सुमिर रस पीजिये, दादू आनन्द होइ ॥१३॥

दादू यहु तन पिंजरा, माहीं मन सूवा।
एकै नांव अलाह का, पढ़ि हाफिज हूवा ॥१४॥

नांव लिया तब जाणिये, जे तन मन रहै समाइ।
आदि अंति मधि एकरस, कबहूँ भूलि न जाइ ॥१५॥

दादू पीवै एकरस, बिसरि जाइ सब और।
अविगत यहु गति कीजिये, मन राखौ इहि ठौर ॥१६॥

आतम चेतनि कीजिये, प्रेम रस पीवै।
दादू भूलै देह गुण, ऐसे जन जीवै ॥१७॥

कहि कहि केते थाके दादू सुणि सुणि कहु क्या लेई।
लूण मिलै गलि पाणियां, तासमि चित यौं देई ॥१८॥

---

११ पैसै=प्रवेश कर जाना है मिल जाता है। लूण=नमक। कूंण=कौन।

१२ पयाल=पाताल। [illegible]=[illegible]।

१४ माहीं=अन्दर। अलाह=अल्लाह। हाफिज=विद्वान।

१६ अविगत……कीजिए=जिस स्थान अलख-अगम्य निरञ्जन मन की पहुँच नहीं, वहां इसे मन स्थिर करके पहुंचाओ, और वहीं स्थिर करो।

१८ पाणियां=पानी में।

मिलै तो सब सुख पाइये, बिछुरे बहु दुख होइ।
दादू सुख दुख राम का, दूजा नाहीं कोइ ॥१६॥

दादू सब जग नीधना, धनवंता नहिं कोइ।
सो धनवंता जाणिये, जाकै रामपदारथ होइ ॥२०॥

दादू आनन्द आत्मा, अविनासी कै साथ।
प्राणनाथ हिरदै बसै, तौ सकल पदारथ हाथ ॥२१॥

अगम अगोचर राखिये, करि करि कोटि जतन।
दादू छाना क्यौं रहै, जिस घटि राम-रतन ॥२२॥

सुमिरण का संसा रह्या, पछितावा मन मांहि।
दादू मीठा रामरस, सगला पीया नांहि ॥२३॥

दादू सिरि करवत वहै, विसरै आतम रांम।
मांहिं कलेजा काटिये, जीव नहीं विश्राम ॥२४॥

जेता पाप सब जग करै, तेता नांव विसारैं होइ।
दादू रांम संभालिये, तौ येता डारै धोइ ॥२५॥

दादू जबही रांम विसारिये, तबही मोटी मार।
खंड खंड करि नाखिये, बीज पड़ै तिहि बार ॥२६॥

---

२२ छाना = गुप्त, अप्रकट।

२३ संसा = संशय, डर। सगला = सारा।

२४ करवत वहै=करौत या आरा चलाए।

२५ संभालिए=स्मरण करे।

२६ खंडि खंडि करि नाखिये = टुकड़े-टुकड़े करडाले।

दादू जबही रांम बिसारिये, तबही हांनां होइ ।
प्राण पिंड सर्बस गया, सुखी न देख्या कोइ ॥२७॥

साहिबजी के नांव मां, भाव भगति बेसास ।
लै समाधि लागा रहै, दादू सांई पास ॥२८॥

बिरह कौ अंग

रतिवंती आरति करै, रांम सनेही आव ।
दादू औसर अब मिलै, यहु बिरहनि का भाव ॥१॥

सबद तुम्हारा ऊजला, चिरिया क्यों कारी ।
तुंही तुंही निसदिन करौं, बिरहा की जारी ॥२॥

साहिब मुखि बोलै नहीं, सेवग फिरै उदास ।
यहु बेदन जिय मैं रहै, दुखिया दादू दास ॥३॥

सबकौं सुखिया देखिये, दुखिया नांहीं कोइ ।
दुखिया दादू दास है, ऐन परस नहिं होइ ॥४॥

दादू इस संसार मैं, मुझसा दुखी न कोइ ।
पीव मिलन के कारणै, मैं जल भरिया रोइ ॥५॥

---

२७ हांना = हानि । पिंड = देह ।
२८ बेसास = विश्वास ।

बिरह कौ अंग

१ रतिवंती = प्रेमरूपा भक्ति से तन्मय जीवात्मा । आरति = आर्ति, वेदना-पूर्वक याचना ।
२ ऊजला = उज्ज्वल ।
३ वेदन = वेदना, पीड़ा ।
४ ऐन परस = [illegible] का प्रत्यक्ष स्पर्श ।

ना वहु मिलै न मैं सुखी, कहु क्यौं जीवन होइ।
जिन मुझकौं घाइल किया, मेरी दारू सोइ।६॥

रांम बिछोही बिरहनी, फिरि मिलन न पावै।
दादू तलपै मीन ज्यूं, तुझ दया न आवै॥७॥

ज्यू अमली कै चित अमल है सूरे कै संग्राम।
निर्धन कै चित धन बसै, यौं दादू कै रांम॥८॥

श्रवना राते नाद सौं, नैनां राते रूप।
जिभ्या राती स्वाद सौं, त्यौं दादू एक अनूप॥९॥

देह पियारी जीव कौं, जीव पियारा देह।
दादू हरि-रस पाइये, जे ऐसा होइ सनेह॥१०॥

मूए पीड़ पुकारतां, वैद न मिलिया आइ।
दादू थोड़ी बात थी, जे टुक दरस दिखाइ॥११॥

दादू इस हिवड़े ये साल, पिव बिन क्योंहि न जाइसी।
जब देखौं मेरा लाल, तब रोम रोम सुख आइसी॥१२॥

दादू पिवजी देखै मुझकौं, हूं भी देखौं पीव।
हूं देखौं, देखत मिलै, तो सुख पावै जीव॥१३॥

दादू हम दुखिया दीदार के, तूं दिल थैं दूरि न होइ।
भावै हमकौं जालिदे, हूंणां है सो होइ॥१४॥

---

६ दारू=दवा।

८ अमली=नशा करनेवाला। अमल=नशा।

९ राते=अनुरक्त। त्यों दादू एक अनेक=वैसेही दादू उस एक अद्वितीय अनुपम परमात्मा के प्रेम में रंग गया है।

१२ हिवडे=हृदय में। साल=पीड़ा, वेदना। क्योंहि न जाइसी=किसी भी तरह नहीं जायगी। आइसी=आयगा, मिलेगा।

तालाबेली प्यास बिन, क्यों रस पीया जाइ।
बिरहा दरसन दरद सौं हम कौं देहु खुदाइ ॥१५॥

गई दसा सब बाहुड़ै, जे तुम प्रगटहु आइ।
दादू ऊजड़ सब बसै, दरसन देहु दिखाइ ॥१६॥

हम कसियें क्या होइगा, बिड़द तुम्हारा जाइ।
पीछैं हीं पछताहुगे, ता थैं प्रगटहु आइ ॥१७॥

दादू इसक अल्लाह का जे कबहूं प्रगटै आइ।
तौ तन मन दिल अरवाह् का सब पड़दा जलि जाइ ॥१८॥

ग्यान ध्यान सब छाड़िदे, जप तप साधन जोग।
दादू बिरहा ले रहै छाड़ि सकल रसभोग ॥१९॥

पीड़ पुराणी नां पडै, जे अन्तर बेध्या होइ।
दादू जीवन मरण लौं, पड्या पुकारै सोइ ॥२०॥

दादू बिरह बिजोग न सहि सकौं, मोपै सह्या न जाइ।
कोइ कहौ मेरे पीवकौं, दरस दिखावै आइ ॥२१॥

दादू बिरह बिजोग न सहि सकौं, निसदिन सालै मोहि।
कोई कहौ मेरे पीवकौं, कब मुख देखौं तोहि ॥२२॥

---

१५ तालाबेली=तड़पन बेचैनी।
१६ बाहुड़ै=लौट आवेगी।
१७ कसिये=कसने से, कष्ट दे-देकर परीक्षा लेने से। बिड़द=बिरुद, प्रण, प्रतिज्ञा।
१८ अरवाह्=रूह, जीवात्माएँ।
२१ बिजोग=वियोग।
२२ सालै=खटकता है।

दादू चोट न लागी विरह की, पीड़ न उपजी आइ।
जागि न रोवै धाह दे, सोवत गई विहाइ ॥२३॥

अंदरि पीड़ न ऊभरै, बाहरि करै पुकार।
दादू सो क्योंकरि लहै, साहिब का दीदार ॥२४॥

मनहीं मांहै झूरणा, रोवै मनहीं मांहि।
मनहीं मांहै धाह दे, दादू बाहरि नांहि ॥२५॥

दादू तौ पिव पाइये, करि मंझे वीलाप।
सुनिहै कबहूँ चित्तधरि, परगट होवै आप ॥२६॥

दादू पाती प्रेम की, बिरला बाँचै कोइ।
वेद पुरान पुस्तक पढ़ै, प्रेम बिना क्या होइ ॥२७॥

दादू सो सर हमकौं मारिलै, जिहि सरि मिलिये जाइ।
निसदिन मारग देखिये, कबहूँ लागै आइ ॥२८॥

प्रीतम मारे प्रेम सौं, तिनकौं क्या मारै।
दादू जारे विरह के, तिनकौं क्या जारै ॥२९॥

रोम रोम रस प्यास है, दादू करहि पुकार।
रांम घटा दल उमंगिकरि, बरसहु सिरजनहार ॥३०॥

प्रीति जु मेरे पीव की, पैठी पिंजर मांहिं।
रोम रोम पिव पिव करै, दादू दूसर नाहिं ॥३१॥

---

२४ धाह दे=धाड़ देकर। सोवत गई विहाइ=तब समझलो कि गफ़लत में ही सारी ज़िंदगी चली गई।

२५ झूरणा=जलना।

२६ मंझ=अन्तर में।

राति दिवस का रोवणा, पहर पलक का नांहि ।
रोवत रोवत मिलि गया, दादू साहिब माहिं ॥३२॥

दादू नैन हमारे बावरे, रोवैं नहिं दिनरात।
सांइ संग न जागहीं पिव क्यों पूछै बात ॥३३॥

जब विरहा आया दरद सौं, तब मीठा लागा रांम ।
काया लागी काल ह्वै, कड़वे लागे कांम ॥३४॥

आसिक मासूक ह्वै गया, इसक कहावै सोइ ।
दादू उस मासूक का, अलहि आसिक होइ ॥३५॥

दादू प्रीतम के पग परसिये, मुझ देखण का चाव ।
तहाँ ले सीस नवाइये जहां धरे थे पाव ॥३६॥

आत्मा अपरंपार की, बसिअम्बर भरतार।
हरे पटम्बर पहिरिकरि, धरती करै सिंगार ॥३७॥

वसुधा सब फूलै फलै, पिरथी अनन्त अपार।
गगन गरजि जल थल भरै, दादू जैजैकार ॥३८॥

परचा कौ अंग

साधू जन क्रीला करैं, सदा सुखी तिहिं गांव ।
चलु दादू उस ठौर की, मैं बलिहारी जांव ॥१॥

---

३२ माहि = हृदय के अन्दर ही।

३३ सांइ संग न जागहीं = स्वामी की विद्यमानता की जब प्रतीति होती है, तब वे नेत्र स्वामिदर्श हो जाते हैं।

३४ काल = विष वासना।

३५ बसिअम्बर — [illegible] । हरे पटम्बर = हरी [illegible] [illegible] है जो धरती ने धारण किया है।

परचा कौ अंग

१ [illegible] = [illegible] ; [illegible] है।

दादू मिहीं महल बारीक है, गाँउ न ठाँउ न नाँउ।
तासौं मन लागा रहै, मैं बलिहारी जाँउ ॥२॥

दादू खेल्या चाहै प्रेमरस, आलम अंगि लगाइ।
दूजे कौं ठाहर नहीं, पुहप न गंध समाइ ॥३॥

जहाँ रांम तहँ मैं नहीं, मैं तहँ नाहीं रांम।
दादू महल बारीक है, द्वै कौं नाही ठाम ॥४॥

दादू है कौं भय घणां, नांहीं कौं कुछ नांहि।
दादू नांहीं होइ रहु, अपणे साहिब मांहि ॥५॥

दादू दरिया प्रेम का, तामैं झूलैं दोइ।
इक आतम परमातमा, एकमेक रस होइ ॥६॥

दादू देखु दयाल कौं, रोकि रह्या सब ठौर।
घटि घटि मेरा सांईयां, तू जिनि जाणै और ॥७॥

तन मन नाहीं मैं नहीं, नहिं माया नहिं जीव।
दादू एकै देखिये, दह दिसि मेरा पीव ॥८॥

दादू अविनासी अंग तेज का, ऐसा तत्त अनूप।
सो हम देख्या नैनभरि, सुन्दर सहज सरूप ॥९॥

---

२ मिहीं=महीन, सूक्ष्म। महल=ब्रह्मधाम, आत्म-स्थिति।

३ खेल्या चाहै=चखना चाहता है। आलम अंगि लगाइ=संसार में लिप्त होकर। ठाहर=स्थान। पुहप न गंध समाइ=फूल में दूसरी गंध समा नहीं सकती।

७ रोकि रह्या=बस रहा है।

८ दह दिसि=दसो दिशाओं में, सर्वत्र।

परम तेज परगट भया, तहं मन रह्या समाइ।
दादू खेलै पीव सौं, नहिं आवै नहिं जाइ ॥१०॥

तेजपुंज की सुन्दरी, तेजपुंज का कंत।
तेजपुंज की सेज परि, दादू बन्या बसन्त ॥११॥

पुहुप प्रेम बरिखैं सदा, हरिजन खेलैं फाग।
ऐसा कौतिग देखिये, दादू मोटे भाग ॥१२॥

कामधेन करतार है, अंमृत सरवै सोइ।
दादू बछरा दूध कौं, पीवै तौ सुख होइ ॥१३॥

ऐसी एकै गाइ है, दूझै बारह मास।
सो सदा हमारे संग है, दादू आतम पास ॥१४॥

दादू दया दयाल की, सो क्यों छानी होइ।
प्रेम-पुलक सुलकत रहै, सदा सुहागनि सोइ ॥१५॥

दादू विगसि विगसि दरसन करै, पुलकि पुलकि रस पान।
मगन गलित माता रहै, अरस परस मिलि प्रान ॥१६॥

दादू जल पाषाण ज्यूं, सेवै सब संसार।
दादू पाणी लूण ज्यूं, कोइ विरला पूजणहार ॥१७॥

---

११ तेजपुंज कंत=आशय यह कि सुन्दरी भी ब्रह्म है, कन्त भी ब्रह्म है, सेज भी ब्रह्म है और बसन्त भी ब्रह्म ही है। सब कुछ ब्रह्म विलास ही है।
१२ कौतिग=कौतुक, लीला। मोटे भाग=बड़े भाग्य से।
१३ सरवै=स्रवै, चुवाती है।
१४ दूझै=दुही जाती है।
१५ छानी=छिपी हुई, गुप्त। सुलकत रहै=सुलकती रहती है।
१६ विगसि विगसि=प्रफुल्लित हो-होकर। गलित=विगलित, मस्त हुआ, विभोर।

साध समाना रांम मैं, रांम रह्या भरपूरि।
दादू दून्यूं एकरस, क्यौंकरि कीजै दूरि ॥१८॥

मिश्री मांहैं मेलिकरि, मोल बिकाना बंस।
यौं दादू महिंगा भया, पारब्रह्म मिलि हंस ॥१९॥

मीठे सौं मीठे भया, खारे सौं खारा।
दादू ऐसा जीव है, यहु रंग हमारा ॥२०॥

मीरां किया मेहर सौं, परदे थैं लापर्द।
राखि लिया दीदार मैं, दादू भूला दर्द ॥२१॥

दादू जिहिं घटि दीपक रांम का, तिहिं घटि तिमिर न होइ।
उस उजियारे जोति के, जग सब देखै सोइ ॥२२॥

दादू देही मांहैं दोइ दिल, इक खाकी इक नूर।
खाकी दिल सूझै नहीं, नूरी मंझि हजूर ॥२३॥

प्रेमपियाला नूर का, आसिक भरि दीया।
दादू दर दीदार मैं, मतिवाला कीया ॥२४॥

दादू प्याला नूर दा, आसिक अरसि पीवंति।
अठे पहर अल्लाह दा, मुंह दिट्ठे जीवंति ॥२५॥

---

१९ बंस=बाँस की खपच्ची, जिसपर मिश्री को जमाते हैं। हंस=जीवात्मा।

२० रंग=प्रकृति।

२१ मीरां=सबसे ऊंचा। लापर्द=आपा के आवरण से रहित।

२३ खाकी=मलिन। नूर=उज्ज्वल, शुद्ध। मंझि=बीच में। हजूर=परमात्मा।

२५ नूर दा=परम प्रकाशमय का (पंजाबी विभक्ति का प्रयोग)। मुँह दिट्ठे=मुख देखता हुआ।

दादू जे जन बेधे प्रीति सौं, सो जन सदा सजीव ।
उलटि समाने आपमैं, अन्तर नांहीं पीव ॥२६॥

परगट खेलै पीव सौं, अगम अगोचर ठांव ।
एक पलक का देखणां, जीवन मरण का नांव ॥२७॥

दादू सेवग सांई वस किया, सौंप्या सब परिवार ।
तब साहिब सेवा करै, सेवग के दरबार ॥२८॥

प्रेम-लहरि की पालकी आतम बैसै आइ ।
दादू खेले पीव सौं, यहु सुख कह्या न जाइ ॥२९॥

प्राण हमारा पीव सौं, यौं लागा रहिये ।
पुहप वास घृत दूध मैं, अब कासौं कहिये ॥३०॥

फल पाका बेली तजी, छिटकाया मुख मांहि ।
सांई अपणा करि लिया सो फिरि ऊगै नांहि ॥३१॥

दादू माता प्रेम का, रस मैं रह्या समाइ ।
अन्त न आवै जबलगो, तबलग पीवत जाइ ॥३२॥

दादू हरिरस पीवतां कबहूँ अरुचि न होइ ।
पीवत प्यासा नित नवा, पीवणहारा सोइ ॥३३॥

---

२६ उलटि समाने आपमैं =अन्तर्मुखी वृत्तियाँ करके अपने-आपमें लीन हो गये, प्रियतम मे एकरस हो गये ।

२९ बैसै=बैठती है ।

३१ छिटकाया=डाल लिया । सो फिरि ऊगै नांहि=वह फिर नहीं उगता, अर्थात् जन्म नहीं लेता ।

३२ अंत ·· लगै=जबतक कि जीवन है ।

दादू जैसे श्रवणां दोइ हैं, ऐसे हूँहिं अपार।
रांम-कथा-रस पीजिये, दादू वारम्बार ॥३४॥

जैसे नैना दोइ हैं, ऐसे हूँहिं अनन्त।
दादू चन्द-चकोर ज्यौं, रस पीवै भगवन्त ॥३५॥

ज्यौं घटि आतम एक है, ऐसे हूँहिं असंख।
भरि भरि राखै रांमरस, दादू एकै अंक ॥३६॥

रोम रोम रस पीजिये, एती रसनां होइ।
दादू प्यासा प्रेम का, यौं बिन तृप्ति न होइ ॥३७॥

चिड़ी चंच भरि ले गई, नीर निघटि नहिं जाइ।
ऐसा बासण नां किया, सब दरिया मांहि समाइ ॥३८॥

जरणा कौ अंग

दादू मनही मांहैं ऊपजै, मनही मांहिं समाइ।
मनही मांहैं राखिये, बाहरि कहि न जणाइ ॥१॥

सोई सेवग सब जरै, जेती उपजै आइ।
कहि न जणावै औरकौं, दादू मांहिं समाइ ॥२॥

---

३५ भगवंत=भगवान का : भाग्यवान्। दरिया माहि समाइ=बर्तन में समुद्र समा जाये; आशय यह कि प्रेमी के अंतर में सारा प्रेम-रस भर जावे।

जरणा कौ अंग

२ सोई सेवग······आइ=वही सच्चा सेवक है, जो समस्त बाह्य जगत् के दृष्ट तथा श्रुत ज्ञान को आत्मसात् कर लेता है। 'जरणा' शब्द का अर्थ पचाना, आत्मसात् करना, गुप्त रखना आदि किया गया है। शान्ति, क्षमा, सहिष्णुता ये सब जरणा के ही फलितार्थ हैं।

सोई सेवग सब जरै, जेता रस पीया।
दादू गूझ गंभीर का, परकास न कीया ॥३॥

सोई सेवग सब जरै, प्रेमरस खेला।
दादू सो सुख कस कहै, जहँ आप अकेला ॥४॥

जरणा जोगी जुगि जुगि जीवै झरणा मरि मरि जाइ।
दादू जोगी गुरमुखी, सहजै रहै समाइ ॥५॥

जरणा जोगी जगपती, अविनासी अवधूत।
दादू जोगी गुरमुखी, निरअंजन का पूत ॥६॥

हैरान कौ अंग

केते पारिख जौहरी, पंडित ग्याता ध्यान।
जाण्या जाइ न जाणिये, का कहि कथिये ग्यान ॥१॥

केते पारिख पचि मुए कीमति कही न जाइ।
दादू सब हैरान हैं, गुंगे का गुड़ खाइ ॥२॥

वारपार को ना लहै कीमति लेखा नाहि।
दादू एकै नूर है, तेजपुंज सब मांहि ॥३॥

---

३ गूझ=गुह्य, गोपनीय।

५ झरणा=चित्तवृत्तियों की अधीनता: वीर्य-क्षरण से भी तात्पर्य है। जरणा= ऊर्ध्वरेता की अर्थात् वीर्यधारण करने की साधना से भी तात्पर्य है।

६ अवधूत=माया-रहित विशुद्ध आत्मस्वरूप। निरअंजन=निरंजन, अविनाशी ब्रह्म।

हैरान कौ अंग

१ ग्यान=ज्ञानी।

पाया पाया सब कहैं, केतक देहु दिखाइ ।
कीमति किनहूँ ना कही, दादू रहु ल्यौ लाइ ॥४॥

पार न देवै आपणा, गोप गूझ मन मांहि ।
दादू कोई ना लहै, केते आवैं जांहि ॥५॥

गुंगे का गुड़ का कहूं, मन जानत है खाइ ।
त्यौं रांमरसाइण पीवतां, सो सुख कह्या न जाइ ॥६॥

दादू केते कहि गये, अन्त न आवै ओर ।
हमहूँ कहते जात हैं, केते कहसी होर ॥७॥

ना कहिं दिठ्ठा ना सुण्या, ना कोइ आखणहार ।
ना कोइ उत्थौं थी फिरया, ना उर वार नपार ॥८॥

देखि दिवाने ह्वै गये, दादू खरे सयान ।
वार पार कोइ नां लहै, दादू है हैरान ॥९॥

दादू जिन मोहनि वाजी रची, सो तुम्ह पूछौ जाइ ।
अनेक एकथैं क्यों किये, साहिब कहि समझाइ ॥१०॥

लै कौ अंग

किहिं मारग ह्वै आइआ, किहिं मारग ह्वै जाइ ।
दादू कोई नां लहै केते करै उपाइ ॥१॥

---

५ गूझ=गुह्य, गुप्त ।

७ कहसी=कहेंगे । होर=और (पंजाबी प्रयोग) ।

८ आखणहार=कहनेवाला । उत्थौं थी=वहां से, परलोक से । उर=वहाँ का ।

९ खरे सयान=पूरे चतुर ।

१० मोहनि=मोह लेनेवाले परमात्माने । वाजी=खेल, लीला ।

लै कौ अंग

१ ना लहै=भेद नहीं मिलता है ।

सून्यहि मारग आइया, सून्यहि मारग जाइ।
चेतन पैंडा सुरति का, दादू रहु ल्यौ लाइ ॥२॥

दादू गावै सुरति सौं, वाणी बाजै ताल।
यहु मन नाचै प्रेम सौं, आगैं दीनदयाल ॥३॥

दादू ज्यौं वै बरत गगन थैं टूटै, कहा धरणि कहँ ठांम।
लागी सुरति अंगथैं छूटै, सो कत जीवै रांम ॥४॥

आदि अंति मधि एकरस, टूटै नहिं धागा।
दादू एकै रहि गया, तब जाणी जागा ॥५॥

निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग

गोव्यंद गोसांई तुम्हें अम्हंचा गुरू, तुम्हें अम्हंचा ग्यान।
तुम्हे अम्हंचा देव तुम्हे अम्हचा ध्यान ॥१॥

तुम्हें अम्हंची पूजा तुम्हे अम्हंचा पाती।
तुम्हे अम्हंचा तीर्थ, तुम्हे अम्हचा जाती ॥२॥

तुम्हे अम्हंचा सील, तुम्हें अम्हंचा सन्तोख।
तुम्हे अम्हंची मुकति, तुम्हे अम्हंचा मोख ॥३॥

---

२ पैंडा=मार्ग। सुरति=लय, तन्मयता। ल्यौ=एकाग्रता से ध्यान।

३ बाजै=बजाती है।

४ दादू ज्यों ... जीवै राम=नट लय लगाकर रस्सी पर ऊपर नाचता है। पीछे उसकी लय टूट जाय तो उसे फिर उस धरती को छोड़ और कहाँ ठौर है, इसी प्रकार प्रभु से लगी लय यदि छूट जाय तो साधक कैसे जी सकता है ?

५ धागा=ब्रह्म से आशय है। जागा=आत्म-बोध हुआ।

निहकर्मी पतिव्रता कौ अंग

१ अम्हंचा अम्हंची=हमारा-हमारी (मराठी प्रयोग)।

दादू रांम कहूं ते जोड़िबा, रांम कहूं ते साखि।
रांम कहूं ते गाइबा, रांम कहूं ते राखि ॥४॥

सब सुख मेरे सांईयां, मंगल अति आनन्द।
दादू साजन सब मिले, जब भेटे परमानन्द ॥५॥

दादू मेरे हिरदै हरि बसै, दूजा नांहीं और।
कहौ कहाँधौं राखिये, नहीं आन कौं ठौर ॥६॥

मन चित मनसा पलक मैं, सांई दूरि न होइ।
निहकामी निरखै सदा, दादू जीवनि सोइ ॥७॥

पतिव्रता गृह आपणै, करै खसम की सेव।
ज्यौं राखै त्यौंही रहै, आग्याकारी टेव ॥८॥

दादू नीच ऊँच कुल सुन्दरी, सेवा सारी होइ।
सोई सुहागनि कीजिये, रूप न पीजै धोइ ॥९॥

पर पुरिखा सब परहरै, सुन्दरि देखै जागि।
आपण पीव पिछाणकरि, दादू रहिये लागि ॥१०॥

आन पुरिख हूँ बहनड़ी, परम पुरिख भर्त्तार।
हूँ अबला समझौं नहीं, तूं जाणै कर्त्तार ॥११॥

---

४ जोड़िबा=पद-रचना करूँगा। साखि=साखी; आत्मानुभूति के दोहे। राखि=दृढ़ धारणा।

८ टेव=स्वभाव।

९ सेवा सारी होइ=यदि सेवा अच्छी हो। रूप......धोइ=केवल सुंदर रूप का आदर नहीं किया जाता।

१० परहरै=छोड़दे। रहिये लागि=प्रीति जोड़कर चिपट रहे।

११ बहनडी=बहन। भर्त्तार=स्वामी।

दादू मारों मौं दिल तोरिकरि, सांई सौं जोरै।
सांई सेती जोड़िकरि, काहेकौं तोरै ॥१२॥

नागी सेवग तबलगैं, जबलग सांई पास।
दादू परसै आन कौं, ताकी कैसी आस ॥१३॥

कीया मन का भावतां, मेटी आग्याकार।
क्या ले मुख दिखलाइये, दादू उस भरतार ॥१४॥

करामाति कलंक है, जाकै हिरदै एक।
अति आनन्द विभचारणी, जाकै खसम अनेक ॥१५॥

दादू रहता राखिये, बहता देइ बहाइ।
बहते संगि न आइये, रहते सौं ल्यौ लाइ ॥१६॥

दादू सो वेदन नहिं बावरे, आंन किये जे जाइ।
सब दुखभंजन सांईयां ताही सौं ल्यौ लाइ ॥१७॥

दादू औषदि मूली कुछ नहीं, ये सब झूठी बात।
जे औषदि ही जीजिये, तौ काहेकौं मरि जात ॥१८॥

साहिब का दर छाड़िकरि, सेवग कहीं न जाइ।
दादू बैठा मूल गहि, डालौं फिरै बलाइ ॥१९॥

सब आया उस एक मैं, डाल पांन फल फूल।
दादू पीछैं क्या रह्या, जब निज पकड़्या मूल ॥२०॥

---

१२ तबलगैं=तबतक। परसै=प्रीति करे।

१५ करामाति=चमत्कार। आनन्द=[illegible] विषय-सुख।

१६ रहता=स्थिर, नित्य। बहता=अस्थिर अनित्य।

१७ दादू सो ... जाइ=अरे बावले. भवजनित दुःख कोई ऐसा-वैसा दुःख नहीं है, जो अन्य साधारण उपायों से चला जाये।

दादू टीका रांम कौ, दूसर दीजै नाहिं।
ग्यान ध्यान तप भेप पख, सब आये उस माहिं ॥२१॥

दादू कोई वांछै मुकतिफल, कोइ अमरापुरि वास।
कोई वांछै परमगति, रांममिलन की प्यास ॥२२॥

प्रेमपियासा रांमरस, हमकौं भावै येह।
रिधि सिधि मांगैं मुकतिफल, चाहै तिनकौं देह ॥२३॥

कोटि वरस क्या जीवणां, अमर भये क्या होइ।
प्रेमभगति रस रांम विन, का दादू जीवनि सोइ ॥२४॥

सुत वित मांगैं वावरे, साहिव सी निधि मेलि।
दादू वै निर्फल गये, जैसे नागरवेलि ॥२५॥

दादू सांई कौं संभालतां, कोटि विघन टलि जांहि।
राई मांन वसंदरा, केते काठ जलांहि ॥२६॥

चितावणी कौ अंग

दादू जे साहिब कौं भावै नहीं, सो सब परहरि प्रांण।
मनसा वाचा कर्मना, जे तूं चतुर सुजांण ॥१॥

---

२१ पख=पक्ष, शास्त्रीय अथवा साम्प्रदायिक वाद।

२२ वांछै=चाहता है। अमरापुरि=स्वर्ग। परमगति=मोक्ष।

२५ मेलि=फेंककर। नागरवेलि=एक लता जो न फूलती है न फलती है।

२६ संभालतां=स्मरण करते हुए। राई मान=एक राईभर ; ज़रा-सी। वसंदरा=आग।

चितावणी कौ अंग

१ प्रांण=हे प्राणी।

दादू जे साहिब कौं भावै नहीं, सो जीव न कीजी रे।
परहरि विषै-विकार सब, अंमृत-रस पीजी रे ॥२॥

दादू कर सांईं की चाकरी, ये हरिनांव न छोड़।
जाणा है उस देसकौं, प्रीति पिया सौं जोड़ ॥३॥

आपा पर सब दूरि कर, रांमनांम-रस लाग।
दादू औसर जात है, जागि सकै तौ जाग ॥४॥

दादू तन मन के गुण छाड़ि सब, जब होइ निनारा।
तब अपने नैनहुं देखिये, परगट पीव पियारा ॥५॥

मन कौ अंग

सो कुछ हमथैं ना भया, जापरि रीझै रांम।
दादू इस संसार मैं, हम आये बेकांम ॥१॥

कीया मन का भावता, मेटी आग्याकार।
क्या ले मुख दिखलाइये, दादू उस भरतार ॥२॥

दादू पंचौं का मुख मूल है, मुख का मनवां होइ।
यहु मन रोकै जतनकरि, साध कहावै सोइ ॥३॥

दादू पचौं ये परमोधिले, इनहीं कौं उपदेस।
यहु मन अपणा हाथि करि, तौ चेला सब देस ॥४॥

---

४ आपा पर=अपने-पराये का भेद-भाव।
५ निनारा=न्यारा, अलग, अनासक्त। परगट=प्रत्यक्ष।

मन कौ अंग

१ जापरि=जिस साधन से।
३ मुख=वाणी।
४ पंचौं=पाँचों इन्द्रियों को। परमोधिले=प्रबोध ले या ज्ञान देदे।

पाका मन डोलै नहीं, निह्चल रहै समाइ।
काचा मन दह दिसि फिरै, चंचल चहुं दिसि जाइ ॥५॥

मन इन्द्री आंधा किया, घट में लहरि उठाइ।
सांई सतगुर छाड़िकरि, देखि दिवांना जाइ ॥६॥

अगनि धोम ज्यौं नीकलै, देखत सवै विलाइ।
त्यौं मन बिछुट्या रांम सौं, दह दिसि वीखरि जाइ ॥७॥

तन में मन आवै नहीं, चंचल चहुँ दिसि जाइ।
दादू मेरा जिव दुखी, रहै न रांम समाइ ॥८॥

कोटि जतन करि करि मुये, यहु मन दह दिसि जाइ।
रांम नांम रोक्या रहै, नांहीं आन उपाइ ॥९॥

यहु मन वहु वकवाद सौं, वाइभूत ह्वै जाइ।
दादू वहुत न वोलिये, सहजैं रहै समाइ ॥१०॥

दादू जिसका दर्पण ऊजला, सो दर्सण देखै मांहिं।
जिसकी मैली आरसी, सो मुख देखै नांहिं ॥११॥

दादू यह मन मींडका, जल सौं जीवै सोइ।
दादू यहु मन रिंद है, जिनि रु पतीजै कोइ ॥१२॥

दादू जे जे चिति वसै, सोइ सोइ आवै चीति।
वाहरि भीतरि देखिये, जाही सेती प्रीति ॥१३॥

---

६ घट ......उठाइ=हृदय में वासना की लहर पैदा करती।

७ धोम=धूम्रॉ।

८ तनमें मन आवै नहीं=मन अन्तर्मुखी नहीं हो रहा है।

१० वाइभूत=वातप्रकोप, प्रेत-बाधा जैसी उन्मत्त चेष्टा करना।

१२ मींडका=मेंढक। रिंद=स्वेच्छाचारी। जिनि पतीजै कोई=कोई इस-पर विश्वास न करे।

बरतणि एकै भांति सब, दादू संत असंत।
भिन्न भाव अन्तरवणा, मनसा तहँ गच्छंत ॥१४॥

माया कौ अंग

दादू माया का सुख पंचदिन, गर्ब्यौं कहा गंवार।
सुपिनें पायौ राजधन, जात न लागै वार ॥१॥

दादू जतन जतन करि राखिये, दिढ़ गहि आतममूल।
दूजा दृष्टि न देखिये, सब ही सैंवल फूल ॥२॥

मन की मूठि न मांडिये, माया के नीसाण।
पीछैं ही पछिताहुगे, दादू खोटे बाण ॥३॥

कुछ खातां कुछ खेलतां, कुछ सोवत दिन जाइ।
कुछ विषियारस बिलसतां, दादू गये बिलाइ ॥४॥

मांखण मन पाहण भया, मायारस पीया।
पाहण मन माखण भया, रांमरस लीया ॥५॥

दादू नगरी चैन तब, जब इक राजी होइ।
दोइ राजी दुख दुंद मैं, सुखी न बैसै कोइ ॥६॥

---

१४ बरतणि=ऊपरी चेष्टा। मनसा तहँ गच्छंत=वहाँ मन कहाँ जा रहा है यह देखा जाता है।

माया कौ अंग

२ सैंवल=सेमर वृक्ष; इस वृक्ष के लाल फल के अंदर गूदा नहीं होता, केवल रुई रहती है।

३ मन की मूठि......बाण=मनरूपी तीर को कमानपर चढ़ाकर माया के निशान पर न छोड़े, अर्थात् मन को माया में न लगावे, नहीं तो इन खोटी तीरन्दाजी से बहुत पछताना पड़ेगा।

४ गये बिलाइ=समाप्त हो गये, अन्त आ गया।

६ इक राजी=केवल एक राजा का राज्य। दोइ राजी=एक साथ दो-दो राजाओं का राज्य।

काम कठिन घट चोर हैं, मूसै भरे भंडार।
सोवतहीं ले जाइगा, चेतनि पहरे चार ॥७॥

ज्यों घुन लागै काठ कौं, लोहै लागै काट।
काम किया घट जाजरा, दादू बारह बाट ॥८॥

आपै मारै आपकौं, आप आपकौं खाइ।
आपै अपणा काल है दादू कहि समझाइ ॥९॥

सांपणि इक सब जीव कौं, आगै पीछै खाइ।
दादू कहि उपगार करि, कोइजन ऊबरि जाइ ॥१०॥

दादू माया कारणि जग मरै, पीव के कारणि कोइ।
देखौ ज्यौं जग परजलै, निमप न न्यारा होइ ॥११॥

काल कनक अरु कामिनी, परहरि इनका अंग।
दादू सब जग जलि मुवा, ज्यौं दीपक जोति पतंग ॥१२॥

दादू केते जलि मुए, इस जोगी की आगि।
दादू दूरे वंचिये, जोगी के संगि लागि ॥१३॥

विना भुवंगम हम डसे, विन जल डूबे जाइ।
विनहीं पावक ज्यौं जले, दादू कुछ न वसाइ ॥१४॥

सुर नर मुनियर वसि किये, ब्रह्मा विश्न महेस।
सगल लोक के सिर खड़ी, साधू के पग हेठ ॥१५॥

---

७ मूसै=चुरा लेता है।

८ काट=मोरचा, जंग। जाजरा=जर्जर। बाहरबाट=सत्यानाश।

११ परजलै=प्रज्वलित होता है, जलता रहता है।

देखौ......होइ=देखो, जिस प्रकार यह सारा जगत् जल रहा है, तो भी कोई क्षणमात्र भी इस माया से न्यारा नहीं होना चाहता।

१३ जोगी की आगि=परमेश्वर की आग ; माया से आशय है।

१५ मुनियर=मुनिवर। हेठ=नीचे दबी पड़ी है।

दादू माया चेरी सन्त की, दासी उस दरबारि।
ठकुराणी सब जगत की, तीन्यूं लोक मंझारि ॥१६॥

जोगणि ह्वै जोगी गहे, सोफणि ह्वै करि सेख।
भगतणि ह्वै भगता गहे, करि करि नाना भेख ॥१७॥

दादू जेहि घट ब्रह्म न प्रगटै, तहँ माया मंगल गाइ।
दादू जागै जोति जब तब माया भरम विलाइ ॥१८॥

माता नारी पुरिख की, पुरिख नारि का पूत।
दादू ग्यान विचारिकरि, छाड़ि गये अवधूत ॥१९॥

माया मैली गुणमई धरि धरि उज्जल नांव।
दादू मोहे सबनकौं, सुर नर सबहीं ठांव ।२०॥

चिंतामणि कंकर किया, मागै कछू न देइ।
दादू कंकर डारिदे, चिंतामणि कर लेइ ॥२१॥

सूरिज फटिक पषाण का. तासौं तिमर न जाइ।
साचा सूरिज परगटै. दादू तिमर नसाइ ॥२२॥

मूरति घड़ी पखाण की, कीया सिरजनहार।
दादू साच सूझै नहीं, यूं डूबा संसार ॥२३॥

---

१७ सोफणि=सूफिनी, सूफी की चेली। सेख=अद्वैतवादी मुसलमान फकीर।

१९ अवधूत=विशुद्धात्मा मुक्तपुरुष।

२० गुणमई=त्रिगुणात्मिका।

२१ चिंतामणि=एक मणि जिसे प्राप्त करने से, कहते हैं, सब चिंताएँ दूर हो जाती हैं।

२२ फटिक= स्फटिक, बिल्लौर।

२३ घड़ी=बनाई। कीया=रचा।

माया सांपणि सब डसै, कनक कांमणी होइ।
ब्रह्मा बिश्न महेस लौं, दादू बचै न कोइ ॥२४॥

बाबा बाबा कहि गिलै. भाई कहि कहि खाइ।
पूत पूत कहि पी गई, पुरिखा जिनि पतियाइ ॥२५॥

साच कौ अंग

आपस कौं मारै नांही, पर कौं मारन जाइ।
दादू आपा मारे बिना, कैसे मिलै खुदाइ ॥१॥

सो काफिर जे बोलै काफ, दिल अपणा नहिं राखै साफ।
सांई कौं पहिचानै नांही, कूड़ कपट सब उनहीं मांहीं ॥२॥

सांई का फुरमान न मानैं, कहां पीव ऐसैं करि जानैं।
मन आपणौं मैं समझत नांहीं निरखत चलै आपणीं छांहीं ॥३॥

जोर करै, मसकीन सतावै, दिल उसकी मैं दर्द न आवै!
सांई सेती नांही नेह, गर्व करै अति अपणीं देह ॥४॥

इन बातन क्यौं पावै पीव, परधन ऊपरि राखै जीव।
जोर जुलम करि कुटंब सूं खाइ, सो काफिर दोजग मैं जाइ ॥५॥

मुसलमान जो राखै मान, सांई का मानै फुरमान।
सारों कौं सुखदाई होई, मुसलमान करि जानूं सोई ॥६॥

---

२५ गिलै = निगल जाती है। पुरिखा = समझदार आदमी।

साच कौ अंग

१ आपस = खुदी, आपा; अहंकार।

२ काफ़ = नास्तिकता, ईश्वरपर अविश्वास। कूड़ = झूठ।

३ फुरमान = आदेश। निरखत चलै आपनी छांहीं = ऐंठकर चलता है।

४ जोर = जुलम। मसकीन = गरीब।

५ दोजग = दोज़ख, नरक।

६ [illegible] : सत्य पर विश्वास।

दादू मुसलमान मिहर गहि रहै, सबकौं सुख, किसहीं नहिं दहै।
मुवा न खाइ, जिवत नहिं मारै, करै बंदगी राह संवारै ॥७॥

सो मोमिन मनमैं करि जाणि, सति सबूरी बैसे आणि।
चलै साच संवारै बाट, तिनकूं खुले भिस्त के पाट ॥८॥

सो मोमिन मोमदिल होइ, सांई कौं पहिचानै सोइ।
जोर न करै, हराम न खाइ, सो मोमिन भिसत मैं जाइ ॥६॥

फूटी नाव समंद मैं, सब डूबण लागे।
अपणां अपणां जीव ले, सब कोई भागे ॥१०॥

इस कलि केते ह्वै गये, हिन्दू मूसलमान।
दादू साची बंदगी, झूठा सब अभिमान ॥११॥

दादू कायामहल मैं निमाज गुजारूं, तहँ और न आवन पावै।
मन मणके करि तसबी फेरूं, तब साहिब के मन भावै ॥१२॥

दिल दरिया मैं गुसल हमारा, ऊजू करि चित लाऊं।
साहिब आगै करूं बंदगी, बेर बेर बलि जाऊं ॥१३॥

दादू पंचों संगि संभालूं सांई, तन मन तब सुख पाऊं।
प्रेमपियाला पिवजी देवैं, कलमा ये लै लाऊं ॥१४॥

दादू हिन्दू मारग कहै हमारा, तुरक कहै रह मेरी।
कहां पथ है कहौ अलह का, तुम तौ ऐसी हेरी ॥१५॥

---

७ दहै=जलाता है, दुख देता है। मुवा=मुर्दार मास। राह सँवारै=धर्म-कर्म से अपने परलोक का रास्ता बनाता है।

८ सबूरी=सन्तोष। मोमिन=धार्मिक मुसलमान। सँवारै बाट=जो परलोक का रास्ता बनाता है। भिस्त=बहिश्त, स्वर्ग।

१२ तसबी=तसबीह, माला।

१३ ऊजू=वजू, नमाज से पहले मुँह-हाथ धोने की क्रिया।

दादू पद जोड़ै साखी कहै, विषै न छाड़ै जीव।
पानी घालि विलोइये, क्यौंकरि निकसै घीव ॥१६॥

कहिबे सुनिबे मन खुसी, करिबा औरै खेल।
बातौं तिमर न भाजई, बिन दीवा बाती तेल ॥१७॥

मनसा के पकवान सौं, क्यौं पेट भरावै।
ज्यौं कहिये त्यौं कीजिये, तबहीं बनि आवै ॥१८॥

दादू बातौं ही पहुँचै नहीं, घर दूरि पयाना।
मारग पंथी उठि चलै, दादू सोई सयाना ॥१९॥

दादू निवरे नांव बिन, झूठा कथैं गियान।
बैठे सिर खाली करैं, पंडित वेद पुरान ॥२०॥

सब हम देख्या सोधिकरि, वेद कुरानौं मांहि।
जहां निरंजन पाइये, सो देस दूरि इत नांहि ॥२१॥

मसि कागद के आसिरे, क्यों छूटै संसार।
रांम बिना छूटै नहीं, दादू भर्म बिकार ॥२२॥

कागद काले करि मुये, केते वेद पुरान।
एकै अखिर पीव का, दादू पढ़ै सुजान ॥२३॥

दादू पाती प्रेम की, बिरला बांचै कोइ।
वेद पुरान पुस्तक पढ़े, प्रेम बिना क्या होइ ॥२४॥

---

१७ बातौं ..... तेल=बिना दिये, बत्ती और तेल के कोरी बातों से अंधेरा दूर नहीं होता। तुलसीदास ने भी कहा है, 'निसि गृहमध्य दीप की बातन्हि तम निवृत्त नहिं होई।'

१९ पयाना=प्रयाण, कूच।

२० निवरे=बहुत सारे।

२३ अखिर=अक्षर।

अंतरगति औरै कछू, मुख रसना कुछ और।
दादू करणी और कुछ, तिनकौं नाहीं ठौर ॥२५॥

दादू दून्यूं भरम हैं, हिन्दू तुरक गँवार।
जे दुहुवाँ थैं रहित हैं, सो गहि तत्त विचार ॥२६॥

पूरण ब्रह्म विचारिये, सकल आतमा एक।
काया के गुण देखिये, नाना वरण अनेक ॥२७॥

दादू जिन कंकर पत्थर सेविया, सो अपना मूल गँवाइ।
अलख देव अंतरि वसै, क्या दूजी जागह जाइ ॥२८॥

पत्थर पीवें धोइकरि, पत्थर पूजैं प्राण।
अन्तिकाल पत्थर भये, वहु बूड़े इहि ग्यान ॥२९॥

दादू पैंडे पाप कै, कदे न दीजै पांव।
जिहिं पैंडे मेरा पिव मिलै, तिहिं पैंडे का चाव ॥३०॥

दादू केई दौड़े द्वारिका, केई कासी जांहि।
केई मथुरा कौं चले, साहिब घटहीं मांहि ॥३१॥

दादू सब थे एक के, सो एक न जांना।
जणे जणे का ह्वै गया, यहु जगत दिवांना ॥३२॥

सोइ जन साचे सो सती, सोइ साधक सूजान।
सोइ ग्यानी सोइ पंडिता, जे राते भगवान ॥३३॥

सोई काजी, सोई मुल्ला, सोइ मोमिन मूसलमान।
सोई सयाने सब भले, जे राते रहिमान ॥३४॥

---

२८ जागह=जगह, तीर्थस्थानों से तात्पर्य है।
३० पैंडे=रास्ता से।
३३ राते=रँगे हुए, अनुरक्त।

कबीर बिचारा कह गया, बहुत भांति समझाइ।
दादू दुनिया बावरी, ताके संगि न जाइ ॥३५॥

जे पहुँचे ते कहि गये, तिनकी एकै बात।
सबै सयाने एकमत, उनकी एकै जात ॥३६॥

जे पहुँचे ते पूछिये, तिनकी एकै बात।
सब साधौं का एकमत, बिच के बारह बाट ॥३७॥

भेष कौ अंग

दादू कनक कलस विष सूं भरया, सो किस आवै काम।
सो धनि कूटा चाम का, जामैं अंमृत रांम ॥१॥

पीव न आवै बावरी, रचि रचि करै सिंगार।
दादू फिरि फिर जगत सूं, करैगी तूं बिभचार ॥२॥

साध कौ अंग

दादू निराकार मन सुरति सौं, प्रेम प्रीति सौं सेव।
जे पूजै आकार कौं, तौ साधू प्रतखि देव ॥१॥

साध नदी, जल रांमरस, तहां पखालै अंग।
दादू निर्मल मल गया साधू जन के संग ॥२॥

दादू नेड़ा परमपद, करि साधू का संग।
दादू सहजैं पाइये, तन मन लागै रंग ॥३॥

भेष कौ अंग

१ कूटा चाम का=चमड़े का कुप्पा। धनि=धन्य है।

साध कौ अंग

१ प्रतखि=प्रत्यक्ष।
२ पखालै=पखारे, धोये, निर्मल करे।
३ नेड़ा=निकट। परमपद=मोक्ष। रंग=प्रेम-भक्ति।

दादू नेड़ा परमपद, साधू संगति होइ ।
दादू सहजैं पाइये, स्याबत सन्मुख सोइ ॥४॥

साध मिलै तब ऊपजै, हिरदै हरि का भाव ।
दादू संगति साध की, जब हरि करै पसाव ॥५॥

दादू पाया प्रेमरस, साधू-संगति माहिं ।
फिरि फिरि देखै लोक सब, यहु रस कतहूं नाहिं ॥६॥

दादू जिस रस कूं मुनियर मरैं, सुरनर करैं कलाप ।
सो रस सहजैं पाइये, साधू-संगति आप ॥७॥

दादू चन्दन कदि कह्या, अपना प्रेमप्रकास ।
दह दिसि परगट ह्वै रह्या, सीतल गन्ध सुवास ॥८॥

दादू पारस कदि कह्या, मुझ थी कंचन होइ ।
पारस परगट ह्वै रह्या, साच कहै सब कोइ ॥९॥

जे जन हरि के रंगि रगे, सो रग कदे न जाइ ।
सदा सुरगे सन्तजन, रग मैं रहे समाइ ॥१०॥

परउपगारी सन्त सब, आये इहि कलि माहिं ।
पिवैं पिलावैं रांमरस, आप सवारथ नाहिं ॥११॥

चन्द सूर पावक पवन, पाणी का मत सार ।
धरती अम्बर रातिदिन, तरवर फलैं अपार ॥१२॥

---

४ स्याबत=पूर्ण, अखण्ड ।

५ पसाव=प्रसाद, कृपा ।

७ मुनियर=मुनिवर । मरैं=घोर तप करके प्रयत्न करते हैं ।

११ सवारथ=स्वार्थ ।

१२ चन्द ... अपार=चन्द्र, सूर्य, अग्नि, पवन, जल, पृथ्वी, आकाश और वृक्ष सदा दूसरों के लिए ही अपनी अमूल्य सम्पत्ति लुटाते रहते हैं— अथवा, 'परोपकाराय सतां विभूतयः ।'

दादू इस संसार मैं, ये द्वै रतन अमोल।
इक सांई अरु संतजन, इनका मोल न तोल ॥१३॥

जलती बलती आत्मा, साध सरोवर जाइ।
दादू पीवै रांमरस, सुख में रहै समाइ ॥१४॥

जिहिं घटि दीपक रांम का, तिहिं घटि तिमर न होइ।
उस उजियारे जोति के, सब जग देखै सोइ ॥१५॥

साध सदा संजमि रहै, मैला कदे न होइ।
दादू पंक परसै नहीं, कर्म न लागै कोइ ॥१६॥

को साधू जन उस देस का, आया इहि संसार।
दादू उसकौं पूछिये, प्रीतम के समचार ॥१७॥

साध सबद-सुख बरखिहैं, सीतल होइ सरीर।
दादू अन्तरि आत्मा, पीवै हरिजल नीर ॥१८॥

सबही मृत्तक ह्वै रहे, जीवैं कौन उपाइ।
दादू अंमृत रांमरस, को साधू सींचै आइ ॥१९॥

हरिजल बरिखै बाहिरा, सूके काया-खेत।
दादू हरिया होइगा, सींचणहार सुचेत ॥२०॥

विष का अंमृत करि लिया, पावक का पाणी।
बांका सूधा करि लिया, सो साध बिनाणी ॥२१॥

---

१६ संजमि=संयमी, निर्मल। पंक=कर्म की आसक्ति से आशय है।

२० हरिजल······सुचेत=यदि सींचनेवाला साधक सुचेत हो, तो हरिजल के बरसते ही जिन कायारूपी खेतों को काम-क्रोध के वायु ने सुखा दिया था, वे हरे हो जायेंगे।

२१ बिनाणी=विज्ञानी।

दादू ऊण पूरा करि लिया, खारा मीठा होइ।
फूटा सारा करि लिया, साध बमेकी सोइ ॥२२॥

बंध्या मुक्ता करि लिया, उरझ्या सुरझि समान।
वैरी मिंता करि लिया, दादू उत्तिम ग्यान ॥२३॥

मधि कौ अंग

मति मोटी उस साध की, द्वै पख रहित समान।
दादू आपा मेटिकरि सेवा करै सुजान ॥१॥

कछु न कहावै आपकौ, काहू संगि न जाइ।
दादू निर्पख ह्वै रहै, साहिब सौं ल्यौ लाइ ॥२॥

एक देस हम देखिया, तहं रुति नहिं पलटै कोइ।
हम दादू उस देस के, जहं सदा एकरस होइ ॥३॥

एक देस हम देखिया, नहिं नेड़े नहिं दूरि।
हम दादू उस देस के, रहे निरंतरि पूरि ॥४॥

ना घरि रह्या न बन गया ना कुछ किया कलेस।
दादू मनहीं मन मिल्या, सतगुर के उपदेस ॥५॥

घर बन माहैं सुख नहीं, सुख है सांई पास।
दादू तासौं मन मिल्या, इन थैं भया उदास ॥६॥

---

२२ ऊण=अधूरा। सारा=साबत, अखण्ड। बमेकी=विवेकी।
२३ मिंता=मित्र।

मधि कौ अंग

१ द्वै पख रहित=दोनों पक्षों, अर्थात मित्र पक्ष तथा शत्रु पक्ष दोनों से दूर, तटस्थ, उदासीन।
३ रुति=ऋतु।
६ उदास=तटस्थ।

दादू जीवन मरण का, मुझ पछितावा नांहि।
मुझ पछितावा पीव का, रह्या न नैनहुं मांहि ॥७॥

सुरग नरक संसै नहीं, जीवन मरण भै नांहि।
रामविमुख जे दिन गये, सो सालैं मन मांहि ॥८॥

दादू हिन्दू तुरक न होइबा, साहिब सेती कांम।
षट दर्सन संगि न जाइबा, निर्पख कहिबा रांम ॥९॥

दादू ना हम हिन्दू होहिंगे, ना हम मूसलमान।
षट दर्सन मैं हम नहीं, हम राते रहिमान ॥१०॥

दादू करणी हिन्दू तुरक की, अपणी अपणी ठौर।
दुहुं बिचि मारग साध का, यहु संतौं की रह और ॥११॥

दादू हिन्दू लागे देहुरै, मूसलमान मसीति।
हम लागे एक अलेख सौं, सदा निरन्तर प्रीति ॥१२॥

ना तहँ हिन्दू देहुरा, ना तहँ तुरक मसीति।
दादू आपै आप है, नहीं तहाँ रह रीति ॥१३॥

यहु मसीति यहु देहुरा, सतगुर दिया दिखाइ।
भीतरि सेवा बंदिगी, बाहरि काहे जाइ ॥१४॥

अपने अपने पंथ कौं, सबको कहै बढ़ाइ।
तार्थे दादू एक सौं, अन्तरगति ल्यौ लाइ ॥१५॥

दादू भाव-हीण जे पृथमी, दया-विहूणा देस।
भगति नहीं भगवंत की, तहँ कैसा परवेस ॥१६॥

---

८ संसै=भय। सालैं=कष्ट देते हैं।

९ षट्दर्शन=छह शास्त्र।

११ रह=राह।

१२ देहुरा=मंदिर। मसीति=मसजिद।

सारग्राही कौ अंग

दादू गऊ बच्छ का ग्यान गहि, दूध रहै ल्यौ लाइ ।
सींग पूंछ पग परहरै, अस्थन लागै धाइ ॥१॥

दादू साध सबै करि देखणां, असाध न दीसै कोइ ।
जिहिं के हिरदै हरि नहीं, तिहिं तनि टोटा होइ ॥२॥

जब जीवनमूरी पाइये, तब मरिबा कौन बिसाहि ।
दादू अमृत छाड़िकरि, कौन हलाहल खाहि ॥३॥

दादू एकै घोड़ै चढ़ि चलै दूजा कोतिल होइ ।
दुहुं घोड़ौं चढ़ि बैसतां, पारि न पहुंता कोइ ॥४॥

विचार कौ अंग

मीत तुम्हारा तुम्ह कनैं, तुमहीं लेहु पिछाणि ।
दादू दूरि न देखिये, प्रतिबिंबा ज्यूं जाणि ॥१॥

दादू सोचि करै सो सूरिवां, करि सोचै सो कूर ।
करि सोच्यां मुख स्याम है, सोचि कियां मुख नूर ॥२॥

जे मति पीछै ऊपजै, सो मति पहिलीं होइ ।
कबहुं न होवै जी दुखी, दादू सुखिया सोइ ॥३॥

सारग्राही कौ अंग

१ अस्थन=थन, स्तन ।
२ तिहि तनि टोटा होइ=उस शरीर से हानि ही है ।
३ जीवनमूरी=संजीवनी बूटी । बिसाहि=मोल ले ।
४ कोतिल=बिना सवारी का घोड़ा । बैसता=बैठा हुआ । पहुंता=पहुँचा ।

विचार कौ अंग

१ तुम्ह कनैं=तुम्हारे पास ।
२ सूरिवां=शूर, पुरुषार्थी । करि सोचै=पीछे सोचता है । कूर=मूर्ख, कायर । स्याम=काला, मलिन । नूर=उज्ज्वल ।

वेसास कौ अंग

दादू सहजैं सहजैं होइगा, जे कुछ रचिया रांम ।
काहेकौं कलपै मरै, दुखी होत वेकांम ॥१॥

दादू भाड़ा देह का, तेता सहजि विचारि ।
जेता हरि वीचि अन्तरा, तेता सबै निवारि ॥२॥

विपति भली हरिनांव सौं, काया कसौटी दुख ।
रांम विना किस कांम का, दादू संपति सुख ॥३॥

दादू होणा था सो ह्वै रह्या, जिनि वांछै सुख दुख ।
सुख मांगे दुख आइसी, पै पिव न विसारी मुख ॥४॥

दादू होणा था सो ह्वै रह्या, जे कुछ कीया पीव ।
पल वधै न छिन घटै, ऐसी जाणी जीव ॥५॥

दादू होणा था सो ह्वै रह्या, और न होवै जाइ ।
लेणा था सो ले रहे, और न लीया जाइ ॥६॥

सांई सत सन्तोख दे, भाव भगति वेसास ।
सिदक सवूरी साच दे, मांगै दादू दास ॥७॥

पीव पिछाण कौ अंग

सव लालौं सिरि लाल है, सव खूवौं सिरि खूव ।
सव पाकौं सिरि पाक है, दादू का महवूव ॥१॥

वेसास कौ अंग

४ जिनि वांछै=मत इच्छा कर ।

५ वधै=बढ़ता है ।

७ वेसास=विश्वास, श्रद्धा । सवूरी=संतोष ।

पीव पिछाण कौ अंग

१ सव लालों सिरि=सव प्यारों से ऊपर, अत्यंत उत्कृष्ट । खूवौं सिरि=सुन्दर

जे था कंत कबीर का, सोई बर बरिहूँ ।
मनसा वाचा कर्मना, मैं और न करिहूँ ॥२॥

लोहा पारस परसिकरि, पलटै अपना अंग ।
दादू कंचन ह्वै रहै, अपने सांई संग ॥३॥

समर्थाई कौ अंग

मीरां मुझसौं मिहर करि, सिर पर दीया हाथ ।
दादू कलिजुग क्या करै, सांई मेरा साथ ॥१॥

साहिब राखै तो रहै, काया माहैं जीव ।
हुक्मी बंदा उठि चलै, जबहिं बुलावै पीव ॥२॥

सबद कौ अंग

साचा सबद कबीर का, मीठा लागै मोहि ।
दादू सुनतां परमसुख, केता आनन्द होहि ॥१॥

जीवतमृतक कौ अंग

जीवत माटी मिलि रहै, सांई सन्मुख होइ ।
दादू पहली मरि रहै, पीछै तौ सब कोइ ॥१॥

दादू मेरा बैरी मैं मुवा, मुझे न मारै कोई ।
मैं ही मुझकौं मारता, मैं मरजीवा होइ ॥२॥

से ऊपर, अनुपम सुन्दर । महबूब=प्रियतम ।

२ सोई बर बरिहूँ=उसी वर के साथ ब्याह करूँगी ।

जीवतमृतक कौ अंग

१ जीवत माटी मिलि रहै=जीते जी ही अहंकार को नष्टकर अपने आपको मृतवत् मानले ।

२ मैं मुवा=अहंभाव मर गया । मरजीव=अहंकार को मारकर अमर हो जाना ।

दादू तौ तूं पावै पीव कौं, जे जीवतमृतक होइ।
आप गँवाये पिव मिलै, जानत है सब कोइ ॥३॥

मेरे आगै मैं खड़ा, ताथैं रह्या लुकाइ।
दादू परगट पीव है. जे यहु आपा जाइ ॥४॥

तन मन मैदा पीसिकरि, छांणि छांणि ल्यौ लाइ।
यौं बिन दादू जीव का, कबहूँ साल न जाइ ॥५॥

गुंगा गहिला बावरा, सांई कारण होइ।
दादू दिवाना ह्वै रहै ताकौं लखै न कोइ ॥६॥

सूरातन कौ अंग

जे मुझ होते लाख सिर, तौ लाखौं देती वारि।
सह मुझ दीया एक सिर, सोई सौंपै नारि ॥१॥

जीवूं का संसा पड्या, को काकौं तारै।
दादू सोई सूरिवां, जे आप उबारै ॥२॥

पीछै कौं पग ना भरै, आगैं कौं पग देइ।
दादू यहु मत सूर का, अगम ठौर कौ लेइ ॥३॥

---

४ ताथैं रह्या लुकाइ=प्रियतम इसीलिए छिपा हुआ है।

५ मैदा……लाइ=मन को मैदा की तरह बारीक पीसकर व छानकर परमात्मा से लौ लगानी चाहिए। आशय यह कि यदि परमात्मा से प्रीति लगानी है तो मन को इतना काबू में कर लेना चाहिए कि उसमें वासना का लेश भी न रह जाय, सूक्ष्मतम होकर शून्यवत् हो जाये।

६ गहिला=पागल, मूर्ख।

सूरातन कौ अंग

१ सह=स्वामी।

२ संसा=संशय, डर। सूरिवां=शूरवीर। उबारै=(मृत्यु-भय से) बचाले।

३ भरै=रखता है।

जे सिर सौंप्या राम कौं, सो सिर भया सनाथ ।
दादू दे ऊरण भया, जिसका तिसके हाथ ॥४॥

सिर के साटै लीजिये, साहिबजी का नांव ।
खेलै सीस उतारिकरि दादू मैं बलि जांव ॥५॥

दादू मरणा खूब है, मरि मांहै मिलि जाइ ।
साहिब का संग छांड़िकरि, कौन सहै दुख आइ ॥६॥

दादू जे तूं प्यासा प्रेम का, तौ जीवन की क्या आस ।
सिर के साटै पाइये, तौ भरि भरि पीवै दास ॥७॥

मन मनसा मरै नहीं, काया मारण जाहि ।
दादू बांबी मारिये, सर्प मरै क्यौं मांहि ॥८॥

जब झूझै तब जाणिये, काछि खड़े क्या होइ ।
चोट मुंहै मुंह खाइगा, दादू सूरा सोइ ॥९॥

दादू जे तू प्यासा प्रेम का, तौ किसकौं सैंतै जीव ।
सिर के साटै लीजिये, जे तुझ प्यारा पीव ॥१०॥

काल कौ अंग

दादू यहु घट काचा जल भर्‌या बिनसत नाहीं बार ।
यहु घट फूटा जल गया, समझत नहीं गंवार ॥१॥

---

४ ऊरण=ऋणमुक्त ।

५ साटै=सौदे में, बदले में ।

६ मांहि=(परमात्मा) में ।

८ बांबी=सांप का बिल । मांहि=बिल के अंदर ।

९ झूझै=जूझे, युद्ध करे । काछि=लड़ाई का भेष बनाकर । मुंहै मुंह=सामने ।

१० सैंतै=बचाकर रखना है ।

काल-कीट तन-काठ कौं, जुरा जनम कूं खाइ।
दादू दिन दिन जीव की आव घटंती जाइ ॥२॥

पंथ दुहेला दूरि घर, संग न साथी कोइ।
उस मारग हम जाहिंगे, दादू क्यौं सुख सोइ ॥३॥

सब जग सूता नींदभरि, जागै नांहीं कोइ।
आगै पीछै देखिये, प्रतखि परलै होइ ॥४॥

जे उपज्या सो विनसिहै, कोई थिर न रहाइ।
दादू वारी आपणी, जे दीसै सो जाइ ॥५॥

दादू अवसर चलि गया, वरियां गई विहाइ।
कर छिटकें कहँ पाइए, जन्म अमोलिक जाइ ॥६॥

दादू प्राण पयाण करि गया, माटी धरीम सांणा।
जालणहारे देखिकरि, चेतै नहीं अजाणा ॥७॥

अविनासी कै आसरै, अजरावर की ओट।
दादू सरणै साच कै, कदे न लागै चोट ॥८॥

काल कौ अंग

२ जुरा=जरा, बुढ़ापा। आव=आयु।

३ दुहेला=बड़ा कठिन, विकट। सुख सोइ=संसारी सुख में गाफ़िल पड़ा सो रहा है।

४ प्रतखि=प्रत्यक्ष। परलै=प्रलय, मृत्यु।

५ थिर=स्थिर, अमर। जे दीसै सो जाइ=जो दीखता है वह नष्ट हो जायेगा।

६ वरियाँ=अवसर। कर छिटकें=हाथ से छूटे।

७ मसाणा=श्मशान, मरघट। माटी=मृत शरीर। अजांणा=मूर्ख।

८ अजरावर की ओट=अजर-अमर परमात्मा की शरण। कदे=कभी।

बाहरि गढ़ निर्भै करै, जीवे के ताईं।
दादू माँहैं काल है, सो जाणै नांहीं ॥९॥

दादू विषै अंमृत घट मैं वसैं, दून्यूं एकै ठॉव।
माया विषै विकार सब, अंमृत हरि का नॉव ॥१०॥

दादू धरती करते एक डग, दरिया करते फाल।
हांकौं पर्वत फाड़ते, सो भी खाये काल ॥११॥

आपै मारैं आपकौं, आप आपकौं खाइ।
आपै अपना काल है, दादू कहि समझाइ ॥१२॥

सजीवन कौ अंग

जे जन वेधे प्रीति सौं, ते जन सदा सजीव।
उलटि समाने आपमैं, अन्तर नाहीं पीव ॥१॥

दादू कहै सब रंग तेरे, तैं रंगे, तूहीं सब रंग माहिं।
सब रंग तेरे, तैं किये, दूजा कोई नांहि ॥२॥

देह रहै संसार मैं, जीव राम के पास।
दादू कुछ व्यापै नहीं, काल-झाल दुख त्रास ॥३॥

---

११ करते फाल=एक कूद में लाँघ जाते थे। हाँकों=ललकारों से।

सजीवन कौ अंग

१ उलटि……आपमें=वृत्तियों को विषय की ओर से अन्तर्मुखी करके आत्मस्थित हो गये।

अन्तर नाहीं पीव=उनमें और परमात्मा में फिर कोई भेद नहीं रहा, दोनों एक ही गये।

२ तैं रंगे= तू ही रंग है। किये=रचे।

३ झाल=ज्वाला।

मरै त पावै पीव कौं, जीवत बंचै काल ;
दादू निर्भै नांव ले, दून्यौं हाथि दयाल ॥४॥

दिन दिन लहुड़े हूहिं सब, कहैं मोटा होता जाइ।
दादू दिन तेही बढ़े, जे रहे रांम ल्यौ लाइ ॥५॥

जीवत पद पाया नहीं, जीवत मिले न जाइ।
जीवत जे छूटे नहीं, दादू गये बिलाइ ॥६॥

मूवां पीछैं मुकति बतावैं, मूवां पीछैं मेला।
मूवां पीछैं अमर अभैपद, दादू भूले गहिला ॥७॥

मूवां पीछैं वैकुंठवासा, मूवां सुरग पठावैं।
मूवां पीछैं मुकति बतावैं, दादू जग बौरावैं ॥८॥

साहिब मारे ते मुये, कोई जीवै नांहि।
साहिब राखे ते रहे, दादू निजघर मांहि ॥९॥

पारिख कौ अंग

अरथ आया तब जाणिये, जब अनरथ छूटै।
दादू भांडा भरम का, गिरि चौड़ै फूटै ॥१॥

काचा उछलै ऊफणै, काया हांडी माहिं।
दादू पाका मिलि रहै, जीव ब्रह्म द्वै नाहिं ॥२॥

---

४ बंचै काल=मृत्यु से अपनेको बचा लेता है।

५ लहुड़े=लघु, छोटे, अल्पायु। दिन तेही बढ़े=आयु के दिन उन्हींके बड़े अर्थात् सफल हुए।

७ मेला=परमात्मा से मिलन। गहिला=पागल, मूर्ख।

पारिख कौ अंग

१ भांडा=बर्तन। भरम=अविद्या, माया। चौड़ै=मैदान में, प्रत्यक्ष में।

२ ऊफणै=उफान आता है ; बहुत बकझक करता है।

जे निधि कहीं न पाइये, सो निधि घरि घरि आहि।
दादू महंगे मोल बिन, कोई न लेवै ताहि ॥३॥

दया निर्वैरता कौ अंग

सब हम देख्या सोधिकरि, दूजा नाहीं आन।
सब घट एकै आत्मा, क्या हिन्दू मूसलमान ॥१॥

दादू दोनौं भाई हाथ पग, दोनौं भाई कान।
दोनौं भाई नैन हैं हिन्दू मूसलमान ॥२॥

किससौं वैरी ह्वै रह्या, दूजा कोई नांहि।
जिसके अंग थैं ऊपजे, सोई है सब मांहि ॥३॥

काहेकौं दुख दीजिये, सांई है सब मांहि।
दादू एकै आतमा, दूजा कोई नांहि ॥४॥

काहेकौं दुख दीजिये, घटि घटि आतम रांम।
दादू सब संतोखिये, यह साधू का कांम ॥५॥

दादू मन्दिर काच का, मर्कट सुनहां जाइ।
दादू एक अनेक हैं, आप आपकौं खाइ ॥६॥

दादू अरस खुदाय का अजरावर का थान।
दादू सो क्यों ढाहिये, साहिब का नीसाण ॥७॥

---

३ निधि=अलभ्य धन।

दया निर्वैरता कौ अंग

६ मर्कट=बन्दर। सुनहां=कुत्ता। आप आपकौं खाइ=अपना ही प्रतिबिम्ब देख-देखकर समझते हैं कि दूसरा बन्दर और दूसरा कुत्ता आ गया है और अपने आपको काट-काटकर खाते हैं। दूसरों के साथ वैर नहीं, अपने ही साथ वैर करते हैं।

७ अरस=अर्श, उत्तम स्थान। अजरावर=अजर, जो वृद्ध नहीं होता और

दादू आप चिणावै देहुरा, तिसका करहि जतन।
प्रत्यख परमेसुर किया, सो भानै जीव-रतन ॥८॥

मसीति संवारी माणसौं, तिसकौं करैं सलाम।
ऐन आप पैदा किया, सो ढाहैं मूसलमान ॥९॥

काला मुंह करि करद का, दिल थैं दूरि निवार।
सब सूरति सुबहान की, मुल्ला, मुग्ध न मार ॥१०॥

सुन्दरी कौ अंग

प्रेमलहरि की पालकी, आतम बैसै आइ।
दादू खेलै पीव सौं, यहु सुख कह्या न जाइ ॥१॥

दादू हूं सुख सूती नींदभरि, जागै मेरा पीव।
क्यौंकरि मेला होइगा, जागै नांहीं जीव ॥२॥

सखी सुहागनि सब कहैं, कंत न बूझै बात।
मनसा वाचा कर्मणा, मुर्छि मुर्छि जिव जात ॥३॥

परपुरिखा सब परिहरै, सुन्दरि देखै जागि।
अपणा पीव पिछाणिकरि, दादू रहिये लागि ॥४॥

दादू नीच ऊँच कुल सुन्दरी, सेवा सारी होइ।
सोई सुहागनि कीजिये, रूप न पीजै धोइ ॥५॥

अमर, परमात्मा। सो क्यों ढाहिये=उसे अर्थात् जीव के शरीर का क्यों घात करे।

८ जतन=रक्षा। किया=रचा। भानै=तोड़ता है, मारता है।

१० करद=छूरी। मुग्ध=मूर्ख।

सुन्दरी कौ अंग

१ पालकी=डोली। बैसै=बैठती है। खेलै=रमण करता है।

२ मेला=मिलन।

५ सारी=अच्छी, सच्ची।

नदिया नीर उलंघिकरि, दरिया पैली पार।
दादू सुन्दरि सो भली, जाइ मिलै भर्तार ॥६॥

दादू निर्मल सुन्दरी, निर्मल मेरा नांह।
दून्यौं निर्मल मिलि रहे, निर्मल प्रेमप्रवाह ॥७॥

कस्तूरिया मृग कौ अंग

दादू सब घट मैं गोविन्द है, संगि रहै हरि पास।
कस्तूरी मृग मैं बसै, सूंघत डोलै घास ॥१॥

दादू जा कारणि जग ढूंढ़िया, सो तौ घट ही मांहिं।
मैं तै पड़दा भरम का, तार्थें जानत नांहिं ॥२॥

दादू केई दौड़े द्वारिका, केई कासी जाहिं।
केई मथुरा कौं चलै, साहिब घट ही मांहिं ॥३॥

दादू जड़मति जीव जाणै नही, परमस्वाद सुख जाइ।
चेतनि समझै स्वादसुख, पीवै प्रेम अघाइ ॥४॥

निंद्या कौ अंग

दादू जिहिं घरि निंद्या साध की, सो घर गये समूल।
तिनकी नींव न पाइये, नांव न ठांव न धूल ॥१॥

दादू निंदक बपुरा जिनि मरै, परउपगारी सोइ।
हमकूं करता ऊजला, आपण मैला होइ ॥२॥

---

७ नाह=नाथ, स्वामी।

कस्तूरिया मृग कौ अंग

२ मैं तैं पड्दा भरम का='यह मेरा है वह तेरा है' इस प्रकार की द्वैत-बुद्धि का अंतर डालनेवाला मायाकृत आवरण।

४ परमस्वादु सुख जाइ=जिस ब्रह्मानंद में अनुपम मधुर रस भरा हुआ है। चेतनि=परमज्ञानी।

निगुणा कौ अंग

दादू कीड़ा नर्क का, राख्या चन्दन मांहि।
उलटि अपूठा नर्क मैं, चन्दन भावे नांहि ॥१॥

कोटि वरसलौं राखिये, जीव ब्रह्म संगि दोइ।
दादू मांहैं वासना, कदे न मेला होइ ॥२॥

निगुणां गुण मानै नहीं, कोटि करै जे कोइ।
दादू सब कुछ सौंपिये, सो फिर वैरी होइ ॥३॥

दादू सगुणां लीजिये, निगुणां दीजिये डारि।
सगुणां सन्मुख राखिये, निगुणां नेह निवारि ॥४॥

विनती कौ अंग

दादू बुरा बुरा सब हम किया, सो मुख कह्या न जाइ।
निर्मल मेरा सांइयां, ताकौं दोष न लाइ ॥१॥

तिल तिल का अपराधी तेरा, रत्ती रत्ती का चोर।
पल पल का मैं गुनही तेरा, बकसहु औगुण मोर ॥२॥

राखणहारा राख तू, यहु मन मेरा राखि।
तुम बिन दूजा को नहीं, साधू बोलैं साखि ॥३॥

निगुणा कौ अंग

१ नर्क=मैला, गोबर आदि कचरा। अपूठा=घुस गया, मन गया।
२ माहैं=मन के अंदर। मेला=मिलन।
३ निगुणा=कृतघ्न। गुण=उपकार। कोटि करै=करोड यत्न करे।
४ सगुणा=कृतज्ञ।

विनती कौ अंग

२ गुनही=गुनाही, अपराधी।

माया विषै विकार थैं, मेरा मन भागै।
सोई कीजै सांइयां, तूं मीठा लागै ॥४॥

सांई दीजै सो रती, तूं मीठा लागै।
दूजा खारा होइ सब, सूता जीव जागै ॥५॥

ज्यौं आपै देखै आपकौं, सो नैना दे मुझ।
मीरां मेरा मेहर कर, दादू देखै तुझ ॥६॥

नांहीं परगट ह्वै रह्या, है सो रह्या लुकाइ।
संइयां पड़दा दूरि कर, तू ह्वै परगट आइ ॥७॥

जिनकी रख्या तूं करैं, ते उबरे करतार।
जे तैं छाड़े हाथ थैं, ते डूबे संसार ॥८॥

दादू दौं लागी जग परजलै, घटि घटि सब संसार।
हम थैं कछू न होत हैं, तुम बरसि बुझावणहार ॥९॥

तुमहीं थैं तुम्हकूं मिलै, एक पलक मैं आइ।
हम थैं कबहु न होइगा, कोटि कलप जे जाइ ॥१०॥

खुसी तुम्हारी त्यूं करौ, हम तौ मानी हारि।
भावै बन्दा बकसिये भावै गहिकरि मारि ॥११॥

---

५ खारा=फीका।

६ ज्यौं आपै देखै आपकौं=जिन अन्तर की आँखों से अपने 'स्वरूप' को देख सकूं।

७ रह्या लुकाई=छिप रहा है।

९ दौं=जंगल की आग

१० तुमहीं थैं तुम्हकूं मिलै=तुम्हारी कृपा से तुमसे हम मिल सकते हैं। जे जाइ=यदि बीत जायें; बीत जानेपर भी।

११ भावै बंदा बकसिये=चाहे तो इस सेवक को माफ करदो।

वेली कौ अंग

जे साहिब सींचै नहीं, तौ वेली कुमिलाइ।
दादू सींचै सांइयां, तौ वेली वधती जाइ ॥१॥

हरि तरवर तत आत्मा, वेली करि विसतार।
दादू लागै अमरफल, कोइ साधू सींचणहार ॥२॥

दादू अमरवेलि है आत्मा, खार संमदां मांहिं।
सूकै खारे नीर सौं, अमरफल लागै नांहिं ॥३॥

वहु गुणवन्ती वेलि है, मीठी धरती वाहि।
मीठा पांणीं सींचिये, दादू अमरफल खाहि ॥४॥

अविहड़ कौ अंग

दादू सगी सोई कीजिये, जे कलि अजरावर होइ।
नां वहु मरै न वीछुटै, ना दुख व्यापै कोइ ॥१॥

दादू संगी सोई कीजिये, जे कवहूं पलटि न जाइ।
आदि अंति विहड़ै नहीं, तासन यहु मन लाइ ॥२॥

अविहड़ अंग विहड़ै नहीं, अपलट पलटि न जाइ।
दादू अघट एकरस, सवमैं रह्या समाइ ॥३॥

वेली कौ अंग

१ वेली कुमिलाइ=आत्मारूपी वेलि मुरझा जायेगी। वधती जाय=बढ़ती जाये।

२ तत=परमतत्त्व।

३ खार समंदा=खारा समुद्र; माया से आशय है।

४ वाहि=रोप कर।

अविहड़ कौ अंग

१ वीछुटै=बिछुड़े।

२ विहडै=बिछुड़े।

स्वामी गरीबदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६६२ वि०
जन्म-स्थान—साँभर (राजस्थान)
पिता—दामोदर (मतान्तर से स्वामी दादू दयाल)
गुरु—स्वामी दादू दयाल
भेष—गृहस्थ
मृत्यु-संवत्—१६६३ वि०

गरीबदासजी के पिता कौन थे इस विषय में दो मत हैं :—

१—यह स्वामी दादू दयाल के औरस पुत्र थे। इस बात का समर्थन दादूजी की 'जन्मलीला' नामक ग्रन्थ के रचयिता जनगोपालजी तथा दादू-पंथी भक्तमाल के प्रणेता राघोदासजी ने किया है। 'जन्मलीला' सत्रहवीं शती में रची गई थी और भक्तमाल की रचना अठारहवीं शती में हुई थी।

"दादू पिता प्रगट है वाके, गरीबदास सुत उपज्यो ताके।"
—जन्मलीला

"दादूजी सुवन सूरवीर धीर-सा पुरुष,
गरीबनिवाज यों गरीबदास गाइये।"
—भक्तमाल

इसी प्रकार चैनजी तथा जैमलजी चौहान के भी प्रमाण दिये जाते हैं:—

"औतरे दयालवर दियो दत्त कृपाकरि
सनमुख भये हरि राम की निवाज है।"
— चैनजी

"बाप की भगति गति ग्यान तें गरीबदास
जैमल सुजस जम मोमन उमेखिये।"
—जैमल चौहान

आचार्य क्षितिमोहन सेन ने भी उक्त प्रमाणों के आधार पर गरीबदास-जी को स्वामी दादू दयाल का औरस पुत्र माना है।

२—दूसरे कुछ अन्य पुष्ट प्रमाणों के आधार पर "गरीबदासजी की वाणी" के विद्वान् संपादक स्वामी मंगलदास ने इन्हें दादू दयाल महाराज का आशीर्वादी दत्तक पुत्र माना है। उन्होंने माधोदास कृत 'सतगुणसागर' का आधार लेकर लिखा है कि—"साँभर में रहनेवाले दामोदरजी दादूजी महाराज के परमसेवक थे। उनके कोई संतान नहीं थी। वे अपनी पत्नी सहित महाराज की सेवा किया करते थे। उनके मन में परम लालसा थी कि किसी तरह दादूजी महाराज अनुकंपा करें तो संतति हो जाय। महाराज से उनकी लालसा छिपी न रही। अनुकंपा कर दो लौंग व दो इलाइची उन्हें प्रदान कीं, जैसा कि जनगोपालजी का भी वचन* है। उनके दो पुत्र और दो कन्याएँ हुईं, और ये चारों संतान उन्होंने दादूजी महाराज को ही अर्पण करदीं। पुत्रों के नाम गरीबदास और मशकीनदास, और पुत्रियों के नाम रामकुँवारी और शोभाकुँवारी थे।"

गरीबदासजी ने अपनी बानी में जहाँ-जहाँ भी दादूजी महाराज का उल्लेख किया है, वहाँ गुरु के ही रूप में किया है, पिता के रूप में कहीं भी नहीं। अतः यही सिद्ध होता है गरीबदासजी स्वामी दादू दयालजी के दत्तक पुत्र थे, और दामोदरजी के औरस पुत्र।

संवत् १६६२ में दादूजी महाराज का देहावसान होने पर उनके सब प्रमुख शिष्यों ने गरीबदासजी को गुरु का आसन दिया था—

"सब संतन मिलि टीको कीन्हों। गुरु के आसन बैठक दीन्हों॥"

—जन्मलीला

गरीबदासजी महाराज बड़ी ऊँची रहनी के संत थे। स्वभाव के बड़े दयालु और उदार थे, गहरे भक्त और ऊँचे साधक तो थे ही।

दादूजी महाराज के प्रमुख शिष्य रज्जबजी ने इनके विषय में लिखा है:—

"दादू के पाट दिपै दिन ही दिन दास गरीब गोविंद को प्यारो।
बाल जती रु जनम को जोगी जु सूर सुधीर महामन सारो॥
उदार अपार सबै सुखदाता सु संतन जीवन प्रान अधारो।
है रज्जब राम रच्यो जुग जानिके पंथ को भार निबाहनहारो॥"

---

*उभय लौंग मिरची द्वै दीनीं। स्वामी की गति जाइ न चीनीं॥
अचरज बात कही इक भारी। गर्भ जती उपजेंगे चारी॥

बानी-परिचय

श्रीदादू-महाविद्यालय (जयपुर) के श्रीमंगलदास स्वामी ने 'श्रीगरीब-दासजी की वाणी' को सुसंपादित करके सटिप्पण प्रकाशित किया है । रचना के चार भाग हैं—१ अनभै प्रबोध, २ साखी, ३ चौबोले और ४ पद ।

'अनभै प्रबोध' में संत-साहित्य में प्रयुक्त मुख्य-मुख्य शब्दों के अनेक पर्यायों का पद्यात्मक संग्रह किया गया है । यह एक प्रकार का छोटा-सा संत-साहित्य का कोश है ।

पद इनके केवल ५१ मिलते हैं, जो अनूठे हैं । उनमें इनकी गहरी भक्ति-भावना झलकती है । कई पद तो बड़े ही सरस हैं । प्रेम और विरह का रूप कुछ पदों में इन्होंने बड़ा सुन्दर अंकित किया है ।

भाषा मधुर है । उसमें ऐसे भी कुछ राजस्थानी शब्दों का प्रयोग हुआ है, जिनका ठीक-ठीक अर्थ लगाना सरल नहीं, पर ऐसे शब्दों का प्रयोग चौबोलों और साखियों में प्रायः हुआ है ।

आधार

१ श्रीगरीबदासजी की वाणी—स्वामी मंगलदास, श्रीदादू-महाविद्यालय, जयपुर शहर ।

waa

स्वामी गरीबदास

पद

राग गौडी

सकल रम रह्या तूं मोहन, जहाँ देखौं तहाँ तूं ही सोइ।
जीव जंत अरु जल थल मांहे, मूरिख लोग न जानै कोइ॥
घट घट मांहै अंतरजामी, पय मांहै घृत ऐसैं जाणि।
काष्ठ मांहै जैसे पावक, सब ठां ऐसैं जोति पिछाणि॥
सब मे ब्रह्म, ब्रह्म में सबहीं है, पर गुण व्यापै नहिं कोइ।
इहि विधि रहै निरंतर सबथैं, सत्यरूप सो करता होइ॥
तिल में तेल बीज में अंकुर, कस्तूरी ज्यूं कुंडल माहिं।
केलि कपूर सीप में मोती, गरीबदास यूं गोव्यंद ठाइँ॥१॥

राग कानडौ

हाँ, मन राम भज्यो बिष न तज्यो तैं, यूं ही जनम गमायो।
माया मोह मांहि लपटायो, साधसंगति नहिं आयो।
हेत सहित हरिनाम न गायो, विष अमरित करि खायो॥
सतगुरु बहुत भाँति समझायो, सब तज चित नहिं लायो।
गरीबदास जनम जे पायो, करिलै पिय को भायो॥२॥

---

१ ठाँ=स्थान। कुण्डल=मृग की नाभि। केलि=केला।

२ राम भज्यो बिष न तज्यो=न राम का भजन किया और न विषयों का विष त्यागा। हेत=प्रेम।

राग कल्याण

प्रगटहु सकल लोक के राइ।
पतितपावन प्रभु भगतवछल हौ, तौ यहु तृष्णा जाइ॥
दरसन विना दुखी अति विरहणि, निमिष बँधै नहिं धीर।
तेजपुंज मौं परस करीजै, यों मेटहु या पीर॥
अंतरि मेट दयाल दया करि, निसदिन देखौं नूर।
भौ-बंधन सबही दुख छूटै, सनमुख रहौं हजूर॥
तुम उधार संगति यह तेरौ, और कछू नहिं जाचै।
प्रगटौ जोति निमिष नहिं टारौ, औरै अंग न राचै॥
जानराइ सबही विधि जानो, अब प्रगटो दरहाल।
गरीबदास कूं अपनो जानिकै आइ मिलौ किन लाल॥३॥

राग केदारो

जब जब सुरति आवती मन में, तब तब विरह-अनल परजारै।
नैननि देखौं बैन सुनौं कब, यहु वेदन जिय मारै॥
चात्रग मोर कोकिला बोलत, मानो करवत नख-सिख सारै।
पावस रितु रंगति सब वसुधा, दारुन दुख उर दीनो धारै॥
चन्दन चन्द सुगन्ध सहित सब, कोमल कुसुम सार की आरै।
रितु वसन्त मोरे द्रुम सबहीं मानों डसै भुवंगम कारै॥
सुन री सखी यहु विपत हमारी, विन दरसन अति विरहा बारै।
गरीबदास सुख तबहीं लेखौं, जबहीं जोति हि जोति निहारै॥४॥

---

३ राइ = राजा, स्वामी। परस = स्पर्श, मिलन। नूर = सौंदर्य का प्रकाश। उधार = उदार, महादानी। दरहाल = तुरंत।

४ परजारै = जलाती है। वेदन = वेदना, पीड़ा। चात्रग = चातक, पपीहा। करवत सारै = करौत (आरा) चलाते हैं। सार की आरै = लोहे की कीलें। मोरे = बौरे, मंजरी लग गई।

राग मारू

किहिं विधि पाइये हो, म्हारे जीवन-प्राण-अधार।
दरसन बिन दुख पावै विरहणि, कोई मिलावनहार॥
अति गति आतुर होइ मिलनकूं, दरसन बिन बेहाल।
सनमुख होइ सदा सुख दीजै, सुनि प्रभु दीनदयाल॥
कौन उपाव मिलैं वै प्रीतम, सकल-सिरोमनि सोइ।
तन की तपति जाइ जिहि देखत, रोम-रोम सुख होइ॥
सो कोई आन मिलावै मोकूं, जा देखत दुख जाइ।
छिन-छिन तन ता ऊपर वारौं, गरीबदास बलि जाइ॥५॥

राग रामकली

प्रीति न तूटै जीव की, जो अन्तर होइ।
तन मन हरि के रँग रँग्यो, जानै जन कोइ॥
लख जोजन देही रहै, चित सनमुख राखै।
ताकौ काज न ऊजरै, जो हरिगुन भाखै॥
कँवल रहै जल अंतरै, रवि बसै अकास।
संपुट तबही विगसिहै, जब जोति प्रकास॥
सब संसार असार है, मन मानै नाहीं।
गरीबदास नहिं बीसरै, चित तुमही माहीं॥६॥

राग आसावरी

जबही तुम दरसन पायो।
सकल बोल भयो सिद्ध, आजु भलो दिन आयो।

---

५ तपति=दाह।

६ ऊजरै=उजड़े, बरबाद हो।

७ बोल=स्वामी मंगलदासजी ने यह अर्थ किया है—"किसी विशेष कार्य-

तन मन धन नवछावरि अरपण, दरसन परसन प्रेम वढ़ायो ॥
सव दुख गये हुते जे जिय में, पीतम पेखन भायो।
गरीबदास सोभा कहा वरणौं, आनन्द अंग न मायो ॥७॥

राग टोड़ी

हम तौ रैनदिन पलक पहर छिन
कवहूं न विसरत जियतें एक खिन।
तुम्हरे जिय की गति तुमही पै जानौ,
ध्यान टरत नहिं नैकु नैननि इन।
एक मन एक चित दिल कौ दरद कह्यो,
जान सुजान यार तुमही विचारिये।
गरीबदास आस तुम विन कौन पूरै,
एकमेक सुख दीजै दरद निवारिये ॥८॥

राग सोरठ

मन रे! वहुत भाँति समझायो।
रूप सरूप निरखि नैननि कै कृत्रिम मांहिं वँधायो ॥
जासौं प्रीति वाँध मन मूरिख, सुख दुख सदा संगाती।
विछुरै नहीं अमर अविनासी, और प्रीति खप जासी ॥
हरि सौ हितू छांड़ि जीवनि सौं, काहे हेत चित लावै।
सुपनों सौ सुख जान जीय में, काहे न हरिगुन गावै ॥
रूप अरूप जोति छवि निर्मल, सवही गुन जा माहें।
गरीबदास भजि अंतर ताकौं, सुर नर मुनिजन चाहें ॥९॥

सिद्धि के लिए किसी देवता की भेंट बोलने को 'बोल' कहते हैं। मायो=समाया।

८ खिन=क्षण, पल। एकमेक=एकाकार होकर।

९ कृत्रिम=माया का पसारा। खप जासी=नष्ट हो जायेगी। रूप अरूप=साकार भी और निराकार भी।

साखी

समझ्ये सब कुछ होत है, सुमिरण सेवा सार।
गरीबदास औसर मिटै, को पावै यहु बार ॥१॥

सती विचारी यूँ किया, कुलहि न चाई गालि।
लागि रही संग पीय के, आपा दीया जालि ॥२॥

सुख हूवा शोभा वधी, चली पीव के संगि।
सती विचारी सोचिकर, सही कसौटी अंगि ॥३॥

सब रसपूरण सांइयाँ, सो क्यूँ कहिये दूरि।
जे जन देखै जागकरि, सनमुख सदा हजूरि ॥४॥

जीव अग्यानी अकलि बिन, पाँव धरै नहिं थोगि।
रख्या बिन उबरै नहीं, बरतै बहुत अजोगि ॥५॥

सुकरित मारग चालतां, विघन बचै संसार।
दुख कलेस छूटैं सबै, जे कोई चलै विचार ॥६॥

समतारूपी रामजी, सबसों येके भाइ।
जाके जैसी प्रीति है, तैसी करै सहाइ ॥७॥

भाजन भाव समान जल, भरिदै सागर पीव।
जैसी उपजै तन त्रिपा, तैतौ पावै जीव ॥८॥

२ न चाई गालि=कलंकित नहीं किया। आपा=अहंता।
३ वधी=बढ़ गई।
५ थोगि=थामकर, ठीक तरह से देखकर। अजोगि=अयोग्य, बुरा। रख्या=रक्षा।
६ विघन बचै संसार=संसार विघ्न-बाधाओं से बच जाता है।
८ भाजन=बर्तन। पीव=परमात्मा।

साँई कीये जीव जे, एक नजर सब कोइ।
खिजमति जैसी कीजिये, तैसा मनसब होइ ॥६॥

अमरितरूपी रामरस, पीवैं जे जन मस्त।
जैसी पूँजी गाँठड़ी, तैसी वणजै वस्त ॥१०॥

काया माया मे रहैं, लंघै कोई एक।
आदि अन्तलौं मांड में, केते हुए अनेक ॥११॥

मैं अति अपराधी दुरमति, तूं अवगुण बकसनहार।
गरीबदास की इहै बीनती, समरथ सुणहु पुकार ॥१२॥

जेते दोष संसार मे, तेते हैं मुझ माहिं।
गरीबदास केते कहै, अगणित परिमित नाहिं ॥१३॥

जेते रोम तेती खता, सूखिम बहुत अपार।
गरीबदास करुणा करौ, बकसो सिरजनहार ॥१४॥

कौन सुनै कासूँ कहूँ, को जानै परपीर।
प्रीतम-बिछुरे जीव कौं, कौन बँधावै धीर ॥१५॥

पान करै अमरित सुरस, चुणिलै हीरा हाथ।
सो प्यारी पिव आपणैं, दूजी सबै अकाथ ॥१६॥

---

६ मनसब = इनाम
१० वणजै = खरीदता-बेचता है।
११ लंघै = लाँघता है, पार जाता है। मांड = ब्रह्माण्ड।
१४ खता = अपराध।
१६ अकाथ = अकारथ, व्यर्थ।

रज्जबजी

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६२४ वि०

जन्म-स्थान—सांगानेर

जाति—पठान

गुरु—स्वामी दादू दयाल

भेष—विरक्त

चोला-त्याग—अनुमानतः संवत् १७४० के आसपास; वस्तुतः अनिश्चित

निर्वाण-स्थान—सांगानेर

रज्जबजी के विषय में इतना ही कुछ परंपरा से ज्ञात है कि यह जाति के मुसलमान थे, और सद्गुरु दादू दयाल के एक ही शब्द का इनके मन पर इतना गहरा प्रभाव पड़ा कि विवाह का विचार छोड़कर तत्क्षण सिर पर से मौर व सेहरा उतारकर आंबेर में उनके शिष्य हो गये। ज्ञान के नेत्रों को सद्गुरु के एक शब्द ने ही, एक सैन ने ही खोल दिया। वह शब्द यह था—

'कीया था कुछ काज को सेवा सुमरण साज।
दादू भूल्या बंदगी, सर्‍यौ न एको काज ॥"

इसी प्रसंग पर की एक यह साखी भी प्रसिद्ध है—

"रज्जब तैं गजब किया, सिर पर बाँधा मौर।
आया था हरिभजन कूँ, करै नरक को ठौर ॥"

शब्द-बाण के चुभते ही यह घोड़े पर से उतरकर सद्गुरु दादू दयाल के चरणों के समीप जा बैठे, और बाराती सब निराश होकर अपने-अपने घर लौट गये।

राघोदासजी ने 'भक्तमाल' में इस प्रसंग को इस प्रकार लिखा है—

"रज्जबजी अजब राजथान आमेर आये,
गुरु के सबद लिया ब्याह संग त्याग्यौ है।
पायो नरदेह प्रभुसेवा काज सहज येह
ताकों भूलि गयो सठ विषैरस लाग्यौ है॥
मौर खोलि डार्‍यौ तन मन धन वार्‍यौ
सत सील व्रत धार्‍यौ मन मार्‍यौ काम भाग्यौ है।
भक्ति मौज दीनीं गुरु दादू दया कीनीं,
उर लाइ प्रीति लीनीं माथे वड़ो भाग जाग्यौ है॥"

कहते हैं कि दादूजी ने कुछ दिनों बाद रज्जबजी से कहा कि "जाओ विवाह करलो, नहीं तो तुम आगे चलकर पराई नारियों को कुदृष्टि से देखोगे।" रज्जब दृढ़ थे, बोले—

"रज्जब वर-वरणी तजी, पर-वरणी न सुहाय।
अहि तजि अपनी कंचुकी, किसकी पहिरै जाय॥"

रज्जब की गुरु-भक्ति बड़ी गहरी थी, अनुपम थी। कहते हैं कि दादूजी के अन्तर्धान हो जाने पर रज्जब ने अपने नेत्र सदा के लिए बंद कर लिये थे। उनके लेखे मे अब ससार मे रहा ही कौन था, जिसे वे नेत्र खोलकर देखते?

बानी-परिचय

रज्जबजी ने दो बड़े ग्रन्थ रचे—'वाणी' और 'सर्वङ्गी'। साखियों की सख्या ५४२८ है, और अंग १६४। इतनी बड़ी संख्या में शायद किसी भी अन्य संत ने साखियाँ नहीं कहीं। पदों की सख्या २१८ है। कवित्त, सवैये, अरिल्ल आदि अनेक छदों में रज्जबजी ने रचना की है।

भाषा अधिकतर इनकी राजस्थानी है। जान पड़ता है कि संस्कृत का भी इनको ज्ञान था। रचना बड़ी सरस है। कुछ साखियाँ और पद अत्यंत गूढ़ हैं, जिनका अर्थ लगाना सहज नहीं। सारी ही बानी ऊँचे परमार्थ और गहरे अनुभव मे रँगी हुई है। विरह और प्रेम के पद अत्यंत सरस हैं, जिनमे सूफियों की ऊँची मस्ती तथा भक्तों की गहरी भावना दोनों एकसाथ दीखती हैं। साखियाँ

भी रज्जबजी की ऊँचे घाट की हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में संकलन "रज्जबजी की वाणी" में से किया गया है, जिसका पाठ बहुत अशुद्ध है।

आधार

१ रज्जबजी की वाणी—दादुओं का मंदिर, नारनौल (पटियाला)
२ सुन्दर-ग्रन्थावली (प्रथम खण्ड)—राजस्थान रिसर्च सोसाइटी, कलकत्ता
३ महात्मा रज्जबजी (लेख)—पुरोहित श्री हरिनारायण शर्मा, विद्याभूषण

रज्जबजी

राग रामगिरि

रे मन सूर, संक क्यूँ मानै ।
मरणै माहिं एक पग ऊभा, जीवन-जुगति न जानै ॥
तन मन जाका ताकूँ सौंपै, सोच पोच नहिं आनै ।
छिन-छिन होइ जाहि हरि आगे, सहजैं आपा भानै ॥
जैसे सती मरै पति पीछैं, जलतो जीव न जानै ।
तिल मे त्यागि देहि जग सारा, पुरुष-नेह पहिचानै ॥
नखसिख सब साँसति सिर सहतां, हरिकारज परिवानै ।
जन रज्जब जगपति सोइ पावै, उर अंतरि यूँ ठानै ॥१॥

राग रामगिरि

रामराय, महा कठिन यहु माया ।
जिन मोहि सकल जग खाया ॥
यहु माया ब्रह्म सा मोह्या, संकर सा अटकाया ।
महाबली सिध साधक मारे, छिन में मान गिराया ॥
यहु माया षट दर्सन खाये, बातनि जगु बौराया ।

---

१ ऊभा=खड़ा । भानै=तोड दे, नष्ट कर दे । तिल मे=क्षण में । साँसति=यातना, कष्ट । परिवानै=सच्चाई से करता है । ठानै=निश्चित करले ।

२ अटकाया=फँसाया । षट् दर्शन=छह शास्त्र । बौराया=विमूढ ।

छलबल सहित चतुरजन चकरित, तिनका कछु न वसाया ॥
मारे बहुत नाम सूँ न्यारे, जिन यासूँ मन लाया।
रज्जब मुक्त भये माया तें, जे गहि राम छुड़ाया ॥२॥

राग रामगिरि

संतो, आवै जाइ सु माया।
आदि न अंत मरै नहिं जीवै, सो किनहूँ नहिं जाया ॥
लोक असंखि भये जा माहीं, सो क्यूं गरभ समाया।
बाजीगर की बाजी ऊपर, यहु सब जगत भुलाया ॥
सुन्न सरूप अकलि अविनासी, पंचतत्त नहिं काया।
त्यूँ औतार अपार असति ये, देखत दृष्टि विलाया ॥
ज्यूँ मुख एक देखि दुइ दर्पन, गहला तेता गाया।
जन रज्जब ऐसी विधि जानें, ज्यूँ था त्यूँ ठहराया ॥३॥

राग रामगिरि

संतो, ऐसा यहु आचार।
पाप अनेक करैं पूजा में, हिरदैं नहीं विचार ॥
चींटीं दस चौके में मारैं, घुण दस हाँडी माहीं।
चाकी चूल्हैं जीव मारैं जो, सो समझैं कछु नाहीं ॥
पाती फूल सदाहीं तोड़ैं, पूजन कूँ पाषाण।
छार पतंगा होहिं आरती, हिरदैं नहीं विनाण ॥
सगले जनम जीव संघारे, यहु खोटे षटकर्मी।
पाप प्रपंच चढ़ैं सिरि ऊपरि, नाम कहावै धर्मी ॥

न वसाया=वश नहीं चला। न्यारे=विमुख।

३ जाय=पैदा किया। असंखि=असंख्य, अनगिनती। बाजीगर=जादूगर। अकलि=कला अर्थात् अंशरहित, पूर्ण। असति=असत्य। गहला=बावला।

४ घुण=घुन, एक छोटा कीड़ा, जो अनाज,लकड़ी आदि में लगता और

आप दुखी औरां दुखदायक, अंतरि राम न जान्या।
जन रज्जब दुख देहि दृष्टि विन, बाहरि पाखँड ठान्या ॥४॥

राग रामगिरि

म्हारो मंदिर सूनों राम बिन, बिरहिण नींद न आवै रे।
पर-उपगारी नर मिलै, कोइ गोविंद आन मिलावै रे॥
चेती बिरहिण चित न भाजै, अविनासी नहिं पावै रे।
यहु बिवोग जागै निसवासर, बिरहा बहुत सतावै रे॥
बिरह बिवोग बिरहिणी बींधी, घर बन कछु न सुहावै रे।
दह दिसि देखि भयौ चित चकरित, कौन दसा दरसावै रे॥
ऐसा सोच पड्या मन माहीं, समझि समझि धूँधावै रे।
बिरहवान घटि अंतरि लाग्या, घाइल ज्यूँ घूमावै रे॥
बिरह-अगिन तनपिंजर छीनां, पिवकूँ कौन सुनावै रे।
जन रज्जब जगदीस मिले बिन पल पल बज्र बिहावै रे ॥५॥

राग गौडी

रामरस पीजिये रे, पीयें सब सुख होइ।
पीवत हीं पातक कटै, सब संतनि दिसि जोइ।
निसदिन सुमिरण कीजिए, तनमन प्राण समोइ।

उसे खाकर खोखला कर देता है। पापाण=पत्थर की मूर्ति। बिनाण=बिग्यान, विचार। सगले=सकल, सारे। षटकर्मा=यजन याजन आदि ब्राह्मण के छह नियत कर्म। दृष्टि=ज्ञान-दृष्टि।

५ म्हारो मंदिर=मेरा हृदय मंदिर। बिवोग=वियोग। बींधी=बेधली। समझि-समझि=याद कर-कर। धूँधावै=आह ले-लेकर जलती है। घूमावै=मूर्च्छित होती है। छीना=क्षीण। बज्र बिहावै=वज्र की तरह बीतता है।

६ दिसि जोइ=तरफ देखो। समोइ=लगाकर, लीन करके। साधहु टोइ=

जनम सुफल साईं मिलै सोइ जपि साधहु दोइ ॥
सकल पतितपावन किये, जे लागे लै लोइ ।
अति उज्जल, अघ ऊतरै, किलविष राखै धोइ ॥
यहि रस-रसिया सब सुखी, दुखी न सुनिये कोइ ।
जन रज्जब रस पीजिये, संतनि पीया सोइ ॥६॥

राग गौड़ी

संतो, मगन भया मन मेरा ।
अहनिस सदा एकरस लाग्या, दिया दरीबैं डेरा ॥
कुल मरजाद मैंड सब त्यागी, बैठा भाठी नेरा ।
जात-पाँत कछु समझौं नाहीं, किसकूँ करै परेरा ॥
रस की प्यास आस नहिं औरां, इहि मत किया बसेरा ।
ल्याव ल्याव एही लय लागी, पीवैं फूल घनेरा ॥
सो रस माँग्या मिलै न काहू, सिर साटे बहुतेरा ।
जन रज्जब तन मन दे लीया, होइ धनी का चेरा ॥७॥

राग गौड़ी

प्राणपति न आये हो, विरहिए अति बेहाल ।
बिन देखे अब जीव जातु है, बिलम न कीजै लाल ॥
विरहिए व्याकुल केसवा, निसदिन दुखी बिहाइ ।
जैसैं चंद कुमोदिनी बिन, देखे कुमिलाइ ॥
खिन खिन दुखिया दगधिये, विरह-बिथा तन पीर ॥
घरी पलक में बिनसिये, ज्यूँ मछरी बिन नीर ॥

दोनों लोक बनालो । लोइ=लोग । किलविष=पाप ।

७ दरीबैं=बाजार में । मैंड=हद, रास्ता । भाठी=भट्ठी, जहाँ शराब बनाते है । नेरा=पास । फूल=कड़ी देसी शराब । साटे=बदले में, मोल ।

८ बिलम=विलंब, देर । ढिक=बेहाल, बीमार । सलिता=सरिता, नदी ।

पीव पीव टेरत दिक भई, स्वातिसुरूपी आव।
सागर सलिता सब भरे, परि चातिग के नहिं चाव॥
दीन दुखी दीदार बिन, रज्जब धन बेहाल।
दरस दया करि दीजिए, तौ निकसै सब साल॥८॥

राग गौंडी

नाम बिना नाहीं निसतारा। और सबै पाखंड पसारा॥
भरम भेप तीरथ व्रत आसा। दान पुन्य सब गल के पासा॥
जप तप साधन संकट सूना। लै बिन लागत सबै अलूना॥
पान फूल फल दूधाधारी। मन मनसा बिगरे सब ख्वारी॥
नाना बिधि धारैं बहुधर्मा। हरिसुमिरण बिन कटत न कर्मा॥
जन रज्जब रत मत रंकारा। नामनाव चढ़ि उतरै पारा॥९॥

राग गौंडी

बिन सतगुर समता नहिं आवै। नीच ऊँच निगुरा सु दृढ़ावै॥
येकहि पवन येकही पानी। बुधि बिन बीच बैरता ठानी॥
येकै आतम येक सरीरा। समझ बिना बड़ अंतर बीरा॥
सौंज सबै बिधि येक बनाई। दुबिधा दुरमति है रे भाई॥
सबकै नखसिख येक बिचारा। येकै सबका सिरजनहारा॥
गुर के ग्यान माहिं सब येकै। रज्जब अंध अग्यान अनेकै॥१०॥

चातिग=चातक, पपीहा। धन=स्त्री; जीवात्मा से आशय है। साल=कष्ट।

९ निसतारा=छुटकारा। पासा=पाश, फंदे। सूना=निरर्थक। लै=प्रीति। अलूना=फीका। रत=अनुरक्त। मत=मतवाला। रंकारा=रकार; रामनाम।

१० निगुरा=बिना गुरु का, मनमुखी। बुधि=सद्बुद्धि, विवेक। बीच=भेदभाव। बीरा=भाई। सौंज=साज-सामान।

राग आसावरी

मनरे, करु संतोष सनेही।
तृस्ना तपति मिटै जुग-जुग, की, दुख पावै नहिं देही॥
मिल्या सुत्याग माहिं जे सिरज्या, गह्या अधिक नहिं आवै।
तामें फेर सार कछु नाहीं राम रच्या सोइ पावै॥
वाछै सरग सरग नहिं पहुँचै, और पताल न जाई॥
ऐसैं जाति मनोरथ मेटहु, समझि सुखी रहु भाई॥
रे मन, मानि सीख सतगुरु की, हिरदै धरि विस्वासा।
जन रज्जब यूँ जानि भजन करु, गोविंद है घर पासा॥११॥

राग टोडी

हरिनाम मैं नहिं लीनां।
पाँच सखीं पाँचूँ दिस खेलैं, मन मायारस भीनां॥
कौन कुमति लागी मन मेरे, प्रेम अकारज कीनां।
देख्या उरझि सुरझि नहिँ जान्यूँ, विषम विषयरस पीनां॥
कहिये कथा कौन विध अपनी, वहु वैरनि मन खीनां।
आतमराम सनेही अपने, सो सुपिनैं नहिं चीनां॥
आन अनेक आनि उर अंतरि, पग पग भया अधीनां।
जन रज्जब क्यूँ मिलैं जगतगुरु, जगत माहिं जी दीनां॥१२॥

राग टोडी

सब सुख की निधि आये साध। करम कलेस कटे अपराध॥
दरसन देखि किये डंडौत। अघ उतरे, अंकुर उद्दौत॥

---

११ मिल्या⋯सिरज्या=जो कुछ भगवान् ने सृष्टि में रचा है, वह त्याग के अनन्तर भोगने को मिला है। मिलाइए ईशोपनिषद का मंत्र—"तेन त्यक्तेन भुंजीथा।" वाछै=चाहता है।

१२ पाँच⋯खेलैं=पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ अपने-अपने विषयों में रम रही हैं। भीना=मग्न। खींनां=खिन्न या क्षीण कर दिया है। चीनां=पहचाना। आनि⋯अंतरि=और अनेक विषयों को मन में स्थान देकर।

परिदच्छिन देतंइ दुख दूरि। चरनोदक लीनां सुखपूरि॥
स्रवननि कथा सुनत सुखसार। साधु-सब्द गहि उतरे पार॥
साचे संत सजीवनमूरि। रज्जब तिन चरनन की धूरि॥१३॥

राग मलार

राम बिन सावण सह्यो न जाइ।
काली घटा काल होइ आई, कामनि दगधै माइ॥
कनक-अवास वास सब फीके, बिन पिय के परसंग।
महाबिपत बेहाल लाल बिन, लागै बिरह-भुअंग॥
सूनी सेज बिथा कहूँ कासूँ, अबला धरै न धीर।
दादुर मोर पपीहा बोलैं, ते मारत तन तीर॥
सकल सिंगार भार ज्यूँ लागै, मन भावै कछु नाहीं।
रज्जब रंग कौन सूँ कीजै, जे पीव नाहीं माहीं॥१४॥

राग केदारा

भजन बिन भूलि पर्‌यो संसार।
चाहैं पछिम जात पूरब दिस. हिरदै नहीं बिचार॥
बाछैं ऊरध अरध सूँ लागे, भूले मुगध गँवार।
खाइ हलाहल जीयो चाहैं, मरत न लागै बार॥
बैठे सिला समुद्र तिरन कूँ, सो सब बूडनहार।
नाम बिना नाहीं निसतारा, कबहुं न पहुँचैं पार॥

---

१३ अकुर उदौत=पुण्य का अंकुर प्रकट हुआ। सुखपूरि=आनन्दपूर्वक। सब्द=ज्ञानोपदेश।

१४ माइ=अंदर ही अन्दर। वाम=चन्द्र। रंग=आनन्द-केलि। माहीं=हृदय में।

१५ ऊरध=ऊर्ध्व, स्वर्गलोक। अरध सूँ लागे=अधोलोक अर्थात नरक की

सुख के काज धसे दीरघ दुख, बहे काल की धार।
जन रज्जब यूँ जगत विगूच्यो इस माया की लार ॥१५॥

राग ललित

बिनती सुनो सकलपति साईं। सो सेवक पहुँचै तुम ताईं ॥
चिंतामणि प्रभु चिंत निवारौ। चरणकमल उर अंतरि धारौ ॥
कामधेनु कलपतरु केसो। अंतरजामी भानि अँदेसो ॥
जन रज्जब कूँ दीजै दादि। तुम बिन और न आवै यादि ॥१६॥

राग बिलावल

भक्ति जाति कूँ क्या करे, सुनियो रे भाई।
बेटी सहारे बाप कै, भेजै तहँ जाई ॥
नामा कबीर सु कौन थे, कुन राँका बाँका।
भगति समांनी सब बरनि तजि कुल का नाका ॥
बिदुर बाँदरा बंस ते, सो भक्ति न छोड़ै।
नीच ऊँच देखै नहीं, मन मानै मोड़ै ॥
आदि मिली जैदेव कूँ, रैदास समांनी।
सो दादू वर पैठी, क्यूँ रहै निमांनी ॥
रज्जब रोकी ना रहै, आग्या लै आई।
रावरंक सब सारिखे भाव भगति पाई ॥१७॥

तैयारी करते हैं। मुगध=मूढ़। बिगूच्यौ=अड़चन में पड़ा है। लार=साथ, पीछे।

१६ चिंत निवारौ=चिंता दूर करो। केसो=केशव। भानि=नष्ट करदो। दादि=न्याय।

१७ नामा=नामदेव। कुन=कौन। राँका बाँका=दो हरिभक्त। बाँदरा=बाँदी अर्थात् दासी। निमानी=दबकर, छिपी हुई।

राग कानड़ा

रज्जब राम-सनेही आवहिं।
तन मन मंगल होइ परमसुख, आनँद अंग न मावहिं॥
अधिक उछाह मुदित मन मेरो, चहुँदिस चौक पुरावहिं।
बलि बलि जाउँ अघाउँ न कबहूँ, प्रेममगन गुण गावहिं॥
सकल सुहाग भाग बहु मेरो, मोहन रूप दिखावहिं।
जन रज्जब जगदीस दया करि परदा खोलि खिलावहिं॥१८॥

राग गुंड

गुर गरवा दादू मिल्या, दीरघ दिल दरिया।
तत छन परसन होतहीं भजन-भाव भरिया॥
स्रवण कथा साँची सुणी, संगति सतगुर की।
दूजा दिल आवै नहीं, जब धारी धुर की॥
भरमजाल भव काटिया, सका सब तोड़ी।
साँचा सगा जे राम का, ल्यौ तासूँ जोड़ी॥
भौजल माहीं काढ़िकै जिन जीव जिलाया।
सहज सजीवन कर लिया साँच सगि लाया॥
जनम सफल तबका भया, चरनौं चित लाया।
रज्जब राम दया करी, दादू गुर पाया॥१९॥

राग सोरठ

मन रे, राम न सुमर्‌यो भाई। जो सब संतनि सुखदाई॥
पल पल घरी प र निसिबासर लेखे में सो जाई।

---

१८ मावहिं=समाते हैं।

१९ गरवा=भारी, महान्। परसन=प्रसन्न। धारी धुर की=परे से भी परे की भक्ति-भावना धारण की। ल्यो=प्रीति। लाया=लगाया।

२० अवधि=समाप्ति। पच्छ=पखवाड़ा। दह······गमाई=सभी तरफ से

अजहुँ अचेत नैन नहिं खोलत, आयु अवधि पै आई ॥
वार पच्छ वरप वहु वीते, कहिधौं कहा कमाई ।
कहतहि कहत कछू नहिं समझत, कहि कैसी मति पाई ॥
जनम जीव हार्‌यो सव हरि विन, कहिये कहा वनाई ।
जन रज्जव जगदीस भजे विन दह दिस सौंज गमाई ॥२०॥

राग कानडा

राम रँगीले के रँग राती ।
परमपुरुप संगि प्राण हमारो, मगन गलित मद-माती ।
लाग्यो नेह नाम निर्मल सूँ, गिनत न सीली ताती ।
डगमग नहीं, अडिग होइ वैठी, सिर धरि करवत काती ॥
सव विधि सुखी राम ज्यूँ राखै, यहु रसरीति सुहाती ।
जत रज्जव धन ध्यान तिहारो, वेरवेर वलि जाती ॥२१॥

राग भैरूँ

सेइ निरंजन दीनदयाल । पेड़ परसि पूजीं सव डाल ॥
सिव विरंचि सव लोकपाल । जोपै सेयो श्री गोपाल ।
नवी साथ सव पीर पसारा । सेवक सवका सवहिं पियारा ॥
सिध साधक सवहिन सुखपाया । जोपै जीव जगतपति ध्याया ॥
मूल विना डालों सचु नाहीं । रज्जव समझि लागि रहु माहीं ॥२२॥

राग भैरूँ

मार भली जो सतगुरु देहि । फेरि वदल औरै करि लेहि ॥
ज्यूँ माटी कूँ कुटै कुँभार । त्यूँ सतगुरु की मार विचार ॥

सव कुछ खो दिया ।

२१ गलित=पूर्ण, पुष्ट । सीली-ताती=सरदी-गरमी । करवत=करौत, वड़ा आरा । काती=कैंची ।

२२ नवी=पैगम्वर । पीर=मुसलमान सिद्ध । सचु=सुख । लागिरहु माहीं=अपने अन्तर में आत्मा का ध्यान करो ।

भाव भिन्न कछु औरै होइ। ताते रे मन मार न जोइ॥
जैसे लोहा घड़ै लुहार। कूटि काटि करि लेवै सार॥
मारै मारि मिहरि करि लेहि। तौ निपजै फिरि मार न देहि॥
ज्यूँ सांटो संपुट मे आनि। सूधी करै तीरगर पानि॥
मन तोड़न का नाहीं भाव। जे तुछ तूटि जाय तौ जाव॥
ज्यूँ कपड़ा दरजी के जाय। टूक टूक करि लेहि बनाय॥
त्यूँ रज्जब सतगुरु का खेल। ताते समझि मार सब झेल॥२३॥

राग आसावरी

गुरु के गमन दुखी सिख सारे। सब सुखनिधि के बिलसणहारे॥
स्रवणा दुखित सुनति सत बानी। नैन दुखित डारैं बहु पानी॥
दुखित रसन मुख बातैं करते। सीस दुखित गुरुचरननि धरते॥
तन मन दुखित जु फेरि सँवारे। अन्तरिध्यान भये गुरु प्यारे॥
जन रज्जब रोवै दुख यादू। परमपुरुष बिछुटे गुरु दादू॥२४॥

राग धनाश्री

आरती तुम ऊपरि तेरी। मैं कछु नाहिं कहा कहूँ मेरी॥
भाव-भगति सब तेरी दीन्हीं। ताकरि सेव तुम्हारी कीन्हीं॥
मन चित सुरति सब्द सब तेरा। सो तुम लै तुमहीं परि फेरा॥
आतम उपजि सौंज सब तुमते। सेवा-सक्ति नाहिं कछु हमते॥
तुम अपनी आप प्रानपति पूजा। रज्जब नाहिं करन कूँ दूजा॥२५॥

---

२३ न जोइ=ध्यान न दे। निपजै=(ज्ञान-दृष्टि) प्रकट होती है। सांटी=छड़ी, कमची। संपुट=शिकजे से तात्पर्य है। तीरगर=तीर बनानेवाला कारीगर। तुछ=तुच्छ, निकम्मा। झेल=सहन करले।

२४ रसना=रसन, जीभ। बिछुटे=बिछुड़ गये, चलबसे।

२५ ताकरि=उससे। सुरति=लय, ध्यान। फेरा=उतारा। उपजि=भावना। सौंज=सामग्री।

साखी

दादू दरिया, रामजल, सकल संतजन मीन।
सुखसागर में सब सुखी, जन रज्जब जे लीन ॥१॥

दादू दीनदयाल गुरु, सो मेरे सिरमौर।
जन रज्जब उनकी दया, पाई निहचल ठौर ॥२॥

रज्जब सिख, दादू गुरू, दीया दीरघ ग्यान।
तन मन आतम ब्रह्म का समझ्या सब अस्थान ॥३॥

रज्जब कूँ अज्जब मिल्या, गुरु दादू दातार।
दुख दरिद्र तबका गया, सुख संपत्ति अपार ॥४॥

गुरु दादू का हाथ सिर, हृदये त्रिभुवन-नाथ।
रज्जब डरिये कौन सूँ, मिलिया साईं साथ ॥५॥

गुरु बिन गम्य न पाइये, समझ न उपजै आइ।
रज्जब पंथी पंथबिन कौन दिसावर जाइ ॥६॥

सतगुरु बिन संदेह कूँ, रज्जब भानै कौन।
सकल लोक फिरि देखिया, निरखे तीन्यूं भौन ॥७॥

जो प्राणी रुचि सूँ गहै, उर अंतरि गुरु-वैन।
जन रज्जब जुगजुग सुखी, सदा सु पावै चैन ॥८॥

रज्जब नर नारी सकल, चकवा चकवी जोड़।
गुरु-वैन बिच रैन में, किया दुहूँ घर फोड़ ॥९॥

---

४ अजब=अजब, अलौकिक। दातार=दाता।

६ समझ=सद्बुद्धि। दिसावर=देशान्तर, दूसरा देश।

७ भानै=नष्ट करे।

९ किया···फोड=दोनों को अलग कर दिया; संसार से विरक्त कर दिया।

जीव रच्या जगदीसनै, बाँध्या काया माँहि ।
जन रज्जब मुकता किया, तौ गुरुसम कोइ नाँहि ॥१०॥

गुरु दीरघ गोविंद सूँ, सारै सिष्य सुकाज ।
रज्जब मक्का बड़ा, परि पहुँचै बैठि जहाज ॥११॥

घटा गुरु-आसोज की, स्वाति-बूँद सत बैन ।
सीप-सुरति सरधासहित, तहँ मुकता मन ऐन ॥१२॥

मुरीद मता तब जानिए, मन मुरीद जब होइ ।
रज्जब पावै पीर कूँ, तासम और न कोइ ॥१३॥

कामधेनु गुरु क्या कहै, जो सिप निःकामी होइ ।
रज्जब मिलि रीता रह्या, मँदभागी सिप जोइ ॥१४॥

सिला सँवारी राजनैं, ताहि नवैं सब कोइ ।
रज्जब सिप मिल गुरु गढ़ै, सोइ पूजि किन होइ ॥१५॥

गुरु ग्याता परजापती, सेवक माटीरूप ।
रज्जब रज सूँ फेरिकै घड़ि ले कुंभ अनूप ॥१६॥

ज्यूँ धोबी की धमस सहि ऊजल होइ कुचीर ।
त्यूँ सिप तालिब निरमला, मार सहै गुरु पीर ॥१७॥

---

११ सारै=पूरा करता है ।

१२ आसोज=आश्विन मास. क्वार । घटा ·····ऐन=कहते हैं, कि आश्विन-मास में स्वाति-नक्षत्र में जब वर्षा होती है, तब सीप में पानी की बूँद पड़ने से उसमें से मोती उत्पन्न होता है ।

१३ मुरीद=चेला ।

१४ निःकामी=यहाँ निकम्मा से आशय है । रीता=खाली, ज्ञानशून्य ।

१५ सिला सँवारी राजनैं=कारीगर ने पत्थर से मूर्त्ति तैयार की । पूजि=पूज्य ।

१६ परजापती=प्रजापति. कुम्हार । रज=मिट्टी ।

१७ धमस=पछाड़, चोट । कुचीर=मैला कपड़ा । तालिब=खोजी ।

मन हस्ती मैमंत सिर गुरु महावत होइ।
रज्जब रज डारै नहीं, करै अनीति न कोइ ॥१८॥

असली आग्या में चलै, बाहिर धरै न पाव।
रज्जब कपटी कमअसल, खेलै अपने डाव ॥१९॥

बिरहिण बिहूरै रैनदिन, बिन देखे दीदार।
जन रज्जब जलती रहै, लाग्या बिरह अपार ॥२०॥

बिरहापावक उर बसै, नखसिख जालै देह।
रज्जब ऊपरि रहम करि बरसहु मोहन मेह ॥२१॥

रज्जब बिरह-भुअंग परि ओपद हरि-दीदार।
बिन देखे दीरघ दुखी, तनमन नहीं करार ॥२२॥

भलका लाग्या भाव का, सेवक हुआ सुमार।
रज्जब तलफै तबलगैं, मिलै न मारनहार ॥२३॥

जैसे नारी नाह बिन, भूली सकल सिंगार।
त्यूँ रज्जब भूल्या सकल, सुनि सनेह दिलदार ॥२४॥

तनमन ओले ज्यूँ गलहिं, बिरह सूर की ताप।
रज्जब निपजै देखि तूँ, यूँ आपा गलि आप ॥२५॥

रज्जब ज्वाला बिरह की, कबहूँ प्रगटै माहिं।
तौ सींचनि घृत सों चहौं करम-काठ जरि जाहिं ॥२६॥

---

१८ मैमंत=मतवाला।

१९ डाव=दाव।

२० बिहूरै=बिछोह में तड़पती है।

२२ करार=चैन।

२३ भलका=भाला। सुमार=बिसमार।

२५ आपा=अहंकार।

२६ माहिं=हृदय में।

रज्जब कायर कामिनी, रही विपत के संग।
सती चली सरि चढ़न कूँ, पहरि पटंबर अग ॥२७॥

चकई ज्यूँ चकित भई, रैन परी विचि आय।
जन रज्जब हरि पीव कूँ, क्योंकरि परसौं जाय ॥२८॥

दरद नहीं दीदार का, तालिब नाहीं जीव।
रज्जब बिरह बिवोग बिन, कहाँ मिलै सो पीव ॥२९॥

नैनों नेह न नाह का, तेहि दिसि दीठि न जाहिं।
रज्जब रामहिं क्यूँ मिलै, तालिब नाहीं माहिं ॥२६॥

गृह दारा सुत वित्त सूँ, यहु मन भया उदास।
जन रज्जब रामहिं रच्या, छूट्या जगत-निवास ॥३१॥

रज्जब घर घरणी तजी, पर घरणी न सुहाइ।
अहि तजि अपनी कंचुकी, किसकी पहिरै जाइ ॥३२॥

माता तौ मेरी सकल, जे जनमीं जगि आइ।
जन रज्जब जननी सबै, कासूँ विषय कमाइ ॥३३॥

मनसा-नारी त्यागिकै, मन बैरागी होइ।
रज्जब राखै जतन यहु, जती कहावै सोइ ॥३४॥

रज्जब रीती आतमा, जे हिरदै हरि नाहिं।
वहाँ समागम को करै, सूने मंदिर माहिं ॥३५॥

---

२७ सरि=चिता।
२९ बिवोग=वियोग।
६० दिसि=ओर।
३१ रच्या=रँगा।
३३ विषय कमाइ=भोग करे ।
३४ जती=यति, सन्यासी।

रज्जब लौ में लाभ बड़, लीन हुआ रहु माहिं।
लौ में लत लागै नाहीं, और खता मिटि जाहिं ॥३६॥

सबही वेद विलोयकरि, अंत दिढ़ावैं नाम।
तौ रज्जब तूँ राम भजि, तजिदे थोथा काम ॥३७॥

अलह अलह कहतहीं, अलह लह्या सो जाय।
रज्जब अज्जब हरफ है, हिरदै हित चित लाय ॥३८॥

रज्जब अज्जब यह मता, निसदिन नाम न भूलि।
मनसा वाचा करमना, सुमिरन सब सुखमूलि ॥३९॥

मुख सूँ भजै सो मानवी, दिलसूँ भजै सो देव।
जीव सूँ जपै सो ओतिमै, रज्जब साँची सेव ॥४०॥

ज्यूँ कामिनि सिर कुंभ धरि, मन राखै ता माहिं।
त्यूँ रज्जब करि राम सूँ, कारज विनसै नाहिं ॥४१॥

ऊपर संत असंत सम, अंतर अंतर होय।
रज्जब पानी ईख का, रूप एक रस दोय ॥४२॥

आदि अन्त मधि हम बुरे, हम ते भला न होय।
रज्जब ज्यूँ साहिब खुसी, सो लच्छन नहिं कोय ॥४३॥

तुम जोगी सेवक नहीं, मैं मँदभागी करतार।
रज्जब गुण नहिं बापजी, बहुत किये बिभचार ॥४४॥

---

३६ लत=बुरी आदत। खता=भूलचूक, अपराध।

३७ विलोयकरि=मंथन करके, गहरा विचार करके।

३८ अलह=(१) अल्लाह, ईश्वर (२) अलभ्य, जो उपलब्ध न हो सके।

४० मानवी=मनुष्य।

४४ तुम जोगी=तुम्हारे योग्य।

सकल पतित पावन किये, अधम उधारनहार।
विरद विचारौ बापजी, जन रज्जब की बार ॥४५॥

जे तुम राम बुलाय ल्यौ, तौ रज्जब मिलसी आय।
जथा पवन परसंगि ते गुडी गगन कूँ जाय ॥४६॥

भला बुरा जैसा किया, तैसा निपज्या जीव।
यह तुम्हरा तुमकूँ मिल्या, तुम क्यूँ मिले न पीव ॥४७॥

रे प्राणी, पासा पड्या, मिनखा देही माहि।
जन रज्जब जगदीस भजु, अब औसर सो नाहिं ॥४८॥

मिनखा-देह अलभ्य धन, जामें भजन-भँडार।
सो सुदृष्टि समझै नहीं, मानुप मुग्ध गँवार ॥४६॥

रज्जब रचिये राम सूँ, तौ तजिये संसार।
देखहु, तरु फल ना लहैं, बिना भये पतझार ॥५०॥

जैसे छाया कूप की, बाहरि निकसै नाहिं।
जन रज्जब यूँ राखिये, मन मनसा हरि माहिं ॥५१॥

साध, सबूरी स्वान की, लीजै करि सुविवेक।
वै घर बैठ्या एक के, तू घर घर फिरहि अनेक ॥५२॥

साबुन सुमिरण जल सतसंग। सकल सुकृत करि निर्मल अंग ॥
रज्जब रज उतरै इहि रूप। आतम-अम्बर होइ अनूप ॥५३॥

---

४६ परसंगि=साथ में। गुडी=पतग।
४७ निपज्या=उत्पन्न हुआ।
४८ मिनखा=मनुष्य।
५१ मन मनसा=मन की वृत्ति।
५२ सबूरी=सब्र, संतोष।
५३ रज=मिट्टी, मैल। इहि रूप=इसी प्रकार। अंबर=वस्त्र।

अब के जीते जीत है, अब कै हारे हार।
तौ रज्जब रामहिं भजौ, अलप आयु दिन चार ॥५४॥

सरणा साईं साध की, पकड़ि लेहि रे प्राण।
तौ रज्जब लागै नहीं, जम जालिम का वाण ॥५५॥

हिन्दू पावैगा वही, वोही मूसलमान।
रज्जब किणका रहम का, जिसकूँ दे रहमान ॥५६॥

हेत न करि हिन्दू धरम, तजि तुरकी रसरीति।
रज्जब जिन पैदा किया, ताही सूं करि प्रीति ॥५७॥

रज्जब हिन्दू तुरक तजि, सुमिरहु सिरजनहार।
पखापखी सूँ प्रीति करि कौन पहूँचा पार ॥५८॥

हिंदु तुरक दून्यूँ जलबूँदा। कासूँ कहये बांभण सूदा।
रज्जब समता ग्यान विचारा। पंचतत्त का सकल पसारा ॥५६॥

नारायण अरु नगर के, रज्जब पंथ अनेक।
कोई आवो कहीं दिसि, आगे अस्थल एक ॥६०॥

मुल्ला मन बिसमिल करौ, तजौ स्वाद का घाट।
सब सूरत सुबहान की, गाफिल गला न काट ॥६१॥

मार्‌या जाहि तौ मारिये, मनसा वैरी माहिं।
जन रज्जब सो छाड़िकै, मारन कूँ कछु नाहिं ॥६२॥

रज्जब वेटी वंदगी, जाई सिरजनहार।
दीन्हीं सो ला जीव कूँ, रिधि सिधि बांधी लार ॥६३॥

---

५८ पखापखी=पक्ष और विपक्ष।

५६ जल-बूँदा=माता-पिता के रज-वीर्य (से उत्पन्न) सूदा=शूद्र।

६१ बिसमिल=घायल। घाट=दिशा, ओर।

६३ जाई=पैदा की हुई। लार=साथ।

जो माया मुनिवर गिलै. सिव साधक से खाय।
ता मायासूँ हेत करि, रज्जब क्यूँ पतियाय ॥६४॥

एक गये नट नाचिकै, एक कछे अब आय।
जन रज्जब इक आइसी, बाजी रची खुदाय ॥६५॥

नामरदां भुगती नहीं, मरद गये करि त्याग।
रज्जब रिधि क्वांरी रही, पुरुष-पाणि नहिं लाग ॥६६॥

छाजन भोजन दे भगवंत अधिक न वांछै साधूसंत।
रज्जब यह संतोषी चाल. मांगहि नाहिं मुलक औ माल ॥६७॥

जबलगि तुझमें तू रहै, तबलगि वह रस नाहिं।
रज्जब आपा अरपिदे, तौ आवै हरि माहिं ॥६८॥

करणी कठिन रे बंदगी, कहनी सब आसान।
जन रज्जब रहणी विना, कहाँ मिलै रहिमान ॥६९॥

हाथघड़े कूँ पूजता. मोललिये का मान।
रज्जब अघड़ अमोल की, खलक खबर नहिं जान ॥७०॥

रज्जब चेतनि जड़ गह्या, सुधि बिन लागै सेव।
एती अकलि न ऊपजी, असम भया क्यूँ देव ॥७१॥

---

६४ गिलै=निगल जाये।

६५ कछे=नाचने के लिए वस्त्र सँवारकर पहने। आयसी=आयेगा।

६६ रिधि=ऋद्धि। क्वाँरी=कुमारी, अविवाहिता। पाणि=हाथ।

६७ छाजन=वस्त्र। वांछै=चाहते हैं।

७० हाथघडे कूँ=हाथ से बनाई हुई मूर्ति को। अघड़=जिसे मनुष्य ने नहीं बनाया। खलक=दुनिया।

७१ चेतनि=चैतन्य, मनुष्य। जड=पत्थर की मूर्ति से अभिप्राय है। सुधि=ज्ञान। असम=अश्म, पत्थर।

माला तिलक न मानई, तीरथ मूरति त्याग।
सो दिल दादू-पंथ में, परमपुरुष सूँ लाग ॥७२॥

पराकिरत मथि ऊपजे संसकिरत सब वेद।
अब समझावै कौनकरि, पाया भाषाभेद ॥७३॥

बीजरूप कछु और था, बिरछरूप भया और।
त्यूँ प्राकृत में संस्कृत, रज्जब समझा ब्यौर ॥७४॥

वेद सु वाणी कूपजल, दुखसूँ प्रापति होइ।
सबद साखि सरवर सलिल, सुख पीवै सब कोइ ॥७५॥

त्रिय जोजन बोली पलटै, बहु बसुधा बहु बाणि।
रज्जब लीजै सबद सति, रामनाम निज छाणि ॥७६॥

चाकी चरखा घसि गये, भ्रमि-भ्रमि भामिनि-हाथ।
तौ रज्जब क्यूँ होहिंगे, नर निहचल तिनसाथ ॥७७॥

समये मीठा बोलना, समये मीठा चूप।
उनहाले छाया भली, रज्जब सियाले धूप ॥७८॥

साईं देता ना थकै, लेता थकै न दास।
रज्जब रस-रसिया अमित, जुग-जुग पूरै प्यास ॥७८॥

मथुरा में माला खुली, तिलक ऊतरे मंथि।
रज्जब छूटे रामजन, पड़ि दादू के पंथि ॥८०॥

---

७३ पराकिरत=प्राकृत (भाषा)।
७४ ब्यौर=ब्यौरा, पूरा हाल।
७५ दुखसूँ=कठिनाई से।
७६ बाणि=भाषा। छाणि=सार लेकर।
७७ भ्रमि-भ्रमि=चक्कर लगाते-लगाते।
७८ उनहाले=गरमी में। सियाले=सरदी में।
८० मंथि=माथे से।

वषनाजी

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—अज्ञात ; अनुमानतः १७ वीं विक्रमी शती का प्रथम पाद

जन्म-स्थान—नराणा ग्राम (साँभर से ५ कोस दक्षिण)

जाति—मीरासी ; मतान्तर से लखारा, कलाल तथा राजपूत

गुरु—स्वामी दादू दयाल

आश्रम—गृहस्थ

रचना-काल—अनुमानतः संवत् १६४० से १६७७ तक

निर्वाण-स्थान—नराणा ग्राम

वषनाजी* का निश्चयात्मक इतिवृत्त इतना ही समझा जावे कि वे नराणे ग्राम के निवासी थे, और स्वामी दादू दयाल के प्रधान शिष्यों में उनकी गणना हुई है। यह एक ऊँचे दरजे के गायक थे, कंठ बड़ा सुरीला था। जनगोपालजी की 'जन्मलीला' में लिखा है —

"स्वामी गये सबनि सुख पाये। रमते नगर नराणैं आये ॥
वषनौं होरी गावत देख्यौ। गुरु दादू अपनौं करि पेख्यौ ॥
कृपा करी तब ऐसी स्वामी। वचन बोलिया अंतरजामी ॥
ऐसी देह रची रे भाई। राम निरंजन गावौ आई ॥
ऐसा वचन सुन्या है जबहीं। वषनौं दख्या लीन्हीं तबहीं ॥"

इस प्रकार वषना दादू दयालजी के शिष्य हुए थे। अर्थात्, शृंगाररस की होली गा रहे थे, कंठ मीठा सुरीला था, पर भाव गीत का संसारी था। दादूजी ने रास्ता मोड़ दिया। वषना अब मालिक के गुण गाने लगे। सतगुरु के शब्द-बाण से बिंध गये—

---

*'वषना' के 'ष' का उच्चारण 'ख' की तरह हुआ है।

"म्हारे गुरा कह्यो सोई करस्यूँ हो।
खार समँद में मीठी वेरी कर सूधैं बड़लै भरस्यूँ हो।"

गुरु-भक्ति इनकी बड़ी गहरी थी। दादूजी के विरह में इन्होंने जो पद कहा है, उसके शब्द-शब्द में इनकी गहरी गुरु-भक्ति की झलक मिलती है—

"बीछड़्या रामसनेही रे, म्हारे मन पछतावो येही रे।
विलखी सखी सहेली रे, ज्यों जल विन नागरवेली रे॥
वा मुलकति छवि छोड़ी रे, म्हारे रै गई हिरदा माहीं रे।
को ऊंहि उणिहारे नाहीं रे, हूँ ढूँढ़ि रहीं जग माहीं रे॥
सव फीको म्हारे भाई रे, मंडली को मंडण नाहीं रे।
कूँण सभा में सोहै रे, जाकी निर्मल वाणी मोहै रे॥
भरि-भरि प्रेम पिलावै रे, कोइ दादू आणि मिलावै रे॥
'वषना' वहुत विसूरै रे, दरसण के कारण झूरै रे॥"

दादूपंथी राघोदासजी ने अपनी 'भक्तमाल' में वपनाजी का गुणानुवाद इन शब्दों में किया है—

"गुरुभगता जनदास सील सुठि सुमरन सारौ।
विरह-लपेटे सवद लगत तन करत सु भारौ॥
हरिरस-मद पिय मत्त रैनिदिन रहै खुमारी।
परचै वाणी विसद सुनत प्रभु वहुत पियारी॥
माया ममता मान मद, राघो तन मन मारि छड।
दादू दीनदयाल के है वषनौं बानैत वड॥"

बानी-परिचय

वषनाजी की बानी के विषय में स्वामी मंगलदासजी ने "वषनाजी की वाणी" की भूमिका में लिखा है कि, "उनकी रचना का परीक्षण साहित्यिक दृष्टि से किया जाना संगत नहीं है, क्योंकि वे कोई कवि या साहित्यकार नहीं थे। वे तो एक सच्चे साधक थे। परमात्मा के लिए सव कुछ अर्पण कर देनेवाली भावना ही उनकी साहित्यधारा थी।" सत्य के चरणों पर सर्वस्वार्पण कर देने की भावना यदि साहित्य नहीं है तो फिर साहित्य और क्या है? काव्य के कतिपय आचार्यों ने साहित्य की जो व्याख्याएँ निर्धारित कर रखी हैं, और उदाहरणस्वरूप जिन अनेक कवियों की रचनाएँ उपस्थित की हैं, उनकी तुलना में भले ही संतों की

ऊँची रचनाओं को न रखा जाये--रखना समीचीन भी नहीं है—किन्तु साहित्य की आत्मा रस की निर्मल धारा तो उन्हींकी वाणी से प्रवाहित हुई है। उस धारा के आगे सुसज्जित भाषा काँपती है, अलंकार लजाते हैं।

बषनाजी ने ढू ढाहडी (राजस्थानी का एक भेद) भाषा में, सीधे-सादे शब्दों में, सत्य का ऊँचा निरूपण और मालिक के विरह का बड़ा सजीव चित्रण कियाहै। साखियाँ हृदय पर सीधे चोट करनेवाली, और पद अंतरको विना बाण के भेद देनेवाले हैं। कोई-कोई उक्ति तो बड़ी ही अनूठी है। दादू-पथ के महान् संत रज्जबजी ने भी इनकी साखियों और पदों को अपनी 'सर्वङ्गी' में लिया है। सुन्दरदासजी भी बषनाजी की वाणी को प्रमाणरूप मानते थे। शान्ति-निकेतन के आचार्य क्षितिमोहन सेन भी बषनाजी की बानी के भक्त हैं।

जयपुर के दादू महाविद्यालय के स्वामी मगलदासजी ने बषनाजी की वाणी का सुचारु संपादन कर सत-साहित्य की भारी सेवा की है। इसी सुसंपादित पुस्तक से हमने बषनाजी की साखियों और पदों को सटिप्पण संकलित किया है।

आधार

१ बषनाजी की वाणी—स्वामी मगलदास, श्री लक्ष्मीराम ट्रस्ट, जयपुर
२ सुन्दर-ग्रन्थावली (प्रथम खण्ड)--राजस्थान रिसर्च सोसाइटी, कलकत्ता

वषनाजी

साखी

गुर कौं सिष वूझै सदा, जे गुर करै सहाइ।
जहाँ हमारा हरि वसै, सो दादू देस वताइ ॥१॥

वांवै डिगी न दांहिणैं, मती अपूठा थाइ।
गुर दादू देस वताइया, वषना उस मारगि जाइ ॥२॥

रांमनांम जिन ओपदी, सतगुर दई वताइ।
ओषदि खाइ र पछि रहै, वषना वेदन जाइ ॥३॥

पछि पांणी राखै नहीं, जौ भावै सो खाइ।
तौ ओषदि गुण नां करै, वषना व्याधि न जाइ ॥४॥

इहिं ओषद तैं साध सव, अनत उधारी देह।
कोइ कुपछ का फेर है, नहीं त ओपद येह ॥५॥

सत जत सॉच खिमा दया, भाव भगति पछि लेह।
तौ अमर ओपदी गुण करै, वषना उधरै देह ॥६॥

अमर जड़ी पानैं पड़ी, सो सूँघी सत जाणि।
वषना विसहर सूँ लड़ै, न्योल जड़ी के पाणि ॥७॥

---

२ वांवै=वाईं ओर। मती=मत, न। अपूठा=पीछे। थाइ=हो।

३ ओपदी=औषध,दवा। पछि=पथ्य। वेदन=पीड़ा, रोग।

५ कुपछ=कुपथ्य। फेर=अंतर,भूल।

६ जत=संयम। खिमा=क्षमा।

७ पांनेपडी=हाथ में आई, मिल गई। विसहर=विषधर, सर्प। न्योल=

कीडी कुंजर सूँ लड़ै, गाइ सिंघ कै संग।
वपना भजनप्रताप थैं निवला सवलाँ संग ॥८॥

पहली था सो अब नहीं, अब सो पछैं न थाइ।
हरि भजि विलम न कीजिये, वपना वारी जाइ ॥९॥

जे बोल्या तौ राम कहि, जे चुपका तौ राम।
मन मनसा हिरदा मही, वपना यहु विश्रांम ॥१०॥

मव आया उस एक मैं, दही नहीं घृत सूध।
वपना वाकै क्या रह्या, जब दुहि पीया दूध ॥११॥

प्रश्न–चकोर अंगारे क्यू चुगै, चुगि देह जरावै।
कहि वपना किहिं कारणैं, कोई मरम लखावै ॥१२॥

उत्तर–ज्यौ त्रिभूति कबहूँ करै, लावै उस ठांई।
वपना मस्तक चन्द है, मिलि वाकै तांई ॥१३॥

दूध मिल्यौ ज्यूँ नीर मैं, जल मिसरी इक रूप।
सेवग स्वामी नांव द्वै, वपना एक सरूप ॥१४॥

भरिया होइ तौ कदे न डोलै, ग्यान ध्यान गुर पूरा।
वपना ओछै वासणि, झलकै सदा अधूरा ॥१५॥

वपना वेद कतेबाँ कागदाँ, लिख्या न आवै ग्यांनि।
पंखी उड्या आकाश मैं, मन अपणै उनमांनि ॥१६॥

नेवला। पाणि=हारे ने।

९ मही=मसर।

११ मही=मट्ठा। सूध=शुद्ध।

१३ त्यौ=शिव। विभूति=भस्म। वाकै तांई=उस (चन्द्र) के साथ।

१५ कदे=कभी। ओछै वासणि=छोटे बर्तन में, जिसमें कम पानी हो। झलकै=छलकता है।

१६ उनमानि=अनुमान या अटकल से।

कौडी रमतां डावड़ौ, डरतौ सास न लेइ।
वपना साहिव तौ मिलै, यौं लै चरणा देइ ॥१७॥

यौं लै लावौ रांम सूँ, वषना सारौ काम।
अवार हूवां पंथी डरै, कब वरि जास्यूँ रांम ॥१८॥

मोटी देखि वहुत मन मान्यां, दूहतां दूध न आवै।
वपना वहिल भैंसिनै मूरिख, क्यांहनैं पसर चरावै ॥१९॥

पै पांणी भेला पीवैं, नहीं ज्ञान को अंस।
तजि पांणी पैनैं पीवै, वषना साधू हंस ॥२०॥

कण कड़वी भेला चरैं, आंधा विषई प्राण।
वषना पसु भरम्यां भखै, सुनि भागौत पुराण ॥२१॥

देही का गुण वीसरै, एक रंगि रह जाइ।
वषना सोई सन्तजन, कड़वि टालि कण खाइ ॥२२॥

---

१७ रमतां=खेलनेवाला। डावड़ो=वालक। सास न लेह=मारे डरके सास भी नहीं खींचता कि माता-पिता कहीं खेलते हुए देख न लें। कौड़ियों का खेल खेलता तो है, पर ध्यान भय से उसका माता-पिता की ओर लगा हुआ है। लै=लय, तन्मयता।

१८ अवार=देर। जास्यूँ=जाऊँगा, पहुँचूँगा।

१९ वहिल=वॉंझ। क्याहनैं=क्यों व्यर्थ। पसर=रात को हरी घास चराना।

२० पै=पय, दूध। भेला=मिला हुआ। पैनैं=दूध को।

२१ कण=अन्न। कड़वी=भूसा। आँधा=मोहासक्त। भरम्या भखैं=भ्रम में ही फँसे रहते हैं, सार वस्तु ग्रहण नहीं कर पाते।

२२ एकरंगी=चित्तवृत्तियों का निरोध कर स्थिरवुद्धि हो जाना। टालि=दूर करके। कडवी=विपय-भोगों से आशय है। कण=आत्मानन्द से आशय है।

मात पिता की गमि नहीं, तहाँ पिवायौ खीर।
सो गुण थारा रांमजी, बषनै लिख्या शरीर ॥२३॥

बषना इहि ब्यौपार मैं, टोटा मनहुँ न आणि।
सिर साटै जै हरि मिलै, तबलग सुहगा जाणि ॥२४॥

नौ ग्रह तेतीसौं पड्यो, मेरी बंदि में आइ।
बषना माया गर्व सौ, देखत गयौ बिलाइ ॥२५॥

वैसंदरि धोवै लूगडा, सूरिज करै रसोइ।
बषणा ताकी चिता में, अजहूँ घूँवाँ होइ ॥२६॥

सीता राम वियोग नित, मिलि न कियौ विश्राम।
सीता लंक उद्यान मैं बषना बन मैं राम ॥२७॥

कैरू पांडू सारिखा, देता परदल मोड़ि।
बषना बल को गर्व करि, अंति मुवो सिर फोड़ि ॥२८॥

इसा बड़ा गर्वं गल्या, बल को करि अहंकार।
थे बषना अब दीन है, सुमिरो सिरजनहार ॥२९॥

बषना सुमिरौ रामनैं, मन कौ गर्व गमाइ।
जीवत जगि सोभा घणी, मूवा मुक्ति सिधाइ ॥३०॥

कोइल स्यांम, काग भी काला, भेप एक, पण लषण निराला।
काग रंक परि करैं कुरांली, वा बोलै अम्बा की डाली ॥३१॥

---

२४ मनहुँ न आणि=मन में भी न ला। साटै=मोल। सुहगा=सस्ता।
२५ तेतीसौं=तैंतीस करोड देवता। बंदि=कैद।
२६ वैसंदरि=अग्नि। लूगडा=कपड़ा।
२७ कैरू पांडू सारिखा=कौरव-पांडव सरीखे। परदल=शत्रु-सेना।
३१ पण=परन्तु। लषण=लक्षण। करंक=लाश। कुरांली=काँव-काँव।

वषना हरि जल बरषिया, जल थल भरे अनेक।
करम कठौरां माणसाँ, रोम न भीगो एक॥३२॥

मूल गह्या तो का भया, फल नहीं खाया वीर।
जै थणि लागी चींचड़ी, वषना पीयो न खीर॥३३॥

पद

राग गौडी

रमईयो कहि नै कदि सो म्हारो जीवन प्राण आधार,
जिहिं की मूंनै ओलूँ आवै वारंवार॥
जोई नै रूडौ जोइसी, रूडौ लगन विचारि।
कहि गोविन्द कद आवसी, म्हारा आंगणडै पग धारि॥
जिहि मिलियां आनन्द होइ रे, वीछडियाँ वैराग।
तिहिं मिलवा के कारणै हूँ ऊभी उडाऊंली काग॥
ऊभा वैठां निरखतां, म्हारा नैण रह्या रतवाय।
हरि को मारग हेरतां, रैण गई दिन जाय॥
पंथी बूझौं पल गिणौं रे, ऊभी मारग जोइ।
कोई कहै हरि आवतां, म्हारो हियो उरेरो होय॥
अणदीठो ओलूँ करै रे, मो मन वारंवार।
ऊझल फूटा क्यार ज्यूँ, म्हारै नैंण न खंडै धार॥
इहि वेला आयो नहीं, म्हारौ सहीयो संदेशो ऊटि।
हीयो पुराणी, वाड ज्यूँ, म्हारो गयो विचालथी टूटि॥

---

३३ थणि=थन, स्तन। चींचडी=ढोरों की खाल पर चिपटनेवाले जन्तु, जो रक्त चूसते रहते हैं।

१ मूंनैं=मुझे। ओलूँ=याद। रूडौ=सुन्दर। वैराग=दुःख से आशय है। ऊभी=खडी। नैंण रह्या रतवाय=रोते-रोते आँखें लाल हो गई हैं। मारग जोइ=बाट देखती हूँ। उरेरो=उमाह, आनन्द। अणदीठो=

सखी सहेली देहली रे, दाधा ऊपरि दाह।
हौ न जाणों क्यूँही रह्यो. मो निगुणी रो नाह ॥
क्रिपा करि आवो हरि, जन अपणा सोभाइ।
लेस्यूँ लांवै आँचलि वारणां, बषनो बलिहारी जाइ ॥१॥

आया था एक आया था, खबरि उहाँ की ल्याया था।
आदि अन्त की जाणै था. पूरणब्रह्म बखाणै था।
बूझ्या थैं सब कहता था, धोखा कछू न रहता था ॥
हरि का सेवग आदू था, नाव उन्होंका दादू था।
को ऐसा आया सूझैगा, बषना ताकों बूझैगा ॥२॥

राग गौड़ी

जोड़ौंगा रे जोड़ौंगा, हरि से प्रीति न तोड़ौंगा ॥
जोति पतगा जैसे जोड़ै, जीव जलै पै अंग न मोड़ै।
मृगनाद सुणि ऐसे बाछै. प्यड पड़ै परि अंग न खाँचै।
कतियारी ज्यूँ कात्या लोड़ै, ज्यूँ ज्यूँ तूटै त्यूँ त्यूँ जोड़ै ॥
योंकरि बषना जोड़ा जोड़ी हरि स्यूं जोड़ि आन सतोड़ी ॥३॥

राग गौड़ी

पिरथी परमेसुर की सारी।
कोई राजा अपनै सिर पर, भार लेहु मत भारी ॥

ऊभल=अधिक भर जाने पर। क्यार=क्यारी। नंटै=टूटती है। क्यूँही=क्यों। निगुणी रो=अभागिनी का। नाह=नाथ, स्वामी। सोभाइ=शोभा या बड़ाई पावे। लाँवै आँचलि=अंचल फैलाकर। वारणा=बलैयां। लेस्यूँ=लूँगी।

२ उहाँ की=प्रियतम के घर की. ब्रह्मलोक की। बूझ्या थै=पूछने से, जिज्ञासा करने पर। आदू=आदिगुरु।

३ अंग न मोड़ै=पीछे पैर नहीं रखता। बाछै=चाहे। प्यंड पड़ै=शरीर भले ही गिर जाये। खाँचै=खींचे. मोड़े। कतियारी=कातनेवाली। ज्यूँ ज्यूँ तूटै=सूत ज्यों-ज्यों कातने में टूटता है। स्यूँ=से।

पिरथी कै कारणि कैरू पांडो, करते जुद्ध दिनाई।
मेरी मेरी करि करि मूये, निहचै भई पराई॥
जाकै नौ ग्रह पाइडे बाँधे, कूवै मीच उसारी।
ता रावण की ठोर न ठाहर, गोविन्द गर्वप्रहारी॥
केते राजा राज बईठे, केते छत्र धरेंगे।
दिन द्वे च्यारि मुकाम भयो है, फिर भी कूँच करेंगे॥
अटल एक राजा अविनासी, जाकी अनंत लोक दुहाई।
वषना कहै, पिरथी है ताकी, नहीं तुम्हारी भाई॥४॥

राग गौड़ी

आसा रे अलूंधो रमइयौ कब मिलै, मिलियां हूँ जाण न देस।
अंचल गहि राखिस्यूँ रे, नैणा नीर भरेस॥
राम रहू कौ म्हारे मनि वस्यो, बिसार्‌यो नहिं जाय।
जे कबहू दिन विसरूँ रे, तो रैणि खटूकै आय॥
जे सोऊँ तो दोय जणा रे, जे जागौं तो एक।
सेज टटोलूँ पीव ना लहूँ, म्हारै पड्यौ कलेजै छेक॥
वार लगाई बालमा रे, विरहनि करै विलाप।
कोई इक आडो ह्वै रह्यौ, म्हारो पूरव जनम को पाप॥
बालपणा थै वाटड़ी, बूढापा लग दीठ।
कहि वषना, आवो हरी, म्हारा बलता बुझै अंगीठ॥५॥

राग रामकली

सोई जागै रे, सोई जागै रे, रामनाम ल्यो लागै रे।
आप अलंबण नींद अयाणा, जागत सूता होय सयाणा॥

---

४ पाइडे बाँधे=खाट की पाटी से बँधे हुए थे। उसारी=लटका रखा थी।

५ अलूँधी=अटकी हुई हूँ। रमइयो=प्यारा राम। मिलियाँ हूँ जाण न देस=मिलने पर फिर जाने नहीं दूँगी। खटूकै आय=खटकने लगता है। छेक=छेद। आडो=बाधक। बाटडी=राह। अँगीठ=हृदय की जलन।

तिहि बरियाँ गुरु आया, जिनि सूता जीव जगाया ॥
थी तो रैणि घरोरी, नींद गई तब मेरी ।
डरता पलक न लाऊँ हूँ जाग्यो और जगाऊँ ॥
सवत सुपना मांहीं, जागूँ तो कछु नाहीं ।
सुरति की सुरति विचारी, तब नेहा नींद निवारी ॥
एक सबद गुरु दीया, तिहिं सोवत बैठा कीया ।
बषना साध सभागा, जे अपने पहरे जागा ॥६॥

राग आसावरी

भाई रे, भूख मुवाँ गति नाहीं, तायैं समझि देख मन माहीं ।
आगै साध सबही हूवा, भूखा कई न मूवा ॥
जिन पाया तिन सहजै पाया, राम रूप सब हूवा ॥
धू पहलाद कबीर नामदेव, पापड कोई न राख्या ।
बैठि इकत नांव निज लीया, वेद भागोत यूँ भाख्या ॥
देव देहुरा सबही माया, याहं मे रांम न पाया ।
रमि भरमि सबही जग मूवा, यूँ ही जनम गँवाया ॥
जा जन को गुर पूरा मिलिया, अलख अभेव बताया ।
गुर दादू तैं बषना तिरिया, बहुड़ि न संकट आया ॥७॥

राग आसावरी

थारै सो म्हारै, म्हारै सु थारै, तिहिं नैं कहो कोण जुहारै ॥
ठाकुर कै ठकुरांणी, सेवग के नारी । इंहि लेखे दोन्यूँ घरबारी ॥

---

६ अलंबण=अहंकार का आधार । अचाणा=अचेत, गाफिल, अपने अहंकार को आधार देने से नींद में गाफिल हो गया ।

जगत सूता हरिजन जागा=अपनी समझ में जाग रहा था, पर असल में अचेत था । बरियाँ=अवसर । रैणि घरोरी=लम्बी जिन्दगी से आशय है ।

७ भूख मुवा=भूखों मरने से उपवास करने से । पाषंड=मिथ्याचार । भागोत=श्रीमद्भागवत । देहुरा=देवालय । अभेव=अभेद, जिसका भेद न मिल सके । तिरिया=संसार से तर गया । बहुड़ि=फिर ।

ठाकुर चाकर की क्रीतम काया। जोनी संकट दोन्यू आया॥
एक कीड़ी, एक कुंजर कीन्हा। कहा भयो शक्ति जे दीन्हा॥
च्यारि अवस्था, अरु त्रीगुण व्याप्यौ। कबहू भूखो, कबहूँ धाप्यौ॥
नहीं सो विरध, नहीं सोवालो। वपना को ठकुर राम निरालो॥८॥

राग आसावरी

ऐसा रे, मत ज्ञान विचारै, एकहिं को दूजा कर मारै॥
जो तै पाठ पढ्या रे भाई, सो पाठ सही ले वोड़ेगा।
दाँतण फाड्याँ लेखा लेगा, तो गल काट्याँ क्यूँ छोड़ेगा॥
धोये हाथ पाँव भी धोये, मैल रह्या दिल मांहीं।
अलह टिसमला करि मारण लागा, साहिब का डर नांहीं॥
वेमिहरां को मिहर न आवे, स्वाद न छोड़ै कोई।
अलह रांम वपना यों वोल्या, भिस्त कहाँ थै होई॥९॥

राग आसावरी

फुरमाया रे फुरमाया रे भाई, खाण मतै ऐसी मन आई॥
आपणि मार आपण ही खावै, पैगंवर नैं दोस लगावैं॥
रोजा धर्या निवाज गुजारी, साँझ पड्याँ थैं मुरगी मारी॥
वेमेहर को मेहर न आवै, गले पराये छुरी चलावै॥
वपना वहुत हिरस के घाले, भिस्त छाड़ दोजग को चालै॥१०॥

---

८ थारै सौ·····थारै=जो तुम्हारी आत्मा है वही मेरी है और जो मेरी आत्मा है वही तुम्हारी है, हम दोनों की एक ही आत्मा है। जुहारै=प्रणाम करे। लेखे=विचार से। क्रीतम=कृत्रिम, वनावटी। जोनी-संकट=गर्भवास का कष्ट। कुंजर=हाथी। धाप्यौ=तृप्त। वालो=वालक।

९ एकहिं·····मारै=एक प्राणी को दूसरी आत्मा समझकर मारता है, असल में तो वह तेरी ही आत्मा है। सही ले वोड़ेगा=निश्चय ही ले डुबायेगा। भिस्त=वहिश्त, स्वर्ग।

१० खाण मतै=खाने के विचार से। आपणि····· लगावै=आपही जिवह करके खुद खा जाता है और पैगम्बर मोहम्मद साहब का नाम लेता है कि

राग आसावरी

हूँ क्यों विसरूँ रे तो गुण दीनदयाल ?
तूं म्हारो ओगुण छावणों करुणामै कृपाल ॥
जिहिं उदर मांहि अधार दीयो, नीर खीर संजोइ।
सो थारा कीया रांमजी, म्हारै कहै न होइ॥
जिहिं सिरज्या जल बूँद में, बंध्या इसा बंधाण।
सो हमनैं क्यूँ बीसरै, जिहिं का ये सहनाँण॥
जिहिं सगेरा सहि सगा, मात पिता परिवार।
तिहिं तूटा सहि तूटसे, कोई राखै नहीं लगार॥
और सबै विसारिस्यूं, कहूँ नहिं म्हारे भाइ।
जिहि विना म्हारे ना सरै, सो क्यूँ विसार्‍यो जाइ॥
ये गुण थारा रांमजी, ये दूजा का नाहिं।
सो वपना क्यूँ बीसरै, म्हारै लिख्या जु हिरदे मांहिं ॥११॥

साखी

कुणका बीणत क्यूँ फिरै, पूरी रासि विहाइ।
कहि वपना तिहिं दास को, कटहूँ काल न खाइ ॥१२॥

राग सोरठ

मन रे, हरत परत दिन हारयो रांमचरण जो तैं हिरदौं विसार्‍यो ॥
माया मोह्यो रे, क्यूँ चित्त न आयो। मनिप जन्म तैं अहलो गमायो ॥

उन्होंने जिबह करने को कहा था! हिरस=वासना। घाले=मारे हुए, वशीभूत। दोजग=दोजख, नरक।

११ छावणों=छिपानेवाला। सँजोइ=जुटाकर। बँध्या इसा बंधाण=ऐसी अद्भुत शरीर-रचना की। जलबूँद में=एक बूँद वीर्य और एक बूँद रज के संयोग से। सहनाँण=निशानी। सगेरा सहि=सम्बन्ध के कारण। लगार=नाता साथ। म्हारे ना सरै=मेरा काम नहीं चलता।

१२ कुणका=अन्न का एक एक दाना। रासि=ढेर।

१३ हरत परत=संसारी कामों में गिरते-पड़ते हुए। दिन हार्‍या=जीवन बीत

कण छाड्यो, निकणै चित लायो। थोथरो पिछोड्यो, क्यूं हाथ न आयो ॥
साच तज्यो, झूठै मन मान्यो। वषना भूल्यो रे, तैं भेद न जान्यो ॥१३॥

राग सोरठ

हिरदो वड़ो रे कठोर।
कोटि कियां भीजै नहीं, ऐसो पाहण नाहीं और ॥
गंगा ने गोदावरी न्हायो, कासी पुहकर मांहिं रे।
कर्म कापड़ै मैण को, तार्थं रोम भीगो नांहिं रे ॥
वेद ने भागोत सुनिया, कथा सुणी अनेक रे।
कर्म पाखर सारिखा, तार्थं वाण न लागै एक रे ॥
औंधा कलसा ऊपरै, जल बूठो अखंड धार रे।
तत वेला निहालियो, तो पाणी नहीं लगार रे ॥
ब्रह्म अगनि पाषाण जाल्या, चूना कीया सलेस रे।
वषना सिजोया रांमरस, म्हारा सतगुरन आदेस रे ॥१४॥

राग मारू

विचालै अन्तरो रे, हरि, हम भागो नांहिं ॥
को जाणै कद भाजसी, म्हारै पछतावो मन मांहिं।
आडा डूँगर वन घणां, नदियाँ वहैं अनंत।
सो पंखडियाँ पंजर नहि. हौं मिल-मिल आऊँ नित ॥

गया। मनिष=मनुष्य। अहलो=व्यर्थ। निकणै=भूसी, सांसारिक विषयों से तात्पर्य है, जो निस्सार हैं। थोथरो पिछड्यो=केवल भुस को पिछोड़ा या फटका।

१४ कोटि कियाँ=करोड़ों उपाय करने पर भी। ने=और। पुहकर=पुष्कर-तीर्थ। मैंण=मोम। पाखर=कवच। कलस=घड़ा। बूठो=बरसा। निहा-लियो=संभाला। ततवेला=सही समय पर। सलेस=पका। ब्रह्म······ सलेस रे=पत्थर-जैसे हृदय को ब्रह्म की अग्नि में अर्थात् प्रचंड प्रीति में जला-कर पायेदार चूना तैयार कर लिया और अब उसे प्रियतम राम के प्रेम-रस से भिगोकर बुझा लिया है।

चरण पाषैं चालिबो रे, धरती पाषैं बाट।
परवत पाषैं लंघणा, विषमी ओघट घाट॥
जातों जातों घोहडा, म्हारै मन पछितावो होइ।
जीवत मेलो हे सखी, मूंवा न मिलसी कोइ॥
हरिदरसन कारणि हे सखी, म्हारै नैंन रह्या जल पूरि।
सो साजन अलगा हुवा, भ्वै भारी घर दूरि॥
पाती प्यारा पीव की, हूँ क्यूँ बाचों कर लेइ।
विरह महाघन ऊमड्यो, म्हारो नैंन न बाँचण देइ॥
बटाऊ उहि बाट का, म्हारो संदेसो तिहिं हाथि।
आऊँली नाहीं रहूँ, काहू साधूजन कै साथि॥
ज्यूँ वन कै कारणि हस्ती झुरै, चकवी पैले पारि।
यों बषना झुरै रांम कूँ, ज्यूँ उलगॉणा की नारि॥१५॥

राग मारू

हरि आवै हो कब देखौं, आँगण म्हारै।
कोइ सो दिन होइ रे, जा दिन चरणाँ धारै॥
सुन्दर रूप तुम्हारो देखौं, नैनों भरे।
तन मन ऊपरि वारों, नौछावर करे॥
तारा गिणताँ मोहि विहावै, रैणि निरासी।
विरहणीं विलाप करै, हरि-दरसन की प्यासी॥

---

१५ विचालै अतरो=(हम दोनों के) बीच वह अंतर पड़ गया है। भागसी=भाग जायेगा। आडा=बाधक। डूँगर=टीले, भींटे। पंजर=शरीर। नित=नित्य। पाषैं=शब्द कुछ अस्पष्ट-सा है; किंतु स्वामी मंगलदासने इसका अर्थ 'बिना' किया है, जो ठीक बैठता है। विषमी=कठिन, भयानक। घोहडा=दिन। मिलसी=मिलेगा। भ्वै=भय। बटाऊ=राहगीर। हस्ती=हाथी। झुरै=रोता है (वन बीच में आ जाने से हथिनी के वियोग से)। पैले पारि=(जलाशय के) उस पार। उलगॉणा=परदेश गया हुआ।

१६ विहावै=बीत जाती है। निरासी=निराशाभरी। तालावेली=बेचैनी

बिन देखै तन तालावेली, कामणो करै।
मेरा मन मोहन बिना, धीरज ना धरै॥
बषना बारबार, हरि का मारिग देखै।
दीनदयाल दया करि आवो, सोइ दिन लेखै ॥१६॥

राग टोडी

जोखीला सब जोईला, कोई नांव समान न होईला।
अढ़सठ तीरथ वेद पुराना, तुलै नहीं को नांव समाना।
नेम धर्म सब जप तप भैला, नांव समान कोई हुवा न हैला।
दान पुंनि करि तुला बईठा, नांव समान कोई तुलत न दीठा।
नौखंड पृथी जोखी जोई, बषना नहीं बराबरि होई ॥१७॥

राग टोडी

नांव हरी का प्यारा रे, जासूँ लागा हेत हमारा रे॥
जैसे माखी को गुड़ मीठा, जिसा पतगै दीपक दीठा।
जैसे चन्द कमोदनि प्यारा, तैसा हरि सूँ हेत हमारा।
ज्यूँ कीड़ी कण सांच्या भावै, सीप स्वांति जल ऊपरि आवै।
चन्दनि चील न होई न्यारा, तैसा हरि सूँ हेत हमारा ॥१८॥

राग टोडी

हेरिलै फेरिलै घेरिलै पाछो, रांमभगति करि होय मन आछो॥
जाणि तांणि अपूठो आणि, जे बाणैं तो हरि सों बाणि॥
बावरो भयो कै लागी बाइ, रीती तलाइयां झूलण जाइ।
साधसंगति में रहु रे भाई, बषना तूनैं रांमदुहाई ॥१९॥

तड़पन। सोई दिन लेखै=वही दिन धन्य है।

१७ जोखीला=नाप-जोख कर लिया। जोईला=देख-समझ लिया। होईला=हुआ। बईठा=बैठा।

१८ हेत=प्रेम। चील='चील्ह' का अर्थ कुछ बैठता नहीं; संभवतः चकोर से आशय होगा।

राग गुंड

धन रे दिहाडो आजको रे लोइ, हरिजन आया म्हारै हरिजस होइ ॥
ज्याँह को मारग हेरताँ हरी, सो जन आया म्हारै कृपा करी।
भावभगति रुचि उपजी घणी, हिरदै आया म्हारै त्रिभुवनधणी ॥
परफुलित अति कंवल बिगास, मन का मनोरथ पुरवी आस।
बषना महिमा बरणी न जाइ, रांम सहित जन मिलिया आइ ॥२०

राग बिलावल

मेरे लालन हो, दरस द्यो क्यूँ नांहीं।
जैसे जल बिन मीन तलपै, यूँ हूँ तेरे ताईं ॥
बिन देख्यूं तन तालाबेली, बिरहनि बारहमासी ।
दिल मेरी का दरद पियारे, तुम्ह मिलियां तैं जासी ॥
रैणि निरासी होइ छैमासी, तारा गिणत बिहासी ।
दिन बिरहनि क्यूँ बाट तुम्हारी. सदा उडीकत जासी ॥
.जल थल देखूं परवत देखूं, बन बन फिरों उदासी।
बूझों कोई उहाँ थै आया, ठावा मोहि बतासी ॥
फिरि फिरि सबै सयाने बूझे, हौं तो आसपियासी ।
बषना कहै, कहो क्यूँ नाहीं, कब साहिब घर आसी ॥२१॥

राग कन्हारो

भाव-भजन की भाठी आगे, रांम-रसायन पीवन लागे ॥
देह री कलाली, तूँ जिनि नाटै, हरि-रस तो है तन कै साटै ।

ले। जाणि=समझकर। ताणि=खींच। अपूठो=सम्मुख, स्थिर। जे बाणि=
यदि वाणिज्य करता है। रीती तलाइयाँ=बिना पानी के तालाबों में।
झूलण जाइ=नहाने-तैरने जाता है। तूनैं=तुझे।

२० दिहाडो=दिन। लोइ=लोगो। हरिजस=हरि-कीर्तन। कँवल बिगास=
हृदय-कमल खिल गया।

२१ तेरे ताईं=तेरे लिए। बिहासी=कटती है। ठावा=सही। सयानें=.
ओझा लोग। आसी=आयेगा।

एक पियाला हमकों दीया, साथी सह मतिवाला कीया ॥
सद मतिवाले साध हमारे, तन मन कापड़ गहणै मारे।
सार सुधारस हिरदै धारे, हरि-रस पीवे पिचका डारे ॥
पीवे सदा खुमार न भागै, ल्याव ही ल्याव सदा ल्यो लागै।
नाचैं गावैं हरि-रस-राते, वपना दादूपंथी माते ॥२२॥

राग धनाश्रिरी

भरमतो भरमतो, तुम्हारै सरणै आयो।
दीनदयाल पतितपावन, एक तूँ ही वतायो ॥
चौरासी लख भरमतो आयो, तुम्हारो घर नीठि पायो।
अनाथ को नाथ एक, तूँ ही जु वतायो ॥
और जे वाँधै धाइ, दाम दे लीजै छुडाइ।
कर्म को वाँध्यो तुम पै छूटै, रांमइया राइ ॥
सारां ही साधाँ वताई, उवरण की ठौर याई।
वूझि वपना सरण आयो, राखिलै रांमराई ॥२३॥

राग मलार

वीछड्या रांम-सनेही रे, म्हारै मन पछतावो येही रे ॥*
वीछुड़िया वन दहिया रे, म्हारै हिवडै करवत वहिया रे ॥

---

२२ भाठी=मद्य बनाने की भट्टी। रसायन=मद्य। जिनि नाटै=नाहीं न कर। साटै=वदले में, मोल में। तन ...मारे=तन, मन और वस्त्र रेहन रख दिये, सर्वस्व सौंप दिया। पिचका डारे=फोक फेंक दिया।

२६ भरमतो-भरमतो=भटकता-भटकता, चक्कर काटता-काटता। नीठि=बड़ी मुश्किल से। राइ=राजा, स्वामी। सारा ही=सभी। उवरण=उद्धार पाने की। याई=यही, अर्थात् प्रभु की शरणागति।

२४ वन दहिया=(जीवनरूपी) वन धायँ-धायँ जल रहा है। हिवड़ै करवत

*यह पद वपनाजीने सद्गुरु स्वामी दादू दयाल के महानिर्वाण के प्रसंग पर वियोग की दशा में कहा था।

बिलखी सखी सहेली रे, ज्यूँ जल बिन नागरवेली रे ॥
वा मुलकनि की छवि छाहीं रे, म्हारै रहि गई हिरदै माहीं रे ॥
को उहिं उणहारे नाहीं रे, हौं ढूंढ़ रही जग माहीं रे ॥
सब फोको म्हारै भाई रे, मंडली कौं मंडण नाहीं रे ॥
कोण सभा में सोहे रे, जाकी निर्मल वाणी मोहे रे ॥
भरि-भरि प्रेम पियावे रे, कोई दादू आणि मिलावे रे ॥
बपना बहुत बिसूरे रे, दरसन कै कारण झूरे रे ॥२४॥

बहिया=हृदय पर करौत (आरा) चल रहा है। मुलकनि=प्रफुल्लता, विहँसन। उणहारे=उपमा का। मंडण=शृंगार। बिसूरे=याद कर-कर रोता है। कारण=लिए। झूरे=तडप रहा है।

वाजिदजी

चोला-परिचय

जाति—पठान

पूर्वधर्म—इसलाम

गुरु—स्वामी दादू दयाल

वाजिदजी के विषय में केवल इतना ही प्रसिद्ध है कि यह एक पठान थे। शिकार खेलने एक दिन निकले, और जंगल में एक हिरणी पर तीर चलाने ही वाले थे कि इनके हृदय से करुणा का निर्झर फूट पड़ा। तीर-कमान तोड़कर फेंक दिये। जीवन जीव-प्रेम की ओर मुड़ गया। सद्गुरु पाने के लिए व्याकुल हो उठे। खोजते-खोजते स्वामी दादू दयाल की अकुतोभय शरण पाली, और उनके कृपापात्र शिष्य हो गये। दादू दयालजी के १५२ शिष्यों में वाजिदजी की गणना की जाती है।

स्वामी मंगलदासजी ने अपने 'पंचामृत' में वाजिदजी के विषय में राघोदासजी का यह कवित्त उद्धृत किया है—

> छाड़िकै पठान-कुल रामनाम कीन्हों पाठ,
>
> भजनप्रताप सूं वाजिद वाजी जीत्यौ है ॥
>
> हिरणी हतत डर डर भयो भयकरि,
>
> सीलभाव उपज्यो दुमीलभाव बीत्यौ है ॥
>
> तोरे हैं कबाणतीर चारुक दियो शरीर
>
> दादूजी दयाल गुरु अंतर उदीत्यौ है ॥
>
> गयो रति रात दिन देह दिल मालिक सूँ
>
> खालिक सूं खेल्यो जैसे खेलण की रीत्यौ है ॥

बानी-परिचय

'अरिल' छंद में अनेक अंगों पर वाजिदजी ने प्रसादगुणयुक्त सरल सरस रचना की है। कहते हैं कि छोटे-छोटे १४ ग्रन्थों में इनकी पूरी बानी है, पर सब उपलब्ध नहीं हैं। इनकी कुछ साखियों को रज्जबजी ने भी अपने संग्रह में संकलित किया है। इन्होंने दोहे-चौपाई में भी रचना की है।

भाषा में ओज है, प्रवाह है। उर्दू-फारसी शब्दों का कदाचित् ही प्रयोग किया है। दया और उदारता तथा देह की अनित्यता पर इनके बड़े ही भाव-पूर्ण 'अरिल' हैं।

आधार

पञ्चामृत—स्वामी मंगलदास, श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट, जयपुर

वाजिदजी

सुमरण कौ अंग

अरध नाम पाषाण तिरे नर लोइ रे।
तेरा नाम कह्यो कलि मांहि न बूड़े कोइ रे।
कर्म सुकृति इकबार खिलै हो जाहिंगे।
हरि हां वाजिद, हस्ती के असवार न कूकर खाहिंगे ॥१॥

रामनाम की लूट फबी है जीव कूँ।
निसबासर वाजिद सुमरता पीव कूँ।
यही बात परसिद्ध कहत सब गांव रे।
हरि हां, अधम अजामेल तिर्‌यो नारायण-नांव रे ॥२॥

विरह कौ अंग

कहियो जाय सलाम हमारी राम कूँ।
नैण रहे झड़ लाय तुम्हारे नाम कूँ ॥

सुमरण कौ अंग

१ अरध नाम······रे—रामनाम के आधे भाग से अर्थात् 'रकार' मात्र से समुद्र पर नल आदि वानर लोगों ने पत्थर तैरा दिये। खिलै=क्षीण। खाहिंगे=काटेंगे।

२ फबी=जँची। पीव=प्रियतम, परमात्मा।

विरह कौ अंग

१ नैण=नयन। कल्यां=कलियाँ; पंखड़ियाँ। जायसी=(मुरझा) जायेंगी।

कमल गया कुमलाय कल्यों भी जायसी।
हरि हां वाजिद, इस वाड़ी में वहुरि न भँवरा आयसी ॥१॥

चटक चांदणी रात विछाया ढोलिया।
भर भादव की रैण पपीहा वोलिया ॥
कोयल सवद सुणाय रामरस लेत है।
हरि हां वाजिद, दाझ्यो ऊपर लूण पपीहा देत है ॥२॥

रैण सवाई वार पपीहा रटत है।
ज्यूँ ज्यूँ सुणिये कान करेजा कटत है॥
खान पान वाजिद सुहात न जीव रे।
हरि हां, फूल भये सम सूल विना वा पीव रे ॥३॥

इक तो कारी रैण ऐन मनो सांपनी।
दूजी चमकै वीजु डरावै पापनी॥
हरि, हां, हूँ वलिजाऊँ मिलावो पीव कूँ।
हरि हां. विना नाथ के मिले चैन नहिं जीव कूँ ॥४॥

मोर करत अति सोर चमक रही वीजरी।
जाको पीव विदेस ताहि कहां तीज री॥
वदन मलिन मन सोच खान नहिं खाति है।
हरि हां, वाजिद, अति उनमन तन छीणर हति इह भांति है ॥५॥

पंछी एक संदेस कहो उस पीव सूँ।
विरहनि है वेहाल जायेगी जीव सूँ॥

आयसी=आयेगा। भँवरा=भ्रमर, जीव से आशय है।
२ ढोलिया=पलंग। रैण=रात। दाझ्यो=जला हुआ। लूण=नमक।
४ ऐन=बिल्कुल जैसी। बीज=बिजली।
५ तीज=सावन सुदी तीज का त्योंहार। उनमन=खिन्न।

सींचनहार सुदूर, सूक भई लाकरी।
हरि हां, वाजिद, घर ही में वन कियो वियोगनि वापरी ॥६॥

वालम वस्यो विदेस भयावह भौन है।
सोवै पाँव पसार जु ऐसी कौन है॥
अति ही कठिन यह रैण वीतती जीव कूँ।
हरि हां, वाजिद, कोई चतुर सुजान कहै जाय पीव कूँ ॥७॥

पीव वस्या परदेस कि जोगन मैं भई।
उनमनि मुद्रा धार फकीरी मैं लई॥
ढूँढ्या सव संसार क अलख जगाइया।
हरि हां, वाजिद, वह सूरत वह पीव कहूँ नहिं पाइया ॥८॥

पत्री हू हम पास न आई रावरी।
दृगन वहै वहु नीर कहैं सव वावरी॥
कौन जिये! में जिये हानि है नेह में।
हरि हां, निसदिन, तलफै प्राण रहै क्यूँ देह में ॥९॥

जव तें कीनो गौन भौन नहिं भावही।
भई छमासी रैण नींद नहिं आवही॥
मीत, तुम्हारो चीत रहत है जीव कूँ।
हरि हां, वाजिद, वो दिन कैसो होइ मिलौं हरि पीव कूँ ॥१०॥

---

६ सूक भई लाकरी=सूखकर लकड़ी की तरह दुवली हो गई। वापरी=ग़रीव, दीन।
७ पाँव पसार=वेफिकर होकर।
९ रावरी=आपकी (अवधी)।
१० चीत=ध्यान।

काजल तिलक तमोल तुमारो नाम है।
चोवा चदन अगर इसी का काम है॥
हार हमेल सिंगार न सोहैं रालड़ी।
हरि हां, वाजिद, जब जिव लागै पीव और क्यूं आखड़ी ॥११॥

कहिये सुणिये राम और नहिं चित्त रे।
हरि चरणन को ध्यान सु धरिये नित्त रे॥
जीव विलंब्या पीव दुहाई राम की।
हरि हां, सुख संपति वाजिद कहो किस काम की ॥१२॥

तुमहि विलोकत नैण भई हूँ बावरी।
झोरी डंड भभूत पगन दोऊ पॉवरी॥
कर जोगण को भेष सकल जग डोलिहूँ।
वाजिद, ऐसो मेरा नेम राम मुख बोलिहूँ ॥१३॥

पतिव्रता कौ अंग

सूर कमल वाजिद न सुपने मेल है।
जरै द्यौस अरु रैण कड़ाई तेल है॥
हमही में सब खोट दोष नहिं स्याम कूँ।
हरि हां, वाजिद, ऊंच नीच मों बँधे कहो किहि काम कूँ ॥१॥

---

११ तमोल=पान। चोवा=कपूर, खस, चन्दन आदि का शीतल लेप।

१२ विलम्ब्या=रम गया, लग गया।

१३ झोरी=झोली। भभूत=भस्म। पॉवरी=खड़ाऊँ।

पतिव्रता कौ अंग

१ सूर=सूर्य। द्यौस=दिवस, दिन। कड़ाई तेल=जैसे कड़ाई में तेल जलता है। खोट=दोष, कमी।

आवेंगे किहि काम पराई पौर के।
मोती जर-वर जाहु न लीजै और के॥
परिहरिये वाजिद न छूवे माथ को।
हरि हां, पाहन नीको वीर नाथ के हाथ को॥२॥

भूखे भोजन देइ उघारे कापरो।
खाय धणी को लूण जाय कहाँ वापरो।
भली बुरी वाजिद सबै ही सहेंगे।
हरि हां, दरगह को दरवेश यहां ही रहेंगे॥३॥

साध कौ अंग

एक राम को नाम लीजिये नित्त रे।
और बात वाजिद चढ़ै नहिं चित्त रे॥
बैठे धोयव हाथ आपणे जीव सूं।
हरि हां, दास आस तज और बँधे हैं पीव सूं॥१॥

उपदेस कौ अंग

हरिजन बैठा होय तहाँ चल जाइये।
हिरदै उपजै ग्यान रामगुण गाइये॥

---

२ पौर=घर। पाहन नीको=पत्थर भी अच्छा है।

३ उघारे=नंगे को। कापरो=कपडा। धणी को लूण=मालिक का नमक। वापरो=बेचारा। दरगह=खुदा का घर। दरवेश=फकीर।

साध कौ अंग

१ बैठे ... ... जीवसूँ=प्राणों का मोह छोड़कर बैठे हैं। बँधे हैं पीवसूँ=प्रियतम प्रभु से नाता जोड लिया है।

उपदेश कौ अंग

१ बिहूणा=बिना प्रियतम की।

परिहरिये वह ठाम भगति नहिं राम की।
हरि हां, वाजिद बीन बिहूणी जान कहो किस काम की ॥१॥

साधां सेती नेह लगे तो लाइये।
जे घर होवे हांण तहुँ न छिटकाइये॥
जे नर मूरख जान सो तो मन में डरै।
हरि हां, वाजिद, सब कारज सिध होय कृपा जे वह करै ॥२॥

वेग करहु पुन दान बेर क्यूँ बनत है।
दिवस घड़ी पल जाम जुरा सो गिनत है॥
मुख पर देहैं थाप सूँज सब लूटिहै।
हरि हां, जम जालिम सूँ वाजिद जीव नहिं छूटिहै ॥३॥

कहै वाजिद पुकार सीख एक सुन्न रे।
आड़ो बांकी वार आइहै पुन्न रे॥
अपनों पेट पसार बड़ौ क्यूं कीजिये।
हरि हां, सारी मैं ते कौर और कूँ दीजिये ॥४॥

धन तो सोई जांण धणी के अरथ है।
बाकी माया बीर पाप को गरथ है॥
जो अब लागी लाय बुझावै भौन रे।
हरि हां वाजिद, बैठ पथर की नाव पार गयो कौन रे ॥५॥

---

२ साधां सेती=साधुजनों के साथ। लाइये=लगाना चाहिए। हांण=हानि। तहुँ न छिटकाइये=तोभी नहीं छोड़ना चाहिए। जे=यदि।

३ पुन=पुन्य। बेर=देर। जुरा=जरा, बुढ़ापा। थाप=थप्पड़, तमाचा। सूँज=सामान।

४ आड़ो '' '' पुन्न रे=अरे, विपत्ति के समय एक पुण्य ही काम आयेगा। सारी मैं ते कौर=पूर्ण थाली में से एक कौर या ग्रास।

५ अरथ=निमित्त। गरथ=राशि, पूँजी। लाय=आग।

जो भी होय कुछ गांठि खोलिकै दीजिये।
सांई सबही मांहि, नांहिं क्यूँ कीजिये॥
जाको ताकूँ सौंप क्यूँ न सुख सोवही।
हरि हां, अंत लुणैं वाजिद खेत जो बोवही॥६॥

जोध मुये ते गये, रहे ते जाहिंगे।
धन सँाचता दिनरैण कहो कुण खांहिंगे॥
तन धन है मिजमान दुहाई राम की।
हरि हां, दे ले खर्च खिलाय धरी किहि काम की॥७॥

गहरी राखी गोय कहो किस काम कूँ।
या माया वाजिद समर्पो राम कूँ॥
कान अंगुली मेलि पुकारे दास रे।
हरि हां, फूल धूल मे धरै न फैलै वास रे॥८॥

चिंतामणि कौ अंग

टेढ़ी पगड़ी बाँध झरोखा झाँकते।
ताता तुरग पिलाण चहूँटे डाकते॥

---

६ जाको ताकूँ सौंप=जिस मालिक का दिया धन है उसीके निमित्त उसे लगादे।

७ जोध=योद्धा। मुये=मर गये। सँाचता=जोड़ता, इकट्ठा करता। कुण=कौन। मिजमान=मेहमान; क्षणस्थायी। धरी=संचित (संपत्ति)।

८ गहरी राखी गोय=जमीन में गाडकर रखी हुई। कान·· दास रे=अरे, यह प्रभु का दास वाजिद खूब चिल्लाकर कह रहा है। फूल·· ··वास रे=अरे, जैसे मिट्टी मे दबा देने से फूल की सुगन्ध नहीं फैलती, वैसे ही धन गाड देने या छिपाकर रखने से यश नहीं मिलता।

लारे चढ़ती फौज नगारा बाजते।
वाजिद, वे नर गये बिलाय सिंह ज्यूँ गाजते ॥१॥

दो दो दीपक जोय सु मन्दिर पोढ़ते।
नारी सेती नेह पलक नहीं छोड़ते ॥
तेल फुलेल लगाय क काया चाम की।
हरि हां, वाजिद, मर्द गर्द मिल गये दुहाई राम की ॥२॥

सिर पचरंगी पाग क जामां जरकसी।
हाथों ढाल कमाण कमर में तरकसी ॥
जो घर चंगी नारि दिखावे आरसी।
हरि हां, वाजिद, वे नर चले मसांण पढ़ंता फारसी ॥३॥

घड़ी घड़ी घड़ियाल पुकार्‌या कहत है।
आव गई सब बीत अल्पसी रहत है ॥
सोवे कहाँ अचेत जाग जप पीव रे।
हरि हां. वाजिद, जलणा आज कि काल बटाऊ जीव रे ॥४॥

सिर पर लम्बा केस चले गज चालसी।
हाथ गह्यां समसेर ढलक्की ढालसी ॥

चिंतामणि कौ अंग

१ टेढी=बाँकी, झुकी हुई। ताता=तेज। पिलाण=जीन कसकर। चहूटे डाकते=चारों तरफ कूदते थे। लारे=पीछे पीछे। गये बिलाय=लापता हो गये।

२ जोय=जलाकर। मंदिर=महल। सेती=से, प्रति। मर्द=शूरवीर।

३ पाग=पगड़ी। जरकसी=जरीदार। कमाण=धनुष। तरकसी=तीर रखने का चोंगा। चंगी=सुंदर। आरसी=दर्पण। मसाण=मरघट।

४ आव=आयु। बटाऊ=राहगीर।

एता यह अभिमान कहाँ ठहराहिंगे।
हरि हां, वाजिद, ज्यूँ तीतर कूँ बाज झपट ले जाहिंगे ॥५॥

पातशाह के सेझ पथरणा पाट का।
हीरां जड्या जडावक पाया खाट का॥
हुरमां खड़ी हजूरि करति हैं वंदगी।
हरि हां, विना भज्या भगवान पड़ेगा गंदगी॥६॥

कारीगर कर्तार क हून्दर हद किया।
दस दरवाजा राख शहर पैदा किया॥
नखसिख महल वनायक दीपक जोड़िया।
हरि हां, भीतर भरी भँगार क ऊपर रंग दिया॥७॥

मेटै पुन्न की रेख क दौड़े पापनें।
साला न्यौत जिमाय धका दे वापनें॥
करै नारि की भीड़ गालि दे वहन कूँ।
हरि हां, वाजिद, सो नर नरका जाय ठौर नहीं रहन कूँ॥८॥

काल कौ अंग

काल फिरत है हाल रैंणदिन लोइ रे।
हनै राव अरु रंक गिणै नहिं कोइ रे॥

६　सेझ=सेज। पथरणा पाट का=रेशम का बिस्तरा। हुरमां=सुन्दरियाँ। गंदगी=नरक।

७　हूंदर=हुनर, कारीगरी। दीपक=जीवात्मा से अभिप्राय है। भंगार=कचरा।

८　पापनें=पापको, पाप की ओर। वापनें=बाप को। भीड=सेवा-सहायता।

काल कौ अंग

१　लोइ=लोगो। बाट की दूब=रास्ते पर का घास, जिसे सभी कुचलकर चलते हैं।

यह दुनियां वाजिद वाट की दूब है।
हरि हां, पाणी पहिले पाल बँधे तो खूब है ॥१॥

मैं कहियां वाजिद तोहि बर बीस रे।
करिहै खंड विहंड हाथ पर सीस रे ॥
जुरा है बड़ी बलाय न छाड़ै जीव कूँ।
हरि हां, दूर जिन जाय पकड़ रह पीव कूँ ॥२॥

सुकरित लीनो, साथ पड़ी रहि मातरा।
लाम्बा पाँव पसार बिछाया साँथरा ॥
लेय चल्या वनवास लगाई लाय रे।
हरि वाजिद, देखै सब परिवार अकेलो जाय रे ॥३॥

विश्वास कौ अंग

रिदै न राखी वीर कलपना कोय रे।
राई घटे न मेर होय सो होय रे ॥
सप्तद्वीप नवखंड जोय कि न ध्यावही।
हरि हां, लिख्यो कलम की कोर तोहि पुनि पावही ॥१॥
रिजकन राखी राम सवन को पूरही।
काहे को वाजिद वृथा तूँ झूरही ॥

---

२ बर=बाण । खंड विहंड=टुकड़े-टुकड़े, नष्ट । हाथ पर सीस=
जान । जुरा=जरा, बुढ़ापा ।

३ मातरा=दौलत । साँथरा=सेज, यहाँ अरथी से आशय है । ला

विश्वास कौ अंग

१ रिदै=हृदय । वीर=भाई । मेर=मेरु, पहाड़ ।

जन्म सफल कर लेयक गोविंद गायके।
हरि हां, जाको ताके पास रहेगो आयके ॥२॥

ज्यूँ ग्रीषम के अन्त सुवर्षा आत है।
वर्षा भये व्यतीत शीत मधुरात है॥
ऐसेही सुख दुःख अनुक्रम लेखिहैं।
हरि हां, कबहुँक दई सुदृष्टि हमहुँ पर देखिहैं ॥३॥

दातव्य कौ अंग

भूखो दुर्बल देख नाहिं मुहँ मोड़िये।
जो हरि सारी देय तो आधी तोड़िये॥
दे आधी की आध अरध की कोर रे।
हरि हां, अन्न सरीखा पुण्य नाहिं कोइ ओर रे ॥१॥

खैर सरीखी और न दूजी वसत है।
मेल्हे वासण मांहि कहा मुहँ कसत है॥
तूँ जिन जानें जाय रहेगो ठाम रे।
हरि हां, माया दे वाजिद धणी के काम रे ॥२॥

मंगण आवत देख रहे मुहुँ गोय रे।
जद्यपि है बहु दाम काम नहिं लोय रे॥

---

२ रिजक्न=जीविका। झूरही=व्याकुल होना है।
३ आतहै=आती है। अनुक्रम=क्रम से। दई=दैव, ईश्वर।

दातव्य कौ अंग

१ तोड़िये=तोड़कर या हिस्सा करके देदे। कोर=टुकड़ा।
२ खैर=खैरात। वसत=वस्तु। मेल्हे=रख देने पर। वासण=बर्तन। कसत है=कॉंपता है। माया=धन-संपत्ति। धणी=ईश्वर।

भूखे भोजन दियो न नागा कापरा।
हरि हां, विन दीया वाजिद पावे कहा वापरा ॥३॥

दया कौ अंग

जल में भीणा जीव थाह नहिं कोय रे।
विन छाण्या जल पियां पाप वहु होय रे॥
काठै कपडे छाण नीर कूं पीजिये।
हरि हां वाजिद, जीवाणी जल मांहि जुगत सूं कीजिये ॥१॥

साहिव के दरवार पुकार्‌यां वाकरा।
काजी लीया जाय कमरसों पाकरा॥
मेरा लीया सीस उसीका लीजिये।
हरि हां, वाजिद, राव रंक का न्याव वरावर कीजिये ॥२॥

अज्ञान कौ अंग

कहा करे उपदेश अज्ञानी जीव कूं।
भई जनम की भूल जपै कि न पीव कूँ॥
सृष्टि भली न वाजिद दुहाई राम की।
हरि हां, अंधे आरसि दई कहो किहि काम की ॥१॥

पाहन पड़ गई रेख रातदिन धोवहीं।
छाले पड़ गये हाथ मूँड़ गहि रोवहीं॥

---

३ गोय=छिपाकर। नागा कापरा=नंगे को कपडा। वापरा=वेचारा।

दया कौ अंग

१ भीणा=सूक्ष्म। काठै=मोटे। जुगत सों=सावधानी के साथ।

२ पाकरा=पकड़ा। न्याव=न्याय, इन्साफ।

जाको जोइ सुभाव जाइहै जीव सूँ।
हरि हां, नीम न मीठी होइ सींच गुड़ घीव सूँ ॥२॥

उपजण कौ अंग

पाहण कोरो रह्यो वरसता मेह में।
घात धणी वाजिद दुष्टता देह में॥
डसे अचानक आय मूँड गहि रोइये।
हरि हां, सर्पहि दूध पिलायक विरथा खोइये॥१॥

जरणा कौ अंग

सतगुरु शरणें आयक तामस त्यागिये।
बुरी भली कह जाय ऊठ नहिं लागिये॥
उठ लाग्या में राड़, राड़ में मीच है।
हरि हां, जा घर प्रगटै क्रोध सोइ घर नीच है॥१॥

कहि-कहि वचन कठोर खरूँठ नहिं छोलिये।
सीतल सान्त स्वभाव सवन सूँ बोलिये॥

अज्ञान कौ अंग

२ जाको······जीव सूँ=जान भले चली जाय, पर स्वभाव नहीं बदलता। घीव=घी।

उपजण कौ अंग

१ मूँड गहि=सिर पकड़कर।

जरणा कौ अंग

१ ऊठ नहिं लागिये=उठकर जवाब नहीं देना चाहिए। राड=लड़ाई-झगड़ा। मीच=मौत, सर्वनाश।

२ पूला=घास की पूली; उत्तेजन से आशय है।

आपन सीतल होय और भी कीजिये।
हरि हां, बलती में सुण मीत न पूला दीजिये ॥२॥

भेष कौ अंग

बडा भया सो कहा बरस सौ साठ का।
घणा पढ्या तो कहा चतुर्विधि पाठ का॥
छापा तिलक बनाय कमंडल काठ का।
हरि हां, वाजिद्, एक न आया हाथ पंसेरी आठ का ॥१॥

भेष कौ अंग

१ न आया हाथ=वश में नहीं हुआ। पंसेरी आठ का=मन; यहाँ तोल के मन से नहीं, वरन् मन अर्थात् चित्त से तात्पर्य है।

स्वामी सुन्दरदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६५३ वि०, चैत्र शु० ६

जन्म-स्थान—द्यौसा (जयपुर राज्यान्तर्गत)

पिता—चोखा ; दूसरा नाम परमानन्द

माता—सती

जाति—बूसर (खण्डेलवाल वैश्य)

गुरु—स्वामी दादू दयाल

भेष—विरक्त

निर्वाण-संवत्—१७४६ वि०

६ या ७ वर्ष की बाल्यावस्था में ही सं० १६५९ मे सुन्दरदासजी सद्-गुरु महात्मा दादू दयाल के शरणापन्न हो गये थे—

दादूजी जब द्यौसा आये। बालपने महँ दरसन पाये॥

[ग्रन्थ गुरु संप्रदाय

सुन्दरदासजी ने स्वयं अपनी एक साखी में कहा है—

"सुन्दर सतगुरु आपतें, किया अनुग्रह आइ।
मोह-निसामें सोवते, हमकौं लिया जगाइ॥

तथा—

"दादूजी जब द्यौसा आये। बालपने हम दर्सन पाये।
तिनके चरननि नायौ माथा। उनि दीयो मेरे सिर हाथा॥"

[बावनी ग्रन्थ

उम्र में सबसे छोटे होने के कारण दादूजी महाराज के सब शिष्य इनके प्रति बड़ा स्नेह-भाव रखते थे। दादूजी ने इन्हें अपने प्रिय शिष्य जगजीवनजी को सौंप दिया था, और वे सदा इनकी बहुत सार-सँभाल रखा करते थे।

११ वर्ष की अवस्था में सुन्दरदासजी कुछ गुरुभाइयों के साथ विद्याध्ययन करने काशी चले गये। वहाँ इन्होंने संस्कृत-साहित्य का अठारह-उन्नीस वर्ष रहकर बड़ा गहरा अध्ययन किया। व्याकरण, काव्य, दर्शन आदि के साथ योग-विद्या का भी अच्छा अनुशीलन किया। भाषा-काव्य-रचना भी काशी में ही इन्होंने आरंभ की। कहते हैं कि काशी में यह गंगा के उसी असी घाट पर रहा करते थे, जहाँ गोस्वामी तुलसीदासजी ने शरीर-त्याग किया था।

काशी से विद्याध्ययन करके सुन्दरदासजी स० १६८२ में सीधे फतेहपुर शेखावाटी आये। यहाँ पर कितने ही वर्ष यह रहे। यहीं योगाभ्यास किया और १२ वर्षतक घोर तपश्चर्या भी। सत्संग भी इन्होंने यहीं चेताया, और कितने ही छोटे बड़े ग्रंथों की रचना भी की। इनकी प्रसिद्धि की सुगंध यहाँ से धीरे-धीरे चारों ओर फैलने लगी। फतेहपुर इनका साधना-स्थान भी बना, और सिद्ध-स्थान भी।

देशाटन भी सुन्दरदासजी ने बहुत किया। सद्गुरु दादू दयालजी के सब पुण्यस्थानों को तो उन्होंने देखा ही, बिहार, बंगाल, उड़ीसातक पूर्व के देशों का, और लाहौरतक पश्चिम का, व गुजरात, मध्यप्रदेश, मालवा और द्वारकातक भी भ्रमण किया था। अपने देशाटन के सवैयों में सुन्दरदासजी ने कितने ही स्थानों का उल्लेख और वर्णन किया है। मालवा और उत्तरप्रदेश इन्हें बहुत प्रिय था। इन प्रान्तों की प्रशंसा भी इन्होंने खूब की है।

सुन्दरदासजी स्वामी दादू दयाल के पट्ट शिष्य रज्जबजी के विशेष स्नेह-पात्र थे। रज्जबजी के साथ सत्संग करने यह प्रायः सागानेर जाया करते थे। विद्वद्वर पुरोहित श्री हरनारायण शर्माने 'सुन्दर ग्रंथावली' (प्रथम खंड—जीवन-चरित्र, पृष्ठ ५६) में लिखा है कि "सुन्दरदासजी ने रज्जबजी से बहुत ज्ञान-लाभ किया था, और उनकी उक्तियों और विचारों और कविताओं में रज्जबजी की झलक पड़ती है।"

दादू दयालजी के एक अन्य प्रधान शिष्य बषनाजी का भी सुन्दरदासजी से बहुत प्रेम-भाव रहता था। कहते हैं कि, "बषनाजी के साथ सुन्दरदासजी प्रेममग्न होकर पद गाया करते थे, और अपने बनाये पदों को भी सुनाते, जिनके रागों की यथार्थता में बषनाजी सम्मति देते थे।" (सुन्दर-ग्रंथावली—प्रथम खण्ड, जीवन-चरित्र-पृष्ठ ८७)

इसी प्रकार दादू दयालजी के प्रधान शिष्य गरीबदासजी, वाजिदजी, जनगोपालजी, जगजीवनजी, रज्जबदासजी, प्रागदासजी, नारायणदासजी, मोहनदासजी आदि भी सुन्दरदासजी के समकालीन और परमस्नेहियों में से थे।

महात्मा सुन्दरदास एक पहुँचे हुए परम वीतराग संत थे। निर्मल और ऊँची रहनी थी इनकी। अति दयालु और भगवत्प्रेम में निरन्तर विभोर रहनेवाले यह ऊँचेज्ञानी तथा हरिभक्त थे।

सुन्दरदासजी का शरीरपात संवत् १७४६ में सांगानेर में हुआ था। अनन्य सत्संगी श्री रज्जबजी के ब्रह्मलीन हो जाने का असह्य समाचार सुनकर यह अत्यंत व्यथित हुए, और उसी दिन से इनका स्वास्थ्य गिरने लगा। कार्तिक शुक्ला अष्टमी को तीसरे पहर सुन्दरदासजीने समाधि लेली और ब्रह्मलीन हो गये।

सांगानेर में प्राप्त एक शिला-लेख में लिखा है—

"संवत् सत्रासै छीयाला। कातीसुदी अष्टमी उजीयाला॥
तीजे पहर ब्रसपतवार। सुंदर मिलिया सुंदरदास॥"

सुंदरदासजी की रची अंत समय की ४ साखियाँ हम नीचे उद्धृत करते हैं—

"निरालंब निरवासना, इच्छाचारी येह।
संस्कार-पवनहि फिरै, शुष्कपर्ण ज्यौं देह॥
वैद्य हमारे रामजी, औषधहू हरिनाम।
सुंदर यहे उपाय अब, सुमरण आठों जाम॥
सुन्दर संसय को नहीं, बड़ो महुच्छव येह।
आतम परमातम मिल्यौ, रहौ कि विनसौ देह॥
सात बरस सौ में घटैं, इतने दिन की देह।
सुंदर आतम अमर है, देह खेह की खेह॥"

बानी-परिचय

स्वामी सुन्दरदास सच्चे अर्थ में एक महाकवि थे। केवल काव्य की स्वीकृत दृष्टि से देखा जाये तो शान्तरस के वे एकमात्र आचार्य माने जा सकते हैं। कवि के लौकिक अर्थ में निर्गुणपन्थी संतों में कवि केवल सुन्दरदास को ही कहा जा सकता है। भाषा, भाव, छन्द, अलंकार, ध्वनि आदि प्रायः सभी

काव्याङ्गों को देखते हुए सुन्दरदासजी अपना एक विशेष स्थान रखते हैं, इसमें सन्देह नहीं।

हमने बहुत पहले सुन्दरदासजी का 'सुन्दरविलास' नामक एक ग्रन्थ देखा था। इसमें उनके अनूठे सवैयों का संग्रह था। उनके समस्त छोटे-बड़े ग्रन्थों का अत्यंत विद्वत्तापूर्ण सुसपादित संस्करण, 'सु दर-ग्रन्थावली' नाम का, दो खण्डों में देखकर सुन्दरदासजी के सत्काव्य का जब हमने यत्किंचित् रसास्वादन किया, तब ऐसा लगा कि उनके रचे "ज्ञान-समुद्र" और "सवैया" में से प्रस्तुत संग्रह-ग्रन्थ में किन रत्नों को स्थान दिया जाय और किन्हें छोड़ा जाय।

विद्वद्वर पुरोहित हरिनारायण शर्मा विद्याभूषण ने इस ग्रन्थावली का ऐसा उत्तम संपादन किया है कि देखते ही बनता है। अनेक परिशिष्टों के साथ २०८ पृष्ठों की अत्यंत शोधपूर्ण भूमिका, और १८६ पृष्ठों का ग्रन्थकर्त्ता का मंथनपूर्ण विशद जीवन-चरित्र देखकर कौन संत-साहित्य-रसिक मुग्ध नहीं हो जायेगा। टिप्पणियाँ, कठिन गूढ़ शब्दों के सरल अर्थ, और विपर्यय के अंगों की पाण्डित्यपूर्ण 'सुन्दरानन्दी' टीका लिखकर विद्वान् संपादक ने संत-साहित्य के रसिकों का अनुपम हित किया है।

सु दरदासजी के समस्त ग्रन्थों का विभाजन सु दर-ग्रन्थावली में नीचेलिखे ६ विभागों में हुआ है :—

१ प्रथम विभाग—इसके अंतर्गत केवल 'ज्ञान-समुद्र' ग्रन्थ रखा गया है, जिसमें ५ उल्लास हैं।

२ द्वितीय विभाग—इसके अंतर्गत छोटे-छोटे ३७ ग्रन्थ हैं।*

---

*(१) सर्वाङ्ग योग प्रदीपिका, (२) पंचेन्द्रिय-चरित्र, (३) सुख समाधि, (४) स्वप्नप्रबोध, (५) वेदविचार, (६) उक्त अनूप, (७) अद्भुत उपदेश, (८) पंच प्रभाव, (९) गुरु संप्रदाय, (१०) गुन उत्पत्ति निसानी, (११) सद्गुरु महिमा निसानी, (१२) बावनी, (१३) गुरुदया षट्पदी, (१४) भ्रम विध्वंस-अष्टक, (१५) गुरुकृपा अष्टक, (१६)गुरु उपदेश ज्ञानाष्टक (१७) गुरुदेव महिमा-स्तोत्र अष्टक, (१८) रामजी अष्टक, (१९) नाम अष्टक, (२०) आत्मा अचल-अष्टक, (२१) पंजाबी भाषा अष्टक, (२२) ब्रह्मस्तोत्र अष्टक, (२३) पीरमुरीद-अष्टक, (२४) अजब ख्याल अष्टक, (२५) ज्ञान झूलना अष्टक, (२६) सहजानन्द

३ तृतीय विभाग—"सवैया" इस अत्युत्तम ग्रन्थ की छन्द-संख्या ५६३, और अंग-संख्या ३४ है।

४ चतुर्थ विभाग—"साखी" ; इसकी अंग-संख्या ३१ है।

५ पंचम विभाग—"पद" ; इसमें २७ भिन्न-भिन्न रागों में २१३ पद हैं।

६ षष्ठ विभाग—फुटकर काव्य।

इन छोटे-बड़े ग्रन्थों में 'ज्ञान-समुद्र' तथा 'सवैया' अथवा 'सुन्दरविलास' ये दो ग्रन्थ सर्वोत्कृष्ट हैं। 'ज्ञान समुद्र' को स्वयं सुंदरदासजी ने भी अपना सबसे उत्कृष्ट ग्रन्थ कहा है। श्री पुरोहितजी के शब्दों में यह ग्रन्थ "वर्तमान कालतक के भाषा-साहित्य में ज्ञान का भंडार छन्दोबद्ध सर्वगुणालंकृत ऐसा सुरम्य ग्रन्थ और है ही नहीं, जिसमें थोड़े-से वर्णनों में इतने विशाल विषय इतनी सरलता और चातुर्य से एकत्रित हों। भाषा-काव्य में ज्ञानकाण्ड का यह रीति-ग्रन्थ है। स्वामी सुंदरदासजी इसके कारण इस प्रदेश की विद्या और विधान में आचार्य हैं।"

'सवैया' अथवा 'सुन्दरविलास' ग्रन्थ भी इनका अनूठा और बड़ा लोकप्रिय है। इसके जोड के शान्तरस के सवैये अन्यत्र मिलने में संदेह ही है।

'विपर्यय' अंग इसका अत्यन्त गूढ़ और क्लिष्ट भी है। कबीर साहब की उलट बाँसियों से इस अंग के सवैये कम महत्त्व के नहीं हैं। बिना अच्छी टीका के इनका अर्थ स्पष्ट हो नहीं सकता। किंतु कबीर साहब की 'उलट बाँसियों' और सुंदरदासजी के 'विपर्यय' को हमने प्रस्तुत संग्रह में स्थान न देने की धृष्टता की है। प्रसादगुणमयी सरल सुबोध रचनाओं को ही हमने इस संग्रह में लिया है।

'सवैया' और 'साखी' में भी ज्ञानकाण्ड के प्रायः सभी गूढ़ अंगों का विश्लेषण सुंदरदासजी ने इतना सरस, सरल और इतना अनूठा किया है कि देखते ही बनता है। शान्तरस का ऐसा काव्यात्मक परिपाक अन्यत्र बहुत कम मिलेगा।

ग्रन्थ, (२७) गृह वैराग बोध ग्रन्थ, (२८) हरिबोल चितावनी, (२९) तर्क-चितावनी, (३०) विवेक चितावनी, (३१) पवंगम छन्द, (३२) अडिल्ला छन्द, (३३) मडिल्ला छन्द, (३४) बारह मासिया, (३५) आयुर्बल भेद आत्मा विचार, (३६) त्रिविध अंतःकरण भेद, और (३७) पूर्वीभाषा बरवै।

भाषा पर इस संत महाकवि का पूरा अधिकार था। अच्छी परिष्कृत साधुभाषा है। मुख्यतः ब्रजभाषा है, पर खड़ी हिन्दी और राजस्थानी का भी स्वभावतः उसमें मेल हुआ है। मुहाविरों और लोकोक्तियों का स्थान-स्थान पर बहुत उपयुक्त प्रयोग किया गया है। भारत की अनेक प्रांतीय भाषाओं के कितने ही शब्द इनके काव्यों में मिलते हैं। फ़ारसी के भी अनेक शब्दों का मुक्त प्रयोग हुआ है।

गोसाईं तुलसीदास की तरह इन्होंने भी क्योंकि 'नाना पुराण निगमागम' तथा अन्य अनेक संस्कृत एवं भाषा-ग्रन्थों का अध्ययन किया था, और अनेक देशों का पर्यटन भी, इसलिए इनकी रचनाओं में कितने ही अनुभवात्मक भाव देखने में आते हैं, किंतु कहने का ढंग इनका अपना मौलिक है।

काव्य के सभी लक्षण इनकी रचनाओं में हम पाते हैं। ध्वनि और अलंकारों का सुंदर प्रयोग कितने ही पद्यों मे हुआ है। प्रसाद, माधुर्य और ओज तीनों ही गुण अच्छी मात्रा में मिलते हैं।

शांतरस के वर्णन में सुंदरदासजी का वास्तव मे अपना एक विशेष स्थान है। श्री पुरोहितजी ने यह सर्वथा सही लिखा है—"सुंदरदासजी ने शृंगारादि रसों पर मानों विजय पाकर शांतरस का यह किला बनाकर उसपर विजय का झंडा फहरा दिया है। इस पक्ष मे वे आचार्य माने जाने के योग्य हैं।"

लिखा भी सुन्दरदासजी ने बहुत अधिक है। सारी पद्य-संख्या इनकी ३७८८ है।

छन्द ५२ प्रकार के इन्होंने लिखे हैं। १४ छंद चित्रकाव्य के भी हैं। और २७ रागों में पदों की भी सरस रचना इन्होंने की है।

स्वामी सुंदरदासजी की बानी क्या भाव, क्या भाषा, क्या अध्यात्म सभी दृष्टियों से अति सरस और सरल तथापि गूढ़ है। संत-साहित्य में इस बानी का एक निराला ही स्थान है, इसमें संदेह नहीं।

आधार

सुंदर-ग्रन्थावली (प्रथम तथा द्वितीय खण्ड)—सं० पुरोहित श्री हरि-नारायण शर्मा, विद्या-भूषण—राजस्थान रिसर्च सोसाइटी, कलकत्ता

स्वामी सुन्दरदास

ज्ञान-समुद्र

छप्पय

प्रथम वन्दि परब्रह्म परम आनंदस्वरूपं।
द्रुतिय वन्दि गुरुदेव दियौ जिह ज्ञान अनूपं॥
त्रितिय वंदि सब संत जोरिकर तिनके आगय[1]।
मन वच काय प्रमाण करत भय भ्रम सब भागय॥
इहिं भांति मंगलाचरण करि, सुन्दर ग्रन्थ बखानिये।
तह विघ्न न कोऊ उप्पजय, यह निश्चयकरि मानिये॥१॥

सुत कलत्र[2] निज देह आपुकौं बंधन जानत।
छूटौं कौन उपाय इहै उर अन्तर आनत॥
जन्ममरन की शंक रहै निशदिन मन माहीं।
चतुराशी के दुःख नहीं कछु वरने जाहीं॥
इहिं भांति रहै सोचत सदा, संतनि कौं पूछत फिरै।
को है ऐसो सद्‌गुरु कहीं, जो मेरौ कारय करै॥२॥

रोडा

चित्त ब्रह्म लयलीन नित्य शीतल हि सुहृदय।
क्रोधरहित सब साधु साधु-पद नाहिंन निर्दय॥

---

१ आगय=आगे, सामने। उप्पजय=उत्पन्न होता है, सामने आता है।

२ कलत्र=स्त्री। चतुराशी=चौरासी लाख योनियाँ। कारय=कार्य; माया के बन्धन से छुटकारा।

अहंकार नहिं लेश महान सबनि सुख दिज्जय।
शिष्य परख्य विचारि जगत महिं सो गुरु किज्जय ॥३॥

छप्पय

सदा प्रसन्न सुभाव प्रगट सर्वोपरि राजय।
तृप्त ज्ञान विज्ञान अचल कूटस्थ विराजय॥
सुखनिधान सर्वज्ञ मान अपमान न जानै।
सारासार विवेक सकल मिथ्या भ्रम भानै॥
पुनि भिद्यन्ते हृदिग्रन्थि कौं, छिद्यन्ते सवसंशयं।
कहि सुन्दर सो सद्गुरु सही, चिदानंदघनचिन्मयं ॥४॥

सोरठा

ऐसे गुरु पहिं आइ, प्रश्न करै कर जोरिकैं।
शिष्य मुकति ह्वै जाइ, संशय कोऊ नां रहै ॥५॥

चौपाई

खोजत खोजत सद्गुरु पाया। भूरिभाग्य जाग्यौ शिष आया।
देखत दृष्टि भयो आनन्दा। यह तौ कृपा करी गोविंदा ॥६॥

---

३ सुहृदय=शुद्ध सात्त्विक मनवाला। साध=साधन। निर्द्दय=करुणा-रहित। दिज्जय=देता हो। किज्जय=किया जाये।

४ राजय=शोभित। कूटस्थ=नित्य, स्थिर। भानै=विनष्ट करता हो। भिद्यन्ते=तोड़ता या खोलता हो। हृदि-ग्रंथि=आत्मा और परमात्मा के बीच की द्वैतबुद्धि। छिद्यन्ते=नष्ट होने हों।

मिलाइए—तृप्त·· विराजय="ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः—"गीता।

तथा—पुनि··· संशयं="भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिद्यन्ते सर्वसंशयाः।"

दोहा

गुरु को दरसन देखतें, शिष पायौ संतोष।
कारय मेरौ अब भयौ, मन महिं मान्यौ मोष ॥७॥

सोरठा

मुदित भये गुरुदेव, देखि दीनता शिष्य की।
सर्व बताऊँ भेव, जोई जो तूँ पूछिहै ॥८॥

दोहा

भ्रम ही कौं भ्रम ऊपज्यौ, चितानंद रस येक।
मृगजल प्रत्यख देखिये, तैसैं जगत-त्रिवेक ॥९॥

चौपाई

निद्रा महिं सूतौ है जौलौं। जन्ममरण कौ अंत न तौलौं।
जागि परें तें स्वप्न समाना। तब मिटि जाइ सकल अज्ञाना ॥१०॥

कुण्डलिया

शिष्य कहांलौं पूछिहै, मैं तो उत्तर दीन।
तबलग चित्त न आइहै, जबलग हृदय मलीन॥
जबलग हृदय मलीन, यथारथ कैसें जानै।
भ्रमैं त्रिगुनमय बुद्धि, आपु नाहिन पहिचानै॥
कहिबौ सुनिबौ करौ ज्ञान उपजै न जहांलौं।
मैं तौ उत्तर दियौ, शिष्य पूछिहै कहांलौं ॥११॥

---

७ कारय=कार्य ; तत्त्वज्ञान की जिज्ञासा का संतोषकारक उत्तर पाने का कार्य। मोष=मोक्ष।

८ भेव=भेद, रहस्य।

९ येक=एक, अद्वितीय। त्रिवेक=वास्तविक ज्ञान।

१० सूतौ है=सोता है

११ यथारथ=वास्तविक वस्तु ; आत्मतत्त्व। आपु=अपने स्वरूप को।

सोरठा

शिष्य सुनाऊँ तोहि, प्रेम-लक्षणा भक्ति कौं।
सावधान अब होहि, जो तेरे सिर भाग्य है ॥१४॥

इंदव

प्रेम लग्यौ परमेश्वर सौं तब भूलि गयौ सब ही घरबारा।
ज्यौं उनमत्त फिरै जित ही तित, नैकु रही न शरीर-सँभारा ॥
स्वास उस्वास उठैं सब रोम, चलै दृग नीर अखंडित धारा।
सुन्दर कौन करै नवधा विधि, छाकि पर्यौ रस पी मतवारा ॥१५॥

नराच

न लाज कानि लोक की न वेद कौ कह्यौ करै।
न शंक भूत प्रेत की न देव यक्ष तें डरै ॥
सुनै न कान और की द्रशै न और अक्षणा।
कहै न मुक्ख और बात भक्ति प्रेम-लक्षणा ॥१६॥

विज्जुमाला

प्रेमाधीना छाक्या डोलै। क्यौ का क्यौं ही वानी वोलै।
जैसे गोपी भूली देहा। ताकौं चाहै जासौं नेहा ॥१७॥

छप्पय

कबहूँ कै हँसि उठय नृत्यकरि रोवन लागय।
कबहूँ गद्गद कंठ शब्द निकसै नहिं आगय ॥

---

१५ उठैं सब रोम=रोमांचित अर्थात् पुलकित हो जाये। नवधा=वंदन, अर्चन, दास्य, सख्य, आत्मनिवेदन आदि नौ प्रकार की भक्ति।

१६ कानि=मर्यादा। द्रशै=दीखता हो। अक्षणा=आँखों से। मुक्ख=मुख से।

१७ क्यों का क्यों=कुछ का कुछ, अटपटी।

१८ नृत्य=वृत्ति, लौ। सावधान=सचेत, होश में।

कवहूँ हृदय उमंगि वहुत उच्चय स्वर गावै।
कवहूँ कै मुख मौंनि मग्न ऐसैं रहि जावै॥
तौ चितवृत्य हरि सौं लगी, सावधान कैसैं रहे।
यह प्रेमलक्षणा भक्ति है.शिष्य सुनहिं सद्गुरु कहे ॥१८॥

मनहर

नीर विनु मीन दुखी, क्षीर विनु शिशु जैसैं,
पीर जाकै औषद विनु कैसैं रह्यौ जात है।
चातक ज्यौं स्वांति-बूँद, चंद कौं चकोर जैसैं,
चंदन की चाह करि सर्प अकुलात है।
निर्धन ज्यौं धन चाहै, कामिनी कौं कन्त चाहै,
ऐसी जाकै चाह ताकौं कछु न सुहात है।
प्रेम कौ प्रभाव ऐसौ प्रेम तहाँ नेम कैसौ.
सुन्दर कहत यह प्रेम ही की वात है ॥१६॥

चौपइया

यह प्रेमभक्ति जाकैं घट होई, ताहि कछू न सुहावै।
पुनि भूख तृषा नहिं लागै वाकौं, निशदिन नींद न आवै॥
मुख ऊपर पीरी स्वासा सीरी, नैंन हु नीझर लायौ।
ये प्रगट चिन्ह दीसत हैं ताके, प्रेम न दुरै दुरायौ ॥२०॥

दोहा

प्रेमभक्ति यह मैं कही, जानैं विरला कोइ।
हृदय कलुषता क्यौं रहै, जा घट ऐसी होइ ॥२१॥

---

१६ पीर=पीड़ा। अकुलात है=वेचैन हो जाता है। चाह=तीव्र लालसा। नेम=विधि-निषेध के नियम।

२० पीरी=पीलाई, पीलापन। सीरी=ठण्डी। नीझर=झरना, निरंतर वर्षा। दीसत है=दीखते हैं।

दोहा

मनकरि दोष न कीजिये, वचन न लावै कर्म।
घात न करिये देह सौं, इहै अहिंसा धर्म ॥२२॥

सोरठा

सत्य सु दोइ प्रकार, येक सत्य जो बोलिये।
मिथ्या सब संसार, दूसर सत्य सु ब्रह्म है ॥२३॥

मालती

क्षमा अब सुनहि शिष मोसौं, सहनता कहौं सब तोसौं।
दुष्ट दुख देहिं जो भारी, दुसह मुख वचन पुनि गारी ॥
कदे नहिं क्षोभ कौं पावै, उदधि महि अग्नि बुझि जावै।
बहुरि तन त्रास दे कोऊ, क्षमा करि सहै पुनि सोऊ ॥२४॥

चौपइया

यह कोमल हृदय रहै निशवासर बोलै कोमल वानी।
पुनि कोमल दृष्टि निहारै सबकौं कोमलता सुखदानी ॥
ज्यौं कोमल भूमि करै नीकी विधि बीज वृद्धि ह्वै आवै।
त्यौं इहै आर्जव-लक्षण सुनि शिष योगसिद्धि कौं पावै ॥२५॥

कुण्डलिया

वानी बहुत प्रकार है, ताकौ नाहिन अन्त।
जोई अपने काम की, सोइ सुनिय सिद्धन्त ॥

---

२२ मनकरि=मन से, मानसिक। दोष=द्वेष।

२४ कदे=कभी भी। क्षोभ=रोष, आपे से बाहर हो जाने का भाव। उदधि......जावै=शान्तिरूपी समुद्र में क्रोधरूपी अग्नि अपने आप शांत हो जाती है।

२५ आर्जव=कोमलता।

२६ सिद्धन्त=सिद्धान्त। वोई=वही। ठौर=निश्चलता, स्थिरता।

सोइ सुनिय सिद्धन्त संत सब भाषत बोई।
चित्त आनिकै ठौर सुनिय नितप्रति जे कोई॥
यथा हंस पय पिवै रहै ज्यों को त्यों पानी।
ऐसौ लेहु विचारि शिष्य बहु विधि है बानी॥२६॥

सवइया

नाना सुख संसार-जनित जे तिनहिं देखि लोलप नहिं होइ।
स्वर्गादिक की करिय न इच्छा इहामुत्र त्यागै सुख दोइ॥
पूजा मान बड़ाई आदर निंदा करै आइकैं कोइ।
या प्रकार मति निश्चल जाकी सुन्दर दृढ़मति कहिये सोइ॥२७॥

गीतक

सुनि शिष्य अबहिं समाधि-लक्षण मुक्त योगी वर्तते।
तहँ साध्य साधक एक होइ जु क्रिया कर्म निवर्तते॥
निरुपाधि नित्य उपाधिरहितं इहै निश्चय आनिये।
कछु भिन्न भाव रहै न कोऊ सा समाधि बखानिये॥२८॥

नहिं शीत उष्ण क्षुधा तृषा नहिं मूरछा आलस रहै।
नहिं जागरं नहिं स्वप्न सुषुपति तत्पदं योगी लहै॥
इम नीर महिं गरि जाइ लवनं एकमेकहि जानिये।
कछु भिन्न भाव रहै न कोऊ सा समाधि बखानिये॥२९॥

---

२७ संसार-जनित=संसारी माया-मोह से उत्पन्न। लोलप=लोलुप, लालायित। इहामुत्र=इह+अमुत्र, यह लोक और परलोक। दृढ़मति=स्थिर-बुद्धि।

२८ अबहिं=अब, इसके अनन्तर। मुक्त=जीवन्मुक्त। साध्य=ब्रह्मतत्त्व। निवर्तते=निवृत्त हो जाता है, छूट जाता है। भिन्नभाव=द्वैतभाव। सा=वह।

२९ जागरं=जागृति अवस्था। सुषुपति=गहरी नींद की अवस्था। तत्पदं=

नहिं हर्ष शोक न सुखं दुःखं नहीं मान अमानियो ।
पुनि मनौं इन्द्रिय वृत्य नष्टं गतं ज्ञान अज्ञानयो ॥
नहिं जाति कुल नहिं वर्ण आश्रम जीव ब्रह्म न जानिये ।
कछु भिन्न भाव रहै न कोऊ सा समाधि वखानिये ॥३०॥

दोहा

निरालंब निरवासना, इच्छाचारी येह ।
संस्कार-पवनहि फिरै, शुष्कपर्ण ज्यौं देह ॥३१॥

सुन्दर ज्ञान-समुद्र की, महिमा कहिये कौन ।
अमृतरस सौं है भर्यौ, तुम जिनि जानहु लौन ॥३२॥

सुन्दर ज्ञान-समुद्र महिं, बहुते रत्न अमोल ।
मृतक होइ सो पैठिहै, पैठि न सकई लोल ॥३३॥

ब्राह्मी स्थिति । लहै=प्राप्त करता है । इम=इस प्रकार । गरिजाइ=गल जाता है ।

३० अमानियो=अनादर भी । वृत्य=वृत्ति । जीव ब्रह्म न जानिये=जीव और ब्रह्म में भेद नहीं जाना जाता ।

३१ निरालंब=जिसका अस्तित्व किसी अन्य पर आधार नहीं रखता ; निरपेक्ष, विशुद्ध । इच्छाचारी=सहजभाव से स्वतंत्र आचरण करनेवाला । संस्कार ·· देह=जीवन्मुक्ति की अवस्था में शरीर को ये समस्त संस्कार उसी प्रकार लिये-लिये फिरते हैं जैसे कि वायु सूखे पत्ते को चाहे जहाँ उड़ाकर ले जाती है, किंतु आत्मा स्वभावतः स्थिर रहता है ।

"सुन्दर-ग्रन्थावली" (प्रथम खण्ड—पृष्ठ ८१) में लिखा है कि "यह साखी सुन्दरदासजी के अन्त समय की कही हुई प्रसिद्ध है ।"

३२ कौन=क्या किस प्रकार । लौन=लवण, नमक ।

३३ मृतक होइ=अपनी अहंता को मारकर । लोल=चंचल चित्तवाला ; इन्द्रिय-लोलुप ।

सुन्दर ज्ञान-समुद्र कौ, वारापार न अन्त।
विषई भागै झझकिकैं, पैठै कोई संत ॥३४॥

सर्वाङ्गयोग-प्रदीपिका

चौपाई

भक्तियोग अब सुनहु सयाना। बुद्धि प्रवांन न करौं बखाना।
भक्ति करन का यहु आरंभा। महल उठै जौ थिरि ह्वै थंभा॥
प्रथमहिं पकरै दृढ़ वैरागा। गहि विश्वास करै सब त्यागा।
जितइन्द्रिय अरु रहै उदासी। अथवा गृहि अथवा बनवासी॥
माया मोह करै नहिं काहू। रहै सबनि सौं वेपरवाहू।
कनक कामिनी छाड़ै संगा। आशा तृष्णा करै न अंगा॥
शील संतोष छमा उर धारै। धीरज सहित दया प्रतिपारै।
दीन गरीबी राखै पासा। देखै निर्पख भया तमासा॥
मान महातम कछू न चाहै। एकै दशा सदा निर्वाहै।
राव रंक की शंक न आनै। कीरी कूंजर समकरि जानै॥
आतम दृष्टि सकल संसारा। संतनि कौ राखै अधिकारा।
वैरभाव काहू नहिं करई। सतगुरु शब्द हृदै मैं धरई॥
सार ग्रहै कूकस सब नाखै। रमिता रांम इष्ट सिर राखै।
आंन देव की करै न सेवा। पूजै एक निरंजन देवा॥
मन माहैं सब सौंज सु थापै। बाहर के बंधन सब कापै।
शून्य सुमंदिर अधिक अनूपा। ता महिं मूरति जोतिस्वरूपा॥

---

३४ झझकिकैं=डरकर।

१ प्रवांन=प्रमाण, अनुसार। थंभा=स्तंभ, खंभा, बुनियाद। उदासी=उदासीन, तटस्थ, अनासक्त। वेपरवाहू=निरपेक्ष, अनासक्त। करै न अंगा=अंगीकार न करे, लिप्त न हो। प्रतिपारै=आचरण करे। निर्पख=निष्पक्ष, तटस्थ। कीरी=चींटी। शब्द=उपदेश। कूकस=भुस।

सहज सुखासन बैठै स्वामी। आगै सेवक करै गुलामी।
संजम-उदक सनान करावै। प्रेमप्रीति के पुष्प चढ़ावै॥
चित चन्दन लैं चरचै अंगा। ध्यान धूप खेवै ता संगा।
भोजन भाव धरै लै आगै। मनसा वाचा कछू न मांगै॥
ज्ञान दीप आरती उतारै। घण्टा अनहद शब्द बिचारै।
तन मन सकल समर्पन करई। दीन होइ पुनि पायनि परई॥
मग्न होइ नाचै अरु गावै। गदगद रोमांचित ह्वै आवै।
सेवक-भाव कदै नहिं चोरै। दिन-दिन प्रीति अधिक ही जोरै॥
ज्यौं पतिव्रता रहै पति पासा। ऐसैं स्वामी की ढिंग दासा।
काहू दिशा भूलि जौ जाई। तौ पतिव्रत जु रहै नहिं भाई॥
नैकु न पाव आन दिशा धारै। जौ पति कहै सु आज्ञा पारै।
सदा अखण्डित सेवा लावै। सोई भक्ति अनन्य कहावै॥१॥

दोहा

यह सो भक्ति अलिंगनी, विरला जानै भेव।
भाग्य होइ तौ पाइये, समझावै गुरुदेव॥२॥

पंचेन्द्रिय-निर्णय

दोहा

गज अलि मीन पतंग मृग, इक इक दोष विनाश।
जाकै तन पंचौ बसैं, ताकी कैसी आश॥१॥

नाखै=फेंकदे। सौंज=सामग्री पूजन की। कापै=काटदे। उदक=जल।
सनान=स्नान। चरचै=लगाये। चोरै=छिपाकर रखे, घटाये। ढिंग=पास।
पारै=पाले।

२ अलिंगनी=लिंग अर्थात् स्थूलरूप से रहित; ब्राह्मी। भेव=भेद, रहस्य।

१ गज ·· विनाश=हाथी का स्पर्श-सुख से, भ्रमर का गंध-सुख से,

सखी

अब ताकी कैसी आसा। जाके तन पंच निवासा।
पंचौं नर कै घट मांहैं। अपना अपना रस चाहैं ॥२॥

ये श्रवन नाद के लोभी। वहु सुनैं त्रिपति नहिं तोभी।
ये नैन रूप कौं धावैं। कबहूँ संतोष न आवैं ॥३॥

इहिं नासा गंध सुहाई। सो कबहूँ नहीं अघाई।
यह रसना स्वाद भुलानी। इनि कबहूँ त्रिपति न मानी ॥४॥

अध इन्द्रिय भोगहिं राती। नहिं तृप्त होइ मदमाती।
ये पंचौं पंच अहारा। अपना अपना रस न्यारा ॥५॥

इन पंचौं जगत नचावा। इन पंच सबनि कौं खावा।
ये पंच प्रबल अति भारी। कोउ सकै न पंच प्रहारी ॥६॥

ये पंचौं खोवैं लाजा। ये पंचौं करहिं अकाजा।
ये पंच पंच दिश दौरैं। ये पंच नरक मैं बोरैं ॥७॥

ये पच करैं मति हीना। ये पंच करैं आधीना।
ये पंच लगावैं आशा। ये पंच करैं घट-नाशा ॥८॥

ये पंच विकर्म करावैं। ये पंचौं मान घटावैं।
ये पंचौं चाहैं गलुका। ये पंच करैं पुनि हलुका ॥९॥

मछली का रस-सुख से, पतिंगे का रूप-सुख से और हिरण का नाद-सुख से नाश होता है। त्वचा, नासिका, जिह्वा, नेत्र और श्रवण इन पंचेन्द्रियों के विषय एक-एक को नष्ट करते हैं। किंतु मनुष्य तो पांचों इन्द्रियों के अधीन रहता है, उसकी क्या गति होगी ?

३ त्रिपति=तृप्ति, संतोष।

५ अध इन्द्रिय=लिंगेन्द्रिय। राती=अनुरक्त।

७ अकाजा=हानि, विनाश। बोरैं=डुबोती हैं।

९ विकर्म=उलटे या बुरे। गलुका=बढ़िया स्वाद, चटोरपन।

ये पंच कठिन अति भाई। ये पंचौं देहि गिराई।
ये पंचौं किनहि न फेरा। नर करहिं उपाइ घनेरा ॥१०॥

दोहा

पचौं किनहु न फेरिया, वहुते करहिं उपाइ।
सर्प सिंह गज वसि करैं, इन्द्रिय गही न जाइ ॥११॥

सखी

कोउ साधू यह गति जानैं। इन्द्रिय उलटी सव आनैं।
इनि श्रवन सुनैं हरिगाथा। तव श्रवना होहिं सनाथा ॥१२॥

हरि-दरशन कौं दृग जोवैं। ये नैन सफल तव होवैं।
हरि-चरणकँवल रुचि घ्राणं। यह नासा सफल वखाणं ॥१३॥

इहि जिह्वा हरिगुन गावै। तव रसना सफल कहावै।
इहि अङ्ग सत कौं भेटैं। तव देह सफल दुख मेटैं ॥१४॥

कछु और न आनैं चीतैं। ऐसी विधि इन्द्रिय जीतैं।
यह इन्द्रिन को उपदेशा। कोउ समुझै साधु संदेशा ॥१५॥

यह पँच इन्द्रिनि को ज्ञाना। कौ समुझै संत सुजाना।
जो सीखै सुनै रु गावै। सो रामभक्ति-फल पावै ॥१६॥

---

१० किनहि=किसीने भी। फेरा=काबू में किया।

१२ इन्द्रिय उलटी सव आनैं=सव इन्द्रियों को उलट देना, अर्थात् बाह्य विषयों की ओर न जाने देकर अन्तर्मुखी कर लेना ; वश में सव इन्द्रियों को कर लेना।

१३ घ्राणं=गन्ध। न आनैं चीतैं=मन में नहीं लाते।

१६ कौ=कोई विरला। रु=अरु, और।

वेद-विचार

दोहा

वेद प्रगट ईश्वरवचन, ता महिं फेर न, सार।
भेद लहैं सद्गुरु मिलै, तब कछु करै विचार ॥१॥

वेद बहुत विस्तार है, नाना विधि के शब्द।
पढ़ते पार न पाइये, जो बीतैं बहु अब्द ॥२॥

एक वचन है पत्र सम, एक वचन है फूल।
एक वचन है फल समा, समझि देखि मति भूल ॥३॥

कर्म पत्र करि जानिये, मंत्र पुष्प पहिचानि।
अन्त ज्ञान फलरूप है, कांड तीन यौं जानि ॥४॥

विषई देख्यो जगत सब, करत अनीति अधर्म।
इन्द्रियलंपट लालची, तिनहिं कहे विधि कर्म ॥५॥

ज्यौं बालक कै रोग ह्वै, औषध कटुक न खात।
मोदक वस्तु दिखाइकैं, औषध प्यावै मात ॥६॥

यौं सतकर्मनि कौं कहैं, निषिध छुड़ावन काज।
मूरख जानै सत्यकरि, सुख स्वर्गापुर राज ॥७॥

---

१ प्रगट=प्रत्यक्ष। फेर=अंतर, संशय। सार=साररूप। भेद लहैं=रहस्य प्राप्त कर लेने पर।

२ अब्द=वर्ष।

३ पत्र, फूल, फल=क्रमशः कर्म, भक्ति और ज्ञान से आशय है। समा=समान।

४ मंत्र=उपासना।

५ विधि कर्म=स्वर्ग-प्राप्ति करानेवाले यज्ञादि कर्म।

६ मोदक=लड्डू, रुचिकर।

७ निषिध=निषिद्ध, न करनेयोग्य।

ज्यौं पशु हरहाई करहिं, खेत बिराने खाहिं।
खूटे बाँधे आनि सब, छूटि न कतहूँ जाहिं॥८॥

वर्णाश्रम बंधेज करि अपने-अपने धर्म।
ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य पुनि, शूद्र दृढ़ाये कर्म॥९॥

जो शुभ कर्मनि कौं करै, तजै काम-आसक्ति।
सकल समर्प्यै ईश्वरहिं, तबही उपजै भक्ति॥१०॥

पीछे बाधा कछु नहीं, प्रेममगन जब होइ।
नवधाऊ तब थकि रहै, सुधि बुधि रहै न कोइ॥११॥

तबही प्रगटै ज्ञान-फल, समझै अपनौं रूप।
चिदानन्द चैतन्यघन, व्यापक ब्रह्म अनूप॥१२॥

वेदवृक्ष यौं बरनियौ, याही अर्थ-विचार।
कर्मपत्र ताकैं लगैं, भक्तिपुष्प निरधार॥१३॥

अद्भुत उपदेश

श्री गुरुरुवाच

दोहा

श्रवनं हरिचरचा सुनैं, एकअग्र जब होइ।
तबही भागै नाद-ठग, बंधन रहै न कोइ॥१॥

नैनूँ हरि के दरस कौं, लोचहिं बारम्बार।
तबही भागै रूप-ठग, रहै न एक लगार॥२॥

---

८ हरहाई=हरयाली को चरकर उजाड़ देने की आदत। बिराने=दूसरे के।
९ दिढ़ाये=दृढ़ किये।
११ नवधा.... रहै=नौ प्रकार की भक्ति भी उस अवस्थातक पहुँचने में असमर्थ हो जाती है।
२ लोचहिं=लालायित हों। लगार=आसक्ति।

नथवा कौं यह रुचि रहै, हरि-चरणांवुज-वास ।
तवही भागै गंध-ठग, रहै न याके पास ॥३॥

रसनूं हरि के नाम कौं, रटै अखंडित जाप ।
तवही भागै स्वाद-ठग, कबहुँ न लागै ताप ॥४॥

चरमूं हरि के मिलन की, रुचि राखै सव जाम ।
तवही भागै स्पर्श ठग, सरहिं सकल विधि काम ॥५॥

सद्गुरु-महिमा निसांनी

दोहा

अद्भुत ख्याल रच्यौ प्रभू, बहुत भांति विस्तार ।
संत किये उपदेश कौं, पार-उतारनहार ॥१॥

निसानी

पार उतारनहार जी गुरु दादू आया ।
जीवनि के उद्धार कौं हरि आपु पठाया ॥२॥

रामनाम उपदेश दे भ्रम दूरि उड़ाया ।
ज्ञानभगति वैराग हू ये तीन दृढ़ाया ॥३॥

विमुख जीव सन्मुख किये हरिपंथ चलाया ।
झूठ क्रिया सब छाड़िकै प्रभु सत्य बताया ॥४॥

३　नथवा=नाक । वास=सुगंध ।

४　रसनूं=रसना, जिह्वा ।

५　चरमूं=चर्म, त्वचा । जाम=प्रहर, समय । सरहिं=पूरे हों । काम=इच्छा ।

१　ख्याल=लीला ।

२　पठाया=भेजा ।

४　सन्मुख किये=भगवान् की शरण में लाये ।

माया मिथ्या सांपिनी जिनि सब जग खाया।
मुख ते मंत्र उचारिकै उनि मृतक जिवाया ॥५॥

बूड़त काली धार में गहि नाव चढ़ाया।
पैली पार उतारिकैं निज पद पहुँचाया ॥६॥

परउपकारी हैं इसे मोटी निधि ल्याया।
जन्म जन्म की भूख थी सब जीव अघाया ॥७॥

दयावंत दुखमेटना सुखदायक भाया।
शीलवंत साचै मतै संतोष गहाया ॥८॥

रवि ज्यौं प्रगट प्रकाश मैं जिनि तिमिर मिटाया।
शशि ज्यौं शीतल है सदा रस अमृत पिवाया ॥९॥

अति गंभीर समुद्र ज्यौं तरवर ज्यौं छाया।
बानी बरिषै मेघ ज्यूं आनंद बढ़ाया ॥१०॥

चंदन ज्यौं लपटै वनी द्रुम नाम गमाया।
पारस जैसैं परस तैं कंचन ह्वै काया ॥११॥

चुंबक ज्यौं लोहा लगैं भृति अंगि लागया।
हीरा ज्यौं अति जगमगै निरमोल निपाया ॥१२॥

---

६ पैली पार=उसपार, माया से परे। निजपद=ब्रह्मानुभूति की अवस्था।

७ इसे=ऐसी। मोटी=बहुत बड़ी, अनमोल। अघाया=तृप्त कर दिया।

८ भाया=प्रिय।

११ चंदन ... गमाया.. कहते हैं कि चंदन जिस वृक्ष से लिपट जाता है उसे चंदन बना देता है, उसका फिर पहले का नाम नहीं रहता, वह तद्रूप हो जाता है।

१२ भृति=भरण-पोषण करके। निरमोल=अनमोल। निपाया=बना दिया।

कामधेनु चिंतामनी तरु कल्प कहाया।
सबकी पूरै कामनां जिनि जैसा ध्याया ॥१३॥

अडिग इसा है मेरु ज्यौं डोलै न डुलाया।
भूमि जिसा भारी खवां जिनि सहन सिखाया ॥१४॥

निर्मल जैसा नीर है मल दूर वहाया।
तेजवंत पावक जिसा भय-शीत नसाया ॥१५॥

पवन जिसा सब सारिखा को रंक न राया।
व्यौम जिसा हृदये बड़ा कहुँ पार न पाया ॥१६॥

टेक जिसी प्रहलाद है ध्रुव ज्यौं मन लाया।
ज्ञान गह्यौ शुकदेव ज्यौं परब्रह्म दिखाया ॥१७॥

योग युगति गोरक्ष ज्यौं धंधा सुरझाया।
हद्द छाड़ि वेहद्द मैं अनहद्द बजाया ॥१८॥

जैसैं नाम कबीरजी यौं साधु कहाया।
आदि अंतलौं आइकैं रमि रांम समाया ॥१९॥

सद्गुरु-महिमा कहन कौं मैं बहुत लुभाया।
मुख मैं जिह्वा एक ही ताते पछिताया ॥२०॥

नमस्कार गुरुदेव कौं जिनि वदि छुड़ाया।
दादू दीन दयाल का सुन्दर जस गाया ॥२१॥

---

१४ इसा=ऐसा। मेरु=सुमेरु पर्वत। जिसा=जैसा, समान। खवा=क्षमा। सहन=सहिष्णुता।
१६ सारिखा=सदृश। को=कोई। व्यौम=आकाश। बड़ा=उदार।
१७ मन लाया=चित्त लगाया।
१८ गोरक्ष=गोरखनाथ। धंधा=जगज्जाल ; द्वैतबुद्धि।
१९ नाम=संत नामदेव। समाया=तल्लीन हो गया।

दोहा

सद्गुरु की महिमा कही, मति अपनी उनमान।
सुन्दर अमित अनंत गुन, को करि सकै बखान ॥२२॥

भ्रमविध्वंस अष्टक

दोहा

सुन्दर देख्या सोधिकैं सब काहू का ज्ञान।
कोई मन मानै नहीं, बिना निरंजन ध्यान ॥१॥

षट दरसन हम खोजिया, योगी जंगम शेख।
संन्यासी अरु सेवड़ा, पण्डित भक्ता भेख ॥२॥

त्रिभंगी

तौ भक्त न भावैं, दूरि बतावैं, तीरथ जावैं फिरि आवैं।
जी कृत्रिम गावैं, पूजा लावैं, झूठ दिढ़ावैं बहिकावैं ॥
अरु माला नावैं, तिलक बनावैं, क्यौं पावैं गुरुबिन गैला।
दादू का चेला, भरम-पछेला, सुन्दर न्यारा ह्वै खेला ॥३॥

तौ पंडित आये, वेद भुलाये, षटकरमाये अपताये।
जी संध्या गाये, पढ़ि उरझाये, रानाराये ठगि खाये ॥

---

२२ मति उनमान=बुद्धि के अनुसार।

१ कोई मन मानै नहीं=किसी पर भी मन जमता नहीं।

२ षट दरसन=छह शास्त्र। सेवड़ा=जैन संन्यासी।

३ कृत्रिम=मनुष्य-निर्मित मूर्तियाँ। दिढ़ावैं=विश्वास जमाते हैं। नावैं=डालते या पहनते हैं। गैला=ईश्वर से मिलने का रास्ता; गेहला अर्थात् मूर्ख भरम-पछेला=भ्रम अर्थात् अविद्या को पछाड़ देनेवाला। न्यारा=अनासक्त।

४ षट करमाये=ब्राह्मणों के षट् कर्मों में लग गये (वेद पढ़ना, वेद पढ़ाना, यज्ञ करना, यज्ञ कराना, दान देना, दान लेना ये षट् कर्म। अपताये=

अरु बड़े कहाये, गर्व न जाये, राम न पाये थावेला।
दादू का चेला, भरम पछेला, सुन्दर न्यारा ह्वै खेला ॥४॥

तौ ए मत हेरे, सबहिन केरे, गहि गहि गेरे बहुतेरे।
तब सतगुरु टेरे, कानन मेरे, जाते फेरे आ घेरे॥
उन सूर सबेरे, उदै किये रे, सबै अँधेरे नाशेला।
दादू का चेला, भरम पछेला, सुन्दर न्यारा ह्वै खेला ॥५॥

छप्पय

सतगुरु मिले सुजान, श्रवन जिनि शब्द सुनाया।
सिर परि दीया हाथ, भरम सब दूरि उड़ाया॥
उपजा आतमज्ञान, ध्यान अभिअंतरि लागा।
किया ब्रह्म सौं नेह, जगत सौं तोर्‌या तागा॥
तौ रामनाम दत पाइया छूटै वाद-विवाद तें।
अब सुन्दरदास सुखी भये, गुरु दादू-परसाद तें ॥६॥

गुरु-उपदेश-ज्ञानाष्टक

दोहा

दादू सद्‌गुरु सीस पर, उर मैं जिनकौ नांम।
सुन्दर आये सरन तकि, तिन पायौ निज धाम ॥१॥

बहे जात संसार मैं, सद्‌गुरु पकरे केश।
सुन्दर काढे डूबते, दै अद्‌भुत उपदेश ॥२॥

तर्पण इत्यादि कर्म किये। थावेला=पता लग गया।

५ गेरे=फेंक दिये। घेरे=मोड़ लिया (सांसारिक विषयों की ओर से)
सूर=सूर्य। नाशेला=नष्ट कर दिया।

६ दीया=रखा। तागा=संबन्ध, आसक्ति। दत=निधि। परसाद=कृपा।

गीतक

उपदेश श्रवन सुनाइ अद्भुत हृदय ज्ञान प्रकाशियौ।
चिरकाल कौ अज्ञानपूरन सकल भ्रमतम नाशियौ॥
आनंददायक पुनि सहायक करत जन निःकाम हैं।
दादूदयाल प्रसिद्ध सद्गुरु ताहि मोर प्रनाम हैं॥३॥

जिनिशब्द-बान लगाइ उर मैं मृतक फेरि जिवाइया।
मुखद्वार होइ उचार करि निजसार अमृत पिवाइया॥
अत्यन्तकरि आनन्द मैं हम रहत आठौं जाम हैं।
दादूदयाल प्रसिद्ध सद्गुरु ताहि मोर प्रनाम हैं॥४॥

दोहा

सुन्दर सद्गुरु जगत मैं, परउपगारी होइ।
नीच ऊंच सब ऊधरै, सरनैं आवै कोइ॥५॥

गीतक

जो आइ सरनैं होहि प्रापति ताप तिन तिनकी हरैं।
पुनि फेरि बदलैं घाट उनकौ जीव तैं ब्रह्महिं करैं॥
कहुँ ऊंच नीच न दृष्टि जिनकै सकल कौ विश्राम हैं।
दादूदयाल प्रसिद्ध सद्गुरु ताहि मोर प्रनाम हैं॥६॥

दोहा

सुन्दर सद्गुरु सहज मैं, कीये पैली पार।
और उपाय न तिर सकै, भवसागर संसार॥७॥

---

३ निःकाम=वासनारहित।

४ लगाइ=वेधकर। मृतक फेरि जिवाइया=अहंकार को मारकर आत्मा के अमृत पद का अनुभव कराया। होइ=से। निजसार=स्वरूप ज्ञान की अपरोक्षानुभूति। जाम=याम, प्रहर।

५ ऊधरै=उद्धार कर देता है। सरनैं=शरण में।

६ फेरि=पलटकर। घाट=रूप। विश्राम=शांति-स्थान।

गीतक

संसार-सागर महा दुस्तर ताहि कहि अब को तरै।
जो कोटि साधन करै कोऊ वृथा ही पचि-पचि मरै॥
जिनि विना परिश्रम पार कीये प्रगट सुख के धाम हैं।
दादूदयाल प्रसिद्ध सद्गुरु ताहि मोर प्रनाम हैं॥८॥

रामाष्टक

मोहिनी

आदि तुम ही हुते अवर नहिं कोइ जी।
अकह अति अगह अति वर्न नहिं होइ जी॥
रूप नहिं रेख नहिं श्वेत नहिं श्याम जी।
तुम सदा एकरस रामजी, रामजी॥१॥

प्रथम ही आप तैं मूल माया करी।
वहुरि वह कुव्विं करि त्रिगुन ह्वै विस्तरी॥
पंच हू तत्व तैं रूप अरु नाम जी।
तुम सदा एकरस रामजी रामजी॥२॥

भ्रमत संसार कतहूँ नहीं वोर जी।
तीनहू लोक मैं काल को सोर जी॥
मनुपतन यह वड़े भाग्य तैं पाम जी।
तुम सदा एकरस रामजी रामजी॥३॥

---

७ पैली पार=अविद्या से परे।

१ अकह=अकथनीय, अवर्णनीय। अगह=जो मन और इन्द्रियों से ग्रहण न किया जा सके। वर्न=वर्णन।

२ कुव्विं करि=अर्थ स्पष्ट नहीं होता है, तथापि सुन्दर-ग्रन्थावली के विद्वान् संपादक ने इसका अर्थ किया है 'विकृत या फैलना।'

३ वोर=अंत। सोर=शोर। पाम=पाते हैं।

पूरि दशहू दिशा सर्ब्ब मैं आप जी।
स्तुतिहि को करि सकै पुन्य नहिं पाप जी॥
दास सुन्दर कहै देहु विश्राम जी।
तुम सदा एकरस रामजी रामजी॥४॥

आत्मा अचलाष्टक

कुण्डलिया

पानी चलस सदा चलै, चलै लाव अरु वैल।
खांभी चलतौ देखिये, कूप चलै नहिं, गैल॥
कूप चलै नहिं गैल, कहैं सब कूवो चालै।
ज्यौं फिरतो नर कहै, फिरै आकाश पतालै॥
सुन्दर आतम अचल देह चालै, नहिं छांनी।
कूप ठौर कौ ठौर, चलत है चलस रु पांनी॥१॥

तेल जरै वाती जरै, दीपग जरै न कोइ।
दीपग जरता सब कहै, भारी अचरज होइ॥
भारी अचरज होइ, जरै लकरी अरु घासा।
अग्नि जरत सब कहैं, होइ यह बड़ा तमासा॥
सुन्दर आतम अजर, जरै यह देह विजाती।
दीपग जरै न कोइ, जरत है तेल रु वाती॥२॥

---

१ चलस=चरस, तरसा। लाव=चरस खींचने की रस्सी। खाभी=कहीं भी (सु० ग्रं०)। गैल=गेहला, पागल। नहिं छानी=छिपी हुई नहीं है, स्पष्ट है।

२ दीपग=दीपक, दीया। तमाशा=अद्भुत वात। अजर=न जलनेवाला। विजाती=आत्मतत्त्व से सर्वथा भिन्न।

सब कोऊ ऐसैं कहैं, काटत हैं हम काल।
काल नास सबकौ करै, वृद्ध तरुन अरु बाल ॥
वृद्ध तरुन अरु बाल,साल सबहिन कैं भारी।
देह आपुकौं जानि कहत हैं नर अरु नारी ॥
सुंदर आतम अमर देह मरिहै बरखोऊ।
काटत हैं हम काल कहत ऐसें सब कोऊ ॥३॥

ज्ञान झूलनाष्टक

झूलना

कोई नीरै कहै कोई दूरि कहै, आपुहि नीरै न दूर है रे।
दिल भीतर बाहर एकसा है, असमान ज्यौं वो भरपूर है रे ॥
अनुभव बिना नहिं जान सकै, निरसन्ध निरन्तर नूर है रे।
उपमा उसकी अब कौन कहै, नहिं सुन्दर चंद न सूर है रे ॥१॥

कोई योग कहै कोई जाग कहै, कोई त्याग वैराग बतावता है।
कोई नांव रटै कोई ध्यान ठटै, कोई खोजत ही थकिजावता है ॥
कोई और हि और उपाव करै कोइ ज्ञान गिरा करि गावता है।
वह सुन्दर सुन्दर सुन्दर है कोई सुन्दर होइ सु पावता है ॥२॥

कहु कौन कहै कहु कौन सुनै, वह कहन सुनन तैं भिन्न है रे।
कहुँ ठौर नहीं कहुँ ठांव नहीं, कहुँ गांव नहीं तिन किन्न है रे ॥

---

३ साल = कष्ट। बरखोऊ=हे आत्मघाती !

१ नीरै = निकट। आपु=आत्मा। असमान=आसमान, आकाश। निरसंध=बिना जोड, अखण्ड। नूर = प्रकाश। सूर=सूर्य।

२ जाग = याग, यज्ञ। ठटै=लगाता है। ज्ञान-गिरा करि=ज्ञानपूर्ण वाणी से। सुन्दर-सुन्दर है=सुन्दर से भी अधिक सुन्दर है ; परमात्मा परमसौंदर्य की निधि है। सुन्दर होइ सु पावता है=जो हृदय से सुन्दर अर्थात् पवित्रात्मा हो वही उस परमसुन्दर प्रभु को पा सकता है।

तहां शीव नहीं तहां घांम नहीं, तहां धांम न राति न दिन्न है रे।
तहां रूप नहीं तहां रेख नहीं, तहां सुन्दर कछू न चिन्न है रे ॥३॥

सहजानन्द

चौपाई

चिन्ह विना सव कोई आये। इहां भये दोइ पन्थ चलाये।
हिंदू तुरक उठ्यौ यह भर्मा। हम दोऊ का छाड्या धर्मा॥
नां मैं कृत्तम कर्म वखानौं। नां रसूल का कलमा जानौं।
नां मैं तीन ताग गलि नाऊँ। नां मैं सुन्नत करि वौराऊँ।
माला जपौं न तसवी फेरौं। तीरथ जाऊँ न मक्का हेरौं॥
न्हाइ धोइं नहिं करूँ अचारा। ऊजू तैं पुनि हूवा न्यारा।
एकादशी न व्रतहिं विचारौं। रौजा धरौं न वंग पुकारौं।
देव पितर नहिं पीर मनाऊँ। धरती गड़ौं न देह जलाऊँ॥१॥

दोहा

हिन्दू की हदि छाड़िकैं, तजी तुरक की राह।
सुन्दर सहजैं चीन्हियां एकै राम अलाह॥२॥

---

३ तिनकिन्न=उसका ; 'सुन्दर ग्रन्थावली' में इसका यह अर्थ भी किया गया है, "तत्र कुत्र—तहाँ कहाँ यह उसमें नहीं है।" चिन्न=चिह्न।

१ भर्मा=भ्रम, भेदभाव। कृत्तम=कृत्रिम, बनावटी, बाह्याडंबर। रसूल=पैगंबर मुहम्मद साहब। तीन ताग=जनेऊ। नाऊँ=डालता हूँ, पहनता हूँ। सुन्नत=मुसल्मानी संस्कार, जिसमें मूत्रेन्द्रिय के अगले भाग का कुछ चमड़ा काट देते हैं। भीतरी अर्थ है आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत का पालन। वौराऊँ=बावला बनूँ। तसवी=तसबीह, माला जिसे मुसल्मान फेरा करते हैं। हेरौं=ध्यान में नहीं लाता हूँ। ऊजू=वजू ; नमाज पढने से पहले हाथ-मुँह धोने की क्रिया। वंग=बांग, अजान ; नमाज़ पढ़ने से पहले मुल्ला मसजिद से जोर-जोर से 'अल्लाहो अकबर' की जो आवाज लगाता है उसे 'बॉग देना' कहते हैं।

२ चीन्हिया=पहचान लिया।

गृहवैराग बोध

रुचिग

गृही कहै, जु सुनहु वैरागी, विरक्त भये सु काहे जू।
कै तुमसौं परमेश्वर रूसे, कै तुम काहू वाहे जू ॥१॥

वैरागी बोलै, जु गृही सुनि, मेरे ज्ञान प्रकासा जू।
मिथ्या देखि सकल संसारा तातें भये उदासा जू ॥२॥

गृही कहै, जु बुरी तुम कीनीं, कछू विचार न आयौ जू।
जनक वसिष्ठ और पुनि साधनि तिन घर ही मैं पायौ जू ॥३॥

वैरागी बौलै, जु गृही सुनि, विरक्त बहुत सुनाऊँ जू।
ऋषभदेव अरु भरत आदि दै केते और बताऊँ जू ॥४॥

गृही कहै, जु त्रिया मृगनैनी कटि केहरि गजचाला जू।
अधरपान जिन कीयौं नांहीं तिनकै भाग न भाला जू ॥५॥

वैरागी कहै, हाड़ चाम सब नैननि झलकत पानी जू।
मज्जा मेद उदर मैं विष्ठा तहां न भूलै ज्ञानी जू। ६॥

गृही कहै, जु चन्द्रवदनी त्रिय अंग-अंग छवि सोहै जू।
चन्दन-लेपन कुच-मंडल पर देव दानवा मोहै जू ॥७॥

---

१ गृही=गृहस्थ। रूसे=नाराज हो गये। काहू वाहे=किसीने निकाल बाहर कर दिया।

२ प्रकासा=उदय हुआ। उदासा=विरक्त।

३ साधनि=संतों ने।

४ भरत=जड़भरत, जिनका आख्यान श्रीमद्भागवत में आया है।

५ भाला=भला, अच्छा। तिनकै भाग न भाला=उनका भाग्य अच्छा नहीं, वे अभागे हैं।

६ मेद=मांस की अधिकता।

कहै, नव द्वार मैं निशदिन नरक वहाई जू।
मांस कुचन के भीतर ताकी कहा वड़ाई जू ॥८॥
कहै, जु वड़ौ गृहआश्रम जती तहाँ चलि आवै जू।
तौ तवही होइ सुनिश्चल भिक्षा भोजन पावै जू ॥९॥
गी कहै, धर्म देह कौ याही भांति वतायो जू।
दोष तेरे तव छूटैं, जती आइ कछु पायौ जू ॥१०॥
क्तधर्म रहै जु गृही ते, गृही कौं विरक्त तारै जू।
वन करै सिंघ की रक्षा, सिंघ सु वनहिं उवारै जू ॥११॥
रक्त सु तौ भजै भगवन्तहिं, गृही सु ताकी सेवा जू।
श्व के कान वरावर दोऊ, जती सती कौ भेवा जू ॥१२॥
ह वैराग-वोध यहु कीनौं सुनियौ संत सुजाना जू।
सुन्दरदास जु भिन्न-भिन्न करि नीकी भांति वखाना जू ॥१३॥

हरिवोल चितावनी

दोहा

मेरी मेरी करत हैं, देखहु नर की भोल।
फिरि पीछे पछिताहुगे (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥१॥

जती=यति। जती .... आवै=संन्यासी भी गृहस्थ के द्वार पर आकर भिक्षा माँगता है।

पच दोष=गृहस्थी में नित्य ही लगनेवाले पाँच पाप—चक्की और चूल्हे में, और झाड़ू देने में जीव-घात होना, ऊखल में धान कूटते समय जीव-हत्या हो जाना, तथा पानी के घड़े के नीचे जीवों का दवकर मर जाना।

उवारै=वचाता है, रक्षा करता है; [सिंह के डर से जंगल को काटने की हिम्मत नहीं पड़ती।]

सती=गृहस्थ से आशय है। मेवा=भेद।

भोल=भूल, भोलापन।

किये रुपइया एकठे, चौकूंटे अरु गोल।
रीते हाथिन वै गये, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥२॥

चहलपहल-सी देखिकैं, मान्यौ वहुत अंदोल।
काल अचानक लै गयौ, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥३॥

सुकृत कोऊ ना कियौ, राच्यौ झंझट झोल।
अंति चल्यौ सव छाड़िकैं, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥४॥

मूंछ मरोरत डोलई, एंठ्यौ फिरत ठठोल।
ढेरी ह्वैहै राख की, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥५॥

पैंडो ताक्यौ नरक कौ, सुनि-सुनि कथा कपोल।
वूड़े काली धार मैं, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥६॥

माल मुलक हय गय घने, कामिनि करत कलोल।
कतहूं गये विलाइकैं (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥७॥

मोटे मीर कहावते, करते वहुत डफोल।
मरद गरद में मिलि गये, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥८॥

ऐसी गति संसार की, अजहूँ राखत जोल।
आपु मुये ही जानिहै, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥९॥

---

२ चौकूंटे=चार खूंट के याने चोकोर रुपये।
३ अंदोल=आनन्द-कलोल, मौज।
४ राच्यौ=रंग गया। झोल=टंटा।
५ ठठोल=हँसी-मज़ाक़।
६ पैंडो=रास्ता। कपोल=झूठी।
७ गय=गज।
८ मोटे मीर=बड़े रईस। डफोल=डींग, आडंबर। गरद=धूल।
९ जोल=('सुन्दर-ग्रंथावली' के अनुसार) जोर, शक्ति का घमंड।

वांकि बुराई छाड़ि सब, गांठि हृदै की खोल।
वेगि विलँव क्यौं वनत है, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥१०॥

हिरदै भीतर पैठिकरि, अंतःकरण विरोल।
को तेरौ तू कौन कौ, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥११॥

तेरौ तेरे पास है, अपनैं माँहिं टटोल।
राई घटै न तिल वढ़ै, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥१२॥

सुन्दरदास पुकारिकैं, कहत वजायें ढोल।
चेति सकै तौ चेतिले, (सु) हरि वोलौ हरि वोल ॥१३॥

तर्क चितावनी

चौपाई

पूरण ब्रह्म निरंजन राया। जिनि यहु नखसिख साज वनाया॥
ता कहुं भूलि गये विभचारी। अइया, मनुषहुँ वूझि तुम्हारी ॥१॥

वालापन मंहिं भये अचेता। मात पिता सौं वाँध्यौ हेता।
प्रथमहिं चूके सुधि न सँभारी। अइया, मनुषहुँ वूझि तुम्हारी ॥२॥

भयौ किशोर काम जव जाग्यौ। परदारा कौं निरखन लाग्यौ।
व्याह करन की मनमहिं धारी। अइया, मनुषहुँ वूझि तुम्हारी ॥३॥

मात पिता जोर्‌यो सनवंधा। कै कछु आपुहि कीयो धंधा।
लैकरि पांस गरे महिं डारी। अइया, मनुषहुँ वूझि तुम्हारी ॥४॥

---

१० वाकि=वाँकापन।

११ विरोल=मंथनकर।

१ राया=राजा, स्वामी। विभचारी = विषयानुरक्त, नास्तिक। अइया=अय, हे भाई। मनुषहुँ=मनुष्यत्व पाकर भी। वूझि तुम्हारी=तुम्हारी ऐसी समझ है (मूर्खता-पूर्ण)।

२ हेता=प्रेम, नाता।

४ सनवधा=विवाह-संवंध। पास = पाश, फंदा।

ता पीछे जोवन मदमाता। अति गति ह्वै विषया सन राता।
अपनी गनै न पर की नारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥५॥
गर्व करै पुनि ऐंठ्यौ डोलै। मुख तें जो भावै सो बोलै।
लाज कानि सब पटकि पछारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥६॥
आठहुँ पहर विषैरस भीनां। तन मन धन जुवती कौं दीनां।
ऐसी विषया लागी प्यारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥७॥
कामिनि संग रह्यौ लपटाई। मानहुं इहै मोच्छ हम पाई।
कबहूँ नेक होइ जिनि न्यारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥८॥
जौ त्रिय कहै सु अति प्रिय लागै। निशिदिन कपि ज्यौं नाचत आगै।
मारउ सहै सहै पुनि गारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥९॥
औरउ कर्म करै बहुतेरा। जन जन कै आगै हुइ चेरा।
चोरी करै करै बटपारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१०॥
ज्यौं त्यौंकरि कछु घर मैं आनैं। वनिता आगै दीन वखानैं।
हौं तेरौ नित आज्ञाकारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥११॥
पुत्र पौत्र बंध्यौ परिवारा। मेरै मेरै कहै गँवारा।
करत बड़ाई सभा मझारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१२॥

---

५ अतिगति=अत्यंत। सन=से।
६ कानि=मर्यादा, शील।
७ विषया=कामवासना।
८ जिनि=नहीं।
९ मारउ=मार भी।
१० चेरा=दास। बटपारी=राहचलते डकैती।
११ दीन वखानै=दीनता से बोलता है।

उद्दिम करि-करि जोरी माया। कै कछु भाग्य लिख्यौ सो पाया।
अजहूं तृष्णा अधिक पसारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१३॥

ऐसैं करत बुढापा आया। तब काठी करि पकरी माया।
कोड़ी खरचत कसकै भारी। अइया. मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१४॥

मेरे बेटे पोते खैहैं। मेरी संची कोउ न लैहैं।
ईश्वर की गति कछु न विचारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१५॥

निपट वृद्ध जब भयौ शरीरा। नैंननि आवन लाग्यौ नीरा।
पौरी पर्‌यौ करै रखवारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१६॥

कानहु सुनै न आँखहुँ सूझै। कहै और की औरै बूझै।
अब तौ भई बहुत विधि ख्वारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१७॥

बेटा बहू नजीक न आवै। तूँ तौ मति चल कहि समुझावै।
टूक देहि ज्यौं स्वान विलारी। अइया, मनुषहुँ बूझ तुम्हारी ॥१८॥

बकतौ रहै जीभ नहिं मोरै। मरिहुँ न जाइ खाटली तोरै।
तैं खखारि सब ठौर बिगारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥१९॥

खिजिकरि उठै सुनैं जब ऐसी। गारि देहि मुखं भावै तैसी।
भौंडी रांड करकसा दारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥२०॥

---

१४ काठी=लाठी।

१५ संची=जोडी हुई दौलत।

१६ पौरी=दरवाले के पास की कोठरी। रखवारी=घर की चौकीदारी।

१७ ख्वारी=बर्बादी ख्वाराबी।

१८ टूक=रोटी का टुकडा। बिलारी=बिल्ली।

१९ जीभ नहिं मोरै=चुप भी नहीं होता। खाटली तोरै=चारपाई पडे-पडे तोडता है। खखारि=थूक-थूककर।

२० भौंडी=फूहड। दारी=स्त्री के लिए एक गाली।

उठि न सकै कंपै कर चरना। या जीवन तैं नीकौ मरना।
तौहूं मन मैं अति अहंकारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२१॥

अब तौ निकट मौति चलि आई। रोक्यौ कण्ठ पित्त कफ बाई।
जमदूतनि पासी विस्तारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२२॥

निकसत प्रान सैन समुझावै। नारायन कौ नाम न आवै।
देखि सबन कौं आँसू ढारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२३॥

हंस बटाऊ किया पयाना। मृतक देखिकरि सबै डराना।
घर महिं तैं लै जाहु निकारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२४॥

लोग कुटम्ब सबै मिलि आये। आपुन रोये और रुलाये।
लैकर चाले धाह उचारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२५॥

लै मसान मैं आये जबही। कीये काठ एकठे सबही।
अग्नि लगाइ दियौं तन जारी। अइया, मनुपहुँ बुझि तुम्हारी ॥२६॥

संचि संचिकरि राखी माया। औरहिं दिया न आपु न पाया।
हाथ झारि ज्यौं चल्यौ जुवारी। अइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२७॥

सुकृत न कियौ न राम संभार्‌यौ। ऐसौ जन्म अमोलिक हार्‌यौ।
क्यौं न मुक्ति की पौरि उघारी। आइया, मनुपहुँ बूझि तुम्हारी ॥२८॥

२२　बाई=बात। पासी विस्तारी=फाँसी डालदी।

२३　सैन=आँख का इशारा।

२४　हंसबटाऊ=जीवात्मारूपी पथिक। पयाना=प्रयाण, कूच।

२५　धाह उचारी=धाड़ मारकर।

२७　संचि संचि=जोड़-जोड़कर। पाया=भोगा।

२८　संभार्‌यौ=स्मरण किया। क्यौं न ......उघारी=मोक्ष का द्वार क्यों नहीं खोला? संसार से छूटने का उपाय क्यों नहीं किया?

सकलसिरोमनि है नरदेहा। नारायन कौ निज घर येहा।
जामहिं पइये देव मुरारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥२६॥

चेति सकै सो चेतहु भाई। जिनि डहकाओ रामदुहाई।
सुन्दरदास कहै जु पुकारी। अइया, मनुषहुँ बूझि तुम्हारी ॥३०॥

विवेक-चितावनी

चौपाई

माया मोह मांहि जिनि भूलै। लोग कुटंब देखि मत फूलै।
इनकै संग लागि क्या जरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१॥

मात पिता वन्धव किसकेरे। सुत दारा कोऊ नहिं तेरे।
छिनक मांहिं सबसौं बीछरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥२॥

गृह कौ दुःख न बरन्यौ जाई। मानहु अग्नि चहूँ दिश लाई।
तामैं कहु कैसी विधि ठरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥३॥

या शरीर सौं ममता कैसी। याकी तौ गति दीसति ऐसी।
ज्यौं पाले का पिंड पघरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥४॥

मृत्यु पकरिकै सबनि हिलावै। तेरी वारी नियरी आवै।
जैसे पात वृक्षते झरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥५॥

---

२६ जामहि = जिसमें।

३० डहकाओ = अपने आप को धोखा दो। दुहाई = शपथ।

३ लाई = लगाई। ठरना = ठहरना।

४ दीसति = दीखती है। पाले का पिंड = बरफ का गोला। पघरना = पिघल जाना।

५ हिलावै = झकझोरती है। नियरी = नजदीक।

६ खेह = मिट्टी। जंबुक = सियार।

देह खेह मांहें मिलि जाई। काऊ स्वान कै जंवुक खाई।
तेल फुलेल कहा चोपरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥६॥

छणभंगुर यहु तन है ऐसा। काचा कुंभ भर्‌या जल जैसा।
पलक मांहि वैठैं ही ढुरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥७॥

मंदिर माल छोड़ि सव जाना। होइ वसेरा वीच मसाना।
अंवर वोढ़न भूमि पथरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥८॥

पाप पुन्य का व्यौरा माँगै। कागद निकसै तेरै आगै।
रती रती का ह्वै है निरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥९॥

काम क्रोध वैरी घट मांही। और कोऊ कहुँ वैरी नांही।
रात दिवस इनहीं सौं लरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१०॥

मन कौं दंड वहुत विधि दीजै। याही दगावाज वसि कीजै।
और किसी सेती नहिं अरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥११॥

काचा पिंड रहत नहिं दीसै। यह हम जानी विसवा वीसै।
हरि सुमरन कवहूं न विसरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१२॥

धरती मापि एक डगकरते। हाथों ऊपर पर्वत धरते।
केते गये जाहिं नहिं वरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१३॥

आसन साधि पवन पुनि पीवै। कोटि वरसलगि काहि न जीवै।
अंत तऊ तिनकौं घट परना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१४॥

---

७ ढुरना=फूट जाना।

८ मंदिर=बड़ा मकान। माल=मिलकियत। अंवर=आकाश। वोढ़न=ओढ़ना। पथरना= विछौना।

९ व्यौरा=हिसाव। निरना=निर्णय, फैसला।

११ सेती=से, के साथ। अरना=लड़ना, संघर्ष करना।

१२ विसवा वीसै=बीसविस्वे, पक्की तरह से।

१४ पवन पीवै=प्राणायाम करता है। घट परना=शरीर गिरजाता है।

जुदा न कोई रहनै पावै। होइ अमर जो ब्रह्म समावै।
सुन्दर और कहूँ न उबरना। समुझि देखि निश्चैकरि मरना ॥१५॥

पवंगम

पिय कै विरह वियोग भई हूं बावरी।
शीतल मंद सुगंध सुहात न वाव री॥
अब मुहि दोष न कोइ परौंगी बावरी।
(परि हां) सुन्दर चहुँ दिश विरह सु घेरी बावरी ॥१॥

पिय नैंननि की वोर सैंन मुहि दे हरी।
फेरि न आये द्वार न मेरी देहरी॥
विरह सु अंदर पैठि जरावत देह री।
(परि हां) सुन्दर विरहिन दुखित सीख का देह री ॥२॥

दूभर रैंनि विहाय अकेली सेजरी।
जिनकै संगि न पीव विरहनी से जरी॥

---

१५ उबरता = बचता है।

इन पवंगम छन्दों में 'यमक अलंकार' का चमत्कार दिखाया गया है। अर्थ करने में कहीं-कहीं पर 'सुन्दर-ग्रन्थावली' का आधार लिया गया है।

१ बावरी = इसके क्रमशः ४ अर्थ किये जाते हैं— (१) बावली याने पगली (२) वायु+अरी, (३) बावड़ी (अब मुझे कोई दोष न देना, मैं बावड़ी में गिरकर प्राण दे दूँगी), (४)मौरी (अर्थात् विरह की मौर में फँस गई हूँ)।

२ वोर = ओर। देहरी = इसके क्रमशः ४ अर्थ किये जाते हैं— (१) दे हरी, अर्थात् आँखों से इशारा देकर मेरा मन हर लिया, (२)देहली, (३) देह(शरीर) को री सखी. (४) देती है+अरी।

३ दूभर = कठिन। सेजरी = इसके क्रमशः ४ अर्थ किये जाते हैं — (१) शय्या+री, अरी, (२) से (वे)+जरी, अर्थात् जल गई, (३) वे

विरहै संकल वाहि विचारी से जरी।
(हरि हां) सुन्दर दुःख अपार न पाऊँ से जरी ॥३॥

अडिला

सुन्दर विरहनि विरहै[1] वारी। प्रीति करत किनहू नहिं वारी।
पिय कौं फिरी वाग अरु वारी। अव तौ आइ पहूँची वारी ॥१॥

मैं तौ प्रीति करत नहिं जानां। पीव सु लै वाये नहिं जानां।
निशदिन विरह जरावत जानां। सुन्दर अव पिय ही पै जानां ॥२॥

अव सखि अपना मन वसि करना। वह तौ पिय किस ही के कर ना।
अपनी खुसी करै सो करना। तौ सुन्दर किस ही का कर ना ॥३॥

घर मैं वहुत भई जव माया। तव तौ फूल्यौ अंग न माया।
वहुरि त्रिया सौं वांधी माया। सुन्दर छाड़ि जगत की माया ॥४॥

खैंचि कमरि सौं वांधा पटका। अवपति हुवा वैठि करि पटका।
काल अचानक मार्‌या पटका। सुन्दर पकरि जिमी सौं पटका ॥५॥

विरहिणी स्त्रियाँ विरह की साँकल से जड़ी याने जकड़ दी गईं; (४) से (वह) जरी याने जड़ी-बूटी।

इन अड़िला छंदों में यमक अलंकार का चमत्कार दिखाया गया है। अर्थ लगाने में 'सुन्दर-ग्रन्थावली' का आधार लिया गया है।

१ वारी=क्रमशः ४ अर्थ—(१) जलाडी, (२) रोकी, (३) वाड़ी, वाटिका, (४) समय, वड़ी।

२ जानां=क्रमशः ४ अर्थ—(१) जाना, समझा (२) यान, सवारी, (३) जान, प्राण, (४) चले जाना है।

३ करना=क्रमशः ४ अर्थ—(१) करना है, (२) हाथ में+नहीं (३) करनेयोग्य, कर्त्तव्य, (४) महसूल या दण्ड+नहीं।

४ माया=क्रमशः ४ अर्थ—(१) संपत्ति, (२) समाया, (३) प्रीति, (४) झगड़ा, मोह।

५ पटका=क्रमशः ४ अर्थ—(१) कमरबंद, (२) पाट, राजसिंहासन, (३) चोटा,

जामैं हुतौ सवनि कौ भागा। भांडा सोई भ्रम का भागा।
अब तौ मस्तक जाग्यौ भागा। सुन्दर छाड़ि जगत कौ भागा ॥६॥

जौ तौ तू प्रभुजी कौ चरना। तौ तूं भयौ विमुख हरिचरना।
अब तूं पहिरि कमरि मैं चरना। सुन्दर इत उत फिरि कछु चर ना ॥७॥

मड़िल्ला

बंधन भयौ प्रीति करि रामा। मुक्त होइ जौ सुमिर रामा।
निशदिन याही करै विचारा। सुन्दर छूटै जीव विचारा ॥१॥

औरहिं दई न आपुन खाई। माया धरी खोदिकर खाई।
मेल्ही रही सूम की थाती। सुन्दर दी आगै कौं थाती ॥२॥

जौ तूं देहि धणीं कौं लेखा। तौ तूं जो जानै सो लेखा।
जौ तोपै नहिं आवै जावा। तौ सुन्दर टूटैगी जावा ॥३॥

अधो सीस ऊरध कौं पाया। राज पाट कछु चाहै पाया।
भीतरि भर्‌या कुबुधि सौ भांडा। सुन्दर राम विनां है भांडा ॥४॥

---

६ भागा=क्रमशः ४ अर्थ—(१) हिस्सा, (२) फूट गया, (३) भाग्य, (४) भाग गया, विरक्त हो गया।

७ चरना=क्रमशः ४ अर्थ—(१) दास, (२) चरणों से, (३) कमरबंद (तैयार हो जा) (४) चल याने भटक+नहीं।

इन मड़िल्ला छन्दों में भी यमक अलंकार का चमत्कार दिखाया गया है। अर्थ लगाने में 'सुन्दर-ग्रन्थावली' से सहायता ली गई है।

१ रामा=(१) स्त्री,(२) राम। विचारा=(१) विचार, चिंतन, (२) बेचारा, असहाय।

२ खाई=(१) भोगी, (२) गड्ढा। थाती=(१) धरोहर, (२) जमा पूँजी।

३ धणी=मालिक, ईश्वर। लेखा=(१) हिसाब. (२) ले+खा=लेकर खाले; कर्मों का नाश करदे। जावा=(१) जवाब. (२) जवाबी (दण्ड मिलेगा)।

४ अधो=नीचे को। ऊरध=ऊर्ध्व. ऊपर को। पाया=(१) पैर, (२) प्राप्त करना चाहे। भांडा=(१) बर्तन, (२) कलंकित।

जो सब तें हूवा वैरागी। सो क्यौं होइ देह वैरागी।
निशदिन रहै ब्रह्म सौं राता। सुन्दर सेत पीत नहिं राता ॥५॥

कथा कहै बहु भांति पुराणी। नीकी लागै बात पुराणी।
दोष जाइ जब छूटै रागा। सुन्दर हरि रीझै सो रागा ॥६॥

बरवै

सबकेहू मनभावन सरस बसंत।
करत सदा कौतूहल कामिनि कंत ॥१॥

झूलत बैसि हिंडोरनि पिय कर संग।
उत्तम चीर विराजत भूषन अंग ॥२॥

निशदिन प्रेम-हिंडुलवा दिहल मचाइ।
सेई नारि सभागिनि झूलइ जाइ ॥३॥

सज्जन मिलिकैं गावत मंगलचार।
प्रेम-प्रकाश दशौं दिश भय उजियार ॥४॥

सुखनिधान परमातम आतम अंस।
मुदित सरोवर महियां क्रीड़त हंस ॥५॥

---

५ वैरागी=(१) विरक्त, (२) विशेषरूप से रागी, अर्थात् अनुरागी। राता=(१) अनुरक्त, (२) लाल।

६ पुराणी=(१) पुराणों की, (२) प्राचीन रागा=(१) राग, विषयासक्ति, (२) राग, गायन ; प्रेम।

१ कामिनि=जीवात्मा से आशय है। कंत=परमात्मा से आशय है। कौतूहल=अनुराग-लीला।

२ विराजत=शोभित।

३ दिहल मचाइ=मचा दिया, झुला दिया। सेई=वही। सभागिनि=सुहागिन।

४ सज्जन=साजन, प्रियतम।

५ परमातम-आतम अंस=परमात्मा की अंशरूप आत्मा। महियां=मध्यमें।

एक सेजचर कामिनि लागलि पाइ।
पिय कर अंगहि परसत गइल विलाइ ॥६॥

रस महिया रस होइहि नीरहिं नीर।
आतम मिलि परमातम खीरहिं खीर ॥७॥

सरिता मिलइ समुद्रहिं भेद न कोइ।
जीव मिलइ परब्रह्महि ब्रह्मइ होइ ॥८॥

इह अध्यातम जानहुँ गुरुमुख दीस।
सुन्दर सरस सुनावल बरवै बीस ॥९॥

सवैया

गुरदेव कौ अंग

इन्दव

धीरजवंत अडिग्ग जितेन्द्रिय निर्मल ज्ञान गह्यौ दृढ़ आदू।
शील संतोष क्षमा जिनकै घट लागि रह्यौ सु अनाहद नादू॥
भेष न पक्ष निरंतर लक्ष जु और नहीं कछु वाद-विवादू।
ये सब लक्षन हैं जिन मांहि सु सुन्दर कै उर है गुरु दादू ॥१॥

हंस=शुद्ध मुक्त आत्मा से आशय है।

६ गइलविलाइ=तद्‌रूप हो गई।

७ खीरहि खीर=दूध में दूध जैसे मिल जाये।

९ दीस=दिया हुआ। बरवै बीस=श्री सुन्दरदासजी के रचे बीस बरवै छंद। २० छंदों में से केवल ९ छंद यहाँ लिये गये हैं।

गुरुदेव कौ अंग

१ अडिग्ग=निश्चल संकल्पवाले। आदू=आदि से ही, सनातन से। घट=अंतर में। अनाहद नादू=अनाहत शब्द, जिसे योगी समाधि की अवस्था में सुनता है। भेष=संप्रदाय विशेष का वेश।

कोउक गोरख कौं गुरु थापत कोउक दत्त दिगम्बर आदू।
कोउक कंथर कोउ भरथ्थर कोउ कबीर कोउ राखत नादू॥
कोउ कहै हरदास हमारे जु यौं करि ठानत वादविवादू।
और तो संत सबै सिरि ऊपर सुन्दर कै उर है गुरु दादू॥२॥

मनहर

काहू सौं न रोप तोप काहू सौं न राग दोष,
काहू सौं न वैरभाव काहू की न घात है।
काहू सौं न बकवाद काहू सौं नहीं विषाद,
काहू सौं न संग न तौ कोउ पक्षपात है॥
काहू सौं न दुष्ट वैन काहू सौं न लैन-दैन,
ब्रह्म कौ विचार कछु और न सुहात है।
सुन्दर कहत सोई ईशनि कौ महाईश,
सोई गुरदेव जाकै दूसरी न वात है॥३॥

गोविंद के किये जीव जात हैं रसातल कौं
गुरु उपदेशे सु तौ छूटैं जमफंद तें।
गोविंद के किये जीव बस परे कर्मनि कैं,
गुरु के निवाजे सो फिरत हैं स्वच्छंद तें॥
गोविंद के किये जीव बूड़त भौसागर में,
सुन्दर कहत गुरु काढ़े दुखद्वंद तें।
औरऊ कहांलौं कछु मुख तें कहैं वताइ,
गुरु की तौ महिमा अधिक है गोविन्द तें॥४॥

---

२ दत्त=दत्तात्रेय। आदू=आदिनाथ। कंथर=कंथरनाथ नामक एक महा योगी। भरथ्थर=भर्तृहरि। हरदास=निरंजनी पंथ के आचार्य हरिदास। सिरि ऊपर=प्रणम्य, वंदनीय।

३ तोप=रीझ। दोष=द्वेष। संग=आसक्ति। वैन=वचन। लेन-देन=मतलब, स्वार्थ। विचार=निरूपण; ध्यान।

४ किये=रचे हुए। रसातल=नरक से आशय है। निवाजे=कृपा किये-

उपदेश-चितावनी कौ अंग

हंसाल

तौ सही चतुर तू जान परवीन अति परै जिनि पंजरै मोह-कूवा।
पाइ उत्तम जनम लाइलै चपल मन गाइ गोविंद गुन जीति जूवा।
आपुही आपु अज्ञान-नलनी बँध्यौ विना प्रभु विमुख कै वार मूवा।
दास सुन्दर कहै, परमपद तौ लहै ' राम हरि राम हरि बोलि सूवा" ॥१॥

अवल उस्ताद के कदम की खाक ह्वो हिरस वुगुजार सब छोड़ि फैंना।
यार दिलदार दिल माहिं तूं याद कर, है तुझी पास तूं देखि नैंना ॥
जान का जान हैं जिंद का जिंद है, सखुन का सखुन कछु समुझि सैंना।
दास सुंदर कहै, सकल घट मैं रहै, "एक तूं एक तूं बोलि मैंना" ॥२॥

मनहर

वारू कै मंदिर माहिं बैठि रह्यौ थिर होइ,
राखत है जीवने की आसा कैऊ दिन की।
पल पल छीजत घटत जात घरी घरी,
विनसत वार कहा खबरि न छिन की॥

हुए, उद्धार किये हुए। स्वच्छन्द=निश्चिन्त, आत्मस्थित। बूडत=डूबते हैं।

उपदेश-चितावनी कौ अंग

१ पजरै=देहरूपी पिंजड़े में। मोह-कूवा=अविद्यारूपी कूआँ। लाइलै=लगाले। नलनी बंध्यो=नली को पकड़े हुए है। मूवा=मरा। सूवा=जीव से आशय है।

२ अवल उस्ताद=सद्गुरु। खाक=धूल की तरह तुच्छ। हिरस=वासना। वुगुजार=त्यागदे। फैना=छलछन्द। जिंद=जिंदगी। सखुन=ज्ञानोपदेश से आशय है। सैना=सैन, संकेत (गुरु का)। मैना=जीवात्मा से आशय है।

३ कैऊ=कितने ही, बहुत अधिक। छीजत=क्षीण होता जाता है। मृसा=

करत उपाय झूठै लैन-दैन खान-पान,
मूसा इतउत फिरै ताकि रही मिनकी।
सुन्दर कहत मेरी मेरी करि भूल्यौ शठ,
"चंचल चपल माया भई किन-किन की" ॥३॥

श्रवनूं लै जाइ करि नाद की लै डारै पासि,
नैंनवा लैजाइ करि रूप वसि कर्‌यौ है।
नथुवा लैजाइ करि वहुत सुंघावैं फूल,
रसनूं लैजाइ करि स्वाद मन हर्‌यौ है॥
चरनूं लैजाइ करि नारी सौं सपर्श करै,
सुन्दर कोउक साध ठगनि तैं डर्‌यौ है।
काम ठग क्रोध ठग लोभ ठग मोह ठग,
ठगनि की नगरी मैं जीव आइ पर्‌यौ है ॥४॥

जोवन कौ गयौ राज और सव भयौ साज,
आपुनि दुहाई फेरि दमामौ वजायौ है।
लकुटी-हथ्यार लिये, नैंननि कौं ढाल दीये,
सेत वार भये ताकौ तंवू सौ तनायौ है॥
दसन गये सु मानौ दरवान दूरि कीये,
जौंगरी परी सु और विछौना विछायौ है।
सीस कर कंपत सुन्दर निकार्‌यौ रिपु,
देखत ही देखत वुढ़ापौ दौरि आयौ है ॥५॥

चूहा; जीव से आशय है। मिनकी=विल्ली; मृत्यु से आशय है।

४ नाद=मोहक प्रिय शब्द। पासि=फाँसी, मोहिनी। नथुवा=नाक। रसनूं=रसना, जिह्वा। सपर्श=स्पर्श। कोउक=कोई विरला।

५ और सव भयौ साज=सारा रंग और से कुछ और ही होगया। दमामौ=नगाड़ा। नैननि कौ ढाल दिये=आँखों पर ढक्कन दे दिया; अंधा हो गया। दूरि कीये=निकाल वाहर किये। जौंगरी परी=खाल ढीली पडकर सिमट-गई। विछोना=अंतकाल की सेज से तात्पर्य है। रिपु=काम, क्रोध, मोह-आदि परास्त कर देनेवाले शत्रु; यह आशय है।

इंदव

कौन कुबुद्धि भई घट अंतर तूं अपनौ प्रभु सौं मन चोरै।
भूलि गयौ विषयासुख मैं सठ लालच लागि रह्यौ अति थोरै॥
ज्यौं कोउ कंचन छार मिलावत लै करि पाथर सौं नग फोरै।
सुन्दर या नरदेह अमोलिक "तीर लगी नवका कत बोरै"॥६॥

मनहर

झूठौ जग ऐन सुन नित्य गुरु बैंन देखै,
आपुनेहू नैंन दोऊ अंध रहे ज्वानी मैं।
केते राव राजा रंक भये रहे चलि गये,
मिलि गये धूर मांही आये ते कहानी मैं॥
सुन्दर कहत अब ताहि न सुरत आवै,
चेते क्यौं न मूढ़ चित लाय हिरदानी मैं।
भूले जन दाव जात लोह कौ सौ ताव जात,
आव जात ऐसे जैसे नावजात पानी मैं॥७॥

काल-चितावनी कौ अंग

इंदव

ये मेरे देश विलाइति हैं गज ये मेरे मंदिर या मेरी थाती।
ये मेरे मात पिता पुनि बंधव ये मेरे पूत सु ये मेरे नाती॥

---

६ मन चोरै=मन को चुराता है। छार=राख, धूल। नग=रत्न। तीर······बोरै=किनारे पर लगी नाव को क्यों डुबा रहा है? तात्पर्य यह कि नर-देह पाकर मोक्ष तेरे लक्ष्य में होते हुए भी विषयों में फँसकर तू क्यों अपने जीवन को विफल कर रहा है?

७ ऐन=वस्तुतः, असल में। अन्ध=कामान्ध। ज्वानी=जवानी, यौवन। आये ते कहानी मैं=उनके किस्से ही रह गये। हिरदानी=हृदय। दाव=(मोक्ष-साधन का) अवसर। आव=आयु।

काल-चितावनी कौ अंग

१ थाती=धरोहर, पूँजी। तेल=आयु के दिनों से आशय है। बाती=जीव की अवधि से तात्पर्य है।

ये मेरि कामिनि केलि करै नित ये मेरे सेवक हैं दिनराती।
सुन्दर वैसैंहि छाड़ि गयौ सब, तेल जर्‌यो रु वुझी जब वाती ॥१॥

संत सदा उपदेश बतवात, केश सबै सिर सेत भये हैं।
तूं ममता अजहूँ नहिं छाड़त मौतिहू आइ संदेश दये हैं॥
आज कि काल्हि चलै उठि मूरख तेरेहि देखत केते गये हैं।
सुन्दर क्यौं नहिं राम सँभारत या जग मैं कहि कौन रये हैं ॥२॥

मनहर

मेरौ देह मेरौ गेह मेरौ परिवार सब,
मेरौ धन माल मैं तौ बहुविधि भारौ हौं।
मेरौ सब सेवक हुकम कोउ मेटै नांहि,
मेरी जुवती कौ मैं तौ अधिक पियारौ हौं॥
मेरौ वंश ऊंचौ मेरे बाप दादा ऐसे भये,
करत बड़ाई मैं तौ जगत-उज्यारौ हौं।
सुन्दर कहत, मेरौ मेरौ करि जानैं सठ,
ऐसी नहिं जानै मैं तौ "काल ही कौ चारौ हौं" ॥३॥

देहात्म-विछोह कौ अंग

इन्दव

वै श्रवना रसना मुख वैसेहि नासिका वैसेहि वैसेहि अंखी।
वै कर वै पग वै सब द्वार सु वै नख सीस हि रोम असंखी॥

२　सँभारत=स्मरण करता है। रये=रहे।

३　बड़ा महान्। ऐसे=इतने महान्। उज्यारौ=प्रख्यात। चारौ=ग्रास।

देहात्म-विछोह कौ अंग

१　अंखी=आँखें। दीसत=दिखती हैं। खखी=खोखली, सारहीन। पंखी=पक्षी; जीव से आशय है।

वैसें हि देह परी पुनि दीसत एक विना सब लागत खंखी।
सुन्दर कोउ न जानि सकै यह "बोलत हो सु कहां गयौ पंखी" ॥१॥

मनहर

देह तौ प्रगट महिं ज्यौं कौ त्यौंहीं जानियत,
नैंन के झरौखे मांहि झांकत न देखिये।
नाक के झरौखे मांहि नैकु न सुवास लेत,
कान के झरौखे मांहिं सुनत न लेखिये॥
मुख के झरौखे मैं वचन न उचार होत,
जीभ हू कौ षटरस स्वाद न विशेखिये।
सुन्दर कहत कोउ कौंन विधि जानै ताहि,
कारौ पीरौ काहू द्वार जातौहू न पेखिये॥२॥

तृष्णा कौ अंग

इन्दव

जौ दस वीस पचास भये सत होहिं हजारनि लाख मँगैगी।
कोटि अरब्व खरब्व असंखि पृथ्वीपति हौन की चाह जगैगी॥
स्वर्ग पताल कौ राज करौं तृसना अधिकी अति आगि लगैगी।
सुन्दर एक संतोष विना सठ "तेरी तौ भूख न क्यौंहु भगैगी" ॥१॥

क्यौं जग मांहि फिरै भख मारत स्वारथ कौंन परी जिहिं जोलै।
ज्यौं हरिहाइ गऊ नहिं मानत दूध दुह्यौ कछु सो पुनि ढोलै॥

प्रगट=प्रत्यक्ष। झरौखे=द्वार, इन्द्रिय। सुवास=सुगंध। काहू=किसी भी।
जातौहू न पेखिये=निकलते हुए भी देखने में नहीं आता है।

तृष्णा कौ अंग

१ मँगैगी-(तृष्णा) माँगैगी, चाहेगी। चाह=तीव्र चाह। लगैगी=लगायेगी।
क्यौंहु=किसी भी तरह।
जोलै=अर्थ स्पष्ट नहीं होता है। हरिहाइ=हरा खेत चरनेवाली स्वच्छन्द

तूं अति चञ्चल हाथ न आवत नीकसि जाइ नहीं मुख बोलै।
सुन्दर तोहि कह्यौ वर केतक 'हे तृष्णा अब तूं मति डोलै" ॥२॥

अधीर्य उराहने कौ अंग

इन्दव

पेटहि कारण जीव हतै बहु पेटहि मांस भखै रु सुरापी।
पेटहि लैकरि चोरी करावत पेटहि कौं गठरी गहि कापी॥
पेटहि पासि गरे महिं डारत पेटहि डारत कूपहु वापी।
सुन्दर काहेकौं पेट दियौ प्रभु "पेट सौ और नहीं कोउ पापी" ॥१॥

विश्वास कौ अंग

इन्दव

धीरज धारि विचार निरंतर तोहि रच्यौ सु तौ आपुहि ऐहै।
जेतक भूख लगी घट प्राणहि तेतक तूं अनयासहि पैहै॥
जौ मन मैं तृष्णा करि धावत तौ तिहुँ लोक न खात अघैहै।
सुन्दर तूं मति सोच करै कछु "चंच दई सोइ चूंनिहु देहै" ॥१॥

गाय। ढोलै=लुढ़का या ढुलका देती है। वर केतक=कितनी ही बार।

अधीर्य उराहने कौ अंग

१ हतै=वध करता है। रु=और। सुरापी=शराब पीनेवाला। कापी=काटी। पासि=फाँसी। वापी=बावडी।

विश्वास कौ अंग

१ ऐहै=आ पहुँचेगा। जेतक, जितनी। तेतक=उतना। अनयासहि=बिना ही प्रयत्न के। पैहै=पायेगा। चंच=चोंच; मुँह। चूंनि=चून; खाने की वस्तु।

मनहर

जगत मैं आइ तै विसार्यौ है जगतपति,
जगत कियौ है सोई जगत भरतु है।
तेरै चिंता निशदिन औरई परी है आइ,
उद्यम अनेक भांति भांति के करतु है॥
इत इत जाइकैं कमाइकरि ल्याऊँ कछु,
नैकु न अज्ञानी नर धीरज धरतु है।
सुन्दर कहत, एक प्रभु कौ विश्वास विन,
वादिकै वृथा ही सठ पचिकै मरतु है॥२॥

देह-मलीनता गर्व-प्रहार कौ अंग

मनहर

जा शरीर माहिं तूं अनेक सुख मानि रह्यौ.
ताही तूं विचारि यामैं कौन बात भली है।
मेद मज्जा मांस रग रगनि मांहिं रकत,
पेट हू पिटारी सी मैं ठौर ठौर मली है॥
हाड़नि सौं मुख भर्यौ हाड़ि ही कै नैंन नाक,
हाथ पांव सोऊ सब हाड़ ही की नली है।
सुन्दर कहत, याहि देखि जिनि भूलै कोइ,
"भीतरि भंगार भरी ऊपर तैं कली है" ॥१॥

---

२ वादिकै=व्यर्थ प्रयास करके।

देह-मलीनता गर्व-प्रहार कौ अंग

१ रग रगनि माहिं=एक-एक नस में। मली=मैला ही। जिनि=नहीं। भंगार=कचरा, तुच्छ चीज। कली=कलई।

इंदव

थूक रु लार भर्यौ मुख दीसत आंखि मैं गींज रु नाक मैं सेढ़ौ।
औरउ द्वार मलीन रहैं नित हाड़ के मांस के भीतरि वेढ़ौ॥
ऐसैं शरीर मैं वास कियो तब एक से दीसत बांभन ढेढ़ौ।
सुंदर गर्व कहा इतने पर "काहे कौं तूं नर चालत टेढ़ौ" ॥२॥

शृंगार-निंदा कौ अंग

कुण्डलिया

'रसिकप्रिया' 'रस-मंजरी' और 'सिंगार' हि जानि।
चतुराई करि बहुत विधि विषै बनाई आंनि॥
विषै बनाई आंनि लगत विषियन कौं प्यारी।
जागै मदन प्रचण्ड सराहैं नखसिख नारी॥
ज्यौं रोगी मिष्ठान्न खाइ रोगहि विस्तारै।
सुन्दर यह गति होइ जु तौ 'रसिकप्रिया' धारै ॥१॥

---

२ गींज=कीचड़। सेढ़ो=नाक का मैल। वेढ़ौ=जाल, उलझन। ढेढ़ौ=अछूत। टेढ़ौ=ऐंठता हुआ।

शृंगार-निंदा कौ अंग

१ 'रसिकप्रिया'=महाकवि केशवदास का रचा नायिकाभेद का प्रसिद्ध रीति-ग्रन्थ। 'रस-मंजरी=शृंगाररस-प्रधान एक संस्कृत ग्रन्थ। 'सिंगार'='रस-मजरी' का भाषान्तर, जिसका पूरा नाम 'सुन्दर-शृंगार' है। इसे आगरे के सुन्दर कवि ने रचा था=(देखो सुन्दर-ग्रन्थावली—खंड २, पृष्ठ-४३६) विषै=शृंगारविषय, जो वास्तव में विषरूप है। विस्तारै=बढ़ाता है।

स्वामी सुन्दरदासजी ने इन शृंगाररसात्मक रीति-ग्रन्थों का खण्डन कर शान्तरस की श्रेष्ठता ओजस्वी शब्दों में प्रतिपादित की है।

दुष्ट कौ अंग

इंदव

काज सँवारन के हित और कौ काज बिगारत जाई।
न कारज होउ न होउ बुरौ करि और कौ डारत भाई॥
हु खोवत औरहु खोवत खोइ दुवौं घर देत वहाई।
र देखत ही बनि आवत दुष्ट करैं नहि कौंन बुराई॥१॥

मन कौ अंग

मनहर

देखिबे कौं दौरै तो अटकि जाइ वाही वोर,
सुनिबे कौं दौरै तो रसिक-सिरताज है।
सूंघिबे कौं दौरै तो अघाइ न सुगंध करि,
खाइबे कौं दौरै तो न धापै महाराज है॥
भोगहू कौं दौरै तो तृपति नहीं क्योंहूँ होइ,
सुन्दर कहत, याहि नैकहूँ न लाज है।
काहू कौ कह्यौ न करै आपुनी ही टेक परै,
"मन सौ न कोऊ हम जान्यौं दगाबाज है" ॥१॥

इंदव

कौन सुभाव पर्‌यौ उठि दौरत अंमृत छाड़ि चचोरत हाड़ै।
ज्यौं भ्रम की हथिनी दृग देखत आतुर होइ परै गज खाड़ै॥

दुष्ट कौ अंग

१ सँवारन के हित=बनाने के लिए। देत वहाई=नाश कर देता है।

मन कौ अंग

१ वोर=ओर। धापै=अघाता है।

२ चचोरत=चूसता है। भ्रम की=कृत्रिम. झूठी। खाडे=गढे में।

सुन्दर तोहि सदा समुझावत एकहु सीख लगै नहिं रांडे।
वा द्रि वृथा भटकै निशवासर रे मन, तूं भ्रमवौ किन छाड़ै ॥२॥
जौ मन नारि की वोर निहारत तौ मन होत है ताहिकौ रूपा।
जौ मन काहु सौं क्रोध करै जब क्रोधमई होइ जात तद्रूपा ॥
जौ मन माया हि माया रटै नित तौ मन वूड़त माया के कूपा।
सुन्दर जौ मन ब्रह्म विचारत तौ मन होत है ब्रह्मस्वरूपा ॥३॥

मनहर

तो सौ रे कपूत कोऊ कतहूँ न देखियत,
तो सौ न सपूत कोऊ देखियत और है।
तूं ही आपु भूलि महानीच हूँ तें नीच होइ,
तूं ही आपु जाने तें सकल सिरमौर है॥
तूं ही आपु भ्रमै, तब भ्रमत जगत देखै,
तेरै थिर भये सब ठौर ही कौ ठौर है।
तूं ही जीवरूप तूं ही ब्रह्म है आकाशवत,
सुन्दर कहत, मन तेरी सब दौर है ॥४॥

चाणक कौ अंग

मनहर

मेघ सहै शीत सहै शीश परि घाम सहै,
कठिन तपस्या करि कन्दमूल खात है।

रांडै=रांड के को अर्थात् हरामज़ादे मन को; अथवा, राड सील।

३ वोर=ओर। ताहि को रूपा=नारीमय। कूपा=कुआँ।

४ आप भूलि=स्वरूप को भूलकर विषयों में प्रवृत्त हो जाने पर। आपु जा-नेतें=आत्मस्वरूप का ज्ञान हो जाने से। थिर=स्थिर, अचंचल। ठौर ही को ठौर=शान्त से भी शान्त। आकाशवत्=शून्य के जैसा। दौर=प्रवृत्ति, प्रताप।

चाणक कौ अंग

१ सिहात है=प्रसंसा करता है। ऑवन·····जात है=आम चूसने को

जोग करै जज्ञ करै तीरथऊ व्रत करै,
पुण्य नाना विधि करै मन में सिहात है ॥
और देवी देवता उपासना अनेक करै,
आँवन की हौंस कैसैं अकडोडे जात है।
सुन्दर कहत, एक रवि के प्रकाश बिन,
जैंगनैं की जोति कहा रजनी बिलात है ॥१॥

इंदव

गेह तज्यौ अरु नेह तज्यौ पुनि खेह लगाइकै देह सँवारी।
मेघ सहे सिर सीत सह्यौ तनु धूप समै जु पंचागनि बारी ॥
भूख सही रहि रूख तरै परि सुन्दरदास सहे दुख भारी।
डासन छाडिकै कांसन ऊपर "आसन मार्‌यौ पै आस न मारी" ॥२॥

वचन-विवेक कौ अंग

मनहर

बोलिये तौ तब जब बोलिवे की सुधि होइ,
न तौ मुख मौन करि चुप होइ रहिये।
जोरियेऊ तब जब जोरिबौऊ जानि परै,
तुक छंद अरथ अनूप जामैं लहिये ॥

चाह आक के फलों से कैसे पूरी हो सकती है? देवी-देवताओं की उपासना करने से ब्रह्म-प्राप्ति भला कैसे हो सकती है? जैंगने=जुगनू। कहा रजनी बिलात है=क्या रात का अंधेरा दूर हो सकता है?

२ खेह=भस्म। पंचागनि बारी=पाँच अँगीठियाँ जलाकर गर्मी के दिनों में आसन मारकर तप करने के लिए बैठना। रूख तरै=वृक्ष के नीचे। डासन=बिस्तर। कासन=कुश। आसन मार्‌यौ=सिद्धासन आदि लगाया। आस न मारी=आशा को वश में नहीं किया।

वचन-विवेक कौ अंग

१ जोरियेऊ तब=कविता भी तभी रचनी चाहिए। मन जाट गहि=मन

गाइयेऊ तब जब गाइबे कौ कंठ होइ,
श्रवण कै सुनत ही मन जाइ गहिये।
तुकभंग छन्दभंग अरथ मिलै न कछु,
सुन्दर कहत, ऐसी बानी नहिं कहिये ॥१॥

एकनि के वचन सुनत अति सुख होइ,
फूल से झरत हैं अधिक मनभाँवने।
एकनि के वचन अशम मानौ बरषत,
श्रवण कै सुनत लगत अलखांवने॥
एकनि के वचन कंटक कटु विषरूप,
करत मरम छेद दुखउपजांवने।
सुन्दर कहत, घट घट में वचन-भेद,
उत्तम मध्यम अरु अधम सुनांवने ॥२॥

पतिव्रता कौ अंग

इंदव

होइ अनन्य भजै भगवंतहिं और कछू उर में नहिं राखै।
देविय देव जहाँलग हैं डरिकै तिनसौं कहुँ दीन न भाखै॥
योगहु यज्ञ व्रतादि क्रिया तिनकौं नहिं तौ सुपनैं अभिलाखै।
सुन्दर अंमृत पान कियौ तब तौ कहि कौन हलाचल चाखै ॥१॥

मनहर

जल कौ सनेही मीन बिछुरत तजै प्राण,
मणि बिन अहि जैसैं जीवत न लहिये।

मुग्ध हो जावे। बानी=वाणी; रचना।

२ भांवने=प्यारे। अशम=पत्थर। अलखावने=अप्रिय। मरम=मर्मस्थान; अंतर। छेद=घाव। घट-घट=प्राणी-प्राणी में।

पतिव्रता कौ अंग

२ काहू वोर नहि रहिये=किसी दूसरे की ओर मन नहीं जाने देना चाहिए।

स्वांतिबूँद के सनेही प्रगट जगत मांहिं,
एक सीप दूसरौ सु चातकऊ कहिये ॥
रवि कौ सनेही पुनि कँवल सरोवर में,
ससि कौ सनेहीऊ चकोर जैसें रहिये।
तैसें ही सुन्दर एक प्रभु सौं सनेह जोरि,
और कछु देखि काहू वोर नहिं बहिये ॥२॥

शब्दसार कौ अंग

इंदव

कार उहं अविकार रहै नित, सार रहै जु असारहि नाखै।
प्रीति उहं जु प्रतीति धरै उर, नीति उहै जु अनीति न भाखै ॥
तन्त उहै लगि अन्त न टूटत. मन्त उहै अपनों सत राखै।
नाद उहै सुनि बाद तजै सब स्वाद उहै रस सुन्दर चाखै ॥१॥

सोवत सोवत सोइ गयौ सठ रोवत रोवत कै घर रोयौ।
गोवत गोवत गोइ धर्यौ धन खोवत खोवत तैं सब खोयौ ॥
जोवत जोवत बीति गये दिन बोवत बोवत लै विष बोयौ।
सुन्दर सुन्दर राम भज्यौ नहिं. ढोवत ढोवत बोझहि ढोयौ ॥२॥

सूरातन कौ अंग

मनहर

सुनत नगारै चोट बिगसै कँवलमुख,
अधिक उछाह फूल्यौ माइहू न तन में।

शब्दसार कौ अंग

१ कार=कार्य। उहं=वहां। नाखै=फेंकदे। लगि अंत=अन्ततक, जीवन-भर। रस=ब्रह्मरस से आशय है

२ घर=घाट। गोवत=छिपाते हुए। बोझ=सांसारिक कर्मों का भार।

सूरातन कौ अंग

१ नगारै=नगाडे पर। बिगसै=प्रफुल्लित हो जावे। माइ=समाये।

फिरै जब सांगि तब कोऊ नहिं धीर धरै,
काइर कंपाइमान होत देखि मन मैं ॥
टूटिकैं पतंग जैसैं परत पावक मांहि,
ऐसैं टूटि परै बहु सावंत के गन मैं।
मारि घमसांण करि सुन्दर जुहारै स्याम,
सोई सूरवीर रुपि रहे जाइ रन मैं ॥१॥

सूरवीर रिपु कौं निमूनौ देखि चोट करै,
मारै तब ताकि करि तरवारि तीर सौं।
साधु आठौ जॉम बैठौ मन ही सौं युद्ध करै.
जाकै मुहँ माथौ नहिं देखिये शरीर सौं ॥
सूरवीर भूमि परै दौर करै दूरिलगैं,
साधु शून्य कौं पकरि राखै धरि धीर सौं।
सुन्दर कहत, तहॉ काहू के न पाव टिकं,
"साधु कौ संग्राम है अधिक सूरवीर सौं" ॥२॥

काम सौ प्रबल महा जीते जिनि तीनौं लोक,
सु तौ एक साधु कै विचार आगै हार्‌यौ है।
क्रोध सौ कराल जाकें देखत न धीर धरें,
सोउ साधु छमा कै हथ्यार सौं विदार्‌यौ है ॥

फिरै=चले। सांगि=बड़ा भाला। सावंत=सामंत। जुहारै स्याम=युद्ध जीत-कर शाम को जो अपने स्वामी को प्रणाम करता है। रुपि रहै=पैर जमाकर दृढ रहता है।

२ निमूनौ =नमूना ; सामने, साक्षात्। जाकै मुहँ ··· शरीर सौं=जिस मन का न मुहँ, न सिर है, न शरीर है ; निराकार। दूरिलगैं=दूरतक। शून्य कौं पकरि राखै=शरीररहित सूक्ष्म मन को पकड़कर काबू में रखता है।

३ जिनि=जिस काम ने। विचार=विवेक ; संयम। जाकें=जिसे।

लोभ सौ सुभट साधु तोष सौं गिराइ दियौ,
मोह सौ नृपति साधु ज्ञान सौं विदार्‌यौ है।
सुन्दर कहत, ऐसौ साधु कोउ सूरवीर,
ताकि ताकि सबहि पिशुनदल मार्‌यौ है ॥३॥

साधु कौ अंग

इन्दव

जो कोउ आवत है उनकैं ढिग, ताहिं सुनावत शब्द-सँदेसौ।
ताहिकै तैसिहि औषद लावत, जाहिकै रोगहिं जानत जैसौ॥
कर्म-कलंकहि काटत हैं सब, सुद्ध करैं पुनि कंचन तैसौ।
सुन्दर वस्तु विचारत हैं नित, संतनि कौ जु प्रभाव है ऐसौ ॥१॥

मनहर

धूलि जैसो धन जाकै सूलि से संसार-सुख,
भूलि जैसो भाग देखै अंत की सी यारी है।
पाप जैसी प्रभुताई साँप जैसौ सनमान,
बड़ाई हू बीछनी सी नागनी सी नारी है॥
अग्नि जैसौ इन्द्रलोक विघ्न जैसौ विधिलोक,
कीरति कलक जैसी, सिद्धि सीटि डारी है।
वासना न कोऊ बाकी ऐसी मति सदा जाकी,
सुन्दर कहत, ताहि बन्दना हमारी है ॥२॥

विदार्‌यौ=चीर डाला। तोष=संतोष। पिशुन दल=दुष्ट मनोविकारों से आशय है।

साधु कौ अंग

१ वस्तु विचारत है=आत्मतत्त्व का निरूपण तथा मनन करते हैं।

२ भूलि जैसो भाग देखै=भाग्य को जो गलत समझता है। अंत की सी यारी=संसारी मित्रता को जो मृत्यु के समान मानता है। नारी=मनवासना से

साँचौ उपदेश देत, भली भली सीख देत,
समता सुबुद्धि देत, कुमति हरत हैं।
मारग दिखाइ देत, भावहू भगति देत,
प्रेम की प्रतीति देत, अभरा भरत हैं॥
ज्ञान देत, ध्यान देत, आतम-विचार देत,
ब्रह्म कौं बताइ देत ब्रह्म मैं चरत हैं।
सुन्दर, कहत जग सन्त कछु देत नांहि,
"सन्तजन निशदिन देवौई करत है" ॥३॥

अपने भाव कौ अंग

मनहर

आपुही कौ भाव सु तौ आपुकौ प्रगट होत,
आपुही आरोप करि आपु मन लायौ है।
देवी अन्य देव कोऊ भाव कै उपासै ताहि,
कहै, 'मैं तौ पुत्र धन इनही तैं पायौ है'॥
जैसै स्वान हाड़ कौं चचोरि करि मानै मोद,
आपुही कौ मुख फोरि लोहू चाटि खायौ है।
तैसैं ही सुन्दर यह आपुही चेतनि आहि,
आपुने अज्ञानकरि औरसौं बँधायौ है॥१॥

तात्पर्य है। सीटि डारी है=तुच्छ मानकर त्याग दिया है। ताहि=उस साधु पुरुष को।

३ मारग=मोक्ष का रास्ता। अभरा=अपूर्ण। चरत हैं=विचरण करते हैं; लीन रहते हैं। कहत जग ‥ ‥ करत है=दुनिया का यह कहना कि संतजन अकिंचिन होने के कारण किसीको कुछ भी नहीं देते, सही नहीं है। वे बहुत बड़े धनी हैं, कितनी ही चीजें वे सबको देते ही रहते हैं।

अपने भाव कौ अंग

१ आपुकौं=अपने में, अपने प्रति। भाव कै उपासै=भक्तिपूर्वक उपासना करता है। चचोरि=चूस-चूसकर। चेतनि=चैतन्य, आत्मस्वरूप। औरसौं=माया से।

स्वरूप-विस्मरण कौ अंग

इन्दव

जैसैंहि पावक काठ के योग तें काठ सौ होय रह्यौ इकठौरा।
दीरघ काठ मैं दीरघ लागत, चौरे से काठ मैं लागत चौरा॥
आपुनौ रूप प्रकाश करै जब जारि करै तब और कौ औरा।
तैसैंहि सुन्दर चेतनि आपु नु आपुकौं नाहिंन जानत बौरा॥१॥

मनहर

देह ही सुपुष्ट लगै, देह ही दूबरी लगै,
देह ही कौं शीत लगै देह ही कौं तावरौ।
देह ही कौं तीर लगै देह कौं तुपक लगै,
देह कौं कृपान लगै देह ही कौं घावरौ॥
देह ही स्वरूप लगै देह ही कुरूप लगै,
देह ही जोवन लगै देह वृद्ध डावरौ।
देह ही सौं बाँधि हेत आपु विषै मानि लेत,
सुन्दर कहत, ऐसौ बुद्धिहीन बावरौ॥२॥

विचार कौ अंग

मनहर

देहई कौं आपु मानि देहई सौ होइ रह्यौ,
जड़ता अज्ञान तम मूढ़ सोई जांनिये।

स्वरूप-विस्मरण कौ अंग

१ इकठौरा=तद्रूप, बिल्कुल वैसा ही। दीरघ=बड़ा, लंबा। चौरा=चौड़ा। बौरा=बावला, पागल।

२ तावरौ=घाम, गर्मी। घावरौ=घाव, चोट। स्वरूप=सुन्दर। डावरौ=बालक देह ही सौं ... मानि लेत=देह के साथ संबंध जोड़कर उसे आत्मा के साथ का संबंध मान लेता है। वस्तुतः न तो जड़ देह के साथ संबंध बन सकता है, और न निर्लिप्त आत्मा के ही साथ संबंध का होना संभव है।

विचार कौ अंग

१ ई=ही। देहई सौ होइ रह्यौ=वस्तुतः आत्मतत्त्व होते हुए भी अपनेको

इन्द्रिनि के व्यापारनि अत्यंत निपुनि बुद्धि,
तमो रज दुहुँ करि वैश्यहू प्रमानिये ॥
अंतहकरण मांहि अहंकार-बुद्धि जाके,
रजोगुण वर्द्धमान क्षत्री पहिचांनिये ।
सत्वगुणबुद्धि एक आतमा-विचार जाकै,
सुन्दर कहत, वह ब्राह्मन बखांनिये ॥१॥
रामानंदी होइ तौ तूँ तुच्छानंद त्यागकरि,
रामनाम भजि रामानंद ही कौं ध्याइये ।
निंबादिती होइ तौ तूँ कामना कटुक त्यागि,
अंमृत कौ पान करि अधिक अघाइये ॥
मध्वाचारी होइ तौ तूँ मधुर मत कौं विचारि,
मधुर मधुर धुनि ह्वै मध्य गाइये ।
विष्णुस्वामी होइ तौ तूँ व्यापक विष्णु कौं जानि,
सुंदर विष्णु कौं भजि विष्णु मैं समाइये ॥२॥

ब्रह्म निःकलंक कौ अंग

मनहर

एक कोऊ दाता गाइ ब्राह्मण कौं देत दान,
एक कोऊ दयाहीन मारत निशंक है ।

देहरूप मानकर जो जड देह जैसा बन गया है । व्यापारनि=कर्मों में । वर्द्ध-मान=बढ़ा हुआ । आतमा-विचार=आत्मज्ञान ।

२ रामानन्द=स्वामी रामानन्द के संप्रदाय का वैरागी साधु ; राम में ही आनन्द माननेवाला । तुच्छानन्द=तुच्छ विषयों में आनन्द माननेवाला । निंबादिती=निंबादित्य या निंबार्क स्वामी के संप्रदाय का अनुयायी । कामना=विषय-वासना । अमृत=हरिभक्ति-सुधा । मध्वाचारी=स्वामी मध्वा-चार्य के संप्रदाय का अनुयायी । विष्णुस्वामी=विष्णुस्वामि के संप्रदाय का अनुयायी । यहाँ चारों वैष्णव संप्रदायों के अनुयायियों का सच्चे अर्थ में निरूपण किया गया है ।

ब्रह्म निःकलंक कौ अंग

१ क्रीडै=काम-केलि करता है । करंक=शरीर । आरसी=दर्पण । जिस प्रकार

एक कोऊ तपस्वी तपस्या मांहि सावधान,
एक कोऊ कामी क्रीड़ै कामिनी कै अंक है ॥
एक कोऊ रूपवंत अधिक विराजमान,
एक कोऊ कोढ़ी कोढ़ चूवत करंक है।
आरसी मैं प्रतिबिंब सबही कौ देखियत,
सुन्दर कहत, ऐसैं ब्रह्म निःकलंक है ॥१॥

आत्मानुभव कौ अंग

इन्दव

है दिल मैं दिलदार सही अँखियाँ उलटी करि ताहि चितइये।
आब मैं खाक मैं बाद मैं आतस जान मैं सुन्दर जानि जनइये ॥
नूर मैं नूर है तेज मैं तेज है ज्योति मैं ज्योति मिलैं मिलि जइये।
क्या कहिये कहते न बनै, कछु जो कहिये कहतेही लजइये ॥१॥

जासौं कहूँ 'सब मैं वह एक' तौ सो कहै, कैसो है, आँखि दिखइये।
जौ कहूँ 'रूप न रेख तिसै कछु' तौ सब झूठ कै मानें कहइये ॥
जौ कहूँ सुन्दर 'नैंननि माँझि तौ नैनहूँ बैन गये पुनि हइये।
क्या कहिये कहते न बनै कछु जो कहिये कहते ही लजइये ॥२॥

दर्पण पर सुरूप-कुरूप किसी भी प्रतिबिंब का कोई अच्छा-बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है, उसी प्रकार ब्रह्म की सत्ता में कुछ घटित होते हुए भी ब्रह्म सबसे निर्लेप बना रहता है।

आत्मानुभव कौ अंग

१ उलटी करि=अन्तर्मुखी करके ; विषयों की ओर से उलटकर आत्मस्वरूप पर स्थिर करके। ताहि=परमात्मतत्त्व को। खाक=मिट्टी, पृथिवी तत्त्व। बाद=हवा। आतस=अग्नि, तेज। नूर=प्रकाश।

२ तिसै=उसके। झूठ कै मानें=झूठी मान्यता। हइये=हैरी।

ज्ञानी कौ अंग

इन्दव

ज्ञान प्रकाश भयौ जिनके उर वे घट क्यूं हि छिपे न रहैंगे ।
भोडल मांहि दुरै नहिं दीपक यद्यपि वे मुख मौंन रहैंगे ॥
ज्यूं घनसारहि गोप्य छिपावत तौहि सुगन्धि सु तज्ञ लहैंगे ।
सुन्दर और कहा कोउ जानत बूठे की बात बटाऊ कहैंगे ॥१॥

मनहर

विधि न निषेध कछु भेद न अभेद पुनि,
क्रिया सौ करत दीसै यौंही नितप्रति है ।
काहू कौं निकट राखै काहू कौं तौ दूरि भाषै,
काहू सौं नीरै न दूर ऐसी जाकी मति है ॥
राग ही न द्वेष कोऊ शोक न उछाह दोऊ,
ऐसी विधि रहै कहूं रति न विरति है ।
बाहिर ब्यौहार ठानै मन मैं स्वपन जानै,
सुन्दर ज्ञानी की कछु अद्‌भुत गति है ॥२॥

ज्ञानी लोकसंग्रह कौं करत ब्यौहार-विधि,
अंतहकरण मैं सुपन की सी दौर है ।
देत उपदेश नाना भांति के वचन कहि,
सब कोउ जानत सकल-सिरमौर है ॥

ज्ञानी कौ अंग

१ भोडल=अबरक । घनसार=कपूर । तज्ञ=जानकार, पारखी । बूठे की=रास्ते पर चले जानेवाले की । बटाऊ=राहगीर ।

२ क्रिया सौ करत दीसै=बाहर से ऐसा दीखता है मानों कर्म कर रहा हो । नीरै=समीप । द्वेष=द्वेष । उछाह=उत्साह, आनन्द । गति=प्रीति । स्वपन=स्वप्न की तरह मिथ्या ।

हलन चलन पुनि देह सौं करावत है,
ज्ञान मैं गरक नित लिये निज ठौर है।
सुन्दर कहत, जैसैं दंत गजराज मुख
"खाइवे के ओरइ दिखाइवे के और है" ॥३॥

निरसंशै कौ अंग

इंदव

कै यह देह सदा सुख सम्पति कै यह देह विपत्ति परौ जू।
कै यह देह निरोग रहौ नित कै यह देहहि रोग चरौ जू॥
कै यह देह हुतासन पैठहु कै यह देह हिंवारै गरौ जू।
सुन्दर संशय दूरि भयौ सब, कै यह देह जिवौ कि मरौ जू॥१॥

प्रेमपराज्ञान ज्ञानी कौ अंग

प्रीति की रीति नहीं कछु राखत जाति न पांति नहीं कुल-गारौ।
प्रेम के नेम कहूँ नहि दीसत लाज न कांनि लग्यौ सब खारौ॥
लीन भयौ हरि सौं अभिअंतर आठहुँ जाम रहै मतवारौ।
सुन्दर कोउ न जानि सकै यह "गोकुल गाँव कौ पैंडो ही न्यारौ॥
द्वंद्व विना विचरै वसुधापरि जा घट आतमज्ञान अपारौ।
काम न क्रोध न लोभ न मोह न राग न द्वेष न म्हारौ न थारौ॥

---

३ लोक-संग्रह=लोकोपकार। व्यौहार=लौकिक कर्म। दौर=क्रिया।
गरक=मग्न। निज ठौर=स्वरूप में स्थिति।

निरसंशै कौ अंग

१ रोग चरौ=रोगग्रस्त हो जाये। हुतासन पैठहु=आगमें जल जाये। हिंवारै=हिमालय में। गरौ=गल जाये।

प्रेमपराज्ञान ज्ञानी कौ अंग

१ गारौ=गाली, अपवाद, निंदा। कानि=मर्यादा। अभिअंतर=अन्तःकरण।
पैंडो=रास्ता। न्यारौ=निराला।

योग न भोग न त्याग न संग्रह देहदशा न ढक्यौ न उघारौ।
सुन्दर कोउ न जानि सकै यह "गोकुल गाँव कौ पैंडौ ही न्यारौ" ॥२॥

जगन्मिथ्या कौ अंग

मनहर

कहत है देह मांहि जीव आइ मिलि रह्यौ,
कहां देह कहां जीव वृथा चौंकि पर्‌यौ है।
बूडिवे कै डर तें तिरन कौ उपाइ करै,
ऐसैं नहिं जानै यह मृगजल भर्‌यौ है॥
जेवरी कौ सांपु जैसैं, सीप विषे रूपौ जानि,
और कौ औरइ देखि यौंही भ्रम कर्‌यौ है।
सुन्दर कहत यह एकई अखंड ब्रह्म,
ताहीकौं पलटिकैं जगत नाम धर्‌यौ है॥१॥

२　द्वन्द्व=द्वैतभाव ; राग-द्वेष, सुख-दुःख आदि। दोष=द्वेष। म्हारौ थारौ=मेरा-तेरा, यह भेद-भाव। उघारौ=नंगा।

जगन्मिथ्या कौ अंग

१　मृगजल=मरीचिका का भासमान जल, वस्तुतः जो जल नहीं है। जेवरी=रस्सी। विषे=में। रूपौ=चाँदी। और कौ औरइ=वस्तुतः कुछ है, पर दिखाई देता है भ्रम में कुछ दूसरा ही उपाधि के आरोप से।

तात्पर्य यह कि सत्तामात्र निरुपाधि ब्रह्म की ही है, जगत् उसमें भासमान है, जगत् की स्वतंत्र सत्ता नहीं है, वह मिथ्या है—'ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या।'

साखी

सुमरण कौ अंग

सुन्दर सद्गुरु यौं कह्या सकल-सिरोमनि नाम ।
ताकौं निसदिन सुमरिये. सुखसागर सुखधाम ॥१॥

राम नाम बिन लैन कौं और वस्तु कहि कौन ।
सुन्दर जप तप दान व्रत. लागे खारे लौन ॥२॥

राम नाम पीयूष तजि, विष पीवैं मतिहीन ।
सुन्दर डोलैं भटकते, जन जन आगे दीन ॥३॥

सुन्दर सुरति समेटिकैं सुमिरन सौं लैलीन ।
मन वच क्रम करि होत हैं. हरि ताके आधीन ॥४॥

सुमिरन ही मैं शील है. सुमिरन मैं संतोष ।
सुमिरन ही तें पाइये सुन्दर जीवन-मोष ॥५॥

विरह कौ अंग

मारग जोवै बिरहनी. चितवै पिय की वोर ।
सुन्दर जियरे जक नहीं, कल न परत निसभोर ॥१॥

सुन्दर बिरहनि मरि रही, कहूं न पइये जीव ।
अमृत पान कराइकै फेरि जिवावै पीव ॥२॥

सुमरण कौ अंग

३ पीयूष=अमृत । विष=विषयरूपी विष ।
४ सुरति=लौ. ध्यान । समेटिकैं=एकाग्र करके । क्रम=कर्म से ।
५ मोष=मोक्ष ।

विरह कौ अंग

१ वोर=ओर । कल=शान्ति । निसभोर=सवेरा : ज्यौं दिन से आशय है ।

विरह-वघूरा लै गयौ चित्तहिं कहूँ उड़ाइ।
सुन्दर आवै ठौर तव, पीय मिलैं जव आइ ॥३॥

विरहा दुखदाई लग्यौ, मारै ऐंठि मरोरि।
सुन्दर विरहनि क्यौं जिवै, सव तन लियौ निचोरि ॥४॥

सुन्दर विरहनि अधजरी, दुक्ख कहै मुख रोइ।
जरिवरिकैं भस्मी भई, धुवाँ न निकसै कोइ ॥५॥

सव कोई रलियाँ करैं, आयौ सरस वसंत।
सुन्दर विरहनि अनमनी, जाकौ घर नहिं कंत ॥६॥

साईं तूं ही तूं करौं, क्यौंही दरस दिखाव।
सुन्दर विरहनि यौं कहै, ज्यौंही त्यौंही आव ॥७॥

जिस विधि पीव रिझाइये, सो विधि जानी नांहिं।
जोवन जाइ उतावला, सुन्दर यहु दुख मांहिं ॥८॥

लालन मेरा लाड़िला, रूप वहुत तुझ मांहिं।
सुन्दर राखै नैन मैं, पलक उघारै नांहिं ॥९॥

सुन्दर विगसै विरहनी, मन मैं भया उछाह।
फूल विछाऊँ सेजरी, आज पधारैं नाह ॥१०॥

---

३ वघूरा=ववंडर। ठौर=अपना स्थान ; शान्ति-पद।

६ रलियाँ=रंगरेलियाँ, मौज। अनमनी=उदास।

७ क्यौंही=किसी भी तरह। ज्यौं ही त्यौं ही=कैसे भी हो।

८ जाइ उतावला=बड़ी जल्दी-जल्दी भाग रहा है। माहिं=मन में।

९ पलक उघारै नाहिं=पलक इसलिए नहीं खोलता, कि कहीं आँखों के अन्दर से निकलकर भाग न जाये।

१० विगसै=प्रफुल्लित होती हैं। नाह=स्वामी।

बंदगी कौ अंग

दोहा

सुन्दर अंदर पैसिकरि, दिल मौं गोता मारि।
तौ दिल ही मौं पाइये, सांईं सिरजनहार ॥१॥

जिस बंदे का पाकदिल, सो बंदा माकूल।
सुन्दर उसकी बंदगी, सांईं करै कबूल ॥२॥

हर दम हर दम हक तूं, लेइ धनी का नांव।
सुन्दर ऐसी बंदगी पहुँचावै उस ठांव ॥३॥

मुखसेती बंदा कहै, दिल मैं अति गुमराह।
सुन्दर सो पावै नहीं. सांईं की दरगाह ॥४॥

मैं ही अति गाफिल हुई, रही सेज पर सोइ।
सुन्दर पिय जागै सदा, क्यौंकरि मेला होइ ॥५॥

जौ जागै तौ पिय लहै, सोये लहिये नांहि।
सुन्दर करिये बंदगी, तौ जाग्या दिल मांहि ॥६॥

पतिव्रत कौ अंग

दोहा

सुन्दर और कछू नहीं, एक. बिना भगवंत।
तामौं पतिव्रत राखिये, टेरि कहैं सब संत ॥१॥

बंदगी कौ अंग

१ पैसि करि = पैठकर। मों = में, अंदर।

२ माकूल = योग्य। बंदगी = सेवा।

४ सेती = से, द्वारा

५ मेला = मिलन

पतिव्रत कौ अंग

१ पतिव्रत = अनन्य भक्ति-भाव। टेरि = पुकारकर।

जौ पिय कौ ब्रत ले रहै, कन्तपियारी सोइ।
अंजन मंजन दूरि करि, सुन्दर सनमुख होइ ॥२॥

सुन्दर प्रभु की चाकरी, हाँसी खेल न जानि।
पहलै मन कौं हाथ करि, पीछै पतिव्रत ठानि ॥३॥

उपदेश-चितावनी कौ अंग

सुन्दर मनुषा देह यह, पायौ रतन अमोल।
कौड़ी सटै न खोइये, मानि हमारौ बोल ॥१॥

सुन्दर सांचो कहतु है, मति आनै कछु रोस।
जो तै खोयो रतन यह, तौ तोहीकौं दोस ॥२॥

बार बार नहिं पाइये, सुन्दर मनुषा देह।
रामभजन सेवा सुकृत, यह सोदो करि लेह ॥३॥

सुन्दर सांची कहतु है, जौ मानै तौ मानि।
यहै देह अति निंद्य है, यहै रतन की खानि ॥४॥

सुन्दर नदी-प्रवाह मैं, मिल्यौ काठ-संजोग।
आपु आपुकौं ह्वै गये, त्यौं कुटंब सब लोग ॥५॥

सुन्दर बैठे नाव मैं, कहूँ कहूँ तें आइ।
पार भये कतहूँ गये, त्यौं कुटंब सब जाइ ॥६॥

सुन्दर पच्छी वृच्छ पर, लियौ बसेरा आनि।
राति रहे दिन उठि गये, त्यौं कुटंब सब जानि ॥७॥

---

३ हाथ करि=वश में कर।

उपदेश-चितावनी कौ अंग

१ सटै=मोल पर।

२ रोस=रोष, क्रोध, नाराज़ी।

सुन्दर यह औसर भलौ, भजिलै सिरजनहार।
जैसें तावे लोह कौं लेत मिलाइ लुहार ॥८॥

सुन्दर याही देह मैं, हारि जीति कौ खेल।
जीतै सो जगपति मिलै, हारै माया मेल ॥९॥

सुन्दर सौदा कीजिये, भली वस्तु कछु खाटि।
नाना विधि का टांगरा, इस बनिया की हाटि ॥१०॥

दीया की बतियां कहै, दीया किया न जाइ।
दीया करै सनेह करि, दीयें ज्योति दिखाइ ॥११॥

दीयें तें सब देखिये, दीये करौ सनेह।
दीये दसा प्रकासिये, दीया करि किन लेह॥१२॥

दीया राखै जतन सौं, दीये होइ प्रकाश।
दीये पवन लगै अह, दीये होइ विनाश ॥१३॥

सॉईं दीया है सही, इसका दीया नांहि।
यह अपना दीया कहै, दीया लखै न मांहि ॥१४॥

---

८ लेत मिलाइ=जोड़ लेता है।

१० खाटि=परखकर मिलाइले। टांगरा=सामान। बनिया=परमात्मा से आशय है।

११ दीया=(१) दीपक (२) दान। बतियाँ=(१) बत्तियों (२) बातें। सनेह=(१) तेल (२) प्रेम। इसमें श्लेष अलंकार है।

१३ अह=अहंकार। दीये ...विनाश=दान को अहंकाररूपी पवन बुझा देता है; अहंकार से दान का महत्त्व नष्ट हो जाता है। इसमें भी श्लेष अलंकार है।

१४ इसका दीया=मनुष्य का दिया हुआ। माहिं=अंतर में।

सांईं आप दिया किया, दीया मांहिं सनेह।
दीये दीये होत है, सुन्दर जीया देह ॥१५॥

काल-चितावनी कौ अंग

दोहा

काल ग्रसत है बावरे, चेतत क्यौं न अजान।
सुन्दर काया कोट मैं, होइ रह्या सुलतान ॥१॥

सुन्दर चितवै और कछु, काल सु चितवै और।
तूं कहुं जाने की करै, वहु मारै इहिं ठौर ॥२॥

सुन्दर काल जुरावरी, ज्यौं जाणैं त्यौं लेइ।
कोटि जतन जौ तूं करै, तोहूँ रहन न देइ ॥३॥

सुन्दर या संसार तें, काहि न निकसत भागि।
सुख सोवत क्यौं बावरे, घर मैं लागी आगि ॥४॥

देहातमा-बिछोह कौ अंग

दोहा

सुन्दर देह परी रही, निकसि गयौ जब प्रान।
सब कोऊ यौं कहत हैं, अब लै जाहु मसान ॥१॥

---

१५ दीये दीये होत है=दीपक से दूसरा दीपक जलता है। गुरु अपने शिष्य को, और फिर वह शिष्य अपने शिष्य को ज्ञान का प्रकाश देता है।

काल-चितावनी कौ अंग

१ काया कोट=शरीररूपी क़िला।
२ चितवै=सोचता है।
३ जुरावरी=जोरावरी, ज़बर्दस्ती, न चाहते हुए भी।
४ सुख=निश्चिन्त।

सुन्दर देह हलैचलै, जबलगि चेतनि लाल।
चेतनि कियौ प्रयान जब, रुमि रहै ततकाल ॥२॥

नखसिख देह लगै भली, सुन्दर अधिक स्वरूप।
चेतनि हीरा चलि गयौ, भयौ अँधेराघूप ॥३॥

चेतनि के संयोग तें, होइ देह कौ तोल।
चेतनि न्यारौ ह्वै गयौ, लहै न कौड़ी मोल ॥४॥

देह जीव यों मिलि रहै, ज्यौं पाणी अरु लौंन।
बार न लाई बिछुटतें, सुन्दर कीयौ गौंन ॥५॥

तृष्णा कौ अंग

दोहा

तृष्णा तूं बौरी भई, तोकौं लागी बाइ।
सुन्दर रोकी ना रहै, आगै भागी जाइ ॥१॥

सुन्दर तृष्णा कोढ़नी, कोढ़ी लोभ भ्रतार।
इनकौं कबहुं न भींटिये, कोढ़ लगै तन ख्वार ॥२॥

देहात्मा-बिछोह कौ अंग

२ चेतनि लाल=चैतन्यरूप प्यारा जीवात्मा। रुमि रहै=रुक जाता है। निश्चेष्ट हो जाता है।

३ स्वरूप=सुन्दर। घूप=घोर।

४ तोल=आदर।

५ बिछुटत=बिछुड़ते हुए। गौंन=गमन।

तृष्णा कौ अंग

१ बाइ=वात-प्रकोप, जिसमें रोगी बार-बार बकता है और पागल की तरह चेष्टा करता है।

२ भ्रतार=भर्ता, पति। भींटिये=भेंटना चाहिए। ख्वार=नाश।

देहमलिनता गर्व-प्रहार कौ अंग

दोहा

सुन्दर देह मलीन है, राख्यौ रूप सँवारि।
ऊपर तें कलई करी, भीतरि भरी भंगारि ॥१॥

सुन्दर देह मलीन अति, बुरी वस्तु कौ भौन।
हाड़ मांस को कौथरा, भली वस्तु कहि कौन ॥

सुन्दर देह मलीन अति, नखसिख भरे विकार।
रक्त पीप मल मूत्र पुनि, सदा स्रवै नवद्वार ॥२॥

सुन्दर पंजर हाड़ कौ, चाम लपेट्यौ ताहि।
तामैं बैठ्यौ फूलिकै, मो समान को आहि ॥३॥

सुन्दर अपरस धोवती, चौकै बैठौ आइ।
देह मलीन सदा रहै, ताही कै संगि खाइ ॥४॥

सुन्दर देखै आरसी, टेढ़ी नाखै पाग।
बैठौ आइ करंक पर, अतिगति फूल्यौ काग ॥५॥

स्वास चलै खांसी चलै, चलै पसुलिया वाव।
सुन्दर ऐसी देह मैं दुखी रंक अरु राव ॥६॥

देहमलिनता गर्व-प्रहार कौ अंग

१ भँगारि=कचरा।

२ पीप=पीव, मैल।

४ अपरस धोवती=रेशम की धोती, जिसे वैष्णव पहनकर भोजन करते हैं, और अपने को पवित्र मानते हैं।

५ नाखै=अर्थ होता है 'डालता है', पर यहाँ अर्थ है 'बाँधता है।' करंक=लाश। अतिगति=अत्यंत। फूल्यौ=आनंदित है।

दुष्ट कौ अंग

दोहा

सुन्दर दुष्ट स्वभाव है, औगुन देखै आइ।
जैसैं कीरी महल मैं, छिद्र ताकती जाइ ॥१॥

सूझत नांहिन दुष्ट कौं, पांव तरै की आगि।
औरन के सिर पर कहै, सुन्दर वासौं भागि ॥२॥

घर खोवत है आपनौ, औरनिहूँ कौ जाइ।
सुन्दर दुष्ट स्वभाव यह दोऊ देत वहाइ ॥३॥

सुन्दर दुख सब तोलिये, घालि तराजू माहिं।
जो दुख दुर्जन-संग तें, ता सम कोई नाहिं ॥४॥

मन कौ अंग

दोहा

मन कौं राखत हटकिकरि, सटकि चहूँ दिसि जाइ।
सुन्दर लटकि रु लालची, गटकि विषै फल खाइ ॥१॥

सुन्दर क्यौंकरि धीजिये, मन कौ बुरौ सुभाव।
आइ बनै गुदरै नहीं, खेलै अपनौ दाव ॥२॥

दुष्ट कौ अंग

३ घर ··· जाइ=अपना खुद का नाश करता है, और दूसरों का भी।
दोऊ देत वहाइ=दोनों का सर्वनाश करता है।

४ घालि=रखकर, चढ़ाकर।

मन कौ अंग

१ सटकि जाइ=हाथ से छूट जाता है।

२ धीजिये=विश्वास करे। गुदरै नहीं=किसी तरह मानता नहीं है।

सुन्दर यहु मन भाँड़ है, सदा भँडायौ देत।
रूप धरै वहु भाँति कै, राते पीरे सेत ॥३॥

सुन्दर आसन मारिकै, साधि रहे मुख मौन।
तन कौं राखै पकरिकै, मन पकरै कहि कौन ॥४॥

तन कौ साधन होत है, मन कौ साधन नाहिं।
सुन्दर बाहर सब करैं, मन साधन मन मांहिं ॥५॥

मन ही बड़ौ कपूत है, मन ही महा सपूत।
सुन्दर जौ मन थिर रहै, तौ मन ही अवधूत ॥६॥

जब मन देखै जगत कौं, जगतरूप ह्वै जाइ।
सुन्दर देखै ब्रह्म कौं, तब मन ब्रह्म समाइ ॥७॥

सुन्दर परम सुगन्ध सौं, लपटि रह्यौ निश-भोर।
पुण्डरीक परमातमा, चंचरीक मन मोर ॥८॥

चाणक कौ अंग

दोहा

छूट्यौ चाहत जगत सौं, महा अज्ञ मतिमन्द।
जोई करैं उपाइ कछु, सुन्दर सोई फन्द ॥१॥

---

३ राते पीरे=लाल और पीले।

६ अवधूत=पहुँचा हुआ परम ब्रह्मज्ञानी।

८ भोर=दिन। पुण्डरीक=कमल।

चाणक कौ अंग

चाणक=इस शब्द का अर्थ पुरोहित श्री हरनारायणजी ने 'कोड़े की तरह कड़ा उपदेश' यह किया है।

बैठौ आसन मारि करि, पकरि रह्यौ मुख मौन।
सुन्दर सैन बतावतें, सिद्ध भयौ कहि कौन ॥२॥

कोउ करै पयपान कौं, कौन सिद्धि कहि वीर।
सुन्दर बालक बाछरा ये नित पीवहिं खीर ॥३॥

कोऊ होत अलौनिया, खाय अलौनौ नाज।
सुन्दर करहिं प्रपंच बहु, मान बढ़ावण काज ॥४॥

कोउक दूध रु पूत दे, कर पर मेल्हि विभूति।
सुन्दर ये पाखण्ड किय, क्यौंही परै न सूति ॥५॥

केस लुचाइ न ह्वै जती, कान फराइ न जोग।
सुन्दर सिद्धि कहा भई, बादि हँसाये लोग ॥६॥

---

२ पकरि रह्यौ=ले बैठा है, साध रखा है।

३ वीर=हे भाई। खीर=क्षीर, दूध।

४ अलौनिया=नमक न खानेवाला। प्रपंच=ऊपरी दिखाव, पाखंड।

५ मेल्हि=रखकर। विभूति=धूनी की भस्म। सूति=सूत।

[यह सुन्दरदासजी की जन्म-कथा से सबंध रखनेवाली बात है। जग्गाजी ने आवेर में भिक्षा के समय कहा था—'दे माई सूत, ले माई पूत।' यहाँ अभिप्राय है कि हरएक साधु में ऐसी शक्ति नहीं हो सकती, इसलिए साधारण साधु पाखंड ही करते हैं।—सुन्दर-ग्रंथावली—खंड २—पृष्ठ ७३४ पाद-टिप्पणी।]

६ जती=जैन श्रमण, जो केश-लुंचन कराते हैं। बादि=व्यर्थ।

वचन-विवेक कौ अंग

दोहा

सुन्दर मौन गहें रहै तवलग भारी तोल।
मुख वोलैं तें होत है सब काहू कौ मोल ॥१॥

सुन्दर सुवचन-तक्र तें राखै दूध जमाइ।
कुवचन कांजी परत ही तुरत फाटिकरि जाइ ॥२॥

सूरज के आगै कहा, करै जीगंणा जोति।
सुन्दर हीरा लाल घर, ताहि दिखावै पोति ॥३॥

रचना करी अनेकविधि, भलौ वनायौ धाम।
सुन्दर मूरति वाहरी, देवल कौंने काम ॥४॥

सूरातन कौ अंग

दोहा

सीस उतारै हाथि करि, संक न आनै कोइ।
ऐसै महँगे मोल का सुन्दर हरि-रस होइ ॥१॥

सुन्दर धरती धड़हड़ै, गगन लगै उड़ि धूरि।
सूरवीर धीरज धरै, भागि जाइ भकभूरि ॥२॥

साधु सुभट अरु सूरमा, सुन्दर कहे वखानि।
कहन सुनन कौं और सव. यह निश्चयकरि जानि ॥३॥

वचन-विवेक कौ अंग

२ तक्र=मठा, छाछ। कांजी=नमकीन खट्टा पानी।

३ जींगणा=जुगनू। पोति=काँच का रंगविरंगा गुरिया या मनका।

४ देवल=देवालय, मन्दिर।

सूरातन कौ अंग

२ धड़हड़ै=काँप उठे। भकभूरि=कायर, बहुत बात वनानेवाला।

साधु कौ अंग

दोहा

संत समागम कीजिये, तजिये और उपाइ।
सुन्दर बहुते उद्धरे, सतसंगति मैं आइ ॥१॥

संत मुक्ति के पौरिया, तिनसौं करिये प्यार।
कूंजी उनकै हाथ है, सुन्दर खोलहिं द्वार ॥२॥

मात पिता सबही मिलैं, भइया बंधु प्रसंग।
सुन्दर सुत दारा मिलैं, दुर्लभ है सतसंग ॥३॥

मद मत्सर अहंकार की दीन्हीं ठौर उठाइ।
सुन्दर ऐसै संतजन, ग्रंथनि कहे सुनाइ ॥४॥

आयें हर्ष न ऊपजै, गयें शोक नहिं होइ।
सुन्दर ऐसे संतजन, कोटिनु मध्ये कोइ ॥५॥

सुखदाई सीतल हृदय, देखत सीतल नैन।
सुन्दर ऐसे संतजन, बोलत अंमृत बैंन ॥६॥

छमावंत धीरज लिये, सत्य दया संतोष।
सुन्दर ऐसे संतजन, निर्भय निर्गतरोष ॥७॥

घर बन दोऊ सारिखे, सबतें रहत उदास।
सुन्दर संतनि कै नहीं, जिवन मरन की आस ॥८॥

साधु कौ अंग

२ पौरिया=द्वारपाल, पहरेदार।
५ आयें=प्राप्त होने पर।
७ निर्गत=विगत, रहित।
८ उदास=उदासीन, तटस्थ।

धोवत है संसार सब, गंगा मांहैं पाप।
सुन्दर सन्तनि के चरण, गंगा वंछै आप ॥९॥

सन्तनि की सेवा किये, सुन्दर रीझै आप।
जाको पुत्र लड़ाइये अति सुख पावै बाप ॥१०॥

समर्थाई आश्चर्य कौ अंग

दोहा

करै हरै पालै सदा, सुन्दर समरथ राम।
सबही तैं न्यारौ रहै, सबमैं जिन कौ धाम ॥१॥

अंजन यह माया करी, आपु निरंजन राइ।
सुन्दर उपजत देखिये, बहुर्यौ जाइ बिलाइ ॥२॥

सूरति तेरी खूब है, को करि सकै बखान।
बानी सुनि सुनि मोहिया, सुन्दर सकल जिहान ॥३॥

प्रीतम मेरा एक तूं, सुन्दर और न कोइ।
गुप्त भया किस कारनै, काहि न परगट होइ ॥४॥

ऐसी तेरी साहिबी, जांनि न सक्कै कोइ।
सुन्दर सब देखै सुनै, काहू लिप्त न होइ ॥५॥

वचन तहाँ पहुँचै नहीं, तहाँ न ज्ञान न ध्यान।
कहत कहत यौंही कह्यौ, सुन्दर है हैरान ॥६॥

---

९ वंछै=चाहती है।

१० आप=स्वयं परमात्मा। लड़ाइये=प्यार करे।

समर्थाई आश्चर्य कौ अंग

२ अंजन=अनित्य, नाशवान्। निरंजन=नित्य, अविनाशी। बहुर्यौ=फिर, तुरंत।

६ वचन=वाणी।

लौन-पूतरी उदधि मैं, थाह लेन कौं जाइ।
सुन्दर थाह न पाइये, बिचिही गई बिलाइ ॥७॥

आपने भाव कौ अंग

दोहा

सुन्दर महल सँवारिकै, राख्यौ कांच लगाइ।
दैवयोग सुनहां गयौ, एक अनेक दिखाइ ॥१॥

सुन्दर सूके हाड़ कौं, स्वान चचोरै आइ।
अपनौई मुख फोरिकै, लोही चाटै खाइ ॥२॥

सुन्दर अपने भाव करि, आप कियौ आरोप।
काहू सौं संतुष्ट है, काहू ऊपर कोप ॥३॥

काहू सौं अति निकट है, काहू सौं अति दूरि।
सुन्दर अपनो भाव है, जहाँ तहाँ भरपूरि ॥४॥

स्वरूप-विस्मरण कौ अंग

दोहा

सुन्दर भूलौ आपकौं, खोई अपनी ठौर।
देहि मांहि मिलि देह सौं, भयौ और कौ और ॥१॥

आपने भाव कौ अंग

२ सुनहा=कुत्ता। सूके=सूखा, बिना रक्त का। चचोरै=चूसता है।

४ भरपूरि=व्यापक।

स्वरूप-विस्मरण कौ अंग

१ अपनी ठौर=आत्मपद अर्थात 'स्वरूप' से आशय है।

जा घट की उनहारि है, तैसौ दीसत आहि।
सुन्दर भूलौ आपुही, सो अब कहिये काहि ॥२॥

सुन्दर पावक दार कै भीतरि रह्यौ समाइ।
दीरघ मैं दीरघ लगै, चौरे मैं चौराइ ॥३॥

सुन्दर चेतनि आपु यह, चालत जड़ की चाल।
ज्यौं लकरी के अश्व चढ़ि, कूदत डोलै बाल ॥४॥

काहू सौं बांभन कहै, काहू सौं चंडाल।
सुन्दर ऐसौ भ्रम भयौं, यौंही मारै गाल ॥५॥

देह पुष्ट ह्वै दूबरी, लगै देह कौं घाव।
चेतनि मानै आपुकौं, सुन्दर कौंन सुभाव ॥६॥

सान्यौ घर मांहे कहै हूं अपने घर जाउं।
सुन्दर भ्रम ऐसौ भयौ, भूलौ अपनौ ठाउं ॥७॥

आत्मानुभव कौ अंग

दोहा

मुख तैं कह्यौ न जात है, अनुभव कौ आनंद।
सुन्दर समुझै आपुकौं, जहाँ न कोई द्वंद ॥१॥

उमगि चलत है कहन कौं, कछू कह्यौ नहिं जाइ।
सुन्दर लहरि समुद्र मैं, उपजै बहुरि समाइ ॥२॥

---

२ उनहारि=रूप। दीसत=दिखाई देता है। दार=दारु, लकड़ी। चौराइ=चौड़ा ही।

५ मारै गाल=गप लगाता है; मिथ्या बोलता है।

७ सान्यौ=सयाना, चतुर।

कह्या कछू नहिं जात है, अनुभव आतम सुक्ख।
सुन्दर आवै कंठलौं. निकसत नाहिन मुक्ख ॥३॥

सुन्दर जाकै वित्त है. सो वह राखै गोइ।
कौड़ी फिरै उछालतौ, जो टटपूंज्यौ होइ ॥४॥

ज्ञानी कौ अंग

दोहा

हर्ष शोक उपजै नहीं, राग द्वेष पुनि नाहिं।
सुन्दर ज्ञानी देखिये, गरक ज्ञान के माहिं ॥१॥

बंध मोक्ष जाकै नहीं. स्वर्ग नरक नहिं दोइ।
सुन्दर ज्ञानी ज्ञानमय संशय रह्यौ न कोइ ॥२॥

घर वन दोऊ सारिखे ना कछु ग्रहण न त्याग।
सुन्दर ज्ञानी ज्ञानमय, ना कहुँ राग विराग ॥३॥

अपने मन आनन्द है, तौ सगरै आनंद।
सुन्दर मन शीतल भयौ, दह दिशि शीतल चन्द ॥४॥

अत्यज ब्राह्मण आदि है, दार मथै जो कोइ।
सुन्दर भेद कछू नहीं, प्रगट हुतासन होइ ॥५॥

आत्मानुभव कौ अंग

४ वित्त=धन। राखै गोइ=छिपाकर रखता है। टटपूंज्यौ=थोड़ी-

पूँजीवाला।

ज्ञानी कौ अंग

१ गरक=मग्न।

२ सारिखे=समान।

४ सगरै=सर्वत्र। दह दिशि शीतल चंद=दशों दिशाओं में सर्वत्र चं-
की तरह शीतलता अर्थात् शांति है।

५ दार=दारु, लकड़ी। मथै=अग्नि उत्पन्न करने के लिए घर्षण

दीपग जोयौ विप्र घर, पुनि जोयौ चण्डाल।
सुन्दर दोऊ सदन कौ, तिमिर गयौ ततकाल ॥६॥

अंत्यज के जलकुंभ मैं, ब्राह्मन कलस मँझार।
सुन्दर सूर प्रकाशिया, दुहुँवनि मैं इकसार ॥७॥

पद

राग गौडी

हरि भजि बौरी हरि भजु, त्यजु नैहर कर मोहु।
जिव लिनहार पठाइहि. इक दिन होइहि बिछोहु ॥
आपुहि आपु जतन करु, जौंलगि बारि बयेस।
आन पुरुप जिनि भेटहु केहूके उपदेस ॥
जबलग होहु सयानिय, तबलग रहब सँभारि।
केहूँ तन जिनि चितवहु, ऊंचिय दृष्टि पसारि ॥
यह जोवन पियकारन नोकें राखि जुगाइ।
अपनो घर जिनि छोड़हु परघर आगि लगाइ ॥
यह विधि तन मन मारै, दुइ कुल तारै सोइ।
सुन्दर अति सुख विलसइ कंत-पिआरी होइ ॥१॥

ताल रूपक

सतसंग नितप्रति कीजिये, मति होइ निर्मल सार रे।
रति प्रानपति सौं ऊपजै, अति लहै सुक्ख अपार रे ॥

हुतासन = अग्नि।

६ दीपग = दीपक। जोयौ = जलाया। कलस मँझार = बड़े में। सूर = सूर्य।

पद

१ बारि बयेस = छोटी उम्र। रहब सँभारि = विषयों से बहुत बचकर रहना। केहूँ तन = किसीकी ओर। जुगाइ = सँभालकर। दुइकुल = लोक और परलोक से आशय है।

मुख नाम हरि हरि उच्चरै, श्रुति सुनै गुन गोविन्द रे।
रटि ररंकार अखंड धुनि तहँ प्रगट पूरन चन्द रे॥
सतगुरु बिना नहिं पाइये यह अगम उलटा खेल रे।
कहि दास सुन्दर देखते होइ जीव-ब्रह्महि मेल रे ॥२॥

राग कानडौ

पंडित सो जु पढ़ै यह पोथी।
जा मैं ब्रह्म-विचार निरंतर और बात जानौं सब थोथी॥
पढ़त-पढ़त केते दिन बीते, विद्या पढ़ी जहाँलग जो थी।
दोष बुद्धि जौ मिटी न यातै, और अविद्या को थी।
लाभ पढ़ै कौ कछू न हूवौ, पूंजी गई गाँठि की सो थी॥
सुन्दरदास कहै समुझावै, बुरौ न कबहूँ मानौं मोथी ॥३॥

राग बिहागडौ

माइ हो, हरि-दरसन की आस।
कब देखौं मेरा प्रान-सनेही, नैन मरत दोऊ प्यास॥
पल छिन आध घरी नहिं बिसरौं, सुमिरत सास उसास।
घर बाहरि मोहि कल न परत है, निसदिन रहत उदास॥
यहै सोच सोचत मोहि सजनी, सूके रगत रु माँस॥
सुन्दर बिरहिन कैसे जीवै, बिरहबिथा तन त्रास ॥४॥

हमारै गुरु दीनी एक जरी।
कहा कहौं कछु कहत न आवै, अमृतरसहि भरी।

---

२ रति=प्रीति। प्रानपति=परमात्मा से आशय है। श्रुति=श्रवण। पूरन चंद=अखण्ड आत्मस्वरूप। उलटा खेल=चित्त को अन्तर्मुख करने की आनन्दमयी स्थिति।

३ थोथी=सारहीन, फोकट। दोष=द्वेष, भेद-भावना। मोथी=नासमझ।

४ सूके=सूख गया।

ताकौ मरम संतजन जानत, वस्तु अमोल परी।
यातें मोहि पियारी लागति, लैकरि सीस धरी॥
मन-भुजंग अरु पंच नागनी सूंघत तुरत मरी।
डायनि एक खात सब जग कौं, सो भी देख डरी॥
त्रिविधि विकार ताप तनि भागी, दुरमति सकल हरी।
ताकौ गुन सुनि मीच पलाई, और कवन बपुरी॥
निसवासर नहिं ताहि विसारत, पल छिन आध घरी।
सुन्दरदास भयौ घट निरविष, सबही व्याधि टरी॥५॥

राग केदारो

ज्ञान बिन अधिक अरूझत है रे।
नैन भये तौ कौंन काम के, नैंक न सूझत है रे॥
सब मैं व्यापक अन्तरजामी, ताहि न बूझत है रे।
भेददृष्टि करि भूलि पर्यौ है, तातैं जूझत है रे॥
कठिन करम की परत भापसी असूझत है रे।
सुन्दर घट मैं कामधेनु हरि, निशदिन दूझत है रे॥६॥

राग मारू

लगा मोहि राम पियारा हो।
प्रीति तजी संसार सौं, मन किया नियारा हो॥

---

५ हमारे=हमको। जरी=जड़ी, बूटी। परी=पड़ी हुई। पंच नागनी=पाँच इन्द्रियाँ, जो सर्पिणी के समान हैं। डायनि=तृष्णा अथवा अविद्या। पलाई=भाग गई। बपुरी=बेचारी। निरविष=विषरहित; अमृतमय।

६ अरूझत है=उलझना है। भेद-दृष्टि करि=द्वैत-बुद्धि के कारण। भापसी=यह शब्द अस्पष्ट है। दूझत=दूध देती है।

सतगुरु शब्द सुनाइया, दिया ज्ञान-विचारा हो।
भरम-तिमर भागे सबै, गहि कीया उजियारा हो॥
चाखि-चाखि सब छाड़िया, माया-रस खारा हो।
नाम-सुधारस पीजिये, छिन बारम्बारा हो॥
मैं बन्दा हौं ब्रह्म का, जाका वार न पारा हो।
ताहि भजै कोइ साधवा, जिनि तन मन मारा हो॥
आन देव कौं ध्यावई, ताकै मुख छारा हो।
अलख निरंजन ऊपरैं, जन सुन्दर वारा हो॥७॥

सोई जन राम कौं भावै हो।
कनक कामिनी परहरै, नहिं आप बँधावै हो॥
सबही सौं निरवैरता, काहू न दुखावै हो।
सीतल बानी बोलिकै, रस अंमृत प्यावै हो॥
कैतो मौन गहे रहै, कै हरिगुन गावै हो।
भरम-कथा संसार की सब दूरि उड़ावै हो॥
पंचो इन्द्री वसि करै, मन मनहिं मिलावै हो।
काम क्रोध अरु लोभ कौ खनि खोदि बहावै हो॥
चौथा पद कौं चीन्हकै ता मांहि समावै हो।
सुन्दर ऐसे साधु की ढिंग काल न आवै हो॥८॥

---

७ भरम-तिमर=अविद्या का अंधकार। मारा=वश में किया। छारा=धूल। मुख छारा=धिक्कार है। वारा=निछावर हो गया।

८ दुखावै=कष्ट देता है। मन मनहिं मिलावै=मन को नियंत्रित करके शून्यवत् कर देता है। चौथा पद=तुरीय पद, समाधि की अवस्था। ढिंग=पास।

राग ललित

द्वार प्रभु कै जाचन जइये।
विविधि प्रकार सरस गुन गइये॥
जाचिक होइ सु नींद निवारै, बड़े प्रात दाताहिं सँभारै।
नितप्रति ताके कान जगावै, वह पुनि जानै जाचिक आवै॥
दाता के मन चिन्ता होई, दान करन की उपजै कोई।
सुन्दरदास पहाऊ गावै, माँगत इहै जु दरसन पावै॥९॥

आजु मेरे गृह सतगुरु आये।
भरम-करम की निसा वितीती, भोर भयौ रवि प्रगट दिखाये॥
अति आनन्दकन्द सुखसागर, दरसन देखत नैन सिराये।
प्रफुलित कमल अंग सब पुलकित, प्रेमसहित मन मंगल गाये॥
वचन सुनत सबही दुख भागे, जागे भाग चरन सिर लाये।
सुन्दर सुफल भयौ सबही तनु, जन्म-जन्म के पाप नसाये॥१०॥

राग विलावल

जो पिय कौ व्रत ले रहै, सो पियहि पियारी।
काहेकौं पचि-पचि मरति है, मूरख विभचारी॥
अंजन मंजन क्या करै, क्या रूप सिँगारा।
ऊपर निर्मल देखिये, दिल मांहि विकारा।
इन बातनि क्यौं पाइये, अवे प्रीतम पिय प्यारा॥

---

९ सँभारै=स्मरण करता है। जानै जाचिक आवै=जान जाय कि याचक आ गया है। उपजै कोई=कुछ मन में आ जाय। पहाऊ=प्रभाती।

१० वितीती=बीत गई। भोर=सवेरा। सिराये=ठंडे हो गये, प्रसन्न हो गये।

११ और सखिन मैं वैसिकैं=दुनियादारों के साथ वैठकर। तनकौं बहुत

पतिव्रत कबहुँ न देखिये मन चहुँ दिश धावै।
और सखिन में बैसिकैं पतिव्रता कहावै।
हौंस करै पियमिलन की, अबे तोहि लाज न आवै॥
कोटि जतन कीयें कहा, पिय एक न मानै।
नाना विधि की चातुरी बहुतेरी ठानै।
तन कौं बहुत बनावई, अबे मन सौंपि न जानै॥
अपना बल जौ छाड़िकैं सब सुधि बिसरावै।
लोकबड़ाई नैकहू कछु याद न आवै।
सुन्दर तब पिय रीझिकै, अबे तोहि कंठ लगावै॥११॥

जाकै हिरदै ज्ञान है, ताहि कर्म न लागै।
सब परि बैठे मक्षिका, पावक तैं भागै॥
जहाँ पाहरू जागहीं, तहाँ चोर न जाहीं।
आंखिन देखत सिंहकौं, पशु दूरि पलाहीं॥
जा घर मांहिं मंजारि है तहाँ मूषक नासै।
शब्द सुनत ही मोर का अहि रहै न पासै॥
ज्यौं रवि निकट न देखिये कबहूँ अँधियारा।
सुन्दर सदा प्रकासमै, सबही तैं न्यारा॥१२॥

राग टोडी

मेरौ धन माधौ माई री, कबहूँ बिसरि न जाऊँ।
पल पल छिन छिन घरी घरी तिहिं बिन देखे न रहाऊँ॥

बनावई=शरीर को अनेक भांति सजाता है। बल=अहंकार। सब सुधि=अपनेपन सारा भान।
मक्षिका=मक्खी। पलाहीं=भागते हैं। मंजारि=बिल्ली। मूषक=चूहा।

गहरी ठौर धरौं उर-अंतर, काहूकौं न दिखाऊँ।
सुन्दर कौं प्रभु सुन्दर लागत, लैकरि गोपि छिपाऊँ ॥१३॥

आया था इक आया था, जिनि दरसन प्रगट दिखाया था।
श्रवणहूँ शब्द सुनाया था, तिन सत्य स्वरूप बताया था॥
ब्रह्मज्ञान समुझाया था, तिन संसा दूरि बहाया था।
अलख खजीना ल्याया था, तिन बांटि सबनि सौं खाया था॥
ऐसा दादूराया था, सो सुन्दर कै मनि भाया था ॥१४॥

राग सोरठ

सब कोऊ भूलि रहे इहिं बाजी।
आप आपुने अहंकार मैं, पातिसाहि कहा पाजी॥
पातिसाहि कै विभौ बहुत विधि, खात मिठाई ताजी।
पेट पयादौ भरत आपनौ जीमत रोटी-भाजी॥
पण्डित भूले वेदपाठ करि, पढ़ि कुरान कौं काजी।
वै पूरब दिशि करैं डण्डवत, वै पच्छिमहि निवाजी॥
तीरथिया तीरठ कौं दौड़ैं, हज कौं दौड़ै हाजी।
अन्तरगति कौं खोजैं नाहीं, भ्रमणै ही सौं राजी॥
अपने अपने मद के मांते, लखैं न फूटी साजी।
सुन्दर तिनहिं कहा अब कहिये, जिनकै भई दुराजी ॥१५॥

---

१३ गहरी ठौर=गुप्त-से-गुप्त स्थान ; अन्तस्तल । गोपि=प्रकट न करके।

१४ संसा=संशय ; द्वैतबुद्धि । बहाया=नष्ट कर दिया । अलख खजीना= ब्रह्म-निधि से आशय है। राया=राजा ।

१५ पातिसाहि=बादशाह । पाजी=पयादा ; छोटा आदमी । जीमत= खाता है। निवाजी=नमाज पढ़ते हैं। फूटी साजी=आधी और साबित ; नुकसान व नफा । दुराजी=द्वैतबुद्धि ।

राग रामगरी

सत चले दिस ब्रह्म की, तजि जगव्यवहारा।
सीधे मारग चालतैं, निंदै संसारा॥
सन्त कहैं सांची कथा, मिथ्या नहिं बोलैं।
जगत डिगावै आइकैं, तौ कबहूँ ना डोलैं॥
जे-जे कृत ससार के, ते मन्तनि छांड़े।
ताकौ जगत कहा करै, पग आगै मांड़े॥
जे मरजादा वेद की, ते सन्तनि मेटी।
जैसे गोपी कृष्ण कौं सब तजिकरि भेटी॥
एक भरोसे राम कै, कछु शंक न आनैं।
जन सुन्दर साचै मतै, जग की नहिं मानैं॥१६॥

राग गौड

मेरा प्रीतम प्रानअधार कब घरि आइहै।
कहुँ मो दिन ऐसा होइ दरस दिखाइहै॥
ये नैंन निहारत मारग इकटग हेरहीं।
वाल्हा, जैसैं चन्द चकोर दृष्टि न फेरहीं॥
यहु रसना करत पुकार पिव-पिव प्यास है।
वाल्हा, जैसैं चातक लीन दीन उदास है॥
ये श्रवन सुनन कौं बैन धीरज ना धरैं।
वाल्हा, हिरदै होइ न चैन, कृपा प्रभु कब करैं॥
मेरे नखसिख तपति अपार दुःख कासौं कहौं।
जब सुन्दर आवै यार सब सुख तौ लहौं॥१७॥

---

१६ कृत=कर्म, व्यवहार। मरजादा वेद की=वैदिक क्रिया-कर्म, यज्ञादिक।
१७ इकटग हेरहीं=एक टक याने ध्यान लगाकर देखते हैं। वाल्हा=हे प्यारे। तपति=दाह, बेचैनी। यार=प्रियतम।

मुझि वेगि मिलहु किन आइ मेरा लाल रे।
मैं तेरै विरह विवोग फिरौं वेहाल रे॥
हौं निसदिन रहौं उदास तेरै कारनैं।
मुझे विरह-कसाई आइ लागा मारनैं॥
इस पंजर मांहैं पैठि विरह मरोरई।
जैसैं वस्तर धोवी ऐंठि नीर निचोरई॥
मैं कासनि करौं पुकार तुम विन पीव रे।
यहु विरहा मेरी लार दुखी अति जीव रे॥
अव काहे न करहु सहाइ सुन्दरदास की।
वाल्हा, तुमसौं मेरी आइ लगी है आसकी॥१८॥

राग सारंग

मेरौ पिय परदेश लुभानौ री।
जानत हौं अजहूँ नहिं आयौ, काहू सौं उरझानौ री॥
ता दिन तैं मोहि कल न परत है, जवतैं कियौ पयानौ री।
भूख पियास नींद नहिं आवै, चितवत होत विहानौ री॥
विरह-अग्नि मोहि अधिक जरावै, नैंननि मैं पहिचानौ री।
विन देखें हौं प्रान तजौंगी, यह तुम सांची मानौ री॥
वहुत दिनन की पंथ निहारत, किनहुँ संदेस न आनौ री।
अव मोहि रह्यौ परत नहिं सजनी, तन तैं हंस उड़ानौ री॥

---

१८ इस पंजर ...... निचोरई = इस शरीर के अन्दर पैठकर यह विरह रग-रग को ऐसे मरोड़ता रहा है, जैसे धोवी कपड़े को मरोड़कर निचोड़ता है। क्या ही सजीव अनूठी उत्प्रेक्षा है! कासनि=किससे। लार=साथ ; पीछे। आसकी=आशिकी, प्रीति।

१९ उरझानौं=प्रेम में फँस गया। पयानौ=प्रयाण। विहानौ=सवेरा।

भई उदास फिरत हौं व्याकुल, छूटौ ठौर ठिकानौ री।
सुन्दर बिरहनि कौ दुख दीरघ, जो जानै सो जानौ री ॥१६॥

या मैं कोऊ नहीं काहू कौ रे।
रामभजन करि लेहु बावरे, औसर काहे चूकौ रे॥
जिनसौं प्रीति करत है गाढ़ी, सो मुख लावै लूकौ रे।
जारि बारि तन खेह करैंगे, देदे मूंड ठरूकौ रे॥
जोरि जोरि धन करत एकठौ, देत न काहू टूकौ रे।
एक दिना सब यौंही जैहै, जैसैं सरवर सूकौ रे॥
अजहूँ बेगि समुझि किन देखौ, यह संसार बिझूकौ रे।
माया मोह छाड़िकरि बौरे, सरन गहौ हरिजू कौ रे॥
प्रान पिंड सिरजे जिनि साहिब, ताकौं काहे न कूकौ रे।
सुदरदास कहै समुझावै, चेला है दादू कौ रे॥२०॥

बलिहारी हूँ उन संत की।
जिनकै और झौर कछु नाहीं, कहैं कथा भगवंत की॥
शीतल हृदय सदा सुखदाई, दया करैं सब जंत की।
देखि देखि वै मुदित होत हैं, लीला आप अनंत की॥
जिनतें गोपि कहूँ कछु नाहीं, जानत आदि रु अंत की।
सुन्दरदास कहै जन तेई, राखत बात सिद्धन्त की ॥२१॥

आनौ=लाया, भेजा। ग्यौं परत नहिं=चैन नहीं पड़ती ; धीरज नहीं बँधता। हन=जीव, प्राण।

२० लूकौ=जलती हुई लकड़ी, जिससे मुर्दे को जलाते हैं। खेह=भस्म। ठरूकौ=ठरका ; लकड़ी से ठोकर देने की कपाल-क्रिया। सूकौ=सूखा। कूकौ=पुकारो।

२१ झौर=झंझट। जंत=जंतु, जीव। गोपि=गोप्य, छिपा हुआ।

करि मन उनि सन्तनि की सेवा।
जिनकै आन भरोसो नाहीं, भजहिं निरंजन देवा ॥
सील संतोष सदा उर जिनकै, रामनाम के लेवा।
जीवतमुकत फिरै जग महियाँ, उरझै को सुरझेवा ॥
जिनके चरनकँवल कौं वाँछत, गंगा जमुना रेवा।
सुन्दरदास उनहुँ की की संगति, मिलिहै अलख अभेवा ॥२२॥

राग मलार

देखौ माई, आज भलौ दिन लागत।
वरिषा रितु कौ आगम आयौ, वैठि मलारहिं रागत ॥
रामनाम के बादल उनये, घोरि घोरि रस पागत।
तन मन मांहिं भइ शीतलता, गये विकार जु दागत ॥
जा कारनि हम फिरत विवोगी, निशिदिन उठि-उठि जागत।
सुन्दरदास दयाल भये प्रभु सोई दियौ जोई माँगत ॥२३॥

राग काफी

इन फाग सवनि कौ घर खोयौ, हो,
अहो हौं, कहत पुकारि-पुकारि ॥
सुनि-सुनि लीला कृष्ण की हो, दूनौं उपज्यौ काम।
बूड़े काली धार मैं हो, कतहूँ नहिं विश्राम ॥

---

२२ लेवा=लेनेवाले, स्मरण करने वाले। वाँछत=चाहती हैं। रेवा=नर्मदा। अभेवा=जिसका भेद मिलना असंभव है।

२३ मलारहिं रागत=मलार राग गाते हैं। उनये=घिर आये। दागत=जलाते हैं।

२४ पैडौ मारियौ=असल रास्ता भुला दिया। सूतौ सर्प=सोये हुए काम-विषय से आशय है। लागौ खान=डसने लगा। नाख्यौ आइ=डाल

पंडित पैंडौ मारियौ हो, कहि-कहि ग्रन्थ पुरान।
सूतौ सर्प जगाइयौ हो, फिरि फिरि लागौ खान॥
पहलैं आगि बरै हुती हो, पूला नाख्यौ आइ।
रोगी कौं रोगी मिलै, तौ व्याधि कहाँ तैं जाइ॥
माया ऐसी मोहिनी हो, मोहे हैं सब कोइ।
ब्रह्मा विष्णु महेस की हो, घर घरनी भइ सोइ॥
चन्द्रवदनि मृगलोचनी हो, कहत सकल संसार।
कामिनि विष की वेलड़ी हो, नखसिख भरी विकार॥
देखत ही सब परत हैं हो, नरककुंड के माहिं।
या नारी के नेह सौं हो, वेगि रसातलि जाहिं॥
नारी घट दीपग भयौ हो, ता मैं रूप प्रकाश।
आइ परै निकसै नहीं, करत सबनि कौ नाश॥
जरि जरि मुये पतग ज्यौं हो, गये जन्म कौं रोइ।
सुन्दरदास कहा कहै हो, संत कहैं सब कोइ॥२४॥

राग धनाश्री

आरती कैसैं करौं गुसाईं। तुमहीं व्यापि रहे सब ठाईं॥
तुमहीं कुंभ नीर तुम देवा, तुमहीं कहियत अलख अभेवा।
तुमहीं दीपक धूप अनूपं, तुमहीं घंटा नाद स्वरूपं॥
तुमहीं पाती पुहुप प्रकासा, तुमहीं ठाकुर तुमहीं दासा।
तुमहीं जल थल पावक पौना, सुन्दर पकरि रहे मुख मौना॥२५॥

दिया, और भी प्रज्वलित कर दिया। घरनी=स्त्री। कामिनि=कामिनी। या नारी से तात्पर्य यहाँ माया अथवा विषय-वासना से है। दीपग=दीया।

२५ ठाईं=ठौर। पाती पुहुप=पत्ती और फूल। पौना=पवन। ठाकुर=स्वामी। पकरि रहे मुख मौना=सर्वव्यापकता और अद्वैतावस्था का चिंतन करते हुए कुछ कहते नहीं बनता।

संत-सुधा-सार

(दूसरा खण्ड)

धनी धरमदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—अनुमानतः १५६० वि०

जन्म-स्थान—बाँधोगढ़

जाति—बनिया

गुरु—कबीरदास

चोला-त्याग-संवत्—अनुमानतः १६०० वि०

धरमदासजी बाँधोगढ़ के एक बड़े धनी व्यापारी थे। भजन-पूजन, दान-पुण्य और तीर्थाटन पर इनकी भारी श्रद्धा थी। नित्य-नियम से शालिग्राम की पूजा करते और ब्राह्मणों को विधिवत् दान देते थे। भगवान का कीर्तन भी नित्य होता था।

कथा है कि एक बार मथुरा में कबीर साहब से इनकी भेंट हुई। मूर्ति-पूजा और तीर्थयात्रा का कबीर साहब ने खंडन किया, और निर्गुण निराकार की उपासना का मंडन। कबीर साहब की बात इनके मन में कुछ-कुछ तो जमी, पर पूरी तरह नहीं। दूसरी बार धरमदासजी कबीर साहब से काशी में जाकर मिले, और संत-मत का पूरा उपदेश पाया। सतगुरु ने उनके अन्तर पर पड़ा पर्दा हटा दिया। 'अमर-सुख-निधान' में विस्तार से इस प्रसंग का वर्णन आया है। लिखा है कि काशी में कबीर साहब जिंद के रूप में इनसे मिले थे, किंतु सत्मत का ऊँचा उपदेश सुनकर अन्त में इन्होंने उनको पहचान लिया। कबीर

साहब ने जब इन्हें चेताया उस समय की कुछ चौपाइयाँ उक्त ग्रन्थ में से हम नीचे देते हैं—

धरमदास हरषित मन कीन्हा। बहुरि पुरुष मोहिं दरसन दीन्हा ॥
मन अपने तब कीन्ह विचारा। इन कर ग्यान महा टकसारा ॥
दोइ दीन के करता कहाई। इन कर भेद कोउ नहिं पाई ॥
इतना कहि मन कीन्ह विचारा। तब कबीर उन ओर निहारा ॥
"आओ धरमदास पगु धारो। चिहुंकि चिहुंकि तुम काहे निहारो ॥
कहिये छिमा कुसल हो नीके। सुरत तुम्हार बहुत हम झाँके ॥
धरमदास हम तुमकों चीन्हा। बहुत दिनन में दरसन दीन्हा ॥
बहुत ग्यान कहसी हम तुमहीं। बहुरिके अब तुम चीन्हों हमहीं ॥
तुम तो भक्त हम जिद फकीरा। सुधि करि देखो सतमत धीरा ॥

भली भई दरसन मिले, बहुरि मिले तुम आय।
जो कोऊ मोसों मिलै, सो जुग बिछुरि न जाय ॥"

धरमनिदास हिये सुख भरे। सनमुख धाय पायँ जा परे ॥
दयासिंधु चितये भरि नैना। धरमदास अंकहि भरि लीना ॥
पाई सत्तधाम के बाटा। सत्त सब्द के खुले कपाटा ॥

धरमदास ने अपनी सारी धन-संपत्ति लुटादी। उन्हें अब वह अखूट धन मिल गया, जो कितना ही खरचा दिन-दिन बढ़ता ही गया। धनी धरमदास का अब पलटकर यह व्यापार हो गया —

"हम सत्तनाम के बैपारी।
कोइ-कोइ लादै काँसा-पीतल, कोइ-कोइ लौंग सुपारी।
हम तो लाद्या नाम धनी का, पूरन खेप हमारी ॥
पूँजी न टूटै नफा चौगुना, बनिज किया हम भारी।
हाट जगाती रोकि न सकिहै, निर्भय गैल हमारी ॥
मोती बिंदु घटहि में उपजै, सुकिरत भरत कोठारी।
नाम-पदारथ लाद चला है, धरमदास बैपारी ॥"

कबीर साहब जब संवत् १५७५ में सन्तलोक को सिधारे तब उनकी गद्दी और बीजक आदि ग्रन्थों का अधिकारी धनी धरमदासजी को बनाया गया।

बानी-परिचय

प्रेम-प्रीति, विरह और शब्द-रहस्य इन अंगों मे धरमदासजी ने सद्गुरु कबीर की बानी के साथ तादात्म्य-सा किया है। बानी बड़ी सरल और सरस है। कठोरता का कहीं लेश भी नहीं। खडन-मंडन के फेर में न पड़कर संत-मत की सात्त्विकी साधना से उपलब्ध प्रेम-तत्त्व का विशद निरूपण किया है। सूक्ष्म भावों की अभिव्यंजना इनकी बड़ी सुन्दर तथा मार्मिक है।

मंगल, होली और सोहर के गीत इनके बड़े ही हृदयस्पर्शी है। "सूतल रहलौं में सखियाँ, तो विपकर आगर हो ; सतगुरु दिहलैं जगाइ पायौं सुख-सागर हो"—यह मंगल तो इनका अत्यंत प्राणवान् तथा रहस्यात्मक है।

भाषा इनकी पूर्वी हिन्दी का अच्छा परिमार्जित रूप है। उसमें ओज भी है, और माधुर्य भी। लोकभाषा का उसमें हम अच्छा निखरा रूप पाते हैं।

धरमदासजी की बानी सचमुच बड़े ऊँचे घाट की बानी है। कबीर साहब की उज्ज्वल प्रसादी का इस अति गहरी बानी को विमल प्रतिबिम्ब कहा जाये तो अत्युक्ति न होगी।

आधार

१ धनी धरमदासजी के शब्द—बेलिवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ हिन्दी-साहित्य का इतिहास—रामचन्द्र शुक्ल

धनी धरमदास

सतगुरु महिमा का अंग

गुरु मिले अगम के वासी ॥
उनके चरनकमल चित दीजे, सतगुरु मिले अविनासी ॥
उनकी सीत प्रसादी लीजे, छूटि जाय चौरासी ॥
अमृत बुंद झरै घट भीतर, साध-संतजन लासी ॥
धरमदास विनवै कर जोरी, सार सब्द मन वासी ॥१॥

नाम-महिमा का अंग

नाम-रस ऐसा है भाई ॥
आगे आगे दाहि चलै, पाछे हरियर होइ।
वलिहारी वा वृच्छ की, जड़ काटे फल होइ ॥
अति कड़ुवा खट्टा घना रे, वाको रस है भाई।
साधत साधत साध गये हैं, अमली होय सो खाई ॥

सतगुरु-महिमा का अंग

१ अगम=वह लोक, जहाँ पहुँचना महाकठिन है। सीत=गिरा-पड़ा जूठन। चौरासी=८४ लाख योनियों का आवागमन। लासी=चाशनी (साधु-संतों के लिए)। वासी=रहनेवाला, अनुरक्त।

नामा-महिमा का अंग

१ आगे-आगे दहि चलै=आगे-आगे कर्मों को जलाता जाता है। पाछे हरियर होइ=पीछे हरा होता जाता है, प्रेम की हरियाली बढ़ाता जाता

सूंघत के बौरा भये हो, पीयत के मरि जाई।
नाम रस्स सो जन पिये, धड़ पर सीस न होई॥
संत जवारिस सो जन पावै, जा को ग्यान परगासा।
धरमदास पी छकित भये हैं, और पिये कोइ दासा॥१॥

हम सत्तनाम के बैपारी॥
कोइ कोइ लादै काँसा पीतल, कोइ कोइ लौंग सुपारी।
हम तो लाद्यो नाम धनी को, पूरन खेप हमारी॥
पूंजी न टूटै नफा चौगुना, बनिज किया हम भारी।
हाट जगाती रोक न सकिहै, निर्भय गैल हमारी॥
मोती बुंद घटहि में उपजै, सुकिरत भरत कोठारी।
नाम-पदारथ लाद चला है, धरमदास बैपारी॥२॥

चेतावनी का अंग

थोरे दिन की जिंदगी, मन चेत गँवार॥
कागद के तन पूतरा, डोरा साहेब हाथ।
नाना नाच नचावही, नाचै संसार॥
काच माटी के घइलिया, भरि लै पनिहार।
पानी परत गल जावही, ठाढ़ी पछिताय॥

है। जड़ काटे फल होइ=बंधन की मूल आसक्ति कट जाने पर मुक्ति-फल लाता है। अमली=अनुराग-रस का अभ्यासी। बौरा=बावला। सीस= अहंता से तात्पर्य है। जवारिस=एक औषधि। परगासा=प्रकाश।

२ खेप=लदान। न टूटै=घटती नहीं है। बनिज=व्यापार। जगाती=कर उगाहनेवाला, कर्मों का लेखा माँगनेवाला। गैल=राह। सुकिरत=सत्कर्म, पुण्य।

चेतावनी का अंग

१ डोरा=सूत्र। घइलिया=गगरी, नाशवान देह से आशय है। धनेरा=ऊँचा

जस धूआँ के धरोहरा, जस वालू के रेत।
हवा लगे सब मिटि गये, जस करतव प्रेत॥
ओछे जल के नदिया हो, वहै अगम अपार।
उहाँ नाव नहिँ वेरा हो, कस उतरव पार॥
धरमदास गुरु समरथ हो, जाको अदल अपार।
साहेव कवीर सतगुरु मिले, आवागवन निवार॥१॥

कहो केते दिन जियवौ हो, का करत गुमान॥ टेक॥
कच्चे वाँसन का पिंजरा हो, जामें पवन समान।
पंछी का कौन भरोसा हो, छिन में उड़ि जान॥
कच्ची माटी के घडुवा हो, रस-वूँदन सान।
पानी वीच वतासा हो, छिन में गलि जान॥
कागद की नइया वनी, डोरी साहेव हाथ।
जौने नाच नचैहैं हो, नाचव वोही नाच॥
धरमदास एक वनिया हो, करै झूठी वजार।
साहेव कवीर-वनजारा हो, करैं सत-वैपार॥२॥

घड़ा एक नीर का फूटा। पत्र एक डार से टूटा॥
ऐसहि नर, जात जिंदगानी। अजहु नहिं चेत अभिमानी॥
भुलो जनि देख तन गोरा। जगत में जीवना थोरा॥
निकरि जव प्रान जावैगा। कोई नहिं काम आवैगा॥

मीनार। ओछे=थोड़े। वेरा=वेडा। अदल=शासन।
२ गुमान=गर्व। समान=समाया हुआ है। पंछी=प्राण-पक्षी। घडुवा=घड़ा। रस-वूँदन सान=रज-वीर्य या रक्त की वूँदों से सानकर। वतासा=वुलवुला। वजार=वनिज-व्यापार। वनजारा=सौदागर।
३ पत्र=पत्ता। सजन=स्वजन, सगे संवंधी। दारा=स्त्री। निरसंक=

सजन परिवार सुत दारा। सभे एक रोज होइ न्यारा ॥
तजो मद लोभ चतुराई। रहो निरसंक जग मांही ॥
सदा ना जान ये देही। लगावो नाम से नेही ॥
कहै धर्मदास कर जोरी। चलो जहँ देस है तोरी ॥३॥

विरह और प्रेम का अंग

सतगुरु आवौ हमरे देस, निहारौं बाट खड़ी ॥
वाहि देस की बतियाँ रे, लावैं संत सुजान।
उन संतन के चरन पखारौं, तन मन करौं कुरबान ॥
वाही देस की बतियाँ हमसे, सतगुरु आन कही।
आठ पहर के निरखत हमरे, नैन की नींद गई ॥
भूल गई तन मन धन सारा, व्याकुल भया सरीर।
बिरह पुकारै बिरहनी, ढरकत नैनन नीर ॥
धरमदास के दाता सतगुरु, पल में कियो निहाल।
आवागवन की डोरी कटि गई, मिटे भरम जंजाल ॥१॥

मितऊ मड़ैया सूनी करि गैलो ॥ टेक ॥
अपन बलम परदेस निकरि गैलो,
हमरा के कछुवो न गुन दै गैलो ॥
जोगिन होइके मैं वन-वन ढूंढ़ों,
हमरा के बिरह बैराग दै गैलो ॥

निडर। सदा=अमर।

विरह और प्रेम का अंग

१ बतियाँ=खबरें। कुरबान=न्यौछावर। निहाल=पूर्णकाम, सारी इच्छाएँ पूरी कर देना। आवागमन=जन्म-मरण।

२ मितऊ=मित्र, प्रियतम। मड़ैया=देहरूपी कुटिया। सूनी करि गैलो=

संग की सखी सब पार उतरि गैलीं,
हम धन ठाढ़ी अकेली रहि गैलो ॥
धरमदास यह अर्ज करतु है,
सार सब्द सुमिरन दै गैलो ॥२॥

मैं हेरि रहूँ नैना सो नेह लगाई ॥ टेक ॥
राह चलत मोहिं मिलि गये सतगुरु, सो सुख बरनि न जाई ।
देइ के दरस मोहिं बौराये, लै गये चित्त चुराई ॥
छवि सत दरस कहाँलगि बरनौं, चाँद सुरज छपि जाई ।
धरमदास बिनवै कर जोरी, पुनि पुनि दरस दिखाई ॥३॥

कहौं बुझाय दरद पिया तोसे ॥
दरद मिटै तरवार तीर से, किधौं मिटै जब मिलहुँ पीव से ॥
तन तलफै हिय कछु न सोहाय, तोहि बिन पिय मोसे रहल न जाय ॥
धरमदास की अरज गुसाँई, साहेब कबीर रहौं तुम छाँहीं ॥४॥

साहेब, तेरी देखौं सेजरिया हो ॥
लाल महल कै लाल कँगूरा, लालिनि लागि किवरिया हो ॥
लाल पलग के लाल बिछौना, लालिनि लागि झलरिया हो ॥

छोड़कर चला गया । बलम=प्यारा पति । कछुवो गुन=कुछ भी पता ।
धन=स्त्री ।

३ बौराये=बावला बना दिया । छपि जाई=निस्तेज पड़ गये ।

४ बुझाय=समझाकर । रहल न जाय=रहा नहीं जाता, चैन नहीं पड़ता है । छाहीं=छाहँ, शरण ।

५ सेजरिया=सेज । किवरिया=किवाड़ । झलरिया=झालर । अनुहरिया=रूप ।

लाल साहेब की लालिनि मूरत, लालि लालि अनुहरिया हो ॥
धरमदास विनवै कर जोरी, गुरु के चरन बलिहरिया हो ॥५॥*

पिया बिन मोहिं नींद न आवै ॥
खन गरजै खन बिजुली चमकै, ऊपर से मोहिं झाँकि दिखावै ।
सासु ननद घर दारुनि आहैं, नित मोहिं बिरह सतावै ॥
जोगिन ह्वैके मैं बन-बन ढूंढूं, कोऊ न सुधि बतलावै ।
धरमदास विनवै कर जोरी, कोई नेरे कोई दूर बतावै ॥६॥

विनती का अंग

भक्तिदान गुरु दीजिये देवन के देवा हो ।
चरनकँवल बिसरौं नहीं, करिहौं पदसेवा हो ॥
तिरथ बरत मैं ना करौं, ना देवल पूजा हो ।
तुमहिं ओर निरखत रहौं मेरे और न दूजा हो ॥
आठ सिद्धि नौ निद्धि हैं बैकुंठ-निवासा हो ।
सो मैं ना कछु माँगहूँ, मेरे समरथ दाता हो ॥
सुख सम्पति परिवार धन सुन्दर बर नारी हो ।
सुपनेहुँ इच्छा ना उठै, गुरु आन तुम्हारी हो ॥
धरमदास की बीनती साहेब सुनि लीजै हो ।
दरसन देहु पट खोलिकै आपन करि लीजै हो ॥१॥

---

६ खन=क्षण में । दारुनि=निठुर स्वभाव का । नेरे=पास । सुधि=पता ।

विनती का अंग

१ तिरथ=तीर्थ-यात्रा । बरत=व्रत । आन तुम्हारी=तुम्हारी सौगंद ।
पट खोलिकै=परदा हटाकर ।

---

*कबीर साहब की इस साखी से मिलाइए —

लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तित लाल ।
लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल ॥

बिन दरसन भइ बावरी, गुरु द्यौ दीदार ॥टेक॥
ठाढ़ि जोहौं तोरी बाट मैं, साहेब चलि आवौ।
इतनी दया हम पर करौ, निज छवि दरसावो ॥
कोठरी रतन जड़ाव की, हीरा लागे किवार।
ताला कुंजी प्रेम की, गुरु खोलि दिखावो ॥
बंदा भूला बंदगी, तुम बकसनहार।
धरमदास अरजी सुनो, कर द्यो भव-पार ॥२॥

साईं, मैं असल गुलाम तिहारा ॥टेक॥
काया-नगर बन्यो अति सुन्दर, मोह को लग्यो बजारा।
कुमति कलोल करै दसहों दिसि, लोभ को ठुक्यो नगारा ॥
मोह समुंदर भरे अपरबल, भँवर भवै अति भारा।
काम क्रोध की लहर उठतु है, केहि बिधि होय निवारा ॥
पाँच के ऊपर पचिस महतिया, इन परपंच पसारा।
मन अदली जहँ अदल चलावै, कहा करै जीव बिचारा ॥
ना मोरे नाव नाँहि खेवटिया, डर लागै मोहिं भारी।
चौदह लोक में कोइ नहिं दीसै, तुम गुरु पार उतारी ॥
धरमदास की यही बीनती, उरझे कों निर्वारो।
साहेब कबीर मिले गुरु समरथ, हम से अधम उबारो ॥३॥

---

२ द्यो=दो। दीदार=दर्शन। दरसावो=दिखाओ। बंदगी=सेवा। बकसनहार=माफ करनेवाले।

३ ठुक्यो=पिट या बज रहा। अपरबल=प्रबल, अथाह। भँवै=घूमते हैं। भारा=भारी। निवारा=बचाव। अदली=हाकिम। अदल=हुक्म, सत्ता। निर्वारो=सुलझादो।

मैं तो तोरे भजन-भरोसे अविनासी ॥टेक॥
तीरथ बरत कछु नहिं करहूँ, वेद पढ़ौं नहिं कासी ॥
जंत्र मंत्र टोटका नहिं जानौं, निसदिन फिरत उदासी ॥
यहि घट भीतर बधिक बसत है, दिये लोभ की टाटी ॥
धरमदास विनवै कर जोरी, सतगुरु चरनन दासी ॥४॥

अब मोहिं दरसन देहु कबीर ॥टेक॥
तुम्हरे दरस से पाप कटत हैं, निरमल होत सरीर ॥
अमृत भोजन हंसा पावैं, सब्द धुनन की खीर ॥
जहँ देखौं जहँ पाट पटंबर, ओढ़न अंबर चीर ॥
धरमदास की अरज गोसाँई, हंस लगावो तीर ॥५॥

साहेब मोहिं दरसन दीजे हो, करुना-निधि मिहर करीजे हो।
पपिहा के चित स्वाँति बसै, भावै नहिं जल दूजा हो ॥
जैसे काग जहाज चढ़े, वाकों और न सूझा हो।
बारबार विनती करूं, मेरी अरज सुनीजे हो।
भवसागर से काढ़िके, अपना करि लीजे हो ॥
सत्त लोक से सुरत करी, तब जग में आये हो।
जम से जीव छोड़ायके, धर्मनि मन भाये हो ॥६॥

मिहरबान है साहेब मेरा। दिलभर दरसन पाऊँ तेरा ॥
तुम दाता मैं सदा भिखारी। देव दीदार जाउँ बलिहारी ॥

---

४ उदासी=विरक्त, लापर्वाह। बधिक=बहेलिया।

५ हँसा=ज्ञानस्वरूप मुक्त जीवात्मा। खीर=क्षीर, दूध। पाटंबर=रेशमी वस्त्र। अंबर=वस्त्र। लगावो तीर=पार उतारदो।

६ पपिहा=चातक। स्वाँति=स्वाती नक्षत्र में बरसा हुआ पानी। सुरत=सुध। धर्मनि=धरमदास को।

करूँ वंदगी खिजमत दीजै। वकसो चूक दया वहु कीजै।
सेवक तें विगरै सौ वारा। सतगुरु साहेव लेव उवारा॥
औगुन सेवक साहेव जानै। साहेव मन में ना गिल्यानै॥
धरमदास लई तुम्हरि पनाह। अगले पछिले वकस गुनाह॥७॥

भेद का अंग

झरि लागै महलिया, गगन घहराय॥टेक॥
खन गरजै खन विजुली चमकै, लहर उठै सोभा वरनि न जाय॥
सुन्न महल से अंमृत वरसै, प्रेम अनंद होइ साध नहाय॥
खुली किवरिया मिटी अंधियरिया, धन सतगुरु जिन दिया
है लखाय॥
धरमदास विनवै कर जोरी, सतगुरु चरन मैं रहत समाय॥१॥

मंगल

सतगुरु के उपदेस, फिरौ धन वावरी।
उठि चलो आपन देस, इहै भल दाव री॥१॥
हम कहि दिया है सनेस, तुम्हारे पीव का।
विनु समुझे नहिं काज, आपने जीव का॥२॥

---

७ दीदार=दर्शन। खिजमत=खिदमत, सेवा। वकसो=क्षमा करो। ना गिल्यानै=घृणा नहीं होती है। पनाह=शरण।

भेद का अंग

१ झरि......घहराय=निर्विकल्प शून्यावस्था में अमृत की झड़ी लग रही है और अनहद नाद हो रहा है। खुली किवरिया=माया द्वारा डाला हुआ परदा हट गया। अँधियरिया=अविद्या का अंधकार।

२ (१) फिरो=संसारी मार्ग से लौट पड़ो। दाव=अवसर। (२) सनेस=संदेश। काज=लाभ। (३) जगन......समझाइकै=हरयुग में सदगुरु के

जुगन जुगन हम आइ, कहा समुझाइकै।
बिनु समुझे धनि परिहौ, कालमुख जाइकै ॥३॥

काम क्रोध मद लोभ, छाँड़ु सब दुंद रे।
का सोवै दिन-रैन, बिरहिनी जागु रे ॥४॥

भवसागर की आस, छाँड़ु सब फंद रे।
फिरि चलु आपन देस, यही भल रंग रे ॥५॥

सुन सखि पिय कै रूप, तो बरनत ना बनै।
अजर अमर तो देस, सुगंध सागर भरे ॥६॥

फूलन सेज सँवार, पुरुष बैठे जहाँ।
ढुरै अग्र कै चँवर, हंस राजै जहाँ ॥७॥

कोटिन भानु अंजोर, रोम एक में कहा।
ऊगे चन्द्र अपार, भूमि सोभा जहाँ ॥८॥

सेत बरन वह देस, सिंहासन सेत है।
सेत छत्र सिर धरे, अभय पद देत है ॥९॥

करो अजपा कै जाप, प्रेम उर लाइये।
मिलो सखी सत पीव, तो मंगल गाइये ॥१०॥

जुगन जुगन अहिवात, अखंड सो राज है।
पिय मिले प्रेमानंद, तो हंस-समाज है ॥११॥

शब्द द्वारा जगत को चेताया है। सखि=सखी, जीवात्मा से तात्पर्य है। (६) अजर=जो जीर्ण न हो; नित्य एकरस। (७) पुरुष=परमपुरुष परमात्मा। अग्र कै=अग्र के। हंस=हंस, जीवात्माएँ। (८) अंजोर=प्रकाश। ऊगे=उदित हुए। (९) सेत बरन=शुक्ल, निर्मल। (१०) अजपा=जो जप वाणी से न होकर श्वास में स्वतः से होता रहता है। (११) अहिवात=सोहाग।

कहैं कबीर पुकार, सुनो धरमदास हो।
हंस चले सतलोक, पुरुष के पास हो ॥१२॥

सतगुरु सरन में आइ, तो तामस त्यागिये।
ऊँच नीच कहि जाय, तो उठि नहिं लागिये॥
उठि बोलै रारै रार, सो जानो घींच है।
जेहि घट उपजै क्रोध, अधम अरु नीच है॥
माला वाके हाथ, कतरनी कॉख में।
सूझै नाही आगि, दबी है राख में॥
अमृत वाके पास, रुचै नहिं रॉड को।
स्वान को यही सुभाव, गहै निज हाड़ को॥
का भे वात वनाये, परचै नहिं पीव सों।
अंतर का वदफैल, होइ का जीव सों॥
कहैं कवीर पुकारि, सुनो धर्म आगरा।
वहुत हंस लै साथ, उतरो भवसागरा ॥३॥

चढ़ि अमवा की डारि, अकेली धन का रे खड़ी।
चले जाव मुरुख गँवार, मोरी तोहि का रे पड़ी॥
की तोरी सासू दारुनिया, की नैहर दूर वसै।
की तोरा पिय परदेस, जोहत वाकी वाट खड़ी॥
ना मोरि सासू दारुनिया, न नैहर दूर वसै।
हमरे वलम परदेस, जोहत वाकी वाट खड़ी॥

३　तामस=क्रोध। ऊँच-नीच=भला-वुरा। नहिं लागिये=मुहँ न लगे, प्रत्युत्तर न दे। रारै रार=लड़ाई ही लड़ाई से पैदा होता है। घींच=झगड़ा वढ़ानेवाला। कॉख=वगल। रॉड=अभागा। परचै=परिचय, पहचान। वदफैल=कुकर्मी। आगरा=आगर, खान।

४　मोरी""""पड़ी=तुझे मुझसे क्या मतलव? दारुनिया=निठुर।

पचरंग पहिरि चुनरिया, ऊपर धरो आरसी।
सतगुरु संग सुजान, समुझै मोर पारसी॥
यह मंगल सतलोक, हंस जन गावहीं।
कहैं कबीर धरमदास, प्रेमपद पावहीं॥४॥

सूतल रहलों मैं सखियाँ, तो विष कर आगर हो।
सतगुरु दिहलै जगाइ, पायों सुखसागर हो॥
जब रहली जननी के ओदर, परन सम्हारल हो।
जबलों तन में प्रान न तोहि बिसराइब हो॥
एक बुंद से साहेब, मंदिल बनावल हो।
बिना नेंव के मंदिल, बहु कल लागल हो॥
इहवाँ गाँव न ठाँव, नहीं पुर पाटन हो।
नाहिन बाट बटोही, नहीं हित आपन हो॥
सेमर है संसार, सुवा उधराइल हो।
सुन्दर भक्ति अनूप, चले पछिताइल हो॥
नदी बहै अगम अपार, पार कस पाइब हो।
सतगुरु बैठे मुख मोरि, काहि गोहराइब हो॥
सत्तनाम गुन गाइब, सत ना डोलाइब हो।
कहैं कबीर धरमदास, अमर घर पाइब हो॥५॥

नैहर=मायका। बलम=प्रियतम, पति। पारसी=भेद या रहस्य की भाषा से यहाँ तात्पर्य है। आरसी=दर्पण।

५ विषकर आगर=गाफिल पड़े रहना। विष की खान या प्रियतम के प्रति अचेत रहना मरण था। दिहलैं जगाइ=चेता दिया। ओदर=उदर, गर्भ। परन=प्रण, प्रतिज्ञा। सम्हारल=ध्यान रखा। बिसराइब=भूलूँगा। मंदिल=मंदिर; शरीर से तात्पर्य है। बूँद से=वीर्य-बिन्दु से। नेंव=नींव, बुनियाद। पाटन=नगर। हित=हितू, प्रिय। उधराइल=उधेड़कर उड़ गया। गोहराइब=पुकारूँगा। सत ना डोलाइब हो=सत्य पर से न डिगूँगा।

धनुष-बान लिये ठाढ़, जोगिनि एक माया हो।
छिनहिं में करत बिगार, तनिक नहिं दाया हो॥
झिर-झिर बहै बयार, प्रेम-रस डोलै हो।
चढ़ि नौरंगिया की डार, कोइलिया बोलै हो॥
पिया पिया करत पुकार, पिया नहिं आया हो।
पिय बिन सून मंदिलवा, बोलन लागे कागा हो॥
कागा हो तुम का रे, कियो बटवारा हो।
पिया मिलन की आस, बहुरि ना छूटहि हो॥
कहैं कबीर धरमदास, गुरू संग चेला हो।
हिलमिलि करो सतसंग, उतरि चलो पारा हो॥६॥

बधावा

मोरे आये संत सनेही, धन धन घड़ी आज की हो॥टेक॥
अतर फुलेल न्हवावों सजनी, केसरि तिलक लगावों हो॥
धूप दीप नैवेद आरती, फूलमाल पहिरावों हो॥
जिनके दरस होय सब काजा, तरसैं राना राजा हो॥
सत्त शब्द जहँ होय प्रकासा, अस कबीर धरमदासा हो॥१॥

सोहर

कहँवाँ से जीव आइल, कहँवाँ समाइल हो।
कहँवाँ कइल मुकाम, कहाँ लपटाइल हो॥
निरगुन से जिव आइल, सगुन समाइल हो।
कायागढ़ कइल मुकाम, माया लपटाइल हो॥

---

६ बिगार=विनाश। मंदिलवा=मन्दिर। बटवारा=बेठिकाने।
१ सगुन=सगुण, त्रिगुणात्मिका प्रकृति। उठावल=बनाया। सरवर=सरोवर, तालाब; यहाँ देह से आशय है। हंस=यहाँ जीव से आशय है।

एक बुंद से काया-महल उठावल हो।
बुंद परे गलि जाय, पाछे पछितावल हो॥
हंस कहै भाइ सरवर, हम उड़ि जाइब हो।
मोर तोर एतन दिदार, बहुरि नहिं पाइब हो॥
इहवाँ कोइ नहिं आपन, केहि संग बोलै हो॥
बिच तरवर मैदान, अकेला (हंस) डोलै हो॥
लख चौरासी भरमि, मनुख-तन पाइल हो।
मानुख-जनम अमोल, अपन सों खोइल हो॥
साहेब कबीर सोहर गावल, गाइ सुनावल हो।
सुनहु हो धर्मदास, एही चित चेतहु हो॥१॥

मिश्रित का अंग

गुरु बिन कौन हरै मोरी पीरा॥
रहत अलीन मलीन जुगन जुग, राई बिनत पायो एक हीरा॥
पायो हीरा रहै नहिं धीरा, लेइके चले वोहि पारख तीरा॥
सो हीरा साधू सब परखे, तब से भयो मन धीरा॥
धरमदास विनवै कर जोरी. अजर अमर गुरु पाये कबीरा॥१॥

दिदार=दीदार. दर्शन, मिलन। तरवर=वृक्ष। अपन सों खोइल=अपने हाथों गँवा दिया। सोहर=बालक के जन्म लेने पर जो गीत स्त्रियाँ गाती हैं उसे 'सोहर' कहते हैं।

मिश्रित का अंग

१ अलीन=चंचल, अयोग्य। मलीन=खिन्न, दुखी। राई ···· हीरा=संसार के तुच्छ व्यवहार करते हुए अनायास रत्नाभ पा गया। पारख तीरा=जौहरी के पास। धीरा=निश्चल।

सत्तनामै जपु, जग लड़ने दे ॥
यह संसार काँट की बारी, अरुझि-सरुझिके मरने दे ॥
हाथी चाल चलै मोर साहेब, कुतिया भुँकै तो भुँकने दे ॥
यह संसार भादों की नदिया, डूबि मरै तेहि मरने दे ॥
धरमदास के साहेब कबीरा, पथर पूजै तो पुजने दे ॥२॥

हमरे का करे हाँसी लोग ॥
मोरा मन लागा सतगुरु से, भला होय कै खोर ।
जब से सतगुरु ग्यान भयो है, चलै न केहुके जोर ॥
मात रिसाई पिता रिसाई, रिसाये बटोहिया लोग ।
ग्यान-खड़ग तिरगुन को मारूँ, पाँच पचीसो चोर ॥
अब तो मोहिं ऐसी बनि आवे, सतगुरु रचा संजोग ।
आवत साध बहुत सुख लागैं, जात बियापै रोग ॥
धरमदास बिनवै कर जोरी, सुनु हो बंदी-छोर ।
जाको पद त्रयलोक से न्यारा, सो साहेब कस होय ॥३॥

साहेब येहि बिधि ना मिलै, चित चंचल भाई ॥
माला तिलक उरमाइके, नाचै अरु गावै ।
अपना मरम जानैं नहीं, औरन समुझावै ॥
देखे को बक ऊजला, मन मैला भाई ।
आँखि मूँदि मौनी भया, मछरी धरि खाई ॥

---

२ बारी=बाड़ी । भादों की नदिया=वर्षा की तेज धारवाली नदी ; तृष्णा से आशय है । पथर पूजै=मूर्ति-पूजा करता है ।

३ खोर=बुरा, बिगाड़ । रिसाई=नाराज़ होते हैं । तिरगुन=तीनों गुण—सत्त्व, रज और तम । जात बियापै रोग=बिछुड़ने पर दुःख होता है । बंदी-छोर=संसार-बन्धन से छुड़ानेवाले । कस होय=कैसा होगा ।

४ उरमाइके=लटकाकर, पहनकर । मरम=भेद ; संसार से तरने का

कपट कतरनी पेट में, मुख बचन उचारी।
अंतरगति साहेब लखै, उन कहा छिपाई॥
आदि अंत की वार्ता, सतगुरु से पावो।
कहै कबीर धरमदास-से मूरख समझावो॥४॥

गाँठ परी पिया बोलै न हमसे॥
माल मुलुक कछु संग न जैहे, नाहक बैर कियो है जग से॥
जो मैं जनितिउँ पिया रिसियैहै, नाहक प्रीति लगावी न जग से॥
निसुबासर पिया सँग मैं सूतिउँ, नैन अलसानी निकरि गये घर से॥
जस पनिहारि धरे सिर गागर, सुरति न टरै बतरावत सब से॥
धरमदास बिनवै कर जोरी, साहेब कबीर को पावै भाग से॥५॥

मेरे मन बसि गये साहेब कबीर॥
हिन्दू के तुम गुरू कहावो, मुसलमान के पीर।
दोऊ दीन ने झगड़ा माडेव, पायौ नहीं सरीर॥
सील संतोष दया के सागर, प्रेम प्रतीत मति-धीर।
वेद किनेब मते के आगर, दोऊ दीनन के पीर॥
बड़े-बड़े सतन हितकारी, अजरा अमर सरीर।
धरमदास की बिनय गुसाँई, नाव लगाबो तीर॥६॥

उपाय। बक=बगला। आदि-अन्त=जन्म और मरण।

५ रिसियैहै=रूठ जायेगा। सूतिउँ=सोई, जाग रही। नैन अलसानी=जरा-सी असावधानी होने पर। बतरावत=बातचीत करता है। सुरति=ध्यान।

६ माडेव=मचाया। किनेब=किताब, कुरान से तात्पर्य है। दीनन के=धर्मों के। पीर=धर्मगुरु। अजरा=अजर, जो कभी वृद्ध न हो।

मुक्ति-लीला

हीरा जन्म न वारम्वार, समुझि मन चेत हो ॥
जैसे कीट पतंग पपान, भये पसु पच्छी ।
जल तरंग जल माहिँ रहे कच्छा औ मच्छी ॥
अंग उघारे रहे सदा, कवहुँ न पावै सुक्ख ।
सत्य नाम जाने विना, जन्म जन्म वड़ दुक्ख ॥१॥

सीतल पासा ढारि, दाव खेलौ संम्हारी ।
जीतौ पक्की सार, आव जनि जैहौ हारी ॥
रामै राम पुकारिके, लीन्हो नरक निवास ।
मूँड़ गड़ाय रहे जिव, गर्भ माँहिं दस मास ॥२॥

गर्भ दुक्ख ते काढ़ि, प्रगट प्रभु वाहर कीन्हो ।
भक्ति-अंग को छापि, अंक दस्तक लिखि दीन्हो ॥
वाको नाम विसरि गयो, जिन पठयो संसार ।
रंचक सुख के कारने, विसरि गयो निज सार ॥३॥

नहिं जाने केहि पुन्य, प्रगट भे मानुप-देही ।
मन वच कर्म सुभाव, नाम सों करले नेही ॥
लख चौरासी भर्मिके, पायो मानुप-देह ।
सो मिथ्या कस खोवते, झूठी प्रीति-सनेह ॥४॥

मुक्ति-लीला

१ (१) कच्छा=कच्छप, कछुवा । (२) सीतल पासा=शील-संतोप से तात्पर्य है । दाव=बाजी ; जुआ खेलने का पासा, चौसर । आव=आयु । मूँड़ गड़ाइ=नीचे की ओर सिर किये हुए । (३) छापि=मोहर लगाकर । दस्तक=परवाना । रंचक=थोड़ा-सा । (४) नेही=स्नेह, प्रेम । मिथ्या=व्यर्थ ।

बालक बुद्धि अजान, कछू मन में नहिं आने।
खेलै सहज सुभाव, जहीं आपन मन माने॥
अधर कलोले होइ रह्यो, ना काहू को मान।
भली बुरी ना चित धरै, बारह बरस समान॥५॥

जोवन रूप अनूप, मसी ऊपर मुख छाई।
अंग सुगंध लगाय, सीस पगिया लटकाई॥
अंध भयो सूझै नहीं, फूटि गई है चार।
झटकै पड़ै पतंग ज्यों, देखि बिरानी नार॥६॥

जोवन जोर झकोर, नदी उर अंतर बाढ़ी।
संतो हो हुसियार, कियो ना बांहू गाढ़ी॥
दे गजगीरी प्रेम की, मूँदो दसो दुवार।
वा साँई के मिलन में, तुम जनि लावो वार॥७॥

वृद्ध भये पछिताय, जबै तीनों पन हारे।
भई पुरानी प्रीति बोल, अब लागत प्यारे॥
लचपच दुनियां ह्वै रही, केस भये सब सेत।
बोलत बोल न आवई, लूटि लिये जम खेत॥८॥

माया रंग कुसुम्म महा देखन को नीको।
मीठो दिन दुइ चार, अंत लागत है फीको॥

---

(६) मसी ऊपर मुख छाई=मसि भींग गई, रेख आगई। चार=चारो आँखें-दो चर्मचक्षु और दो ज्ञानचक्षु। बिरानी नार=पराई स्त्री। (७) दसो दुवार=दसों इन्द्रियाँ—पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, और पाँच कर्मेन्द्रियाँ। मूँदो=विषयों की ओर न जाने दो। वार=देरी।
(८) लचकच=मग्न, लीन

कोटिन जतन रह्यो नहीं, एक अंग निज मूल।
ज्यों पतंग उड़ि जायगो, ज्यों माया कापूर ॥९॥

नाम क रंग मंजीठ, लगै छूटै नहिं भाई।
लचपच रहो समाय, सार ता में अधिकाई ॥
केती वार धुलाइये, देदे करड़ा धोय।
ज्यों ज्यों वट्टी पर दिये, त्यों त्यों उज्जल होय ॥१०॥

निकट जमन के जात, तवै ह्वैगो मुख कारो।
वोले वोल न आव, तवै तोहि करिहैं गारो ॥
काल छली तिहुँ लोक में, नहिं काहू की मान।
राजा रानी मारिया, सवहीं कीन्ह दिवान ॥११॥

देऊँ सुमति विचार, सीख जो मेरी मानो।
चलो सुमारग चाल, भलो जो अपनो जानो ॥
तिरिया निकट वुलाइके, दे गई माथे हाथ।
ले गइ रंग निचोइ के, ज्यों तेली कै काथ ॥१२॥

जो मरि-भाखा वोल वोलि कामिन चित चोरयो।
छिनहीं प्रीति वढ़ाय, नाम से नाता तोरयो ॥
रसवस कीन्हो आइके, गई ठगौरी मेल।
जीव लोभवस भ्रमि रहे करि केवल सुख-केल ॥१३॥

---

(९) एक अङ्ग=एक-सा। निजमूल=अपना असली रंग। कापूर=कपूर। (१०) मंजीठ=पक्का लाल रंग। लचपच रहौ समाय=घुलमिल जाओ (११) करिहैं गारो=कारागार में डाल देंगे। दिवान=दीवाना, पागल। (१२) सुमति=नेक सलाह। रंग निचोइके=यौवन को निचोड़कर। काथ=तलछट, खली। (१३) मरि-भाखा=मोहक व मारक शब्द। नाम=हरिनाम।

सोवत हौ केहि नींद, मूढ़ मूरख अग्यानी।
भोर भये परभात, अबहिं तुम करो पयानी॥
अब हम साँची कहत हैं, उड़ियो पंख पसार।
छुटि जैहौ या दुक्ख तें, तन-सरवर के पार ॥१४॥

नाव झाँझरी साजि, बांधि बैठौ बैपारी।
बोझ लद्यो पापान, मोहिं डर लागै भारी॥
मांझ धार भव तखत में, आइ परैगी भीर।
एक नाम केवटिया करिले, सोई लावै तीर ॥१५॥

सौ भइया की बांह, तपै दुर्जोधन राना।
परे नरायन बीच, भूमि देते गरबाना॥
जुद्ध रच्यो कुरुछेत्र में, बानन बरसे मेह।
तिनहीं के अभिमान तें, गिधहुँ न खायो देह ॥१६॥

छत्रपती भूपाल रहत, देखा नहिं कोई।
दिन दस गये बजाइ, गर्द मां मिलिगे सोई॥
परिहौ नरक अघोर में, अब किन चेतो अंध।
सत्त नाम जाने बिना, परो काल के फंद ॥१७॥

हुई सलीता संग, बहुत हाथी औ घोरा।
मरन की बेरिया संग, चलै नहिं एको डोरा॥
कंचन-महल धरे रहे, और सुन्दरी नारि।
ज्योंकरि आये त्यों गये, चले दोउ कर झारि ॥१८॥

गई ठगौरी मेल=मोहिनी डाल गई। केल=केलि, मौज। (१४) पयानी=प्रयाण, कूच। (१५) तखत=यहाँ नाव से तात्पर्य है। तीर=किनारा, पार। (१६) तपै=अत्याचार से शासन किया। परे नरायन बीच=श्रीकृष्ण दूत होकर गये, और समझाया। गरबाना=अभिमान किया। गिधहुँ=गीधों ने भी। (१७) दिन दस गये बजाइ=थोड़े दिन राज और अत्याचार करके चले गये। अघोर=घोर, भयंकर। किन=क्यों नहीं।

जोधा आगे उलट पुलट, यह पुहमी करते।
बस नहिं रहते सोय, छिने इक में बल हरते॥
सौ जोजन मरजाद सिंध के, करते एकै फाल।
हाथन पर्वत तौलते, तिन धरि खायो काल॥१९॥

ऐसा यह संसार, रहँट की जैसी घरियाँ।
इक रीती फिरि जाय, एक आवै फिरि भरियाँ॥
उपजि उपजि बिनसत करै, फिरि फिरि जमै गिरास।
यही तमासा देखिके, मनुवा भयो उदास॥२०॥

जैसे कलपि-कलपिके, भये है गुड़ की माखी।
चाखन लागी बैठि, लपट गइ दोनों पांखी॥
पंख लपेटे सिर धुनै, मनहीं मन पछिताय।
वह मलयागिरि छांड़िके, इहाँ कौन बिधि आय॥२१॥

खेत बिरानो देखि, मृगा एक बन को रीझेव।
नितप्रति चुनि चुनि खाय, बान में इक दिन बीधेव॥
उचकन चाहै बल करै, मनहीं मन पछिताय।
अब सो उचकि न पाइहौं, धनी पहूँचो आय॥२२॥

रहे दूध के दूध, जाय पानी के पानी।
सुनो स्रवन चित लाय, कहौं कछु अकथ कहानी॥
अकह कमल तें स्रुति उठी, अनुभव सब्द प्रकाश।
केवल नाम कबीर है, गावै धनि धरमदास॥२३॥

---

(१९) पुहमी=पृथिवी। फाल=फलाँग। (२०) घरियाँ=घड़ियाँ। रीती=खाली, बिना पानी के। जमे-गिरास=मृत्यु का ग्रास, काल के मुहँ में जाना। (२१) उचकन चाहै=कूदना चाहता है। बल करे=ज़ोर लगाता है। धनी=खेतवाला; काल से आशय है। (२२) अकह=अकथनीय। कमल=ब्रह्म-रन्ध्र से तात्पर्य है। स्रुति=ध्वनि, अनहद नाद।

बाबा मलूकदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१६३१ वि०

जन्म-स्थान—कड़ा (ज़िला इलाहाबाद)

जाति—कक्कड़ खत्री

पिता—सुन्दरदास

चोला-त्याग-संवत्—१७३६ वि०

बाबा मलूकदास बालपन से ही ऊँचे संस्कारी थे। रास्ते में कहीं कुछ काँटा कूड़ा-कचरा पड़ा देखते, तो उसे उठाकर एक तरफ़ फेंक देते थे। एक दिन घर के सामने की गली से एक महात्मा आ निकले। बालक मलूकदास को खेलते हुए देखकर उन्होंने पूछा—'यह किसका बालक है ?' पिता सुन्दरदास को बुलाया और उनसे कहा—'तुम्हारा यह बालक आगे चलकर बड़ा नाम करेगा। देखो न, यह आजानुबाहु है। सो या तो यह भारी प्रतापी राजा होगा, या फिर कोई ऊँचा महात्मा।'

बचपन से ही मलूकदास साधु-सेवा बड़े प्रेम से किया करते थे। घर में जो कुछ पाते साधुओं के सेवा-सत्कार में लगा देते, मा की राज़ी से और चोरी से भी।

इनके पिता, जब यह दस-ग्यारह बरस के हुए, इन्हें कंबल बेचने हर आठवें दिन देहात की एक पैठ में भेजने लगे। जाड़े से ठिठुरते किसी ग़रीब आदमी को या साधु-संत को यह रास्ते में देखते तो उसे योंही मुफ़्त में कंबल दे दिया करते थे।

हरि के प्रेम-रस का चसका बालपन से ही बाबा मलूकदास को लग गया था। हरि-रस में सदा मस्त रहते थे। बड़े त्यागी और बड़े ही निस्पृह। बाबा-जी का औलियापना उनकी बानी से पूरा झलकता है।

बाबाजी जगन्नाथ स्वामी के भी बड़े भक्त थे। पुरी में आज भी 'मलूकदास का रोट' नित्य राजभोग में चढ़ाया जाता है।

बाबाजी के संबंध में अनेक अद्‌भुत चमत्कार प्रसिद्ध हैं, जैसे, एक अहीरिन के इकलोते बेटे को जिला देना, मलवे के नीचे दबे हुए मज़दूरों को ज़िंदा निकाल लेना, बादशाह आलमगीर के सामने अधर लटकते हुए भजन करना आदि।

बाबा मलूकदासजी ने संवत् १७३८ में अपना चोला छोड़ा १०८ वर्ष की अवस्था में।

बानी-परिचय

साखी, शब्द (पद) और कुछ कवित्त भी मलूकदासजी ने कहे हैं। अन्य कई संतों की तरह इन्होंने निर्गुण के साथ-साथ सगुण का भी गुण-गान किया है। प्रेम की लहलही लहर और पल-पल में रंग पलटनेवाली दुनिया के तईं मस्तीभरी लापर्वाही इनकी साध-बानी की खास खूबी है। "अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम। दास मलूका कहि गया, सबका दाता राम"—इनकी इस अखूट विश्वासमयी साखी का, यह तो प्रसिद्ध ही है कि, कितना ग़लत अर्थ लगाया जाता है।

भाषा मिली-जुली साधु-भाषा है। फारसी के अनेक शब्दों और मुहाविरों का भी प्रयोग इनकी बानी में हुआ है। जानदार भाषा है।

आधार

१ बाबा मलूकदासजी की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ साध-संग्रह अथवा नूतन भक्तमाल—स्वामी बाग़, आगरा

बाबा मलूकदास

सतगुरु व निजरूप

शब्द

नाम तुम्हारा निरमला, निरमोलक हीरा ॥
तू साहेब समरत्थ, हम मल-मुत्र के कीरा ॥
पाप न राखै देह मे, जब सुमिरन करिये ।
एक अच्छर के कहतहीं, भौसागर तरिये ॥
अधम-उधारन सब कहैं, प्रभु बिरद तुम्हारा ।
सुनि सरनागत आइया, तब पार उतारा ॥
तुझ-सा गरुवा औ धनी, जामें बड़ई समाई ।
जरत उबारे पांडवा, ताती बाव न लाई ॥
कोटिक औगुन जन करै, प्रभु मनहिं न आनै ।
कहत मलूकदास को अपना करि जानै ॥१॥

सतगुरु व निजरूप

१ कीरा=कीड़ा । बिरद=प्रसिद्धि, बड़ा नाम । गरुवा=महान् । बड़ई समाई=बड़ी ही सामर्थ्य । जरत उबारे पाण्डवा=लाक्षागृह में से, जिसे दुर्योधन ने पाण्डवों को जला देने की इच्छा से बनवाया था, श्रीकृष्ण ने पहले ही सूचना देकर पाण्डवों को उसमें से बाहर निकाल लिया । ताती बाव=गर्म हवा ।

सदा सोहागिन नारि सो, जाके राम भतारा।
मुख माँगे सुख देत हैं, जगजीवन प्यारा॥
कबहुँ न चढ़ै रंडपुरा, जानै सब कोई।
अजर अमर अविनासिया, ताको नास न होई॥
नरदेही दिन दोय की, सुन सुरजन मेरी।
क्या ऐसों का नेहरा, मुए विपति घनेरी॥
ना उपजै ना वीनसै, संतन सुखदाई।
कहै मलूक यह जानिके मैं प्रीति लगाई॥२॥

विनती

अब तेरी शरण आयो राम॥
जबै सुनिया साध के मुख, पतितपावन नाम॥
यही जान पुकार कीन्ही, अति सतायो काम॥
विषय सेती भयो आजिज, कह मलूक गुलाम॥१॥

साँचा तू गोपाल, साँच तेरा नाम है।
जहँवाँ सुमिरन होय, धन्य सो ठाम है॥
साँचा तेरा भक्त, जो तुझको जानता।
तीन लोक को राज, मनै नहिं आनता॥
झूठा नाता छोड़ि, तुझे लव लाइया।
सुमिरि तिहारो नाम, परमपद पाइया॥

---

२ भतारा=भर्ता, पति। रँडपुरा=रँड़ापा। सुरजन=निश्चित मत। नेहरा=स्नेह।

विनती

१ विषय सेती=विषय-सेवन के परिणामरूप दुःख से। आजिज=लाचार।

२ लाहा=लाभ। धुंध=द्वंद्व, झगड़ा।

जिन यह लाहा पायो, यह जग आइकै।
उतरि गयो भव पार, तेरो गुन गाइकै॥
तुही मातु तुही पिता, तुही हितु बंधु है।
कहत मलूकदास, बिना तुझ धुंध है॥२॥

प्रेम

कौन मिलावै जोगिया हो, जोगिया बिन रह्यो न जाइ ॥टेक॥
मैं जो प्यासी पीव की, रटत फिरौं पिव पीव।
जो जोगिया नहिं मिलिहै हो, तो तुरत निकासूँ जीव॥
गुरुजी अहेरी मैं हिरनी, गुरु मारैं प्रेम का बान।
जेहि लागै सोई जानई हो, और दरद नहिं जान॥
कहैं मलूक सुनु जोगिनी रे, तनहिं में मनहि समाय।
तेरे प्रेम के कारने जोगी सहज मिला मोहिं आय ॥१॥

दर्द-दिवाने बावरे. अलमस्त फकीरा।
एक अकीदा लै रहे, ऐसे मन-धीरा॥
प्रेम-पियाला पीवते, बिसरे सब साथी।
आठ पहर यों झूमते, मैगल माता हाथी॥
उनकी नजर न आवते, कोई राजा रंक।
बंधन तोड़े मोह के, फिरते निहसंक॥

प्रेम

१ जोगिया=प्यारा सतगुरु। अहेरी=शिकारी। जोगिनी=प्रेम की साधिका, जीवात्मा।

२ अलमस्त=मतवाला, निर्द्वन्द्व। अकीदा=विश्वास। मैगल=मतवाला। निहसंक=निर्भय। तमाई=वासना।

साहेव मिल साहेव भये, कछु रही न तमाई।
कहैं मलूक तिस घर गये, जहँ पवन न जाई ॥२॥

भक्त-महिमा

सोई सहर सुवस वसे, जहँ हरि के दासा।
दरस किये सुख पाइये, पूजै मन आसा ॥
साकट के घर साधजन, सुपनैं नहिं जाहीं।
तेइ-तेइ नगर उजाड़ हैं, जहँ साधू नाहीं ॥
मूरत पूजैं वहुत मति, नित नाम पुकारै।
कोटि कसाई तुल्य हैं, जो आतम मारैं ॥
परदुख-दुखिया भक्त है, सो रामहिं प्यारा।
एक पलक प्रभु आपतें, नहिं राखैं न्यारा ॥
दीनवंधु करुनामयी, ऐसे रघुराजा।
कहैं मलूक जन आपने को कौन निवाजा ॥१॥

हमसे जनि लागे तू माया।
थोरे से फिर वहुत होयगी, सुनि पैहैं रघुराया ॥
अपने में है साहेव हमरा, अजहूँ चेतु दिवानी।
काहू जन के वस परि जैहौ, भरत मरहुगी पानी ॥
तर ह्वै चितय लाज करु जन की, डारु हाथ की फाँसी।
जन तें तेरो जोर न चलिहै, रच्छपाल अविनासी ॥२॥

भक्त-महिमा

१ साकट=शाक्त, वाममार्गी। आतम मारैं=आत्मा को कष्ट देते हैं। निवाजा=कृपा की, उद्धार किया।

२ वहुत होयगी=झगड़ा वहुत वढ़ जायगा। काहू जन के=किसी हरि-भक्त के। तर ह्वै चितय=नीचे की ओर देख।

चेतावनी

राम-मिलन क्यों पइये, मोहि राखा ठगवन घेरि, हो।
क्रोध तो काला नाग है, काम तो परघट काल ॥
आप आपको खैंचते, मोहि कर डाला बेहाल, हो ॥
एक कनक और कामिनी, यह दोनों बटपार।
मिसरी की छुरी गर लायके, इन मारा सब संसार, हो ॥
इन में कोई ना भला, सब का एक विचार।
पैंडा मारैं भजन का, कोइ कैसेके उतरै पार, हो ॥
उपजत बिनसत थकि पड़ा, जियरा गया उकताय।
कहै मलूक बहु भरमिया, मो पै अब नहिं भरमो जाय, हो ॥१॥

मुवा सकल जग देखिया, मैं तो जियत न देखा कोय, हो।
मुवा मुई को ब्याहता रे, मुवा ब्याह करि देइ ॥
मुए बराते जात हैं, एक मुवा बधाई लेइ, हो ॥
मुवा मुए से लड़न को, मुवा जोर लै जाइ।
मुरदे मुरदे लड़ि, मरे मुरदा मन पछिताइ, हो ॥
अंत एक दिन मरौगे रे, गलि गलि जैहै चाम।
ऐसी झूठी देह तें, काहे लेव न सांचा नाम, हो ॥
मरने मरना भांति है रे, जो मरि जानै कोइ।
रामदुवारे जो मरे, वाका बहुरि न मरना होइ, हो ॥

चेतावनी

१ ठगवन=ठगाने। परघट=प्रकट, प्रत्यक्ष। बटपार=राह में लूट लेने-वाले। मिसरी की छुरी=मोहिनी। पैंडा मारैं=रास्ते से भटका देते हैं। गया उकताय=ऊब गया।

२ भाँति=अंतर। उदास=विरक्त।

इनकी यह गति जानिके, मैं जहँ-तहँ फिरौं उदास।
अजर अमर प्रभु पाइया, कहत मलूकादास, हो ॥२॥

उपदेश

आपा मेटि न हरि भजे, तेइ नर डूबे।
हरि का मर्म न पाइया, कारन कर ऊबे॥
करें भरोसा पुन्न का, साहेब विसराया।
बूड़ गये तरवोर को, कहुँ खोज न पाया॥
साध-मंडली बैठिके, मूढ़ जाति वखानी।
हम वड़ हम वड़ करि मुए, बूड़े विन पानी॥
तवके बाँधे तेई नर, अजहूँ नहिं छूटे।
पकरि-पकरि भलि भांति से, जमदूतन लूटे॥
काम को सब त्यागिके, जो रामै गावै।
दास मलूका यों कहै, तेहिं अलख लखावै॥१॥

गर्व न कीजे बावरे, हरि गर्वप्रहारी।
गर्वहिं ते रावन गया, पाया दुख भारी॥
जरन खुदी रघुनाथ के, मन नाहिं सोहाती।
जाके जिय अभिमान है, ताकी तोरत छाती॥
एक दया औ दीनता, ले रहिये भाई।
चरन गहो जाय साध के, रीझैं रघुराई॥
यही वड़ा उपदेस है, परद्रोह न करिये।
कह मलूक हरि सुमिरके भौसागर तरिये॥२॥

उपदेश

१ तरवोर=विना थाह। जाति वखानी=ऊँचे कुल का वखान किया।
२ जरनि=जलन, ईर्ष्या। खुदी=अहंकार।

ना वह रीझै जप तप कीन्हें, ना आतम को जारे ।
ना वह रीझै धोती टाँगे, ना काया के पखारे ॥
दाया करै, धरम मन राखै, घर में रहै उदासी ।
अपना-सा दुख सबका जानै, ताहि मिलैं अविनासी ॥
सहै कुसब्द, वादहू त्यागै, छाँड़ै गर्व गुमाना ।
यही रीझ मेरे निरंकार की, कहत मलूक दिवाना ॥३॥

मन तें इतने भरम गँवावो ।
चलत विदेस विप्र जनि पूछो, दिन का दोष न लावो ॥
संझा होय करो तुम भोजन, बिनु दीपक के बारे ।
जौन कहैं असुरन की बेरिया, मूढ़ दई के मारे ॥
आप भले तो सबहि भलो है, बुरा न काहू कहिये ।
जाके मन कछु बसै बुराई, तासों भागे रहिये ॥
लोक वेद का पैंडा औरहि, इनकी कौन चलावै ।
आतम मारि पषानैं पूजैं, हिरदै दया न आवै ॥
रहो भरोसे एक राम के, सूरे का मत लीजै ।
संकट पड़े हरज नहिं मानो, जिय का लोभ न कीजै ॥
किरिया करम अचार भरम है, यही जगत का फंदा ।
माया-जाल में बाँधि अँडाया, क्या जानै नर अन्धा ॥
यह ससार बड़ा भौसागर, ताको देखि सकाना ।
सरन गये तोहि अब क्या डर है, कहत मलूक दिवाना ॥४॥

---

३ धोती टाँगे=छू जाने के भय से धोती ऊपर को उठाकर चलना । उदासी=अनासक्त । वाद हू=वाद-विवाद भी ।

४ भरम=मिथ्या विश्वास । बारे=जलाये । जौन……मारे=जो यह कहें कि सन्ध्या तो राक्षसों का समय है, समझलो कि उन मूर्खों की बुद्धि मारी गई है । भागे=दूर । पैंडा=रास्ता । सूरे का मत लीजै=शूर से उसके

राम कहो राम कहो, राम कहो बावरे।
अवसर न चूक भोंदू,पायो भला दाँव रे॥
जिन तोको तन दीन्हो, ताको न भजन कीन्हो,
जनम सिरानो जात तेरो लोहे कैसो ताव रे॥
रामजी को गाव गाव, रामजी को तू रिझाव,
रामजी के चरनकमल चित्त माहिं लाव रे॥
कहत मलूकदास, छोड़ दे तैं झूठी आस,
आनँद-मगन होइके, तैं हरिगुन गाव रे॥५॥

फुटकर

अब मैं अनुभव-पदहिं समाना॥
सब देवन को भर्म भुलाना, अविगति हाथ विकाना।
पहला पद है देई-देवा, दूजा नेम-अचारा।
तीजे पद में सब जग बंधा, चौथा अपरम्पारा॥
सुन्न महल में महल हमारा, निरगुन सेज बिछाई।
चेला गुरु दोउ सैन करत हैं, बड़ी असाइस पाई॥
एक कहै चल तीरथ जइये, (एक) ठाकुरद्वार बतावै।
परमजोति के देखे संतो, अब कछु नजर न आवै॥
आवागवन का संसय छूटा, काटी जम की फांसी।
कह मलूक मैं यही जानिके, मित्र कियो अविनासी॥१॥

अपनी लकड़ी पर के भरोसे से पाठ सीखले। अँडाया=अटका दिया।
सकाना=थरथराया, डर गया।

५ भोंदू=मूर्ख। ताव=ताप, उतनी गर्मी जितनी किसी चीज़ को तपाने या पकाने के लिए पहुँचाई जाय।

फुटकर

१ सुन्न महल=चित्त की शून्यावस्था, निर्विकल्प समाधि की स्थिति। असाइस=आसाइश, आराम।

दीनबंधु दीनानाथ मेरी तन हेरिये ॥
भाई नाहिं बंधु नाहिं, कुटुम परिवार नाहिं,
ऐसा कोई मित्र नाहिं, जाके ढिग जाइये ॥
सोने की सलैया नाहिं, रूपे को रुपैया नाहिं,
कौड़ी पैसा गाँठ नाहिं जासे कछु लीजिये ॥
खेती नाहिं बारी नाहिं, बनिज ब्यौपार नाहिं,
ऐसा कोई साहु नाहिं जासों कछु माँगिये ॥
कहत मालूकदास, छोड़दे पराई आस,
रामधनी पायके अब काकी सरन जाइये ॥२॥

कवित्त

भील कद करी थी भलाई जिया आप जान,
फील कद हुआ था मुरीद कहु किसका ॥
गीध कद ज्ञान की किताब का किनारा छुआ,
ब्याध और बधिक तारा, क्या निसाफ तिसका ॥
नाग कद माला लैके वंदगी करी थी बैठ,
मुझको भी लगा था अजामिल का हिसका ॥
एते बदराहों की तुम बदी करी थी माफ,
मलूक अजाती पर एती करी रिस का ॥३॥

---

२ तन=ओर। सलैया=सलाई, पाँसा। रूपे को=चाँदी का।

३ भील=शबरी से अभिप्राय है। कद=कब। फील=गजेन्द्र से तात्पर्य है, जिसे भगवान् ने ग्राह के फंद से बचाया था। मुरीद=चेला। गीध=जटायु से आशय है। निसाफ=इन्साफ, न्याय। नाग=गजेन्द्र। हिसका=स्पर्धा। रिस=नाराजगी। का=क्या।

साखी

मलूका सोई पीर है, जो जानै पर-पीर।
जो पर-पीर न जानही, सो काफिर बेपीर ॥१॥

जहाँ-जहाँ बच्छा फिरै, तहाँ-तहाँ फिरै गाय।
कह मलूक जहँ संतजन, तहाँ रमैया जाय ॥२॥

भेष फकीरी जे करैं, मन नहिं आवै हाथ।
दिल फकीर जे हो रहे, साहेब तिनके साथ ॥३॥

कह मलूक हम जबहिं तें लीन्ही हरि की ओट।
सोवत हैं सुखनींद भरि, डारि भरम की पोट ॥४॥

राम राम के नाम को, जहाँ नहीं लवलेस।
पानी तहाँ न पीजिये, परिहरिये सो देस ॥५॥

गांठी सत्त कुपीन में, सदा फिरै निःसंक।
नाम अमल माता रहै, गिनै इन्द्र को रंक ॥६॥

धर्महिं का सौदा भला, दाया जग ब्योहार।
रामनाम की हाट ले, बैठा खोल किवार ॥७॥

औरहिं चिन्ता करन दे, तू मत मारे आह।
जाके मोदी राम-से, ताहि कहा परवाह ॥८॥

साखी

१ पीर=सिद्ध, धर्मगुरु।
२ रमैया=राम।
४ पोट=गठरी।
६ कुपीन=कौपीन, लँगोटी।
८ मोदी=साहूकार।

रामराय असरन सरन, मोहिं आपन करि लेहु।
संतन सँग सेवा करौं, भक्ति-मजूरी देहु ॥९॥

भक्ति-मजूरी दीजिये, कीजै भवजल पार।
बोरत है माया मुझे, गहे बाहँ बरियार ॥१०॥

प्रेम नेम जिन ना कियो, जीतो नाहीं मैन।
अलख पुरुष जिन ना लख्यो, छार परो तेहि नैन ॥११॥

रात न आवै नींदड़ी, थरथर कॉपै जीव।
ना जानूँ क्या करैगा, जालिम मेरा पीव ॥१२॥

सब बाजे हिरदे बजैं, प्रेम पखावज तार।
मंदिर ढूँढ़त को फिरै, मिल्यो बजावनहार ॥१३॥

करै पखावज प्रेम का, हृदय बजावै तार।
मनै नचावै मगन ह्वै, तिनका मता अपार ॥१४॥

जो तेरे घट प्रेम है, तो कहि कहि न सुनाव।
अंतर्जामी जानिहै, अंतरगत का भाव ॥१५॥

माला जपों न कर जपों, जिभ्या कहों न राम।
सुमिरन मेरा हरि करै, मैं पाया बिसराम ॥१६॥

जेती देखै आतमा, तेते सालिगराम।
बोलनहारा पूजिये, पत्थर से क्या काम ॥१७॥

---

१० बरियार=ज़बरदस्ती।

११ मैन=मदन, काम-वासना। तार=सितार या वीणा।

१६ बिसराम=विश्राम, छुट्टी।

१७ आतमा=प्राणी।

देवल पुजे कि देवता, की पूजे पाहाड़।
पूजन को जाँता भला, जो पीस खाय संसार ॥१८॥

मक्का मदिना द्वारका, बद्री अरु केदार।
बिना दया सब झूठ है, कहै मलूक विचार ॥१९॥

हरी डारि ना तोड़िये, लागै छूरा बान।
दास मलूका यों कहै, अपना-सा जिव जान ॥२०॥

जे दुखिया संसार में, खोवो तिनका दुक्ख।
दलिद्दर सौंप मलूक को, लोगन दीजै सुक्ख ॥२१॥

कुंजर चींटी पशू नर, तामें साहेब एक।
काटै गला खोदाय का, करै सूरमा लेख ॥२२॥

सब कोउ साहेब बन्दते, हिन्दू मुसलमान।
साहेब तिसको बन्दता, जिसका ठौर इमान ॥२३॥

दया-धर्म हिरदे बसै, बोलै अमिरत बैन।
तेई ऊँचे जानिये, जिनके नीचे नैन ॥२४॥

मलूक वाद न कीजिये, क्रोधैं देहु बहाय।
हार मानु अनजान तें, बकबक मरै बलाय ॥२५॥

मूरख को का बोधिये, मन में रहो विचार।
पाहन मारे क्या भया, जहँ टूटै तरवार ॥२६॥

---

१८ जाँता=चक्की।
२१ दलिद्दर=दरिद्रता, दुःख।
२४ जिनके नीचे नैन=जो नम्र और शीलवान् हैं।
२६ बोधिये=उपदेश दे। पाहन=पत्थर।

दुखदाई सबते बुरा, जानत है सब कोय।
कह मलूक कंटक मुवा, धरती हलकी होय ।।२७।।

कोई जीति सकै नहीं, यह मन जैसे देव।
याके जीते जीत है, अब मैं पायो भेव ।।२८।।

तैं मत जानै मन मुवा, तन करि डारा खेह।
ताका क्या इतबार है, जिन मारे सकल बिदेह ।।२६।।

सुन्दर देही पायके, मत कोइ करै गुमान।
काल दरेरा खायगा, क्या बूढ़ा क्या ज्वान ।।३०।।

सुन्दर देही देखिके, उपजत है अनुराग।
मढ़ी न होती चाम की, तो जीवत खाते काग ।।३१।।

जेते सुख संसार के, इकठे किये बटोर।
कन थोरे कॉकर घने, देखा फटक पछोर ।।३२।।

मलूक कोटा झॉझरा, भीत परी भहराय।
ऐसा कोई ना मिला, जो फेर उठावै आय ।।३३।।

आदर मान महत्व सत, बालापन को नेह।
यह चारों तबहीं गये, जबहिं कहा 'कछु देह' ।।३४।।

प्रभुताही कों सब मरैं, प्रभु कों मरै न कोय।
जो कोई प्रभु कों मरै, तो प्रभुता दासी होय ।।३५।।

---

२८ देव=दानव ; देव का अर्थ फारसी में दानव हो गया है। भेव=भेद।

२६ खेह=मिट्टी। बिदेह=महान् ज्ञानी, जिसे देह का भी भान न हो।

३० दरेरा=रगड़ा, धक्का।

३२ कन=अन्न के दाने। कॉंकर=कंकड़। पछोर=सूप में रखकर अनाज साफ करना।

३३ झॉंझरा=जर्जरित, बहुत पुराना। परी भहराय=ढह पड़ी ; देहपात से अभिप्राय है।

बाबा धरनीदास

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१७१३ वि०

जन्म-स्थान—माँझी गाँव (ज़िला छपरा)

पिता—परसरामदास

माता—बिरमा

जाति—कायस्थ

गुरु—स्वामी विनोदानन्द

चोला-त्याग-संवत्—अज्ञात

बाबा धरनीदास ने वैष्णव-कुल में जन्म लिया था। इनके दादा टिकैत-दास एक धर्मभीरु गृहस्थ थे, जिनकी धर्म-भावना का धरनीदास पर बहुत प्रभाव पड़ा था।

बड़े होनेपर धरनीदासजी माँझी के राजा के यहाँ दीवान के ओहदे पर नियुक्त हुए। किन्तु संवत् १७१३ में पिता की मृत्यु हो जाने से इनका चित्त बहुत खिन्न हो गया। वैराग्य के संस्कार जाग्रत हो उठे। घर के तथा ज़मींदारी के काम-काज से मन ऊब गया, और भगवद्भजन की ओर खिंचने लगा। निदान, एक दिन कागज़-पत्रों का बस्ता छोड़कर यह कड़ी कहते हुए दफ़्तर से चल दिये—

"लिखनी नाहिं करौं रे भाई, मोहिं रामनाम सुधि आई।"

माँझी के राजा ने बहुत समझाया, बहुत आग्रह किया, पर धरनीदास-जी नौकरी पर लौटे नहीं। नकद रुपया और ज़मीन भी उसने देनी चाही, पर कुछ भी लेने से साफ़ इन्कार कर दिया। अब वे 'पूरनधनी' की ऐसी नौकरी में पहुँच गये थे, जिसके आगे तीन लोक की मालिकी भी तुच्छ थी। हरि-प्रेम में मस्त होकर गाने लगे—

"एक धनी धन मोरा हो ॥
काहू के धन सोना रूपा, काहू के हाथी घोरा हो।
काहू के मनि मानिक मोती, एक धनी धन मोरा हो ॥"

बानी-परिचय

बाबा धरनीदासजी के रचे दो ग्रन्थ कहे जाते हैं—सत्यप्रकाश और प्रेमप्रकाश। इन्होंने विविध अङ्गों पर अनेक छन्दों में कहा है—शब्द, साखी, कवित्त, सवैया आदि इनकी बानी में आये हैं। 'ककहरा' भी है, और 'अलिफ नामा भी'। 'बारहमासा' भी इनका विरह-रस का अनूठा वट है।

धरनीदासजी की बानी में वैराग्य, विरह और मिलन-उल्लास का रस पद-पद पर छलक रहा है। सूफी रंग भी जहाँ-तहाँ दीखता है। अभ्यास-जन्य स्वानुभव की निर्मल झलक तो इनके अनेक शब्दों में मिलती है। बानी सचमुच ऊँचे घाट की है।

भाषा भी मधुर और सरल है। फारसी के शब्दों के साथ-साथ अनेक नये-नये जनपदीय शब्दों का भी बड़ा सुन्दर प्रयोग हुआ है।

आधार

१ धरनीदासजी की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
साध-संग्रह अथवा नूतन भक्तमाल—स्वामीबाग, आगरा

बाबा धरनीदास

शब्द

एक पिया मोरे मन मान्यों, पतिव्रत ठान्यों हो।
अवरो जो इन्द्र समान, तौ त्रन करि जान्यों हो ॥
जहँ प्रभु बैसि सिंहासन, आसन डासब हो।
तहवाँ बेनियाँ डोलइवों, बड़ सुख पइवों हो ॥
जहँ प्रभु करहिं लवासन, पवढ़हिं आसन हो।
कर तें पग सुहरैवों, हृदय सुख पइवों हो ॥
धरनी प्रभु चरनामृत, नितहिं अँचइवों हो।
सन्मुख रहिवों मैं ठाढ़ी, अनतै नहिं जइवों हो ॥१॥

राग सारंग

भई कन्त-दरस बिनु बावरी।
मो तन व्यापै पीर प्रीतम की, मूरख जानै आवरी ॥
पसरि गयो तरु प्रेम साखा सखि, बिसरि गयो चित चाव री।
भोजन भवन सिंगार न भावै, कुल करतूति अभाव री ॥

शब्द

१ अवरो=और कोई। डासब=बिछायेंगे। बेनियाँ डुलैवौं=बेनी का चँवर डोलाऊँगी। लवासन=भोजन। पवढ़हिं आसन=सेज पर लेटेंगे। सुहरइवों=सुहलाऊँगी। अँचइवों=पीऊँगी। अनतइ=और जगह।

खिन खिन उठि उठि पंथ निहारों, बारबार पछितावँ री।
नैनन अंजन नींद न लागै, लागै दिवस विभाव री॥
देह-दसा कछु कहत न आवै, जस जल ओछे नाव री।
धरनी धनी अजहुँ पिय पावों, तौ सहजै अनँद-बधाव री॥२॥

राग सारंग

हित करि हरिनामहिं लाग रे।
घरी घरी घरियाल पुकारै, का सोवै उठि जाग रे॥
चोआ चन्दन चुपड़ तेलना, अरु अलबेली पाग रे।
सो तन जरै खड़े जग देखो, गूद निकारत काग रे॥
मात पिता परिवार सुता सुत, बन्धु-त्रिया-रस त्याग रे।
साधु के संगति सुमिर सुचित होइ, जो सिर मोटे भाग रे॥
सम्बत जरै बरै नहिं जबलगि, तबलगि खेलहु फाग रे।
धरनीदास तासु बलिहारी, जहँ उपजै अनुराग रे॥३॥

राग बिलावल

तब कैसे करिहौ रामभजन।
अबहिं करौ जब कछु करि जानौ, अवचक कीच मिलैगो तन॥
अन्त समौ कस सीस उठैहौ, बोल न ऐहै दसन रसन।
थकित नाटिका नैन स्रवन बल, बिकल सकल अँग नखसिख सन॥

---

२ आवरी=कुछ और हीं। खिन-खिन=पल-पल, क्षण-क्षण। विभाव=उदास।

३ चोआ=शीतल सुगंधित द्रव पदार्थ। अलबेली पाग=टेढ़ी बाँकी पगड़ी। गूद=गूदा, चर्बी। सम्बत्=आयु से तात्पर्य है।

४ अवचक=यकायक। रसन=जीभ। नाटिका=नाड़ी। ओझा=झाड़

ओझा वैद सगुनिया पंडित, डोलत आँगन द्वार भवन।
मातु पिता परिवार बिलखि मन, तोरि लिये तन सब अभरन ।।
बारबार गुनि गुनि पछतैहौ, परवस परिहै तन मन धन।
धरनी कहत सुनो नर प्रानी, वेगि भजो हरिचरनसरन ।।४।।

राग बिलावल

मै निरगुनियाँ, गुन नहिं जाना। एक धनी के हाथ बिकाना ।।
सोइ प्रभु पक्का,मैं अति कच्चा। मैं झूठा, मेरा साहिब सच्चा।
मैं ओछा, मेरा साहिब पूरा। मैं कायर, मेरा साहिब सूरा ।।
मैं मूरख, मेरा प्रभु ज्ञाता। मैं किरपिन, मेरा साहिब दाता ।।
धरनी मन मान्यों इक ठाउँ। सो प्रभु जीवो, मैं मरि जाउँ ।।५।।

राग बिलावल

एक धनी धन मोरा हो।
काहू के धन सोना रूपा, काहू के हाथी घोरा हो।
काहू के मनि मानिक मोती, एक धनी धन मोरा हो ।।
राज न हरै, जरै न अगिन ते, कैसहु पाय न चोरा हो।
खरचत खात सिरात कबहिं नहिं, घाट बाट नहिं छोरा हो ।।
नहिं सँदूक नहिं भुइँ खनि गाड़ों, नहिं पट घालि मरोरा हो।
नैन के ओझल पलकनि राखों, साँझ-दिवस निसि-भोरा हो ।।
लव धन लै मनि बेचन चाहे, तीन हाट टटकोरा हो।
कोई वस्तु नाहिं ओहिजोगे, जो मोलउँ सो थोरा हो ।।

फूँक करनेवाला, सयाना। अभरन=आभरण, गहना।

५ निरगुनियाँ=मूर्ख। ओछा=अपूर्ण।

६ ,रूपा=चाँदी। सिरात=चुकता है। छोरा=लुटता है। खनि=खोद-कर। पट घालि मरोरा=कपड़े में रखकर गाँठ बाँधी। तीन हाट=तीन

जा धन तें जन भये धनी बहु, हिन्दू तुरुक करोरा हो।
सो धन धरनी सहजहिं पायो, केवल सतगुरु के निहोरा हो ॥६॥

राग टोडी

जब मेरो यार मिलै दिलजानी। होइ लवलीन करौं मेहमानी॥
हृदयकमल बिच आसन सारी। ले सरधा-जल चरन पखारी॥
हित कै चन्दन चरचि चढ़ायो। प्रीति कै पंखा पवन डोलायो॥
भाव के भोजन परसि जेंवायो। जो उबरा सो जूठन पायो॥
धरनी इत-उत फिरहि न भोरे। सन्मुख रहहि दोऊ कर जोरे॥७॥

राग नट

जौलों मन तत्तुहिं नहिं पकरै।
तौलों कुमति-किवार न टूटैं, दया नाहिं उघरै॥
काहे के तीरथ-बरत भटकि भ्रम, थाकि-थाकि बहरै।
मंडप महजिद मुरति सुरति करि, धोखेहिं ध्यान धरै॥
काहे के अन तजि बन-फल तोरे, का पचि अनल बरै।
काहे के बलकरि जल पर सोवै, भुइँ खनि खँदक परै॥
दान विधान पुरान सुनै नित, तौ नहिं काज सरै।
धरनी भवजल तत्तु नाव री, चढ़ि-चढ़ि भक्त तरै॥८॥

लोक से तात्पर्य है। टटकौ।।=खोज। । ओहिजोगे=उसके बदले में लेनेयोग्य।

७ सारी=डालकर, बिछाकर। चरचि=लेप करके। उबरा=बचा। भोरे=भूलकर भी।

८ तत्तुहिं नहिं पकरै=सार-तत्त्व, अर्थात् आत्मज्ञान को ग्रहण नहीं करता। नाहिं उघरै=दीखती नहीं है। मण्डप=मन्दिर से तात्पर्य है। अन=अन्न। अनल बरै=पंचाग्नि के बीच तप करता है। बलकरि=हठपूर्वक।

राग गौरी

रे बन्दे, तू काहेके होत दिवाना।
एक अलाह दोस्त है तेरा, अवर तमाम बेगाना॥
कौल करार विसारि बावरी, मान मनी मन माना।
आखिर नहिं दुनियाँ में रहना, बहुरि उहाँई जाना॥
जाहिर जीव जहान जहाँलगि, सब मों एक खोदाई।
बहुरि गनीम कहाँ ते आया, जापर छुरी चलाई॥
दूर नहीं है दिल का मालिक, बिना दरद नहिं पैहौ।
धरनी बाँग बुलन्द पुकारै, फिरि पाछे पछितैहौ॥९॥

राग बिहागरा

पिय बड़ सुन्दर सखि, बनि गैला सहज सनेह॥
जे-जे सुन्दरि देखन आवैं, ताकर हरि ले ज्ञान।
तीन भुवन के रूप तुलै नहिं, कैसेके करउँ वखान॥
जे अगुवा अस कइल धरतुई, ताहि नेवछावरि जावँ।
जे बाह्मन अस लगन विचारल, तासु चरन लपटाँव॥
चारिउ ओर जहाँ-तहँ चरचा, आनकै नाँव न लेइ।
ताहि सखी की बलि-बलि जैहौं, जे मोरि साइति देइ॥
झलमल झलमल झलकत देखो, रोम-रोम मन मान।
धरनी हरषित गुन-गन गावै, जुग-जुग करि रसपान॥१०॥

---

९ गनीम=वैरी। बाँग बुलन्द=ऊँचे स्वर की अज़ान; वह ऊँचा शब्द या मन्त्रोच्चारण जो नमाज का समय बताने के लिए मुल्ला मस्जिद में करता है।

१० अगुआ=व्याह की बात चलानेवाले। धरतुई कइल=सगाई कराई। साइति=व्याह का मुहूर्त। मन माना=मन मोहित हो गया है।

सवैया

जीवन थोर बचा, भा भोर, कहा धन जोरि करोर बढ़ाये।
जीवदया करु साधु की संगति, पैहौ अभय पद दास कहाये॥
आसन कर्म छपावत हौ, सो तो देखत है घट में घर छाये।
वेग भजो धरनी मरनी, ना तो आवत काल कमान चढ़ाये॥१॥

ज्ञान को बान लगो धरनी, जन सोवत चौंकि अचानक जागे।
छूटि गयो विषया-विष-बन्धन, पूरन प्रेमसुधारस-पागे॥
भावत बाद विवाद निखाद, न स्वाद जहाँलगि सो सबत्यागे।
मूँदि गई अँखियाँ तबतें, जबतें हिये में कछु हेरन लागे॥२॥

साखी

धरनी जहँलगि देखिये, तहँलौं सबै भिखारि।
दाता केवल सतगुरू, देत न मानै हारि॥१॥

धरनि फिरहिं देसन्तरा, धरि-धरिके बहु भेस।
कोई-कोई देखिहै, अन्तर गुरु-उपदेस॥२॥

धूवाँ के धवरेहरा, औ धूरी को धाम।
ऐसे जीवन जगत में, बिनु गुरु बिनु हरि-नाम॥३॥

सवैया

१ घर छाये=बसा हुआ, व्यापक।

२ निखाद=निषिद्ध। कछु हेरत लागे=अतर में कुछ-कुछ ज्ञान-ज्योति का प्रकाश नजर आने लगा।

साखी

२ देसन्तरा=देशान्तर, दूसरे-दूसरे देश

३ धूरी=धूल, बालू।

गोरिया, गरब करेहु जनि, अपने गोरे गात।
काल्हि परों चलि जाइहै, जैसे पियरे पात ॥४॥

धरनी चहुँदिसि चरचिया, करि-करि बहुत पुकार।
नाहीं हम हैं काहुके, नाहीं कोउ हमार ॥५॥

धरनी परबत पर पिया चढ़ते बहुत डेरॉंव।
कबहुँक पाँव जु डिगमिगै, पावों कतहुँ न ठाँव ॥६॥

धरनी धवल धरेहरहिं, चढ़ि-चढ़ि चहुँदिसि हेर।
आवत पिय नहिं दीखतो, भइली बहुत अबेर ॥७॥

धरनी पलक परै नहीं, पिय की झलक सोहाय।
पुनि पुनि पीवत परमरस, तबहूँ प्यास न जाय ॥८॥

धरनी खेती भक्ति की, उपजे होत निहाल।
खरचि खाइ निबरै नहीं, परै न दुक्ख-दुकाल ॥९॥

धरनी मन मिलबो कहा, तनिक माहिं बिलगाय।
मन को मिलन सराहिये, इक में इक होइ जाय ॥१०॥

बिनु पगु निरत करो तहाँ, बिनु कर दै-दै तारि।
बिनु नैनन छबि देखना, बिनु सरवन झनकारि ॥११॥

बहुत दुवारे सेवना, बहुत भावना कीन्ह।
धरनी मन संसय मिटी, तत्व परो जब चीन्ह ॥१२॥

---

४ काल्हि परों=कल या परसों, जल्दी ही।
६ परबत=प्रेम की ऊंची-से-ऊँची ठौर।
७ भइली=हो गई। अबेर=देर।
११ निरत=नृत्य। तारि=ताली। सरवन=श्रवण, कान।

धरनी तन में तख्त है, ता ऊपर सुलतान।
लेत मोजरा सबहिं को, जहँलौं जीव जहान ॥१३॥

लिखि-लिखि सिख-सिख का भयो, पढ़ि-गुन गाय-बजाय।
धरनी मूरति मोहिनी, जौलगि हिय न समाय ॥१४॥

धरनी धरमी बाम्हने, बसहिं भरम के देस।
करम चढ़ावहि आपु सिर, अवर जे लैं उपदेस ॥१५॥

करनी पार उतारिहै, धरनी कियो पुकार।
साकित बाम्हन नहिं भला, भक्त भला चमार ॥१६॥

माँस-अहारी बाम्हना, सो पापी बहि जाउ।
धरनी सूद्र बइसनवा, ताहि चरन सिर नाउ ॥१७॥

दामिनि ऐसी कामिनी, फाँसी ऐसो दाम।
धरनी दुइ तें बाचिये, कृपा करै जो राम ॥१८॥

धरनी काहि असीसिये, दीजै काहि सराप।
दूजा कतहुँ न देखिये, सब घट आपै-आप ॥१९॥

धरनी सो पंडित नहीं, जो पढ़ि-गुनि कथै बनाय।
पंडित वाहि सराहिये, जो पढ़ा बिसरि सब जाय ॥२०॥

धरनी कोउ निन्दा करै, तू अस्तुति करु वाहि।
तुरत तमासा देखिये, इहै साधु मत आहि ॥२१॥

---

१३ मोजरा=मुजरा, अभिवादन या विनती सुनना ।

१६ साकित=शाक्त, वाममार्गी, मद्य-मांस का सेवन करनेवाला ।

१७ बहि जाव=नाश हो जाय, धिक्कार है ।

१९ सराप=शाप । तमाशा=प्रेम अर्थात् अहिंसा का अद्भुत परिणाम ।

माँस-अहारी जीयरा, सो पुनि कथै गियान।
नाँगी होइ घूँघट करै, धरनी देखि लजान ॥२२॥

विष लागे दुनिया मरै, अमृत लागे साध।
धरनी ऐसो जानिहै, जाको मता अगाध ॥२३॥

धरनी आपन मरम को, कहिए नाहीं काहि।
जाननहार सो जानिहै, जैसो जो कछु आहि ॥२४॥

---

२२ जियरा=जीव।

२३ अमृत लागे साध=आत्मज्ञान का अमृत प्राप्त होने से संतजन देहासक्ति की ओर से मर जाते हैं।

२४ मरम=हृदय का भेद।

जगजीवन साहब

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१७२७ वि०

जन्म-स्थान—सरदहा गाँव (ज़िला बाराबंकी)

जाति—चंदेल क्षत्रिय

गुरु—बुल्ला साहब

भेष—गृहस्थ

मृत्यु-संवत्—१८१८ वि०

मृत्यु-स्थान—कोटवा (ज़िला बाराबंकी)

जगजीवन साहब के पिता खेती-बाड़ी करते थे। यह भी बचपन में अपने घर के गाय-बैलों को चराने ले जाया करते थे। पर इनका मन संसारी कामों में लगता नहीं था। बालपन से ही परमार्थ और सत्संग की ओर इनके चित्त का झुकाव था। कहते हैं कि एक दिन कहीं मैदान में जब यह बैल चरा रहे थे, दो महात्मा वहाँ अचानक पहुँचे—एक तो बुल्ला साहब और दूसरे गोविन्द साहब। उन्होंने जगजीवन से अपनी चिलम के लिए आग ले आने के लिए कहा। दौड़कर यह घर से आग तो लाये ही, कुछ दूध भी महात्माओं को पिलाने के लिए लोटे में ले आये। पर दूध को पिता से पूछकर नहीं लाये थे, इससे मन में कुछ डर रहे थे। बुल्ला साहब इसे भाँप गये। जगजीवन लौटकर जब घर आये तो दूध का बर्तन उन्होंने वैसे-का-वैसा भरा हुआ पाया। देखकर चकित हो गये। फिर दौड़कर वहीं पहुँचे। दोनों साधु तबतक वहाँ से चल दिये थे। किन्तु उन्हें कुछ दूर जाकर पकड़ लिया, और बड़ा आग्रह किया कि, 'मुझे आप अपना चेला बनालें।' बुल्ला साहब ने बालक के सिर पर हाथ रख दिया और उसके अन्तर का चोला पलट गया, उसपर प्रेम और वैराग्य का गहरा रंग चढ गया। दोनों साधु चलते समय बालक जगजीवन को अपना एक-एक

चिह्न भी दे गये,—बुल्ला साहब ने अपने हुक्के में से तोड़कर एक काला धागा और गोविन्द साहब ने अपने हुक्के में से सफेद धागा लेकर उसकी दाहिनी कलाई पर बाँध दिया। जगजीवन साहब के सत्तनामी पंथवाले अनुयायी आज भी इस दोरंगे धागे को अपनी कलाई पर बाँधते हैं और इसे वे 'आँदू' कहते हैं।

शंका उठाई जाती है कि बालक जगजीवन को चेतानेवाले महात्मा 'बावरी पंथ' के प्रसिद्ध बुल्ला साहब थे या इसी नाम के कोई दूसरे संत, अथवा अवध के सत्तनामी पंथ के प्रवर्त्तक जगजीवन साहब से भिन्न बुल्ला साहब के शिष्य यह कोई दूसरे जगजीवन साहब होंगे। सत्तनामियों का कहना है कि जगजीवन साहब किन्हीं विश्वेश्वर पुरी के शिष्य थे जो काशी में रहते थे, पर ऐसे विवादों में पड़ना व्यर्थ है। ऊँची गति को प्राप्त संतों के मार्ग-दर्शक गुरु अनेक हो सकते हैं। बावरी पंथ के ही बुल्ला साहब से उपदेश पाकर सत्तनामी पंथ को जगजीवन साहब ने अवध में चेताया, या किसी दूसरे इसी नाम के अथवा अन्य नाम के संत से शब्द-उपदेश लेकर इस प्रकार के ऊहापोह में क्यों पड़ा जाये? पहुँचे हुओं का मत एक ही होता है और वह पंथों से कुछ भिन्न व परे भी हो सकता है, और होता है।

जगजीवन साहब ने गृहस्थ-आश्रम में ही रहकर हज़ारों लोगों को परमार्थ का गहरा उपदेश दिया। इनकी दिन-दिन बढ़ती हुई महिमा को देखकर सरदहा गाँव के लोगों के मन में ईर्ष्या होने लगी। इसलिए सरदहा को छोड़कर वह वहाँ से छह मील दूर कोटवा गाँव में जाकर बस गये। कोटवा में जगजीवन साहब की आज भी समाधि और गद्दी है, जहाँ हर साल उनकी याद में एक बड़ा मेला लगता है। कोटवा शाखा के सत्तनामियों का यह बहुत बड़ा स्थान है। जगजीवन साहब ने इसी कोटवा में संवत् १८१८ में चोला छोड़ा था।

बानी-परिचय

कहा जाता है कि जगजीवन साहब ने ७ ग्रन्थ रचे थे—ज्ञान-प्रकाश, महाप्रलय, शब्द-सागर, अघविनाश, आगम-पद्धति, प्रथम-ग्रन्थ और प्रेम-ग्रन्थ। पर इनमें से प्रकाश में केवल शब्द-सागर ही आया है, जो दो भागों में "जगजीवन साहब की बानी" के नाम से इलाहाबाद के बेलवेडियर प्रेस से निकला है।

इनकी बानी बड़ी सरल और ऊँचे घाट की है। प्रेम और विरह और विनय का निरूपण कई पदों में इन्होंने बड़ा सजीव किया है। सदाचारी जीवन पर बहुत जोर दिया है। इनकी बानी में आत्मानुभूति की हम स्पष्ट झलक देखते हैं। वास्तव में जगजीवन साहब की बानी बहुत निर्मल और सुलझी हुई है। भाषा में स्वाभाविक प्रवाह और अच्छी सरसता है।

आधार

१ जगजीवन साहब की बानी (दोनों भाग)—बेलवेडियर प्रेस,
इलाहाबाद
२ उत्तरी भारत की संत-परंपरा—परशुराम चतुर्वेदी, भारती-भंडार,
इलाहाबाद

जगजीवन साहब

शब्द

साईं, जब तुम मोहि बिसरावत।
भूलि जात भौजाल-जगत मां, मोहिं नाहिं कछु आवत॥
जानि परत पहिचान होत जब, चरन-सरन लै आवत।
तब पहिचान होत है तुमते, सूरति सुरति मिलावत॥
जो कोई चहै कि करौं बंदगी, बपुरा कौन कहावत।
चाहत खैंचि सरन ही राखत, चाहत दूरि बहावत॥
हौं अजान अज्ञान अहौं प्रभु, तुमतें कहिकै सुनावत।
जगजीवन पर करत हौ दाया, तेहिते नहिं बिसरावत॥१॥

तुमसों मन लागो है मोरा।
हम तुम बैठे रही अटरिया, भला बना है जोरा॥
सत की सेज बिछाय सूति रहि, सुख आनन्द घनेरा।
करता हरता तुमहीं आहहु, करौं मैं कौन निहोरा॥
रह्यो अजान अब जानि पर्‌यो है, जब चितयो एक कोरा।
अब निर्बाह किये बनि आइहि, लाय प्रीति नहिं तोरिय डोरा॥

शब्द

१ मां=में। सूरति सुरति मिलावति=जब निरन्तर की लय तुम्हारे रूप से मिला देती है। बपुरा=बेचारा। दूरि बहावति=परे फेंक देते हो।

२ जोरा=जोड़ा। सूति रहि=सोते हैं। आहहु=हो। निहोरा=विनती।

आवागमन निवारहु साईं, आदि-अंत का आहिउँ चोरा।
जगजीवन विनती करि माँगै, देखत दरस सदा रहौं बोरा ॥२॥

चेतावनी

हमरा देखि करै नहिं कोई।
जो कोइ देखि हमारा करिहै, अंत फजीहति होई ॥
जस हम चले चलै नहिं कोईं, करी सो करै न सोई।
मानै कहा कहे जो चलिहै, सिद्ध काज सब होई ॥
हम तो देह धरे जग नाचब, भेद न पाई कोई।
हम आहन सतसंगी-वासी, सूरति रही समोई ॥
कहा पुकारि विचारि लेहु सुनि, वृथा सब्द नहिं होई।
जगजीवनदास सहज मन सुमिरन, विरले यहि जग कोई ॥१॥

बौरे, जामा पहिरि न जाना।
को तैं आसि कहाँ ते आइसि, समुझि न देखसि ज्ञाना ॥
घर वह कौन जहाँ रह वासा, तहाँ ते किहेउ पयाना।
इहाँ तौ रहिहौ दुई-चारदिन, अंत कहाँ-कहँ जाना ॥
पाप-पुन्न की यह बजार है, सौदा करु मन माना।
होइहि कूच ऊँच नहिं जानसि, भूलसि नाहिं हैवाना ॥
जो-जो आवा रहेउ न कोई, सबका भयो चलाना।
कोऊ फूटि टूटि गारत भा, कोउ पहुँचा अस्थाना ॥

एक कोर=प्रेम की एक नजर से। डोर=प्रेम का धागा। आहिउँ=हूँ।

चेतावनी

१ हमरा देखि=हमारी देखादेखी, हमारी नकल। फजीहति=विडंबना। आहन=है। सूरति रही समोई=लय-ध्यान में हम तल्लीन हो गये हैं। सहज मन=सहज भाव से।

२ जामा=देह से तात्पर्य है। आसि=है। आइसि=आया है। कहाँ

अब कि सँवारि सँभारि विचारिले, चूका सो पछिताना।
जगजीवन दृढ़ डोरि लाइ रहु, गहि मन चरन अडाना ॥२।

सुन सखि, तुमतें कहौं समुझाई ॥
करु न गुमान बहुरि पछितैहै, काहे क परसि भुलाई।
तब तैं आइसि कौन कौल करि, अब कस सुधि बिसराई ॥
जागि लागि लय नात नाह तें, देहु त्याग दुचिताई।
एहु घर दिन दुइ चार का नैहर, परिहौ परघर पछिताई ॥
हँसि कहि बात घात तुम जनिहहु, रहि मन महँ पछिताई।
जगजीवन सत पिउ अंतर मिलु काहेक जीव डेराई ॥३॥

नाम सुमिर मन बावरे, कहा फिरत भुलाना हो ॥
मट्टी का बना पूतला, पानी सँग साना हो।
इक दिन हंसा चलि बसै, घर बार बिराना हो ॥
निसि अँधियारी कोठरी, दूजे दिया न बाती हो।
बाँह पकरि जम लैचलै, कोउ संग न साथी हो ॥
गज रथ घोड़ा पालकी, अरु सकल समाजा हो।
इक दिन तजि चल जायेंगे, रानी औ राजा हो ॥
सेमर पर बैठा सुवना, लाल फर देख भुलाना हो।
मारत टोंट भुआ उधिराना, फिरि पाछे पछिताना हो ॥
गूलर कै तू भुनगा, तू का आव समाना हो।
जगजीवनदास विचारि कहत, सबको वहँ जाना हो ॥४॥

कहँ=किस-किस योनि में। ऊँच=ऊँचा स्थान, ब्रह्मपद। हैवाना=पशु, मूढ़। अडाना=टिकाना, अटकाना।

३ भुलाई परसि=भूल पड़ी, भूल गई। नात=नाता, संबंध। नाह=नाथ, स्वामी। दुचिताई=दुविधा।

४ अंतर मिलु=कपट छोड़कर हृदय से मिल। बिराना=पराया। सुवना=तोता। फर=फल। टोंट=चोंच। उधिराना=उधड़ गया।

गुरु और शब्द-महिमा

सुनु सुनु सखि री, चरनकमल तें लागि रहु री।
नीचे तें चढ़ि ऊँचे पाउ। मंदिल गगन मगन ह्वै गाउ॥
दृढ़करि डोरि पोढ़िकरि लाव। इत-उत कतहूँ नाहीं धाव।
सत समरथ पिय जीव मिलाव। नैन दरस रस आनि पिलाव॥
माती रहहु सबै बिसराव। आदि अंत तें बहु सुख पाव।
सन्मुख है पाछे नहिं आव। जुग-जुग बाँधहु एहै दाँव॥
जगजीवन सखि बना बनाव। अब मैं काहुक नाहिं डेराँव॥१॥

देखो री, जोगिया रहत कहाँ।
तीनि लोक महँ माया बसति है, चौथे लोक रहत है तहाँ॥
अधर सिंहासन बनो अहै री, जोगी बैठि रहत है तहाँ।
जगजीवन संतन महँ खोजो, कर विचार अपने मन महाँ॥२॥

तीरथ-ब्रत की तजिदे आसा।
सत्तनाम की रटना करिकै, गगन-मंडल चढ़ि देखु तमासा॥
ताहि मँदिल का अंत नहीं कछु, रवी बिहून किरिन परगासा।
वहाँ निरास धास करि रहिये, काहेक भरमत फिरै उदासा॥
देउँ लखाय छिपावहुँ नाहीं, जस मैं देखउँ अपने पासा।
ऐसा कोऊ सब्द सुनि समुझै, कटि अघ-कर्म होइ तब दासा॥

गुरु और शब्द-महिमा

१ गगन-मंदिल=शून्य मंदिर, निर्विकल्प लय की अवस्था। धाव=दौड़, डगमग हो। बनाव=अनुकूल अवसर।

२ चौथा लोक=तीन अवस्थाओं से परे, चौथी तुरीयावस्था से तात्पर्य है। अधर=बिना आधार के, शून्य में।

३ तमासा=अद्भुत रहस्य-लीला। रवी बिहून=बिना सूर्य के।

नैन चाखि दरसन-रस पीवै, ताहि नहीं है जम की त्रासा।
जगजीवनदास भरम तेहि नाहीं, गुरु क चरन करै सुक्ख-विलासा ॥३॥

कर्म-भर्म-निषेध

वहुतक देखादेखी करहीं।
जोग जुक्ति कछु आवै नाहीं, अंत भर्म महँ परहीं ॥
गे भरुहाइ अस्तुति जेइ कीन्हा, मनहिं समुझि ना परई।
रहनी गहनी आवै नाहीं, सब्द कहे तें लरई ॥
नहीं विवेक कहै कछु औरे, और ज्ञान कथि करई।
सूझि-बूझि कछु आवै नाहीं, भजन न एकौ सरई ॥
कहा हमार जो मानै कोई, सिद्ध सत्त चित धरई।
जगजीवन जो कहा न मानै, भार जाय सो परई ॥१॥

वहु पद जोरि-जोरि करि गावहिं।
साधन कहा सो काटि-कपटिकै, अपन कहा गोहरावहिं ॥
निंदा करहिं विवाद जहाँ-तहँ, वक्ता वड़े कहावहिं।
आपु अंध कछु चेतत नाहीं, औरन अर्थ वतावहिं ॥
जो कोउ राम का भजन करत है, तेहिकाँ कहि भरमावहिं।
माला मुद्रा भेप किये वहु, जग परमोधि पुजावहिं ॥
जहँते आये सो सुधि नाहीं, झगरे जन्म गँवावहिं।
जगजीवन ते निन्दक वादी, वास नर्क महँ पावहिं ॥२॥

निरास=निवृत्त, तटस्थ।

कर्म-भर्म-निषेध

१ भरुहाइगे=फूल गये। सरई=बनता है। सिद्ध=पूर्ण, निःसंशय।

२ काटि-कपटिकै=काट-छाँटकर। अपन कहा=अपना रचा हुआ। गोहरावहिं=कहते हैं, पुकारते हैं। परमोधि=प्रबोध या ज्ञान का उपदेश देकर। वादी=बकवादी।

मन महँ जाइ फकीरी करना।
रहै एकंत तंत तें लागा, राग निर्त नहिं सुनना॥
कथा चारचा पढ़ै-सुनै नहिं, नाहिं वहुत वक बोलना।
ना थिर रहै जहाँ तहँ धावै, यह मन अहै हिंडोलना॥
मैं तें गर्व गुमान विवादहिं, सबै दूर यह करना।
सीतल दीन रहै मरि अंतर, गहै नाम की सरना॥
जल पपान की करै आस नहिं, आहै सकल भरमना।
जगजीवनदास निहारि निरखिकै, गहि रहु गुरु की सरना॥३॥

विरह व प्रेम का अंग

पैयाँ पकरि मैं लेहुँ मनाय।
कहौं कि तुम्हहीं कहँ मैं जानौं, अब हौं तुम्हरी सरनहिं आय।
जोरी प्रीत, न तोरी कबहूँ, यह छवि सुरति बिसरि नहिं जाय॥
निरखत रहौं निहारत निसु-दिन, नैन दरस-रस पियौं अघाय।
जगजीवन के समरथ तुमहीं, तजि सतसग अनत नहिं जाय॥१॥

झमकि चढ़ि जाऊँ अटरिया री।
ए सखि पूँछों साँई केहिं अनुहरिया री॥
सो मैं चहौं रहौं तेहि संगहिं, निरखि जाउँ बलिहरिया री।
निरखत रहौं पलक नहिं लाओं, सूतों सत्त-सेजरिया री॥
रहौं तेहि सँग रँग-रसमाती, डारौं सकल बिसरिया री।
जगजीवन सखि पायन परिकै, माँगि लेउँ तिन सनिया री॥२॥

---

३ तत=तत्व-विचार। चारचा=चर्चा, वार्ता। रहै मरि अन्तर=अहंकार को मारकर। भरमना=भ्रम, धोखा।

बिरह व प्रेम का अंग

१ पइयाँ=पैर। अघाय=तृप्त होकर।

२ झमकि=उमाह से उछलकर। अनुहरिया=सूरत। सेजरिया=सेज, पलंग। सनिया=से ; सनेह यह अर्थ भी हो सकता है।

मैं तन मन तुम्ह पर वारा।
निसि-दिन लागि चरन की छहियाँ, सूनी सेज निहारा॥
तुम्हरे दरस कों भइ वैरागिन, माँगौं सरन करारा।
जगजीवन के सतगुरु साईं, तुमहीं पार उतारा॥३॥

जोगिन भइउँ अँग भसम चढ़ाय।
कव मोरा जियरा जुड़इहौ आय॥
अस मन ललकै, मिलौं मैं धाय।
घर-आँगन मोहिं कछु न सुहाय॥
अस मैं व्याकुल भइउँ अधिकाय।
जैसे नीर विन मीन सुखाय॥
आपन केहि तें कहौं सुनाय।
जो समुझौं तौ समुझि न आय॥
सँभरि-सँभरि दुख आवै रोय।
कस पापी कहँ दरसन होय॥
तन मन सुखित भयो मोर आय।
जव इन नैनन दरसन पाय॥
जगजीवन चरनन लपटाय।
रहै संग अव छूटि न जाय॥४॥

अव की वार तारु मोरे प्यारे. विनती करिकै कहौं पुकारे।
नहिं वसि अहै केतौ कहि हारे, तुम्हरे अव सव वनहि सँवारे॥
तुम्हरे हाथ अहै अव सोई, और दूसरो नाहीं कोई।
जो तुम चहत करत सो होई, जल थल महँ रहि जोति समोई॥

---

३ निहारा=राह देखती रही। करारा=किनारा।

४ जुड़इहौ=ठंडा करोगे। ललकै=लालसा करता है। सुखाय=सूख जाती है। सँभरि-सँभरि=रह-रहकर, याद कर-कर।

काहुक देत हौ मंत्र सिखाई, सो भजि अंतर भक्ति दृढ़ाई।
कहौं तो कछु कहा नहि जाई, तुम जानत, तुम देत जनाई॥
जगत भगत केते तुम तारा, मैं अजान केतान विचारा।
चरन सीस मैं नाहीं टारौं, निर्मल मूरत निरत निहारौं॥
जगजीवन कौं अब विस्वास, राखहु सतगुरु अपने पास॥५॥

अरी, मैं तो नाम के रंग छकी॥
जबतें चाख्यो विमल प्रेमरस, तब तें कछु न सोहाई।
रैनि दिना धुनि लागि रही, कोउ केतौ कहै समुझाई॥
नाम पियाला घोंटिकै कछु और न मोहिं चही।
जब डोरी लागी नाम की, तब केहिकै कानि रही॥
जो यहि रंग में मस्त रहत है, तेहि के सुधि हरना।
गगन-मँदिल दृढ़ डोरि लगावहु, जाहि रहौ सरना।
निर्भय ह्वैकै बैठि रहौं अब, माँगौं यह वर सोई॥
जगजीवन विनती यह मोरी, फिरि आवन नहिं होई॥६॥

मैं तोहिं चीन्हा, अब तौ सीस चरन तर दीन्हा॥
तनिक झलक छवि दरस देखाय। तबतें तन मन कछु न सोहाय॥
कहा कहौं कछु कहि नहिं जाय। अब मोहि कों सुधि समुझि न आय॥
होइ जोगिन अँग भस्म चढ़ाय। भँवर-गुफा तुम रहेउ छिपाय॥
जगजीवन छवि वरनि न जाय। नैनन मूरति रही समाय॥७॥

---

५ समाई=व्याप्त। केतान=क्या।
६ छकी=मतवाली, मस्त। डोरी=लय। कानि=लोक-मर्यादा। सुधि=होश।
७ चीन्हा=पहचान लिया। आन=है। भँवर गुफा=ब्रह्म-रंध्र।

रहिउँ मैं निरमल दृष्टि निहारी।
ए सखि मोहिं ते कहिय न आवै, कस-कस करहुँ पुकारी॥
रूप अनूप कहाँलगि बरनौं, डारौं सब कुछ वारी॥
रवि ससि गन वेहिं छवि सम नाहीं, जिन केहु गठा विचारी॥
जगजीवन गहि सतगुरु चरना, दीजै सबै विसारी॥८॥

उपदेश का अंग

साधो नाम तें रहु लौ लाय, प्रगट न काहू कहहु सुनाय॥
झूठै परगट कहत पुकारि, तातें सुमिरन जात विगारि॥
भजन वेलि जात कुम्हलाय, कौनि जुक्ति कै भक्ति दृढ़ाय॥
सिखि पढ़ि जोरि कहै बहु ज्ञान, सो तौ नाहिं अहै परमान॥
प्रीति-रीति रसना रहै गाय, सो तौ राम कों बहुत हिताय॥
सो तौ मोर कहावत दास, सदा बसत हौं तिनके पास॥
मैं-मरि मन तें रहे हैं हारि, दिप्त जोति तिनकै उजियारि॥
जगजीवनदास भक्त भे सोइ, तिनका आवागवन न होइ॥१॥

अरे मन, रहहु चरन तें लाग, इत उत सकल देहु तुम त्याग॥
दुइ कर जोरिकै लीजै माँग, सोवत उठहु मोह तें जाग॥
नयन निरखि छवि रहु रसपाग, कर्म भर्म सब जैहहिं भाग॥
जगजीवन अस रहु अनुराग, जानु आपने तबहीं भाग॥२॥

उपदेश का अंग

१ जात बिगारि=बिगड़ जाता है, विफल हो जाता है। जोरि=जोड़कर, कविता रचकर। परमान=प्रमाण, सत्य। हिताय=प्रिय लगती है।

२ रसपाग=आनन्दमग्न।

निर्भय ह्वै के नाचु, नाम धुन लाव रे।
इतनी बिनती सुनि लेव मेरी, इत-उत कतहुँ न धाव रे॥
औसर बीति बहुरि पछितैहौ, याही बना बनाव रे॥
देखु बिचारि कोउ थिर नाहीं, कोऊ रहै न पाव रे॥
दुइ अच्छर अंतर रटि रहहु, तत्त सो मंत्र सुनाव रे॥
जगजीवन बिस्वास आस गहु, चरनन सीस नवाव रे॥३॥

कलि की रीति सुनहु रे भाई।
माया यह सब है साईं की, आपुनि सब केहु गाई॥
भूले फूले फिरत आय, पर केहुके हाथ न आई।
जो है जहाँ तहाँ ही है सो, अंतकाल चाले पछिताई॥
जहँ कहुँ होय नामरस चरचा, तहाँ आइकै और चलाई।
लेखा-जोखा करहिं दाम का, पड़े अघोर नरक महँ जाई॥
बूड़हिं आपु और कहँ बोरहिं, करि झूठी बहुतक बकताई।
जगजीवन मन न्यारे रहिए, सत्तनाम तें रहु लय लाई॥४॥

नाम बिनु नहिं कोउकै निस्तारा॥
जान परतु है ज्ञान तत्त तें, मैं मन समुझि बिचारा।
कहा भये जल प्रात अन्हाये, का भये किये अचारा॥
कहा भये माला पहिरे तें, का दिये तिलक लिलारा।
कहा भये व्रत अन्नहिं त्यागे, का किये दूध-अहारा॥

---

३ बनाव=अनुकूल अवसर। तत्त=सारलप। नवाव=झुकाओ।

४ और चलाई=और दूसरी चर्चा चलाते हैं। अघोर=घोर। बोरहिं=डुबाते हैं। बकताई=बकवाद।

५ निस्तारा=छुटकारा। अचारा=कर्मकाण्ड के अनुसार आचार। लिलारा=ललाट, माथा। छार=भस्म। लोन किये न्यारा=नमक खाना

कहा भये पंचअगिन के तापे, कहा लगाये छारा।
कहा उर्धमुख धूमहिं घोंटें, कहा लोन किये न्यारा॥
कहा भये बैठे ठाढ़ें तें, का मौंनी किहे अमारा।
का पंडिताई का बकताई, का वहु ज्ञान पुकारा॥
गृहिनी त्यागि कहा बनवासा, का भये तन मन मारा।
प्रीतिविहूनि हीन है सब कछु, भूला सब संसारा॥
मंदिल रहै कहूँ नहिं धावै, अजपा जपै अधारा।
गगन-मंडल मनि बरै देखि छवि, सोहै सबतें न्यारा॥
जेहि बिस्वास तहाँ लै लागि, तेहि तस काम सँवारा।
जगजीवन गुरुचरन सीस धरि, छूटि भरम कै जारा॥५॥

आइ जग काहे मन बौराना।
जौन कौल करि ह्वाँ ते आयो, समुझि देखु वह ज्ञाना॥
तकि मायावस भूलि परेसि तैं, सत्तनाम नहिं जाना।
जो उपजा सो बिनसि जायगा, होइहै अंत चलाना॥
सब चलि जाइ अचल नहिं कोई, सचर अचर ससि भाना।
जगजीवन सतगुरु समरथ के, चरन रहौ लपटाना॥६॥

भेद का अंग

रँगि-रँगि चन्दन चढ़ावहु सांई के लिलार रे॥
मन तें पुहुप माल गूँथिकै, सो लैकै पहिरावहु रे।
बिना नैन तें निरखु देखु छवि, बिन कर सीस नवावहु रे॥

छोड़ दिया। बिहूनि=बिना। हीन=तुच्छ, व्यर्थ। मन्दिल=घर। मनि=मणि, ब्रह्मज्योति से तात्पर्य है। जारा=जाल।

६ बौराना=पागल हो गया। कौल=प्रभु के नाम-स्मरण का प्रण। ह्वाँ ते=वहाँ अर्थात् गर्भवास से। भूलि परेसि=भूल गया। भाना=भानु, सूर्य।

दुइ कर जोरिकै विनती करिकै, नाम कै मंगल गावहु रे।
जगजीवन विनती करि माँगै, कबहुँ नहीं बिसरावहु रे ॥१॥

सखि, बाँसुरी बजाय कहाँ गयो प्यारो ॥
घर की गैल बिसरिगै मोहिं वे, अंग न वस्त्र सँभारो।
चलत पाँव डगमगत धरनि पर, जैसे चलत मतवारो ॥
घर आँगन मोहिं नीक न लागै सब्द-बान हिये मारो।
लागि लगन में मगन वाहिसों, लोक-लाज कुल-कानि बिसारो ॥
सुरति दिखाय मोर मन लीन्हों, मैं तो वहाँ होय नहिं न्यारो।
जगजीवन छवि बिसरत नाहीं, तुमसे कहौं सो इहै पुकारो ॥२॥

साध-महिमा

गऊ निकसि बन जाहीं। बाछा उनका घर ही माहीं ॥
तृन चरहिं चित्त सुत पासा। यहि जुक्ति साध जग-बासा ॥
साध तें बड़ा न कोई। कहि राम सुनावत सोई ॥
राम कही, हम साधा। रस एकमता औराधा ॥
हम साध, माध हम माहीं। कोउ दूसर जानै नाहीं ॥
जिन दूसर करि जाना। तेहिं होइहिं नरक निदाना ॥
जगजीवन चरन चित लावै। सो कहिके राम समुझावै ॥१॥

साध कै गति को गावै। जो अन्तर ध्यान लगावै ॥
चरन रहे लपटाई। काहू गति नाहीं पाई ॥

मंगल = स्वागत-गीत।
२ बाँसुरी=भँवर-गुफा के शब्द से तात्पर्य है। गति=मर्यादा। सुरति= सुर, स्वर

साध-महिमा
१ औराधा=आराधन किया। एकमता=अनन्य भाव से।

अन्तर राखे ध्याना। कोइ विरला करै पहिचाना॥
जगत किहो एहि वासा। पै रहैं चरन के पासा॥
जगत कहै हम माहीं। वै लिप्त काहु माँ नाहीं॥
जस गृह तस उदयाना। वै सदा अहैं निरवाना॥
ज्यों जल कमल कै वासा। वै वैसे रहत निरासा॥
जैसे कुरम जल माहीं। वाकी स्रुति अंडन माहीं॥
भवसागर यह संसारा। वै रहैं जुक्ति तें न्यारा॥
जगजीवन ऐसें ठहराना। सो साध भया निरवाना॥२॥

मंगल

अरे, यहि जग आइके कहाँ गँवायो रे।
निर्गुन तें फुटि आनि धर्‍यो गुन, वह घर मन
विसरायो रे॥
कर्म-फाँसि माँ सुख भा, सुद्धि भुलायो रे।
रचि-पचि मिलि माटी महँ सबै गँवायो रे॥
बहुत लागि हित माया, मन बौरायो रे।
भाई बन्धु कबीला सबै बिचार्‍यो रे॥
जब तजि चलत है काया, सँग न सिधारे रे।
रोवत मोहबस माया, ह्वैगे न्यारे रे॥
जीवत कस नहिं त्यागहु, वृथा करि जानहु रे।
आपुनि सुरति सँभारि, नाम गहि आनहु रे॥
रहहु जगत की संगति, मन तें न्यारे रे।
पुहुमी पाँव उठावहु, रहहु विचारे रे॥

---

२ गति=भेद। उदयाना=वन। निरवाना=मुक्त। निरासा=अलिप्त। कुरम=कूर्म्म, कछुवा। स्रुति=सुरति। सुरति=ध्यान। जुक्ति=सावधानी।

१ फुटि=फूटकर, छूटकर, विलग होकर। सुद्धि=सुध, याद। कबीला=स्त्री।

काँट गड़ै नहिं पावै, रहहु सँभारे रे॥
काल तें कोइ नहिं बाचहि, सबकाँ खाइहि रे।
नाम सुकृत नहिं गहहि, अन्त पछिताइहि रे॥
जस मोहिं समुझि परतु है, तस गोहरावौं रे।
सुनै बूझि मन समुझि, तौ पार उतारौं रे॥
अचरज आवत देखिके रे, मन समुझि रहायो रे।
मैं तौ कछु नहिं जान्यों गुरु जनायो रे॥
रहौं बैठि तहवाँ मैं सुरति निहारौं रे।
चरन सदा आधार, सीस मैं वारौं रे॥
जगजीवन के साँई, तुम सब जानहु रे।
दास आपना जानहु, अवर न आनहु रे॥१॥

बसंत व होरी

मोरे सतगुरु खेलत यह बसन्त, जाकी महिमा गावत साध-सन्त।
कोइ जल माँ रहिगे रैनि गँवाय, कोइ महि प्रदच्छिना दहिनि लाय।
कोइ गृह तजि बन माँ किये बास, बिना नाम सब खूसखास॥
कोइ पंच अगिन तपि तन दहाय, कोइ ऊर्ध बाहु कर रहे उठाय।
कोइ निराधार रहि पवन-आस, बिना नाम सब खूसखास॥
कोइ दूधाधारी परघर चित्त, नग्न रहैं कोइ लकड़ी नित्त।
कोइ पावक सूरनि करि निवास, बिना नाम सब खूसखास॥
कोइ एक आसन कबहूँ न डोल, को मवनी है कबहूँ न बोल।
कोइ गगन-गुफा महँ लिये बास, बिना नाम सब खूसखास॥

न्यारे=अलित। पुहमी पाँव उठावहु=धरती पर हलके पैर रखो, नम्रता-पूर्वक चलो। गोहरावउँ=पुकार कर कहता हूँ।

बसन्त व होरी

१ खूसखास=कूड़ा-करकट, तुच्छ। ऊर्ध=ऊपर को। मवनी=मौनी।

कोइ निसु-दिन रहिगे भूला भूल, कोइ स्वांस वन्द करि पकरि मूल।
जगजीवन एक नाम आधार, नाम-नाव चढ़ उतरे पार ॥१॥

यहि नगरी में होरी खेलौं री ॥
हमरी पिया तें भेंट करावौ, तुम्हरे संग मिलि दौरौं री ॥
नाचौं नाच खोलि परदा मैं, अनत न पीव हँसौं री।
पीव जीव एकै करि राखौं, सो छवि देखि रसौं री ॥
कतहूँ न वहौं रहौं चरनन ढिग, मन दृढ़ होय कसौं री।
रहौं निहारत पलक न लावौं, सर्वस और तजौं री ॥
सदा सोहाग भाग मोरे जागे, सतसंग सुरति वरौं री।
जगजीवन सखि सुखित जुगन-जुग, चरनन सुरति धरौं री ॥२॥

यहि जग होरी, अरी मोहिं तें खेलि न जाई।
साँई मोहिं विसराय दियो है, तव तें परयौ भुलाई ॥
सुख परि सुद्धि गई हरि मोरी, चित्त चेत नहिं आई।
अनहित हित करि जानि विषै महँ, रह्यो ताहि लपटाई ॥
यहि साँचे महँ पाँचौ नाचैं, अपनि अपनि प्रभुताई।
मैं का करौं मोर वस नाहीं, राखत हैं अरुझाई ॥
गगन मँदिल चलि थिर ह्वै रहिये, तकि छवि छकि निरथाई।
जगजीवन सखि साँई समरथ, लैहैं सवै वनाई ॥३॥

अरी ए, नैहर डर लागै, सखी री कैसे खेलौं मैं होरी।
औगुन वहुत नाहिं गुन एकौ, कैसे गहौं दृढ़ डोरी ॥

---

२ रसौं=आनन्द मनाऊँ। वहौं=इधर उधर भटकूँ। दृढ़ होय कसौं=दृढ़ता से वश में करूँ। सत्संग सुरति वरौं री=अपनी लय को सत्संग के साथ वरण करूँ।

३ सुख......मोरी=मेरे ध्यान को विषय-सुख ने खींच लिया। साँचे महँ=शरीर के भीतर।

केहि काँ दोप मैं देउँ सखी री, सबै आपनी खोरी।
मैं तौ सुमारग चला चहत हौं, मैं तैं विप माँ घोरी॥
सुमति होहि तब चढ़ौं गगन-गढ़, पिय तें मिलौं कर जोरी।
भीजौं नैनन चाखि दरस-रस, प्रीति-गाँठि नहिं छोरी॥
रहौं सीस दै सदा चरनतर, होउँ ताहिकी चेरी।
जगजीवन सत-सेज सूति रहि, और बात सब थोरी॥४॥

फुटकर शब्द

पंडित, काह करे पंडिताई।
त्यागहु बहुत पढ़ब पोथी का, नाम जपहु चित लाई॥
यह तो चार बिचार जगत का, कहे देत गोहराई।
सुनि जो करै तरै पै छिन महँ, जेहिं प्रतीति मन आई॥
पढ़ब पढ़ाउब बेधत नाहीं, बकि दिनरैन गँवाई।
एहि तें भक्ति होति है नाहीं, परगट कहौं सुनाई॥
सत्त कहत हौं बुरा न मानौ, अजपा जपै जो जाई।
जगजीवन सत-मत तब पावै, परमज्ञान अधिकाई॥१॥

तुमहीं सों चित लागु है, जीवन कछु नाहीं।
मात पिता सुत बंधवा, कोउ संग न जाहीं॥

---

४ खोरी=दोष। मैं तैं विप माँ=मैं और तू इस द्वैतभावरूपी विष में। सुमति होहि=सुबुद्धि उपजे। गगन-गढ़=निर्विकल्प समाधि की शून्यावस्था। सूति रहि=लय-समाधि के आनन्द में अपने आपको लीन करलूँ।

फुटकर शब्द

१ चार=आचार। गोहराई=पुकारकर। प्रतीति=विश्वास। अजपा=उच्चारण न किया जानेवाला नाम स्मरण, जो श्वास-प्रश्वास के गमनागमन-मात्र से होता रहता है। इस अजपा जप की संख्या एक दिन और रात में २१६०० मानी गई है।

सिद्धि साध मुनि गंध्रवा मिलि माटी माहीं।
ब्रह्मा विस्नु महेस्वरा, गनि आवत नाहीं ॥
नर केतानि को वापुरा, केहि लेखे माहीं।
जगजीवन विनती करै, रहै तुम्हरी छाँहीं ॥२॥

आनँद के सिन्ध में आनि वसे, तिनको न रह्यौ तन को तपनो।
जब आपु में आपु समाय गये, तब आपु में आपु लह्यो अपनो ॥
जब आपु में आपु लह्यो अपुनो, तब अपनो हो जाय रह्यो जपनो।
जब ज्ञान को भान प्रकास भयो, जगजीवन होय रह्यो सपनो ॥३॥

साखी

भूलु फूलु सुख पर नहीं, अबहूँ होहु सचेत।
साँईं पठवा तोहि काँ, लावो तेहिं ते हेत ॥१॥

तजु आसा सब झूंठ ही, सँग साथी नहिं कोय।
केउ केहू न उवारिही, जेहि पर होय सो होय ॥२॥

कहँवाँ तें चलि आयहू. कहाँ रहा अस्थान।
सो सुधि बिसरि गई तोहिं, अब कस भयसि हेवान ॥३॥

काया-नगर सोहावना, सुख तबहीं पै होय।
रमत रहै तेहिं भीतरे, दुख नहिं व्यापै कोय ॥४॥

मृत-मंडल कोउ थिर नहीं, आवा सो चलि जाय।
गाफिल ह्वै फंदा पर्‌यो, जहँ तहँ गयो विलाय ॥५॥

२　गंध्रवा=गन्धर्व। वापुरा=वेचारा।

साखी

१　पठवा=भेजा, जन्म दिया। हेत=प्रेम।

२　केउ केहू न उवारही=कोई किसीको नहीं उवारता।

५　मृत-मण्डल=मर्त्यलोक।

यारी साहब

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—अनुमानतः १७२५ वि०

जन्म-स्थान—सम्भवतः दिल्ली

कौम—मुसलमान

गुरु—बीरू साहब

मृत्यु-संवत्—अनुमानतः १७८० वि०

यारी साहब का जीवन परिचय इतने के अलावा, निश्चित रूप से, और कुछ भी नहीं मिलता है। सम्भवतः पहले इनका नाम यार मुहम्मद रहा होगा। यह भी कहा जाता है कि यह किसी शाही खानदान के थे।

दिल्ली की बावरी साहिबा के शिष्य बीरू साहब इनके गुरु थे, जिन्होंने इनको चेताकर शब्द-मार्ग का रहस्य बताया था।

'अमीघूँट' के रचयिता संत केशवदास इनके एक प्रमुख शिष्य थे। कहते हैं कि केशवदास तथा इनके तीन अन्य शिष्यों ने,—शेखन शाह, हस्त-मुहम्मद शाह और सूफी शाह ने दिल्ली की तरफ इनके मत-मत का प्रचार किया, और इनके गुरुमुख शिष्य बुल्ला साहब ने पंथ की एक शाखा भुरकुड़ा (जिला गाजीपुर) में स्थापित की।

पंथ परंपरा के अनुसार, बस, इतना ही यारी साहब का परिचय उपलब्ध हुआ है। पर यह स्पष्ट है कि यह एक ऊँचे दरजे के पहुँचे हुए फकीर थे।

बानी-परिचय

'रत्नावली' के नाम से यारी साहब का एक छोटा-सा संग्रह बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद से प्रकाशित हुआ है। संपादक महोदय ने बड़ी खोज से दिल्ली,

गाज़ीपुर और बलिया से इनकी बानी का संग्रह किया है। इनकी कुछ फुटकर बानी अन्य संग्रह-ग्रथों में भी मिलती है।

प्रायः सारी ही 'शब्द-मार्गी' बानी है—वही शब्द-मार्ग, जिसपर चलकर यह 'झिलमिल झिलमिल नूर' झरता हुआ देखते हैं, 'रुनझुन रुनझुन अनहद' बजता हुआ सुनते हैं, और 'रिमझिम, रिमझिम' मोती बरसते हुए पाते हैं।

शब्द इनके गूढ़ किन्तु सरस और श्रुति-मधुर हैं। साखियाँ भी सुन्दर हैं।

आधार

१ यारी साहब की रत्नावली—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ उत्तरी भारत की संत-परंपरा— परशुराम चतुर्वेदी, भारती-भंडार, इलाहाबाद

यारी साहब

शब्द

विरहिनी मंदिर दियना बार ॥
बिन बाती बिन तेल जुगति सों बिन दीपक उँजियार ॥
प्रान पिया मेरे गृह आयो, रचि-रचि सेज सँवार ॥
सुखमन सेज परमतत रहिया, पिया निर्गुन निरकार ॥
गावहु री मिलि आनँद मंगल, यारी मिलिके यार ॥१॥

रसना राम कहत तें थाको ।
पानी कहे कहुँ प्यास बुझत है, प्यास बुझै जदि चाखो ॥
पुरुष-नाम नारी ज्यों जानै, जानि बूझि नहिं भाखो ॥
दृष्टी से मुष्टी नहिं आवै, नाम निरंजन वाको ॥
गुरुपरताप साधु की संगति, उलट दृष्टि जब ताको ।
यारी कहै सुनो भाई संतो, बज्र बेधि कियो नाको ॥२॥

शब्द
१ दियना बार=दीपक जला ; आत्म-ज्योति से तात्पर्य है। सुखमन सेज=सुषुम्ना नाड़ी की सेज ; समाधिगत आनन्द की अवस्था। तत=तत्त्व। निरकार=निराकार। मिलिके यार=प्रियतम से मिलकर।
२ रसना··· थाको=वाणी राम-नाम रटते-रटते अब शान्त हो गई, अब नाम-जप अन्तर में ही हो रहा है। पुरुष·· भाखो=पुराना रिवाज है कि स्त्री अपने पति का नाम मुँह से नहीं लिया करती ; इसी तरह प्रभु का

निरगुन चुनरी निर्बान, कोउ ओढ़ै संत सुजान ॥
षट दरसन में जाइ खोजो, और बीच हैरान ॥
जोतिसरूप सुहागिनि चुनरी, आव वधू धरि ध्यान ॥
हृद वेहद के बाहरे यारी, संतन को उत्तम ज्ञान ॥
कोऊ गुरुगम ओढ़ै चुनरिया, निरगुन चुनरी निर्बान ॥३॥

उड़ु उड़ु रे विहंगम, चढ़ु अकास ।
जहँ नहिं चाँद सूर निसबासर, सदा अमरपुर अगम बास ॥
देखै उरध अगाध निरंतर, हरष सोक नहिं जम कै त्रास ॥
कह यारी उहँ बधिक-फाँस नहिं, फल पायो जगमग परकास ॥४॥

कवित्त

आँधरे को हाथी हरि, हाथ जाको जैसो आयो,
बूझो जिन जैसो तिन तैसोई बतायो है ॥
टकाटोरी दिनरैन हिये हू के फूटे नैन,
आँधरे कौं आरसी में कहा दरसायो है ॥

नाम, जानते हुए भी, रसना नहीं लेती है। मुट्ठी=मुट्ठी में; हाथ में। उलटि ·····ताको=जब अन्तर्मुखी दृष्टि से देखा। नाको=रास्ता।

३ षट दरसन·····हैरान=छह शास्त्रों में भले खोजो, पर होगी अधिक-अधिक हैरानी ही। वधू=साधनारत जीवात्मा से तात्पर्य है। गुरुगम=गुरु की सामर्थ्य से।

४ विहंगम=पक्षी; मुक्त जीवात्मा से आशय है। उरध=ऊर्ध्व, ऊपर-ही ऊपर। बधिक=बहेलिया, काल से तात्पर्य है। जगमग परकास=आत्मा का नित्य प्रकाश।

कवित्त

१ टकाटोरी=टटोलना। मुलक=सारा पसारा। भोंदू=मूर्ख। डारेन

मूल की खबरि नाहिं जासों यह भयो मुलक,
वाकों बिसारि भोंदू डारेन अरुझायो है।
आपनो सरूप रूप आपु माहिं देखै नाहिं,
कहै यारी आँधरे ने हाथी कैसो पायो है ॥१॥

झूलना

बिन बंदगी इस आलम में, खाना तुझे हराम है रे।
बदा करै सोइ बंदगी, खिदमत में आठो जाम है रे॥
यारी मौला बिसारिके, तू क्या लागा बेकाम है रे।
कुछ जीते बंदगी करले, आखिर को गोर मुकाम है रे ॥१॥

गुरु के चरन की रजलैके, दोउ नैन के बीच अंजन दीया।
तिमिर माहिं उजियार हुआ, निरंकार पिया को देखि लीया॥
कोटि सुरज तहँ छपे बने, तीनि लोक धनी धन पाइ पीया।
सतगुरु ने जो करी किरपा, मरिके यारी जुग-जुग जीया ॥२॥

तबलग खोजै चला जावै, जगलग मुद्दा नहिं हाथ आवै।
जब खोज मरै तब घर करै, फिर खोज पकरके बैठ जावै॥
आप में आप को आप देखै, और कहूँ नहिं चित्त जावै।
यारी मुद्दा हासिल हुआ, आगे को चलना क्या भावै ॥३॥

अरुझायो है=डालों में उलझा हुआ है।

झूलना

१ आलम=संसार। मौला=स्वामी। गोर=कब्र।
२ रज=धूल। तिमिर=माया-मोह का अँधेरा।
मरिके ····जीया=अहंता को मार यारी अमर हो गया।
३ मुद्दा=सार। घर करै=निज स्थान को बनाले। भावै=अच्छा लगे।

साखी

जोतिसरूपी आतमा, घट घट रही समाय।
परमतत्त मनभावनो, नेक न इत-उत जाय ॥१॥

रूप रेख वरनौं कहा, कोटि सूर परगास।
अगम अगोचररूप है, (कोउ) पावै हरि को दास ॥२॥

नैनन आगे देखिये, तेजपुंज जगदीस।
वाहर भीतर रमि रह्यो, सो धरि राखो सीस ॥३॥

आठ पहर निरखत रहो, सन्मुख सदा हजूर।
कह यारी घरहीं मिलै, काहे जाते दूर ॥४॥

आतम-नारि सुहागिनी, सुंदर आपु सँवारि।
पिय मिलने को उठि चली, चौमुख दियना वारि ॥५॥

साखी

१ भावनो=प्यारा।

२ सूर परगास=सूर्य का प्रकाश। अगोचर=इंद्रियों के ज्ञान से परे।

५ चौमुख=चारो ओर। दियना वारि=दीपक जलाकर।

दूलनदासजी

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१७१७ वि०

जन्म-स्थान—समेसी ग्राम (जिला लखनऊ)

जाति—क्षत्रिय

गुरु—जगजीवन साहब

आश्रम—गृहस्थ

सत्संग-स्थान—कोटवा

चोला-त्याग-संवत्—१८३५ वि०

दूलनदासजी का जीवन चरित, सिवा ऊपर के साधारण-से परिचय के, और कुछ अधिक नहीं मिलता। महात्मा जगजीवन साहब के यह पट्टशिष्य थे। सरदहा गाँव में जाकर इन्होंने जगजीवन साहब से परमार्थ का उपदेश लिया था। और पीछे, कोटवा में अनेक वर्ष सतगुरु के सत्संग में रहकर, रायबरेली जिले में धर्म्मे नाम का एक गाँव बसाया; और वहीं पर अन्ततक सत्संग कराते रहे। अन्य संत-महात्माओं की तरह दूलनदासजी के संबंध की भी अनेक चमत्कार-पूर्ण कथाएँ प्रसिद्ध हैं।

बानी-परिचय

वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद से संतबानी-पुस्तक-माला में दूलनदासजी की बानी प्रकाशित हुई है, जिसे उक्त माला के संपादक महोदय ने बहुत जतन से कितने ही स्थानों से संग्रहीत किया है।

चेतावनी, भेद, उपदेश, प्रेम और विनय इन अंगों पर दूलनदासजी के शब्द बड़े ही मार्मिक हैं। इनके 'झूलने' भी बड़े मस्तीभरे हैं।

साखियाँ भी इन्होंने विविध अंगों पर कही हैं । कितनी ही साखियाँ अंतर को सीधे वेधती हैं।

भाषा अवधी और कुछ शब्दों की थोड़ी भोजपुरी-सी है । ज़ोरदार मिठासभरी भाषा है। फारसी शब्दों का भी जहाँ-तहाँ प्रयोग किया है।

आधार

दूलनदासजी की बानी—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद

दूलनदासजी

नाम-महिमा

यह नइया डगमगि नाम विना । लाइले सत्तनाम रटना ॥
इत उत भौजल अगम वना । अहै जरूर पार तरना ॥
मैं निगुनी गुन एको नाहीं । मॉझ धार नहिं कोउ अपना ॥
दिहेउँ सीस सतगुरु-चरना । नाम-अधार है दुलन जना ॥१॥

चितावनी

पछितात क्या, दिन जात बीते, समुझ करु नर चेत रे ।
अंध, तेरे कंध सिर पर, काल डंका देत रे ॥
हुसियार ह्वै गुन गाव प्रभु के, ठाढ़ रहु गुरु-खेत रे ।
वाके रहे छूटै नहीं जिमि राहु रवि, ससि केत रे ॥
जमद्वार तर सब पीसिगे, चर अचर निन्दक जेत रे ।
नहिं पियव अमृत नामरस भरि स्वास सुरत सचेत रे ॥
मद मोह महुवा दाख दुख, विष का पियाला लेत रे ।
जग-नात-गोत बिसारि सब, हरदम गुरू से हेत रे ॥

नाम-महिमा

१ नइया=जीवनरूपी नाव । निगुनी=मूर्ख ।

चितावनी

१ चेत=होशियार होजा । गुरुखेत=सद्गुरु का दिखाया हुआ भक्ति-साधना का क्षेत्र । केत=केतु नक्षत्र । भरि स्वास सुरत=हर साँस में लय

सगलऊ सुपन अपना नहीं, जिस रोज परत संकेत रे।
वह आइ सिरजनहार हरि, सतनाम भा जल-सेत रे॥
जन दुलन सतगुरु चरन वंदत, प्रेम-प्रीति समेत रे॥१॥

उपदेश

जग में जै दिन है जिंदगानी।
लाइ लेव चित गुरु के चरनन, आलस करहु न प्रानी॥
या देही का कौन भरोसा, उभसा भाठा पानी॥
उपजत मिटत वार नहिं लागत, क्या मगरूर गुमानी॥
यह तो है करता की कुदरत, नाम तू ले पहिचानी॥
आज भलो भजने को औसर, काल की काहु न जानी॥
काहुके हाथ साथ कछु नाहीं, दुनिया है हैरानी।
दूलनदास विस्वास भजन करु, यहि है नाम निसानी॥१॥

जोगी, चेत-नगर में रहो रे।
प्रेम-रंग-रस ओढ़ चदरिया, मन-तसबीह गहो, रे।
अन्तर लाओ नामहि की धुनि, करम-भरम सब धो, रे॥
सूरत साधि गहो सतमारग, भेद न प्रगट कहो, रे।
दूलनदास के साईं जगजीवन, भवजल पार करो, रे॥२॥

का तार लगाकर। नात=नाता, सबंध। गोत=गोत्र। सगलऊ=सारी ही। संकेत=काल का बुलावा। सेत=सेतु, पार उतरने का पुल।

उपदेश

१ उभसा=बढ़ा हुआ; जवानी से तात्पर्य है। भाठा=उतरा हुआ; बुढ़ापे से तात्पर्य है। काल की=कल की बात।

२ चेतनगर=चित् अवस्था से तात्पर्य है। तसबीह=माला। भरम=भ्रम, संशय। सूरत=सुरत, ध्यान। भेद=स्वरूप का परिचय।

सब काहे भूलहु हो भाई, तूँ तो सतगुरु सबद समइले हो।
ना प्रभु मिलिहैं जोग जाप तें, ना पथरा के पूजे।
ना प्रभु मिलिहैं पउआँ पखारे, ना काया के भूँजे॥
दया धरम हिरदे मे राखहु, घर में रहहु उदासी।
आनकै जिव आपन करि जानहु, तब मिलिहैं अविनासी॥
पढ़ि पढ़िके पंडित सब थाके, मुलना पढ़ैं कुराना।
भस्म रमाइ जोगिया भूले, उनहूँ मरम न जाना॥
जोग जाग तहियाँ से छाड़ल, छाड़ल तिरथ-नहाना।
दूलनदास बदगी गावैं, है यह पद निर्वाना॥३॥

विनय का अंग

साईं, तेरे कारन नैना भये वैरागी।
तेरा सत दरसन चहौं, कछु और न माँगी॥
निसबासर तेरे नाम की अतर धुनि जागी।
फेरत हौं माला मनौं, अँसुवनि झरि लागी॥
पलक तजी इत उक्ति ते, मन माया त्यागी।
दृष्टि सदा सत सनमुखी, दरसन अनुरागी॥
मदमाते राते मनौं दाधे विरह आगी।
मिलु प्रभु दूलनदास के, करु परमसुभागी॥१॥

---

३ समइले हो=समा जाओ, लीन हो जाओ। भूँजे=घोर तप करके जला डालने से। उदासी=अनासक्त। आपनकरि=अपने ही समान। तहियाँ=वहीं से, जहाँ से कि सहजबोध प्राप्त हुआ है।

विनय का अंग

१ मनौं=मन में ही। इत उक्ति तें=इधर जगत की ओर से।

धन मोरि आज सुहागिन-घड़िया ॥
आज मोरे अंगना संत चलि आये, कौन करौं मिहमनिया।
निहुरि-निहुरि मैं अँगना बुहारौं, मातौं मैं प्रेम-लहरिया॥
भाव के भात, प्रेम कै फुलका, ज्ञान की दाल उतरिया।
दूलनदास के साईं जगजीवन, गुरु के चरन वलिहरिया ॥२॥

सतनाम तें लागीं अँखियाँ, मन परिगै जिकिर-जँजीर हो ॥
सखि, नैन वरजे ना रहैं, अब ठिरे जात वोहि तीर हो।
नाम-सनेही बावरे, दृग भरि भरि आवत नीर हो॥
रस-मतवाले रस-मसे, यहि लागी लगन गँभीर हो।
सखि, इस्क पिया से आसिकाँ, तजि दुनिया दौलत भीर हो॥
सखि, गोपीचन्दा, भरथरी, सुलताना भयो फकीर हो।
सखि, दूलन का से कहै, यह अटपटी प्रेम की पीर हो ॥३॥

पिया-मिलन कब होइ, अँदेसवा लागि रही ॥
जबलग तेल दिया में बाती, सूझ परै सब कोइ।
जरिगा तेल, निपटि गइ बाती, 'लै चलु लै चलु' होइ॥
बिन गुरु मारग कौन बतावै, करिये कौन उपाय।
विना गुरू के माला फेरैं जनम अकारथ जाय॥
सब संतन मिलि इकमत कीजै, चलिये पिय के देस।
पिया मिलैं तो वड़े भाग से, नहिं तो कठिन कलेस॥
या जग ढूढ़ूँ वा जग ढूढ़ूँ, पाऊँ अपने पास।
सब संतन के चरन-वन्दगी गावै दूलनदास ॥४॥

---

२ निहुरि निहुरि=शील से झुक-झुककर। मातौं=मतवाली हो रही हूँ।

३ मन......जँजीर=मेरा चंचल मन प्रियतम के स्मरण की साँकल से बँध गया। ठिरे जात=ठिले या बरबस खिंचे जा रहे हैं। तीर=निकट। रसमसे=रस-विभोर।

४ अँदेसवा=डर। तेल=प्राण से तात्पर्य है। बाती=आयु से तात्पर्य है।

झूलना

वर जे अठारह बरन में, वितपन्य है ब्याकरन में।
पहिरे खराऊँ चरन में, जानै न स्वाद सरीर का ॥
कुस-मुद्रिका कर राखते, जे देव-बानी भाखते।
नहिं अन्न आमिष चाखते, नित पान करते छीर का ॥
धोती उपरना अंग में, रत वेद-विद्या रंग में।
विद्यारथी बहु संग में, जिन बास तीरथ-तीर का ॥
सूतहिं सदा भुइँ सेज जे, पूरे तपस्या तेज के।
यह भी न दूलन खूब है, करु ध्यान श्रीरघुवीर का ॥५॥

शब्द

जोगी जोग जुगत नहिं जाना ॥
गेरू घोरि रँगे कपरा जोगी, मन न रँगे गुरु-ज्ञाना।
पढ़ेहु न सत्तनाम दुइ अच्छर, सीखहु सो सकल सयाना ॥
साँची प्रीति हृदय बिनु उपजे, कहुँ रीझत भगवाना ?
दूलनदास के साईं जगजीवन, मो मन दरस-दिवाना ॥६॥

नीक न लागै विनु भजन मिगरवा ॥
का कहि आयौ हियां बरत्यो नाहीं,
भूलि गयल तोरा कौल कररवा।
साँचा रँग हिये उपजत नाहीं,
भेष बनाये रंग लीन्हो कपरवा ॥

झूलना

५ वर=वर, श्रेष्ठ। वितपन्य=व्युत्पन्न, पारंगत पंडित। देवबानी=संस्कृत भाषा=आमिष=मांस। उपरना=दुपट्टा, चद्दर। सूतहिं=सोते हैं। खूब=विशेष बात है।

बिन रे भजन तोरी ई गति होइहै,
बाँधल जैबै तू जम के दुवरवा।
दुलनदास के साईं जगजीवन,
हरि के चरन पर हमरि लिलरवा ॥७॥

साखी

गुरु ब्रह्मा गुरु बिस्नु हैं, गुरु संकर गुरु साध।
दूलन गुरु गोविन्द भजु, गुरुमत अगम अगाध ॥१॥

श्री सतगुरु-मुखचन्द्र तें, सबद-सुधा-झरि लागि।
हृदय-सरोवर राखु भरि, दूलन जागे भागि ॥२॥

दूलन गुरु तें विषै-वस, कपट करहिं जे लोग।
निर्फल तिनकी सेव है, निर्फल तिनका जोग ॥३॥

दूलन यहि जग जनमिकै, हरदम रटना नाम।
केवल नाम-सनेह बिनु जन्म-समूह हराम ॥४॥

सुनत चिकार पिपील की, ताहि रटहु मन माहिं।
दुलनदास बिस्वास भजु, साहिब बहिरा नाहिं ॥५॥

चितवन नीची, ऊँच मन, नामहिं जिकिर लगाय।
दूलन सूझै परमपद, अंधकार मिटि जाय ॥६॥

---

७ करखा=करार। कपरवा=कपड़ा। दुअरवा=द्वार। लिलरवा=ललाट, मस्तक।

साखी

३ विषय-वस=लोभ और मोह में पड़कर। सेव=सेवा।

५ चिकार=करुण पुकार। पिपील=चींटी।

६ जिकिर=स्मरण।

गुरुवचन बिसरै नहीं, कबहुँ न टूटै डोरि।
पियत रहौ सहजै दुलन, राम-रसायन घोरि ॥७॥

बिपति-सनेही मीत सो, नीति-सनेही राउ।
दूलन नाम-सनेह दृढ़, सोई भक्त कहाउ ॥८॥

राम नाम दुइ अच्छरै, रटै निरंतर कोइ।
दूलन दीपक बरि उठै, मन परतीति जो होइ ॥९॥

चारा पील पिपील को, जो पहुँचावत रोज।
दूलन ऐसे नाम की, कीन्ह चाहिये खोज ॥१०॥

कोउ सुनै राग अरु रागिनी, कोउ सुनै जु कथा पुरान।
जन दूलन अब का सुनै, जिन सुनी मुरलिया तान ॥११॥

दूलन यह परिवार सब, नदी-नाव-संजोग।
उतरि परे जहँ-तहँ चले, सबै बटाऊ लोग ॥१२॥

दूलन यहि जग आइके, काको रहा दिमाक।
चंदरोज को जीवना, आखिर होना खाक ॥१३॥

दूलन बिरवा प्रेम को, जामेउ जेहि घट माहिं।
पाँच पचीसौ थकितभे, तेहि तरवर की छाहिं ॥१४॥

---

७ डोरि=तार।

९ दीपक बरि उठै=अंतर में ज्ञान का प्रकाश हो जाय।

१० चारा=भोजन। पील=हाथी।

११ मुरलिया तान=अनाहत नाद से तात्पर्य है।

१२ बटाऊ=पथी।

१३ दिमाक=दिमाग, अभिमान।

१४ बिरवा=पेड़। थकित=शिथिल।

धृग तन धृग मन धृग जनम, धृग जीवन जगमाहिं।
दूलन प्रीति लगाय जिन्ह, ओर निवाही नाहिं ॥१५॥

जा दिन संत सताइया, ता छिन उलटि खलक।
छत्र खसै, धरनी धसै, तीनेउँ लोक गरक॥१६॥

कतहुँ प्रगट नैनन निकट, कतहूँ दूरि छिपानि।
दूलन दीनदयाल, ज्यों मालव मारू पानि ॥१७॥

---

१५ ओर=अंततक।

१६ खलक्क=खलक, सृष्टि। छत्र खसै=राजछत्र गिर पड़े। गरक्क=गरक, नष्ट।

१७ मालव मारू पानि=मालवा के प्रदेश में पानी नज़दीक मिल जाता है और मरुप्रदेश में बहुत दूर पर।

दरिया साहब

(बिहारवाले)

चोला-परिचय

जन्म संवत्—१७३१ वि०

जन्म-स्थान—धरकंधा (जिला आरा)

पिता—पीरनशाह (पूर्वनाम पृथुदास)

जाति—धर्मान्तरित मुसलमान (पूर्वजाति क्षत्रिय)

भेष—गृहस्थ ; वस्तुतः विरक्त

मृत्यु-संवत्—१८३७ वि०, भादों बदी ४

दरिया साहब के पूर्वज उज्जैन के क्षत्रिय थे, जो वहाँ से उठकर बिहार में आ बसे थे। जगदीशपुर (जिला शाहाबाद) में ये लोग रहते थे, और इधर इनका राज भी था। महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी की शोध के अनुसार दरिया साहब के पिता पृथुदास को औरंगजेब की बेगम की एक दर्जिन की लड़की के साथ बाध्यतः अपना दूसरा विवाह करना पड़ा था, और तभी से वह पृथुदास से पीरनशाह बन गये। अपनी नई ससुराल धरकंधा में जाकर वह बस गये। वहींपर ननिहाल में दरियादास का जन्म हुआ।

नौ बरस की उम्र में इनका विवाह हो गया। पत्नी का नाम शाहमती था। पर पंद्रह बरस की उम्र में ही तीव्र वैराग्य हो जाने के कारण इन्होंने स्त्री का परित्याग कर दिया, गृहस्थी में नहीं फँसे। सहज साधना करते-करते इन्होंने ज्ञान और भक्ति का पूरा प्रकाश बीस बरस की अवस्था में ही पा लिया। तीस बरस के जब हुए, तब 'तख्त' पर बैठ गये। सत्संग कराना और सोते हुए को जगाना-चेताना शुरू कर दिया। दरिया साहब ने सब को सत्पुरुष का सच्चा भेद सुझाया, 'छपलोक' (आत्मा की परात्पर स्थिति) का मार्ग बताया, और सात्त्विक शील-सदाचार का उपदेश दिया। कबीरदास की तरह दरिया-

साहब ने भी—अवतार, मूर्ति-पूजा, तीर्थाटन, जात-पात वगैरा का खंडन किया है। कबीरदास के मत और तत्त्वज्ञान का इनपर पूरा प्रभाव पड़ा था, और कदाचित् इसीलिए इन्हें कबीर साहब का अवतारतक कहा जाता है।

दरिया पंथ की पाँच गद्दियाँ हैं। मुख्य गद्दी या तख्त धरकंधा में है, जो डुमराव से क़रीब १४ मील दूर है। दरिया साहब के ३६ चेलों में दलदासजी मुख्य थे।

दरिया-पंथियों के कई रिवाज मुसलमानों से मिलते-जुलते हैं। प्रार्थना ये खड़े-खड़े झुककर करते हैं, जिसे 'कोरनिश' कहते हैं, और वंदना को 'सिरदा' याने सिजदा। इनके मूलमंत्र का नाम 'बेवाहा' है। इनके हरेक साधु के पास एक मिट्टी का हुक्का होता है जिसे ये 'रखना' कहते हैं, और पानी-पीने के वर्तन को 'भरुका'।

बानी-परिचय

दरिया साहब की रची २० पुस्तकों का पता चला है, जिनका संक्षिप्त विषय-परिचय, डा० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री की शोध के अनुसार 'उत्तरी भारत की संत-परंपरा' में उसके विद्वान् लेखक श्री परशुराम चतुर्वेदी ने किया है। किन्तु प्रकाश में केवल 'दरियासागर' और 'ज्ञानदीपक' ये दो ही पुस्तकें आई हैं। दरियासागर का प्रकाशन इलाहाबाद के बेलवेडियर प्रेस ने किया है। इसी प्रेस से "दरिया साहेब (बिहारवाले) के चुने हुए पद और साखी" नाम का एक सुन्दर संग्रह भी निकला है।

शोध में जिन २० पुस्तकों का पता चला है, वे ये हैं :—

(१) प्रेममूल, (२) ज्ञानरत्न, (३) भक्तिहेतु, (४) मूर्ति-उखाड़, (५) शब्द व बीजक, (६) ज्ञान-स्वरोदय, (७) विवेकसागर, (८) दरियासागर, (९) ज्ञानदीपक, (१०) ब्रह्मविवेक, (११) अमरसार, (१२) निर्भय ज्ञान, (१३) सहस्रानी, (१४) ज्ञानमाला, (१५) दरिया नामा, (१६) अग्रज्ञान, (१७) ब्रह्मचैतन्य, (१८) ज्ञानमूल, (१९) कालचरित्र, और (२०) यज्ञसमाधि।

दरिया साहब की बानी में हम प्रत्यक्ष अनुभूति की स्पष्ट झलक पाते हैं। 'छपलोक' अर्थात् सत्यपुरुष के रहस्य-लोक या ब्राह्मी स्थिति का वर्णन

जगत् तथा अंतर्जगत् को इन्होंने एक पारदर्शी की दृष्टि से देखा था। विनय और विरह के पदों में गहरे भावों को सरल व कोमल भाषा में व्यक्त किया है।

आधार

१ दरिया सागर—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ दरिया साहेब के चुने हुए पद और साखी—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
३ उत्तरी भारत की संत-परंपरा—परशुराम चतुर्वेदी, भारती-भंडार, इलाहाबाद

———

दरिया साहब

(विहारवाले)

पद

अवरी के वार वकसु मोरे साहेव । तुम लायक सव जोग, हे ॥
गून वकसिहो सव भ्रम नसिहो । रखिहो आपन पास, हे ॥
अछै-विरछि तरि लै वैठैहो । तहवाँ धूप न छाँह, हे ॥
चाँद न सुरज दिवस नहिं तहवाँ । नहिं निसु होत विहान, हे ॥
अमृतफल मुख चाखन देहो । सेज सुगन्ध सुहाय, हे ॥
जुग-जुग अचल अमर पद देहौ । इतना अरज हमार, हे ॥
भवसागर दुख दारुन मिटिहैं । छुटि जैहैं कुल-परिवार, हे ॥
कह दरिया यह मंगल मूल । अनूप फुलैला जहाँ फूल, हे ॥१॥

पद

१ अवरी=अव (इस शब्द का अर्थ 'अवल' भी किया गया है, तव 'वार' का अर्थ 'वल' किया जाना चाहिए, अर्थात् 'अवल के वल' । पर यह खींच-तान का अर्थ होगा । इसलिए 'अवरी के वार' का सीधा अर्थ 'अव की वार तो' यही ठीक है । वकसु=वख्श दो, माफ करदो । वकसिहो=वख्शोगे, प्रदान करोगे । अछै-विरछि=जिस वृक्ष का कभी नाश न हो ; सहज समाधि से अभिप्राय है । विहान=सवेरा, दिन । सुहाय=सुन्दर । फुलैला=फूला है ।

अबरी के बार बकसु मोरे साहेब। जनम-जनम के चेरि, हे ॥
चरनकमल में हृदय लगाइब। कपट-कागज सब फाड़ि, हे ॥
मैं अबला किछुओ नहिं जानौं। परपंचन के साथ, हे ॥
पिया-मिलन बेरी इन्ह मोरा रोकल। तब जिव भयल अनाथ, हे ॥
जब दिल मे हम निहचे जानल। सूझि परल जमफंद, हे ॥
खूलल दृष्टि दिया मनि नेसल। मानहुँ सरद के चन्द, हे ॥
कह दरिया दरसन-सुख उपजल। दुख सुख दूरि बहाय, हे ॥२॥

सुमिरहु सतपद प्रान-अधारा। सत्त सब्द लै उतरहु पारा ॥
गुरु के वचन पावल जब बीरा। अचल अमर निहचै घर थीरा ॥
हंसा जाय मिले करतारा। बहुरि न आवै एहि संसारा ॥
तीनिलोक से न्यारे डेरा। पुरुष पुरान जहँ हंस घनेरा ॥
गुरु के वचन सिष्य जो धरई। जाय छपलोक नरक नहिं परई ॥
कह दरिया जब बीरा पावै। जाय सतलोक बहुरि नहिं आवै ॥३॥

मैं कुलवंती खसम-पियारी। जोंचन तू लै दीपक बारी ॥
गंध सुगंध थार भरि लीन्हा। चंदन चर्चित आरति कीन्हा ॥
फूलन सेज सुगंध बिछायौं। आपन पिया पलँग पौढ़ायौं ॥

---

२ मोरा रोकल=मुझे रोक रखा। भयल=हुआ। परल=पड़ा। खूलल=खुलगई। नेसल=लेसल, जला दिया।
३ बीरा=बीड़ा; आज्ञा से आशय है। थीरा=स्थिर। हंसा=हंस जीव। छपलोक=गुप्तलोक; रहस्यमय ब्रह्म-पद।
४ खसम=स्वामी। जोंचत ... बारी=अरे, तू मुझे दीपक जलाकर देखता-परखता है! चर्चित=लेपकर। सेवत=पलोटने या चाँपते हुए।

सेवत चरन रैनि गइ बीती। प्रेम-प्रीति तुम ही सों रीती॥
कह दरिया ऐसो चित लागा। भई सुलछनि प्रेम-अनुरागा॥४॥

संझा-आरति समरथ की है। सिर पर छत्र सुगंध सही है॥
नहिं तहँ चोवा चन्दन पानी। अविगति जोति है अंमृत बानी॥
नहिं तहँ तिलक जनेऊ माला। पूरनब्रह्म अखंडित काला॥
नहिं तहँ जाति बरन कुल कोई। बरसत अंमृत चाखहिं सोई॥
अजर अमर घर लेहिं निवासा। नहिं तहँ काल कुबुधि कै त्रासा॥
आवन-गवन गरभ नहिं वासा। कह दरिया सोइ सतगुरु दासा॥५॥

झूलना

प्रेम-धगा यह टूटता ना,
गर टूटि कंठी फिर बाँधना क्या।
यह तत्त-तिलक सतनाम छापा करु,
और बिबिध है साधना क्या।
ग्यान का दंड न डगमगै कर,
दंड लिये काहू मारना क्या।
यह झूलना दरिया साहेब कहा,
सतनाम सही, वहु पेखना क्या॥१॥

सुलछनि=सुलक्षणी, सदाचारिणी।

५ चोवा=शीतल सुगन्धित द्रव पदार्थ। अविगति=जो कहा नहीं जा सके ; अव्यक्त। काला=कला।

झूलना

१ धगा=धागा ; संबंध। कंठी=छोटी-छोटी तुलसी की गुरियों की माला, जिसे वैष्णव गले में पहनते हैं। छापा=मुद्रा ; शंख, चक्र आदि के चिह्न, जिन्हें वैष्णव अपने अंगों पर गरम धातु से अंकित कराते हैं। दंड=सन्यासी का दंड। पेखना=देखना।

वसंत

मैं जानहुँ तुम दीनदयाल। तुम सुमिरे नहिं तपत काल ॥
ज्यों जननी प्रतिपालै सूत। गर्भबास जिन दियो अकूत ॥
जठर-अग्नि तें लियो है काढ़ि। ऐसा वाकी ठवर गाढ़ि ॥
गाढ़े जो जन सुमिरन कीन्ह। परघट जग में तेहि गति दीन्ह ॥
गरवी मारेउ गैव बान। संत को राखेउ जीव जान ॥
जल में कुमुदिनी इंदु अकास। प्रेम मदा गुरुचरननि पास ॥
जैसे पपिहा जल से नेह। बुन्द एक विस्वास तेह ॥
स्वर्ग पताल मृतमडल तीनि। तुम ऐसो साहेब मैं अधीन ॥
जानि आयो तुम चरन पास। निज मुख बोलेउ कहेउ दास ॥
सतपुरुष वचन नहिं होहिं आन। बलु पुरब से पच्छिम उगहिं भान ॥
कहैं दरिया तुम हमहिं एक। ज्यों हारिल की लकड़ी टेक ॥१॥

फुटकर पद

भीतर मैल चहल कै लागी ऊपर तन का धोवै है।
अविगत मुरति महल कै भीतर, वाका पंथ न जोवै है ॥

वसंत

१ नहिं तपत=ताप या क्लेश नहीं देता है। सूत=सुत, पुत्र। अकूत=बेहिसाब, अत्यधिक। जठर=पेट। ठवर=ठौर; सामर्थ्य। गाढ़ी=संकट में। परघट=प्रकट होकर। गति=शरण; मुक्ति। गैब=अदृष्ट। मृतमडल=मर्त्यलोक। आन=अन्यथा, मिथ्या। बलु=बरु, भले ही। हारिल=किंवदन्ती है कि हारिल पक्षी बिना चंगुल में लकड़ी दबाये धरती पर पैर नहीं रखता है।

फुटकर पद

१ चहल=कीचड़; बुरी वासनाओं से अभिप्राय है। महल=हृदय।

जुगति बिना कोउ भेद न पावै, साधु-संगति का गोवै है।
कह दरिया कुटने वे गीदी, सीस पटकि का रोवै है ॥१॥

बिहंगम, कौन दिसा उड़ि जैहौ।
नाम बिहूना सो परहीना, भरमि-भरमि भौ रहिहौ ॥
गुरुनिन्दक वद संत के द्रोही, निन्दै जनम गँवैहौ।
परदारा परसंग परस्पर, कहहु कौन गुन लहिहौ ॥
मद पी माति मदन तन व्यापेउ, अंमृत तजि बिष खैहौ।
समुझहु नहिं वा दिन की बातें, पल-पल घात लगैहौ ॥
चरनकँवल बिनु सो नर बूडेउ, उभि चुभि थाह न पैहौ।
कहै दरिया सतनाम भजन बिनु, रोइ रोइ जनम गँवैहौ ॥२॥

बुधजन, चलहु अगम पथ भारी।
तुमते कहौं समुझ जो आवै, अर्वार के वार सम्हारी ॥
कॉट कूस पाहन नहिं तहवॉ, नाहिं बिटप वन झारी।
वेद कितेव पंडित नहिं तहवॉ, बिनु मसि अंक सँवारी ॥
नहिं तह सरिता समुँद न गंगा, ग्यान के गमि उँजियारी।
नहिं तहँ गनपति फनपति बरम्हा, नहिं तहँ सृष्टि सँवारी ॥
सर्ग पताल मृतलोक के बाहर, तहवाँ पुरुष भुवारी।
कहै दरिया तहँ दरसन सत है, संतन लेहु बिचारी ॥३॥

---

१ जोवै है=देखता है। जुगति=योग-युक्ति। भेद=रहस्य। गोवै=जी छिपाता है। कुटने=धूर्त। गीदी=कायर।

२ बिहूना=रहित। परहीना=बिना पंख के। भौ=भव, संसार। गुन=लाभ से आशय है। मदन=कामदेव।

३ अवरिके=अवकी। कूस=कुश। पाहन=पत्थर। झारी=झाड़ी। मसि=स्याही। फनपति=शेषनाग। भुवारी=भूपाल; राजा, स्वामी।

साखी

बेवाहा के मिलन सों, नैन भया खुसहाल।
दिल मन मस्त मनवल हुआ, गूँगा गहिर रसाल ॥१॥

भजन भरोसा एक बल, एक आस विस्वास।
प्रीति प्रतीति इक नाम पर, सोइ संत विवेकी दास ॥२॥

है खुसबोई पास में, जानि परै नहिं सोय।
भरम लगे भटकत फिरे, तिरथ बरत सब कोय ॥३॥

जंगम जोगी सेवड़ा, पड़े काल के हाथ।
कह दरिया सोइ बाचिहै, सत्तनाम के साथ ॥४॥

बारिधि अगम अथाह जल, बोहित बिनु किमि पार।
कनहरिया गुरु ना मिला, बूड़त हैं मँझधार ॥५॥

निकट जाय जमराज नहिं, सिर धुनि जम पछिताय।
बुन्द सिंध मे मिलि रहा, कवन सकै बिलगाय ॥६॥

पाँच तत्त की कोठरी, तामें जाल जंजाल।
जीव तहाँ बासा करै, निपट नगीचे काल ॥७॥

दरिया तन से नहिं जुदा, सब किछु तन के माहिं।
जोग-जुगति सों पाइये, बिना जुगति किछु नाहिं ॥८॥

साखी

१ बेवाहा = दरियापंथियों का मूल मंत्र। मनवल=मतवाला।
४ सेवड़ा=जैन यति। बाचिहै=बच सकेगा।
५ बोहित=जहाज। कनहरिया = कर्णधार, खेनेवाला। बुंद··· बिलगाय=आत्मा जब परमात्मा में लीन हो गई, तब कौन उसे अलगा सकता है।
७ निपट नगीचे = अत्यंत निकट।

दरिया दिल दरियाव है, अगम अपार बेअंत।
सब महं तुम, तुम में सभे, जानि मरम कोइ संत ॥६॥

दरिया-सागर

साखी

तीनि लोक के ऊपरे, अभय लोक विस्तार।
सत्त सुकृत परवाना पावै, पहुँचै जाय करार ॥१॥

जोतिहि ब्रह्मा विस्नु हहिं, संकर जोगी ध्यान।
सत्तपुरुष छपलोक महँ, ताको सकल जहान ॥२॥

सोभा अगम अपार, हंसबंस सुख पावहीं।
कोइ ग्यानी करै विचार, प्रेमतत्त जा उर बसै ॥३॥

चौपाई

जो सत सब्द बिचारै कोई। अभय लोक सीधारै सोई ॥
कहन सुनन किमिकरि बनि आवै। सत्तनाम निजु परचै पावै ॥
लीजै निरखि भेद निजु सारा। समुझि परै तब उतरै पारा ॥
कंचन डाहै पावक जाई। ऐसे तन कै डाहहु भाई ॥
जो हीरा घन सहै घनेरा। होइ हिरंबर बहुरि न फेरा ॥
गहै मूल तब निर्मल बानी। दरिया दिल बिच सुरति समानी ॥
पारस सब्द कहा समुझाई। सतगुरु मिलै त देहि दिखाई ॥

---

१ अभय लोक=सत्यलोक, अथवा ब्राह्मी अवस्था; इसे दरिया साहब ने 'छपलोक' कहा है, अर्थात् गुप्तलोक। करार=तट, निर्दिष्ट स्थान।

२ हहिं=हैं।

३ हंस-बंस=सिद्धपुरुषों की परंपरा से तात्पर्य है।

४ सीधारै=पहुँचता है। डाहै=जलाता है। हिरंबर=शुद्ध हीरा।

सतगुरु सोइ जो सत्त चलावै। हंस बोधि छपलोक पठावै॥
घर घर ग्यान कथै विस्तारा। सो नहिं पहुँचै लोक हमारा॥

चौपाई

छपलोकहिं तें हम चलिआई। सार सबद गहिया सुख पाई॥
माया त्यागि सबद लव लावै। ता कहँ माथ जगत सब नावै॥
अटल चलावै यहि संसारा। सोई निजु है बंस हमारा॥५॥

साखी

जो जिव फंदे नारि सों, सो नहिं बंस हमार।
बंस राखि नारी जो त्यागै, सो उतरै भवपार॥६॥
माला टोपी भेष नहिं, नहिं सोना सिंगार।
सदा भाव सतसंग है, जो कोइ गहै करार॥७॥

चौपाई

आतमदेव पुजहु तुम भाई। का जग पाती तोरहु जाई॥
पाति तोरि निर्गुन नहिं पाई। आतम जीवघात इन्ह लाई॥८॥

साखी

परआतम के पूजते, निर्मल नाम अधार।
पंडित पत्थल पूजते, भटके जम के द्वार॥९॥

फेरा=संसार में फिर-फिर जन्म लेना। [illegible]=सों। बोधि=उपदेश देकर।
५ गहिया=ग्रहण किया। नावै=झुकता है। अटल=शासन।
बंस=कुल-परंपरा से आगत है।
६ बंस राखि=[illegible]।
८ पाती=बेल-पत्र, जिसे शिव पर चढ़ाते हैं।
९ पत्थल=पत्थर, देवमूर्ति।

चौपाई

सब घट ब्रह्म और नहिं दूजा । आतम देव क निर्मल पूजा ॥
बादिहि जनम गया सठ तोरा । अंत कि बात किया तैं भोरा ॥
पढ़ि-पढ़ि पोथी भा अभिमानी । जुगति और सब म्रिथा बखानी ॥
जौ न जानु छपलोक के मरमा । हंस न पहुँचिहि एहि षटकरमा ॥
सार सब्द जब दृढ़ता लावै । तब सतगुरु किछु आपु लखावै ॥
दरिया कहै सब्द निरबाना । अवरि कहौं नहिं बेद बखाना ॥
बेदै अरुझि रहा संसारा । फिर-फिर होहि गरभ अवतारा ॥१०॥

साखी

सुमिरन माला भेख नहिं, नाहिं मसी को अंक ।
सत्त सुकृत दृढ़ लाइकै तब तोरै गढ़ बंक ॥११॥
ब्राह्मन औ संन्यासी, सबसों कहा बुझाय ।
जो जन सबदहि मानिहै, सइ संत ठहराय ॥१२॥

चौपाई

हिन्दु तुरुक हम एकै जाना । जो एह मानै सब्द निसाना ॥
साहब का एह सब जिव अहई । बूझि बिचारि ग्यान निजु कहई ॥
अन पानी सब एकै होई । हिन्दु तुरुक दूजा नहिं कोई ॥१३॥

---

१० बादिहि=व्यर्थ ही । जुगति=योग-युक्ति । म्रिथा=मिथ्या । मरमा=रहस्य । षटकरमा=ब्राह्मणों के छह कर्म : विविध कर्म-काण्ड । सब्द निरबाना=गुरुमुख द्वारा उपदिष्ट परमार्थ-ज्ञान से मोक्ष का रहस्य ।

११ मसी को अंक=स्याही से लिखा अक्षर ; कोरे पुस्तकी ज्ञान से आशय है । गढ़ बंक=माया का विकट किला ।

१३ अन=अन्न ।

चौपाई

हिन्दु तुरुक दमि दुनों भुलाना। दुनों वादि ही वादि बिलाना ॥
वो हिरनी वो गाइहिं खाई। लोहु एक दूजा नहिं भाई ॥१४॥

चौपाई

दूजा दुविधा जेहि नहिं होई। भगत सुनाम कहावै सोई ॥
ब्राह्मन सो जो ब्रह्महि चीन्हा। ध्यान लगाय रहै लवलीना ॥
क्रोध मोह तृस्ना नहिं होई। पंडित नाम सदा है सोई ॥१५॥

साखी

दरिया भवजल अगम अति, सतगुरु करहु जहाज।
तेहि पर हंस चढ़ाइकै, जाइ करहु सुखराज ॥१६॥

चौपाई

धनि ओइ पंडित धनि ओइ ग्यानी। मंत धन्न जिन्ह पद पहिचानी ॥
धनि ओइ जोगी जुगुता मुकुता। पाप पुन्न कबहीं नहिं छुवता ॥
धनि ओइ सीख जो करै विचारा। धनि सतगुरु जो खेवनहारा ॥
धनि ओइ नारि पिया सँगि राती। सोइ सोहागिनि कुल नहिं जाती ॥१७॥

---

१४ वादि ही वादि बिलाना = बहस में पड़कर दोनों ही रास्ते में भटक गये और नष्ट हो गये. ईश्वर या अल्लाह का सच्चा भेद किसीको न मिला।

१५ दूजा=द्वैत-भाव।

१६ हंस=जीव।

१७ पद=ब्रह्म पद, परमार्थ की अवस्था। जुगुता=युक्ति; साम्यावस्था को प्राप्त। मुकुता=मुक्त। सीख=शिष्य। खेवनहारा=संसार-सागर से पार लगानेवाला, अविद्या को नष्ट कर परमार्थ का मार्ग दिखानेवाला। राती=प्रेम में रंगी हुई।

चौपाई

भूले संपति स्वारथ मूढ़ा। परे भवन में अगम अगूढ़ा॥
संत निकट फिनि जाहिं दुराई। विषय-बासरस फेरि लपटाई॥
अब का सोचसि मदहिं भुलाना। सेमर सेइ सुगा पछताना॥
मरनकाल कोइ संगि न साथा। जब जम मसतक दीन्हेउ हाथा॥
मात पिता बरनी घर ठाढ़ी। देखत प्रान लियो जम काढ़ी॥
धन सब गाढ़ गहिर जो गाड़े। छूटेउ माल जहाँलगि भाँड़े॥
भवन भया बन बाहर डेरा। रोवहिं सब मिलि आँगन घेरा॥
खाट उठाइ काँध करि लीन्हा। बाहर जाइ अगिनि जो दीन्हा॥
जरि गई खलरी भसम उड़ाना। सोचि चारि दिन कीन्हेउ ग्याना॥
फिरि धंधे लपटाना प्रानी। बिसरि गया ओइ नाम निसानी॥
खरचहु खाहु दया करु प्रानी। ऐसे बुड़े बहुत अभिमानी॥
सतगुरु सबद साँच एह मानी। कह दरिया करु भगति बखानी॥
भूलि भरम एह मूल गँवावै। ऐसन जनम कहाँ फिरि पावै॥
धन संपति हाथी अरु घोरा। मरन अंत सँग जाहिं न तोरा॥
मातु पिता सुत बंधौ नारी। ई सब पाँवर तोहि बिसारी॥१८॥

साखी

कोठा महल अटारिया, सुनेउ स्रवन बहु राग।
सतगुरु सबद चीन्हें बिना, ज्यों पंछिन महँ काग॥१९॥

---

१८ अगम अगूढ़ा=माया में बुरी तरह लिप्त, जिसे छोड़कर परमार्थ की ओर जाना जिन्हें अशक्य है। फिनि=पुनः। जाहिं दुराई=सामने से भाग जाते हैं। बास=वासना। सुगा=तोता। बरनी=स्त्री। खलरी=खाल; ठटरी। कीन्हेउ ग्याना=मन को समझा लिया। बुड़े=डूब गये, नष्ट हो गये। मूल=पूँजी; परमार्थ। बंधौ=भाई-बंधु। पाँवर=नीच; मूढ़।

के प्रकट होने से सौ बरस पहले यह साखी कही थी—

> "दह पड़ंतां दादू कहै, सौ बरसाँ इक संत।
> रैन नगर में परगटै, तारै जीव अनंत॥"

बानी-परिचय

महात्मा दादूदयाल तथा अन्य अनेक संतों की तरह दरिया साहब ने भी विविध अंगों पर साखियाँ कही हैं। प्रेम और विरह के पद भी इनके गहरे और टकसाली हैं। नाद-परिचय और ब्रह्म-परिचय की साखियों में सूक्ष्म अभ्यास और गहरा अनुभव झलकता है। कहने का ढंग सुलझा हुआ, और भाषा सरल और मधुर है। शब्द अभ्यासी संतों की बानियों में दरिया साहब की बानी ने खासा स्थान पाया है।

आधार

१ दरिया साहब (मारवाड़) की बानी और जीवन-चरित्र—
बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद

दरिया साहब

(मारवाड़वाले)

सतगुरु का अंग

नमो नमो हरि गुरु नमो, नमो नमो सब संत।
जन दरिया बंदन करै, नमो नमो भगवंत ॥१॥

जन दरिया हरिभक्ति की गुराँ बताई बाट।
भूला ऊजड़ जाय था नरक पड़न के घाट ॥२॥

दरिया सतगुर सब्द सौं, मिट गई खैंचातान।
भरम अँधेरा मिट गया, परसा पद निरवान ॥३॥

नहिं था राम रहीम का, मैं मतिहीन अजान।
दरिया सुध बुध ग्यान दे, सतगुर किया सुजान ॥४॥

सोता था बहु जन्म का, सतगुरु दिया जगाय।
जन दरिया गुर सब्द सौं, सब दुख गये बिलाय ॥५॥

सतगुरु सब्दों मिट गया, दरिया संसय सोग।
औषद दे हरिनाम का तनमन किया निरोग ॥६॥

सतगुरु का अंग

२ गुरों=गुरुओं ने।

३ परसा=छूलिया, पालिया।

४ अजान=अनजान्।

६ सब्दों=शब्दों ने, उपदेशों ने। सोग=शोक।

रंजी सास्तर ग्यान की, अंग रही लिपटाय।
सतगुर एकहि सब्द से, दीन्हीं तुरत उड़ाय ॥७॥

जैसे सतगुर तुम करी, मुझसे कछू न होय।
विष-भाँडे विष काढ़कर, दिया अमीरस मोय ॥८॥

सब्द गहा सुख ऊपजा, गया अँदेसा मोहि।
सतगुर ने किरपा करी, खिड़की दीन्हीं खोहि ॥९॥

पान वेल से बीछुड़ै, परदेसाँ रस देत।
जन दरिया हरिया रहै, उस हरी वेल के हेत ॥१०॥

सुमिरन का अंग

राम बिना फीका लगै, सब किरिया सास्तर ग्यान।
दरिया दीपक कह करै, उदय भया निज भान ॥१॥

दरिया नर-तन पायकर, कीया चाहै काज।
राव रंक दोनों तरैं, जो बैठें नाम-जहाज ॥२॥

मुसलमान हिंदू कहा, षट दरसन रंक राव।
जन दरिया हरिनाम बिन, सबपर जम का दाव ॥३॥

जो कोइ साधू गृही में, माहिं राम भरपूर।
दरिया कह उस दास की, मैं चरनन की धूर ॥४॥

---

७ रंजी=रज, धूल। सास्तर=शास्त्र।

८ दिया मोय=भर दिया।

९ अँदेसा=डर, संशय। दीन्हीं खोहि=खोलदी।

सुमिरन का अंग

१ किरिया=क्रिया, कर्मकाण्ड।

३ षटदरसन=छह शास्त्र।

४ जो कोइ······भरपूर=जो विरक्त और गृहस्थ दोनों में ही राम को व्यापक देखता है।

दरिया सुमिरै राम को, सहज तिमिर का नास।
घट भीतर होय चाँदना, परमजोति परकास ॥५॥

सतगुर-संग न संचरा, रामनाम उर नाहिं।
ते घट मरघट सारिखा, भूत बसैं ता माहिं ॥६॥

दरिया काया कारवी, मौसर है दिन चार।
जबलग साँस सरीर में तबलग राम सँभार ॥७॥

दरिया आतम मल भरा, कैसे निर्मल होय।
साबन लागै प्रेम का रामनाम-जल धोय ॥८॥

दरिया सुमिरन राम का देखत-भूली खेल।
धन धन हैं वे साधवा जिन लीया मन मेल ॥९॥

फिरी दुहाई सहर में, चोर गये सब भाज।
सत्र फिर मित्र जु भया, हुआ राम का राज ॥१०॥

विरह का अंग

दरिया हरि किरपा करी, बिरहा दिया पठाय।
यह बिरहा मेरे साध को सोता लिया जगाय ॥१॥

दरिया बिरही साध का, तन पीला मन सूख।
रैन न आवै नींदड़ी, दिवस न लागै भूख ॥२॥

---

६ संचरा=सचार हुआ, फिरा। घट=शरीर।

७ कारवी=[illegible]। मौसर=अवसर। सँभार=स्मरण और ध्यान कर।

९ लीया मेल=लगा लिया, रमा लिया।

विरह का अंग

१ पठाय=भेज दिया। [illegible]=[illegible], [illegible]।

विरहिन पिउ के कारने, ढूँढ़न बनखंड जाय।
निस बीती, पिउ ना मिला दरद रही लिपटाय ॥३॥

विरहिन का घर विरह में.ता घट लोहु न माँस।
अपने साहब कारने, सिसकै साँसों साँस ॥४॥

सूर का अंग

पंडित ग्यानी बहु मिले. बेद ग्यान परबीन।
दरिया ऐसा ना मिला, रामनाम लवलीन ॥१॥

वक्ता स्रोता बहु मिले, करते खैंचातान।
दरिया ऐसा ना मिला, जो सन्मुख झेलै बान ॥२॥

दरिया बान गुरदेव का. कोइ झेलै सूर सुधीर।
लागत ही ब्यापै सही. रोम-रोम में पीर ॥३॥

दरिया साँचा सूरमा, सहै सब्द की चोट।
लागत ही भाजै भरम, निकस जाय सब खोट ॥४॥

सबहि कटक सूरा नहीं, कटक माहिं कोउ सूर।
दरिया पड़ै पतंग ज्यों, जब बाजै रन तूर ॥५॥

---

३ दरद रही लिपटाय=अपने दर्द से चिपटकर वहीं सो गई।

सूर का अंग

२ खैंचातान=तर्क-वितर्क, नये-नये अर्थ लगाने में बाल की खाल खींचना। झेलै=अपने ऊपर ले।

५ कटक=सेना। तूर=तुरही, रण में बजाने का एक बाजा जो मुँह से फूँककर बजाया जाता है।

भया उजाला गैब का, दौड़े देख पतंग।
दरिया आपा मेटकर, मिले अगिन के रंग ॥६॥

दरिया प्रेमी आत्मा, रामनाम धन पाया।
निरधन था धनवंत हुआ भूला घर आया ॥७॥

साध सूर का एक अंग, मना न भावै झूठ।
साध न छांडै राम को रन में फिरै न पूठ ॥८॥

सूर न जानै कायरी, सूरातन से हेत।
पुरजा-पुरजा हो पड़ै, वह न छांडै खेत ॥९॥

दरिया सो सूरा नहीं, जिन देह करी चकचूर।
मन को जीत खड़ा रहै, मैं बलिहारी सूर ॥१०॥

दरिया साँचा सूरमा, अरिदल घालै चूर।
राज थापिया राम का, नगर बसा भरपूर ॥११॥

नाद-परचे का अंग

रसना सेती उतरा, हिरदे कीया बास।
दरिया बरषा प्रेम की, षट ऋतु बारह मास ॥१॥

---

६ उजाला गैब का=जो आँखों के सामने नहीं उस रहस्यमयी शून्यता में स्थित ब्रह्म ज्योति का अद्भुत प्रकाश। पतंग=पतिंग; यहां प्रेमी साधकों से तात्पर्य है।

८ मना=मन को। फिरै न पूठ=पीठ नहीं दिखाता है।

९ पुरजा-पुरजा=टुकड़ा-टुकड़ा।

१० चकचूर=चूर-चूर, टुकड़ा-टुकड़ा।

११ घालै चूर=मारकर चूर चूर कर देता है।

नाद-परचे का अंग

१ रसना ··· बास=जिह्वा से नाम स्मरण छूटकर सीधा अंतर में चला

दरिया हिरदे राम से, जो कभु लागे मन।
लहरें उट्ठें प्रेम की, ज्यों सावन बरषा घन ॥२॥

जन दरिया हिरदा बिचे, हुआ ग्यान-परगास।
हौद भरा जहँ प्रेम का, तहँ लेत हिलोरा दास ॥३॥

अमी झरत, बिगसत कँवल, उपजत अनुभव ग्यान।
जन दरिया उस देस का, भिन-भिन करत बखान ॥४॥

कंचन का गिर देखकर, लोभी भया उदास।
जन दरिया थाके बनिज, पूरी मन की आस ॥५॥

मीठे राचै लोग सब, मीठे उपजै रोग।
निरगुन कडुवा नीम सा, दरिया दुर्लभ जोग ॥६॥

ब्रह्म-परचे का अंग

रतन अमोलक परखकर, रहा जौहरी थाक।
दरिया तहँ कीमत नहीं, उनमुन भया अवाक ॥१॥

धरती गगन पवन नहिं पानी, पावक चंद न सूर।
रात-दिवस की गम नहीं, जहँ ब्रह्म रहा भरपूर ॥२॥

पाप पुन्न सुख दुख नहीं, जहँ कोइ कर्म न काल।
जन दरिया जहँ पड़त है, हीरों की टकसाल ॥३॥

गया, अर्थात् श्वास-प्रश्वास में सहज अजपा जप होने लगा।

३ हौद=हौज, कुंड। हिलोरा=लहर। भिन-भिन=भिन्न-भिन्न प्रकार से।

५ उदास=तृप्त। बनिज=साधना से तात्पर्य है।

६ राचै=खुश होते हैं। जोग=योगाभ्यास।

ब्रह्म-परचे का अंग

१ उनमुन=मौन। अवाक=निःशब्द, मौन।

३ टकसाल=वह स्थान जहाँ सिक्के बनाये या ढाले जाते हैं।

तज विकार आकार तज निराकार को ध्याय।
निराकार में पैठकर, निराधार लौ लाय ॥४॥

जीव जात से बीछुड़ा, धर पँचतत का भेख।
दरिया निज घर आइया, पाया ब्रह्म अलेख ॥५॥

प्रथम ध्यान अनुभौ करै, जासे उपजै ग्यान।
दरिया बहुतक करत हैं, कथनी में गुजरान ॥६॥

आँखों से दीखै नहीं, सब्द न पावै जान।
मन बुधि तहँ पहुँचै नहीं, कौन कहै सेलान ॥७॥

पंछी ऊड़ै गगन में, खोज मँडै नहिं माहिं।
दरिया जल में मीन गति, मारग दरसै नाहिं ॥८॥

मन बुधि चित पहुँचै नहीं, सब्द सकै नहिं जाय।
दरिया धन वे साधवा, जहाँ रहे लौ लाय ॥९॥

माया तहाँ न संचरै, जहाँ ब्रह्म का खेल।
जन दरिया कैसे बनै, रवि रजनी का मेल ॥१०॥

जात हमारी ब्रह्म है, माता पिता है राम।
गिरह हमारा सुन्न में, अनहद में बिसराम ॥११॥

हंस उदास का अंग

किरकाँटा किस काम का, पलटै करै बहु रंग।
जन दरिया हंसा भला, जट तट एकै रंग ॥१॥

---

५ जाति=असल जाति से अर्थात ब्रह्मभाव से। तत=तत्त्व।

७ सेलान=निशान रूप।

८ खोज मँडै नहिं माहिं=आकाश में निशान नहीं पड़ते हैं।

११ गिरह=गृह, घर।

हंस उदास का अंग

१ किरकाँटा=गिरगिट। जट तट=जड़ता।

दरिया बगुला ऊजला, उज्जल ही होय हंस।
ए सरवर मोती चुगैं, वाके मुख में मंस ॥२॥

जन दरिया हंसा तना, देख बड़ा व्यौहार।
तन उज्जल मन ऊजला, उज्जल लेत अहार ॥३॥

बाहर से उज्जल दसा, भीतर मैला अंग।
ता सेती कौवा भला, तन मन एकहि रंग ॥४॥

मानसरोवर बासिया, छीलर रहैं उदास।
जन दरिया भज राम को, जबलग पिंजर साँस ॥५॥

सुपने का अंग

दरिया सोता सकल जग, जागत नाहीं कोय।
जागे में फिर जागना, जागा कहिये सोय ॥१॥

साध जगावैं जीव को, मत कोइ उट्ठै जाग।
जागे फिर सोवै नहीं, जन दरिया बड़भाग ॥२॥

साध का अंग

दरिया लच्छन साध का, क्या गिरही क्या भेख।
निःकपटी निरसक रहि, बाहर भीतर एक ॥१॥

---

२ मंस=माँस।
४ ता सेती=उससे।
५ छीलर=छिछला तालाब।

सुपने का अंग

१ जागे में फिर जागना=ऐसा चेत जाना कि देह अनित्य है और निज स्वरूप या आत्मभाव ही नित्य है और फिर कभी देहासक्ति में न फँसना।

साध का अंग

१ गिरही=गृहस्थ। भेख=वैरागी।

सत्त सब्द सत गुरमुखी, मत गजंद-मुखदंत।
यह तो तोड़ै पौलगढ़, यह तोड़ै करम अनंत ॥२॥

दाँत रहै हस्ती बिना, तो पौल न टूटै कोय।
कै कर धारै कामिनी, कै खेलारौं होय ॥३॥

मतवादी जानै नहीं, ततवादी की बात।
सूरज ऊगा उल्लुवा, गिनै अँधारी रात ॥४॥

सीखत ग्यानी ग्यान गम करै ब्रह्म की बात।
दरिया बाहर चाँदनां भीतर काली रात ॥५॥

अपारख का अंग

हीरा लेकर जौहरी, गया गँवारे देस।
देखा जिन कंकर कहा, भीतर परख न लेस ॥१॥

दरिया हीरा क्रोड़ का, [जाकी] कीमत लखै न कोय।
जबर मिलै कोइ जौहरी, तबही पारख होय ॥२॥

उपदेश का अंग

दरिया बहु बकवाद तज, कर अनहद से नेह।
औंधा कलसा ऊपरे, कहा बरसावै मेह ॥१॥

२ मत=मत्त, मतवाला। पौलगढ़=किले की ड्योढ़ी का फाटक।

३ दाँत रहै हस्ती बिना=यदि केवल हाथी का दाँत हो, पर हाथी न हो; साधना के पक्ष में यह अर्थ होगा, कि यदि इन्द्रियों और मन का दमन न किया हो, केवल तान्त्रिक साधना हो। खेलारौं=खिलौना।

४ मतवादी=भिन्न भिन्न शास्त्रों के सिद्धान्तों की बात करनेवाले। ततवादी=तत्त्ववादी, शुद्ध आत्मज्ञानी।

जन दरिया उपदेस दे, भीतर प्रेम सधीर।
गाहक हो कोइ हींग का, कहा दिखावै हीर ॥२॥
दरिया गैला जगत को, क्या कीजै सुलझाय।
सुलझाया सुलझै नहीं, सुलझ-सुलझ उलझाय ॥३॥
दरिया गैला जगत को, क्या कीजै समझाय।
रोग नीसरै देह में, पत्थर पूजन जाय ॥४॥
कंचन कंचन ही सदा, काँच काँच सो काँच।
दरिया झूठ सो झूठ है, साँच साँच सो साँच ॥५॥
कानों सुनी सो झूठ सब, आँखों देखी साँच।
दरिया देखे जानिये, यह कंचन यह काँच ॥६॥

पारस का अंग

पारस परसा जानिये, जो पलटै अँग-अंग।
अंग-अंग पलटै नहीं, तो है झूठा संग ॥१॥
पारस जाकर लाइये, जाके अँग में आप।
क्या लावै पाषन को, घस-घस होय संताप ॥२॥
दरिया बिल्ली गुरु किया, उज्जल बगु को देख।
जैसे को तैसा मिला, ऐसा जक्त अरु भेप ॥३॥

उपदेश का अंग

२ सधीर=दृढ़, पक्का। हीर=हीरा।

३ गैला=गहिला, पागल।

४ रोग=चेचक से तात्पर्य है। नीसरै=निकलता है। पत्थर पूजन जाय=माता कहकर देवी पूजने जाते हैं।

पारस का अंग

२ लाइए=छुआवे। आप=आब या जौहर।

३ जक्त=जगत, सासारिक शिष्य से आशय है। भेख=सामाजिक साधु या गुरु से तात्पर्य है।

साध स्वाँग अस आँतरा, जेता झूठ अरु साँच।
मोती मोती फेर बहु, इक कंचन इक कांच ॥४॥

पाँच सात साखी कही, पद गाया दस होय।
दरिया कारज ना सरै, पेट-भराई होय ॥५॥

मिश्रित साखी

बड़ के बड़ लागै नहीं, बड़ के लागै बीज।
दरिया नान्हा होयकर, रामनाम गह चीज ॥१॥

माया माया सब कहै, चीन्है नाहीं कोय।
जन दरिया निज नाम बिन, सबही माया होय ॥२॥

नारी आवै प्रीत कर, सतगुर परसै आन।
दरिया हित उपदेस दे, माय बहिन धी जान ॥३॥

नारी जननी जगत की, पाल-पोस दे पोष।
मूरख राम बिसार कर, ताहि लगावै दोष ॥४॥

पद

राग भैरव

सब जग सोता सुध नहिं पावै। बोलै सो सोता बरड़ावै ॥टेक॥
संसय मोह भरम की रैन। अंधधुंध होय सोते अैन ॥

---

४ साध स्वांग=सच्चा साधु और झूठा भेषधारी साधु। कंचन=असली से तात्पर्य है। कांच=नकली से तात्पर्य है।

मिश्रित साखी

३ धी=लड़की, बेटी।

पद

१ सुध=चैत, होश। रैन=रात। [illegible]

जप तप संजम औ आचार। यह सब सुपने के व्यौहार ॥
तीर्थ-दान जग प्रतिमा-सेवा। यह सब सुपना लेवा-देवा ॥
कहना सुनना हार औ जीत। पच्छा-पच्छी सुपनो विपरीत ॥
चार वरन औ आस्रम चार। सुपना अंतर सब व्यौहार ॥
षट दरसन आदि भेद-भाव। सुपना अंतर सब दरसाव ॥
राजा राना तप बलवंता। सुपना माहीं सब बरतंता ॥
पीर औलिया सबै सयाना। ख्वाब माहिं बरतैं विध नाना ॥
काजी सैयद औ सुलताना। ख्वाब माहिं सब करत पयाना ॥
सांख जोग औ नौधा भकती। सुपना में इनकी इक विरती ॥
काया कसनी दया औ धर्म। सुपने सुर्ग औ बंधन कर्म ॥
काम क्रोध हत्या परनास। सुपना माहीं नर्कनिवास ॥
आदि भवानी संकर देवा। यह सब सुपना लेवा-देवा ॥
ब्रह्मा विस्नू दस औतार। सुपना अंतर सब व्यौहार ॥
उद्भिज सेदज जेरज अंडा। सुपनरूप बरतै ब्रह्मंडा ॥
उपजै बरतै अरु विनसावै। सुपने अंतर सब दरसावै ॥
त्याग ग्रहन सुपना व्यौहारा। जो जागै सो सब से न्यारा ॥
जो कोइ साध जागिया चावै। सो सतगुर के सरनै आवै ॥
कृतकृत विरला जोग सभागी। गुरमुख चेत सब्दमुख जागी ॥
संसय मोह-भरम-निस नास। आतमराम सहज परकास ॥
राम संभाल सहज धर ध्यान। पाछे सहज प्रकासै ग्यान ॥
जन दरियाव सोइ बड़भागी। जाकी सुरत ब्रह्म सँग जागी ॥१॥

---

१ पच्छा-पच्छी=पक्ष और विपक्ष की बात। षट दरसन=छह शास्त्र। बलवंता=घोर तपस्वी। ख्वाब=स्वप्न। साँख=साख्य दर्शन। जोग=योग दर्शन। नौधा=नौ प्रकार की। विरती=वृत्ति। कसनी=तपद्वारा वश में करना। सेदज=स्वेदज, पसीने से पैदा होनेवाले जीव। जेरज=जरायुज, पिण्डज।

राग भैरो

जाके उर उपजी नहिं भाई। सो क्या जानै पीर पराई ॥टेक॥
ब्यावर जानै पीर की सार। बाँझ नार क्या लखै बिकार ॥
पतिव्रता पति को व्रत जानै। बिभचारिन मिल कहा बखानै ॥
हीरा पारख जौहरि पावै। मूरख निरखके कहा बतावै ॥
लागा घाव कराहैं सोई। कोतगहार के दर्द न कोई ॥
रामनाम मेरा प्रान-अधार। सोई रामरस-पीवनहार ॥
जन दरिया जानैगा सोई। प्रेम की भाल कलेजे पोई ॥२॥

राग भैरो

जो धुनियाँ तौ मैं भी राम तुम्हारा।
अधम कमीन जाति मतिहीना, तुम तौ हौ सिरताज हमारा ॥टेक॥
काया का जंत्र, सब्द मन मुठिया, सुषमन ताँत चढ़ाई।
गगन-मंडल में धुनुआँ बैठा, मेरे सतगुर कला सिखाई ॥
पाप-पान हरि, कुबुधि-काँकड़ा, सहज-सहज झड़ जाई।
घुंडी गांठ रहन नहिं पावै, इकरंगी होय आई ॥
इकरँग हुआ भरा हरि चोला, हरि कहै, कहा दिलाऊँ ?
मैं नाही मेहनत का लोभी, बकसो मौज भक्ति निज पाऊँ ॥
किरपा करि हरि बोले बानी, तुम तौ हौ मम दास ॥
दरिया कहै मेरे आतम भीतर, मेलौ राम भक्ति-बिस्वास ॥३॥

अरज=[illegible] । चावै=चाहे । हनहन=हनहना, [illegible] । सुभागी=भाग्यवान । सुरत=[illegible] ।

२ ब्यावर=बच्चा देनेवाली, जच्चा । कोतगहार=तमाशा देखनेवाला, तटस्थ रहनेवाला । पोई=चुभी है, आरपार चली गई है ।

३ कमीन=नीच । जंत्र=धुनकी । सुखमन ताँत चढ़ाई=सुखमा नाड़ी में प्राणों को लय करते [illegible] । गगन मण्डल=मन की [illegible] अर्थात् निर्विकल्प समाधि की स्थिति । पाप-पान हरि—पापरूपी पत्ते निकालकर ।

राग भैरो

आदि अनादी मेरा साँई ॥
द्रष्ट न मुष्ट है अगम अगोचर, यह सब माया उनहीं माईं ॥
जो वनमाली सींचै मूल, सहजै पिवै डाल फल फूल ॥
जो नरपति को गिरह बुलावै, सेना सकल सहज ही आवै ॥
जो कोई कर भान प्रकासै, तौ निस तारा सहजहि नासै ॥
गरुड़ पंख जो घर में लावै, सर्प जाति रहने नहिं पावै ॥
दरिया सुमरै एकहि राम, एक राम सारै सब काम ॥४॥

राग भैरो

आदि अंत मेरा है राम, उन बिन और सकल बेकाम ॥
कहा करूँ तेरा बेद पुराना। जिन है सकल जगत भरमाना ॥
कहा करूँ तेरी अनुभै-बानी। जिन तें मेरी सुद्धि भुलानी ॥
कहा करूँ ये मान बड़ाई। राम बिना सबही दुखदाई ॥
कहा करूँ तेरा साँख औ जोग। राम बिना सब बंदन रोग ॥
कहा करूँ इन्द्रिन का सुक्ख। राम बिना देवा सब दुक्ख ॥
दरिया कहै राम गुरमुखिया। हरि बिन दुखी राम सँग सुखिया ॥५॥

राग बिहंगडा

नाम बिन भाव करम नहिं छूटै ॥
साध संग औ रामभजन बिन, काल निरंतर लूटै ॥

कुबुधि काँकड़ा=दुर्बुद्धिरूपी बिनौला। भया हरि चोला=घट में परमात्मा की व्यापकता प्रत्यक्ष हो गई। बकसौ मौज=आनन्दरस प्रदान करो।

४ मुष्ट=गुप्त। माईं=में। गिरह=गृह। करभान=भानुकर, सूर्य की किरण। नासै=छिप जाय। सारै=पूर्ण कर देता है।

५ भरमाना=भुलावे में डाल दिया। सुद्धि=सुध। साँख औ जोग=सांख्य और योगदर्शन।

मल सेती जो मल को धोवै, सो मल कैसे छूटै ॥
प्रेम का साबुन नाम का पानी, दोय मिल ताँता टूटै ॥
भेद अभेद भरम का भाँडा चौड़े पड़-पड़ फूटै ॥
गुरमुख सब्द गहै उर अंतर, सकल भरम से छूटै ॥
राम का ध्यान तूँ धर रे प्रानी. अमृत का मेंह बूटै ॥
जन दरियाव अरप दे आपा, जरा मरन तब टूटै ॥६॥

राग सोरठ

है कोइ संत राम अनुरागी, जाकी सुरत साहब से लागी ॥
अरस-परस पिव के सँग राती, होय रही पतिबरता ॥
दुनिया-भाव कछू नहिं समझै ज्यों समुँद समानी सलिता।
मीन जायकर समुँद समानी, जहँ देखै तहँ पानी ॥
काल-कीर का जाल न पहुँचै, निर्भय ठौर लुभानी ॥
बावन चंदन भौंरा पहुँचा जहँ बैठे तहँ गंधा।
उड़ना छोड़के थिर हो बैठा, निसदिन करत अनंदा ॥
जन दरिया इक राम भजन कर, भरम-बासना खोई।
पारस परस भया लोह कंचन, बहुर न लोहा होई।७।

राग सोरठ

बाबल. कैसे बिसरा जाई।
जदि मैं पति सँग रल खेलूँगी, आपा धरम समाई ॥
सतगुरु मेरे किरपा कीनी, उत्तम बर परनाई।
अब मेरे साँई को सरम पड़ैगी, लेगा चरन लगाई ॥

---

६ ताँता=तार का लगाव; सत के तत्व [illegible]। चौड़े=मैदान में, खुले में। बूटै=बरसै।

७ अरस-परस=देखना और भेटना। राती=प्रेम में रँग गई। सलिता=सरिता, नदी। काल-कीर=[illegible]।

८ रल खेलूँगी=हिल-मिल कर खेला करूँगी। परनाई=ब्याह दिया

थे ज्ञानराय मैं बाली भोली, थे निर्मल, मैं मैली।
थे बतलाओ मैं बोल न जानूँ, भेद न सकूँ सहेली॥
थे ब्रह्मभाव, मैं आतम-कन्या, समझ न जानूँ बानी।
दरिया कहै पति पूरा पाया, यह निस्चय कर जानी ॥८॥

राग केदार

ऐसे साधू करम दहै।
अपना राम कबहुँ नहिं बिसरै, बुरी भली सब सीस सहै॥
हस्ती चलै भूँसैं बहु कूकर, ताका औगुन उर न गहै।
वाकी कबहूँ मन नहिं आनै, निराकार की ओर रहै॥
धन को पाय भया धनवंता, निरधन मिल उन बुरा कहै।
वाकी कबहुँ न मन मे लावै, अपने धन सँग जाय रहै॥
पति को पाय भई पतिव्रता, बहु बिभचारिन हाँस करै।
वाके संग कबहुँ नहिं जावै, पति से मिलकर चिता जरै॥
दरिया राम भजै जो साधू, जगत भेख उपहास करै।
वाका दोष न अंतर आनै, चढ़ (नाम) जहाज भौसागर तरै ॥९॥

राग बिहंगड़ा

राम नाम नहिं हिरदे धरा। जैसा पसुवा तैसा नरा॥
पसुवा नर उद्यम कर खावै। पसुवा तो जंगल चरआवै॥
पसुवा आवै पसुवा जाय। पसुवा चरै व पसुवा खाय॥
रामध्यान ध्याया नहिं साईं। जनम गया पसुवा की नाईं॥
रामनाम से नाहीं प्रीत। यह सब ही पसुवों की रीत॥
जीवत सुख दुख में दिन भरै। मुवा पछे चौरासी परै॥
जन दरिया जिन राम न ध्याया। पसुवा ही ज्यों जनम गवाँया ॥१०॥

थे=तुम। ज्ञानराय=चतुर-शिरोमणि। बाली=लड़की। न सकूँ सहेली=समझ नहीं सकती।

९ भूँसैं=भूँकें। कूकर=कुत्ते, निन्दकों से आशय है। भेख=पाखण्डी, भेषधारी वैरागी। साईं=हृदय में। मुआ पछे=मरने के बाद।

गुलाल साहब

चोला-परिचय

जन्म संवत्—१७५० वि० अनुमान से

जन्म-स्थान—तालुका बसहरि (जिला गाजीपुर) के अन्तर्गत भुरकुड़ा गाँव

जाति—क्षत्रिय

गुरु—बुल्ला साहब

सत्संग-स्थान—गाँव भुरकुड़ा (जिला गाजीपुर)

भेष—गृहस्थ

चोला-त्याग-संवत्—१८५० वि० अनुमान से

सिवा एक घटना के गुलाल साहब के विषय में और कुछ भी नहीं मिलता। परंपरा में सुनने में आता है कि गुलाल साहब जाति के क्षत्रिय थे। घर में साधारण-सी जमींदारी होती थी। पढ़े-लिखे नहीं थे, पर थे अच्छे संस्कारी। बुलाकीराम नाम का इनका एक हलवाहा था, जो भगवान् की भक्ति में सदा मस्त रहता था। बुलाकीराम एक दिन हल चलाने के लिए खेत पर पहुँचा। मालिक गुलाल भी पीछे-पीछे वहाँ जा पहुँचे। देखते क्या हैं कि बैल तो हल लिये एक तरफ खड़े हैं, और बुलाकीराम आँख बंद किये ध्यान में मस्त एक पेड़ के नीचे बैठा है। यह देखकर मालिक को क्रोध आ गया और कामचोर नौकर को पीछे से एक लात जमा दी। बुलाकीराम का ध्यान भंग हो गया। आँखों से प्रेम के आँसू बहने लगे, चेहरे पर प्रेम की आभा खिल उठी। शरीर रोमांचित था। प्रभु-प्रेम में मस्त हलवाहा नम्रतापूर्वक हाथ जोड़कर बोला—'ध्यान में मालिक, मैं साधुओं का मानसी भंडारा कर रहा था। केवल दही परोसना रह गया था। पर आपकी लात की ठोकर से दही की हँडिया हाथ से गिरकर फूट गई।'' जमींदार गुलाल की आँखों पर से अज्ञान का आवरण हट गया, और उन्होंने सद्गुरु बुल्ला साहब के पैरों को रोते-रोते पकड़ लिया। गुलाल साहब उसी दिन

बुल्ला साहब के गुरुमुख चेले हो गये । भुरकुड़ा गाँव में बुल्ला साहब का उनके अंत समयतक इन्होंने सत्संग किया ।

बानी-परिचय

वैराग्य और प्रेम-भक्ति, अभ्यास और अनुभव के गहरे रंग में गुलाल साहब की बानी रँगी हुई है। प्रियतम के मिलन के अति भीने मार्ग का बड़ा आकर्षक वर्णन इन्होंने किया है। उपमान और रूपक कई बिल्कुल नये और अनूठे हैं। तीव्र वैराग्य और ज्वलंत भक्ति की उत्सव-झलक इनके अनेक चोटीले शब्दों में मिलती है ।

भाषा भी भावों के सर्वथा अनुरूप अकृत्रिम और सहज है ।

आधार

१ गुलाल साहब की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ साध-संग्रह अथवा नूतन भक्तमाल—स्वामी बाग, आगरा

गुलाल साहब

उपदेश का अंग

राम मोर पुँजिया मोर धना, निसवासर लागल रहु रे मना ॥
आठ पहर तहँ सुरति निहारी, जस वालक पालै महतारी ॥
धन सुत लछमी रह्यो लोभाय, गर्भमूल सब चल्यो गँवाय ॥
बहुत जतन भेष रच्यो बनाय, बिन हरिभजन इँद्रोरन पाय ॥
हिंदू तुरुक सब गयल बहाय. चौरासी में रहि लपटाय ॥
कहै गुलाल सतगुरु बलिहारी. जाति-पाँति अब छुटल हमारी ॥१॥

नगर हम खोजिलै चोर अबाटी ।
निसवासर चहुँ ओर धाइलै, लुटत फिरत सब घाटी ॥
काजी मुलना पीर औलिया, सुर नर मुनि सब जाती ।
जोगी जती तपी संन्यासी, धरि मार्‌यो बहुभाँती ॥
दुनिया नेम-धर्म करि भूल्यो, गर्व-माया-मद-माती ।
देवहर पूजत समय सिरानो, कोऊ संग न जाती ॥

उपदेश का अंग

१ पुँजिया=पूँजी । लागल रहु=लगा रह, तल्लीन रह । मना=हे मन । सुरति=ध्यान, सुध, लय । इँद्रोरन=एक फल, जो देखने में सुन्दर पर स्वाद मे अत्यन्त कडुवा होता है । बहाय गयल=बह गये, भटक गये । चौरासी=चौरासी लाख योनियाँ ।

२ अबाटी=कुमार्ग पर चलनेवाला । धाइलै=दौड़ते फिरे । सिरानो=बीता ।

मानुष जन्म पायकै खोइले, भ्रमत फिरै चौरासी।
दास गुलाल चोर धरि मरिलौं, जॉव न मथुरा कासी ॥२॥

कोउ नहिं कइल मोरे मन कै बुझरिया।
घरि घरि पल पल छिन छिन डोलत डालत साफ अगरिया ॥
सुर नर मुनि डहकत सब कारन, अपनी अपनी बेरिया ॥
सबै नचावत कोउ नहिं पावत. मारत मुँह मुँह मरिया ॥
अबकी बेर सुनो नर मूढ़ो, बहुरि न ल्यो अवतरिया ॥
कह गुलाल सतगुरु बलिहारी, भवसिंधु अगम गम तरिया ॥३॥

तन में राम और कित जाय। घर बैठल भेटल रघुराय ॥
जोगि जती बहु भेष बनावै। आपन मनुवॉ नहिं समुझावै ॥
पूजहिं पत्थल जल को ध्यान। खोजत धूरहिं कहत पिसान ॥
आसा तृस्ना करै न थीर। दुविधा-मातल फिरत सरीर ॥
लोक पुजावहिं घर घर धाय। दोजख कारन भिस्त गॅवाय ॥
सुर नर नाग मनुप औतार। बिनु हरिभजन न पावहिं पार ॥
कारन धैधै रहत बुलाय। तातें फिर फिर नरक समाय ॥
अवकी बेर जो जानहु भाई। अवधि बिते कछु हाथ न आई ॥
सदा सुखद निज जानहु राम। कह गुलाल न तौ जमपुरधाम ॥४॥

धरि मरिलौं=पकड़कर मारूँगा।

३ कइल=किया। बुझरिया=समाधान, शान्ति। अँगरिया=अंगार, आग (शान्त-शीतल करना तो दूर, उलटे सब जलाते रहते हैं।) मारत मुँह-मुँह मरिया=मुँह पर मार मारते हैं। अवतरिया=जन्म। अगम गम तरिया=जिसका पार करना असंभव था, उसे सद्गुरुने संभव कर दिया।

४ और कित जाय=खोजने और कहाँ जाये। धूरहि=धूल को, फोकट को, असत्य को। पिसान=आटा, तारत्य सत्य। थीर=स्थिर, शान्त। मातल=मतवाला। भिस्त=बहिश्त, स्वर्ग।

चेतावनी का अंग

करु मन सहज नाम ब्यौपार, छोड़ि सकल ब्यौहार ॥टेक॥
निसुवासर दिन रैन ढहतु है. नेक न धरत करार।
धंधा धोख रहत लपटानो, भ्रमत फिरत संसार॥
मात पिता सुत बंधू नारी, कुल कुटुम्ब परिवार।
माया-फाँसि बाँधि मत डूबहु, छिन मे होहु सँघार॥
हरि की भक्ति करी नहिं कबहीं, संत वचन आगार।
करि हंकार मद गर्व भुलानो, जन्म गयो जरि छार॥
अनुभव घर के सुधियो न जानत. कासों कहूँ गँवार।
कहै गुलाल सबै नर गाफिल, कौन उतारै पार॥१॥

नाम-महिमा का अंग

नामरस अमरा है भाई, कोउ साध-संगति तें पाई ॥टेक॥
बिन घोटे बिन छाने पीवै, कौड़ी दाम न लाई।
रंग रँगीले चढ़न रसीले. कबहीं उतरि न जाई॥
छके छकाये पगे-पगाये. झूमि-झूमि रस लाई।
बिमल बिमल बानी गुन बोलै, अनुभव अमल चढ़ाई॥
जहँ जहँ जावै थिर नहिं आवै, खोलि अमल लै धाई।
जल पत्थल पूजन करि भानत, फोकट गाढ़ बनाई॥

चेतावनी का अंग

१ ढहतु है=गिरता-पड़ता है। करार=निश्चय, स्थिरता। सँघार=संहार, विनाश। हंकार=अहंकार। सुधियो=सुध भी, ध्यान भी।

नाम-महिमा का अंग

१ अमरा=अमर करनेवाला। रस लाई=मस्ती लाता है। अमल=नशा।

गुरुपरताप कृपा तें पावै, घट भरि प्याल फिराई।
कहै गुलाल मगन ह्वै बैठे, मँगिहे हमरी बलाई ॥१॥

प्रेम का अंग

लागलि नेह हमारी पिया मोर ॥टेक॥
चुनि चुनि कलियाँ सेज बिछावौं, करौं मैं मंगलचार।
एकौ घरी पिया नहिं अइलै, होइला मोहिं धिरकार॥
आठौ जाम रैनदिन जोहौं, नेक न हृदय बिसार।
तीनलोक के साहब अपने, फरलहिं मोर लिलार॥
सत्तसरूप सदा ही निरखौं, संतन प्रान-अधार।
कहै गुलाल पावौ भरिपूरन, मौजै मौज हमार ॥१॥

पिय सँग जुरलि सनेह सुभागी।
पुरुब प्रीति सतगुरु किरपा किय, रटत नाम बैरागी॥
आठ पहर चित लगै रहतु है, दिहल दान तन त्यागी।
पुलकि पुलकि प्रभु सों भयो मेला, प्रेम जगो हिये भागी॥
गगनमंडल में रास रचो है, सेत सिंघासन राजी।
कह गुलाल घर में घर पायो, थकित भयो मन पाजी ॥२॥

भानत=तोड़ देते हैं। फोकट गाढ़ बनाई=मुफ्त गढ़कर बनाया है। प्याल=प्याला।

प्रेम का अंग

१ नेह=प्रीति (स्त्रीलिंग में पूर्वी प्रयोग)। धिरकार=धिक्कार। जोहौं=ध्यान करती हूँ। फरलहिं मोर लिलार=मेरे भाग्य का उदय हुआ है। मौजै मौज=आनन्द-ही-आनन्द।

२ जुरलि सनेह=प्रेम जुड़ गया। सुभागी=सद्भाग्य से। रटत नाम बैरागी=सत्तनाम रटते रटते संसार से वैराग्य हो गया। दिहल ... त्यागी=देहासक्ति का दान दे दिया। मेला=मिलन, संयोग। भागी=बड़े भाग्य से।

जौपै कोइ प्रेम को गाहक होई।
त्याग करै जो मन कि कामना, सीस-दान दै सोई॥
और अमल की दर जो छोड़ै, आपु अपन गति जोई।
हरदम हाजिर प्रेम-पियाला, पुलिक-पुलिक रस लेई॥
जीव पीव महँ पीव जीव महँ, बानी बोलत सोई।
सोइ सभन महँ हम सबहन महँ, बूझत बिरला कोई॥
वाकी गती कहा कोइ जानै, जो जिय साँचा होई।
कह गुलाल वे नाम समाने, मत भूले नर लोई॥३॥

अँखियाँ प्रभु-दरसन नित लूटी।
हौं तुव चरनकमल में जूटी॥
निर्गुन नाम निरंतर निरखौं, अनत कला तुव रूपी।
विमल विमल बानी धुन गावौं, कह बरनौं अनुरूपी॥
बिगस्यो कमल फुल्यौ काया बन, झरत दसहुँ दिस मोती।
कह गुलाल प्रभु के चरनन सों डोरि लागि भर जोती॥४॥

विनती और प्रार्थना का अंग

दीनानाथ अनाथ यह, कछु पार न पावै।
बरनौं कवनी जुक्ति से, कछु उक्ति न आवै॥

गगन-मंडल=शून्य वृत्ति। नेत सिंघासन=निर्मल शुद्ध निर्विकल्प अवस्था। रजी=विराजमान, शोभित। घर में घर पायो=इस घट में ही निजपद अर्थात् ब्रह्मपद प्राप्त हो गया। पाजी=शैतान।

३ दर=ठौर। पीव=प्रियतम, निज स्वामी। मत भूले=मत-मतांतरों में भटक गये। समाने=लीन हो गये।

४ जूटी=जुटी हुई है। अनुरूपी=यथार्थ रूप, जो वाणी का नहीं, किन्तु केवल अनुभवगम्य है। डोरि=लय। भर=तक।

विनती और प्रार्थना का अंग

१ मिलि रह्यो=भेदिये की भाँति मिला हुआ है। गावै=गुणानुवाद करे।

यह मन चंचल चोर है, निसुवासर धावै।
काम क्रोध में मिलि रह्यो, ईहैं मन भावै॥
करुनामय किरपा करहु, चरनन चित लावै।
सतसंगति सुख पायकै, निसुवासर गावै॥
अब कि बार यह अंध पर, कछु दाया कीजै।
जन गुलाल विनती करै. अपनो कर लीजै॥१॥

तुम्हरी, मोरे साहब, क्या लाऊँ सेवा।
अस्थिर काहु न देखऊँ, सब फिरत बहेवा॥
सुर नर मुनि दुखिया देखों, सुखिया नहिं केवा।
डंक मारि जम लुटत है, लुटि करत कलेवा॥
अपने अपने ख्याल में सुखिया सब कोई।
मूल मंत्र नहिं जानहीं, दुखिया मैं रोई॥
अबकी बार प्रभु वीनती सुनिये दे काना।
जन गुलाल बड़ दुखिया, दीजै भक्ती-दाना॥२॥

अरिल छंद

निर्मल हरि को नाम ताहि नहिं मानहीं।
भर्मत फिरैं सब ठावँ कपट मन ठानहीं॥
सूझत नाहीं अंध ढूँढ़त जग सानहीं।
कह गुलाल नर मूढ़ साँच नहिं जानहीं॥१॥

---

२ लाऊँ=करूँ। अस्थिर=स्थिर। बहेवा=इधर-उधर भटके हुए। केवा=किसीको भी। करत कलेवा=ग्रास बना लेता है।

अरिल छन्द

१ सानहीं=शान या घमंड में।

माया मोह के साथ सदा नर सोइया।
आखिर खाक निदान सत्त नहिं जोइया॥
बिना नाम नहिं मुक्ति अथ सब खोइया।
कह गुलाल सत, लोग गाफिल सबसोइया॥२॥

दुनिया बिच हैरान जात नर धावई।
चीन्हत नाहीं नाम भरम मन लावई॥
नव दोपन लिये संग सो करम सतावई।
कह गुलाल अवधूत दगा सब खावई॥३॥

साहब दायम प्रगट ताहि नहिं मानई।
हरदम करहि कुकर्म भर्म मन ठानई॥
झूठ करहि ब्योहार सत्त नहिं जानई।
कह गुलाल नर मूढ़ हक्क नहिं मानई॥४॥

गर्ब भुलो नर आय सुकृत नहिं साइँया।
बहुत करत संताप राम नहिं गाइया॥
पूजहिं पत्थल पानि जन्म उन खोइया।
कह गुलाल नर मूढ़ सभै मिलि रोइया॥५॥

भजन करो जिय जानिके प्रेम लगाइया।
हरदम हरि सों प्रीति मिदक तब पाइया॥

---

२ सोइया=अचेत पड़ा रहा। निदान=परिणाम। जोइया=देखा।

३ सतावई=दुःख देता है। दगा=धोखा।

४ दायम=हमेशा। प्रगट=प्रत्यक्ष। भर्म मन ठानई=मन में भ्रम को स्थान देता है। हक्क=सत्य।

५ गर्ब भुलो=अहंकार में गाफिल। पानि=गंगा, गोदावरी आदि नदियाँ।

वहुतक लोग हेवान सुझत नहिं साइँया।
कह गुलाल सठ लोग जन्म जहँड़ाइया ॥६॥
आसिक इस्क लगाय साहव सों रीझई।
हरदम रहि मुस्ताक प्रेम-रस पीजई॥
विमल विमल गुन गाइ सहजरस भीजई।
कह गुलाल सोइ यार सुरति सों जीजई ॥७।
आपु न चीन्हहिं और सवै जहँड़ाइया।
काम क्रोध को संगम सवै भुलाइया॥
रटत फिरै दिनरैन थीर नहिं आइया।
कह गुलाल हरि हेतु काहे नहिं गाइया ।८॥
खोलि देखु नर आँख अन्ध का सोइया।
दिन-दिन होतु है छीन अन्त फिर रोइया॥
इस्क करहु हरिनाम कर्म सव खोइया।
कह गुलाल नर सत्त पाक तव होइया ॥९॥

वसंत

मन मधुकर खेलत वसंत। वाजत अनहद गति अनंत॥
विगसत कमल भयो गुंजार। जोति जगामग कर पसार॥

---

६ सिदक=सचाई। जहँड़ाइया=धोखे में पड़े रहे; धोखे में डाल रखा।
७ मुस्ताक=इच्छुक। भीजई=भीगा रहे, विभोर रहे। जीजई=जीवे।
८ थीर=स्थिरता, शान्ति।

वसंत

१ मन मधुकर=जैसे भ्रमर अनेक फूलों का रस लेता है, वैसे ही यह मन

निरखि निरखि जिय भयो अनंद। बाझल मन तब परल फंद ॥
लहरि लहरि बहै जोति धार। चरनकमल मन मिलो हमार ॥
आवै न जाइ मरै नहिं जीव। पुलकि पुलकि रस अमिय पीव ॥
अगम अगोचर अलख नाथ। देखत नैनन भयो सनाथ ॥
कह गुलाल मोरी पुजलि आस। जम जीत्यो भयो जोति वास ॥१॥

चलु मोरे मनुवाँ हरि के धाम।
सदा सरूप तहँ उठत नाम ॥टेक॥
गोरख, दत्त, गये सुकदेव। तुलसी, सूर, भये जैदेव ॥
नामदेव, रैदास दास। वहँ दास कबीर के पुजलि आस ॥
रामानँद वहँ लिय निवास। धना, सेन, वहँ कृस्नदास ॥
चतुरभुज, नानक, संतन गनी। दास मलूका सहज बनी ॥
यारीदास वहँ केसोदास। सतगुरु बुल्ला चरनपास ॥
कह गुलाल का कहौं बनाय। सत चरनरज सिर समाय ॥२॥

होली

सतगुरु घर पर परलि धमारी, होरिया मैं खेलौंगी ॥टेक॥
जूथ जूथ सखियाँ सब निकरीं, परलि ग्यान कै मारी ॥

अनेक विषयों में लुब्ध रहता है। बाझल=बँध गया। परल फंद=फंदे में पड़ गया। जोति=परमचैतन्य-ज्योति। पुजलि=पूरी हो गई।

२ तहँ उठत नाम=वहाँ उस शून्यावस्था में निरंतर 'सोऽहं' धुन उठती रहती है। दत्त=दत्तात्रेय। तुलसी=गोसाईं तुलसीदास तथा हाथरसवाले तुलसी साहब दोनों से ही आशय है। सूर=सूरदास। यारी=प्रसिद्ध मुसलमान सूफी यारी साहब। केसोदास=संत केशवदास, जिनकी 'अमी घूंट' बानी प्रसिद्ध है।

होली

१ धमारी=नृत्य के साथ कोलाहलपूर्ण गाना-बजाना. नृत्य-बजाना : होली

अपने पिय सँग होरी खेलौं, लोग देत सब गारी ॥
अब खेलौं मन महामगन ह्वै, छूटलि लाज हमारी ॥
मस्त सुकृत मों होरी खेलौं, संतन की बलिहारी ॥
कह गुलाल प्रिय होरी खेलैं, हम कुलवती नारी ॥१॥

फागुन समय सोहावन हो, नर खेलहु अवसर जाय ॥
यह तन बालू मंदिर हो, नर धोखे माया लपटाय ॥
ज्यों अजुँली जल घटत है हो, नेकु नहीं ठहराय ॥
पाँच पचीस बड़े दारुन हो, लूटहिं सहर बनाय ॥
मनुवाँ जालिम जोर है हो, डाँड़ लेन गरुवाय ॥
कह गुलाल हम बाँधल हो, खात हैं राम-दोहाय ॥२॥

को जाने हरिनाम की होरी ॥टेक॥
चौरासी में रमि रह पूरन, तीहुर खेल बनो री ॥
घूमि घूमिके फिरत दसोदिसि, कारन नाहिं छुटो री ॥
नेक प्रीति हियरे नाहीं आयो, नहिं सतसंग मिलो री ॥
कहै गुलाल अधम भो प्रानी, अवरे अवरि गहो री ॥३॥

के उत्सव पर 'धमार' नाम का एक राग । होरिया = होली । जूथ = यूथ, झुंड । परलि ग्यान के मारी = ज्ञान की धूम मची । कुलवंती = अनन्य प्रीतिवंती जीवात्माएँ जो ज्ञान की ऊँची साधना में निर्विकार हो चुकी हैं ।

२　बालू-मंदिर = क्षण में ढहजानेवाला, अनित्य । पाँच = पंचभूत अर्थात पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश । गरुवाय डाँड = भारी दंड । राम-दोहाय = राम की सौगंद ।

३　तीहुर = तेहरा, त्रिगुण का । कारन = आवागमन का मूल कारण । अवरे अवरि = कुछ और ही और, कर्म में बाँधनेवाले अंटसंट उपाय ।

रेखता

सरन सँभारि धरि चरनतर रहो परि,
काल अरु जाल कोउ अवर नाहीं ॥
प्रेम सों प्रीति करु, नाम को हृदय धरु,
जोर जम काल सब दूर जाहीं ॥
सुरति संभारिकै नेह लगाइकै,
रहो अडोल कहुँ डोल नाहीं ॥
कहै गुलाल किरपा कियो सतगुरु
पर्यो अथाह लियो पकरि बाँहीं ॥१॥

भक्ति-परताप तब पूर सोइ जानिये,
धर्म अरु कर्म से रहत न्यारा ॥
राम सों रमि रह्यो जोति में मिलि रह्यो,
दुंद संसार को सहज जारा ॥
भर्म भव मारिकै क्रोध को जारिकै,
चित्त धरि चोर को कियो यारा ॥
कहै गुलाल सतगुरु किरपा कियो,
हाथ मन लियो तब काल मारा ॥२॥

रेखता

१ चरनतर=चरणों के नीचे। अवर=और, बाधक। सुरति=ध्यान। अडोल=स्थिर। बाँहीं=हाथ।

२ पूर=पूरा। जोति में मिलि रह्यो=आत्म-प्रकाश में लीन हो गया। जारा=जला दिया। भर्म भव=संसार का भ्रम, अविद्या। चित्त ...यारा=चोर मन को पकड़कर अपने वश में कर लिया; शत्रु को मित्र बना लिया।

ज्ञान उद्योत करि हृदय गुरुवचन धरि,
जोग संग्राम के खेत आवै ॥
संत सो सूर है सूर मांडे रहै,
कंच कुच आदि नहिं ओर जावै ॥
अगम असाध यह मारि कैसे करै,
काटिके सीस आगे धरावै ॥
कहैं गुलाल तब राम किरपा करैं,
जीति भा सूर सो खेत पावै ॥३॥

आरती

ऐसी आरति करु मन लाय. महाप्रसाद ठाकुर के चढ़ाय ॥
प्रेम कै पतरी प्रीति लगाय. भाव के विंजन रुचिर बनाय ॥
संत साध मिलि आरत गाय, प्रभु के सिर पर चँवर ढुराय ॥
सुर नर मुनि सब आस लगाय, गिरा परा किनका बिन खाय ॥
सिव ब्रह्मा जाको खोजत धाय, प्रभु को जूंठन भागहुँ पाय ॥
सतगुरु बुल्ले अलख लखाय, संतन सीत गुलालहुँ पाय ॥१॥

---

३ कंच-कुच=कनक और कामिनी। उद्योत=उदय, प्रकाश। असाध= असाध्य। सीस=अहंता से आशय है। खेत पावै=(जीवनरूपी) रणक्षेत्र पर कब्ज़ा कर लेता है।

आरती

१ पतरी=पत्तल, जिसमें भोजन परोसते हैं। किनका बिन खाय=जूठन बीनकर खाले। बुल्ले=गुलाल साहब के सद्गुरु बुल्ला साहब। सीत= जूठन, प्रसादी।

मिश्रित

सब्द सनेह लगावल हो, पावल गुरु रीती।
पुलकि-पुलकि मन भावल हो, ढहली भ्रम-भीती ॥१॥

सतगुरु कृपा अगम भयो हो, हिरदय बिसराम।
अब हम सब बिसरावल हो, निस्चय मन राम ॥२॥

छूटल जग ब्योहरवा हो, छूटल सब ठाँव।
फिरब चलब सब थाकल हो, एकौ नहिं गाँव ॥३॥

यहि संसार बेड़लवत हो, भूलो मत कोइ।
माया बास न लागे हो, फिर अंत न रोइ ॥४॥

चेतहु क्यों नहिं जागहु हो, सोवहु दिनराति।
अवसर बीति जब जइहैं हो, पाछे पछिताति ॥५॥

दिन दुइ रंग कुसुम है हो, जनि भूलो कोइ।
पढ़ि-पढ़ि सबहिं ठगावल हो, आपनि गति खोइ ॥६॥

सुर नर नाग ग्रसित भो हो, भक्ति रह्यो न कोइ।
जानि बूझि सब हारल हो, बड़ कठिन है सोइ ॥७॥

निस्चै जो जिय आवै हो, हरिनाम बिचार।
तब माया मन मानैं हो, न तो वार न पार ॥८॥

मिश्रित

१ पावल गुरुरीती=गुरुद्वारा निर्दिष्ट संतमार्ग पा लिया। भावल=भाया, प्रिय लगा। ढहली=ढह गई, गिर पड़ी। भीती=दीवार। बिसरावल==भुला दिया। थाकल=थक गया बंद होगया। ठाँव गाँव=मन के ठहरने के स्थान इन्द्रियों के विषय। बेड़लवत=उस बेलि या लता की तरह है, जो फैलती बहुत है, पर फूल जिसका जल्द मुरझा जाता है।

संतन कहल पुकारी हो, जिन सूनल बानी।
सो जन जम तें बाचल हो, मन सारँगपानी ॥६॥

अवरि उपाव न एको हो, बहु धावत कूर।
आपुहि मोहत समरथ हो, नियरे का दूर॥
प्रेम नेम जब आवे हो, सब करम बहाव।
तब मनुवाँ मन माने हो, छोड़ो सब चाव॥
यह प्रताप जब होवे हो, सोइ संत सुजान।
बिनु हरिकृपा न पावे हो. मत अवर न आन॥
कह गुलाल यह निर्गुन हो, संतन मत ज्ञान।
जो यहि पढ़हि विचारे हो, सोइ है भगवान॥

सोइ दिन लेखे जा दिन संत मिलाहिं।
संत के चरनकमल की महिमा, मोरे बूते बरनि न जाहिं॥
जल तरंग जल ही तें उपजैं, फिर जल माहिं समाहिं।
हरि में साध साध में हरि हैं, साध से अंतर नाहिं॥
ब्रह्मा बिस्नु महेस साध संग, पाछे लागे जाहिं।
दास गुलाल साध की संगति, नीच परमपद पाहिं॥२॥

माया मन मानै=माया तब मन में हार मानती है। सूनल=सुनी। बाचल=बच सका। सारंगपानी=हाथ में धनुष लेनेवाले राम; निर्गुणी संतोंने इस नाम का प्रयोग भव-पाश छुड़ानेवाले राम के अर्थ में किया है। कूर=मूढ़। चाव=मोह, आसक्ति।

२ सोई दिन लेखे=वही दिन सफल समझना चाहिए। नीच=नीच कर्म करनेवाले भी। परमपद पाहि=मोक्षपद पाते हैं।

भीखा साहब

चोला-परिचय

जन्म-संवत्—१७७० वि०

जन्म-स्थान—खानपुर बोहना गाँव, ज़िला आज़मगढ़

जाति—ब्राह्मण चौबे

गुरु—गुलाल साहब

सत्संग-स्थान—भुरकुड़ा गाँव, ज़िला गाज़ीपुर

चोला-त्याग—संवत् १८२० वि०

घरेलू नाम इनका भीखानन्द था। बालपन से ही सत्संग में रस लेने लगे थे। बारह वर्ष की अवस्था में ही घर त्याग दिया। सतगुरु की खोज में निकल पड़े काशी की ओर। पर वहाँ कुछ मिला नहीं। लौट पड़े। रास्ते में सुना कि भुरकुड़ा गाँव में गुलाल साहब नाम के एक पहुँचे हुए महात्मा परमार्थ को दोनों हाथों लुटा रहे हैं; जो भी भक्ति-रस का प्यासा उनके द्वार पर जाता है, वह अघाकर ही लौटता है। भक्ति-रस के प्यासे भीखानन्द भुरकुड़ा पहुँचे, और गुलाल साहब के गुरुमुख चेले हो गये। भीखा साहब ने इस सुन्दर घटना को अपने एक पद में विस्तार से इस प्रकार कहा है—

"बीते बारह बरस उपजी रामनाम सों प्रीति।
निपट लागी चटपटी मानो चारिउ पन गये बीति॥
नहिं खान-पान सुहात तेहि छिन, बहुत तन दुर्बल हुआ।
उर भाम लाग्यो विषम, घन मनु मरन हार्यो है जुआ॥
ज्यों मृगा जूथ ते फूटि परु, चित चकित ह्वै चहुँ टगे।
ढूँढत व्याकुल वस्तु जनु कै हाथ सों कछु गिरि परे॥
सतगुरु खोजो चित्त सों जहँ रमत अलख अलेख।
कृपा करि कर मिलहिंगे तहँ कहाँ कौने भेख॥

कोउ कहेउ साधू बहु बनारस भक्ति-बीज तहाँ रह्यौ ।
तहँ सास्त्र मत को ग्यान है, गुरुभेद काहू नहिं कह्यौ ॥
दिन दोय-चारि विचारि देख्यौं भग्ग करम अपार है ।
बहु सेव पूजा कीरतन मन माया-रस ब्योहार है ॥
चल्यौं बिरह जगाय छिन-छिन उठत मन अनुराग ।
दहुँ कौन दिन अरु घरी पल कब खुलैगो मम भाग ।
बहु रेखता अरु कवित साखी सब्द सों मन मान ।
सोइ लिखत सीखत पढ़त निसिदिन करत हरिगुन गान ॥
इक ध्रुपद बहुत विचित्र सुनत, 'भोग' पूछेउ है कहाँ ।
नियरे भुरकुड़ा ग्राम जाके सब्द आपे हैं तहाँ ॥
चोप लागी बहुत जायके चरन पर सिर नाइया ।
पूछेउ कहा कहि दियो आदर सहित मोहि बैसाइया ॥
गुरुभाव बूझि मगन भयो मनु जन्म को फल पाइया ।
लखि प्रीति दरद दयाल दरवे आपनो अपनाइया ॥
आतमा निज रूप साँचो कहत हम करि कसम कै ।
भीखा आपे आप घटघट बोलता सोहमस्मि कै ॥"

इस शब्द में कितनी गहरी और तीव्र सतगुरु से मिलने और उनसे अनमोल वस्तु पाने की विरह-व्याकुलता है। सोते हुए विरह को जगाकर, अनुराग की हिलोरों को उठाते हुए सतगुरु की खोज में भुरकुड़ा गाँव यह पहुँचे। अद्भुत ध्रुपद कहीं एक सुन लिया था, जिसकी आखिरी कड़ी में गुलाल' यह छाप पड़ती थी। गहरी प्रीति और विरह की भीतरी पीड़ देखते ही दयालु गुलाल-साहब द्रवित हो गये, और तुरंत दरदवंत भीखा को अपना लिया। १६ बरस तक भीखा साहब ने भुरकुड़ा में बैठकर गुलाल साहब की खूब सेवा की और खूब सत्संग कमाया, और ५० बरस की अवस्था में वहीं गुरुधाम में चोला छोड़ा।

बानी-परिचय

भीखा साहब की बानी में साखियाँ, पद, रेखते, कवित्त और कुंडलियाँ विविध अंगों पर मिलती हैं। कहते हैं कि 'रामजहाज' नाम का इनका रचा एक भारी

पन्थ है। और भी कई पुस्तकें हैं जिनमें से बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद से प्रकाशित संतबानी पुस्तकमाला के शोध-प्रेमी संपादक ने भीखा साहब की बानी का संकलन किया है।

कोमल, मधुर अंतर को बेधनेवाली बानी है भीखा साहब की। अनेक शब्दों में मौज की ऊँची लहरें उठती दिखाई देती हैं। शब्द-रहस्य को खोला तब ऐसा लगता है मानो रस का निर्झर फूट पड़ा हो, गुलाल बिखर पड़ी हो। भावों के अनुरूप अनेक अप्रयुक्त शब्दों का भी इन्होंने पटुतापूर्वक प्रयोग किया है।

सतगुरु ने जो प्रसादी पाई थी उसे भीखा साहब ने बड़े जतन से सँवारा और अपनी गहरी बानी द्वारा जन-जन को दोनों हाथों लुटाया।

आधार

१ भीखा साहब की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ साध-संग्रह अथवा नूतन भक्तमाल—स्वामी बाग, आगरा

———

भीखा साहब

उपदेश

जग के करम बहुत कठिनाई, तातें भरमि-भरमि जहँड़ाई ॥
ज्ञानवन्त अज्ञान होत है, बूढ़े करत लरिकाई ।
परमारथ तजि स्वारथ सेवहि, यह धौं कौनि बड़ाई ॥
वेद-वेदान्त कौ अर्थ विचारहिं बहुविधि रुचि उपजाई ।
माया-मोह-ग्रसित निसवासर, कौन बड़ो सुखदाई ॥
लेहिं बिसाहि काँच को सौदा, सोना नाम गँवाई ।
अमृत तजि विष अँचवन लागे, यह धौं कौनि मिठाई ॥
गुरु-परताप साध की संगति करहु न काहे भाई ।
अन्तसमय जब काल गरसिहै, कौन करौ चतुराई ॥
मानुष-जनम बहुरि नहिं पैहो, बादि चला दिन जाई ।
भीखा कौ मन कपट कुचाली, धरन धरै मुरखाई ॥१॥

समुझि गहो हरिनाम, मन तुम समुझि गहो हरिनाम ।
दिन दस सुख यहि तन के कारन, लपटि रह्यो धन धाम ॥

पदेश

१ जहँड़ाई=धोखा खाते हैं। लेहि बिसाहि=खरीद लेते हैं। सोना नाम=सुवर्ण के जैसा हरिनाम। अँचवन लागे=पीने लगे। गरसिहै=ग्रस लेगा, पकड़ लेगा, निगल जायेगा। बादि=व्यर्थ। धरन=धारणा, टेक।

देखु विचारि जिया अपने. जत गुनना गुनन बेकाम।
जोग जुक्ति अरु ज्ञान ध्यान तें निकट सुलभ नहिं लाम ॥
इत उत की अब आसा तजिकै, मिलि रहु आतमराम।
भीखा दीन कहाँलगि बरनै. धन्य घरी वहि जाम ॥२॥

राम सों करु प्रीति हे मन राम सों करु प्रीति ॥
राम बिना कोउ काम न आवै, अंत ढहो जिमि भीति ॥
बूझि विचारि देखु जिय अपनो हरि बिन नहिं कोउ हीति ॥
गुरु गुलला के चरनकमल-रज, धरु भीखा उर चीति ॥३॥

गुरु व नाम-महिमा

गुरु दाता छत्री सुनि पाया। सिष्य होन द्विज जाचक आया ॥
देखत सुभग सुन्दर अति काया। बचन सप्रेम दीन पर दाया ॥
बूझि बिचारि समुझि ठहराया. तन मन सो चरनन चित लाया ॥
दिन-दिन प्रीति बढ़त गतमाया। कृपा करहिं जानहिं निजजाया ॥
साहब आपं आप निहाल। आतमराम को नाम गुलाल ॥
सब दान दियो रूप विचारी। पाय मगन भयो विप्र भिखारी ॥१॥

मोहिं छाड़तु है मन-माया ॥
एकै सब्द ब्रह्म फिरि एकै. फिरि एकै जग छाया।

---

२. जत = जितना। लाम = लंबा, दूर। जाम = याम, पहर।

३. अंत ... भीति = जैसे दीवार ढह पड़ती है, वैसे ही अंत में तुम्हारी देह भी गिर पड़ेगी। हीति = हितकारी। चीति = चेतकर।

गुरु व नाम-महिमा

१. छत्री = गुरु गुलाल साहब, जो क्षत्रिय थे। द्विज = भीखा साहब, जो ब्राह्मण थे। गतमाया = माया दूर होती जाती है। जाया = पैदा किया हुआ, पुत्र। निहाल = निराला. विलक्षण. अलौकिक।

आतम जीव करम अरुझाना, जड़ चेतन बिलमाया ॥
परमारथ को पीठ दियो है, स्वारथ सनमुख धाया ।
नाम नित्य तजि अनितै भावै, तजि अमृत विष खाया ॥
सतगुरु कृपा कोउ कोउ बाचै, जो सोधै निज काया ।
भीखा यह जग रतो कनक पर, कामिनि हाथ बिकाया ॥२॥

को लखि सकै राम को नाम ।
देइ करि कौल करार बिसारो, जियना बिनु भजन हराम ॥
बरनत बेद बेदान्त चहूँ जुग, नहिं अस्थिर पावत बिसराम ।
जोग जज्ञ तप दान नेम व्रत, भटकत फिरत भोर अरु साम ॥
सुर नर मुनिगन पचि पचि हारे, अंत न मिलत बहुत सो लाम ॥
साहब अलख अलेख निकट हीं, घट घट नूर ब्रह्म को धाम ॥
खोजत नारद सारद अस अस, जातु है समय दिवस अरु जाम ॥
सुगम उपाय जुक्ति मिलवे की, भीखा इह सतगुरु से काम ॥३॥

साधो, सब महँ निज पहिचानी, जग पूरन चारिउ खानी ॥
अविगत अलख अखंड अमूरति, कोउ देखे गुरु ज्ञानी ॥
ता पद जाय कोउ कोउ पहुँचे, जोग जुक्ति करि ध्यानी ॥
भीखा धन जो हरि-रँग-राते, सोइ हैं साधु पुरानी ॥४॥

---

२ डाहतु है=तंग कर रही है। जगछाया=यह जगत् ब्रह्म का प्रतिबिम्ब है। बिलमाया=ठहरा या रमा लिया है। अनितै=अनित्य जगत् ही। बाचै=बच पाता है। रतो=अनुरक्त या मोहित है।

३ अस्थिर=स्थिर। बिसराम=विश्राम, स्थिरता, शान्ति। भोर अरु साम=सवेरे से शामतक सारा दिन। लाम=लंबा, दूर। नूर=प्रकाश।

४ निज=स्वरूप, अपनी आत्मा। चारिउ खानी=जीव के चारों प्रकार अर्थात् अंडज, स्वेदज पिंडज और उद्भिज। अविगत=जो जाना न जाय।

विनती

अस करिये साहब दाया।
कृपा कटाच्छ होइ जेहिते प्रभु, छूटि जाय मन-माया॥
सोवत मोह-निसा निसबासर तुमहीं मोहिं जगाया॥
जनमत मरत अनेक बार, तुम सतगुरु होय लखाया॥
भीखा केवल एक रूप हरि, व्यापक त्रिभुवन-राया॥१॥

यार हो, हँसि बोलहु मोसों, भरम गाँठि छूटै प्रभु तोसों॥
पालन करि आये मोकहँ तुम, खाय जियाय कियो घर-पोसो॥
बचन मेटि मैं कहौं गरज बसि, दरदबंद प्रभु करो न गोसो॥
हो करता करमन के दाता, आगे बुधि आवत नहिं होसो॥
तुम अंतरजामी सब जानो, भीखा कहा करहि अपसोसो॥२॥

ए माई, तुम दीनदयाला, आयहु करत सदा प्रतिपाला॥
केतिक अधम तरे तुम चरनन, करम तुम्हार कहा कहि जाला॥
मन उनमेख छुटत नहिं कबहीं, सौच तिलक पहिरे गल माला॥
तनिकौ कृपा करहु जेहि जन पर, खुल्यो भाग तासुको ताला॥
भीखा हरि नटवर बहुरूपी जानहिं आपु आपनो काला॥३॥

विनती

१ त्रिभुवन राया=तीन लोक के स्वामी।

२ पोसो=पोषण किया। गरज=स्वार्थ। दरदबंद=पीड़ित। गोसो=गुस्सा। होसो=होश। अपसोसो=अफसोस, पछतावा।

३ करम=कृपा। कहि जाला=कहा जा सकता है। उनमेख=उन्मेष, खिलना; यहाँ मन की चंचलता से अभिप्राय है। काला=कला।

प्रेम-प्रीति

प्रीति की यह रीति बखानौ ॥
कितनौ दुख सुख परै देह पर, चरन-कमल कर ध्यानो ॥
हो चैतन्य विचारि, तजो भ्रम, खाँड धूरि जनि सानौ ॥
जैसे चात्रिक स्वाँति बुन्द बिनु, प्रान-समरपन ठानौ ॥
भीखा जेहिं तन रामभजन नहिं, कालरूप तेहिं जानौ ॥१॥

कहा कोउ प्रेम बिसाहन जाय ।
महँग बड़ा गथ काम न आवै, सिर के मोल बिकाय ॥
तन मन धन पहिले अरपन करि, जग के सुख न सोहाय ।
तजि आपा आपुहिं ह्वै जीवै, निज अनन्य सुखदाय ॥
यह केवल साधन को मत है, ज्यों गूंगे गुड़ खाय ।
जानहिं भले कहै सो कासों, दिल की दिलहिं रहाय ॥
बिनु पग नाच नैन बिनु देखै, बिनु कर ताल बजाय ।
बिनु सरवन धुनि सुनै विविध विधि, बिनु रसना गुन गाय ॥
निर्गुन में गुन क्योंकर कहियत, व्यापकता समुदाय ।
जहं नाहीं तहँ सब कुछ दिखियत, अँधरन की कठिनाय ॥
अजपा जाप अकथ को कथनो, अलख लखन किन पाय ।
भीखा अविगत की गति न्यारी, मन बुधि चित न समाय ॥२॥

प्रेम-प्रीति

१ खाँड़-धूरि=शकर और धूल : सत् और असत् ; ब्रह्मरस और विषय-रस । चात्रिक=चातक, पपीहा । ठानौ=निश्चय कर लिया ।

२ गथ=पूँजी, गाँठ का धन । सरवन=श्रवण, कान । धुनि=अनहद नाद से अभिप्राय है । बिनु रसना='अजपा' जप से तात्पर्य है । समुदाय=सर्वत्र । अविगत=जो जाना न जा सके । समाय=पहुँच, गति ।

आरती

नौबति ठाकुरद्वार बजावै । पाँचो सहित निरति करि गावै ॥
सतगुरु कृपा जाहि तेहि पासे । आरति करत मिलन की आसे ॥
ज्ञानदीप परकास सोहाती । दिव्य दृष्टि फेरत दिनराती ॥
जाचक सुरति निरति पहँ जावो । दानसरूप आतमा पावो ॥
भीखा एक द्वैत का भयऊ । सर्प समाय रज्जु महँ गयऊ ॥१॥

होली

हरिनाम भजन हठ कीजै हो, स्वाँसा ढरकत रंगभरी ।
हो होइ समय जात मानो गनि गनि सिर पर ठाकत काल घरी ।
फगुवा जग भकुवा खेलतु है, स्वारथरत होरी जु परी ।
परमारथ चेतन्न आतमा आइ सरूप गयो छरी ॥
कहत है वेद बेदांत सब, को सांच भक्ति बिनु भव तरी ।
परमारथ गुरु ज्ञान अनादर, लोकलाज कुल को डरी ॥
जुग बरस मास दिन पहर घरी छिन, तन पर आय चढ़ी जरी ।
बात कफ्फ पित कंठ गह्यो है, नैनन नीर लगो झरी ॥
बिसर्यो गथ, औसान बुझावत जहँ-जह वस्तु रही धरी ।
हाहाकार करत घर पुर जन, थकित भयो का कहि करी ॥

आरती

१ नौबति=समय-समय पर नगाड़े और शहनाई बजाना । पाँचो=पाँचों इन्द्रियों से अभिप्राय है । निरति=अत्यन्त प्रीतिः नृत्य । द्वैत=द्वैतभाव । सर्प... गयऊ=रस्सी में जो साँप का भ्रम हो गया था वह दूर हो गया : मिथ्या आरोप नष्ट हो गया ।

होली

१ ढरकत=ढलती या बीतती जाती है । घरी=घड़ियाल । भकुवा=मूर्ख । सरूप=स्वरूप, निजरूप । गयो छरी=छला गया । जरी=ज्वर, ताप,

चतुर प्रवीन वैद कोउ आवो, हाथ उठा देखो नरी।
भीखा वूझत कहत सबै अब, राम कृस्न वोलो हरी ॥१॥

रेखता

जहाँतक समुंद दरियाव जल कूप है,
लहरि अरु बुंद को एक पानी।
एक सूवर्न को भयो गहना वहुत,
देखु वीचारकै हेम खानी।
पिरथी आदि घट रच्यो रचना वहुत,
मिर्तिका एक खुद भूमि जानी।
भीखा इक आतमा रूप वहुतै भयो,
वोलता ब्रह्म चीन्है सो ज्ञानी ॥१॥

विविध

राखो मोहिं आपनी छाया। लगै नहिं रावरी माया॥
कृपा अब कीजिये देवा। करौं तुम चरन की सेवा॥
आसिक तुझ खोजता हारे। मिलहु मासूक आ प्यारे॥
कहौं का भाग मैं अपना। देहु जब अजप का जपना॥
अलख तुम्हरो न लख पाई। दया करि देहु वतलाई॥
वारि वारि जावँ प्रभु तेरी। खवरि कछु लीजिये मेरी॥

गथ=बोल। औसान=सुध-बुध। नरी=नाडी।

रेखता

१ हेम=सोना। खानी=खानि, उत्पत्ति-स्थान। मिर्तिका=मृत्तिका, मिट्टी। चीन्है=पहचाने।

विविध

१ रावरी=तुम्हारी। लगै नहिं=असर न कर सके। मासूक=प्रियतम,

सरन में आय मैं गीरा। जानो तुम सकल परपीरा ॥
अंतरजामी सकल डेरो। छिपो नहिं कछु करम मेरो ॥
अजब साहब तेरी इच्छा। करो कछु प्रेम की सिच्छा ॥
सकल घट एक हौ आपै। दूसर जो कहै मुख कापै ॥
निरगुन तुम आप गुनधारी। अचर चर सकल नरनारी ॥
जानों नहिं देव मैं दूजा। भीखा इक आतमा पूजा ॥१॥

जान दे, करौं मनुहरिया हो ॥
अनेक जतन करिके समझावों, मानत नाहिं गॅवरिया हो ॥
करत करेरी नैन बैन सॅग, कैसेके उतरब दरिया हो ॥
या मन तें सुर नर मुनि थाके, नर बपुरा कित धरिया हो ॥
पार भइलौं पिव पीव पुकारत कहत गुलाल-भिखरिया हो ॥२॥

सब भूला किधौं हमहि भुलाने। सो न भुला जाके आतमध्याने ॥
सब घट ब्रह्म बोलता आही। दुनिया नाम कहौं मैं काही ॥
दुनिया लोक वेद मत थापे। हमरे गुरु गम अजपा जापे ॥
हरिजन जे हरिरूप समावे। घमासान भये सूर कहावे ॥
कहे भीखा क्यों नाहीं नाहीं। जबलगि साँच भूँठ तन माहीं ॥३॥

प्रेम-मार्ग। वारि वारि=बलिहारी। गीरा=गिरा, आ पड़ा। डेरो=डेरा, निवास। मुख कापै=किस मुँह से। गुनधारी=सगुण।

२ मनुहरिया=विनती द्वारा मनाना। धरिया=विश्रांत। भिखरिया=भिखारी; भीखा।

३ दुनिया ····काही=संसार वह नाम से किसे कहूँ, क्योंकि सर्वत्र ब्रह्म-ही-ब्रह्म की सत्ता है, जगत् की सत्ता तो यहाँ है ही नहीं। घमासान=घोर युद्ध। नाहीं नाहीं=नेति नेति : ऐसा नहीं, ऐसा नहीं, जैसा कि ज्ञानी द्वारा ब्रह्म का निरूपण करते हैं।

उठ्यो दिल अनुमान हरिध्यान ॥ टेक ॥
भर्मकरि भूल्यो आपु अपान । अब चीन्हो निजपति भगवान ॥
मन वच क्रम दृढ़ मत परवान । वारौं प्रभु पर तन मन प्रान ॥
सब्द प्रकास दियो गुरु दान । देखत सुनत नैन बिनु कान ॥
जाको सुख मोड जानन जान । हरिरस मधुर कियो जिन पान ॥
निर्गुन ब्रह्मरूप निर्वान । भीखा जल ओला गलतान ॥४॥

कुण्डलिया

रामरूप को सो लखै, जो जन परम प्रवीन ॥
सो जन परम प्रवीन, लोक अरु वेद बखानै ।
सतसंगति में भाव-भक्ति परमानँद जानै ॥
सकल विषय को त्याग बहुरि परवेस न पावै ।
केवल आपै आपु आपु मे आपु छिपावै ॥
भीखा सब ते छोट होइ, रहै चरन-लवलीन ।
रामरूप को जो लखै, सो जन परम प्रवीन ॥१॥

मन क्रम वचन विचारिकै राम भजै सो धन्य ॥
राम भजै सो धन्य, धन्य वपु मंगलकारी ।
रामचरन-अनुराग परमपद को अधिकारी ॥
काम क्रोध मद लोभ मोह की लहरि न आवै ।
परमातम चेतन्यरूप महँ दृष्टि समावै ॥

---

४ आपु अपान=अपने आपको ' आत्मस्वरूप को । परवान=प्रमाण । सब्द प्रकाश=नाद-ब्रह्म का परिचय । जल ओला गलतान=ओला जैसे गलकर जल में लीन हो जाता है, वैसे ही जीवात्मा ब्रह्म में लीन अर्थात तद्रूप हो गई ।

कुण्डलिया

१ परवेस=प्रवेश, दखल ; आवागमन ।

व्यापक पूरनब्रह्म है भीखा रहनि अनन्य।
मन क्रम वचन विचारिकै राम भजै सो धन्य ॥२॥

धनि सो भाग जो हरि भजै, ता सम तुलै न कोइ ॥
ता सम तुलै न कोइ, होइ निज हरि को दासा।
रहै चरन-लौलीन राम को सेवक खासा ॥
सेवक सेवकाई लहै भाव-भक्ति परवान।
सेवा को फल जोग है भक्तवस्य भगवान ॥
केवल पूरन ब्रह्म है, भीखा एक न दोइ।
धन्य सो भाग जो हरि भजै, ता सम तुलै न कोइ ॥३॥

पाहुन आयो भाव सों, घर में नहीं अनाज ॥
घर में नहीं अनाज, भजन बिनु खाली जानो।
सत्यनाम गयो भूल, झूठ मन माया मानो ॥
महाप्रतापी रामजी, ताको दियो बिसारि।
अब कर छाती का हनो, गयो सो बाजी हारि ॥
भीखा गये हरिभजन बिनु तुरतहिं भयो अकाज।
पाहुन आयो भाव सों, घर में नहीं अनाज ॥४॥

वेद-पुरान पढ़े कहा, जो अच्छर समुझा नाहिं ॥
अच्छर समुझा नाहिं, रहा जैसे का तैसा।

---

२ वपु=शरीर। अनन्य=जहाँ दूसरा भाव न हो।

३ परवान=प्रमाण, सच्चा।

४ पाहुन=अतिथि; सतगुरु से अभिप्राय है। भाव=प्रेम। का हनो=क्या पीटने, क्या पछताते हो। बाजी=दाँव, अवसर। अकाज=हानि।

परमारथ सों पीठ, स्वार्थ सन्मुख ह्वै बैसा ॥
सास्तर मत को ज्ञान, करम भ्रम में मन लावै ।
छुइ न गयो विज्ञान परमपद को पहुँचावै ॥
भीखा देखे आपुको, ब्रह्मरूप हिये माहिं ।
वेद-पुरान पढ़े कहा, जो अच्छर समुझा नाहिं ॥५॥

साखी

ब्राह्मन कहिये ब्रह्म-रत, है ताका वड़ भाग ।
नाहिंन पसु अज्ञानता. गर डारे तिन ताग ॥१॥

संत-चरन में लगि रहै, सो जन पावै भेव ।
भीखा गुरु-परताप तें, काढ़ेव कपट-जनेव ॥२॥

संत-चरन में जाइकै, सीस चढ़ायो रेनु ।
भीखा रेनु के लागते, गगन बजायो बेनु ॥३॥

बेनु बजायो मगन ह्वै, छुटी खलक की आस ।
भीखा गुरु-परताप तें लियो चरन में बास ॥४॥

५　अच्छर=अक्षर ; आत्मा का स्वरूप, जिसका नाश नहीं होता है। बैसा=बैठा। सास्तर=शास्त्र। विज्ञान=ब्रह्मज्ञान।

साखी

१　गर=गले में। तिन ताग=तीन तागे अर्थात् जनेऊ।

२　जन=हरिभक्त। भेव=भेद, आत्मा का रहस्य-ज्ञान। जनेव=जनेऊ।

३　रेनु=रेणु, रज, धूल। गगन बजायो बेनु=शून्यावस्था अर्थात समाधि में अनहद नाद किया।

४　खलक=दुनिया।

भीखा केवल एक है, किरतिम भयो अनंत।
एकै आतम सकलघट, यह गति जानहिं संत ॥५॥

एकै धागा नाम का, सब घट मनिया माल।
फेरत कोई संतजन, सतगुरु नाम गुलाल ॥६॥

---

५ किरतिम=कृत्रिम, मिथ्या नाम-रूप का संसार।
६ मनिया=मनका, गुरिया।

चरणदासजी

जीवन-परिचय

जन्म-संवत्—१७६० वि०, भादों सुदी ३

जन्म-स्थान—डेहरा गाँव (मेवात, राजस्थान)

पिता—मुरलीधर

माता—कुंजो

जाति—दूसर बनिया

गुरु—शुकदेवजी

भेष—विरक्त

सत्संग-स्थान—दिल्ली

मृत्यु-संवत्—१८३९ वि०, अगहन सुदी ४

मृत्यु-स्थान—दिल्ली

चरणदासजी की पट्टशिष्या सहजोबाई ने एक पद में अपने गुरुदेव के जन्म-संवत् तथा कुल के विषय में कहा है—

"सखी री, आज धन धरती धन देसा।
धन डेहरा मेवात मँझारे, हरि आये जन-भेसा॥
धन भादों धन तीज सुदी है, धन दिन मंगलकारी।
धन दूसर कुल बालक जनम्यौ, फूलित भये नरनारी॥
धन-धन माई कुंजो रानी, धन मुरलीधर ताता।
अगले उत्तम अब फल पायें, जिनके सुत भयौ ज्ञाता॥"

चरणदासजी का पूर्व नाम रणजीतसिंह था। पिता मुरलीधर का स्वर्गवास हो जाने पर यह अपने नाना के पास दिल्ली में आकर रहने लगे। कहते हैं कि १९ वर्ष की अवस्था में जब यह भगवान् के विरह में एक दिन रो रहे थे, जंगल में शुकदेव मुनि ने इन्हें दर्शन दिया और भगवद्भक्ति का उपदेश किया।

चरनदासजी ने अपने सद्गुरु शुकदेवजी को व्यासदेव का पुत्र शुकदेव मुनि कहा है। किन्तु खोज के आधार पर यह पाया जाता है कि व्यासपुत्र शुकदेव मुनि कहना तो केवल श्रद्धा-भावना की बात है. असल में इनके मन्त्रगुरु बाबा सुखदेवदास या सुखानन्द नाम के एक महात्मा थे, जो मुजफ्फरनगर के पास शुकरताल गाँव में रहते थे।

चरणदासजी ने अनेक तीर्थों का पर्यटन किया था, और ब्रज में भी यह कुछ काल रहे थे। श्री मद्भागवत पर और विशेषकर उसके एकादश स्कन्ध पर इनकी भारी श्रद्धा-भक्ति थी। निर्गुणमार्गी महान् योगी होते हुए भी श्री-कृष्ण पर इनकी अगाध भक्ति थी। इन्हें हम योगमार्गी वैष्णव भी कह सकते हैं।

दिल्ली में बैठकर इन्होंने १४ वर्षतक योगाभ्यास किया था। दिल्ली को अपना सत्संग-स्थान बनाकर हजारों लोगों को इन्होंने हरि-भक्ति, ब्रह्म-ज्ञान और शब्द-योग का समन्वयात्मक उपदेश दिया और चेताया। इनके मुख्य शिष्य ५२ थे, जिनके नाम पर चरणदासी पंथ की ५२ शाखाएँ आज भी प्रसिद्ध हैं।

बानी-परिचय

महात्मा चरणदास की २१ रचनाओं का पता लगा है, किन्तु प्रामाणिक रचनाएँ निम्नलिखित रूप से ये १२ कही जाती हैं :

१ ब्रज-चरित्र
२ अष्टांगयोग-वर्णन
३ योग-सन्देह-सागर
४ पंचोपनिषद
५ भक्ति पदार्थ-वर्णन
६ ब्रह्मज्ञान-सागर
७ धर्म-जहाज-वर्णन
८ अमरलोक-अखण्डधाम वर्णन
९ ज्ञान-स्वरोदय
१० मन-विरक्तकरण गुटका सार
११ शब्द
१२ भक्ति-सागर

चरणदासजी की बानी बड़ी मधुर और सरस है। निर्गुण सन्तों की तथा सगुणी भक्तों की दोनों ही शैलियों का सुन्दर संगम इनकी बानी में हमें मिलता है। भाषा में जो माधुर्य और प्रसाद है वह भी अनूठा है। अनेक पदों में ऊँचा भक्ति-भाव और गहरा रहस्य भरा हुआ है। साखियाँ भी, खूब चेतानेवाली हैं। इनकी बानी में भागवत भक्ति, परमार्थ-ज्ञान तथा शब्द-योग का समन्वयात्मक निरूपण है, सरल एवं सरस शैली और भाषा में किया गया

है। चरणदासजी ने जो कुछ भी कहा 'तन्मय' होकर कहा, और यही कारण है जो उनके कितने ही पदों में हम अध्यात्म-रस का निर्मल निर्झर पाते हैं।

आधार

१ चरनदासजी की बानी (पहलाभाग)—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ चरनदासजी की बानी (दूसरा भाग)— „ „ „
३ चरनदासजी की बानी—नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ
४ उत्तरी भारत की संत-परंपरा—परशुराम चतुर्वेदी, भारती-भंडार, इलाहाबाद

———

चरणदासजी

राग ढोटना

टुक निर्गुन छैला सूँ, कि नेह लगाव री।
जाको अजर अमर है देस, महल बेगमपुर री॥
जहँ सदा सोहागिन होय पिया सूँ मिलि रहु री।
जहँ आवागवन न होय, मुक्ति चेरी तेरी॥
कहँ चरनदास गुरु मिले, सोई हौं रहु बौरी।
तब सुख-सागर के बीच, कलहरी है रहु री॥१॥

राग ढोटना

तू सुन हे लंगर बौरी।
तू पाँचौ घेरि पचीसौ बेरी, विषै वासना की है चेरी।
धारी वारी दौरी॥
तैं पिय भूली चौरासी डोली, अँग-अँग के सुख में फूली।
माया लाई ठौरी॥
तैं काम क्रोध सूँ नेह लगायो, मनमाना सब जग भरमायो।
मोह यार बाँको री॥
चरनदास सुकदेव बतावैं, निर्गुन छैला तोहि मिलावैं।
जो टुक चेतन हो, री॥२॥

---

१ छैला=सुन्दर (प्रेम) पुरुष। बेगमपुर=जहाँ किसी की गति या पहुँच नहीं। चेरी=दासी। कलहरी=प्रेम-मदिरा पीने व पिलानेवाली।

२ लँगर=मस्त, चपल। धारी वारी=बारबार जन्म मरण के चक्कर में दौड़ती फिरी। चौरासी=८४ लाख योनियाँ। लाई ठौरी=टिक रही।

राग बसंत

मेरे सतगुरु खेलत नित बसंत।
जाकी महिमा गावत साध संत॥
ज्ञान विवेक के फूले फूल। जहँ साखा जोग, अरु भक्ति मूल।
प्रेमलता जहँ रही भूल। सत संगति सागर के कूल॥
जहँ भर्म उड़त है ज्यों गुलाल। अरु चोवा चरचै निस्चय बाल।
जहँ सील छिमा को बरसै रंग। काम क्रोध को मान भंग॥
हरिचरचा जित है नित अनंत। सुनि मुक्त होत सब जीव-जंत॥
आन धर्म सब जाहिं खोय। रामनाम की जै जै होय॥
तह अपने पीव को ढूँढ़ि लेव। अरु चरनकवँल में सुरति देव॥
कहैं चरनदास दुख दुंद जाहिं। जब प्रीतम सुकदेव गहैं बाहिं॥३॥

होली

प्रेमनगर के माहिं होरी होय रही।
जबसों खेली हमहूँ चित दै, आपनहूँ को खोय रही॥
बहुतन कुल अरु लाज गवाई, रहो न कोई काम।
नाचि उठैं कभी गावन लागैं, भूले तन धन धाम॥
बहुतन की मति रंग रँगी है, जिनको लागो प्रेम।
बहुतन को अपनी सुधि नाहीं, कौन करै अस नेम॥
बहुतन की गदगद ह्वै बानी, नैनन नीर ढराय।
बहुतन को बौरापन लागो, ह्वाँ की कही न जाय॥
प्रेमी की गति प्रेमी जानै जाके लागी होय।
चरनदास उस नेह-नगर की सुकदेवा कहि सोय॥४॥

---

३ जोग=ज्ञानयोग, राजयोग, हठयोग आदि। भर्म=भ्रम, संशय। चोवा=एक प्रकार का शीतल सुगंधित द्रव पदार्थ। चरचै=लेप करे। सुकदेव=चरणदासजी के गुरुदेव।

४ आपन......रही=अपने आपको भी प्रेम की नगरी में गँवा दिया; प्र

मंगल

जग में दो तारन कूँ नीका।

एक तो ध्यान गुरू का कीजे, दूजे नाम धनी का ॥

कोटि भाँति करि निस्चै कीयो, संसय रहा न कोई।

सास्तर बेद पुरान टटोले, जिनमें निकसा सोई ॥

इनहीं के पीछे सब जानो, जोग जग्य तप दाना।

नौविधि नौधा नेम प्रेम सब, भक्तिभाव अरु ग्याना ॥

और सबै मत ऐसे मानो, अन्न बिना भुस जैसे।

कूटत कूटत बहुतै कूटा, भूख गई नहिं तैसे ॥

थोथा धर्म वही पहिचानो, जामें ये दो नाहीं।

चरनदास सुकदेव कहत हैं, समझि देख मन माहीं ॥५॥

राग बिलावल

साँचा सुमिरन कीजिये जामें मीन न मेख।

ज्यों आगे साधुन कियो, बानी में लो देख ॥

टेक गहो दृढ़ भक्ति की, नौधा हिय धारि।

सतन की सेवा करो, कुल-कानि निवारि ॥

जासूँ प्रेमा ऊपजै, जब हरि दरसावैं।

में ठीक-ठीक निर्णय कर दिया। नेम=नियम। ख्याल=इस प्रेमनगर की लीला।

५ तारन कूँ=पार उतारने को। धनी=परमात्मा। नौधा=नौ प्रकार की भक्ति अर्थात् श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, सख्य, दास्य और आत्मनिवेदन। थोथा=सारहीन, पोला।

६ मीन न मेख=सन्देह के लिए स्थान नहीं। बानी=सन्तो की वाणी। निवारि=त्यागकर। प्रेमा=प्रेमभक्ति। [illegible]=मोह के चार प्रकार

आगे पीछे ही फिरैं, प्रभु छोड़ि न जायँ ॥
चारि मुक्ति बाँदी, भँवैं सिधि चरनन माहिं।
तीरथ सब आसा करैं, अघ देखि नसाहिं ॥
कहैं गुरु सुकदेवजी चरनदास गुलाम।
ऐसी साधन धारिये, रहिये निस्काम ॥६॥

राग बिलावल

करनी की गति और है, कथनी की और।
बिन करनी कथनी कथैं बकबादी बौरे ॥
करनी बिन कथनी इसी. ज्यों ससि बिन रजनी।
बिन सस्तर ज्यों सूरमा, भूषन बिन सजनी ॥
ज्यों पंडित कथि-कथि भले बैराग सुनावैं।
आप कुटुंब के फँद पड़े, नाहीं सुरझावैं ॥
बाँझ झुलावै पालना बालक नहिं माहीं।
बस्तु बिहीना जानिये. जहँ करनी नाहीं ॥
बहु डिंभी करनी बिना कथि-कथिकरि मूए।
संतो कथि करनी करी, हरि के सम हूए ॥
कहैं गुरु सुकदेवजी चरनदास बिचारौ।
करनी रहनी दृढ़ गहौ, थोथी कथनी डारौ ॥७॥

अर्थात् सामीप्य, सालोक्य, सारूप्य और सायुज्य। बाँदी=दासी। भँवैं=घूमती रहती हैं।

७ इसी=ऐसी। सस्तर=शस्त्र, हथियार। सजनी=स्त्री। बस्तु=तत्व। बिहीना=निस्सार। डिम्भी=दंभी, पाखंडी। थोथी=साररहीन।

राग सोरठ

अब घर पाया हो मोहन प्यारा ॥
लखो अचानक अज अविनासी, उघरि गये दृग-तारा ।
भूमि रह्यो मेरे आँगन में, टरत नहीं कहुँ टारा ॥
रोम-रोम हिय मांहीं, देखो, होत नहीं छिन न्यारा ।
भयो अचरज चरनदास न पैये खोज कियो बहुबारा ॥८॥

राग कान्हरा

कुटुँब सँघाती स्वारथ लागे, तेरी काहू कूँ नहिं चीता ॥
तैं प्रभु ओरी सूँ मुख मोड़ा, झूँठे लोगन सूँ हित कीता ।
अरु तैं अपनी आँखों देखा, कई बार दुख सुख ही बीता ॥
सम्पति में सबहीं घिरि आवैं, बिपति परे अधिको दुख दीता ।
मूठी बाँधि जनम नर लायो, हाथ पसारि चलैगो रीता ॥
धरि-धरि स्वाँग फिरै तिन कारन, कपि ज्यों नाचत तावा थीता ।
मुए न संगी होहिं तिहारे, बाँधि जलावैं देइ पलीता ॥
गुरुसेवा सतसंग न कीन्हा, कनक कामिनी सों करि प्रीता ।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, मरत-मरत हरिनाम न लीना ॥९॥

मंगल

सोई सोहागिन नारि पिया मन भावई ।
अपने घर को छोड़ि न परघर जावई ॥

---

८ अज=अजन्मा । उघरि गये=खुल गये ; ज्ञान का प्रकाश अंतर में उदय हो गया । आँगन में=हृदय में ।

९ सँघाती=संगी, साथी । चीता=चिंता, याद । कीता=किया । घिरि आवैं=इकट्ठे हो जाते हैं । दीता=दिया । रीता=खाली हाथ । तावा थीता=नृत्य में एक प्रकार का बोल । बाँधि=अर्थी पर बाँधकर । पलीता=कपड़े की मोटी बत्ती । लीना=लिया ।

अपने पिय का भेद न काहू दीजिये।
तन मन सुरति लगायके सेवा कीजिये॥
पति की अग्या चाल, पाल पिय को कहो।
लाज किये कुलवंत जतन हीं सूँ रहो॥
पिया कूँ चाहो रूप सिँगार बनाइये।
पतिव्रता कुल दोय में सोभा पाइये॥
नौधा-वस्तर पहिरि दया रँग लाल है।
भूषन वस्तर धारि विचित्तर बाल है॥
रंगमहल निरदोष ह्वाँ झिलमिल नूर है।
निरगुन-सेज बिछाय सभी करि दूर भै॥
मन्दिर दीपक बाल बिन बाती घीव की।
सुघर चतुर गुनरासि लाड़िली पीव की॥
कहै गुरु सुकदेव यों बालम मोहिये।
चरनदास ले सीख जो प्रेम समोइये॥१०॥

विनती

राग बिलावल

तुम साहब करतार हो, हम बन्दे तेरे।
रोम-रोम गुनेगार हैं, बखसो हरि मेरे॥
दसों दुवारे मैल है सब गंदमगंदा।
उत्तम तेरो नाम है, बिसरै सो अंधा॥
गुन तजिकै औगुन कियो तुम सब पहिचानो।
तुम सूँ कहा छिपाइये हरि घट की जानो॥

---

११ गुनेगार = गुनहगार, अपराधी। बखसौ = माफ करो। निवारो = छुट-

रहम करो रहमान सूँ यह दास तिहारो।
भक्ति-पदारथ दीजिये आवागवन निवारो॥
गुरु सुकदेव उबारिलो अब मेहर करीजै।
चरनदास गरीब कूँ अपनो करि लीजै॥११॥

राग बिहाग

राखो जी लाज गरीबनिवाज।
तुम बिन हमरे कौन सँवारै, सबही बिगरैं काज॥
भक्तबछल हरि नाम कहावो, पतित उधारनहार।
करो मनोरथ पूरन जन को, सीतल दृष्टि निहार॥
तुम जहाज मैं काग तिहारो, तुम तजि अंत न जाऊँ।
जो तुम हरिजू मारि निकासो, और ठौर नहिं पाऊ॥
चरनदास प्रभु सरन तिहारी, जानत सब संसार।
मेरी हँसी सो हँसी तुम्हारी, तुमहू देखु बिचार॥१२॥

राग कल्यान

सतगुरु, पाँचौ भूत उतारौ।
जनम-जनम के लागेहि आये, हे सतगुरु अब तिन्है बिडारौ॥
काम, क्रोध, मोह, लोभ, गर्ब ने मन बौराय कियो अपभायो।
जिनके हाथ परो जिव मेरो घेरा घेरि बहुत दुख पायो॥
एक घरी मोहिं छोड़त नाहीं लहरि चढ़ायकै बहुत निवायो।
कपि ज्यों घर-घर द्वार नचावैं, उनन हरि को नाम छुटायो॥
अब मैं सरन गही है तुम्हरी चरनहिंदास अजाने॥
किरपा करि यह ब्याधि छुटावो, गुरु सुकदेव सयाने॥१३॥

पाठ भेद।

१२ [illegible]=रक्षा और [illegible] के पुंज। [illegible]।
१३ बिडारौ=मारकर भगाओ [illegible]। निवायो=[illegible]।

राग सोरठ

गुरुदेव हमारे आवो जी।
वहुतदिनों से लगो उमाहो, आनँद-मंगल लावो जी॥
पलकन पंथ वुहारूँ तेरो, नैन परे पग धारो जी॥
वाट तिहारी निसदिन देखूँ, हमरी ओर निहारो जी॥
करूँ उछाह वहुत मन सेती, आँगन चौक पुराऊँ जी।
करूँ आरती तन मन वारूँ, वारवार वलि जाऊँ जी॥
दै पैकरमा सीस नवाऊँ, सुनि-सुनि वचन अघाऊँजी॥
गुरु सुकदेव चरन हूँ दासा, दरसन माहिं समाऊँ जी॥१४॥

राग विलास

घट में तीरथ क्यों न नहावो॥
इत-उत डोलो पथिक वनें हीं, भरमि भरमि क्यों जन्म गँवावो॥
गोमती कर्म सुकारथ कीजै, अधरम-मैल छुटावो॥
सील-सरोवर हितकरि न्हैये, काम-अगिन की तपन वुझावो॥
रेवा सोई छिमा को जानो, तामें गोता लीजै॥
तन मे क्रोध रहन नहिं पावै, ऐसी पूजा चित दै कीजै॥
सत जमुना, संतोष सरस्वती, गंगा धीरज, धारो॥
झूँठ पटकि निर्लोभ होयकरि, सवहीं वोझा सिर सूँ डारो॥
दया तीर्थ कर्मनासा कहिये, परसै वदला जावै॥
चरनदास सुकदेव कहत हैं, चौरासी मे फिर नहिं आवै॥१५॥

---

१४ उमाहो=उछाह, उत्कण्ठा। नैन परे पग धारो=आँखें विछी हैं, पधारो। पैकरमा=परिक्रमा। अघाऊँ=तृप्त होऊँ। समाऊँ=लीन हो जाऊँ।

१५ सुकारथ=सुकृत; सार्थक। हितकरि=प्रेम से। रेवा=नर्मदा। वोझा=कर्मों का भार। परसै वदल जावै=स्पर्श करने या नहाने से काया-पलट हो जाता है। चौरासी=चौरासी लाख योनियाँ।

चरनदासजी

राग सोरठ

जो नर इतके भये न उतके ।
उतकी प्रेम-भक्ति नहिं उपजी, इत नहिं नारी सुत के ॥
घर सूँ निकसि कहा उन कीन्हा, घर-घर भिच्छा माँगी ।
बाना सिंह, चाल भेड़न की. साध भये कै स्वाँगी ॥
तन मूँड़ा पै मन नहिं मूँड़ा, अनहद चित्त न दीन्हा ।
इन्द्री स्वाद मिले विषयन सूँ. बकबक बकबक कीन्हा ॥
माला कर में, सुरति न हरि में. यह सुमरिन कहु कैसा ।
बाहर भेख धारिके बैठे, अन्तर पैसा पैसा ॥
हिंसा अकस कुबुधि नहिं छोड़ी, हिरदै साँच न आया ।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, बाना पहिरि लजाया ॥१६॥

राग बिलावल

ब्राह्मन सो जो ब्रह्म पिछानै । बाहर जाता भीतर आनै ॥
पाँचौ बस करि झूँठ न भाखै । दया-जनेऊ हिरदे राखै ॥
आतम-विद्या पढ़ै पढ़ावै । परमातम का ध्यान लगावै ॥
काम क्रोध मद लोभ न होई । चरनदास कहैं ब्राह्मन सोई ॥१७॥

राग बिलावल

थोथे सुमिरन कहा सरै ॥
मन के रोग सोग नहिं खोवे । हिंसा द्वेष अकस जरै ॥

---

१६ [illegible] । बाना=भेष । मन नहिं मूँड़ा=[illegible] । [illegible] पैसा पैसा=[illegible] पैदा हुआ [illegible] । [illegible] मन की संतुष्टि [illegible]

१७ [illegible] ।

नारी सुत सूँ मोह कियो है, नेक न हरि के प्रेम अड़े ।।
माला तिलक सुधारि सँवारे, राखत छल वल मकर वने ।।
अंतर और निरंतर औरै, सिंह गऊमुख रहत वने ।।
ऐसी भक्ति मुक्ति नहिं पावै, करम लगैं अरु नरक परै ।।
जम को दंड दहक पावक की, जनम मरन यों नाहिं टरै ।।
लच्छन प्रेम सहित जप कीजै, भीतर वाहर उधर नचै ।।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, हरि रीझैं जब व्याधि वचै ।।१८।।

राग सोरट

माधो, टेक हमारी ऐसी ।
कोटि जतन करि छूटै नाहीं, कोउ करो अब कैसी ।।
राह पग धरो सभाल अचल होइ, वोल चुके सोई वोले ।
गुरु-मारग में लेन न देनो, अव इत उत नहिं डोले ।।
जैसे सूर, सती अरु दाता, पकरी टेक न टारैं ।
तन करि धन करि मुख नहिं मोड़ैं, धर्म न अपनो हारैं ।।
पावक जारो, जल में वोरो, टूक-टूक करि डारो ।
साध-संगति हरि-भक्ति न छोड़ूँ, जीवन-प्राण हमारो ।।
पैज न हारूँ, दाग न लागै, नेक न उतरै लाजा ।
चरनदास सुकदेव-दया से, सब विधि सुधरैं काजा ।।१९।।

---

१८ सोग=शोक । अकस=वैर, विरोध । टहल=सेवा । मकर=धूर्तता । निरंतर=बाहर । सिंह गऊमुख=अंदर सिंहमुख अर्थात् हिंसक और बाहर गोमुख अर्थात् शीलवान् । लच्छन प्रेम=सबसे ऊँची प्रेम-लक्षणा भक्ति । व्याधि=भवबाधा, मोहजनित दुःख ।

१९ लेन न देनौ=संशय, शंका । पैज=प्रण । नेक... ...लाजा=जो टेक पकड़ चुका उसकी लाज जरा भी नहीं जाने दूँगा ।

राग बरवा

या तन को कह गर्व करत है, ओला ज्यों गलि जावै रे॥
जैसे बरतन बनौ कांच को, ठपक लगे विनसावै रे।
झूँठ कपट अरु छलबल करिकै, खोटे कर्म कमावै रे॥
बाजीगर के बांदर सा ज्यों, नाचत नाहिं लजावै रे।
जबलौं तेरी देह पराक्रम, तबलौं सबन सोहावै रे॥
माय कहै मेरा पूत सपूता, नारी हुकुम चलावै रे।
पल पल पल पल पलटै काया, छिन छिन मांहि घटावै रे॥
बालक तरुन होइ फिर बूढ़ा, जरा मरन पुनि आवै रे।
तेल फुलेल सुगन्ध उबटनो, अम्बर अतर लगावै रे॥
नाना विधि सूँ पिंड सँवारै, जरि बरि धूरि समावै रे।
कोटि जतन सूँ बचै न क्यूँ हीं, देवी देव मनावै रे॥
जिनकूँ तू अपनो करि जानै, दुख में पास न आवै रे।
कोई छिड़कै कोइ अनन्हावै, कोई नाक चढ़ावै रे॥
यह गति देखि कुटुँब अपने की, इनमें मत उरझावै रे।
अबहीं जम सूँ पाला परिहै, कोई नाहिं छुड़ावै रे॥
औनर लोग पर के काजे, अपनो मूल गँवावै रे।
बिन हरिनाम नहीं छुटकारो बेद पुराण बतावै रे॥
चेतनरूप बसै घट अंतर भर्म सूल बिनसावै रे।
जो गुरु ढूंढ़ खोज करि देखै, सो आपहि में पावै रे॥

---

१० ठपक=ठोकर [illegible]। विनसावै=बिगड़ जाता है। घटावै=[illegible] होता [illegible] है। जरा=बुढ़ापा। [illegible]। पिंड=शरीर। समावै=[illegible] है। क्यूँ हीं=किसी भी [illegible] है। [illegible]=[illegible] में [illegible] है।

जो चाहे चौरासी छूटै, आवागवन नसावै रे।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, सत-संगति मन लावै रे ॥२०॥

राग काफी

वह बोलता कित गया नगरिया तजिकै।
दस दरवाजे ज्यों के त्योंही कौन राह गया भजिकै॥
सूना देस, गाँव भया सूना, सूने घर के वासी।
रूप रंग कछु औरै हूआ, देही भई उदासी॥
साजन थे सो दुरजन हूए, तन को बाँधि निकारा।
चिता सँवारि लिटा करि तापै ऊपर धरा अँगारा॥
ढह गया महल, चुहल थी जामें, मिल गया माटी माहीं।
पुत्र कलित्तर भाई बंधू, सबहीं ठोंक जलाहीं॥
देखत ही का नाता जग में, मुए संग नहिं कोई।
चरनदास सुकदेव कहत हैं, हरि बिन मुक्त न होई ॥२१॥

राग बिलावल

अजब फकीरी साहबी भागन सूँ पैये।
प्रेम लगा जगदीश का कछु और न चैये॥
राव रंक कूँ सम गिनैं कुछ आसा नाहीं।
आठ पहर सिमिटे रहैं अपने ही माहीं॥

तरह। अनखावै=नाराज होता है।

२१ बोलता=जीव। उदासी=फीकी। चुहल=रंगरेलियाँ। कलित्तर=कलत्र, स्त्री।

२२ चैइये=चाहिए। सिमटे ... माहीं=सदा अंतर्मुखी रहते हैं अर्थात् सब विषयों से चित्तवृत्ति हटाकर अपनी आत्मा के ध्यान में ही लीन

बैर प्रीत इनके नहीं नहिं वाद-विवादा ।
रूठे-से जग मे रहैं, सुनैं अनहद नादा ॥
जो बोलैं तो हरि-कथा, नहिं मौनै राखैं ।
मिथ्या कडुवा दुरवचन, कबहूँ नहिं भाखैं ॥
जीव-दया अरु सीलता, नख-सिख सूँ धारैं ।
पाँचौं दूतन बसि करैं, मन सूँ नहिं टारैं ॥
दुख सुख दोनों के परे, आनँद दरसावैं ।
जहाँ जायँ अस्थल करैं, माया-पवन न जावैं ॥
हरिजन हरि के लाड़िले, कोई लहै न भेवा ।
सुकदेव कही चरनदास सूँ, कर तिनकी सेवा ॥२२॥

राग बिलावल

भक्ति गरीबी लीजिये तजिये अभिमाना ।
दो दिन जग में जीवना आखिर मर जाना ॥
पाप पुन्न लेखा लिखैं, जम बैठे थाना ।
कहा हिसाब तुम देहुगे जब जाहि दिवाना ॥
मात पिता कोइ हाँ नहीं सबही बेगाना ।
द्रव्य जहाँ पहुँचै नहीं, नहिं मीत पिछाना ॥
एक सों एकहि होयगी, हाँ साँच तुलाना ।
काहू की चालै नहीं छनै दूध अरु पाना ॥

रहते हैं । रूठे-से=उदासीन । पाँचों दूतन=पाँचों ज्ञान-इन्द्रियों को ।
मन सूँ नहिं टारैं=मन के वश में नहीं होते हैं । अस्थल करैं=आसन मार-
कर बैठ जाते हैं । माया पवन न जावैं=माया की हवा भी नहीं पहुँचती ।

२३ दिवाना=दीवान : कर्मों का लेखा रखनेवाले चित्रगुप्त से आशय है ।
बेगाना=पराये । पाना=पानी ।

साहव की कर वन्दगी, दे भूखे दाना।
समुझावैं सुकदेवजी चरनदास अयाना ॥२३॥

राग सोरठ

भाई रे, अवधि बीती जात।
अंजुलीजल घटत जैसे, तारे ज्यों परभात ॥
स्वास-पूँजी गाँठि तेरे, सो घटत दिन-रात।
साधु-संगति पैंठ लागी, ले लगै सोइ हाथ ॥
वड़ो सौदा हरि सँभारौ, सुमिर लीजै प्रात।
काम क्रोध दलाल हैं, मत वनिज कर इन साथ ॥
लोभ मोह वजाज ठगिया, लगे हैं तेरि घात।
शव्द गुरु को राखि हिरदय, तौ दगा नहिं खाव ॥
आपनी चतुराइ वुधि पर, मत फिरै इतरात।
चरनदास सुकदेव चरननि परस तजि कुल जात ॥२४॥

अष्टसिद्धियाँ

चौपाई

जोग किये आठौ सिधि पावै। कै भोगै कै चित न लगावै ॥
जोग किये मन जीता जावै। पलटै जीव ब्रह्म गति पावै ॥
जोगेसुर चाहै सो करै। भरी रितावै रीती भरै ॥
जोगेसुर ईसुर ह्वै जाई। दिन दिन बाढ़ै कला सवाई ॥

---

२४ घात=दाँव। दगा=धोखा। इतरात=गर्व करता हुआ।

अष्टसिद्धियाँ

१ चित न लगावै=ध्यान न दे त्यागदे। रितावै=खाली करे।

तजिये भोग जोग हीं करिये। तिरगुन परे ध्यान हीं धरिये॥
चौथे पद में करै निवासा। काहू विधि का रहै न सांसा॥
जोग करै सोई परवीना। सुकदेव कहैं परगट कहि दीना॥१॥

गुरुमुख-लच्छन

अब गुरु-मुख के लच्छन गाऊँ। जुदे जुदे करिकै समझाऊँ॥
इनकूँ समुझि धरै हिय कोई। पूरा गुरुमुख कहिये सोई॥
प्रथमहिं गुरु सूँ झूठ न बोलै। खोटी खरी करै सब खोलै॥
दूजे गुरु कूँ पै न लगावै। निस्चय गुरु के चरन मनावै॥
तीजे अज्ञाकारी जानो। इन लच्छन गुरुमुखी पिछानो॥
जो कोइ गुरु का लेवै नाम। ताकूँ निहुरि करै परनाम॥
जो कहुँ देखै गुरु का बाना। ताकूँ जानैं गुरू समाना॥
चरनदास सुकदेव बखानैं। गुरु-भाई कू गुरुसम जानै॥

दोहा

गुरु-भाई को पूजिये, धरिये चरनन सीस।
चरनोदक फिरि लीजिये, गुरु मत बिसवा बीस॥१॥

चौपाई

जो कहुँ गुरु का बसतर पावै। हिये लगाय चूमि दृग छूवावै॥
गुरु देस का मानुष आवै। दै परिकरमा सीस नवावै॥

चौथे पद में=तुरीयावस्था, जो जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति से परे है; मोक्षपद। सांसा=संशय। परबीना=प्रवीण, कुशल।

गुरुमुख-लच्छन

१ जुदे-जुदे करिकै=ब्योरे के साथ। खोटी ··· खोलै=बुरा और भला जो भी काम करे सब गुरु से साफ-साफ बतलादे, कुछ भी न छिपाये।

कहाँ दया करि दरसन दीने। मेरे पाप भये सब छीने ॥
जो अपने गुरुद्वारे जैये। देखत पौरि बहुत हरखैये ॥
हाँई सूँ दंडौत जु कीजै। दरसन करि-करि सर्वस दीजै ॥
फिरि ठाढ़ो रह जोरे हाथा। बैठै जब आज्ञा दें नाथा ॥
जो बोलैं सो मन में धरिये। अपने अवगुन सबही हरिये ॥
चरनदास सुकदेव बतावैं। ऐसा गुरुमुख राम रिझावैं ॥२॥

साखी

गुरू कहैं सो कीजिये, करैं सो कीजै नाहिं।
चरनदास की सीख सुन, यही राख मन माहिं। १॥

अबके चूके चूक है, फिर पछितावा होय।
जो तुम जन्म न छोड़िहौ, जन्म जायगो खोय ॥२॥

जग माहीं न्यारे रहो, लगे रहो हरि-ध्यान।
प्रथवी पर देही रहै, परमेसुर में प्रान ॥३॥

सब सूँ रख निरवैरता, गहो दीनता ध्यान।
अंत मुक्ति-पद पाइहौ, जग में होय न हानि ॥४॥

पै लगावैं=दोष लगाये या निकाले। पिछानों=पहचानों। निहुरि=झुककर। बाना=भेष। चरनोदक=पैरों का धोवन, चरणामृत। बिसवाबीस=निश्चय ही।

२ बसतर=वस्त्र। छीने=क्षीण, नष्ट। पौरि=ड्योढ़ी।

साखी

१ करैं······नाहिं=जो काम गुरु करते हों, उसकी नकल नहीं करनी चाहिए।

२ जक=जगत्।

३ न्यारे=अनासक्त।

दया नम्रता दीनता, छिमा सील संतोष।
इनकूँ लै सुमिरन करै, निस्चय पावै मोष ॥५॥
मिटते सूँ मत प्रीत करि, रहते सूँ करि नेह।
झूठे कूँ तजि दीजिये, साँचे में करि गेह ॥६॥
ब्रह्म-सिन्ध की लहर है, तामें न्हाव सँजोय।
कलिमल सब छुटि जाहिंगे, पातक रहै न कोय ॥७॥
करै तपस्या नाम बिन, जोग जग्य अरु दान।
चरनदास यों कहत हैं, सबहीं थोथे जान ॥८॥
गई सो गई अब राखिले, एहो मूढ़ अयान।
निःकेवल हरि कूँ रटो, सीख गुरू की मान ॥६॥
जागै ना पिछले पहर, ताके मुखड़े धूल।
सुमिरै ना करतार कूँ, सभी गँवावै मूल ॥१०॥
पिछले पहरे जागकरि, भजन करै चित लाय।
चरनदास वा जीव की निस्चै गति ह्वै जाय ॥११॥
पहिले पहरे सब जगैं, दूजे भोगी मान।
तीजे पहरे चोर ही, चौथे जोगी जान ॥१२॥

---

५ मोष=मोक्ष।
६ मिटते सूँ=अनित्य संसार से। रहते सूँ=नित्य आत्मा से।
८ थोथे=फोकट; निस्सार।
६ अयाने=अज्ञानी। निःकेवल=विशुद्ध, माया-रहित।
१० ताके मुखड़े धूल=उसे धिक्कार है।
११ गति=सद्‌गति, मोक्ष।
१२ भोगी=विषयी जीव।

जो कोइ बिरही नाम के, तिनकूँ कैसी नींद।
सस्तर लागा नेह का, गया हिये कूँ बींध ॥१३॥

सोये हैं संसार सूँ, जागे हरि की ओर।
तिनकूँ इकरस हीं सदा, नहीं सांझ नहिं भोर ॥१४॥

सोवन जागन भेद की, कोइक जानत बात।
साधूजन जागत तहाँ, जहाँ सवन की रात ॥१५॥

जो जागै हरि-भक्ति में, सोई उतरै पार।
जो जागै संसार में, भवसागर में ख्वार ॥१६॥

सतगुरु से माँगूँ यही, मोहिं गरीबी देहु।
दूर बड़प्पन कीजिये, नान्हा हीं कर लेहु ॥१७॥

आदिपुरुष किरपा करौ, सब औगुन छुटि जाहिं।
साध होन लच्छन मिलैं, चरनकमल की छाहिं ॥१८॥

हिय हुलसो आनँद भयो, रोम-रोम भयो चैन।
भये पवित्तर कान ये, सुनि-सुनि तुम्हरे बैन ॥१९॥

गुरु-महिमा

किसू काम के थे नहीं, कोइ न कौड़ी देह।
गुरु सुकदेव कृपा करी, भई अमोलक देह ॥१॥

---

१३ सस्तर=शस्त्र, हथियार। गया बींध=आरपार हो गया।

१४ सोये हैं संसार सूँ=सांसारिक विषय-सुखों की ओर से अचेत। भोर=सवेरा, दिन।

१५ कोइक=कोई विरला ही।

१६ ख्वार=नष्ट।

सीधी पलक न देखते, छूते नाहीं छांहिं।
गुरु सुकदेव कृपा करी, चरनोदक ले जाहिं ॥२॥

दूसर के बालक हुते, भक्ति बिना कंगाल।
गुरु सुकदेव कृपा करी, हरिधन किये निहाल ॥३॥

बलिहारी गुरु आपने, तन मन सदके जावँ।
जीव ब्रह्म छिन में कियो, पाई भूली ठावँ ॥४॥

जाति वरन कुल मन गया, गया देह-अभिमान।
अपने मुखसूँ क्या कहूँ, जग ही करै बखान ॥५॥

सतगुरु मेरा सूरमा, करै शब्द की चोट।
मोरै गोला प्रेम का, ढहै भ्रम्म का कोट ॥६॥

सतगुरु शब्दी तेग है लागत दो करि देहि।
पीठ फेरि कायर भजै, सूरा सनमुख लेहि ॥७॥

सतगुरु शब्दी तीर है, तन मन कीयो छेद।
बेदरदी समझै नहीं, बिरही पावै भेद ॥८॥

गुरु-महिमा

२ पलक=नजर से। चरनोदक ले जाहि=अब लोग मेरे पाँवो का धोवन ले-ले जाते हैं।

३ हरिधन किये निहाल=हरिनाम का धन देकर भरपूर कर दिया।

४ सदके=बलिहारी। ठाँव=जीव का निजस्थान, ब्रह्म-पद।

६ भ्रम्म=भ्रम, अविद्या।

७ दो करि देहि=दो टुकडे कर देता है। भजै=भाग जाता है। सूरा सनमुख लेहि=वार को सामने लेता है।

८ बेदर्दी=दरद के भेद को न जाननेवाला; अनधिकारी। भेद=मर्म, रहस्य।

सतगुरु शब्दी लागिया, नावक का सा तीर।
कसकत है निकसत नहीं, होत प्रेम की पीर ॥९॥

सतगुरु शब्दी बान है, अंग अंग डारे तोड़।
प्रेम-खेत घायल गिरै, टाँका लगै न जोड़ ॥१०॥

ऐसी मारी खैंचकर, लगी वार गई पार।
जिनका आपा ना रहा, भये रूप ततसार ॥११॥

वचन लगा गुरुदेव का, छुटे राज के ताज।
हीरा, मोती, नारि, सुत, सजन, गेह, गज, बाज ॥१२॥

वचन लगा गुरु ज्ञान का, रूखे लागे भोग।
इन्द्रकि पदवी लौं उन्हें, चरनदास सब रोग ॥१३॥

उपदेश गुरु-भक्ति का

यह आपा तुम कूँ दिया, जित चाहो तित राखि।
चरनदास द्वारे परो, भावै झिड़कौ लाखि ॥१॥

काचे भाँड़े सूँ रहै, ज्यों कुम्हार का नेह।
भीतर सूँ रच्छा करै, बाहर चोटै देह ॥२॥

अष्टपदी

गुरु बिन और न जान, मान मेरो कहो।
चरनदास उपदेस विचारत ही रहो ॥

---

११ आपा=अहंता, खुदी। ततसार=तदाकार, ब्रह्मरूप।
१२ सजन=संबंधी। बाज=वाजि, घोड़ा।

उपदेश गुरु-भक्ति का

१ भावै झिड़कौ लाखि=चाहे लाख बार दुतकारो।
२ काचे भाँड़े सूँ=कच्चे बरतन से। भीतर ... देह=बरतन के अन्दर हाथ देकर ऊपर से उसे पक्का करने के लिए ठोंकता है।

वेदरूप गुरु होहिं कि कथा सुनावहीं।
पंडित को धरि रूप कि अर्थ बतावहीं॥
कल्पवृच्छ गुरुदेव मनोरथ सब सरैं।
कामधेनु गुरुदेव छुधा तृस्ना हरैं॥
गुरु ही सेस महेस तोहि चेतन करैं।
गुरु ब्रह्मा, गुरु विस्नु होय खाली भरैं॥
गंगा सम गुरु होय पाप सब धोवहीं।
सूरज सम गुरु होय तिमिर हरि लेवहीं॥
गुरु ही को करि ध्यान नाम गुरु को जपौ।
आपा दीजै भेंट पुजन गुरु ही थपौ॥
समरथ श्री सुकदेव कहा महिमा करौं।
अस्तुति कही न जाय सीस चरनन धरौं॥३॥

कनफूं का गुरु

दोहा

कनफूँ का गुरु जगत का, राम-मिलावन और।
सो सतगुरु को जानिये, मुक्ति दिखावन ठौर॥१॥

गुरु मिलते ऐसे कहैं, कछू लाय मोहिं देहु।
सतगुरु मिल ऐसे कहैं, नाम धनी का लेहु॥२॥

---

३ सरैं=पूरा करते हैं। तृस्ना=यहाँ तृषा अर्थात् प्यास से तात्पर्य है। आपा दीजै भेंट=चरणों पर अपने आपको चढ़ादो।

कनफूँ का गुरु

१ कनफूँ का=जो कान में फूँक मारकर व मंत्र सुनाकर चेला बना लेता है।

सतगुरु

सतगुरु डंका देत हैं, भक्ति धनी की लेहु।
पहिले हमकूँ भेंट ही, सीस आपनो देहु ॥१॥

भक्त-महिमा

प्रभु अपने मुख सू कहेव, साधू मेरी देह।
उनके चरनन की मुझे, प्यारी लागै खेह ॥१॥

प्रेमी को रिनिया रहूँ, यही हमारो सूल।
चारि मुक्ति दइ ब्याज में, दै न सकूँ अब मूल ॥२॥

भक्त हमारो पग धरै, तहाँ धरू मैं हाथ।
लारे लागो ही फिरूँ, कबहुँ न छोड़ूँ साथ ॥३॥

प्रिथवी पावन होत है सब ही तीरथ आदि।
चरनदास हरि यौं कहैं, चरन धरैं जहँ साध ॥४॥

विरह और प्रेम

हिरदै माहीं प्रेम जो, नैनों झलकै आय।
सोइ छका हरि-रस-पगा, वा पग परसौ धाय ॥१॥

सतगुरु

१ डंका देत है=घोषणा करते हैं। धनी=मालिक, परमात्मा। सीस=अहंकार से तात्पर्य है।

भक्त-महिमा

१ खेह=धूल।

२ सूल=उसूल ; प्रतिज्ञा।

३ लारे=पीछे, साथ।

विरह और प्रेम

१ छका=मस्त। पगा=लीन, रँगा हुआ।

पीव विना तो जीवना, जग में भारी जान।
पिया मिलै तो जीवना, नहीं तो छूटै प्रान ॥२॥

वह विरहिन बौरी भई, जानत ना कोई भेद।
अगिन बरै हियरा जरै, भये कलेजे छेद ॥३॥

मन और इन्द्रियां

बहु वैरी घट में बसैं, तू नहिं जीतत कोय।
निस-दिन घेरे ही रहैं, छुटकारा नहिं होय ॥१॥

या मन के जाने विना, होय न कबहूँ साध।
जक्त-वासना ना छुटै, लहै न भेद अगाध ॥२॥

सरकि जाय विष ओरहीं, बहुरि न आवै हाथ।
भजन माहिं ठहरै नहीं, जो गहि राखूँ नाथ ॥३॥

इन्द्री पलटै मन विषै, मन पलटै बुधि माहिं।
बुधि पलटै हरि-ध्यान में, फेरि होय लय जाहिं ॥४॥

तन मन जारै काम हीं, चित कर डावाँडोल।
धरम सरम सब खोयके, रहै आप हिये खोल ॥५॥

मोह बड़ा दुखरूप है, ताकूँ मारि निकास।
प्रीत जगत की छोड़दे, जब होवै निर्वास ॥६॥

---

३ भेद=मर्म।

मन और इंद्रियाँ

२ अगाध भेद=आत्मज्ञान का गहरा रहस्य।
४ लै होय जाहिं=तद्रूप हो जाते हैं।
६ निर्वास=वासना-रहित।

जग माहीं ऐसे रहो, ज्यों अंबुज सर माहिं ।
रहै नीर के आसरे, पै जल छूवत नाहिं ॥७॥

जग माहीं ऐसे रहो, ज्यों जिह्वा मुख माहिं
घीव घना भच्छन करै, तो भी चिकनी नाहिं ॥८॥

जा घट चिन्ता-नागिनी, ता मुख जप नहिं होय ।
जो टुक आवै याद भी, उहीं जाय फिर खोय ॥६॥

आसा-नदिया में चलै, सदा मनोरथ-नीर ।
परमारथ उपजै, वहै, मन नहिं पकरै धीर ॥१०॥

अभिमानी मींजे गये, लूट लिये धन वाम ।
निरअभिमानी ह्वो चले, पहुँचे हरि के धाम ॥११॥

चरनदास यों कहत हैं, सुनियो सन्त सुजान ।
मुक्तिमूल आधीनता, नरकमूल अभिमान ॥१२॥

चौपाई

रूपवन्त गरवावै । कोइ मोसम दृष्टि न आवै ॥
तरुनापा गर्वाना । वह अँधरा होवै राना ॥
कहै धन-मद में परवीना । सब मेरे ही आधीना ॥
कहै कुल-अभिमानी सूचा । मैं सब जातिन में ऊँचा ॥

---

७ अंबुज=कमल । सर=तालाब ।

६ टुक=ज़रा-सा ।

१० नहिं पकरै धीर=निश्चल नहीं होता है ।

११ मींजे गये=धूल में मिला दिये गये । वाम=वामा, स्त्री ।

१२ आधीनता=नम्रता ।

१३ तरुनापा=तरुणाई, जवानी । सूचा=शुचि, पवित्र । अनारी=अनाड़ी,

वह विद्या-गर्व जो भारी। करै वाद-विवाद अनारी॥
अरु भूप करै अभिमाना। उन आपै हीं कूँ जाना॥
उन काल नहीं पहिचाना। सो मार करै घमसाना॥
गुरु सुकदेव चितावैं। तोहि परगट नैन दिखावैं॥
जम बाँधि पकरि ले जावैं। वे बहुतै त्रास दिखावै॥
तब कहाँ जाय अभिमाना। मोर नीका सुन यह ताना॥
फिर डारै नरक मँझारी। सुन चेतौ नर अरु नारी॥
तौ मद मत्सर तजि दीजै। साधों के चरन गहीजै॥
हरिभक्ति करौ चित लाई। जब सकल व्याधि छुटि जाई॥
करि जाति बरन कुल दूरा। हो सतसंगति में पूरा।
जब मुक्तिधाम कूँ पावै। फिर गर्भ-जोनि नहिं आवै॥
कहै गुरु सुखदेव बखानो। यह चरनदास मति आनो॥१३॥

नवधा भक्ति

दोहा

नवों अंग के साधते, उपजै प्रेम अनूप।
रनजीता यौं जानिये, सब धर्मन का भूप॥१॥

अष्टपदी

वह जात बरन कुल खोवै। अरु बीज बिरह का बोवै॥
जो प्रेम तनिक चित आवै। वह औगुन सबै नसावै॥
प्रेम-लता जब लहरै। मन बिना जोग ही ठहरै॥
कोई चतुर खिलारी खेलै। वह प्रेम-पियाला भेलै॥

मूर्ख। मत्सर=ईर्ष्या, द्वेष। गहीजै=पकड़ले। चित लाई=मन लगाकर।

नवधा भक्ति

२ बिना जोग ही ठहरै=बिना योग साधे ही निश्चल हो जाय।

जो धड़ पै सीस न राखै । सोइ प्रेम पियाला चाखै ॥
तन मन सूँ जो बौराई । वह रहै ध्यान लौ लाई ॥
वह पहुँचै हरि के पासा । यों कहैं चरन ही दासा ॥२॥

पतिव्रता

दोहा

पतिव्रता वहि जानिये, आज्ञा करै न भंग ॥
पिय अपने के रँग-रतैं, और न सोहै ढंग ॥१॥

अपने पिय कूँ सेइये, आनपुरुप तजि देह ।
परघर नेह निवारिये, रहिये अपने गेह ॥२॥

आज्ञाकारी पीव की, रहै पिया के संग ॥
तन मन सूँ सेवा करै, और न दूजो रंग ॥३॥

रंग होय तौ पीव को, आनपुरुप विषरूप ।
छाँहँ बुरी परघरन की, अपनी भली जु धूप ॥४॥

अपने घर का दुख भला, परघर का सुख छार ।
ऐसे जानै कुलवधू, सो सतवंती नार ॥५॥

पति की ओर निहारिये, औरन सूँ क्या काम ।
सबै देवता छोड़िकै, जपिये हरि का नाम ॥६॥

खसम तुम्हारे राम है, इत उत रुख मत मारि ।
चरनदास यों कहत है, यही धारना धारि ।७॥

खिलारी=प्रेम का साधक । प्रेम-पियाला झेलै=प्रेम के नशे की लहर को सहन कर सके । बौराई=मस्त हो जाय ।

पतिव्रता

५   छार=धूल के समान तुच्छ । सतवंती=सती, पतिव्रता ।
७   रुख मत मारि=मन मत डिगा ।

सहजो बाई

चोला-परिचय

जीवन-काल—अनुमानतः सं० १७४० से सं० १८२० वि०

जन्म-स्थान—डेहरा गाँव (मेवात, राजस्थान)

जाति—दूसर बनिया

पिता—हरिप्रसाद

भेष—ब्रह्मचारिणी

गुरु—महात्मा चरणदास

सहजोबाई का जीवन-वृत्त इससे अधिक कुछ नहीं मिलता। इन्होंने अपने गुरु चरणदासजी के विषय में तो अपने दो पदों द्वारा उनका जन्म-संवत् व तिथि, जन्म स्थान, पिता का नाम, कुल आदि सब विवरण दिया है, पर अपने विषय में कुछ भी नहीं लिखा। पर यह निश्चित है कि यह आजीवन कुमारी ब्रह्मचारिणी रहीं। दिल्ली में यह तथा इनकी गुरु-बहिन दयाबाई महात्मा चरणदास की सेवा में सदा निरत रहा करती थीं। यह उच्चकोटि की साधिका थीं।

बानी-परिचय

कुछ फुटकर पदों और कुण्डलियों के अतिरिक्त इनकी प्रसिद्ध रचना 'सहज-प्रकाश' है, जिसे लिखकर इन्होंने संवत् १८०० में परीक्षितपुर, दिल्ली में समाप्त किया था। गुरु का गुण-गान करने बैठी थीं, कुछ दोहे-चौपाई रचे थे, पर धीरे-धीरे सहज में ही वह एक पोथी बन गई—

"फाग महीना अष्टमी, सुकल पाख बुधवार।
संवत अठारह सैं हुते, सहजो किया विचार॥
गुरु-अस्तुति के करन कूँ, बाढ्यौ अधिक हुलास।
होते-होते हो गई पोथी 'सहज-प्रकाश'॥"

गुरु-महिमा, वैराग-उपजावन, नाम, प्रेम, साध-महिमा आदि अनेक अंगों पर दोहे व चौपाइयाँ निरूपण के रूप में इन्होंने रची हैं। गुरु-भक्ति को सबसे अधिक दृढ़ाया है। पद भी इनके अतिमधुर और सरस हैं। निर्गुण और सगुण दोनों ही पक्षों पर इनके रचे अनेक सुन्दर पद हैं। कृष्ण-भक्ति के कुछ पद तो मीरांबाई के पदों से मिलते हैं। शैली मनोहर और भाषा सरल और प्रांजल है।

आधार

सहजोबाई की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद

सहजो बाई

गुरु-महिमा

राम तजूँ पै गुरु न विसारूँ। गुरु के सम हरि को न निहारूँ॥
हरि ने जन्म दियो जगमाहीं। गुरु ने आवागवन छुटाहीं॥
हरि ने पाँच चोर दिये साथा। गुरु ने लई छुटाय अनाथा॥
हरि ने कुटँव-जाल में गेरी। गुरु ने काटी ममता-बेरी॥
हरि ने रोग भोग उरझायौ। गुरु जोगी कर सबै छुटायौ॥
हरि ने कर्म भर्म भरमायौ। गुरु ने आतमरूप लखायौ॥
हरि ने मोसूँ आप छिपायौ। गुरु दीपक दै ताहि दिखायौ॥
फिर हरि बंध मुक्ति गति लाये। गुरु ने सब ही भर्म मिटाये॥
चरनदास पर तन मन वारूँ। गुरु न तजू हरि कूँ तजि डारूँ॥१॥

दोहा

सब परवत स्याही करूँ, घोलूँ समुन्दर जाय।
धरती का कागद करूँ, गुरु-अस्तुति न समाय॥२॥

सतगुरु दाता सर्व के, तू किर्पिन कंगाल।
गुरु-महिमां जानै नहीं, फँस्यो मोह के जाल॥३॥

गुरु-महिमा

१ गेरी=डाल दिया, फँसा दिया। बेरी=बेड़ी। बंध=बंधन।
२ न समाय=पूरी नहीं लिखी जा सकती।
३ किर्पिन=कृपण, कंजूस।

गुरु सूँ कछु न दुराइये, गुरु सूँ झूठ न बोल।
बुरी भली खोटी खरी, गुरु आगे सब खोल ॥४॥

परमेसर सूँ गुरु बड़े, गावत वेद पुरान।
सहजो हरि के मुक्ति है, गुरु के घर भगवान ॥५॥

ज्ञानदीप सतगुरु दियौ, राख्यौ काया-कोट।
साजन बसि, दुर्जन भजे, निकस गई सब खोट ॥६॥

सहजो गुरु दीपक दियौ, देख्यौ आतमरूप।
तिमिर गयौ चाँदन भयौ, पायौ परघट भूप ॥७॥

सहजो गुरु परसन्न ह्वै, मेट्यौ मन सन्देह।
रोम-रोम सूँ प्रेम उठि, भीज गई सब देह ॥८॥

सहजो गुरु परसन्न ह्वै, मूँद लिये दोउ नैन।
फिर मोसूँ ऐसे कही, समझ लेहि यह सैन ॥९॥

सहजो गुरु किरपा करी, कहा कहूँ मैं खोल।
रोम-रोम फुल्लित भई, मुखे न आवै बोल ॥१०॥

चिउँटी जहाँ न चढ़ि सकै, सरसों ना ठहराय।
सहजो कूँ वा देस में, सतगुरु दई बसाय ॥११॥

---

४ दुराइये=छिपाये। खरी=सच्ची बात। खोल=साफ-साफ कहदे या स्वीकार करले।

६ कोट=किला। भजे=भाग गये। साजन=सज्जन ; सत्य, संयम, प्रेम इत्यादि सद्‌गुणों से आशय है। दुर्जन=काम, क्रोध, मोह, लोभ आदि से तात्पर्य है।

७ परघट=प्रकट। भूप=परमात्मा से अभिप्राय है।

९ सैन=संकेत ; ध्यान में लव लगाकर निजरूप देखने की ओर इशारा।

सहजो सिष ऐसा भला, जैसे माटी मोय।
आपा सौंपि कुम्हार कूँ, जो कछु होय सो होय ॥१२॥

सहजो गुरु ऐसा मिलै, मेटै मन सन्देह।
नीच ऊँच देखै नहीं, सब पर बरसै मेह ॥१३॥

सहजो गुरु बहुतक फिरैं, ज्ञान ध्यान सुधि नाहिं।
तार सकैं नहिं एककूँ, गहैं बहुत की बाहिं ॥१४॥

बार बार नाते मिलैं, लख चौरासी माहिं।
सहजो सतगुरु ना मिलैं, पकड़ निकासैं बाहिं ॥१५॥

सहजो गुरु रँगरेज सा, सबहीं कूँ रँग देत।
जैसा तैसा बसन ह्वै, जो कोई आवै सेत ॥१६॥

चरनदास के चरन पर, सहजो वारै प्रान।
जगत व्याध सूँ काढ़ि कर, राख्यो पद निरवान ॥१७॥

साध-महिमा

साध मिले गुरु पाइया, मिटि गये सब सन्देह।
सहजो कूँ समही भयो, कहा गिरवर कहा गेह ॥१॥

जब चेतै तब ही भला, मोह-नींद सूँ जाग।
साधू की संगति मिलै, सहजो ऊँचे भाग ॥२॥

---

१२ सिष=शिष्य। कुम्हार=सद्गुरु से अभिप्राय है। जो कछु होय सो होय=चाहे जैसा रूप घड़ दे।

१६ सेत=सफेद, शुद्ध, निर्मल।

१७ निरवान=निर्वाण, मोक्ष।

साध-महिमा

१ समही भयो=सब एकसमान ही दीखने लगा।

साध वृच्छ, बानी कली, चर्चा फूले फूल।
सहजो संगति बाग में, नाना फल रहे झूल ॥३॥

साध-संग में चाँदना, सकल अँधेरा और।
सहजो दुर्लभ पाइये, सतसंगत में ठौर ॥४॥

जो आवै सतसंग में, जाति वरन कुल खोय।
सहजो मैल कुचैल जल, मिलै सु गंगा होय ॥५॥

साध-लच्छण

चौपाई

साध सोइ जो काया साधै। तजि आलस औ वाद-विवादै ॥
गहै धारना सब गति भारी। तजै विकलता अस्तुति गारी ॥
छिमावन्त धीरज कूँ धारै। पाँचो बस करि मन कूँ मारै ॥
त्यागै झूठ साँच मुख बोलै। चित इस्थिर इत उत ना डोलै ॥
तन जग में मन हरि के पासा। लोकभोग सूँ सदा उदासा ॥
जतसत नखसिख सीतलताई। तनमन वचन सकल सुखदाई ॥
निर्गुन ध्यानी ब्रह्म गियानी। मुख सूँ बोलै अंमृत बानी ॥
समझ एकता भाव न दूजे। जिनके चरन सहजिया पूजे ॥१॥

दोहा

निर्द्वंदी निर्वैरता, सहजो अरु निर्वास।
संतोषी निर्मल दसा, तकै न पर की आस ॥२॥

---

३ रहे झूल = लटक रहे हैं।
४ चाँदना = प्रकाश।

साध-लच्छण

१ साधै = संयम से वश में रखता है। पाँचों = पाँचों ज्ञान-इंद्रियों को। उदासा = विरक्त। जत = यत, संयत, निरुद्ध।
२ निर्वास = वासनारहित। निर्द्वन्दी = अभेदभाव वर्तनेवाला।

ज्ञान मध्य इस्थिर दसा, ध्यान मध्य गलतान।
सहजो साधू राम के, तजैं बड़ाई मान ॥३॥

जो सोवैं तो सुन्न में, जो जागैं हरिनाम।
जो बोलैं तौ हरि-कथा, भक्ति करैं निहकाम ॥४॥

तन मन मेटैं खेद सब, तज उपाधि की चाल।
सहजो साधू राम के, तजैं कनक औ बाल ॥५॥

नित ही प्रेम पगे रहैं, छके रहैं निजरूप।
समदृष्टी सहजो कहै, समझैं रंक न भूप ॥६॥

साध असंगी सँग तजैं, आतम ही को संग।
बोधरूप आनंद में, पियैं सहज को रंग ॥७॥

मुए दुखी जीवत दुखी, दुखिया भूख अहार।
साध सुखी सहजो कहै, पायो नित्त विहार ॥८॥

ना सुख दारा सुत महल, ना सुख भूप भये।
साध सुखी सहजो कहै, तृस्ना-रोग गये ॥९॥

---

३ गलतान=लवलीन।

४ सुन्न मे=समाधि में।

५ तन मन खेद=शारीरिक तथा मानसिक क्लेश। उपाधि=विकार। बाल=बाला, स्त्री।

७ असंगी=अनासक्त। संग=आसक्ति। बोध=ज्ञानरूप। सहज को रंग= सहज अवस्था का आनन्दरस।

८ नित्त विहार=सहज समाधि का आनन्द।

९ दारा=स्त्री। गये=नष्ट हो जाने से।

वैराग-उपजावन का अंग

जैसे सँड़सी लोह की, छिन पानी छिन आग।
ऐसे दुख सुख जगत के, सहजो तू मत पाग ॥१॥

जबलग चावल धान में, तबलग उपजै आय।
जग-छिलके कूँ तजि निकस, मुक्तिरूप ह्वै जाय ॥२॥

सहजो स्वारथ सब लगे, दारा सुत औ बीर।
जीवत जोतैं बैल ज्यों, मुए चढ़ावैं सीर ॥३॥

दरद बटाय सकैं नहीं, मुए न चालैं साथ।
सहजो क्योंकर आपने, सब नावे बरबाद ॥४॥

सहजो जीवत सब सगे, मुए निकट नहिं जायँ।
रोवैं स्वारथ आपने, सुपने देख डरायँ ॥५॥

स्वासा दीपक के बुझे, होत अँधेरी देह।
सहजो सूनी प्रान बिनु, तब कैसो हरिनेह ॥६॥

सहजो नौबत स्वास की, बाजत है दिन-रैन।
मूरख सोवत है महा, चेतन कू नहिं चैन ॥७॥

निस्चै मरना सहजिया, जीवन की नहिं आस।
कै टूटी सी झोंपड़ी, कै मन्दिर में बास ॥८॥

वैराग-उपजावन का अंग

१ मत पाग=आसक्त मत हो।

३ बीर=भाई। मुये चढ़ावैं सीर=मरने पर अपनी स्वार्थ की खातिर मन्नत चढ़ाते हैं।

७ नौबत=पहर-पहर पर बजनेवाले नगाड़े और शहनाई। मूरख=अचेत। चेतन=जो चेत या जाग गया है।

बैठि बैठि बहुतक गये, जग-तरवर की छांहि ।
सहजो बटाऊ बाट के, मिलि-मिलि बिछुड़त जाहिं ॥६॥

झुरि-झुरिके पिंजर भये, रोय गंवाये नैन ।
मरे गये सो ना मिले, सहजो सुने न बैन ॥१०॥

जो रोये सूँ बाहुरै, तौ रोवौ दिन-रात ।
तन छीजै वह ना मिलै, सहजो कूड़ी बात ॥११॥

देह निकट तेरे पड़ी, जीव अमर है नित्त ।
दुइ में मूवा कौन सा, का सूँ तेरा हित्त ॥१२॥

आगे मुए सो जा चुके, तू भी रहै न कोय ।
सहजो पर कूँ क्या झुरै, आपन ही कूँ रोय ॥१३॥

वृद्धावस्था

सेत रोम सब होगये, सूख गई सब देह ।
सहजो वह मुख ना रहा, उड़ने लागी खेह ॥१॥

सहजो इन्द्रीं सब थकीं, तन पौरुष भयौ छीन ।
आसा तृस्ना ना घटी, सहज बचन भये दीन ॥२॥

चार अवस्था खो दई, लियो न हरि का नाम ।
तन छूटे जम कूटिहैं, पापी जम के ग्राम ॥३॥

---

१० झुरि-झुरिके=सूख-सूखकर । पिंजर=हड्डियों की ठठरी ।
११ बाहुरै=वापस आजाय । कूड़ी=बेकार ।
१२ हित्त=प्रेम ।
१३ झुरै=शोक करता है ।

वृद्धावस्था
२ पौरुष=पराक्रम, तेज ।
३ कूटिहैं=पीटेंगे ।

आय जगत में क्या किया, तन पाला कै पेट।
सहजो दिन धंधे गया, रैन गई सुख लेट ॥४॥

नाम का अंग

पारस नाम अमोल है, धनवन्ते घर होय।
परख नहीं कंगाल कूँ, सहजो डारै खोय ॥१॥

सहजो सुमिरन कीजिये, हिरदे माहिं दुराय।
होठ होठ सूँ ना हिलै, सकै नहीं कोइ पाय ॥२॥

राम-नाम यों लीजिये, जानै सुमिरनहार।
सहजो कै कर्तार ही, जानै ना सन्सार ॥३॥

जागत में सुमिरन करै, सोवत में लौ लाय।
सहजो इकरस ही रहै, तार टूटि नहिं जाय ॥४॥

कामी मति भिष्टल सदा, चलै चाल विपरीत।
सील नहीं सहजो कहै, नैनन माहिं अनीति ॥५॥

सदा रहै चित भंग ही, हिरदे थिरता नाहिं।
रामनाम के फल जिते, काम-लहर वहि जाहिं ॥६॥

सहजो क्रोधी अति बुरो, उलटी समझै बात।
सबही सूं ऐंठो रहै, करै वचन की घात ॥७॥

मन मैला तन छीन ह्वै, हरि सूँ लगै न नेह।
दुखी रहै सहजो कहै, मोह बसै जा देह ॥८॥

नाम का अंग

४ तार=लय।

५ भिष्टल=भ्रष्ट। अनीति=बुरी वासना।

६ भंग=अस्थिर, डॉवाडोल। थिरता=स्थिरता, शान्ति।

मोह-मिरग काया वसै, कैसे उबरै खेत।
जो बोवै सोई चरै, लगै न हरि सू हेत ॥९॥

द्रव्य हेत हरि कूँ भजै, धनही की परतीत।
स्वारथ ले सब सूँ मिलै, अन्तर की नहिं प्रीत ॥१०॥

प्रभुताई कूँ चहत है, प्रभु को चहै न कोइ।
अभिमानी घट नीच है, सहजो ऊँच न होय ॥११॥

नन्हा महाउत्तम का अंग

सीस कान मुख नासिका, ऊँचे-ऊँचे ठाँव।
सहजो नीचे कारने, सब कोउ पूजै पाँव ॥१॥

नन्ही चींटी भवन में, जहाँ-तहाँ रस लेइ।
सहजो कुंजर अति बड़ो, सिर पै डारै खेह ॥२॥

बड़ा भये आदर नहीं, सहजो आँखिन देख।
कला सभी घट जायगी, कछू न रहसी रेख ॥३॥

बड़ा न जाने पाइहै, साहेब के दरबार।
द्वारे ही सूँ लागिहै, सहजो मोटी मार ॥४॥

भली गरीबी नवनता. सकै नहीं कोइ मार।
सहजो रुई कपास को, काटै ना तरवार ॥५॥

---

९ मिरग=मृग। उबरै=बचे।

नन्हा महाउत्तम का अंग

१ ठाँव=स्थान।

२ कुंजर=हाथी। खेह=मिट्टी।

३ कला ··रेख=पूर्णमासी के चन्द्र की कलाएँ एक-एककर सभी क्षीण हो जायँगी। अमावस की रात को चिह्न भी नहीं रहेगा।

साहन कूँ तो भय घना, सहजो निर्भय रंक।
कुंजर के पग बेड़ियां, चींटी फिरै निसंक ॥६॥

प्रेम का अंग

प्रेम-दिवाने जो भये, मन भयो चकनाचूर।
छके रहैं घूमत रहैं, सहजो देख हजूर ॥१॥

प्रेम-दिवाने जो भये, पलटि गयो सब रूप।
सहजो दृष्टि न आवई, कहा रंक कहा भूप ॥२॥

प्रेम-दिवाने जो भये, जाति बरन गइ छूट।
सहजो जग बौरा कहै, लोग गये सब फूट ॥३॥

प्रेम-दिवाने जो भये, सहजो डिगमिग देह।
पाँव पड़ै कितकै किती, हरि सम्हाल तब लेह ॥४॥

कबहूँ हकधक हो रहै, उठै प्रेम हित गाय।
सहजो आँख मुँदी रहैं, कबहूँ सुधि हो जाय ॥५॥

मन में तो आनंद रहै, तन बौरा सब अंग।
ना काहू के संग है, सहजो ना कोइ संग ॥६॥

प्रेम का अंग

१ हजूर=मालिक, परमात्मा।
३ गये सब फूट=छोड़-छोड़कर अलग हो गये।
४ कितकै किती=कहीं के कहीं।
५ हकधक=हक्का बक्का, चकित।

सत्त वैराग जगत-मिथ्या का अंग

कोटि बरस इक छिन लगै, ज्ञानदृष्टि जो होय।
बिसरि जगत औरै बनै, सहजो सुपने सोय ॥१॥

सहजो सुपने एक पल, बीतैं बरस पचास।
आँख खुलै जब झूठ है, ऐसे ही घट-बास ॥२॥

जगत तरैयाँ भोर की, सहजो ठहरत नाहिं।
जैसे मोती ओस की, पानी अँजुली माहिं ॥३॥

धूवाँ को सो गढ़ बन्यो, मन में राज संजोय।
झांईं माईं सहजिया, कबहूँ साँच न होय ॥४॥

ऐसें ही जग झूठ है, आतम कूँ नित जान।
सहजो काल न खा सकै, ऐसो रूप पिछान ॥५॥

निर्गुन सगुन संशय निवारण भक्ति का अंग

निराकार आकार सब, निर्गुन अरु गुनवन्त।
है नाहीं सूँ रहित है, सहजो यों भगवन्त ॥१॥

नाम नहीं औ नाम सब, रूप नहीं सब रूप।
सहजो सब कछु ब्रह्म है, हरि परगट हरि गूप ॥२॥

सत्त वैराग जगत-मिथ्या का अंग

२ घटबास=देह में जीव का रहना।
३ मोती=बूँद से तात्पर्य है।
४ सँजोय=कल्पना से रचना करके। झांईं माईं=परछाईं में; भ्रांति में।
५ नित—नित्य, सत्य।

निर्गुन सगुन संशय-निवारण भक्ति का अंग

१ आकार=साकार। गुनवंत=सगुण।
२ गूप=गुप्त।

निर्गुन सू सगुन भये, भक्त-उधारनहार।
सहजो की डंडौत है, ताकू बारम्बार ॥३॥

धन्य जसोदा, नन्द धन, धन ब्रजमंडल-देस।
आदि निरंजन सहजिया, भयो ग्वाल के भेष ॥४॥

चौपाई

नेत नेत कहि वेद पुकारै। सो अधरन पर मुरली धारै॥
जाकूँ ब्रह्मादिक मुनि ध्यावैं। ताहि पूत कहि नन्द बुलावैं॥
सिव सनकादिक अन्त न पावै। सो सखियन सँग रासरचावै॥
संजम साधन ध्यान न आवै। सो ग्वालन सँग खेल मचावै॥
अनन्त लोक मेटै उपजावै। सो मोहन ब्रजराज कहावै॥
निर्विकार निर्भय निर्वाना। कारन भक्त धरे तन नाना॥
निर्गुन सगुन भेद न दोई। आदि अंत मधि एकहि होई॥
गूँगे को सुपनो यह बाता। सहजो कहै कौन के साथा॥५॥

दोहा

निर्गुन सगुन एक प्रभु, देख्यौ समझ विचार।
सतगुरु ने आँखी दई, निस्चै कियौ निहार॥६॥

सहजो हरि बहु रंग हैं, वही प्रगट वहि गूप।
जल पाले में भेद ना, ज्यों सूरज अरु धूप॥७॥

चरनदास गुरु की दया, गयो सकल संदेह।
छूटे वाद-विवाद सब, भई सहज गति तेह॥८॥

---

५ नेत नेत=नेति नेति ; ऐसा नहीं, ऐसा नहीं (जैसा कि वाणी से ब्रह्म का निरूपण किया जाना है।) निर्वाना=मुक्त।

७ पाले में=बरफ में।

मिश्रित पद

राग सोरठ

हमारे गुरुवचनन की टेक।
आन धरम कूँ नाहिं जानूँ, जपू हरि हरि एक॥
गुरु विना नहिं पार उतरै, करौ नाना भेख।
रमौ तीरथ वर्त राखौ, होइ पंडित सेख॥
गुरु विना नहिं ज्ञान-दीपक, जाय ना अँधियार।
काम क्रोध मद लोभ माहीं, उरझिया संसार॥
चरनदास गुरु दया करिकै, दिये मन्तर कान।
सहजो घट परगास हूवा, गयौ सब अज्ञान॥१॥

राग विलावल

हरि बिनु तेरौ ना हितु, कोइ या जग माहीं।
अन्त समय तू देखिले, कोइ गहै न बाँहीं॥
जम सूँ कहा छुटा सकै, कोइ संग न होई।
नारी हू फाटि रहि गई, स्वारथ कूँ रोई॥
पुत्र कलित्तर कौन के, भाई और बंधा।
सबहीं ठोक जलाइहैं, समझै नहिं अन्धा॥
महल दरब ह्याँही रहै, पचि पचि करि जोड़ा।
करहा गज ठाढ़े रहैं, चाकर और घोड़ा॥
परकाजै बहु दुख सहै, हरि-सुमिरन खोया।
सहजो बाई जम घिरै, सिर धुनि-धुनि रोया॥२॥

मिश्रित पद

१ टेक=सहारा। सेख=शेख, मुसलमान उपदेशक। परगास=प्रकाश।

२ बाँहीं=हाथ। कलित्तर=कलत्र, स्त्री। दरब=द्रव्य, धन-संपत्ति। करहा=ऊँट।

राग असावरी

बाबा, काया-नगर बसावौ।
ज्ञानदृष्टि सूँ घट में देखौ, सुरति निरति लौ लावौ॥
पाँच मारि मन बसि कर अपने, तीनौं ताप नसावौ।
सत सन्तोष गहौ दृढ़सेती, दुर्जन मारि भजावौ॥
सील छिमा धीरज कूँ धारौ, अनहद बंब बजावौ।
पाप बानिया रहन न दीजै, धरम-बजार लगावौ॥
सुबस बास होवै जब नगरी, बैरी रहै न कोई।
चरनदास गुरु अमल बतायौ, सहजो सँभलौ सोई॥३॥

राग होरी

साधो, भवसागर के माहिं, काल होरी खेलाई॥
भाँति भाँति के रंग लिये हैं, करत जीवन की घात।
बूढ़ा बाला कछू न देखै, देखै ना दिन-रात॥
निहचै मौत लिये सँग रानी, नाना रंग सम्हार।
बड़े-बड़े अभिमानी नामी, सोभी लीन्हे मार॥
सुरज चंद वा भय तें काँपैं, स्वर्ग माहिं सब देव।
तनधारी सबही थर्रावैं, ज्ञानी जानत भेव॥
आपनकूँ देही नहिं जानैं, जानत आतम साँच।
चरनदास कह सहजो बाई, ताहि न आवै आँच॥४॥

---

३ निरति=अत्यन्त प्रीति, लीन होने का भाव। दृढ़ सेती=मजबूती से। बम्ब=दुंदुभी, डंका।

४ भेव=भेद, मर्म।

राग बसंत

सो बसंत नहिं बारबार। तैं पाई मानुष देह सार ॥
यह औसर बिरथा न खोव। भक्तिबीज हिये-धरती बोव ॥
सतसंगत को सींच नीर। सतगुरुजी सों करौ सीर ॥
नीको बार विचार देव। परन राख याकूँ जु सेव ॥
रखवारी कर हेत-खेत; जब तेरी हौवै जैत जैत ॥
खोट-कपट पंछी उड़ाव। मोह-प्यास सबही जलाव ॥
सँभलैं बाड़ी नऊ अग। प्रेमफूल फूलैं अंग अंग ॥
पुहुप गूँथ माला बनाव। आदिपुरुषकूँ जा चढ़ाव ॥
तौ सहजो बाई चरनदास। तेरे मन की पुरवैं सकल आस ॥५॥

राग होरी

सुमिर सुमिर नर उतरो पार। भौसागर की तीछन धार ॥
धर्म-जिहाज माहिं चढि लीजै, संभल सँभल तामें पग दीजै।
सम करि मन को संगी कीजै, हरिमारग को लागौ यार ॥
बादबान पुनि ताहि चलावै, पाप भरै तो हलन न पावै।
काम क्रोध लूटन को आवै, सावधान ह्वै करौ सँभार ॥
मान-पहाड़ी तहाँ अड़त है, आसा-तृस्ना-भँवर पड़त है।
पाँच मच्छ जहँ चोट करत हैं, ज्ञान-आँखि-बल चलौ निहार ॥
ध्यान धनी का हिरदे धारे, गुरु किरपा सूँ लगै किनारे।
जब तेरी बोहित उतरै पारे, जन्म-मरन दुख-बिपता टार ॥
चौथे पद में आनंद पावै, या जग में तू बहुरि न आवै।
चरनदास गुरुदेव चितावैं, सहजोबाई यही विचार ॥६॥

---

५ सार=उत्तम। सीर=नमी, तरी। परन=प्रण, टेक। जैत जैत=जय-जय। नऊ अंग=नवधा भक्ति से; सब प्रकार से। पुरवैं=सफल करें।
६ लागौ=पकड़लो। पाँच मच्छ=काम, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार। बोहित=जहाज। चौथा पद=तुरीया अवस्था, समाधि की दशा।

राग भैरों

हम बालक तुम माय हमारी। पल-पल माहिं करो रखवारी॥
निसदिन गोदी ही में राखो। इत वित वचन चितावन भाखो।
विषै ओर जान नहिं देवो। डुर डुर जाउँ तो गहि गहि लेवो॥
मैं अनजान कछू नहिं जानूँ। बुरी भली को नहिं पहिचानूँ।
जैसी तैसी तुमही चीन्हेव। गुर ह्वै ध्यान-खेलौना दीन्हेव॥
तुम्हरी रच्छा ही से जीऊँ नाम तुम्हारो इंमृत पीऊँ।
दिष्टि तिहारी ऊपर मेरे। सदा रहूँ मैं सरनै तेरे॥
मारौ झिड़कौ तौ नहिं जाऊँ। सरक सरक तुमहीं पै आऊँ।
चरनदास है सहजो दासी। हो रच्छक पूरन अविनासी॥७॥

राग कड़खा

करो मोहिं दास जो आपनौ जानिकै, राखियो दृष्टि तुम सदा नीकी।
और कोइ आसरो धरूँ ना जगत में, मानियो साँच मैं कहूँ ठीकी॥
तुही मात औ पिता बंधू तुही, तुही कुल नात है गोत मेरा।
तुही धन धाम औ जीव इस देह का, तो विना और दूजा न हेरा॥
जाप तेरा करूँ ध्यान हिरदे धरूँ, समुझि कै ज्ञान तोकूँ पिछानूँ।
सरन तेरी लई टेक ऐसी गही. तुम विन आनकूँ नाहिं जानूँ॥
गही जब बाँह विख्यात जग में भई, सकल लज्जा तुम्हैं है गोसाईं।
कलू के काल में महा भयमान हूँ, चरन हूँ कँवल की राखि छाईं॥
कहत सहजो दोऊ हाथ कूँ जोरिकै, सीस नीचा किये दीन धारे।
चरनदास गुरु अरज सुनि लीजिये. तुही है इष्ट आसा हमारे॥८॥

---

७ इत वित वचन चितावन=इधर उधर सब ओर से बचने से, सावधान होने के लिए। डुर डुर=विचलित हो जाऊँ।

८ नात=जाति। हेरा=दिखाई दिया, पाया। कलू=कलि। दीन=दीनता।

दया बाई

चोला-परिचय

जीवन-काल—अनुमानतः सं० १७५० से सं० १८३० वि०

जन्म-स्थान—डेहरा गाँव (मेवात—राजस्थान)

जाति—दूसर बनिया

गुरु—महात्मा चरणदास

भेष—ब्रह्मचारिणी

सत्संग-स्थान—दिल्ली

यह सहजो बाई की गुरुबहिन थीं। दिल्ली में अपने गुरु चरणदासजी की सेवा में यह भी रहा करती थीं। 'दया-बोध' नामक अपना ग्रन्थ इन्होंने चैत्र सुदी ७, संवत् १८१८ को समाप्त किया था। बस, इतना ही इनका जीवन-वृत्त मिलता है।

बानी-परिचय

'दया-बोध' में दया बाई ने गुरु-महिमा, सुमिरन, सूरमा, प्रेम, वैराग, साध आदि अनेक अंगों पर दोहे और कुछ चौपाइयां लिखी हैं। शैली और भाषा लगभग सहजो बाई की जैसी है। इनका अधिक बल्कि पूरा झुकाव भक्ति की तरफ रहा है। निर्गुण निरंजन, या निर्वाण, और अजपा पर इन्होंने जो दोहे लिखे हैं, उनमें इनकी वैसी तन्मयता हम बहुत कम पाते हैं, जैसी कि भक्तिविषयक रचना में देखते हैं।

'विनय-मालिका' के दोहों में 'दयादास' की छाप आई है, पर ये दयाबाई के ही रचे हुए हैं, क्योंकि शैली और भाषा में कोई अन्तर नहीं आया है। भगवान् को अनेक नामों से संबोधन इसमें किया गया है। अनेक भक्तों

का भी उल्लेख उनकी कथाओं के साथ इसमें आया है। मुख्यतः यह सगुण-उपासना-परक रचना है।

आधार

दयाबाई की बानी—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद

दया बाई

गुरु-महिमा का अंग

दोहा

वंदौं श्री सुखदेवजी, सब विधि करो सहाय।
हरो सकल जग-आपदा, प्रेम-सुधा-रस प्याय ॥१॥

चरनदास गुरुदेवजू, ब्रम्हरूप सुख-धाम।
ताप-हरन सब सुख-करन, दया करत परनाम ॥२॥

अंधकूप जग में पड़ी, दया करम-बस आय।
बूड़त लई निकासि करि, गुरु-गुन-ज्ञान गहाय ॥३॥

सतगुरु सम कोउ है नहीं, या जग में दातार।
देत दान उपदेस सों, करैं जीव भव-पार ॥४॥

मनसा वाचा करि दया गुरुचरनों चित लाव।
जग समुद्र के तरन कूँ, नाहिन आन उपाव ॥५॥

सतगुरु ब्रम्हसरूप हैं, मनुषभाव मत जान।
देहभाव मानैं दया, ते हैं पसू समान ॥६॥

गुरु-महिमा का अंग

३ गहाय = ग्रहण कराकर, सौंपकर।

५ वाचा = वचन से। आन = अन्य, और।

सुमिरन का अंग

दोहा

हरि भजते लागै नहीं, काल-व्याल दुख-झाल।
तातें राम सँभालिये, दया छोड़ जग-जाल ॥१॥

दयादास हरिनाम लै, या जग में यह सार।
हरि भजते हरि ही भये, पायौ भेद अपार ॥२॥

जे जन हरि सुमिरन-विमुख, तासू मुखहुँ न बोल।
रामरूप में जे पगे, तासू अंतर खोल ॥३॥

रामनाम के लेतहीं, पातक झुरैं अनेक।
रे नर हरि के नाम की, राखो मन में टेक ॥४॥

नारायण के नाम बिन, नर नर नर जा चित्त।
दीन भयो बिल्लात है, माया-बसि ना थित्त ॥५॥

दया जगत में यह नफो, हरि-सुमिरन कर लेह।
छल-रूपी छिन-भंग है, पाँचतत्त की देह ॥६॥

सुमिरन का अंग

१ झाल=ज्वाला। सँभालिये=स्मरण व सेवा करे।

२ भेद=आत्मज्ञान का रहस्य।

३ अन्तर खोल=हृदय की गुप्त-से-गुप्त बात स्पष्ट बतलादे।

४ झुरै=जल जाते हैं।

५ नर नर नर जा चित्त=जिसके चित्त में मनुष्य-ही-मनुष्य संबंधी विचार घूमते रहते हैं। बिल्लात है=आशा के वश गिड़गिड़ाता है। थित्त=स्थित, स्थिर।

सूर का अंग

दोहा

गुरु-सब्दनकूँ ग्रहन करि, विषयनकूँ दे पीठ।
गोविंदरूपी गदा गहि, मारो करमन डीठ॥१॥

सूरा वही सराहिये, बिन सिर लड़त कबंद।
लोक-लाज कुल-कानकूँ, तोड़ि होत निर्बंद॥२॥

सुनत सब्द नीसानकूँ, मन में उठत उमंग।
ज्ञान-गुरज हथियार गहि, करत जुद्ध अरि संग॥३॥

सूरा सम्मुख समर में, घायल होत निसंक।
यों साधू संसार में, जग के सहै कलंक॥४॥

कायर काँपै देख करि, साधू को संग्राम।
सीस उतारै भुइँ धरै तब पावै निज ठाम॥५॥

प्रेम का अंग

दोहा

दया प्रेम-उनमत्त जे, तन की तनि सुधि नाहिं।
झुके रहैं हरिरस-छके, थके नेम व्रत माहिं॥१॥

सूर का अंग

१ डीठ=दृष्टि ; बुरी नजर।
२ कबंद=कबंध ; बिना सिर का केवल धड़।
३ कान=कानि, मर्यादा। निर्बन्द=बन्धन-रहित, मुक्त।
४ गुरज=गदा।
५ ठाम=स्थान ; लक्ष्य।

प्रेम का अंग

१ तनि=तनिक भी। झुके=मस्त। थके नेम व्रत माहि=नियमों और

प्रेम-मगन जे साध जन, तिन गति कही न जात।
रोय रोय गावत हँसत, दया अटपटी बात ॥२॥

हरिरस-माते जे रहैं, तिनको मतो अगाध।
त्रिभुवन की संपति दया, तृनसम जानत साध ॥३॥

प्रेम-मगन गद्गद वचन, पुलकि रोम सब अंग।
पुलकि रह्यो मन रूप में दया न ह्वै चित भंग ॥४॥

कहूँ धरत पग. परत कहुँ, उमगि गात सब देह।
दया मगन हरिरूप में, दिन दिन अधिक सनेह ॥५॥

हँसि गावत रोवत उठत, गिरि-गिरि परत अधीर।
पै हरिरस-चसको दया, सहै कठिन तन पीर ॥६॥

विरह ज्वाल-उपजी हिये, राम-सनेही आय।
मन-मोहन सोहन सरल तुम देखन दा चाय ॥७॥

काग उड़ावत थके कर, नैन निहारत बाट।
प्रेमसिन्ध में पर्‍यो मन, ना निकसन को घाट ॥८॥

बौरी ह्वै चितवत फिरूँ. हरि आवैं केहि ओर।
छिन उठूँ छिन गिरि परूँ, राम-दुखी मन मोर ॥९॥

रे मन, तू निकसत नहीं, है तू बड़ा कठोर।
सुन्दर स्याम सरूप बिन, क्यों जीवत निस-भोर ॥१०॥

व्रतों का जिन्हें ध्यान नहीं रहता, अर्थात् त्याग चुके हैं।

४ रह्यो=अनुरक्त हो गया। रूप=आत्म-स्वरूप। चित भंग=मन का डावाँडोल होना।

६ चसको=चसका, मज़ा।

७ दा=का (पंजाबी प्रयोग) चाय=चाह, लालसा।

१० भोर=दिन ।

प्रेमपुंज प्रगटै जहाँ, तहाँ प्रगट हरि होय।
दया दया करि देतहैं, श्रीहरि दर्सन सोय ॥११॥

वैराग का अंग

दोहा

दयाकुँवर या जक्त[1] में, नहीं रह्यो थिर कोय।
जैसो वास सराय को, तैसो यह जग होय ॥१॥

जैसो मोती[2] ओस को, तैसो यह संसार।
विनसि जाय छिन एक में, दया प्रभू उर धार ॥२॥

तात मात तुम्हरे गये, तुम भी भये तयार।
आज काल्ह में तुम चलौ, दया होहु हुसियार ॥३॥

छाँड़ौ विषै-विकारकूँ, रामनाम चित लाव।
दयाकुँवर या जगत में, ऐसो काल विताव ॥४॥

तीनलोक नौखंड के, लिये जीव सब हेर[5]।
दयाकाल परचंड है, मारै सबकूँ घेर ॥५॥

बड़ो पेट है काल को, नेक न कहूँ अघाय।
राजा राना छत्र-पति, सबकूँ लीले जाय[6] ॥६॥

विनसत बादर बात[7] वसि, नभ में नाना भाँति।
इम नर दीसत कालवस, तऊ न उपजै साँति ॥७॥

वैराग का अंग

१ जक्त=जगत्।
२ मोती=बूँद से आशय है।
५ लिये हेर=खोज लिये।
६ लीले जाय=निगलता जा रहा है।
७ बात=वायु। साँति=शान्ति।

साध का अंग

दोहा

साध साध सब कोउ कहै, दुरलभ साधू सेव।
जब संगति ह्वै साध की, तब पावै सब भेव ॥१॥

दया दान अरु दीनता, दीना-नाथ दयाल।
हिरदै सीतल दृष्टि सम, निरखत करैं निहाल ॥२॥

काम क्रोध मद लोभ नहिं, षट विकार करि हीन।
पंथ कुपंथ न जानहीं, ब्रह्मभाव-रस-लीन ॥३॥

राम-टेक से टरत नहिं, आन भाव नहिं होत।
ऐसे साधूजनन की दिन-दिन दूनी जोत ॥४॥

साधसंग छिन एक को, पुन्न न बरन्यो जाय।
रति उपजै हरिनाम सूँ, सबही पाप विलाय ॥५॥

साधू विरला जगत में, हर्ष सोक करि हीन।
कहन सुनन कूँ बहुत हैं, जन-जन आगे दीन ॥६॥

साधसंग जग में बड़ो, जो करि जानै कोय।
आधो छिन सतसंग को, कलमख डारै खोय ॥७॥

साध का अंग

१ भेव=भेद, ब्रह्मज्ञान का गूढ़ रहस्य।

३ षट विकार=मन के छह दोष—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य। करि=से।

४ जोत=ज्योति, ज्ञान का प्रकाश।

६ रति=प्रीति।

७ कलमख=पाप।

अजपा का

दोहा

पद्मासन सूं बैठकरि, अंतर दृष्टि लगाव।
दया जाप अजपा जपौ, सुरति स्वाँस में लाव ॥१॥

दया कह्यो गुरदेव ने, कूरम को व्रत लेहि।
सब इन्द्रिनकूँ रोकि करि, सुरत स्वाँस मे देहि ॥२॥

बिन रसना बिन माल कर, अंतर सुमिरन होय।
दया दया गुरदेव की, बिरला जानै कोय ॥३॥

हृदयकमल में सुरति धरि, अजप जपै जो कोय।
विमल ज्ञान प्रगटै तहाँ, कलमख डारै खोय ॥४॥

चरनदास गुरुकृपा तें, मनुवाँ भयो अपंग।
सुनत नाद अनहद दया, आठो जाम अभंग ॥५॥

जहाँ काल अरु ज्वाल नहिं, सीत उस्न नहिं वीर।
दया परसि निजधामकूँ, पायो भेद गँभीर ॥६॥

अजपा का अंग

१ सुरति=ध्यान, लय।

२ कूरम को व्रत=कछुवा का अपने नव अंगों का सिकोड़ लेना; यहाँ इन्द्रियों को विषयों की ओर से अन्तर्मुखी कर लेने से अभिप्राय है।

५ अपंग=पंगु; निश्चल। जाम=याम, पहर। अभंग=एकतार, निरन्तर।

६ उस्न=उष्ण, गरम। ज्वाल=संसार का त्रिविध ताप; इस शब्द को 'ज़वाल' का अपभ्रंश मानकर इसका 'आफत' या 'झंझट' अर्थ भी किया गया है। वीर=भाई या सखी

पिय को रूप अनूप लखि, कोटि भान उँजियार।
दया सकल दुख मिटि गयो, प्रगट भयो सुखसार ॥७॥

अनंत भान उँजियार तहँ, प्रगटी अद्भुत जोत।
चकचौंधी सी लगति है, मनसा सीतल होत ॥८॥

बिन दामिन उजियार अति, बिनघन परत फुहार।
मगन भयो मनुवाँ तहाँ दया निहार निहार ॥९॥

आवन जान बनै नहीं, यह सब मायारूप।
नैन बानी दृग सूँ अगम, ऐसो तत्त्व अनूप ॥१०॥

अविनासी चेतन पुरुष, जग झूठो जंजाल।
हरि-चितवन में मन मगन, सुख पायो ततकाल ॥११॥

जग परनामी है मृषा, तन-रूपी भ्रमकूप।
तू चेतन्न सरूप है, अद्भुत आनँदरूप ॥१२॥

भोर भये गुरु ज्ञान सूँ; मिटी नींद अज्ञान।
रैन अविद्या मिटि गई, प्रगट्यो अनुभव-भान ॥१३॥

चरनदास की कृपा सूँ, मो मन उठी उमंग।
'दयाबोध' बरनन कियो, सुख की उठन तरंग ॥१४॥

चरनदास की कृपा तें, मन में उपज्यो चेत।
'दयाबोध' बरनन कियो, परमारथ के हेत ॥१५॥

---

८ मनसा=मनोवृत्ति; हृदय

१२ परनामी=परिणामी; जो स्वभावतः सदा बदलता रहता है।

१३ भोर=सवेरा

विनयमालिका

दोहा

किस विधि रीझत हौ प्रभू, क्या कहि टेरूँ नाथ।
लहर मेहर जबहीं करो, तबहीं होउँ सनाथ ॥१॥

भवजल नदी भयावनी, किस विधि उतरूँ पार।
साहिब मेरी अरज है, सुनिये बारम्बार ॥२॥

तुम ठाकुर त्रैलोक-पति, ये ठग बस करि देहु।
दयादास आधीन की, यह विनती सुनि लेहु ॥३॥

असंख जीव तरि तरि गये, लै लै तुम्हरो नाम।
अबकी बेरी बापजी, परो मुगध से काम ॥४॥

नहिं संजम नहिं साधना नहिं तीरथव्रत दान।
मात-भरोसे रहत है, ज्यों बालक नादान ॥५॥

लाख चूक सुत से परै, सो कछु तजि नहिं देह।
पोष चुचुक ले गोद में, दिन दिन दूनो नेह ॥६॥

जो मेरे करमन लखो, तौ नहिं होत उबार।
दयादास पर दया करि, दीजै चूक बिसार ॥७॥

चकई कल में होत है, भान-उदय आनंद।
दयादास के दगन लें, पल न टरो ब्रजचंद ॥८॥

विनयमालिका

३ ठग=काम, क्रोध, लोभ आदि मनोविकारों से आशय है।

४ बेरी=बार। मुगध=मुग्ध, मूढ़।

६ चुचुक=चुमकारकर

८ कल=चैन

बड़े-बड़े पापी अधम, तरत लगी ना बार।
पूँजी लगै कछु नंद की, हे प्रभु हमरी बार ॥९॥

और नजर आवै नहीं, रंक राव का साह।
चिरहटा के पंख ज्यों, थोथो काम देखाह ॥१०॥

तुमहीं सूँ टेका लगो, जैसे चन्द्र चकोर।
अब कासूँ झंखा करौं, मोहन नंदकिसोर ॥११॥

कब को टेरत दीन भो, सुनौ न नाथ पुकार।
की स्रवन ऊँचौ सुनो, की दीन्हौं बिरद बिसार ॥१२॥

तातें तेरे नाम की. महिमा अपरम्पार।
जैसे किनका अनल को, सघन बनौ दे जार ॥१३॥

जोग जग्य जप तप बरत, तीरथ नेम अचार।
चार वेद षट सास्त्र प्रभु, तुम किरपा की लार ॥१४॥

"बिनै माल" जो कह सुनैं, तनमन धन अनुराग।
चार पदारथ पावहीं, दयादास बड़भाग ॥१५॥

---

९ नंद की=श्रीकृष्ण के अभिभावक नंद बाबा; क्या मुझे तारने में तुम्हारे बाप की पूँजी खर्च होती है?

१० चिरहटा=चिड़िया का नन्हा बच्चा, जो पंख फड़फड़ाता है, पर उड़ नहीं सकता।

११ टेका=टेक। झंखा=झीखना, कुढ़ना।

१२ बिरद=बाना; बड़ा नाम

१४ लार=साथ, पीछे

लालनाथजी

चोला-परिचय

जीवन काल—१८ वीं विक्रमी शताब्दी

जन्म-स्थान—लालमदेसर (बीकानेर, राजस्थान)

परिचय केवल इतना ही जन-श्रुति के आधार पर मिलता है कि लालनाथजी मुकलावा (गौना) कराके घर जा रहे थे। रास्ते में लिखमादेसर गाँव पड़ा। यहाँ पर जसनाथ संप्रदाय के महात्मा श्रीकुंभनाथजी विराजते थे। लालनाथजी उनका दर्शन करने पहुँचे। श्रीकुंभनाथजी उस समय जीवित समाधि लेने का विचार कर रहे थे। कुंभनाथजी मतीरा (तरबूज) का प्रसाद बाँटने लगे, और बोले—'और है कोई लेनेहार ?' लालनाथजी ने प्रसाद ले लिया, और उसी क्षण वैराग्य का गहरा रंग उनपर चढ गया। साथियों ने ताना मारते हुए कहा—'तब फिर विवाह ही क्यों किया ?' जवाब था—"वेहडा लिखिया ना टलै टीया अट बुलाय।" विधाता ने जो लिख दिया था, वह कैसे टल सकता है ? फेरे लेना तो लिखा ही था।

नव विवाहिता स्त्री भी इनकी वहीं लिखमादेसर ग्राम में एक सिद्ध-स्थान पर तपस्या करने लगी।

वानी-परिचय

जिस 'जीव-समझोतरी' ग्रन्थ से हमने लालनाथजी महाराज की साखियाँ संकलित की हैं उसके विद्वान् संपादक श्रीहनुमानप्रसाद शर्मा 'प्रभाकर' तथा सूर्यशंकर पारीक 'भारती-भूषण' ने पुस्तक की भूमिका में इनके निम्न-लिखित ग्रन्थों का उल्लेख किया है:—

१ हरिरस
२ दर्श-विदा
३ हरिलीला

४ निकलंक परवाण

५ फुटकर सबद

६ जीव-समझोतरी

'जीव-समझोतरी' लालनाथजी की श्रेष्ठ रचना है। जीवात्मा को इसमें तत्त्वबोध दिया गया है आत्मानुभूति की मर्मवेधिनी वाणी द्वारा। लालनाथजी स्वय लिखते हैं :

'जीव-समझोतरी' ग्यान है, सबद साची सैनाणी।
ब्रह्मग्यान सो घीव, और सब नीका पाणी ॥

'जसनाथ संप्रदाय' की 'संतबानी' में लालनाथजी की बानी का बडा आदर है।

आधार

जीव-समझोतरी— पारीक-सदन, रतनगढ़ (राजस्थान)

लालनाथजी

साखी

ध्यानी नहीं शिव सारसा, ग्यानी सा गोरख।
ररै ममै सूँ निसतिर्‌यॉं, कोड़ अठासी रिख ॥१॥

हंसा तो मोती चुगै, बुगला गार तलाई।
हरिजन हरिसूँ यूँ मिल्या, ज्यूँ जल में रस भाई ॥२॥

जुरा मरण जग जलम पुनि, ऐ जुग दुःख घणाई।
चरण सरेवॉं राजरा, राख लेव शरणाई ॥३॥

क्यूँ पकड़ो हो डालियॉं, नह्चै पकड़ो पेड़।
गउवॉं सेती निसतिरो, के तारैली भेड़ ॥४॥

साखी

१ सारसा=समान, सरीखा। ररै ममै=रकार और मकार, अर्थात् राम (नाम)। निसतिर्‌यॉं=तर गये, मुक्त हो गये। कोड़=करोड़। रिख=ऋषि।

२ गार=कीचड़। तलाई=तालाब। मिल्या=तद्रूप हो गये। रस=जल।

३ जुरा=जरा, बुढ़ापा। जलम=जन्म। घणाई=बहुत-से, असंख्य। सरेवॉं=छूते हैं। राजरा=आपके।

४ नह्चै=निश्चय में। सेती=से, सहारे से। के=क्या? तारैली=पार करेगी।

आशय यह कि अनेक देवी-देवताओं की सेवा-पूजा छोड़कर तू तो एक परमात्मा की शरण पकड़ले—गाय का सहारा लेकर पार होजा ; यह भेड़ तुझे क्या पार करेगी ?

साधाँ में अधवेसरा, ज्यूँ घासाँ में लाँप।
जल बिन जौड़े क्यू बड़ो, पगाँ विलूमै काँप ॥५॥

हुलका भीणा पातला, जमीं सूँ चौड़ा।
जोगी ऊँचा आभ सूँ, राई सूँ ल्होड़ा ॥६॥

होफाँ ल्यो हरनाँव की, अमी अमल का दौर।
साफी कर गुरुग्यान की, पियोज आठूँ प्होर ॥७॥

करसूँ तो वाँटै नहीं, वीजाँ सेती आड।
वै नर जासीं नारगी, चौरासी की खाड ॥८॥

---

५ अधवेसरा=अधूरा। लाँप=एक प्रकार का घास, जिसे जानवर नहीं चरते। जौडे=जौहड, तालाब। बडो=बिडते या पैठते हो। बिलूमैं=सन जाये। काँप=कीचड़।

साधुओं में अधूरा याने खाली भेपधारी साधु ऐसा अहितकारी है, जैसे घासों में लाँप घास, जिसे पशु भी नहीं खाते। बिना पानी के तालाब में पैठने से क्या लाभ; पैर उलटे कीचड में सन जायेंगे। भेपधारी साधु के पास भक्तिरस तो मिलेगा नहीं उलटे उसके कुसंग में पड़कर विपयासक्ति ही बढ़ेगी।

६ हुलक=हलका। जमीं सूँ चौडा=पृथिवी से भी विस्तीर्ण। आभ=आकाश। ल्होडा=लघु।

आशय यह कि योगी की गति अपरंपार है—वह महान् से भी महान् है, और लघु से भी लघु।

७ होफाँ=गाँजे की चिलम की कस। अमी अमल=अमृत के जैसा नशा। साफी=वह छोटा-सी रूमाल, जिसे चिलम पर लपेटकर कस खींचते हैं। प्होर=पहर।

८ करसूँ=अपने हाथ से। वीजाँ सेती आड=दूसरों को भी नहीं देने देते; बाधा डालते हैं। जासीं नारगीं=नरक जायेंगे। खाड़=गड्ढा।

काया में कवलास, न्हाय नर हर की पैड़ी।
वह जमना भरपूर, नितोपती गंगा नैड़ी ॥९॥

हरख जपो हरदुवार, सुरत की सैंसरधारा।
माहे मन्न महेश, अलिल का अंत फुँवारा ॥१०॥

टोपी धर्म दया, शील का सुरँगा चोला।
जत का जोग लँगोट, भजन का भसमी गोला ॥११॥

खँमा खड़ाऊ राल, रहत का डण्ड कमण्डल।
रैणी रह सतबोल, लोपज्या ओखा मण्डल ॥१२॥

खेलौ नौखण्ड माँय, ध्यान की तापो धूणी।
सोखौ सरव सुवाद, जोग की सिला अलूणी ॥१३॥

---

९ काया=पिंड (में ही)। कवलास=कैलाश। हर की पैड़ी=हरिद्वार का परम पवित्र घाट। नितोपती=नित्यप्रति। नैड़ी=निकट। यहाँ, योग-पक्ष में, यमुना और गंगा से आशय है इड़ा और पिंगला नाड़ी से; तथा निर्विकल्प समाधि की सर्वोच्च स्थिति को माना गया है कैलाश-शिखर।

१० हरख=ब्रह्मानन्द (में निमग्न होकर) जपो=अनहद नाम का जप करो—यही हरिद्वार-वास है। सुरत=लय। सैंसरधारा=सहस्रधारा। माहे मन्न=चित्त के निरोध में। महेश=शिव। अलिल=परमानन्द। चित्त की आत्यंतिक निरोधावस्था में शिव का साक्षात्कार हो जायगा; और परमानन्द के निर्झर के नीचे तू ब्रह्म-कल्लोल करेगा।

११ सुरंगा=लाल, भगवा, सुन्दर। जत=संयम, ब्रह्मचर्य। भसमी=भस्म। गोरखपंथी साधु सदा अपने पास शिवार्पित भस्म का एक गोला रखते हैं।

१२ खँमा=क्षमा। रहत=शील। रैणी=संयमपूर्ण रहनी। लोपज्या=उसपार चलाजा। ओखा मण्डल=विकट ब्रह्माण्ड।

१३ माँय=में। सोखौ=सोखलो; वश में करलो। सरव सुवाद=सब विषय-भोगों को।

वाँटो विसवँत भाग, देव थानै दसवँत छोड़ी।
अवस जीव जा हार, टेकसी नहचै गोडी ॥१४॥

पाछै सूँ जम घेरसी, टेकरै काल किरोई।
कुण आरोगै थाव, जीमसी कूण रसोई ॥१५॥

साईं वड़ो सिलावटो, जिण आ काया कोरी।
खूब रखाया काँगरा, नीकी नौ मोरी ॥१६॥

'लालू' क्यूँ सूत्याँ सरै, वायर ऊवो काल।
जोखो है इण जीवनै, जँवरो घालै जाल ॥१७॥

ऊमर तो वोली गई, आगैं ओछी आव।
वेड़ी समदर वीच में, किण विद लँगसी न्याव ॥१८॥

---

१४ विसवँत=बीसवाँ। देवथानै=परमेश्वर के निमित्त। दसवँत=दसवाँ (भी)। अवस...... हार=जीव को मृत्यु के आगे गिरना ही होगा। नहचै=निश्चय ही। टेकसी=टेक देने लगे। गोडी=पैर घुटने।

आयु का दसवाँ नहीं तो बीसवाँ भाग तो ईश्वर के निमित्त अर्पित करना ही चाहिए यह आशय है।

१५ टेकरै=पुकारता है। किरोई=भीषण। आरोगै=भोगे। जीमसी=जीमेगा, खायेगा।

१६ सिलावटो=पत्थर के काम का कारीगर। कोरी=रची। काँगरा=कंगूरे. जाली: देह के अंग-प्रत्यंग से आशय है। नौ मोरी=नौ द्वार (शरीर के)।

१७ सूत्याँ सरै=सोते रहने अर्थात् मोह-निद्रा में अचेत पड़े रहने से तेरा काम कैसे चलेगा, स्वरूप को तू कैसे पहचान सकेगा? वायर=बाहर; द्वार पर। ऊवो=खड़ा है, तैयार है। जँवरो घालै जाल=यम (काल) ने जाल फैला दिया है।

१८ ऊमर=उम्र, आयु। वोली=बहुत। ओछी=थोड़ी। आव=आयु। समदर=समुद्र। किण विद=किस प्रकार। लँगसी न्याव=नाव पार लगेगी।

'लालू' ओ जी ऑंधलो, आगैं अलसीड़ा।
झपट बाचै सरपणी, पिंड भुगते पीड़ा ॥१९॥

निरगुण सेती निसतिया, सुरगुण सूँ सीधा।
कूड़ा कोरा रह गया, कोइ विरला वीधा ॥२०॥

पिरथी भूली पीवकूँ, पड़या समदराँ खोज।
मेरै हाँसै मैं हँसूँ, दुनिया जाणै रोज ॥२१॥

भली बुरी दोनूँ तजो, माया जाणो खाक।
आदर जाकूँ दीजसी, दरगा खुलिया ताक ॥२२॥

अवल गरीबी अँग वसै, सीतल सदा सुभाव।
पावस वूठा परेम रा, जल सूँ सींचो जाव ॥२३॥

लागू हैं वोला जणा, घर घर माहीं दोखी।
गुज कुण सूँ कीजिए, कुण है थारो सोखी ॥२४॥

---

१९ अलसीड़ा=झाड-झंखाडवाली जगह। सरपणी=काल से आशय है। पिँड=पिड, देह।

२० सीधा=सिद्ध हो गये। कूड़ा=अनित्य संसार मे फँसे हुए। वीधा=आत्मतत्त्व की ओर आकृष्ट हुए।

२१ पिरथी=संसार। पीव=आत्मतत्त्व से आशय है। पड़या समदराँ खोज=अनित्य पदार्थों मे नित्य आत्मतत्त्व का खोजना व्यर्थ प्रयास है यह आशय है। हाँसै=परमानन्द में। रोज=रोना।

२२ दरगा=दरगाह; परमात्मा का पद। ताक=दरवाज़ा।

२३ अवल=अव्वल। परेम रा=प्रेम का। वूठा=वरसा। जाव='जीव समझोतरी' के टीकाकार ने 'जाव' का अर्थ लिखा है— वह खेत जिसमें कुएँ की सिंचाई से गेहूँ जौ और चना पैदा होते हैं।

२४ लागू=लाग-डाँट रखनेवाले। वोला=वहुत सारे। गुज=गुप्त वात। सोखी=हितैषी, मित्र।

जोवन हा जद जतन हा, काया पड़ी बुढ़ाँण।
सूकी लकड़ी ना लुलै, किस विध निकसै काण ॥२५॥

लाय लगी घर आपणै, घट भीतर होली।
शील समँद में न्हाइये, जाँ हंसा टोली ॥२६॥

स्वामी शिव साधक गुरू, अब इक बात कहूँ।
कूँकर हो हम आवणू, बिच में लागी दूँ ॥२७॥

करमाँ सूँ काला भया, दीसो दूँ दाध्या।
इक सुमरण सामूँ करो, जद पड़सी लाधा ॥२८॥

अलख पुरी अलगी रही. ओखी घाटी बीच।
आगैं कूँकर जाइये, पग पग माँगैं रीच ॥२९॥

प्रेम कटारी तन वहै, ग्यान सेल का घाव।
मनमुख जूझैं सूरवाँ, से लोपैं दरियाव ॥३०॥

---

२५ हा=था। जतन=पुरुषार्थ। लुलै=लचकती या झुकती है। काण=टेढ़ापन; दोष।

२६ लाय=आग। जाँ=जहाँ। हंस=मुक्तपुरुष; संतजन।

२७ कूँकर=किस प्रकार, किस उपाय से। दूँ=दावानल।

२८ दीसो=दीखता है। दूँ दाध्या=दावानल से जला हुआ। जद=जब। लाधा=लाभ।

२९ अलगी=बहुत दूर; दृश्यमान जगत् से परे। ओखी=कठिन, भयंकर। कूँकर=किस प्रकार। रीच='जीव-समझोतरी' के टीकाकार ने इस शब्द का अर्थ 'खाली चिट्ठी' लिखा है।

३० वहै=वार को लेता है। सेल=भाला। सूरवाँ=शूरवीर। से=वेही। लोपैं दरियाव=संसार-सागर को पार कर सकते हैं।

पलटू साहब

जीवन-परिचय

जन्म-संवत्—अज्ञात

जन्म-स्थान—नगपुर जलालपुर (ज़िला फैज़ाबाद)

जाति—काँदू बनिया

गुरु—गोविंद साहब

वेष—गृहस्थ ; पीछे विरक्त

सत्संग-स्थान—अयोध्या

मृत्यु-संवत्—अज्ञात

काल—विक्रम की १९वीं शती के पूर्वार्द्ध में विद्यमान।

बस, पलटू साहब का इतना ही, और यह भी बहुत-कुछ आनुमानिक इतिवृत्त मिलता है। जन्म-स्थान का परिचय भी इनके भाई पलटूपरसाद ने अपनी 'भजनावली' में दिया है, और वह इस प्रकार—

> नगा जलालपुर जन्म भयो है, बसे अवध के खोर।
> कहैं पलटूपरसाद हो, भयो जगत में सोर॥
> चार बरन को मेटिके भक्ति चलाई मूल।
> गुरु गोविंद के बाग में पलटू फूलेउ फूल॥
> सहर जलालपुर मूँड मुँड़ाया, अवध तुड़ी करधनियाँ।
> सहज करै ब्योपार घटहि में पलटू निर्गुन बनियाँ॥

नगपुर जलालपुर का ही उल्लेख अपने रचे दोहे में पलटूपरसाद ने नंगा जलालपुर के नाम से किया है। जन्म पलटू साहब का नगपुर जलालपुर में हुआ था, पर बाद में रहने लगे थे अयोध्या में। मूँड अपने गाँव में ही मुँडा लिया था, पर करधनी या जनेऊ अयोध्या में जाकर तोड़ा था। गुरु इनके गोविंद साहब थे, जो प्रसिद्ध संत भीखा साहब के शिष्य थे। गोविन्द साहब पहले पलटूदासजी के पुरोहित थे।

अयोध्या में पलटू साहब ने सत्संग स्थापित किया, और वहीं अपना चोला भी त्यागा। अयोध्या में इनकी दिन-दिन बढ़ती हुई कीर्ति को देखकर मन्दिरों और अखाड़ों के वैरागी इनसे बहुत जलते थे। पर यह उनकी परवा नहीं करते थे, हमेशा अपनी मौज में मस्त रहते थे। जहाँ एक तरफ वैरागी और पण्डित इनसे जलते थे, तहाँ बड़े-बड़े सेठ और अमीर-उमरा इनके द्वार पर बड़ी-बड़ी भेंटें लिये खड़े रहते थे। अपनी एक कुंडलिया में पलटू साहब कहते हैं :—

"लैलै भेंट अमीर नाम का तेज विराजा।
सब कोउ रगरैं नाक आइकै परजा राजा॥
सकलदार मैं नहीं, नीच फिर जाति हमारी।
गोड़ धोय षट करम बरन पाँवैं लै चारी॥
बिन लसकर बिन फौज मुलुक में फिरी दुहाई।
जन-महिमा सतनाम आपु में सरस बड़ाई॥
सत्तनाम के लिहे से पलटू भए गँभीर।
हाथ जोरि आगे मिलैं लै-लै भेंट अमीर॥"

बानी-परिचय

पलटू साहब की बानी इलाहाबाद के बेलवेडियर प्रेस से तीन भागों में प्रकाशित हुई है। पहले भाग में कुण्डलियाँ हैं, दूसरे भाग में रेखते, झूलने, अरिल, कवित्त और सवैये, और तीसरे भाग में शब्द या पद और साखियाँ।

कुण्डलियाँ पलटू साहब की बहुत प्रसिद्ध हैं और बड़े मार्के की हैं। कई कुण्डलियाँ इन्होंने कबीरदास की साखियों पर भाष्यरूप में लिखी हैं, और कुछ कुण्डलियाँ लोकोक्तियों पर रची हैं।

इसी प्रकार झूलने और अरिल भी इनके खूब मर्मभरे और जोरदार हैं।

शब्द भी इनके ऊँचे घाट के हैं। साखियाँ भी सीधे चोट करती हैं।

इनके कहने का ढंग कबीर से खूब मिलता है। यह वैसे ही निडर और फक्कड़ आलोचक थे, जैसे कि कबीर साहब।

और साधना-पक्ष में भी यह बहुत गहरे उतरे थे। ब्राह्मी स्थिति का इन्होंने प्रत्यक्ष अनुभव किया था। अपने एक शब्द में अपनी गहरी एवं मधुरतम आत्मानुभूति का वर्णन यह परमार्थी बनिया, राम का मोदी, इस प्रकार कर रहा है—

"कौन करै बनियाई अब मोरे, कौन करै बनियाई।
त्रिकुटी में है भरती मेरी, सुखमन में है गादी॥
दसयें द्वारे कोठी मेरी, बैठा पुरुष अनादी॥
इंगला पिंगला पलरा दूनों, लागि सुरति की जोती।
सत्त सबद की डाँडी पकरौं, तौलौं भरि भरि मोती॥
चाँद सुरज दोउ करैं रखवारी, लगी सत्त की ढेरी।
तुरिया चढ़िके बेचन लागा ऐसी साहिबी मेरी॥
सतगुरु साहिब किहा सिपारस, मिली राम-मोदियाई।
पलटू के घर नौबति बाजै, निति उठि होति सवाई॥"

इनकी बानी का सारा रंग और ढंग देखकर जो इनको दूसरा कबीर साहब कहा जाता है उसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं, क्योंकि उसमें प्रायः वैसी ही स्पष्टवादिता, वैसी ही निर्भीकता, वैसी ही सरसता और लगभग वैसी ही शैली हम पाते हैं। भाषा भी अच्छी जोरदार और सरल और सरस है।

आधार

१ पलटू साहब की बानी (पहला भाग)—बेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद
२ पलटू साहब की बानी (दूसरा भाग)— ,, ,,
३ पलटू साहब की बानी (तीसरा भाग)— ,, ,,
४ उत्तरी भारत की संत-परम्परा—परशुराम चतुर्वेदी, भारती-भण्डार, इलाहाबाद

पलटू साहब

कुण्डलियाँ

परस्वारथ के कारने संत लिया औतार।
संत लिया औतार, जगत को राह चलावैं।
भक्ति करैं उपदेस ज्ञान दे नाम सुनावैं॥
प्रीति बढ़ावैं जक्त में, धरनी पर डोलैं।
कितनी कहै कठोर, वचन वे अमृत बोलैं॥
उनको क्या है चाह, सहत हैं दुःख घनेरा।
जिव-तारन के हेतु मुलुक फिरते बहुतेरा॥
पलटू सतगुरु पायकै, दास भया निरवार।
परस्वारथ के कारने संत लिया औतार॥१॥

नाव मिली केवट नहीं, कैसे उतरै पार॥
कैसे उतरै पार पथिक बिस्वास न आवै।
लगै नहीं बैराग यार कैसेकै पावै॥
मन में धरै न ज्ञान, नहीं सतसंगति रहनी।
बात करै नहिं कान, प्रीति बिन जैसे कहनी॥

कुण्डलियाँ

१ परस्वारथ=परहित। जक्त=जगत। जिव=जीव। निरवार=निश्चय करके।

छूटि डगमगी नाहिं संत को वचन न मानै।
मूरख तजै विवेक, चतुरई अपनी आनै॥
पलटू सतगुरु सब्द का तनिक न करै विचार।
नाव मिली केवट नहीं, कैसे उतरै पार॥२॥

साहिब वही फकीर है, जो कोइ पहुँचा होय॥
जो कोइ पहुँचा होय, नूर का छत्र विराजै।
सबर-तखत पर बैठि, तूर अठपहरा बाजै॥
तम्बू है असमान, जमीं का फरस बिछाया।
छिमा किया छिड़काव, खुसी का मुस्क लगाया॥
नाम खजाना भरा, जिकिर का नेजा चलता।
साहिब चौकीदार देखि इबलीसहुँ डरता॥
पलटू दुनिया दीन में उनसे बड़ा न कोय।
साहिब वही फकीर है, जो कोइ पहुँचा होय॥३॥

लहना है सतनाम का, जो चाहे सो लेय॥
जो चाहै सो लेय जायगी लूट ओराई।
तुम का लुटिहौ यार, गाँव जब दहिहै लाई॥
ताकै कहा गँवार, मोटभर बाँध सितावी।
लूट में देरी करै ताहि की होय खरावी॥

---

२ यार=मित्र, परमात्मा। कान करै=ध्यान देकर सुने। डगमगी=अस्थिरता, दुविधा।

३ नूर=ज्ञान का अखण्ड प्रकाश। सबर=संतोष। तूर=बाजे, नौबत। मुस्क=मुश्क, कस्तूरी, इत्र। जिकिर=अध्यात्म-चर्चा। नेजा=भाला। इबलीस=शैतान।

४ लहना=लाभ, धन। ओराई जायगी=खत्म हो जायगी। मोट=गठरी।

बहुरि न ऐसा दाँव, नहीं फिर मानुष होना।
क्या ताकै तू ठाढ़, हाथ से जाता सोना।।
पलटू मैं उरिन भया, मोर दोस जिन देय।
लहना है सतनाम का, जो चाहै सो लेय।।४।।

दीपक बारा नाम का, महल भया उँजियार।।
महल भया उँजियार, नाम का तेज बिराजा।
सब्द किया परकास, मानसर ऊपर छाजा।।
दसो दिसा भई सुद्ध, बुद्ध भई निर्मल साची।
छुटी कुमति की गाँठि, सुमति परगट होय नाची।।
होत छतीसो राग, दाग तिर्गुन का छूटा।
पूरन प्रगटे भाग, करम का कलसा फूटा।।
पलटू अँधियारी मिटी, बाती दीन्हीं बार।
दीपक बारा नाम का, महल भया उँजियार।।५।।

हाथ जोरि आगे मिलै, लै-लै भेंट अमीर।
लै-लै भेंट अमीर, नाम का तेज बिराजा।
सब कोउ रगरै नाक, आइकै परजा राजा।।
सकलदार मैं नहीं, नीच फिर जाति हमारी।
गोड़ धोय षटकरम बरन पीवैं लै चारी।।

सिताबी=जल्दी।

५ बारा=जलाया। छाजा=शोभित हुआ। सुमति=शुद्ध बुद्धि। नाची=प्रफुल्लित हो गई। दाग=धब्बा, मैल। तिर्गुन=माया के तीन गुण सत्त्व, रज और तम। कलसा=घड़ा।

६ सकलदार=सुन्दर। गोड़ ... चारी=छहो कर्म करनेवाले और चारों

बिन लसकर बिन फौज मुलुक में फिरी दुहाई।
जन-महिमा सतनाम आपु में सरस बड़ाई॥
सत्तनाम के लिहे से पलटू भया गंभीर।
हाथ जोरि आगे मिलैं लै-लै भेट अमीर॥६॥

सत सासना सहत हैं, जैसे सहत कपास॥
जैसे सहत कपास, नाय चरखी मे ओटै।
रूई धर जब तुनै हाथ से दोउ निभंटै॥
रोम रोम अलगाय पकरिकै धूनिया धूनी।
पिउनी नहँ दै कात, सूत ले जुलहा बूनी॥
धोबी भट्टी पर धरी, कुन्दीगर मुगरी मारी।
दरजी टुक-टुक फारि जोरिकै किया तयारी॥
परस्वारथ के कारने दुख सहै पलटूदास।
सत सासना सहत हैं, जैसे सहत कपास॥७॥

हरि हरिजन को दुइ कहै, सो नर नरकै जाय॥
सो नर नरकै जाय, हरिजन हरि अन्तर नाहीं।
फूलन में ज्यों बास, रहैं हरि हरिजन माहीं॥
संतरूप अवतार, आप हरि धरिकै आवैं।
भक्ति करैं उपदेस, जगत को राह चलावैं॥

वर्णों के लोग पैर धो-धोकर पीते हैं। दुहाई=अमल। गँभीर=महान्।

७ सासना=कष्ट। नाय=डालकर। तुनै=रुई के रेशे अलग-अलग करता है। धूनी=धुनकी। पिउनी=पूनी। नहँटै=बढ़े हुए नाख़ून में छेद करके उसमें से बारीक-से-बारीक सूत निकालकर।

८ राह=सुमार्ग, संतमार्ग। तिर्गुन से मुक्त=माया के तीनों गुणों से

और धरैं अवतार रहै तिगुन-सजुक्ता।
संतरूप जब धरै रहै तिगुन से मुक्ता॥
पलटू हरि नारद सेती बहुत कहा समुझाय।
हरि हरिजन को दुइ कहै सो नर नरकै जाय॥८॥

क्या सोवै तू बावरी, चाला जात बसंत॥
चाला जात बसंत, कंत ना घर में आये।
धृग जीवन है तोर, कंत बिन दिवस गँवाये॥
गर्व गुमानी नारि फिरै जोबन की माती।
खसम रहा है रूठि, नहीं तू पठवै पाती॥
लगै न तेरो चित्त, कंत को नाहिं मनावै।
कापर करै सिंगार, फूल की सेज बिछावै॥
पलटू ऋतु भरि खेलिले, फिर पछतावै अंत।
क्या सोवै तू बावरी, चाला जात बसंत॥९॥

चोला भया पुराना, आज फटै की काल॥
आज फटै की काल, तेहुपै है ललचाना।
तीनों पनगे बीत, भजन का मरम न जाना॥
नखसिख भये सपेद, तेहुपै नाहीं चेतै।
जोरि जोरि धन धरै, गला औरन का रेतै॥
अब का करिहो यार, कालने किया तकादा।
चलै न एकौ जोर, आय जो पहुँचा वादा॥

रहित, गुणातीत। सेती=से।
९ माती=मतवाली। खसम=स्वामी, परमपुरुष परमात्मा से तात्पर्य है। कापर=किसे रिझाने के लिए।
१० चोला=शरीर से तात्पर्य है। की=या। नखसिख भये सपेद=सारे

पलटू तेहु पै लेत है माया मोह जँजाल।
चोला भया पुराना, आज फटै की काल ॥१०॥

भजन आतुरी कीजिये, और बात में देर ॥
और बात में देर, जगत मे जीवन थोरा।
मानुष-तन धन जात, गोड़ धरि करौं निहोरा ॥
काँचे महल के बीच पवन इक पछी रहता।
दस दरवाजा खुला उड़न को नित उठि चहता ॥
भजि लीजौ भगवान, एहि में भल है अपना।
आवागौन छुटि जाय, जनम की मिटै कलपना ॥
पलटू अटक न कीजिये, चौरासी घर फेर।
भजन आतुरी कीजिये, और बात में देर ॥११॥

ज्यों-ज्यों सूखै ताल है, त्यों-त्यों मीन मलीन ॥
त्यों-त्यों मीन मलीन, जेठ मे सूख्यो पानी।
तीनों पन गये बीति, भजन का मरम न जानी ॥
कँवल गये कुम्हिलाय, हंस ने किया पयाना।
मीन लिया कोउ मारि, ठाँव ढेला चिहराना ॥
ऐसी मानुष-देह वृथा में जात अनारी।
भूला कौल करार, आपसे काम बिगारी ॥

शरीर के बाल सफेद हो गये। रेतै=काटता है। तगादा=तकाजा, वसूली की माँग।

११ आतुरी=शीघ्र। गोड धरि करौं निहोरा=पैर पकड़कर विनती करता हूँ। दस दरवाजा=दसों इन्द्रियों के द्वार। अटक=टालटूल।

१२ ज्यों-ज्यों ... मलीन=आशय यह कि ज्यों-ज्यों शरीर जीर्ण-शीर्ण होता जाता है, त्यों त्यों मन की वृत्ति उदास होती है, जैसे तालाब का पानी सूखने पर मछली व्याकुल हो जाती है। कँवल गये कुम्हिलाय=आशय

पलटू बरस औ मास दिन. पहर घड़ी पल छीन।
ज्यों ज्यों सूखै ताल है, त्यों-त्यों मीन मलीन ॥१२॥

पिय को खोजन मैं चली, आपुइ गई हिराय ॥
आपुइ गई हिराय, कवन अब कहै सँदेसा।
जेकर पिय में ध्यान, भई वह पिय के भेसा ॥
आगि माहिं जो परै, सोउ अग्नी ह्वै जावै।
भृंगी कीट को भेट आपुसम लेइ बनावै ॥
सरिता बहिकै गई, सिंध में रही समाई।
सिव सक्ती के मिले नहीं फिर सक्ती आई ॥
पलटू दिवाल कहकहा, मत कोउ झाँकन जाय।
पिय को खोजन मैं चली, आपुइ गई हिराय ॥१३॥

सीस उतारै हाथ से, सहज आसिकी नाहिं ॥
सहज आसिकी नाहिं, खाँड खाने को नाहीं।
झूठ आसिकी करै, मुलुक में जूती खाहीं ॥

यह कि इन्द्रियाँ थकित हो गई। हंस=जीव। ढेला चिहगना=पानी सूख जाने पर तली फटकर मिट्टी का थक्का बन गया। अनारी=अनाड़ी, मूर्ख। भूला कौल-करार=गर्भवास में हरिभजन करने का जो प्रण किया था उसे भूल गया।

१३ हिराय गई=खो गई, तदाकार हो गई। भेसा=रूप। कहकहा दिवाल=चीन देश की पन्द्रह सौ मील लम्बी पच्चीस फुट ऊँची और इतनी ही चौड़ी दीवार जिसे असल में मंगोल जातियों के हमले को रोकने के लिए बनवाया गया था; पर जिसके विषय में यह किंवदन्ती प्रसिद्ध है कि उसपर चढ़कर दूसरी ओर झाँकने से परिस्तान दीख पड़ता है और उसे देखकर इतना अधिक आनन्द होता है कि देखनेवाला हठात् उसपर कूद पड़ता है और वहाँ लापता हो जाता है।

जीते-जी मरि जाय, करै ना तन की आसा।
आसिक का दिनरात रहै सूली पर वासा॥
मान बड़ाई खोय नींदभर नाहीं सोना।
तिलभर रक्त न मॉस, नहीं आसिक को रोना॥
पलटू बड़े बेकूफ वे, आसिक होने जाहिं।
सीस उतारै हाथ से, सहज आसिकी नाहिं॥१४॥

प्रेमवान जाके लगा, सो जानैगा पीर॥
सो जानैगा पीर, काह मूरख से कहिए।
तिलभर लगै न ज्ञान, ताहिसे चुप ह्वै रहिए॥
लाख कहै समुझाय, वचन मूरख नहिं मानै।
तासे कहा बसाय, ठान जो अपनी ठानै॥
जेहिके जगत पियार, ताहिसे भक्ति न आवै।
सतसंगति से विमुख, और के सन्मुख धावै॥
जिनकर हिया कठोर है, पलटू धँसै न तीर।
प्रेमवान जाके लगा, सो जानैगा पीर॥१५॥

यह तो घर है प्रेम का, खाला का घर नाहिं॥
खाला का घर नाहिं, सीस जब धरै उतारी।
हाथपाव कटि जाय, करै ना संत करारी॥
ज्यों-ज्यों लागै घाव, तेहुँ-तेहुँ कदम चलावै।
सूरा रन पर जाय, बहुरि ना जियता आवै॥

---

१४ सहज=आसान। आसिकी=प्रेम लगाना। बेकूफ=बेवकूफ, मूर्ख।

१५ पीर=पीड़ा, प्रेम की वेदना। लगै न=असर न करै। बसाय=वश, चारा। ठान=हठ। भक्ति न आवै=भक्ति करते नहीं बनती।

१६ खाला का घर=मौसी का घर, ऐसी जगह जहाँ बिना मेहनत के

पलटू ऐसे घर महैं, बड़े मरद जे जाहिं।
यह तो घर है प्रेम का खाला का घर नाहिं ॥१६॥*

लगन महूरत झूठ सब, और बिगाड़ैं काम ॥
और बिगाड़ैं काम, साइत जनि सोधै कोई।
एक भरोसा नाहिं कुसल कहवाँ से होई ॥
जेकरे हाथै कुसल नाहिको दिया बिसारी।
आपन इक चतुराइ बीच में करै अनारी ॥
तिनका टूटै नाहिं बिना सतगुर की दाया।
अजहूँ चेत गँवार, जगत है झूठी काया ॥
पलटू सुभ दिन सुभ घड़ी, याद पड़ै जब नाम।
लगन महूरत झूठ सब, और बिगाड़ैं काम ॥१७॥

सबद छुड़ावै राज को, सबदै करै फकीर ॥
सबदै करै फकीर, सबद फिर राम मिलावै।
जिनके लागा सबद, तिन्हैं कछु और न भावै ॥
मरै सबद के घाव, उन्हैं को सकै जियाई।
होइगा उनका काम, परी रोवै दुनियाई ॥

आसानी से चाहे जब चले गये। करारी=कराह? इनकार। कदम चलावै=आगे बढ़ता जाता है।

१७ साइत=शुभ मुहूर्त। एक भरोसा नाहिं=एक परमात्मा पर विश्वास नहीं है। जेकर=जिसके। दाया=दया, कृपा।

१८ सबद=शब्द, संतों की अनभूत वाणी। मरै ... जियाई=शब्द के घाव से मरकर फिर जी उठता है, आशय यह कि अहंता मर जाती है और

*कबीरदासजी की प्रसिद्ध साखी—"यह तो घर है प्रेम का, खाला का घर नाहिं—" पर यह कुण्डलिया रची गई है।

घायल भा वह फिरै, सबद कै चोट है भारी।
जियतै मिरतक होय, झुकै फिर उठै सँभारी॥
पलटू जिनके सबद का लगा कलेजे तीर।
सबद छुड़ावै राज को, सबदै करै फकीर॥१८॥

सोई सती सराहिए, जरै पिया के साथ॥
जरै पिया के साथ, सोइ है नारि सयानी।
रहै चरन चित लाय, एक से और न जानी॥
जगत करै उपहास, पिया का संग न छोड़ै।
प्रेम की सेज बिछाय, मेहर की चादर ओढ़ै॥
ऐसी रहनी रहै तजै जो भोग-विलासा।
मारै भूख-पियास याद संग चलती स्वासा॥
रैन-दिवस बेहोस पिया के रंग में राती।
तन की सुधि है नाहिं पिया संग बोलत जाती॥
पलटू गुरु-परसाद से किया पिया को हाथ।
सोई सती सराहिये, जरै पिया के साथ॥१९॥

तुझे पराई क्या परी, अपनी आप निवेर॥
अपनी आप निवेर, छोड़ि गुड़ विष को खावै।
कूवाँ मे तू परै, और को राह बतावै॥
औरन को उँजियार, मसालची जाइ अंधेरे।
त्यों ज्ञानी की बात मया से रहते घेरे॥

विषयों का मारा हुआ शब्द चोट से जी उठता है। झुकै=मस्ती में झूमता है।

१९ बेहोश=सांसारिक सुखों की ओर से अचेत। परसाद=प्रसाद, कृपा। हाथ किया=वश में कर लिया।

२० निवेर=सुलझाना, निवटाना। मया=माया। खारी=खड़िया मिट्टी।

वेचत फिरै कपूर आप तो खारी खावै।
घर में लागी आग दौरिके घूर बुतावै॥
पलटू यह साँची कहै, अपने मन का फेर।
तुम्हे पराई क्या परी, अपनी ओर निवेर ॥२०॥*

जो साहिव का लाल है, सो पावैगा लाल॥
सो पावैगा लाल जायके गोता मारै।
मरजीवा ह्वै जाय लाल को तुरत निकारै॥
निसिदिन मारै मौज. मिली अव वस्तु अपानी।
ऋद्धि सिद्धि औ मुक्ति भरत हैं उन घर पानी॥
वे साहन के साह, उन्हें है आस न दूजा।
ब्रह्मा विस्नु महेस करैं सव उनकी पूजा॥
पलटू गुरु-भक्ती विना भेष भया कंगाल।
जो साहिव का लाल है सो पावैगा लाल ॥२१॥

खोजत हीरा को फिरै, नहीं पोत का दाम॥
नहीं पोत का दाम, जोहरि की गाँठ खुलावै।
वातन की वकवाद जोहरी को विलमावै॥
लम्वी वोलत वात, करै वातन की लदनी।
कौड़ी गाँठ में नहीं. करत है वातैं इतनी॥

घूर=कूड़े का ढेर। वुतावै=वुझाता है।

२१ लाल=(१) प्यारा सेवक (२) ज्ञानरूपी रत्न। कंगाल=तुच्छ।

२२ पोत=काँच की गुरिया जो रँगविरंगी होती है और जिसे गरीव स्त्रियाँ

*कवीरदास जी की साखी— "तुम्हे पराई क्या परी"— पर यह कुंड-लिया रची गई है।

लिहा जौहरी ताड़, फिरा है गाहक खाली।
थैली लई समेटि, दिहा गाहक को टाली॥
लोकलाज छूटै नहीं, पलटू चाहै नाम।
खोजत हीरा को फिरै, नहीं पोत का दाम॥२२॥

पलटू नीच से ऊँच भा नीच कहै ना कोय॥
नीच कहै ना कोय, गये जब से सरनाई।
नारा वहिकै मिल्यो गंग में गंग कहाई॥
पारस के परसंग, लोह से कनक कहावै।
आगि मँहै जो परै, जरै आगई होइ जावै॥
राम का घर है बड़ा, सकल ऐगुन छिपि जाई।
जैसे तिल को तेल फूल सँग बास बसाई॥
भजन केर परताप तें तन मन निर्मल होय।
पलटू नीच से ऊँच भा. नीच कहै ना कोय॥२३॥

मन मिहीन कर लीजिये, जब पिउ लागै हाथ॥
जब पिउ लागै हाथ नीच ह्वै सब से रहना।
पच्छापच्छी त्यागि ऊँच बानी नहिं कहना॥
मान बड़ाई खोय ख़ाक में जीते मिलना।
गारी कोउ दै जाय छिमाकरि चुपके रहना॥

तागे में गूँथकर गले में पहनती हैं। बिलमावै=अटका रखता है। लदनी=लेन-देन।

२३ नारा= नाला। ऐगुन=अवगुण, दोष।

२४ मिहीन=क्षीण सूक्ष्म, अत्यन्त संयत। नीच=नम्र। पच्छापच्छी= अपना पक्ष और दूसरे का पक्ष; वादविवाद। ऊँच बानी=आवेश या

सबकी करै तारीफ, आपको छोटा जानै।
पहिले हाथ उठाय सीस पर सब की आनै॥
पलटू सोइ सुहागनी, हीरा झलकै माथ।
मन मिहीन कर लीजिये जब पिउ लागै हाथ॥२४॥

माया की चक्की चलै, पीसि गया संसार॥
पीसि गया संसार, बचै ना लाख बचावै।
दोऊ पट की बीच कोऊ ना साबित जावै॥
काम क्रोध मद लोभ चक्की के पीसनहारे।
तिरगुन डारै झोंक पकरिकै सबै निकारे॥
तृस्ना बड़ी छिनारि, जाइ उन सब घर घाला।
काल बड़ा बरियार, किया उन एक निवाला॥
पलटू हरि के भजन बिनु, कोऊ न उतरै पार।
माया की चक्की चलै, पीसि गया संसार॥२५॥*

पानी काको देइ प्यास से मुवा मुसाफिर॥
मुवा मुसाफिर प्यास, डोर औ लुटिया पासै।
बैठ कुवाँ की जगत, जतन बिनु कौन निकासै॥

क्रोधपूर्ण वाणी। सीस······आनै=सिर झुकाकर प्रणाम करे। पिउ लागै हाथ=प्रियतम वश में हो।

२५. पीसि गया=पिस गया। साबित=पूरी। झोंक=मुट्ठी; मुट्ठीभर अनाज को चक्की में डालना। छिनारि=छिनाल; दुराचारिणी। बरियार=जबरदस्त। निवाला=कौर।

*कबीरदास की साखी—'चलती चक्की देखके दिया कबीरा रोइ'—पर यह कुंडलिया भाष्य के रूप में रची गई है।

आगे भोजन धरा, थारि मैं खाता नाहीं।
भूख भूख करै सोर, कौन डारै मुखमाहीं॥
दीया बाती तेल, आगि है नाहिं जरावै।
खसम सोया है पास, खसम को खोजन जावै॥
पलटू डगरा सूध, अटकिकै परता गिर-गिर।
पानी काको देइ प्यास से मुवा मुसाफिर॥२६॥

संत चरन को छोड़िकै पूजत भूत वैताल॥
पूजत भूत वैताल मुए पर भूतइ होई।
जेकर जहवाँ जीव, अन्त को होवै सोई॥
देव पितर सब झूठ, सकल यह मन की भ्रमना।
यही भरम में पड़ा, लगा है जीवन-मरना॥
देई-देवा सेइ परमपद केहिने पावा।
भैरों दुर्गा सीव बाँधिकै नरक पठावा॥
पलटू अंत घसीटिहै, चोटी धरि धरि काल।
संत-चरन को छोड़िकै, पूजत भूत वैताल॥२७॥

बनियाँ बानि न छोड़ै, पसँघा मारे जाय॥
पसँघा मारे जाय, पूर को मरम न जानी।
निसदिन तौलै घाटि खोय यह परी पुरानी॥
केतिक कहा पुकारि, कहा नहिं करै अनारी।
लालच से भा पतित, सहै नाना दुख भारी॥

२६ मुआ=मर गया। थारि=थाली। डगरा=रास्ता। सूद=सीधा।
२७ देई=देवी। सीव=शिव। वैताल=इस शब्द का अर्थ भाट या बन्दी होता है, पर यहाँ इसका प्रयोग प्रेत के अर्थ में हुआ है।
२८ खोय=आदत।

यह मन भा निरलज्ज, लाज नहिं करै अपानी।
जिन हरि पैदा किया ताहि का मरम न जानी॥
चौरासी फिरि आयकै पलटू जूती खाय।
वनियाँ वानि न छाड़ै, पसँघा मारे जाय॥२८॥

सातपुरी हम देखिया, देखे चारो धाम॥
देखे चारो धाम, सबन माँ पाथर पानी।
करमन के वसि पड़े, मुक्ति की राह भुलानी॥
चलत चलत पग थके, छीन भइ अपनी काया।
काम क्रोध नहिं मिटे, वैठकर वहुत नहाया॥
ऊपर डाला धोय, मैल दिल वीच समाना।
पाथर में गयो भूल, संत का मरम न जाना॥
पलटू नाहक पचि मुए, सन्तन में है नाम।
सातपुरी हम देखिया, देखे चारो धाम॥२९॥

निन्दक जीवै जुगन-जुग, काम हमारा होय॥
काम हमारा होय, विना कौड़ी को चाकर।
कमर वाँधिके फिरै, करै तिहुँ लोक उजागर॥
उसे हमारी सोच, पलकभर नाहिं विसारी।
लगी रहै दिनरात, प्रेम से देता गारी॥
संत कहैं दृढ़ करै जगत का भरम छुड़ावै।
निन्दक गुरू हमार, नाम से वही मिलावै॥

---

२९ सातपुरी=सात पवित्र पुरियाँ—अयोध्या, मथुरा, मायावती (हरिद्वार), काशी, कांची, अवन्तिका (उज्जैन) और द्वारावती। चारों धाम=जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरधाम, द्वारिका और वदरीनाथ।

३० उजागर=प्रसिद्ध। सोच=चिन्ता।

सुनिके निन्दक मरि गया, पलटू दिया है रोय।
निन्दक जीवै जुगन-जुग, काम हमारा होय ॥३०॥

जैसे नदी एक है, बहुतेरे हैं घाट ॥
बहुतेरे हैं घाट, भेद भक्तन में नाना।
जो जेहि संगत परा ताहिके हाथ बिकाना ॥
चाहै जैसी करै भक्ति, सब नामहिं केरी।
जाकी जैसी बूझ, मारग सो तैसी हेरी ॥
फेर खाय इक गये, एक ठौ गये सितावी।
आखिर पहुँचे राह, दिना दस भई खरावी ॥
पलटू एकै टेक ना, जेतिक भेष तै बाट।
जैसे नदी एक है बहुतेरे हैं घाट ॥३१॥

लेहु परोसिनि झोंपड़ा, नित उठ बाढ़त रार ॥
नित उठि बाढ़त रार, काहिको सरवरि कीजै।
तजिये ऐसा संग, देस चलि दूसर लीजै ॥
जीवन है दिन चारि, काहे को कीजै रोसा।
तजिये सब जंजाल, नाम कै करौ भरोसा ॥
भीख माँगि बरु खाय, खटपटी नीक न लागै।
भरी गौन गुड़ तजै, तहाँ से साँझै भागै ॥
पलटू ऐसन बूझिकै डारि दिहा सिर भार।
लेहु परोसिनि झोंण्ड़ा, नित उठि बाढ़त रार ॥३२॥

---

३१ ताहि के हाथ बिकाना = उसी संत-मत का हो गया। बूझ = बुद्धि। हेरी = खोज लिया। फेरि = चक्कर। सितावी = जल्दी। तै = उतनी।

३२ रार = झगड़ा। सरवरि = बराबरी, सामना। रोसा = रोष, क्रोध। नाम कै = रामनाम का। बरु = चाहे। गौन = खुर्जी, बोरा। साँझइ भागै = शाम को ही चलदे, एक रात भी न ठहरे।

जल पषान को छोड़िकै पूजौ आतमदेव।
पूजौ आतमदेव, खाय औ बोलै भाई।
छाती दैकै पाँव पथर की मुरत बनाई॥
ताहि धोय अन्हवाय विंजन लै भोग लगाई।
साच्छात भगवान द्वार से भूखा जाई॥
काह लिये वैराग, झूँठ कै बाँधै बाना।
भाव-भक्ति को मरम कोइ है विरले जाना॥
पलटू दोउ कर जोरिकै गुरु संतन को सेव।
जल पषान को छोड़िकै पूजौ आतमदेव॥२३॥

झूलना

पीवता नाम सो जुगन जुग जीवता,
नाहिं वो मरै जो नाम पीवै।
काल व्यापै नहीं अमर वह होयगा,
आदि औ अन्त वह सदा जीवै॥
सन्तजन अमर हैं उसी हरिनाम से,
उसी हरिनाम पर चित्त देवै।
दास पलटू कहै सुधा-रस छोड़िकै,
भया अज्ञान तू छाछ लेवै॥१॥

बोलु हरि-नाम तू छोड़िदे काम सब,
सहज में मुक्ति होइ जाय तेरी।

---

२३ पषान=पाषाण, पत्थर की मूर्तियाँ। जल=गंगा, गोदावरी आदि नदियाँ। बाना=भेष।

झूलना

१ पीवता नाम=हरिनाम का रस जो पीता है।

दाम लागै नहीं काम यह बड़ा है,
सदा सतसंग में लाउ फेरी ॥
विलम ना लाइकै डारि सिर भार को,
छोड़ि दे आस संसार केरी ॥
दास पलटू कहै यही सँग जायगा,
बोलु मुख राम यह अरज मेरी ॥२॥

पूरव में राम है पच्छिम खुदाय है,
उत्तर औ दक्खिन कहो कौन रहता ?
साहिव वह कहाँ है, कहाँ फिर नहीं है,
हिन्दू और तुरुक तोफान करता ॥
हिन्दू और तुरुक मिलि परे हैं खैंचि में,
आपनी वर्ग दोउ दीन वहता।
दास पलटू कहै, साहिव सव में रहै,
जुदा ना तनिक, मैं साँच कहता ॥३॥

धन्य हैं सन्त निज धाम सुख छाड़िकै,
आन के काज को देह धारा।
ज्ञान-समसेर लै पैठि संसार में,
सकल संसार का मोह टारा ॥
प्रीति सव से करैं मित्र औ दुष्ट से,
भली अरु वुरी दोउ सीस धारा।

---

२ छोड़िदे काम सव=सारी वासनाओं को त्यागदे। फेरी=चक्कर। विमल=विलम्ब, देर।

३ तोफान=झगड़ा। खैंचि=खींचतान।

दास पलटू कहै राम नहिं जानहूँ,
जानहूँ सन्त, जिन जक्त तारा ॥४॥

जाहि तन लगी है सोइ तन जानिहै,
जानिहै वही सतसंग-वासी।
कोटि औषधि करै विरह ना जायगा,
जाहि के लगी है विरहगाँसी ॥
नैन झरना वन्यौ, भूख ना नींद है,
परी है गले विच प्रेम-फाँसी।
दास पलटू कहै लगी ना छूटिहै,
सकल संसार मिलि करै हाँसी ॥५॥

कफन को बाँधिकै करै तव आसिकी,
आसिक जब होय तब नाहिं सोवै।
चिता विनु आगि के जरै दिनराति जव,
जीवत ही जान से सती होवै ॥
भूख-पीयास, जग-आस को छोड़करि,
आपनी आपु से आप खोवै।
दास पलटू कहै इसक-मैदान पर,
देइ जव सीस तव नाहिं रोवै ॥६॥

---

४ आन के काज को=दूसरों के भले के लिए। जक्त=जगत।

५ गाँसी=तीर या वर्छी का फल।

६ कफन को बाँधिकै=मरने की तैयारी करके। आपनी.... खोवै=अपने हाथ से अपनी अहंता या खुदी को नष्ट कर देता है। इसक-मैदान=प्रेम का रण-क्षेत्र।

होय रजपूत सो चढ़ै मैदान पर,
खेत पर पाँच पच्चीस मारै।
काम औ क्रोध दुइ दुष्ट ये बड़े हैं,
ज्ञान के धनुष से इन्हें टारै॥
कूद परि जायकै कोट काया मँहै,
आगि लगाय के मोह जारै।
दास पलटू कहै सोइ रजपूत है,
लेहि मन जीति तब आपु हारै॥७॥

राज तन में करै, भक्ति जागीर लै,
ज्ञान से लरै रजपूत सोई।
छमा-तलवार से जगत को बसि करै,
प्रेम की जुज्झ मैदान होई॥
लोभ औ मोह हंकार दल मारिकै,
काम औ क्रोध ना बचै कोई।
दास पलटू कहै तिलकधारी सोई,
उदित तिहुँ लोक रजपूत सोई।८॥

दास कहाइकै आस ना कीजिये,
आस जो करै सो दास नहीं।
प्रेम तो एक जो लगा संसार में,
भक्ति गइ दूरि अब जक्त माहीं॥

७ टारै=मारकर फेंकदे। आपु हारै=अपने आपको कुर्बान करदे।
८ जुज्झ=युद्ध। हंकार=अहंकार। तिलकधारी=वह राजा जिसे राज-तिलक हुआ है। उदित=उजागर।

चाहिये भक्ति को जक्त से तोरिये,
जोरिये जक्त से, भक्ति जाही।
दास पलटू कहै एक को छोड़िदे,
तरवार दुई म्यान इक नाहिं चाही ॥६॥

गाय-बजायके काल को काटना,
और की सुनै कछु आपु कहना।
हँसना-खेलना बात मीठी कहै,
सकल संसार को बस्सि करना ॥
खाइये-पीजिये मिलै सो पहिरिये,
संग्रह औ त्याग में नाहिं परना।
बोलु हरिभजन को मगन ह्वै प्रेम से,
चुप्प जब रहो तब ध्यान धरना ॥१०॥

भेष भगवन्त के चरन को ध्याइकै,
ज्ञान की बात से नाहिं टरना।
मिलै लुटाइये तुरत कछु खाइये,
माया औ मोह की ठौर मरना ॥
दुक्ख औ सुक्ख फिरि दुष्ट औ मित्र को,
एकसम दृष्टि इकभाव भरना।

---

९ दास=प्रभु का सेवक। आस=जगत की आशा। जोरिये जक्त से=जगत से नाता जोड़ने पर।

१० बस्सि करना=वश में कर लेना। संग्रह औ त्याग में नाहिं परना=संग्रह और त्याग दोनों के ही झगड़े में न पड़ सहजवृत्ति से रहें।

११ भेष भगवंत के=संतजनों और भगवान के। मरना=मारदे।

दास पलटू कहै राम कहु बालके,
राम कहु राम कहु सहज तरना ॥११॥

सुन्दरी पिया की पिया को खोजती,
भई बेहोस तू पिया कै कै।
बहुत-सी पद्मिनी खोजती मरि गईं,
रटत ही पिया पिया एक एकै ॥
सती सब होति हैं जरत बिनु आगि से,
कठिन कठोर वह नाहिं झाँकै।
दास पलटू कहै सीस उतारिकै,
सीस पर नाचु जो पिया ताकै ॥१२॥

पूरब ठाकुरद्वारा पच्छिम मक्का बना,
हिन्दू औ तुरुक दुइ ओर धाया।
पूरब मूरति बनी, पच्छिम में कबुर है,
हिन्दू औ तुरुक सिर पटकि आया ॥
मूरति औ कबुर ना बोलै ना खाय कछु,
हिन्दू औ तुरुक तुम कहा पाया।
दास पलटू कहै पाया तिन्ह आपमें,
मूए बैल ने कब घास खाया ॥१३॥

बालके=यहाँ बालक का अर्थ मूढ़ के अर्थ में किया गया है ।

१२ कै कै=कह-कहकर, रट-रटकर । पदमिनी=सुन्दर स्त्रियाँ, यहाँ जीवात्माओं से आशय है । झाँकै=ध्यान देती है । ताकै=खोजै ।

१३ कबुर=रसूल की कब्र ।

देखि निन्दक कँहैं करौं परनाम मैं,
धन्य महराज, तुम भक्त धोया।
किहा निस्तार तुम आइ संसार में,
भक्त कै मैल बिन दाम खोया॥
भयो परसिद्ध परताप से आपके,
सकल संसार तुम सुजस बोया।
दास पलटू कहै निन्दक के मुये से,
भया अकाज मैं बहुत रोया॥१४॥

सील की अवध, सनेह का जनकपुर,
सत्त की जानकी व्याह कीता।
मनहिं दुलहा बने आपु रघुनाथजी,
ज्ञान के मौर सिर बाँधि लीता॥
प्रेम-बारात जब चली है उमगिकै,
छिमा बिछाय जनवाँस दीता।
भूप अहंकार के मान को मर्दिकै,
धीरता-धनुष को जाय जीता॥१५॥

बाह्मन तो भये जनेउ को पहिरि कै,
बाम्हनी के गले कुछ नाहिं देखा।
आधी सूद्रिनि रहै घरै के बीच में,
करै, तुम खाहु यह कौन लेखा॥

---

१४ कँहैं=को। धोया=निर्मल कर दिया। अकाज=हानि।

१५ कीता=किया। बाँधिलीता=बाँध लिया। मौर=ताड़पत्र और फूलों का मुकुट जिसे वर विवाह में अपने सिरपर पहनता है। जनवाँस=जनवासा, बारात का डेरा। दीता=दिया।

१६ करै तुम खाहु=वह रसोई बनाती है और तुम खाते हो। सुन्नति=खतना;

सेख की सुन्नति से मुसलमानी भई,
सेखानी को नाहिं तुम कहौ सेखा।
आधी हिन्दुइनि रहै घरैं के बीच में,
पलटू अब दुहुन के मारु मेखा ॥१६॥

तुरुक लै मुर्दा को कब्र में गाड़ते,
हिन्दू लै आग के बीच जारैं।
पूरब वै गये हैं वै पच्छूँ को,
दोऊ बेकूफ ह्वै खाक टारैं॥
वै पूजैं पत्थर को, कबर वै पूजते,
भटककै मुए दै सीस मारैं।
दास पलटू कहै साहिब है आपमें,
आपनो समझ बिनु दोउ हारैं॥१७॥

पराई चिंता की आगि महैं,
दिनराति जरै संसार है, जी।
चौरासी चारिउ खान चराचर,
कोऊ न पावै पार है, जी॥
जोगी जती तपी संन्यासी,
सबको उन डारा जारिहै, जी।
पलटू मैं भी हूँ जरत रहा,
सतगुरु लीन्हा निकारि है, जी॥१८॥

मुसलमानी संस्कार जिसमें मूत्रेन्द्रिय के अग्रभाग का कुछ चमड़ा काट देते हैं। मारु मेखा=खतम करदे।

१७ पच्छूँ=पश्चिम। मुए दै सीस मारैं=बेजान के आगे माथा टेकते हैं।

१८ पराई चिंता=दूसरों की फ़िक्र। चौरासी=चौरासी लाख योनियाँ।

इक नाम अमोलक मिलि गया,
परगट भये मेरे भाग हैं, जी।
गगन की डारि पपिहा बोलै,
सोवत उठी मैं जागि हौं, जी॥
चिराग बरै बिनु तेल बाती,
नाहिं दीया नहिं अगि है, जी।
पलटू देखिके मगन भया,
सब छुट गया तिगुना-दाग है, जी॥१६॥

सन्तन के बीच में टेढ़ रहैं,
मठ बाँधि संसार रिझावते हैं।
दस बीस सिष्य परमोधि लिया,
सबसे वह गोड़ धरावते हैं॥
सन्तन की बानी काटिके, जी।
जोरि-जोरिके आपु बनावते हैं॥
पलटू कोस चारि-चारि के गिर्द में, जी।
सोइ चक्रवर्ती कहलावते हैं॥२०॥

चारिउखान=चारों आकर अर्थात् जीव की जातियाँ—अंडज, पिंडज, स्वेदज और उद्भिज।

१६ भाग परगट भये=भाग्य का उदय हुआ। गगन ... बोलै=आशय है कि ब्रह्मरंध्र या शून्यमण्डल में अनहद नाद हो रहा है। चिराग बरै=ब्रह्म-ज्योति जगमग हो रही है। दाग=मैल।

२० टेढ़=ऐंठ से। बाँधि=बनाकर। परमोधिलिया=प्रबोध करा दिया; ज्ञान की कुछ बातें समझा दीं। गोड़ धरावते हैं=पैर पुजाते हैं।

सच्चे साहिब के मिलने को,
मेरा मन लीहा बैराग है, जी।
मोह-निसा में मैं सोइ गई,
चौंक परी उठि जाग है, जी॥
दोउ नैन बने गिरि के झरना,
भूषन बसन किया त्याग है, जी।
पलटू जीयत बन त्यागि दिया,
उठी बिरह की आगि है, जी॥२१॥

साहिब के दास कहाय यारो,
जगत की आस न राखिये, जी।
समरथ स्वामी को जब पाया,
जगत से दीन न भाखिये, जी॥
साहिब के घर में कौन कमी,
किस बात को अतै आखिये, जी।
पलटू जो दुख सुख लाख परै,
वहि नाम-सुधा रस चाखिये, जी॥२२॥

घर घर से चुटकी माँगि के जी,
छुधा को चारा डारि दीजै।
फूटा इक तुम्बा पास राखौ,
ओढ़न को चादर एक लीजै॥

---

२१ लीहा=लिया, धारण किया।

२२ दीन=दीनता के बचन। अतै=किसी दूसरी जगह या द्वार पर। आखिये=कहे।

२३ चुटकी=मुट्ठीभर भीख। चारा=दाना। महजित=मस्जिद। पीवै=पीता

हाट बाट महजित में सोय रहौ,
दिनरात सतसंग का रस पीजै।
पलटू उदास रहौ जक्त सेंती,
पहिले वैराग यहि भाँति कीजै ॥२३॥

जब मैं नाहीं, तब वह आया,
मैं, ना वह, यह कौन मानै।
गूँगे ने गुड़ खाइ लिया,
जबान बिना क्या सिफत आनै॥
दरियाव औ लहर तो दोय नाहीं,
समा औ रोसनी कौन छानै।
पलटू भगवान की गती न्यारी,
भगवान की गति भगवान जानै ॥२४॥

अरिल्ल

जीवन हैं दिन चार, भजन करि लीजिये।
तन मन धन सब वारि सन्त पर दीजिये॥
सन्तहिं से सब होइ, जो चाहै सो करैं।
अरे हाँ, पलटू संग लगे भगवान, संत से वे डरैं ॥१॥

ऋद्धि सिद्धि से वैर, सन्त दुरियावते।
इन्द्रासन वैकुण्ठ विष्ठा सम जानते॥

रहे। सेंती=ओर से। सिफत आवै=गुण या स्वाद कहे।
२४ समा=शमा, मोमबत्ती। छानै=अलग-अलग करे।

अरिल्ल

२ दुरियावते=ठुकरा देते हैं। अविरल=सघन, निरंतर।

करते अविरल भक्ति, प्यास हरिनाम की।
अरे हाँ, पलटू संत न चाहैं मुक्ति तुच्छ केहि काम की ॥२॥

आगम कहैं न सन्त, भड़ेरिया कहत हैं।
सन्त न औषधि देत, वैद यह करत हैं॥
झार फूँक तावीज ओझा को काम है।
अरे हाँ, पलटू संत रहित परपंच राम को नाम है ॥३॥

हरिजन हरि हैं एक सबद के सार में।
जो चाहैं सो करैं सन्त दरबार में॥
तुरत मिलावैं नाम एक ही बात में।
अरे हाँ, पलटू लाली मेंहदी बीच छिपी है पात में ॥४॥

करते वट्टा व्याज कसब है जगत का।
माया में हैं लीन, बहाना भगति का॥
कहीं तनिक नहिं छुई गया वैराग है।
अरे हाँ, पलटू जनमें पूत कपूत लगाया दाग है ॥५॥

पगरी धरा उतारि टका छह सात का।
मिला दुसाला आय रुपैया साठ का॥
गोड़ धरे कछु देहि मुँड़ाये मूँड़के।
अरे हाँ, पलटू ऐसा है रुजगार कीजिये ढूँढ़िके ॥६॥

---

३ आगम=भविष्य की बातें, होनहार। भड़ेरिया=भड्डरी। ओझा=सयाना।

४ एक ही बात में=एक ही सार शब्द में। पात में=(मेहदी के) पत्ते में।

५ कसब=धंधा, व्यापार। दाग=कलंक।

६ मुँड के मुँड़ाये=दीक्षा लेने के समय। गोड़ धरे=पैर पुजाने में। ढूँढ़िके=प्रयत्न करके।

मसक्कत ना ह्वै सकी मुँड़ाया मूँड़ तब।
सेंति-मेंति में खाय मिला औसान अब॥
तब नागा ह्वै लिहिन, रहे ना काम के।
अरे हाँ, पलटू मारि-पीटिके खाहिं सो वेटा राम के॥७॥

करामाति नट खेल अन्त पछितायगा।
चटक-मटक दिन चारि, नरक में जायगा॥
भीर-भार, से सन्त भागि के लुकत हैं।
अरे हाँ, पलटू सिद्धाई को देखि सन्तजन थुकत हैं॥८॥

क्या लै आया यार कहा लै जायगा।
संगी कोऊ नाहिं अन्त पछितायगा॥
सपना यह संसार रैन का देखना।
अरे हाँ, पलटू वाजीगर का खेल वना सव पेखना॥६॥

जीवन कहिये झूठ, साच है मरन को।
मूरख, अजहूँ चेति, गहो गुरु-सरन को॥
माँस के ऊपर चाम, चाम पर रंग है।
अरे हाँ, पलटू जैहै जीव अकेला कोउ ना संग है॥१०॥

भूलि रहा संसार काँच की झलक में।
वनत लगा दस मास, उजाड़ा पलक में॥
रोवनवाला रोया आपनि दाह से।
अरे हाँ, पलटू सब कोइ ठढ़के ठाढ़, गया किस राह से॥११॥

---

७ ह्वै लिहिन=हो लिये, बन गये।

८ भीरभार=भीड़-भाड़। लुकत हैं=छिपते हैं। सिद्धाई=करामात दिखाने की कला से तात्पर्य है। थुकत=थूकते हैं, तुच्छ समझते हैं।

६ पेखना=दृश्य।

११ काँचि की झलक=दर्पण में की परछाईं। ठढ़के ठाढ़=खड़े सब रोके रहे।

कच्चा महल उठाय, कच्चा सब भवन है।
दस दरवाजा बीच झाँकता कवन है॥
कच्ची रैयत बसै, कच्ची सब जून है।
अरे हाँ, पलटू निकरि गया सरदार, सहर अब सून है॥१२॥

हाथ गोड़ सब बने, नाहिं अब डोलता।
नाक कान मुख ओहि, नाहिं अब बोलता॥
काल लिहिसि अगुवाय, चलै ना जोर है।
अरे हाँ, पलटू निकरि गया असवार सहर में सोर है॥१३॥

आया मूठी बाँधि, पसारे जायगा।
छूछा आवत जात, मार तू खायगा॥
किते विकरमाजीत साका बाँधि मरि गये।
अरे हाँ, पलटू रामनाम है सार सँदेसा कहि गये॥१४॥

जो जनमा सो मुआ नाहिं थिर कोइ है।
राजा रंक फकीर गुजर दिन दोइ है॥
चलती चक्की बीच परा जो जाइकै।
अरे हाँ, पलटू साबित बचा न कोइ गया अलगाइकै॥१५॥

टोप-टोप रस आनि मक्खी मधु लाइया।
इक लै गया निकारि सबै दुख पाइया॥

---

१२ जून=पुराना। सरदार=जीव से आशय है। सून=सूना, खाली।

१३ सब बने=सब वैसे के वैसे हैं। अगुवाय लिहिसि=आगे करके ले चला।

१४ छूछा=खाली हाथ, बिना सत्कर्मों की पूँजी के। विकरमाजीत=विक्रमादित्य। साका बाँध=संवत्‌रूपी कीर्ति-स्तंभ खड़ा करके।

१५ थिर=स्थिर, अमर। अलगाइकै=पिसकर, काल के ग्रास होकर।

मोको भा वैराग ओहि को निरखिकै।
अरे हाँ, पलटू माया बुरी बलाय तजा मैं परखिकै ॥१६॥

फूलन सेज बिछाय महल के रंग में।
अतर फुलेल लगाय सुनदरी संग में॥
सूते छाती लाय परम आनन्द है।
अरे हाँ, पलटू खबरि पूत को नाहिं काल को फन्द है ॥१७॥

खाला कै घर नाहिं, भक्ति है राम की।
दाल-भात है नाहिं, खाये के काम की॥
साहिब का घर दूर, सहज ना जानिये।
अरे हाँ, पलटू गिरे तो चकनाचूर, वचन को मानिये॥१८॥

पहिले कबर खुदाय, आसिक तब हूजिये।
सिर पर कफ्फन बाँधि, पाँव तब दीजिये॥
आसिक को दिनराति नाहिं है सोवना।
अरे हाँ, पलटू बेदर्दी मासूक दर्द कब खोवना ॥१९॥

जो तुझको है चाह सजन को देखना।
करम-भरम दे छोड़ि जगत का पेखना॥
बाँध सुरत की डोरि सब्द मे पिलैगा।
अरे हाँ, पलटू ज्ञानध्यान के पार ठिकाना मिलैगा ॥२०॥

१६　टोप-टोप=बूँद-बूँद ।

१७　सुनदरी=सुन्दरी स्त्री। सूते छाती लाय=हृदय से लगाकर सोये । पूत=बच्चा ; मौज में मस्त मूढ मनुष्य से आशय है ।

१८　खाला कै घर=मौसी का घर ; आसान बात । सहज=आसान ।

१९　पाँव तब दीजिए=तब प्रेम-पंथ पर पैर रखे । मासूक=प्रेम-पात्र, प्रियतम ।

२०　सजन=प्रियतम । सुरत=ध्यान, लय । पिलैगा=गहराई में उतरेगा ।

कड़ुवा प्याला नाम पिया जो, ना जरै।
देखा-देखी पिवै ज्वान सो भी मरै॥
घर पर सीस न होय, उतारै भुइँ धरै।
अरे हाँ, पलटू छोड़ै तन की आस सरग पर घर करै॥२१॥

राम के घर की बात कसौटी खरी है।
झूठा टिकै न कोय आजु की घरी लै॥
जियतै जो मरि जाय सीस लै हाथ में।
अरे हाँ, पलटू ऐसा मर्द जो होय परै यहि बात मे॥२२॥

हरि-चरचा से वैर संग वह त्यागिये,
अपनी बुद्धि नसाय सवेरे भागिये॥
सरवस वह जो देइ तो नाहीं काम का।
अरे हाँ, पलटू मित्र नहीं वह दुष्ट जो द्रोही राम का॥२३॥

लोक-लाज जनि मानु वेद-कुल-कानि को।
भलो-बुरी सिर धरौ भजो भगवान को॥
हँसिहै सब संसार तो माख न मानिये।
अरे हाँ, पलटू भक्त जक्त से वैर चारो जुग जानिये॥२४॥

---

२१ ज्वान=अभिमानी। घर=धड़। सीस=अहंता या खुदी से तात्पर्य है। भुइँ धरे=मिट्टी मे मिलादे। सरग=ब्रह्मलोक; अघर।

२२ घरी लै=इस घड़ीतक। यहि बात में=प्रेम-पथ की बात में।

२३ सवेरे=तुरन्त ही।

२४ माख=बुरा। भक्त जक्त से वैर=हरिभक्त और संसारी विषयी का कभी मेल नहीं हो सकता।

देव पित्र दे छोड़ि जगत क्या करैगा।
चला जा सूधी चाल, रोइ सब मरैगा॥
जाति-बरन-कुल खोइ करौ तुम भक्ति को।
अरे हाँ, पलटू कान लीजिये मूँदि, हँसै दे जक्त को॥२५॥

केतिक जुग गये बीति माला के फेरते।
छाला परि गये जीभ राम के टेरते॥
माला दीजे डारि, मनै को फेरना।
अरे हाँ, पलटू मुँह के कहे न मिलै, दिलै बिच हेरना॥२६॥

तीसो रोजा किया, फिरे सब भटकिकै।
आठों पहर निमाज मुए सिर पटकिकै॥
मक्के में भी गये, कबर में खाक है।
अरे, हाँ पलटू एक नबी का नाम सदा वह पाक है॥२७॥

डाँड़ी पकरे ज्ञान, छिमा कै सेर है।
सुरत सब्द से तौल मनै का फेर है॥
भला-बुरा इक भाव निबाहे ओर है।
अरे हाँ, पलटू सन्तोष की करै दुकान महाजन जोर है॥२८॥

करामात सब झूठ, बिस्वास को थापना।
जैसे स्वान को हाड़ लोहू है आपना॥

---

२५ पित्र=पितर। हँसै दे जक्त को=जगत को हँसने दे, तू पर्वा न कर।

२६ टेरते=पुकारते हुए। मनै को फेरना=मन को ही मोड़ना है विषयों की ओर से। हेरना=ध्यान लगाकर देखता है।

२७ नबी=पैगम्बर। पाक=पवित्र।

२८ डाँडी=तराजू। सेर=एक सेर का बाँट। सुरत=ध्यान, लय। फेर=दुविधा, संकल्प-विकल्प।

कहे सेती का मिलै, रॉड़ के गावना।
अरे हाँ, पलटू जो जस करै सो मिलै आपनी भावना ॥२६॥

चलती चक्की देखि दिया मैं रोय है।
पीस गया संसार, बचा ना कोय है॥
अधबीचे में परा कोऊ ना निरबहा।
अरे हाँ, पलटू बचिगा कोऊ सन्त जो खूँटे लगि रहा ॥३०॥

निकरे घर को त्यागि लराई करन को।
चले खेत से भागि डरे जब मरन को॥
दुइ नंगी तरवार किहा तिन्ह गरद है।
अरे हाँ, पलटू कनक कामिनी सेती बचै सो मरद है ॥३१॥

दुरमति जेहि माँ बसै ज्ञान हर लेति है।
तुरत करत है नास बड़ा दुख देति है॥
तेजपुंज हर लेय बुद्धि बल भावना।
अरे हाँ, पलटू दुरमति बसे बिलाय गया है रावना ॥३२॥

औंधे बासन नीर सो पिंड सँवारिया।
गर्भबीच दस मास मानुषा राखिया॥
भूला कौल करार राम से भेद है।
अरे हाँ, पलटू जेहि पतरी में खाय करै जग छेद है ॥३३॥

---

२६ कहे सेती=कहनेमात्र से।

३० निरबहा=जानित बचा। जो खूँटे लगि रहा=चक्की की खूँटी के पास जो अनाज था वह पिसने से बच गया। इसी प्रकार भगवान् के चरणों की शरण जिसने पकड़ली वह माया के चक्कर से बच गया।

३१ निकरे=निकले। खेत=रणक्षेत्र। गरद किहा=धूल में मिला दिया।

३२ दुरमति=कुबुद्धि। बिलाय गया है रावना=रावण जैसे प्रतापी राजा का भी नाम-निशान न रहा।

३३ औंधे······सँवारिया=औंधे बरतन में पानी से मनुष्य-शरीर तैयार किया ;

मुसलमान के जिवह, हिन्दू के मारैं झटका।
खाइ दोनों मुरदार, फिरत हैं दूनिउँ भटका॥
वै पूरब को जाहिँ, पच्छिम वै ताकते।
अरे हाँ, पलटू महजिद देवल जाय दोऊ सिर मारते॥३४॥

सवैया

पूरन ब्रह्म रहै घट में, सठ, तीरथ कानन खोजन जाई।
नैन दिये हरि-देखन को, पलटू सब में प्रभु देत दिखाई॥
कीट पतंग रहे परिपूरन, कहूँ तिल एक न होत जुदा है।
ढूँढ़त, अंध, गरंथन में, लिखि कागद में कहुँ राम लुका है॥१॥

शब्द

चितावनी का अंग

कहवाँ से जिव आये, कहाँ समाने हो, साधो।
का देखि रहेउ भुलाय कहाँ लिपटाने हो, साधो॥
निर्गुन से जिव आये, सर्गुन समाने हो, साधो।
भूलि गये हरिनाम, माया लिपटाने हो, साधो॥
आठ काठ कै पिंजरा, दस दरवाजा हो, साधो।
कौनिक निकसा प्रान, कौन दिसि भागा हो, साधो॥

गर्भ में सिर नीचे को होता है, और पैर ऊपर को। मेट=कपट; विमुखता।

३४ जिवह=ज़बह, गला काटकर मारने की क्रिया। झटका=पशु-वध का वह प्रकार, जिसमें वह हथियार के एक ही आघात से काट डाला जाता है। फिरत हैं भटका=भ्रम में पड़े हैं।

सवैया

गरथन में=वेद-पुराणादि ग्रन्थों में। लुका है=छिपा बैठा है।

चितावनी का अंग

१ सर्गुन=सगुण। कौनिक=किस द्वार से। आलहि=ताजे या

रोवत घर की नारि केस-लट खोले हो, साधो।
आज मंदिर भयो सून, कहाँ गये राजा हो, साधो॥
आलहि बाँस कटाइन डँडिया फँदाइन हो, साधो।
पाँच पचीस बराती लेइ सब धाये हो, साधो॥
तीरे दिहिन उतारि, सकल नहवावैं हो, साधो।
करि सोरहो सिंगार, सबै जुरि आये हो, साधो॥
आलहि चँदन कटाइन, घेरि घर छाइन हो, साधो।
लोग कुटुँम परिवार, दिहिन पहुड़ाई हो, साधो॥
लाइ दिहिन मुख आगि, काठ करि भारा हो, साधो।
पुत्र लिये कर बाँस सीस गहि मारा हो, साधो॥
चहुँ दिसि पवन झकोरै, तरवर डोलै हो, साधो।
सूझत वार न पार, कौन दिसि जाना हो, साधो॥
हियवाँ नहिं कोइ आपन, जे से मैं बोलों हो, साधो।
जस पुरइनि कर पात अकेला मैं डोलों हो, साधो॥
विष बोयों संसार, अमृत कैसे पावों हो, साधो।
पुरब जनम कर पाप दोस केहि लावों हो, साधो॥
भौसागर की नदिया पार, कैसे पावौं हो, साधो।
गुरु बैठे मुख मोड़, मैं केहि गोहरावौं हो, साधो॥
जेहि बैरिन कर मूल ताहि हित मान्यो हो, साधो।
पलटूदास गुरु-ज्ञान सुनत अलगान्यो हो, साधो॥१॥

गीले। डँडिया=अर्थी। बराती=मुर्दा ले जानेवाले। घर छाइन=चिता बना दी। पहुड़ाइ दिहिन=चिता पर लिटा दिया। हियवाँ=यहाँ; यमलोक। पुरइन=कमल का पत्ता। गोहरावौं=पुकारूँ। अलगान्यो=मुक्त हो गया।

वृद्ध भये तन खासा, अब कब भजन करहुगे ॥
बालापन बालक सँग बीता, तरुन भये अभिमाना।
नखसिख सेती भई सपेदी, हरि का मरम न जाना ॥
तिरिमिरि, बहिर, नासिका चूवै, साक गरे चढ़ि आई।
सुत दारा गरियावन लागे, यह बुढ़वा मरि जाई ॥
तीरथ वर्त एकौ ना कीन्हा, नहीं साधु की सेवा।
तीनिउ पन धोखेहीं बीते, नहिं ऐसे मूरुख देवा ॥
पकरी आइ काल ने चोटी, सिर धुनि-धुनि पछिताता।
पलटूदास कोऊ नहिं संगी, जम के हाथ बिकाता ॥२॥

पाती आई मोरे पीतम की, साईं तुरत बुलायो हो ॥
इक अँधियारी कोठरी, दूजे दिया न बाती।
बाँह पकरि जम ले चले, कोइ संग न साथी ॥
सावन की अँधियरिया, भादौं निज राती।
चौमुख पवन झकोरही, धड़कै मोर छाती ॥
चलना तौ हमैं जरूर है, रहना यहँ नाहीं।
का लेके मिलब हजूर से, गाँठी कछु नाहीं ॥
पलटूदास जग आयके, नैनन भरि रोया।
जीवन जनम गँवायके, आपै से खोया ॥३॥

कै दिन का तोरा जियना रे, नर चेतु गँवार ॥
काची माटि कै घैला हो, फूटत नहिं बेर।
पानी बीच बतासा हो, लागै गलत न देर ॥

---

२ भई सपेदी=बाल सब सफेद हो गये। मरम=भजन का भेद। साक=साँस, दमा। तिरमिर=चकाचौंध लगना।
३ निजराती=घोर अँधेरी रात। हजूर=स्वामी।

धूआँ की धौरेहर हो, बारू कै भीत।
पवन लगे झरि जैहै हो, तृन ऊपर सीत॥
जस कागद कै कलई हो, पाका फल डार।
सपने कै सुख संपति हो, ऐसो संसार॥
बने बाँस का पिंजरा हो, तेहि बिच दस हो द्वार।
पंछी पवन बसेरू हो, लावै उड़त न बार॥
आतसबाजी यह तन हो, हाथे काल के आग।
पलटदास उड़ि जैबहु हो, जब देइहि दाग॥४॥

वैराग का अंग

जनि कोइ होवै बैरागी हो, बैराग कठिन है॥
जग की आसा करै न कबहूँ, पानी पिवै न माँगी हो।
भूख पियास छुटै जब निन्द्रा, जियत मरै तन त्यागी हो॥
जाके धर पर सीस न होवै, रहै प्रेम-लौ लागी।
पलटूदास बैराग कठिन है, दाग दाग पर दागी हो॥१॥

बिरह का अंग

जेकरे अँगने नौरँगिया, सो कैसे सोवै हो।
लहर लहर बहु होय, सबद सुनि रोवै हो॥

---

४ जिपना=जीवन। घैला=घड़ा। बताला=बुलबुला। धौरेहर=मीनार। सीत=सीथ, पके हुए अन्न का दाना। दाग देइहि=आग लगा देगा।

वैराग का अंग

१ जियत मरै तन त्यागी=जीतेजी देह की आसक्ति त्याग दे। सीस=अहंता या खुदी से तात्पर्य है।

बिरह का अंग

१ नौरंगिया=परम विरहासक्ति। अमी=अमृत। अभरन=आभरण, गहने। देहु बहाय=फेंकदो।

जेकर पिय परदेस, नींद नहिं आवै हो।
चौंकि-चौंकि उठै जागि, सेज नहिं भावै हो॥
रैन-दिवस मारै बान, पपीहा बोलै हो।
पिय पिय लावै सोर, सवति होइ डोलै हो॥
विरहिन रहै अकेल, सो कैसेकै जीवै हो।
जेकरे अमी कै चाह, जहर कस पीवै हो॥
अभरन देहु बहाय, बसन धै फारौ हो।
पिय बिन कौन सिंगार, सीस दै मारौ हो॥
भूख न लागै नींद, विरह हिये करकै हो।
माँग सेंदुर मसि पोछ, नैन जल ढरकै हो॥
केकहैं करै सिंगार, सो काहि दिखावै हो।
जेकर पिय परदेस सो, काहि रिझावै हो॥
रहै चरन चित लाइ, सोइ धन आगर हो।
पलटूदास कै सबद, विरह कै सागर हो॥१॥

अब तो मैं वैरागभरी, सोवत से मैं जागि परी॥
नैन बने गिरि के झरना ज्यों, मुख से निकरै हरी हरी॥
अभरन तोरि बसन धै फारौं, पापी जिव नहिं जात मरी॥
लेउँ उसास सीस दै मारौं, अगिनि बिना मैं जाऊँ जरी॥
नागिनि बिरह डसत है मोको, जात न मोसे धीर धरी॥
सतगुरु आइ किहिन वैदाई, सिर पर जादू तुरत करी॥
पलटूदास दिया उन मोको, नाम सजीवन मूल जरी॥२॥

धै=लेकर, पकड़कर। करकै=कसकता है, रह-रहकर पीड़ा देता है। मसि=अंजन, काजल। आगर=चतुर।

२ वैदाई=वैद्यक, रोग का उपचार।

प्रेमवान जोगी मारल हो, कसकै हिया मोर ॥
जोगिया कै लालि लालि अँखियाँ हो, जस कँवल कै फूल ।
हमरी सुरुख चुनरिया हो, दूनों भये तूल ॥
जोगिया कै लेउँ मिर्गछलवा हो, आपन पट चीर ।
दूनौं कै सियब गुदरिया हो, होइ जाब फकीर ॥
गगना में सिंगिया बजाइन्हि हो, ताकिन्हि मोरी ओर ।
चितवन में मन हर लियो हो, जोगिया बड़ चोर ॥
गंग-जमुन के बिचवाँ हो, बहै झिरहिर नीर ।
तेहिं ठैयाँ जोरल सनेहिया हो, हरि ले गयो पीर ॥
जोगिया अमर मरै नहिं हो, पुजवल मोरी आस ।
करम लिखा बर पावल हो, गावै पलटूदास ॥३॥

प्रेम का अंग

जल औ मीन समान, गुरु से प्रीति जो कीजै ॥
जल से बिछुरै तनिक एक जो छोड़ि देति है प्रान ।
मीन कँहै लै छीर मे राखै जल बिनु है हैरान ॥

---

३ चुनरिया=लाल रँगी साड़ी जिसके बीच में थोड़ी थोड़ी दूर पर बुँदकियाँ होती हैं। तूल=तुल्य, एकसमान। मृगछलवा=मृगछाला, मृगचर्म। गुदरिया=गुदड़ी, कंथा। सिंगिया=तुरही, सींग का बाजा जिसे योगीजन फूँककर बजाते है। गगना में=भँवरगुफा में। गंग जमुन के बिचवाँ=पिंगला और इडा नाडियों के बीच सुषुम्ना नाडी, इसीसे होकर कुंडलिनी शक्ति ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। इन तीनों नाडियों का ब्रह्मरंध्र में संगम हुआ है, जिसे योगी प्रयाग कहते हैं। ठइयाँ=स्थान। जोरल=जोड़ा। पुजवल=पूरी की।

प्रेम का अंग

१ कँहै=को। परमान=प्रमाणरूप, सत्य।

जो कछु है सो मीन के जल है, उन्हिके हाथ विकान।
पलटूदास प्रीति करै ऐसी, प्रीति सोइ परमान ॥१॥

विश्वास का अंग

मैं जग की बात न मानौंगी, ठान आपनी ठानौंगी ॥
कहे सुने से छाँड़ आपनी नाहिं धूरि में सानौंगी ॥
कहे सुने से हीरा आपनो, जाहिं काँच में आनौंगी ॥
जग की ओर तनिक नहिं ताकौं, सतसंगति पहचानौंगी ॥
पलटूदास कहे से का भा, जो जानौ सो जानौंगी ॥१॥

बनत बनत बनि जाइ, पड़ा रहै संत के द्वारे ॥
तन मन धन सब अरपन कै कै, धका धनी को खाय।
मुरदा होय टरै नहिं टारे, लाख कहै समुझाय ॥
स्वान-बिरित पावै सोइ खावै, रहै चरन लौ लाय।
पलटूदास काम बनि जावै, इतने पर ठहराय ॥२॥

उपदेश का अंग

मितऊ देहला न जगाय, निंदिया बैरिन भैली ॥
की तो जागै रोगी, की चाकर की चोर।
की तो जागै संत बिरहिया, भजन गुरू के होय ॥

विश्वास का अंग

१ ठान=पक्का, निश्चय। आनौंगी=मिलाऊँगी

२ मुरदा=निश्चेष्ट। स्वान-बिरित्त=श्वानवृत्ति, कुत्ते की तरह दरवाजे पर पड़े रहना और जो मिल जाये सो संतोष से खा लेना।

उपदेश का अंग

१ मितऊ=मित्र ने, प्रियतम ने। देहला न जगाय=जगा न दिया, चेताया नहीं।

स्वारथ लाय सभै मिलि जागैं, बिन स्वारथ ना कोय।
परस्वारथ को वह नर जागै, किरपा गुरु की होय॥
जागे से परलोक बनतु है. सोये बड़ दुख होय।
ज्ञान खरग लिये पलटू जागै, होनी होय सो सोय॥१॥

को खोलै कपट-किवरिया हो, बिन सतगुरु साहिब।
नैहर में कछु गुन नहिं सीख्यो, ससुरे में भई फुहरिया हो॥
अपने मन की कुलवंती, छुए न पावै गगरिया हो॥
पाँच पचीस रहै घट भीतर, कौन बतावै डगरिया हो।
पलटूदास छोड़ि कुल जतिया, सतगुरु मिले सँघतिया हो॥२॥

साहिब से परदा का कीजै, भरि-भरि नैन निरखि लीजै॥
नाचै चली घूँघट क्यों काढ़ै, मुख से अंचल टारि दीजै॥
सती होय का सगुन विचारै, कहि के माहुर क्या पीजै॥
लोक-वेद तन-मन की डर है, प्रेम-रंग में क्या भीजै॥
पलटूदास होय मरजीवा, लेहि रतन नहिं तन छीजै॥३॥

चलहु सखी वहि देस, जहवाँ दिवस न रजनी॥
पाप पुन्न नहिं चाँद सुरज नहिं, नहीं सजन नहिं सजनी॥
धरती आग पवन नहिं पानी, नहिं सूतै नहिं जगनी॥
लोक वेद जंगल नहिं बस्ती, नहिं संग्रह नहिं त्यगनी॥
पलटूदास गुरू नहिं चेला. एक राम रम रमनी॥४॥

बिरहिया = बिरही। लाय = के लिए।

२ फुहरिया = फूहड़, अनाड़िन। डगरिया = डगर, रस्ता। जतिया = जात-पाँत। संघतिया = साथी।

३ माहुर = जहर। सूतै = सोना।

४ त्यगनी = त्याग। रमनी = जीवात्मा से तात्पर्य है।

शान्ति का अंग

चित मेरा अलसाना, अब मोसे बोलि न जाइ ॥
देहरी लागै परवत मोको, आँगन भया है विदेस ॥
पलक उघारत जुग सम बीतै, बिसरि गया सन्देस ॥
विष के मुए सेती मनि जागी, बिल में साँपु समाना ।
जरि गया छाछ भया घिव निरमल, आपुइ से चुपियाना ॥
अब ना चलै जोर कछु मेरा, आन के हाथ बिकानी ।
लोन की डरी परी जल भीतर, गलिके होइ गइ पानी ॥
सात महल के ऊपर अठएँ, सबद में सुरति समाई ।
पलटूदास कहौं मैं कैसे, ज्यों गूँगैं गुड़ खाई ॥१॥

वाचक ज्ञान का अंग

वाचक ज्ञान न नीका ज्ञानी, ज्यों कारिख का टीका ॥
बिनु पूँजी को साहु कहावै, कौड़ी घर में नाहीं ।
ज्यों चोकर कै लड्डू खावै, का सवाद तेहि माहीं ॥

शान्ति का अंग

१ अलसाना=निश्चल हो गया, वृत्तियों का निरोध हो गया । विष के ... समाना=वृत्तियों का निरोध हो जाने अथवा वासनाओं के नष्ट होजाने से आत्मा की ज्योति प्रकट हो गई और तृष्णा विलीन हो गई । चुपियाना=पड़पड़ाने का शब्द शान्त हो गया । डरी=डली । सात महल के ऊपर अठएँ=सिद्ध योगियों की आठ पुरियाँ जिन्हें सिद्धलोक भी कहते हैं । नौ और दस लोकों का भी उल्लेख है । वास्तव में ये योग की परात्पर अवस्थाएँ हैं ।

वाचक ज्ञान का अंग

१ वाचक=शाब्दिक, कथनीमात्र । सुवान=श्वान, कुत्ता । अहमक=मूर्ख ।

ज्यों सुवान कुछ देखिकै भूँकै, तिसने तो कछु पाई।
वाकी भूँक सुने जो भूँकै, सो अहमक कहवाई॥
बातन सेती नहीं होइ राजा, नहिं बातन गढ़ टूटै।
मुलुक मँहै तब अमल होइगा, तीर तुपक जब छूटै॥
बातन से पकवान बनावै, पेट भरे नहिं कोई।
पलटूदास करै सोइ कहना, कहे सेती क्या होई॥१॥

मन का अंग

मन बनिया बान न छोड़ै॥
पूरा बाट तरे खिसकावै, घटिया को टकटोलै।
पसँगा माँहे करि चतुराई, पूरा कबहुं न तौलै॥
घर में वाके कुमति बनियाइन, सबहिन को झकझोलै।
लड़िका वाका महाहरामी, इमरित में विष घोलै॥
पाँचतत्त का जामा पहिरे, ऐंठा-गुइँठा डोलै।
जनम-जनम का है अपराधी, कबहूँ साच न बोलै॥
जल में बनिया थल में बनिया, घट घट बनिया बोलै।
पलटू के गुरु समरथ साईं, कपट गाँठि जो खोलै॥१॥

मिश्रित शब्द

जहाँ कुमति कै बासा है, सुख सपनेहुँ नाहीं॥
फोरि देति घर मोर तोर करि, देखै आपु तमासा है॥

अमल=अधिकार।

मन का अंग

१ बान=आदत। तरे=नीचे को। टकटोरै=खोजता है। झकझोलै=झगड़ती है। ऐंठा-गुइंटा=अभिमान से अकड़ा हुआ।

मिश्रित शब्द

१ फोरिदेति=फूट डाल देती है। कलहकाल=झगड़ा। अछत=रोते हुए।

कलह काल दिन रात लगावै, करै जगत उपहासा है ॥
निर्धन करै खाये बिनु मारै, अछत अन्न उपवासा है ॥
पलटूदास कुमति है भोंड़ी, लोक परलोक दोउ नासा है ॥१॥

है कोइ सखिया सयानी, चलै पनिघटवा पानी ॥
सतगुरु घाट गहिर बड़ा सागर, मारग है मोरी जानी ।
लेजुरी सुरति सबद कै बेलन, भरहु तजहु कुलकानी ॥
निहुरिके भरै घयल नहिं फूटै, सो धन प्रेम-दिवानी ।
चाँद सुरुज दोउ अंचल सोहैं, बेसर लट अरुझानी ॥
चाल चलै जस मैगर हाथी, आठ पहर मस्तानी ।
पलटूदास झमकि भरि आनी, लोक-लाज ना मानी ॥२॥

माया तू जगत पियारी वे, हमरे काम की नहिं ।
द्वारे से दूर हो लंडी रे, पइठु न घर के माहीं ॥
माया आपु खड़ी भइ आगे, नैनन काजर लाये ।
नाचै गावै भाव बतावै, मोतिन माँग भराये ॥
रोवै माया खाय पछारा, तनिक न गाफिल पाऊँ ।
जब देखौं तब ज्ञान ध्यान में, कैसे मारि गिराऊँ ॥
ऋद्धि सिद्धि दोउ कनक समाजी, बिस्तु डिगन को भेजा ।
तीन लोक में अमल तुम्हारा, यह घर लगै न तेजा ॥
तू क्या माया मोहिं नचावै, मैं हौं बड़ा नचनियाँ ।
इहवाँ बानिक लगै न तेरी मैं हौं पलटू बनियाँ ॥३॥

भोंडी=दुष्ट ।

२ लेजुरी=रस्सी । बैलन=बड़ा से । निहुरिके=शील और विनय के साथ । चाँद सुरुज=इड़ा और पिंगला नाड़ी से आशय है । बेसर=सुषुम्ना नाड़ी से अशाय है । मैगर=मतवाला । झमकि=उमंग से ठमककर ।

३ लंडी=लौंड़ी । लाए=लगाए हुए । डिगन=डिगाने व फँसाने को ।

पाप कै मोटरी बाम्हन थाई, इन सबही जग को बगदाई ।
साइत सोधिकै गाँव बेढ़ावैं, खेत चढ़ाय के मूँड़ कटावैं ।
रास वर्ग गन मूर को गाड़ि, वर कै बिटिया चौके राँड़ि ।
और सभन को गरह बतावै, अपने गरह को नाहिं छुड़ावै ।
मुक्ति के हेतु इन्हें जग मानै, अपनी मुक्ति कै मरम न जानै ।
औरन को कहते कल्यान, दुख माँ आपु रहैं हैरान ।
दूध-पूत औरन को देते, आप जो घर-घर भिच्छा लेते ।
पलटूदास की बात को बूझै, अन्धा होय तेहुको सूझै ॥४॥

भलि मति हरल तुम्हार, पाँड़े बम्हना ॥
सब जातिन में उत्तम तुमहीं, करतब करौ कसाई ।
जीव मारिकै काया पोखौ, तनिकौ दरद न आई ॥
रामनाम सुनि जूड़ी आवैं, पूजौ दुर्गा चंडी ।
लम्बा टीका काँध जनेऊ, बकुला जाति पखंडी ॥
बकरी भेड़ा मछरी खायौ, काहे गाय बराई ।
रुधिर माँस सब एकै पाँड़े, थू तोरी बम्हनाई ॥
सब घट साहिब एकै जानौ, यहिमाँ भल है तोरा ।
भगवतगीता बूझि बिचारौ, पलटू करत निहोरा ॥५॥

तेला=जोर । बानिक=दावँ ।

४ बगदाई=भ्रम में डालकर बरबाद कर दिया । बिढ़ावैं=नाश करें । रास.....राँड=राशि, वर्ग, गण और मूल से जन्मपत्री को मिलाकर विवाह कराते हैं, पर कहाँ गया उनका ज्योतिष जब कि मण्डप के नीचे ही लड़की विधवा हो जाती है ? गरह=ग्रह ।

५ जूड़ी आवै=जैसे शीतज्वर चढ़ आता है । बराई=बचादी । निहोरा=विनती ।

साखी

गुरु का अंग

सत संत सब बड़े हैं, पलटू कोउ न छोट।
आतम दरसी मिहीं है, औ चाउर सब मोट ॥१॥

पलटू ऐना संत है, सब देखैं तेहि माहिं।
टेढ़ सोझ मुँह आपना, ऐना टेढ़ा नाहिं ॥२॥

पलटू यहि संसार में, कोऊ नाहीं हीत।
सोऊ बैरी होत है, जाको दीजै प्रीत ॥३॥

जो दिन गया सो जान दे, मूरख अबहूँ चेत।
कहता पलटूदास है, करिले हरि से हेत ॥४॥

पलटू नर-तन जातु है, सुन्दर सुभग सरीर।
सेवा कीजै साध की, भजि लीजै रघुवीर ॥५॥

पलटू ऐसी प्रीति करु, ज्यों मजीठ को रंग।
टूक-टूक कपड़ा उड़ै, रंग न छोड़ै संग ॥६॥

आठ पहर जो छकि रहै, मस्त अपाने हाल।
पलटू उनसे सब डरैं, वो साहिब के लाल ॥७॥

पलटू सीताराम से, हम तो किहे हैं प्रीति।
देखि-देखि सब जरत हैं, कौन जगत की रीति ॥८॥

साखी

१ मिहीं=महीन, पतले, बढ़िया जाति के।

२ ऐना=आईना, दर्पण। सोझ=सीधा।

३ हीत=हितकारी।

६ मजीठ=पक्का लाल रंग।

पलटू बाजी लाइहौं, दोऊ बिधि से राम।
जो मैं हारौं राम को, जो जीतौं तौ राम ॥९॥

पलटू लिखा नसीब का, संत देत हैं फेर।
साँच नहीं दिल आपना, तासे लागै देर ॥१०॥

लगा जिकर का बान है, फिकर भई छैकार।
पुरजे-पुरजे उड़ि गया, पलटू जीति हमार ॥११॥

बखतर पहिरे प्रेम का, घोड़ा है गुरुज्ञान।
पलटू सुरति कमान लै, जीति चले मैदान ॥१२॥

सोइ सिपाही मरद है, जग में पलटूदास।
मन मारै सिर गिरि पड़ै, तन की करै न आस ॥१३॥

ना मैं किया न करि सकौं, साहिब करता मोर।
करत करावत आपु है, पलटू पलटू सोर ॥१४॥

पलटू हरिजन मिलन को, चलि जइये इक धाप।
हरिजन आये घर महैं, तो आये हरि आप ॥१५॥

वृच्छा वड़ परस्वारथी, फरै और के काज।
भवसागर के तरन को, पलटू संत जहाज ॥१६॥

---

९ लाइहौं=लगाऊँगा।

१० देत हैं फेर=पलट देते हैं।

११ जिकर=नाम-स्मरण, सुरति, लय। छैकार=नष्ट।

१२ बखतर=कवच। कमान=धनुष।

१४ पलटू पलटू सोर= यह तो योंही शोर मच गया है कि यह चमत्कार पलटू ने किया है. वह चमत्कार पलटू ने किया है।

१५ धाप=टप्पा, एक साँस में जितना लम्बा दौड़ा जा सके; उमंग से उतावला होकर।

पलटू तीरथ को चला, बीच मां मिलिगे संत।
एक मुक्ति के खोजते, मिलि गइ मुक्ति अनंत ॥१७॥

पलटू मन मूआ नहीं, चले जगत को त्याग।
ऊपर धोये क्या भया, भीतर रहिगा दाग ॥१८॥

सीस नवावै संत को, सीस बखानौं सोय।
पलटू जे सिर ना नवै, बेहतर कद्दू होय ॥१९॥

सुनिलो पलटू भेद यह, हँसि बोले भगवान।
दुख के भीतर मुक्ति है, सुख में नरक निदान ॥२०॥

बिन खोजे से ना मिलै, लाख करै जो कोय।
पलटू दूध से दही भा, मथिबे से घिव होय ॥२१॥

गारी आई एक से, पलटे भई अनेक।
जो पलटू पलटै नहीं, रहै एक की एक ॥२२॥

जल पपान के पूजते, सरा न एकौ काम।
पलटू तन करु देहरा, मन करु सालिगराम ॥२३॥

कारज धीरे होत है, काहे होत अधीर।
समय पाय तरवर फरै, केतिक सींचो नीर ॥२४॥

वृच्छा फरै न आपको, नदी न अँचवैं नीर।
परस्वारथ के कारने, संतन धरै सरीर ॥२५॥

बड़े बड़ाई में भुले, छोटे हैं सिरदार।
पलटू मीठो कूप-जल, समुँद पड़ा है खार ॥२६॥

---

१९ बखानौं=असल में उसीको कहता हूँ। कद्दू=कुम्हड़ा।
२३ देहरा=देव-मंदिर। सरा=पूरा होय।
२५ अँचवैं=पीती है।

हिरदे में तो कुटिल है, बोलै बचन रसाल।
पलटू वह केहि काम का, ज्यों नारुन-फल लाल ॥२७॥

सब तीरथ में खोजिया, गहरी बुड़की मार।
पलटू जल के बीच में, किन पाया करतार ॥२८॥

पलटू जहवाँ दो अमल, रैयत होय उजाड़।
इक घर में दस देवता, क्योंकर बसै बजार ॥२९॥

हिन्दू पूजै देवखरा मुसलमान महजीद।
पलटू पूजै बोलता, जो खाय दीद बरदीद ॥३०॥

चारि बरन को मेटिकै, भक्ति चलाया मूल।
गुरु गोविंद के बाग में, पलटू फूला फूल ॥३१॥

कमर बाँधि खोजन चले, पलटू फिरै उदेस।
षट दरसन सब पचि मुए, कोउ न कहा सँदेस ॥३२॥

सिष्य सिष्य सबही कहैं, सिष्य भया ना कोय।
पलटू गुरु की बस्तु को, सीखै सिप तब होय ॥३३॥

खोजत गठरी लाल की, नहीं गाँठि में दाम।
लोक-लाज तोड़ै नहीं, पलटू चाहै राम ॥३४॥

मरनेवाला मरि गया, रोवै जो मरि जाय।
समझावै सो भी मरै, पलटू को पछिताय ॥३५॥

---

२७ नारुन=इन्द्रायन, इनारू ; इसका लाल फल देखने में सुन्दर पर चखने मे बड़ा कड़ुआ होता है।

२८ बुड़की=डुबकी।

२९ अमल=शासन, राज।

३० देवखरा=देवालय। दीद बरदीद=नजर के सामने।

३२ उदेस=विदेश। षटदरसन=छः शास्त्र।

३३ वस्तु=तत्वज्ञान।

तुलसी साहब

चोला-परिचय

जन्म-संवत् —१८१७ वि० (मतान्तर से संवत् १८४५)

जन्म-स्थान —अज्ञात

सत्संग-संवत्—हाथरस (उत्तर प्रदेश) के समीप जोगिया गाँव

भेष—विरक्त

मृत्यु-स्थान—१८९९ वि० (मतान्तर से सं० १९००, जेठ सुदी २)

तुलसी साहब का परिचय निश्चित रूप से कुछ भी नहीं मिलता है। इतना ही पता चलता है कि हाथरस के आसपास और दूर-दूर भी एक काला कंबल ओढ़े और हाथ में डंडा लिये यह चले जाया करते थे। यह एक अलमस्त पहुँचे हुए संत थे।

इनके जीवन-परिचय के संबंध में यह कथा प्रचलित है कि पूना के पेशवा बाजीराव द्वितीय के यह बड़े भाई थे, और नाम इनका श्यामराव था। किन्तु वैराग्य का ऐसा गाढ़ा रंग चढ़ा कि पेशवाई का लोभ छोड़कर फकीरी का बाना ले लिया, और हाथरस में जाकर बैठ गये। यह भी कहा जाता है कि जब बाजीराव द्वितीय को सं० १८७६ में गद्दी से उतार कर बिठूर भेज दिया गया था, तब ४२ बरस बाद तुलसी साहब उनसे वहाँ मिले थे।

किन्तु इस कथा या प्रवाद के पीछे कोई ऐतिहासिक पुष्ट प्रमाण नहीं मिलता। बाजीराव के बड़े भाई का उल्लेख इतिहास ग्रन्थों में अमृतराव के नाम से किया गया है, श्यामराव के नाम से नहीं। यह अमृतराव भी असल में रघुनाथराव पेशवा के दत्तक पुत्र थे।

तुलसी साहब के पूर्वजन्म की भी कथा इनकी 'घट रामायन' में मिलती है। उसके अनुसार पूर्वजन्म में 'रामचरित मानस' के रचयिता गोसाईं तुलसीदास यही थे। लिखा है कि 'घट रामायन' का लिखना इन्होंने संवत् १६१८ को

आरम्भ किया था। पर उसमें प्रकट किये गये इनके विचारों को तब काशी के पंडितों ने पसंद नहीं किया, और इनका भारी विरोध हुआ, इसलिए इन्होंने 'घट रामायन' को तब गुप्त कर दिया, और साधारण जनता के लिए 'रामचरित मानस' रच दिया।

मालूम यह होता है कि तुलसी साहब के किसी 'बेहद भक्ति' से प्रेरित अनुयायी ने 'घट रामायन' में इस विचित्र कथा को पीछे से जोड़ दिया है। क्षेपक-जोड़कों के लिए ऐसा करना बहुत सहज है।

अपने रचे 'रत्नसागर' में कलियुग के प्रभाव का वर्णन करते हुए स्वयं तुलसी साहब ने गोसाईं तुलसीदास की रामायण को प्रमाण माना है। उन्होंने कहा है :—

'कहा कलूजुग सब कहैं संत वचन के माँयें।
रामायन के बांक में तुलसी कही बनाय ॥'

प्रमाणरूप में उन्होंने तुलसी-कृत रामायण (रामचरित-मानस) में से इस चौपाई को और इस दोहे को थोड़े-से पाठ-भेद के साथ वहाँ उद्धृत भी किया है :—

'कलिकर एक पुन्न परतापू। मानस पुन्न होय नहिं पापू ॥'
(शुद्ध पाठ—कलिकर एक पुनीत प्रतापा। मानस पुन्न होहिं नहिं पापा ॥)

'कलिजुग सम नहिं आन जुग, जो नर करै विस्वास।
नाम डारि गहि भव तरैं, जा मन तुलसीदास ॥'
(शुद्ध पाठ—कलिजुग सम जुग आन नहिं, जौ नर कर विस्वास।
गाइ राम गुनगन विमल, भव तर बिनहि प्रयास ॥)

समझ में नहीं आता कि इस प्रकार की विचित्र कथाओं और क्षेपकों को जोड़कर भक्त अनुयायियों को आखिर क्या लाभ होता है।

तुलसी साहब एक ऊँची रहनी के संत थे, भगवद्विरह और भगवत्प्रेम में हर हमेश मस्त रहनेवाले। शब्दयोग के गहरे साधक थे। स्वभाव के बड़े फक्कड़ थे।

कहते हैं कि एक बार आप घूमते हुए एक धनाढ्य के दरवाजे पर पहुँचे। उसने बड़ा सत्कार किया, और हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि, मुझे दया करके एक पुत्र बख्शा जाय। तुलसी साहब ने अपना सोंटा उठाया और यह कहते

हुए चल दिये कि 'संतों की दया तो यह है कि अगर उनके दास के औलाद मौजूद भी हो तो उसे उठालें. और अपने दास को निर्बन्ध करदें।'

तुलसी साहब का कोई गुरु नहीं था। पर सद्गुरु की तलाश अथवा कहना चाहिए कि सद्गुरुरूप अपने 'स्वरूप' की ही तलाश में वे विरहातुर रहा करते थे, जैसा कि उनकी इस कड़ी से प्रकट होता है —

"मिलै कोइ संत फिरौं तेहि लारे।"

बानी-परिचय

तुलसीसाहब के रचनाओं के रूप में तीन ग्रन्थ मिले हैं—'घट रामायन' 'रत्न-सागर' और शब्दावली। ये तीनों ही ग्रन्थ वेलवेडियर प्रेस प्रयाग से प्रकाशित हुए हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में हमने 'शब्दावली' में से इनके कुछ मधुर पदों का संकलन किया है। कुछ दोहे 'रत्न-सागर' में से भी लिये हैं।

तुलसीसाहब की अतिसरस रचना 'शब्दावली' में ही मिलती है। ऐसी सरसता न 'घट रामायन' में मिलती है, न 'रत्न-सागर' में ही। कभी-कभी तो पढ़ते-पढ़ते यहाँतक लगने लगता है कि कहीं ये कृतियाँ दो भिन्न संतों की रची तो नहीं हैं। पर ऐसी बात असल में है नहीं। 'घट रामायन' और 'रत्न-सागर' में रूपकों और संवादों द्वारा वेदान्त और योग का जिस शैली में निरूपण किया गया है, वह स्वभावतः वैसी सरस हो नहीं सकती। अन्य अनेक संतों और कवियों की रचनाओं में भी बहुधा इसी प्रकार का अंतर देखा गया है। मुक्तिक पदों में जहाँ रस-व्यंजना का मुक्त क्षेत्र कवि को मिलता है तहाँ प्रबंधात्मक रूपकों और संवादात्मक निरूपणों से रस की धारा स्वतः अवरुद्ध-सी हो जाती है। विरह और प्रेम के पद इनके बड़े ही मर्मभरे और सरस हैं, जो अंतर पर सीधे चोट करते हैं। 'गैब घर' की झिलमिल झाँकी का, वहाँ की जगमग जोति का और मुरली की अनहद तान का वर्णन बड़ा ही सरस इन्होंने किया है।

रेखते, गज़लें, अरिल, कुंडलियाँ, झूलने, सवैये, कवित्त, लावनी, पश्तों आदि कितने ही छन्दों में तुलसी साहब ने सरस रचना की है। पद तो अनेक रागों में हैं ही।

भाषा बड़ी मीठी और जोरदार है, फ़ारसी शब्दों का भी इन्होंने कितने ही पदों और दूसरे छंदों के बहुलता से प्रयोग किया है।

आधार

१ तुलसी साहिब की शब्दावली—वेलवेडियर प्रेस, इलाहाबाद

२ घट रामायन (दोनों भाग)— „ „

३ रत्न-सागर— „ „

४ उत्तरी भारत की संत-परंपरा—परशुराम चतुर्वेदी, भारती भंडार, इलाहाबाद

तुलसी साहब

शब्द

कोइ सतगुर देव री वताइ, चरन गहूँ ताहिके ॥
चहुँ दिसि ढूँढ़ि फिरी कोइ भेदी, पूछत हौं गुहराइ।
उनसे कहूँ बिथा सब अपनी, केहि विधि जीव जुड़ाइ ॥
जो कोइ सखी सुहागिन होवै, कहे तन तपन बुझाइ।
पिउ की खोल खबर कहै मोसे, मरूँ री विकल कर हाइ ॥
जो न्यामत दुनिया दौलत की, सो सब देउँ वहाइ।
वारम्बार वार तन डारूँ, यह कहा मोल विकाइ ॥
बिन स्वामी सिंगार सुहागिन, लानत तोबा ताइ।
पिय बिन सेज बिछावे ऐसी, नारि मरै विष खाइ ॥
सतगुरु बिरहिन बान कलेजे, रोवै औ चिल्लाइ।
हाय हाय हिये में निसवासर, हरदम पीर पिराइ ॥
इह झुँड में कोइ पाक पियारी, पिया-दुलारी आहि।
मैं दुखिया हौं दर्द-दिवानी, प्रीतम-दरस लखाइ ॥
तुलसी प्यास तौ बुझै प्यार से, चढ़ घर अधर समाइ।
किरपावंत संत समझावैं, और न लगै उपाइ ॥१॥

शब्द

१ गुहराइ=पुकारकर। जुड़ाइ=ठंडा हो, शान्ति मिले। लानत=धिक्कार। तोबा=तौबः; यहाँ पर घृणा प्रकट करने के अर्थ में प्रयोग हुआ है। ताइ=उसको। पिराइ=कसकती है। पाक=पवित्र, सती।

प्यारे पिया पैहौं कौने भेस, मैं तो हारी ढूँढ़ि सारा देस।
जोग-जुगति जोगी ठगे, ब्रह्मा बिस्नु महेस।
वेद-विधी बंधन भये, देव मुनी औ सेस॥
ब्रह्मचार बैराग लौ, संन्यासी दुरवेस।
परमहंस वेदांत को पढ़ि भाषत ब्रह्म नरेस॥
तीरथ वरत अन्हान को, चार बरन परवेस।
काल करम करता करै, बाँधे जम धर केस॥
जगत-जाल-जजाल से, कोइ नहिं पावत पेस।
मैं सतगुर सरना लिया, तुलसी सकल तजि ऐस॥२॥

ग़ज़ल

मक्का महजीत कोऊ हज्ज को जाते।
बदन खूब महजित में मन नहिं लाते॥
तन मन महजीत खुद खुदाइ बनाई।
तुलसी ईमान नहीं लावै भाई॥१॥

तन के तत-मंदर को देखौ जाई।
आतम-सा देव जाहि पूजौ भाई॥
पाहन की मूरत का झूठ पसारा।
तुलसी पूजै बेहोस जन्म बिगारा॥२॥

---

२ दुरवेस=दरवेश, फ़क़ीर। परवेस=प्रवेश ; अधिकार। नरेस=त्रिलोक के नाथ से आशय है। धर केस=चोटी पकड़कर। पावत पेस=जीत सकता है। ऐस=ऐश, भोग-विलास।

ग़ज़ल

१ हज्ज=हज, काबे के दर्शन की तीर्थयात्रा। खुदाइ=खुदा ने ही।
२ तत्त-मंदर=तत्त्व-मंदिर। पसारा=जंजाल।

तेरा है यार तेरे तन के माईं।
कहते सब संत साध सास्तर भाई॥
पूजने आतम आदि सबने गाई।
भूखे को देख दीन देना जाई॥
तुलसी यह तत्त मत्त चीन्हे नाहीं।
चीन्हे जिन भेद पाइ बूझे साईं॥३॥

ऐ बेहोस प्यारे, तैं यार बिसारा।
खिलकत का खेल जान सबै झूठ पसारा॥
इक पल में फना होत देख जक्त असारा।
यह नैनों से देख तेरा को है प्यारा॥
तेरी तू आदि देख कहाँ से आया।
उस यार को बिसारके तौं कहँको लाया॥
हमने दिल बीच यार अंदर पाया।
उस बिरहिन के तन में रोम-रोम में छाया॥
वह मरती बेहाल पिया पिया पुकारै।
तन मन में नहीं होस नहीं बदन निहारै॥
ऐसी बेहोस सूल सहै कटारी।
जैसे तन बीच सेल तेगा मारी॥
ऐसी बिरहिन के बीच बिरह सँवारी।
सोई बिरहिन तो लगी पिउ को प्यारी॥

३　माईं=अन्दर। सास्तर=शास्त्र। मत्त=मत, सिद्धान्त। बूझे=समझ लिया।

४　यार=प्रियतम, परमात्मा। खिलकत=सृष्टि। फना=नष्ट। सेल=बरछा, भाला। तेगा=खांडा। अधर=बिना आधार का स्थान, शून्य पद; निर्विकल्प समाधि की अवस्था। न्यारी=निराली; अलौकिक।

जिसका यह हाल सोई अधर सिधारी।
तुलसी सो नारि भई जग से न्यारी ॥४॥

कुण्डलिया

सतगुर दीनदयाल बिन, जुग-जुग मारे जायँ ॥
जुग-जुग मारे जाँय, खायँ फिर जम की लाती।
ऐसे मूरख लोग, चलैं वाही के साथी ॥
सुन-सुन कथा पुरान जानकर जनम बिगारा।
सिम्रित सास्तर वेद काल ने किया पसारा ॥
तुलसी सतसँग संत बिन फिर-फिर खेह़ी खायँ।
सतगुर दीनदयाल बिन, जुग-जुग मारे जायँ ॥१॥

जग वेहोस बूझै नहीं संतमते की बात ॥
संतमते की बात, लात जम तातें मारै।
चोटी धरि-धरि काल पकड़ि चौरासी डारै ॥
मद-माया के माहिं बाव, चित नेक न लावै।
ऐसा बड़ा अयान जानकर ज्ञान न भावै ॥
तुलसी बूझ बिचारले, अंत किया नहिं साथ।
जग वेहोस बूझै नहीं, संत-मते की बात ॥२॥

जग जग कहते जुग भये, जगा न एको बार।
जगा न एको बार, सार कहु कैसे पावै।
सोवत जुग-जुग भये, संत बिन कौन जगावै ॥

कुण्डलिया

१ लाती=लात, ठोकर। सिम्रित=स्मृति, धर्मशास्त्र। खेह़ी खायँ=धूल चाटते हैं।

२ अयान=अज्ञानी, मूढ़। साथ=सत्संग।

पड़े भरम के माहिं बंद से कौन छुड़ावै।
जो कोइ कहै विवेक ताहि की नेक न भावै॥
तुलसी पंडित भेष से सब भूला संसार।
जग जग कहते जुग भये, जगा न एको वार॥३॥

तन पाये तत ना लखा, चखा न गुरपद-सार।
चखा न गुरपद सार, पार कहु कैसे पावैं॥
जम के हाथ विकाय, लिये चौरासी धावैं॥
जुग-जुग भरमत जाय, काल से बाजी हारा।
ऐसा जगत अचेत भरम में किया पसारा॥
तुलसी सतगुर संत बिन करम न काटनहार।
तन पाये तत ना लखा, चखा न गुरपद सार॥४॥

झूलना

अरे, देख निहार बजार है रे, जगवीच न काम कोइ आवता है॥
सुत मात पिता नर नार त्रिया, देख अंत कोउ संग न जावता है॥
तुलसी विचार जमफाँस है रे, विधि बाँधिके काल चबावता है॥१॥

हाय हाय जहान में मौत बुरी, काल जाल से रहन नहिं पावता है॥
दिन चार संसार में कार करले, फिर जालके खाक मिलावता है॥
तुलसी कर ख्वाब का ख्वाब दूरी, लख लाभ जो यार को पावता है॥२॥

---

३ जग जग=जाग जाग। बंद=बंधन। भेष=बाहर का रूप और आचार।
४ तत=तत्त्व, आत्मस्वरूप।

झूलना
१ विधि बाँधिके=मौका पाकर।
२ रहन नहिं पावता है=छूट नहीं सकता। कार=काम। जालके=जलाकर। ख्वाब=ख्वाब।

अरे, देख निहार विचार करो, जग-जार न पार कोई पावता है ॥
भवकूप असार को पार किया, भ्रम-भूल के भार उठावता है ॥
तुलसी को जानके सूझ परा, सोइ आदि अनादि को गावता है ॥३॥

लावनी

पिया दरस विना दीदार दरद दुख भारी ।
विना सतगुरु के धृग जीवन संसारी ॥
क्या जनम लिया जगमांहिं मूल नहिं जाना ।
पूरनपद को छाँड़ि किया जुलमाना ॥
जुग-जुग में जीवन-मरन, आज नरदेही ।
सुख-संपति में पारपुरुष नहिं सेई ॥
जग में रहना दिन चार बहुरि मरना री ।
विना सतगुरु के धृग जीवन संसारी ॥१॥
यह नरतन दुरलभ माहिं हाय नहिं लाई ।
जाले अँखियों में पड़े करम दुखदाई ॥
पिया है हरदम हिये मांहि परख नहिं पाई ।
विन सतगुरु के कौन कहै दरसाई ॥
खोजत रही री दिनरात ढूँढ़कर हारी ।
विन सतगुरु के धृग जीवन संसारी ॥२॥

---

३ जार=जाल ।

लावनी

१ मूल=जड़ की बात ; स्वरूप का ज्ञान । पारपुरुष=परम पुरुषपरमात्मा ।
२ यह······लाई=हाय । इस दुर्लभ नर-देह में प्रभु से लौ नहीं लगाई ।

अरी, यह मट्टी तन-साज, समझ, विनसैगा।
छिन में छूटै वदन काल गिरसैगा॥
आसा बंधन जग रोज जन्म मरना री।
दुख सुख वेड़ी विषम भोग करना री॥
भुगतैं चौरासी खान जुगन जुग चारी।
बिना सतगुरु के धृग जीवन संसारी॥३॥

सुत मात पिता नर पुरुष जगत का नाता।
यह सब संसय का कोट कुटँव दुखदाता॥
टुक जीवन है जग माहिं, काल की बाजी।
इन बातों में परमपुरुष नहिं राजी॥
फिर परमारथ सँग साथ सहज वरना री।
बिन सतगुरु के धृग जीवन संसारी॥४॥

कोई भेटै दीनदयाल डगर बतलावै।
जेहि घर से आया जीव तहाँ पहुँचावै॥
दरसन उनके उर माहिं करै बड़भागी।
उनके तरने की नाव किनारे लागी॥
कहिं वे दाता मिल जायँ करैं भवपारी।
बिन सतगुरु के धृग जीवन संसारी॥५॥

---

३ गिरसैगा=ग्रस लेगा, निगल जावेगा। विषमभोग करना=कठिन दंड भोगना है।

४ टुक=जरा-सा।

५ डगर=रास्ता। भवपारी=संसार से पार।

सतसँग करना मन तोड़ सरन संतन की।
अंदर अभिलाषा लाग रहै चरनन की॥
सूरति वन मन से सॉच रहै रस पीती।
कोइ जावै सज्जन कुफर काल को जीती।
अंमृत हरदम कर पान चुवै चौधारी॥
बिन सतगुरु के धृग जीवन ससारी॥६॥

मंगल

देखो नर की भूल सूल तासे सहै।
जीवन मारै जीव प्रान उसके लहै॥
देवी बकरा काट सीस उसपै धरै।
बूझ न अंध अचेत जिवत जिव जो मरै॥
पूत पराया मारि दरद नहिं लावही।
कुसल कहाँसे होइ जनम दुख पावही॥
देवी दुरगा झूठ भवानी पूजती।
काटि गला बलि देइ आँखि नहिं सूझती॥
छवना सुअरी केर नौतिया से कहा।
मारे जाइ चढ़ाइ नहीं उसके दया।
जो कोइ नारि निकाम हटक मानै नहीं।
पूजि, भवानी भूत भटकि भूविनि भई॥

---

६ मन तोड़=जी तोड़कर, पूरा साधन करके। कुफर=इसका असल अर्थ है मुसलमानी मत से भिन्न अन्य मत : पर यहाँ अधर्मी या दुष्ट से अभिप्राय है। चौधारी......चारों ओर से। चुवै=चूता है, टपकता है।

मंगल

धरै=चढ़ाता है। जिवत=जीवित। मरै=मारता है। छवना=छौना,

घर-घर पवन बयार लगे यहि भाँति से ।
अपने करम निहारि किया जोइ हाथ से ॥
तुलसी कहै पुकारि जीवत जिनि मारि हो ।
सबमें आतमराम सुनो नर-नारि हो ॥

सावन

प्रथम सरन सतगुरु गहो, निरखो नैन निहार ।
वारपार परखत रहो, गुरुपद-पदम अधार ॥
संतचरन चित हित करो, सूरति संध सँवार ।
आदि अंत घर लखि परै, सूझै पिउ-दरवार ॥
अब जग की गति मति कहूँ, बिन सतसँग अँधियार ।
मन इंद्री गुन-लोभ में, बिन सतनाम अधार ॥
यह भव-सिंध अगाध है, बूड़े भवजल-धार ।
बिन सतगुरु भरमत फिरै, कैसे उतरैं पार ॥
सुरति-सहर घर आदि है, पावैं सुरजन साध ।
दुरजन दुख सुख में रहैं, करमबंद बहै बाद ॥
जग-रचना जमकाल की, फँसि-फसि मुए अजान ।
ज्ञान गली चीन्हे बिना, भरमत सकल जहान ॥
पिउ परचे पाये बिना, निसदिन फिरत बेहाल ।
जुगन जुगन भटकत फिरै, निज घर सुरति न चाल ॥

बचा । नौतिया=ओझा । निकाम=खराब । हटक=मना करना ।

सावन

१ सूरति-संध=सुरति अर्थात् लय-ध्यान का मेल । सुरजन=सज्जन । बंद=बंधन । बहैं बाद=वाद-विवाद में भटकते हैं । जग-रचना जम काल की=सारी ही सृष्टि मरणशील है । लगवार=यार । अंत=अन्यत्र,

पिय की सेज सूनी पड़ी, कीन्ह और लगवार।
तासु पुरुष घर ना मिले, भयउ करम भवभार॥
जिन पिय की बिरहा बसै, छिन-छिन छीन सरीर।
नैन नीर ढुरि-ढुरि बहै, कसकै तन मन पीर॥
प्रेम प्रीति नदिया बहै, सावन भादों मास।
राति-दिवस लागी रहै, बरसै झड़ि निस-बास॥
पिय की पीर पलपल बसै, सूरति अंत न जाइ।
जैसे चद्र चकोर को, निरखत नाहिं अघाइ॥
गरज घुमर बदरी बहै, चमकै चमचम बीज।
मोर सोर पिउ पिउ करै, तड़फ तड़फ तन छीज॥
तन सुनि धीर न आवही, पाति लिखूँ पिय पास।
मन सूरत कासिद करूँ, पहुँचै अगम निवास॥
खबर खुसी पिय की सुनूँ, हरखत हिया हित मोर।
तुलसी तलब पिय की लगी, जग तिनका अस तोर॥१॥

मोरे पिय छाड्यो बिदेस में, सइयाँ संग भयो री बिछोह॥टेक॥
बैरन नींद न आवही, सखि सुख भोर न होइ।
रोइ रैन अँखियाँ बहीं, सखि भरि साँसो साँस॥
बिरह-लहर-नागिन डसै, बिन सइयाँ तड़प उचाट।
चमक उठै जस बीजुली, छतियन धड़क समात॥
प्रबल अगिनि हिय में उठै, एरी धूआँ प्रगट न होइ।
मोहि अकेली सेज पै, पूरब लिख्यो री बिजोग॥

और लगार। बहै=उमड़ती है। बीज=बिजली। कासिद=सँदेसा ले जाने-वाला तलब=चाह। तिनका अस तोर=तृण की तरह तोड़कर। बिदेस=मर्त्य लोक से आशय है, जो देह-संबंध का कारण है।

खबर खोज कासे कहौं, पतियाँ लिखौं केहि देस ।
अंग भभूति रमाइहौं, करिहौं मैं जोगिनि-भेस ॥
सतगुर सोधि सरने रहौं, गहौं पिय डगर निमाप ।
मोर मनोरथ सुरति से, तुलसी मिलन मिलाप ॥२॥

चितावनी

क्या सोवत गाफिल चेत, सिर पर काल खड़ा ॥
जोर जुलम की रीति विचारी, करि माया से हेत ।
जम की जबर खबर नहिं जानी, बाँधि नरक दुख देत ॥
बिनसै बदन अगिन बिच जरैं, खीर खाँड़ रस लेत ।
फिरि फिरि काल कमान चढ़ावैं, मार लेत खुल खेत ॥
बिष-रस-रंग संग बहु कीन्हा, करि-करि बैस बितेत ।
वृद्ध बनाय बूढ़ तन भइया, कारे केस सपेत ॥
सुत दारा आदर अलसाने, बुढ़वा मरे परेत ।
छल बल माया करि-करि गई रे, ये दुनिया के हेत ॥
मनी मान से धनी न चीन्हा, चिड़ियाँ चुग गईं खेत ।
तुलसी चरन सरन सतगुर बिन, ग्रासत रवि जस केत ॥१॥

जिंदड़ी दा साहिब बेली वे ।
काहू लगाया बाग बगीचा, काहू लगाया चमेली वे ॥

---

२ उचाट=उदासी, विरक्ति । बिजोग=वियोग । डगर=रास्ता । निमाप=बिना माप या ओरछोर ।

चितावनी

१ रसलेत=स्वाद लेता । खुल खेत=सामने खुले मैदान में । बिष=विषय । बैस बितेत=उम्र बिताती । आदर अलसाने=सम्मान करने में आलस्य किया । ग्रासत=ग्रस लेता है, निगल जाता है । केत=केतु ।

२ दा=का (पंजाबी प्रयोग) । बेली=सहायक, सहारा ।

काहू ने जोड़ा माल खजानां, काहू चुनाई हवेली वे ॥
तुलसी सोध बोध सतगुर को, यह संगत अलबेली वे ॥८॥

टप्पा

कौन विधि कहां करौं री दइयां, हियरे उठत हिलोरे ॥
पिय की पीर नीर मछरी ज्यों, मै तड़फौं बिन तोर ॥
तुलसी मौत देवे बिरहन को, जियरा सहै दुख मोर ॥१॥

बहुरि मोरी कौन सुने रे सैयाँ, दुख लग मेघ नघोर ॥
बिष की बेल बढ़ी करमन से, यह पापी मन चोर ॥
तुम बिन बिदित करै को तुलसी, पावे न ठीका ठौर ॥२॥

सुरति मोरी छाय रही री गुँइयाँ, गगना में करत किलोल ।
निरखत नैन खुले नेहड़े के, मगन मधुर सुन बोल ॥
गाउँ री गवन भवन तुलसी का, अधर अकंथ अमोल ॥३॥

प्यारे पिया परदेसा, हो गुँइयाँ री ॥
सइयाँ देस बिदेस बिरानी, कासे कहौं री सँदेसा ॥
कौन उपाय करौं मोरी सजनी, करिहौं मैं जोगिन-भेसा ॥
हिये नहिं चैन, रैन नहिं निद्रा, बिरह-बिथा तनलेसा ॥
भेजौं भौन कौन विधि पाती ग्यानी-गुन-उपदेसा ॥
तुलसी निरखि जात-नरदेही, जोवन गयो अली ऐसा ॥४॥

टप्पा

१ हिलोर=दर्द की मरोड़ ।

२ बहुरि=फिर, तब ।

३ गुँइयाँ=सखी । गगना=शून्यमंडल, निर्विकल्प समाधि की अवस्था । नेहड़े के=स्नेहभरे । अधर=बिना आधार । अकंथ=अकथनीय ।

४ बिरानी=पराया, अन्य; इस देश या लोक से परे ।

होली

थिर न कोइ या जग में री, सौदागर लादि चले री ॥
जो कुछ माल भरो भरती में, दुख-सुख करम करे री ॥
भीषम करन द्रोन जरजोधन, भावीवस भरमि मरे री ।
राज रनखेत लरे री ॥
रावन लंकपती पै हतो, सो रती नहिं वास वसे री ।
पंडौ पाँच गये तजि देही, सोई हाड़ हिमाले गले री ।
डगर जम ने घटवेरी ॥
जो-जो देह धरे तनधारी, राजा रंक रचे री ।
को नर नारि पसू गति गावे, भव-सुख-सोक-पके री ।
लखे नहिं आदि अजे री ॥
पंडित भेष भगति नहिं जाने, ग्यान के मान भरे री ।
सतगुर सोध वोध विन मारग, जमपुर फाँस फँसे री ॥
भली तुलसी मति फेरी ॥१॥

कोइ पूछो री या सतगुर से ।
वाल तरुन विरधापन वीता, प्रीत करी सोइ रीत रखी नहिं धुर से ॥
जोग ग्यान वैराग विरह नहिं, घटत स्वास नित सुर से ॥
वीतत वदन विषय-रस मांहीं, भेंट नहीं पिया-पुर से ॥

भौन=प्रियतम का घर । अली=सखी ।

होली

१ जरजोधन=दुर्योधन । रती=थोड़ा-सा भी । घटवेरी=चारों ओर से घेर ली । भव-सुख-सोक-पके=संसार के सुख-दुःख में पचते रहे । अजे=अजेय; अजन्मा भी अर्थ हो सकता है । भेष=भेषधारी साधु । मान=अभिमान ।
२ वीतत=क्षीण होता जा रहा है । पिया-पुर=प्रियतम का नगर ;

हिये में हिलोर पिया बिन प्यारी, उठत अगिनि जिया झुरसे ॥
तुलसी ताप तपेदिक माहीं, मरत जिया बिन जुर से ॥२

शब्द

कछू न सुहाय मोकों पिया के वियोगी ॥
विरह की वेली हेली फैली चहु दिस कूँ, दरद-दुखी जस रोगी ॥
अस री हिलोर मोर मन आवै, तन तजि अब न जियोंगी ॥
हार सिंगार सखि नीको न लागै, माहुर घोर पियोंगी ॥
रैन न चैन दिवस दुख बीते, आवत नींद न औंगी ॥
तुलसी तलब मिटै सतगुर से, चित धर चरन छुवोंगी ॥१॥

बिहाग

मुसाफिर जागो, क्या सोवत बीती है रैन ॥
जो सोये तिन सरबस खोये, जागे जोइ बड़भाग रे ॥
सतगुर मूल मरम-घर भूले, फूले फिरत अभाग रे ॥
माया मोह मान गसे गाढ़े, बढ़ी कुमति की लाग रे ॥
नरतन सार समझ यहि औसर, अब सब बंधन त्याग रे ॥
तुलसी तीर भीर भवसागर, हंस बसो तजि काग रे ॥२॥

सतलोक । हिलोर=दर्द की कसक या मरोड़ । झुरसे=झुलसता है । तपेदिक=क्षयरोग । जुर=ज्वर ।

शब्द

१ हेली=हे सखी । माहुर=विष । औंगी=चुप्पी, चैन । तलब=चाह, गहरी शौक ।

२ मरम-घर=रहस्य का लोक । गसे गाढ़े=जोर से पकड़ लिया है । लाग=सम्बध, प्रीति ।

धनासरी

एरी आली, संत-चरन सुखबास ॥
अंत सखी सुख नेक न पैहो, सहिहो री जम की त्रास ॥
भाई बंद कुटुँब सुत नारी, इन सँग रहो री उदास ॥
यह सब समझ-बूझ भवसागर, लख चौरासी-फाँस ॥
जुग-जुग जनम धरे तन तुलसी, आवागवन-निवास ॥३॥

सोहागिन सुन्दरी, तुम बसहु पिया के देस ॥
नैहर-नेह छाँड़ि देवो री, सुन सतगुरु-उपदेस ।
कोटि करो इहाँ रहन न पैहो, क्या धनि रंक नरेस ॥
प्रभु के देस परम सुख पूरन, निरभय सुनत सँदेस ।
जरा-मरन तन एक न व्यापै, सोक मोह नहिं लेस ॥
सब से हिलमिल बैर बिसन तज, परम प्रतीत प्रवेस ।
दम पर दम हरदम प्रीतम सँग, तुलसी मिटा कलेस ॥४॥

दोहा

तन मन से साँचा रहै, गहे जो सतगुरु बाँह ।
काल कधी रोकै नहीं, दे बताइ धुर राह ॥१॥

अब समझे से का भयो, चिड़ियाँ चुग गईं खेत ।
चेत किया नहिं आपमें, रहे कुटुँब के हेत ॥२॥

की अपनी करनी करै, की गुरु-सरन उबार ।
दूनों में कोइ एक नहिं, नाहक फिरत लबार ॥३॥

---

४ नैहर=मायका, पीहर; माया का लोक । बिसन=व्यसन, बुरे कर्म ।

दोहा

१ कधी=कभी । धुर=सही, ठीक-ठिकाने की ।

३ लबार=झूठा, लफंगा ।

आँखी में जाले पड़े, काढ़ै कौन निकारि ।
जब सथिया नस्तर भरै, सुरति-सलाई डारि ॥४॥

कलूकाल की का कहूँ, नर नारी मतिहीन,
दीनभाव दरसै नहीं. जहँ-तहँ बुद्धि मलीन ॥५॥

जुलमी की जाली पड़े, वड़े-वड़े उमराव ।
दाँव कधी लागै नहीं, भागन कवन उपाव ॥६॥

खाय पिये उतना रखै, वाकी रखै न पास ।
और आस व्यापै नहीं, सतगुरु का विस्वास ॥७॥

मन की ममता ना घटी. लटी न छूटी चाल ।
हाल हाथ से दे कोई. ले झोली में डाल ॥८॥

विस्वामित्र वसिष्ठ को, भयो परस्पर वाद ।
उन तप को कीन्हा वड़ा, इन सतसंग अगाध ॥९॥

जल मिसरी कोइ ना कहै, सरवत नाम कहाय ।
यों घुलके सतसँग करै, काहे भरम समाय ॥१०॥

---

४ सथिया=जर्राह । नस्तर भरै=चीरा लगाता है ।

५ कलूकाल=कलियुग । दीनभाव=निरहंकारिता, नम्रता ।

६ जाली=जाल, फंदा ।

७ वाकी=अतिरिक्त वस्तु । और आस व्यापै नहीं=दूसरों की आशा नहीं सताती ।

८ लटी=बुरी, नीच ।

९ उन… अगाध=विश्वामित्र ने तप को बड़ा बताया, और वसिष्ठ ने सत्संग को बड़ा कहा ।

१० समाय=पड़े ।

सूरा रन में सीस को, धरै हथेली माहिं।
सरा सती जरि जाय जो, पिल पैठै घर माहिं ॥११॥

मुरसिद सतगुर चरन का, आठ पहर अनुराग।
सो भागे भव-चक्र से, उनको लगा न दाग ॥१२॥

नरतन दुरलभ ना मिलै, खिलै कँवल रसमाँय।
खाय अमर फल अगम के, जो सतगुरु सरनाय ॥१३॥

---

११ सरा=अग्नि, चिता। पिल=हिम्मत के साथ घुसकर। घर=प्रियतम (परमात्मा) के सत्यलोक से आशय है।

१२ दाग=(माया का) कलंक।

१३ कँवल=हृदय-कमल से आशय है। रसमाँय=ब्रह्मानन्द में। अमर-फल=मोक्ष।